ये सब विकार अचेतन ही होना चाहिये . विकारमें बुद्धि विचार सभी आ गये । यदि आत्मा प्रकृतिमें विकार करता है तो प्रकृति चेतन हो जायेगी । यदि आत्मा व प्रकृति दोनों मिलकर विकार करते हैं, तो उसका फल दोनोंको भोगना चाहिए । यदि कहा जाय कि प्रकृति ही सर्व विकार करती है, तो आत्माकी परिणति बताओ क्या होगी ? परिणति बिना तो आत्मा का अभाव हो जायगा और फिर प्रकृति ही कर्ता, प्रकृति ही भोक्ता, प्रकृति ही बद्ध व प्रकृति ही मुक्त हुई, तब समझदार व्यक्तियोंको घबड़ाने व कल्याणकी क्या आवश्यकता ? इन सबका समाधान है पूर्वोक्त नैमित्तिक भावकी सन्धि ।

एक दृष्टिसे देखा जाय तो चैतन्यभावसे अतिरिक्त जितने भाव हैं, वे परभाव कहे गये हैं । क्रोध, मान, माया, लोभ, सुख-दुःख, विचार, कल्पना, संकल्प आदि सब औपाधिक भाव हैं । इनमें विचार बुद्धि जैसे भाव तो प्रकृतिके क्षयोपशमसे है । क्रोधादि-भाव प्रकृतिके उदयसे है । तब ये सभी भाव अचेतन हैं । चेतन तो एक शुद्ध चैतन्य है । अथवा जो भाव शुद्धचैतन्यको चेतता है वह है । नयदृष्टियोंसे सभी चर्चाओं का विशुद्धसमाधान करना चाहिये । विवक्षावश प्रकृति कर्त्री है, आत्मा भोक्ता है, यह भी सिद्ध हो जाता है, निमित्त-नैमित्तिकभावका इसमें उल्लंघन नहीं होता । दूसरी चर्चा यह है कि यदि वृत्तियां ही आत्मा हैं और वे अनेक हैं तो असत् का उत्पाद हो जायेगा, किंतु सर्वथा असत् का उत्पाद होता ही नहीं । अतः आत्मा सब पर्यायोंमें वही है और उसकी पर्यायें भिन्न-भिन्न समयोंमें भिन्न-भिन्न हैं । तब पर्याय-दृष्टिसे जानो, करने वाला और पर्याय है भोगने वाला और पर्याय है । जैसे मनुष्यने पुण्य किया, देवने भोगा, परन्तु द्रव्यदृष्टिसे देखो तो जिस आत्माने किया उसी आत्माने भोगा । यह ध्यान रखनेकी एक बात और है कि आत्मा व जीव पर्यायवाचक शब्द हैं । ये भिन्न-भिन्न अर्थ नहीं -केवल रूढ़िवश व शब्द-विशेषतासे कहीं-कहीं यह प्रसिद्धि हो गई कि आत्मा अविकारी है जीव विकारी है, हाँ यदि आदिसे अन्त तक सिलसिले में बोला जाय तो यह कहना चाहिये कि चेतनद्रव्य जब मिथ्यात्व-विकारसे मुक्त होकर स्वरूप दृष्टि कर लेता है, तो वह आत्मा कहलाता है । यदि मिथ्यात्व विकारमें स्थिर रहता है तो वह जीव कहलाता है । निमित्त-नैमित्तक भाव वाले पदार्थोंमें इतनी बात सुदृढ़तासे जानते रहना चाहिए कि जैसे जीवमें व कर्ममें निमित्त नैमित्तिकता तो है किन्तु कोई किसी दूसरेमें तन्मय नहीं हो जाता । इसी कारण जीव प्रकृतिबन्धका कर्ता है, प्रकृति जीवविकारका कर्ता है, जीव प्रकृतिफलको भोगता है, ये सब बातें व्यवहारनयसे मानी जाती है । इसके लिये दो मुख्य दृष्टान्त है—(१) जैसे व्यवहारनयसे कहा जाता है:—कि सुनार सुवर्णका आभूषण बनाता है व आभूषणका फल (मूल्य वैभव) भोगता है, वस्तुतः सुनार अपनी चेष्टा ही करता है व विकल्प ही भोगता है । उसकी चेष्टाका निमित्त पाकर सुवर्णकी परिणति सुवर्ण ही करता है । (२) व्यवहार नयसे कहा जाता है कि खड़ियाने भीत (दीवार) सफेद कर दी, खड़ियाने तो खड़ियाको ही सफेद किया । हाँ, यह बात जरूर है कि दीवालका निमित्त पाकर खड़िया ऐसे विस्ताररूपमें अपना परिणमन बना रही है । इस तरहसे तो यहाँतक निर्णय कर लो; कि आत्मा निश्चयसे अपनेको ही जानता है, देखता है । परका जानना देखना कहना भी व्यवहारनयसे है । व्यवहारनयसे, तो कर्ता व कर्म भिन्न-भिन्न मान लिये जाते हैं । किन्तु निश्चयसे कर्ता, कर्म एक वस्तु होता है और परम शुद्ध निश्चयनयमें कर्म-कर्ता का भेद ही नहीं ।

एक द्रव्यका दूसरे द्रव्यमें परिणमन नहीं होता । अन्यथा द्रव्यसीमा ही नष्ट हो जायगी । अब आत्मा जो दूसरे द्रव्यकी ओर आकर्षित होता है, व रागी-द्वेषी होता है वह अज्ञानकी प्रेरणा है । यह रागद्वेष तबतक रहता है, जबतक ज्ञान ज्ञानरूपसे न रहे, किन्तु ज्ञेयार्थपरिणमन करता रहे । कोई भी ज्ञेय आत्माको प्रेरित नहीं करते कि तुम हमको जानो, देखो, स्वादो, छुओ, सुनो, सूंघो और आत्मा भी स्वप्रदेशसे च्युत होकर उनमें प्रवेश कर जानना आदि का कार्य नहीं करता, किन्तु ज्ञान अपने परिणमनसे जानता है । बाह्य पदार्थका आत्मामें सम्बन्ध नहीं फिरभी आत्मामें विकार आवे तो वह अज्ञानकी महिमा है ।

इन सब आपत्तियों बचनेका उपाय प्रज्ञा है । प्रज्ञाबलसे अनुभव करें कि मैं कर्मविपाक, रागादि समस्त

अज्ञान भावोंसे परे हूं, शुद्ध ज्ञानमात्र हूं। इस अनुभवके बलसे चूंकि शुद्धज्ञानकी संचेतना हो रही है अतः पूर्वबद्ध कर्म निष्फल हो जाता है, आगामी कर्मबन्ध रुक जाता है और वर्तमान कर्मविपाक भी बिना देवे निकल जाता है। ज्ञानी जीवके अज्ञानचेतना नहीं है, वह ज्ञानक्रियासे अतिरिक्त अन्यको मैं करता हूँ ऐसी संचेतना रूप कर्म-चेतना नहीं करता। और ज्ञानक्रियासे अतिरिक्त अन्य भावोंको मैं भोगता हूँ ऐसी संचेतनारूप कर्मफल-चेतना भी नहीं करता।

ज्ञानचेतना ही मोक्षका कारण है। ज्ञानके शरीर नहीं है इसलिये शरीरकी प्रवृत्ति-निवृत्ति रूप कुछ भी क्रिया मोक्षका कारण नहीं है। हां यह बात अवश्य है कि ज्ञानचेतनाके उपयोग वाले जीवको इतनी प्रबल ज्ञानाराधना की रुचि होती है, कि रागभाव गये, अब बाह्यमें परिग्रहको कौन संभाले। सो देहका निर्ग्रंथ निष्परिग्रह वेष हो जाता है। फिर भी ज्ञानचेतना ही मोक्षका कारण है, क्योंकि वह आत्माश्रित है। देहलिंग मोक्षका कारण नहीं, क्योंकि वह पराश्रित है। इसलिये निष्परिग्रह निर्ग्रन्थस्वरूप द्रव्यलिंगसे गुजर कर भी देहलिंगकी ममतासे दूर रहकर एक समयसारका ही अनुभव करना चाहिए। जो समयसारमें स्थित होता है वही सहज उत्तम आनन्दको प्राप्त करता है।

स्याद्वाद (परिशिष्ट) अधिकार

यह अधिकार पूज्य श्री अमृतचन्द्र जी सूरि व पूज्य श्री जयसेनाचार्यने स्वतन्त्र रचना द्वारा प्रकट किया है। चूंकि वस्तुकी सिद्धि स्याद्वादसे होती है, अतः ज्ञानमात्र दृष्टिसे देखे गये ज्ञानमात्र आत्माको स्याद्वादसे प्रसिद्ध करके उसका उपयोग करना चाहिये। प्रत्येक द्रव्य परिणमनशील होनेके कारण प्रतिक्षण परिणमता ही रहता है। सो यह ज्ञानमात्र आत्मद्रव्य भी प्रति समय परिणमता रहता है। अब इस ही प्रसंगमें ज्ञानमात्र आत्मा दो दृष्टियोंसे देखा जा रहा है—(१) ज्ञानशक्ति द्वारसे निश्चयनय द्वारा, (२) ज्ञानपरिणमन (ज्ञेयाकार) द्वारसे व्यवहारनय द्वारा। पदार्थ द्रव्य-क्षेत्र-काल-भावात्मक होता है। इस कारण सत्त्वका विचार द्रव्य, क्षेत्र, काल व भाव इन चार दृष्टियोंसे भी होता है। इस प्रकार सौत्रिक संकेतोंके बाद अब ज्ञानमात्र आत्माको जिन धर्मोंके द्वारसे प्रसिद्ध करना है उन्हें कहते हैं—(१) आत्मा तद्रूप है, (२) आत्मा अतद्रूप है, (३) आत्मा एक है, (४) आत्मा अनेक है, (५) आत्मा द्रव्यतः सत् है, (६) आत्मा द्रव्यतः असत् है, (७) आत्मा क्षेत्रतः सत् है, (८) आत्मा क्षेत्रतः असत् है, (९) आत्मा कालतः सत् है, (१०) आत्मा कालतः असत् है, (११) आत्मा भावतः सत् है, (१२) आत्मा भावतः असत् है, (१३) आत्मा नित्य है, (१४) आत्मा अनित्य है, (१५) आत्मा अभेदात्मक है, (१६) आत्मा भेदात्मक है।

(१-२) आत्मा ज्ञानशक्तिसे तद्रूप है व ज्ञेयाकार परिणमनसे अतद्रूप है, क्योंकि ज्ञेयाकार परिणमन व्यतिरेकी परिणमन है, अथवा ज्ञानमात्र आत्मा स्ववस्तुरूपसे तद्रूप है व परवस्तुरूपसे अतद्रूप है। मैं ज्ञायकतासे भी शून्य हूं, ऐसा अथवा सर्व वस्तुओंसे भी तद्रूप हूं ऐसा नहीं मानना।

(३-४) ज्ञानमात्र आत्मा अखण्ड एक ज्ञानस्वभावकी अपेक्षा एक है, वह ज्ञेयाकार पर्यायोंकी अपेक्षा अनेक है, ज्ञेयाकार मुझमें नहीं है ऐसा यह ज्ञेयाकार मात्र हूं, ऐसा नहीं मानना।

(५-६) ज्ञानमात्र आत्मा ज्ञाता द्रव्यकी अपेक्षासे सत् है व गुण-पर्याय-रूप द्रव्यविभागकी अपेक्षा असत् है अथवा ज्ञाता द्रव्यकी अपेक्षा सत् है, वह ज्ञायमान परद्रव्यकी अपेक्षा असत् है। ज्ञाता द्रव्य ही परद्रव्यरूप है व परद्रव्य सब ही मैं ज्ञाता द्रव्य हूं ऐसा नहीं मानना।

(७-८) ज्ञानमात्र आत्मा ज्ञानाकारक्षेत्रसे सत् है वह ज्ञेयाकारक्षेत्रसे असत् है, अथवा स्वक्षेत्रसे सत् है व ज्ञेयभूत परवस्तुके क्षेत्रसे असत् है। परक्षेत्रगत ज्ञेयार्थपरिणमनसे ही मैं हूं, ऐसा व ज्ञेयाकारका मुझ में सर्वथा त्याग है ऐसा नहीं मानना।

(९-१०) ज्ञानमात्र आत्मा काल-पर्यायसामान्यसे सत् है व काल-विशेषसे असत् है, अथवा स्वपर्यायसे सत्

है, व परपर्यायसे असत् है पदार्थोंके आलम्बनकालमें ही सत् है व आलंबित अर्थके विनाशकालमें विनाश है, ऐसा नहीं मानना ।

(११-१२) ज्ञानमात्र आत्मा ज्ञायकभावसे सत् है, ज्ञेयभावसे असत् है अथवा अपने गुणसे सत् है परके गुणसे असत् है । सब ही (स्व पर) भाव मैं मैं हूं, या मैं ही सब भाव हूं, ऐसा नहीं मानना ।

(१३-१४) ज्ञानमात्र आत्मा ज्ञानशक्तिकी अपेक्षा नित्य है, ज्ञेयाकार विशेष पर्यायकी अपेक्षा अनित्य है । ज्ञानमात्र आत्माको सर्वथा नित्य या अनित्य नहीं मानना ।

(१५-१६) ज्ञानमात्र आत्मा द्रव्यदृष्टिसे अभेदात्मक है, व्यवहारदृष्टिसे भेदात्मक है ।

अनेकान्तस्वरूप होकर भी आत्माकी ज्ञानमात्र प्रसिद्धि क्यों की ? लक्ष्यभूत आत्माकी सुगमतया प्रसिद्धिके लिये अथवा ज्ञानमात्र एक भावमें ही गर्भित अनन्त शक्तियोंका विकास प्रकट होनेसे ज्ञानमात्रपनेकी मुख्यतासे आत्मा लक्ष्य हो जाता है; इसलिये ज्ञानमात्र आत्माकी प्रसिद्धि की । ज्ञानमात्र होकर भी अनेकान्तरूप क्यों बताया ? विशद जाननेके लिये, अथवा भेदरत्नत्रय व अभेदरत्नत्रयके उपदेशके लिये, अथवा उपाय-उपेयभावका चिन्तवन करनेके लिए ज्ञानमात्र आत्माको अनेकान्तरूप प्रगट किया ।

इस प्रकार निज शुद्ध आत्मतत्त्वस्वरूप समयसारकी प्रतीति करके उसमें ही अनुष्ठान करना चाहिये । एतदर्थ परमार्थदृष्टि रखकर भावना करना चाहिए—मैं सहज शुद्ध ज्ञानानंद स्वभाव हूं, निर्विकल्प हूं, अखंड हूं, निरंजन हूं, सहजानन्दस्वरूप स्वसंवेदनसे गम्य हूं, राग-द्वेष-विषय-कषायादिसे रहित हूं ।

समयसारके परिज्ञानका प्रयोजन

समयसार निरपेक्ष आत्म-स्वभाव है । इसका अपरनाम सहजसिद्ध परमात्मा है । इस अविकार स्वरूपकी दृष्टि होनेपर परिणमनमें भी अविकारता प्रगट होती है । अविकारता ही सत्य आनन्दकी अमोघ जननी है । समस्त दार्शनिकोंके प्रयोजनकी सिद्धि इस समयसारके परिचयमें हो जाती है । समयसार अर्थात् शुद्ध आत्मतत्त्व अविकार है, नित्य है, भेददृष्टिसे परे होनेके कारण एक है । आत्म-गुणोंमें व्यापक होनेसे व आत्म-गुणोंसे बढ़नेके कारण ब्रह्म है । ऐसा स्वभाव होते हुए भी चूंकि प्रत्येक द्रव्य परिणमनशील है सो आत्मा भी परिणमनशील है । अतः इस आत्माकी पर्यायें होती हैं । वे पर्यायें अनित्य हैं । अतः मायारूप कही जाती हैं । इसतरह ब्रह्म और मायाकी सन्धि है । अविकार होते हुए भी यह मायाका आधार है । यह रहस्य जिन्हें प्रकट हो गया वे विवेकी हैं और फिर मायाकी दृष्टि न रख कर जो एक परम ब्रह्मकी दृष्टि रखते हैं वे परमविवेकी हैं । समयसारके परिज्ञानका प्रयोजन निर्विकल्प समाधिकी सिद्धि है जिसके बलसे समस्त कर्म-कलंकोंसे मुक्ति, पूर्ण ज्ञानकी सिद्धि व अनन्त आनन्दकी निष्पत्ति होती है ।

समयसारमें दार्शनिक संतोष

प्रत्येक आत्मामें समयसार तत्त्व है । इसे परम ब्रह्म परमेश्वर कहते हैं । इसकी पर्यायोंका मूल आधार यह ही है । इस प्रकार प्रत्येक आत्माओंकी सृष्टिका कारण उन्हीं में विराजमान परम-ब्रह्म परमेश्वर है । शुद्धनयकी दृष्टिमें अनेकता नहीं है । अतः इस पद्धतिमें यह अभिप्राय सुयुक्तियुक्त है कि जिस परमब्रह्म परमेश्वरने अपनी सृष्टि की है, उस परम पिताकी उपासनासे ही दुखोंकी मुक्ति हो सकती है । समयसारकी उपासना के बिना दुःखोंसे मुक्ति नहीं हो सकती ।

स्वभावतः अविकार होकर भी प्रकृतिजन्य विभावोंमें एकत्वका अभ्यास होनेसे नाना भवोंके अवतार रूपोंमें यह समयसार पुरुष प्रगट हुआ है । प्रकृति (कर्म व औपाधिक भाव) व पुरुष का जबतक भेदज्ञान नहीं होता तबतक

क्लेश व जन्म-परम्परा चलती ही रहती है। अतः यह बात सुयुक्त है कि प्रकृति व पुरुष का भेदविज्ञान कर लेनेसे ही क्लेश एवं जन्म-परम्परासे मुक्ति हो सकती है।

समयसारस्वरूप आत्मद्रव्य नित्य होनेपर भी इसकी परिणतियां प्रतिक्षण होती ही रहती हैं। आत्माका मुख्य लक्षण ज्ञान है। ज्ञानस्वभावकी भी परिणतियां प्रतिक्षण होती रहती हैं। हम लोगोंकी ज्ञानपरिणतियोंका नाम चित्तवृत्ति है। ये चित्तवृत्तियां क्षणिक हैं। वे आत्मस्वरूप नहीं हैं। आत्मद्रव्यकी क्षणिक परिणतियां हैं। उन्हें ही जो आत्मद्रव्य समझते हैं वे इष्ट अनिष्ट कल्पना द्वारा रागी-द्वेषी होकर दुखी होते हैं। जो चित्तवृत्तियोंको गौण कर इस अविकार समयसार (शुद्ध आत्मतत्व) को अनुभवते हैं, वे दुःखोंसे मोक्ष (निर्वाण) प्राप्त करते हैं। अतः यह बात सुयुक्त है कि क्षणिक चित्तवृत्तियोंमें आत्माका भ्रम समाप्त कर देनेसे ही निर्वाण प्राप्त हो सकता।

परम-शुद्ध-निश्चयसे देखा गया समयसार तत्त्व शाश्वत अविकार है। इस तत्त्वकी विकारीरूपमें उपलब्धि करनेकी जब तक प्रकृति रहती है तब तक वह जीव दुखी है। जब निरपेक्ष निज चैतन्य स्वभावकी द्रव्यशुद्धिमें उपलब्धि कर विकारभ्रमको समाप्त कर देता है तब आत्मा शांतिका अनुभव करता है। अतः यह निश्चित है कि विकारोंसे सम्बन्ध न होनेसे जीव शांति प्राप्त कर सकता है।

समयसारकी उपलब्धि न होनेके कारण जीवका उपयोग विरुद्ध कर्मों (दुष्कर्मों) में भ्रमण करता रहता है। और इन्हीं दुष्कर्मोंसे ही जीव सांसारिक यातनाएँ सहता है। उनसे मुक्ति पानेका उपाय समयसारकी दृष्टि है और यही निश्चयतः सत्कर्म है। तथा जबतक जीव समयसारकी निश्चल अनुभूतिमें नहीं रह पाता, तबतक इस अशान्ति-का उपयोग दुष्कर्म न उठा लें; इसलिये दुष्कर्मसे बचनेके अभिप्रायसे व्यावहारिक सत्कर्मकी प्रवृत्ति होती है। अतः यह बात सुयुक्त है कि सांसारिक यातनाओंके कारणभूत दुष्कर्मोंसे मुक्ति पाना सत्कर्मसे ही सम्भव है।

निर्विकल्प समयसारका परिचय जब तक जीवको नहीं है, वह विविध विकल्पोंमें ही उपयुक्त रहकर संसारका परिभ्रमण करता रहता है। विकल्पोंसे होने वाली भटकनकी निवृत्ति निर्विकल्प ज्ञानपरिणमनसे ही सम्भव है। अतः यह बात भी सुयुक्तिक है कि संसार-परिभ्रमणकी निवृत्ति निर्विकल्प समाधिसे ही हो सकती है। निर्विकल्प समाधि समयसारके आलम्बनमें होती है।

इस प्रकार अनेकों दार्शनिक इस समयसारमें ही सन्तोष पाते हैं। उनके उद्देश्यकी पूर्णता भी इसी समयसार-में होती है। हे आत्मन्[1] ऐसा अद्भुत विलक्षण, अलौकिक सारभूत परमब्रह्मस्वरूप समयसार हस्तगत हुआ है, हाथ आया है तो इसकी अनवरत दृष्टि रखकर निर्दोष होते हुए तुम सहज आनन्दका अनुभव करो।

ओ३म् शुद्धं चिदस्मि ! "शुद्धं चिदस्मि सहज परमात्मतत्त्वम्।"

समयसारकी महिमा अपूर्व है। इसका वर्णन तो किया ही नहीं जा सकता। इसके शुद्ध अनुभवमें ही महिमा-की अनुभूति होती है। जिनका परिणमन समयसारके पूर्ण अविरुद्ध हो गया है अर्थात् समस्त आत्म-गुणोंका पूर्ण शुद्ध विकास हो गया है, ऐसे देवाधिदेव परमात्माको और जो आत्म-गुणोंके शुद्ध विकासमें चल रहे हैं ऐसे गुरुओंको नमस्कार करता हूं, अर्थात् सर्वपरमेष्ठियोंको नमस्कार करता हूं, जिनके स्वरूपचिन्तन व परम्पराप्राप्त उपकारोंसे मैं क्षेममार्गमें उपकृत हुआ हूं।

समयसार ग्रन्थके मूल रचयिता पूज्य श्रीमत् कुन्दकुन्दाचार्यको नमस्कार करता हूं। समयसार गाथाओंके हार्दको आत्मख्याति टीकाद्वारा व्यक्त करने वाले पूज्य श्रीमदमृतचन्द्रसूरिको नमस्कार करता हूं। समयसारगाथाओंके शब्दानुसार भाव एवं तात्पर्यको तात्पर्यवृत्ति द्वारा व्यक्त करने वाले पूज्य श्रीमज्जयसेनाचार्यको नमस्कार करता हूं जिनकी रचनाओंके आधारपर शान्ति मार्ग-प्रत्यय हुआ। अतः गृहवास छोड़कर व्रत-प्रतिमा ग्रहण करने के अनन्तर ही सन् १९४३ में आत्म-शान्तिके मार्गपर चलने का अधिक भाव हुआ। उस समय समयसारके मनन करनेका परिणाम

हुआ। उन शीत ऋतुओंके दिनोंमें त्रिलोकसार व कर्मकाण्डके विशेष ज्ञान-अनुसंधानमें लग रहा था। अतः समयसारके मननका समय ४ बजे प्रातः से लेकर ६ बजे तक का था। समयसार ग्रन्थके देखनेका यह पहिला ही अवसर था। आत्म-ख्याति टीकाके आधारपर मनन शुरू किया। उसमें जो बीच-बीचमें कहीं कठिनाइयाँ आती थीं, उनका हल श्री पं० जयचन्द जी छावड़ा कृत हिन्दी टीकासे हो जाया करता था। इस प्रकार यह हिन्दी टीका भी मुझे बहुत ही सहायक रही। एतदर्थ मैं श्री पं० जयचन्द जी छावड़ाका भी विशेष आभार मानता हूं।

पूज्य श्री १०५ क्षु० गणेशप्रसाद जी वर्णी न्यायाचार्यका तो मैं अत्यन्त आभारी हूं जिनके तत्त्वावधानमें बाल्यकाल से ही न्यायतीर्थ परीक्षापर्यन्त मेरा अध्ययन रहा और न्याय विषयको स्वयं आपने पढ़ाया। अध्ययनके अतिरिक्त आत्म-विकासमार्गमें चलनेके लिये आपसे ही दीक्षा प्राप्त हुई।

ओ३म् शान्तिः ओ३म् शान्तिः ओ३म् शान्तिः

मनोहर वर्णी
(सहजानन्द)

सन् १९५८ में स्वलिखित समयसार महिमासे

नयचक्र-प्रकाश

पाठ १—नयज्ञानकी आवश्यकता

वस्तुका ज्ञान प्रमाण और नयोंसे होता है। वस्तु उत्पादव्ययध्रौव्यात्मक है। ध्रौव्य न हो तो उत्पाद व्यय नहीं हो सकता, उत्पाद व्यय न हो तो ध्रौव्य नहीं हो सकता। ध्रौव्यसे वस्तुके द्रव्यपनेका बोध होता है। उत्पाद व्ययसे वस्तुके पर्यायपनेका बोध होता है। वस्तु द्रव्यपर्यायात्मक है। वस्तुका द्रव्यदृष्टिसे भी ज्ञान हो, पर्यायदृष्टिसेभी ज्ञान हो तो उसका पूर्ण ज्ञान होता है। एक दृष्टिसे ज्ञान करनेको नय कहते हैं। दोनों दृष्टियोंसे ज्ञान करनेको प्रमाण कहते हैं। प्रयोगतः नयोंसे वस्तुका ज्ञान होनेपर प्रमाणसे ज्ञान होता है और प्रमाणसे ज्ञान होनेपर नयोंसे ज्ञान होता है। प्रमाणके बिना निरपेक्ष नयोंसे ज्ञान होना मिथ्या है और प्रमाणपूर्वक नयोंसे ज्ञान होना सम्यक् है क्योंकि, प्रमाणसे ग्रहण किये गये पदार्थोंका अभिप्रायवश एकदेश ग्रहण करनेवाले ज्ञानको नय कहते हैं।

वस्तु शाश्वत निरन्तर द्रव्यपर्यायात्मक है। पर्यायके बिना द्रव्य नहीं रह सकता सो पर्यायें प्रतिक्षण होती रहती हैं। द्रव्यके बिना पर्यायें किसमें हों सो अन्वय बिना पर्यायें हो ही नहीं सकती। इस प्रकार जब वस्तु सदा द्रव्यपर्यायात्मक है तो द्रव्यदृष्टिसे व पर्यायदृष्टिसे वस्तुका ज्ञान करना आवश्यक है। नयोंके विस्तारमें जितने भी नय हैं वे सब इन्हीं दोनों दृष्टियोंके भेद प्रभेद हैं। निष्कर्ष यह है कि वस्तुका परिचय पानेके लिये नयज्ञानकी महती आवश्यकता है। भले ही नय व प्रमाणके विकल्पसे अतिक्रान्त होकर ही आत्मानुभव होता है, किन्तु इस अतिक्रमणकी योग्यता वस्तुका परिचय किये बिना नहीं पाई जा सकती है।

पाठ २—नयोंके संक्षिप्त प्रकार

वस्तु द्रव्यपर्यायात्मक है। उसको जाननेके लिये नयके मूल दो प्रकार आते हैं १-द्रव्यार्थिक नय, २-पर्यायार्थिक नय। द्रव्य ही जिसका प्रयोजन हो उस नयको द्रव्यार्थिक नय कहते हैं व पर्याय ही जिसका प्रयोजन हो उस नयको पर्यायार्थिक नय कहते हैं। द्रव्यार्थिक नयके ३ प्रकार हैं—१. नैगम नय, २. संग्रह नय, ३. व्यवहार नय। पर्यायार्थिक नयके ४ प्रकार हैं—१. ऋजुसूत्र नय, २. शब्द नय, ३. समभिरूढ़ नय, ४. एवंभूत नय। इस प्रकार नय ७ हुए। इन सात नयोंमें ३ विभाग होते हैं—१-ज्ञाननय, २-अर्थनय व ३-शब्दनय। नैगम नय तो ज्ञाननय है क्योंकि वह संकल्प मात्रको प्रकट करता है, पदार्थको मुख्यतया नहीं कहता। संग्रह नय, व्यवहार नय व ऋजुसूत्र नय अर्थनय कहलाते हैं, क्योंकि ये पदार्थकी जानकारी कराते हैं। संग्रह नय व व्यवहार नय तो द्रव्यदृष्टिकी मुख्यतासे

वस्तुकी जानकारी कराते हैं, किन्तु ऋजुसूत्र नय पर्यायदृष्टिकी मुख्यतासे वस्तुकी जानकारी कराता है। शब्दनय, समभिरूढ़ नय व एवंभूत नय भी कराते तो जानकारी हैं पर्यायदृष्टिसे वस्तुकी, लेकिन शब्दकी मुख्यतासे जानकारी कराते हैं। अतः इन तीन अन्तिम नयोंको शब्दनय कहते हैं। अब सर्वप्रथम इन सात नयोंकी जानकारी कीजिये।

पाठ ३—द्रव्यार्थिक नैगमनय

संकल्पमात्रग्राही नैगमः। जो संकल्पको ग्रहण करे (जाने) वह नैगमनय है। नैगमनयमें अभेद व भेद दोनों विषय पड़े हैं। नैगमनय ३ प्रकारका होता है (१) भूतनैगमनय, (२) भाविनैगमनय, (३) वर्तमाननैगमनय। अतीतमें वर्तमानका आरोपण करना भूतनैगमनय है, जैसे कहना कि आज दीपावली के दिन श्री वर्द्धमान स्वामी मोक्षको गये है। यहाँ जो कुछ कहा जा रहा है उसमें संकल्पकी मुख्यता है। भविष्य के बारेमें अतीतकी तरह कहना भाविनैगमनय है, जैसे कहना कि अर्हन्त तो सिद्ध हो हो चुके। यहाँ भी संकल्प की प्रधानता है। करनेके लिए प्रारम्भ किये गये कुछ निष्पन्न व अनिष्पन्न वस्तुको निष्पन्नकी तरह जहाँ कहा जाता है वह वर्तमाननैगमनय है, जैसे कहना कि भात (चावल) पक रहा है।

ये सभी नैगम नय संकल्पमें होनेवाले ज्ञान हैं। यहाँ द्रव्य पर्याय, भेद अभेद, सत् असत् का समन्वयपूर्वक ज्ञान चल रहा है जो संकल्पमात्र है। अतः नैगमनय ज्ञाननय है। अर्थनय नैगमनयसे सूक्ष्मविषयरूप है। अर्थनयोंमें महाविषयरूप संग्रहनय है। संग्रहनयसे सूक्ष्मविषयी व्यवहारनयनामक द्रव्यार्थिकनय है, इससे सूक्ष्मविषयी ऋजुसूत्रनयनामक पर्यायार्थिक नय है।

पाठ ४—द्रव्यार्थिक संग्रहनय

संग्रहनयसे अनेक वस्तुओंका संग्रह जाना जाता है। प्रत्येक वस्तु अपने स्वरूपमात्र है। वह अखण्ड सत् है, निश्चयनय द्वारा ज्ञेय है। ऐसे अनन्त सतों का, सर्व सतों का संग्रह किसी साधारण धर्मकी मुख्यताकी दृष्टि होनेपर ज्ञात हो जाता है। जैसे सत् इस दृष्टिमें सर्व सत् पदार्थोंका संग्रह ज्ञात हो गया। इस सर्वसंग्रहका ज्ञान करनेवाले ज्ञानको परमसंग्रहनय कहते हैं। इस संग्रहमें अनन्त परमार्थोंका संग्रह है, यह ज्ञान तो हुआ संग्रहनयसे, किन्तु जब तक एक अखण्ड सत् पर दृष्टि नहीं बनती तब तक केवलदृष्टि याने शुद्धनय न आ सकनेसे मोक्षपथमें गति नहीं हो पाती, अतः आवश्यक है कि परमसंग्रहको भेद करके आवान्तरसत् की ओर बढ़ें। इसके लिये आगे कहा जानेवाला व्यवहारनयनामक द्रव्यार्थिक नय प्रयोक्ता होता है। उसमें पहली बार भेद किया तो कुछ विभक्त होनेपर भी संग्रह ही बना रहा। ऐसा संग्रह जाननेवालेको अपरसंग्रह नय कहते हैं, यहाँ भी परमार्थ सतों का संग्रह ही रहा। ऐसे अनेक बार व्यवहारनयनामक द्रव्यार्थिकनयसे विभाग करते जानेपर भी जब तक अखण्ड एक सत् नहीं ज्ञात हो पाता है तब तक अनेकों अपरसंग्रह नय होते जाते हैं। इसका प्रथम प्रकार है—(४) परसंग्रहनयनामक द्रव्यार्थिक नय। द्वितीय प्रकार है (५) अपरसंग्रहनयनामक द्रव्यार्थिकनय। इसमें अभेद द्रव्य, शुद्धपर्यायी द्रव्य, अशुद्धपर्यायी द्रव्यका ज्ञानाशय होनेसे इसके ३ भेद हो जाते हैं, (६) परमशुद्ध अपरसंग्रहनयनामक द्रव्यार्थिक नय (७) शुद्ध अपरसंग्रहनयनामक द्रव्यार्थिक नय (८) अशुद्ध अपरसंग्रहनयनामक द्रव्यार्थिक नय।

पाठ ५—द्रव्यार्थिक व्यवहारनय

संग्रहनयसे ग्रहण किये गये पदार्थोंके संग्रहका भेद करके भेदरूपसे ग्रहण करनेवाले ज्ञानको व्यवहारनय कहते हैं। यह व्यवहारनय अनेक अखण्ड सतोंके संग्रहमें से अखण्डोंको अलग-अलग जाननेके प्रयत्नमें चलता है। सो परसंग्रहका भेद करके कुछ अलग-अलग जातियोंमें विभक्त कर जानना परसंग्रहभेदक व्यवहारनयनामक द्रव्यार्थिकनय है। फिर उनमें भी भेद करके विभक्त सादृश्यमें पदार्थोंको जानता जाये तो वे सब अपरसंग्रहभेदक व्यवहारनयनामक द्रव्यार्थिकनय कहलाते हैं। जैसे—पहिले "सत्" परसंग्रहको भेद करके छह जातियोंमें लाये—जीव, पुद्गल, धर्म, अधर्म, आकाश व काल द्रव्य, तो यह परसंग्रहभेदक व्यवहारनयनामक द्रव्यार्थिकनय कहलाया। फिर उनमें से मानो

"जीव द्रव्य" अपरसंग्रह का भेद किया। जीव दो प्रकारके हैं मुक्त व संसारी, सो यह अपरसंग्रहभेदक व्यवहारनय नामक द्रव्यार्थिकनय हुआ। अब आगे एक-एक विभागका भेद करते जायें तो वे सब अपरसंग्रहभेदक व्यवहारनय होते जायेंगे। इस प्रकार जब तक एक अखण्ड सत् पर नहीं पहुंचते तब तक अपरसंग्रहभेदक व्यवहारनय प्रयोक्तव्य होते जाते हैं। इसका प्रथम प्रकार है—(९) परसंग्रहभेदक व्यवहारनयनामक द्रव्यार्थिकनय। द्वितीय प्रकार है—(१०) अपरसंग्रह-भेदकव्यवहारनयनामक द्रव्यार्थिकनय। तृतीय प्रकार है—(११) अन्तिम अपरसंग्रहभेदक व्यवहारनय। इनके ३ भेद आशयवश हो जाते हैं। ४—(१२) परम शुद्ध अपरसंग्रहभेदकव्यवहारनयनामक द्रव्यार्थिकनय, (१३) शुद्ध अपरसंग्रहभेदक व्यवहारनयनामक द्रव्यार्थिकनय, (१४) अशुद्ध अपरसंग्रहभेदक व्यवहारनयनामक द्रव्यार्थिकनय।

पाठ ६ —द्रव्यार्थिक अन्तिम व्यवहारनय

अपरसंग्रहका भेद कर-कर जब हम अखण्ड सत् तक पहुंच जाते हैं फिर इसका भेद नहीं किया जाता। अखण्ड एक सत् तक पहुंचाने वाले इस व्यवहारनयको अन्तिम व्यवहारनय नामक द्रव्यार्थिकनय कहते हैं। यही निश्चयनय कहलाता है। निश्चयनय एक अखण्ड सत् को अर्थात् एक द्रव्यको जानता है सो अन्तिमव्यवहारनयनामक द्रव्यार्थिकनयने भी अन्तिम अपरसंग्रह को भेद करके एक अखण्ड सत्का बोध कराया। अब इस एक सत्को जानते समय परमशुद्ध, शुद्ध अथवा अशुद्ध जिस विधिका मूड होगा उसी विधिमें इस सत्का ज्ञान होगा। इसको परमशुद्ध द्रव्यार्थिक, शुद्धद्रव्यार्थिक व अशुद्धद्रव्यार्थिक कहिये या परम शुद्धनिश्चयनय, शुद्ध निश्चयनय व अशुद्धनिश्चयनय कहिये।

यह अन्तिम व्यवहारनय अर्थनय है व उसमें भी द्रव्यार्थिकनय है। इस कारण यह व्यवहारनय अध्यात्म-शास्त्रोंमें प्रयुक्त होने वाले निश्चय व्यवहार वाले व्यवहारसे भिन्न है। निश्चय व्यवहारमें प्रयुक्त व्यवहार कथन करने वाला है और यह व्यवहारनयनामक द्रव्यार्थिकनय अधिगम करने वाला है और वह भी द्रव्यार्थिक दृष्टि से। इस अन्तिम व्यवहारनयनामक द्रव्यार्थिकनय में परिपूर्ण अखण्ड एक सत् अन्य सबसे विभक्त करके बुद्धिमें स्थापित किया।

पाठ ७—अन्तिम व्यवहारनय नामक द्रव्यार्थिकनयके प्रकार

अन्तिम व्यवहारनयनामक द्रव्यार्थिकनयने अन्तिम अपरसंग्रहको विभक्त करके अखण्ड एक सत् का बोध कराया। अब इस अखण्ड एक सत् को गुण, स्वभाव, शुद्ध पर्याय, अशुद्धपर्याय, अभेद आदि जिस जिसकी मुख्यता करके जिस-जिस रूपसे जाना जायेगा उतने ही इसके प्रकार बन जावेंगे। जैसे (१५) परमशुद्ध अभेदविषयी अन्तिमलक्षित व्यवहारनयनामक द्रव्यार्थिकनय, जैसे चिन्मात्र आत्मा। (१६) परमशुद्ध भेदविषयी अन्तिमलक्षित व्यवहारनयनामक द्रव्यार्थिकनय, जैसे—ज्ञान दर्शन आदि गुण वाला आत्मा। (१७) शुद्ध अभेद विषयी अन्तिमलक्षित व्यवहारनयनामक द्रव्यार्थिकनय, जैसे—जीव केवलज्ञानी है। (१८) शुद्ध भेदविषयी अन्तिमलक्षित व्यवहारनयनामक द्रव्यार्थिकनय जैसे—मुक्त जीवके अनन्तज्ञान अनन्तदर्शन आदि। (१९) अव्यक्त अशुद्ध अन्तिमलक्षित व्यवहारनयनामक द्रव्यार्थिकनय, जैसे अबुद्धिगत क्रोध आदि वाला जीव (२०) व्यक्त अशुद्ध अन्तिमलक्षित व्यवहारनयनामक द्रव्यार्थिकनय, जैसे बुद्धिगत क्रोध आदि वाला जीव।

(२१) उपाधिनिरपेक्षशुद्ध द्रव्यार्थिकनय, जैसे-संसारी जीव सिद्धसमान शुद्धात्मा है। (२२) उत्पादव्यय-गौणसत्ताग्राहक शुद्ध द्रव्यार्थिक नय, जैसे—द्रव्य नित्य है। (२३) भेदकल्पनानिरपेक्ष शुद्ध द्रव्यार्थिकनय, जैसे-निजगुण पर्याय स्वभावसे अभिन्न द्रव्य है। (२४) उपाधिसापेक्ष अशुद्धद्रव्यार्थिकनय, जैसे—कर्मोदय विपाकके सान्निध्यमें जीव विकास विकल्परूप परिणमता है। (२४ A) उपाध्यभावापेक्ष शुद्धद्रव्यार्थिकनय, जैसे-कर्मोपाधिके अभावका निमित्त पाकर आत्माकी शुद्ध परिणति होनेका ज्ञान (२४B) शुद्धभावनापेक्ष शुद्ध-द्रव्यार्थिकनय, जैसे—आत्माके शुद्धपरिणामका निमित्त पाकर कर्मत्वका क्षय होनेका ज्ञान। (२५) उत्पादव्ययसापेक्ष अशुद्ध द्रव्यार्थिकनय, जैसे—द्रव्य उत्पादव्यय-युक्त है। (२६) भेदकल्पनासापेक्ष अशुद्ध द्रव्यार्थिकनय, जैसे आत्माके ज्ञान है, दर्शन है, चरित्र है आदि। (२५-२७) अन्वयद्रव्यार्थिकनय, जैसे—गुणपर्यायस्वभावी आत्मा है। (२८) स्वद्रव्यादिग्राहक द्रव्यार्थिकनय, जैसे-आत्मा द्रव्यार्थिकनय

स्वचतुष्टयसे है। (२९) परद्रव्यादिग्राहकशुद्धद्रव्यार्थिकनय, जैसे -आत्मा परचतुष्टयसे नहीं है। (३०) परमभावग्राहक जैसे आत्मा ज्ञानस्वरूप है।

इस प्रकार १८ रूपोंमें निश्चयनय आया, तो भी एकके सामने दूसरोंकी तुलना होनेपर उनमें जो अधिक अभेदवाला निश्चयनय है उसके सामने अन्य निश्चय व्यवहार कहलाते हैं।

पाठ ८—पर्यायार्थिक अर्थनय

पर्यायार्थिकनय ४ हैं—ऋजुसूत्रनय, शब्दनय, समभिरूढ़नय, एवंभूतनय। इनमें से सिर्फ ऋजुसूत्रनय अर्थनय है, शेष ३ नय शब्दनय हैं। जो वर्तमानपर्यायको जाने उसे ऋजुसूत्रनय कहते हैं। यहां यह जान लेना अत्यावश्यक है कि पर्याय स्वतंत्र सत् नहीं है याने सत् नहीं है, किन्तु सत् पदार्थका परिणमन है। सत् के ये लक्षण हैं—(१) उत्पादव्ययध्रौव्ययुक्तं सत्, (२) गुणपर्ययवद्द्रव्यम्, (३) अन्य सतोंसे प्रविभक्त (पृथक्) प्रदेशवाला, (४) साधारण व असाधारण गुणवाला, (५) द्रव्यव्यञ्जनपर्याय व गुणव्यञ्जनपर्यायवाला। इन लक्षणोंमें से एक भी लक्षण पर्यायमें नहीं है, अतः पर्याय सत् नहीं है। फिर यह प्रश्न हो सकता है कि जब पर्याय सत् नहीं है, तो उसका ज्ञान कैसे हो, सत् ही तो प्रमेय होता है। उत्तर—पर्यायका ज्ञान नहीं हुआ करता, किन्तु पर्यायमुखेन सत् द्रव्यका ज्ञान हुआ करता है। ऋजुसूत्रनय द्वारा पर्यायमुखेन द्रव्य सत् का ज्ञान होता है। हां, पर्यायकी मुख्यता दृष्टिमें है। जिनके मतमें पर्याय स्वतन्त्र सत् है उनके मतमें पर्याय ही पूरा पदार्थ हो जाता है, फिर उसका अन्वय व उपादान कुछ न रहनेसे सर्वथा क्षणिकवाद बन जाता है, जो जैनशासनसे विपरीत है, जिसका निराकरण प्रमेयकमलमार्तण्ड अष्टसहस्री आदि दार्शनिक ग्रन्थों में विस्तारपूर्वक है। सूक्ष्म ऋजुसूत्रनयका विषय एक समयकी पर्याय है। यह ज्ञान किसी व्यवहार या प्रयोग बनानेके लिये नहीं, इस ज्ञानमें तो व्यवहारका लोप होता है। यह तो विषयज्ञान करानेमात्रके लिये है। ऐसा स्पष्ट कथन सर्वार्थसिद्धि आदि ग्रन्थोंमें आचार्यदेवोंने किया है।

ऋजुसूत्रनयके प्रकार इस प्रकार हैं—(३१) अशुद्ध स्थूल ऋजुसूत्रनयनामक पर्यायार्थिकनय, जैसे—नर नारक आदि पर्याय याने विभावद्रव्यव्यञ्जन-पर्यायों का परिचय। (३२) शुद्ध स्थूल ऋजुसूत्रनय, जैसे चरमशरीरसे कुछ न्यून आकारवाला सिद्ध पर्याय याने स्वभावद्रव्यव्यञ्जनपर्यायोंका परिचय। (३३) अशुद्ध सूक्ष्म ऋजुसूत्रनय, जैसे—क्रोध आदि विभावगुणव्यञ्जन पर्यायों का परिचय। (३४) शुद्ध सूक्ष्म ऋजुसूत्रनय, जैसे-केवलज्ञान आदि स्वभावगुणव्यञ्जन पर्यायों का परिचय। (३५) अनादि नित्य पर्यायार्थिकनय जैसे—मेरु आदि नित्य हैं इत्यादि परिचय। (३६) सादि नित्य पर्यायार्थिकनय, जैसे—सिद्ध पर्याय नित्य है। अशुद्ध पर्याय हटकर सदा शुद्ध रहने वाले पर्यायोंका परिचय। (३७) सत्तागौणोत्पादव्ययग्राहक नित्य अशुद्ध पर्यायार्थिकनय, जैसे प्रतिसमय पर्याय विनाशीक है आदि परिचय। (३८) सत्तासापेक्ष नित्य अशुद्ध पर्यायार्थिकनय, जैसे-एक समयमें हुए त्रयात्मक पर्यायों का परिचय। (३९) उपाधिनिरपेक्ष नित्य शुद्ध पर्यायार्थिकनय, जैसे —सिद्धपर्यायसदृश संसारियोंकी शुद्ध पर्यायें। (४०) उपाधिसापेक्ष नित्य अशुद्ध पर्यायार्थिकनय, जैसे—संसारी जीवोंके उत्पत्ति और मरण है।

पाठ ९—शब्दनय

शब्दनयके ३ प्रकार है, (४१) शब्दनय, (४२) समभिरूढ़नय, (४३) एवंभूतनय। ऋजुसूत्रनयनामक पर्यायार्थिकनयसे जो परिणमन ज्ञात हुआ है उसे उसके प्रायः पर्यायवाची सब शब्दोंमें से न कहकर जो शब्दार्थादिविधिसे पूर्ण फिट बैठे उस शब्दसे ही कहना (समझना) शब्दनय है। जैसे दारा भार्या कलत्र आदि शब्दोंसे भिन्न-भिन्न रूपमें वाच्यको ग्रहण करना। शब्दनयसे उस शब्दके वाच्य अनेक अर्थोंमें से जिस अर्थमें उस शब्दकी रूढ़ि है उस अर्थको ही उस शब्दसे ग्रहण करना (समझना) समभिरूढ़नय है। जैसे-गो शब्दके वाच्य गाय, किरण, वाणी, आदि अनेक अर्थ हैं, किन्तु गो शब्दकी रूढ़ि गायमें होनेसे गो शब्दसे गायको ही ग्रहण करना (समझना)। समभिरूढ़नयसे जो अर्थ समझा उसको भी सभी समयमें न कहकर (समझ कर) उस शब्दकी वाच्य अर्थक्रियासे परिणत जब

वह अर्थ हो तब उस शब्दसे उसे कहना (समझना) एवंभूतनय है जैसे-पूजा करते समय ही उस व्यक्तिको पुजारी कहना आदि।

ये तीनों शब्दनय शब्दों द्वारा तर्क वितर्क कर पाण्डित्य दिखाते हैं। अतः इनका विषय समझ लेना पर्याप्त है। कहीं कहीं इनका उपयोग भी होता है वह किसी समस्याका समाधान भी करता है। हां अर्थनयोंका परिचय अधिक आवश्यक है और उन अर्थनयोंमेंसे भी अन्तिम व्यवहारनयनामक द्रव्यार्थिकनयका परिचय और भी अधिक आवश्यक है। क्योंकि सर्वनयोंमें से आत्माका परिचय पाकर सविधि परमशुद्धद्रव्यार्थिकनयके विषयको लक्ष्यमें लेकर नय प्रमाणसे अतिक्रान्त होकर आत्मानुभव होना सुगम होता है।

पाठ १०—निश्चयनय व व्यवहारनयके प्रसंगकी जिज्ञासा

अध्यात्मशास्त्रमें निश्चयनय, व्यवहार व उपचारका पद पदपर वर्णन मिलता है। सो यहां यह जिज्ञासा होना सम्भव है कि तत्त्वार्थसूत्रके प्रणेता पूज्यश्रीमदुमास्वामीने नैगम, संग्रह, व्यवहार, ऋजुसूत्र, शब्द, समभिरुढ, एवंभूत ये सात नय कहे हैं। इनमें निश्चयनयका नाम ही नहीं है, अध्यात्मशास्त्रमें प्रयुक्त व्यवहार सप्तनयमें प्रयुक्त व्यवहारनयसे भिन्न है, उपचारका भी सप्तनयमें संकेत नहीं है, फिर अध्यात्मशास्त्र में प्रयुक्त निश्चय व्यवहार उपचारका मतलब क्या है? इसके समाधानका संकेत कुछ छटे पाठमें किया गया है फिर भी और स्पष्टीकरण आवश्यक है।

यदि कोई यह समाधान करनेकी चेष्टा करे कि नय दो प्रकारके होते हैं एक आगमनय दूसरा अध्यात्मनय, तो यहां यह शंका हो जाती है कि क्या अध्यात्म आगमसे अलग विषय है। द्वादशाङ्गको आगम कहते हैं, क्या इस आगमसे बाहरी विषय है अध्यात्म। यदि आगमसे पृथक् है अध्यात्म, तो वह प्रमाणभूत कैसे रहेगा। अतः नयोंके विषयमें परस्पर भिन्न आगमनय व अध्यात्मनय ये दो प्रकार कहना आगमसम्मत नहीं। सो इस प्रकार निश्चय, व्यवहार व उपचारके प्रसंगकी जिज्ञासाका समाधान नहीं हो पाता। भले ही कहीं-कहीं यह उल्लिखित है कि ये अध्यात्मभाषासे नय हैं, किन्तु उसका अर्थ यह है कि हैं तो सभी नय आगममें, किन्तु उन सब नयों से कुछ नयोंका अध्यात्मग्रन्थोंमें अधिक प्रयोग होता है। उसी कारण इन्हें अध्यात्मनय कहने लगे हैं, सो यह जिज्ञासा खड़ी ही रही कि अध्यात्मशास्त्रोंमें निश्चय व्यवहार आदि का कहां समावेश है।

पाठ ११—निश्चयनय व व्यवहारनयके प्रसंगकी जिज्ञासाका समाधान

अध्यात्मशास्त्रमें नयादिक ४ प्रकारोंमें है-१-निश्चयनय, २-व्यवहारनय, ३-व्यवहार व ४-उपचार। अभेदविधिसे जाननेवाले नयको निश्चयनय कहते हैं। भेदविधिसे जाननेवाले नयको व्यवहारनय कहते हैं। निश्चयनय व व्यवहारनय से जाने गये विषयके कथनको व्यवहार कहते हैं। भिन्न भिन्न द्रव्योंका परस्पर एकका दूसरेको कर्ता, कर्म, करण, सम्प्रदान, अपादान, सम्बन्धी व आधार आदि बतानेको उपचार कहते हैं। निश्चयनय तो ७ वें पाठमें बताये गये जो १६ प्रकारके अन्तिम व्यवहारनयनामक द्रव्यार्थिकनय हैं उनमें जो जो अभेदविषयक नय हैं उनमें समाविष्ट हैं। और, व्यवहारनय भी उन १६ अन्तिम व्यवहारनयनामक द्रव्यार्थिकनयोंमें से जो जो भेदविषयक नय हैं उनमें समाविष्ट हैं। इनके अतिरिक्त ८ वें पाठ में उल्लिखित पर्यायार्थिक नयोंमें जो एक व अभेद विषयक नय हैं उनमें कुछ निश्चयनय समाविष्ट हैं और जो अनेक व भेदविषयक नय हैं उनमें व्यवहारनय समाविष्ट हैं। क्योंकि अभेद विधिसे ज्ञाता नयको निश्चयनय कहते हैं और भेदविधिसे ज्ञाता नयको व्यवहारनय कहते हैं। सो जैसे द्रव्यार्थिकनय व पर्यायार्थिक नये प्रमाण के अंश होनेसे सत्य हैं ऐसे ही निश्चयनय व व्यवहारनय प्रमाण के अंश होनेसे सत्य हैं। द्रव्यार्थिकनय वस्तुको द्रव्यकी प्रधानता से जानता है, पर्यायार्थिकनय वस्तु को पर्यायकी प्रधानतासे जानता है, निश्चयनय वस्तुको अभेदविधिसे जानता है, व्यवहारनय वस्तुको भेदविधिसे जानता है। यहां यह जानना कि भेदविधिसे द्रव्य व पर्यायका ज्ञान कराने वाला यह व्यवहारनय व्यवहारनयनामक द्रव्यार्थिकनयोंमें यथोचित समाविष्ट होनेपर भी

व्यवहारनयनामक द्रव्यार्थिकनयसे भिन्न लक्षणवाला है तथा यह व्यवहारनय व्यवहार और उपचार से तो जुदा है ही।

पाठ १२—व्यवहार व उपचारके प्रसंगकी जिज्ञासाका समाधान

द्रव्यार्थिकनय व पर्यायार्थिकनयसे, निश्चयनय व व्यवहारनयसे जाने गये विषयका निरूपण करना व्यवहार है। यह व्यवहार व्यवहारनय व व्यवहारनयनामक द्रव्यार्थिकनय इन दोनोंके विषयका भी निरूपक है तो भी यह व्यवहार व्यवहारनयसे भिन्नलक्षणवाला है तथैव वह व्यवहार व्यवहारनयनामक द्रव्यार्थिकनयसे भी भिन्नलक्षणवाला है। उपचारसे व्यवहार तो भिन्न है ही, क्योंकि उपचार तो भिन्न-भिन्न द्रव्योंमें परस्पर कारकपना या सम्बन्ध बताता है, और व्यवहार भिन्न-भिन्न द्रव्योंमें परस्पर कारकपना या सम्बन्ध नहीं बताता, किन्तु एक ही द्रव्यको व अनेक द्रव्योंकी घटनाका सत्य बताता है। इसी कारण उपचार मिथ्या है, परन्तु व्यवहार मिथ्या नहीं। यहाँ दो बातें ज्ञातव्य हैं—१-व्यवहार शब्दका प्रयोग इन ४ स्थलोंमें आता है, व्यवहारनयनामक द्रव्यार्थिकनय, व्यवहारनय, व्यवहार व उपचार सो वहाँ यह विवेक बनाना चाहिये कि यदि वह व्यवहार उपचारवाला है तो मिथ्या है और यदि द्रव्यार्थिकनयान्तर्गत व्यवहारनयवाला व्यवहार है तो मिथ्या नहीं, इसी तरह जो नयके विषयका प्रतिपादक व्यवहार है वह मिथ्या नहीं। २-उपचारमें भी जिस भाषामें वह बात उपस्थित करता है उसी रूपमें याने उपादान उपादेय रूपमें भिन्न द्रव्योंका परस्पर कारकत्व समझें तो वह समझ मिथ्या है और यदि उपचार कथनमें प्रयोजन और निमित्तको समझनेका ही मतलब रखें तो उस विवेकीने उपचार कथनमें से भी प्रयोजन निकाल लिया।

पाठ १३—निश्चयनयके प्रकार

अभेदविधिसे एक द्रव्यके बारे में जानकारी होना सो निश्चयनय है (४४) यदि वह जानकारी अखण्ड परम स्वभावकी है तो अखण्ड परमशुद्ध निश्चयनय है—जैसे अखण्ड शाश्वत सहजचैतन्यस्वभावमात्र आत्माका परिचय। (४५) यदि यह जानकारी गुणकी है तो शक्तिबोधक परमशुद्धनिश्चयनय है, जैसे आत्मा सहज ज्ञान दर्शन शक्ति वीर्य वाला है। (४६) यदि वह जानकारी अभेदविधिसे शुद्ध पर्यायकी है तो वह शुद्धनिश्चयनय है। जैसे जीव केवलज्ञानी है आदि शुद्धपर्यायमय जीवका परिचय। (४६ए) यदि एक द्रव्यमें जानकारी अभेद विधिसे शुद्ध पर्यायकी है तो वह सभेद शुद्धनिश्चयनय है जैसे-जीवके केवलज्ञान है, केवलदर्शन है, अनन्त सुख है आदि। (४७) यदि एक द्रव्यमें जानकारी अभेद विधिसे अशुद्धपर्यायकी है तो वह अशुद्धनिश्चयनय है, जैसे जीव रागी है आदि अशुद्ध पर्यायमय द्रव्यका परिचय। (४७ए) यदि एकद्रव्यका परिचय भेदविधिसे अशुद्धपर्यायकी है तो वह सभेद अशुद्धनिश्चयनय है, जैसे जीवके क्रोध है, मान है, माया है आदि भेदसहित अशुद्धपर्यायमय द्रव्यका परिचय। सभेद परम शुद्धनिश्चयनय शाश्वत गुणको जाननेके लिये निश्चयनय है और गुणभेद करके जतानेकी दृष्टिसे व्यवहारनय है। इसी प्रकार सभेद शुद्धनिश्चयनय एक द्रव्यमें जानकारी देनेसे निश्चयनय है और भेदपूर्वक जानकारी देने से व्यवहारनय है। इसी प्रकार सभेद अशुद्ध निश्चयनय एक द्रव्यमें जानकारी देनेसे निश्चनय है और भेदपूर्वक जानकारी देनेसे व्यवहारनय है। वस्तुतः अखण्ड परमशुद्धनिश्चय ही निश्चयनय है उसके समक्ष अन्य निश्चयनय व्यवहार है।

निर्गतः चयः यस्मात् स निश्चयः इस व्युत्पत्तिसे अर्थ हुआ कि जिसमें अन्य कुछ जोड़ा न जावे और निःशेषेण चयः निश्चयः इस व्युत्पत्तिसे अर्थ हुआ कि जिसमेंसे कुछ निकाला न जाये उसे परिपूर्ण ही रहने दिया जावे। इस प्रकार निश्चयका अर्थ हुआ कि जहाँ जोड़ और तोड़ न किया जावे वह निश्चयनय है। इस व्युत्पत्यर्थ में परमशुद्ध-निश्चयनय सदा निश्चयनय है और जिन निश्चयनयोंसे गुणको जाना, पर्यायको जाना वे उत्तरोत्तर अन्तर्दृष्टि होनेपर व्यवहार हो जाते हैं।

उक्त चारों निश्चयनयोंमें पहिले दो तो अन्तिम व्यवहारनवनामक द्रव्यार्थिकनयमें अन्तर्गत है। अन्तके दो निश्चयनय आशयवश उक्त द्रव्यार्थिकनयमें व पर्यायार्थिकनयमें अन्तर्गत हैं। इसका निर्देश अन्तिम पाठमें नयसूची में दिया जायेगा।

पाठ १४—शुद्धनय व विवक्षितैकदेश शुद्धनिश्चयनय

(४८) विवक्षितैकदेश शुद्ध निश्चयनयमें विवक्षित वस्तुको शुद्ध स्वरूपमें ही निहारा जाता है, वस्तुको विकारोंसे पृथक् निरखा जाता है। जो विकार होते हैं उन्हें चूंकि उपादान ही स्वयं निमित्त होकर नहीं प्रकट करता है, निमित्तके सान्निध्यमें ही प्रकट हो पाते हैं, अतः उन विकारोंको निमित्तस्वामिक बताकर वस्तुको शुद्धस्वरूपमें ही दिखाना इस नयका काम है, जैसे जीवके विकारपरिणमनोंको पौद्गलिक बताना व विकारोंसे पृथक् जीवको निरखना।

व्यवहारनयको गौणकर अर्थात् भेदविधिसे जाननेका उपयोग न करके निश्चयनयको मुख्य कर मानो अभेद-विधिसे जानते हुये परमशुद्ध निश्चयनय तक आये वहाँ भी स्वभावका एकका विकल्प रहा उससे भी अतिक्रान्त होकर स्वानुभवके निकट होते हैं तब संकल्पविकल्पको ध्वस्त करता हुआ शुद्धनय उदित होता है और उसके फलमें प्रमाण-नयनिक्षेपके विकल्पसे अतिक्रान्त होकर स्वयं प्रमाणस्वरूप हो जाता है। यह ज्ञानस्थिति (४९) शुद्धनय है। शुद्धनयके प्रकार नहीं हैं, वह तो स्वयं शुद्धनय है। वहाँ तो नयविकल्पसे अतिक्रान्त अखण्ड अन्तस्तत्त्वका अभेद दर्शन है। (४९ए) बहिस्तत्त्वके निषेध द्वारा शुद्ध तत्त्वका परिचय कराना प्रतिषेधक शुद्धनय है, जैसे जीव कर्मसे अबद्ध है आदि परिचय।

पाठ १५—व्यवहारनयके प्रकार

भेदविधिसे वस्तुके जाननेवाले नयको व्यवहारनय कहते हैं। विधिकी दृष्टिसे कई द्रव्यार्थिकनय व्यवहारनय हो जाते हैं और कई पर्यायार्थिकनय व्यवहारनय हो जाते हैं। कई निश्चयनय भी उससे अधिक अन्तर्दृष्टि होनेपर उसकी तुलनामें व्यवहारनय हो जाते हैं। सब ही प्रकारके व्यवहारनयोंके नाम इस प्रकार हैं—

(५०) परमशुद्ध भेदविषयी व्यवहारनय अथवा भेदकल्पनासापेक्ष अशुद्ध द्रव्यार्थिकनय, जैसे आत्माके ज्ञान है दर्शन चारित्र है आदि परिचय। (५१) शुद्ध भेदविषयी द्रव्यार्थिक या शुद्धसूक्ष्म ऋजुसूत्रनय, जैसे आत्माका केवल ज्ञान, अनन्त आनन्त है आदि का परिचय (५२) अशुद्धपर्यायविषयी व्यवहारनय या अशुद्ध सूक्ष्म ऋजुसूत्रनय, जैसे जीव के क्रोध है, मान है आदि। (५३) उपाधिसापेक्ष अशुद्ध द्रव्यार्थिकनय, जैसे कर्मोदयविपाकके सान्निध्यमें जीवके विकाररूप परिणमनेका परिचय। (५४) उत्पादव्ययसापेक्ष अशुद्धद्रव्यार्थिक, जैसे द्रव्य उत्पादव्ययध्रौव्ययुक्त है यों त्रितययुक्त द्रव्यको निरखना (५५) अशुद्ध स्थूल ऋजुसूत्रनय, जैसे नर नारक, तिर्यंच, देव आदि विभावद्रव्य-व्यञ्जन पर्याय निरखना। (५६) शुद्ध स्थूल ऋजुसूत्रनय, जैसे चरम शरीरसे किंचित् न्यून आकार वाला सिद्धपर्याय जानना। (५७) अनादि नित्यपर्यायार्थिकनय, जैसे मेरु आदि नित्य है आदि का परिचय (५८) सादिनित्यपर्या-यार्थिकनय, जैसे सिद्धपर्याय नित्य है आदि परिचय (५९) सत्तागौणोत्पादव्ययग्राहक नित्यअशुद्धपर्यायार्थिकनय, जैसे प्रतिसमय पर्यायें विनाशीक हैं। (६०) सत्तासापेक्ष नित्यअशुद्धपर्यायार्थिक नय, जैसे एक समयमें त्रयात्मक पर्यायें। (६१) उपाधि सापेक्ष नित्यअशुद्धपर्यायार्थिकनय, जैसे संसारी जीवों के उत्पत्ति मरण है।

इसीप्रकार भेदविधि जहाँ पाई जावे वे सब व्यवहारनय हैं। यहाँ इस संदेहमें नहीं होलना है कि ये ही अनेक नय निश्चयनयमें कहे गये हैं और ये ही यहाँ व्यवहारनयमें कहे गये हैं, क्योंकि आशयवश यह सब परिवर्तन हो जाता है। जब अभेदकी ओर आशय हो जाता है तो वह निश्चय हो जाता है और जब भेदकी ओर आशय हो जाता है तो वह व्यवहारनय हो जाता है। सभेद प्रयुक्त गुणपर्यायका परिचय एक द्रव्यमें अभेदके आशयमें निश्चयनय है, भेदके आशयमें व्यवहारनय है। ऐसी गुंजाइशें कई तो द्रव्यार्थिकनयोंमें हैं और कई पर्यायार्थिकनयोंमें हैं। इसका निर्देश अन्तिम पाठ नयसूची में हो जायेगा।

आत्महितकी साधनामें भेदव्यवहारको तज कर अभेद अन्तस्तत्त्वका उपयोगी बनना होता है, अतः साधनाके प्रसंगमें व्यवहारनय मिथ्या हो जाता है और पश्चात् शुद्धनयात्मक ज्ञानानुभूति के प्रसंगमें निश्चयनय भी मिथ्या हो जाता है, किन्तु परिचयके प्रसंगमें न तो निश्चयनय मिथ्या है और न व्यवहारनय मिथ्या है।

पाठ १६—व्यवहार

द्रव्यार्थिकनय व पर्यायार्थिकनयसे तथा उनके अन्तर्गत निश्चयनय व व्यवहारनयसे जाने गये विषयका कथन करना सो व्यवहार है याने तथ्यके कथनका नाम व्यवहार है। इसका दूसरा नाम उपनय है। जितने भी नय हैं उनका कथन किया जाय तो उतने ही व्यवहार हो जाते हैं। अतः उन व्यवहारोंके नाम भी वे ही पड़ जाते हैं, उनके अन्तमें निरूपक व्यवहार इतना शब्द और जोड़ दिया जाता है। फिर भी कई नाम व्यवहारके ऐसे हैं जिनके शब्दों से ही कथनप्रकारके हेतुओंका निर्देश हो जाता है। अतः कुछ व्यवहारोंके नाम दिये जाते हैं।

(६२) भूतनैगमप्रतिपादक व्यवहार, जैसे-भूतकालीन स्थितिको वर्तमानकालमें जोड़नेके संकल्पका घटना-सम्बन्धित प्रतिपादन। (६३) भाविनैगमप्रतिपादक व्यवहार, जैसे-भविष्यत्कालीन स्थितिको वर्तमानमें जोड़नेके संकल्पका घटनासम्बन्धित प्रतिपादन। (६४) वर्तमाननैगमप्रतिपादक व्यवहार, जैसे वर्तमान निष्पन्न अनिष्पन्नको निष्पन्नवत् संकल्पका प्रतिपादन। (६५) परसंग्रह द्रव्यार्थिक प्रतिपादक व्यवहार, जैसे 'सत्' कहकर समस्त जीव पुद्गलादिक सतोंके संग्रहका प्रतिपादन करना। (६६) अपरसंग्रहद्रव्यार्थिक प्रतिपादक व्यवहार, जैसे सत् को भेद कर कहे गये जीव व अजीवमें से जीव कहकर समस्त जीवोंके संग्रहका प्रतिपादन करना। (६६A) परमशुद्ध अपरसंग्रह-द्रव्यार्थिकप्रतिपादक व्यवहार, जैसे 'ब्रह्म' कहकर सर्व जीवोंमें कारण समयसारका प्रतिपादन करना। (६६B) शुद्ध अपरसंग्रहद्रव्यार्थिक प्रतिपादक व्यवहार, जैसे मुक्त जीव कहकर समस्त कर्ममुक्त सिद्ध भगवंतोंका प्रतिपादन करना। (६६ C) अशुद्ध अपरसंग्रहद्रव्यार्थिकप्रतिपादक व्यवहार, जैसे संसारी जीव कहकर समस्त संसारी जीवोंका प्रतिपादन करना। (६७) परमसंग्रहभेदक व्यवहारनय द्रव्यार्थिक प्रतिपादक व्यवहार, जैसे सत् २ प्रकार के हैं जीव अजीव आदि यों परसंग्रहको भेदनेका प्रतिपादन। (६८) अपरसंग्रहभेदक व्यवहारनय द्रव्यार्थिक प्रतिपादक व्यवहार, जैसे जीव २ प्रकार के हैं मुक्त संसारी आदि यों अपरसंग्रहको भेदनेका प्रतिपादन। (६८A) अन्तिम अपरसंग्रहभेदक व्यवहारनय द्रव्यार्थिक प्रतिपादक व्यवहार, जैसे द्व्यणुक स्कंध भेद कर एक-एक अणुका प्रतिपादन। (६८B) अन्तिम-अखण्डसूचक व्यवहारनय द्रव्यार्थिक प्रतिपादक व्यवहार, जैसे एक अणु, एक जीव आदि अखण्ड सत् का प्रतिपादन। (६९) अखण्ड परमशुद्ध सद्भूत व्यवहार, जैसे अनाद्यनन्त अहेतुक अखण्ड चैतन्यस्वभावमात्र आत्माका प्रतिपादन। (६९A) गुणगुणिनिरूपक परमशुद्ध-सद्भूत-व्यवहार, जैसे आत्माका स्वरूप सहज चैतन्य है आदि प्रतिपादन। (७०) सगुण परमशुद्ध सद्भूत व्यवहार, जैसे आत्माके सहज अनादि अनन्त चतुष्टयका प्रतिपादन। (७०A) प्रतिषेधक शुद्धनय प्रतिपादक व्यवहार, जैसे जीव पुद्गलकर्मका अकर्ता है आदि कथन। (७१) अभेद शुद्ध सद्भूत व्यवहार, जैसे शुद्ध पर्यायमय आत्माका प्रतिपादन। (७२) सभेद शुद्ध सद्भूत व्यवहार, जैसे आत्माके केवलज्ञान, केवलदर्शन आदि शुद्ध पर्यायवान आत्मा का प्रतिपादन। (७३) कारककारकिभेदक सद्भूत व्यवहार, जैसे आत्माको जानता है आदि एक ही पदार्थमें कर्ता कर्म आदि कारकोंका कथन। (७४) अनुपचरित अशुद्ध सद्भूत व्यवहार, जैसे श्रेणीगत मुनिके रागादिक विकारका प्रतिपादन। (७५) उपचरित अशुद्ध सद्भूत व्यवहार, जैसे जीवके व्यक्त क्रोध मान आदि अशुद्ध पर्यायोंका प्रतिपादन। (७६) उपाधि-सापेक्ष अशुद्ध द्रव्यार्थिक प्रतिपादक व्यवहार, जैसे पुद्गलकर्मविपाकका निमित्त पाकर हुये विकृत जीवका प्रतिपादन। (७७) उपचरित उपाधिसापेक्ष अशुद्ध प्रतिपादक व्यवहार, जैसे विषयभूत पदार्थमें उपयोग देनेपर हुये व्यक्त विकारका कथन। (७८) उपाधिनिरपेक्ष शुद्ध द्रव्यार्थिक प्रतिपादक व्यवहार, जैसे संसारी जीव सिद्धसदृश शुद्धात्मा है का प्रतिपादन। (७९) उत्पादव्ययगौणसत्ताग्राहक शुद्ध द्रव्यार्थिक प्रतिपादक व्यवहार, जैसे ध्रौव्यत्वकी मुख्यतासे द्रव्यके नित्यत्वका प्रतिपादन। (८०) भेदकल्पनानिरपेक्ष शुद्ध द्रव्यार्थिक प्रतिपादक व्यवहार जैसे निज गुण पर्यायसे अभिन्न द्रव्य है आदि का प्रतिपादन। (८१) उत्पादव्ययसापेक्ष अशुद्ध द्रव्यार्थिक प्रतिपादक व्यवहार, जैसे प्रत्येक द्रव्य ध्रुव होकर भी उत्पाद व्यय वाला है आदि कथन। (८२) भेदकल्पनासापेक्ष अशुद्ध द्रव्यार्थिक प्रतिपादक व्यवहार, जैसे आत्माके ज्ञान, दर्शन, चरित्र आदि गुण हैं आदि कथन। (८३) अन्वय द्रव्यार्थिक प्रतिपादक व्यवहार, जैसे द्रव्य सदैव

अपने गुण पर्यायोंमें व्यापक रहता है आदि कथन। (८४) स्वद्रव्यादिग्राहकद्रव्यार्थिक प्रतिपादक व्यवहार, जैसे जीव स्वद्रव्यक्षेत्रकालभावसे है आदि कथन। (८५) परद्रव्यादिग्राहकद्रव्यार्थिकप्रतिपादक व्यवहार, जैसे जीव परद्रव्यक्षेत्र-कालभावसे नहीं है आदि कथन। (८६) परमभावग्राहक द्रव्यार्थिकप्रतिपादक व्यवहार, जैसे आत्मा सहज ज्ञायक स्वभाव है आदि कथन। (८७) अशुद्ध स्थूल ऋजुसूत्र प्रतिपादक व्यवहार, जैसे नर, नारक, स्कन्ध आदि अशुद्ध द्रव्यव्यञ्जनपर्यायोंका कथन। (८८) शुद्ध स्थूल ऋजुसूत्रप्रतिपादक व्यवहार, जैसे सिद्ध पर्याय, एक अणु, धर्मास्तिकाय आदि शुद्ध द्रव्य व्यञ्जनपर्यायका कथन। (८९) अशुद्ध सूक्ष्म ऋजुसूत्र प्रतिपादक व्यवहार, जैसे क्रोध, मान आदि विभाव गुणव्यञ्जनपर्यायोंका कथन। (९०) शुद्ध सूक्ष्म ऋजुसूत्र प्रतिपादक व्यवहार, जैसे केवलज्ञान, केवलदर्शन, आदि स्वभावगुणव्यञ्जन पर्यायोंका कथन। (९१) अनादिनित्यपर्यायार्थिक प्रतिपादक व्यवहार, जैसे मेरु अकृत्रिम चैत्यालय नित्य है आदि कथन। (९२) सादि नित्य पर्यायार्थिक प्रतिपादक व्यवहार, जैसे सिद्ध पर्याय नित्य है आदि शुद्ध होकर सदा रहने वाली पर्यायका कथन। (९३) सत्तागौणोत्पादव्ययग्राहक अशुद्धपर्यायार्थिक प्रतिपादक व्यवहार, जैसे-समय समयमें पर्याय विनश्वर है आदि कथन (९४) सत्तासापेक्ष नित्य अशुद्ध पर्यायार्थिक प्रतिपादक व्यवहार, जैसे समय समयमें त्रयात्मक पर्याय हैं आदि कथन। (९५) उपाधिनिरपेक्ष नित्य शुद्ध पर्यायार्थिक प्रतिपादक व्यवहार, जैसे संसारियोंकी सिद्ध पर्यायसदृश शुद्ध पर्यायोंका कथन। (९६) उपाधिसापेक्ष नित्य अशुद्ध पर्यायार्थिक प्रतिपादक व्यवहार, जैसे संसारी जीवोंके उत्पत्ति मरण है आदि कथन। (९७) स्वजात्यसद्भूत व्यवहार, जैसे परमाणु बहुप्रदेशी है, जीव रागी है आदि कथन। (९८) विजात्यसद्भूत व्यवहार, जैसे मतिज्ञान मूर्त है, दृश्यमान मनुष्य, पशु जीव है आदि कथन। (९९) स्वजातिविजात्यसद्भूत व्यवहार, जैसे ज्ञेय जीव अजीव में ज्ञान जाता है आदि कथन। (१००) शब्दनय पर्यायार्थिक प्रतिपादक व्यवहार, जैसे ऋजुसूत्रनयके विषयको लिंगादि व्यभिचार दूर करके योग्य शब्दसे कहना। (१०१) समभिरूढनयपर्यायार्थिक प्रतिपादकव्यवहार, जैसे शब्दनयसे निश्चित शब्दसे वाच्य अनेक पदार्थोंमें से एक रूढ पदार्थका कथन करना। (१०२) एवंभूतनयपर्यायार्थिकनय प्रतिपादकव्यवहार, जैसे समभिरूढनयसे निश्चित पदार्थको उसी क्रियासे परिणत होनेपर ही उस शब्दसे कहना।

पाठ १७—उपचार

भिन्न-भिन्न द्रव्य गुण पर्यायोंमें परस्पर एकमें एक दूसरेके द्रव्य गुण पर्यायोंका आरोप करना तथा कर्तापन, कर्मपन, करणपन, संप्रदानपन, अपादानपन, संबंध व आधार बताना उपचार है। उपचार जिस भाषामें कथन करता है उसके अनुसार स्वरूप या घटना नहीं है अतः उपचार मिथ्या है, फिर भी उपचारका वर्णन उपदेशमें इस कारण चलता है कि उस प्रसंगमें जो प्रयोजन है या निमित्त है उसका संक्षेपतः सुगमतया बोध हो जावे। इस कारण उपचार कुछ प्रयोजनवान है। उपचारके प्रकार इस प्रकार हैं—

(१०३) उपाधिज उपचरित स्वभाव व्यवहार, जैसे जीवके मूर्तत्व व अचेतनत्व का कथन। (१०४) उपाधिज उपचरित प्रतिफलन व्यवहार, जैसे क्रोधकर्मके विपाकके प्रतिफलनको क्रोध कर्म कहना। (१०५) स्वाभाविक उपचरित स्वभाव व्यवहार, जैसे प्रभु समस्त पर पदार्थोंके ज्ञाता हैं आदि कथन। (१०६) द्रव्ये द्रव्योपचारक (एकजाति द्रव्ये अन्यजातिद्रव्योपचारक) असद्भूत व्यवहार जैसे शरीरको जीव कहना। (१०६A) स्वजातिद्रव्ये स्वजातिद्रव्योपचारक असद्भूत व्यवहार, जैसे शरीर मिट्टी है आदि कथन। (१०७) एकजातिपर्याये अन्यजातिपर्यायोपचारक असद्भूत व्यवहार, जैसे अन्न ही प्राण हैं आदि कथन। (१०८) स्वजातिपर्याये स्वजातिपर्यायोपचारक असद्भूत व्यवहार, जैसे दर्पणमें हुये प्रतिबिम्बको दर्पण कहना। (१०९) एक जातिगुणे अन्य जातिगुणोपचारक असद्भूत व्यवहार, जैसे मदिरापानसे अभिभूत मतिज्ञानको मूर्त कहना। (११०) स्वजातिगुणे स्वजातिगुणोपचारक असद्भूत व्यवहार, जैसे ज्ञान ही श्रद्धान है, ज्ञान ही चरित्र है आदि कथन। (१११) एकजातिद्रव्ये अन्यजातिगुणोपचारक असद्भूत व्यवहार, जैसे जीव मूर्तिक है आदि कथन। (११२) स्वजातिद्रव्ये स्वजातिगुणोपचारक असद्भूत व्यवहार, जैसे परमाणुको ही रूप कहना। (११३) एकजातिद्रव्ये अन्यजातिपर्यायोपचारक असद्भूत व्यवहार, जैसे जीव भौतिक है आदि कथन। (११४) स्वजातिद्रव्ये

स्वजातिपर्यायोपचारक असद्भूत व्यवहार, जैसे परमाणु बहुप्रदेशी है, आत्मा भी गुण है आदि कथन। (११५) एकजातिगुणे अन्यजातिद्रव्योपचारक असद्भूत व्यवहार, जैस ज्ञान गुण ही सकल द्रव्य है आदि कथन। (११६) स्वजातिगुणे स्वजातिद्रव्योपचारक असद्भूत व्यवहार जैसे द्रव्यके रूपको ही द्रव्य कहना, रूप परमाणु आदि। (११७) एकजातिगुणे अन्यजातिपर्यायोपचारक असद्भूत व्यवहार, जैसे ज्ञान ही धन है आदि कथन। (११८) स्वजातिगुणे स्वजातिपर्यायोपचारक असद्भूत व्यवहार, जैसे ज्ञान पर्याय है आदि कथन। (११९) एक जातिपर्याये अन्यजातिद्रव्योपचारक असद्भूत व्यवहार, जैसे शरीरको ही जीव कहना। (१२०) स्वजातिपर्याये स्वजातिद्रव्योपचारक असद्भूत व्यवहार, जैसे पृथ्वी आदि पुद्गल स्कन्धको द्रव्य कह देना। (१२१) एकजातिपर्याये अन्यजातिगुणोपचारक असद्भूत व्यवहार, । जैसे पशु पक्षी आदिके शरीर को देखकर यह जीव है आदि कथन करना। (१२२) स्वजातिपर्याये स्वजातिगुणोपचारक असद्भूत व्यवहार, जैसे अहिंसाको गुण व विशिष्ट रूपको देखकर उत्तम रूप वाला कहना। (१२३) संश्लिष्ट स्वजात्युपचरित असद्भूत व्यवहार, जैसे यह परमाणु इस स्कंधका है आदिकथन। (१२४) असंश्लिष्ट स्वजात्युपचरित असद्भूत व्यवहार, जैसे ये पुत्र स्त्री आदि इस जीवके हैं आदि कथन। (१२५) संश्लिष्ट विजात्युपचरित असद्भूत व्यवहार, जैसे यह शरीर इस जीव का है, आदि कथन। (१२६) असंश्लिष्ट विजात्युपचरित असद्भूत व्यवहार, जैसे यह धन वैभव मेरा है आदि कथन। (१२७) संश्लिष्ट स्वजाति-विजात्युपचरित असद्भूत व्यवहार, जैसे यह आभूषणसज्जित कन्या मेरी है आदि कथन। (१२८) असंश्लिष्ट स्वजाति-विजात्युपचरित असद्भूत व्यवहार, जैसे यह ग्राम नगर मेरा है आदि कथन। (१२९) परकर्तृत्व अनुपचरित असद्भूत व्यवहार, जैसे पुद्गल कर्मने जीवको रागी कर दिया आदि कथन। (१२९ए) परभोक्तृत्व असद्भूत व्यवहार, जैसे जीव पुद्गलकर्मको भोगता है आदि कथन। (१२९बी) परकर्तृत्व उपचरित असद्भूत व्यवहार, जैसे जीव घट पट आदिका कर्ता है आदि कथन। (१३०) परकर्मत्व असद्भूत व्यवहार, जैसे जीवके द्वारा ये पुण्य पाप बनाये गये आदि कथन। (१३१) परकरणत्व असद्भूत व्यवहार, जैसे जीव कषाय भावके द्वारा पौद्गलिक कर्मोंको बनाता है आदि कथन। (१३२) परसंप्रदानत्व असद्भूत व्यवहार, जैसे पिताने पुत्रके लिये मकान बनाया आदि कथन। (१३३) परापादनत्व असद्भूत व्यवहार, जैसे जीवसे इतने कर्म झड़कर अलग हो गये आदि कथन। (१३४) पराधिकरणत्व असद्भूत व्यवहार, जैसे जीवमें कर्म ठसाठस भरे हुये हैं आदि कथन। (१३५) परस्वामित्व असद्भूत व्यवहार जैसे मेरा यह धन वैभव शरीर आदि है का कथन। (१३६) स्वजातिकारणे स्वजातिकार्योपचारक व्यवहार, जैसे हिंसा आदिक दुःख ही है, आदि का प्रतिपादन। (१३७) एकजातिकारणे अन्यजातिकार्योपचारक व्यवहार, जैसे अन्न धन प्राण है आदि कथन। (१३८) स्वजातिकार्ये स्वजातिकारणोपचारक व्यवहार, जैसे श्रुत ज्ञान भी मतिज्ञान है आदि कथन। (१३९) एक जातिकार्ये अन्यजातिकारणोपचारक व्यवहार, जैसे घटाकारपरिणत ज्ञान घट है आदि कथन। (१४०) एकजात्यल्पे अन्यजातिपूर्णोपचारक व्यवहार, जैसे राज घरानेमें यह नौकर सर्वव्यापक है आदि कथन। (१४१) स्वजात्यल्पे स्वजातिपूर्णोपचारक व्यवहार, जैसे सम्यक् मतिज्ञान केवल ज्ञान है आदि कथन। (१४२) एक जात्याधारे अन्यजात्याधेयोपचारक व्यवहार, जैसे मंचपर बैठकर विद्वान प्रवचन करें तो कहना कि इस मंचने बड़े प्रवचन किये। (१४३) स्वजात्याधारे स्वजात्याधेयोपचारक व्यवहार, जैसे इस गुरुके उदरमें हजारों शिष्य पड़े हैं। (१४४) एक जात्याधेये अन्यजात्याधारोपचारक व्यवहार, जैसे डलियामें केला रखकर बेचने वालेको केला कहकर पुकारना। (१४५) स्वजात्याधेये स्वजात्याधारोपचारक व्यवहार जैसे मौजसे मां की गोदमें बैठे हुये बालकका नाम लेकर मांको पुकारना। (१४६) तद्गति तदुपचारक व्यवहार, जैसे लाठीवाले पुरुषको लाठी कहकर पुकारना। (१४७) अतिसामीप्ये तत्त्वोपचारक व्यवहार, जैसे चरम (अन्तिम) भवसे पूर्व के मनुष्य भवको भी चरम कहना। (१४८) भाविनि भूतोपचारक व्यवहार, जैसे ८ वें गुणस्थान में औपशमिक या क्षायिक भाव कहना। (१४९) तत्सदृश-कारणे तदुपचारक व्यवहार, जैसे कर्मोदयजनित विकार इस जीवके लिये शल्य है। (१५०) सदृशे एकत्वोपचारक व्यवहार, जैसे गेहूं दानोंके ढेरको गेहूं एक वचन कहकर कहना। (१५१) आश्रये आश्रयी-उपचारक व्यवहार जैसे राजा प्रजाके गुण दोषोंको उत्पन्न करता है, आदि कथन।

पाठ १८-अवाप्ति नय

पदार्थ को शीघ्र सुगमविधिसे निःसंशय यथार्थ समझनेके लिये अन्य भी दृष्टियां पाने नय हैं। इन नयोंमें जो अभेदपरक नय हैं वे निश्चयनय हैं, जो भेदपरक नय हैं वे व्यवहारनय हैं। इन अवाप्तिनयों का निर्देश २२वें पाठ में १५२ नं० से २०१ नं० तकके नयोंमें किया जावेगा।

पाठ १९-निमित्तकारण व आश्रयभूत कारण का विवेक

निमित्तका सही प्रयोग करनेमें और नयदृष्टि परखनेमें जहां अनेक परिषय ज्ञातव्य हैं वहां कुछ प्रसंगोंमें निमित्त कारण व आश्रयभूत कारणका अन्तर भी ज्ञातव्य है। निमित्त कारण उसे कहते हैं जिसका नैमित्तिक कार्यके साथ अन्वय व्यतिरेक सम्बन्ध हो जैसे क्रोध प्रकृतिका विपाक (उदय या उदीरणा) होनेपर ही जीवमें क्रोध विकल्प होना, क्रोधप्रकृतिविपाक न होनेपर क्रोधविकल्प नहीं होना। यह अन्वयव्यतिरेक सम्बन्ध कर्मविपाकमें है अतः क्रोधप्रकृति-विपाक क्रोधमें निमित्त कारण है। तथा जिस व्यक्तिपर उपयोग देकर क्रोध प्रकट हो उसे आश्रयभूतकारण कहते हैं। आश्रयभूतकारणका विकारके साथ अन्वयव्यतिरेक सम्बन्ध नहीं, किन्तु उपयोग देकर कारण बनाया गया, अतः आश्रयभूतकारण आरोपित कारण है, उपचरित कारण है, निश्चितकारण नहीं।

यहां यह ज्ञातव्य है कि निमित्त उपादानमें कुछ परिणति नहीं करता, किन्तु ऐसा योग है कि निमित्त कारणके सान्निध्यमें ही विकार होता, निमित्त कारणके अभावमें विकार नहीं हो सकता। आश्रयभूतकारण उपादानमें भी कुछ परिणति नहीं करता और आश्रयभूत विषयके न होनेपर विकार न हो और विषयभूत पदार्थके होनेपर ही विकार हो या विषयभूत पदार्थ के होनेपर विकार हो ही हो ऐसा कुछ भी नियन्त्रण नहीं है। हां प्रकृतिके उदय होनेपर यह जीव यदि विषयभूत पदार्थपर उपयोग देता है तो विकार व्यक्त होता है उपयोग न दे तो विकार व्यक्त नहीं होता, प्रकृति के उदय होने पर व विषयभूत पदार्थ पर उपयोग न होने पर प्रकृतिविपाकनिमित्तक विकार अव्यक्त होकर निकल जाता है।

विकारसे हटना व स्वभावमें लगना यह अनादिसे विषयप्रेमी इस जीवको कैसे बने? जब तक विकारसे घृणा न हो तब तक विकारसे हटना संभव नहीं। विकारसे घृणा तब बनेगी जब यह ज्ञानमें आ जाये कि विकार असार है, अपवित्र है, परभाव है और यह ज्ञान तब बने जब विकार नैमित्तिक है यह बात ज्ञात हो। विकार नैमित्तिक है यह ज्ञान तब बने जब निमित्तका नैमित्तिक से अन्वयव्यतिरेक सम्बन्ध ज्ञात हो। इस तरह निमित्तका नैमित्तिकका यथार्थ ज्ञान नैमित्तिक विकारसे हटनेके लिए प्रायोजनिक है।

यहां यह भी ज्ञातव्य है कि आश्रयभूत पदार्थ विकारका निमित्त नहीं है, किन्तु व्यक्त विकारके लिये आश्रय-भूत होनेसे व्यवहारमें उसे निमित्त कह देते हैं। सो आश्रयभूतकारणको निमित्त बताकर, उदाहरणमें रख-रखकर निमित्तका सर्वथा खण्डन करना या तो अज्ञानमूलक है या पहिले आश्रयभूतको ही निमित्त समझकर उसका खण्डन करते चले आये थे, सो अब वास्तविक निमित्तकी बात सामने आनेपर भी उसी हठको निभाना कपटमूलक है। निमित्त विकारका कर्ता नहीं, किन्तु निमित्तसान्निध्य बिना विकार होता नहीं। यों निमित्तकारण व आश्रयभूतकारणका विवेक होनेपर, नयदृष्टियोजना, व आत्महितके लिए प्रयोगविधि सही बन जाती है।

पाठ २०-व्यवहार का विवेक

व्यवहार शब्दका प्रयोग व्यवहारनयनामक द्रव्यार्थिकनय, भेदविषयक व्यवहारनय, नयविषयप्रतिपादक व्यवहार व उपचार इन चार स्थलोंपर होता है। अतः जहां व्यवहार शब्द आवे वहां यह विवेक करना अत्यावश्यक है कि यह व्यवहार उन चारोंमें से कौनसा है। यदि यह विवेक न रखा जावे और उपचार वाले व्यवहारको मिथ्या कहा है सो उसी नातेको सर्वत्र व्यवहारमें अपनाकर आदिके तीनों व्यवहारोंको मिथ्या कह दिया जाये तो सर्व आगम शास्त्र मिथ्या मानने पड़ेंगे। अतः व्यवहारका विवेक अत्यावश्यक है।

उन चारों व्यवहारोंका स्पष्टीकरण पाठ नं० ५, ६, ७, १०, ११, १२, १४, १६, १७ में किया है। उसे

समझ लेनेसे नयदृष्टिका प्रयोग व आत्महितके लिये आत्मप्रयोग सही होगा। जैसे दूध गाय, भैंस, बकरीके दूधको कहते हैं और आकके पेड़से निकले सफेद रसको भी दूध कहते हैं, आकका दूध पीनेसे मरण हो जाता है तो आकके दूध का उदाहरण देकर सर्वथा यह कहना कि दूध प्राणघातक है यह क्या युक्त है व ऐसी श्रद्धासे जीवन चलेगा क्या ! हाँ वही जो विवेक करेगा कि आकका दूध घातक है गाय भैंस आदिका दूध घातक नहीं, बल्कि पोषक है वह अपना जीवनमें सही प्रयोग करेगा।

पाठ २१-स्वतन्त्र सत्त्व व अतद् भावका विवेक

वस्तु द्रव्यरूपसे, गुणरूपसे व पर्यायरूपसे ज्ञेय होता है। वहाँ द्रव्यका लक्षण अन्य है, गुणका लक्षण अन्य है, पर्यायका लक्षण अन्य है। गुणोंमें भी प्रत्येक गुणका लक्षण अन्य-अन्य है। पर्यायोंमें भी प्रत्येक पर्यायका लक्षण अन्य अन्य है। इनका वर्णन करते हुए अपना कौशल बतानेके लिये यदि कोई यों कहने लगे कि प्रत्येक गुण स्वतन्त्र सत् है, प्रत्येक पर्याय स्वतन्त्र सत् है, गुण स्वतन्त्र सत् है पर्याय स्वतन्त्र सत् है, तो यह सब कथन स्याद्वादशासनसे बहिर्भूत है। पर्याय स्वतन्त्र सत् नहीं इसका संक्षिप्त निरूपण ८ वें पाठमें है। गुण स्वतन्त्र सत् नहीं इसका अब यहाँ विचार कीजिये।

जो स्वतन्त्र सत् याने सत् होता है उसके ये लक्षण हैं—१-उत्पादव्ययध्रौव्ययुक्तं सत् २-गुणपर्यायवद्द्रव्यं ३-अविभक्तप्रदेशत्व, ४-साधारणगुण वाला, ५-असाधारणगुणवाला, ६-द्रव्यव्यञ्जनपर्यायवाला, ७-गुणव्यञ्जनपर्यायवाला। गुणमें ये सातों ही बातें नहीं पाई जाती हैं। गुण उत्पादव्यय वाला नहीं है, गुणमें गुण होते नहीं हैं, क्योंकि गुण निर्गुण हैं, 'द्रव्याश्रया निर्गुणा गुणाः', गुणोंके प्रदेश द्रव्य व पर्यायसे भिन्न नहीं है। गुणोंका आकार नहीं होता। अतः सातों बातें ही गुणमें नहीं हैं।

गुण और पर्याय सद्भूतद्रव्यकी तारीफ है। इस तारीफको समझनेके लिये इनका लक्षण जानना होता है। सो लक्षणभेदसे गुण व पर्यायोंका विशिष्ट परिचय होता है। यों द्रव्य, गुण, पर्यायमें, व परस्पर सब गुणोंमें, परस्पर सब पर्यायोंमें अतद्भाव है, किन्तु स्वतन्त्र-स्वतन्त्र सत्त्व नहीं है। हाँ वस्तुको द्रव्य कहते हैं सो द्रव्यको स्वतन्त्र सत् कह सकते हैं। गुणोंको व पर्यायको स्वतन्त्र सत् कहना मीमांसकोंका सिद्धान्त है।

इस प्रकार द्रव्य गुण पर्यायके सम्बन्ध में सही जानकारी होनेपर नयोंका प्रयोग व आत्महितके लिये आत्म-प्रयोग सही होता है।

पाठ २२-दृष्टि सूची

ज्ञाननय (नैगमनय द्रव्यार्थिक)

१. भूतनैगम नय (जैसे आज दीपावलिके दिन वर्द्धमान स्वामी मोक्ष गये इस प्रकार वर्तमानमें भूतका प्रकाश)।
२. भाविनैगमनय (जैसे अर्हन्त तो सिद्ध हो ही चुके इसप्रकार वर्तमान में भावीका प्रकाश)।
३. वर्तमान नैगमनय (जैसे भात पक रहा है, आदि इसप्रकार निष्पन्न व अनिष्पन्नका वर्तमानमें निष्पन्नवत् प्रकाश)।

संग्रहनय द्रव्यार्थिकनय

४. परसंग्रहनामक द्रव्यार्थिकनय (जैसे-सत्, सत् में सबका संग्रह है, क्योंकि चेतन अचेतन सभी पदार्थ सत्स्वरूप हैं)
५. अपरसंग्रहनयनामक द्रव्यार्थिकनय (जैसे-जीव। जीवमें जीवोंके सिवाय अन्यका संग्रह नहीं)
६. परमशुद्ध अपरसंग्रहनामक द्रव्यार्थिकनय (जैसे-ब्रह्मस्वरूप आत्मा, जिसके एकान्तमें सांख्यादिसिद्धान्त हो जाते हैं)
७. शुद्ध अपरसंग्रहनयनामक द्रव्यार्थिकनय (जैसे-मुक्त जीव, इसमें अतीत अनागत वर्तमान सर्व सिद्धोंका संग्रह है)
८. अशुद्ध अपरसंग्रहनयनामक द्रव्यार्थिकनय (जैसे-संसारी जीव, इसमें त्रस स्थावर आदि सभी अशुद्धपर्यायवान जीवोंका संग्रह है)

अनन्तिम व्यवहारनय द्रव्यार्थिकनय

९. परमसंग्रहभेदक व्यवहारनयनामक द्रव्यार्थिकनय (जैसे-द्रव्य ६ प्रकारके हैं जीव, पुद्गल, धर्म, अधर्म आकाश व काल)

१०. अपरसंग्रहभेदक व्यवहारनयनामक द्रव्यार्थिकनय (जैसे-जीव दो प्रकारके हैं मुक्त व संसारी, इस प्रकार शुद्ध व अशुद्ध का भेद किये बिना जीवोंका भेदोंमें परिचय)

११. अन्तिम अपरसंग्रहभेदकव्यवहारनयनामक द्रव्यार्थिकनय (जैसे-पृथक् पृथक् एक-एक सत् व द्वयणुक आदि स्कन्धमें एक अणुका परिचय)

१२. परमशुद्ध अपरसंग्रहभेदक द्रव्यव्यवहारनयनामक द्रव्यार्थिकनय (जैसे चैतन्यात्मकतासे सम्बद्ध अनन्त आत्माओंका परिचय)

१३. शुद्ध अपरसंग्रहभेदक व्यवहारनयनामक द्रव्यार्थिकनय (जैसे-मुक्त जीवोंका क्षेत्र काल गति लिङ्ग आदिसे परिचय)

१४. अशुद्ध अपरसंग्रहभेदक व्यवहारनयनामक द्रव्यार्थिकनय (जैसे-संसारी जीवोंका त्रस स्थावर आदि विभागोंसे परिचय)

अन्तिम व्यवहारनय द्रव्यार्थिक

१५. परमशुद्ध अभेदविषयी अन्तिम व्यवहारनयनामक द्रव्यार्थिकनय (जैसे आत्मा चैतन्यस्वरूपमात्र है आदि)

१६. परमशुद्ध भेदविषयी अन्तिम व्यवहारनयनामक द्रव्यार्थिकनय (आत्मामें ज्ञान, दर्शन, चारित्र आदि गुण हैं)

१७. शुद्ध अभेदविषयी अन्तिम व्यवहारनयनामक द्रव्यार्थिकनय (जैसे भगवन्त आत्मा केवलज्ञानी है आदि)

१८. शुद्धभेदविषयी अन्तिम व्यवहारनयनामक द्रव्यार्थिकनय (जैसे भगवन्त आत्मामें अनंतज्ञान, दर्शन आदि हैं)

१९. अव्यक्त अशुद्ध अन्तिम व्यवहारनय-नामक द्रव्यार्थिकनय (जैसे-उपशम या क्षपकश्रेणिमें आया हुआ मुनि)

२०. व्यक्त अशुद्ध अन्तिम व्यवहारनयनामक द्रव्यार्थिकनय (जैसे किसी व्यक्तिपर क्रोध करनेवाला कोई एक मनुष्य)

२१. उपाधिनिरपेक्ष शुद्ध द्रव्यार्थिकनय (जैसे-संसारी जीव सिद्ध समान शुद्धात्मा है आदि, उपाधिका सम्बन्ध न तक कर स्वभावमात्र निरखना)

२२. उत्पादव्ययगौणसत्ताग्राहक शुद्धद्रव्यार्थिकनय (जैसे द्रव्य नित्य है, आदि, ध्रौव्यकी मुख्यतासे वस्तुका निरखना)

२३. भेदकल्पनानिरपेक्ष शुद्धद्रव्यार्थिकनय (जैसे-निजगुणपर्यायसे अभिन्न द्रव्य है, यों शुद्ध स्वरूप निरखना)

२४. उपाधिसापेक्ष अशुद्धद्रव्यार्थिकनय (जैसे-कर्मोदयविपाकके सान्निध्यमें जीव विकाररूप परिणमता है, आदि परिचय)

२४A. उपाध्यभावापेक्ष शुद्धद्रव्यार्थिकनय (जैसे-कर्मोपाधिके अभावका निमित्त पाकर कर्मत्वका दूर होना निरखना)

२४B शुद्धभावनापेक्ष शुद्धद्रव्यार्थिकनय (जैसे-आत्माके शुद्धपरिणामका निमित्त पाकर कर्मत्वका दूर होना निरखना)

२५. उत्पादव्ययसापेक्ष अशुद्धद्रव्यार्थिकनय (जैसे-द्रव्य उत्पादव्ययध्रौव्ययुक्त है, यों त्रिलक्षणासत्तामय द्रव्य निरखना)

२६. भेदकल्पनासापेक्ष अशुद्धद्रव्यार्थिकनय (जैसे-आत्माके ज्ञान है, दर्शन है, चारित्र है आदि गुणोंका परिचय)

२७. अन्वय द्रव्यार्थिकनय (जैसे-त्रैकालिक गुणपर्यायस्वभावी आत्मा, आदि मूलवस्तु निरखना)

२८. स्वद्रव्यादिग्राहक द्रव्यार्थिकनय (जैसे-स्वद्रव्यक्षेत्रकालभावसे वस्तुके अस्तित्व का परिचय)

२९. परद्रव्यादिग्राहक द्रव्यार्थिकनय (जैसे-परद्रव्यक्षेत्रकालभावसे वस्तुके नास्तित्व का परिचय)

३०. परमभावग्राहक द्रव्यार्थिकनय (जैसे-सहज अखण्ड ज्ञानस्वरूप आत्मा का परिचय)

३०A. शुद्धपारिणामिकपरमभावग्राहक शुद्धद्रव्यार्थिकनय (जैसे-बद्धाबद्धादिनयविकल्परूप जीव नहीं होता आदि परिचय)

अर्थनय पर्यायार्थिक

३१. अशुद्धस्थूल ऋजुसूत्रनयनामक पर्यायार्थिकनय (जैसे-नर नारक आदि विभाव द्रव्यव्यञ्जन पर्यायोंका परिचय)

३२. शुद्धस्थूल ऋजुसूत्रनयनामक पर्यायार्थिकनय (जैसे-सिद्धपर्याय आदिक स्वभावद्रव्यव्यञ्जनपर्यायोंका परिचय)

३३. अशुद्धसूक्ष्म ऋजुसूत्रनयनामक पर्यायार्थिकनय (जैसे-क्रोध आदि विभावगुणव्यञ्जनपर्यायोंका परिचय)

३४. शुद्धसूक्ष्म ऋजुसूत्रनयनामक पर्यायार्थिकनय (जैसे-केवलज्ञान आदि स्वभावगुणव्यञ्जनपर्यायोंका परिचय)

३५. अनादिनित्य पर्यायार्थिकनय (जैसे-मेरु नित्य है आदि, प्रति समय आय व्यय होते हुए भी वैसे के वैसे ही बने रहनेवाले पदार्थों का परिचय)

३६. सादिनित्य पर्यायार्थिकनय (जैसे सिद्ध पर्याय आदि, अशुद्धता हटकर सादिशुद्ध रहनेवाले पर्यायोंका परिचय)

३७. सत्तागौणोत्पादव्ययग्राहक नित्यअशुद्धपर्यायार्थिकनय (जैसे-प्रति समय पर्याय विनाशीक है आदि परिचय)

३८. सत्तासापेक्ष नित्य अशुद्धपर्यायार्थिकनय (जैसे-एक समयमें हुए त्रयात्मक पर्यायोंका परिचय)

३९. उपाधिनिरपेक्ष नित्य शुद्धपर्यायार्थिकनय (जैसे-सिद्धपर्यायसदृश संसारी जीवोंकी शुद्धपर्याय आदि का परिचय)

४०. उपाधिसापेक्ष नित्य अशुद्धपर्यायार्थिकनय (जैसे-संसारी जीवोंके उत्पाद और मरण है आदि परिचय)

शब्दनय पर्यायार्थिकनय

४१. शब्दनय (ऋजुसूत्रनयके विषयको लिङ्ग, वचन आदि व्यभिचार हटाकर किसी उपयुक्त शब्दसे कहना)

४२. समभिरूढनय शब्दनय द्वारा नियत शब्दके वाच्य अनेक अर्थोंमें से किसी एक रूढ़ अर्थको ही कहना)

४३. एवंभूतनय (समभिरूढनयके विषयको उस क्रियासे परिणत होते हुएके समय ही उसी शब्दसे कहना)

निश्चयनय

४४. अखण्ड परमशुद्धनिश्चयनय (जैसे-अखण्ड शाश्वत सहज चैतन्यस्वभावमात्र आत्माका परिचय)

४५. शक्तिबोधक परमशुद्धनिश्चयनय (जैसे-आत्मा सहज ज्ञान दर्शन शक्ति वीर्यवान है आदि परिचय)

४६. शुद्धनिश्चयनय (जैसे-जीव केवलज्ञानी है, आदि शुद्धपर्यायात्मक द्रव्यका परिचय परिचय)

४६A. सभेद शुद्धनिश्चयनय (जैसे-जीवके केवलज्ञान है, केवलदर्शन है, अनन्त सुख है आदि परिचय)

४६B. अपूर्णशुद्धनिश्चयनय (जैसे-स्वपरभेदविज्ञानीके एकत्वविभक्त आत्माकी ख्याति होनेसे ज्ञानमय-भाव का परिचय)

४७. अशुद्ध निश्चयनय (जैसे-जीव रागी है आदि अशुद्धपर्यायविषय द्रव्यका परिचय)

४७A. सभेद अशुद्धनिश्चयनय (जैसे-जीवके क्रोध है, मान है, माया है, लोभ है आदि भेदसहित अशुद्ध का परिचय)

४८. विवक्षितैकदेशशुद्धनिश्चयनय (जैसे-रागादिक पौद्गलिक हैं, यों औपाधिक भावोंको उपाधिके लिये सौंपकर आत्म स्वरूप को शुद्धस्वभाव मात्र निरखना)

४९. शुद्धनय (जैसे-नयविकल्पसे अतिक्रान्त अखण्ड अन्तस्तत्त्वका, अभेद दर्शन)

४९A. प्रतिषेधक शुद्धनय (जैसे-जीव पुद्गलकर्मका, गात्रादिका अकर्ता है आदि परिचय)

४९B. उपादानदृष्टि (जैसे जीवकी योग्यतानुसार उसका परिणमन उसी जीवमें निरखना)

व्यवहार नय

५०. परमशुद्ध भेदविषयी व्यवहारनय या भेदकल्पनासापेक्ष अशुद्ध द्रव्यार्थिकनय (जैसे-आत्माके ज्ञान है, दर्शन है आदि शाश्वत गुणोंके रूपसे आत्माका परिचय)

५१. शुद्धभेदविषयी द्रव्यार्थिकनय या शुद्धसूक्ष्म ऋजुसूत्रनय (जैसे-आत्माका केवलज्ञान, अनन्त आनन्द आदि निरुपाधि शुद्ध पर्यायों का परिचय)

५२. अशुद्धपर्यायविषयी व्यवहारनय या अशुद्धसूक्ष्म ऋजुसूत्रनय (जैसे जीवके क्रोध, मान आदिका परिचय)

५३. उपाधिसापेक्ष अशुद्ध द्रव्यार्थिकनय (जैसे-कर्मोदयविपाकके सान्निध्य में जीव विकाररूप परिणमता है)

५३A. निमित्तदृष्टि (जैसे चक्रके आधारपर दण्ड द्वारा भ्रमण होकर जल-मिश्रण दशामें कुम्हारके हस्तव्यापारके निमित्तसे मिट्टीका घड़ा बनना आदि परिचय)

५४. उत्पादव्ययसापेक्ष अशुद्ध द्रव्यार्थिकनय (जैसे-द्रव्य उत्पादव्ययध्रौव्ययुक्त है, यों त्रितययुक्त द्रव्यको निरखना)

५५. अशुद्धस्थूल ऋजुसूत्रनय (जैसे-नर नारक, तिर्यंच, देव, आदि विभावद्रव्यव्यञ्जन पर्याय निरखना)

५६. शुद्धस्थूल ऋजुसूत्रनय (जैसे-चरमदेहसे न्यून आकारवाली सिद्धपर्याय, स्वभाव द्रव्यव्यञ्जन पर्याय निरखना)

५७. अनादिनित्य पर्यायार्थिकनय (जैसे-मेरु नित्य है आदि प्रतिसमय बनना बिगड़ना होनेपर भी बना रहना निरखना)

५८. सादिनित्य पर्यायार्थिकनय (जैसे-सिद्धपर्याय नित्य है, आदि, उपाधिके अभावसे सदा रहनेवाली पर्यायका परिचय)

५९. सत्तागौणोत्पादव्ययग्राहक नित्यशुद्ध पर्यायार्थिकनय (जैसे-प्रतिसमय पर्याय विनाशीक है, क्षणिक पर्यायका परिचय)

६०. सत्तासापेक्ष नित्याशुद्धपर्यायार्थिकनय (जैसे-एक समयमें त्रयात्मक पर्याय, उत्पादव्ययध्रौव्य या भूतभाविवर्तमानपर्यायका परिचय)

६१. उपाधिसापेक्ष नित्याशुद्धपर्यायार्थिकनय (जैसे-संसारी जीवोंके उत्पत्तिमरण हैं, विषय कषाय हैं का परिचय)

व्यवहार (यथार्थ प्रतिपादक व्यवहार)

६२. भूतनैगम प्रतिपादक व्यवहार (भूतकालीन स्थितिको वर्तमानमें जोड़नेके संकल्प का घटनासम्बन्धित प्रतिपादन)

६३ भाविनैगमप्रतिपादक व्यवहार (भविष्यत्कालीन स्थितिको वर्तमानमें जोड़नेके संकल्पका घटनासम्बन्धित प्रतिपादन)

६४. वर्तमाननैगमप्रतिपादक व्यवहार (वर्तमान निष्पन्न अनिष्पन्नको निष्पन्नवत् संकल्पका प्रतिपादन)

६५. परसंग्रह द्रव्यार्थिक प्रतिपादक व्यवहार (जैसे-'सत्' कहकर समस्त जीवपुद्गलादिक सतोंके संग्रहका प्रतिपादन)

६६. अपरसंग्रह द्रव्यार्थिक प्रतिपादक व्यवहार (जैसे सत्को भेदे गये जीव व अजीवमें से जीव कहकर समस्त जीवोंके संग्रहका प्रतिपादन)

६६A. परमशुद्ध अपरसंग्रहद्रव्यार्थिकप्रतिपादक व्यवहार (जैसे 'ब्रह्म' कहकर सर्व जीवोंमे कारणसमयसारका कथन)

६६B. शुद्धअपरसंग्रह द्रव्यार्थिकप्रतिपादक व्यवहार (जैसे मुक्त-जीव कहकर समस्त कर्ममुक्त सिद्ध भगवन्तोंका प्रतिपादन)

६६C. अशुद्धअपरसंग्रह द्रव्यार्थिकप्रतिपादक व्यवहार (जैसे संसारी जीव कहकर समस्त संसारी जीवोंका प्रतिपादन)

६७. अपरसंग्रहभेदकव्यवहारनय द्रव्यार्थिकप्रतिपादक व्यवहार (जैसे सत् २ प्रकारके हैं जीव अजीव, आदि, यों परसंग्रहको भेदनेका प्रतिपादन)

६८. अपरसंग्रहभेदकव्यवहारनय द्रव्यार्थिकप्रतिपादक व्यवहार (जैसे जीव २ प्रकारके हैं मुक्त संसारी आदि यों अपरसंग्रहको भेदनेका प्रतिपादन)

६८A. अन्तिम-अपरसंग्रहभेदकव्यवहारनय द्रव्यार्थिक प्रतिपादक व्यवहार (जैसे द्व्यणुक स्कंधको भेद कर एक अणुका प्रतिपादन)

६८B. अन्तिम अखण्डव्यवहारनयद्रव्यार्थिकप्रतिपादक व्यवहार (जैसे एक अणु, एक जीव, आदि अखण्ड सत्का प्रतिपादन)

६९ अखण्ड परमशुद्ध सद्भूतव्यवहार (जैसे अनाद्यनन्त अहेतुक अखण्ड चैतन्यस्वभावमात्र आत्माका प्रतिपादन)

६९A. गुणभेदक परमशुद्ध सद्भूत व्यवहार (जैसे आत्माका स्वरूप सहज चैतन्यस्वरूप है आदि प्रतिपादन)

७०. सगुण परमशुद्धसद्भूत व्यवहार (जैसे आत्माके सहज ज्ञानादि अनन्तचतुष्टय का प्रतिपादन)

७०A प्रतिषेधकशुद्धनयप्रतिपादक व्यवहार (जैसे जीव पुगद्लकर्मका अकर्ता है आदि कथन)

७१. अभेद शुद्ध सद्भूत व्यवहार (जैसे शुद्धपर्यायमय आत्माका प्रतिपादन)

७२. अभेद शुद्धसद्भूतव्यवहार (जैसे आत्माके केवलज्ञान, केवलदर्शन, आदि शुद्धपर्यायवान आत्माका प्रतिपादन)

७३. कारककारकिभेदक सद्भूतव्यवहार (जैसे आत्मा आत्माको जानता है, आत्मा के द्वारा जानता है आदि एक ही पदार्थमें कर्ताकर्म करण आदिका कथन)

७३A. कारककारकिभेदक अशुद्धसद्भूतव्यवहार (जैसे जीवविभावोंका कर्ता जीव है आदि कथन)

७४. अनुपचरित अशुद्धसद्भूत व्यवहार (जैसे श्रेणिगत मुनिके रागादिविकारका प्रतिपादन)

७५. उपचरित अशुद्धसद्भूतव्यवहार (जैसे जीवके व्यक्त क्रोध आदि व्यक्त अशुद्ध पर्यायोंका प्रतिपादन)

७६. उपाधिसापेक्ष अशुद्ध द्रव्यार्थिकप्रतिपादक व्यवहार (जैसे पुद्गलकर्म विपाकका निमित्त पाकर विकृत हुए जीवका प्रतिपादन)

७७. उपचरित उपाधिसापेक्ष अशुद्ध द्रव्यार्थिकप्रतिपादक व्यवहार (जैसे विषयभूत पदार्थमें उपयोग देनेपर हुए व्यक्त विकारका कथन)

७८. उपाधिनिरपेक्ष शुद्धद्रव्यार्थिक प्रतिपादक व्यवहार (जैसे संसारी जीव सिद्ध सदृश शुद्धात्मा है का प्रतिपादन)
७९. उत्पादव्ययगौणसत्ताग्राहक शुद्धद्रव्यार्थिक प्रतिपादक व्यवहार (जैसे ध्रौव्यत्वकी मुख्यतामें द्रव्यके नित्यत्वका प्रतिपादन)

८०. भेदकल्पना-निरपेक्ष शुद्धद्रव्यार्थिक प्रतिपादक व्यवहार (जैसे निजगुणपर्यायसे अभिन्न द्रव्य है, आदिका प्रतिपादन)
८१. उत्पादव्ययसापेक्ष अशुद्ध द्रव्यार्थिक प्रतिपादक व्यवहार (प्रत्येक द्रव्य ध्रुव होकर भी उत्पाद व्ययवाला है आदि कथन)

८२. भेदकल्पनासापेक्ष अशुद्धद्रव्यार्थिक प्रतिपादक व्यवहार (आत्माके ज्ञान, दर्शन, चारित्र आदि गुण हैं आदि कथन)
८३. अन्वयद्रव्यार्थिक प्रतिपादक व्यवहार (द्रव्य सदैव अपने गुणपर्यायोंमें व्यापक रहता है आदि कथन)
८४. स्वद्रव्यादिग्राहक द्रव्यार्थिक प्रतिपादक व्यवहार (जैसे जीव स्वद्रव्यक्षेत्रकालभावसे है आदि कथन)
८५. परद्रव्यादिग्राहक द्रव्यार्थिक प्रतिपादक व्यवहार (जैसे जीव परद्रव्यक्षेत्रकालभावसे नहीं है आदि कथन)
८६. परमभावग्राहक द्रव्यार्थिक प्रतिपादक व्यवहार (जैसे आत्मा सहज ज्ञायकस्वभाव है आदि कथन)
८७. अशुद्धस्थूल ऋजुसूत्र प्रतिपादक व्यवहार (जैसे नर "नारक" स्कंध आदि अशुद्ध द्रव्यव्यञ्जन पर्यायोंका कथन)
८८. शुद्धस्थूल सूक्ष्म ऋजुसूत्र प्रतिपादक व्यवहार (जैसे सिद्धपर्याय, एक अणु, धर्मास्तिकाय कालाणु आदि शुद्धद्रव्य-व्यञ्जन पर्यायका कथन)

८९. अशुद्धसूक्ष्म ऋजुसूत्र प्रतिपादक व्यवहार (जैसे क्रोध, मान आदि विभाव गुणव्यञ्जन पर्यायोंका कथन)
९०. शुद्ध सूक्ष्म ऋजुसूत्र प्रतिपादक व्यवहार (जैसे केवलज्ञान, केवलदर्शन आदि स्वभावगुणव्यञ्जन पर्यायोंका कथन)
९१. अनादिनित्यपर्यायार्थिक प्रतिपादक व्यवहार (मेरु, अकृत्रिम चैत्यालय नित्य हैं आदि कथन)
९२. सादिनित्यपर्यायार्थिक प्रतिपादक व्यवहार (जैसे सिद्धपर्याय नित्य है आदि शुद्ध होकर सदा रहनेवाली पर्यायका कथन)

९३. सत्तागौणोत्पादव्ययग्राहक अशुद्धपर्यायार्थिक प्रतिपादक व्यवहार (जैसे समय समयमें पर्याय विनश्वर है आदि कथन)
९४. सत्तासापेक्ष नित्य अशुद्धपर्यायार्थिक प्रतिपादक व्यवहार (जैसे समय समयमें त्रयात्मक पर्याय है आदि कथन)
९५. उपाधिसापेक्ष नित्य अशुद्धपर्यायार्थिक प्रतिपादक व्यवहार (जैसे संसारियोंकी सिद्धपर्यायसदृश शुद्धपर्यायों का कथन)
९६. उपाधिसापेक्ष नित्य अशुद्धपर्यायार्थिक प्रतिपादक व्यवहार (जैसे संसारी जीवोंके उत्पत्ति मरण है आदि कथन)
९७. स्वजात्यसद्भूत व्यवहार (जैसे परमाणु बहुप्रदेशी है, जीव रागी है आदि कथन)
९८. विजात्यसद्भूत व्यवहार (जैसे मतिज्ञान मूर्त है, दृश्यमान मनुष्य, पशु जीव है आदि कथन)
९९. स्वजातिविजात्यसद्भूत व्यवहार (जैसे ज्ञेय जीव और अजीवमें ज्ञान जाता है आदि कथन)
१००. शब्दनयपर्यायार्थिक प्रतिपादक व्यवहार (ऋजुसूत्रनयके विषयको लिंगादिव्यभिचार दूर करके योग्यशब्दसे कहना)
१०१. समभिरूढनयपर्यायार्थिक प्रतिपादक व्यवहार (शब्दनयसे निश्चित शब्दसे वाच्य अनेक पदार्थोंमेंसे एक रूढ़पदार्थका कथन)

१०२. एवंभूतनयपर्यायार्थिक प्रतिपादक व्यवहार (समभिरूढसे निश्चित पदार्थको उसी क्रियासे परिणत होनेपर ही कहना)

उपचार (आरोपक व्यवहार)

१०३. उपाधिज उपचरितस्वभावव्यवहार (जैसे जीवके मूर्तत्व व अचेतनत्वका कथन)
१०४. उपाधिज उपचरित प्रतिफलनव्यवहार (जैसे क्रोधकर्मके विपाकके प्रतिफलन को क्रोधकर्म कहना)
१०५. स्वाभाविक उपचरितस्वभावव्यवहार (जैसे प्रभु समस्त पर पदार्थोंके भी ज्ञाता हैं आदि कथन)
१०५A. अपरिपूर्ण उपचरित स्वभावव्यवहार (जैसे जीव घट पट आदि पर पदार्थ का ज्ञाता है आदि कथन)
१०६. अन्ये द्रव्योपचारक (एकजातिद्रव्ये अन्यजातिद्रव्योपचारक) असद्भूतव्यवहार (जैसे शरीर को जीव कहना)

१०६A. स्वजातिद्रव्ये स्वजातिद्रव्योपचारक असद्भूतव्यवहार (जैसे शरीर मिट्टी है आदि कथन)
१०७. एकजातिपर्याये अन्यजातिपर्यायोपचारक असद्भूत व्यवहार (जैसे अन्न ही प्राण है आदि कथन)
१०८. स्वजातिपर्याये स्वजातिपर्यायोपचारक असद्भूत व्यवहार (जैसे दर्पणमें हुए प्रतिबिम्बको दर्पण कहना)
१०९. एकजातिगुणे अन्यजातिगुणोपचारक असद्भूत व्यवहार (मदिरापान से अभिभूत मतिज्ञानको मूर्त कहना)
११०. स्वजातिगुणे स्वजातिगुणोपचारक असद्भूत व्यवहार (ज्ञान ही अज्ञान है, ज्ञान ही चरित्र है आदि कथन)
१११. एकजातिद्रव्ये अन्यजातिगुणोपचारक असद्भूत व्यवहार (जीव मूर्तिक है आदि कथन)
११२. स्वजातिद्रव्ये स्वजातिगुणोपचारक असद्भूत व्यवहार (जैसे परमाणुको ही रूप कहना)
११३. एकजातिद्रव्ये अन्यजातिपर्यायोपचारक असद्भूत व्यवहार (जैसे जीव भौतिक है आदि कथन)
११४. स्वजातिद्रव्ये स्वजातिपर्यायोपचारक असद्भूत व्यवहार (जैसे परमाणु बहुप्रदेशी है, आत्मा श्रुतज्ञान है आदि क०)
११५. एकजातिगुणे अन्यजातिद्रव्योपचारक असद्भूत व्यवहार (जैसे ज्ञान गुण ही सकल द्रव्य है आदि कथन)
११६. स्वजातिगुणे स्वजातिद्रव्योपचारक असद्भूत व्यवहार (जैसे द्रव्यके रूपको ही द्रव्य कहना, रूपपरमाणु आदि)
११७. एकजातिगुणे अन्यजातिपर्यायोपचारक असद्भूत व्यवहार (जैसे ज्ञान ही धन है आदि कथन)
११८. स्वजातिगुणे स्वजातिपर्यायोपचारक असद्भूत व्यवहार (जैसे ज्ञान पर्याय है आदि कथन)
११९. एकजातिपर्याये अन्यजातिपर्यायोपचारक असद्भूत व्यवहार (जैसे घटाकार परिणत ज्ञानको घट कहना)
१२०. स्वजातिपर्याये स्वजातिद्रव्योपचारक असद्भूत व्यवहार (जैसे पृथ्वी आदि पुद्गलस्कंधको द्रव्य कह देना)
१२१. एकजातिपर्याये अन्यजातिद्रव्योपचारक असद्भूत व्यवहार (जैसे पशु-पक्षी आदिके शरीरको जीव कह देना)
१२२. स्वजातिपर्याये स्वजातिगुणोपचारक असद्भूत व्यवहार (जैसे अहिंपाको गुण कह देना व देहके विशिष्ट रूपक देखकर रूपवाला कहना)
१२३. संश्लिष्ट स्वजात्युपचरित असद्भूत व्यवहार (जैसे यह परमाणु इस स्कंधका है आदि कथन)
१२४. असंश्लिष्ट स्वजात्युपचरित असद्भूत व्यवहार (जैसे ये पुत्र स्त्री आदि इस जीवके हैं आदि कथन)
१२५. संश्लिष्ट विजात्युपचरित असद्भूत व्यवहार (जैसे यह शरीर इस जीवका है, आदि कथन)
१२६. असंश्लिष्ट विजात्युपचरित असद्भूत व्यवहार (जैसे यह धन वैभव मेरा है आदि कथन)
१२७. संश्लिष्ट स्वजातिविजात्युपचरित असद्भूत व्यवहार (जैसे आभूषणसज्जित कन्या मेरी है आदि कथन)
१२८. असंश्लिष्ट स्वजातिविजात्युपचरित असद्भूत व्यवहार (जैसे यह ग्राम नगर मेरा है आदि कथन)
१२९. परकर्तृत्व अनुपचरित असद्भूत व्यवहार (जैसे पुद्गलकर्म ने जीवको रागी कर दिया आदि कथन)
१२९A. परभोक्तृत्व अनुपचरित असद्भूत व्यवहार (जैसे जीव पुद्गल कर्म को भोगता है आदि कथन)
१२९B. परकर्तृत्व उपचरित असद्भूत व्यवहार (जैसे जीव घट आदिका कर्ता है इत्यादि कथन)
१२९C. परभोक्तृत्व उपचरित असद्भूत व्यवहार (जैसे जीव घट पट आदिका भोक्ता है इत्यादि कथन)
१३०. परकर्मत्व असद्भूत व्यवहार (जैसे जीवके द्वारा ये पुण्य पाप बनाये गये आदि कथन)
१३१. परकारणत्व असद्भूत व्यवहार (जैसे जीव कषायभावके द्वारा पौद्गलिकर्मोंको बनाता है आदि कथन)
१३२. परसंप्रदानत्व असद्भूत व्यवहार (जैसे पिता ने पुत्र के लिये मकान बनाया आदि कथन)
१३३. परापादनत्व असद्भूत व्यवहार (जैसे जीवसे इतने कर्म झाड़कर अलग हो गये आदि कथन)
१३४. पराधिकरणत्व असद्भूत व्यवहार (जैसे जीवमें कर्म ठसाठस भरे हुए हैं आदि कथन)
१३५. परस्वामित्व असद्भूत व्यवहार (जैसे मेरा यह धन वैभव शरीर आदि है का कथन)
१३६. स्वजातिकारणे स्वजातिकार्योपचारक व्यवहार (जैसे हिंसा आदिक दुःख ही हैं, आदिका प्रतिपादन)
१३७. एकजातिकारणे अन्यजातिकारणोपचारक व्यवहार (जैसे अन्य धन प्राण हैं आदि कथन)
१३८. स्वजातिकार्ये स्वजातिकारणोपचारक व्यवहार (जैसे श्रुत ज्ञान भी मतिज्ञान है आदि कथन)

१३९. एकजातिकार्ये अन्यजातिकारणोपचारक व्यवहार (जैसे घटाकार परिणत ज्ञान घट है आदि कथन)
१४०. एकजात्यरूपे अन्यजातिपूर्णोपचारक व्यवहार (जैसे राजघरानोंमें यह नौकर सर्वव्यापक है आदि कथन)
१४१. स्वजात्यरूपे स्वजातिपूर्णोपचारक व्यवहार (जैसे सम्यक् मतिज्ञान केवल ज्ञान है आदि कथन)
१४२. एकजात्याधारे अन्यजात्याधेयोपचारक व्यवहार (जैसे जिस मञ्चपर बैठकर विद्वान प्रवचन करे तो कहना इस मंचने बड़े प्रवचन किये)

१४३. स्वजात्याधारे स्वजात्याधेयोपचारक व्यवहार (इस गुरुके उदर में हजारों शिष्य पड़े हैं आदि कथन)
१४४. एकजात्याधेये अन्यजात्याधारोपचारक व्यवहार (जैसे डलियामें बेल, रस्सा [illegible] को केला कहकर बुलाना)
१४५. स्वजात्याधेये स्वजात्याधारोपचारक व्यवहार (जैसे मां की गोदमें बैठेहुए बालकका नाम लेकर मांको पुकारना)
१४६. तद्गति तदुपचारक व्यवहार (जैसे लाठीवाले पुरुषको लाठी कहकर पुकारना)
१४७. अतीतामोप्ये तत्त्वोपचारक व्यवहार (जैसे चरम (अंतिम) भवसे पूर्वके मनुष्यभवको भी चरम कहना)
१४८. भाविनि भूतोपचारक व्यवहार (जैसे ८वें गुणस्थानमें औपशमिक या क्षायिक भाव कहना)
१४९. तत्सदृशकारणे तदुपचारक व्यवहार (जैसे कर्मोदयजनित विकार इस जीवके लिये शल्य हैं आदि कथन)
१५०. सदृशे एकत्वोपचारक व्यवहार (जैसे गेहूं दानोंके ढेरको गेहूं एक वचन कहकर कहना)
१५१. आश्रये आश्रयी-उपचारक व्यवहार (जैसे राजा प्रजाके गुण दोषोंको उत्पन्न करता है आदि कथन)

अध्यात्मनय

१५२. द्रव्यनय (जैसे आत्मतत्त्व चिन्मात्र है आदि परिचय)
१५३. पर्यायनय (जैसे आत्माको दर्शन ज्ञान आदि मात्र देखना आदि परिचय)
१५४. अस्तित्वनय (जैसे अपने द्रव्यक्षेत्रकालभावसे आत्माका अस्तित्व जानना)
१५५. नास्तित्वनय (जैसे परके द्रव्यक्षेत्रकालभावसे आत्माका नास्तित्व जानना)
१५६. अस्तित्वनास्तित्वनय (जैसे स्वपरद्रव्यक्षेत्रकालभावसे आत्माको अस्तित्वनास्तित्ववान् जानना आदि)
१५७. अवक्तव्यनय (जैसे युगपत्स्वपरद्रव्यक्षेत्रकालभावसे कहा जाना अशक्य होने से आत्मा अवक्तव्य है ऐसा जानना)
१५८. अस्तित्वावक्तव्यनय (जैसे स्वद्रव्यक्षेत्रकालभावसे तथा युगपत्स्वपरद्रव्यक्षेत्रकालभावसे आत्मा अस्तित्ववदवक्तव्य है ऐसा जानना आदि)
१५९. नास्तित्वावक्तव्यनय (जैसे परद्रव्यक्षेत्रकालभावसे तथा युगपत्स्वपरद्रव्यक्षेत्रकालभावसे आत्मा नास्तित्ववदवक्तव्य है आदि परिचय)
१६०. अस्तित्वनास्तित्वावक्तव्यनय (जैसे स्वद्रव्यक्षेत्रकालभावसे, परद्रव्यक्षेत्रकालभावसे व युगपत्स्वपरद्रव्यक्षेत्रकाल-भावसे आत्मा अस्तित्वनास्तित्ववदवक्तव्य है आदि परिचय)
१६१. विकल्पनय (जैसे कोई एक वही जीव मनुष्य है पशु है आदि परिचय)
१६२. अविकल्पनय (जैसे एक आत्मामात्रका प्रतिभास)
१६३. नामनय (जैसे ज्ञायक नाम आत्माका रखा है आदि नामसे परिचय)
१६४. स्थापनानय (जैसे देहरूप पुद्गलस्कंधोंमें आत्माका प्रतिष्ठापन)
१६५. द्रव्यनय (जैसे अतीत अनागत पर्यायों में आत्माका बोधन)
१६६. भावनय (जैसे वर्तमान पर्यायमें आत्माका बोधन)
१६७. सामान्यनय (जैसे गुण पर्यायों में व्यापक सामान्य का बोधन)
१६८. विशेषनय (जैसे सदा न रहनेवाले नरनारकादि जीव का बोधन)
१६९. नित्यनय (जैसे नाना प्राणिभेदोंको धारण करनेवाले एक आत्मा का बोधन)
१७०. अनित्यनय (जैसे अनवस्थायी मनजादिवेशी आत्माका बोधन)

१७१. सर्वगतनय (जैसे ज्ञानमुखेन सर्वज्ञेयवर्ती आत्मा का बोधन)
१७२. असर्वगतनय (जैसे स्वात्मप्रदेशवर्ती आत्माका बोधन)
१७३. शून्यनय (जैसे सर्वपरभावशून्य केवल आत्माका बोधन)
१७४. अशून्यनय (जैसे सर्वज्ञेयाकाराक्रान्त आत्मा का बोधन)
१७५. ज्ञानज्ञेयाद्वैतनय (जैसे ज्ञेयाकारपरिणत ज्ञान के एकपनेका बोधन)
१७६. ज्ञानज्ञेयद्वैतनय (जैसे ज्ञेयाकारकालम्बित आत्मा के अनेकपनेका दर्शन)
१७७. नियतिनय (जैसे शाश्वत ज्ञानस्वभावमें नियत आत्माका बोधन)
१७८. अनियतिनय (जैसे औपाधिकविभावरूप अनियतभाववान आत्माका बोधन)
१७९. स्वभावनय (जैसे संस्कारका आवश्यकतासे शून्य परिपूर्ण आत्माका बोधन)
१८०. अस्वभावनय (जैसे संस्कारवशवर्ती अल्पज्ञ आत्मा का बोधन)
१८१. कालनय (जैसे अपने समयपर विपच्यमान भावयुक्त आत्माका बोधन)
१८२. अकालनय (जैसे उदीरणादिरूप असमयविपच्यमान भावयुक्त आत्माका बोधन)
१८३. पुरुषकारनय (जैसे पुरुषार्थकी प्रधानता से साध्यसिद्धि होनेका बोधन)
१८४. दैवनय (जैसे कर्मोदयकी प्रधानतासे साध्यसिद्धि होनेका बोधन)
१८५. ईश्वरनय (जैसे कर्मविपाकबलाधानसे परतन्त्रताके अनुभव का परिचय)
१८६. अनीश्वरनय (जैसे अपनेही स्वरूपसे प्रकट स्वतंत्रविलासके अनुभवका बोधन)
१८७. गुणिनय (जैसे गुणपूर्ण आत्माके अभिमुख उपयोगकी गुणग्राहिताका बोधन)
१८८. अगुणिनय (जैसे सर्वत्र उपयोगवान आत्माकी साक्षितासका परिचय)
१८९. कर्तृनय (जैसे अपनेको कर्मविपाकप्रतिफलन का कर्ता समझना)
१९०. अकर्तृनय (जैसे कर्मविपाकप्रतिफलनको अस्वभाव जान मात्र ज्ञाता होने का परिचय)
१९१. भोक्तृनय (जैसे विभावानुरागी आत्माके सुख दुःखादि भोगने का परिचय)
१९२. अभोक्तृनय (जैसे विवेकी आत्माके सुख दुःखादिपनेकी साक्षिता का बोधन)
१९३. क्रियानय (जैसे चारित्रप्रधान आत्माके ज्ञाननिधिकी साध्यताकी सिद्धिका बोधन)
१९४. ज्ञाननय (जैसे विवेक बुद्धिकी प्रधानतासे आत्माके साध्यकी सिद्धि का बोधन)
१९५. व्यवहारनय (जैसे जीवको कर्मबन्ध व कर्ममोक्ष दो में रहनेवाला दिखाना)
१९६. निश्चयनय (जैसे बन्ध, मोक्ष किसीभी स्थितिमें मात्र शुद्ध आत्माको दिखाना)
१९७. अशुद्धनय (जैसे औपाधिक स्थितियोंमें जीवका सोपाधिस्वभाव दीखना)
१९८. शुद्धनय (जैसे केवल आत्मद्रव्यका निरुपाधिस्वभाव दीखना)
१९९. ऊर्ध्वसामान्यनय (जैसे त्रैकालिकपर्यायोंमें मात्रएक आत्मद्रव्य दीखना)
२००. ऊर्ध्वविशेषनय (जैसे एक आत्माके त्रैकालिक नाना पर्यायोंका दीखना)
२०१. निमित्तत्वनिमित्तदृष्टि (जैसे नवीनकर्मास्रवके निमित्तभूत द्रव्यप्रत्ययके निमित्तके निमित्तरूप रागादिभावका परि०)
२०२. सादृश्यनय (जैसे पुण्य पाप कर्मको कर्मत्वदृष्टिसे एकरूप देखना आदि)
२०३. वैलक्षण्यनय (जैसे प्रकृति आदिके भेदसे पुण्य पाप कर्म में अन्तर जानना)

● इति नयचक्रप्रकाश समाप्त ● मनोहर वर्णी सहजानन्द

।। समयसार का विषय-क्रम ।।

गाथा सं०	विषय	प्रारम्भ पृष्ठ सं०
	१-पूर्वरंग	
१	मङ्गलाचरणमें स्वभावानुरूप पूर्णविकसित सिद्ध भगवंतोंको नमस्कार तथा ग्रन्थकार की प्रतिज्ञा और ग्रन्थकी प्रामाणिकताका हेतु	५
२	सम्यग्दर्शन ज्ञान चरित्र परिणत जीव स्वसमय होता है मिथ्यादर्शन-ज्ञान चारित्र परिणत जीव पुद्गलकर्ममें स्थित होनेके कारण परसमय होता है।	८
३	एकत्वनिश्चयको प्राप्त जीव लोकमें सर्वत्र सुन्दर है किन्तु एकत्व होनेपर उदयवश होने वाली बंधकी कथा विसम्वाद झगड़ा करने वाली है।	११
४	जीवको कामभोग विषयक बन्धकथा तो सुलभ है, किन्तु आत्माका एकत्व दुर्लभ है।	१४
५	ग्रन्थकार आचार्यका एकत्व-विभक्त आत्माको निजवैभवसे दिखलानेका निर्देशन तथा दूसरोंको अपने अनुभवसे परीक्षा करके ग्रहण करनेकी प्रेरणा	१६
६	जीव प्रमत्त-अप्रमत्त दोनों दशाओंसे पृथक् ज्ञायक भावमात्र है।	१८
७	ज्ञानीके दर्शन-ज्ञान-चारित्र व्यवहारसे कहे जाते हैं, निश्चयसे ज्ञानी तो एक शुद्ध ज्ञायक ही है। उसके दर्शन ज्ञान-चारित्र खण्ड परमार्थतः नहीं है।	२०
८	व्यवहारके विना परमार्थका उपदेश अशक्य है व्यवहारनय परमार्थका प्रतिपादक है।	२२
९ से १०	श्रुतकेवलीका निश्चय व व्यवहारसे लक्षण	२५
११	व्यवहारनय अभूतार्थ है और शुद्धनय भूतार्थ है। भूतार्थका आश्रय करनेवाला जीव सम्यग्दृष्टि होता है।	२७
१२	शुद्ध परमभावके दर्शी जीवोंको शुद्धनय ही प्रयोजनवान है किन्तु अपरम भावमें स्थित जीवोंके लिए व्यवहारनयका उपदेश करना चाहिए।	३०
१३	निश्चयनयसे जाने हुए जीवादि नवतत्त्व सम्यक्त्व है, अर्थात् सम्यक्त्वके संपादक हैं	३७
१४	निश्चयनय आत्माको अबद्धस्पृष्ट, अनन्य, नियत, अविशेष और असंयुक्त निरखता है	४३
१५	शुद्धनयके विषयभूत आत्माको निरखने वाला सर्वजिनशासनका द्रष्टा है	४९
१६ से १८	साधु पुरुषोंको सदा सम्यग्दर्शन-ज्ञान-चारित्रका सेवन करना चाहिए, निश्चयनय से ये तीनों एक आत्मा ही हैं, उसका दृष्टान्तपूर्वक कथन	५२
१९	शुद्धनयके विषयभूत आत्माको जब तक न जाने, तब तक वह जीव अज्ञानी है	५८
२० से २२	जो परद्रव्यमें आत्माका विकल्प करता है, वह अज्ञानी है। अपने आत्माको अपना आत्मा मानने वाला ज्ञानी है	६१
२३ से २५	अज्ञानीको उपदेश है यह कि जड़ और चेतन दोनों सर्वथा भिन्न द्रव्य हैं वे एक नहीं हो सकते	६४

गाथा सं०	विषय	प्रारम्भ पृष्ठ सं०
२६	अज्ञानीका प्रश्न है कि यदि जीव और शरीर एक नहीं है तो तीर्थङ्कर और आचार्यों की स्तुति मिथ्या हो जायगी ।	६८
२७ से २८	उत्तर:—व्यवहारनय जीव और शरीरको एक कहता है किन्तु निश्चयनय से वे दोनों एक पदार्थ नहीं है, तो भीव्यवहारनय से छद्मस्थ शान्तरूप मुद्राको देखकर शरीर के आश्रयसे भी स्तुति करता है ।	७०
२९ से ३०	आत्मा तो शरीरका मात्र अधिष्ठाता है वहाँ निश्चयनयसे शरीरके स्तवनसे आत्मा का स्तवन नहीं बनता, उसका उदाहरण पूर्वक वर्णन	७२
३१ से ३३	प्रभुकी निश्चयस्तुतिका वर्णन	७६
३४ से ३५	ज्ञानी होनेपर एक जिज्ञासा कि परद्रव्यका प्रत्याख्यान अर्थात् त्याग क्या है ? उसका समाधान कि अपनेसे अतिरिक्त सर्व पदार्थ पर है ऐसा जानकर दृढ़तर ज्ञान होना प्रत्याख्यान है । उसका दृष्टान्तपूर्वक वर्णन	८३
३६ से ३८	अनुभूति होने पर भेदज्ञान व निजके अभेदज्ञान का प्रकार	८८

२ जीवाजीवाधिकार:

३९ से ४३	जीव, अजीव दोनों बन्ध-पर्यायरूप होकर एक देखनेमें आते हैं, उनमें अज्ञानी जीवों की अध्यवसानादि भावरूपसे जीवको अन्यथा कल्पनाओंका पांच गाथाओंमें वर्णन व अन्तमें अज्ञानीकी शंकाओंका संक्षिप्त समाधान	९५
४४ से ४८	जीवका अन्यथा स्वरूप कल्पना करने वालोंको प्रतिबोधन कि अध्यवसानादि भाव पुद्गलमय है, जीव नहीं हैं । इनको व्यवहारसे जीव कहा गया है, इसका अन्त में दृष्टान्तपूर्वक वर्णन	१०१
४९	परमार्थ जीवका सहज स्वरूप	११०
५० से ५५	वर्णको आदि लेकर गुणस्थान पर्यंत भाव ये जीव नहीं हैं इसका विवरण	११४
५६ से ६०	वर्णादिक भाव जीव के हैं ऐसा व्यवहारनय कहता है, निश्चयनय नहीं कहता उसका दृष्टान्तपूर्वक वर्णन	१२०
६१ से ६८	वर्णादिक भावोंका जीवके साथ तादात्म्य मानने का निषेध	१२८

३ कर्तृ-कर्माधिकार

६९ से ७०	जब तक अज्ञानी जीव क्रोधादिकमें वर्तता है, तब तक उसके बन्ध होता रहता है ।	१४३
७१ से ७२	आस्रव और आत्मस्वरूपका भेदज्ञान होनेपर बंध नहीं होता ।	
७३	आस्रवोंसे निवृत्त होनेका विधान ।	
७४	ज्ञान होना और आस्रवोंसे निवृत्ति होना एक ही कालमें है इसका कथन	१५५
७५	ज्ञानस्वरूप हुए आत्माका परिचायक चिन्ह	१५८
७६ से ७९	आस्रव और आत्माका भेदज्ञान होनेपर आत्मा ज्ञानी होता है, और तब कर्तृ-कर्मभावका आशय भी नहीं रहता ।	१६१
८० से ८२	जीव और पुद्गलके निमित्त-नैमित्तिक भाव होनेपर भी कर्तृ-कर्म भाव नहीं है ।	१६९
८३	निश्चयनयसे आत्मा अपना ही कर्ता-भोक्ता है पुद्गल कर्मका कर्ता-भोक्ता नहीं है ।	१७२
८४	व्यवहारनयसे आत्माके पुद्गलकर्मकर्तृत्वका और पुद्गलकर्मभोक्तृत्व का कथन	१७५

गाथा सं०	विषय	प्रारम्भ पृष्ठ सं०
८५ से ८६	आत्माको पुद्गलकर्मका कर्ता-भोक्ता माननेपर आत्मा जड़ पुद्गलमें अभिन्नताका प्रसंग आएगा, जोकि जिनदेवका मत नहीं है। अतः स्व व पुद्गलकर्म दोनोंको आत्मा करता है ऐसा माननेवाला भी मिथ्या दृष्टि है।	१७७
८७ से ८८	मिथ्यात्वादि आस्रव, जीव अजीव के भेद से दो-दो प्रकार के हैं ऐसा निरूपण और उसका हेतुसे समर्थन।	१८२
८९ से ९२	अनादिसे उपाधिसंयोगवश आत्माके मिथ्यात्व, अज्ञान और अविरति ये तीन परिणाम होते चले आ रहे हैं। जब इन तीन प्रकारके परिणामोंका वर्तृत्व होता है, तब पुद्गलद्रव्य स्वयं कर्मरूप परिणमित होता है।	१८६
९३	परमें आत्मत्वका विकल्प न करनेसे आत्मा कर्मका कर्ता नहीं होता।	१९३
९४ से ९५	अज्ञानसे कर्म किस प्रकार उत्पन्न होता है ? उसका निरूपण	१९५
९६	अज्ञानवश जीव परको व आत्माको एक मानता है।	१९९
९७	ज्ञान होने पर यह जीव समस्त कर्तृत्व विकल्पको छोड़ देता है।	२०२
९८ से ९९	व्यवहारसे जीवको पुद्गल कर्मका कर्ता कहते हैं, किन्तु निश्चयतः जीवको पुद्गलकर्मका कर्ता माननेमें दोष है उसका निरूपण।	२०६
१००	आत्मा निमित्त-नैमित्तिक भावसे भी पुद्गल कर्मका कर्ता नहीं है। जीवका मात्र योग-उपयोग निमित्त-नैमित्तिक भावसे कर्ता है। योग उपयोगका जीव कर्ता है।	२०९
१०१	जो आत्माको परका अकर्ता जानता है वह ज्ञानी है	२११
१०२ से १०४	अज्ञानी भी परद्रव्यके भावका कर्ता नहीं है मात्र अपने शुभाशुभ भावका कर्ता है; इसका सयुक्तिक स्पष्टीकरण	२१३
१०५ से १०८	जीवके निमित्तमात्र होनेपर कर्मका परिणमन देखकर उपचारसे कहा जाता है कि यह कर्म जीवने किया। उसका उदाहरणपूर्वक कथन।	२१८
१०९ से ११२	मिथ्यात्वादि सामान्य आस्रव और उसके विशेष रूप तेरह गुणस्थान ये बंधके कर्ता हैं। निश्चय से जीव कर्मका कर्ता नहीं है।	२२४
११३ से ११५	जीव और प्रत्ययों (आस्रवों) में एकत्व नहीं है। दोनों भिन्न-भिन्न हैं इसका विवरण	२२८
११६ से १२५	सांख्यानुयायी लोग पुरुष और प्रकृतिको अपरिणामी मानते हैं, उसका निषेध करके पुरुष और पुद्गलको परिणामी सिद्ध करनेका निरूपण	२३१
१२६ से १३१	ज्ञानसे ज्ञानमय भाव और अज्ञानसे अज्ञानमय भाव ही उत्पन्न होता है। इसकी उदाहरणपूर्वक सिद्धि	२३८
१३२ से १३६	अज्ञानी जीवके द्रव्यकर्मबंध में निमित्तरूप होने वाले अज्ञानादि भावोंका हेतुत्व।	२४७
१३७ से १४०	पुद्गल और जीव दोनोंके परिणाम एक दूसरे से पृथक् हैं। इसका वर्णन	२५०
१४१	कर्म जीवमें बद्धस्पृष्ट है अथवा अबद्धस्पृष्ट ? इसका नयविभागसे समाधान	२५५
१४२ से १४८	नयपक्षों से रहित आत्मा कर्तृकर्मभावसे रहित समयसार अर्थात् तत्त्वतः शुद्ध आत्मा है।	२५६

४-पुण्य-पाप अधिकार

१४५	शुभाशुभ कर्म दोनोंके ही आत्माके लिये अहितकरपनेका निर्देश।	
१४६	शुभाशुभ दोनों ही भाव अविशेषतासे कर्मबन्ध के कारण हैं।	२७२

गाथा सं०	विषय	प्रारम्भ पृष्ठ सं०
१४७-१५०	शुभाशुभ दोनों कर्मोंसे राग व संसर्ग छोड़नेका उपदेश व कर्मोंसे राग संसर्ग करनेसे हानिका उदाहरणपूर्वक निरूपण	२७५
१५१	ज्ञानही मोक्षका कारण है इसकी सिद्धि	२७९
१५२ से १५३	अज्ञान-पूर्वक किए गए व्रत नियम, शील और तप से मोक्षकी प्राप्ति नहीं होती।	२८१
१५४	परमार्थसे बाह्य जीव अज्ञानसे मोक्षका हेतु न जानते हुए संसारके हेतुभूत पुण्यको मोक्षहेतु समझकर पुण्य कर्मोंमें आसक्त रहते हैं।	२८४
१५५	जीवादि पदार्थोंका श्रद्धान, उनका अधिगम और रागादिकका परिहार, इस रत्नत्रयभावकी मोक्ष-मार्ग रूपताका वर्णन	२८६
१५६	परमार्थरूप मोक्षके कारणसे भिन्न अन्य कर्मोंका निषेध।	२८८
१५७ से १५९	कर्म मोक्षके कारणका घात करता है उसका दृष्टान्तपूर्वक निरूपण	२९०
१६०	कर्ममें स्वयं बंधपनेकी सिद्धि	२९३
१६१ से १६३	मिथ्यात्व, अज्ञान और कषाय सम्यग्दर्शन-ज्ञान-चरित्र के प्रतिपक्षी हैं।	२९८

५—आस्रवाधिकार

१६४ से १६५	मिथ्यात्व, अविरति, योग और कषाय जीव अजीव के भेद से दो प्रकार के हैं। उन दोनों में परस्पर निमित्तनैमित्तिक भाव होनेसे आस्रवकी उपपत्ति	३००
१६६	ज्ञानीके आस्रवोंका अभाव और पूर्वनिबद्ध कर्मोंका जाननपना	३०३
१६७	राग-द्वेषमोहरूप अज्ञानमय परिणामोंके ही आस्रवपनेका नियमन	३०५
१६८	जीवके रागादिसे असंकीर्ण भावकी संभवताका कथन	३०६
१६९	ज्ञानीके द्रव्यास्रवोंके अभावका निरूपण	३०८
१७०	ज्ञानी किस प्रकार निरास्रव होता है, ऐसी जिज्ञासाका समाधान	३१०
१७१ से १७६	अज्ञानी और ज्ञानीके आस्रवकी संभवता व असंभवता का युक्तिपूर्वक वर्णन	३१२
१७७ से १८०	राग-द्वेष-मोह अज्ञान परिणाम ही आस्रव है, वह ज्ञानीके नहीं है। अतः ज्ञानीके कर्म बन्ध भी नहीं है।	३२०

६—संवर अधिकार

१८१ से १८३	संवरके मूल उपायभूत भेदविज्ञानका निरूपण	३२७
१८४ से १८५	भेदविज्ञानसे ही शुद्ध आत्माकी प्राप्ति होती है, उसका उदाहरणपूर्वक वर्णन	३३२
१८६	शुद्ध आत्माको जानने से शुद्धात्माकी प्राप्ति है और अशुद्ध जानने से अशुद्धात्मा की प्राप्ति है, शुद्धात्माकी प्राप्तिसे संवर है	३३४
१८७ से १९२	संवर किस प्रकार से होता है इसका अनुक्रमिक वर्णन	३३६

७—निर्जरा अधिकार

१९३	द्रव्यनिर्जराका स्वरूप व द्रव्यनिर्जराका कारण	३४४
१९४	भावनिर्जराका स्वरूप व भावनिर्जराका परमार्थ आधार	३४७
१९५	पुद्गलकर्मोदयका उपभोग होनेपर कर्मसे न बंधनेका आधार ज्ञानसामर्थ्य	३४९
१९६	विषयोपभोग होनेपर भी कर्मसे न बंधनेका आधार तीव्र वैराग्य सामर्थ्य	३५०
१९७	ज्ञान व वैराग्यके सामर्थ्यका दृष्टान्तपूर्वक स्पष्टीकरण	३५२

गाथा सं०	विषय	प्रारम्भ पृष्ठ संख
१९८ से १९९	सम्यग्दृष्टि सामान्यरूपसे तथा विशेषरूपसे स्वपरको स्वभाव रूप व अस्वभावरूप उन उनके स्वलक्षणों से जानता है।	३५४
२००	सम्यग्दृष्टि ज्ञान-वैराग्य संपन्न होने से कर्मविपाकप्रभव भावोंको छोड़ देता है	३५७
२०१ से २०२	रागी जीव सम्यग्दृष्टि क्यों नहीं होता इसका सयुक्तिक समाधान	३६०
२०३	अपने एक शाश्वत अविकार ज्ञायक पदमें स्थिर होनेका उपदेश	३६३
२०४	आत्माके एक ज्ञायक स्वभाव पदका आलम्बन ही मोक्षका कारण है। आत्माका परमार्थ पद अभेद है ज्ञानमें जो भेद हैं वे कर्मके क्षयोपशमके निमित्तसे हैं।	३६९
२०५	ज्ञानस्वभावमय पद ज्ञानसे ही प्राप्त होता है। ज्ञानगुणसे रहित लोक ज्ञानस्वरूप पदको प्राप्त नहीं कर सकते।	३६९
२०६	ज्ञानस्वरूपमें ही रमण करने व तृप्त रहनेमें उत्तम सुखका लाभ	३७१
२०७	ज्ञानी परद्रव्यको क्यों नहीं ग्रहण करता है ?	३७३
२०८ से २०९	परिग्रहके त्यागका परमार्थ विधान	३७५
२१० से २१३	ज्ञानीके अज्ञानमय भाव रूप इच्छाके नहीं होनेके कारण धर्म, अधर्म, आहार, पानका परिग्रह नहीं है।	३७७
२१४	ज्ञानी सर्वत्र निरालम्ब निश्चित ज्ञायक भावरूप है इसका सकारण समर्थन	३८५
२१५ से २१७	उत्पन्न उदयका भोग उपभोग ज्ञानीके वियोगबुद्धिसे होता है। अनागत उदयकी ज्ञानी वाञ्छा नहीं करता, वह जानता है कि वेदकवेद्यभाव समय-समयपर नष्ट हो जाते हैं। एक वस्तुविषयक वेदक वेद्य भाव युगपत् हो ही नहीं सकते, इसलिए उसके बंध और उपभोगके निमित्त भूत संसार-देह-सम्बन्धी राग नहीं होता	३८७
२१८ से २१९	ज्ञानी कर्मोंके बीच पड़ा हुआ भी कर्मोंसे लिप्त नहीं होता, जैसेकि सुवर्ण कीचड़में पड़ा हुआ भी कीचड़में लिप्त नहीं होता, अज्ञानी कर्मरजसे लिप्त होता है, जैसे कीचड़में पड़ा हुआ लोहा कीचड़से लिप्त हो जाता है।	३९४
२२० से २२३	ज्ञान स्वभावको छोड़कर अज्ञानसे परिणत हुआ जीव अज्ञानी होता है इसका दृष्टान्तपूर्वक समर्थन	३९७
२२४ से २२७	कर्मफल की इच्छा करने वाला कर्मसे लिप्त होता है, बिना इच्छा कर्म करे तो लिप्त नहीं होता इसका दृष्टांतपूर्वक स्पष्टीकरण	४०१
२२८	सम्यग्दृष्टि आत्मा स्वरूपमें निःशंक होनेके कारण इहलोक, परलोक, वेदना, अरक्षा, अगुप्ति, मरण और आकस्मिक इस प्रकार सातों भयोंसे विमुक्त रहता है	४०५
२२९ से २३६	निःशंकित, निःकांक्षित, निर्विचिकित्सा, अमूढदृष्टि, उपगूहन, स्थितिकरण, वात्सल्य और प्रभावना—सम्यग्दर्शन के इन आठ अंगोंका निश्चयनयकी प्रधानतासे दिग्दर्शन	४०९
	८—बंध अधिकार	
२३७ से २४१	उपयोगमें रागादिकका करना ही बंधका कारण है इसका सदृष्टान्त कथन	४२१
२४२ से २४६	सम्यग्दृष्टि उपयोगमें रागादिक नहीं करता और न रागादिक का स्वामी होता है। इस कारण सम्यग्दृष्टि के बंध नहीं होता, इसका सदृष्टान्त कथन	४२७
२४७	ज्ञानी और अज्ञानीका परिचय	४३१
२४८ से २५८	किसी को जीवित करनेका, मारनेका, दुःखी-सुखी करनेका अध्यवसान प्रगट अज्ञान है, मिथ्याभाव है, इसका सयुक्तिक विवरण	४३२

गाथा सं०	विषय	प्रारम्भ पृष्ठ सं०
२५९ से २६४	उक्त अज्ञानमय अध्यवसान ही बन्धका कारण है	४४४
२६५	अपना अध्यवसान भाव ही बन्धका कारण है, अन्य कोई भी आश्रयभूत वस्तु बन्धका कारण नहीं	४५१
२६६ से २६७	अध्यवसान अपनी अर्थक्रिया करने वाला न होनेसे मिथ्या है	४५४
२६८ से २६९	मिथ्यादृष्टि जीव क्रियागर्भ, विपच्यमान व ज्ञायमान संबंधित अज्ञानरूप अध्यवसान-से अपनी आत्माको अनेक अवस्थारूप कर डालता है	४५८
२७०	जिनके उक्त तीनों ही प्रकारके अज्ञानरूप अध्यवसान नहीं है, वे शुभ अशुभ किसी कर्मसे लिप्त नहीं होते इसका विवरण	४६१
२७१	अध्यवसानके अर्थका ७ नामोंसे स्पष्टीकरण	४६४
२७२	अध्यवसानके निषेधसे पराश्रित समस्त व्यवहारनयका निषेध हो जाता है	४६६
२७३	केवल व्यवहारका आलम्बन अभव्य भी करता है, पर भूतार्थस्वरूपकी श्रद्धा नहीं होने से व्रत, समिति गुप्ति पालकर और ग्यारह अंग पढ़कर भी वह अज्ञानी मिथ्यादृष्टि ही है,उसे मोक्ष नहीं है	४६८
२७४	शास्त्रोंका ज्ञान होनेपर भी अभव्य जीव सहजात्मस्वरूपकी श्रद्धा नहीं होनेसे गुण-विकास नहीं कर पाता	४६९
२७५	अभव्यको धर्मकी श्रद्धा भोगके निमित्त है, कर्मक्षयके निमित्त नहीं है	४७२
२७६ से २७७	रत्नत्रयविषयक व्यवहार और निश्चयका स्वरूप	४७४
२७८ से २८०	रागादिक भावोंका निमित्त परद्रव्य है, आत्मा नहीं	४७७
२८१ से २८२	आत्मा रागादिकका कर्ता किस रीतिसे है, उसका कथन	४८०
२८३ से २८७	द्रव्य और भाव में निमित्त--नैमित्तिकताका उदाहरण देते हुए आत्माके विकारा-कर्तृत्वका समर्थन	४८४

९—मोक्ष अधिकार

२८८ से २९०	जो जीव बन्धका तो छेद नहीं करता परन्तु मात्र बंधके स्वरूपको जानकर ही सन्तुष्ट होता है, वह मोक्ष प्राप्त नहीं करता। मोक्ष तो बन्धके छेदनसे ही होता है।	४९२
२९१	जैसे बन्धकी चिन्ता करने-पर भी बन्ध नहीं छूटता वैसे ही मात्र कर्मबन्धविषयक चिन्तवन से ही बंध नहीं हटता	४९५
२९२ से २९३	बन्धस्वभाव व आत्मस्वभावको जानकर बन्धसे विरक्त होनेसे हो सकने वाले बन्धके छेदन-से ही मोक्ष होता है	४९६
२९४	कर्मबंधके छेदनेका करण प्रज्ञारूप शस्त्र ही है	४९९
२९५	प्रज्ञारूप करणसे आत्मा और बन्ध दोनोंको पृथक् करके प्रज्ञासे ही आत्माको ग्रहण करने और प्रज्ञासे ही बंधको छेदनेका उपदेश	५०३
२९६	जैसे प्रज्ञाके द्वारा आत्माको बन्धसे विभक्त किया, वैसे ही प्रज्ञा द्वारा ही आत्माको ग्रहण करना चाहिये	५०४
२९७ से २९९	आत्माको प्रज्ञा द्वारा किस प्रकार ग्रहण करना चाहिये इसका सामान्य विधिसे व विशेष विधिसे कथन	५०६
३००	चिन्मयभावको ही स्व मानने वाला अन्य भावको कभी स्वीकार नहीं कर सकता	५१२

गाथा सं०	विषय	प्रारम्भ पृष्ठ सं०
३०१ से ३०२	परद्रव्यको ग्रहण करने वाला अपराधी है, अतः वह बन्धनमें पड़ता है, परद्रव्यको ग्रहण करनेका अपराध न करनेवाला बन्धनमें नहीं पड़ता	५१४
३०४ से ३०५	शुद्ध सहजात्मस्वरूप की दृष्टिसे हटना अपराध है, स्वरूपाराधना के बलसे निरपराध हुआ आत्मा निःशंक व निर्बन्ध होता है	५१७
३०६ से ३०७	प्रतिक्रमण और अप्रतिक्रमण से रहित अप्रतिक्रमणादिस्वरूप तीसरी अवस्थासे आत्मा निर्दोष होता है। इस सहज स्वरूपकी उपलब्धिके बिना द्रव्यप्रतिक्रमणादिसे भी मोक्षमार्ग नहीं मिलता	५११

८ -सर्वविशुद्धज्ञान अधिकार

३०८ से ३११	आत्माके अकर्तृत्वका सयुक्तिक सोदाहरण आख्यान	५२७
३१२ से ३१३	आत्मा व प्रकृतिका परस्पर निमित्तसे बन्ध और बन्धका मूल कारण जीवका अज्ञानभाव	५३१
३१४ से ३१५	जब तक आत्मा प्रकृतिके निमित्तसे उत्पन्न होना और नष्ट होना न छोड़े तब तक अज्ञानी, मिथ्यादृष्टि, असंयत है। छोड़नेपर ज्ञाता द्रष्टा संयमी होता है	५३३
३१६	कर्तृत्वकी तरह भोक्तृत्व भी आत्माका स्वभाव नहीं है, जीव अज्ञानसे ही भोक्ता होता है।	५३६
३१७	जैसे मीठे दुग्धको पीते हुए भी सर्प निर्विष नहीं होते, इसी प्रकार भलीभांति शास्त्रोंको पढ़कर भी अभव्यजीव प्रकृतिस्वभावको नहीं छोड़ता, अतः वह भोक्ता ही है	५३८
३१८	ज्ञानी कर्मफलका भोक्ता नहीं है वह तो कर्मफलका मात्र ज्ञाता है	५४०
३१९ से ३२०	ज्ञानी कर्ता-भोक्ता नहीं है, मात्र ज्ञाता द्रष्टा है इसका दृष्टान्तपूर्वक कथन	५४२
३२१ से ३२३	जो आत्माको संसारका कर्ता मानते हैं उनको भी लौकिक पुरुषोंकी भांति नित्यकर्तृत्व का प्रसंग आनेसे मोक्ष नहीं होता	५४६
३२४ से ३२७	जो व्यवहारभाषाको ही निश्चय मानकर आत्माको परद्रव्यका कर्ता मानते हैं, वे मिथ्यादृष्टि हैं। ज्ञानीजन निश्चयसे जानते हैं कि परमाणुमात्र भी मेरा नहीं है। जो तथ्यसे अपरिचित हैं वे ही परद्रव्यके विषयमें कर्तृत्वका आशय रखते हैं	५४९
३२८ से ३३१	अज्ञानी (मिथ्यादृष्टि) ही अपने भावकर्मका कर्ता है, इसका युक्तिपूर्वक कथन	५५३
३३२ से ३४४	आत्माका कर्तृत्व और अकर्तृत्व जिस तरह है उस तरह शंका समाधानपूर्वक स्याद्वाद द्वारा सिद्ध करना।	५५८
३४५ से ३४८	जो कर्मको करनेवाला है भोगने वाला वही है अथवा दूसरा ही है, इन दोनों एकान्तों का युक्तिपूर्वक निषेध	५६९
३४९ से ३५५	कर्ता-कर्म का तथा भोक्ता-भोग्य का भेद-अभेद जिस प्रकार है, उसी प्रकारसे नयके विभागसे दृष्टान्तद्वारा वर्णन।	५७४
३५६ से ३६५	निश्चय और व्यवहारके कथनकी खड़ियाके दृष्टान्तसे स्पष्टीकरण	५८१
३६६ से ३७१	ज्ञान और ज्ञेय सर्वथा भिन्न हैं, ऐसा जाननेके कारण सम्यग्दृष्टिको विषयोंमें, कर्मोंमें, कार्योंमें राग-द्वेष नहीं होता। राग-द्वेषकी खास अज्ञानभाव है।	५९५
३७२	अन्यद्रव्य अन्यद्रव्यमें कुछ भी गुणोत्पाद नहीं कर सकता	५९९

गाथा सं०	विषय	प्रारम्भ पृष्ठ सं०
३७३ से ३८२	स्पर्श आदि पुद्गलके परिणाम आत्माको प्रेरणा नहीं करते कि तुम हमको ग्रहण करो और आत्मा भी अपने स्थानसे छूटकर उनमें नहीं जाता, परन्तु अज्ञानी जीव वृथा राग-द्वेष करके विषयोंका निग्रह अनुग्रह भाव करता है	६०५
३८३ से ३८६	प्रतिक्रमण, प्रत्याख्यान और आलोचना का परमार्थ स्वरूप	६११
३८७ से ३८९	कृत-कारित-अनुमोदनासे, मन वचन कायसे, अतीत वर्तमान और अनागत कर्मके त्याग को ८९–४९ भंगों द्वारा कथन करके कर्मचेतना के त्यागका विधान तथा १४८ प्रकृतियोंके त्यागका कथन करके कर्मफलचेतनाके त्यागका विधान	६१५
३९० से ४०४	ज्ञानकी समस्त अवस्थाओंमें निश्चलताका कथन व आत्मपरिणामोंकी ज्ञान-रूपताका कथन	६३६
४०५ से ४०७	अमूर्तीक आत्माके पुद्गलमय देह नहीं है, फिर अन्य द्रव्य का ग्रहण त्याग कैसा ?	६४४
४०८ से ४१०	पराश्रित होनेसे देहलिंग मोक्षमार्ग नहीं है। आत्माश्रित होनेसे सम्यग्दर्शन ज्ञान-चारित्र ही मोक्षमार्ग है	६४७
४११	चूंकि द्रव्यलिंग ही मोक्षमार्ग नहीं है, अतः समस्त लिंगका ममत्व त्याग करके आत्माको दर्शन-ज्ञान-चारित्रमें लगानेकी प्रेरणा	६५०
४१२	भव्यजीवको सम्यग्दर्शनज्ञानचारित्ररूप मोक्षमार्गमें स्थापन करनेका, उसीका ध्यान करनेका, उसीको अनुभव करनेका तथा उसीमें निरन्तर विहार करनेका उपदेश	६५२
४१३	जो द्रव्यलिंगोंमें ही ममत्व करते हैं उन्होंने समयसारको नहीं जाना है।	६५५
४१४	व्यवहारनय मुनि और श्रावक के लिंगको मोक्षमार्ग कहता है, निश्चयनय किसी भी लिंगको मोक्षमार्ग नहीं कहता	६५७
४१५	जो इस समयप्राभृतको पढ़कर अर्थ और तत्त्व से जानकर इस ही के अर्थभूत परमब्रह्म-स्वरूप में स्थित होता है वह उत्तम सुखमय होता है।	६५९

प्रारम्भिक ५ गाथाओं के नामसंज्ञ व धातुसंज्ञ प्रकाशित होनेसे रह गये हैं उनका विवरण

गाथा १—नामसंज्ञ—सव्वसिद्ध, धुव, अचल, अणोवम, गइ, पत्त, समयपाहुड, इम, ओ, सुय केवलिभणिय। **धातुसंज्ञ**—वंद स्तुतौ, वच्च व्यक्तायां वाचि।

गाथा २—नामसंज्ञ—जीव, चरित्तदंसणणाणट्ठिउ, त, हि ससमय पुग्गलकम्मपदेसट्ठिय, त, परसमय। **धातुसंज्ञ**—जाण अवबोधने।

गाथा ३—नामसंज्ञ—एयत्तणिच्छयगअ, समअ, सव्वत्थ, सुंदर, लोय, बंधकहा, एयत्त, त, विसंवादिणी। **धातुसंज्ञ**—हो सत्तायां।

गाथा ४—नामसंज्ञ—सुदपरिचिदाणुभूदा, सव्व, वि, कामभोगबंधकहा, एयत्त, उवलंभ, णावरि, ण, सुलह, विहत्त। **धातुसंज्ञ**—भुंज भोगे, बंध बंधने।

गाथा ५—नामसंज्ञ—त, एयत्तविहत्त, अप्प, णविहव, जदि, पमाण, छल, ण। **धातुसंज्ञ**—दरस दर्शनायां, चुक्क भ्रंशने, वत्त गवेषणे, गाह ग्रहणे।

नोट—प्राकृतपदविवरण संस्कृतपदविवरण के साथ दिये गये। केवल २–१ जगह अन्तर आवेगाजहां संस्कृतपद द्विवचनकी जगह प्राकृतपद बहुवचन आता है। सो वहां प्राकृत पद के साथ विभक्ति अलग-अलग दी गई है।

कहाँ क्या सुधारें

अशुद्ध	शुद्ध	पृष्ठ	पंक्ति
चतुर्दशाङ्गी—	सप्तदशाङ्गी	प्र	–११
एवत्तस्तुवलंभो—	एवत्तस्तुवलंभो	१४	–३
ज्ञानिना—	ज्ञानिनो	२१	–१
परमार्थ प्रतिपादकत्व—	परमार्थप्रतिपादकत्व	२५	–१
चेतनेतपर —	चेतनेतर	२५	–१४
स्थानीय परम—	स्थानीयपरमं	५२	–१
निर्जयनिर्जरकोभयं —	निर्जयनिर्जरकोभयं	२७	–१०
वर्त्तमान—	वर्तमान	४१	–४
नात्मात्मनात्मना—	नात्माऽनात्मना	६३	–६
पुद्गलद्रव्यश्च—	पुद्गलद्रव्यं च	६६	–३
ऽपि कथमपि—	अपि कथमपि	६७	–३
इन्दिये—	इंदिये	७६	–२
मान माया—	मानमाया	८१	–११
सर्वास्विप्यवस्थासु—	सर्वास्वप्यवस्थासु	१२८	–८
पर्याप्तापर्याप्ता —	पर्याप्तापर्याप्ता	१३७	–७
वर्णादिमान्—	वर्णादिमान्	१३८	–२
वर्त्तं—	वर्तं	१४४	–२
जावनिबद्धा—	जीवनिबद्धा	१५५	–६
कुर्वाणः—	कुर्वाणः	१७८	–१०
ततोऽयमात्म —	ततोऽयमात्मा	१९७	–६
किलज्ञानी—	किलाज्ञानी	२०२	–९
जुदे—	जुदधे	२२०	–२
यतो खल्वात्मा—	यतो न खल्वात्मा	२२६	–३
एवमिह—	एवमिह	२२८	–४
चव—	चैव	२२८	–१४
वस्तु —	वस्तु	२३२	–१
परिणम —	परिणाम	२४८	–११
शुभाशुभ प्रवृत्ति—	शुभाशुभप्रवृत्ति	२८९	–१
करेणु कुट्टिनी—	करेणुकुट्टिनी	२७५	–८
संसग—	संसर्ग	२७६	–१०
पवट्ठति—	पवट्टति	२९८	–२
ततो—	ततो हेत्वभावे	३२०	–१२

अशुद्ध	शुद्ध	पृष्ठ	पंक्ति
भावा-नालोकांता—	भावानालोकांता	३२५	–२
प्रतिष्ठितं । —	प्रतिष्ठितं,	३२८	–१
मुपलभमानः—	मुपलभमानः	३३५	–१
ज्ञानवैराग्य—	ज्ञानवैराग्याभ्यां	३५६	–१०
अनत्मा—	अनात्मा	३६०	–८
सर्वज्ञान—	सर्वं ज्ञान	३६६	–४
अतऊह—	अतोऽहं	३७५	–१
अतः—	अतः सुखितदुःखितान् करोमि	४४०	–१
ततोबंध निमित्ता—	ततो बंधनिमित्ता	४६२	–६
सर्वताध्यव —	सर्वाऽध्यव	४६५	–१
पुणा य—	पुणो य	४७२	–२
निकायरक्षाचा—	निकायरक्षा चा	४७४	–१३
ज्ञानी भी—	ज्ञानी भि	४७७	–७
तस्तु—	तंस्तु	४८३	–६
तथासति—	तथा सति	४८६	–४
निमित्तक —	निमित्तनैमित्तिक	४८८	–१
गुणस्तु—	गुणास्तु	४८८	–१०
द्विधाकरणं —	द्विधाकरणं	४९३	–४
तु उ—	उ	४९६	–२
पद्य	२९३ बंध तथा आत्मा के स्वभाव को जानकर स्वलक्षण से	४९८	–४
हुवा बुध,—	हुआ जो,	४९८	–५
निपतितरभसा—	निपतति रभसा	५०२	–१
बन्धों से—	बन्धों का	५०३	–४
करता—	करना	५०३	–४
तेऽहंनास्मि—	तेऽहं नास्मि	५१३	–१
मुपेत्यनित्य—	मुपेत्य नित्य	५२४	–३
अनन्य उनसे—	अनन्य है उनसे	५२७	–९
कारण भावो—	कारणभावो	५२९	–१
भवेत्ताम्मिथ्या —	भवेत्तावन्मिथ्या	५३३	–९
निश्चिनुमःकिंच—	निश्चिनुमः । किंच	५६३	–१
जिन समयसे—	जिनसमयसे	५६९	–१४, १६
त्यों—	यों	५७५	–९

अशुद्ध	शुद्ध	पृष्ठ	पंक्ति
आश्रय—आशय		५८२	१३
चेतयितृनिमित्तकेन—चेतयितृनिमित्तेन		५९१	६
लादि पर – लादिपर		५९९	२
पूर्वकृत—पूर्वकृतं		६१२	१
थास ण यागाए—यासं ण यागए		६२७	३
धम्माधम्मं —धम्माधम्मं		६३७	१०
मध्वसानं— मध्यवसान		६३९	१३
स्वरूपं – स्वरूप		६४३	१
गृहीतुं— गृहीतुं		६४५	५
विहार्षा – विहार्षी		६५२	५

१३८वें पेज पर ६७वां कलश लिखना गाथा टीका के अन्त में ४०

घृतकुम्भाभिधानेपि कुम्भो घृतमयो न चेत्
जीवो वर्णादिमज्जीवजल्पनेपि न तन्मयः ॥ ४० ॥

२३०वें पेज पर १२५ गाथा टीका के अन्त में ६५वां कलश लिखें—

स्थितेति जीवस्य निरन्तराया स्वभावभूता परिणामशक्तिः।
तस्यां स्थितायां स करोति भावं यं स्वस्य तस्यैव भवेत्स कर्ता ॥ ६५ ।

अपनी बातचीत

अयि आत्मन् ! तू क्या है ? विचार ! ज्ञानमय पदार्थ !! तेरा इन द्रव्योंके साथ क्या कोई सम्बन्ध है यथार्थ ? नहीं, नहीं, कुछ भी सम्बन्ध नहीं ! क्यों नहीं ? यों कि "कोई किसीका कुछ भी परिणमन कर नहीं सकता" । मैं ज्ञानमय आत्मा हूँ, हूँ, स्वयं हूं, इसीलिये अनादिसे हूँ, मैं किसी दिन हुआ होऊं, पहिले न था यह बात नहीं । न था तो फिर हो भी नहीं सकता । फिर ध्यान दे—इस नर जन्मसे पहिले तू था ही ! क्या था ? अनंतकाल तो निगोदिया था । वहां क्या बीती ? एक सेकिण्डमें २३ बार पैदा हुआ और मरा । जीभ, नाक, आंख, कान, मन तो था ही नहीं और था शरीर । ज्ञानकी ओरसे देखो तो जड़सा रहा; महासंक्लेश ! न कुछसे बुरी दशा । सुयोग हुआ तब उस दुर्दशासे निकला । पृथ्वी हुवा तो खोदा गया, कूटा गया, ताड़ा गया, सुरंगसे फोड़ा गया । जल भी तो तू हुआ, तब औटाया गया, बिलोरा गया, गर्म आग पर डाला गया । अग्नि हुआ, तब पानीसे, राखसे, धूलसे, बुझाया गया, खुंदेरा गया । वायु हुआ, तब पंखोंसे, बिजलियोंसे ताड़ा गया, रबर आदिमें रोका गया । पेड़, फल, पत्र जब हुआ, तब... काटा, छेदा, भूना, सुखाया गया । कीड़े भी तुम्हीं बने और मच्छर, मक्खी, बिच्छू आदि भी ! बताओ कौन रक्षा कर सका ? रक्षा तो दूर रही, दबाइयां डाल डाल कर मारा गया, पत्थरोंसे, जूतोंसे, खुरोंसे दबोचा व मारा गया । बैल, घोड़े, कुत्ते आदि भी तो तू हुआ । कैसे दुःख भोगे ? भूखे प्यासे रहे, ठंडों मरे, गर्मियों मरे, ऊपरसे चाबुक लगे, मारे गये । शूकर मारे जाते हैं चलते फिरतोंको छुरी भोंककर । कहीं तो जिन्दा ही आग में भूने जाते हैं ।

यह दूसरोंकी कथा नहीं, तेरी है । यह दशा क्यों हुई ? मोह बढ़ाये; कषाय किये; खाने, पीने, विषयोंकी धुन रही; नाना कर्म बांधे; मिथ्यात्व, अन्याय, अभक्ष्यसेवन किये । बड़ी कठिनाईसे यह मनुष्यजन्म मिला तब यहां भी मोहराग द्वेष विषय कषायकी ही बात रही । तब...जैसे मनुष्य हुए, न हुए बराबर है । कभी ऐसा भी हुआ कि तूने देव होकर या राजा, सम्राट्, महान् धन-पति होकर अनेक संपदा पाई परन्तु वह सभी संपदायें थीं तो असार और क्लेशकी कारण !! इतने पर भी उन्हें छोड़ कर मरना ही तो पड़ा ! अबतो पाया ही क्या ? न कुछ । न कुछमें व्यर्थलालसा रख कर क्यों अपनी सर्व हानि कर रहे हो ? आत्मन् ! तू स्वभावसे ज्ञान-मय है, प्रभु है, स्वतन्त्र है, सिद्ध परमात्मा की जातिका है । क्या कर रहा ? उठ, चल, अपने स्वरूपमें बस । तू अकेला है, अकेला ही पुण्य-पाप करता, अकेला ही पुण्य-पाप भोगता, अकेला ही शुद्ध स्वरूपकी भावना करता, अकेला ही मुक्त हो जाता । देख ! चेत ! पर पर ही है, परमें निजबुद्धि करना ही दुःख है, स्वयं में आत्मबुद्धि करना सुख है, हित है, परम अमृत है । वह तू ही तो स्वयं है । परकी आशा तज, अपनेमें मग्न होने की धुन रख । सोच तो यही सोच—परमात्माका स्वरूप...उसकी भक्ति में रह । लोगोंको सोच, तो उनका जैसे हित हो उस तरह सोच । बोल तो यही बोल—शुद्धात्माका गुण गान...इसकी स्तुतिमें रह । लोगों से बोल, तो हित, मित, प्रिय वचन बोल । कर, तो ऐसाकर जिसमें किसी प्राणीका अहित न हो, घात न हो । अपनी चर्या धार्मिक बनाओ । तू शुद्ध चैतन्य स्वभावी है; सहजभावका अनुभव कर । जप, जपः—"शुद्धचिद्रूपोऽहम्"

शिवमस्तु

卐 परमात्म आरती 卐

ॐ जय जय अविकारी ।

जय जय अविकारी, स्वामी—जय जय अविकारी ।
हितकारी भयहारी, शाश्वत स्वविहारी । ॐ ··· ॥टेक॥

काम क्रोध मद लोभ न माया, समरस सुखधारी । स्वामी सम०
ध्यान तुम्हारा पावन, सकल क्लेशहारी । ॐ जय····· ॥१॥

हे स्वभावमय जिन तुमि चीना, भव संतति टारी । स्वामी भव०
तुव भूलत भव भटकत, सहत विपति भारी । ॐ जय····· ॥२॥

परसंबंध बंध दुख कारण, करत अहित भारी । स्वामी करत···
परम ब्रह्मका दर्शन, चहुँगति दुखहारी । ॐ जय··· ॥३॥

ज्ञानमूर्ति हे सत्य सनातन, मुनिमन संचारी । स्वामी मुनि···
निर्विकल्प शिवनायक, शुचिगुण भंडारी । ॐ जय····· ॥४॥

बसो बसो हे सहज ज्ञानघन, सहज शान्तिचारी । स्वामी सहज···
टलें टलें सब पातक, परबल बलधारी । ॐ जय··· ॥५॥

卐 आत्म भक्ति 卐

मेरे शाश्वत शरण, सत्य तारणतरण ब्रह्म प्यारे ।
तेरी भक्तीमें क्षण जाँय सारे ॥ टेक ॥

ज्ञानसे ज्ञानमें ज्ञान ही हो, कल्पनाओंका इकदम विलय हो ।
भ्रान्तिका नाश हो, शान्तिका वास हो, ब्रह्म प्यारे । तेरी··· ॥१॥

सर्व गतियोंमें रह गतिसे न्यारे, सर्व भावों में रह उनसे न्यारे ।
सर्वगत आत्मगत, रत न नाहीं विरत, ब्रह्म प्यारे । तेरी··· ॥२॥

सिद्धि जिनने भि अबतक है पाई, तेरा आश्रय ही उसमें सहाई ।
मेरे संकटहरण, ज्ञान दर्शन चरण, ब्रह्म प्यारे । तेरी··· ॥३॥

देह कर्मादि सब जगसे न्यारे, गुण व पर्ययके भेदोंसे पारे ।
नित्य अन्तः अचल, गुप्त ज्ञायक अमल, ब्रह्म प्यारे । तेरी···॥४॥

आपका आप ही प्रेय तू है, सर्व श्रेयोंमें नित श्रेय तू है ।
सहजानन्दी प्रभो, अन्तर्यामी विभो, ब्रह्म प्यारे । तेरी··· ॥५॥

卐 आत्मरमण 卐

मैं दर्शनज्ञानस्वरूपी हूँ, मैं सहजानन्द स्वरूपी हूँ ॥ टेक ॥

हूँ ज्ञानमात्र परभावशून्य, हूँ सहज ज्ञानघन स्वयं पूर्ण ।
हूँ सत्य सहज आनन्दधाम, मैं सहजानन्द० । मैं दर्शन० ॥१॥

हूं खुदका ही कर्ता भोक्ता, परमें मेरा कुछ काम नहीं ॥
परका न प्रवेश न कार्य यहाँ, मैं सहजानन्द० । मैं दर्शन० ॥२॥

आऊं उतरूं रमलूं निजमें, निजकी निजमें दुविधा ही क्या ॥
निज अनुभवरससे सहजतृप्त, मैं सहजानन्द० । मैं दर्शन० ॥ ३ ॥

मंगलतंत्र

ॐ नमः शुद्धाय, ॐ शुद्धं चिदस्मि

मैं ज्ञानमात्र हूं, मेरे स्वरूपमें अन्यका प्रवेश नहीं, अतः निर्भार हूं ।
मैं ज्ञानघन हूं, मेरे स्वरूपमें अपूर्णता नहीं, अतः कृतार्थ हूं ।
मैं सहज आनन्दमय हूं, मेरे स्वरूपमें कष्ट नहीं, अतः स्वयंतृप्त हूं ।

ॐ नमः शुद्धाय ॐ शुद्धं चिदस्मि ।

卐 आत्म कीर्तन 卐

हूं स्वतन्त्र निश्चल निष्काम, ज्ञाता द्रष्टा आतम राम ॥टेक॥
मैं वह हूं जो हैं भगवान, जो मैं हूँ वह हैं भगवान ।
अन्तर यही ऊपरी जान, वे विराग यहँ राग वितान ॥१॥

मम स्वरूप है सिद्ध समान, अमित शक्ति सुख ज्ञान निधान ॥
किन्तु आश वश खोया ज्ञान, बना भिखारी निपट अजान ॥२॥

सुख दुख दाता कोइ न आन, मोह राग रुष दुख की खान ॥
निजको निज परको पर जान, फिर दुखका नहिं लेश निदान ॥३॥

जिन शिव ईश्वर ब्रह्मा राम, विष्णु बुद्ध हरि जिसके नाम ॥
राग त्यागि पहुँचूं निज धाम, आकुलताका फिर क्या काम ॥४॥

होता स्वयं जगत परिणाम, मैं जगका करता क्या काम ॥
दूर हटो परकृत परिणाम, 'सहजानन्द' रहूँ अभिराम ॥५॥



पूज्यपाद-श्रीमद्भगवत्कुन्दकुन्दाचार्यविरचितः

समयसारः

पूर्व-रंगः

पूज्यपाद-श्रीमदमृतचन्द्रसूरिकृता आत्मख्यातिः

नमः समयसाराय स्वानुभूत्या चकासते ।
चित्स्वभावाय भावाय सर्वभावान्तरच्छिदे ॥१॥
अनन्तधर्मणस्तत्त्वं पश्यन्ती प्रत्यगात्मनः ।
अनेकान्तमयी मूर्तिर्नित्यमेव प्रकाशताम् ॥२॥
परपरिणतिहेतोर्मोहनाम्नोनुभावादविरतमनुभाव्यव्याप्तिकल्माषितायाः ।
मम परमविशुद्धिः शुद्धचिन्मात्रमूर्तेर्भवतु समयसारव्याख्ययैवानुभूतेः ॥३॥

अध्यात्मयोगी न्यायतीर्थ पूज्य श्री गुरुवर्य्य श्रीमत्सहजानन्दकृत चतुर्दशाङ्गी टीका

टीकागत प्रथम मंगलाचरणका अर्थ—स्वानुभवसे प्रकाशमान, चैतन्यस्वभावमय, शुद्ध सत्तास्वरूप, सर्वभावोंको एक ही समयमें जानने वाले अथवा सर्व भावान्तरोंको हटाने वाले समयसारके लिये नमस्कार हो ।

भावार्थ—द्रव्यकर्म भावकर्म नोकर्मसे रहित केवल चित्प्रकाशमय आत्माको समयसार कहते हैं । समयसार कार्यसमयसार प्रभुको भी कहते हैं और समयसार अध्यात्मोपदेशके लक्ष्यभूत परमब्रह्मस्वरूपको भी कहते हैं । सो इष्ट प्रभुको व इष्ट तत्त्वको 'समयसार' शब्द कहकर नमस्कार किया गया है ।

प्रसंगविवरण—पूज्य श्री आचार्य कुन्दकुन्ददेव द्वारा रचित समयप्राभृत ग्रन्थराजको आत्मख्याति नामक टीका रचते समय पूज्य श्री अमृतचन्द्र जी सूरिने अपने इष्टको समयसारके नामसे इस कारण नमस्कार किया है कि इष्ट देवका सामान्यस्वरूप शुद्ध आत्मा है। सो प्रभु द्रव्यतः शुद्ध अन्तः सहज चैतन्यस्वरूप है ही और पर्यायतः भी शुद्ध प्रभु हैं। जो द्रव्यतः सहजस्वरूप है, उसकी आराधनासे ही प्रभु प्रभु हुए हैं। इसी अनादि अनन्त अहैतुक अन्तः सहजस्वरूपकी आराधनाके लिये यह ग्रन्थोपदेश है। अतः समयसारके लिये यहाँ सर्वप्रथम नमस्कार किया गया है।

तथ्यप्रकाश—(१) स्वानुभवसे प्रकाशमान इस विशेषणसे यह सिद्ध हो गया कि आत्मा तथा ज्ञान मीमांसकसम्मत जैसा सर्वथा परोक्ष नहीं, किन्तु वह स्वानुभवसे स्वमें स्वयं स्वको जानता है। (२) इसी विशेषणसे सिद्ध है कि ज्ञान नैयायिकसम्मत जैसा स्वयं अपनेको नहीं जानता ऐसा नहीं, किन्तु ज्ञान स्वसंवेद्य है। (३) चित्स्वभाव इस विशेषणसे सिद्ध हुआ कि नैयायिक-मीमांसकादिसम्मत जैसा गुणगुणीमें सर्वथा भेद नहीं, किन्तु वस्तु गुणमय है, आत्मा चैतन्यस्वभावमय है। (४) भावाय इस विशेषणसे शून्यवादसम्मत सर्वथा अभाववादका निराकरण हुआ, क्योंकि आत्मा सद्भूत है। (५) सर्वभावान्तरच्छिदे इस विशेषणसे सर्वज्ञता की सिद्धि हुई, मीमांसकसम्मत असर्वज्ञताका एकान्त नहीं। (६) इसी विशेषणसे सिद्ध है कि आत्मस्वरूप सर्वविकारोंसे परे है।

सिद्धान्त—(१) परमशुद्धचित्स्वरूप आत्मा शुद्धनयात्मक ज्ञानानुभूतिसे ज्ञातव्य है। (२) ज्ञान स्वसम्वेद्य है। (३) गुण गुणीमें भेद नहीं है। (४) आत्मा चैतन्यात्मक स्वास्तित्व से समवेत है। (५) आत्मा सर्व परपदार्थोंका ज्ञाता है। (इनकी दृष्टियाँ क्रमसे निम्नांकित हैं)

दृष्टि— १–शुद्धनय (४६)। २–कारककारकिभेदक सद्भूतव्यवहार (७३)। ३–परमशुद्धनिश्चयनय (४४)। ४–अन्वयद्रव्यार्थिकनय (२७)। ५–स्वाभाविक उपचरित स्वभावव्यवहार (१०५)।

प्रयोग—सहजसिद्ध अन्तस्तत्त्वकी अर्थात् समयसारकी उपासनासे ही आत्मा सदाके लिये सकल संकटोंसे मुक्त होता है। अतः समस्त परपदार्थोंका ख्याल छोड़कर अपनेको सहजसिद्ध चैतन्यमात्र अन्तस्तत्त्वरूप सहज अनुभवना चाहिये, ॐ शुद्धं चिदस्मि। यह प्रायोगिक अन्तस्तत्त्वभक्ति ही परमार्थतः समयसारके लिये नमस्कार है ॥१॥

टीकागत द्वितीय मंगलाचरणका अर्थ—अनन्तधर्मात्मक, प्रत्यगात्माके तत्त्वको अवलोकन करने वाली तथा दर्शाने वाली अनेकान्तमयी मूर्ति नित्य ही प्रकाशमान होओ।

भावार्थ—जिसमें अनेक अंत (धर्म) हैं, ऐसा जो ज्ञान तथा वचन उस रूप मूर्ति नित्य ही प्रकाशरूप हो। वह मूर्ति ऐसी है कि जिसमें अनन्त धर्म हैं और कैसी है ? प्रत्यक्—

सजातीय विजातीय परद्रव्योंसे भिन्न, परद्रव्यके गुणपर्यायोंसे भिन्न तथा परद्रव्यके निमित्तसे हुए अपने विकारोंसे कथंचित् भिन्न एकाकार ऐसा जो आत्मा उसके तत्त्वको देखती है अर्थात् अवलोकन करती है। यहाँ सरस्वतीकी मूर्तिको आशीर्वचनरूप नमस्कार किया है। जो लोकमें सरस्वतीकी मूर्ति प्रसिद्ध है, लोकको प्रायः उसका भाव विदित नहीं है, इसलिये उसका यथार्थ वर्णन किया है। जो सम्यग्ज्ञान है, वह सरस्वतीकी सत्यार्थ मूर्ति है। उसमें भी सम्पूर्ण ज्ञान तो केवलज्ञान है जिसमें सब पदार्थ प्रत्यक्ष प्रतिभासित होते हैं, वही अनन्त धर्मोंसहित आत्मतत्त्वको प्रत्यक्ष देखता है और उसीके अनुसार श्रुतज्ञान है, वह परोक्ष देखता है, इसलिये यह भी उसीकी मूर्ति है तथा द्रव्यश्रुत वचनरूप है सो यह भी उसीकी मूर्ति है, क्योंकि वचनों द्वारा अनेक धर्म वाले आत्माको यह बतलाती है। इस तरह सब पदार्थोंके तत्त्वको जताने वाली ज्ञानरूप तथा वचनरूप अनेकांतमयी सरस्वतीकी मूर्ति है। इसी कारण सरस्वतीके नाम वाणी, भारती, शारदा, वाग्देवी आदि बहुतसे कहे जाते हैं। यह अनन्त धर्मोंको स्यात्पदसे एक धर्मीमें अविरोधरूप साधती है, इसलिये सत्यार्थ है। आत्माका जो अनन्तधर्मा विशेषण दिया है, उसमें अनन्त धर्म कौन-कौन हैं? वस्तुमें सत्त्व, वस्तुत्व, प्रमेयत्व प्रदेशवत्त्व, चेतनत्व, अचेतनत्व, मूर्तिमत्त्व, अमूर्तिमत्त्व इत्यादि धर्म तो गुण हैं और उन गुणोंका तीनों कालोंमें समय समयवर्ती परिणमन होना पर्याय हैं, वे अनन्त है तथा एकत्व, अनेकत्व, नित्यत्व, अनित्यत्व, भिन्नत्व, अभिन्नत्व, शुद्धत्व, अशुद्धत्व आदि अनेक धर्म हैं, वे सामान्यरूप तो वचनगोचर हैं और विशेषरूप वचनके अविषय हैं, ऐसे वे अनन्त हैं सो ज्ञानगम्य हैं। ऐसा होनेपर आत्मा भी वस्तु है, उसमें भी अपने धर्म अनन्त हैं। उसमें से चेतनत्व असाधारण है, यह दूसरे अचेतनद्रव्यमें नहीं है और सजातीय जीवद्रव्य अनन्त हैं, उनमें भी चेतनत्व है तो भी निजस्वरूपसे जुदा-जुदा सत् हैं। क्योंकि प्रत्येक द्रव्यके प्रदेश भिन्न-भिन्न हैं, इसलिए किसीका प्रदेश किसीमें नहीं मिलता। यह चेतनत्व अपने अनन्तधर्मोंमें व्यापक है, इस कारण इसीको आत्माका तत्त्व कहा है। उसको यह सरस्वतीकी मूर्ति देखती है और दिखाती है। इसलिये इस सरस्वतीको आशीर्वादरूप वचन कहा है—यह सदा प्रकाशरूप रहे। इसीसे सब प्राणियोंका कल्याण होता है।

प्रसंगविवरण—समयसार तक पहुँच हो, एतदर्थ समयसारका, स्वका अध्ययन आवश्यक है। समयसारका व समस्त तत्त्वोंका परिज्ञान श्रुत (आगम) के अध्ययनसे होता है। वह श्रुतदेवता अनेकान्तमयी मूर्ति है उसके नित्य प्रकट प्रकाशमान होनेकी भावना इस कारण की गई है कि अनेकान्तात्मक शास्त्रोपदेश जिन जीवोंको उपलब्ध होगा वे अपना कल्याण कर सकेंगे।

तथ्यप्रकाश—(१) सर्व परवस्तुओंसे भिन्न, नैमित्तिक परभावोंसे भिन्न व अपने ही

स्वरूपमें तन्मय आत्मा प्रत्यगात्मा कहलाता है। (२) प्रत्यगात्मा भी अनन्तधर्मात्मक है जैसे कि सभी पदार्थ अनन्तधर्मात्मक होते हैं। (३) अनन्त धर्मोंमें अस्तित्व, वस्तुत्व, द्रव्यत्व, अगुरुलघुत्व, प्रदेशवत्त्व, प्रमेयत्व आदि साधारण गुण हैं। चेतनत्व असाधारण गुण हैं। अमूर्तत्व आदि अनेक साधारणासाधारण गुण हैं। इन गुणोंके परिणमनरूप गुणपर्यायें हैं। आकाररूप परिणमन द्रव्यपर्यायें हैं। इन सबके अतिरिक्त एकत्व, अनेकत्व आदि अनेक धर्म हैं। इन सबमें तादात्म्यसमवेत अनन्तधर्मात्मक आत्मवस्तु है। (४) अनन्तधर्मात्मक वस्तुका प्रतिपादन करने वाली द्रव्यवाणी अनेकान्तमयी मूर्ति है।

सिद्धान्त—(१) प्रत्यगात्मा अथवा आत्मा अनन्तधर्मात्मक है। (२) आत्मा साधारण गुण, असाधारणगुण व पर्याय सामान्य आदि अनंत धर्मोंसे अभिन्न स्वभाव वाला है। (३) आगममें अनन्तधर्मात्मक वस्तुका भेदविधिसे भी परिचय कराया है। (४) आगममें व्यवहारी जनोंके प्रतिबोधनार्थ भेदविधिसे भी प्रतिपादन है। (५) आगममें लौकिक जनोंको अभिप्राय, निमित्त व प्रयोजन बतानेके लिये एक वस्तुका दूसरी वस्तुमें कर्तृत्व आदि बतानेकी भाषासे यानि उपचार भाषासे भी वर्णन है।

दृष्टि—१–प्रमाणसिद्ध। २–अन्वयद्रव्यार्थिकनय (२७)। ३–व्यवहारनय (५०–६१)। ४–व्यवहार (६२-१०२)। ५–उपचार (१०३-१५२)।

प्रयोग—आत्मा अनन्तधर्मात्मक है उसे नय व प्रमाणसे भली प्रकार परखकर परसे विभक्त व अपनेमें तन्मय प्रत्यगात्माके तथ्यका ज्ञान सतत बनाये रहना चाहिये, यही जैनशासनके अध्ययनका प्रयोजन व फल है।

टीकागत प्रतिज्ञापक छन्दका अर्थ—शुद्ध चैतन्यमात्र मूर्ति होनेपर भी मेरी परिणति परपरिणतिका निमित्तभूत जो मोहनीय नामक कर्म है उसके अनुभाव (उदयविपाक) से अनुभाव्य (रागादि परिणाम) की व्याप्तिसे निरन्तर कल्माषित (मलीन) है, सो समयसारकी व्याख्या ही से मेरी इस अनुभूतिकी परमविशुद्धि होवे।

भावार्थ—टीकाकार पूज्य श्री अमृतचन्द्रजी सूरि कहते हैं कि मैं परमशुद्धद्रव्यार्थिक दृष्टिसे शुद्ध चैतन्यमात्र अविकार आनन्दमय हूं, परन्तु द्रव्य कोई परिणमे बिना रहता नहीं, मैं भी परिणम रहा हूं, लेकिन मोहनीय नामक कर्मके उदयविपाकका निमित्त पाकर रागादि भावरूप मलिन परिणम रहा हूं। अब मैं सहज शुद्ध आत्मद्रव्यका निरूपण करने वाले समयसार ग्रन्थराजकी व्याख्या कर रहा हूं सो इस व्याख्या करनेका मेरा प्रयोजन यही है कि रागादि-मलिन अनुभूति दूर होवे और शुद्ध ज्ञानानन्दस्वभाव सहज आत्मतत्त्वकी अनुभूति प्रतीति चर्यारूप मेरी परमविशुद्धि होवे।

प्रसंगविवरण—टीकाकार श्री सूरिजी समयसारकी व्याख्या करेंगे सो व्याख्या करने

अथ सूत्रावतारः—

वंदित्तु सव्वसिद्धे धुवमचलमणोवमं गइं पत्ते ।
वोच्छामि समयपाहुडमिणमो सुयकेवलीभणियं ॥१॥

वंदन करि सिद्धोंको, ध्रुव अचल अनूप जिन सुगति पाई ।
समयप्राभृत कहूंगा, यह श्रुतकेवलिप्रणीत अहो ॥१॥

वंदित्वा सर्वसिद्धान् ध्रुवामचलामनुपमां गतिं प्राप्तान् । वक्ष्यामि समयप्राभृतमिदं अहो श्रुतकेवलिभणितम् ।

'वंदित्तु' इत्यादि । अथ प्रथमत एव स्वभावभावभूततया ध्रुवत्वमवलंबमानामनादि-भावांतरपरपरिवृत्तिविश्रान्तिवशेनाचलत्वमुपगतामखिलोपमानविलक्षणाद्भुतमाहात्म्यत्वेनाविद्यमानोपम्यामपवर्गसंज्ञिकां गतिमापन्नान् भगवतः सर्वसिद्धान् सिद्धत्वेन साध्यस्यात्मनः प्रतिच्छं-

---

प्रकृतिशब्द— सर्व, सिद्ध, ध्रुव, चल, उप—मा, गति, प्र-आप्त, सम्-अय, प्राभृत इदम, अहो, श्रुतकेवलिन् भणित । **मूलधातु**— वदि अभिवादनस्तुत्योः, षिधु गत्यां, चल कम्पन, गम्लृ, गतौ, अप्लृ

से पहिले व्याख्याका सम्बन्ध, अभिधेय, प्रयोजन व शक्यानुष्ठान परख लेना आवश्यक है । इस छन्दमें इन्हीं चारोंका प्रकाश है । सम्बन्ध—समयसारकी व्याख्या करना है सो व्याख्यान व्याख्येय सम्बन्ध प्रकट है । अभिधेय—समयसारोक्त शुद्धात्मस्वरूप है । प्रयोजन—समयसारकी चर्चा व आराधनाके बलसे परमविशुद्धि (निर्मलता) प्राप्त करना है । शक्यानुष्ठान—याने किया जा सकने योग्य कार्य है ही ।

तथ्यप्रकाश—(१) जीवके विकारका निमित्तकारण पुद्गलकर्मविपाक है, स्वयं जीव नहीं, यदि यह उपादान जीव अपने विकारका खुद निमित्त कारण हो जाय तो विकार कभी नष्ट हो ही नहीं सकेगा, जीव विकारका नित्यकर्ता हो जावेगा । (२) यह आत्मा सहज चैतन्यमात्रमूर्ति है याने अविकारस्वरूप है ।

सिद्धान्त—(१) विकार नैमित्तिक भाव है । (२) आत्मा सहज शाश्वत चैतन्यमात्र मूर्ति है ।

दृष्टि—१—उपाधिसापेक्ष अशुद्धद्रव्यार्थिकनय (२४) । २—परमशुद्ध अभेदविषयी अंतिम व्यवहारनय नामक द्रव्यार्थिकनय (१५), परमभावग्राहक द्रव्यार्थिकनय (३०) ।

प्रयोग—जैसे कि व्याख्याकार पूज्य श्री सूरि जी ने व्याख्याके कार्यका प्रयोजन अपनी परिणाम विशुद्धि निश्चित की है इसी प्रकार हम भी समयसार व आत्मख्याति व अन्य ग्रन्थों के स्वाध्यायका प्रयोजन अपने परिणामकी विशुद्धि निश्चित करें याने सहजशुद्ध अन्तस्तत्त्वकी दृष्टिका पौरुष करके निर्मलता प्राप्त करें ।

टीकागत उत्थानिकाका अर्थ—अब सूत्रका अवतार होता है अर्थात् पूज्य श्री कुन्द-

दस्थानीयान् भावद्रव्यस्तवाभ्यां स्वात्मनि परात्मनि च निधायानादिनिधनश्रुतप्रकाशितत्वेन निखिलार्थसार्थसाक्षात्कारिकेवलिप्रणीतत्वेन श्रुतकेवलिभिः स्वयमनुभवद्भिरभिहितत्वेन च

लम्भने, बन्ध परिभाषणे, अय् गतौ, श्रु श्रवणे, भण शब्दार्थे। **पदविवरण**—वंदित्वा-असमाप्तिकी क्रिया। सर्वसिद्धान्–द्वितीया बहुवचन, असमाप्तिकी क्रियाका कर्म। ध्रुवां, अचलां, अनुपमां–द्वितीया एकवचन, गतिका विशेषण। गतिं–द्वितीया एकवचन। प्राप्तान्–द्वितीया बहुवचन, सिद्धोंका विशेषण। वक्ष्यामि–

कुन्दाचार्य जो कुछ वर्णन करना हृदयमें रख रहे हैं उसमेंसे मंगलाचरण रूप तथा प्रतिज्ञा-संकल्परूप प्रथम गाथा प्रकट होती है।

मैं [ध्रुवां] ध्रुव [अचलां] अचल और [अनुपमां] अनुपम [गतिं] गतिको [प्राप्तान्] प्राप्त हुए [सर्वसिद्धान्] सभी सिद्धोंको [वंदित्वा] नमस्कार कर, [अहो] हे भव्यो, [श्रुतकेवलिभणितं] श्रुतकेवलियों द्वारा कहे हुए [इदं] इस [समयप्राभृतं] समयसार नामक प्राभृतको [वक्ष्यामि] कहूंगा।

तात्पर्य—सिद्धभगवान होनेका प्रोग्राम रखते हुए आचार्य सिद्धभगवंतको नमस्कार करके सिद्ध होनेके उपायभूत आराध्य समयप्रतिपादक समयप्राभृतका कथन करेंगे।

टीकार्थ—यहाँ अथ शब्द मंगलके अर्थको सूचित करता है। और प्रथमत एव (ग्रंथकी आदिमें) सब सिद्धोंको भाव-द्रव्यस्तुतिसे अपने आत्मामें और परके आत्मामें स्थापन कर इस समय नामक प्राभृतका (हम) भाववचन और द्रव्यवचन द्वारा परिभाषण आरम्भ करते हैं, इस प्रकार श्री कुन्दकुन्दाचार्य कहते हैं। वे सिद्धभगवान् सिद्ध नामसे साध्य जो आत्मा उसके प्रतिच्छन्दके स्थानीय आदर्श हैं। जिनका स्वरूप संसारी भव्य जीव चिंतवन कर, उनके समान अपने स्वरूपका ध्यान कर उन्हींके समान हो जाते हैं। और चारों गतियोंसे विलक्षण जो पंचमगति मोक्ष, उसे पा लेते हैं। वह पंचमगति स्वभावसे उत्पन्न हुई है, इसलिये ध्रुवरूपका अवलम्बन करती है, इस विशेषणसे सिद्ध हुआ कि चारों गतियाँ परनिमित्तसे होती हैं, इसलिये ध्रुव नहीं हैं, विनश्वर हैं, इसलिये सिद्ध दशाका चारों गतियोंसे पृथक्पना प्रसिद्ध हुआ। वह गति अनादिकालसे अन्य भावके निमित्तसे हुए परमें भ्रमणकी विश्रांति (अभाव) के वशसे अचल दशाको प्राप्त हुई है, इस विशेषणसे चारों गतियोंमें परनिमित्तसे जो भ्रमण था उसका व्यवच्छेद हुआ। जगतमें समस्त जो उपमायोग्य पदार्थ हैं, उनसे विलक्षण है—अद्भुत माहात्म्यके कारण जो किसीकी उपमा नहीं पा सकती। इस विशेषणसे चारों गतियोंमें किसी से समानता भी पायी जाती है इसका निराकरण हुआ। वह अपवर्गरूप है, धर्म अर्थ और काम इस त्रिवर्गमें न होनेसे वह मोक्षगति अपवर्ग कही गई है। ऐसी पंचम गतिको सिद्धभगवान् प्राप्त हुए हैं। कैसा है समयप्राभृत? अनादिनिधन परमागम शब्द-ब्रह्म द्वारा प्रकाशित होनेसे तथा सब पदार्थोंके समूहके साक्षात् करने वाले केवली भगवान् सर्वज्ञके द्वारा प्रणीत

प्रमाणतामुपगतस्यास्य समयप्रकाशकस्य प्राभृताह्वयस्यार्हत्प्रवचनावयवस्य स्वपरयोरनादिमोह-प्रहाणाय भाववाचा द्रव्यवाचा च परिभाषणमुपक्रम्यते ॥१॥

भविष्यत् क्रिया उत्तम पुरुष एकवचन। समयप्राभृतं–कर्मकारक द्वितीया एकवचन। अहो––अव्यय। इदं–कर्मविशेषण। श्रुतकेवलिभणितं–कर्मविशेषण द्वितीया एकवचन।

होनेसे और केवलियोंके निकटवर्ती साक्षात् सुनने वाले और स्वयं अनुभव करने वाले ऐसे श्रुतकेवली गणधर देवोंके द्वारा कहे जानेसे प्रमाणताको प्राप्त हुआ है, तथा समय अर्थात् सर्व पदार्थ अथवा जीव पदार्थका प्रकाशक है। और अरहंत भगवान्के परमागमका अवयव (अंश) है। ऐसे समयप्राभृतका अनादिकालसे उत्पन्न हुए अपने और परके मोह––अज्ञान मिथ्यात्वके नाश होनेके लिये मैं परिभाषण (व्याख्यान) करूंगा।

भावार्थ––यहांपर गाथासूत्रमें आचार्यने "वक्ष्यामि" क्रिया कही है, उसका अर्थ टीकाकारने "वच परिभाषणे" धातुसे परिभाषण लेकर किया है। उसका आशय ऐसा सूचित होता है कि जो चौदह पूर्वमें ज्ञानप्रवाद नामा छठे पूर्वके बारह 'वस्तु' अधिकार हैं, उनमें भी एक-एकके बीस-बीस प्राभृत अधिकार हैं, उनमें दसवें वस्तुमें समय नामक जो प्राभृत है, उसका परिभाषण आचार्य करते हैं। सूत्रोंकी दस जातियां कही गई हैं, उनमें एक परिभाषा जाति भी है। जो अधिकारको यथास्थान सूचना दे वह परिभाषा कही जाती है। इस समयनामा प्राभृतके मूल सूत्रोंका ज्ञान तो पहले बड़े आचार्योंको था और उसके अर्थका ज्ञान आचार्योंकी परिपाटीके अनुसार श्री कुन्दकुन्दाचार्यको था। इसलिये उन्होंने समयप्राभृतके परिभाषासूत्र रचे हैं। वे उस प्राभृतके अर्थको ही सूचित करते हैं, ऐसा जानना। मंगलके लिये सिद्धोंको जो नमस्कार किया और उनका 'सर्व' ऐसा विशेषण दिया, इससे वे सिद्ध अनन्त हैं, ऐसा अभिप्राय दिखलाया और 'शुद्ध आत्मा एक ही है, ऐसा अन्य आशयका व्यवच्छेद किया। संसारीके शुद्ध आत्मा साध्य है, वह शुद्धात्मा साक्षात् सिद्ध है, उनको नमस्कार करना उचित ही है। श्रुतकेवली शब्दके अर्थमें श्रुत तो अनादिनिधन प्रवाहरूप आगम है और केवली शब्द से सर्वज्ञ तथा परमागमके जानने वाले श्रुतकेवली हैं, उनसे समयप्राभृतकी उत्पत्ति कही गई है। इससे ग्रंथकी प्रामाणिकता दिखलाई, और अपनी बुद्धिसे कल्पित होनेका निषेध किया गया है। अन्यवादी छद्मस्थ (अल्पज्ञानी) अपनी बुद्धिसे पदार्थका स्वरूप अन्य प्रकारसे कहकर विवाद करते हैं, उनकी असत्यार्थता बतलाई है। इस ग्रन्थका अभिधेय तो शुद्ध आत्माका स्वरूप है, उसके वाचक इस ग्रंथमें शब्द हैं, उनका वाच्यवाचक रूप सम्बन्ध है और शुद्धात्मा के स्वरूपकी प्राप्ति होना प्रयोजन है। शक्यानुष्ठान तो है ही।

प्रसङ्गविवरण––शुद्धात्मा होना साध्य है, और द्रव्यकर्म भावकर्म व नोकर्म (देह) से रहित शुद्धात्मा सिद्ध भगवान होना सहजसिद्ध शुद्धात्मतत्त्व समयसारकी उपासनासे ही

तत्र तावत्समय एवाभिधीयते—

जीवो चरित्तदंसणणाणट्ठिउ तं हि ससमयं जाण ।
पुग्गलकम्मपदेसट्ठियं च तं जाण परसमयं ॥२॥

दर्शन ज्ञान चरितमें, सुस्थित जीवोंको स्वसमय जानो ।
औपाधिक मायाके, रुचियोंको परसमय जानो ॥२॥

जीवः चरित्रदर्शनज्ञानस्थितः तं हि स्वसमयं जानीहि । पुद्गलकर्मप्रदेशस्थितं च तं जानीहि परसमयम् ।

योऽयं नित्यमेव परिणामात्मनि स्वभावेऽवतिष्ठमानत्वात् उत्पादव्ययध्रौव्यैक्यानुभूतिलक्षणया सत्तयानुस्यूतश्चैतन्यस्वरूपत्वान्नित्योदितविशदहशिज्ञप्तिज्योतिरनंतधर्माधिरूढैकधर्मित्वाद्योतमानद्रव्यत्वः क्रमाक्रमप्रवृत्तविचित्रभावस्वभावत्वादुत्संगितगुणपर्यायः स्वपराकारावभासनसमर्थत्वादुपात्तवैश्वरूप्यैकरूपः प्रतिविशिष्टावगाहगतिस्थितिवर्त्तनानिमित्तत्वरूपित्वाभावाद-

---

प्रकृतिशब्द—जीव, चरित्र, दर्शन, ज्ञान, स्थित, तत्, स्व, समय, पुद्गल, कर्म, प्रदेश, पर, समय । **मूलधातु**—चर चरणे, हाङ्गर प्रेक्षणे, ज्ञा अवबोधने, ष्ठा गतिनिवृत्तौ, अथ स्तौ । **पदविवरण**—जीवः—प्रथमा एकवचन । चरित्रदर्शनज्ञानस्थितः प्रथमा एक० कर्तृविशेषण । तं—द्वि० ए० । स्वसमयं—द्वितीया एकवचन, कर्मकारक । जानीहि—ज्ञा धातु लोट्लकारका मध्यम पुरुष एकवचन । पुद्गलकर्मप्रदेशस्थितं—द्वितीया एक-

---

शक्य है । अतः शुद्धात्मतत्त्वप्रतिपादक समयसार ग्रन्थकी रचनाके आरम्भमें पूज्य श्री कुन्दकुन्दाचार्यने सिद्धभगवानका वन्दन किया है ।

तथ्यप्रकाश—(१) स्वाभाविक स्थिति ध्रुव हुआ करती है । (२) उपाधिरहित केवल की स्थिति अचल हुआ करती है । (३) सिद्धदशा गतिरहित स्थिति है, अतः सिद्धकी उपमा देनेको अन्य कुछ है ही नहीं, हाँ यही कहा जा सकता है कि सिद्धदशा तो सिद्धदशाके ही समान है । (४) भावस्तुतिसे भक्तके आत्मामें प्रभुका स्थापन होता है । (५) द्रव्यस्तुतिसे दूसरे आत्मा भी अपनेमें प्रभुका स्थापन करते हैं । (६) समयसारकी प्रामाणिकताके ३ चिह्न निर्देशित हैं—(क) अनादिनिधन परम्परागत आगमसे इसका प्राकट्य है । (ख) सकल पदार्थ का साक्षात्कार करने वाले प्रभुकी दिव्यध्वनिसे आगम निकला है । (ग) स्वयं अनुभव करने वाले श्रुतकेवलियोंने इसे बताया है । (७) इस रचनाका प्रयोजन मोहविध्वंस है ।

सिद्धान्त—(१) सिद्धदशा कभी भी मिटती नहीं । (२) प्रभुस्तवनादिमें आत्मा अपने ही ज्ञानका परिणमन कर रहा है ।

दृष्टि— १— सादिनित्य पर्यायार्थिक नय (३६) । २— कारककारकिभेदक सद्भूतव्यवहार (७२) ।

प्रयोग—सिद्ध भगवंतकी अभिवन्दनाके समय अपनेमें यह आशय दृढ़ करना चाहिये कि मुझे सिद्धभगवान होना है ॥१॥

साधारणचिद्रूपतास्वभावसद्भावाच्चाकाशधर्माधर्मकालपुद्गलेभ्यो भिन्नोऽत्यंतमनंतद्रव्यसंकरेऽपि स्वरूपादप्रच्यवनात् टंकोत्कीर्णचित्स्वभावो जीवो नाम पदार्थः स समयः, समयत एकत्वेन युगपज्जानाति गच्छति चेति निरुक्तेः। अयं खलु यदा सकलभावस्वभावभासनसमर्थविद्यासमुत्पादकविवेकज्योतिरुद्गमनात्समस्तपरद्रव्यात्प्रच्युत्य दृशिज्ञप्तिस्वभावनियतवृत्तिरूपात्मतत्त्वैकत्वगततया जानीते तदा दर्शनज्ञानचारित्रस्थितत्वात्स्वमेकत्वेन युगपज्जानन गच्छंश्च स्वसमय

वचन कर्मविशेषण। तं—तत् शब्दका पुल्लिगमें द्वितीया विभक्तिका एकवचन। हि—अव्यय। च—अव्यय। परसमयं—द्वितीया विभक्तिका एकवचन, कर्मकारक।

प्रथम गाथामें समयके प्राभृत कहनेकी प्रतिज्ञा की थी वहाँ यह जिज्ञासा हुई कि समय क्या है, इसलिये प्रथम ही समयका स्वरूप कहते हैं—हे भव्य, जो [जीवः] जीव [चरित्रदर्शनज्ञानस्थितः] दर्शन, ज्ञान और चारित्रमें स्थित हो रहा है [तं] उसे [हि] निश्चयसे [स्वसमयं] स्वसमय [जानीहि] जानो। [च] और जो जीव [पुद्गलकर्मप्रदेशस्थितं] पुद्गलकर्मके प्रदेशोंमें स्थित है [तं] उसे [परसमयं] परसमय [जानीहि] जानो।

तात्पर्य—स्वभावमें स्थित जीव स्वसमय है। परभावमें स्थित जीव परसमय है। स्वसमय व परसमय दोनों अवस्थावोंमें व्यापक प्रत्यागात्मा समय है।

टीकार्थ—जो यह जीव नामक पदार्थ है वह ही समय है। क्योंकि समय शब्दका ऐसा अर्थ है—'सम' तो उपसर्ग और 'अय गतौ' धातु है उसका गमन अर्थ भी है तथा ज्ञान अर्थ भी है, 'सम' का अर्थ एक साथ है। इसलिए एक कालमें ही जानना और परिणमन करना ये दो क्रियायें जिसमें हों वह समय है। यह जीव पदार्थ एक कालमें ही परिणमन करता है और जानता भी है इसलिए यही समय है। इस तरह दो क्रियायें एक कालमें होती हैं। वह समय नामक जीव नित्य ही परिणमन स्वभावमें रहनेसे उत्पाद व्यय ध्रौव्यकी एकतारूप-अनुभूति लक्षण वाली सत्तासे युक्त है। वह चैतन्यस्वरूपी होनेसे नित्य उद्योतरूप निर्मल दर्शनज्ञान-ज्योतिस्वरूप है—चैतन्यका परिणमन दर्शनज्ञानस्वरूप है। अनंत धर्मोंमें रहने वाला जो एक धर्मी उससे उसका द्रव्यत्व प्रकट हुआ है, क्योंकि अनंतधर्मोंकी एकता ही द्रव्यत्व है। क्रमरूप और अक्रमरूप प्रवृत्त हुए जो अनेक भाव उस स्वभावसे युक्त होनेसे उसने गुणपर्यायों को अंगीकार किया है। पर्याय तो क्रमवर्ती हैं और गुण सहवर्ती होते हैं और सहवर्तीको अक्रमवर्ती भी कहते हैं। अपने और अन्य द्रव्योंके आकारके प्रकाशन करनेमें समर्थ होनेसे उसने समस्त रूपको झलकाने वाली एकरूपता पा ली है अर्थात् जिसमें अनेक वस्तुओंका आकार झलकता है, ऐसे एक ज्ञानके आकाररूप है। पृथक्-पृथक् जो अवगाहन, गति, स्थिति और वर्तनाकी हेतुता तथा रूपित्व (द्रव्योंके गुण) के अभावसे और असाधारण चैतन्यरूप स्वभाव के सद्भावसे—आकाश, धर्म, अधर्म, काल और पुद्गल—इन पाँच द्रव्योंसे भिन्न है, वह अनंत

इति । यदा त्वनाद्यविद्याकंदलीमूलकंदायमानमोहानुवृत्तितंत्रतया दृशिज्ञप्तिस्वभावनियतवृत्तिरूपादात्मतत्त्वात्प्रच्युत्य परद्रव्यप्रत्ययमोहरागद्वेषादिभावैकत्वगततत्वेन वर्तते तदा पुद्गलकर्मप्रदेशस्थितत्वात्परमेकत्वेन युगपज्जानन् गच्छंश्च परसमय इति प्रतीयते । एवं किल समयस्य द्वैविध्यमुद्भावति ॥ २ ॥

अन्य द्रव्योंसे अत्यन्त एकक्षेत्रावगाहरूप होनेपर भी अपने स्वरूपसे न छूटनेसे टंकोत्कीर्ण चैतन्यस्वभावरूप है, ऐसा जीव नामक पदार्थ **समय** है । जब यह सब पदार्थोंके स्वभावके प्रकाशनेमें समर्थ ऐसे केवलज्ञानको उत्पन्न करने वाली भेदज्ञानज्योतिके उदय होनेसे सब परद्रव्योंसे पृथक् होकर दर्शन-ज्ञानमें निश्चित प्रवृत्तिरूप आत्मतत्त्वसे एकत्वरूप होकर प्रवृत्ति करता है, तब दर्शन-ज्ञान-चारित्रमें स्थिर होनेसे अपने स्वरूपको एकत्वरूपसे एक कालमें जानता तथा परिणमन करता हुआ **स्वसमय** कहलाता है । और जब यह अनादि अविद्यारूप मूल वाले कंदके समान मोहके उदयके अनुसार प्रवृत्तिकी आधीनतासे दर्शन-ज्ञान स्वभावमें निश्चित वृत्तिरूप आत्मस्वरूपसे छूट परद्रव्यके निमित्तसे उत्पन्न मोह, रागद्वेषादि भावोंमें एक रूप हो प्रवृत्त होता है, तब पौद्गलिक कार्मण प्रदेशोंमें स्थित होनेसे परद्रव्यको अपनेसे अभिन्न, एक कालमें जानता है तथा रागादिरूप परिणमन करता है, अतः **परसमय** ऐसी प्रतीति होती है । इस तरह इस जीव नामक पदार्थके स्वसमय और परसमय—ऐसे दो भेद प्रकट होते हैं ।

भावार्थ—जीव नामक वस्तुको पदार्थ कहा है । वह इस प्रकार है कि पद तो 'जीव' ऐसे अक्षर समूह रूप है और इस पदसे जो द्रव्यपर्यायरूप अनेकांतस्वरूप निश्चित किया जाय, वह उसका अर्थ है । ऐसा पदार्थ उत्पाद-व्यय-ध्रौव्यमयी सत्ता स्वरूप है । दर्शनज्ञानमय चेतनास्वरूप है, अनन्तधर्मस्वरूप द्रव्य है (और जो द्रव्य है, वह वस्तु है, गुण-पर्यायवान् है) वह स्व-परप्रकाशक ज्ञान अनेकाकाररूप एक है, आकाशादिकसे भिन्न असाधारण चैतन्यगुणस्वरूप है और यद्यपि वह अन्य द्रव्योंसे एक क्षेत्रावगाहरूप स्थित है तो भी अपने स्वरूपको नहीं छोड़ता । ऐसा जीव नामक पदार्थ समय है । वह जब अपने स्वभावमें स्थित होता है, तब तो स्वसमय है और जब पौद्गलिक कर्मप्रदेशोंमें स्थित होता हुआ परस्वभाव—रागद्वेष-मोह-स्वरूप परिणमन करता है तब परसमय है । ऐसे इस जीवके द्विविधता आती है ।

प्रसङ्गविवरण—समयसारके परिभाषणमें पहिले समयसार शब्दका वाच्य बताना चाहिये । सो समयसार शब्द द्वारा वाच्य अनादि अनन्त अहेतुक चैतन्यस्वरूपको एकदम कैसे समझाया जा सकता है सो पर्यायमुखेन पहिले समय याने आत्माको, स्वसमय व परसमयके लक्षणको बताया गया है ताकि आसानीसे यह बात समझी जा सके कि जो स्वसमय व परसमयमें रहने वाला एकस्वरूप है वह समय है ।

तथ्यप्रकाश—(१) उत्पादव्ययध्रौव्ययुक्त होनेसे जीव सत् है, पदार्थ है, इस कथनसे

अथैतद् बाध्यते—

एयत्तणिच्छयगओ समओ सव्वत्थ सुंदरो लोए ।
बंधकहा एयत्ते तेण विसंवादिणी होई ॥३॥

सुन्दर शिव सत्य यहां, एक स्वरूपी विशुद्ध चित् तत्त्वम् ।
किन्तु मृषा बन्धकथा, आत्मविसंवादकारिणी बनती ॥३॥

एकत्वनिश्चयगतः समयः सर्वत्र सुन्दरो लोके । बंधकथैकत्वे तेन विसंवादिनी भवति ॥३॥

समयशब्देनात्र सामान्येन सर्व एवार्थोऽभिधीयते । समयत एकीभावेन स्वगुणपर्यायान् गच्छतीति निरुक्तेः । ततः सर्वत्रापि धर्माधर्माकाशकालपुद्गलजीवद्रव्यात्मनि लोके ये यावंतः केचनाप्यर्थास्ते सर्व एव स्वकीयद्रव्यांतर्मग्नानंतस्वधर्मचक्रचुम्बिनोपि परस्परमचुम्बिनोऽत्यंतप्रत्यासत्तावपि नित्यमेव स्वरूपादपतंतः पररूपेणापरिणमनादविनष्टानंतव्यक्तित्वाट्टङ्कोत्कीर्णा इव

प्रकृतिशब्द— एकत्व, निश्चय, गत, समय, सर्व, सुन्दर, लोक, बन्ध, कथा, तद् विसंवादिनी । **मूलधातु**— चिञ् चयने, गम्लृ गतौ, बन्ध बन्धने, वद संदेशवचने । **पदविवरण**—एकत्वनिश्चयगतः—प्रथमा एकवचन, कर्तृविशेषण । समयः—कर्ता । सर्वत्र—अव्यय । सुंदरः—प्रथमा एकवचन । लोके—सप्तमी एकवचन ।

नास्तिकवाद निराकृत हुआ । (२) जीव उत्पादव्यय वाला भी है, इस अंशसे सांख्यादिका अपरिणामवाद निराकृत हुआ । (३) जीव ध्रौव्ययुक्त भी है, इस अंशसे क्षणिकैकान्त निराकृत हुआ । (४) जीव दर्शनज्ञानस्वरूप है, न कि सांख्यादिसम्मत जैसा ज्ञानशून्य । (५) जीव अनन्तधर्मा है, न कि क्षणिकवादसम्मत निरंश स्वलक्षणमात्र । (६) जीव गुणपर्यायवान है, न कि सांख्यादिसम्मत जैसा निर्गुण । (७) जीव विश्वरूपैकरूप है, इससे पराप्रकाशकवाद व अस्वसंवेदवादका निराकरण हुआ । (८) जीव पुद्गलादिसे भिन्न है इस कथनसे मात्र बाह्य वस्तुका ही सत्त्व माननेकी मान्यताका निरास हुआ । (९) निरुपाधिस्वभावमें उपयुक्त जीव स्वसमय है । (१०) औपाधिक भावोंमें उपयुक्त जीव परसमय है ।

सिद्धान्त—(१) जीव उत्पादव्ययध्रौव्ययुक्त है । (२) जीव अनन्तधर्मा है । (३) जीव गुणपर्यायवान है । (४) निरुपाधिस्वभावोपयोगी स्वसमय है । (५) औपाधिकभावोपयोगी परसमय है ।

दृष्टि— १– उत्पादव्ययसापेक्ष अशुद्ध द्रव्यार्थिकनय (२५) । २– भेदकल्पनासापेक्ष अशुद्ध द्रव्यार्थिकनय (२६) । ३– अन्वयद्रव्यार्थिकनय (२७) । ४– शुद्धनिश्चयनय (४६) । ५– अशुद्धनिश्चयनय (४७) ।

प्रयोग—परसमयको कष्टमय व अपवित्र जानकर परसमयतासे उपेक्षा करना और स्वसमयको आनन्दमय व पवित्र जानकर स्वसमयताकी प्राप्तिके आधारभूत समयसार सहज परमात्मतत्त्वकी उपासना करना अर्थात् स्वभावमें स्वतत्त्वका अनुभव करना ॥२॥

तिष्ठंतः समस्तविरुद्धाविरुद्धकार्यहेतुतया शश्वदेव विश्वमनुगृह्णन्तो नियतमेकत्वनिश्चयगतत्वेनैव सौन्दर्यमापद्यंते प्रकारान्तरेण सर्वसंकरादिदोषापत्तेः। एवमेकत्वे सर्वार्थानां प्रतिष्ठिते सति

बन्धकथा—कर्ताकारक प्रथमा एकवचन। एकत्वे—सप्तमी० एकवचन। तेन—तृतीया एकवचन। विसंवादिनी—प्रथमा एकवचन कर्तृविशेषण। भवति—क्रिया।

अब यह द्वैविध्य बाधित किया जाता है अर्थात् समयकी द्विविधता ठीक नहीं है, क्योंकि वह बाधासहित है। वास्तवमें समयका एकत्व होना ही प्रयोजनीय है। समयके एकत्वसे ही यह जीव शोभा पा सकता है [**एकत्वनिश्चयगतः**] एकत्वके निश्चयको प्राप्त [**समयः**] समय [**सर्वत्रलोके**] सब लोकमें [**सुंदरः**] सुंदर है [**तेन**] इसलिए [**एकत्वे**] एकत्वमें [**बंधकथा**] दूसरेके साथ बंधकी कथा [**विसम्वादिनी**] विसम्वाद कराने वाली [**भवति**] है।

तात्पर्य—बन्धनमें संकट हैं, सहजशुद्ध अन्तस्तत्त्वमें पवित्रता व शान्ति है।

टीकार्थ—यहां समय शब्दसे सामान्यतया सभी पदार्थ कहे जाते हैं, क्योंकि समय शब्दका अक्षरार्थ ऐसा है कि 'समयते' अर्थात् एकीभावसे अपने गुणपर्यायोंको प्राप्त हुआ जो परिणमन करे, वह समय है। इसलिए सब ही धर्म, अधर्म, आकाश, काल, पुद्गल और जीवद्रव्य स्वरूप लोकमें जो कुछ पदार्थ हैं, वे सभी यद्यपि अपने द्रव्यमें अंतर्मग्न हुए अपने अनन्त धर्मोंका स्पर्श करते हैं तो भी परस्परमें एक दूसरेका स्पर्श नहीं करते और अत्यन्त निकट एक क्षेत्रावगाहरूप स्थित हैं तो भी सदाकाल निश्चयसे अपने स्वरूपसे च्युत नहीं होते तथा समस्त विरुद्ध कार्य और अविरुद्ध कार्यमें हेतुपनासे सदा विश्वका उपकार करते हैं, परन्तु निश्चयसे एकत्वके निश्चयको प्राप्त होनेसे ही सुन्दरता पाते हैं, क्योंकि जो अन्य प्रकार हो जायें तो संकर व्यतिकर आदि सभी दोष उसमें आ जावें। इस तरह सब पदार्थोंका भिन्न भिन्न एकत्व सिद्ध होनेपर जीव नामक समयको बंधकी कथासे विसंवादकी आपत्ति होती है। क्योंकि बंधकथाका मूल पुद्गल कर्मके प्रदेशोंमें स्थित होना जिसका मूल है, ऐसी परसमयतासे पैदा हुई परसमय स्वसमयरूप द्विविधता जीवके आती है। अतः समयका एकत्व होना ही सुसिद्ध होता है।

भावार्थ—निश्चयसे सब पदार्थ अपने अपने स्वभावमें ठहरते हुए शोभा पाते हैं। परन्तु जीव नामक पदार्थकी अनादिकालसे पुद्गल कर्मके साथ बंध अवस्था है, उससे इस जीव में विसंवाद खड़ा होता है, इसलिए शोभा नहीं पाता। अतः एकत्व होना ही अच्छा है, उसी से यह जीव शोभा पा सकता है।

प्रसंगविवरण—अनन्तरपूर्वकी गाथामें स्वसमय और परसमय ऐसे दो प्रकार बताये गये हैं, किन्तु यह आत्मवस्तुका सहजभाव नहीं है। सहज चैतन्यस्वभावके परिचयकी सुगमता

जीवाह्वयस्य समयस्य बंधकथाया एव विसंवादापत्तिः। कुतस्तन्मूलपुद्गलकर्मप्रदेशस्थितत्वमूल-परसमयोत्वादितमेतस्य द्वैविध्यं। अतः समयस्यैकत्वमेवावतिष्ठते ॥३॥

के लिये ही स्वसमय परसमयका निर्देश किया गया है। पवित्रता व हित सहज चैतन्यस्वभाव के आश्रयसे ही है। अतः द्विविधताके उपयोगसे हटकर निज सहज एकत्वमे आना आवश्यक ही है सो इस एकत्वको बतानेके लिये इस गाथाका अवतार हुआ है।

तथ्यप्रकाश—१–एक ही क्षेत्रमें लोकमें अनेक पदार्थ हैं अथवा बद्ध पदार्थ हैं तो भी सब केवल अपने अपने स्वरूपमें ही तन्मय हैं, समस्त परसे भिन्न हैं। २–कोई भी पदार्थ किसी भी परद्रव्यरूपसे नहीं परिणमता इसी कारण सबकी अपनी अपनी सत्ता कायम है। ३–औपाधिक भावोंके भाव व अभावके कारण आत्मवस्तुमें द्विविधता आई है, किन्तु आत्म-स्वरूपमें द्विविधता नहीं है।

सिद्धान्त—१–निमित्तनैमित्तिक योग होनेपर भी वस्तुस्वातंत्र्य अमिट है। २–आत्म-स्वरूप सहज चैतन्यमात्र एकत्वको प्राप्त है।

दृष्टि—१–उपाधिसापेक्ष अशुद्धद्रव्यार्थिकनय (२४), स्वद्रव्यादिग्राहक द्रव्यार्थिकनय (२८), परद्रव्यादिग्राहक द्रव्यार्थिकनय (२९), २–परमशुद्धनिश्चयनय (४४)।

प्रयोग—पर जीवोंकी ओर दृष्टि दें तो इस तरहकी परख बनायें कि सभी जीवोंमें एकेन्द्रिय आदि सब अवस्थावोंमें अन्तः सहजसिद्ध चैतन्यस्वरूप सतत प्रकाशमान है। अपने आपपर दृष्टि दें तो समस्त औपाधिक भावोंसे दूर रहनेके स्वभाव वाले सहज चैतन्यस्वरूपमात्र अपनेको निरखें।

अब यह एकत्व असुलभतारूपसे बताया जाता है—

[**सर्वस्य अपि**] सब ही लोकोंके [**कामभोगबंधकथा**] काम-भोग-विषयक बंधकी कथा तो [**श्रुतपरिचितानुभूता**] सुननेमें आ गई है, परिचयमें आ गई है और अनुभवमें भी आयी हुई है इसलिए सुलभ है। [**नवरि**] किन्तु केवल [**विभक्तस्य**] पर व परभावसे भिन्न [**एकत्वस्य उपलंभः**] आत्माके एकत्वका लाभ, उसको कभी न सुना, न परिचयमें आया और न अनुभवमें आया इसलिए [**न सुलभः**] सुलभ नहीं है।

तात्पर्य—आत्माका हितमय एकत्वस्वरूप ही सुना जावे, परिचित किया जावे अनुभवा जावे ताकि यह एकत्व सुलभ हो जाये।

टीकार्थ—यद्यपि इस समस्त जीवलोकको कामभोगविषयक कथा एकत्वके विरुद्ध होनेसे अत्यन्त विसम्वाद करने वाली है—आत्माका अत्यंत बुरा करने वाली है, तो भी वह अनन्तबार पहले सुननेमें आई है, अनन्तबार परिचयमें आई है और अनन्त बार अनुभवमें भी

तथैतदसुलभत्वेन विभाव्यते—

सुदपरिचिदाणुभूदा सव्वस्स वि कामभोगबंधकहा ।
एयत्तस्सुवलंभो णवरि ण सुलहो विहत्तस्स ॥४॥

जानी सुनी अनुभवी, जीवोंने कामभोगबंधकथा ।
इससे विविक्त यह निज, एक स्वभावी न ज्ञात हुआ ॥४॥

श्रुतपरिचितानुभूता सर्वस्यापि कामभोगबंधकथा । एकत्वस्योपलंभः नवरि न सुलभो विभक्तस्य ॥४॥

इह सकलस्यापि जीवलोकस्य संसारचक्रकोडनिवेशिनिरंतरानंतद्रव्यक्षेत्रकालभवभावपरावर्तैः समुपक्रांतभ्रांतेरेकच्छत्रीकृतविश्वतया महता मोहग्रहेण गोरिव वाह्यमानस्य प्रसभोज्जृंभिततृष्णातंकत्वेन व्यक्तांतर्माथिस्योत्तम्योत्तम्य मृगतृष्णायमानं विषयग्राममुपरुन्धानस्य परस्परमाचार्यत्वमाचरतोऽनंतशः श्रुतपूर्वानंतशः परिचितपूर्वानंतशोऽनुभूतपूर्वा चैकत्वविरुद्धत्वे-

---

प्रकृतिशब्द—श्रुता, परिचिता, अनुभूता, सर्व, अपि, काम, भोग बन्ध, कथा, एकत्व, उपलम्भ, नवरि, न, सुलभ, विभक्त । **मूलधातु**—श्रु श्रवणे, चित् चेतने, भू सत्तायां, कमि कामनायां, भुज् भोगे, डुलभष् प्राप्तौ । **पदविवरण**—श्रुतपरिचितानुभूता—प्रथमा एकवचन, स्त्रीलिङ्ग । सर्वस्य—षष्ठी एक-

---

आ चुकी है । यह जीवलोक संसाररूपी चक्रके मध्यमें स्थित है, जो निरन्तर अनन्त बार द्रव्य, क्षेत्र, काल, भव व भावरूप परावर्तन करनेसे भ्रमण करता रहता है, समस्त लोकको एकछत्र राज्यसे वश करने वाले बलवान मोहरूपी पिशाचसे बैलकी भाँति जोता जाता है, वेग से बढ़ी हुई तृष्णारूपी रोगके संतापसे जिसके अन्तरंगमें क्षोभ और पीड़ा हुई है, मृगकी तृष्णा के समान भ्रान्त-संतप्त होकर इन्द्रियोंके विषयोंकी ओर दौड़ता है । इतना ही नहीं, परस्पर आचार्यत्व भी करता है अर्थात् दूसरेको भी कहकर अंगीकार कराता है । इसलिए काम-भोग की कथा तो सबको सुलभ है । परंतु निर्मल भेदविज्ञानरूपी प्रकाशसे स्पष्ट दिखाई देने वाला भिन्न आत्माका जो एकत्व है, वह यद्यपि सदा प्रकट रूपसे अंतरंगमें प्रकाशमान है, तो भी वह कषायोंके साथ एकरूप सरीखा हो रहा है, इसलिए उसका अत्यंत तिरोभाव हो रहा है—आच्छादित है । इस कारण अपनेमें अनात्मज्ञता होनेसे, न अपनेको स्वयं भी जाना और दूसरे आत्माके जानने वालोंकी संगति सेवा भी नहीं की, इसलिए वह एकत्व न कभी सुननेमें आया, न परिचयमें आया और न कभी अनुभवमें ही आया । इस कारण भिन्न आत्माके एकत्वकी सुलभता नहीं है ।

भावार्थ—इस लोकमें सभी जीव संसाररूप चक्रपर चढ़े पाँच परावर्तनरूप भ्रमण करते हैं । वहाँपर मोहकर्मके उदयरूप पिशाचसे जोते जाते हैं, इसी कारणसे विषयोंकी तृष्णा रूप दाहसे पीड़ित होते हैं । उसमें भी उस दाहकी शान्तिका उपाय इन्द्रियोंके रूपादि विषयों

नात्यंतविसंवादित्वेपि कामभोगानुबद्धा कथा। इदं तु नित्यव्यक्ततयांतःप्रकाशमानमपि कषायचक्रेण सहैकीक्रियमाणत्वादत्यंततिरोभूतं सत्स्वस्यानात्मज्ञतया परेषामात्मज्ञानामनुपासनाच्च न कदाचिदपि श्रुतपूर्वं न कदाचिदपि परिचितपूर्वं न कदाचिदप्यनुभूतपूर्वं च निर्मलविवेकालोकविविक्तं केवलमेकत्वं। अत एकत्वस्य न सुलभत्वम् ॥४॥

वचन। अपि—अव्यय। कामभोगबंधकथा—प्रथमा एकवचन कर्ता। एकत्वस्य—षष्ठी एकवचन। उपलंभः—प्र० ए०। नवरि—अव्यय। न—अव्यय। सुलभः—प्र० ए० कर्तृविशेषण। विभक्तस्य—षष्ठी विभक्ति एक०।

को जानकर उनकी ओर दौड़ते हैं। और परस्परमें भी विषयोंका ही उपदेश करते हैं। इसलिये काम (विषयोंकी इच्छा) तथा भोग (उनका भोगना) इन दोनोंकी कथा तो अनन्त बार सुनी, परिचय और अनुभवमें आई, इस कारण सुलभ है। किन्तु सब परद्रव्योंसे भिन्न चैतन्यचमत्कारस्वरूप अपने आत्माकी कथाका न तो स्वयमेव कभी ज्ञान हुआ और जिनके हुआ, उनकी न कभी सेवा की, इसलिए इसकी कथा न कभी सुनी, और न वह कभी परिचय और अनुभवमें ही आई। इस कारण आत्माके एकत्वका पाना सुलभ नहीं है, दुर्लभ है।

प्रसंगविवरण—जिस समयसारका, आत्माके एकत्वका लक्ष्य रखना है वह दुर्लभ क्यों रहा यह बताना इस कारण आवश्यक है ताकि एकत्वको ओझल कराने वाले अपराधको मेटा जावे। इस उद्देश्यसे इस गाथाका अवतार हुआ है।

तथ्यप्रकाश—(१) यह मोही सारे विश्वपर एकछत्र राज्य चाहता है, इस कारण कोल्हूके बैलकी तरह विकल्प बोझोंको ढोता फिरता है। (२) इच्छावोंके वेगसे तृष्णा उठनेके कारण इस जीवको अन्तरमें दुःख प्रकट हो रहा है। (३) यह जीव तृष्णामहारोगसे पीड़ित होनेसे विषयसाधनोंको हापटा मारकर पकड़े हुए है। (४) विकल्प द्वारा कषायके साथ अपने एकत्वको मिला देनेसे मोहीको एकत्वका ज्ञान असुलभ है।

सिद्धान्त—(१) जीवलोकमें संसारी अज्ञानी जीवोंका संग्रह होता है। (२) यह जीव तृष्णाकी वेदना न सही जानेसे विषयसाधनोंको रोकता है।

दृष्टि—१– अशुद्ध अपरसंग्रहनय नामक द्रव्यार्थिकनय (८)। २– परकर्तृत्वव्यवहार (१२६)।

प्रयोग—कामभोगबन्धकी दशा कष्टकारिणी है इस कारण पञ्च इन्द्रियके विषयोंसे हटनेके लिए आनन्दनिधान सहज अन्तस्तत्त्वकी चर्चा सुनने व इस एकत्वको अनुभवनेके लिये यह प्रयत्न हो—ज्ञानसे ज्ञानमें ज्ञान ही हो। इस अभ्याससे निज सहज एकत्वस्वरूपकी सुलभता हो जावेगी ॥४॥

इस ही कारण अब भिन्न आत्माका एकत्व दिखलाया जाता है—[**तं**] उस [**एकत्वविभक्तं**] एकत्वविभक्त आत्माको [**अहं**] मैं [**आत्मनः**] आत्माके [**स्वविभवेन**] निज

अत एवंतदुपदर्श्यते—

तं एयत्तविहत्तं दाएहं अप्पणो सविहवेण ।
जदि दाएज्ज पमाणं चुक्किज्ज छलं ण घेत्तव्वं ॥५॥

आत्मविभवके द्वारा, उस एकत्वविभक्तको लखाऊँ ।
यदि लख जावे मानो, न लखे तो दोष मत गहना ॥५॥

तमेकत्वविभक्तं दर्शयेहमात्मनः स्वविभवेन । यदि दर्शयेयं प्रमाणं स्खलेयं छलं न गृहीतव्यम् ॥५॥

इह किल सकलोद्भासिस्यात्पदमुद्रितशब्दब्रह्मोपासनजन्मा समस्तविपक्षक्षोदक्षमातिनिस्तुषयुक्त्यवलंबनजन्मा निर्मलविज्ञानघनांतर्निमग्नपरापरगुरुप्रसादीकृतशुद्धात्मतत्त्वानुशासनजन्मा

प्रकृतिशब्द—तत्, एकत्वविभक्त, आत्मन्, स्व, विभव, यदि, प्रमाण, छल, न । मूलधातु—वि–भज विभागे । दृशिर् अवलोकने । घि–धू संयोगे । प्र–मा माने । स्खल संचलने । ग्रह ग्रहणे ।

वैभव द्वारा [दर्शये] दिखलाता हूं, [यदि] जो मैं [दर्शयेयं] दिखलाऊँ तो उसे [प्रमाणं] प्रमाण (स्वीकार) करना [स्खलेयं] और जो कहींपर चूक जाऊँ तो [छलं] छल [न] नहीं [गृहीतव्यम्] ग्रहण करना ।

तात्पर्य—आचार्यदेव अपने वैभवसे एकत्वविभक्त अन्तस्तत्त्वको बता रहे हैं उसे भक्तिसे सुनना व ग्रहण करना चाहिये ।

टीकार्थ—आचार्य कहते हैं कि जो कुछ मेरे आत्माका निज वैभव है उस सबसे मैं इस एकत्वविभक्त आत्माको दिखलानेके लिये उद्यत हुआ हूं । मेरे आत्माके निज वैभवका जन्म, इस लोकमें प्रकट समस्त वस्तुओंको प्रकाश करने वाला और स्यात् पदसे चिह्नित शब्द ब्रह्म–अरहंतके परमागमकी उपासनासे हुआ है । (यहाँ 'स्यात्' इस पदका तो कथंचित् अर्थ है अर्थात् किसी प्रकारसे कहना और सामान्यधर्मसे वचनगोचर सब धर्मोंका नाम आता है तथा वचनके अगोचर जो कोई विशेष धर्म हैं उनका अनुमान कराता है । इस तरह वह सब वस्तुओंका प्रकाशक है । इस कारण सर्वव्यापी कहा जाता है और इसीसे अरहंतके परमागमको शब्दब्रह्म कहते हैं । उसकी उपासनाके द्वारा मेरा ज्ञान वैभव उत्पन्न हुआ है) तथा जिसका जन्म समस्त विपक्ष—अन्यवादियों द्वारा ग्रहण किये गये सर्वथा एकांतरूप नयपक्षके निराकरण में समर्थ अतिनिस्तुष (सुस्पष्ट) निर्बाधयुक्तिके अवलंबनसे है; निर्मल विज्ञानघन आत्मामें अंतर्निमग्न परमगुरु सर्वज्ञ देव, अपरगुरु गणधरादिकसे लेकर हमारे गुरुपर्यंतके प्रसादसे प्राप्त हुए शुद्धात्मतत्त्वके अनुग्रहपूर्वक उपदेशसे जिसका जन्म है; निरन्तर झरते हुए आस्वादमें आये और सुन्दर आनन्दसे मिले हुए प्रचुर ज्ञानस्वरूप आत्माके स्वसम्वेदनसे जिसका जन्म है, ऐसा जो कुछ मेरे ज्ञानका वैभव है, उस समस्त वैभवसे उस एकत्वविभक्त आत्माका स्वरूप दिख-

अनवरतस्यंदिसुन्दरानन्दमुद्रितामंदसंविदात्मकस्वसंवेदनजन्मा च यः कश्चनापि ममात्मनः स्वो-विभवस्तेन समस्तेनाप्ययं तमेकत्वविभक्तमात्मानं दर्शयेहमिति बद्धव्यवसायोस्मि । किंतु यदि दर्शयेयं तदा स्वयमेव स्वानुभवप्रत्यक्षेण परीक्ष्य प्रमाणीकर्तव्यं । यदि तु स्खलेयं तदा तु न छलग्रहणजागरूकैर्भवितव्यम् ॥५॥

पदविवरण—तं–द्वितीया एकवचन । एकत्वविभक्तं–द्वि० ए० । दर्शये–णिजन्त लट् लकार उत्तम पुरुष एकवचन । अहं–प्रथमा ए० । स्वविभवेन–तृ० ए० । यदि–अव्यय । दर्शयेयं–लिङ् लकार उत्तम पुरुष एक-वचन । प्रमाणं–प्र० ए० । स्खलेयं–लिङ् लकार उत्तम० एक० । छलं–प्र० ए० । गृहीतव्यम्–प्रथमा एक-वचन, क्रिया ॥५॥

लाता हूं । यदि दिखला दूं तो स्वयमेव अपने अनुभव प्रत्यक्षसे परीक्षा करके प्रमाण करना, यदि चूक जाऊँ तो छल (दोष) ग्रहण करनेमें जागरूक नहीं रहना ।

भावार्थ—आचार्य आगमका अध्ययन, युक्तिका अवलम्बन, परापर गुरुका उपदेश पाना और स्वसंवेदन—इन चार उपायोंसे उत्पन्न हुए अपने ज्ञानके वैभवसे एकत्वविभक्त शुद्ध आत्माका स्वरूप दिखलाते हैं । उसे सुनकर हे श्रोताओ, अपने स्वसम्वेदन प्रत्यक्षसे प्रमाण करना, कहीं समझमें न आवे तो छल न मानना । आत्मस्वरूपके जाननेका अमोघ उपाय अनुभव है, इसीसे शुद्ध स्वरूपका निश्चय करना ।

प्रसंगविवरण—आत्माका एकत्व लोगोंको असुलभ है यह बात अनन्तर पूर्व गाथामें कही गई थी । सो एकत्वका लाभ असुलभ तो है, किन्तु अत्यावश्यक है । एकत्वके लाभ बिना मोक्षमार्ग मिलता ही नहीं है, इसी कारण आचार्यदेव उस एकत्वको दिखानेका इस गाथामें संकल्प कर रहे हैं और लोगोंको एकत्व समझनेकी उमंग दिला रहे हैं ।

तथ्यप्रकाश—(१) ग्रन्थकार आचार्यदेवने आगम शास्त्रोंका विपुल अध्ययन मनन किया था । (२) दर्शनशास्त्रके प्रकाण्ड विद्वान् होनेसे निस्तुष युक्तियोंसे तत्त्वसिद्धिकी ग्रन्थ-कारमें पूर्ण क्षमता थी । (३) ज्ञाननिधान पर अपर गुरुकी विनय सेवाके प्रसादसे ग्रन्थकारको शुद्धात्मतत्त्वका अनुशासन मिला था । (४) आचार्यदेवने स्वयं स्वसंवेदन प्राप्त किया था । (५) महोपदेश सुननेपर भी श्रोता अपने अनुभवप्रत्यक्षसे परीक्षा करके प्रमाण किया करता है ।

सिद्धान्त—(१) स्वानुभवप्रत्यक्षसे प्रमाण माननेकी बात सही होनेपर भी स्वपरो-पग्रहका व्यवहार (कथन) चलता ही है उसका उद्देश्य निमित्त व प्रयोजनको दिखाना मात्र है ।

दृष्टि—१– असंश्लिष्ट स्वजात्युपचरित असद्भूतव्यवहार (१२४) ।

कोऽसौ शुद्ध आत्मेति चेत्—

णवि होदि अप्पमत्तो ण पमत्तो जाणओ दु जो भावो ।
एवं भणंति सुद्धं णाओ जो सो उ सो चेव ॥६॥

नहिं रागी न विरागी, केवल चैतन्यमात्र ज्ञायक यह ।
निर्मल शुद्ध वह जो, ज्ञात हुआ वह वही शाश्वत ॥६॥

नापि भवत्यप्रमत्तो न प्रमत्तो ज्ञायकस्तु यो भावः । एवं भणंति शुद्धं ज्ञातो यः स तु स चैव ॥६॥

यो हि नाम स्वतः सिद्धत्वेनानादिरनंतो नित्योद्योतो विशदज्योतिर्ज्ञायक एको भावः स संसारावस्थायामनादिबंधपर्यायनिरूपणया क्षीरोदकवत्कर्मपुद्गलैः सममेकत्वेपि द्रव्यस्वभावनिरूपणया दुरंतकषायचक्रोदयवैचित्र्यवशेन प्रवर्त्तमानानां पुण्यपापनिर्वर्त्तकानामुपात्तवैश्वरूप्याणां शुभाशुभभावानां स्वभावेनापरिणमनात्प्रमत्तोऽप्रमत्तश्च न भवत्येष एवाशेषद्रव्यांतर-

---

नामसंज्ञ—ण, वि, अप्पमत्त, ण, पमत्त, जाणअ, दु, ज, भाव, एवं, सुद्ध, णाअ, ज, त, उ, त, चेव । **धातुसंज्ञ**—हो सत्तायां, भण कथने । **प्रकृतिशब्द**—न, अपि, अप्रमत्त, न, ज्ञायक, तु, यत्, भाव, एवं, शुद्ध, ज्ञात, यत्, तत्, तु, तत्, च, एव । **मूलधातु**—मदी मोहने, ज्ञा अवबोधने, भू सत्तायां, शुध शोचे, भण वाचि । **पदविवरण**—न—अव्यय, अपि—अव्यय । भवति—लट् प्रथम पुरुष एकवचन । अप्रमत्तः—प्रथमा एक० । न—

प्रयोग—आगम अभ्यास, दार्शनिक बोध, सविनय गुरुसेवा और तत्त्वमननकी प्रतिदिन साधना करते हुए सत्याग्रह (स्वभावदृष्टि) व असहयोग (परभावोंसे उपेक्षा) से अपनेमें अपने सहजस्वरूपके अनुभवनेका पौरुष करना ॥५॥

अब ऐसा शुद्ध आत्मा कौन है कि जिसका स्वरूप जानना चाहिये ? ऐसे प्रश्नका उत्तररूप गाथा सूत्र कहते हैं—[तु यः] अहो जो [ज्ञायकः भावः] ज्ञायक भाव है वह [अप्रमत्तः अपि] अप्रमत्त भी [न] नहीं है और [न प्रमत्तः] न प्रमत्त ही है [एवं] इस तरह [शुद्धं] उसे शुद्ध [भणंति] कहते हैं [च यः] और जो [ज्ञातः] ज्ञायक रूपसे ज्ञात हुआ [सः] वह [स एव तु] वही है, अन्य कोई नहीं ।

तात्पर्य—अन्तस्तत्त्व स्वसम्वेद्य सहज प्रतिभासस्वरूप है ।

टीकार्थ—जो एक ज्ञायक भाव है, वह अपने आपसे ही सिद्ध होनेसे (किसीसे उत्पन्न नहीं होनेसे) अनादिसत्तारूप है और कभी विनाशको प्राप्त न होनेसे अनन्त है, नित्य उद्योत रूप है, स्पष्ट प्रकाशमान ज्योति है, वह संसारकी अवस्थामें अनादिबंधपर्यायकी निरूपणा (अपेक्षा) से दूध जलकी तरह कर्मरूप पुद्गलद्रव्य सहित होनेपर भी द्रव्यके स्वभावकी अपेक्षा से देखा जाय, तब तो जिसका मिटना कठिन है, ऐसे कषायोंके उदयकी विचित्रतासे प्रवृत्त

भावेभ्यो भिन्नत्वेनोपास्यमानः शुद्ध इत्यभिलप्येत । न चास्य ज्ञेयनिष्ठत्वेन ज्ञायकत्वप्रसिद्धेः दाह्यनिष्ठदहनस्येवाशुद्धत्वं यतो हि तस्यामवस्थायां ज्ञायकत्वेन यो ज्ञातः स स्वरूपप्रकाशनदशायां प्रदीपस्येव कर्तृकर्मणोरनन्यत्वात् ज्ञायक एव ॥६॥

अव्यय । प्रमत्तः—प्रथमा एक० । ज्ञायकः—प्र० ए० तु—अव्यय । यः—प्र० एक० । भावः—प्र० एक० । एवं—अव्यय । भणंति—लट्—अन्यपुरुष बहुवचन । शुद्धं—द्वितीया एक० । ज्ञातः—प्र० ए० । यः—प्र० ए० । सः—प्र० ए० । तु—अव्यय । सः—प्र० ए० । च—अव्यय । एव—अव्यय ॥६॥

हुए पुण्य-पापके उत्पन्न करने वाले समस्त अनेकरूप शुभ अशुभ भावके स्वभावसे परिणमन नहीं करता (ज्ञायकभावसे जड़ भावरूप नहीं होता) । इसलिए वह ज्ञायकभाव प्रमत्त भी नहीं है और अप्रमत्त भी नहीं है । यही समस्त अन्य द्रव्योंके भावोंसे भिन्न रूपमें सेवित हुआ 'शुद्ध' ऐसा कहा जाता है । और ज्ञेयाकार होनेसे इसका ज्ञायकत्व प्रसिद्ध है तथा दाहने योग्य दाह्य ईंधनमें रहने वाली अग्निकी तरह ज्ञेयनिष्ठताके कारण ज्ञायकपना प्रसिद्ध होनेसे उस ज्ञेय के द्वारा की हुई भी इस आत्माके अशुद्धता नहीं है, क्योंकि ज्ञेयाकार अवस्थामें भी ज्ञायकभाव द्वारा जाना गया जो अपना ज्ञायकत्व, वही स्वरूप प्रकाशनकी (जाननेकी) अवस्थामें भी ज्ञायकरूप ही है ज्ञेयरूप नहीं हुआ । क्योंकि अभेद विवक्षासे कर्ता तो स्वयं ज्ञायक और कर्म जिसको जाना याने अपना आप ये दोनों एक स्वयं ही है, अन्य नहीं है । जैसे दीपक घट-पटादिको प्रकाशित करता है, उनके प्रकाशनेकी अवस्थामें भी दीपक ही है, वही अपनी ज्योति रूप लौ के प्रकाशनेकी अवस्थामें भी दीपक ही है, कुछ दूसरा नहीं है ।

भावार्थ—अशुद्धता परद्रव्यके संयोगसे आती है । वहाँ भी कोई द्रव्य अन्य द्रव्यरूप नहीं होता, कुछ परद्रव्यके निमित्तसे अवस्था मलिन हो जाती है । सो द्रव्यदृष्टिसे तो द्रव्य जो है वह ही है और उसकी अवस्था पुद्गल कर्मके निमित्तसे मलिन है, वह पर्याय है । उसकी दृष्टिसे देखा जाय तब मलिन ही दीखता है । और द्रव्यदृष्टिसे देखा जाय, तब ज्ञायकत्व तो ज्ञायकत्व ही है, कुछ जड़त्व नहीं हुआ, यह तथ्य द्रव्यदृष्टिकी प्रधानतासे निरखिये । जो प्रमत्त अप्रमत्तका भेद है, वह तो परद्रव्यके संयोगवियोगजनित पर्याय है । यह अशुद्धता द्रव्यदृष्टिमें गौण है, द्रव्यदृष्टि शुद्ध है, इसलिये आत्मा ज्ञायक है, इस कारण उसे प्रमत्त व अप्रमत्त नहीं कहा जाता । 'ज्ञायक' ऐसा नाम भी यद्यपि ज्ञेयके जाननेसे कहा जाता है, क्योंकि ज्ञेयका प्रतिबिम्ब जब झलकता है तब वैसा ही अनुभवमें आता है, सो यह भी अशुद्धता इसके नहीं कही जा सकती, क्योंकि वहाँ ज्ञेयाकारसदृश ज्ञान ज्ञानमें प्रतिभासित हुआ, ऐसा अपना अपने से अभेदरूप अनुभव हुआ तब उस जाननेरूप क्रियाका कर्ता स्वयं ही है और जिसको जाना सो कर्म भी स्वयं ही है । ऐसे एक ज्ञायकत्व मात्र आप शुद्ध है—यह शुद्धनयका विषय है ।

दर्शनज्ञानचारित्रवत्त्वेनास्याशुद्धत्वमिति चेत्—

ववहारेणुवदिस्सइ णाणिस्स चरित्त दसणं णाणं ।
णवि णाणं ण चरित्तं ण दंसणं जाणगो सुद्धो ॥७॥

चारित्र ज्ञान दर्शन, ज्ञायकके सुव्यवहारनय कहता ।
शुद्धनय शुद्ध लखता, नहिं दर्शन आदि भेद वहां ॥७॥

व्यवहारेणोपदिश्यते ज्ञानिनश्चरित्रं दर्शनं ज्ञानम् । नापि ज्ञानं न चरित्रं न दर्शनं ज्ञायकः शुद्धः ॥७॥

आस्तां तावद् बंधप्रत्ययात् ज्ञायकस्याशुद्धत्वं, दर्शनज्ञानचारित्राण्येव न विद्यंते; यतो-ह्यनंतधर्मण्येकस्मिन् धर्मिण्यनिष्णातस्यांतेवासिजनस्य तदवबोधविधायिभिः कैश्चिद्धर्मैस्तमनुशा-

---

नामसंज्ञ—ववहार, णाणि, चरित्त, दंसण, णाण, णवि, णाण, ण, चरित्त, ण, दंसण, जाणग, सुद्ध । **धातुसंज्ञ**—उव-दिस प्रेक्षणे दाने च, दंस दर्शनायां, जाण अवबोधने, सुज्झ नैर्मल्ये । **प्रकृतिशब्द**—व्यवहार, ज्ञानिन्, चरित्र, दर्शन, ज्ञान, न, अपि, ज्ञान, न चरित्र, न, दर्शन ज्ञायक, शुद्ध । **मूलधातु**—हर हरणे ।

भेदरूप तथ्य अशुद्ध द्रव्यार्थिकनयके विषय हैं । शुद्ध द्रव्यकी दृष्टिमें यह भी पर्यायार्थिक ही है इसलिये व्यवहारनय ही है—ऐसा आशय जानना । जिनमतका कथन स्याद्वादरूप है, इससे शुद्धता और अशुद्धता दोनों वस्तुके धर्म जानना । अशुद्धनयको सर्वथा असत्यार्थ ही न समझना । जो वस्तुधर्म है, वह वस्तुका सत्त्व है, वह प्रयोजनवश ही हुआ भेद है । निर्विकल्प समाधि पानेके लिये शुद्धनयका प्रधान उपदेश है । अशुद्धनयको असत्यार्थ कहनेसे ऐसा नहीं समझना कि यह वस्तुधर्म सर्वथा ही नहीं, आकाशके फूलकी तरह असत् है । ऐसे सर्वथा एकान्त समझनेसे मिथ्यात्व आता है । इसलिये स्याद्वादका शरण लेकर शुद्धनयका आलंबन करना चाहिये, स्वरूपकी प्राप्ति होनेके पश्चात् शुद्धनयका भी अवलंबन नहीं रहता ।

प्रसंगविवरण—अनंतर पूर्व गाथामें प्रतिज्ञापन किया था कि उस एकत्वको मैं दिखाऊँगा सो इस गाथामें उसी एकत्वकी चर्चा की गई है ।

तथ्यप्रकाश—(१) यह ज्ञायकभाव (आत्माका सहज एकत्व स्वरूप) स्वतःसिद्ध अनादिनिधन है । (२) यह ज्ञायकभाव नित्य अंतः प्रकाशमान है । (३) यह ज्ञायकभाव स्पष्ट प्रतिभासस्वरूप है । (४) संसारावस्थामें शुभ अशुभ भाव प्रतिफलित होनेपर भी यह उन भावों रूप स्वभावसे नहीं परिणमता है । (५) समस्त पर व परभावोंसे भिन्न यह ज्ञायक है यही इसकी शुद्धता है । (६) अन्तरङ्ग ज्ञेयाकार होनेपर भी ज्ञेय पदार्थोंसे इस ज्ञायकका कुछ सम्बन्ध नहीं, कुछ कारकपना नहीं, किन्तु ज्ञायक ही अपनेमें अपने ज्ञानकर्मरूप परिणमता रहता है । (७) भेद किया जानेके कारण गुणोंका निरखना भी अशुद्ध द्रव्यार्थिकनय है ।

सतां सूरीणां धर्मधर्मिणां स्वभावतोऽभेदेपि व्यपदेशतो भेदमुत्पाद्य व्यवहारमात्रेणैव ज्ञानिनो दर्शनं ज्ञानं चारित्रमित्युपदेशः। परमार्थतस्त्वेकद्रव्यनिष्पीतानंतपर्यायतयैकं किञ्चिन्मिलितास्वादमभेदमेकस्वभावमनुभवतां न दर्शनं न ज्ञानं न चारित्रं ज्ञायक एवैकः शुद्धः ॥७॥

दिश देखने। **पदविवरण**—व्यवहारेण—तृतीया विभक्ति एकवचन, करणकारक। उपदिश्यते—कर्मवाच्य-क्रिया, लट्लकार अन्य पुरुष एकवचन। ज्ञानिनः—षष्ठी एक०। चरित्रं—प्र० ए०। दर्शनं—प्र० एक०। ज्ञानं—प्र० एक० न—अव्यय। अपि—अव्यय। ज्ञानं—प्र० एक०। न—अव्यय। चरित्रं—प्र० ए०। न—अव्यय। दर्शनं—प्र० एक०। ज्ञायकः—प्र० एक०। शुद्धः—पञ्चमी विभक्ति एकवचन ॥७॥

सिद्धांत—(१) आत्मा शुभ अशुभ भावोंरूप स्वभावसे नहीं परिणमता। (२) समस्त परपदार्थ व परपदार्थोंका निमित्त पाकर होने वाले विकार (परभाव) इनसे भिन्न है यह आत्मस्वरूप, यही इसकी द्रव्यशुद्धि है। (३) आत्मा अपनेमें अपनी वृत्तिको करता रहता है।

दृष्टि—१—उपाधिनिरपेक्ष शुद्ध द्रव्यार्थिकनय (२१)। २—परमभावग्राहक द्रव्यार्थिक-नय (३०)। ३—कारककारकिभेदक सद्भूतव्यवहारनय (७३)।

प्रयोग—पर्यायतः शुभ अशुभ भावोंरूप परिणति हो वहाँ भी पर्यायकी बातको गौण करके द्रव्यदृष्टिकी मुख्यतासे अपनेको अपनेमें सहज ज्ञानज्योतिमात्र अनुभव करना ॥६॥

प्रश्न—क्या आत्माके दर्शन, ज्ञान और चारित्र—इन तीन भावोंसे अशुद्धता आ सकती है? **उत्तर**—[**ज्ञानिनः**] ज्ञानीके [**चरित्रं दर्शनं ज्ञानं**] चारित्र, दर्शन, ज्ञान—ये तीन भाव [**व्यवहारेण**] व्यवहार द्वारा [**उपदिश्यते**] कहे जाते हैं। निश्चयनयसे [**ज्ञानं अपि न**] ज्ञान भी नहीं है। [**चरित्रं न**] चारित्र भी नहीं है और [**दर्शनं न**] दर्शन भी नहीं है। ज्ञानी तो एक [**ज्ञायकः**] ज्ञायक ही है, इसलिये [**शुद्धः**] शुद्ध कहा गया है।

तात्पर्य—सहजसिद्ध ज्ञायक आत्माका अनुभवपूर्ण परिचय अभेददृष्टिसे ही हो पाता है, क्योंकि आत्मा अभेदरूप है।

टीकार्थ—इस ज्ञायक आत्माके बंधपर्यायके निमित्तसे अशुद्धता तो दूर ही रही, इसके दर्शन-ज्ञान-चारित्र भी नहीं है। क्योंकि निश्चयनयसे अनन्तधर्मा जो एक धर्मी वस्तु, उसको जिसने नहीं जाना, ऐसे निकटवर्ती शिष्य जनको उस अनंतधर्मस्वरूप धर्मीके बतलाने वाले स्वगत कितने ही धर्मों द्वारा शिष्य जनोंको उपदेश करते हुए आचार्योंका ऐसा कथन है कि धर्म और धर्मीका यद्यपि स्वभावसे अभेद है तो भी नामसे भेद होनेके कारण व्यवहारमात्रसे ज्ञानीके दर्शन है, ज्ञान है, चारित्र है। परन्तु परमार्थसे देखा जाय तो एक द्रव्यके द्वारा पिये गए अनन्त पर्यायोंकी रूपतासे एकमेक मिले हुए अभेदस्वभाव वस्तुको अनुभव करने वाले

तर्हि परमार्थ एवैको वक्तव्य इति चेत्—

जह णवि सक्कमणज्जो अणज्जभासं विणा उ गाहेउं ।
तह ववहारेण विणा परमत्थुवएसणमसक्कं ॥८॥

तो भी अनार्य जैसे, अनार्यभाषा बिना नहीं समझे ।
व्यवहार बिना प्राणी, परमार्थोपदेश नहिं समझे ॥८॥

यथा नापि शक्योऽनार्योऽनार्यभाषां विना तु ग्राहयितुम् । तथा व्यवहारेण विना परमार्थोपदेशनमशक्यम् ।

यथा खलु म्लेच्छः स्वस्तीत्यभिहिते सति तथाविधवाच्यवाचकसंबंधावबोधबहिष्कृतत्वान्न किंचदपि प्रतिपद्यमानो मेष इवानिमेषोन्मेषितचक्षुः प्रेक्षत एव । यदा तु स एव तदेतद्भाषासंबंधैकार्थज्ञेनान्येन तेनैव वा म्लेच्छभाषां समुपादाय स्वस्तिपदस्याविनाशो भवतो भवत्वित्यभिधेयं प्रतिपाद्यते तदा सद्य एवोद्यदमंदानंदमयाश्रुजलज्झलल्लोचनपात्रस्तत्प्रतिपद्यत

नामसंज्ञ—जह, णवि, सक्क, अणज्ज, अणज्जभास, विणा, उ, तह, ववहार, विणा, परमत्थुवएसण, असक्क । **धातुसंज्ञ**—सक्क सामर्थ्ये, गाह स्थापनाग्रहणप्रवेसेसु । **प्रकृतिशब्द**—यथा न, अपि, शक्य, अनार्य, अनार्यभाषा, विना, तु, तथा, व्यवहार, विना, परमार्थोपदेशन अशक्य । **मूलधातु**—शक्लृ—समर्थे,

पंडित पुरुषोंकी दृष्टिमें दर्शन भी नहीं, ज्ञान भी नहीं और चारित्र भी नहीं, किन्तु एकमात्र शुद्ध ज्ञायक भाव ही है ।

भावार्थ—इस शुद्ध आत्माके कर्मबंधके निमित्तसे अशुद्धता आती है, यह बात तो दूर ही रहे, इसके तो दर्शन, ज्ञान, चारित्रका भी भेद नहीं है । फिर भी व्यवहारी जन धर्मोंको ही समझते हैं, धर्मीको नहीं जानते, इसलिये वस्तुके कुछ असाधारण धर्मोंको उपदेशमें लेकर अभेदरूप वस्तुमें भी धर्मोंके नामरूप भेदको उत्पन्न करके ऐसा उपदेश करते हैं कि ज्ञानीके दर्शन है, ज्ञान है, चारित्र है । अभेदमें भेद करनेसे इसको व्यवहार कहा गया है । परमार्थसे विचारा जाय तो अनन्त पर्यायोंको एक द्रव्य अभेदरूप पिये हुए बैठा है, इस कारण भेद नहीं है । यद्यपि पर्याय भी द्रव्यका ही भेद है, अवस्तु नहीं है, तथापि यहाँ द्रव्यदृष्टिसे अभेदको प्रधान मानकर उपदेश है । अभेददृष्टिमें भेदको गौण करनेसे ही अभेद अच्छी तरह ज्ञात हो सकता है, इस कारण भेदको गौण करके व्यवहार कहा है । तात्पर्य यह है कि भेददृष्टिमें निर्विकल्प दशा नहीं होती और सरागीके जब तक रागादिक दूर नहीं होते, तब तक विकल्प बना रहता है । इस कारण भेदको गौण करके अभेदरूप निर्विकल्प अनुभव कराया गया है । वीतराग होनेके बाद तो भेदाभेदरूप वस्तुका ज्ञाता हो जाता है वहाँ नयका अवलम्बन ही नहीं रहता ।

एव । तथा किल लोकोऽप्यात्मेत्यभिहिते सति यथावस्थितात्मस्वरूपपरिज्ञानबहिष्कृतत्वान्न किंचिदपि प्रतिपद्यमानो मेष इवानिमेषोन्मेषितचक्षुः प्रेक्षत एव । यदा तु स एव व्यवहारपरमार्थप्रस्थापितसम्यग्बोधमहारथरथिनान्येन तेनैव वा व्यवहारपथमास्थाय दर्शनज्ञानचारित्राण्यत-

---

शक्तुं योग्यः शक्यः तं । उप-दिश् देशने । **पदविवरण**—यथा--अव्यय । न--अव्यय । अपि--अव्यय । शक्तुं योग्यः शक्यः--प्रथमा विभक्ति एकवचन । अनार्यः--न आर्यः इति अनार्यः प्र० ए० । अनार्यभाषां--अनार्यस्य

प्रसंगविवरण—अनन्तर पूर्व गाथामें शुद्ध आत्माका वर्णन किया गया था और बताया गया था कि वह अभेद ज्ञायकमात्र है वह प्रमत्त व अप्रमत्त भी नहीं है, वहां कोई भेद ही नहीं है । इसपर यह शंका उठना प्रासंगिक है कि आत्मामें ज्ञान है, दर्शन है, चारित्र है या आत्मा ज्ञानदर्शनचारित्र वाला है इतनी भेदरूप अशुद्धता तो होती ही है । इसके उत्तर में इस गाथाका अवतार हुआ है ।

तथ्यप्रकाश—(१) आत्मस्वरूपमें बन्धप्रत्ययक अशुद्धता नहीं । (२) आत्मस्वरूपमें वस्तुतः गुणभेद नहीं । (३) अभेद आत्मवस्तुका परिचय करानेके लिये भेदविधिसे वर्णन करनेका व्यवहार आवश्यक हो जाता है । (४) परमार्थतः अभेद एकस्वभाव अन्तस्तत्त्वका अनुभव करने वालोंके तो मात्र शुद्ध ज्ञायकभाव ही है ।

सिद्धान्त—(१) आत्मस्वरूप अविकार है । (२) आत्मस्वरूप एक अभेद है । (३) आत्मस्वरूपके ज्ञापनके लिये भेदविधिका व्यवहार है ।

दृष्टि—१– अखण्ड परमशुद्ध निश्चयनय (४४) । २– शुद्धनय (४६) । ३– भेदकल्पनासापेक्ष अशुद्धद्रव्यार्थिक प्रतिपादकव्यवहार (८२) ।

प्रयोग—अपने आपके ध्यानमें ज्ञान दर्शन आदि गुणोंका चिन्तन न करके मात्र ज्ञानस्वरूपको ही ज्ञानमें लेना ॥७॥

भेदव्यवहार है तो एक परमार्थका ही उपदेश करना चाहिए ? उसके उत्तरमें गाथा सूत्र कहते हैं—[**यथा**] जैसे [**अनार्यः**] म्लेच्छ पुरुष [**अनार्यभाषां विना तु**] म्लेच्छ भाषाके बिना तो [**ग्राहयितुं**] वस्तुस्वरूप ग्रहण कराये जानेको [**अपि न शक्यः**] शक्य नहीं है [**तथा**] उसी तरह [**व्यवहारेण विना**] व्यवहारके बिना [**परमार्थोपदेशनं**] परमार्थका उपदेश करना भी [**अशक्यम्**] शक्य समर्थ नहीं है ।

तात्पर्य—उपदेश व स्वाध्यायसे तत्त्व सुनकर यह भीतर मनन करना है कि यह सब प्रतिपादन अभेद चैतन्यस्वरूपको समझके लिये है ।

टीकार्थ—जैसे कोई म्लेच्छ किसी ब्राह्मणके द्वारा 'स्वस्ति हो' ऐसा शब्द कहे जानेपर उस प्रकारके उस शब्दके वाच्यवाचकसम्बंधके ज्ञानसे शून्य होनेसे उसका अर्थ कुछ भी

तीत्यात्मेत्यात्मपदस्याभिधेयं प्रतिपाद्यते तदा सद्य एवोद्यदमंदानंदान्तःसुन्दरबंधुरबोधतरंगस्तत्प्रतिपद्यत एव। एवं म्लेच्छस्थानीयत्वाज्जगतो व्यवहारनयोऽपि म्लेच्छभाषास्थानीयत्वेन परमार्थप्रतिपादकत्वादुपन्यसनीयोऽथ च ब्राह्मणो न म्लेच्छितव्य इति वचनाद्व्यवहारनयो नानुसर्तव्यः ॥८॥

भाषा अनार्यभाषा तां। विना–अव्यय। तु–अव्यय। ग्राहयितुं–गुङ्क्तं प्रेरयितुं। तथा–अव्यय। व्यवहारेण–तृ० ए०। विना–अव्यय। परमार्थोपदेशनं–प्र० ए०। अशक्यं–शक्तं योग्यम् शक्यं, न शक्यं इति अशक्यम्–प्रथमा एकवचन ॥८॥

यहाँ इस शुद्धनयको मुख्य करके कलशरूप काव्य "**न हि विदधति**" इत्यादि कहते हैं। **अर्थ**—टीकाकार यहाँ उपदेश करते हैं कि तुम उस सम्यक्स्वभावका अनुभव करो जिसमें ये बद्धस्पृष्ट आदि भाव प्रकटपनेसे इस स्वभावके ऊपर तरते हैं तो भी प्रतिष्ठा नहीं पाते। क्योंकि द्रव्यस्वभाव नित्य है, एकरूप है और ये भाव अनित्य हैं, अनेकरूप हैं। पर्याय द्रव्यस्वभावमें प्रवेश नहीं करता है, वह ऊपर ही रहता है। यह शुद्धस्वभाव सब अवस्थाओंमें प्रकाशमान है। ऐसे स्वभावका मोहरहित होकर अनुभव करो, क्योंकि मोहकर्मके उदयसे उत्पन्न मिथ्यात्वरूप अज्ञान जब तक रहता है तब तक यह अनुभव यथार्थ नहीं होता। अतः

न हि विदधति बद्धस्पृष्टभावादयोऽमी स्फुटमुपरि तरंतोप्येत्य यत्र प्रतिष्ठां ।
अनुभवतु तमेव द्योतमानं समंतात् जगदपगतमोहीभूय सम्यक्स्वभावं ॥११॥

भूतं भांतमभूतमेव रभसान्निर्भिद्य बंधं सुधी-
र्यद्यंतः किल कोप्यहो कलयति व्याहत्य मोहं हठात् ।
आत्मात्मानुभवैकगम्यमहिमा व्यक्तोयमास्ते ध्रुवं,
नित्यं कर्मकलंकपंकविकलो देवः स्वयं शाश्वतः ॥१२॥

द्वितीया एक० कर्मविशेषण, असंयुक्त—द्वि० ए० कर्मविशेषण, तं—द्वि० ए०, शुद्धनयं—द्वितीया एक०, विज्ञा-

---

शुद्धनयके विषयरूप आत्माका अनुभव करो, यह उपदेश है ।

अब इसी अर्थका कलशरूप काव्य "भूतं" इत्यादि कहते हैं । **अर्थ**—यदि कोई सुबुद्धि सम्यग्दृष्टि भूत (पहले हुआ), भांत (वर्तमान) और अभूत (आगामी होने वाला) ऐसे तीनों कालके कर्मोंके बंधको अपने आत्मासे तत्काल पृथक् करके तथा उस कर्मके उदयके निमित्तसे उत्पन्न हुए मिथ्यात्वरूप अज्ञानको अपने बल (पुरुषार्थ) से पृथक् कर अन्तरंगमें अभ्यास करे तो देखता है कि यह आत्मा, अपने अनुभवसे ही जानने योग्य प्रगट महिमामय, व्यक्त, अनुभवगोचर, निश्चल, शाश्वत (नित्य) और कर्म-कलंक-कर्दमसे रहित स्वयं स्तुति करने योग्य देव विराजमान हो रहा है । **भावार्थ**—शुद्धनयकी दृष्टिसे देखा जाय तो सब कर्मों से रहित चैतन्यमात्र देव अविनाशी आत्मा अन्तरंगमें स्वयं विराजमान है । पर्यायबुद्धि बहिरात्मा इसको बाहर ढूंढ़ता है सो बड़ा अज्ञान है ।

प्रसंगविवरण—अनन्तरपूर्व यह कहा जा रहा था कि शुद्धनय अथवा भूतार्थनयसे आत्मतत्त्वका ज्ञान सम्यक्त्वको सम्पादित करता है सो यहाँ उसी शुद्धनयका विवरण दिया गया है ।

तथ्यप्रकाश—(१) आत्मस्वभाव न किसी पदार्थसे बंधा हुआ है और न किसी पदार्थ से छुआ हुआ है । (२) आत्मस्वभाव नर नारक तिर्यंच आदि किसी भी आकार पर्यायरूप नहीं है । (३) आत्मस्वभाव नित्य चैतन्यरूप व्यवस्थित है । (४) आत्मस्वभाव गुणभेदसे भी परे अखण्ड चिन्मात्र है । (५) आत्मस्वभाव अविकार है ।

सिद्धान्त—(१) पर द्रव्य, क्षेत्र, काल, भावसे पृथक् सत् होनेके कारण आत्मा वस्तुतः अबद्ध व अस्पृष्ट है । (२) आत्मा परमभावस्वरूप होनेसे स्वतः निराकार है । (३) आत्मा शाश्वत चिन्मात्र है । (४) आत्मा गुणपर्यायस्वभावसे अभिन्न है । (५) आत्मा स्वयं विकार रूप परिणमनेका निमित्त न हो सकनेसे स्वरूपतः अविकार है ।

आत्मानुभूतिरिति शुद्धनयात्मिका या ज्ञानानुभूतिरियमेव किलेति बुद्ध्वा ।
आत्मानमात्मनि निवेश्य सुनिष्प्रकंपमेकोस्ति नित्यमवबोधघनः समंतात् ॥१३॥

नीहि–वि-जानीहि–लोट् आज्ञार्थ मध्यम पुरुष एकवचन ॥१४॥

दृष्टि––१– परद्रव्यादिग्राहक द्रव्यार्थिकनय (२९) । २–परमभावग्राहक द्रव्यार्थिकनय (३०) । ३– उत्पादव्ययगौणसत्ताग्राहक द्रव्यार्थिकनय (२२) । ४– भेदकल्पनानिरपेक्ष शुद्ध द्रव्यार्थिकनय (२३) । ५– उपाधिनिरपेक्ष शुद्ध द्रव्यार्थिकनय (२१) ।

प्रयोग—उपाधिका निमित्त पाकर होने वाले विभावोंसे पृथक् तथा प्रतिबोधके लिये किये जाने वाले भेदविकल्पोंसे परे शुद्ध ज्ञायकस्वभावमय आत्माकी शुद्धनयके आलम्बनसे उपासना करना चाहिये ॥१४॥

शुद्धनयके विषयभूत आत्माकी जो अनुभूति है, वही ज्ञानकी अनुभूति है, ऐसा आगेकी गाथाकी उत्थानिकारूप काव्य कहते हैं **'आत्मानुभूति'** इत्यादि । **अर्थ**—इस प्रकार जो पूर्वकथित शुद्धनय स्वरूप आत्माकी अनुभूति है, वही इस ज्ञानकी अनुभूति है, ऐसा अच्छी तरह जानकर तथा आत्मामें आत्माको निश्चल स्थापित करके सदा सब तरफ ज्ञानघन एक आत्मा ही है, इस प्रकार देखना चाहिये । **भावार्थ**—पहिले सम्यग्दर्शनको प्रधान मानकर आत्मतत्त्व कहा गया था, अब ज्ञानको मुख्य करके कहते हैं कि यह शुद्धनयके विषयस्वरूप आत्माकी अनुभूति है वही सम्यग्ज्ञान है । अब इसीको गाथासे स्पष्ट करते हैं—

(यः) जो (**आत्मानं**) आत्माको (**अबद्धस्पृष्टं**) अबद्धस्पृष्ट (**अनन्यं**) अनन्य (**अविशेषं**) अविशेष तथा पूर्वगाथामें कथित नियत और असंयुक्त (**पश्यति**) देखता है वह (**अपदेशसूत्रमध्यं**) द्रव्यश्रुत और भावश्रुत रूप अथवा शब्दसमयसे वाच्य व ज्ञानसमयसे परिच्छेद्य (**सर्वं जिनशासनं**) समस्त जिनशासनको (**पश्यति**) देखता है ।

तात्पर्य—जिनशासनका उद्देश्य सहजसिद्ध केवल अन्तस्तत्त्वको प्रसिद्ध करना है ।

टीकार्थ—अबद्धस्पृष्ट, अनन्य, नियत, अविशेष और असंयुक्त––ऐसे पाँच भावरूप आत्माको जो यह अनुभूति है, वही निश्चयसे समस्त जिनशासनकी अनुभूति है । क्योंकि श्रुतज्ञान स्वयं आत्मा ही है, इसलिये जो यह ज्ञानकी अनुभूति है वही आत्माकी अनुभूति है । किन्तु सामान्यज्ञानाकार तो प्रकट होने और विशेष ज्ञेयाकार ज्ञानके आच्छादित होनेसे इस विधिसे ज्ञानमात्र ही अनुभवमें आनेपर भी जो अज्ञानी है व ज्ञेयों (पदार्थों) में आसक्त है, उनको वह नहीं रुचता । वह इस प्रकार है—जैसे अज्ञानी व्यञ्जनलोभी लोकोंको अनेक तरहके शाक आदि भोजनोंके सम्बन्धसे उत्पन्न सामान्य लवणका तिरोभाव (अप्रकटता) तथा

जो पस्सदि अप्पाणं अबद्धपुट्ठं अणण्णमविसेसं ।
अपदेससुत्तमज्झं पस्सदि जिणसासणं सव्वं ॥१५॥

जो लखता अपनेको, अबद्ध अस्पृष्ट अनन्य अविशेष ।
मध्यान्त आदि अपगत, वह लखता सर्व जिनशासन ॥१५॥

यः पश्यति आत्मानं अबद्धस्पृष्टमनन्यमविशेषम् । अपदेशसूत्रमध्यं पश्यति जिनशासनं सर्वम् ॥१५॥

येयमबद्धस्पृष्टस्यानन्यस्य नियतस्यासंयुक्तस्य चात्मनोनुभूतिः सा खल्वखिलस्य जिनशासनस्यानुभूतेः श्रुतज्ञानस्य स्वयमात्मत्वात्ततो ज्ञानानुभूतिरेवात्मानुभूतिः, किन्तु तदानीं सामान्यविशेषाविर्भावतिरोभावाभ्यामनुभूयमानमपि ज्ञानमबुद्धलुब्धानां न स्वदते । तथाहि—

नामसंज्ञ—ज, अप्प, अबद्धपुट्ठ, अणण्ण, अविसेस, अपदेससुत्तमज्झ, जिणसासण, सव्व । **धातुसंज्ञ**—पास दर्शने, सास शासने । **प्रकृतिशब्द**—यत्, आत्मन्, अबद्धस्पृष्ट, अनन्य, अविशेष, अपदेशसूत्रमध्य, जिन-

---

विशेष व्यञ्जनमिश्रितका आविर्भाव (प्रकटता) रूपसे आ रहा लवण स्वादमें आता है । परन्तु अन्यके असंयोगसे उत्पन्न सामान्यके आविर्भाव तथा विशेषके तिरोभावसे एकाकार अभेदरूप लवणका स्वाद नहीं आता । और जब परमार्थसे देखा जाय तब जो विशेषके आविर्भावसे अनुभवमें आया क्षार रसरूप लवण है, वही सामान्यके आविर्भावसे अनुभवमें आया हुआ क्षार रसरूप लवण है । उसी तरह अबुद्ध ज्ञेयलुब्धोंको अनेकाकार ज्ञेयोंके आकारोंकी मिश्रतासे जिसमें सामान्यका तिरोभाव और विशेषका आविर्भाव ऐसे भावसे अनुभवमें आ रहा ज्ञान विशेषभावरूप, भेदरूप, अनेकाकाररूप स्वादमें आता है, परन्तु अन्य ज्ञेयाकारके संयोगसे रहित सामान्यका आविर्भाव और विशेषका तिरोभाव ऐसा एकाकार अभेदरूप ज्ञानमात्र अनुभवमें आता हुआ स्वादमें नहीं आता । और परमार्थसे विचारा जाय तब जो विशेषके आविर्भावसे ज्ञान अनुभवमें आता है, वही सामान्यके आविर्भावसे ज्ञानियोंके और ज्ञेयमें अनासक्तोंके अनुभवमें आता है । जैसे लवणकी डली अन्य द्रव्योंके संयोगके अभावसे केवल लवणमात्र अनुभव किये जानेपर एक लवण रस सर्वतः क्षाररूपसे स्वादमें आता है, उसी तरह आत्मा भी परद्रव्योंके संयोगसे भिन्न केवल एक भावसे अनुभव किये जानेपर सब तरफसे एक विज्ञानघन रूप होनेके कारण ज्ञानरूपसे स्वादमें आता है ।

भावार्थ—यहाँ ज्ञानकी अनुभूतिको आत्मानुभूति कहा गया है । अज्ञानी जन इन्द्रियज्ञानके विषयोंमें ही लुब्ध हो रहे हैं, अतः विविध ज्ञेयोंके प्रतिफलनसे अनेकाकार हुए ज्ञानका ही ज्ञेयोंमें आकर्षित होते हुए आस्वादन करते हैं, ज्ञेयोंसे भिन्न सामान्य ज्ञानमात्रका आस्वाद नहीं लेते । और जो ज्ञानी हैं, ज्ञेयोंमें आसक्त नहीं हैं, वे ज्ञेयोंसे भिन्न एकाकार ज्ञानको ही

यथा विचित्रव्यंजनसंयोगोपजातसामान्यविशेषतिरोभावाविर्भावाभ्यामनुभूयमानं लवणं लोकानामबुद्धानां व्यंजनलुब्धानां स्वदते न पुनरन्यसंयोगशून्यतोपजातसामान्यविशेषाविर्भावतिरोभावाभ्यां। अथ च यदेव विशेषाविर्भावेनानुभूयमानं लवणं तदेव सामान्याविर्भावेनापि। तथा विचित्रज्ञेयाकारकरंबितत्वोपजातसामान्यविशेषतिरोभावाविर्भावाभ्यामनुभूयमानं ज्ञानमबुद्धानां ज्ञेयलुब्धानां स्वदते न पुनरन्यसंयोगशून्यतोपजातसामान्यविशेषाविर्भावतिरोभावाभ्यां। अथ च यदेव विशेषाविर्भावेनानुभूयमानं ज्ञानं तदेव सामान्याविर्भावेनाप्यलुब्धबुद्धानां। यथा सैंधवखि-

शासन, सर्व। मूलधातु—दृशिर् दर्शने, बधि बन्धने, स्पृश स्पर्शने। पदविवरण—यः—पुल्लिग प्रथमा एक० कर्ताकारक, पश्यति—लट् वर्तमान अन्य पुरुष एकवचन, आत्मानं—द्वितीया विभक्ति एकवचन कर्मकारक,

आस्वाद लेते हैं, जैसे कि व्यञ्जनों (भोजनों) से जुदी सिर्फ लवणकी डलीका आस्वाद लेनेसे क्षारमात्र स्वाद जिस भाँति आता है, उसी भाँति आस्वाद लेते हैं। चूंकि ज्ञान है, वही आत्मा है और आत्मा है वही ज्ञान है, सो इस तरह गुणगुणीकी अभेददृष्टिमें आया हुआ जो सब परद्रव्योंसे भिन्न, अपने सहज पर्यायोंमें एकरूप, निश्चल, अपने गुणोंमें एकरूप, पर निमित्तसे उत्पन्न हुए भावोंसे भिन्न अपने ज्ञानका जो अनुभव है वही आत्मानुभव है। यही अनुभव भावश्रुतज्ञानरूप जिनशासनका अनुभव है। शुद्धनयसे इसमें कुछ भेद नहीं है।

अब इसी अर्थका कलशरूप काव्य कहते हैं—'अखंडितं' इत्यादि। अर्थ—वह उत्कृष्ट तेज प्रकाशरूप हमें होवे, जो सदा काल चैतन्यके परिणमनसे भरा हुआ है। जैसे लवणकी डली एक क्षाररसकी लीलाका आलम्बन करती है, उसी भाँति जो तेज एक ज्ञानरसस्वरूपको आलम्बन करता है। जो कि तेज अखंडित है—याने ज्ञेयोंके आकारसे खंडित नहीं होता; अनाकुल है अर्थात् जिसमें कर्मके निमित्तसे हुए रागादिकोंसे उत्पन्न आकुलता नहीं है; अविनाशी है; जो अंतरंगमें तो चैतन्यभावसे देदीप्यमान अनुभवमें आता है और बाह्यमें वचनकायकी क्रियासे प्रकट देदीप्यमान है, जो सदा सहज आनन्दविलासमय है, जिसे किसीने रचा नहीं है और सदैव जिसका विलास उदयरूप है; एकरूप प्रतिभासमान है, ऐसा चैतन्यतेज हमारे उपयोगमें रहे।

प्रसंगविवरण—अनन्तरपूर्व यह कहा गया था कि शुद्धनयात्मिका जो ज्ञानानुभूति है वही आत्मानुभूति है, अब उसीके समर्थनमें कहते हैं कि जो ऐसे ज्ञानस्वरूप आत्माको देखता है वह भावश्रुतज्ञानरूप सर्व जिनशासनको देखता है अर्थात् द्रव्यश्रुतके द्वारा वाच्य व भावश्रुत के द्वारा ज्ञेय जैनशासनके निष्कर्षरूप आदिमध्यान्तरहित समयसारको देखता है।

तथ्यप्रकाश—(१) जिनशासन भावश्रुतरूप है, भावश्रुतज्ञानरूप है, ज्ञानकी अनुभूति आत्मानुभूति है, अतः आत्मदर्शन सर्वजिनशासनका दर्शन है। (२) सर्वत्र जीव ज्ञानका ही

त्योन्यद्रव्यसंयोगव्यवच्छेदेन केवल एवानुभूयमानः सर्वतोप्येकलवणरसत्वाल्लवणत्वेन स्वदते तथात्मापि परद्रव्यसंयोगव्यवच्छेदेन केवल एवानुभूयमानः सर्वतोप्येकविज्ञानघनत्वात् ज्ञानत्वेन स्वदते ॥१५॥

अखंडितमनाकुलं ज्वलदनंतमंतर्बहिर्महः परममस्तु नः सहजमुद्विलासं सदा ।
चिदुच्छलनिर्भरं सकलकालमालंबते यदेकरसमुल्लसल्लवणखिल्यलीलायितं ॥१४॥
एष ज्ञानघनो नित्यमात्मा सिद्धिमभीप्सुभिः । साध्यसाधकभावेन द्विधैकः समुपास्यतां ॥१५॥

अबद्धस्पृष्टं–द्वितीया एक० कर्मविशेषण, अनन्यं–द्वितीया एक० कर्मविशेषण, अविशेषं–द्वितीया एक० कर्मविशेषण अपदेशसूत्रमध्यं–द्वितीया एक०, द्वितीय क्रियाके कर्मका विशेषण, पश्यति–लट् वर्तमान अन्य पुरुष एक०, जिनशासनं–द्वितीया एक० कर्मकारक ॥१५॥

स्वाद लेता है, परन्तु इस तथ्यका अज्ञान होनेसे परज्ञेयमें आसक्त होकर, लुब्ध होकर मिथ्यादृष्टि जीव ज्ञेयाभिमुखरूपसे ज्ञानको स्वादता है, ज्ञानाभिमुखरूपसे ज्ञानको नहीं स्वादता। (३) जैसे नमकीन पकोड़ी खाने वाला नमकका स्वाद ले रहा है, परन्तु अबुद्ध जन पकोड़ीका आसक्त होकर पकोड़ीका ही स्वाद मानता हुआ नमकको स्वादता है, नमकका स्वाद मानता हुआ नमकको नहीं स्वादता है। (४) कोई केवल नमककी डलीको ही स्वादे तो वहाँ भ्रमकी गुंजाइश नहीं, मात्र नमकका ही स्वाद अनुभवा जाता है ऐसे ही कोई केवल ज्ञानस्वरूपको ही जाने अनुभवे तो वहाँ भ्रमकी गुंजाइश नहीं, मात्र ज्ञानका ही स्वाद अनुभवा जाता है।

सिद्धांत—(१) आत्मा ज्ञानस्वरूप है वह जाननका ही कर्ता है चाहे विकल्परूप जानन का कर्ता रहे, चाहे अविकार जाननका कर्ता रहे। (२) अविकार मात्र ज्ञाता समयसारका द्रष्टा है।

दृष्टि— १– कारककारकिभेदक सद्भूतव्यवहारनय (७३)। २– शुद्धनय (४९)।

प्रयोग–स्वाद तो सदा ज्ञानका ही लिया जा रहा, किन्तु परपदार्थोंमें, विषयोंमें सुख पानेका भ्रम होनेसे ज्ञेयोंकी ओर ही झुककर ज्ञानका स्वाद लिया जा रहा है अर्थात् ज्ञेयमिश्रित ज्ञानका स्वाद लिया जा रहा है यह प्रक्रिया अनर्थकारी है। अतः इस तथ्यको जानकर सर्व परज्ञेयोंकी उपेक्षा करके अथवा परका ख्याल छोड़ करके मात्र ज्ञानस्वरूपका ज्ञान रखकर केवल ज्ञानका ही स्वाद लो ॥१५॥

अब अगली गाथाकी उत्थानिकारूप "एष ज्ञान" इत्यादि श्लोक कहते हैं। **अर्थ**–– पूर्वकथित ज्ञानस्वरूप जो नित्य आत्मा है उसकी सिद्धिके इच्छुक पुरुषोंके द्वारा साध्य-साधक भावके भेदसे दो तरहका होनेपर भी एकरूप ही सेवनीय है, उसे सेवन करो अर्थात् दर्शन, ज्ञान, चारित्र साधक भाव है यही गाथामें कहते हैं––

दंसणणाणचरित्ताणि सेविदव्वाणि साहुणा णिच्चं ।
ताणि पुण जाण तिण्णिवि अप्पाणं चेव णिच्छयदो ॥१६॥

चारित्र ज्ञान दर्शन, पालो सेवो सदा हि साधुजनो ।
किन्तु तीनों हि समझो, निश्चयसे एक आत्मा ही ॥१६॥

दर्शनज्ञानचरित्राणि सेवितव्यानि साधुना नित्यं । तानि पुनर्जानीहि त्रीण्यप्यात्मानमेव निश्चयतः ॥१६॥

येनैव हि भावेनात्मा साध्यः साधनं च स्यात्तेनैवायं नित्यमुपास्य इति स्वयमाकूय परेषां व्यवहारेण साधुना दर्शनज्ञानचारित्राणि नित्यमुपास्यानीति प्रतिपाद्यते । तानि पुनस्त्रीण्यपि परमार्थेनात्मैक एव वस्त्वंतराभावाद् यथा देवदत्तस्य कस्यचिद् ज्ञानं श्रद्धानमनुचरणं च

नामसंज्ञ—दंसणणाणचरित्त, सेविदव्व, साहु, णिच्चं, त, पुण, ति, वि, [अप्प,' चेव, णिच्छयदो । **धातुसंज्ञ**—सेव सेवायां, साह साधने तृतीयगणी, जाण अवबोधने । **प्रकृतिशब्द**-- दर्शनज्ञानचरित्र, सेवितव्य,

---

[साधुना] साधु पुरुषोंको [दर्शनज्ञानचरित्राणि] दर्शन, ज्ञान और चारित्र [नित्यं] निरन्तर [सेवितव्यानि] सेवन करने योग्य हैं [पुनः] और [तानि त्रीणि अपि] उन तीनोंको ही [निश्चयतः] निश्चयनयसे [आत्मानं एव] एक आत्मा ही [जानीहि] जानो ।

तात्पर्य—अनुरूप भेदोपासना व अभेदोपासनासे अपने आत्माकी सेवा करनी चाहिये ।

टीकार्थ—यह आत्मा जिस भावसे साध्य तथा साधन हो उसी भावसे नित्य सेवने योग्य है, ऐसा स्वयं विचार करके, दूसरोंके लिए व्यवहारनयसे ऐसा प्रतिपादन करते हैं कि साधु पुरुषोंको दर्शन, ज्ञान, चारित्र सदा सेवने योग्य हैं, किन्तु परमार्थसे देखा जाय, तो ये तीनों एक आत्मा ही हैं, क्योंकि ये अन्य वस्तु नहीं हैं, आत्माके ही पर्याय हैं । जैसे किसी देवदत्त नामक पुरुषके ज्ञान, श्रद्धान और आचरण हैं, वे उसके स्वभावको उल्लंघन नहीं करते, इसलिए वे देवदत्त पुरुष ही हैं, अन्य वस्तु नहीं हैं, उसी प्रकार आत्मामें भी आत्माके ज्ञान, श्रद्धान और आचरण आत्माके स्वभावको नहीं उल्लंघन करते, इस कारण ये आत्मा ही हैं, अन्य वस्तु नहीं हैं । इस कारण यह सिद्ध हुआ कि एक आत्मा ही सेवन करने योग्य है, यह अपने आप ही प्रसिद्ध होता है । **भावार्थ**—दर्शन, ज्ञान, चारित्र तीनों आत्माके ही पर्याय हैं, कुछ जुदी वस्तु नहीं हैं, इसलिये साधु पुरुषोंको एक आत्माका ही सेवन करना चाहिये, यह निश्चय है और व्यवहारसे अन्यको भी सव्यवहार निश्चयका उपदेश करना चाहिये ।

अब इसी अर्थका कलशरूप श्लोक कहते हैं—"**दर्शन**" इत्यादि । **अर्थ**—यह आत्मा प्रमाणदृष्टिसे देखा जाय तब एक कालमें मेचक याने अनेक अवस्थारूप भी है और अमेचक याने एक अवस्थारूप भी है । क्योंकि भेददृष्टिसे इसके दर्शन, ज्ञान, चारित्र ऐसी तीनरूपता है और

देवदत्तस्य स्वभावानतिक्रमाद्देवदत्त एव न वस्त्वंतरं। तथात्मन्यप्यात्मनो ज्ञानं श्रद्धानमनुचरणं चात्मस्वभावानतिक्रमादात्मैव न वस्त्वंतरं, तत आत्मा एक एवोपास्य इति स्वयमेव

साधु, नित्यं, तत्, पुनस्, त्रि, अपि, आत्मन्, च, एव, निश्चयतः। **मूलधातु**—दृशिर् दर्शने, ज्ञा अवबोधने, चर गत्यर्थः, साध संसिद्धौ। **पदविवरण**—दर्शनज्ञानचरित्राणि—प्रथमा बहुवचन कर्मवाच्यमें कर्म। सेवितव्यानि—प्रथमा बहुवचन, कृदन्त क्रिया। साधुना—तृतीया एक०, कर्मवाच्यमें कर्ता। नित्यं—अव्यय। तानि—

स्वयं परमार्थ एकरूप ही है।

आगे कहते हैं—"दर्शन" इत्यादि। **अर्थ**—व्यवहारदृष्टिसे देखा जाय तब आत्मा एक है तो भी तीन स्वभावरूप होनेसे अनेकाकार है; क्योंकि वह दर्शन, ज्ञान, चारित्ररूप परिणमता है। **भावार्थ**—शुद्ध द्रव्यार्थिकनयसे आत्मा एक है; इस नयकी मुख्यतामें कहा जाय, तब पर्यायार्थिकनय गौण हो जाता है। सो एकको तीनरूप परिणमता कहना यही व्यवहार हुआ, ऐसे व्यवहारनयसे दर्शन, ज्ञान, चारित्र परिणाम होनेसे आत्माको मेचक कहा है।

अब परमार्थनयसे कहते हैं "परमार्थेन" इत्यादि। **अर्थ**—परमार्थदृष्टिसे देखा जाय तब प्रकट ज्ञायकज्योतिमात्र आत्मा एकस्वरूप है, क्योंकि इसका शुद्ध द्रव्यार्थिकनयसे सभी अन्य द्रव्यके स्वभाव तथा अन्यके निमित्तसे हुए विभावोंको दूर करनेरूप स्वभाव है। अतः अमेचक है, अर्थात् शुद्ध एकाकार है।

यहाँ प्रमाणनयसे मेचक अमेचक कहा सो इस चिन्ताको मेट जैसे साध्यकी सिद्धि हो वैसे करना यह "आत्मनः" इस काव्यमें कहते हैं। **अर्थ**—यह आत्मा मेचक है, भेदरूप अनेकाकार है तथा अमेचक है, अभेदरूप एकाकार है, ऐसी चिन्ताको छोड़ो। साध्य आत्माकी सिद्धि तो दर्शन, ज्ञान और चारित्र—इन तीनों भावोंसे ही होती है दूसरी तरह नहीं, यह नियम है। **भावार्थ**—आत्मस्वभावकी सिद्धि शुद्ध द्रव्यार्थिकनयसे होती है। ऐसा जो शुद्ध स्वभाव साध्य है, वह पर्यायार्थिकस्वरूप व्यवहारनयसे ही साधा जाता है, इसलिये ऐसा कहा गया है कि भेदाभेदकी कथनीसे क्या, जिस तरह साध्यकी सिद्धि हो वैसे करना। व्यवहारी जन भेद द्वारा ही तथ्य समझते हैं। इस कारण दर्शन, ज्ञान और चारित्र तीनों परिणामरूप ही आत्मा है, इस तरह भेदकी प्रधानतासे अभेदकी सिद्धि करनेके लिये कहा गया है।

प्रसंगविवरण—अनन्तरपूर्व जिस शुद्ध आत्माके दर्शनका आदेश था उसकी दृष्टि व उपासना किस प्रकार करना चाहिये, इस उत्सुकताकी पूर्ति इस गाथासे हो जाती है।

तथ्यप्रकाश—(१) आत्मा ही साध्य है और आत्मा ही साधन है अर्थात् शुद्धात्मोपलब्धि साध्य है और शुद्धात्मानुवृत्ति साधन है। (२) निश्चयनयसे आत्मा सेवने योग्य है। (३) व्यवहारनयसे दर्शन, ज्ञान व चारित्र सेवने योग्य है। (४) परमार्थतः दर्शन, ज्ञान,

प्रद्योतते । स किल—

दर्शनज्ञानचारित्रैस्त्रित्वादेकत्वतः स्वयं । मेचकोऽमेचकश्चापि सममात्मा प्रमाणतः ॥१६॥
दर्शनज्ञानचारित्रैस्त्रिभिः परिणतत्वतः । एकोपि त्रिस्वभावत्वाद् व्यवहारेण मेचकः ॥१७॥
परमार्थेन तु व्यक्तज्ञातृत्वज्योतिषैककः । सर्वभावांतरध्वंसिस्वभावत्वादमेचकः ॥१८॥
आत्मनश्चितयैवालं मेचकामेचकत्वयोः । दर्शनज्ञानचारित्रैः साध्यसिद्धिर्न चान्यथा ॥१९॥१६॥

द्वितीया बहु० कर्मकारक। पुनः—अव्यय। जानीहि—लोट् मध्यम एक०। त्रीणि—द्वितीया बहु०। अपि—अव्यय। आत्मानं—द्वि० ए०। च—अव्यय। एव—अव्यय। निश्चयतः—हेत्वार्थे तस् अव्यय ॥१६॥

चारित्र यह सब एक आत्मा ही है। (५) दर्शनज्ञानचारित्ररूप परिणमता हुआ आत्मा वस्तुतः एक है, सो आत्मा मेचकामेचक है। (६) दर्शनज्ञानचारित्ररूप परिणत होनेसे आत्मा मेचक है। (७) ज्ञानज्योतिर्मात्र होनेसे आत्मा अमेचक है। (८) सहजात्मोपलब्धिका सुगम उपाय सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान व सम्यक्चारित्ररूप परिणमना है।

सिद्धान्त—(१) वस्तुतः आत्मा ही साध्य है व आत्मा ही साधन है। (२) आत्मा मेचकामेचक है। (३) आत्मा मेचक है। (४) आत्मा अमेचक है।

दृष्टि—१—कारककारकिभेदक सद्भूतव्यवहार (७३)। २—प्रमाणसिद्ध। ३—सत्तासापेक्षनानात्मक पर्यायार्थिक (६०)। ४—परमशुद्धनिश्चयनय (४४)।

प्रयोग—आत्माका परिचय करके, आत्मतत्त्वका श्रद्धान करके, आत्माके सानुभव ज्ञान द्वारा आत्मामें रमण करके सहज आनंदमय ज्ञायकभावरूप अपनेको अनुभवना चाहिये ॥१६॥

अब इसी रत्नत्रयको दो गाथाओंमें दृष्टान्त द्वारा व्यक्त करते हैं—[**यथा नाम**] जैसे [**कोपि**] कोई [**अर्थार्थिकः पुरुषः**] धनका चाहने वाला पुरुष [**राजानं**] राजाको [**ज्ञात्वा**] जानकर [**श्रद्दधाति**] श्रद्धान करता है [**ततः**] उसके बाद [**तं**] उसकी [**प्रयत्नेन अनुचरति**] अच्छी तरह सेवा करता है [**एवं हि**] इसी तरह [**मोक्षकामेन**] मोक्षको चाहने वाला [**जीवराजः**] जीवरूप राजाको [**ज्ञातव्यः**] जाने [**पुनः च**] और फिर [**तथैव**] उसी तरह [**श्रद्धातव्यः**] श्रद्धान करे [**तु च स एव**] उसके बाद [**अनुचरितव्यः**] उसका अनुचरण करे अर्थात् तन्मय हो जाये।

तात्पर्य—भेदोपासनाकी विधि आत्मतत्त्वका ज्ञान, श्रद्धान, आचरण है।

टीकार्थ—निश्चयसे जैसे कोई धनको चाहने वाला पुरुष प्रयत्नसे पहले तो राजाको जानता है पश्चात् उसीका श्रद्धान करता है उसके पश्चात् उसीका सेवन करता है उसी तरह

जह णाम को वि पुरिसो रायाणं जाणिऊण सद्दहदि ।
तो तं अणुचरदि पुणो अत्थत्थीओ पयत्तेण ॥१७॥
एवं हि जीवराया णादव्वो तह य सद्दहेदव्वो ।
अणुचरिदव्वो य पुणो सो चेव दु मोक्खकामेण ॥१८॥ (युगलम्)

ज्यौं कोई पुरुष धनका, इच्छुक नृपको सु जानकर माने ।
सेवा भि करे उसकी, उसके अनुकुल यत्नोंसे ॥१७॥
त्यौं मोक्षइच्छिक पुरुषो, शुद्धात्मा देवको सही जानो ।
मानो व भजो उसको, स्वभावसद्भाव यत्नोंसे ॥१८॥

यथा नाम कोपि पुरुषो राजानं ज्ञात्वा श्रद्दधाति । ततस्तमनुचरति पुनरर्थार्थिकः प्रयत्नेन ॥१७॥
एवं हि जीवराजो ज्ञातव्यस्तथैव श्रद्धातव्यः । अनुचरितव्यश्च पुनः स चैव तु मोक्षकामेन ॥१८॥

यथा हि कश्चित्पुरुषोऽर्थार्थी प्रयत्नेन प्रथममेव राजानं जानीते ततस्तमेव श्रद्धत्ते ततस्तमेवानुचरति । तथात्मना मोक्षार्थिना प्रथममेवात्मा ज्ञातव्यः, ततः स एव श्रद्धातव्यः, ततः स एवानुचरितव्यश्च साध्यसिद्धेस्तथान्यथोपपत्त्यनुपपत्तिभ्यां । तत्र यदात्मनोनुभूयमानानेकभावसंकरेपि परमविवेककौशलेनायमहमनुभूतिरित्यात्मज्ञानेन संगच्छमानमेव तथेतिप्रत्ययलक्षणं

नामसंज्ञ—जह, णाम, क, वि, पुरिस, राय, तो, त, पुणो, अत्थत्थि, पयत्त, एवं, हि, जीवराय, तह, य, य, पुणो, त, चेव, दु, मोक्खकाम । **धातुसंज्ञ**—जाण अवबोधने, सद्-दह धारणे, अनु-चर गतौ, काम इच्छायां । **प्रकृतिशब्द**—यथा, नामन्, किम्, अपि, पुरुष, राजन्, तत्, तद्, पुनर्, अर्थार्थिक, प्रयत्न, एवं,

---

मोक्षको चाहने वाला पहले तो आत्माको जाने, अनन्तर उसीका श्रद्धान करे उसके पश्चात् उसीका अनुचरण करे, क्योंकि निष्कर्म अवस्थारूप अभेद शुद्धस्वरूप साध्यकी इसी प्रकार उपपत्ति (सिद्धि) है अन्यथा अनुपपत्ति है । जिस समय आत्माके अनुभवमें आये हुए अनेक पर्यायरूप भेदभावोंसे मिश्रितता होनेपर भी परम भेदज्ञानकी प्रवीणतासे जो यह अनुभूति है कि "यही मैं हूं" ऐसे आत्मज्ञानसे युक्त होता हुआ यह आत्मा जैसा जाना वैसा ही है, ऐसी प्रतीतिस्वरूप श्रद्धान प्रकट होता है उसी समय समस्त अन्य भावोंसे भेद होनेके कारण निःशंक ही ठहरनेमें समर्थ होनेसे उदीयमान हुआ आत्माका आचरण आत्माको साधता है । इस तरह तो साध्य आत्माकी सिद्धिकी तथोपपत्ति प्रसिद्ध है । परन्तु जिस समय ऐसा अनुभूतिस्वरूप भगवान आत्मा बाल गोपाल तक सदाकाल स्वयं ही अनुभवमें आता भी अनादिबंधके वशसे परद्रव्यों सहित एकत्वका निश्चय कर अज्ञानीके "यह मैं हूं" ऐसा अनुभूतिरूप आत्मज्ञान नहीं प्रकट होता, उसके अभावसे अज्ञात गधेके सींगके समान श्रद्धानका भी उदय नहीं होता । उस

श्रद्धानमुत्प्लवते तदा समस्तभावान्तरविवेकेन निःशङ्कमेव स्थातुं शक्यत्वादात्मानुचरणमुत्प्लवमानमात्मानं साधयतीति साध्यसिद्धेस्तथोपपत्तिः । यदात्वबालगोपालमेव सकलकालमेव स्वयमेवानुभूयमानेपि भगवत्यनुभूत्यात्मन्यात्मन्यनादिबंधवशात् परैः सममेकत्वाध्यवसायेन विमूढस्यायमहमनुभूतिरित्यात्मज्ञानं नोत्प्लवते तदभावादज्ञातखरशृङ्गश्रद्धानसमानत्वाच्छ्रद्धानमपि नोत्प्लवते तदा समस्तभावांतराविवेकेन निःशङ्कमेव स्थातुमशक्यत्वादात्मानुचरणमनुत्प्लवमानं नात्मानं साधयतीति साध्यसिद्धेरन्यथानुपपत्तिः ।

हि जीवराज, तथा, एव, च, पुनर्, तत् च, एव, तु, मोक्षकाम । **मूलधातु**—श्रत्-डुधाञ् धारणपोषणयोः । अनु-चर गत्यर्थः । ज्ञा अवबोधने । मुच प्रमोचने मोदे च । कमु कान्तौ, कान्तिरिच्छा । **पदविवरण**—यथा—अव्यय । नाम—प्रथमा एक० । कः—प्र० एक० । अपि—अव्यय । पुरुषः—प्रथमा एक० कर्ताकारक । राजनं—क्तिन्प्रत्ययान्त एक० । ज्ञात्वा—असमाप्तिकी क्रिया, श्रद्दधाति—श्रत् दधाति—वर्तमान लट् अन्य पुरुष ए० ।

समय समस्त अन्य भावोंसे भेद न होनेके कारण निःशंक आत्मामें ही ठहरनेकी असामर्थ्यसे आत्माका आचरण न होनारूप परिणमन आत्माको नहीं साध सकता । इस तरह साध्य आत्माकी सिद्धिकी अन्यथानुपपत्ति प्रसिद्ध है ।

भावार्थ—साध्य आत्माकी सिद्धि दर्शनज्ञानचारित्रसे ही है, अन्य प्रकार नहीं है । क्योंकि पहले तो आत्माको जाने कि "यह मैं हूं" उसके अनन्तर इसकी प्रतीतिरूप श्रद्धान होता है । बिना जाने श्रद्धान किसका हो ? फिर समस्त अन्य भावोंसे भेद करके अपनेमें स्थिर होवे ऐसे आत्माकी सिद्धि है । जब जानेगा नहीं तब श्रद्धान भी नहीं हो सकेगा । तब स्थिरता किसमें कर सकता है ? इसलिये दूसरी तरह सिद्धि नहीं है, ऐसा निश्चय है ।

अब इसीको दृढ़ करनेके लिये कलशरूप काव्य कहते हैं—"**कथमपि**" इत्यादि । **अर्थ**—किसी भी प्रकार तीनपनेको प्राप्त होनेपर भी एकरूपतासे च्युत न हुई, निर्मल उदयको प्राप्त हुई, अनंत चैतन्य चिह्न वाली इस आत्मज्योतिको हम निरन्तर अनुभवते हैं, क्योंकि अन्य प्रकारसे साध्य आत्माकी सिद्धि कभी नहीं होती किसी तरह नहीं होती । **भावार्थ**—आचार्य कहते हैं कि जिसके किसी तरह पर्यायदृष्टिसे तीनपना प्राप्त है तो भी शुद्धद्रव्यदृष्टिसे एकरूपता नहीं छूटी है तथा अनन्त चैतन्यस्वरूप निर्मल उदयको प्राप्त है ऐसी आत्मज्योतिका हम निरन्तर अनुभव करते हैं ।

प्रसंगविवरण—अनन्तर पूर्व गाथामें कहा गया था कि व्यवहारसे दर्शन, ज्ञान, चारित्र सेवनीय है, निश्चयसे आत्मा सेवनीय है उसी कथनका प्रेक्टिकल रूपमें यहाँ विवरण किया गया है ।

तथ्यप्रकाश—(१) मोक्षमार्ग पानेके लिये प्रथम आत्माका कुछ परिचय आवश्यक है ।

कथमपि समुपात्तत्रित्वमप्येकताया अपतितमिदमात्मज्योतिरुद्गच्छदच्छम् ।
सततमनुभवामोऽनंतचैतन्यचिह्नं न खलु न खलु यस्मादन्यथा साध्यसिद्धिः ॥२०॥१७-१८॥

ननु ज्ञानतादात्म्यादात्मा ज्ञानं नित्यमुपास्त एव कुतस्तदुपास्यत्वेनानुशास्यत इति चेत्तन्न, यतो न खल्वात्मा ज्ञानतादात्म्येपि क्षणमपि ज्ञानमुपास्ते स्वयंबुद्ध-बोधितबुद्धत्वकारण-पूर्वकत्वेन ज्ञानस्योत्पत्तेः । तर्हि तत्कारणात्पूर्वमज्ञान एवात्मा, नित्यमेवाप्रतिबुद्धत्वादेवमेतत् । तर्हि कियंतं कालमयमप्रतिबुद्धो भवतीत्यभिधीयतां——

ततः हेत्वर्थे पंचम्यां तस्—अव्यय । तं—द्वितीया एक० , अनुचरति—अनु-चरति—अन्य पुरुष एक० क्रिया । पुनः—अव्यय । अर्थार्थिकः—प्रथमा एक० कर्तृविशेषण । प्रयत्नेन—तृतीया एक० । एवं—अव्यय । जीवराजः—प्रथमा एक० कर्मवाच्यमें कर्म । ज्ञातव्यः—प्रथमा एक० कृदन्त क्रिया । तथा च—अव्यय । श्रद्दधातव्यः—प्रथमा ए० कृदन्त क्रिया । अनुचरितव्यः—प्रथमा एक० कृदन्त क्रिया । सः—प्रथमा एक० कर्मवाच्यमें कर्म । तु—अव्यय । मोक्षकामेन—तृतीया एक०, कर्मवाच्यमें कर्ता या कर्तृविशेषण ।

---

(२) आत्मपरिचयके बाद आत्माका अनुभवपूर्वक श्रद्धान होता है । (३) सानुभव श्रद्धानके साथ ही ज्ञान सम्यग्ज्ञान हो जाता है । (४) आत्माका श्रद्धान ज्ञान होनेपर आत्माके अनुरूप आचरण होता है । (५) आत्माके श्रद्धान, ज्ञान, आचरणसे सहजपरमात्मतत्त्वकी सिद्धि होती है । (६) आत्माके श्रद्धान, ज्ञान, आचरणके न होनेपर सहजपरमात्मतत्त्व[illegible]द्धि कभी नहीं होती ।

सिद्धान्त—(१) शुद्धात्मा निर्विकार स्वसंवेदनज्ञानसे ज्ञातव्य है । (२) सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान, सम्यक्चारित्रकी एकता मोक्षमार्ग है ।

दृष्टि—१– शुद्धनय (४६) । २– एवंभूतनय (४३) ।

प्रयोग—आत्माको व्यवहारनयसे (गुणादिपरिचयसे) पहिचानकर सहजज्ञानानन्दस्वभाव शुद्ध अन्तस्तत्त्वका श्रद्धान कर निर्विकल्प स्वसंवेदन समाधिसे निरन्तर अनुभव करना ॥१७-१८॥

प्रश्न—आत्मा तो ज्ञानसे तादात्म्यस्वरूप है, जुदा नहीं है, इसलिये आत्मा ज्ञानका नित्य सेवन करता ही है, फिर ज्ञानकी ही उपासना करनेकी शिक्षा क्यों दी जाती है ? **समाधान**—यह कहना ठीक नहीं, यद्यपि आत्मा ज्ञानसे तादात्म्यरूप है तो भी यह एक क्षणमात्र भी ज्ञानकी उपासना नहीं करता । इसके ज्ञानकी उत्पत्ति स्वयं ही जाननेसे अथवा दूसरेके बतलानेसे होती है; क्योंकि या तो काललब्धि आये तब आप ही जान लेता है या कोई जनावे तब जान सकेगा । **प्रश्न**—यदि इस तरह है तो जाननेके कारणके पहले आत्मा अज्ञानी ही है, क्योंकि सदा ही इसके अप्रतिबुद्धपना है ? **उत्तर**—यह बात ऐसे ही है कि वह अज्ञानी ही

कम्मे णोकम्मह्मि य अहमिदि अहकं च कम्म णोकम्मं ।
जा एसा खलु बुद्धी अप्पडिबुद्धो हवदि ताव ॥१९॥

विधि विभाव देहोंमें, 'यह मैं मैं यह' की एकता जब तक ।
जिसकी मतिमें रहती, अज्ञानी जीव है तब तक ॥१९॥

कर्मणि नोकर्मणि चाहमित्यहकं च कर्म नोकर्म । यावदेषा खलु बुद्धिरप्रतिबुद्धो भवति तावत् ॥१९॥

यथा स्पर्शरसगंधवर्णादिभावेषु पृथुबुध्नोदराद्याकारपरिणतपुद्गलस्कंधेषु घटोयमिति घटे च स्पर्शरसगंधवर्णादिभावाः पृथुबुध्नोदराद्याकारपरिणतपुद्गलस्कंधाश्चामी इति वस्त्वभेदेनानुभूतिस्तथा कर्मणि मोहादिष्वंतरंगेषु, नोकर्मणि शरीरादिषु बहिरंगेषु चात्मतिरस्कारिषु

नामसंज्ञ कम्म, णोकम्म, य, अम्ह, इदि, अम्ह, च, कम्म, णोकम्म, ज, एत, खलु, बुद्धि, अप्पडिबुद्ध, ताव । **धातुसंज्ञ** बुज्झ अवगमने, हो सत्तायां । **प्रकृतिशब्द**—कर्मन्, नोकर्मन्, च, अस्मत्, इति,

है । तो फिर यह आत्मा कितने समय तक अप्रतिबुद्ध (अज्ञानी) रहता है ? उसके स्वयं एकरूप गाथासूत्र कहते हैं—

[यावत्] जब तक इस आत्माके [कर्मणि] ज्ञानावरणादि द्रव्यकर्म व भावकर्ममें [च] और [नोकर्मणि] शरीर आदि नोकर्ममें [अहं कर्म नोकर्म] मैं कर्म नोकर्म हूं [च इति अहकं] और ये कर्म नोकर्म मैं हूं [एषा खलु] ऐसी निश्चयसे [मतिः] बुद्धि है [तावत्] तब तक [अप्रतिबुद्धः] यह आत्मा अप्रतिबुद्ध याने अज्ञानी [भवति] है ।

तात्पर्य—विकार व शरीरमें आत्मत्वका अनुभवन होना अज्ञान है ।

टीकार्थ—जैसे स्पर्श, रस, गंध और वर्ण आदि भावोंमें चौड़ा नीचे अवगाहरूप उदर आदिके आकार परिणत हुए पुद्गलके स्कंधोंमें यह घट है ऐसा और घटमें स्पर्श, रस, गंध और वर्णादि भाव हैं तथा पृथुबुध्नोदर आदिके आकार परिणत पुद्गल स्कंध हैं, ऐसा वस्तुके अभेदसे अनुभव है, उसी तरह कर्म—मोह आदि अंतरंग परिणाम और नोकर्म—शरीर आदि बाह्य वस्तुयें सब पुद्गलके परिणाम हैं जो कि आत्माके तिरस्कार करने वाले हैं, उनमें ये कर्म नोकर्म 'मैं हूं' तथा मोहादिक अंतरंग और शरीरादि बहिरंग कर्म आत्माके तिरस्कार करने वाले पुद्गल परिणाम मुझ आत्मामें हैं, इस प्रकार वस्तुके अभेदसे जब तक अनुभूति है तब तक आत्मा अप्रतिबुद्ध है, अज्ञानी है । और जब किसी समय जैसे रूपी दर्पणके आकार को प्रतिभास करने वाली स्वच्छता ही है तथा उष्णता और ज्वाला अग्निकी है, उसी तरह अरूपी आत्माकी अपने परके जानने वाली ज्ञातृता (ज्ञातापना) ही है और कर्म नोकर्म पुद्गल के ही हैं, ऐसी अपने आप ही अथवा दूसरेके उपदेशसे भेदविज्ञानमूलक अनुभूति उत्पन्न हो

पुद्गलपरिणामेष्वहमित्यात्मनि च कर्ममोहादयोऽन्तरंगा नोकर्मशरीरादयो बहिरंगाश्चात्मतिरस्कारिणः पुद्गलपरिणामा अमी इति वस्त्वभेदेन यावंतं कालमनुभूतिस्तावंतं कालमात्मा भवत्यप्रतिबुद्धः। यदा कदाचिद्यथा रूपिणो दर्पणस्य स्वपराकारावभासिनी स्वच्छतैव वह्नेरौष्ण्यं

अहक, च, कर्मन्, नोकर्मन्, यावत्, एतत्, खलु, बुद्धि, अप्रतिबुद्ध, तावत्। **मूलधातु**—डुकृञ् करणे, बुध अवगमने, भू सत्तायां। **पदविवरण**—कर्मणि—सप्तमी एकवचन। नोकर्मणि—सप्तमी एक०। च—अव्यय। अहं—प्रथमा एक०। इति—अव्यय। अहक—प्रथमा एक०। कर्म—प्रथमा एक०। नोकर्म—प्रथमा एक०।

जायगी तब ही यह आत्मा प्रतिबुद्ध (ज्ञानी) होगा।

भावार्थ—जब तक जीव ऐसा जानता है कि जैसे स्पर्श आदिक पुद्गलमें हैं और पुद्गल स्पर्शादिमें है उसी तरह जीवमें कर्म नोकर्म हैं और कर्म नोकर्ममें जीव है तब तक तो वह अज्ञानी है और जब यह जान ले कि आत्मा तो ज्ञानस्वरूप ही है और कर्म नोकर्म पुद्गल ही हैं तभी यह ज्ञानी होता है। जैसे दर्पणमें अग्निकी ज्वाला दीखती हो, वहाँ ऐसा जाने कि ज्वाला तो अग्निमें ही है, दर्पणमें नहीं बैठी, जो दर्पणमें दीख रही है वह दर्पणकी स्वच्छता ही है। इसी तरह कर्म नोकर्म अपने आत्मामें नहीं बैठे, आत्माके ज्ञानकी स्वच्छता ऐसी है जिसमें ज्ञेयका प्रतिभास होता है। इस प्रकार कर्म नोकर्म ज्ञेय हैं, वे मात्र प्रतिभासित होते हैं, ऐसा अनुभव स्वयमेव हो अथवा उपदेशसे हो तब ही ज्ञानी होता है।

अब इसी अर्थका कलशरूप काव्य कहते हैं "**कथमपि**" इत्यादि। **अर्थ**—जो पुरुष आपसे ही अथवा परके उपदेशसे किसी तरह भेदविज्ञानमूलक अविचल निश्चल अपने आत्मा की अनुभूतिको प्राप्त करते हैं, वे ही पुरुष दर्पणकी तरह अपने आत्मामें प्रतिबिम्बित हुए अनंत भावोंके स्वभावोंसे निरन्तर विकाररहित होते हैं। **भावार्थ**—ज्ञानमें प्रतिफलित ज्ञेयाकारोंसे ज्ञानी विकृत नहीं बनते।

प्रसङ्गविवरण—अनन्तरपूर्व गाथामें ज्ञानमय आत्माकी उपासनाके प्रकरणमें यह प्रश्न हुआ था कि आत्मा तो ज्ञानमय है ही उसकी उपासनाका उपदेश बेकार है उसके उत्तर में कहा था कि आत्मा ज्ञानमय तो है, किन्तु उसका ज्ञान न होनेसे अज्ञानी है, अतः उसे ज्ञान की उपासनाका उपदेश किया जाता है। इसपर यह प्रश्न हुआ कि फिर यह कितने समय तक अज्ञानी रहता है। इस प्रश्नका उत्तर इस गाथामें दिया गया है।

तथ्यप्रकाश—(१) अज्ञानीको घटमें घटाकारादिके अभेदकी भाँति विभाव व देहमें "मैं हूँ" की अभेदसे अनुभूति रहती है। (२) ज्ञानीको दर्पण और जिसका दर्पणमें प्रतिबिम्ब हुआ, ऐसे अग्निकी उष्णता व ज्वालाके भेदकी तरह, अपनी ज्ञातृता (ज्ञातापन) व पुद्गलोंकी देहादिदशाका भेद ज्ञात रहता है और इस भेदविज्ञानके परिणाममें अपनेको ज्ञानमात्र अनुभ-

ज्वाला च तथा नोरूपस्यात्मनः स्वपराकारावभासिनी ज्ञातृतैव, पुद्गलानां कर्म नोकर्म चेति स्वतःपरतो वा भेदविज्ञानमूलानुभूतिरुत्पत्स्यते तदैव प्रतिबुद्धो भविष्यति ।

कथमपि हि लभंते भेदविज्ञानमूलामचलितमनुभूतिं ये स्वतो वान्यतो वा ।
प्रतिफलननिमग्नानन्तभावस्वभावैर्मुकुरवदविकाराः संततं स्युस्त एव ॥२१॥१६॥

यावत्--अव्यय । एषा–प्रथमा एक० स्त्रीलिङ्ग । खलु–अव्यय । बुद्धिः–प्रथमा एक० । अप्रतिबुद्धः–प्रथमा एक० । भवति–वर्तमान लट् अन्य पुरुष एक० । तावत्–अव्यय ।

बता है ।

सिद्धान्त—(१) ज्ञानी सहज अन्तस्तत्त्वमें आत्मत्व मानता है । (२) अज्ञानी परपदार्थ व विभावमें आत्मत्व मानता है ।

दृष्टि—१– परमभावग्राहक द्रव्यार्थिकनय, शुद्धनय (३०, ४६) । २– संश्लिष्टविजात्युपचरित असद्भूतव्यवहार (१२५) ।

प्रयोग—परपदार्थ व परभावोंसे भिन्न आत्माको अविकार चैतन्यस्वरूप निरखकर अपने सहज आनन्दका अनुभव करते हुए परम विश्राम पावें ॥१६॥

अब शिष्य प्रश्न करता है कि यह अप्रतिबुद्ध (अज्ञानी) किस तरह पहचाना जा सकता है उसके उत्तररूप गाथा कहते हैं—[यः] जो पुरुष [अन्यत् यत् परद्रव्यं] अपनेसे अन्य जो परद्रव्य [सचित्ताचित्तमिश्रं वा] सचित्त स्त्री-पुत्रादिक, अचित्त धनधान्यादिक, मिश्र ग्राम-नगरादिक—इस सबको ऐसा समझे कि [अहं एतत्] मैं यह हूं [एतत् अहं] यह सब द्रव्य मैं हूं [एतस्य अहं] मैं इसका हूं [एतत् मम अस्ति] यह मेरा है [एतत् मम पूर्वं आसीत्] यह मेरा पूर्वमें था [एतस्य अहमपि पूर्वं आसं] इसका मैं भी पहले था [पुनः] तथा [एतत् मम भविष्यति] यह सब मेरा होगा [अहमपि एतस्य भविष्यामि] मैं भी इसका आगामी होऊँगा [एतत्तु असद्भूतं] ऐसा झूठा [आत्मविकल्पं] आत्मविकल्प करता है वह [संमूढः] मूढ़ है [तु] किन्तु जो पुरुष [भूतार्थं] परमार्थ वस्तुस्वरूपको [जानन्] जानता हुआ [तं] ऐसे झूठे विकल्पको [न करोति] नहीं करता है वह [असंमूढः] मूढ़ नहीं है, ज्ञानी है ।

तात्पर्य—परमें व परभावमें आत्मत्वका अनुभवन करने वाला अज्ञानी है व सहजसिद्ध चैतन्यमात्र अन्तस्तत्त्वमें आत्मत्वका अनुभवन करने वाला ज्ञानी है ।

टीकार्थ—जैसे कोई पुरुष ईंधन और अग्निको मिला हुआ देखकर ऐसा झूठा विकल्प करता है कि अग्नि ईंधन है तथा ईंधन अग्नि है, अग्निका ईंधन पहले था, ईंधनकी अग्नि पहले थी, अग्निका ईंधन आगामी होगा, ईंधनकी अग्नि आगामी होगी, इस तरह ईंधनमें ही

ननु कथमयमप्रतिबुद्धो लक्ष्येत—

अहमेदं एदमेहं अहमेदस्सेव होमि मम एदं।
अण्णं जं परदव्वं सच्चित्ताचित्तमिस्सं वा ॥२०॥
आसि मम पुव्वमेदं एदस्स अहंपि आसि पुव्वं हि।
होहिदि पुणोवि मज्झं एयस्स अहंपि होस्सामि ॥२१॥
एयं तु असंभूदं आदवियप्पं करेदि संमूढो।
भूदत्थं जाणंतो ण करेदि दु तं असंमूढो ॥२२॥ (त्रिकलम्)

जगमें जो कुछ दिखता, सजीव निर्जीव मिश्र वा वस्तु।
मैं यह यह मैं मैं हूं, इसका यह सब तथा मेरा ॥२०॥
यह पहले मेरा था, इसका मैं था भि पूर्व समयोंमें।
मैं होऊंगा इसका, यह सब होगा तथा मेरा ॥२१॥
ऐसा असत्य अपना, करता मानन विकल्प यह मोही।
किन्तु नहिं भ्रान्ति करता, भूतार्थज्ञ निर्मोही ॥२२॥

अहमेतदेतदहमहमेतस्यैवास्मि ममैतत्। अन्यद्यत्परद्रव्यं सच्चित्ताचित्तमिश्रं वा ॥२०॥
आसीन्मम पूर्वमेतद् एतस्याहमप्यासं पूर्वं हि। भविष्यति पुनरपि मम एतस्याहमपि भविष्यामि ॥२१॥
एतत्त्वसद्भूतमात्मविकल्पं करोति संमूढः। भूतार्थं जानन्न करोति तमसंमूढः ॥२२॥

यथाग्निरिंधनमस्तींधनमग्निरस्त्यग्नेरिंधनमस्तींधनस्याग्निरस्त्यग्नेरिंधनं पूर्वमासीदिंधनस्याग्निः पूर्वमासीदग्नेरिंधनं पुनर्भविष्यतींधनस्याग्निः पुनर्भविष्यतीतींधन एवासद्भूताग्निविक-

---

नामसंज्ञ—अम्ह, एत, अम्ह, अम्ह, एत, एव, अम्ह, एत, अण्ण, ज, परदव्व, सच्चित्ताचित्तमिस्स, वा, अम्ह, पुव्व, एत, एत, अम्ह, पि, पुव्व, हि, पुणो, वि, अम्ह, एत, अम्ह, पि, एत, तु, असंभूद, आदवियप्प, संमूढ, भूदत्थ, जाणंत, ण, दु, त, असंमूढ। धातुसंज्ञ—हो सत्तायां, दव प्राप्तौ, अस सत्तायां, कर

अग्निका विकल्प करता है वह झूठा है। इसीसे अप्रतिबुद्ध (अज्ञानी) पहचाना जा सकता है। उसी तरह (दार्ष्टान्तमें देखिये) कोई परद्रव्यमें असत्यार्थ आत्मविकल्प करे कि मैं यह परद्रव्य हूं और यह परद्रव्य मैं हूं, मेरा यह परद्रव्य है, इस परद्रव्यका मैं हूं, मेरा यह पहले था, इसका मैं पहले था, मेरा यह फिर होगा, इसका मैं फिर होऊंगा, ऐसे झूठे विकल्पसे अप्रतिबुद्ध (अज्ञानी) पहचाना जाता है। तथा अग्नि ईंधन नहीं है, ईंधन अग्नि नहीं है, अग्नि अग्नि ही है, ईंधन ईंधन ही है, अग्निका ईंधन नहीं है, ईंधनकी अग्नि नहीं है, अग्निकी अग्नि है, ईंधनका ईंधन है, अग्निका ईंधन पहले हुआ नहीं, ईंधनकी अग्नि पहले हुई नहीं,

त्यत्वेनाप्रतिबुद्धः कश्चिल्लक्ष्येत तथाहमेतदस्म्येतदहमस्ति ममैतदस्त्येतस्याहमस्मि ममैतत्पूर्वमासीदेतस्याहं पूर्वमासं ममैतत्पुनर्भविष्यत्येतस्याहं पुनर्भविष्यामीति परद्रव्य एवात्मद्भूतात्मविकल्पत्वेनाप्रतिबुद्धो लक्ष्येतात्मा। नाग्निरिंधनमस्ति नेंधनमग्निरस्त्यग्निरग्निरस्तींधनमिंधनमस्ति नाग्नेरिंधनमस्ति नेंधनस्याग्निरस्त्यग्नेरग्निरस्तींधनस्येंधनमस्ति नाग्नेरिंधनं पूर्वमासीन्नेंधनस्याग्निः पूर्वमासीदग्नेरग्निः पूर्वमासीदिंधनस्येंधनं पूर्वमासीन्नाग्नेरिंधनं पुनर्भविष्यति नेंधनस्या-

---

करणं। **प्रातिपदिक**—अस्मद्, एतत्, एतत्, अस्मद्, अस्मद्, एतत्, अन्यत्, यत्, परद्रव्य, सचित्ताचित्तमिश्र, वा, अस्मद्, पूर्व, एतत्, एतत्, अस्मद् अपि, पूर्व, हि, पुनर्, अपि, अस्मद्, एतत्, अस्मद, अपि, एव, तु, असद्भूत, आत्मविकल्प, संमूढ, भूतार्थ, जानत्, न, तु तत् असंमूढ। **मूलधातु**—भू सत्तायां, इङ् गतौ, अस् भुवि, डुकृञ् करणे, मुह वैचित्ये वंचित्यमविवेकः, ज्ञा अवबोधने। **पदविवरण**—अहं—प्रथमा एक०। एतत्—प्रथमा एक०। एतत्—प्रथमा एक०। अहं—प्रथमा एक०। अहं—प्रथमा एक०। एतस्य—षष्ठी एक०। एव—अव्यय। भवामि—वर्तमान लट् उत्तम पुरुष एक० क्रिया। मम—एकवचन। परद्रव्यं—प्रथमा एक। सचित्ताचित्तामिश्रं—प्रथमा एक०। वा—अव्यय। आसीत्—भूत लुङ् अन्य पुरुष एक० क्रिया। मम—षष्ठी एक०।

ग्निकी अग्नि पहले थी, ईंधनका ईंधन पहले था तथा अग्निका ईंधन आगामी नहीं होगा, ईंधनकी अग्नि आगामी नहीं होगी, अग्निकी अग्नि ही आगामी कालमें होगी, ईंधनका ईंधन ही आगामी होगा। इस तरह किसीके अग्निमें ही सत्यार्थ अग्निका विकल्प जिस प्रकार हो जाता है, उसी तरह मैं यह परद्रव्य नहीं हूं, तथा यह परद्रव्य मुझ स्वरूप नहीं है, मैं तो मैं ही हूं, परद्रव्य परद्रव्य ही है तथा मेरा यह परद्रव्य नहीं है, इस परद्रव्यका मैं नहीं हूं, अपना ही मैं हूं, परद्रव्यका परद्रव्य है तथा इस परद्रव्यका मैं पहले नहीं था, यह परद्रव्य मेरा पहले नहीं था, अपना मैं ही पूर्वमें था, परद्रव्यका परद्रव्य पहले था तथा यह परद्रव्य मेरा आगामी न होगा, उसका मैं आगामी न होऊँगा, मैं अपना ही आगामी होऊँगा, इस (परद्रव्य) का यह (परद्रव्य) आगामी होगा। ऐसा जो स्वद्रव्यमें ही सत्यार्थ आत्मविकल्प होता है, यही प्रतिबुद्ध ज्ञानीका लक्षण है, इसीसे ज्ञानी पहचाना जाता है। **भावार्थ**—जो परद्रव्यमें आत्माका विकल्प करता है, वह तो अज्ञानी है। और जो अपने आत्माको ही अपना मानता है वह ज्ञानी है। ऐसा अग्नि ईंधनके दृष्टान्तसे दृढ़ निर्णय किया है।

अब इसी अर्थका कलशरूप काव्य कहते हैं—'त्यजतु' इत्यादि। **अर्थ**—हे लोकके जीवो, अनादि संसारसे लेकर अब तक अनुभव किए मोहको अब तो छोड़ो और रसिक जनोंको रुचने वाला उदीयमान जो ज्ञान है उसे आस्वादन करो, क्योंकि इस लोकमें आत्मा है वह परद्रव्यके साथ किसी समयमें प्रगट रीतिसे एकत्वको किसी प्रकार प्राप्त नहीं होता। इसलिए आत्मा एक है, वह अन्य द्रव्यके साथ एकरूप नहीं होता। **भावार्थ**—आत्मा परद्रव्यके साथ किसी प्रकार किसी कालमें एकताको प्राप्त नहीं होता। इसलिए आचार्यने ऐसी प्रेरणा की है कि

ग्निः पुनर्भविष्यत्यग्नेरग्निः पुनर्भविष्यतींधनस्येंधनं पुनर्भविष्यतीति कस्यचिदग्नावेव सद्भूताग्निविकल्पवन्नाहमेतदस्मि नैतदहमस्त्यहमहमस्म्येतदेतदस्ति न ममैतदस्ति नैतस्याहमस्मि ममाहमस्म्येतस्यैतदस्ति न ममैतत्पूर्वमासीन्नैतस्याहं पूर्वमासं ममाहं पूर्वमासमेतस्यैतत्पूर्वमासीन्न ममैतत्पुनर्भविष्यति नैतस्याहं पुनर्भविष्यामि ममाहं पुनर्भविष्याम्येतस्यैतत्पुनर्भविष्यतीति स्वद्रव्य एव सद्भूतात्मविकल्पस्य प्रतिबुद्धलक्षणस्य भावात् । त्यजतु जगदिदानीं मोहमाजन्मलीढं रसयतु रसिकानां रोचनं ज्ञानमुद्यत् । इह कथमपि नात्मात्मनात्मना साकमेकः किल कलयति काले क्वापि तादात्म्यवृत्तिं ॥२२॥२०-२१-२२॥

पूर्वं–प्रथमा एक० अथवा अव्यय । एतत्–प्रथमा एक० । एतस्य–षष्ठी एक० । अहं–प्रथमा एक० । अपि–अव्यय । आसम्–भूते लृङ् उत्तम एक० क्रिया । भविष्यति–लृट् भविष्यत् अन्य० ए० क्रिया. पुनः–अव्यय । मम–षष्ठी एक० । भविष्यामि–भविष्यत् लृट् उत्तम पुरुष एक० क्रिया । एतत्–प्रथमा एक० । तु–अव्यय । असद्भूतं–द्वितीया एक० कर्मविशेषण । आत्मविकल्पं–द्वितीया एक० कर्मकारक । करोति–वर्तमान लट् अन्य पुरुष एक० क्रिया । संमूढः–प्रथमा एकवचन । भूतार्थं–द्वितीया एकवचन । जानन्–प्रथमा विभक्ति एकवचन कृदन्त । न–अव्यय । करोति–वर्तमान लट् अन्य पुरुष एक० क्रिया । तु–अव्यय । तं–द्वि० ए० कर्म । असंमूढः–प्रथमा एकवचन कर्ता ॥२०-२१-२२॥

अनादिसे लगा हुआ जो परद्रव्यसे मोह है उस एकपनेके मोहको अब छोड़ो और ज्ञानका आस्वादन करो । मोह वृथा है, मिथ्या है, दुःखका कारण है । ऐसा भेदविज्ञान करना है ।

प्रसंगविवरण—अनन्तर पूर्व बताया गया था कि यह आत्मा कब तक अज्ञानी रहता है । अब उसीके विषयमें बताना है कि वह कैसे पहिचाना जाता है कि यह अज्ञानी है, इसका विवरण इन तीन गाथाओंमें बताया गया है ।

तथ्यप्रकाश—(१) जो परद्रव्यमें ऐसा विश्वास रखता है कि "मैं यह हूं या यह मैं हूं" वह जीव अज्ञानी है । (२) जो परद्रव्यमें ऐसा विश्वास रखता है "मेरा यह है या इसका मैं हूं" वह अज्ञानी है । (३) जो परद्रव्यमें ऐसा विश्वास रखता है कि मेरा यह पहिले था या इसका मैं पहिले था" वह अज्ञानी है । (४) जो परद्रव्यमें ऐसा विश्वास रखता है कि मेरा यह फिर होगा या इसका मैं फिर होऊँगा वह अज्ञानी है ।

सिद्धान्त—उक्त चार बातें मिथ्या हैं जिनकी दृष्टियां उपचारसम्बंधी निम्नलिखित हैं ।

दृष्टि—१– द्रव्ये द्रव्योपचारक असद्भूतव्यवहार (१०६) । २, ३, ४– परसम्बन्धव्यवहार (१३५) ।

प्रयोग—तथ्यप्रकाशमें बताये गये उपचारको मिथ्या जानकर अपनेमें परद्रव्यके विषयमें ऐसा निर्णय करना चाहिये कि मैं यह नहीं हूं, यह मैं नहीं है, मेरा यह नहीं है, इसका मैं नहीं हूं, मेरा यह नहीं था, इसका मैं नहीं था, मेरा यह कभी नहीं होगा, इसका मैं

अथाप्रतिबुद्धबोधनाय व्यवसाय—

अण्णाणमोहिदमदी मज्झमिणं भणदि पुग्गलं दव्वं ।
बद्धमबद्धं च तहा जीवो बहुभावसंजुत्तो ॥२३॥
सव्वण्हुणाणदिट्ठो जीवो उवओगलक्खणो णिच्चं ।
कह सो पुग्गलदव्वी-भूदो जं भणसि मज्झमिणं ॥२४॥
जदि सो पुग्गलदव्वी-भूदो जीवत्तमागदं इदरं ।
तो सक्को वत्तुं जे मज्झमिणं पुग्गलं दव्वं ॥२५॥

अज्ञानमुग्धबुद्धी, जीव बना विविधभावसंयोगी ।
इससे कहता तन सुत, नारी भवनादि मेरे हैं ॥२३॥
सर्वज्ञज्ञानमें यह, झलका चित् नित्य ज्ञानदर्शनमय ।
वह पुद्गल क्यों होगा, फिर क्यों कहता कि यह मेरा ॥२४॥
यदि जीव बने पुद्गल, पुद्गल बन जाय जीव जो कबहूं ।
तो कहना बन सकता, पुद्गल मेरा न पर ऐसा ॥२५॥

अज्ञानमोहितमतिर्ममेदं भणति पुद्गलं द्रव्यं । बद्धमबद्धं च तथा जीवो बहुभावसंयुक्तः ॥२३॥ सर्वज्ञज्ञानदृष्टो जीव उपयोगलक्षणो नित्यं । कथं स पुद्गलद्रव्यीभूतो यद्भणसि ममेदं ॥२४॥ यदि स पुद्गलद्रव्यीभूतो जीवत्वमागतमितरत् । तर्हि शक्तो वक्तुं यन्ममेदं पुद्गलं द्रव्यं ॥२५॥

नामसंज्ञ—अण्णाणमोहिदमदि, अम्ह, इम, पुग्गल, दव्व, बद्ध, अबद्ध, च, तहा, जीव, बहुभावसंजुत्त, सव्वण्हुणाणदिट्ठ, जीव, उवओगलक्खण णिच्चं, कह, त, पुग्गलदव्वीभूद, ज, अम्ह, इम. जदि, त, पुग्गलदव्वीभूद, ज, अम्ह, इमं, जदि, त, पुग्गलदव्वीभूद, जीवत्त आगद, इदर, तो, सक्त, जे, अम्ह, इम, पुग्गल, दव्व । **धातुसंज्ञ**—भण कथने, बु व्यक्तायां वाचि, सक्क सामर्थ्ये । **प्रातिपदिक**—अज्ञानमोहितमति, अस्मद्,

---

कभी नहीं होऊँगा । ऐसे परिपूर्ण निर्णयके साथ सर्व परसे उपेक्षा करें और अपनेमें परम-विश्राम करें ॥२०-२१-२२॥

अब अप्रतिबुद्धके समझानेके लिये उद्यम करते हैं—[**अज्ञानमोहितमतिः**] अज्ञानसे जिसकी मति मोहित है ऐसा [**जीवः**] जीव [**भणति**] कहता है कि [**इदं**] यह [**बद्धं च अबद्धं**] शरीरादि बद्धद्रव्य, धनधान्यादि अबद्ध परद्रव्य [**मम**] मेरा है सो वह जीव [**बहु-भावसंयुक्तः**] मोह रागद्वेषादि बहुत भावोंसे सहित है । परन्तु [**जीवः**] जीव पदार्थ तो [**सर्वज्ञज्ञानदृष्टः**] सर्वज्ञके ज्ञानमें देखा गया [**नित्यं**] नित्य [**उपयोगलक्षणः**] उपयोग लक्षण वाला है [**सः**] वह [**पुद्गलद्रव्यीभूतः**] पुद्गलद्रव्यरूप [**कथं**] कैसे हो सकता है ? [**यत्**]

युगपदनेकविधस्य बंधनोपाधेः सन्निधानेन प्रधावितानामस्वभावभावानां संयोगवशाद्विचित्रोपाश्रयोपरक्तः स्फटिकोपल इवात्यंततिरोहितस्वभावभावतया अस्तमितसमस्तविवेकज्योतिर्मुहुता स्वयमज्ञानेन विमोहितहृदयो भेदमकृत्वा तानेवास्वभावभावान् स्वीकुर्वाणः पुद्गलद्रव्यं ममेदमित्यनुभवति किलाप्रतिबुद्धो जीवः। अथायमेव प्रतिबोध्यते रे दुरात्मन्, आत्मपंसन्, जहीहि जहीहि परमाविवेकघस्मरसतृणाभ्यवहारित्वं। दूरनिरस्तसमस्तसंदेहविपर्यासानध्यवसा-

---

इदम्, पुद्गल, द्रव्य, बद्ध, अबद्ध, च, तथा, जीव, बहुभावसंयुक्त, सर्वज्ञज्ञानदृष्ट, जीव, उपयोगलक्षण, नित्य, कथं, तत्, पुद्गलद्रव्यीभूत, यत्, अस्मद्, इदम्, यदि, तत्, पुद्गलद्रव्यीभूत, जीवत्व, आगत, इतर तर्हि—अव्यय, शक्त, यत्, अस्मद्, इदम्, पुद्गल, द्रव्य। **मूलधातु**—ज्ञा अवबोधने, मुह वैचित्ये, भण शब्दार्थः, दृशिर् प्रेक्षणे, शक्लृ-शक्तौ, वच परिभाषणं। **पदविवरण**—अज्ञानमोहितमतिः—प्रथमा एकवचन

जो [**मणसि**] तू कहता है कि [**इदं मम**] यह पुद्गलद्रव्य मेरा है। [**यदि**] यदि [**सः**] जीवद्रव्य [**पुद्गलद्रव्यीभूतः**] पुद्गलद्रव्यरूप हो जाय और [**इतरत्**] पुद्गलद्रव्य भी [**जीवत्वं**] जीवपनेको [**आगतं**] प्राप्त हो जाय। कदाचित् भी ऐसा हो सके [**तत्**] तो [**वक्तुं शक्तः**] तुम कह सकते हो [**यत्**] कि [**इदं पुद्गलद्रव्यं**] यह पुद्गलद्रव्य [**मम**] मेरा है, किन्तु ऐसा हो ही नहीं सकता।

तात्पर्य—स्व आत्माका लक्षण व परका लक्षण विज्ञात होते ही अज्ञान दूर हो जाता है।

टीकार्थ—एक साथ अनेक प्रकारकी बन्धनोपाधिके सन्निधानसे वेगपूर्वक बहते हुए अस्वभाव भावोंके संयोगवश अज्ञानी जीव, विचित्र आश्रयसे उपरक्त स्फटिक पाषाणकी तरह स्वभावभाव अत्यन्त तिरोहित होनेसे जिसकी समस्त भेदविज्ञानज्योति अस्त हो गई ऐसा स्वयं अज्ञानसे विमुग्धहृदय होकर जो अपने स्वभाव नहीं हैं, ऐसे विभावोंको करता हुआ वह पुद्गलद्रव्यको अपना मानता है। ऐसे अज्ञानीको समझाते हैं कि रे दुरात्मन्! आत्माका घातक! तू परम अविवेकसे जैसे तृणसहित सुन्दर आहारको हाथी आदि पशु खाते हैं उसी तरहके खाने का स्वभाव छोड़-छोड़। जो सर्वज्ञके ज्ञानसे प्रकट किया नित्य उपयोग स्वभावरूप जीवद्रव्य वह कैसे पुद्गलरूप हो सकता जिससे कि तू "यह पुद्गल मेरा है" ऐसा अनुभव करता है। कैसा है सर्वज्ञका ज्ञान जिसने समस्त संदेह विपर्यय अनध्यवसाय दूर कर दिये हैं समस्त वस्तुके प्रकाशनेको एक अद्वितीय ज्योति है। ऐसे ज्ञानसे दिखलाया गया है। और कदाचित् किसी प्रकार जैसे लवण तो जलरूप तथा जल लवणरूप हो जाता है उसी प्रकार जीवद्रव्य तो पुद्गल हो जाय तथा पुद्गलद्रव्य जीवरूप हो जाय तो तेरी "पुद्गलद्रव्य मेरा है" ऐसी अनुभूति बन जाय, किन्तु ऐसा तो किसी तरह भी द्रव्यस्वभाव बदल नहीं सकता। यही दृष्टांतसे अच्छी

येन विश्वैकज्योतिषा सर्वज्ञज्ञानेन स्फुटीकृतं किल नित्योपयोगलक्षणं जीवद्रव्यं । तत्कथं पुद्गल-द्रव्यीभूतं येन पुद्गलद्रव्यं ममेदमित्यनुभवसि । यतो यदि कथंचनापि जीवद्रव्यं पुद्गलद्रव्यीभूतं स्यात् । पुद्गलद्रव्यश्च जीवद्रव्यीभूतं स्यात् तदैव लवणस्योदकमिव ममेदं पुद्गलद्रव्यमित्यनु-भूतिः किल घटेत तत्तु न कथंचनापि स्यात् । तथाहि—यथा क्षारत्वलक्षणं लवणमुदकीभवत् द्रवत्वलक्षणमुदकं च लवणीभवत् क्षारत्वद्रवत्वसहवृत्त्यविरोधादनुभूयते, न तथा नित्योपयोग-

---

कर्तृविशेषण । मम—षष्ठी एक० । इदम्—प्रथमा एक० । भणति—लट् अन्य पुरुष एक० । पुद्गलं—प्रथमा एकवचन । द्रव्यम्—प्रथमा एक० । बद्धं—प्रथमा एक० । अबद्धं—प्रथमा एक० । च—अव्यय । तथा—अव्यय । जीवः—प्रथमा एकवचन कर्ता । बहुभावसंयुक्तः—कर्तृविशेषण । सर्वज्ञज्ञानदृष्टः—प्रथमा एकवचन । जीवः—प्रथमा एकवचन । उपयोगलक्षणः—प्रथमा एकवचन । नित्यं—प्रथमा एकवचन या अव्यय । कथं अव्यय ।

तरह बतलाते हैं जैसे क्षारस्वभाव वाला लवण तो जलरूप हुआ दीखता है और द्रवत्वलक्षण वाला जल लवणरूप हुआ देखा जाता है, क्योंकि लवणका क्षारपना तथा जलका द्रवपना इन दोनोंके साथ रहनेमें अविरोध है इसमें कोई बाधा नहीं है । उसी तरह नित्य उपयोगलक्षण वाला जीवद्रव्य तो पुद्गलद्रव्य हुआ देखनेमें नहीं आता और नित्य अनुपयोग (जड़) लक्षण वाला पुद्गलद्रव्य जीवद्रव्यरूप हुआ नहीं दीखता, क्योंकि प्रकाश तथा अन्धकार—इन दोनोंकी तरह उपयोग तथा अनुपयोगके एक साथ रहनेका विरोध है, जड़ चेतन—ये दोनों किसी समय भी एक नहीं हो सकते । इसलिए तू सब तरहसे प्रसन्न हो अर्थात् अपना चित्त उज्ज्वल कर सावधान हो, अपने ही द्रव्यको अपने अनुभवरूप कर, ऐसा श्री गुरुओंका उपदेश है ।

यह अज्ञानी जीव पुद्गलद्रव्यको अपना मानता है उसको उपदेश देकर सावधान किया है कि सर्वज्ञने ऐसा देखा है कि जड़ और चेतनद्रव्य ये दोनों सर्वथा पृथक्-पृथक् हैं कदाचित् किसी प्रकारसे भी एकरूप नहीं होते । इस कारण हे अज्ञानी, तू परद्रव्यको एकरूपसे मानना छोड़ दे, ऐसा वृथा माननेसे कुछ लाभ नहीं है ।

अब इसी अर्थका कलशरूप काव्य कहते हैं—**'अयि'** इत्यादि । **अर्थ**—हे भाई, तू किसी तरह भी महान् कष्टसे अथवा मरणावस्थाको प्राप्त हुआ भी तत्त्वोंका कौतूहली हुआ इस शरीरादि मूर्तद्रव्यका एक मुहूर्त (४८ मिनट) अपनेको पड़ौसी मानकर आत्माका अनुभव कर, जिससे कि अपने आत्माको विलासरूप सर्व परद्रव्योंसे पृथक् देखकर इस शरीरादि मूर्तिक पुद्गलद्रव्यके साथ एकत्वके मोहको शीघ्र ही छोड़ सके ।

भावार्थ—यदि यह आत्मा दो घड़ी पुद्गलद्रव्यसे भिन्न अपने शुद्धस्वरूपका अनुभव करे, उसमें लीन होवे और परीषह (कष्ट) आनेपर भी विचलित न हो तो घातियाकर्मका नाश कर केवलज्ञान उत्पन्न करके मोक्षको प्राप्त हो लेगा । आत्मानुभवका ऐसा माहात्म्य है, तब

लक्षणं जीवद्रव्यं पुद्गलद्रव्यीभवन्नानित्यानुपयोगलक्षणं पुद्गलद्रव्यं च जीवद्रव्यीभवद् उपयोगानुपयोगयोः प्रकाशतमसोरिव सहवृत्तिविरोधादनुभूयते। तत्सर्वथा प्रसीद विबुध्यस्व, स्वद्रव्यं ममेदमित्यनुभव। अपि कथमपि मृत्वा तत्त्वकौतूहली सन् अनुभव भव मूर्त्तेः पार्श्ववर्त्ती मुहूर्त्तं। पृथगथ विलसंतं स्वं समालोक्य येन त्यजसि झगिति मूर्त्या साकमेकत्वमोहं ॥२३॥२३-२४-२५॥

सः–प्रथमा एक०। पुद्गलद्रव्यीभूतः–प्रथमा एक०। जीवत्वं–प्रथमा एक०। आगतं–प्रथमा एक० कृदन्त आ-गत, इतरत्–प्रथमा एक०। तर्हि–अव्यय। शक्तः–प्रथमा एक० कृदन्त। वक्तुं–प्रयोजने अव्यय कृदन्त। यत्–प्रथमा एक० या अव्यय। मम–षष्ठी एक०। इदं–प्रथमा एक०। पुद्गलं–प्रथमा एक०। द्रव्यम्–प्रथमा एक० ॥२३-२४-२५॥

मिथ्यात्वका नाश करना व सम्यग्दर्शनकी प्राप्ति होना तो बहुत ही सुगम है।

प्रसंगविवरण—अनन्तरपूर्व गाथामें बताया गया था कि अज्ञानी जीवका परिचय क्या है? अब यहाँ उस अज्ञानी जीवको समझानेके लिये उद्यम हो रहा है।

तथ्यप्रकाश—(१) निमित्तका सन्निधान होनेपर अस्वभावभाव त्वरित होते हैं। (२) स्वभावभाव तिरोहित होनेसे विवेकज्योति अस्त हो जाती है। (३) विवेकज्योतिरहित अज्ञानी भेदज्ञान न होनेसे अस्वभावभाव (विकारभाव) को स्वीकार कर लेता है याने मान्यता में अपने कर लेता है। (४) ज्ञानी जानता है कि कोई द्रव्य अन्य द्रव्यरूप कभी नहीं हो सकता है, अतः अपनेको ज्ञानस्वरूप ही स्वीकार करता है।

सिद्धान्त—(१) निमित्तसान्निध्यमें उपादान तदनुरूप परिणमन करता है। (२) अपने को ज्ञानमात्र अनुभव कर लेनेपर निमित्त और नैमित्तिक भाव विघटने लगते हैं।

दृष्टि— १—उपाधिसापेक्ष अशुद्ध द्रव्यार्थिकनय (२४)। २—उपाध्यभावापेक्ष शुद्ध द्रव्यार्थिकनय (२४अ)।

प्रयोग—अपना सर्वस्व ज्ञानस्वरूप, उपयोग निरखकर उसीके प्रति अभिमुख रहें, कल्याणके लिये जो होना होता है वह स्वयं होगा ॥२३-२४-२५॥

अब अप्रतिबुद्ध कहता है कि [**यदि**] जो [**जीवः**] जीव है वह [**शरीरं न**] शरीर नहीं है तो [**तीर्थंकराचार्यसंस्तुतिः**] तीर्थंकर व आचार्योंकी स्तुति [**सर्वापि**] सब ही [**मिथ्या भवति**] मिथ्या हो जाती है [**तेन तु**] इसलिए हम समझते हैं कि [**आत्मा**] आत्मा [**देहः एव**] यह देह ही [**भवति**] है।

तात्पर्य—अज्ञानी जीव दिखने वाले परमौदारिक शरीरको ही भगवान समझता है।

टीकार्थ—यदि जो आत्मा है वह ही पुद्गलद्रव्यस्वरूप शरीर न हो तो तीर्थंकरों व आचार्योंकी जो स्तुति की गई है वह सब मिथ्या होजायगी। वह स्तुति इस तरह है—

अथाहाप्रतिबुद्धः—

जदि जीवो ण सरीरं तित्थयरायरियसंथुदी चेव ।
सव्वावि हवदि मिच्छा तेण दु आदा हवदि देहो ॥२६॥

यदि जीव देह नहिं है, तो जो प्रभु आर्यकी स्तुती की है ।
वह सर्व झूठ होगा, इससे हि तन आत्मा जचता ॥२६॥

यदि जीवो न शरीरं तीर्थंकराचार्यसंस्तुतिश्चैव । सर्वापि भवति मिथ्या तेन तु आत्मा भवति देहः ॥२६॥

यदि य एवात्मा तदेव शरीरं पुद्गलद्रव्यं न भवेत्तदा—कांत्यैव स्नपयंति ये दश दिशो धाम्ना निरुन्धंति ये धामोद्दाममहस्विनां जनमनो मुष्णंति रूपेण ये । दिव्येन ध्वनिना सुखं

नामसंज्ञ—जदि, जीव, ण, सरीर, तित्थयरायरियसंथुदि, च, एव, सव्वा, वि, मिच्छा तेण, दु, अत्त, देह । **धातुसंज्ञ**—हव सत्तायां, दिह वृद्धौ । **प्रातिपदिक**—यदि, जीव, न, शरीर, तीर्थंकराचार्यसंस्तुति, च, एव, सर्वा, अपि, मिथ्या, तत्, तु, आत्मन्, देह । **मूलधातु**—जीव प्राणधारणे, तृ प्लवनतरणयोः, ष्टुञ् स्तुतौ, भू सत्तायां, दिह उपचये । **पदविवरण**—यदि—अव्यय । जीवः—प्रथमा एकवचन । न—अव्यय ।

'कांत्यैव' इत्यादि । **अर्थ**—जो अपने शरीरकी कांतिसे दसों दिशाओंको स्नान कराते हैं—निर्मल करते हैं, जो अपने तेजसे उत्कृष्ट तेज वाले सूर्यादिकके तेजको भी छिपा देते हैं, जो अपने रूपसे लोकोंका मन हर लेते हैं ऐसे दिव्यध्वनि (वाणी) द्वारा भव्योंके कानोंमें साक्षात् सुख अमृत बरसाते हुए तथा एक हजार आठ लक्षणोंको धारण करने वाले वे तीर्थंकर सूरि (मोक्षमार्गोपदेशक) वंदने योग्य हैं । इत्यादिक तीर्थङ्करोंकी स्तुति है वह सभी मिथ्या ठहरेगी । इसलिये हमारे तो यही एकान्तसे निश्चय है कि आत्मा है वह शरीर ही है पुद्गल द्रव्य ही है । ऐसा अप्रतिबुद्धने कहा । उसको आचार्य उत्तर देते हैं कि इस तरह नहीं है, अभी तूने नयविभाग नहीं समझा है ।

प्रसंगविवरण—अनन्तरपूर्व कुलक गाथाओंमें अप्रतिबुद्ध जीवको भेदविज्ञानका प्रतिबोध कराया गया था उसको सुनकर यहाँ अप्रतिबुद्ध पुरुष अपने मनकी घुली-छुपी बात स्पष्ट कह रहा है ।

तथ्यप्रकाश—(१) स्तवमयग्रन्थोंमें स्तुति देहकी स्तुति करते हुए भी आती है सो उसमे भी प्रयोजन निमित्तनैमित्तिक भाव द्वारा आत्मगुणोंको ही बतानेका है, ऐसी स्तुति औपचारिक स्तुति कहलाती हैं । (२) औपचारिक स्तुतिकी वचनभाषाका अर्थ कोई सीधा उपादानभाषामें लगाये तो वह मिथ्या होता है ।

सिद्धान्त—(१) उपचारस्तवनादिमें प्रयोजन व निमित्तका परिचय होता है । (२)

श्रवणयोः साक्षात्क्षरंतोऽमृतं वंद्यास्तेऽष्टसहस्रलक्षणधरास्तीर्थेश्वराः सूरयः ॥२४॥ इत्यादिका तीर्थङ्कराचार्य्यस्तुतिः समस्तापि मिथ्या स्यात् । ततो य एवात्मा तदेव शरीरं पुद्गलद्रव्यम् । इति ममैकान्तिकी प्रतिपत्तिः ॥२६॥

शरीरं–प्रथमा एक० । तीर्थंकराचार्यसंस्तुतिः–प्रथमा एक० । च–अव्यय । एव–अव्यय । सर्वा–प्रथमा ए० । अपि–अव्यय । भवति–वर्तमान लट् अन्य पुरुष एक० क्रिया । मिथ्या–अव्यय । तेन–तृतीया एक० । तु–अव्यय । आत्मा–प्रथमा एक० । भवति–वर्तमान लट् अन्य पुरुष एक० क्रिया । देहः–प्र० एकवचन ॥२६॥

देहादि संश्लिष्ट पदार्थके स्तवनसे प्रभुस्तवन मान लेना मिथ्या है ।

दृष्टि— १–परकर्तृत्व व्यवहारादि परसम्बंधपर्यन्तव्यवहार (१२६-१३५) । (२) संश्लिष्टविजात्युपचरित असद्भूतव्यवहार (१२५) ।

प्रयोग—प्रभुके देहातिशय आदिको जानकर प्रभुके गुणोंकी निर्मलतापर दृष्टि जाना चाहिये कि धन्य है प्रभुत्वविकासको जिसका निमित्त पाकर देहादिमें भी अलौकिक अतिशय हो जाता है । उपचारस्तवनोंमें इस प्रकार प्रभुत्वविकासपर ही दृष्टि होनी चाहिये ॥२६॥

वह नयविभाग कैसा है उसको गाथा द्वारा बतलाते हैं—[**व्यवहारनयः**] व्यवहार-नय तो [**भाषते**] ऐसा कहता है कि [**जीवः च देहः**] जीव और देह [**एकः खलु**] एक ही [**भवति**] है [**च**] और [**निश्चयनयस्य**] निश्चयनयका मत है कि [**जीवः देहः तु**] जीव और देह—ये दोनों [**कदापि**] कभी [**एकार्थः**] एक पदार्थ [**न**] नहीं हो सकते ।

तात्पर्य—व्यवहारनयके दर्शनमें जीव और देह एक है, किन्तु निश्चयनयके दर्शनमें जीव और देह कभी भी एक नहीं हो सकते । क्योंकि प्रभु व देह व्यवहारमें एकक्षेत्रावगाही है, परन्तु सत्त्व, स्वरूप अलग-होनेसे वे दोनों एक वस्तु नहीं ।

भावार्थ—जैसे समुद्रकी आड़में कुछ आ जाय तब जल नहीं दिखता और जब आड़ दूर हो जाय तब प्रकट दीखता हुआ लोकको प्रेरणा योग्य हो जाता है कि इस जलमें सब लोक स्नान करो । उसी तरह यह आत्मा विभ्रम द्वारा आच्छादित था, तब इसका रूप नहीं दीखता था, जब विभ्रम दूर हुआ, तब यथार्थ स्वरूप प्रकट हुआ । अब इसके वीतरागविज्ञान रूप शान्तरसमें एक कालमें सब लोक मग्न हो जाओ, ऐसी आचार्यने प्रेरणा की है अथवा जब आत्माका अज्ञान दूर हो जाता है, तब केवलज्ञान प्रकट होता है, और तब समस्त लोकमें ठहरे हुए पदार्थ एक ही समय ज्ञानमें आकर झलकते हैं, उसको सब लोक देखो ।

इस ग्रंथका आशय अलंकार द्वारा नाटकरूपमें देखनेसे भाव सुगम हो जाता है । जैसे नाटकमें पहले रंगभूमि रची जाती है, वहाँ देखने वाला नायक तथा सभा होती है और नृत्य करने वाले होते हैं, वे अनेक स्वांग रचते हैं तथा शृङ्गारादिक आठ रसोंका रूप दिखलाते हैं उस जगह शृङ्गार, हास्य, रौद्र, करुणा, वीर, भयानक, बीभत्स, अद्भुत—ये आठ लौकिक रस हैं । नाटकमें इनका ही अधिकार है । नवमा शान्तरस है, वह लोकोत्तर है । इन रसोंके स्थायीभाव, सात्त्विकभाव, अनुभावविभाव, व्यभिचारीभाव और इनकी दृष्टि आदिका विशेष वर्णन रसग्रंथोंमें है वहाँसे जानना, किन्तु सामान्यपनेसे रसका यह स्वरूप है कि ज्ञानमें जो ज्ञेय आया उससे ज्ञान तदाकार हो जाय, उसमें पुरुषका भाव लीन हो जाय अन्य ज्ञेयकी इच्छा न रहे वह रस है । सो नृत्य करने वाले नृत्यमें इन आठ रसोंका रूप दिखलाते हैं । इसी प्रकार यहाँ पहले रंगभूमि स्थल कहा, वहाँ नृत्य करने वाले जीव अजीव पदार्थ हैं और दोनोंकी एकरूपता व कर्तृकर्मत्व आदि उनके स्वांग हैं । उनमें परस्पर अनेक रूप होते हैं, वे आठ रसरूप होकर परिणत होते हैं, यही नृत्य है । वहाँ देखने वाला सम्यग्दृष्टि जीव अजीवके भिन्न स्वरूपको जानता है, वह तो इन सब स्वांगोंको कर्मकृत जानकर शान्तरसमें ही मग्न है और मिथ्यादृष्टि प्राणी जीव अजीवका भेद नहीं जानते, इसलिए इन स्वांगोंको सच्चा जानकर इनमें लीन हो जाते हैं । उनको सम्यग्दृष्टि यथार्थ दिखलाकर, उनका भ्रम मेटकर और शांत-

स्वरूपसंपदा विश्वे परिस्फुरत्यपि न किंचनाप्यन्यत्परमाणुमात्रमप्यात्मीयत्वेन प्रतिभाति। यद्भावकत्वेन ज्ञेयत्वेन चैकीभूय भूयो मोहमुद्भावयति स्वरसत एवापुनःप्रादुर्भावाय समूलं मोहमुन्मूल्य महतो ज्ञानोद्योतस्य प्रस्फुरितत्वात्।

मज्जंतु निर्भरममी सममेव लोका आलोकमुच्छलति शांतरसे समस्ताः।
आप्लाव्य विभ्रमतिरस्करिणीं भरेण प्रोन्मग्न एष भगवानवबोधसिंधुः ॥३२॥ ॥३८॥

इति श्रीसमयसारव्याख्यायामात्मख्यातौ 'पूर्वरंगः' समाप्तः।

अव्यय। शुद्धः—प्रथमा एक०। दर्शनज्ञानमयः—प्रथमा एक०। सदा—अव्यय। अरूपी—प्रथमा एक०। न—अव्यय। अस्ति—वर्तमान लट् अन्य पुरुष एक० क्रिया। मम—षष्ठी एक०। किंचित्—अव्यय। अन्यत्—प्रथमा एक०। अपि—अव्यय। अन्यत्—प्रथमा एक०। परमाणुमात्रं—प्रथमा एकवचन। अपि—अव्यय ॥३८॥

रसमें उन्हें लीन कर सम्यग्दृष्टि बनाता है। उसकी सूचनारूप रंगभूमिके अन्तमें आचार्यने "मज्जंतु" इत्यादि श्लोक जो रचा है, वह अब आगे जीव अजीवके एकत्वका स्वांग वर्णन करेंगे इसकी सूचनारूप है। इस प्रकार यहाँ तक रंगभूमिका वर्णन किया।

प्रसंगविवरण—वर्तमान निश्चयस्तुतिके प्रकरणमें अन्तमें यह सिद्ध किया गया था कि आत्माका दर्शन, ज्ञान, चारित्रमें परिणत होनेका वर्णन करना सत्य स्तवन है। अब यहाँ यह बता रहे हैं कि दर्शन, ज्ञान, चारित्रमें परिणत हुये आत्माको कैसा स्वरूपसंचेतन होता है।

तथ्यप्रकाश—(१) मोहोन्मत्त जीव अत्यन्त अप्रतिबुद्ध होता है। (२) अन्तस्तत्त्व तो मदः अन्तः है, उसको सुध होना ही आत्मलाभ है। (३) अनन्तगुणपर्यायात्मकता विदित होने पर भी आत्मा चैतन्यमात्र स्वरूपमें अभेद होनेसे एक है। (४) ज्ञायकस्वभावमात्र होनेसे अनेक विध पर्याय व पुण्य-पापादि तत्त्वोंसे निराला होनेके कारण आत्मा शुद्ध है। (५) सामान्य-विशेषात्मक प्रतिभासस्वरूप होनेसे आत्मा दर्शनज्ञानमय है। (६) रूपी पदार्थ भी ज्ञेय हों तो भी कभी भी रूपादिरूप न होनेसे आत्मा अरूपी है। (७) ज्ञानीको कुछ भी अन्य द्रव्य आत्मीय रूपसे विदित ही नहीं होता सो कोई भी अन्य द्रव्य भावकरूपसे या ज्ञेयरूपसे एकरूप हो ही नहीं सकता, अतः मोहकी उत्पत्ति असंभव है।

सिद्धान्त—(१) आत्मा स्वकीयचैतन्यस्वरूपमें अभेद होनेसे अखण्ड एक है। (२) आत्मा सर्वविकल्पोंसे विविक्त होनेसे शुद्ध है।

दृष्टि—१– परमशुद्धनिश्चयनय (४४)। २– शुद्धनय (४६)।

प्रयोग—अपनेको अरूपी व एक निरखकर सर्व विकल्पोंसे परे होकर शुद्ध प्रतिभास-मात्र अनुभवना चाहिये ॥३८॥

इस प्रकार समयसारव्याख्या आत्मख्यातिमें 'पूर्व रंग' समाप्त हुआ।

जीवाजीवाधिकारः

अथ जीवाजीवावेकीभूतौ प्रविशतः ।

जीवाजीवविवेकपुष्कलदृशा प्रत्याययत्पार्षदानासंसारनिबद्धबंधनविधिध्वंसाद्विशुद्धं स्फुटत् ।
आत्मारामममनंतधाममहसाध्यक्षेण नित्योदितं धीरोदात्तमनाकुलं विलसति ज्ञानं मनो ह्लादयत् ॥३३॥

अप्पाणमयाणंता मूढा दु परप्पवादिणो केई ।
जीवं अज्झवसाणं कम्मं च तहा परूविंति ॥३९॥
अवरे अज्झवसाणे-सु तिव्वमंदाणुभागगं जीवं ।
मण्णंति तहा अवरे णोकम्मं चावि जीवोत्ति ॥४०॥
कम्मस्सुदयं जीवं अवरे कम्माणुभागमिच्छंति ।
तिव्वत्तणमंदत्तणगुणेहिं जो सो हवदि जीवो ॥४१॥
जीवो कम्मं उहयं दोण्णिवि खलु केवि जीवमिच्छंति ।
अवरे संजोगेण दु कम्माणं जीवमिच्छंति ॥४२॥
एवंविहा बहुविहा परमप्पाणं वदंति दुम्मेहा ।
ते ण परमट्ठवाई णिच्छयवाईहिं णिद्दिट्ठा ॥४३॥

आतमा न जानि मोही, बहुतेरे परको आतमा कहते ।
अध्यवसान तथा विधि को आतमरूपमें लखते ॥३९॥

नामसंज्ञ—अप्प, अयाणंत, मूढ, दु, परप्पवादि, केई, जीव, अज्झवसाण, कम्म, च, तहा, अवर, अज्झवसाण, तिव्वमंदाणुभागग, जीव, तहा, अवर, णोकम्म, च, अवि, जीव, इत्ति, कम्म, उदय, जीव, कम्माणुभाग, तिव्वत्तणमंदत्तणगुण, ज, त, जीव, जीव, कम्म, उहय, दु, वि, खलु, क, वि, जीव, अवर,

---

आगे जीवद्रव्य और अजीवद्रव्य ये दोनों एक होकर रंगभूमिमें प्रवेश करते हैं । इस के प्रारंभमें मंगलका अभिप्राय लेकर आचार्य ज्ञानकी प्रशंसा करते हैं कि जो सब वस्तुओंका जानने वाला यह ज्ञान है, वह जीव अजीवके सब स्वांगोंको अच्छी प्रकार पहचानता है, ऐसा सम्यग्ज्ञान प्रकट होता है । इसीके अर्थरूप श्लोक कहते हैं— **'जीवाजीव'** इत्यादि ।

अर्थ—ज्ञान है वह मनको आनंदरूप करता हुआ प्रगट होता है । वह जीव अजीवके स्वांगको देखने वाले महान् पुरुषोंको जीव अजीवका भेद देखने वाली बड़ी उज्ज्वल निर्दोष दृष्टिसे भिन्न द्रव्यकी प्रतीति कराता है, अनादि संसारसे जिनका बंधन दृढ़ बँधा हुआ है, ऐसे

कइ अध्यवसानोंमें, जीव कहें तीव्रमंदफलततिको ।
कोई आत्मा माने, इन नाना रूप देहोंको ॥४०॥
कोई कर्मोदयको, जीव कहें कर्मपाक सुख-दुखको ।
तीव्र मंद अंशोंमें, जो नाना अनुभवा जाता ॥४१॥
जीव कर्म दोनोंको, मिला हुआ कोई जीवको जाने ।
अष्टकर्म संयोग हि, कितने ही जीवको मानें ॥४२॥
ऐसे नाना दुर्मति, परतत्त्वोंको हि आत्मा कहते ।
वे न परमार्थवादी, ऐसा तत्त्वज्ञ दर्शाते ॥४३॥

आत्मानमजानंतो मूढास्तु परात्मवादिनः केचित् । जीवमध्यवसानं कर्म च तथा प्ररूपयंति ॥३९॥ अपरेऽध्यवसानेषु तीव्रमंदानुभागगं जीवं । मन्यंते तथाऽपरे नोकर्म चापि जीव इति ॥४०॥ कर्मण उदयं जीवमपरे कर्मानुभागमिच्छंति । तीव्रत्वमंदत्वगुणाभ्यां यः स भवति जीवः ॥४१॥ जीवकर्मोभयं द्वे अपि खलु केचिज्जीवमिच्छंति । अपरे संयोगेन तु कर्मणां जीवमिच्छंति ॥४२॥ एवंविधा बहुविधाः परमात्मानं वदंति दुर्मेधसः । ते न परमार्थवादिनः निश्चयवादिभिर्निर्दिष्टाः ॥४३॥

इह खलु तदसाधारणलक्षणाकलनात्क्लीबत्वेनात्यंतविमूढाः संतस्तात्त्विकमात्मानमाजनंतो बहवो बहुधा परमप्यात्मानमिति प्रलपंति । नैसर्गिकरागद्वेषकल्माषितमध्यवसानमेव जीवस्तथाविधाध्यवसानात् अंगारस्येव काष्ण्यादतिरिक्तत्वेनान्यस्यानुपलभ्यमानत्वादिति केचित् ।

संजोग, दु, कम्म जीव, एवंविह, बहुविह, पर, अप्प, दुम्मेह, त, ण, परमट्ठवादि, णिच्छयवादि, णिद्दिट्ठ । धातुसंज्ञ—मुज्झ मोहे, प-रूव घटनायां, मज्ञ अवबोधने तृतीयगणे, इच्छ इच्छायां, हव सत्तायां, वद व्यक्तायां वाचि । प्रकृतिशब्द—आत्मन्, अजानत्, मूढ, तु, परात्मवादिन्, केचित्—अन्तः प्रथमा बहु० अव्यय,

---

ज्ञानावरणादि कर्मोंके नाशसे विशुद्ध हुआ है, स्फुट हुआ है, जैसे फूलकी कली खिलती है, उस तरह विकाशरूप है । जिसके रमनेका क्रीड़ावन आत्मा ही है अर्थात् जिसमें अनंत ज्ञेयों (पदार्थों) के आकार आकर झलकते हैं तो भी आप अपने स्वरूपमें ही रमता है, जिसका प्रकाश अनंत है, प्रत्यक्ष तेज द्वारा नित्य उदयरूप है धीर है, उदात्त है, इसीसे अनाकुल है सब इच्छाओंसे रहित निराकुल है । यहाँ धीर, उदात्त, अनाकुल ये तीन विशेषण शांतरूप नृत्यके आभूषण जानने चाहिये । ऐसा ज्ञान विलास करता है ।

भावार्थ—यहाँ ज्ञानकी महिमा कही । जीव अजीव एक होकर रंगभूमिमें प्रवेश करते हैं, उनको यह ज्ञान ही भिन्न जानता है । जैसे कोई नृत्यमें स्वांग धारण कर आ जाय उसे यथार्थ जो जाने उसको स्वांग करने वाला नमस्कार कर अपना जैसाका तैसा रूप कर लेता है उसी तरह यहां भी जानना ऐसा ज्ञान सम्यग्दृष्टि पुरुषोंके होता है, मिथ्यादृष्टि यह भेद नहीं जानता ।

अनाद्यनंतपूर्वापरीभूतावयवैकसंसरणक्रियारूपेण क्रीडत्कर्मैव जीवः कर्मणोतिरिक्तत्वेनान्यस्यानुपलभ्यमानत्वादिति केचित् । तीव्रमंदानुभवभिद्यमानदुरंतरागरसनिर्भराध्यवसानसंतान एव जीवस्ततोरिक्तस्यान्यस्यानुपलभ्यमानत्वादिति केचित् । नवपुराणावस्थादिभावेन प्रवर्त्तमानं

जीव, अध्यवसान, कर्मन्, च, तथा, अपर, अध्यवसान, तीव्रमन्दानुभागग, जीव, तथा, अपर, नोकर्मन्, च, अपि, जीव, इति, कर्मन्, उदय, जीव, अपर, कर्मानुभाग, तीव्रत्वमंदत्वगुण, यत्, तत्, जीव, जीवकर्मोभय, द्वि, अपि, खलु, केचित्, जीव, अपर, संयोग, तु, कर्मन्, जीव, एवंविध, बहुविध, पर, आत्मन्, दुर्मेधस्, तत्, न, परमार्थवादिन्, निश्चयवादिन्, निर्दिष्ट । **मूलधातु**—वद संदेशवचने चुरादिगण, अधि-अव श्रिञ् बंधने, अनु-भाज पृथक्कर्मणि चुरादिगणे, इषु इच्छायां, मन ज्ञाने, वद व्यक्तायां वाचि । **पदविवरण**—आत्मानं—

आगे जीव अजीवका एकरूपक स्वांगका वर्णन करते हैं:—[**आत्मानं अजानंतः**] आत्माको न जानते हुए [**परात्मवादिनः**] परको आत्मा कहने वाले [**केचित् मूढाः तु**] कोई मोही अज्ञानी तो [**अध्यवसानं**] अध्यवसानको [**तथा च**] और कोई अज्ञानी [**कर्म**] कर्मको [**जीवं प्ररूपयंति**] जीव कहते हैं। [**अपरे**] अन्य कोई][**अध्यवसानेषु**] अध्यवसानोंमें][**तीव्रमंदानुभागगं**] तीव्रमंद अनुभागगतको [**जीवं मन्यंते**] जीव मानते हैं।][**तथा**[और [**परे**] अन्य कोई [**नोकर्म अपि च**] नोकर्मको [**जीव इति**] जीव मानते हैं [**अपरे**] अन्य कोई [**कर्मण उदयं**] कर्मके उदयको [**जीवं**] जीव मानते हैं, कोई [**कर्मानुभागं**] कर्मके अनुभागको][**यः**] जो कि [**तीव्रत्वमंदत्वगुणाभ्यां**] तीव्रमंद रूप गुणोंसे भेदको प्राप्त होता [**सः**] वह [**जीवः भवति**] जीव है [**इच्छंति**] ऐसा इष्ट करते हैं [**केचित्**] कोई [**जीवकर्मोभयं**] जीव और कर्म [**द्वे अपि**] दोनों मिले हुएको [**खलु**] ही [**जीवं इच्छति**] जीव मानते हैं [**तु**] और [**अपरे**] अन्य कोई [**कर्मणां संयोगेन**] कर्मोंके संयोगसे ही [**जीवं इच्छति**] जीव मानते हैं। [**एवंविधाः**] इस प्रकारके तथा [**बहुविधाः**] अन्य भी बहुत प्रकारके [**दुर्मेधसः**] दुर्बुद्धि मिथ्यादृष्टि [**परं**] परको [**आत्मानं**] आत्मा [**वदंति**] कहते हैं [**ते न परमार्थवादिनः**] वे परमार्थ याने (सत्यार्थ कहनेवाले नहीं हैं ऐसा [**निश्चयवादिभिः**] निश्चय तत्त्वके वादियोंने [**निर्दिष्टाः**] कहा है।

तात्पर्य—अज्ञानी जीव अध्यवसान, भावकर्म, अध्यवसानसंतति, शरीर, शुभाशुभभाव, सुख-दुःखादि कर्मविपाक, आत्मकर्मोभय व कर्मसंयोगको जीव कहते हैं, किन्तु परमार्थतः ये कोई भी जीव नहीं हैं।

टीकार्थ—इस जगतमें आत्माका असाधारण लक्षण न जाननेके कारण असमर्थ होनेसे अत्यन्त विमूढ़ होते हुए परमार्थभूत आत्माको न जानने वाले बहुतेरे अज्ञानी जन बहुत प्रकार से परको ही आत्मा इस प्रकार कहते हैं। कोई तो ऐसा कहते हैं कि स्वाभाविक स्वयमेव हुये

नोकर्मैव जीवः शरीरादतिरिक्तत्वेनान्यस्यानुपलभ्यमानत्वादिति केचित् । विश्वमपि पुण्यपाप-रूपेणाक्रामन् कर्मविपाक एव जीवः शुभाशुभभावादतिरिक्तत्वेनान्यस्यानुपलभ्यमानत्वादिति केचित् । सातासातरूपेणाभिव्याप्तसमस्ततीव्रमंदत्वगुणाभ्यां भिद्यमानः कर्मानुभव एव जीवः

द्वितीया एक० । अजानन्तः—प्रथमा बहु० । मूढाः—प्र० बहु० । तु—अव्यय । परात्मवादिनः—प्रथमा बहु० । केचित्—अव्यय तथा अन्तः प्रथमा बहुवचन । जीवं—द्वि० ए० । अध्यवसानं—द्वितीया ए० । कर्म—द्वि० ए० । च—अव्यय । तथा—अव्यय । प्ररूपयन्ति—वर्तमान लट् अन्य पुरुष बहुवचन चुरादिगणे क्रिया । अपरे—प्रथमा बहु० । अध्यवसानेषु—सप्तमी बहु० । तीव्रमन्दानुभागगं—द्वि० ए० । जीवं—द्वि० ए० । मन्यंते—वर्तमान लट् अन्य पुरुष बहुवचन क्रिया । तथा—अव्यय । अपरे—प्रथमा बहु० । नोकर्म—द्वि० ए० । जीवः—प्रथमा एक० ।

रागद्वेषसे मलिन अध्यवसान अर्थात् आशयरूप विभाव परिणाम ही जीव है, क्योंकि जैसे कालिमासे अलग अंगार दिखाई नहीं देता है वैसे अध्यवसानसे अलग अन्य कोई जीव दीखता नहीं । कोई कहते हैं कि पूर्व पश्चात् अनादिसे लेकर और आगामी अनंतकाल तक अवयव रूप एक भ्रमण क्रियारूपसे क्रीडा करता हुआ कर्म ही जीव है, क्योंकि इस कर्मसे भिन्न कुछ अन्य जीव देखनेमें नहीं आता । कोई कहते हैं कि तीव्र मंद अनुभवसे भेदरूप हुआ और जिसका अंत दूर है ऐसे रागरूप रससे भरी जो अध्यवसानकी संतान (परिपाटी) है वही जीव है, क्योंकि इससे अन्य कोई जुदा जीव देखनेमें नहीं आता । कोई कहते हैं कि नवीन और पुरानी अवस्था इत्यादि भावसे प्रवर्तमान जो नोकर्म वही जीव है, क्योंकि इस शरीरसे अन्य भिन्न कुछ जीव देखनेमें नहीं आता । कोई ऐसा कहते हैं कि समस्त लोकको पुण्यपाप रूपसे व्याप्त कर्मका विपाक ही जीव है, क्योंकि शुभाशुभभावसे अन्य भिन्न कोई जीव देखनेमें नहीं आता । कोई कहते हैं कि साता असातारूपसे व्याप्त समस्त तीव्र-मंदत्व गुणोंसे भेदरूप हुआ जो कर्मका अनुभव वही जीव है क्योंकि सुख-दुःखसे अन्य भिन्न कोई जीव देखनेमें नहीं आता कोई कहते हैं कि श्रीखण्डकी तरह दो रूप मिला जो आत्मा और कर्म ये दोनों मिले ही जीव हैं क्योंकि समस्त रूपसे कर्मसे भिन्न कोई जीव देखनेमें नहीं आता है । कोई कहते हैं कि प्रयोजनभूत क्रियामें समर्थ कर्मसंयोग ही जीव है, क्योंकि कर्मके संयोगसे भिन्न कोई जीव देखनेमें नही आता जैसे कि आठ काठके टुकड़े मिलकर खाट हुई, तब अर्थक्रियामें समर्थ हुई सो आठ काठके संयोगसे अलग कोई खाट नहीं इसी तरह यहां भी जानना ऐसा मानते हैं । इस प्रकार आठ प्रकार तो ये कहे और अन्य भी अनेक प्रकार परको जो आत्मा कहते हैं वे दुर्बुद्धि हैं, उनको परमार्थसे जानने वाले उन्हें सत्यार्थवादी नहीं कहते ।

भावार्थ—जीव अजीव दोनों ही अनादिकालसे एक क्षेत्रावगाह संयोगरूप मिल रहे हैं और अनादिसे ही पुद्गलके संयोगसे जीवकी विकार सहित अनेक अवस्थाएं हो रही हैं । यदि परमार्थदृष्टिसे देखा जाय तब जीव तो अपने चैतन्य आदि भावको नहीं छोड़ता और

सुखदुःखातिरिक्तत्वेनान्यस्यानुपलभ्यमानत्वादिति केचित् । मज्जितावदुभयात्मकत्वादात्मकर्मोभयमेव जीवः कात्स्न्र्यतः कर्मणोतिरिक्तत्वेनान्यस्यानुपलभ्यमानत्वादिति केचित् । अर्थक्रियासमर्थःकर्मसंयोग एव जीवः कर्मसंयोगात्खट्वाया इवाष्टकाष्ठसंयोगादतिरिक्तत्वेनान्यस्यानु-

---

इति–अव्यय । कर्मणः–षष्ठी एकवचन । उदयं–द्वि० ए० । जीवं–द्वि० एक० । अपरे–प्रथमा बहु० । कर्मानुभागं–द्वितीया बहु० । इच्छन्ति–वर्तमान लट् अन्य पुरुष बहु० । तीव्रत्वमंदत्वगुणाभ्यां–तृतीया द्विवचन । यः–प्रथमा एक० । सः–प्रथमा एकवचन । भवति–वर्तमान लट् अन्य पुरुष एक० । जीवः–प्रथमा एक० । जीवकर्मोभयं–प्रथमा एक० । द्वे–द्वितीया द्वि० । अपि–अव्यय । खलु–अ० । केचित्–अ० अंतः प्रथमा बहु० । जीवं–द्वितीया एक० । इच्छन्ति–वर्तमान लट् अन्य पुरुष बहु० क्रिया । अपरे–प्रथमा बहु० । संयोगेन–तृतीया एक० । कर्मणां–षष्ठी बहु० । जीवं–द्वितीया एक० । एवंविधाः–प्रथमा ब० । बहुविधाः–प्रथमा

पुद्गल अपने मूर्तिक जड़त्व आदिको नहीं छोड़ता । लेकिन जो परमार्थको नहीं जानते हैं, वे संयोगजन्य भावोंको ही जीव कहते हैं । परमार्थसे जीवका स्वरूप पुद्गलसे भिन्न सर्वज्ञको दीखता है तथा सर्वज्ञकी परंपराके आगमसे जाना जाता है । जिनके मतमें सर्वज्ञ नहीं माना गया है, वे ही अपनी बुद्धिसे अनेक कल्पना करके कहते हैं ।

प्रसंगविवरण––सर्ववर्णनीयस्वरूप तथा अधिकारस्वरूप १३वीं गाथामें जीवाजीव, पुण्य, पाप, आस्रव, संवर, निर्जरा, बंध व मोक्षकी चर्चा की गई थी । अतः पूर्वरंगके बाद इनका वर्णन आवश्यक है, सो उनमेंसे प्रथम क्रमप्राप्त जीव व अजीवका इस अधिकारमें वर्णन किया जा रहा है, इसी कारण इस अधिकारका नाम जीवाजीवाधिकार है ।

तथ्यप्रकाश––१–वेदान्तादिसम्मत जैसा नैसर्गिक रागद्वेष कलुषित अध्यवसान जीव नहीं है । २–मीमांसकादिसम्मत जैसा संसरणक्रियाविलसित कर्म जीव नहीं है । ३–सांख्यादिसम्मत जैसा अध्यवसानसंतान जीव नहीं है । ४–वैशेषिकादिसम्मत जैसा नवीन-नवीन दशामें प्रवर्तमान शरीर ही जीव हो ऐसा नहीं है । ५–बौद्धादिसम्मत जैसा क्षणिक शुभ अशुभभाव ही जीव हो, ऐसा नहीं है । ६–योगादिसम्मत जैसा सुख दुःख मात्र ही जीव हो ऐसा नहीं है । ७– नैयायिकादिसम्मत जैसा आत्मकर्मोभय जीव हो ऐसा नहीं है । ८–चार्वाकादि सम्मत जैसा कर्मादिके संयोगमात्र जीव हो ऐसा नहीं है ।

सिद्धान्त––१. परद्रव्यमें जीवत्वका आरोप करना उपचार है । २ –नैमित्तिक भावोंमें जीवत्वका आरोप करना भी उपचार है ।

दृष्टि––१–द्रव्ये द्रव्योपचारक व्यवहार (१०६), संश्लिष्टविजात्युपचरित असद्भूत व्यवहार (१२५) । २– उपाधिज उपचरित स्वभावव्यवहार (१०३) ।

प्रयोग––परद्रव्योंसे व परभावोंसे उपयोग हटा करके अपनेमें पूर्णविश्राम कर स्वयं

पलभ्यमानत्वादिति केचित् एवमेवंप्रकारा इतरेपि बहुप्रकाराः परमात्मेति व्यपदिशंति दुर्मेधसः किंतु न ते परमार्थवादिभिः परमार्थवादिनः इति निर्दिश्यन्ते ॥३९-४०-४१-४२-४३॥

ब० । परं–द्वि० ए० । आत्मानं–द्वि० ए० । वदन्ति–वर्तमान अन्य० ब० । दुर्मेधसः–प्रथमा ब० । ते–प्रथमा ब० । न–अव्यय । परमार्थवादिनः–प्रथमा ब० । निश्चयवादिनः–तृ० ब० । निर्दिष्टाः–प्रथमा बहुवचन कृदन्त क्रिया क्तान्त ॥३९-४०-४१-४२-४३॥

अपनेको अनुभवना चाहिये ॥३९-४०-४१-४२-४३॥

ऐसा कहने वाले सत्यार्थवादी नहीं हैं, सो क्यों नहीं ? उसका उत्तर कहते हैं— [एते] ये पूर्व कहे हुए अध्यवसान आदिक [सर्वे भावाः] सभी भाव [पुद्गलद्रव्यपरिणाम-निष्पन्नाः] पुद्गलद्रव्यके परिणमनसे उत्पन्न हुए हैं ऐसा [केवलिजिनैः] केवली सर्वज्ञजिन-देवने [भणिताः] कहा है सो [ते जीवाः] वे जीव हैं [इति कथं उच्यंते] ऐसा कैसे कह सकते हैं ? अर्थात् नहीं कह सकते ।

तात्पर्य— पूर्वोक्त गाथामें अज्ञानीसम्मत जीव कुछ तो उपादानतया पौद्गलिक हैं, कुछ निमित्ततया पौद्गलिक हैं ।

टीकार्थ—चूँकि ये अध्यवसानादिक भाव सब पदार्थोंको साक्षात् देखने वाले भगवान् वीतराग सर्वज्ञ अरहंतदेवके द्वारा "पुद्गलद्रव्यपरिणामजन्य" कहे गये अतः चैतन्यभावसे शून्य पुद्गलद्रव्यसे भिन्न रूपसे कहे गये चैतन्यस्वभावमय जीव द्रव्य होनेको समर्थ नहीं हैं इस कारण निश्चयसे आगम, युक्ति और स्वानुभव इन तीनों द्वारा बाधित होनेसे जो इन अध्यवसानादिकों को जीव कहते हैं वे परमार्थवादी याने सत्यार्थवादी नहीं है । ये सब जीव नहीं है, ऐसा जो सर्वज्ञका वचन है वह तो आगम है और यह स्वानुभवगर्भित युक्ति है, क्या, सो कहते हैं—स्वयमेव उत्पन्न हुआ रागद्वेषसे मलिन अध्यवसान निश्चयतः जीव नहीं है, क्योंकि जैसे सुवर्ण कालिमासे पृथक् है, उसी प्रकार चित्स्वभावरूप ऐसे अध्यवसानसे भिन्न जीव भेद विज्ञानियोंको प्रतिभासित होता है, वे स्वयं प्रत्यक्ष चैतन्यभावको पृथक् अनुभव करते हैं ॥१॥ अनाद्यनंत पूर्वापरीभूत एक संसरणक्रियारूप क्रीडा करता हुआ कर्म है वह भी जीव नहीं है क्योंकि कर्मसे पृथक् अन्य चैतन्यस्वभावरूप जीव भेदविज्ञानियोंको प्राप्त है, वे स्वयं प्रत्यक्ष अनुभव करते हैं ॥२॥ तीव्रमंद अनुभवसे भेदरूप हुआ दुरंत राग-रससे भरी अध्यवसानकी संतान भी जीव नहीं है, क्योंकि उस संतानसे अन्य पृथक् चैतन्यस्वरूप जीव भेदविज्ञानियोंको स्वयमेव प्राप्त है, वे स्वयं प्रत्यक्ष अनुभव करते हैं ॥३॥ नई पुरानी अवस्थादिके भेदसे प्रवृत्त हुआ जो नोकर्म है वह भी जीव नहीं है, क्योंकि शरीरसे अन्य पृथक् चैतन्यस्वभावरूप जीव भेदविज्ञानियोंको स्वयंमेव प्राप्त है, वे स्वयं आप प्रत्यक्ष अनुभव करते हैं ॥४॥ समस्त जगतको

अतः—

एए सव्वे भावा पुग्गलदव्वपरिणामणिप्पण्णा ।
केवलिजिणेहिं भणिया कह ते जीवो त्ति वुच्चंति ॥४४॥

ऐसे नाना दुर्मति, परतत्त्वोंको हि आत्मा कहते ।
वे न परमार्थवादी, ऐसा तत्त्वज्ञ दर्शाते ॥४४॥

एते सर्वे भावाः पुद्गलद्रव्यपरिणामनिष्पन्नाः । केवलिजिनैर्भणिताः कथं ते जीव इत्युच्यंते ॥४४॥

यतः एतेऽध्यवसानादयः समस्ता एव भावा भगवद्भिर्विश्वसाक्षिभिरर्हद्भिः पुद्गलद्रव्यपरिणाममयत्वेन प्रज्ञप्ताः संतश्चैतन्यशून्यात्पुद्गलद्रव्यादतिरिक्तत्वेन प्रज्ञाप्यमानं चैतन्यस्वभावं जीवद्रव्यं भवितुं नोत्सहंते ततो न खल्वागमयुक्तिस्वानुभवैर्बाधितपक्षत्वात् तदात्मवादिनः परमार्थवादिनः एतदेव सर्वज्ञवचनं तावदागमः । इयं तु स्वानुभवगर्भिता युक्तिः न खलु नैसर्गिकरागद्वेषकल्माषितमध्यवसानं जीवस्तथाविधाध्यवसानात्कार्तस्वरस्येव श्यामिकायाः अतिरिक्तत्वे-

---

नामसंज्ञा—एत, सव्व, भाव, पुग्गलदव्वपरिणामणिप्पण्ण, केवलिजिण, भणिय, कह, त, जीव इत्ति। **धातुसंज्ञा**—भण कथने, वच्च व्यक्तायां वाचि । **प्रकृतिशब्द**—एतत्, सर्व, भाव, पुद्गलद्रव्यपरिणामनिष्पन्न, केवलिजिन, भणित, कथं, तत्, जीव, इति । **मूलधातु**—जि जये, भण व्यक्तायां वाचि, वच परिभाषणे ।

पुण्य-पापरूपसे व्यापता कर्मका विपाक भी जीव नहीं है; क्योंकि शुभाशुभभावसे अन्य पृथक् चैतन्यस्वभावरूप जीव भेदविज्ञानियोंको स्वयमेव प्राप्त है, वे स्वयं आप प्रत्यक्ष अनुभव करते हैं ॥५॥ साता असाता रूपसे व्याप्त समस्त तीव्रमंदतारूप गुणसे भेदरूप हुआ कर्मका अनुभव भी जीव नहीं है; क्योंकि सुख-दुःखसे पृथक् अन्य चैतन्यस्वभावरूप जीवकी भेदविज्ञानियोंको स्वयं प्राप्ति होती है, वे स्वयं आप प्रत्यक्ष अनुभव करते हैं ॥६॥ श्रीखंडकी तरह दो स्वरूप मिले आत्मा और कर्म दोनों ही जीव नहीं हैं, क्योंकि कर्मसे पूर्णरूपतः भिन्न अन्य चैतन्यस्वरूप जीव भेदज्ञानियोंको स्वयं प्राप्त है, वे स्वयं प्रत्यक्ष आप अनुभव करते हैं ॥७॥ अर्थक्रियामें समर्थ कर्मका संयोग भी जीव नहीं है; क्योंकि 'जैसे आठ काठके टुकड़ोंरूप खाटपर सोने वाला पुरुष अन्य है' उसी प्रकार कर्मसंयोगसे भिन्न अन्य चैतन्यस्वभावरूप जीवकी भेदज्ञानियोंको स्वयं प्राप्ति है, वे स्वयं प्रत्यक्ष अनुभव करते हैं ॥८॥ **भावार्थ**—चैतन्यस्वभावरूप जीव सब परभावोंसे भिन्न भेदज्ञानियोंके अनुभवगोचर है, इस कारण अज्ञानी जिस प्रकार मानते हैं, उस प्रकार नहीं है ।

अब यहांपर पुद्गलसे भिन्न जो आत्माकी उपलब्धि उसको अन्यथा ग्रहण करने वाला याने पुद्गलको ही आत्मा जानने वाला जो पुरुष है, उसको समभावसे ही उपदेश करना चाहिए,

नान्यस्य चित्स्वभावस्य विवेचकैः स्वयमुपलभ्यमानत्वात् । न खलु सातासातरूपेणाभिव्याप्त-समस्ततीव्रमंदत्वगुणाभ्यां भिद्यमानः कर्मानुभावो जीवः सुखदुःखातिरिक्तत्वेनान्यस्य चित्स्व-भावस्य विवेचकैः स्वयमुपलभ्यमानत्वात् । न खलु मज्जितावदुभयात्मकत्वादात्मकर्मोभयं जीवः कात्स्न्र्यतः कर्मणोतिरिक्तत्वेनान्यस्य चित्स्वभावस्य विवेचकैः स्वयमुपलभ्यमानत्वात् । न खल्वर्थक्रियासमर्थः कर्मसंयोगो जीवः कर्मसंयोगात्खद्वाशायिनः पुरुषस्येवाष्टकाष्ठसंयोगादतिरि-

---

पदविवरण—एते–प्रथमा ब० । सर्वे–प्रथमा ब० । भावाः–प्रथमा ब० कर्मवाच्ये कर्म । पुद्गलद्रव्यपरिणाम-निष्पन्ना–प्रथमा बहु० । केवलिजिनैः तृतीया ब० कर्मवाच्यमें कर्ता । भणिताः–प्रथमा ब० कर्मवाच्यमें

ऐसा काव्यमें कहते हैं 'विरम' इत्यादि । **अर्थ**—हे भव्य, तुझे निष्प्रयोजन कोलाहल करने से क्या लाभ है, उस कोलाहलसे तू विरक्त हो और एक चैतन्यमात्र वस्तुको एकान्तमें स्वयं निश्चय लीन होकर छः महीना अभ्यास कर देख तो कि जिसका तेज प्रताप-प्रकाश पुद्गलसे भिन्न है ऐसे आत्माकी अपने हृदयसरोवरमें प्राप्ति होती है या नहीं । **भावार्थ**—यदि अपने स्वरूपका अभ्यास करे तो उसकी प्राप्ति अवश्य होती है, हाँ पर वस्तुकी प्राप्ति नहीं हो सकती । अपना स्वरूप तो विद्यमान ही है परन्तु भूल रहा है सो चेत कर देखे तो पास ही है । यहाँ छह महीनेका अभ्यास कहा सो ऐसा नहीं समझना कि इतना ही समय लगेगा, इसका होना तो अन्तर्मुहूर्तमात्रमें ही है परन्तु शिष्यको बहुत कठिन मालूम पड़े तब उसको समझाया है कि यदि बहुत काल भी समझनेमें लगेगा तो छह महीनेसे अधिक नहीं लगेगा । इसलिए अन्य निष्प्रयोजन कोलाहलको छोड़ इसमें लगनेसे शीघ्र स्वरूपकी प्राप्ति होगी, ऐसा उपदेश किया है ।

प्रसंगविवरण—अनन्तरपूर्व ५ गाथाओंमें अज्ञजनसम्मत जीवके परिचयका निर्देश किया था और अन्तमें कहा था कि ऐसा कहने वाले याने परको आत्मा कहने वाले परमार्थ-वादी नहीं है । सो उसी तथ्यको इस गाथामें वर्णन है कि पूर्वोक्त परात्मवादी किस कारणसे परमार्थवादी नहीं है ।

तथ्यप्रकाश—१–पूर्वगाथोक्त ८ प्रकारका परात्मवाद परमार्थवाद नहीं है यह आगम से सिद्ध है । २–पूर्वगाथोक्त ८ प्रकारका परात्मवाद युक्ति और अनुभवसे अथवा स्वानुभव-गर्भित युक्तिसे भी सिद्ध नहीं होता । ३–स्वानुभवगर्भित युक्ति यह है कि—उन कल्पित ८ प्रकारोंसे अन्य चित्स्वभावमात्र अन्तस्तत्त्व भेदविज्ञानियों द्वारा स्वयं उपलभ्यमान हुआ है । ४–यहाँ आत्मोपलब्धिके अर्थ छह माह तक भी पुरुषार्थ करनेका जो उपदेश किया है उसका कारण यह है कि अनंतानुबन्धी कषाय सम्यक्त्वघातक है और उस कषायका संस्कार छह

तत्त्वेनान्यस्य चित्स्वभावस्य विवेचकैः स्वयमुपलभ्यमानत्वादिति । इह खलु पुद्गलभिन्नात्मोपलब्धि प्रति विप्रतिपन्नः साम्नैवमनुशास्यः । विरम किमपरेणाकार्यकोलाहलेन, स्वयमपि निभृतः सन् पश्य षण्मासमेकं । हृदयसरसि पुंसः पुद्गलाद्भिन्नधाम्नो, ननु किमनुपलब्धिर्भाति किंचोपलब्धिः ॥३४॥ ॥४४॥

क्रिया कान्त कृदन्त । कथं–अव्यय । ते–प्रथमा ब० । जीवः–प्रथमा एकवचन । इति–अव्यय । उच्यते–वर्तमान लट् अन्य पुरुष बहुवचन भावकर्मप्रक्रिया कर्मवाच्यमें क्रिया ॥४४॥

माहसे अधिक व भव भवान्तर तक भी रहता है, लेकिन जो अन्तस्तत्त्वकी दृष्टिका अभ्यास अनवरत बनावे तो उसे ज्यादासे ज्यादा छह महीनेके अन्दर ही आत्मोपलब्धि हो जायगी, जल्दीसे जल्दी अन्तर्मुहूर्तमें हो जायगी ।

सिद्धांत—१–अध्यवसान, भावकर्म, अध्यवसानसंतति, शुभाशुभभाव, जीवमें हुए सुख दुःखादि ये पुद्गलकर्मोपाधिका निमित्त पाकर होनेसे पौद्गलिक हैं । २– आत्मकर्मोभय आत्मा व कर्म इन दोनोंकी सम्मिश्रण माननेसे पौद्गलिक है । ३–शरीर व कर्मसंयोग स्वयं आप ही उपादानतया पौद्गलिक हैं ।

दृष्टि—१–विवक्षितैकदेशशुद्धनिश्चयनय (४८) । २–संश्लिष्ट स्वजातिविजात्युपचरित असद्भूतव्यवहार (१२७) । ३—कारककारकिभेदक सद्भूतव्यवहार (७३) ।

प्रयोग—सहज एकत्वविभक्त अन्तस्तत्त्व चित्स्वभावके अतिरिक्त सभी भावोंको परभाव निरखकर उनका ख्याल भी छोड़कर चित्स्वभावमात्र अपनेको अपनेमें पा लेवे ऐसा परम विश्राम लेना चाहिये ॥४४॥

अब शिष्य पूछता है कि इन अध्यवसानादिक भावोंको तो जीव नहीं बतलाया, अन्य चैतन्यस्वभावको जीव कहा सो ये भाव भी तो चैतन्यसे ही सम्बन्ध रखनें वाले मालूम होते हैं, चैतन्यके बिना जड़के तो होते नहीं, इनको पुद्गलके कैसे कहा ? ऐसा पूछा जानेपर उत्तर रूप गाथासूत्र कहते हैं—[**अष्टविधमपि च**] आठों ही तरहके [**कर्म**] कर्म [**सर्वं**] सब [**पुद्गलमयं**] पुद्गलस्वरूप हैं, ऐसा [**जिनाः**] जिन भगवान् सर्वज्ञदेव [**निन्दन्ति**] कहते हैं । [**यस्य विपच्यमानस्य**] जिस पचकर उदयमें आने वाले कर्मका [**फलं**] फल [**तत्**] प्रसिद्ध [**दुःखं**] दुःख है [**इति उच्यते**] ऐसा कहा गया है ।

तात्पर्य—आठों ही प्रकारके कर्म पौद्गलिक हैं और जब वे उदयमें आते हैं तब उनका फल दुःख ही होता है ।

टीकार्थ—अध्यवसान आदि समस्त भावोंके उत्पन्न करने वाले आठ प्रकारके जो

कथं चिदन्वयत्वप्रतिभासेप्यध्यवसानादयः पुद्गलस्वभावा इति चेत्—

अट्ठविहं पि य कम्मं सव्वं पुग्गलमयं जिणा विंति ।
जस्स फलं तं वुच्चइ दुक्खं ति विपच्चमाणस्स ॥४५॥

आठों ही कर्मोंको, पुद्गलमय ही जिनेन्द्र बतलाते ।
जिनके कि उदयका फल, सारा दुखरूप कहलाता ॥४५॥

अष्टविधमपि च कर्म सर्वं पुद्गलमयं जिना विदंति । यस्य फलं तदुच्यते दुःखमिति विपच्यमानस्य ॥४५॥

अध्यवसानादिभावनिर्वर्त्तकमष्टविधमपि च कर्म समस्तमेव पुद्गलमयमिति किल सकलज्ञज्ञप्तिः, तस्य तु यद्विपाककाष्ठामधिरूढस्य फलत्वेनाभिलप्यते तदनाकुलत्वलक्षणसौख्याख्यात्म-

---

नामसंज्ञ—अट्ठविह, पि, य, कम्म, सव्व, पुग्गलमय, जिण, ज, फल, त, दुक्ख, इति, विपच्चमाण । **धातुसंज्ञ**—विद ज्ञाने, वच्च व्यक्तायां वाचि । **प्रकृतिशब्द**—अष्टविध, अपि, च, कर्मन्, सर्व, पुद्गलमय, जिन, यत्, फल, तत्, दुःख, इति, विपच्यमान । **मूलधातु**—विद ज्ञाने, वच परिभाषणे, डुपचष् पाके । **पदविवरण**—अष्टविधं—द्वि० एक०, अपि—अव्यय, च—अ०, कर्म—द्वि० एक०, सर्वं—द्वि० एक०, पुद्गलमयं—

ज्ञानावरणादि कर्म हैं, वे सभी पुद्गलमय हैं, ऐसा सर्वज्ञदेवका वचन है । विपाककी पराकाष्ठा को प्राप्त कर्मका फलरूपसे जो कहा जाता है वह कर्मफल अनाकुलतास्वरूप सुखनामक आत्माके स्वभावसे विलक्षण है, आकुलतामय है, इसलिए दुःख है । उस दुःखमें ही आकुलतास्वरूप अध्यवसान आदिक भाव समाविष्ट हो जाते हैं, इसलिए वे यद्यपि चैतन्यसे सम्बंध होने का भ्रम उत्पन्न करते हैं, तो भी वे आत्माके स्वभाव नहीं हैं, किन्तु पुद्गलस्वभाव ही हैं ।

भावार्थ—यह आत्मा कर्मका उदय आनेपर दुःखरूप परिणमन करता है और जो दुःखरूप भाव है वह अध्यवसान है, इसलिए दुःखरूप भावमें चेतनके सम्बंध का भ्रम बन जाता है । परमार्थसे दुःखस्वरूप भाव चेतन नहीं है, कर्मजन्य है, इस कारण जड़ ही है ।

प्रसंगविवरण—अनन्तरपूर्व गाथामें कहा गया था कि अध्यवसान आदि भाव सब पुद्गलकर्मनिष्पन्न हैं सो उसपर यह आशंका होती है कि अध्यवसान आदि भावोंका तो चेतन में अन्वय दिखता याने शुभाशुभ भाव, सुख-दुःख भाव आदि चेतनमें ही पाये जाते, फिर इनको पुद्गलस्वभाव क्यों कहा गया है ? इसी प्रश्नका इस गाथामें समाधान किया गया है ।

तथ्यप्रकाश—(१) जिस समय नवीन कर्मवर्गणावोंका बंध होता है उसी समय उन कर्मवर्गणावोंमें प्रकृतिबंध, स्थितिबंध, प्रदेशबंध व अनुभागबंध चारों बन्ध पड़ जाते हैं । (२) पूर्वबद्ध कर्मका जब अनुभाग उदित होता है तब उसका जो फल है वह दुःखरूप ही है । (३) अध्यवसानादि भाव दुःखरूप कर्मफल ही हैं और कर्म हैं पुद्गलमय, अतः अध्यवसानादि

स्वभावविलक्षणत्वात्किल दुःखं, तदंतःपातिन एव किलाकुलत्वलक्षणा अध्यवसानादिभावाः। ततो न ते चिदन्वयत्वविभ्रमेप्यात्मस्वभावाः किंतु पुद्गलस्वभावाः ॥४५॥

द्वि० एक०, जिनाः—प्रथमा बहुवचन कर्ता, विदन्ति—वर्तमान अन्य पुरुष बहु० क्रिया, यस्य—षष्ठी एक०, फलं—प्रथमा एक०, उच्यते—वर्तमान अन्य पुरुष एक०, भावकर्मप्रक्रिया क्रिया, दुःखं—प्रथमा एक०, इति—अ०, विपच्यमानस्य—षष्ठी एकवचन ॥४५॥

भाव पुद्गलस्वभाव कहे गये हैं।

सिद्धान्त—(१) अध्यवसान आदि भाव कर्मफल हैं, पुद्गलस्वभाव हैं, जीव नहीं हैं। (२) कर्मोदयका निमित्त पाकर जीवमें दुःखरूप परिणमन होता है।

दृष्टि—१— विवक्षितैकदेशशुद्धनिश्चयनय (४८)। २— उपाधिसापेक्ष अशुद्ध द्रव्यार्थिकनय (२४)।

प्रयोग—कर्म व कर्मप्रतिफलनसे रहित चैतन्यस्वभावमात्र अपनेको निरखकर चैतन्यस्वभावमात्र अपनेको अनुभवना चाहिये ॥४५॥

यदि अध्यवसानादि भाव पुद्गलस्वभाव हैं तो सर्वज्ञके आगममें इनको जीवके भाव कैसे कहा? उसके उत्तरमें गाथासूत्र कहते हैं—[**एते सर्वे**] ये सब [**अध्यवसानाद्यः भावाः**] अध्यवसानादिक भाव [**जीवाः**] जीव हैं ऐसा [**जिनवरैः**] जिनवरदेवने [**उपदेशः वर्णितः**] जो उपदेश वर्णित किया है वह [**व्यवहारस्य दर्शनं**] व्यवहारका मत है।

तात्पर्य—अध्यवसान आदिक भावोंको जीव व्यवहारसे कहा गया है।

टीकार्थ—ये सब अध्यवसानादिक भाव 'जीव हैं' ऐसा जो भगवान् सर्वज्ञदेवने कहा है, वह अभूतार्थरूप व्यवहारका मत है। व्यवहार व्यवहारी जीवोंको परमार्थका कहने वाला है जैसे कि म्लेच्छ भाषा म्लेच्छोंको वस्तुस्वरूप बतलाती है, इस कारण अपरमार्थभूत होनेपर भी धर्मतीर्थकी प्रवृत्ति करनेके लिये व्यवहारका वर्णन होना न्याययुक्त है। क्योंकि व्यवहारके बिना जीवका शरीरसे परमार्थतः भेद देखनेसे त्रस स्थावर जीवोंका घात निःशंकरूपसे करना ठहरेगा। जैसे भस्मके मर्दन करनेमें हिंसाका अभाव है, उसी प्रकार उनके मारनेमें भी हिंसा नहीं सिद्ध होगी, किन्तु हिंसाका अभाव ठहरेगा तब उनके घात होनेसे बंधका भी अभाव ठहरेगा। उसी प्रकार बध्यमान रागी द्वेषी मोही जीव ही तो छुड़ाने योग्य है सो व्यवहारके बिना परमार्थतः रागद्वेष मोहसे भिन्न जीवको दिखलानेपर मोक्षके उपायका ग्रहण न होनेसे मोक्षका भी अभाव ठहरेगा। इसलिये जिनेन्द्र देवने व्यवहारका उपदेश किया है।

भावार्थ—आत्मा स्वयं सहज अपने ही सत्त्वके कारण जिस स्वभावरूप है उस स्वभावमात्र देखना परमार्थनय है, वह तो जीवको शरीर और राग द्वेष मोहसे भिन्न दिखाता

यद्यध्यवसानाद्यः पुद्गलस्वभावास्तदा कथं जीवत्वेन सूचिता इति चेत्—

ववहारस्स दरीसणमुवएसो वण्णिदो जिणवरेहिं।
जीवा एदे सव्वे अज्झवसाणादओ भावा ॥४६॥

ये अध्यवसानादिक, जीव कहे कहीं ग्रन्थमें वह सब।
व्यवहारका हि दर्शन, जिनवरका पूर्व वर्णित है ॥४६॥

व्यवहारस्य दर्शनमुपदेशो वर्णितो जिनवरैः। जीवा एते सर्वेऽध्यवसानादयो भावाः ॥४६॥

सर्व एवैतेऽध्यवसानादयो भावाः जीवा इति यद्भगवद्भिः सकलज्ञैः प्रज्ञप्तं तदभूतार्थस्यापि व्यवहारस्यापि दर्शनं। व्यवहारो हि व्यवहारिणां म्लेच्छभाषेव म्लेच्छानां परमार्थप्रतिपादकत्वादपरमार्थोपि तीर्थप्रवृत्तिनिमित्तं दर्शयितुं न्याय्य एव। तमंतरेण तु शरीराज्जीवस्य

नामसंज्ञ—ववहार, दरीसण, उवएस, वण्णिद, जिणवर, जीव, एत, सव्व, अज्झवसाणादि, भाव। **धातुसंज्ञ**—दरिस दर्शनायां, वण्ण वर्णने। **प्रकृतिशब्द**—व्यवहार, दर्शन, उपदेश, वर्णित, जिनवर, जीव, एतत्, सर्व, अध्यवसानादि, भाव। **मूलधातु**—दृशिर् प्रेक्षणे, वर्ण वर्णने, वर्ण स्तुतौ। **पदविवरण** व्यव-

---

है। यदि इसीका एकांत किया जाय तब शरीर तथा राग, द्वेष, मोह पुद्गलमय ठहरेंगे, तब पुद्गलके घातसे हिंसा नहीं हो सकती और राग, द्वेष, मोहसे बंध नहीं हो सकता। इस प्रकार परमार्थसे संसार मोक्ष दोनोंका अभाव हो जाएगा। ऐसा एकांतरूप वस्तुका स्वरूप नहीं है। अवस्तुका श्रद्धान, ज्ञान और आचरण मिथ्या अवस्तुरूप ही है, इसलिये व्यवहारका उपदेश न्यायप्राप्त है। इस प्रकार स्याद्वादसे दोनों नयोंका विरोध मेटकर श्रद्धान करना सम्यक्त्व है।

प्रसंगविवरण—अनन्तरपूर्व गाथामें अध्यवसानादिभावोंको पुद्गलस्वभाव बताया गया था। सो उस विषयमें यह आशंका होना प्राकृतिक है कि यदि अध्यवसानादि भाव पुद्गलस्वभाव हैं तो उन्हें सिद्धान्त ग्रन्थोंमें जीवरूपसे क्यों बताया गया है, इसी आशङ्काका समाधान इस गाथामें किया गया है।

तथ्यप्रकाश—(१) अध्यवसानादिक भाव अभूतार्थ हैं अर्थात् स्वयं सहज भूत (सत्) अर्थ (वस्तु) नहीं है। (२) अभूतार्थ होनेपर भी अध्यवसानादिको जीवरूपसे व्यवहृत करना तीर्थप्रवृत्तिके लिये न्याययुक्त है। (३) व्यवहार न माना जाय तो जीवोंकी हिंसा निःशङ्क होकर की जाने लगेगी, क्योंकि व्यवहार माना नहीं और परमार्थका ही एकान्त किया और परमार्थसे तो जीव शरीरसे भिन्न ही है, फिर शरीरपर शस्त्र चलानेमें क्या बुरा माना जायगा। (४) व्यवहार बिना तो जीवके कर्मबंधके अभावका भी प्रसंग होगा, क्योंकि जीव तो रागद्वेष मोहसे भिन्न है यह परमार्थैकान्त बन गया, फिर रागद्वेषमोहमूलक बन्ध कैसे होगा?

परमार्थतो भेददर्शनात्त्रसस्थावराणां भस्मन इव निःशङ्कमुपमर्दनेन हिंसाऽभावाद्ध्रुवत्येव बंधस्याभावः। तथा रक्तो द्विष्टो विमूढो जीवो बध्यमानो मोचनीय इति रागद्वेषमोहेभ्यो जीवस्य परमार्थतो भेददर्शनेन मोक्षोपायपरिग्रहणाभावात् भवत्येव मोक्षस्याभावः ॥४६॥

हारस्य–षष्ठी एकवचन। दर्शनं–प्रथमा एकवचन। उपदेशः–प्रथमा एक०। वर्णितः–प्रथमा एक० कृदंत क्रिया। जिनवरैः–तृतीया ब० कर्मवाच्यमें कर्ता। जीवाः–प्रथमा ब०। एते–प्रथमा ब०। सर्वे–प्रथमा ब०। अध्यवसानादयः–प्रथमा ब०। भावाः–प्रथमा बहुवचन ॥४६॥

(५) व्यवहार माने बिना मोक्षके अभावका प्रसंग होगा, क्योंकि परमार्थैकान्तमें जीवके बन्ध ही नहीं तो अबद्धको मोक्षोपायकी आवश्यकता नहीं, न उपाय बनेगा। (६) जैनागममें व्यवहारोपदेश न्याय्य है।

सिद्धान्त—(१) निमित्त पाकर उपादानमें होने वाले नैमित्तिक भावोंको ओघ उपादानरूप पदार्थ कह देना व्यवहारका अभिमत है।

दृष्टि—१– स्वजातिपर्यायें स्वजातिद्रव्योपचारक असद्भूत व्यवहार (१२०)।

प्रयोग—औपाधिकभाव ओघ उपादानभूत मुझ आत्मामें व्याप्य नहीं है, औपाधिक भावोंसे मैं परे हूं, चित्स्वभावमात्र हूं, ऐसी अन्तः आराधना करनी चाहिये ॥४६॥

अब शिष्य पूछता है कि यह व्यवहार किस दृष्टान्तसे प्रवृत्त हुआ? उसका उत्तर कहते हैं; जैसे [**बलसमुदयस्य**] सेनाके समूहको [**राजा खलु निर्गतः**] राजा ही निकला [**इत्येष आदेशः**] ऐसा यह आदेश [**व्यवहारेण तु उच्यते**] व्यवहारसे कहा जाता है। [**तत्र**] उस सेनामें तो वास्तवमें [**एकः**] एक [**राजा निर्गतः**] ही राजा निकला है [**एवमेव च**] इसी तरह [**अध्यवसानाद्यन्यभावानां**] इन अध्यवसान आदि अन्य भावोंको [**सूत्रे**] परमागममें [**जीव इति**] ये जीव हैं, ऐसा [**व्यवहारः कृतः**] व्यवहार किया गया है [**तत्र निश्चितः**] वहाँ निश्चयसे विचारा जाय तो उन भावोंमें [**जीवः एकः**] जीव तो एक ही है।

तात्पर्य—जीवके विपरिणमनोंको जीव कहना व्यवहार है, परमार्थसे तो एक ज्ञायकस्वभावमात्र ही जीव है।

टीकार्थ—जैसे कहा जाता है कि यह राजा पाँच योजनके फैलावमें निकल रहा है, वहाँ निश्चयसे विचारा जाय तो एक राजाको पाँच योजनमें व्यापना असम्भव है, तो भी व्यवहारी (अज्ञानी) जनोंका सेनाके समुदायमें राजा कहनेका व्यवहार है। परमार्थसे तो राजा एक ही है, सेना राजा नहीं। उसी तरह यह जीव सब रागके स्थानोंको व्यापकर प्रवृत्त हो रहा है, वहाँ निश्चयसे विचारा जाय तो एक जीवका समस्त रागग्रामको व्यापकर रहना अशक्य है तो भी व्यवहारी लोकोंका अध्यवसानादिक अन्य भावोंमें 'ये जीव हैं' ऐसा व्यवहार

अथ केन दृष्टांतेन प्रवृत्तो व्यवहार इति चेत्:—

राया हु णिग्गदोत्ति य एसो बलसमुदयस्स आदेसो।
ववहारेण दु उच्चदि तत्थेक्को णिग्गदो राया ॥४७॥
एमेव य ववहारो अज्झवसाणादिअण्णभावाणं।
जीवो त्ति कदो सुत्ते तत्थेक्को णिच्छिदो जीवो ॥४८॥

बलसमुदयको राजा, इतना विस्तृत चला हुआ कहना।
व्यवहारमात्र चर्चा, निश्चयसे एक वर नृप है ॥४७॥
त्यों ही जहँ जीव कहा, अध्यवसानादि अन्य भावोंको।
व्यवहारमात्र चर्चा, निश्चित वहँ जीव एक हि है ॥४८॥

राजा खलु निर्गत इति चैष बलसमुदयस्यादेशः। व्यवहारेण तूच्यते तत्रैको निर्गतो राजा ॥४७॥
एवमेव च व्यवहारोऽध्यवसानाद्यन्यभावानां। जीव इति कृतः सूत्रे तत्रैको निश्चितो जीवः ॥४८॥

यथैष राजा पंच योजनान्यभिव्याप्य निष्क्रामतीत्येकस्य पंचयोजनान्यभिव्याप्तुमशक्यत्वाद्व्यवहारिणां बलसमुदाये राजेति व्यवहारः। परमार्थतस्त्वेक एव राजा। तथैष जीवः

नामसंज्ञ—राय, हु, णिग्गद, इसि, य, एत, बलसमुदय, आदेस, ववहार, दु, तत्थ, एक, णिग्गद, राय, एमेव, य, ववहार, अज्झवसाणादिअण्णभाव, जीव, कद, सुत्त, तत्थ, एक्क, णिच्छिद, जीव। **धातुसंज्ञ**—आ-दिस प्रेक्षणे, वच्च व्यक्तायां वाचि। **प्रकृतिशब्द**—राजन्, खलु, निर्गत, इति, एतत्, बलसमुदय, आदेश, व्यवहार, तु, तत्र, एक, निर्गत, राजन्, एवं, एव, च, व्यवहार, अध्यवसानाद्यन्यभाव, जीव, इति, कृत, सूत्र, तत्र, एक, निश्चित, जीव। **मूलधातु**—राजृ दीप्तौ, निस्-गम्लृ गतौ, डुकृञ् करणे,

---

प्रवर्तता है, परमार्थसे तो जीव एक ही है, अध्यवसान आदि भाव जीव नहीं हैं।

प्रसंगविवरण—अनन्तरपूर्व गाथामें बताया गया था कि अध्यवसानादि भावोंको जीव व्यवहारसे कहा गया है। सो अब उसी विषयका स्पष्टीकरण इन दो गाथाओंमें दृष्टान्तपूर्वक किया गया है।

तथ्यप्रकाश—(१) सेनासमूह राजासम्बंधित होनेसे और उसमें राजाका सद्भाव होनेसे सेनासमूहमें राजाका व्यपदेश होता है कि राजा पाँच योजनमें फैलकर जा रहा है। (२) सेनासमूहमें राजाका व्यवहार होनेपर भी वास्तवमें तो राजा एक है और अपने ही एक व्यक्तिके प्रमाण हैं। (३) अध्यवसानादि भाव (रागादि भाव) जीवसम्बंधित होनेसे व अध्यवसानादि भावका उस समय जीव आधार होनेसे अध्यवसानादि परभावोंमें जीवका व्यपदेश होता है कि अध्यवसानादि भाव जीव हैं। (४) अध्यवसानादि भावोंमें जीवका व्यवहार होनेपर भी परमार्थसे तो जीव एक ज्ञायकस्वभाव है और वह अपने स्वरूपमात्र है।

समग्रं रागग्राममभिव्याप्य प्रवर्तंत इत्येकस्य समग्रं रागग्राममभिव्याप्तुमशक्यत्वाद्व्यवहारिणामध्यवसानादिष्वन्यभावेषु जीव इति व्यवहारः । परमार्थतस्त्वेक एव जीवः ॥४७-४८॥

सूत्र वेष्टने, निस्-चिञ् चयने। **पदविवरण**- राजा–प्रथमा एक०। खलु–अ०। निर्गतः–प्रथमा एक० कृदंत क्रिया। इति–अ०। एषः–प्रथमा एक०। बलसमुदयस्य–षष्ठी एक०। तु–अ०। उच्यते–भावकर्मप्रक्रिया वर्तमान अन्य पुरुष एक०। तत्र–अ०। एकः–प्रथमा एक०। निर्गतः–प्रथमा एक०। राजा–प्रथमा एक०। एवं–अ०। एव–अ०। व्यवहारः–प्रथमा एक०। अध्यवसानाद्यन्यभावानां–षष्ठी ब०। जीवः–प्रथमा एक०। इति–अ०। कृतः–प्रथमा एकवचन कृदंत क्रिया कर्मवाच्यमें। सूत्रे–सप्तमी एक०। तत्र–अ०। निश्चितः–प्रथमा एकवचन। जीवः–प्रथमा एक० ॥४७-४८॥

सिद्धान्त––(१) द्रव्यको औपाधिक पर्यायोंमें द्रव्यका व्यवहार ईषत् प्रयोजनके लिये है। (२) शाश्वत स्वभावमय वस्तु वह एक ही शाश्वत है।

दृष्टि—१– स्वजातिपर्याये स्वजातिद्रव्योपचारक असद्भूत व्यवहार (१२०)। २– परमशुद्धनिश्चयनय (४४)।

प्रयोग– अपनेको समस्त विपरिणमनोंसे विविक्त निरखकर केवल चित्स्वभावमात्र अनुभवना चाहिये ॥४७-४८॥

अब शिष्य पूछता है कि ये अध्यवसानादिक भाव हैं, वे जीव नहीं हैं तो एक टंकोत्कीर्ण परमार्थ स्वरूप जीव कैसा है, उसका क्या लक्षण है ? इसका उत्तर कहते हैं—हे भव्य तू [**जीवं**] जीवको [**अरसं**] रसरहित [**अरूपं**] रूपरहित [**अगंधं**] गंधरहित [**अव्यक्तं**] इन्द्रियोंके अगोचर [**चेतनागुणं**] चेतनागुण वाला [**अशब्दं**] शब्दरहित [**अलिंगग्रहणं**] किसी चिह्न कर जिसका ग्रहण नहीं होता ऐसा व [**अनिर्दिष्टसंस्थानं**] जिसका आकार कुछ कहनेमें नहीं आता, ऐसा [**जानीहि**] जानो।

तात्पर्य—परमार्थतः जीव रूपरसगन्धस्पर्शशब्दशून्य है, अव्यक्त, स्वयं निराकार व चैतन्यगुण वाला है।

टीकार्थ—जो (जीव) निश्चयसे पुद्गलद्रव्यसे भिन्न होनेसे उसमें रस गुण विद्यमान नहीं हैं इस कारण अरस है ॥१॥ पुद्गलद्रव्यके गुणोंसे भी भिन्न होनेसे स्वयं रसगुण नहीं है इस कारण भी अरस है ॥२॥ परमार्थसे पुद्गलद्रव्यका स्वामित्व भी इसके नहीं है, इसलिये द्रव्येन्द्रियके आलम्बनसे आप रसरूप परिणमन नहीं करता इस कारण भी अरस है ॥३॥ अपने स्वभावकी दृष्टिसे देखा जाय तो क्षायोपशमिक भावका भी इसके अभाव है, इसलिये भावेन्द्रियके अवलंबनसे भी इसके रसरूप परिणामका अभाव है, इस कारण भी अरस है ॥४॥ इसका सम्वेदन परिणाम तो एक ही है, वह सकल विषयोंके विशेषोंमें साधारण है, उस स्व-

यद्येवं तर्हि किंलक्षणोऽसावेकष्टंकोत्कीर्णः परमार्थजीव इति पृष्टः प्राह—

अरसमरूवमगंधं अव्वत्तं चेदणागुणमसद्दं ।
जाण अलिंगग्गहणं जीवमणिद्दिट्ठसंठाणं ॥४९॥

अरस अरूप अगंधी, अव्यक्त अशब्द चेतनागुणमय ।
चिह्नग्रहण अरु स्वयं असंस्थान जीवको जानो ॥४९॥

अरसमरूपमगंधमव्यक्तं चेतनागुणमशब्दं । जानीहि अलिंगग्रहणं जीवमनिर्दिष्टसंस्थानं ॥४९॥

यः खलु पुद्गलद्रव्यादन्यत्वेनाविद्यमानरसगुणत्वात् पुद्गलद्रव्यगुणेभ्यो भिन्नत्वेन स्वयमरसगुणत्वात् परमार्थतः पुद्गलद्रव्यस्वामित्वाभावात् द्रव्येन्द्रियावष्टंभेनारसनात् स्वभावतः क्षायोपशमिकभावाभावाद्भावेन्द्रियावलंबेनारसनात्, सकलसाधारणैकसम्वेदनपरिणामस्वभावत्वात्केवलरसवेदनापरिणामापन्नत्वेनारसनात्, सकलज्ञेयज्ञायकतादात्म्यस्य निषेधाद्रसपरिच्छेदपरिणतत्वेपि स्वयं रसरूपेणापरिणमनाच्चारसः । तथा पुद्गलद्रव्यादन्यत्वेनाविद्यमानरूपगुणत्वात् पुद्गलद्रव्यगुणेभ्यो भिन्नत्वेन स्वयमरूपगुणत्वात् परमार्थतः पुद्गलद्रव्यस्वामित्वाभावात् द्रव्येन्द्रियावष्टंभेनारूपणात्, स्वभावतः क्षायोपशमिकभावाभावाद्भावेन्द्रियावलम्बेनारूपणात्सकल-

---

नामसंज्ञा—अरस, अरूव, अगंध, अव्वत्त, चेदणागुण, असद्द, अलिंगग्गहण, जीव, अणिद्दिट्ठसंठाण ।

भावसे केवल एक रसवेदना परिणामकी प्राप्ति रूप नहीं है, इस कारण भी अरस है ॥५॥ इसके समस्त ही ज्ञेयोंका ज्ञान होता है, परन्तु ज्ञेय ज्ञायकके एकरूप होनेका निषेध ही है, इसलिये रसके ज्ञानरूप परिणमनेपर भी आप रसरूप नहीं होता, इस कारण भी अरस है ॥६॥ इस प्रकार छः प्रकारसे रसके निषेधसे जीव अरस है । (इसी तरह अरूप, अगंध, अस्पर्श, अशब्द——इन चारों विशेषणोंका छह-छह हेतुओं द्वारा निषेध किया है सो इसी उक्त रीतिसे जान लेना, विशेष यह है कि शब्द पर्याय है सो शब्दके साथ पर्याय कहना) ।

अब अनिर्दिष्टसंस्थानको कहते हैं । पुद्गलद्रव्यसे रचे हुए संस्थान (आकार) से ही जीवका संस्थान कहा नहीं जा सकता इस कारण, अपने नियत स्वभावसे अनियत संस्थानरूप अनन्त शरीरोंमें वर्तता है इस कारण, संस्थान नामकर्मका विपाक (फल) पुद्गलद्रव्यमें ही है इस कारण, भिन्न-भिन्न आकाररूप परिणत जो समस्त वस्तु, उनके स्वरूपसे तदाकार हुए अपने स्वभावरूप सम्वेदनकी सामर्थ्य होनेपर भी स्वयं समस्त लोकके संवलनसे शून्य हुई जो अपनी निर्मल ज्ञानमात्र अनुभूति उस अनुभूतिसे किसी भी आकाररूप नहीं है, इस कारण जीव अनिर्दिष्टसंस्थान है । ऐसे चार हेतुओंसे संस्थानका निषेध कहा । अब अव्यक्त विशेषण को सिद्ध करते हैं——छह द्रव्य स्वरूप लोक है, वह ज्ञेय है, व्यक्त है, ऐसे समस्त ज्ञेयसे

साधारणैकसंवेदनपरिणामस्वभावत्वात्केवलरूपवेदनापरिणामापन्नत्वेनारूपणात्, सकलज्ञेयज्ञायकतादात्म्यस्य निषेधाद्रूपपरिच्छेदपरिणतत्वेपि स्वयं रूपरूपेणापरिणमनाच्चारूपः । तथा पुद्गलद्रव्यादन्यत्वेनाविद्यमानगंधगुणत्वात् पुद्गलद्रव्यगुणेभ्यो भिन्नत्वेन स्वमगंधगुणत्वात् परमार्थतः पुद्गलद्रव्यस्वामित्वाभावाद् द्रव्येन्द्रियावष्टंभेनागंधनात्, स्वभावतः क्षायोपशमिकभावाभावाद्भावेन्द्रियावलम्बेनागंधनात् सकलसाधारणैकसम्वेदनपरिणामस्वभावत्वात्केवलगंधवेदनापरिणामापन्नत्वेनागंधनात् सकलज्ञेयज्ञायकतादात्म्यस्य निषेधाद्गंधपरिच्छेदपरिणतत्वेपि स्वयं गंधरूपेणापरिणमनाच्चागंधः । तथा पुद्गलद्रव्यादन्यत्वेनाविद्यमानस्पर्शगुणत्वात् पुद्गलद्रव्यगुणेभ्यो भिन्नत्वेन स्वयमस्पर्शगुणत्वात् परमार्थतः पुद्गलद्रव्यस्वामित्वाभावाद् द्रव्येन्द्रियावष्टंभेनास्पर्शनात् स्वभावतः क्षायोपशमिकभावाभावाद् भावेन्द्रियावलम्बेनास्पर्शनात्सकलसाधारणैकसंवेदनपरिणामस्वभावत्वात् केवलस्पर्शवेदनापरिणामापन्नत्वेनास्पर्शनात् सकलज्ञेयज्ञायकतादात्म्यस्य निषेधात् स्पर्शपरिच्छेदपरिणतत्वेपि स्वयं स्पर्शरूपेणापरिणमनाच्चास्पर्शः । तथा पुद्गलद्रव्यादन्यत्वेनाविद्यमानशब्दपर्यायत्वात् पुद्गलद्रव्यपर्यायेभ्यो भिन्नत्वेन स्वयमशब्दपर्याय-

---

धातुसंज्ञ—रस आस्वादनाक्रंदनयोः, सद् आह्वाने, जाण अवबोधने, गह ग्रहणे, सम् ट्ठा गतिनिवृत्तौ तृतीय

अन्य होनेके कारण, कषायका समूह जो भावकभाव है व व्यक्त है उससे अन्य होनेके कारण, चित्सामान्यमें चैतन्यकी सब व्यक्तियाँ अन्तर्भूत होनेके कारण, क्षणिक व्यक्तिमात्र न होनेके कारण, व्यक्त व अव्यक्त और दोनों मिले हुए मिश्र भाव इसके प्रतिभासमें आते हैं तो भी केवल व्यक्त भावकी ही नहीं स्पर्शता इस कारण और आप ही बाह्य आभ्यंतर प्रकट अनुभूयमान है तो भी व्यक्तभावसे उदासीन (दूरवर्ती) प्रद्योतमान है, इस कारण जीव अव्यक्त कहा जाता है ॥६॥ इस तरह छः हेतुओं द्वारा अव्यक्त सिद्ध किया। इसी प्रकार रस, रूप, गंध, स्पर्श, शब्द, संस्थान व व्यक्तपनाका अभाव स्वरूप होनेपर भी स्वसंवेदनके बलसे आप प्रत्यक्षगोचर होनेसे अनुमेय मात्रके अभावसे अलिंगग्रहण कहा जाता है। अपने अनुभवमें आवे, ऐसे चेतनागुण द्वारा सदा अंतरंगमें प्रकाशमान है, इस कारण चेतनागुण वाला है। जो चेतनागुण समस्त विप्रतिपत्तियोंका (जीवको अन्य प्रकार माननेका) निषेध करने वाला है, जिसने अपना सर्वस्व भेदज्ञानी जीवोंको सौंप दिया है, जो समस्त लोकालोकको ग्रासीभूत कर अत्यन्त सुखी हो उस तरह सदा किंचिन्मात्र भी चलायमान नहीं होनेसे अन्य द्रव्यसे साधारण नहीं है, इसलिये असाधारण स्वभावभूत है। ऐसे स्वयं अनुभूयमान चैतन्यगुणके द्वारा नित्य ही अंतःप्रकाशमान होनेसे चेतनागुण वाला है। ऐसा यह भगवान् निर्मल प्रकाश वाला जीव इस लोकमें टंकोत्कीर्ण भिन्न ज्योतिस्वरूप विराजमान है।

त्वात् परमार्थतः पुद्गलद्रव्यस्वामित्वाभावात् द्रव्येन्द्रियावष्टंभेन शब्दाश्रवणात् स्वभावतः क्षायोपशमिकभावाभावाद्भावेन्द्रियावलम्बेन शब्दाश्रवणात् सकलसाधारणैकसंवेदनपरिणामस्वभावत्वात् केवलशब्दवेदनापरिणामापन्नत्वेन शब्दाश्रवणात् सकलज्ञेयज्ञायकतादात्म्यस्य निषेधाच्छब्दपरिच्छेदपरिणतत्वेपि स्वयं शब्दरूपेणापरिणामनाच्चाशब्दः। द्रव्यांतरारब्धशरीरसंस्थानेनैव संस्थान इति निर्देष्टुमशक्यत्वात् नियतस्वभावेनानियतसंस्थानानंतशरीरवर्तित्वात्संस्थाननामकर्मविपाकस्य पुद्गलेषु निर्दिश्यमानत्वात् प्रतिविशिष्टसंस्थानपरिणतसमस्तवस्तुतत्त्वसंवलितसहजसम्वेदनशक्तित्वेपि स्वयमखिललोकसंवलनशून्योपजायमाननिर्मलानुभूतितयात्यंतमसंस्थान-

---

गणे। **प्रातिपदिक**- अरस, अरूप, अगंध, अव्यक्त, चेतनागुण, अशब्द, अलिंगग्रहण, जीव, अनिर्दिष्टसंस्थान। **मूलधातु**—रस आस्वादनस्नेहनयोः, रूप रूपक्रियायां, चिती संज्ञाने, शब्द भाषणे, लिगि चित्री-

अब इसी अर्थको कलशरूप काव्यमें कहकर इसके अनुभवकी प्रेरणा करते हैं। **'सकल'** इत्यादि। **अर्थ**—हे भव्य आत्माओ! चिच्छक्तिसे रहित अन्य सकल भावोंको मूलसे शीघ्र छोड़कर और अच्छी प्रकार अपने चिच्छक्तिमात्र भावको अवगाहन करके समस्त पदार्थसमूह रूप लोकके ऊपर प्रवर्तं रहे एकमात्र अविनाशी आत्माका आत्मामें ही अभ्यास करो, उसका साक्षात् अनुभव करो। **भावार्थ**—एक चैतन्यशक्तिमात्र आत्मामें ही उपयुक्त होओ।

प्रसंगविवरण—अनन्तरपूर्व स्थलमें यह बताते चले आ रहे थे कि अध्यवसानादिक भाव (रागादिक भाव) पुद्गलस्वभाव हैं, ये जीव नहीं हैं। सो यहाँ यह जिज्ञासा होनी प्राकृतिक ही है कि फिर वास्तवमें किस लक्षण वाला जीव है याने जीवका यथार्थस्वरूप क्या है? इसके समाधानमें इस गाथाका अवतार हुआ है।

तथ्यप्रकाश—(१) पुद्गलद्रव्यसे भिन्न होनेके कारण, पुद्गलद्रव्यके गुणोंसे व पर्यायों से भिन्न होनेके कारण, पुद्गल द्रव्येन्द्रियका स्वामी न होनेके कारण, स्वभावतः भावेन्द्रियसे छूना आदि न होनेके कारण, सर्वसंवेदनस्वभाव होनेसे केवल स्पर्शज्ञान आदि किसी ज्ञानपरिणाममय होकर न छूने आदिके कारण, स्पर्श आदिको जानकर भी उससे तन्मय न होनेके कारण जीव स्पर्शादिरहित व शब्दादिरहित है। (२) यद्यपि जीवका संसारदशामें शरीरप्रमाण आकार है, मुक्तदशामें घट-बढ़का कारणभूत कर्म न रहनेसे कुछ न्यून चरमशरीरके प्रमाण आकार है, तथापि जीवका स्वयं सहज निरपेक्ष कोई आकार नहीं है। (३) आत्मा स्वसंवेदनप्रत्यक्षगम्य है वह अनुमानादि प्रमाणसे ग्रहणमें नहीं आता। (४) आत्मा चैतन्यस्वभावमय है।

सिद्धांत—(१) आत्मा परद्रव्य, क्षेत्र, काल, भावसे नहीं है। (२) आत्मा नयप्रमाणातीत निर्विकल्पस्वसम्वेदनसे गम्य है। (३) आत्मा चैतन्यस्वभावमात्र है।

वाच्चानिर्दिष्टसंस्थानः । षट्द्रव्यात्मकलोकाद् ज्ञेयाद्व्यक्तादन्यत्वात्कषायचक्राद्भावकाद्व्यक्तादन्यत्वाच्चित्सामान्यनिमग्नसमस्तव्यक्तित्वात् क्षणिकव्यक्तिमात्राभावात् व्यक्ताव्यक्तविमिश्रप्रतिभासेपि व्यक्तास्पर्शत्वात् स्वयमेव हि बहिरंतः स्फुटमनुभूयमानत्वेपि व्यक्तोपेक्षणेन प्रद्योतमानत्वाच्चाव्यक्तः । रसरूपगंधस्पर्शशब्दसंस्थानव्यक्तत्वाभावेपि स्वसंवेदनबलेन नित्यमात्मप्रत्यक्षत्वे सत्यनुमेयमात्रत्वाभावादलिंगग्रहणः । समस्तविप्रतिपत्तिप्रमाथिना विवेचकजनसमर्पितसर्वस्वेन सकलमपि लोकालोकं कवलीकृत्यात्यंतसौहित्यमंथेरेणेव सकलकालमेव मनागप्यविचलितानन्यसाधारणतया स्वभावभूतेन स्वयमनुभूयमानेन चेतनागुणेन नित्यमेवांतःप्रकाशमानत्वात् चेतनागुणश्च स खलु भगवानमलालोक इहैकष्टङ्कोत्कीर्णः प्रत्यग्ज्योतिर्जीवः ॥४६॥

सकलमपि विहायाह्राय चिच्छक्तिरिक्तं स्फुटतरमवगाह्य स्वं च चिच्छक्तिमात्रं ।
इममुपरि चरंतं चारु विश्वस्य साक्षात् कलयतु परमात्मात्मानमात्मन्यनंतं ॥३५॥
चिच्छक्तिव्याप्तसर्वस्वसारो जीव इयानयं । अतोतिरिक्ताः सर्वेपि भावाः पौद्गलिका अमी ॥३६॥

करणे, ग्रह उपादाने, जीव प्राणधारणे, सं–ष्ठा गतिनिवृत्तौ उपसर्गादर्थपरिवर्तनम् । **पदविवरण**—अरस–द्वितीया एक० कर्मविशेषण, अगन्धं–द्वि० एक० कर्मविशेषण, अरूपं–द्वि० एक० कर्मविशेषण, अव्यक्तं–द्वि० एक० कर्मविशेषण, चेतनागुणं–द्वि० एक० कर्मविशेषण, अशब्दं–द्वि० ए० कर्मविशेषण, जानीहि–आज्ञार्थे लोट् मध्यम पुरुष एकवचन क्रिया, अलिंगग्रहणं–द्वि० ए० कर्मविशेषण, जीवं–द्वि० ए० कर्म, अनिर्दिष्टसंस्थानं–द्वितीया एकवचन कर्मविशेषण ॥४६॥

दृष्टि—१– परद्रव्यादिग्राहक द्रव्यार्थिकनय (२६) । २– शुद्धनय (४६) । ३– परम भावग्राहक द्रव्यार्थिकनय (३०) ।

प्रयोग—अपने आपको सर्व ज्ञेयोंसे परे सहज चैतन्यस्वभावमात्र अनुभवना चाहिये ॥४६॥

अब चिच्छक्तिसे अन्य जो भाव हैं वे सब पुद्गलद्रव्यसम्बन्धी है, ऐसी आगेके गाथा की सूचनिका रूप काव्य कहते हैं—'**चिच्छक्ति**' इत्यादि । **अर्थ**—चैतन्यशक्तिसे व्याप्त जिसका सर्वस्वसार है ऐसा यह जीव इतना है, और इस चिच्छक्तिसे शून्य जो भाव हैं वे सभी पुद्गलजन्य हैं, सो पुद्गलके ही हैं । ऐसे इन भावोंका व्याख्यान छह गाथाओंमें करते हैं [**जीवस्य**] जीवके [**वर्णः**] रूप [**नास्ति**] नहीं है [**गंधः अपि न**] गंध भी नहीं है, [**रसः अपि न**] रस भी नहीं है [**च**] और [**स्पर्शः अपि न**] स्पर्श भी नहीं है, [**रूपं अपि न**] रूप भी नहीं है [**शरीरं न**] शरीर भी नहीं है [**संस्थानं अपि न**] संस्थान भी नहीं है [**संहननं न**] संहनन भी नहीं है । [**जीवस्य**] तथा जीवके [**रागः न अस्ति**] राग भी नहीं है [**द्वेषः अपि न**] द्वेष भी नहीं है [**मोहः एव**] मोह भी [**न विद्यते**] विद्यमान नहीं है [**प्रत्ययाः नो**] आस्रव भी नहीं हैं

जीवस्स णत्थि वण्णो णवि गंधो णवि रसो णवि य फासो ।
णवि रूवं ण सरीरं ण वि संठाणं ण संहणणं ॥ ५० ॥
जीवस्स णत्थि रागो णवि दोसो णेव विज्जदे मोहो ।
णो पच्चया ण कम्मं णोकम्मं चावि से णत्थि ॥ ५१ ॥
जीवस्स णत्थि वग्गो ण वग्गणा णेव फड्ढया केई ।
णो अज्झप्पट्ठाणा णेव य अणुभायठाणाणि ॥ ५२ ॥
जीवस्स णत्थि केई जोयट्ठाणा ण बंधठाणा वा ।
णेव य उदयट्ठाणा ण मग्गणट्ठाणया केई ॥ ५३ ॥
णो ठिदिबंधट्ठाणा जीवस्स ण संकिलेसठाणा वा ।
णेव विसोहिट्ठाणा णो संजमलद्धिठाणा वा ॥ ५४ ॥
णेव य जीवट्ठाणा ण गुणट्ठाणा य अत्थि जीवस्स ।
जेण दु एदे सव्वे पुग्गलदव्वस्स परिणामा ॥ ५५ ॥

नहिं वर्ण जीवका है, न गंध न रस न कोई सपरस है ।
रूप न देह न कोई, संस्थान न संहनन इसका ॥५०॥

नामसंज्ञ—जीव, ण, अत्थि, वण्ण, ण, वि, गंध, रस, य, फास रूव, सरीर, संठाण, संहणण, जीव, ण, अत्थि, राग, दोस, मोह, णो, पच्चय, कम्म, णोकम्म च, अपि, त, वग्ग, वग्गणा, फड्ढय, अज्झप्पट्ठाण, अणुभायठाण, जोयट्ठाण, बंधठाण, उदयट्ठाण, मग्गणट्ठाण, ठिदिबंधट्ठाण, संकिलेसठाण विसोहिट्ठाण, संजमलद्धिट्ठाण, जीवट्ठाण, गुणट्ठाण, ज, दु, एत, सव्व, पुग्गलदव्व, परिणाम । **धातुसंज्ञ**—अस

[कर्म न] कर्म भी नहीं है **[च नोकर्म अपि]** और नोकर्म भी **[तस्य नास्ति]** उसके नहीं हैं **[जीवस्य]** जीवके **[वर्गः नास्ति]** वर्ग नहीं हैं **[वर्गणा न]** वर्गणा नहीं हैं **[कानिचित् स्पर्धकानि]** कोई स्पर्धक भी **[न एव]** नहीं हैं **[जीवस्य]** जीवके **[कानिचित् योगस्थानानि]** कोई योगस्थान भी **[न संति]** नहीं है **[वा]** अथवा **[बंधस्थानानि]** बंधस्थान भी **[न]** नहीं हैं **[च]** और **[उदयस्थानानि]** उदयस्थान भी **[न एव]** नहीं हैं **[कानिचित् मार्गणास्थानानि]** कोई मार्गणास्थान भी **[न]** नहीं हैं **[जीवस्य]** जीवके **[स्थितिबंधस्थानानि नो]** स्थितिबंधस्थान भी नहीं हैं **[वा]** अथवा **[संक्लेशस्थानानि]** संक्लेशस्थान भी **[न]** नहीं हैं **[विशुद्धिस्थानानि]** विशुद्धिस्थान भी **[न एव]** नहीं हैं **[वा]** अथवा **[संयमलब्धिस्थानानि]** संयमलब्धिस्थान भी

नहिं राग जीवका है, न दोष नहिं मोह वर्तता इसमें ।
कर्म नहीं नहिं आस्रव, नहिं हैं नोकर्म भी इसका ॥५१॥
नहिं वर्ग जीवके हैं, न वर्गणा नाहिं वर्गणात्रज भी ।
अध्यात्मस्थान नहीं, अनुभागस्थान भी नहिं है ॥५२॥
योगस्थान न कोई, बन्धस्थान भी जीवके नहिं हैं ।
उदयस्थान नहीं हैं, न मार्गणास्थान भी कोई ॥५३॥
स्थितिबन्धस्थान नहीं, संक्लेशस्थान भी नहीं इसके ।
कोइ विशुद्धिस्थान न, संयमलब्धिके स्थान नहीं ॥५४॥
जीवस्थान न कोई, नहीं गुणस्थान जीवके होते ।
क्योंकि ये भाव सारे, होते परिणाम पुद्गलके ॥५५॥

जीवस्य नास्ति वर्णो नापि गंधो नापि रसो नापि च स्पर्शः । नापि रूपं न शरीरं नापि संस्थानं न संहननं ।
जीवस्य नास्ति रागो नापि द्वेषो नैव विद्यते मोहः । नो प्रत्यया न कर्म नोकर्म चापि तस्य नास्ति ॥५१॥
जीवस्य नास्ति वर्गो न वर्गणा नैव स्पर्द्धकानि कानिचित् । नो अध्यात्मस्थानानि नैव चानुभागस्थानानि ।
जीवस्य न संति कानिचिद्योगस्थानानि न बंधस्थानानि वा, नैव चोदयस्थानानि न मार्गणास्थानानि कानिचित्
नो स्थितिबंधस्थानानि जीवस्य न संक्लेशस्थानानि वा । नैव विशुद्धिस्थानानि नो संयमलब्धिस्थानानि वा ।
नैव च जीवस्थानानि न गुणस्थानानि वा संति जीवस्य । येन त्वेते सर्वे पुद्गलद्रव्यस्य परिणामाः ॥५५॥

यः कृष्णो हरितः पीतो रक्तः श्वेतो वर्णः स सर्वोपि नास्ति जीवस्य पुद्गलद्रव्यपरिणाममयत्वे सत्यनुभूतेर्भिन्नत्वात् । यः सुरभिरसुरभिर्वा गंधः स सर्वोपि नास्ति जीवस्य पुद्गल-

---

सत्तायां, विज्ज सत्तायां, मग्ग अन्वेषणे । **प्रकृतिशब्द**— जीव, न, वर्ण, न, अपि गंध, न, अपि, रस, न, अपि, च, स्पर्श, न, अपि, रूप, व, शरीर, न, अपि, संस्थान, न, संहनन, जीव, न, राग, न, अपि, दोष, न, एव, मोह, नो, प्रत्यय, न, कर्मन्, नोकर्मन्, च, अपि, तत्, न जीव, न, वर्ग, न, वर्गणा, न, एव, स्पर्द्धक,

---

[नो] नहीं हैं [च] और [जीवस्य] जीवके [जीवस्थानानि] जीवस्थान भी [नैव] नहीं हैं [वा] अथवा [गुणस्थानानि] गुणस्थान भी [न संति] नहीं हैं [येन तु] क्योंकि [एते सर्वे] ये सभी [पुद्गलद्रव्यस्य] पुद्गलद्रव्यके [परिणामाः] परिणाम हैं ।

तात्पर्य—वर्णसे लेकर गुणस्थानपर्यन्त ये उक्त भाव जीवके नहीं हैं, क्योंकि ये पुद्गलद्रव्यके परिणाम हैं ।

टीकार्थ—जो काला, हरा, पीला, लाल और सफेद वर्ण (रंग) हैं वे सभी जीवके नहीं हैं क्योंकि पुद्गलद्रव्यके परिणमनमय होनेके कारण ये वर्ण आत्माकी अनुभूतिसे भिन्न हैं ।१। सुगंध, दुर्गन्ध भी जीवके नहीं हैं, क्योंकि ये पुद्गल परिणाममय हैं, इसलिये आत्माकी अनुभूतिसे भिन्न हैं ।२। कटुक, कषैला, तिक्त (चर्परा), खट्टा और मीठा ये सब रस भी जीवके

द्रव्यपरिणाममयत्वे सत्यनुभूतेर्भिन्नत्वात् । यः कटुकः कषायः तिक्तोऽम्लो मधुरो वा रसः स सर्वोपि नास्ति जीवस्य पुद्गलद्रव्यपरिणाममयत्वे सत्यनुभूतेर्भिन्नत्वात् । यः स्निग्धो रूक्षः शीतः उष्णो गुरुर्लघुर्मृदुः कठिनो वा स्पर्शः स सर्वोपि नास्ति जीवस्य पुद्गलद्रव्यपरिणाममयत्वे-सत्यनुभूतेर्भिन्नत्वात् । यत्स्पर्शादिसामान्यपरिणाममात्रं रूपं तन्नास्ति जीवस्य पुद्गलद्रव्यपरिणाममयत्वे सत्यनुभूतेर्भिन्नत्वात् । यदौदारिकं वैक्रियिकमाहारकं तैजसं कार्मणं वा शरीरं तत्सर्वमपि नास्ति जीवस्य पुद्गलद्रव्यपरिणाममयत्वे सत्यनुभूतेर्भिन्नत्वात् । यत्समचतुरस्रं न्यग्रोधपरिमंडलं स्वाति कुब्जं वामनं हुंडं वा संस्थानं तत्सर्वमपि नास्ति जीवस्य पुद्गलद्रव्यपरिणाममयत्वे सत्यनुभूतेर्भिन्नत्वात् । यद्वज्रर्षभनाराचं वज्रनाराचं नाराचमर्द्धनाराचं कीलिका असंप्राप्तासृपाटिका वा संहननं तत्सर्वमपि नास्ति जीवस्य पुद्गलद्रव्यपरिणाममयत्वे सत्यनुभूतेर्भिन्नत्वात् । यः प्रीतिरूपो रागः स सर्वोपि नास्ति जीवस्य पुद्गलद्रव्यपरिणाममयत्वे सत्यनुभूतेर्भिन्नत्वात् । यस्तत्त्वाप्रतिपत्तिरूपो मोहः स सर्वोपि नास्ति जीवस्य पुद्गलद्रव्यपरिणाममयत्वे

किम्, नो, अध्यात्मस्थान, न, एव, अनुभागस्थान, नास्ति, न, किम्, योगस्थान, न, बंधस्थान, वा, न, एव, च, उदयस्थान, न, मार्गणास्थान, किम्, नो, स्थितिबंधस्थान, जीव, न, संक्लेशस्थान, वा, न, एव, विशुद्धिस्थान, नो, संयमलब्धिस्थान, वा, न, एव, जीवस्थान, न, गुणस्थान, च, जीव, यत्, तु, एतत्, सर्व, पुद्गलद्रव्य, परिणाम। **मूलधातु**—वर्ण वर्णने, रस आस्वादनस्नेहनयोः, स्पृश संस्पर्शने, विद सत्तायां दिवादि, बन्ध बन्धने, क्र्यादि, मृग अन्वेषणे, क्लिश उपतापे तुदादि, शुध शौचे दिवादि, संयम उपरमे भ्वादि। **पदविवरण**—जीवस्य—षष्ठी एक०। न—अव्यय। अस्ति—वर्तमान लट् अन्य पुरुष एक०। वर्णः—प्रथमा एक०। न—अव्यय। अपि—अव्यय। गन्धः—प्रथमा एक०। न—अ०। अपि—

नहीं हैं, क्योंकि०....। ३। चिकना, रूखा, ठंडा, गर्म, भारी, हल्का, कोमल और कठोर—ये सब स्पर्श भी जीवके नहीं हैं क्योंकि....। ४। स्पर्शादि सामान्य परिणाममात्र रूप भी जीवके नहीं हैं, क्योंकि०....। ५। औदारिक, वैक्रियिक, आहारक, तैजस और कार्मण शरीर ये जीव के नहीं हैं, क्योंकि०....। ६। समचतुरस्र, न्यग्रोधपरिमंडल, स्वाति, कुब्जक, वामन और हुंडक—ये सब संस्थान भी जीवके नहीं हैं, क्योंकि०....। ७। वज्रर्षभनाराच, वज्रनाराच, नाराच, अर्धनाराच, कीलक और असंप्राप्तासृपाटिका संहनन ये भी जीवके नहीं हैं, क्योंकि०....। ८। प्रीतिरूप राग भी जीवका नहीं है, क्योंकि०....। ९। अप्रीतिरूप द्वेष भी जीवका नहीं है, क्योंकि०....। १०। यथार्थ तत्त्वकी अप्राप्ति रूप मोह भी जीवका नहीं है, क्योंकि०....। ११। मिथ्यात्व, अविरति, कषाय और योगस्वरूप प्रत्यय (आस्रव) भी जीवके नहीं हैं, क्योंकि....। १२। ज्ञानावरणीय, दर्शनावरणीय, वेदनीय, मोहनीय, आयु, नाम, गोत्र, और अन्तरायस्वरूप कर्म भी जीवके नहीं हैं, क्योंकि०....। १३। छह पर्याप्तियोंसहित शरीर-योग्य वस्तुरूप (पुद्गलस्कंध) नोकर्म भी जीवके नहीं हैं, क्योंकि....। १४। कर्मके रसकी शक्ति

सत्यनुभूतेर्भिन्नत्वात् । ये मिथ्यात्वाविरतिकषाययोगलक्षणाः प्रत्ययास्ते सर्वेपि न सन्ति जीवस्य पुद्गलद्रव्यपरिणाममयत्वे सत्यनुभूतेर्भिन्नत्वात् । यद् ज्ञानावरणीयदर्शनावरणीयवेदनीयमोहनीयायुर्नामगोत्रांतरायरूपं कर्म तत्सर्वमपि नास्ति जीवस्य पुद्गलद्रव्यपरिणाममयत्वे सत्यनुभूतेर्भिन्नत्वात् । यत्षट्पर्याप्तित्रिशरीरयोग्यवस्तुरूपं नोकर्म तत्सर्वमपि नास्ति जीवस्य पुद्गलद्रव्यपरिणाममयत्वे सत्यनुभूतेर्भिन्नत्वात् । यः शक्तिसमूहलक्षणो वर्गः स सर्वोपि नास्ति जीवस्य पुद्गलद्रव्यपरिणाममयत्वे सत्यनुभूतेर्भिन्नत्वात् । या वर्गसमूहलक्षणा वर्गणा सा सर्वापि नास्ति जीवस्य पुद्गलद्रव्यपरिणाममयत्वे सत्यनुभूतेर्भिन्नत्वात् । यानि मंदतीव्ररसकर्मदलविशिष्टन्यासलक्षणानि स्पर्द्धकानि तानि सर्वाण्यपि न सन्ति जीवस्य पुद्गलद्रव्यपरिणाममयत्वे सत्यनुभूतेर्भिन्नत्वात् । यानि स्वपरैकत्वाध्यासे सति विशुद्धचित्परिणामातिरिक्तत्वलक्षणान्यध्यात्मस्थानानि तानि सर्वाण्यपि न सन्ति जीवस्य पुद्गलद्रव्यपरिणाममयत्वे सत्यनुभूतेर्भिन्नत्वात् । यानि प्रतिविशिष्टप्रकृतिरसपरिणामलक्षणान्यनुभागस्थानानि तानि सर्वाण्यपि न सन्ति जीवस्य पुद्गलद्रव्यपरिणाममयत्वे सत्यनुभूतेर्भिन्नत्वात् । यानि कायवाङ्मनोवर्गणापरिस्पंदलक्षणानि योगस्थानानि तानि सर्वाण्यपि न संति जीवस्य पुद्गलद्रव्यपरिणाममयत्वे सत्यनुभूतेर्भिन्नत्वात् ।

अव्यय । रसः–प्रथमा एक० । न–अव्यय । अपि–अ० । च–अ० । स्पर्शः–प्रथमा एक० । न–अ० । अपि–अव्यय । रूपं–प्रथमा एक० । न, शरीरं–प्रथमा एक० । न, अपि, संस्थानं–प्र० ए० । न, संहननं–प्र० ए० । जीवस्य–षष्ठी एक० । न, रागः–प्र० एक० । न, अपि, द्वेषः–प्र० एक० । न, एव, अस्ति, विद्यते–वर्तमान लट् अन्य पुरुष एक० । मोहः–प्र० ए० । नो–अव्यय । प्रत्ययः–प्रथमा बहु० । न, कर्म–प्रथमा एक० । नोकर्म–प्रथमा एक० । च, अपि, तस्य–षष्ठी एक० । न, अस्ति, जीवस्य–षष्ठी एक० । न, अस्ति, वर्गः–प्र० एक० । न, वर्गणा–प्र० एक० । न, एव, स्पर्द्धकानि–प्रथमा बहु० । कानिचित्–अव्यय अंतः प्रथमा बहु० ।

के अविभागप्रतिच्छेदोंका समूहरूप वर्ग भी जीवका नहीं है, क्योंकि····। १५ । वर्गोंका समूहरूप वर्गणा भी जीवकी नहीं है, क्योंकि०····। १६ । मंद तीव्र रसरूप कर्मके समूहके विशिष्ट वर्गोंकी वर्गणाके स्थापनरूप स्पर्धक जीवके नहीं हैं, क्योंकि····। १७ । स्वपरके एकत्व का अध्यास (मिथ्या आरोप) होनेपर विशुद्ध चैतन्य परिणामसे भिन्न लक्षण वाले अध्यात्मस्थान भी जीवके नहीं हैं, क्योंकि····। १८ । पृथक्-पृथक् विशेषरूप प्रकृतियोंके रसरूप जिनका लक्षण है ऐसे अनुभागस्थान भी जीवके नहीं हैं, क्योंकि····। १९ । काय, वचन, मनोरूप वर्गणा का चलना जिनका लक्षण है, ऐसे योगस्थान भी जीवके नहीं हैं, क्योंकि····। २० । भिन्न भिन्न विशेषोंको लिये प्रकृतियोंका परिणाम जिनका लक्षण है, ऐसे बंधस्थान भी जीवके नहीं हैं, क्योंकि०····। २१ । अपने फलके उत्पन्न करनेमें समर्थ कर्मकी अवस्था जिनका स्वरूप है, ऐसे उदयस्थान भी जीवके नहीं हैं, क्योंकि०····। २२ । गति, इन्द्रिय, काय, योग, वेद, कषाय,

यानि प्रतिविशिष्टप्रकृतिपरिणामलक्षणानि बन्धस्थानानि तानि सर्वाण्यपि न सन्ति जीवस्य पुद्गलद्रव्यपरिणाममयत्वे सत्यनुभूतेर्भिन्नत्वात् । यानि स्वफलसंपादनसमर्थकर्मावस्थालक्षणान्युदयस्थानानि तानि सर्वाण्यपि न सन्ति जीवस्य पुद्गलद्रव्यपरिणाममयत्वे सत्यनुभूतेर्भिन्नत्वात् । यानि गतीन्द्रियकाययोगवेदकषायज्ञानसंयमदर्शनलेश्याभव्यसम्यक्त्वसंज्ञाहारलक्षणानि मार्गणास्थानानि तानि सर्वाण्यपि न सन्ति जीवस्य पुद्गलद्रव्यपरिणाममयत्वे सत्यनुभूतेर्भिन्नत्वात् । यानि प्रतिविशिष्टप्रकृतिकालांतरसहत्वलक्षणानि स्थितिबंधस्थानानि तानि सर्वाण्यपि न सन्ति जीवस्य पुद्गलद्रव्यपरिणाममयत्वे सत्यनुभूतेर्भिन्नत्वात् । यानि कषायविपाकोद्रेकलक्षणानि संक्लेशस्थानानि तानि सर्वाण्यपि न सन्ति जीवस्य पुद्गलद्रव्यपरिणाममयत्वे सत्यनुभूतेर्भिन्न-

---

नो, अध्यात्मस्थानानि–प्रथमा बहु० । न, एव, च, अनुभागस्थानानि–प्र० बहु । जीवस्य–षष्ठी एक० । न, सन्ति–वर्तमान लट् अन्य पुरुष बहु० क्रिया । कानिचित्, योगस्थानानि–प्रथमा बहु० । न, बन्धस्थानानि–प्रथमा बहु० । वा–अव्यय । न, एव, च, उदयस्थानानि–प्रथमा बहु० । न, मार्गणास्थानानि–प्रथमा बहु० ।

ज्ञान, संयम, दर्शन, लेश्या, भव्य, सम्यक्त्व, संज्ञा और आहार जिनका स्वरूप है, ऐसे मार्गणास्थान भी जीवके नहीं हैं, क्योंकि···। २३ । भिन्न-भिन्न विशेषोंको लिये प्रकृतियोंका कालान्तरमें साथ रहना जिनका लक्षण है, ऐसे स्थितिबंधके स्थान भी जीवके नहीं हैं, क्योंकि···। २४ । कषायके विपाककी उत्कृष्टता जिनका लक्षण है, ऐसे संक्लेशस्थान भी जीवके नहीं हैं, क्योंकि···। २५ । कषायके विपाककी मंदता जिनका लक्षण है, ऐसे विशुद्धिस्थान भी जीवके नहीं हैं, क्योंकि०···। २६ । चारित्रमोहके उदयकी क्रमसे निवृत्ति जिनका लक्षण है, ऐसे संयमलब्धिस्थान भी जीवके नहीं हैं, क्योंकि०···। २७ । पर्याप्त, अपर्याप्त, बादर, एकेन्द्रिय, द्वीन्द्रिय, त्रीन्द्रिय, चतुरिन्द्रिय, संज्ञी असंज्ञी, पञ्चेन्द्रिय जिनका लक्षण है, ऐसे जीवस्थान भी जीवके नहीं हैं, क्योंकि०···। २८ । मिथ्यादृष्टि, सासादनसम्यग्दृष्टि, सम्यग्मिथ्यादृष्टि, अविरतसम्यग्दृष्टि, संयतासंयत, प्रमत्तसंयत, अप्रमत्तसंयत, अपूर्वकरण, अनिवृत्तिकरण, सूक्ष्मसांपराय, उपशांतमोह, क्षीणमोह, सयोगकेवली और अयोगकेवली जिनका लक्षण है, ऐसे सब गुणस्थान भी जीवके नहीं हैं, क्योंकि०···। २९ । इस प्रकार ये सभी पुद्गलद्रव्यके परिणाममय भाव हैं वे सब जीवके नहीं हैं । जीव तो परमार्थसे चैतन्यशक्तिमात्र है ।

अब इसी अर्थका कलशरूप काव्य कहते हैं—**'वर्णाद्या'** इत्यादि । **अर्थ**—वर्णादिक अथवा रागमोहादिक उक्त सभी भाव इस पुरुष (आत्मा) से भिन्न हैं, इसी कारण अन्तः परमार्थतः देखने वालेको ये सब नहीं दीखते केवल एक चैतन्यभावस्वरूप अभेद आत्मा ही दीखता है । **भावार्थ**—परमार्थनय अभेदरूप है, इसलिये उस दृष्टिसे देखनेपर भेद नहीं दीखता, उस नयकी दृष्टिमें चैतन्यमात्र पुरुष (आत्मा) ही दीखता है, इस कारण वे वर्णादिक तथा

त्वात् । यानि कषायविपाकानुद्रेकलक्षणानि विशुद्धिस्थानानि तानि सर्वाण्यपि न सन्ति जीवस्य पुद्गलद्रव्यपरिणाममयत्वे सत्यनुभूतेर्भिन्नत्वात् । यानि चारित्रमोहविपाकक्रमनिवृत्तिलक्षणानि संयमलब्धिस्थानानि तानि सर्वाण्यपि न सन्ति जीवस्य पुद्गलद्रव्यपरिणाममयत्वे सत्यनुभूतेर्भिन्नत्वात् । यानि पर्याप्तापर्याप्तबादरसूक्ष्मैकेन्द्रियद्वीन्द्रियत्रीन्द्रियचतुरिन्द्रियसंज्ञ्यसंज्ञिपंचेन्द्रियलक्षणानि जीवस्थानानि तानि सर्वाण्यपि न सन्ति जीवस्य पुद्गलद्रव्यपरिणाममयत्वे सत्यनुभूतेर्भिन्नत्वात् । यानि मिथ्यादृष्टिसासादनसम्यग्दृष्टिसम्यग्मिथ्यादृष्ट्यसंयतसम्यग्दृष्टिसंयतासंयतप्रमत्तसंयताप्रमत्तसंयतापूर्वकरणोपशमकक्षपकानिवृत्तिबादरसांपरायोपशमकक्षपकसूक्ष्मसांपरायोपशमकक्षपकोपशांतकषायक्षीणकषायसयोगकेवल्ययोगकेवलिलक्षणानि गुणस्थानानि तानि सर्वाण्यपि न सन्ति जीवस्य पुद्गलद्रव्यपरिणाममयत्वे सत्यनुभूतेर्भिन्नत्वात् । वर्णाद्या वा रागमोहादयो वा भिन्ना भावाः सर्वं एवास्य पुंसः । तेनैवांतस्तत्त्वतः पश्यतोऽमी नो दृष्टाः स्युर्दृष्टमेकं परं स्यात् ॥३७॥ ॥५०-५१-५२-५३-५४-५५॥

कानिचित्, नो, स्थितिबन्धस्थानानि–प्रथमा बहु० । जीवस्य–षष्ठी एक० । न, संक्लेशस्थानानि–प्रथमा बहु०, न, एव, विशुद्धिस्थानानि–प्र० ब० । नो, संयमलब्धिस्थानानि–प्र० ब० । न, नो, एव, च, जीवस्थानानि–प्र० ब० । न, गुणस्थानानि–प्र० बहु० । वा, संति, जीवस्य, येन–तृतीया एक० हेत्वर्थे, तु, एते सर्वे–प्र० ब० । पुद्गलद्रव्यस्य–षष्ठी एक० । परिणामाः–प्रथमा बहुवचन ॥५०-५१-५२-५३-५४-५५॥

रागादिक पुरुषसे भिन्न ही हैं । (वर्णको आदि लेकर गुणस्थानपर्यंत भावोंका स्वरूप विशेषतया यदि जानना हो तो **गोम्मटसार** आदि ग्रन्थोंसे जान लेना चाहिये) ।

प्रसंगविवरण—अनन्तरपूर्व गाथामें बताया था कि आत्मा चेतनागुणमय है, चिच्छक्तिव्याप्तसर्वस्वसार है और इससे अतिरिक्त भाव सब पौद्गलिक हैं । सो इसी विषयको निषेधविवरणके साथ इन छह गाथाओंमें कहा जा रहा है ।

तथ्यप्रकाश—(१) चैतन्यस्वभावके अतिरिक्त अन्य भावोंमें कुछ भाव तो ऐसे हैं जो पुद्गलके ही परिणमन हैं, इस कारण वे अन्य भाव पौद्गलिक हैं । (२) चैतन्यस्वभावके अतिरिक्त अन्य भावोंमें कुछ भाव ऐसे हैं जो कर्मपुद्गलविपाकके प्रतिफलन हैं, इस कारण वे अन्य भाव पौद्गलिक हैं । (३) चैतन्यस्वभावके अतिरिक्त अन्य भावोंमें कुछ भाव ऐसे हैं जो पुद्गलकर्मदशाका निमित्त पाकर आत्माके गुणोंके विकृत परिणमन हैं, इस कारण वे अन्य भाव भी पौद्गलिक कहे गये हैं । (४) समस्त अन्य भावोंसे आत्माभिभव न होने देनेका तथा अन्य भावोंके दूर होनेका तथा अन्य भावके कारणोंके दूर हो जानेका साधन केवल निज सहज अन्तस्तत्त्वका दर्शन है ।

सिद्धान्त—(१) पुद्गलद्रव्यके परिणमनोंका आत्मामें नास्तित्व है । (२) पुद्गलकर्मविपाकके सान्निध्यमें उपयोगमें वह विपाक प्रतिफलित होता है । (३) आत्माके शुद्ध ज्ञायक-

ननु वर्णादयो यद्यमी न संति जीवस्य तदा तंत्रांतरे कथं संतीति प्रज्ञाप्यंते इति चेत्—

ववहारेण दु एदे जीवस्स हवंति वण्णमादीया ।
गुणठाणंता भावा ण दु केई णिच्छयणयस्स ॥५६॥

भाव व्यवहारसे ये, वर्णादिक गुणस्थान तक सारे ।
बतलाये किन्तु निश्चय-नयसे नहिं जीव के कोई ॥५६॥

व्यवहारेण त्वेते जीवस्य भवंति वर्णाद्याः । गुणस्थानांता भावा न तु केचिन्निश्चयनयस्य ॥५६॥

इह हि व्यवहारनयः किल पर्यायाश्रितत्वाज्जीवस्य पुद्गलसंयोगवशादनादिप्रसिद्धबंधपर्यायस्य कुसुंभरक्तस्य कार्पासिकवासस इवौपाधिकं भावमालंब्योत्प्लवमानः परभावं परस्य विदधाति । निश्चयनयस्तु द्रव्याश्रितत्वात्केवलस्य जीवस्य स्वाभाविकं भावमवलंब्योत्प्लवमानः पर-

---

नामसंज्ञ—ववहार, दु, एत, जीव, वण्णमादीय, गुणठाणंत, भाव, ण, दु, केई, णिच्छयणय । **धातुसंज्ञ**—हव सत्तायां, णे प्रापणे । **प्रकृतिशब्द**—व्यवहार, तु, एतत्, जीव, वर्णाद्य, गुणस्थानान्त, भाव, न, तु, कि, निश्चयनय । **मूलधातु**—वि-अव हृञ हरणे भ्वादि, भू सत्तायां, णीञ् प्रापणे । **पदविवरण**- व्यवहा-

स्वभावकी दृष्टि व उमंग होनेकी घटनामें विकार पुद्गलस्वामिक विदित होते हैं ।

दृष्टि—१- परद्रव्यादिग्राहक द्रव्यार्थिकनय (२९) । २- उपाधिज उपचरित प्रतिफलन व्यवहार (१०३ अ) । ३- विवक्षितैकदेशशुद्धनिश्चयनय (४८) ।

प्रयोग—निमित्त व नैमित्तिक अन्य भावोंसे हटकर शुद्ध ज्ञायकस्वभावमय अन्तस्तत्त्व में निःशङ्क आराम लेना चाहिये ॥ ५०-५१-५२-५३-५४-५५ ॥

अब शिष्य पूछता है कि वर्णादिक भाव जो कहे गये हैं वे यदि जीवके नहीं हैं तो अन्य सिद्धान्त ग्रन्थोंमें 'ये जीवके हैं' ऐसा क्यों कहा गया ? उसका उत्तर गाथामें कहते हैं— [एते] ये [वर्णाद्याः गुणस्थानांताः भावाः] वर्ण आदि गुणस्थानपर्यन्त भाव [व्यवहारेण तु] व्यवहारनयसे तो [जीवस्य भवंति] जीवके होते हैं, इसलिये सूत्रमें कहे हैं, [तु] परंतु [निश्चयनयस्य] निश्चयनयके मतसे [केचित् न] उनमें से कोई भी भाव जीवके नहीं है ।

तात्पर्य—वर्णादि गुणस्थानपर्यन्त भाव निश्चयनयसे जीवके नहीं, ये व्यवहारनयसे जीवके कहे गये हैं ।

टीकार्थ—यहाँपर व्यवहारनय, पर्यायाश्रित होनेसे पुद्गलके संयोगवश अनादिकालसे प्रसिद्ध जिसकी बंधपर्याय है ऐसे जीवके 'कुसुम्भके लाल रंगसे रंगे हुए रुईके वस्त्रकी भांति' औपाधिक वर्णादिभावोंको आलम्बन कर प्रवृत्त होता है, इसलिये वह व्यवहारनय दूसरेके भावोंको दूसरोंका कहता है । किंतु निश्चयनय द्रव्यके आश्रय होनेसे केवल एक जीवके स्वाभाविक भावको अवलम्बन कर प्रवृत्त होता है, वह सब परभावोंको परके कहता है, निषेध करता है, इसलिये वर्ण आदि गुणस्थानपर्यंत भाव व्यवहारनयसे जीवके हैं, निश्चयनयसे नहीं हैं,

भावं परस्य सर्वमेव प्रतिषेधयति । ततो व्यवहारेण वर्णादयो गुणस्थानांता भावा जीवस्य संति निश्चयेन तु न संतीति युक्ता प्रज्ञप्तिः ॥५६॥

रेण–तृतीया एक० । तु–अव्यय । एते–प्र० बहु० । जीवस्य–षष्ठी एक० । भवन्ति–वर्तमान लट् अन्य पुरुष बहु० । वर्णाद्याः–प्र० ब० । गुणस्थानान्ताः–प्र० ब० । भावाः–प्र० ब० । न, तु, केचित्–अव्यय । अन्तः–प्र० ब०, निश्चयनयस्य–षष्ठी एक० ॥५६॥

इस प्रकार भगवान्का कथन स्याद्वादसहित युक्तिपूर्ण है ।

प्रसंगविवरण—अनन्तरपूर्व गाथाओंमें बताया था कि वर्णादिक व अध्यवसानादिक पौद्गलिक हैं वे जीवके नहीं हैं तो इसपर एक आशङ्का होना प्राकृतिक है कि यदि ये वर्णादि भाव जीवके नहीं है तो सिद्धान्त ग्रन्थोंमें जीवके वे भाव हैं ऐसा क्यों वर्णन मिलता है ? इस आशङ्काके समाधानमें इस गाथाका अवतार हुआ है ।

तथ्यप्रकाश—(१) व्यवहारनय पर्यायदर्शक व भेददर्शक है । (२) निमित्तके परिणमनोंको सम्बंधवश उपादानके कहनेका व्यवहार होता है । (३) निश्चयनय एक द्रव्यका दर्शक है । (४) जो निश्चयनय एक द्रव्यमें उसके पर्याय व गुणोंको दिखाता है वह भेदविधिकी ओर से व्यवहारनय बन जाता है ।

सिद्धान्त—(१) वर्ण संस्थान संहनन वर्ण जन्म स्पर्शक आदि जीवके उपचारसे कहे जाते हैं । (२) अध्यवसान गुणस्थान संयमस्थान आदि जीवके व्यवहारनयसे है । (३) शुद्धनय से जीवके वर्णादिक अध्यवसानादिक कोई भी चित्स्वभावातिरिक्त भाव नहीं हैं ।

दृष्टि—१– एकद्रव्यपर्यायें अन्यद्रव्योपचारक असद्भूतव्यवहार (१२१) । २– उपाधिसापेक्ष अशुद्धद्रव्यार्थिकनय (५३) । ३– शुद्धनय (४६) ।

प्रयोग—पुद्गलकर्मका निमित्त पाकर होने वाले विकारोंको कर्ममें थोपकर अपनेको शुद्ध चित्स्वभावमात्र अनुभवना चाहिये ॥५६॥

ये वर्णादिक निश्चयसे जीवके क्यों नहीं हैं ? इस प्रश्नका उत्तर कहते हैं;— [**एतैः च संबन्धः**] इन वर्णादिक भावोंके साथ जीवका सम्बन्ध [**क्षीरोदकं यथैव**] जल और दूधके एकक्षेत्रावगाहरूप सम्बन्धसदृश [**ज्ञातव्यः**] जानना [**च**] और [**तानि**] वे [**तस्य तु न भवंति**] उस जीवके नहीं हैं [**यस्मात्**] क्योंकि जीव [**उपयोगगुणाधिकः**] उपयोग गुणके कारण इनसे अधिक है । **तात्पर्य**—ज्ञानमय आत्मा ज्ञानरहित सब पदार्थोंसे निराला है ।

टीकार्थ—जैसे जलसे मिला हुआ दूध जलके साथ परस्पर अवगाह स्वरूप संबंध होने पर भी अपने स्वलक्षणभूत क्षीरत्व गुणमें व्याप्त होनेके कारण दूध जलसे पृथक् प्रतीत होता है इस कारण जैसे अग्निका उष्णता गुणके साथ तादात्म्यसंबन्ध है, उस प्रकार दूधका जलके

कुतो जीवस्य वर्णादयो निश्चयेन न संतीति चेत्—

एएहिं य संबंधो जहेव खीरोदयं मुणेदव्वो ।
ण य हुंति तस्स ताणि दु उवओगगुणाधिगो जम्हा ॥५७॥

क्षीरनीरवत् जानो, व्यवहृत सम्बन्ध बाह्य भावोंसे ।
किन्तु नहिं जीवके वे, यह तो उपयोगमय न्यारा ॥५७॥

एतैश्च सम्बंधो यथैव क्षीरोदकं ज्ञातव्यः । न च भवन्ति तस्य तानि तूपयोगगुणाधिको यस्मात् ॥५७॥

यथा खलु सलिलमिश्रितस्य क्षीरस्य सलिलेन सह परस्परावगाहलक्षणे संबंधे सत्यपि स्वलक्षणभूतक्षीरत्वगुणव्याप्यतया सलिलादधिकत्वेन प्रतीयमानत्वादग्नेरुष्णगुणेनेव सह तादात्म्यलक्षणसंबंधाभावान्न निश्चयेन सलिलमस्ति । तथा वर्णादिपुद्गलद्रव्यपरिणाममिश्रितस्या-

---

नामसंज्ञ—एत, य, संबंध, जह, एव, खीरोदय, ब, य, त, त, दु, उवओगगुणाधिग, ज । **धातुसंज्ञ**—सम्-बंध बंधने, मुण ज्ञाने, हो सत्तायां । **प्रातिपदिक**—एतत्, च, सम्बंध, यथा, एव, क्षीरोदक, ज्ञातव्य,

---

साथ सम्बन्ध न होनेसे निश्चयसे दूधका जल नहीं है । उसी प्रकार वर्णादिक पुद्गलद्रव्यके परिणामोंसे मिला हुआ आत्मा पुद्गलद्रव्यके साथ परस्पर अवगाह स्वरूप संबंध होनेपर भी अपने लक्षणस्वरूप उपयोग गुणसे व्याप्त होनेके कारण सब द्रव्योंसे भिन्न प्रतीत होता है, इस कारण जैसे अग्निका और उष्णता गुणके साथ तादात्म्य स्वरूप संम्बन्ध है, उस प्रकार आत्माका वर्णादिकोंके साथ तादात्म्य संबन्ध नहीं है । इसलिये निश्चयनयसे ये वर्णादिक पुद्गलपरिणाम हैं, जीवके नहीं हैं ।

प्रसंगविवरण—अनन्तरपूर्व गाथामें बताया गया था कि वर्ण आदिकसे लेकर गुणस्थानपर्यन्त भाव निश्चयनयसे जीवके नहीं हैं, सो अब उसी विषयमें जिज्ञासा हुई है कि वर्णादिक भाव निश्चयनयसे जीवके क्यों नहीं हैं, इसी जिज्ञासाका समाधान इस गाथामें दिया गया है ।

तथ्यप्रकाश—१–दूध और जलका मोटे रूपसे परस्पर अवगाह तो है, किन्तु संबन्ध संयोग सम्बन्ध है, तादात्म्य नहीं । २–अग्नि और उष्ण गुणका सम्बन्ध तादात्म्य सम्बन्ध है । ३–संयोगसंबंधमें सम्बन्धी पदार्थ भिन्न-भिन्न हुआ करते हैं । ४–वर्ण, रस, गंध, स्पर्श, संस्थान, संहनन आदि जिनका उपादान पुद्गल है उनका व जीवका वर्तमान संबंध परस्पर अवगाह होने पर भी मात्र संयोग संबंध है ५–भिन्नताका परिचय असाधारण गुणसे होता है । ६–गुणस्थान, संयमस्थान, अध्यवसान आदि जिनका उपादान जीव है उन भावोंका जीव के साथ क्षणिक तादात्म्य संबंध तो है, किन्तु नैमित्तिक (पौद्गलिक) होनेसे, तुरन्त हट

स्यात्मनः पुद्गलद्रव्येण सह परस्परावगाहलक्षणे संबंधे सत्यपि स्वलक्षणभूतोपयोगगुणव्याप्यतया सर्वद्रव्येभ्योऽधिकत्वेन प्रतीयमानत्वात् अग्नेरुष्णगुणेनेव सह तादात्म्यलक्षणसंबंधाभावान्न निश्चयनयेन वर्णादिपुद्गलपरिणामाः जीवस्य संति ॥५७॥

न, च, तत्, तु, उपयोगगुणाधिक, यत् । मूलधातु--सन्-बन्ध बन्धने, ज्ञा अवबोधने, भू सत्तायां, युजिर् योगे । **पदविवरण**--एतैः--तृतीया बहुवचन, च--अव्यय, सम्बन्धः--प्रथमा एक०, यथा--अव्यय, एव--अव्यय, क्षीरोदकं--प्रथमा एक०, ज्ञातव्यः--प्रथमा एक० कृदन्त क्रिया, च--अव्यय, भवंति--वर्तमान लट् अन्य पुरुष बहुवचन, तस्य--षष्ठी एक०, तानि--प्रथमा बहुवचन, तु--अव्यय, उपयोगगुणाधिकः--प्रथमा एक०, यस्मात्--हेत्वर्थे पंचमी एकवचन ॥५७॥

जानेसे इनका भी संबंध संयोग संबंध कहलाता है। ७--वर्णादिकसे तो उपयोग अत्यन्त निराला है। ८--अध्यवसानादिकोंसे भी उपयोगस्वरूप आत्मा बिल्कुल विलक्षण है। ९--संयोग संबंधमें एकको दूसरेका बताना प्रकट उपचार वाला व्यवहार है। १०--क्षणिक तादात्म्यमें विभावको अशुद्ध निश्चयनयसे जीवका जो कहा है वह असद्भूतव्यवहार वाले द्रव्यकर्म बंधकी अपेक्षा तारतम्य बतानेके लिए कहा है। वस्तुतः परमशुद्धनिश्चयनयकी अपेक्षा तो यह अशुद्धनिश्चयनय भी व्यवहार ही है। ११--शाश्वत सहज तादात्म्य सम्बन्धमें ही वास्तविक स्वरूप जाना जाता है। १२--जीव उपयोगमय है, जीवका उपयोगके साथ शाश्वत सहज तादात्म्य संबंध है। १३--आत्माकी वर्णादिसे व रागादिसे भिन्नताका परिचय आत्माके उपयोग गुणके जाननेसे हो जाता है अर्थात् आत्मा उपयोगस्वरूप है और वर्णादिक व रागादिक जड़ स्वरूप है। १४--आत्माका उपयोगसे तादात्म्य संबंध है, जैसे अग्निका उष्णतासे तादात्म्य संबंध है। १५--तादात्म्य तो शाश्वत रहता है, अतः उसके साथ संबन्ध शब्द तुक मिलानेके लिए लगाया जाता है। वस्तुतः तादात्म्य कोई संबंध नहीं है, वह तो तन्मय है। १६--वर्णादिकका व अध्यवसानादिका, गुणस्थान पर्यन्त इन सब भावोंका जीवके साथ शाश्वत सहज तादात्म्य संबंध नहीं है, अतः ये सब भाव जीवके नहीं हैं।

सिद्धान्त--१--आत्मा उपयोग (चैतन्य) स्वरूप है। २--शरीरको आत्मा कहना उपचार है, क्योंकि एक द्रव्यका अन्य द्रव्यके साथ संयोग सम्बन्ध ही हो सकता है। ३--नैमित्तिक भावोंका उपादानके साथ अशुद्धिकालमें क्षणिक तादात्म्य रहता है।

दृष्टि--१--परमशुद्ध निश्चयनय (४४)। २--एकजातिद्रव्ये अन्यजातिद्रव्योपचारक असद्भूत व्यवहार (१०६)। ३--उपाधिसापेक्ष अशुद्ध द्रव्यार्थिकनय (५३)।

प्रयोग--पानीसे दूधकी भिन्नताकी तरह शरीरको आत्मासे भिन्न निरखकर ज्ञानमात्र अन्तःस्वरूपमें उपयोग करना ॥५७॥

कथं तर्हि व्यवहारोऽविरोधक इति चेत्—

पंथे मुस्संतं पस्सिदूण लोगा भणंति ववहारी ।
मुस्सदि एसो पंथो ण य पंथो मुस्सदे कोई ॥५८॥
तह जीवे कम्माणं णोकम्माणं च पस्सिदुं वण्णं ।
जीवस्स एस वण्णो जिणेहिं ववहारदो उत्तो ॥५९॥
गंधरसफासरूवा देहो संठाणमाइया जे य ।
सव्वे ववहारस्स य णिच्छयदण्हू ववदिसंति ॥६०॥ (त्रिकलम्)

पथमें लुटते पथिकों-को देख कहें लोग लोकव्यवहारी ।
यह पथ लुटता निश्चय-से न कोइ मार्ग लुटता है ॥५८॥
कर्म नोकर्म वर्णों-को जीवैकक्षेत्रावगाही लखि ।
यह वर्ण जीवका है, ऐसा व्यवहारसे हि कहा ॥५९॥
रूप रस गंध व फरस, शरीर संस्थान आदि इन सबको ।
निश्चयस्वरूपदर्शी, कहते व्यवहारचर्चा यह ॥६०॥

पथि मुष्यमाणं दृष्ट्वा लोका भणंति व्यवहारिणः । मुष्यते एष पंथा न च पंथा मुष्यते कश्चित् ॥५८॥
तथा जीवे कर्मणां नोकर्मणां च दृष्ट्वा वर्णं । जीवस्यैष वर्णो जिनैर्व्यवहारत उक्तः ॥५९॥
गंधरसस्पर्शरूपाणि देहः संस्थानं आदयः ये च । सर्वे व्यवहारस्य च निश्चयदृष्टारो व्यपदिशंति ॥६०॥

यथा पथि प्रस्थितं कंचित्सार्थं मुष्यमाणमवलोक्य तात्स्थ्यात्तदुपचारेण मुष्यत एष पंथा इति व्यवहारिणां व्यपदेशेपि न निश्चयतो विशिष्टाकाशदेशलक्षणः कश्चिदपि पंथा मुष्येत । तथा जीवे बंधपर्यायेणावस्थितं कर्मणो नोकर्मणो वा वर्णमुत्प्रेक्ष्य तात्स्थ्यात्तदुपचारेण

नामसंज्ञ—पंथ, मुस्संत, लोग, ववहारि, एत, पंथ, ण, य, पंथ, कोई, तह, जीव, कम्म, णोकम्म, च, वण्ण, जीव, एत, वण्ण, जिण, ववहारदो, उत्त, गंधरसफासरूव, देह, संठाणमाइय, ज, य, सव्व, ववहार, य, णिच्छयदण्हु । धातुसंज्ञ— पास दर्शने, भण कथने, मुस चौर्ये स्पर्शे, वच्च व्यक्तायां वाचि ।

यहाँ जिज्ञासा होती है कि व्यवहारनय फिर अविरोधक कैसे रहा ? उसका उत्तर दृष्टान्त द्वारा तीन गाथाओंमें कहते हैं— [पथि मुष्यमाणं] जैसे मार्गमें स्थित हुएको लुटा हुआ [दृष्ट्वा] देखकर [व्यवहारिणः] व्यवहारी [लोकाः] जन [भणंति] कहते हैं कि [एष पंथा] यह मार्ग [मुष्यते] लुटता है, वहाँ परमार्थसे विचारा जाय तो [कश्चित् पंथाः] कोई मार्ग [न च मुष्यते] नहीं लुटता, पहुंचे हुए लोक ही लुटते हैं [तथा] उसी तरह [जीवे] जीवमें [कर्मणां नोकर्मणां च] कर्मोंका और नोकर्मोंका [वर्णं] वर्ण [दृष्ट्वा] देखकर

जीवस्यैष वर्ण इति व्यवहारतोऽर्हद्देवानां प्रज्ञापनेपि न निश्चयतो नित्यमेवामूर्त्तस्वभावस्योपयोगगुणाधिकस्य जीवस्य कश्चिदपि वर्णोस्ति । एवं गंधरसस्पर्शरूपशरीरसंस्थानसंहननरागद्वेष-

---

प्रातिपदिक—पथिन्, लोक, व्यवहारिन्, एतत्, पथिन्, न च पथिन्, कश्चित्, तथा, जीव, कर्मन्, नोकर्मन्, वर्ण, जीव, कर्मन्, नोकर्मन्, वर्ण, जीव, एतत्, वर्ण, जिन, व्यवहारतः, उक्त, गंधरसस्पर्शरूप, देह, संस्थान, आदि, यत्, च, सर्व, व्यवहार, च निश्चयद्रष्टृ। **मूलधातु**—मुष स्तेये क्र्यादि, दृशिर् अवलोकने, भण शब्दार्थः पथि गतौ चुरादि। **पदविवरण**—पथि—सप्तमी एकवचन, मुष्यमाणं—द्वितीया एक० असमाप्तिकी क्रियाके कर्मका विशेषण, दृष्ट्वा—असमाप्तिकी क्रिया, लोकाः—प्रथमा ब०, भणंति—वर्तमान लट् अन्य पुरुष

[**जीवस्य**] जीवका [**एषः वर्णः**] यह वर्ण है ऐसा [**जिनैः**] जिनदेवने [**व्यवहारतः**] व्यवहारसे [**उक्तः**] कहा है [**एवं**] इस प्रकार [**गंधरसस्पर्शरूपाणि**] गंध, रस, स्पर्श और रूप [**देहः संस्थानादयः**] देह संस्थान आदिक [**ये च सर्वे**] जो हैं वे सभी [**व्यवहारस्य**] व्यवहारके मतमें हैं, [**निश्चयद्रष्टारः**] ऐसा निश्चयनयके देखने वाले [**व्यपदिशंति**] कहते हैं।

तात्पर्य—निश्चयसे जीव अमूर्त है, फिर भी देहादिके रूपादिको देखकर इस जीवका ऐसा रूप है यों व्यवहारसे कहा गया है।

टीकार्थ—जैसे मार्गमें प्रस्थित किसी धनिकको लुटता हुआ देखकर धनिकको मार्गमें स्थिति होनेसे उपचारसे कहा जाता है कि यह मार्ग लुटता है, तथापि निश्चयसे देखा जाय, तो जो आकाशके विशेष प्रदेशोंरूप मार्ग है वह तो कोई लुटता नहीं है। उसी प्रकार जीवमें बंधपर्यायसे अवस्थित जो कर्मका और नोकर्मका वर्ण है उसे देखकर जीवमें स्थित होनेसे उपचारसे जीवका यह वर्ण है, ऐसे व्यवहारसे भगवान् अरहंत देव प्रज्ञापन करते हैं, प्रकट करते हैं, तो भी निश्चयसे जीव नित्य ही अमूर्तस्वभाव है और उपयोग गुणके कारण अन्य द्रव्यसे अधिक है याने भिन्न है, इसलिये उसके कोई वर्ण नहीं है। इसी प्रकार गंध, रस, स्पर्श, रूप, शरीर, संस्थान, संहनन, राग द्वेष, मोह, प्रत्यय, कर्म, नोकर्म, वर्ग, वर्गणा, स्पर्धक, अध्यात्मस्थान, अनुभागस्थान, योगस्थान, बंधस्थान, उदयस्थान, मार्गणास्थान, स्थितिबंधस्थान, संक्लेशस्थान, विशुद्धिस्थान, संयमलब्धिस्थान, जीवस्थान और गुणस्थान—ये सभी व्यवहारसे जीवके हैं ऐसा अरहंत देवोंका प्रज्ञापन होनेपर भी निश्चयसे नित्य ही अमूर्त स्वभाव वाले व उपयोग गुणके कारण अन्यसे भिन्न जीवके ये सब नहीं हैं, क्योंकि इन वर्णादि भावोंके और जीवके तादात्म्यलक्षण सम्बंधका अभाव है।

भावार्थ—ये जो वर्णसे लेकर गुणस्थानपर्यन्त भाव कहे हैं, वे सिद्धान्तमें जीवके कहे हैं, सो व्यवहारनयसे कहे गये हैं, निश्चयनयसे तो जीवके नहीं हैं। क्योंकि जीव तो परमार्थतः उपयोगस्वरूप है। जहाँ पहले व्यवहारनयको असत्यार्थ कहा था वहाँ ऐसा नहीं समझना कि

मोहप्रत्ययकर्मनोकर्मवर्णवर्गणास्पर्द्धकाध्यात्मस्थानानुभागस्थानयोगस्थानबन्धस्थानोदयस्थानमार्ग-णास्थानस्थितिबंधस्थानसंक्लेशस्थानविशुद्धिस्थानसंयमलब्धिस्थानजीवस्थानगुणस्थानान्यपि व्यव-

बहुवचन, व्यवहारिणः–प्रथमा बहु० कर्तृ विशेषण, मुच्यते–कर्मवाच्य क्रिया वर्तमान लट् अन्य पुरुष एक०, कश्चित्–अव्यय अन्तः प्रथमा एक०, तथा–अव्यय, जीवे–सप्तमी एक०, कर्मणां–षष्ठी एक०, नोकर्मणां–षष्ठी एक०, वर्ण–द्वि० ए०, जीवस्य–षष्ठी एकवचन, एषः–प्रथमा एक०, जिनैः–तृतीया बहुवचन, व्यव-

वह सर्वथा असत्यार्थ है, किन्तु कथंचित् असत्यार्थ जानना। क्योंकि जब एक द्रव्यको उसकी भिन्न-भिन्न पर्यायोंसे अभेदरूप असाधारण गुणमात्रको प्रधानरूपसे कहा जाय, तब परस्पर द्रव्योंका निमित्तनैमित्तिक भाव तथा निमित्तसे हुए पर्याय ये सब गौण हो जाते हैं, वे एक अभेदद्रव्यकी दृष्टिमें प्रतिभासित नहीं होते। इसलिये वे सब उस द्रव्यमें नहीं हैं, इस प्रकार कथंचित् निषेध किया जाता है। जब यह देखा जाय कि ये उस द्रव्यमें हैं तो व्यवहारनयसे यह जान सकते हैं, ऐसा नयविभाग है। यहाँ शुद्ध द्रव्यकी दृष्टिसे कथन है, इसलिये ऐसा सिद्ध किया है कि ये सब भाव सिद्धान्तमें व्यवहारनयसे जीवके कहे हैं। यदि निमित्तनैमित्तिकभाव की दृष्टिसे देखा जाय तो वह व्यवहार कदाचित् सत्यार्थ कहा जा सकता है। यदि सर्वथा असत्यार्थ ही कहें तो सब व्यवहारका लोप हो जायगा, और ऐसा होनेसे परमार्थका भी लोप हो जायगा। इसलिये जिनेन्द्रदेवका उपदेश स्याद्वादरूप समझना ही सम्यग्ज्ञान है, सर्वथा एकांत करना मिथ्यात्व है।

प्रसंगविवरण—अनन्तरपूर्व प्रकरणमें यह बताते चले आ रहे हैं कि सिद्धान्तमें व्यवहारनयसे तो वर्णादिक जीवके कहे गये हैं, किन्तु निश्चयसे जीवके नहीं हैं। सो यहाँ यह जिज्ञासा हुई कि फिर व्यवहार निश्चयका अविरोधक कैसे रहा? इसके उत्तरमें ये तीन गाथायें कही गई हैं।

तथ्यप्रकाश— (१) एक द्रव्यके द्रव्य गुण पर्यायमें दूसरे द्रव्यके द्रव्य गुण पर्यायका आरोप किसी न किसी सम्बन्धके होनेके कारण हुआ करता है। (२) व्यवहारतः निर्णय यह है कि मार्गमें जाने ठहरने वाला धनिक मुसाफिर लुटेरों द्वारा लूट लिया जाता है सो उस मार्गमें ही न जाया जावे इस शिक्षाको देनेके लिये यों ही कहा जाता है कि यह मार्ग लुटता है या यह मार्ग लूट लेता है। (३) निश्चयतः निर्णय यह है कि मार्ग तो उस जगहके आकाशप्रदेश हैं, क्या वह आकाशका हिस्सा (मार्ग) लुटता है या लूटता है? न लुट सकता है, न लूट सकता है। (४) व्यवहारतः निर्णय यह है कि जीवके साथ बन्धपर्यायसे अवस्थित कर्म नोकर्मके वर्णोंको देखते हैं सो तीर्थप्रवृत्तिके लिये दृश्यमान नर, पशु आदिको जीव बताया जाता है जिससे यह प्रसिद्ध होता है कि वर्णादिक जीवके हैं। (५) निश्चयतः निर्णय यह है

हारतोर्हंदेवानां प्रज्ञापनेपि निश्चयतो नित्यमेवामूर्तस्वभावस्योपयोगगुणेनाधिकस्य जीवस्य सर्वण्यपि न संति तादात्म्यलक्षणसंबंधाभावात् ॥५८-५९-६०॥

हारतः–पंचम्यां तसल् अव्यय, उक्तः–प्रथमा एक० कृदंत, गंधरसस्पर्शरूपाणि–प्रथमा बहु०, देहः–प्रथमा एक०, संस्थानं–प्रथमा एक०, आदयः–प्रथमा बहु०, ये–प्रथमा बहु०, सर्वे–प्रथमा बहु०, व्यवहारस्य–षष्ठी एक०, निश्चयद्रष्टारः–प्रथमा ब०, व्यपदिशंति–वि-अप दिशंति–वर्तमान लट् अन्य पुरुष बहु० ॥५८-६०॥

कि वर्णादिक तो पुद्गलके आश्रित हैं वे जीवके नहीं हैं।

सिद्धान्त—(१) एक जातिके पदार्थके आधारमें अन्य जातिके आधेय पदार्थका आरोप करना आरोपक असद्भूतव्यवहार है। (२) जिस विभाव पर्यायका जो उपादान है उसको उसमें ही बताना प्रयोजक व्यवहार है।

दृष्टि— १– एकजात्याधारे अन्यजात्याधेयोपचारक व्यवहार (१४०)। २– अशुद्ध निश्चयनय, अशुद्धपर्यायविषयी व्यवहारनय (४७, ५२)।

प्रयोग—किसी भी उपचार कथनसे उसके प्रयोजनमात्रको जानकर आगे प्रगतिके लिये निश्चयनयका आश्रय करके सर्वविकल्पातिक्रान्त अन्तस्तत्त्वको अनुभवना चाहिये ॥५८-५९-६०॥

यहाँ प्रश्न होता है कि वर्णादिके साथ जीवका तादात्म्य सम्बंध क्यों नहीं है ? उसका उत्तर कहते हैं—[**वर्णादयः**] जो वर्ण आदिक हैं वे [**संसारस्थानां जीवानां**] संसारमें स्थित जीवोंके [**तत्र भवे**] उस भवमें [**भवन्ति**] होते हैं [**संसारप्रमुक्तानां**] किन्तु संसारसे छूट गए याने मुक्त हुए जीवोंके [**खलु**] निश्चयसे [**वर्णादयः केचित्**] वर्णादिक कोई भी [**न संति**] नहीं हैं। इसलिये तादात्म्य सम्बंध भी नहीं है।

तात्पर्य—केवल संसारदशामें देहादिमें वर्णादि होते हैं मुक्तदशामें नहीं होते, अतः सदा न होनेसे जीवका वर्णादिसे तादात्म्य सिद्ध नहीं होता।

टीकार्थ—जो निश्चयसे सब अवस्थाओंमें जिस स्वरूपसे व्याप्त हो और जिस स्वरूपकी व्याप्तिसे रहित न हो, उस वस्तुके साथ उन भावोंका तादात्म्य सम्बंध होता है। इसलिए सब ही अवस्थाओंमें वर्णादिरूपसे व्याप्त हुए और वर्णादिककी व्याप्तिसे शून्य न हुए पुद्गल द्रव्यका वर्णादिक भावोंके साथ तादात्म्य सम्बन्ध है। और संसार-अवस्थामें कथंचित् वर्णादि स्वरूपसे हुए तथा वर्णादि स्वरूपकी व्याप्तिसे शून्य न हुए जीवका मोक्ष अवस्थामें सर्वथा वर्णादि स्वरूपकी व्याप्तिसे शून्य होनेके कारण तथा वर्णादि स्वरूपसे व्याप्त न होनेके कारण वर्णादि भावोंके साथ तादात्म्य सम्बन्ध किसी प्रकार भी नहीं है।

भावार्थ—जो वस्तु जिन भावोंसे सब अवस्थाओंमें व्याप्त हो उस वस्तुका उन भावों

कुतो जीवस्य वर्णादिभिः सह तादात्म्यलक्षणः सम्बन्धो नास्तीति चेत्—

तत्थभवे जीवाणं संसारत्थाण होंति वण्णादी ।
संसारपमुक्काणं णत्थि हु वण्णादओ केई ॥६१॥

संसारी जीवोंके, भवमें ही वर्ण आदि व्यवहृत हैं ।
संसारप्रमुक्तोंके, नहिं वे वर्णादि होते हैं ॥६१॥

तत्र भवे जीवानां संसारस्थानां भवंति वर्णादयः । संसारप्रमुक्तानां न संति खलु वर्णादयः केचित् ॥६१॥

यत्किल सर्वास्वप्यवस्थासु यदात्मकत्वेन व्याप्तं भवति यदात्मकत्वव्याप्तिशून्यं न भवति तस्य तैः सह तादात्म्यलक्षणः सम्बन्धः स्यात् । ततः सर्वास्वप्यवस्थासु वर्णाद्यात्मकत्वव्याप्तस्य

नामसंज्ञा—तत्थ, भव, जीव, संसारत्थ, वण्णादि, संसारपमुक्क, ण, हु, वण्णादि केई । **धातुसंज्ञा**—सम्-सर गतौ, द्वा गतिनिवृत्तौ, हो सत्तायां, प-मुंच त्यागे, अस सत्तायां । **प्रातिपदिक**—तत्र, भव, जीव, संसारस्थ, वर्णादि, संसारप्रमुक्त, न, खलु, वर्णादि, केचित् । **मूलधातु**—भू सत्तायां, जीव प्राणधारणे, मुच

के साथ तादात्म्य सम्बन्ध कहा जाता है । सो वर्णादिक तो पुद्गलकी सब अवस्थाओंमें व्याप्त है और वर्णादिकका पुद्गलके साथ तादात्म्य है और जीवकी संसार-अवस्थामें तो वर्णादिक किसी तरह कह सकते हैं, परन्तु मोक्ष अवस्थामें सर्वथा ही नहीं । इसलिए जीवका वर्णादिक के साथ तादात्म्य सम्बन्ध नहीं है, ऐसा न्याय प्राप्त है ।

प्रसंगविवरण—अनन्तरपूर्व कथनमें बताया था कि वर्णादिक जीवके नहीं है, क्योंकि वर्णादिकके साथ जीवका तादात्म्य नहीं है । सो अब यहाँ प्रश्न होता है कि जीवका वर्णादिकके साथ तादात्म्य संबंध किस कारणसे नहीं है उसके उत्तरमें यह गाथा कही है ।

तथ्यप्रकाश—१–किसी भी एक पदार्थका तादात्म्य उसके साथ है जो उस पदार्थकी सब अवस्थाओंमें रहे ही रहे । २—वर्णादिक पुद्गलमें सदा रहते ही हैं अतः वर्णादिक पुद्गलके हैं । ३—रागादिक पुद्गलकर्मके विपाकका निमित्त होनेपर ही होता है, पुद्गलविपाकका निमित्त हुए बिना नहीं होता, तथा रागादिक कर्मविपाकका ही प्रतिफलन है अतः रागादिक भी पौद्गलिक हैं । ४—यद्यपि संसारी जीवके साथ वर्णादिकका (पुद्गलका) संयोग सम्बंध है तो भी संसारसे मुक्त हुए जीवोंमें तो वर्णादिकके संयोगसंबंधका भी अवकाश नहीं, अतः वस्तुतः जीवके साथ वर्णादिकका तादात्म्य संबंध नहीं ।

सिद्धान्त—(१) त्रिकाल तादात्म्य वाले गुणसे ही वस्तुका सही परिचय होता है । (२) नैमित्तिकभावसे उपादानभूत द्रव्य अवस्थामें मलिन हो जाता है तथापि नैमित्तिकभावके साथ उपादानद्रव्यका तादात्म्य नहीं है, उसका तो अधिकारी नियंता उपाधिभूत अन्य द्रव्य है ।

दृष्टि—(१) अखण्ड परमशुद्ध निश्चयनय व सभेद परमशुद्धनिश्चयनय (४४–४५) ।

भवतो वर्णाद्यात्मकत्वव्याप्तिशून्यस्याभवतश्च पुद्गलस्य वर्णादिभिः सह तादात्म्यलक्षणः संबंधः स्यात् । संसारावस्थायां कथंचिद्वर्णाद्यात्मकत्वव्याप्तस्य भवतो वर्णाद्यात्मकत्वव्याप्तिशून्यस्याभवतश्चापि मोक्षावस्थायां सर्वथा वर्णाद्यात्मकत्वव्याप्तिशून्यस्य भवतो वर्णाद्यात्मकत्वव्याप्तस्याभवतश्च जीवस्य वर्णादिभिः सह तादात्म्यलक्षणः सम्बन्धो न कथंचनापि स्यात् ॥६१॥

प्रमोचने, सृ गतौ । **पदविवरण**—तत्र—अव्यय । भवे—सप्तमी एक० । जीवानां—षष्ठी बहु० । संसारस्थानां—षष्ठी बहु० । भवन्ति—वर्तमान लट् अन्य पुरुष बहुवचन । वर्णादयः—प्रथमा बहु० । संसारप्रमुक्तानां—षष्ठी बहुवचन । न—अव्यय । अस्ति—वर्तमान लट् अन्य पुरुष एकवचन । वस्तु—अव्यय । वर्णादयः—प्रथमा बहु० । केचित्—अव्यय अन्तः प्रथमा बहुवचन ॥६१॥

---

(२) उपाधिसापेक्ष अशुद्ध द्रव्यार्थिक नय व विविक्षितैकदेश शुद्धनिश्चयनय (२४–४८) ।

प्रयोग—संसार अवस्थामें संयोगसम्बद्ध शरीरके वर्णादिक देखकर संदेह नहीं करना, अब भी संसार अवस्थामें भी अपनेको अमूर्त ही निरखकर अबद्ध अस्पृष्ट चैतन्यस्वभावमय अनुभवना चाहिये ॥६१॥

अब जीवका वर्णादिकके साथ तादात्म्य ही है, ऐसा मिथ्या अभिप्राय करनेमें जो दोष है उसे अगली गाथामें कहते हैं:—[**यदिह च**] यदि तुम [**इति मन्यसे**] ऐसा मानोगे कि [**एते सर्वे भावाः**] ये वर्णादिक सब भाव [**जीवा हि एव**] जीव ही हैं [**तु ते**] तो तेरे मतमें [**जीवस्य च अजीवस्य**] जीव और अजीवका [**कश्चित्**] कोई [**विशेषः**] भेद [**नास्ति**] नहीं रहता ।

तात्पर्य—अजीव तो वर्णादिमान ही है और अब जीवको भी वर्णादिमान मानोगे तो फिर जीव व अजीवमें कुछ फर्क न रहा ।

टीकार्थ—जैसे वर्णादिक भाव अनुक्रमसे प्रगट होने (उपजने) वाली और छिपने (नाश होने) वाली उन उन व्यक्तियों (पर्यायों) के द्वारा पुद्गल द्रव्यको अन्वय रूप प्राप्त हुए पुद्गल द्रव्यके ही तादात्म्यस्वरूपको विस्तृत करते हैं, उसी प्रकार वर्णादिक भाव क्रमसे भावित आविर्भावितिरोभाव वाली पर्यायोंसे जीवके अन्वयको प्राप्त होते हुए जीवके वर्णादिकके साथ तादात्म्य स्वरूपको विस्तारते हैं ऐसा जिसका अभिप्राय है, उसके अन्य शेष द्रव्योंसे असाधारण वर्णादिस्वरूप जो पुद्गल द्रव्यका लक्षण है उसको जीवका अङ्गीकार करनेसे जीव और पुद्गलमें अविशेषका प्रसंग होगा । ऐसा होनेसे पुद्गलसे भिन्न जीवद्रव्यका अभाव हो जायगा तब जीव द्रव्यका ही अभाव हो जायगा ।

भावार्थ—जैसे वर्णादि पुद्गलद्रव्यके साथ तादात्म्यस्वरूप हैं, उसी प्रकार जीवके साथ भी तादात्म्यस्वरूप हो जाय तो जीव व पुद्गलमें कुछ भी भेद न रहेगा, और ऐसा हो जाय तो जीवका भी अभाव हो जायगा । यह महादोष किसीको भी इष्ट नहीं है ।

जीवस्य वर्णादितादात्म्यदुरभिनिवेशे दोषख्यापनायं—

जीवो चेव हि एदे सव्वे भावात्ति मण्णसे जदि हि।
जीवस्साजीवस्स य णत्थि विसेसो दु दे कोई ॥६२॥

यदि ऐसा मानोगे, ये सब वर्णादि जीव होते हैं।
तो फिर अन्तर न रहा, जीव अरु अजीव द्रव्योंमें ॥६२॥

जीवश्चैव ह्येते सर्वे भावा इति मन्यसे यदि हि। जीवस्याजीवस्य च नास्ति विशेषस्तु ते कश्चित् ॥६२॥

यथा वर्णादयो भावाः क्रमेण भाविताविर्भावतिरोभावाभिस्ताभिस्ताभिर्व्यक्तिभिः पुद्गलद्रव्यमनुगच्छंतः पुद्गलस्य वर्णादितादात्म्यं प्रथयंति। तथा वर्णादयो भावाः क्रमेण भाविताविर्भावतिरोभावाभिस्ताभिस्ताभिर्व्यक्तिभिर्जीवमनुगच्छंतो जीवस्य वर्णादितादात्म्यं प्रथयंतीति

नामसंज्ञ—जीव, च, एव, हि, एत, सव्व, भाव, इत्ति, जदि, हि, जीव अजीव, य, ण, विसेस, दु, कोई। धातुसंज्ञ—मन्न अवगमने, अस सत्तायां। प्रातिपदिक—जीव, च, एव, हि, एतत्, सर्व, भाव, इति, यदि, हि, जीव, अजीव, च, न, विशेष, तु, तत्, कश्चित्। मूलधातु—जीव प्राणधारणे, मन ज्ञाने, शिष असर्वोपयोगे। पदविवरण—जीवः—प्रथमा एक०। च—अव्यय। एव—अव्यय। हि—अव्यय। एते—प्रथमा बहु०। सर्वे—प्रथमा बहु०। भावाः—प्रथमा बहु०। इति—अव्यय। मन्यसे—वर्तमान लट् मध्यम पुरुष एक०।

प्रसंगविवरण—अनन्तरपूर्व गाथामें बताया था कि जीवका वर्णादिकके साथ तादात्म्य संबंध किस कारणसे नहीं है, उस कारणके सुननेके बाद भी यदि कोई जीवका वर्णादिक के साथ तादात्म्य सम्बन्धका ही दुराग्रह करे तो क्या दोष होता है उस दोष, आपत्ति, विडम्बनाका इस गाथामें कथन किया है।

तथ्यप्रकाश—(१) वर्णादिक भाव निरन्तर नवीन नवीन पर्यायोंसे जिस द्रव्यमें अन्वयरूपसे संतानरूपसे होते ही रहे उसके साथ वर्णादिकका तादात्म्य है वह है पुद्गलद्रव्य। (२) यदि वर्णादिक भावोंको उक्त प्रकारसे जीवमें अन्वित मान लिये जावें तो वह जीव नहीं रहा पुद्गल ही रहा, क्योंकि वर्णादिकसे व्याप्त पुद्गल ही होता। (३) जीव तो विशुद्ध चैतन्यचमत्कारमात्र है उसका प्रतिषेध किया ही नहीं जा सकता, इस कारण जीवको वर्णादिव्याप्त माननेका दुराग्रह करनेमें विडम्बना व दोष होता है।

सिद्धान्त—(१) जो भाव अपनी निरन्तर व्यक्तियोंसे (पर्यायोंसे) सदा जिसमें अन्वित रहता है उस भावकी उस द्रव्यमें तन्मयता है। (२) एक द्रव्यके लक्षणको अन्य द्रव्यमें स्वीकार करनेपर दोनों ही द्रव्योंका अभाव हो जाता है, किन्तु संयोग सम्बन्ध दिखानेको उपचारसे कह दिया जाता है।

दृष्टि— १– परमशुद्ध निश्चयनय (४४–४५)। २– एकजातिद्रव्ये अन्यजातिगुणोपचारक व्यवहार (१११)।

यस्याभिनिवेशः तस्य शेषद्रव्यासाधारणस्य वर्णाद्यात्मकत्वस्य पुद्गललक्षणस्य जीवेन स्वीकरणाज्जीवपुद्गलयोरविशेषप्रसक्तौ सत्यां पुद्गलेभ्यो भिन्नस्य जीवद्रव्यस्याभावाद्ध्रुवत्येव जीवाभावः ॥६२॥

यदि–अव्यय। हि–अव्यय। जीवस्य–षष्ठी एक०। अजीवस्य–षष्ठी एक०। च–अव्यय। न–अव्यय। अस्ति–वर्तमान लट् अन्य पुरुष एक०। विशेषः–प्रथमा एक०। तु–अव्यय। ते–षष्ठी एकवचन। कश्चित्–अव्यय अन्तः प्रथमा एकवचन ॥६२॥

प्रयोग—अपने आत्मा व वर्णादिक भावोंको बिल्कुल पृथक् निरखकर अपने चैतन्यचमत्कारमात्र स्वरूपमें उपयोगको लीन करनेका भावपौरुष करना चाहिये ॥६२॥

अब संसार-अवस्थामें ही जीवका वर्णादिकसे तादात्म्य है, ऐसा अभिप्राय होनेपर भी यही दोष आता है, ऐसा कहते हैं—**[अथ]** अब यदि **[तव]** तुम्हारे मतमें **[संसारस्थानां जीवानां]** संसारमें स्थित जीवोंके ही **[वर्णादयः]** वर्णादिक तादात्म्यस्वरूपसे **[भवन्ति]** हैं **[तस्मात्]** तो इसी कारण **[संसारस्थाः जीवाः]** संसारमें स्थित जीव **[रूपित्वं आपन्नाः]** रूपीपनेको प्राप्त हो गए। **[एवं]** ऐसा होनेपर **[तथा लक्षणेन]** पुद्गलके लक्षणके समान जीवका लक्षण होनेसे **[मूढमते]** हे मूढ़ बुद्धि **[पुद्गलद्रव्यं]** पुद्गलद्रव्य ही **[जीवः]** जीव सिद्ध हुआ **[च निर्वाणं]** और निर्वाणको **[उपगतोपि]** प्राप्त हुआ भी **[पुद्गलः]** पुद्गल ही **[जीवत्वं]** जीवपनेको **[प्राप्तः]** प्राप्त हुआ।

तात्पर्य—संसारदशामें ही सही, जीवका लक्षण रूपी माननेपर वह पुद्गल कहलाया और निर्वाण होनेपर कहा जायगा कि पुद्गलका निर्वाण हुआ, पुद्गल ही जीव बन गया।

टीकार्थ—जिसके मतमें संसार-अवस्थामें जीवका वर्णादि भावोंके साथ तादात्म्य सम्बंध है, ऐसा अभिप्राय है, उसके संसार अवस्थाके समय वह जीव रूपित्व दशाको अवश्य प्राप्त होता है। और रूपित्व किसी द्रव्यका असाधारण (अन्य द्रव्योंसे पृथक् कराने वाला) लक्षण है। इस कारण रूपित्व लक्षण मात्रसे जो कुछ लक्ष्यमाण है वही जीव है और रूपित्व से लक्ष्यमाण पुद्गलद्रव्य ही है। इस प्रकार पुद्गलद्रव्य ही स्वयं जीव सिद्ध होता है अन्य कोई नहीं। ऐसा होनेपर मोक्ष अवस्थामें भी पुद्गलद्रव्य ही आप जीव होता है। क्योंकि जो द्रव्य है, वह नित्य अपने लक्षणसे लक्षित है, वह सभी अवस्थाओंमें अविनाशस्वभाव है इसलिये अनादिनिधन है, इस कारण पुद्गल ही जीव है, इससे भिन्न कोई जीव नहीं है। ऐसा होनेसे संसारदशामें ही जीवका वर्णादिके साथ तादात्म्य माननेवालेके मतमें भी पुद्गलोंसे भिन्न जीवद्रव्यका अभाव होनेसे जीवका अभाव ही सिद्ध हुआ। इसलिये यह निश्चित हुआ कि जो वर्णादिक भाव हैं, वे जीव नहीं हैं।

संसारावस्थायामेव जीवस्य वर्णादितादात्म्यमित्यभिनिवेशेऽप्ययमेव दोषः—

अह संसारत्थाणं जीवाणं तुज्झ होंति वण्णादी ।
तम्हा संसारत्था जीवा रूवित्तमावण्णा ॥६३॥
एवं पुग्गलदव्वं जीवो तहलक्खणेण मूढमदी ।
णिव्वाणमुवगदो वि य जीवत्तं पुग्गलो पत्तो ॥६४॥ (युगलं)

यदि भवस्थ जीवोंके, होते वर्णादि भाव मानोगे ।
तो भवस्थ जीवोंके, रूपिपना प्राप्त हो जावेगा ॥६३॥
ऐसे इस लक्षणसे, पुद्गलद्रव्य ही जीव हो जाता ।
मोक्ष पाकर भि पुद्गल-के जीवपना प्रसक्त हुआ ॥६४॥

अथ संसारस्थानां जीवानां तव भवंति वर्णादयः । तस्मात्संसारस्था जीवा रूपित्वमापन्नाः ॥६३॥
एवं पुद्गलद्रव्यं जीवस्तथालक्षणेन मूढमते । निर्वाणमुपगतोपि च जीवत्वं पुद्गलः प्राप्तः ॥६४॥

यस्य तु संसारावस्थायां जीवस्य वर्णादितादात्म्यमस्तीत्यभिनिवेशस्तस्य तदानीं स जीवो रूपित्वमवश्यमवाप्नोति । रूपित्वं च शेषद्रव्यासाधारणं कस्यचिद् द्रव्यस्य लक्षणमस्ति । ततो रूपित्वेन लक्ष्यमाणं यत्किंचिद्भवति स जीवो भवति । रूपित्वेन लक्ष्यमाणं पुद्गलद्रव्यमेव

नामसंज्ञ—अह, संसारस्थ, जीव, तुम्ह, वण्णादि, त, संसारत्थ, जीव, रूवित्त, आवण्ण, एव, पुग्गलदव्व, जीव, तहलक्खण, मूढमदि, णिव्वाण, उपगद, वि, य, जीवत्त, पुग्गल, पत्त । **धातुसंज्ञ**—हो सत्तायां, जीव प्राणधारणे । **प्रातिपदिक**—अथ, संसारस्थ, जीव, युष्मद्, वर्णादि, तत्, संसारस्थ, जीव, रूपित्व, आपन्न, एवं, पुद्गलद्रव्य, जीव, तथालक्षण, मूढमति, निर्वाण, उपगत, अपि, च, जीवत्व, पुद्गल, प्राप्त । **मूलधातु**—ष्ठा गतिनिवृत्तौ, जीव प्राणधारणे, लक्ष दर्शनाङ्कनयोः, लक्ष आलोचने, प्र-आप्लृ व्याप्तौ ।

भावार्थ—जो कोई वर्णादि भावोंसे जीवकी संसार अवस्थामें भी तादात्म्य सम्बन्ध मानता है, उसके मतमें भी जीवका अभाव ही प्रसक्त होता है, क्योंकि वर्णादिक तो मूर्तिमान द्रव्यके लक्षण हैं, ऐसा मूर्तिमान तो पुद्गलद्रव्य ही है, यदि वर्णादिक रूप जीव माना जाय, तब जीव भी पुद्गल ही ठहरेगा और जब जीव मुक्त होगा, तब वहाँ भी पुद्गल ही ठहरेगा, तब पुद्गलसे भिन्न तो जीव सिद्ध नहीं होगा । इस प्रकार जीवका अभाव बन बैठेगा । इसलिये वर्णादिक जीवके नहीं हैं, ऐसा ही निश्चय करना ।

प्रसंगविवरण—अनन्तरपूर्व गाथामें कहा था कि जीवका वर्णादिके साथ तादात्म्य माननेका दुराग्रह करनेपर जीव व पुद्गल दोनों द्रव्योंका अभाव हो जायगा । इस चर्चापर यदि कोई यह माने कि जीवका संसार-अवस्थामें ही वर्णादिके साथ तादात्म्य है तो ऐसा माननेपर क्या दोष आता है उस दोषका इन दो गाथाओंमें वर्णन किया गया है ।

भवति। एवं पुद्गलद्रव्यमेव स्वयं जीवो भवति न पुनरितरः कतरोपि। तथा च सति मोक्षावस्थायामपि नित्यस्वलक्षणलक्षितस्य द्रव्यस्य सर्वास्वप्यवस्थास्वनपायित्वादनादिनिधनत्वेन पुद्गलद्रव्यमेव स्वयं जीवो भवति न पुनरितरः कतरोपि। तथा च सति तस्यापि पुद्गलेभ्यो भिन्नस्य जीवद्रव्यस्याभावात् भवत्येव जीवाभावः। एवमेतत् स्थितं यद्वर्णादयो भावा न जीव इति॥६३-६४॥

पदविवरण: अथ—अव्यय। संसारस्थानां—षष्ठी एक०। जीवानां—षष्ठी बहु०। तव—षष्ठी एक०। भवति—वर्तमान अन्य पुरुष बहु०। वर्णादयः—प्रथमा बहु०। तस्मात्—पंचमी एक०। संसारस्थाः—प्रथमा बहु०। जीवाः—प्रथमा बहु०। रूपित्वं—द्वितीया एक०। आपन्नाः—प्रथमा बहु०। एवं—अव्यय। पुद्गलद्रव्यं—प्रथमा एक०। जीवः—प्रथमा एक०। तथालक्षणेन—तृतीया एक०। मूढमते—संबोधने एक०। निर्वाणं—द्वि० ए०। उपगताः—प्रथमा बहु०। अपि—अव्यय। च—अव्यय। जीवत्वं—द्वि० ए०। पुद्गलः—प्रथमा एक०। प्राप्तः—प्रथमा एकवचन॥ ६३-६४॥

तथ्यप्रकाश—(१) जीवका संसारावस्थामें ही वर्णादिका तादात्म्य कोई माने तो संसार-अवस्थामें तो जीवको रूपी मानना ही पड़ेगा। (२) जिसे रूपी माना हो वह पुद्गल ही कहा जायगा यों संसारदशामें दुराग्रहीके मतमें जीव पुद्गल ही रहा। (३) संसारदशामें जिसे (जीवको) पुद्गल माना तो अब यदि उसका निर्वाण माना जायगा तो अरूपी होनेसे यही कहना पड़ेगा कि पुद्गल ही जीव बन गया। (४) अथवा जो पुद्गल था वह शुद्ध हो गया तो यही कहना होगा कि पुद्गल शुद्ध हो गया, फिर तो कोषमें से जीवका नाम ही निकल जाना चाहिये। (५) जीवका वर्णादिके साथ किसी भी अवस्थामें तादात्म्य माना ही नहीं जा सकता।

सिद्धान्त—(१) मात्र संयुक्तसमवेत सम्बन्धसे वर्णादिकको जीवके बतानेकी रूढ़ि है। (२) आत्माका चैतन्यस्वभावके ही साथ शाश्वत तादात्म्य है।

दृष्टि— १– एकजातिद्रव्ये अन्यजातिगुणोपचारक असद्भूत व्यवहार (११२)। २–परमशुद्धनिश्चयनय (४४, ४५)।

प्रयोग—अपने आपको इस समय भी अविकार चैतन्यमात्र स्वरूपमें निरखकर चैतन्यमात्र अनुभवना जिसकी दृढ़ताके प्रतापसे अविकार पर्यायमय हो जाय॥६३-६४॥

आगे इसी अर्थको विशेष रूपसे करते हैं—[**एकं च**] एकेन्द्रिय [**द्वे**] द्वीन्द्रिय [**त्रीणि च**] त्रीन्द्रिय [**चत्वारि**] चतुरिन्द्रिय [**च पञ्चेन्द्रियाणि**] और पंचेन्द्रिय [**जीवाः**] जीव तथा [**बादरपर्याप्तेतराः**] बादर, सूक्ष्म, पर्याप्त, अपर्याप्त ये सब जो जीव हैं वे [**नामकर्मणः**] सब ऐसी ही नामकर्मकी [**प्रकृतयः**] प्रकृतियां हैं [**एताभिः च**] इन प्रकृतियोंसे ही [**करणभूताभिः**]

एक्कं च दोण्णि तिण्णि य चत्तारि य पंच इंदिया जीवा।
वादरपज्जत्तिदरा पयडीओ णामकम्मस्स ॥ ६५ ॥
एदाहि य णिव्वत्ता जीवट्ठाणाउ करणभूदाहिं ।
पयडीहिं पुग्गलमईहिं ताहिं कहं भण्णदे जीवो ॥ ६६ ॥ (युग्मम्)

एक दो तीन चौ पं-चेन्द्रिय बादर व सूक्ष्म पर्याप्ती ।
अन्य अपर्याप्तादिक, हैं ये नामकर्मकी प्रकृति ॥६५॥
पौद्गल कर्मप्रकृतिसे, जीवस्थानादि ये रचित होते ।
फिर इन पौद्गलभावों-को कैसे जीव कह सकते ॥६६॥

एकं च द्वे त्रीणि च चत्वारि च पंचेन्द्रियाणि जीवाः । बादरपर्याप्तेतराः प्रकृतयो नामकर्मणः ॥६५॥
एताभिश्च निर्वृत्तानि जीवस्थानानि करणभूताभिः । प्रकृतिभिः पुद्गलमयीभिस्ताभिः कथं भण्यते जीवः ।

निश्चयतः कर्मकरणयोरभिन्नत्वात् यद्येन क्रियते तत्तदेवेति कृत्वा यथा कनकपत्रं कनकेन क्रियमाणं कनकमेव न त्वन्यत् । तथा जीवस्थानानि बादरसूक्ष्मैकेन्द्रियद्वित्रिचतुःपंचेन्द्रियपर्याप्तापर्याप्ताभिधानाभिः पुद्गलमयीभिः नामकर्मप्रकृतिभिः क्रियमाणानि पुद्गल एव न तु जीवः । नामकर्मप्रकृतीनां पुद्गलमयत्वं चागमप्रसिद्धं दृश्यमानशरीराकारादिमूर्त्तकार्यानुमेयं च ।

नामसंज्ञ—एक्क, च, दु, ति, य, चउ, पंच, इंदिय, जीव, बादरपज्जत्तिदर, पयडि, णामकम्म, एत, य, णिव्वत्त, जीवट्ठाण, करणभूदा, पयडि, पुग्गलमई, ता, कथं, जीव । **धातुसंज्ञ**—पूर पालनपूरणयोः, गल स्रवणे, भण कथने । **प्रातिपदिक**—एक, च, द्वि, त्रि, च, चतुर् च, पंचन्, इन्द्रिय, जीव, बादरपर्याप्तेतर, प्रकृति, नामकर्मन्, एतत्, निर्वृत्त जीवस्थान, करणभूत, प्रकृति, पुद्गलमयी, तत्, कथं, जीव ।

करणस्वरूप होकर [जीवस्थानानि] जीवसमास [निर्वृत्तानि] रचे गये हैं [ताभिः] उन [पुद्गलमयीभिः] पुद्गलमय [प्रकृतिभिः] प्रकृतियोंसे रचे हुएको [जीवः] जीव [कथं] कैसे [भण्यते] कहा जा सकता है ।

तात्पर्य—एकेन्द्रियादिक बादरादिक प्रकृतियोंसे रचे हुए जीवस्थानोंको निश्चयतः जीव कहा नहीं जा सकता ।

टीकार्थ—निश्चयनयसे कर्म और करणमें अभेदभाव होनेसे जो जिससे किया जाय वह वही है, ऐसा होनेपर जैसे सुवर्णका पत्र सुवर्णसे किया हुआ सुवर्ण ही है, अन्य कुछ नहीं उसी प्रकार जीवस्थान बादर, सूक्ष्म, एकेन्द्रिय, द्वीन्द्रिय, त्रीन्द्रिय, चतुरिन्द्रिय, पंचेन्द्रिय, पर्याप्त, अपर्याप्त नामकी पुद्गलमयी नामकर्मकी प्रकृतियोंसे किये गये होनेसे पुद्गल ही हैं, जीव नहीं हैं तथा नामकर्मकी प्रकृतियोंकी पुद्गलमयता आगममें प्रसिद्ध है और जो प्रत्यक्ष देखनेमें

एवं गंधरसस्पर्शरूपशरीरसंस्थानसंहननान्यपि पुद्गलमयनामकर्मप्रकृतिनिर्वृत्तत्वे सति तदव्यतिरेकाज्जीवस्थानैरेवोक्तानि । ततो न वर्णादयो जीव इति निश्चयसिद्धान्तः ।

निर्वर्त्यते येन यदत्र किंचित्तदेव तत्स्यान्न कथंचनान्यत् ।
रुक्मेण निर्वृत्तमिहासिकोशं पश्यंति रुक्मं न कथंचनासिं ॥३८॥

मूलधातु—निस्-वृतु वर्तने, परि-आप्लृ व्याप्तौ, इदि परमैश्वर्ये, भण शब्दार्थः । **पदविवरण** एकं–प्रथमा एक० । द्वे–प्रथमा द्वि० । त्रीणि–प्रथमा बहु० । चत्वारि–प्रथमा बहु० । पंच–प्रथमा बहु० । इन्द्रियाणि–प्रथमा बहु० । जीवाः–प्रथमा बहु० । बादरपर्याप्तेतराः–प्रथमा बहु० । प्रकृतयः–प्रथमा ब० । नामकर्मणः–षष्ठी एक० । एताभिः–तृतीया बहु० स्त्रीलिंग । निर्वृत्तानि–प्रथमा बहु० । जीवस्थानानि–प्रथमा बहु० ।

आते वाले शरीर आदि मूर्तिकभाव हैं वे पुद्गल कर्मप्रकृतियोंके कार्य होनेके कारण अनुमान प्रमाणसे भी सिद्ध हैं । इसी प्रकार गंध, रस, स्पर्श, रूप, शरीर, संस्थान, संहनन—ये भी नामकर्मकी प्रकृतियों द्वारा किए गये होनेपर उस पुद्गलसे अभेदरूप हैं इसी कारण जीवस्थानों की तरह इन्हें भी पुद्गलमय ही कहने चाहिएँ । इस कारण ये वर्णादिक जीव नहीं हैं, ऐसा निश्चयनयका सिद्धान्त है ।

यहाँ इसी अर्थका कलशरूप काव्य कहते हैं—**निर्वर्त्यते** इत्यादि । **अर्थ**—जिस वस्तुसे जो पर्याय निष्पन्न होती है वह पर्याय उस वस्तुरूप ही है कुछ अन्य वस्तु नहीं है । जैसे यहाँ सोनेसे रचे गये खड्गके (तलवारके) म्यानको लोग सोना ही देखते हैं, खड्गको तो सोनारूप किसी तरह भी नहीं देखते ।

भावार्थ—पुद्गलप्रकृतियोंसे रचे गये वर्णादिक भाव पुद्गल ही हैं जीव नहीं हैं ।

अब दूसरा काव्य कहते हैं—**वर्णादि इत्यादि । अर्थ**—वर्णादिक गुणस्थानपर्यन्त सभी भावोंको एक पुद्गलका ही निर्माण जानो जानो, इसलिये ये भाव पुद्गल ही होवो आत्मा नहीं, क्योंकि आत्मा तो विज्ञानघन है, ज्ञानका पिण्ड है, इस कारण पुद्गलसे अन्य है ।

प्रसंगविवरण—अनंतरपूर्व प्रकरणमें यह बताया गया था कि वर्णादिक भाव पुद्गलमय हैं जीवके स्वरूप नहीं, जीवके नहीं । अब इसी तथ्यकी युक्तिपूर्वक सिद्धिका इनदो गाथावों कथन है ।

तथ्यप्रकाश—(१) निश्चयसे कर्तादिकी भांति कर्म व करण भी अभिन्न होते हैं । (२) जो जिसके द्वारा किया जाय वह वही निश्चयसे है । (३) सुवर्णके द्वारा सुवर्णभूषण जो भी बना वह सुवर्ण ही है, इसी भांति सर्व पदार्थोंसे यही तथ्य है । (४) बादर, सूक्ष्म, एकेन्द्रिय, आदि, पर्याप्त, अपर्याप्त इत्यादि नामकी नामकर्मप्रकृतियां पुद्गलमयी ही हैं उनके द्वारा बादर सूक्ष्म आदि भव बनते हैं सो ये बादर आदि भी पुद्गल ही हैं । (५) नामकर्म-

वर्णादिसामग्र्यमिदं विदंतु निर्माणमेकस्य हि पुद्गलस्य ।
ततोस्त्ववदं पुद्गल एव नात्मा यतः स विज्ञानघनस्ततोन्यः ॥३९॥ ॥६५-६६॥

करणभूताभिः–तृतीया बहु० । प्रकृतिभिः–तृतीया बहु० । पुद्गलमयीभिः–तृतीया बहु० । ताभिः–प्रथमा बहु० । कथं–अव्यय । भण्यते–भावकर्मप्रक्रिया कर्मवाच्य वर्तमान लट् अन्य पुरुष एक० । जीवः–प्रथमा एकवचन ॥ ६५-६६ ॥

प्रकृतियोंका कार्य शरीराकार आदि मूर्त हैं इससे जान जाता है कि नामकर्मप्रकृतियाँ भी मूर्त हैं, अचेतन हैं । (६) चैतन्यस्वभावके अतिरिक्त अन्य जितने भी भाव हैं, विभाव हैं वे सब औपाधिक हैं, पौद्गलिक हैं । (७) वस्तुतः वर्णादिक भाव जीव नहीं है ।

सिद्धान्त—(१) निश्चयसे कर्ता कर्म करण आदि कारक एक ही द्रव्यके होते हैं उन्हें भेद करके समझाया जाता है । (२) पुद्गलकर्मोंका कार्य सब पौद्गलिक है ।

दृष्टि— १— कारकारकिभेदक सद्भूतव्यवहार (७३) । २— अशुद्ध निश्चय-नय (४६–४७अ) ।

प्रयोग—अपनेको पञ्चेन्द्रियादि किसी भी पर्यायमात्र अनुभव नहीं करके इन समस्त द्रव्यभावपर्यायोंसे पृथक् चैतन्यमात्र अनुभव करनेका भावपौरुष करना ॥६५-६६॥

अब कहते हैं कि इस ज्ञानघन आत्माके अतिरिक्त अन्य भावोंको जीव कहना सो सब ही व्यवहारमात्र है—[ये] जो [पर्याप्तापर्याप्ताः] पर्याप्त, अपर्याप्त [सूक्ष्माः च बादराः] सूक्ष्म, बादर [ये च एव] आदि जो [देहस्य] देहको [जीवसंज्ञाः] जीवसंज्ञाएँ कही हैं वे सभी [सूत्रे] सूत्रमें [व्यवहारतः] व्यवहारनयसे [उक्ताः] कही गई हैं ।

तात्पर्य—पर्याप्त, अपर्याप्त, बादर, सूक्ष्म आदि देहकी जीवसंज्ञायें व्यवहारनयसे कही गई हैं ।

टीकार्थ—बादर, सूक्ष्म, एकेन्द्रिय, द्वीन्द्रिय, त्रीन्द्रिय, चतुरिन्द्रिय, पञ्चेन्द्रिय, पर्याप्त, अपर्याप्त ऐसे शरीरकी संज्ञावोंको सूत्रमें जीवसंज्ञा द्वारा जो कहा है वह परकी प्रसिद्धिसे घृत के घड़ेकी तरह व्यवहार है । यह व्यवहार ईषत् प्रयोजनके लिये ही है । उसको दृष्टान्त द्वारा स्पष्ट कहते हैं—जैसे कोई पुरुष ऐसा था कि जिसने जन्मसे लेकर घीका ही घड़ा देखा था, घृतसे खाली भिन्न घट नहीं देखा, उसको समझानेके लिए ऐसा कहते हैं कि यह जो घृतका घट है, वह मिट्टीमय है, घृतमय नहीं है, ऐसे उस पुरुषके घटकी प्रसिद्धिसे समझाने वाला भी घृतका घट कहता है, ऐसा व्यवहार है । उसी प्रकार इस अज्ञानी प्राणीके अनादि संसारसे लेकर अशुद्ध जीव ही प्रसिद्ध है, शुद्ध जीवको नहीं जानता, उसको शुद्ध जीवका ज्ञान करानेके लिए ऐसा सूत्रमें कहा है कि जो यह वर्णादिमान् जीव कहा जाता है, वह ज्ञानमय है, वर्णादि-

शेषमन्यद्व्यवहारमात्रं—

पज्जत्तापज्जत्ता जे सुहुमा बादरा य जे चेव ।
देहस्स जीवसण्णा सुत्ते ववहारदो उत्ता ॥६७॥

पर्याप्त अपर्याप्तक, सूक्ष्म तथा बादरादि जो भि कही ।
देहको जीवसंज्ञा, यह सब व्यवहारसे जानो ॥६७॥

पर्याप्तापर्याप्ता ये सूक्ष्मा बादराश्च ये चैव । देहस्य जीवसंज्ञाः सूत्रे व्यवहारतः उक्ताः ॥ ६७ ॥

यत्किल बादरसूक्ष्मैकेन्द्रियद्वित्रिचतुःपंचेन्द्रियपर्याप्तापर्याप्ता इति शरीरस्य संज्ञाः सूत्रे जीवसंज्ञात्वेनोक्ताः अप्रयोजनार्थाः परप्रसिद्ध्या घृतघटवद्व्यवहारः । यथा हि कस्यचिदाजन्मप्रसिद्धैकघृतकुम्भस्य तदितरकुंभानभिज्ञस्य प्रबोधनाय योऽयं घृतकुंभः स मृण्मयो न घृतमय इति

नामसंज्ञ—पज्जत्तापज्जत्त, ज, सुहुम, बादर, य, ज, च, एव, देह, जीवसण्णा, सुत्त, ववहारदो, उत्त । **धातुसंज्ञ**—दिह वृद्धौ, वच्च व्यक्तायां वाचि । **प्रातिपदिक**—पर्याप्तापर्याप्त, यत्, सूक्ष्म, बादर, च,

---

भय नहीं है । इस प्रकार उस अज्ञानी प्राणीके वर्णादिमान् प्रसिद्ध है सो उस प्रसिद्धिसे जीव में वर्णादिमान् होनेका व्यवहार सूत्रमें किया है ।

अब इसी अर्थका कलशरूप काव्य कहते हैं—घृतकुम्भा इत्यादि । **अर्थ**—यह घृतका कुम्भ है, ऐसा कहनेपर भी जीव वर्णादिमान् नहीं है, ज्ञानघन ही है ।

भावार्थ—जिसने पहले घटको मृत्तिकाका नहीं जाना और घृतके भरे घटको लोक घृतका घट कहते हैं ऐसा सुना, वहाँ उसने यही जाना कि घट घृतका ही कहा जाता है । उसको समझानेके लिए मृत्तिकाका घट जानने वाला मृत्तिकाका घट कहकर समझाता है । उसी प्रकार ज्ञानस्वरूप आत्माको तो जिसने जाना नहीं और वर्णादिकके सम्बन्धरूप ही जीव को जाना, उसको समझानेके लिये कहा जाता है कि यह जो वर्णादिमान् जीव है । सो वह ज्ञानघन है, वर्णादिमय नहीं है ।

प्रसंगविवरण—अनन्तरपूर्व गाथामें बताया गया था कि बादर, सूक्ष्म, पर्याप्त, अपर्याप्त आदि सब पुद्गलमयी नामकर्मप्रकृतियों द्वारा रची गई हैं, इस कारण वे सब पौद्गलिक हैं । इस चर्चापर एक प्रश्न होना प्राकृतिक है कि फिर आगममें पर्याप्त, अपर्याप्त, बादर, सूक्ष्म आदि देहोंमें जीवका व्यपदेश क्यों किया गया है । इसी प्रश्नका उत्तर इस गाथामें दिया गया है ।

तथ्यप्रकाश—(१) बादर, सूक्ष्म आदि शरीरकी संज्ञावोंको जीवसंज्ञारूपसे आगममें कहनेका प्रथम प्रयोजन यह है कि साधारण लोग जीवको समझ जावें और उनकी हिंसासे

तत्प्रसिद्ध्या कुम्भे घृतकुम्भव्यवहारः तथास्याज्ञानिनो लोकस्यासंसारप्रसिद्धाशुद्धजीवस्य शुद्धजीवानभिज्ञस्य प्रबोधनाय योऽयं वर्णादिमान् जीवः स ज्ञानमयो न वर्णादिमयः इति तत्प्रसिद्ध्या जीवे वर्णादिमद्व्यवहारः ॥६७॥

यत्, च, एव, देह, जीवसंज्ञा, सूत्र, व्यवहारतः, उक्त। **मूलधातु** -परि-आप्लृ व्याप्तौ, दिह उपचये, सूत्र वेष्टने, वि-अव हृञ् हरणे, वच परिभाषणे। **पदविवरण** -पर्याप्तापर्याप्ताः-प्रथमा बहु०। ये-प्रथमा बहु०। सूक्ष्माः-प्रथमा बहु०। च-अव्यय। ये-प्रथमा बहु०। च-अव्यय। एव-अव्यय। देहस्य-षष्ठी एक०। जीवसंज्ञाः-प्रथमा बहु०। सूत्रे-सप्तमी एक०। उक्ताः-प्रथमा बहुवचन कृदन्त ॥६७॥

बध जावें (२) बादर आदिको जीव कहनेका द्वितीय प्रयोजन यह है कि साधारण जनोंको यथार्थ जीव समझाते समय पहिले तो इन्हें जीव कहकर बताना ही पड़ेगा कि ये वस्तुतः जीव नहीं हैं। (३) वर्णादिक भाव पुद्गलाश्रित होनेसे ये कोइ भी भाव जीव नहीं हैं।

सिद्धान्त--(१) देहोंकी जीवसंज्ञा उपचारसे है। (२) जीव तो शुद्ध ज्ञायकस्वरूप है उसके वर्णादिक नहीं होते, वर्णादिक पौद्गलिक है।

दृष्टि-- १- संश्लिष्टविजात्युपचरित असद्भूतव्यवहार (१२५)। २- विवक्षितैकदेशशुद्धनिश्चयनय (४८)।

प्रयोग--वस्तुतः आत्माको देहसे अत्यन्त पृथक् जानकर चैतन्यस्वभावमात्र अन्तस्तत्त्व में ज्ञातृत्वमय परमविश्राम करनेका पौरुष करना ॥६७॥

जो कि स्वयं अन्तव्यापक होकर आदि-मध्य-अन्तमें व्यापकर पुद्गलपरिणामको ग्रहण करने वाले, पुद्गलपरिणामरूपसे परिणमने वाले और पुद्गलपरिणामरूपसे उत्पन्न होने वाले पुद्-गलद्रव्यके ही द्वारा ही किया जाता है, उसको जानता हुआ भी ज्ञानी स्वयं अन्तव्यापक होकर बाह्यस्थित परद्रव्यके परिणामको आदि और मध्य अन्तमें व्यापकर उस रूप नहीं परिणमन करता, उसको आप ग्रहण नहीं करता और उसमें उपजता भी नहीं है जैसे कि मिट्टी घटरूप को ग्रहण करती है, उसरूप परिणमन करती है, और उसको उपजाती है, इस कारण प्राप्य, विकार्य निर्वर्त्य स्वरूप व्याप्यलक्षण परद्रव्यका परिणाम स्वरूप कर्मको नहीं करते हुए मात्र पुद्गलकर्मको जानते हुए भी ज्ञानीका पुद्गलके साथ कर्तृकर्म भाव नहीं है ।

भावार्थ—पुद्गल कर्मको जीव जानता है तो भी उसका पुद्गलके साथ कर्ताकर्म भाव नहीं है, क्योंकि कर्म तीन प्रकारसे कहा जाता है । जिस परिणामरूप आप परिणमे, वह परि-णाम विकार्य कर्म है । आप किसीको ग्रहण करे, वह वस्तु प्राप्य कर्म है । किसीको आप उत्पन्न करे वह कार्य-निर्वर्त्य कर्म है । जीव अपनेसे भिन्न पुद्गल द्रव्यरूप परमार्थसे नहीं परि-णमन करता, क्योंकि आप चेतन है, पुद्गल जड़ है, चेतन जड़रूप नहीं परिणमन करता, परमार्थसे पुद्गलको ग्रहण भी नहीं करता, क्योंकि पुद्गल मूर्तिक है आप अमूर्तिक है, तथा परमार्थसे पुद्गलको आप उत्पन्न भी नहीं करता । क्योंकि चेतन जड़को किस प्रकार उत्पन्न कर सकता है ? इस प्रकार तीनों ही तरहसे पुद्गल जीवका कर्म नहीं है और जीव उसका

शमिवादिमध्यांतेषु व्याप्य न तं गृह्णाति न तथा परिणमति न तथोत्पद्यते च। ततः प्राप्यं विकार्यं निर्वर्त्यं च व्याप्यलक्षणं एवंलक्षणपरिणामं कर्मानुर्वाणस्य पुद्गलकर्म जानतोपि ज्ञानिनः पुद्गलेन सह न कर्तृकर्मभावः ॥७६॥

अदने भ्वादि-गल स्रवणे चुरादि। **पदविवरण**—न—अव्यय। अपि—अव्यय। परिणमति—वर्तमान लट् अन्य पुरुष एकवचन क्रिया। न—अव्यय। गृह्णाति—वर्तमान लट् अन्य पुरुष एक०। उत्पद्यते—वर्तमान लट् अन्य पुरुष एक०। न—अव्यय। परद्रव्यपर्याये—सप्तमी एक०। ज्ञानी—प्रथमा एक०। जानन्—प्रथमा एकवचन कृदन्त। अपि—अव्यय। खलु—अव्यय। पुद्गलकर्म—प्रथमा एक०। अनेकविधम्—प्रथमा एकवचन ॥७६॥

कर्ता नहीं है। जीवका स्वभाव ज्ञाता है, वह आप ज्ञानरूप परिणमन करता हुआ उसको जानता है। ऐसे जानने वालेका परके साथ कर्ता-कर्मभाव कैसे हो सकता है? नहीं हो सकता।

प्रसंगविवरण—अनन्तरपूर्व गाथामें बताया गया था कि आत्मा कर्म व नोकर्मके परिणामको नहीं करता, ऐसा जो जानता वह ज्ञानी है। इसपर यह प्रश्न होता है कि पुद्गलकर्मको जीव जानता तो है, इस कारण तो जीवका पुद्गलकर्मके साथ कर्तृकर्मत्व भाव होना ही चाहिये उसके उत्तरमें इस गाथाका अवतार हुआ है।

लक्ष्यप्रकाश—(१) अन्तर्व्यापकको कर्ता कहते हैं। (२) अन्तर्व्याप्यको कर्म कहते हैं। (३) प्रत्येक कर्म प्राप्य विकार्य और निर्वर्त्य रूपमें होता है। (४) निश्चयतः प्राप्य विकार्य और निर्वर्त्य अभिन्न व्यापक द्वारा अभिन्न व्याप्य ही होते हैं। (५) पुद्गल कार्माणवर्गणाके प्रकृति अनुभागरूप परिणमनको वह पुद्गलद्रव्य ही ग्रहण कर रहा है वही पुद्गलद्रव्य उस विकाररूप बन रहा है, वही पुद्गलद्रव्य उस रूपसे अपनेको रच रहा है। उस पुद्गलपरिणाम को न जीव ग्रहण कर रहा, न उस विकाररूप बन रहा और न उसरूप अपनेको रच रहा। (६) जीव पुद्गलपरिणामविषयक ज्ञानको ग्रहण कर रहा उस ज्ञानरूप परिणम रहा उसी ज्ञान रूप अपनेको रच रहा सो जीव परद्रव्य पुद्गलकर्मको न ग्रहण कर सकता न कर्मरूप परिणम सकता, न कर्मरूप रचा जा सकता। (७) ज्ञानी पुद्गलकर्मको जानता है तो भी पुद्गलकर्मको कर नहीं सकता, क्योंकि पुद्गलकर्म जीवके द्वारा न प्राप्य है, न विकार्य है और न निर्वर्त्य है।

सिद्धान्त—१—ज्ञानी अनेकविध पुद्गलकर्मका ज्ञाता है। २—ज्ञानी पुद्गलकर्मज्ञेयाकार परिणमित केवल निज आत्माका ज्ञाता है। ३—ज्ञानी पुद्गलकर्मका कर्ता नहीं है।

दृष्टि—१—अपरिपूर्ण उपचरित स्वभावव्यवहार (१०५अ)। २—कारककारकिभेदक सद्भूतव्यवहार (७३)। ३—प्रतिषेधक शुद्धनय प्रतिपादक व्यवहार (७०अ)।

प्रयोग—पुद्गलकर्मका सब कुछ पुद्गलकर्ममें ही होता ऐसा जानकर अपने अकर्ता-स्वभावरूप ज्ञानमात्र निजस्वरूपमें मग्न होनेका पौरुष करना ॥७६॥

स्वपरिणामं जानतो जीवस्य सह पुद्गलेन कर्तृकर्मभावः किं भवति, किं न भवति इति चेत्—

णवि परिणमदि ण गिह्णदि उप्पज्जदि ण परदव्वपज्जाए ।
णाणी जाणंतो वि हु सगपरिणामं अणेयविहं ॥७७॥

ज्ञानी सुजानता भी, नाना अपने विभावभावोंको ।
नहिं परिणमे न पावे, उपजे न परार्थभावोंमें ॥७७॥

नापि परिणमति न गृह्णात्युत्पद्यते न परद्रव्यपर्याये । ज्ञानी जानन्नपि खलु स्वकपरिणाममनेकविधं ॥७७॥

यतो यं प्राप्यं विकार्यं निर्वर्त्यं च व्याप्यलक्षणमात्मपरिणामं कर्म आत्मना स्वयमंतर्व्यापकेन भूत्वादिमध्यांतेषु व्याप्य तं गृह्णता तथा परिणमता तथोत्पद्यमानेन च क्रियमाणं जानन्नपि हि ज्ञानी स्वयमंतर्व्यापको भूत्वा बहिःस्थस्य परद्रव्यस्य परिणामं मृत्तिकाकलशमिवादिमध्यांतेषु

नामसंज्ञ—ण, वि, ण, ण, परदव्वपज्जाय, णाणि, जाणंत, वि, हु, सगपरिणाम, अणेयविह । **धातुसंज्ञ**—परि-नम नम्रीभावे उपसर्गार्थं परिवर्तनम्, गिण्ह ग्रहणे, उव-पज्ज गतौ । **प्रातिपदिक**—न, अपि, न, न, परद्रव्यपर्याय, ज्ञानिन्, जानत्, अपि, खलु, स्वकपरिणाम, अनेकविध । **मूलधातु**—परि-णम प्रह्वत्वे, ग्रह उपादाने, क्र्यादि, उत्-पद गतौ दिवादि, ज्ञा अवबोधने । **पदविवरण**—न—अव्यय । अपि—अव्यय । परि-

---

अब जिज्ञासा होती है कि अपने परिणामोंको जानता हुआ जो जीव है उसका पुद्गल के साथ कर्ता-कर्मभाव है या नहीं ? उसका उत्तर कहते हैं—[**ज्ञानी**] ज्ञानी [**अनेकविधं**] अनेक प्रकारके [**स्वकपरिणामं**] अपने परिणामोंको [**जानन् अपि**] जानता हुआ भी [**खलु**] निश्चयसे [**परद्रव्यपर्याये**] परद्रव्यके पर्यायमें [**नापि परिणमति**] न तो परिणत होता है [**न गृह्णाति**] न उसको ग्रहण करता है [**न उत्पद्यते**] और न उपजता है ।

तात्पर्य—पुद्गलकर्मोदयक्षयोपशमनिमित्तक आत्मपरिणमनोंको भी ज्ञानी जानता है तो भी ज्ञानीका पुद्गलकर्मके साथ कर्ता-कर्मभाव नहीं है ।

टीकार्थ—जिस कारण प्राप्य, विकार्य और निर्वर्त्य ऐसा व्याप्यलक्षण वाले आत्मपरिणामको अपने आप स्वयं अन्तर्व्यापक होकर आदि, मध्य और अन्तमें व्याप्त कर उन्हींको ग्रहण करते हुए उन्हीं रूप परिणमते हुए, उन्हीं रूप उत्पन्न होते हुए अपने आपके द्वारा किये गये अपने परिणामरूप कर्मको जानता हुआ भी ज्ञानी स्वयं अन्तर्व्यापक होकर बाह्य स्थित परद्रव्यके परिणामको 'जैसे मिट्टी कलशको व्याप्त होकर करती है' उस प्रकार आदि, मध्य, अंतमें व्याप्त होकर न तो ग्रहण करता है, न उसरूप परिणमता और न उस प्रकार उपजता है । इस कारण प्राप्य, विकार्य और निर्वर्त्य तीन प्रकारके व्याप्य लक्षण वाले परद्रव्यपरिणामरूप कर्मको न करते हुए व अपने परिणामको जानते हुए भी ज्ञानीका पुद्गलके साथ कर्तृ-कर्मभाव नहीं है । **भावार्थ**—स्वपरभेदविज्ञानी पुद्गलकर्मविपाकनिमित्तक अपने परिणामको

व्याप्य न तं गृह्णाति न तथा परिणमति न तथोत्पद्यते च। ततः प्राप्यं विकार्यं निर्वर्त्यं च व्याप्यलक्षणं परद्रव्यपरिणामं कर्माकुर्वाणस्य स्वपरिणामं जानतोपि ज्ञानिनः पुद्गलेन सह न कर्तृकर्मभावः ॥७७॥

णमति—वर्तमान लट् मध्यम पुरुष एक०। न—अव्यय। गृह्णाति—वर्तमान लट् अन्य पुरुष एक०। उत्पद्यते—वर्तमान लट् अन्य पुरुष एक०। न—अव्यय। परद्रव्यपर्याये—सप्तमी एक०। ज्ञानी—प्रथमा एक० कर्ता। जानन्—प्रथमा एक० कृदन्त। अपि—अव्यय। खलु—अव्यय। स्वकपरिणामं—द्वितीया एक०। अनेकविधं—द्वितीया एकवचन ॥७७॥

जानता भी हो तो भी परद्रव्यका, पुद्गलकर्मका कर्ता नहीं है।

प्रसंगविवरण—अनन्तरपूर्व गाथामें बताया गया था कि पुद्गलकर्मको जानता भी है ज्ञानी तो भी पुद्गलकर्मके साथ जीवका कर्तृकर्मभाव नहीं है। इस विवरणके जाननेके बाद यह जिज्ञासा होती है कि पुद्गलकर्मके साथ क्षयोपशमादिका निमित्त पाकर हुए संकल्प-विकल्प आदि अपने परिणामको तो जीव जानता है फिर तो उस जीवका पुद्गलकर्मके साथ कर्तृ-कर्मभाव होना ही चाहिये। इस जिज्ञासाका समाधान करनेके लिये यह गाथा कही गई है।

तथ्यप्रकाश—(१) पुद्गलकर्मके क्षयोपशमसे या उदयसे हुए संकल्प-विकल्परूप आत्मपरिणामको राग सुख-दुःख आदि आत्मपरिणामको यह जीव जानता है, फिर भी यह पुद्गलकर्मका न कर्ता है, न कर्म है। (२) पुद्गलकर्म तो अपने विपाकोदयादि अवस्थाका कर्ता है, जीवपरिणामका कर्ता नहीं है। (३) कर्मके बन्ध, विपाक आदि परिणमन कर्ममें ही व्याप्य, विकार्य व निर्वर्त्य हैं। (४) जीवके संकल्प-विकल्प सुखवेदन दुःखवेदन आदि परिणाम जीवमें ही व्याप्य, विकार्य व निर्वर्त्य हैं। (५) ज्ञेय ज्ञानमें प्रतिभासित हो यह ज्ञेयके प्रमेयत्व गुणका प्रताप है, ज्ञान ज्ञेयविषयक ज्ञान करे यह ज्ञानस्वभावकी वृत्ति है।

सिद्धान्त—(१) पुद्गलकर्मविपाकोदयका निमित्त पाकर हुए सुख-दुःखादि जीवपरिणामको जीव अनुभवता है। (२) जीवके सुख-दुःखादि परिणामके निमित्तभूत कर्मविपाकोदय का कर्ता पुद्गलकर्म है।

दृष्टि— १– उपाधिसापेक्ष अशुद्ध द्रव्यार्थिकनय (५३)। २– सभेद अशुद्ध निश्चय-नय (४६अ)।

प्रयोग—पुद्गलकर्मसे भिन्न, पुद्गलकर्मनिमित्तक विकारविभावोंको मात्र जानकर उस ज्ञेयविकल्पसे भी हटकर अपने सहज अविकारस्वरूपमें लीन होनेका पौरुष करना ॥७७॥

अब पूछते हैं कि पुद्गलकर्मके फलको जानते हुए जीवका पुद्गलके साथ कर्तृकर्म-भाव है या नहीं ? उसका उत्तर कहते हैं—[ज्ञानी] ज्ञानी [अनंतं] अनन्त [पुद्गलकर्मफलं]

पुद्गलकर्मफलं जानतो जीवस्य सह पुद्गलेन कर्तृकर्मभावः किं भवति, किं न भवतीति चेत्—

णवि परिणमदि ण गिह्णदि उप्पज्जदि ण परदव्वपज्जाए ।
णाणी जाणंतो वि हु पुग्गलकम्मफलमणंतं ॥ ७८ ॥

ज्ञानी सुजानता भी, पुद्गलकर्मोंके फल अनन्तोंको ।
नहिं परिणमे न पावे, उपजे न परार्थभावोंमें ॥७८॥

नापि परिणमति न गृह्णात्युत्पद्यते न परद्रव्यपर्याये । ज्ञानी जानन्नपि खलु पुद्गलकर्मफलमनंतं ॥७८॥

यतो यं प्राप्यं विकार्यं निर्वर्त्यं च व्याप्यलक्षणं सुखदुःखादिरूपं पुद्गलकर्मफलं कर्म पुद्गलद्रव्येण स्वयमंतर्व्यापकेन भूत्वादिमध्यांतेषु व्याप्य तद्गृह्णता तथा परिणमता तथोत्पद्यमानेन च क्रियमाणं जानन्नपि हि ज्ञानी स्वयमंतर्व्यापको भूत्वा बहिःस्थस्य परद्रव्यस्य परिणामं

नामसंज्ञ—ण, वि, ण, ण, परदव्वपज्जाय, णाणि, जाणंत, वि, हु, पुग्गलकम्मफल, अणंत । **धातुसंज्ञ**—परि-णम नम्रीभावे, गिह ग्रहणे, उव-पज्ज गतौ । **प्रातिपदिक**—न, अपि, न, न, परद्रव्यपर्याय, ज्ञानिन्, जानत्, अपि, खलु, पुद्गलकर्मफल, अनन्त । **मूलधातु**—परि-णम प्रह्वत्वे, ग्रह उपादाने क्र्यादि, उत्-पद गतौ दिवादि, ज्ञा अवबोधने, फल निष्पत्तौ भ्वादि । **पदविवरण**—न—अव्यय । अपि—अव्यय । परि-

---

पुद्गलकर्मके फलोंको [**जानन् अपि**] जानता हुआ भी [**खलु**] निश्चयसे [**परद्रव्यपर्याये**] परद्रव्यके पर्यायमें [**नापि**] न तो [**परिणमति**] परिणमन करता है [**न गृह्णाति**] न उसमें कुछ ग्रहण करता तथा [**न उत्पद्यते**] न उसमें उपजता है ।

तात्पर्य—आत्मा पुद्गलकर्मके फलको जानता है तो भी उसका पुद्गलकर्मके साथ कर्ता-कर्मभाव नहीं है ।

टीकार्थ—जिस कारण प्राप्य, विकार्य, और निर्वर्त्य ऐसे जिसका लक्षण व्याप्य है ऐसा तीन प्रकारका सुखदुःखादिरूप पुद्गलकर्मका फल जो कि स्वयं अंतर्व्यापक होकर, आदि मध्य अंतमें व्याप्त होकर ग्रहण करते हुए, उसी प्रकार परिणमन करते हुए तथा उसी प्रकार उत्पन्न होते हुए पुद्गल द्रव्यके द्वारा क्रियमाणको जानता हुआ भी ज्ञानी, आप अंतर्व्यापक होकर बाह्य स्थित परद्रव्यके परिणामको मिट्टी और घड़ेकी भांति आदि, मध्य और अन्तमें व्याप्त कर नहीं ग्रहण करता, उस प्रकार परिणमन भी नहीं करता तथा उस प्रकार उत्पन्न भी नहीं होता ? इस कारण प्राप्य, विकार्य और निर्वर्त्यरूप व्याप्यलक्षण परद्रव्यके परिणामरूप कर्मको नहीं करते हुए, मात्र सुख-दुःखरूप कर्मके फलको जानते हुए भी ज्ञानीका पुद्गलके साथ कर्तृकर्मभाव नहीं है । **भावार्थ**—नैमित्तिक भावको जानता हुआ भी जीव न निमित्तका कर्ता है और न निमित्तका कर्म (कार्य) है ।

प्रसंगविवरण—अनन्तरपूर्व गाथामें बताया गया था कि जीव कर्मविपाकादिनिमित्तक

मृत्तिकाकलशमिवादिमध्यांतेषु व्याप्य न तं गृह्णाति न तथा परिणमति न तथोत्पद्यते च। ततः प्राप्यं विकार्यं निर्वर्त्यं च व्याप्यलक्षणं परद्रव्यपरिणामं कर्माकुर्वाणस्य सुखदुःखादिरूपं पुद्गलकर्मफलं जानतोपि ज्ञानिनः पुद्गलेन सह न कर्तृकर्मभावः ॥७८॥

णमति–वर्तमान लट् अन्य पुरुष एकवचन। न–अव्यय। गृह्णाति–वर्तमान लट् अन्य पुरुष एकवचन। उत्पद्यते–वर्तमान लट् अन्य पुरुष एक०। न–अव्यय। परद्रव्यपर्याये–सप्तमी एक०। ज्ञानी–प्रथमा एक० कर्ता। जानन्–प्रथमा एक० कृदन्त। अपि–अव्यय। खलु–अव्यय। पुद्गलकर्मफलं–द्वितीया एकवचन। अनन्तं–द्वितीया एकवचन ॥७८॥

अपने परिणामको जानता हुआ भी पुद्गलकर्मका न कर्ता है, न कर्म है। इस विवरणके जानने के बाद यह जिज्ञासा होती है कि जब पुद्गलकर्मके फलको जीव जानता है, अनुभवता है तब उस जीवका पुद्गलकर्मके साथ कर्तृकर्मभाव क्यों नहीं होता? इस जिज्ञासाके समाधानमें यह गाथा आई है।

तथ्यप्रकाश—(१) सुख-दुःखादिरूप पुद्गलकर्मविपाक पुद्गलमें ही प्राप्य, विकार्य, निर्वर्त्य हैं। (२) सुख-दुःखादिरूप पुद्गलकर्मविपाकका सान्निध्य पाकर जो तदनुरूप प्रतिफलन उपयोगमें हुआ वह प्रतिफलन जीवमें व्याप्य, विकार्य व निर्वर्त्य है। (३) पुद्गलकर्मफलका जाननहार होकर भी जीव पुद्गलकर्मका न कर्ता है न भोक्ता है।

सिद्धान्त—(१) जीव पुद्गलकर्मफलका जाननहार है। (२) जीव पुद्गलकर्मफल-विषयक ज्ञेयाकार परिणत मात्र अपनेको जानता है। (३) जीव पुद्गलकर्मका न कर्ता है, न भोक्ता है।

दृष्टि— १– अपरिपूर्ण उपचरित स्वभावव्यवहार (१०५अ)। २– कारककारकि-भेदकसद्भूतव्यवहार (७३)। प्रतिषेधक शुद्धनय (४६अ)।

प्रयोग—कर्मफलको कर्ममें अन्तर्व्याप्य निरखकर उसके प्रतिफलनसे प्रभावित न होकर अपने अविकार सहज ज्ञानस्वभावमें परमविश्राम करनेका पौरुष करना ॥७८॥

अब यहाँ पूछते हैं कि जीवके परिणामको तथा अपने परिणामको और अपने परिणामके फलको नहीं जानने वाले पुद्गलद्रव्यका जीवके साथ कर्तृकर्मभाव है या नहीं उसका उत्तर कहते हैं [**पुद्गलद्रव्यं अपि**] पुद्गल द्रव्य भी [**परद्रव्यपर्याये**] परद्रव्यके पर्यायमें [**तथा**] उस प्रकार [**नापि**] नहीं [**परिणमति**] परिणमन करता है, [**न गृह्णाति**] उसको ग्रहण भी नहीं करता और [**न उत्पद्यते**] न उत्पन्न होता है, किन्तु [**स्वकैः भावैः**] अपने भावोंसे ही [**परिणमति**] परिणमन करता है।

तात्पर्य—जैसे जीवका पुद्गलके साथ कर्तृकर्मभाव नहीं, इसी प्रकार पुद्गलद्रव्यका

जीवपरिणामं स्वपरिणामं स्वपरिणामफलं चाजानतः पुद्गलद्रव्यस्य सह जीवेन कर्तृ-कर्मभावः किं भवति, किं न भवतीति चेत्—

णवि परिणमदि ण गिह्णदि उप्पज्जदि ण परदव्वपज्जाए।
पुग्गलदव्वं पि तहा परिणमइ सएहिं भावेहिं ॥ ७६ ॥

पुद्गलकर्म भी तथा, परिणमता है स्वकीय भावोंमें।
नहिं परिणमे न पावे, उपजे न परार्थभावोंमें ॥७६॥

नापि परिणमति न गृह्णात्युत्पद्यते न परद्रव्यपर्याये। पुद्गलद्रव्यमपि तथा परिणमति स्वकैर्भावैः ॥७६॥

यतो जीवपरिणामं स्वपरिणामं स्वपरिणामफलं चाप्यजानत् पुद्गलद्रव्यं स्वयमंतर्व्यापकं भूत्वा परद्रव्यस्य परिणामं मृत्तिकाकलशमिवादिमध्यांतेषु व्याप्य न तं गृह्णाति न तथा परिणमति न तथोत्पद्यते च। किंतु प्राप्यं विकार्यं निर्वर्त्यं च व्याप्यलक्षणं स्वभावं कर्म स्वय-

नामसंज्ञ- ण, वि, ण, ण, परदव्वपज्जाय, पुग्गलदव्व, पि, तहा, सय, भाव। धातुसंज्ञ—परि-नम नश्रीभावे, गिह ग्रहणे, उव-पज्ज गतौ। प्रातिपदिक—न, अपि, न, न, परद्रव्यपर्याय, पुद्गलद्रव्य, अपि, तथा, स्वक, भाव। मूलधातु—परि-णम प्रह्वत्वे, ग्रह उपादाने, उत्-पद गतौ, द्रु गतौ भ्वादि, परि-अय

भी जीवके साथ कर्तृकर्मभाव नहीं है।

टीकार्थ—जिस कारण जीवके परिणामको, अपने परिणामको तथा अपने परिणामके फलको न जानता हुआ पुद्गलद्रव्य परद्रव्य (जीव) के परिणामरूप कर्मको मृत्तिका कलशकी तरह आप अंतर्व्यापक होकर आदि, मध्य और अन्तमें व्याप्त कर नहीं ग्रहण करता उसी प्रकार परिणमन भी नहीं करता है तथा उत्पन्न भी नहीं होता है, परन्तु प्राप्य, विकार्य और निर्वर्त्यरूप व्याप्यलक्षण अपने स्वभावरूप कर्मको अन्तर्व्यापक होकर आदि, मध्य और अन्तमें व्याप्य उसीको ग्रहण करता है, उसी प्रकार परिणत होता है तथा उसी प्रकार उपजता है। इस कारण प्राप्य, विकार्य और निर्वर्त्यरूप व्याप्यलक्षण परद्रव्य (जीव) के परिणामस्वरूप कर्मको न करते हुए जीवके परिणामको, अपने परिणामको तथा अपने परिणामके फलको नहीं जानते हुए पुद्गलद्रव्यका जीवके साथ कर्तृकर्मभाव नहीं है। भावार्थ—यदि कोई माने कि पुद्गल जड़ है वह किसीको जानता नहीं, अतः उसका जीवके साथ कर्तृकर्मभाव हो जायगा, किन्तु यह बात नहीं है। परमार्थसे परद्रव्यके साथ किसीके कर्तृकर्मभाव नहीं है।

अब इसी अर्थका काव्य कहते हैं—ज्ञानी इत्यादि। अर्थ—ज्ञानी तो अपनी और पर की दोनोंकी परिणतिको जानता हुआ प्रवृत्त होता है तथा पुद्गलद्रव्य अपनी और परकी दोनों ही परिणतियोंको नहीं जानता हुआ प्रवृत्त होता है। वे दोनों परस्पर अन्तरंग व्याप्य व्यापक भावको प्राप्त होनेमें असमर्थ हैं, क्योंकि दोनों भिन्न द्रव्य हैं सदाकाल उसमें अत्यन्त भेद है।

मंतर्व्यापकं भूत्वादिमध्यांतेषु व्याप्य समेव गृह्णाति तथैव परिणमति तथैवोत्पद्यते च। ततः प्राप्यं विकार्यं निर्वर्त्यं च व्याप्यलक्षणं परद्रव्यपरिणामं कर्माकुर्वाणस्य [जीवपरिणामं स्वपरिणामं स्वपरिणामफलं चाजानतः पुद्गलद्रव्यस्य जीवेन सह न कर्तृकर्मभावः। ज्ञानी जानन्नपीमां स्वपरपरिणतिं पुद्गलश्चाप्यजानन्, व्याप्तृव्याप्यत्वमंतः कलयितुमसहौ नित्यमत्यंतभेदात्। अज्ञानात्कर्तृकर्मभ्रममतिरनयोर्भाति तावन्न यावत्, विज्ञानार्चिश्चकास्ति क्रकचवददयं भेदमुत्पाद्य सद्यः ॥५०॥ ॥७६॥

गतौ भ्वादि, पूरी अप्यायने दिवादि, गल अदने भ्वादि। **पदविवरण**—न—अव्यय। अपि—अव्यय। परिणमति—वर्तमान लट् अन्य पुरुष एकवचन। न—अव्यय। गृह्णाति—वर्तमान लट् अन्य पुरुष एकवचन। उत्पद्यते—वर्तमान लट् अन्य पुरुष एकवचन। न—अव्यय। परद्रव्यपर्याये—सप्तमी एक०। पुद्गलद्रव्यं—प्रथमा एक० + अपि—अव्यय। तथा—अव्यय। परिणमति, स्वकैः—तृतीया बहुवचन स्वार्थे कः। भावैः—तृतीया बहुवचन ॥७६॥

अतः इनके कर्तृकर्मभाव मानना भ्रमबुद्धि है। सो जब तक इन दोनोंमें करोंतकी तरह निर्दय होकर उसी समय भेदको उपजाकर भेदज्ञान प्रकाश वाला ज्ञान प्रकाशित नहीं होता, यह भ्रमबुद्धि तभी तक है। **भावार्थ**—भेदज्ञान होनेके बाद पुद्गल और जीवके कर्तृकर्मभावकी बुद्धि नहीं रहती, क्योंकि भेदज्ञान नहीं होने तक ही अज्ञानसे कर्तृकर्मभावकी बुद्धि रहती है।

प्रसंगविवरण—अनन्तरपूर्व स्थलमें जीव जीवके ही विषयमें यह बताया गया था कि जीव पुद्गलकर्मको, पुद्गलकर्मफलको व अपने परिणामको जानता है तो भी उसका पुद्गलकर्मके साथ कर्तृकर्मभाव नहीं है। इस विवरणके सुननेके बाद यह जिज्ञासा होती है कि जीवपरिणामको, अपने परिणमनको और अपने विपाकको न जान सकने वाले पुद्गलद्रव्यका जीव के साथ कर्तृकर्मभाव है या नहीं? इसके समाधानमें यह गाथा दी गई है।

तथ्यप्रकाश—(१) पुद्गलकर्म अचेतन है वह न जीवके परिणामको जान सकता है, न अपने (पुद्गलकर्मके) परिणमनको जान सकता है, न अपने (कर्मके) विपाकको जान सकता है। (२) पुद्गलकर्म अपने परिणमनमें व अपने अनुभागमें ही अन्तर्व्यापक है वह जीवके परिणामको न ग्रहण कर सकता, न जीवपरिणामरूप परिणम सकता है, न जीवपरिणामरूपसे उत्पन्न हो सकता है। (३) पुद्गलद्रव्य जीवपरिणामका कर्ता नहीं है।

सिद्धान्त—(१) पुद्गलकार्माणस्कन्ध अपने ही प्रकृतिस्थिति प्रदेश अनुभागरूपमें वर्तता है। (२) जीव संसारदशामें कर्मदशानुरूप अपने उपयोगके परिणमनरूप परिणमता है। (३) पुद्गलद्रव्य जीवके परिणामका न कर्ता है, न भोक्ता है।

दृष्टि—१—सभेद अशुद्ध निश्चयनय (४७अ)। २—सभेद अशुद्ध निश्चयनय

जीवपुद्गलपरिणामयोरन्योन्यनिमित्तमात्रत्वमस्ति तथापि न तयोः कर्तृकर्मभाव इत्याह—

जीवपरिणामहेदुं कम्मत्तं पुग्गला परिणमंति।
पुग्गलकम्मणिमित्तं तहेव जीवो वि परिणमइ ॥८०॥
णवि कुव्वइ कम्मगुणे जीवो कम्मं तहेव जीवगुणे।
अण्णोण्णणिमित्तेण दु परिणामं जाण दोह्णंपि ॥८१॥
एएण कारणेण दु कत्ता आदा सएण भावेण।
पुग्गलकम्मकयाणं ण दु कत्ता सव्वभावाणं ॥८२॥

जीवविभावनि कारण, पुद्गल कर्मत्वरूप परिणमते।
पुद्गलविधिके कारण, तथा यहां जीव परिणमता ॥८०॥
जीव नहिं कर्मके गुण, करता नहिं जीव कर्मके गुणको।
अन्योन्यनिमित्तोंसे, उनके परिणाम होते हैं ॥८१॥
इस कारणसे आत्मा, कर्ता होता स्वकीय भावोंका।
नहिं कर्ता वह पुद्गल, कर्मविहित सर्वभावोंका ॥८२॥

जीवपरिणामहेतुं कर्मत्वं पुद्गलाः परिणमंति। पुद्गलकर्मनिमित्तं तथैव जीवोपि परिणमति। नापि करोति कर्मगुणान् जीवः कर्म तथैव जीवगुणान्। अन्योन्यनिमित्तेन तु परिणामं जानीहि द्वयोरपि। एतेन कारणेन तु कर्ता आत्मा स्वकेन भावेन। पुद्गलकर्मकृतानां न तु कर्ता सर्वभावानां।

यतो जीवपरिणामं निमित्तीकृत्य पुद्गलाः कर्मत्वेन परिणमंति पुद्गलकर्म निमित्तीकृत्य जीवोपि परिणमतीति जीवपुद्गलपरिणामयोरितरेतरहेतुत्वोपन्यासेपि जीवपुद्गलयोः परस्परं

नामसंज्ञ—जीवपरिणामहेदु, कम्मत्त, पुग्गल, पुग्गलकम्मणिमित्त, तह, एव, जीव, वि, ण, वि, कम्मगुण, जीव, कम्म, तह, एव, जीवगुण, अण्णोण्णणिमित्त, दु, परिणाम, दु, वि, एत, कारण, दु, कत्तु, अत्त, सय, भाव, पुग्गलकम्मकय, ण, दु, कत्तु, सव्वभाव। **धातुसंज्ञ**—परि-नम नम्रीभावे, कुव्व करणे, जाण अवबोधने। **प्रकृतिशब्द**—जीवपरिणामहेतु, कर्मत्व, पुद्गल, पुद्गलकर्मनिमित्त, तथा, एव, जीव, अपि, न, अपि, कर्मगुण, जीव, कर्मन्, तथा, एव, जीवगुण, अन्योन्यनिमित्त, तु, परिणाम, द्वि, अपि, एतत्,

---

(४७अ)। ३– प्रतिषेधक शुद्धनय (४६अ)।

प्रयोग—अपने ही परिणमनसे परिणमने वाले पुद्गलकर्मके प्रतिफलनमें रंच भी लगाव न रखकर अपने अविकार सहज ज्ञानस्वरूपमें स्थत्व अनुभवनेका पौरुष करना ॥७६॥

अब कहते हैं कि जीवके परिणाममें और पुद्गलके परिणाममें परस्पर निमित्तमात्रता है तो भी उन दोनोंमें कर्तृकर्मत्व नहीं है—[पुद्गलाः] पुद्गल [जीवपरिणामहेतुं] जीवके परिणामका निमित्त पाकर [कर्मत्वं] कर्मत्वरूप [परिणमंति] परिणमन करते हैं [तथा एव]

व्याप्यव्यापकभावाभावाज्जीवस्य पुद्गलपरिणामानां पुद्गलकर्मणोपि जीवपरिणामानां कर्तृकर्मत्वासिद्धौ निमित्तनैमित्तिकभावमात्रस्याप्रतिषिद्धत्वादितरेतरनिमित्तमात्रीभवनेनैव द्वयोरपि परिणामः। ततः कारणान्मृत्तिकया कलशस्येव स्वेन भावेन स्वस्य भावस्य करणाज्जीवः स्वभाव-

---

कारण, तु, कर्तृ, आत्मन्, स्वक, भाव, पुद्गलकर्मकृत, न, तु, कर्तृ, सर्वभाव। **मूलधातु**– जीव प्राण-धारणे, परि-णम प्रह्वत्वे, नि-ञिमिदा स्नेहने भ्वादि, नि-ञिमिदा स्नेहने दिवादि, अत सातत्यगमने। **पद-विवरण** जीवपरिणामहेतुं–द्वितीया एक०। कर्मत्वं–द्वि० ए०। पुद्गलाः–प्रथमा बहु० कर्ता। परिणमन्ति–वर्तमान लट् अन्य पुरुष बहु०। पुद्गलकर्मनिमित्तं–द्वितीया एक०। तथा–अव्यय। एव–अव्यय। जीवः–

उसी प्रकार **[जीवः अपि]** जीव भी **[पुद्गलकर्मनिमित्तं]** पुद्गलकर्मका निमित्त पाकर **[परिणमति]** परिणमन करता है। तो भी **[जीवः]** जीव **[कर्मगुणान्]** कर्मके गुणोंको **[नापि]** नहीं **[करोति]** करता **[तथैव]** उसी भांति **[कर्म]** कर्म **[जीवगुणान्]** जीवके गुणोंको नहीं करता। **[तु]** किंतु **[द्वयोरपि]** इन दोनोंके **[अन्योन्यनिमित्तेन]** परस्पर निमित्तमात्रसे **[परिणामं]** परिणाम **[जानीहि]** जानो **[एतेन कारणेन तु]** इसी कारणसे **[स्वकेन भावेन]** अपने भावोंसे **[आत्मा]** आत्मा **[कर्ता]** कर्ता कहा जाता है **[तु]** परंतु **[पुद्गलकर्मकृतानां]** पुद्गल कर्म द्वारा किये गये **[सर्वभावानां]** समस्त ही भावोंका **[कर्ता न]** कर्ता नहीं है।

तात्पर्य—जीवभाव व पुद्गलकर्ममें परस्पर निमित्तनैमित्तिकभाव तो है, किन्तु उनमें परस्पर कर्तृकर्मभाव रंच भी नहीं है।

टीकार्थ—जिस कारण जीवपरिणामको निमित्तमात्र करके पुद्गल कर्मभावसे परिणमन करते हैं और पुद्गलकर्मको निमित्तमात्र कर जीव भी परिणमन करता है। ऐसे जीव के परिणामका तथा पुद्गलके परिणामका परस्पर हेतुत्वका स्थापन होनेपर भी जीव और पुद्गलके परस्पर व्याप्यव्यापक भावके अभावसे जीवके तो पुद्गलपरिणामोंका और पुद्गलकर्मके जीवपरिणामोंका कर्तृकर्मपनेकी असिद्धि होनेपर निमित्तनैमित्तिक भावमात्रका निषेध नहीं है, क्योंकि परस्पर निमित्तमात्र होनेसे ही दोनोंका परिणाम है। इस कारण मृत्तिकाके कलशकी तरह अपने भाव द्वारा अपने भावके करनेसे जीव अपने भावका कर्ता सदा काल होता है। तथा मृत्तिका जैसे कपड़ेकी कर्ता नहीं है, वैसे ही जीव अपने भाव द्वारा परके भावोंके करनेकी असमर्थतासे पुद्गलके भावोंका तो कर्ता कभी नहीं है ऐसा निश्चय है। **भावार्थ**—जीव और पुद्गलके परिणामोंकी परस्परनिमित्तमात्रता है तो भी उनमें परस्पर कर्तृकर्मभाव नहीं है। पुद्गलकर्मविपाकके निमित्तसे जो जीवके भाव हुए उन भावोंका कर्ता तो जीवको अज्ञान दशामें कदाचित् कह भी सकते हैं, लेकिन जीव परभावका कर्ता कभी नहीं हो सकता।

स्य कर्ता कदाचित्स्यात् । मृत्तिकया वसनस्येव स्वेन भावेन परभावस्य कर्तुमशक्यत्वात्पुद्गल-भावानां तु कर्ता न कदाचिदपि स्यादिति निश्चयः । ततःस्थितमेतज्जीवस्य स्वपरिणामैरेव सह कर्तृकर्मभावो भोक्तृभोग्यभावश्च ॥८०-८२॥

प्रथम पुद्गलेन कर्ता । अपि–अव्यय । परिणमति–वर्तमान अन्य पुरुष एक० । करोति–वर्तमान लट् अन्य पुरुष एक० । कर्मगुणान्–द्वितीया बहु० । जीवः–प्रथमा एक० । कर्म–प्रथमा एक० । जीवगुणान्–द्वितीया बहु० । अन्योन्यनिमित्तेन–तृतीया एक० । तु, परिणामं–द्वितीया एक० । जानीहि–लोट् आज्ञा मध्यम पुरुष एक० । द्वयोः–षष्ठी द्विवचन । एतेन–तृतीया एक० । कारणेन–तृ० एक० । कर्ता–प्रथमा एक० । आत्मा–प्रथमा एक० । स्वकेन–तृतीया एक० । भावेन–तृतीया एक० । पुद्गलकर्मकृतानां–षष्ठी बहु० । कर्ता–प्रथमा एक० । सर्वभावानां–षष्ठी बहुवचन ॥ ८०-८२ ॥

प्रसंगविवरण—अनन्तरपूर्व स्थलमें जीवका व पुद्गलकर्मका परस्पर कर्तृकर्मभाव होता ही नहीं है इसका भले प्रकार सविवरण वर्णन किया । इसके सुननेपर यह जिज्ञासा होती कि किसी भी पदार्थमें परसम्पर्क बिना विकार ही नहीं होता, यदि परसंग बिना विकार होने लगे तो विकार स्वभाव बन बैठेगा फिर तो विकार कभी नष्ट भी न होगा, संसार ही सदा रहेगा, मुक्ति भी न हो सकेगी । तो विकार कैसे होता इसका समाधान इन ३ गाथाओं में किया गया है ।

तथ्यप्रकाश— १– जीवके कषायभाव व योगका निमित्त पाकर पुद्गल कार्माणवर्गणायें कर्मरूप परिणम जाती हैं । २—पुद्गल कर्मोदयका निमित्त पाकर जीव विभावपरिणामरूप परिणम जाता है । ३—जीवविभाव व कर्मत्वपरिणाममें निमित्तनैमित्तिक भाव होनेपर भी परस्पर कर्तृकर्मत्व बिल्कुल नहीं है । ४– जीव अपने परिणाममें ही व्यापक है अतः जीव अपने परिणामका ही कर्ता भोक्ता है ।

सिद्धान्त—१– पुद्गलकर्मप्रकृतिके विपाकोदयसे जीव विकाररूप परिणमता है । २– जीवविभाव उस समय जीवमें ही व्याप्य है अतः जीवविभाव जीवका कर्म है । ३– कर्मत्व उस समय कार्माणवर्गणामें ही व्याप्य है, अतः कर्मत्व पुद्गलकार्माणवर्गणाका कर्म है ।

दृष्टि—१–उपाधिसापेक्ष अशुद्धद्रव्यार्थिकनय (२४) । २– अशुद्ध निश्चयनय (४७) । ३– कारककारकिभेदक अशुद्ध सद्भूतव्यवहार (७३अ) ।

प्रयोग–विकारोंको नैमित्तिक जानते हुए अस्वरूप जानकर तथा निमित्ताधीन न जानते हुए अपनी भूल पहिचानकर अज्ञान हटाकर अविकार सहजज्ञानस्वरूपमें रमनेका पौरुष करना ॥ ८०-८२ ॥

उपर्युक्त हेतुसे यह सिद्ध हुआ कि जीवका अपने परिणामोंके ही साथ कर्तृकर्मभाव

णिच्छयणयस्स एवं आदा अप्पाणमेव हि करेदि ।
वेदयदि पुणो तं चेव जाण अत्ता दु अत्ताणं ॥८३॥

निश्चयनयदर्शनमें, आत्मा करता है आत्माको ही ।
अपनेको ही आत्मा, अनुभवता भव्य यों जानो ॥८३॥

निश्चयनयस्यैवमात्मानमेव हि करोति । वेदयते पुनस्तं चैव जानीहि आत्मा त्वात्मानं ॥८३॥

यथोत्तरंगनिस्तरंगावस्थयोः समीरसंचरणासंचरणनिमित्तयोरपि समीरपारावारयोर्व्याप्यव्यापकभावाभावात्कर्तृकर्मत्वासिद्धौ पारावार एव स्वयमंतर्व्यापको भूत्वादिमध्यांतेषूत्तरंगनिस्तरंगावस्थे व्याप्योत्तरंगं निस्तरंगं त्वात्मानं कुर्वन्नात्मानमेकमेव कुर्वन् प्रतिभाति न पुनरन्यत् । यथा स एव च भाव्यभावकभावाभावात्परभावस्य परेणानुभवितुमशक्यत्वादुत्तरंगं निस्तरंगं त्वात्मानमनुभवन्नात्मानमेकमेवानुभवन् प्रतिभाति न पुनरन्यत् । तथा ससंसारनिःसंसारावस्थयोः

नामसंज्ञ—णिच्छयणय, एवं, अत्त, अप्प, एव, हि, पुणो, त, च, एव, अत्त, दु, अत्त । **धातुसंज्ञ**—कर करणे, वेद वेदने, जाण अवबोधने । **प्रातिपदिक**—निश्चयनय, एव, आत्मन्, आत्मन्, एव, हि, पुनर्,

---

और भोक्तृभोग्यभाव है, यह अब आगेकी गाथामें कह रहे हैं—[**निश्चयनयस्य**] निश्चयनयके मतमें [**एवं**] इस प्रकार [**आत्मा**] आत्मा [**आत्मानं एव हि**] अपनेको ही [**करोति**] करता है [**तु पुनः**] और फिर [**आत्मा**] वह आत्मा [**तं चैव आत्मानं**] अपनेको ही [**वेदयते**] भोगता है ऐसा तू [**जानीहि**] जान ।

तात्पर्य—वस्तुतः आत्मा अपने परिणमनका ही करता है और अपने परिणमनको ही भोगता है ।

टीकार्थ—जैसे पवनके चलने और न चलनेका निमित्त पाकर तरंगोंका उठना और विलय होना रूप दो अवस्था होनेपर भी पवन और समुद्रके व्याप्यव्यापकभावके अभावसे कर्ताकर्मपनेकी असिद्धि होनेपर समुद्र ही आप उन अवस्थाओंमें अंतर्व्यापक होकर आदि, मध्य और अंतमें उन अवस्थाओंमें व्याप्त होकर उत्तरंगनिस्तरंग रूप अपने एकको ही करता हुआ प्रतिभासित होता है, किसी दूसरेको करता हुआ प्रतिभासित नहीं होता और जैसे कि वही समुद्र उस पवन और समुद्रके भाव्यभावक भावके अभावसे परभावको पररूपसे अनुभव करनेके असामर्थ्यसे उत्तरंगनिस्तरंगस्वरूप अपनेको ही अनुभवता हुआ प्रतिभासित होता है, अन्यको अनुभवता हुआ प्रतिभासित नहीं होता । उसी प्रकार पुद्गलकर्मके उदयके होने व न होनेका निमित्त पाकर जीवकी ससंसार और निःसंसार ये दो अवस्था होनेपर भी पुद्गलकर्म और जीवके व्याप्य-व्यापकभावके अभावसे कर्ताकर्मरूपकी असिद्धि होनेपर जीव ही आप अंतर्व्यापक

पुद्गलकर्मविपाकसंभवासंभवनिमित्तयोरपि पुद्गलकर्मजीवयोर्व्याप्यव्यापकभावाभावात्कर्तृकर्मत्वासिद्धौ जीव एव स्वयमंतर्व्यापको भूत्वादिमध्यांतेषु ससंसारनिःसंसारावस्थे व्याप्य ससंसारं निःसंसारं वात्मानं कुर्वन्नात्मानमेकमेव कुर्वन् प्रतिभातु मा पुनरन्यत्। तथायमेव च भाव्य-

तत् च एव, आत्मन्, आत्मन्। **मूलधातु**- निस्-चि क्षये, अत सातत्यगतौ, डुकृञ् करणे, विद चेतनाख्यानिवासेषु चुरादि। **पदविवरण**--निश्चयनयस्य-षष्ठी एक०। एव-अव्यय। आत्मा-प्रथमा एकवचन। आत्मानं-द्वितीया एक०। एव-अव्यय। हि-अव्यय। करोति-वर्तमान लट् अन्य पुरुष एक०। वेदयते-

होकर आदि, मध्य और अन्तमें ससंसार निःसंसार अवस्थामें व्याप्त होकर ससंसार निःसंसार रूप आत्माको करता हुआ अपने एकको ही करता हुआ प्रतिभासित होओ, अन्यको करता हुआ प्रतिभासित मत होओ। उसी प्रकार यह जीव भाव्यभावकभावके अभावसे परभावको परके द्वारा अनुभव करनेकी असामर्थ्य होनेसे ससंसार निःसंसार रूप एक अपनेको ही अनुभवता हुआ प्रतिभासित होओ, अन्यको करता हुआ प्रतिभासित मत होओ। **भावार्थ**—आत्माकी ससंसार निःसंसार अवस्था परद्रव्य पुद्गलकर्मके सद्भाव व अभावके निमित्तसे है, यहाँ उन अवस्थारूप आप ही यह आत्मा परिणमन करता है इसलिये आत्मा अपना ही कर्ता भोक्ता है, निमित्तमात्र जो पुद्गलकर्म है, उसका कर्ता भोक्ता नहीं है।

प्रसंगविवरण—अनन्तरपूर्व तीन गाथावोंमें बताया था कि जीवपरिणाम व पुद्गल कर्ममें परस्पर निमित्तनैमित्तिक भाव होनेपर भी उनमें कर्तृकर्मत्व व भोक्तृभोग्यत्व नहीं है। इस विवरणको सुनकर यह जिज्ञासा होती है—तो फिर निश्चयसे आत्मा किसे करता है व किसे भोगता है, इसका समाधान इस गाथामें किया गया है।

तथ्यप्रकाश— १- निमित्तनैमित्तिकमें व्याप्यव्यापकभाव नहीं होता। २- उपादान उपादेयमें ही व्याप्यव्यापक भाव होता है। ३- निमित्तसान्निध्यमें होने वाला नैमित्तिक निमित्तका अभाव होनेपर हट जाता है। ४- जीवकी शुद्ध व अशुद्ध अवस्थायें जीवमें व्याप्य हैं अतः जीवकी परिणतियोंका जीव ही कर्ता है व जीव ही भोक्ता है।

सिद्धान्त—१-जीवकी ससंसार अवस्था पुद्गलकर्मविपाकसंभवनिमित्तक है। २-जीव की निःसंसार अवस्था पुद्गलकर्मविपाकासंभवनिमित्तक है। ३-जीवकी अवस्था जीवमें अन्तर्व्याप्य होनेसे जीव अपनी अवस्थाका ही कर्ता भोक्ता है।

दृष्टि—१-उपाधिसापेक्ष अशुद्धद्रव्यार्थिकनय (२४)। २-उपाध्यभावापेक्ष शुद्धद्रव्यार्थिकनय (२४अ)। ३-कारककारकिभेदक सद्भूतव्यवहारनय (७३), कारक कारकिभेदक अशुद्ध सद्भूतव्यवहारनय (७३अ)।

प्रयोग- विकारोंको नैमित्तिक जानकर उनसे उपेक्षा करके अपनी शुद्ध परिणतिके

भावकभावाभावात् परभावस्य परेणानुभवितुमशक्यत्वात्ससंसारं निःसंसारं वात्मानमनुभवन्नात्मानमेकमेवानुभवन् प्रतिभातु मा पुनरन्यत् ॥८३॥

वर्तमान लट् अन्य पुरुष एक० । पुनः—अव्यय । तं—द्वितीया एक० । च—अव्यय । एव—अव्यय । जानीहि—आज्ञार्थ लोट् मध्यम पुरुष एक० । आत्मा—प्रथमा एक० । तु—अव्यय । आत्मानं—द्वितीया एकवचन ॥८३॥

अर्थ सहजशुद्ध स्वभावमें दृष्टि रखना चाहिये ॥८३॥

अब व्यवहारको दिखलाते हैं:—[तु व्यवहारस्य] परंतु व्यवहारनयके दर्शनमें [आत्मा] आत्मा [नैकविधं] अनेक प्रकारके [पुद्गलकर्म] पुद्गल कर्मको [करोति] करता है [पुनः] और फिर [तदेव] उस ही [अनेकविधं] अनेक प्रकारके]पुद्गलकर्म] पुद्गलकर्म को [वेदयते] भोगता है ।

तात्पर्य—निमित्तनैमित्तिकभाव होनेके कारण आत्मा व्यवहारनयसे पुद्गलकर्मको करता है व पुद्गलकर्मको भोगता है ।

टीकार्थ—जैसे अन्तर्व्याप्यव्यापकभावसे मिट्टी घड़ेको करती है तथा भाव्यभावकभाव से मिट्टी घड़ेको भोगती है तो भी बाह्य व्याप्यव्यापकभावसे कलश होनेके अनुकूल व्यापारको अपने हस्तादिकसे करने वाला तथा कलशमें भरे जलके उपयोगसे हुए तृप्तिभावको भाव्यभावक भावसे अनुभव करने वाला कुम्हार इस कलशको बनाता तथा भोगता है, ऐसा लोकोंका अनादिसे प्रसिद्ध व्यवहार रहा है । उसी प्रकार अन्तर्व्याप्यापकभावसे पुद्गलद्रव्य पौद्गलिक कर्मको करता है और भाव्यभावक भावसे पुद्गल द्रव्य ही उस कर्मको अनुभवता (भोगता) है तो भी बाह्य व्याप्यव्यापकभावसे अज्ञानसे पुद्गल कर्मके होनेके अनुकूल अपने रागादि परिणामको करता हुआ और पुद्गलकर्मके उदय होनेसे उत्पन्न विषयोंकी समीपतामें होने वाली अपनी सुखदुःखरूप परिणतिको भाव्यभावकभावसे अनुभव करने वाला जीव पुद्गलकर्मको करता है और भोगता है । ऐसा अज्ञानी लोकोंका अनादिसंसारसे व्यवहार प्रसिद्ध है ।

भावार्थ—परमार्थसे पुद्गलकर्मको पुद्गलद्रव्य ही करता है और पुद्गलकर्मके होनेके अनुकूल अपने रागादिपरिणामोंको जीव करता है, उसके इस निमित्तनैमित्तिकभावको देखकर अज्ञानी जीवको यह भ्रम हो जाता है कि जीव ही पुद्गल कर्मको करता है । सो यह अनादि अज्ञानसे प्रसिद्ध व्यवहार है । और जब तक जीव व पुद्गलका भेदज्ञान नहीं है, तब तक जीवको जीव व पुद्गलकी प्रवृत्ति एक सरीखी दीखती है, श्रीगुरु महाराज दोनोंमें भेदज्ञान कराके परमार्थ जीवका स्वरूप दिखलाकर अज्ञानीके प्रतिभासको व्यवहार कहते हैं ।

प्रसंगविवरण—अनन्तरपूर्व गाथामें बताया गया था कि निश्चयनयके सिद्धान्तमें आत्मा अपने आत्माको ही करता है व अपने आत्माको ही भोगता है । इस कथनपर यह

अथ व्यवहारं दर्शयति—

ववहारस्स दु आदा पुग्गलकम्मं करेदि णेयविहं ।
तं चेव पुणो वेयइ पुग्गलकम्मं अणेयविहं ॥८४॥

व्यवहारके मतोंमें, कर्ता यह जीव विविध कर्मोंका ।
भोक्ता भी नानाविध, उन ही पौद्गलिक कर्मोंका ॥८४॥

व्यवहारस्य त्वात्मा पुद्गलकर्म करोति नैकविधं । तच्चैव पुनर्वेदयते पुद्गलकर्मानेकविधं ॥८४॥

यथांतर्व्याप्यव्यापकभावेन मृत्तिकया कलशे क्रियमाणे भाव्यभावकभावेन मृत्तिकयैवानुभूयमाने च बहिर्व्याप्यव्यापकभावेन कलशसंभवानुकूलं व्यापारं कुर्वाणः कलशकृततोयोपयोगजां तृप्तिं भाव्यभावकभावेनानुभवंश्च कुलालः कलशं करोत्यनुभवति चेति लोकानामनादिरूढोस्ति तावद्व्यवहारः तथांतर्व्याप्यव्यापकभावेन पुद्गलद्रव्येण कर्मणि क्रियमाणे भाव्यभावकभावेन पुद्गलद्रव्येणैवानुभूयमाने च बहिर्व्याप्यव्यापकभावेनाज्ञानात्पुद्गलकर्मसंभवानुकूलं परिणामं

नामसंज्ञ—ववहार, दु, अत्त, पुग्गलकम्म, णेयविह, त, च, एव, पुणो, पुग्गलकम्म, अणेयविह । **धातुसंज्ञ**—कर करणे, वेद वेदने । **प्रातिपदिक**—व्यवहार, तु, आत्मन्, पुद्गलकर्मन्, न, एकविध, तत्, च, एव, पुनः पुद्गलकर्मन्, अनेकविध । **मूलधातु**—वि-अव हृञ् हरणे भ्वादि, विद चेतनाख्याननिवासेषु चुरादि, विध विधाने तुदादि । **पदविवरण**—व्यवहारस्य—षष्ठी एक० । तु—अव्यय । आत्मा—प्रथमा एक० कर्ता । करोति—

जिज्ञासा हुई कि तब फिर व्यवहारनयके सिद्धान्तमें आत्मा किसको करता है व किसको भोगता है ? इसके समाधानमें यह गाथा आई है ।

तत्त्वप्रकाश— १— अन्तर्व्याप्यव्यापकभावसे पुद्गलकर्म उसी पुद्गलकार्माणद्रव्यके द्वारा किये जाते हैं । २— अन्तर्भाव्यभावकभावसे पुद्गलकर्मविपाक उसी पुद्गल कार्माणद्रव्य के द्वारा अनुभूयमान होता है । ३— बहिर्व्याप्यव्यापकभावसे पुद्गलकर्मसंभवानुकूल जीवपरिणाम होनेसे अज्ञानी जीवमें पुद्गलकर्म करनेका आरोप होता है । ४— बहिर्भाव्यभावकभावसे पुद्गलकर्मविपाकनिमित्तक सुखदुःखपरिणामका अनुभव होनेसे अज्ञानी जीवमें पुद्गलकर्मके भोगनेका आरोप होता है ।

सिद्धान्त—(१) पुद्गलकर्मास्रवके निमित्तभूत जीवपरिणाममें (जीवमें) पुद्गलकर्म-कर्तृत्वका आरोप होता है । (२) पुद्गलकर्मविपाकनिमित्तज सुख-दुःख परिणतिको अनुभवने वाले जीवमें पुद्गलकर्मभोक्तृत्वका आरोप होता है ।

दृष्टि— १— परकर्तृत्व असद्भूतव्यवहार (१२६) । २— परभोक्तृत्व असद्भूतव्यवहार (१२६अ) ।

प्रयोग—जीव पुद्गलकर्मको करता है, भोगता है, इस कथनमें निमित्त बतानेका

कुर्वाणः पुद्गलकर्मविपाकसंपादितविषयसन्निधिप्रधावितां सुखदुःखपरिणतिं भाव्यभावकभावेनानुभवंश्च जीवः पुद्गलकर्म करोत्यनुभवति चेत्यज्ञानिनामासंसारप्रसिद्धोस्ति तावद्व्यवहारः ॥८४॥

वर्तमान लट् अन्य पुरुष एक० । अनेकविधं–द्वितीया एकवचन कर्मविशेषण । पुद्गलकर्म–द्वितीया एक० कर्म । तत्–द्वितीया एक० । च–अव्यय । एवं–अव्यय । वेदयते–वर्तमान लट् अन्य पुरुष एक० । पुद्गलकर्म–द्वि० एक० । अनेकविधं–द्वितीया एकवचन कर्मविशेषण ॥८४॥

प्रयोजनमात्र जानकर निमित्तनैमित्तिक भावसे उपेक्षा कर अपने आत्मस्वरूपमें उपयुक्त होनेका पौरुष करना ॥८४॥

अब इस उक्त व्यवहारको दूषित करते हैं:—[यदि] यदि [आत्मा] आत्मा [इदं] इस [पुद्गलकर्म] पुद्गलकर्मको [करोति] करे [च] और [तत् एव] उसी को [वेदयते] भोगे तो [सः] वह [द्विक्रियाव्यतिरिक्तः] आत्मा दो क्रियासे अभिन्न [प्रसजति] प्रसक्त होता है सो यह [जिनावमतं] जिनदेवका अवमत है याने जिनमतसे अलग है ।

तात्पर्य—आत्मा अपने परिणामको तो करता भोगता है ही, अब यदि यह मान लिया जाय कि आत्मा पुद्गलकर्मको भी करता है व पुद्गलकर्मको भी भोगता है तो यह जिनमत नहीं किन्तु पूर्ण मिथ्या है ।

टीकार्थ—निश्चयतः यही सारी ही क्रिया परिणामस्वरूप होनेके कारण परिणामसे कुछ भिन्न वस्तु नहीं है और परिणाम भी परिणाम तथा परिणामी द्रव्य दोनोंकी अभिन्नवस्तुता होनेसे परिणामीसे पृथक् नहीं है । इस प्रकार क्रिया और क्रियावान्की अभिन्नता है । ऐसी वस्तुकी मर्यादा होनेपर जैसे जीव व्याप्यव्यापकभावसे अपने परिणामको करता है और भाव्यभावकभावसे उसी अपने परिणामको अनुभवता है, भोगता है, उसी तरह व्याप्यव्यापक भावसे पुद्गलकर्मको भी करे तथा भाव्यभावकभावसे पुद्गलकर्मका ही अनुभव करे, भोगे तो अपनी और परकी मिली दो क्रियाओंका अभेद सिद्ध हुआ । ऐसा होनेपर अपने और परके भेदका अभाव हुआ । इस प्रकार अनेकद्रव्यस्वरूप एक आत्माको अनुभवने वाला जीव मिथ्यादृष्टि होता है । परन्तु ऐसा वस्तुस्वरूप जिनदेवने नहीं कहा है, इसलिये जिनदेवके मतके बाहर है । **भावार्थ**—जो पुरुष एक द्रव्यको दो द्रव्योंकी क्रियाओंका कर्ता मानता है, यह मिथ्यादृष्टि है, क्योंकि दो द्रव्योंकी क्रिया एक द्रव्यसे मानना यह जिनदेवका मत नहीं है ।

प्रसंगविवरण—अनन्तरपूर्व गाथामें बताया गया था कि जीव पुद्गलकर्मको करता है व भोगता है यह व्यवहारनयका मत है । अब उस व्यवहारको दूषण देनेके लिये यह गाथा आई है ।

तथ्यप्रकाश—(१) परिणति क्रिया पर्यायसे भिन्न नहीं है । (२) पर्याय पर्यायवान्

अथैनं बूचयति—

जदि पुग्गलकम्ममिणं कुव्वदि तं चेव वेदयदि आदा।
दो किरियावदिरित्तो पसज्जए सो जिणावमदं ॥८५॥

यदि आत्मा करता है, अरु भोगता पौद्गलिक कर्मोंको।
तो दोनों हि क्रियाओं–से तन्मयता प्रसक्त हुई ॥८५॥

यदि पुद्गलकर्मेदं करोति तच्चैव वेदयते आत्मा। द्विक्रियाऽव्यतिरिक्तः प्रसजति स जिनावमतं ॥८५॥

इह खलु क्रिया हि तावदखिलापि परिणामलक्षणतया न नाम परिणामतोस्ति भिन्ना, परिणामोपि परिणामपरिणामिनोरभिन्नवस्तुत्वात्परिणामिनो न भिन्नस्ततो या काचन क्रिया किल सकलापि सा क्रियावतो न भिन्नेति क्रियाकर्त्रोरव्यतिरिक्ततायां वस्तुस्थित्या प्रतपत्यां यथा व्याप्यव्यापकभावेन स्वपरिणामं करोति, भाव्यभावकभावेन तमेवानुभवति च जीवस्तथा व्याप्यव्यापकभावेन पुद्गलकर्मापि यदि कुर्यात् भाव्यभावकभावेन तदेवानुभवेच्च ततो यं स्वपरसमवेतक्रियाद्वयाव्यतिरिक्ततायां प्रसजत्यां स्वपरयोः परस्परविभागप्रतास्तमयादेकात्ममेकमात्मानमनुभवन्मिथ्यादृष्टितया सर्वज्ञावमतः स्यात् ॥८५॥

नामसंज्ञा—जदि, पुग्गलकम्म, इम, त, च, एव, अत्त, दोकिरियावदिरित्त, त, जिणावमद। **धातुसंज्ञा**—कुव्व करणे, वेद वेदने, प-सज्ज समवाये। **प्रातिपदिक**—यदि, पुद्गलकर्मन्, इदम्, तत्, च, एव, आत्मन्, द्विक्रियाऽव्यतिरिक्त, तत्, जिनावमत। **मूलधातु**—विद चेतनाख्याननिवासेषु चुरादि, रिचिर् विरेचने रुधादि, रिच वियोजनसम्पर्चनयोः, प्र-पच समवाये। **पदविवरण**—यदि–अव्यय। पुद्गलकर्म–द्वितीया एकवचन। इदम्–द्वितीया एक०। करोति–वर्तमान लट् अन्य पुरुष एक०। तत्–द्वितीया एक०। च–अव्यय। एव–अव्यय। वेदयते–वर्तमान लट् अन्य पुरुष एक०। आत्मा–प्रथमा एक० कर्ता। द्विक्रियाऽव्यतिरिक्तः–प्रथमा एक०। प्रसजति–वर्तमान लट् अन्य पु० एक०। सः–प्रथमा एक०। जिनावमतं–प्रथमा एकवचन ॥८५॥

(द्रव्य) से भिन्न नहीं है। (३) क्रिया क्रियावान (द्रव्य) से भिन्न नहीं है। (४) जीव अपनी ही क्रिया कर सकता है। (५) यदि जीव अपनेको भी करे, भोगे तथा पुद्गलकर्मको भी करे, भोगे तो यह जीव है या कर्म है यह विभाग ही न बन सकेगा और न यों कोई सत् रह सकेगा। (६) व्यवहारसे जीव पुद्गलकर्मको करता, भोगता है इसका अर्थ उपादानरूपसे नहीं है, किन्तु इससे मात्र निमित्तनैमित्तिक भाव ही समझकर वस्तुतः जीवको अकर्ता निरखना।

सिद्धान्त—(१) एक द्रव्य दूसरे द्रव्यकी परिणति नहीं कर सकता। (२) निमित्त बतानेके लिये एक द्रव्यमें दूसरे द्रव्यका कर्तृत्व आरोपित होता है।

दृष्टि— १– परद्रव्यादिग्राहक द्रव्यार्थिकनय (२९)। २– परकर्तृत्व अनुपचरित असद्भूतव्यवहार (१२९)।

कुतो द्विक्रियानुभावी मिथ्यादृष्टिरिति चेत्—

जह्मा दु अत्तभावं पुग्गलभावं च दोवि कुव्वंति ।
तेण दु मिच्छादिट्ठी दोकिरियावादिणो हुंति ॥८६॥

चूंकि उक्त मतद्दष्टमें, आत्माने स्वपरभाव कर डाला ।
सो दोकिरियावादी, मिथ्यादृष्टी हि होते वे ॥८६॥

यस्मात्त्वात्मभावं पुद्गलभावं च द्वावपि कुर्वंति । तेन तु मिथ्यादृष्टयो द्विक्रियावादिनो भवंति ॥८६॥

यतः किलात्मपरिणामं पुद्गलपरिणामं च कुर्वंतमात्मानं मन्यंते द्विक्रियावादिनस्ततस्ते मिथ्यादृष्टय एवेति सिद्धांतः । मा चैकद्रव्येण द्रव्यद्वयपरिणामः क्रियमाणः प्रतिभातु । यथा किल कुलालः कलशसंभवानुकूलमात्मव्यापारपरिणाममात्मनोऽव्यतिरिक्तमात्मनोऽव्यतिरिक्तया परिणतिमात्रया क्रियया क्रियमाणं कुर्वाणः प्रतिभाति न पुनः कलशकरणाहंकारनिर्भरोपि स्वव्यापारानुरूपं मृत्तिकायाः कलशपरिणामं मृत्तिकायाः अव्यतिरिक्तं मृत्तिकायाः अव्यतिरिक्तया परिण-

---

नामसंज्ञा—ज, दु, अत्तभाव पुग्गलभाव, च, दु, वि, त, दु, मिच्छादिट्ठि, दोकिरियावादिण् । धातुसंज्ञा—कुव्व करणे, हो सत्तायां । प्रातिपदिक—यत्, तु, आत्मभाव, पुद्गलभाव, च, द्वि, अपि, तत्, तु,

---

प्रयोग—पुद्गलकर्मके द्रव्य, क्षेत्र, काल, भावसे निराला अपना अन्तस्तत्त्व निरखकर इस निजमें ही ज्ञानवृत्ति बनाये रहनेका पौरुष करना ॥८५॥

यहाँ प्रश्न उठता है कि दो क्रियाओंका अनुभव करने वाला पुरुष मिथ्यादृष्टि कैसे हो सकता है ? उसका समाधान करते हैं—[यस्मात् तु] जिस कारण [आत्मभावं] आत्माके भावको [च] और [पुद्गलभावं] पुद्गलके भावको [द्वौ अपि] दोनों ही को आत्मा [कुर्वन्ति] करते हैं ऐसा कहते हैं [तेन तु] इसी कारण [द्विक्रियावादिनः] दो क्रियाओंको एकके ही कहने वाले [मिथ्यादृष्टयः] मिथ्यादृष्टि ही [भवंति] हैं ।

टीकार्थ—चूंकि द्विक्रियावादी आत्मा और पुद्गल दोनोंके परिणामोंका कर्ता आत्मा को मानते हैं, इस कारण वे मिथ्यादृष्टि ही हैं, ऐसा सिद्धान्त है । सो एक द्रव्यके द्वारा दोनों द्रव्योंका परिणमन किया जा रहा है, ऐसा मुझे प्रतिभासित मत होवे । जैसे कुम्हारके घड़ेके होनेके अनुकूल अपना व्यापाररूप हस्तादिक क्रिया तथा इच्छारूप परिणाम अपनेसे अभिन्न तथा अपनेसे अभिन्नपरिणतिमात्रक्रियासे किये हुएको करता हुआ प्रतिभासित होता है और घट बनानेके अहंकारसे सहित होनेपर भी स्वव्यापारके अनुकूल मिट्टीसे अभेदरूप तथा मिट्टीसे अभिन्न मृत्तिकापरिणतिमात्र क्रिया द्वारा किये हुए मिट्टीके घटपरिणामको करता हुआ नहीं मालूम होता । उसी प्रकार आत्मा भी अज्ञानसे पुद्गलकर्मके अनुकूल अपनेसे अभिन्न, अपनेसे

तिमात्रया क्रियया क्रियमाणं कुर्वाणः प्रतिभाति । तथात्मापि पुद्गलकर्मपरिणामानुकूलमज्ञानादात्मपरिणाममात्मनोऽव्यतिरिक्तमात्मनोऽव्यतिरिक्तया परिणतिमात्रया क्रियया क्रियमाणं कुर्वाणः प्रतिभातु मा पुनः पुद्गलपरिणामकरणाहंकारनिर्भरोपि स्वपरिणामानुरूपं पुद्गलस्य

मिथ्यादृष्टि, द्विक्रियावादिन् । **मूलधातु**—डुकृञ् करणे, वद व्यक्तायां वाचि भ्वादि, वद संदेशवचने चुरादि, दृशिर् प्रेक्षणे, भू सत्तायां । **पदविवरण**—यस्मात्–हेत्वर्थे पंचमी एकवचन । तु–अव्यय ।

अभिन्न अपनी परिणतिमात्र क्रियासे किये हुए आत्मपरिणामको करता हुआ प्रतिभासित होवे, परन्तु पुद्गलपरिणामके करनेके अहंकारसे युक्त होनेपर भी स्वपरिणामके अनुकूल, पुद्गलसे अभिन्न तथा पुद्गलसे अभिन्न पुद्गलकी परिणतिमात्र क्रियासे किये हुए पुद्गलके परिणामको करता हुआ आत्मा मत प्रतिभासो ।

भावार्थ—आत्मा अपने ही परिणामको करता हुआ प्रतिभासित होवे, पुद्गलके परिणामको करता हुआ प्रतिभासित नहीं होवे । आत्मा और पुद्गल इन दोनोंकी क्रियायें एक आत्माकी ही मानने वाला मिथ्यादृष्टि है । यदि जड़ और चेतनकी एक क्रिया हो जाय, तो सर्वद्रव्य पलटनेसे सबका लोप हो जायगा, यह बड़ा भारी दोष है ।

अब इसी अर्थके समर्थनका कलशरूप काव्य कहते हैं—**यः परिणमति** इत्यादि । **अर्थ**—जो परिणमन करता है, वह कर्ता है और उसका परिणाम कर्म है तथा परिणति क्रिया है । ये तीनों ही वस्तुत्वसे भिन्न नहीं हैं । **भावार्थ**—द्रव्यदृष्टिसे परिणाम और परिणामीमें अभेद है तथा पर्यायदृष्टिसे भेद है । वहाँ भेददृष्टिसे तो कर्ता कर्म और क्रिया ये तीन कहे गये हैं और अभेददृष्टिसे वास्तवमें यह कहा गया है कि कर्ता, कर्म और क्रिया—ये तीनों ही एक द्रव्यकी अवस्थायें हैं, वे प्रदेशभेदरूप भिन्न वस्तु नहीं हैं ।

और भी कहते हैं—**एकः** इत्यादि । **अर्थ**—वस्तु अकेली ही सदा परिणमन करती है, एकके ही परिणाम होते हैं अर्थात् एक अवस्थासे अन्य अवस्था होती है । तथा एककी ही परिणति (क्रिया) होती है । यों वस्तु अनेकरूप हुई तो भी वह एक ही वस्तु है, भेद नहीं है । **भावार्थ**—एक वस्तुकी अनेक पर्याय होती हैं, उनको परिणाम भी कहते हैं, अवस्था भी कहते हैं । वे संज्ञा, संख्या, लक्षण, प्रयोजनादिकसे भिन्न-भिन्न प्रतिभास रूप हैं, तो भी एक वस्तु ही हैं, भिन्न नहीं हैं, ऐसा भेदाभेदस्वरूप ही वस्तुका स्वभाव है ।

फिर कहते हैं—**नोभौ** इत्यादि । **अर्थ**—दो द्रव्य एक होकर परिणमन नहीं करते और दो द्रव्यका एक परिणाम भी नहीं होता तथा दो द्रव्यकी एक परिणति (क्रिया) भी नहीं होती । क्योंकि जो अनेक द्रव्य हैं, वे अनेक ही हैं, एक नहीं होते । **भावार्थ**—दो वस्तुयें सर्वथा भिन्न ही हैं, प्रदेशभेदरूप ही हैं, दोनों एकरूप होकर नहीं परिणमन करतीं, एक

परिणामं पुद्गलाद्व्यतिरिक्तं पुद्गलाद्व्यतिरिक्तया परिणतिमात्रया क्रियया क्रियमाणं कुर्वाणः प्रतिभातु । यः परिणमति स कर्ता यः परिणामो भवेत्तु तत्कर्म । या परिणतिः क्रिया सा त्रयमपि भिन्नं न वस्तुतया ॥५१॥ एकः परिणमति सदा परिणामो जायते सदैकस्य । एकस्य परिणतिः स्यादनेकमप्येकमेव यतः ॥५२॥ नोभौ परिणमतः खलु परिणामो नोभयोः प्रजायेत ।

आत्मभावं–द्वितीया एक० । पुद्गलभावं–द्वितीया एक० । च–अव्यय । द्वौ–द्वितीया द्विवचन । अपि–अव्यय । कुर्वन्ति–वर्तमान लट् अन्य पुरुष बहुवचन क्रिया । तेन–हेत्वर्थे तृतीया एक० । तु–अव्यय । मिथ्यादृष्टयः–

परिणामको भी नहीं उपजातीं और एक क्रिया भी उनकी नहीं होती, ऐसा नियम है । यदि दो द्रव्य एकरूप होकर परिणमन करें तो सब द्रव्योंका लोप हो जायगा ।

अब इसी अर्थको दृढ़ करते हैं— **नैकस्य** इत्यादि । **अर्थ**—एक द्रव्यके दो कर्ता नहीं होते, एक द्रव्यके दो कर्म नहीं होते और एक द्रव्यकी दो क्रियायें भी नहीं होतीं, क्योंकि एक द्रव्य अनेक द्रव्यरूप नहीं होता । **भावार्थ**—प्रत्येक द्रव्य अकेला ही अपने आपमें अपनी परिणति करता है ।

अब अज्ञानविलय व बन्धविलयकी भावना करते हैं—**आसंसारत** इत्यादि । **अर्थ**—इस जगतमें मोही अज्ञानी जीवोंका यह "मैं परद्रव्यको करता हूं" ऐसा परद्रव्यके कर्तृत्वका अहंकार रूप अत्यन्त दुर्निवार अज्ञानांधकार अनादि संसारसे लेकर चला आया है । यदि परमार्थ अभेद नयके ग्रहणसे वह एक बार भी नष्ट हो जाय तो ज्ञानघन आत्माको फिर कैसे बंध हो सकता है ? **भावार्थ**— अज्ञान तो अनादिका ही है, परन्तु परमार्थनयके ग्रहणसे यदि दर्शनमोहका नाश कर एक बार यथार्थ ज्ञान होकर क्षायिकसम्यक्त्व उत्पन्न हो जाय तो फिर मिथ्यात्व नहीं आ सकता तब उस मिथ्यात्वका बंध भी नहीं हो सकता और मिथ्यात्व गये बाद संसार-बंधन कैसे रह सकता है ? उसका तो मोक्ष ही होगा ।

और भी कहते हैं—**आत्म** इत्यादि । **अर्थ**—आत्मा तो अपने भावोंको ही करता है और परद्रव्य परके भावोंको करता है । क्योंकि अपने भाव तो अपने ही हैं तथा परभाव परके ही हैं । **भावार्थ**—आत्माका परमें कर्तृत्व नहीं, फिर भी परमें कर्तृत्व माने तो वह अज्ञान है ।

प्रसंगविवरण—अनन्तरपूर्व गाथामें बताया गया था कि एक द्रव्यको दो क्रियावोंका अनुभव करना बताना मिथ्यात्व है । अब उसी सम्बन्धमें पूछा गया कि दो क्रियावोंका अनुभव करने वाला बताना मिथ्यादृष्टि क्यों है ? इसका समाधान इस गाथामें दिया गया है ।

तथ्यप्रकाश—(१) कोई द्रव्य अपना भी परिणमन करे व दूसरेका भी परिणमन करे ऐसी मान्यता मिथ्यात्व है, क्योंकि ऐसा कभी भी होता नहीं । (२) जो पदार्थ परिणमता

उभयोर्न परिणतिः स्याद्यदनेकमनेकमेव सदा ॥५३॥ नैकस्य हि कर्तारौ द्वौ स्तो द्वे कर्मणी न चैकस्य । नैकस्य च क्रिये द्वे एकमनेकं यतो न स्यात् ॥५४॥ आसंसारत एव धावति परं कुर्वेऽहमित्युच्चकैः, दुर्वारं ननु मोहिनामिह महाहंकाररूपं तमः । तद्भूतार्थपरिग्रहेण विलयं यद्येकवारं व्रजेत्, तत्किं ज्ञानघनस्य बंधनमहो भूयो भवेदात्मनः ॥५५॥ आत्मभावान्करोत्यात्मा परभावान्सदा परः । आत्मैव ह्यात्मनो भावाः परस्य पर एव ते ॥५६॥ ॥८६॥

प्रथमा बहु०। द्विक्रियावादिनः—प्रथमा बहु०। भवन्ति—वर्तमान लट् अन्य पु० बहुवचन ॥८६॥

है वह कर्ता है। (३) जो परिणमन होता है वह कर्म है। (४) परिणति ही क्रिया है। (५) कर्ता, कर्म व क्रिया—ये तीनों ही वस्तुपनेसे भिन्न नहीं है। (६) एक परिणमन दो द्रव्योंका नहीं होता। (७) एक द्रव्य दो का परिणमन नहीं करता। (८) जिनको स्वद्रव्यक्षेत्रकालभावमय अंतःस्वरूपकी श्रद्धा है उनके परकर्तृत्वका अहंकार नहीं रहता। (९) जिनके अहंकार नहीं है, उनके संसारबंधन नहीं है।

सिद्धान्त—(१) प्रत्येक द्रव्य अपने ही द्रव्य, क्षेत्र, काल, भावसे ही है। (२) प्रत्येक द्रव्यका कर्तृकर्मत्व स्वयं अपने अपनेमें ही है।

दृष्टि— १– स्वद्रव्यादिग्राहक द्रव्यार्थिकनय (२८)। २– कारककारकिभेदक सद्भूतव्यवहार (७२), कारककारकिभेदक अशुद्ध सद्भूतव्यवहार (७२अ)।

प्रयोग—न तो परमें कुछ किया जा सकता है और न परके द्वारा मुझमें कुछ किया जा सकता है, ऐसे अत्यन्त भिन्न समस्त परद्रव्योंसे लगाव मूलतः नष्ट करके अपनेमें ही मात्र ज्ञानवृत्तिसे वर्तते रहनेका पौरुष करना ॥८६॥

शंका:—परद्रव्यका कर्तृकर्मत्व मानने वाला मिथ्यादृष्टि है यह कहा है। वहाँ यह ज्ञातव्य है कि मिथ्यात्वादिभाव किसके कहें ? यदि जीवके परिणाम कहे जायें तो पहले रागादि भावोंको पुद्गलके परिणाम कहा था, उस कथनसे यहाँ विरोध आता है। यदि पुद्गलके परिणाम कहे जायें तो जीवका कुछ प्रयोजन नहीं, फिर उसका फल जीव क्यों पावे ? अब इस जिज्ञासाका समाधान करते हैं—[पुनः] और [मिथ्यात्वं] जो मिथ्यात्व कहा गया था वह [द्विविधं] दो प्रकारका है [जीवं अजीवं] एक जीव मिथ्यात्व, एक अजीव मिथ्यात्व [तथैव] और उसी प्रकार [अज्ञानं] अज्ञान [अविरतिः] अविरति [योगः] योग [मोहः] मोह और [क्रोधाद्याः] क्रोधादि कषाय [इमे भावाः] ये सभी भाव जीव अजीवके भेदसे दो-दो प्रकारके हैं।

तात्पर्य—कर्मप्रकृतियोंके मिथ्यात्व आदि नाम हैं और उन-उन प्रकृतियोंके उदयके जो जीवमें प्रतिफलित विकार हैं उनके भी ये ही नाम हैं, अतः मिथ्यात्व आदि दो-दो प्रकार के हो गये।

मिच्छत्तं पुण दुविहं जीवमजीवं तहेव अण्णाणं।
अविरदि जोगो मोहो कोहादीया इमे भावा ॥८७॥

मिथ्यात्व दो तरहका, जीव अरु अजीवरूप होता है।
अज्ञान मोह अविरति, क्रोधादि योग भी दो दो ॥८७॥

मिथ्यात्वं पुनर्द्विविधं जीवोऽजीवस्तथैवाज्ञानं। अविरति योगो मोहः क्रोधाद्या इमे भावाः ॥८७॥

मिथ्यादर्शनमज्ञानमविरतिरित्यादयो हि भावाः ते तु प्रत्येकं मयूरमुकुरंदवज्जीवाजीवाभ्यां भाव्यमानत्वाज्जीवाजीवौ। तथाहि—यथा नीलकृष्णहरितपीतादयो भावाः स्वद्रव्यस्वभावत्वेन मयूरेण भाव्यमानाः मयूर एव। यथा च नीलकृष्णहरितपीतादयो भावाः स्वच्छताविकारमात्रेण मुकुरंदेन भाव्यमाना मुकुरंद एव। तथा मिथ्यादर्शनमज्ञानमविरतिरित्यादयो

नामसंज्ञ—मिच्छत्त, पुण, दुविह, जीव, अजीव, तह, एव, अण्णाण, अविरदि, जोग, मोह, कोहादीअ, इम, भाव। **धातुसंज्ञ**—भव सत्तायां। **प्रकृतिशब्द**—मिथ्यात्व, पुनर्, द्विविध, जीव, अजीव, तथा, एव, अज्ञान, अविरति, योग, मोह, इदम्, भाव। **मूलधातु**—विध विधाने, युजिर् योगे रुधादि, मुह वैचित्ये,

---

टीकार्थ—मिथ्यादर्शन, अज्ञान, अविरति इत्यादिक जो भाव हैं वे प्रत्येक पृथक्-पृथक् मयूर और दर्पणकी भाँति जीव अजीवके द्वारा हुवाये गये हैं, इसलिये जीव भी हैं और अजीव भी हैं। जैसे मयूरके नीले, काले, हरे, पीले आदि वर्ण रूप भाव मयूरके निज स्वभावसे भाये हुए मयूर ही हैं। और, जैसे दर्पणमें उन वर्णोंके प्रतिबिम्ब दिखते हैं, वे दर्पणकी स्वच्छता (निर्मलता) के विकार मात्रसे भाये हुए दर्पण ही है। उसी प्रकार मिथ्यादर्शन, अज्ञान, अविरति इत्यादिक भाव अपने अजीवके द्रव्यस्वभावसे (अजीवरूपसे) भाये हुए अजीव ही हैं तथा वे मिथ्यादर्शन, अज्ञान, अविरति आदि भाव चैतन्यके विकारमात्रसे (जीवसे) भाये हुए जीव ही हैं। **भावार्थ**—पुद्गलकर्मके विपाकके निमित्तसे जीव विभावरूप परिणमन करते हैं सो यहाँ वे जो चेतनके विकार हैं, वे जीव ही हैं और जो पुद्गल मिथ्यात्वादिक कर्मरूप परिणमन करते हैं, वे पुद्गलके परमाणु हैं तथा उनका विपाक उदयरूप होकर वे स्वादरूप होते हैं, वे मिथ्यात्वादि अजीव हैं। ऐसे मिथ्यात्वादि भाव जीव अजीवके भेदसे दो प्रकारके हैं—(१) जीव मिथ्यात्वादि, (२) अजीव मिथ्यात्वादि। जो मिथ्यात्वादि कर्मकी प्रकृतियाँ हैं, वे पुद्गलद्रव्यके परमाणु हैं, अजीवमिथ्यात्व है उनका उदय हो तब उपयोगस्वरूप जीवके उपयोगकी स्वच्छताके कारण जिसके उदयका स्वाद आये, तब उसीके आकार उपयोग हो जाता है। और तब अज्ञानी जीवको उसका भेदज्ञान नहीं होता, सो वह उस स्वादको ही अपना भाव जानता है। जब इसका भेदज्ञान ऐसा हो जाय कि जीवभावको जीव जानें और अजीवभावको अजीव जानें, तभी मिथ्यात्वका अभाव होकर सम्यग्ज्ञान होता है।

भावाः स्वद्रव्यस्वभावत्वेनाजीवेन भाव्यमाना अजीव एव । तथैव च मिथ्यादर्शनमज्ञानमविरतिरित्यादयो भावाश्चैतन्यविकारमात्रेण जीवेन भाव्यमाना जीव एव ॥८७॥

क्रुध क्रोधे दिवादि । **पदविवरण**—मिथ्यात्वं–प्रथमा एक० । पुनः–अव्यय । द्विविधं–प्रथमा एक० । जीवः–प्रथमा एक० । अजीवः–प्रथमा एक० । तथा–अव्यय । एव–अव्यय । अज्ञानं–प्रथमा एक० । अविरतिः–प्रथमा एक० । योगः–प्रथमा एक० । मोहः–प्रथमा एक० । क्रोधाद्याः–प्रथमा बहुवचन । इमे–प्रथमा बहु० । भावाः–प्रथमा बहुवचन ॥८७॥

प्रसंगविवरण—अनन्तरपूर्व गाथामें बताया गया था कि एक द्रव्य दूसरे द्रव्यका कभी कर्ता हो ही नहीं सकता । इससे अनन्तरपूर्व स्थलमें कहा गया था कि पुद्गलकर्मका व जीवपरिणामका परस्पर निमित्तनैमित्तिक भावमात्र है । इन तथ्योंको स्पष्ट करनेके लिये दोनों द्रव्योंका स्वतंत्र-स्वतंत्र अनुरूप परिणाम बताने वाली यह गाथा आई है ।

तथ्यप्रकाश—(१) पौद्गलिकमिथ्यात्व आदि प्रकृति उदयका निमित्तमात्र पाकर जीव में जो मिथ्यात्व भाव आदि होता है वह जीवमिथ्यात्व आदि है जो कि पौद्गलिक मिथ्यात्वादिसे भिन्न है । (२) जीवके मिथ्यात्वभाव आदिका निमित्तमात्र पाकर पौद्गलिक कार्माणवर्गणावोंमें जो मिथ्यात्वप्रकृतिरूप आदि कर्मत्व होता है वह पौद्गलिक मिथ्यात्व आदि है जो कि जीव मिथ्यात्व आदिसे भिन्न है जैसे कि मनुष्यमुखका सामना पाकर दर्पणमें जो मुखाकार स्वच्छताविकार है वह फोटो दर्पणमुख है जो कि मनुष्यमुखसे भिन्न है । (३) पुद्गलकर्ममें जो प्रकृति स्थिति प्रदेश अनुभाग है उसका कर्ता व उपादान स्वामी पुद्गल कर्म है । (४) जीवमें जो मिथ्यात्व कषाय विकल्पभाव होता है उसका कर्ता व उपादान जीव है ।

सिद्धान्त—(१) मिथ्यात्व आदि पुद्गलकर्मप्रकृतियोंका कर्ता पुद्गलकार्माणस्कंध है । (२) मिथ्यात्व आदि पुद्गलकर्मप्रकृतियोंकी उद्भूतिका निमित्त जीवपरिणाम है । (३) मिथ्यात्वादि विभावोंका कर्ता संसारी जीव है । (४) मिथ्यात्वादि विभावोंकी उद्भूतिका निमित्त मिथ्यात्वादि कर्मप्रकृतियोंका विपाकोदय है ।

दृष्टि— १– कारककारकिभेदक अशुद्ध सद्भूतव्यवहार (७३अ) । २– उपाधिसापेक्ष अशुद्ध द्रव्यार्थिकनय (२४) । ३– कारककारकिभेदक अशुद्ध सद्भूतव्यवहार (७३अ) । उपाधिसापेक्ष अशुद्ध द्रव्यार्थिकनय (२४) ।

प्रयोग—कर्मविकारोंको कर्ममें और जीवविकारोंको जीवमें निरखकर पराधीनता व कायरताका भाव हटाना चाहिये और निमित्तनैमित्तिक भाव परखकर अपनेको अविकार चैतन्यस्वभावमात्र अङ्गीकार करना चाहिये ॥८७॥

यहाँ पूछते हैं कि मिथ्यात्वादिक जीव अजीव कहे हैं वे कौन हैं, उसको उत्तर कहते हैं— [**मिथ्यात्वं**] जो मिथ्यात्व [**योगः**] योग [**अविरतिः**] अविरति [**अज्ञानं**] अज्ञान

कावि ह जीवाजीवाविति चेत्—

पुग्गलकम्मं मिच्छं जोगो अविरदि अणाणमज्जीवं।
उवओगो अण्णाणं अविरइ मिच्छं च जीवो दु ॥८८॥

पौद्गलिक कर्म मिथ्या, अविरति अज्ञान योग निश्चेतन।
मिथ्या अविरति अज्ञा-न योग उपयोगमय चेतन ॥८८॥

पुद्गलकर्म मिथ्यात्वं योगोऽविरतिरज्ञानमजीवः। उपयोगोऽज्ञानमविरतिर्मिथ्यात्वं च जीवस्तु ॥८८॥

यः खलु मिथ्यादर्शनमज्ञानमविरतिरित्यादिरजीवस्तदमूर्तच्चैतन्यपरिणामादन्यत् मूर्त्तं

नामसंज्ञ—पुग्गलकम्म, मिच्छ, जोग, अविरदि, अण्णाण, अज्जीव, उवओग, अण्णाण, अविरदि, मिच्छ, च, जीव, दु। **धातुसंज्ञ**—जीव प्राणधारणे। **प्रातिपदिक**—पुद्गलकर्मन् मिथ्यात्व, योग, अविरति, अज्ञान, अजीव, उपयोग, अज्ञान, अविरति, मिथ्यात्व, च, जीव, तु। **मूलधातु**—पूरी आप्यायने, गल अदने, डुकृञ् करणे, युजिर् योगे, अ-ज्ञा अवबोधने। **पदविवरण**—पुद्गलकर्म–प्रथमा एक०। मिथ्यात्वं–प्रथमा एक०। योगः–प्रथमा एक०। अविरतिः–प्रथमा एक०। अज्ञानं–प्रथमा एक०। अजीवः–प्रथमा एक०।

[अजीवः] अजीव है वह तो **[पुद्गलकर्म]** पुद्गलकर्म है **[च]** और जो **[अज्ञानं]** अज्ञान **[अविरतिः]** अविरति **[मिथ्यात्वं]** मिथ्यात्व **[जीवः]** जीव है **[तु]** सो **[उपयोगः]** उपयोग है।

तात्पर्य—मिथ्यात्वादिक कर्मप्रकृतियाँ तो अजीव हैं और उन प्रकृतियोंके विपाकका सान्निध्य पाकर उपयोगमें जो उस विपाकका प्रतिफलन व विकल्प होता है वह जीव (जीव-विकार) है।

सिद्धान्त—(१) प्रत्येक द्रव्य अपने ही परिणामरूपसे परिणमता है । (२) आत्मा उपादानरूपसे परद्रव्योंका कर्ता नहीं है ।

दृष्टि—१– स्वद्रव्यादिग्राहक द्रव्यार्थिकनय (२८) । २– परद्रव्यादिग्राहक द्रव्यार्थिक-नय (२९) ।

प्रयोग—अपनेको समस्त परसे भिन्न अतन्मय निहारकर अपने ज्ञानस्वरूपमें ही उप-योग रखनेका पौरुष करना ॥९९॥

अब कहते हैं कि आत्मा व्याप्य-व्यापक भावसे तो परका कर्ता है ही नहीं, और निमित्तनैमित्तिक भावसे भी कर्ता नहीं है—[जीवः] जीव [घटं] घड़ेको [न करोति] नहीं करता [एव] और [पटं] पटको भी [न] नहीं करता [शेषकाणि] शेष [द्रव्याणि] द्रव्यों को भी (नैव) नहीं करता (योगोपयोगौ च) किन्तु जीवके योग और उपयोग दोनों (उत्पा-दकौ) घटादिक के उत्पन्नकरने वाले निमित्त हैं (तयोः) सो उन दोनोंका याने योग और उप-योगका यह जीव (कर्ता) कर्ता (भवति) है ।

तात्पर्य—जीव घट-पटादिक करनेका निमित्त भी नहीं है, किन्तु जीवका योग व उपयोग घटादिकके होनेका निमित्त हो सकता है ।

टीकार्थ—वास्तवमें घटादिक तथा क्रोधादिक परद्रव्यस्वरूप जो कर्म हैं उनको यह आत्मा व्याप्यव्यापकभावसे नहीं करता । क्योंकि यदि ऐसे करे तो उनसे तन्मयताका प्रसंग आ जायगा । तथा यह आत्मा घट-पटादिको निमित्तनैमित्तिकभावसे भी नहीं करता, क्योंकि ऐसे करे तो सदा सब अवस्थाओंमें कर्तृत्वका प्रसंग आ जायगा । तब इन कर्मोंको कौन करता है, सो कहते हैं । इस आत्माके अनित्य योग और उपयोग ये दोनों जो कि सब अवस्थाओंमें व्यापक नहीं हैं, वे उन घटादिकके तथा क्रोधादि परद्रव्यस्वरूप कर्मोंके निमित्तमात्रसे कर्ता

निमित्तनैमित्तकभावेनापि न कर्तास्ति—

जीवो ण करेदि घडं णेव पडं णेव सेसगे दव्वे।
जोगुवओगा उप्पादगा य तेसिं हवदि कत्ता ॥१००॥

न निमित्तरूपमें भी, आत्मा करता घटादि द्रव्योंको।
योगोपयोग कारण, उनका ही जीव कर्ता है ॥१००॥

जीवो न करोति घटं नैव पटं नैव शेषकानि द्रव्याणि। योगोपयोगावुत्पादकौ च तयोर्भवति कर्ता ॥१००॥

यत्किल घटादि क्रोधादि वा परद्रव्यात्मकं कर्म तदयमात्मा तन्मयत्वानुपंगाद् व्याप्य-व्यापकभावेन तावन्न करोति नित्यकर्तृत्वानुषंगान्निमित्तनैमित्तिकभावेनापि न तत्कुर्यात्। अनि-

---

नामसंज्ञ—जीव, ण, घड, ण, एव, पड, सेसग, दव्व, जोगुवओग, उप्पादग, य, त, कत्तार। **धातु-संज्ञ**—कर करणे, उव-उंज योगे, हव सत्तायां। **प्रकृतिशब्द**—जीव, न, घट, न, एव, पट, न, एव, शेषक, द्रव्य, योगोपयोग, उत्पादक, च, तत्, कर्तृ। **मूलधातु**—जीव प्राणधारणे, डुकृञ् करणे, घट संघाते, पट गतौ, शिष असर्वोपयोगे चुरादि, द्रु गतौ, युजिर् योगे, उत्-पद गतौ चुरादि दिवादि णिच् कृदन्त, भू सत्तायां। **पदविवरण**—जीवः—प्रथमा एक०। न—अव्यय। करोति—वर्तमान लट् अन्य पुरुष एकवचन।

कहे जाते हैं। योग तो आत्माके प्रदेशोंका चलनरूप व्यापार है और उपयोग आत्माके चैतन्य का रागादि विकाररूप परिणाम है। सो कदाचित् अज्ञानसे इन दोनोंको करनेसे इनका आत्मा को भी कर्ता कहा जावे, तो भी वह परद्रव्यस्वरूप कर्मका तो कर्ता कभी भी नहीं है।

भावार्थ—आत्माके योग, उपयोग, घटादि तथा क्रोधादिकके निमित्त हैं, सो योग उपयोगको तो उनका निमित्तकर्ता कहा जा सकता है, परन्तु आत्माको उनका निमित्तकर्ता भी नहीं कहा जा सकता। तथा आत्मा योग उपयोगका कर्ता संसार अवस्थामें अज्ञानसे है। तात्पर्य यह है कि द्रव्यदृष्टिसे तो कोई द्रव्य अन्य किसी द्रव्यका कर्ता नहीं है, परन्तु पर्यायदृष्टि से किसी द्रव्यका पर्याय किसी समय किसी अन्य द्रव्यके पर्यायके लिये निमित्त होता है। इस अपेक्षासे अन्यके परिणाम अन्यके परिणामके निमित्तकर्ता कहे जाते हैं, परन्तु परमार्थसे द्रव्य अपने परिणामका कर्ता है, किसीके परिणामका अन्य द्रव्य कर्ता कभी हो ही नहीं सकता।

प्रसंगविवरण—अनन्तरपूर्व गाथामें बताया गया था कि आत्मा घट पट आदिको कर्म नोकर्म आदिको करता है यह जो व्यवहार है वह सत्यार्थ नहीं है क्योंकि आत्मा उपादान रूपसे किसी भी परद्रव्यको नहीं करता। अब इसी विषयमें इस गाथामें बताया है कि वास्तव में तो आत्मा घटादिक व क्रोधादिक परद्रव्यात्मक परिणामका निमित्तनैमित्तिकभावसे भी कर्ता नहीं है, किन्तु आत्माके योग उपयोग ही उनके निमित्तरूपसे कर्ता हैं।

तथ्यप्रकाश—१—यदि घटादिक व क्रोधादिक परद्रव्यपरिणामका आत्मा उपादानरूपसे

त्यौ योगोपयोगावेव तत्र निमित्तत्वेन कर्तारौ योगोपयोगयोस्त्वात्मविकल्पव्यापारयोः कदाचिदज्ञानेन करणादात्मापि कर्तास्तु तथापि न परद्रव्यात्मकर्मकर्ता स्यात् ॥१००॥

घटं–द्वितीया एकवचन। न–अव्यय। एव–अव्यय। शेषकानि–द्वितीया बहु०। द्रव्याणि–द्वि० बहु०। योगोपयोगौ–प्रथमा द्विवचन। उत्पादकौ–प्रथमा द्विवचन। च–अव्यय। तेषां–षष्ठी बहु०। भवति–वर्तमान लट् अन्य पुरुष एकवचन। कर्ता–प्रथमा एकवचन ॥१००॥

कर्ता होता तो आत्मा घटादिमय व क्रोधादिमय हो जाता यह प्रसंगदोष आता। २–आत्मा यदि घटादिक व क्रोधादिक परद्रव्यपरिणामका निमित्तरूपसे कर्ता होता तो सदैव उनका कर्ता रहनेका प्रसंगदोष आता। ३–आत्माके योग उपयोग ही घटादि व क्रोधादि परद्रव्यात्मकपरिणामके निमित्तपनेसे कर्ता हैं याने योगोपयोगका निमित्त पाकर पुद्गलस्कंध स्वयं घटादि व कर्मादिरूप परिणम जाते हैं। ४–आत्मा अज्ञानसे वैसे विकल्प व व्यापार रूप परिणमता है, अतः आत्मा योग (व्यापार) व उपयोग (विकल्प) का कदाचित् कर्ता है। ५–आत्मद्रव्य परद्रव्यात्मक परिणामका कर्ता न उपादानरूपसे है और न निमित्तरूपसे है।

सिद्धान्त—१–आत्मा किसी भी परद्रव्यभावका कर्ता नहीं। २–आत्माके विकल्प व व्यापारका निमित्त पाकर घटादिक व कर्मादिक परद्रव्यपरिणाम होता है।

दृष्टि—१– प्रतिषेधक शुद्धनय (४६अ)। २– उपाधिसापेक्ष अशुद्ध द्रव्यार्थिकनय।

प्रयोग—ज्ञानमात्र एक ज्ञायकस्वभाव मैं आत्मद्रव्य किसी भी परद्रव्यपरिणामका न तो उपादानरूपसे कर्ता हूं और न निमित्तरूपसे कर्ता हूं, मैं तो अकर्तृस्वभाव ध्रुव सहजज्ञान स्वभावमें रमकर कृतार्थ होऊंगा ऐसा ज्ञानप्रयोग करना चाहिये ॥१००॥

अब कहते हैं कि ज्ञानी ज्ञानका ही कर्ता है:—[**पुद्गलद्रव्याणां**] पुद्गल द्रव्योंके [**परिणामाः**] परिणाम ये जो [**ज्ञानावरणानि**] ज्ञानावरणादिक [**भवंति**] हैं [**तानि**] उनको [**आत्मा**] आत्मा [**न करोति**] नहीं करता, ऐसा [**यः**] जो [**जानाति**] जानता है [**सः**] वह [**ज्ञानी**] ज्ञानी [**भवति**] है।

तात्पर्य—ज्ञानीको दृढ़ श्रद्धा है कि आत्मा जानन सिवाय अन्य कुछ किसीका नहीं करता, सो वह कर्मको भी जान रहा है, करता नहीं।

टीकार्थ—वास्तवमें जो पुद्गलद्रव्यके परिणाम गोरसमें व्याप्त दही दूध मीठा खट्टा परिणाम की भांति पुद्गलद्रव्यसे व्याप्त होनेसे ज्ञानावरणादिक हैं उनको निकट बैठा गोरसाध्यक्षकी तरह ज्ञानी कुछ भी नहीं करता है। किन्तु जैसे वह गोरसाध्यक्ष गोरसके दर्शनको अपने परिणामसे व्यापकर मात्र देखता ही है, उसी प्रकार ज्ञानी पुद्गलपरिणामनिमित्तक अपने ज्ञानको जो कि अपने व्याप्यरूपसे हुआ उसको व्यापकर जानता ही है। इस प्रकार

ज्ञानी ज्ञानस्यैव कर्ता स्यात्:—

जे पुग्गलदव्वाणं परिणामा होंति णाणआवरणा ।
ण करेदि ताणि आदा जो जाणदि सो हवदि णाणी ॥१०१॥

जो पुद्गल द्रव्योंके, ज्ञानावरणादि कर्म बनते हैं ।
उनको न जीव करता, यों जो जाने वही ज्ञानी ॥१०१॥

ये पुद्गलद्रव्याणां परिणामा भवंति ज्ञानावरणानि । न करोति तान्यात्मा यो जानाति स भवति ज्ञानी ।

ये खलु पुद्गलद्रव्याणां परिणामा गोरसव्याप्तदधिद्रुग्धमधुराम्लपरिणामवत्पुद्गलद्रव्य व्याप्यत्वेन भवंतो ज्ञानावरणानि भवंति तानि तटस्थगोरसाध्यक्ष इव न नाम करोति ज्ञानी किंतु यथा स गोरसाध्यक्षस्तद्दर्शनमात्मव्याप्यत्वेन प्रभवद्व्याप्य पश्यत्येव तथा पुद्गलद्रव्यपरिणाम-निमित्तं ज्ञानमात्मव्याप्यत्वेन प्रभवद्व्याप्य जानात्येव ज्ञानी ज्ञानस्यैव कर्ता स्यात् । एवमेव च

नामसंज्ञ– ज, पुग्गलदव्व, परिणाम, णाणआवरण, ण, त, अत्त, ज, त, णाणि । **धातुसंज्ञ**– हो सत्तायां, कर करणे, जाण अवबोधने, हव सत्तायां । **प्रातिपदिक**– यत्, पुद्गलद्रव्य, परिणाम, ज्ञानावरण, न, तत्, आत्मन्, यत्, तत्, ज्ञानिन् । **मूलधातु**– पूरी आप्यायने, गल स्रवणे चुरादि, डुकृञ् करणे, अत सातत्यगतौ । **पदविवरण**– ये–प्रथमा बहु० । पुद्गलद्रव्याणां–षष्ठी बहु० । परिणामाः–प्रथमा बहु० । भवन्ति–वर्तमान लट् अन्य पुरुष

ज्ञानी ज्ञानका ही कर्ता होता है । इसी प्रकार ज्ञानावरण पदके स्थानमें कर्मसूत्रके विभागकी स्थापनासे दर्शनावरण, वेदनीय, मोहनीय, आयु, नाम, गोत्र और अन्तराय इनके सात सूत्रोंसे और उनके साथ मोह, राग, द्वेष, क्रोध, मान, माया, लोभ, नोकर्म, मन, वचन, काय, श्रोत्र, चक्षु, घ्राण, रसन और स्पर्शन ये सोलह सूत्र व्याख्यानके योग्य हैं । तथा इसी रीतिसे अन्य भी विचार किये जाने योग्य हैं ।

प्रसंगविवरण—अनन्तरपूर्व गाथामें बताया गया था कि आत्मा परद्रव्यात्मक परिणामका न उपादानरूपसे कर्ता है और न निमित्तरूपसे कर्ता है । इस विवरणपर जिज्ञासा हुई कि फिर आत्मा वास्तवमें किसका कर्ता है इसका समाधान इस गाथामें किया है ।

तत्त्वप्रकाश—१–पुद्गलस्कन्धोंके ज्ञानावरणादिक परिणमन पुद्गलस्कंधोंमें व्याप्यरूप से होते हैं । २–उन ज्ञानावरणादिक कर्मपरिणामको आत्मा करता नहीं, किन्तु मात्र जानता है । ३–वह पुद्गलद्रव्यपरिणामविषयक ज्ञान आत्मामें व्याप्यरूपसे होता है, अतः ज्ञानी ज्ञान का ही कर्ता है ।

सिद्धान्त—१–पुद्गलद्रव्योंके परिणाम ज्ञानावरणादिक पुद्गलद्रव्योंमें ही व्याप्त हैं । २–पुद्गलद्रव्योंसे विविक्त होनेसे उनके परिणामका आत्मा कर्ता नहीं है ।

ज्ञानावरणपदपरिवर्तनेन कर्मसूत्रस्य विभागेनोपन्यासाद्दर्शनावरणवेदनीयमोहनीयायुर्नामगोत्रांतरायसूत्रैः सप्तभिः सह मोहरागद्वेषक्रोधमानमायालोभनोकर्ममनोवचनकायश्रोत्रचक्षुर्घ्राणरसनस्पर्शनसूत्राणि षोडश व्याख्येयानि। अनया दिशान्यान्यप्यूह्यानि ॥१०१॥

बहु०। ज्ञानावरणानि–प्रथमा बहु०। न–अव्यय। करोति–वर्तमान लट् अन्य पुरुष एकवचन। तानि–द्वितीया बहु०। आत्मा–प्रथमा एक०। यः–प्र० ए०। जानाति–वर्तमान लट् अन्य पुरुष एक०। सः–प्रथमा एक०। भवति–वर्तमान लट् अन्य पुरुष एक०। ज्ञानी–प्रथमा एकवचन ॥१०१॥

दृष्टि—१– अशुद्धनिश्चयनय (४७)। प्रतिषेधक शुद्धनय (४९अ)।

प्रयोग—पुद्गलोंके परिणामको पुद्गलोंमें ही जानकर व अपने ज्ञानपरिणामको अपने में ही जानकर एकत्वविभक्त निज ज्ञायक स्वरूपका आश्रय लेकर सहज आनन्दका अनुभवन करना ॥१०१॥

अब कहते हैं कि अज्ञानी भी परद्रव्यके भावका कर्ता नहीं है:—**(आत्मा)** आत्मा **(यं)** जिस **(शुभं वाऽशुभं)** शुभ अशुभ **(भावं)** अपने भावको **(करोति)** करता है **(खलु)** वास्तवमें **(सः)** वह **(तस्य)** उस भावका **(कर्ता)** कर्ता होता है **(तत्)** वह भाव **(तस्य)** उसका **(कर्म)** कर्म **(भवति)** होता है **(तु स आत्मा)** और वही आत्मा **(तस्य)** उस भावरूप कर्मका **(वेदकः)** भोक्ता होता है।

तात्पर्य—आत्मा अपने ही भावका कर्ता होता है व अपने ही भावका भोक्ता होता है।

टीकार्थ—इस लोकमें आत्मा अनादिकालसे अज्ञानसे पर और आत्माके एकत्वके निश्चयसे तीव्र मंद स्वादरूप पुद्गल कर्मकी दोनों दशाओंसे स्वयं अचलित विज्ञानघनरूप एक स्वादरूप आत्माके होनेपर भी स्वादको भेदरूप करता हुआ शुभ तथा अशुभ अज्ञानरूप भाव को अज्ञानी करता है। वह आत्मा उस समय उस भावसे तन्मय होनेसे उस भावके व्यापकताके कारण उस भावका कर्ता होता है। तथा वह भाव भी उस समय उस आत्माकी तन्मयतासे उस आत्माका व्याप्य होता है, इसलिये उसका कर्म होता है। वही आत्मा उस समय उस भावकी तन्मयतासे उस भावका भावक होनेके कारण उसका अनुभव करने वाला होता है। वह भाव भी उस समय उस आत्माके तन्मयपनेसे आत्माके भावने योग्य होनेके कारण अनुभवने योग्य (भोगने योग्य) होता है। इस प्रकार अज्ञानी भी परभावका कर्ता नहीं है।

भावार्थ—अज्ञानी भी अपने अज्ञानभावरूप शुभाशुभभावोंका ही अज्ञान अवस्थामें कर्ता भोक्ता है, परद्रव्यके भावका कर्ता भोक्ता नहीं है।

प्रसंगविवरण—अनन्तरपूर्व गाथामें बताया गया था कि ज्ञानी ज्ञानका ही कर्ता है। अब इसी संदर्भसे सम्बन्धित यह तथ्य इस गाथामें बताया है कि वास्तवमें अज्ञानी जीव भी

अज्ञानी चापि परभावस्य न कर्ता स्यात्—

जं भावं सुहमसुहं करेदि आदा स तस्स खलु कत्ता ।
तं तस्स होदि कम्मं सो तस्स दु वेदगो अप्पा ॥१०२॥

जिस भाव शुभाशुभको, करता उसका है आत्मा कर्ता ।
उसका कर्म वही है, वह आत्मा भोगता उसको ॥१०२॥

यं भावं शुभमशुभं करोत्यात्मा स तस्य खलु कर्ता । तत्तस्य भवति कर्म स तस्य तु वेदक आत्मा ॥१०२॥

इह खल्वनादेरज्ञानात्परात्मनोरेकत्वाध्यासेन पुद्गलकर्मविपाकदशाभ्यां मंदतीव्रस्वादाभ्यामचलितविज्ञानघनैकस्वादस्याप्यात्मनः स्वादं भिदानः शुभमशुभं वा योयं भावमज्ञानरूपमात्मा करोति स आत्मा तदा तन्मयत्वेन तस्य भावस्य व्यापकत्वाद् भवति कर्ता स भावोऽपि च तदा तन्मयत्वेन तस्यात्मनो व्याप्यत्वाद् भवति कर्म । स एव च आत्मा तदा तन्मयत्वेन तस्य भावस्य भावकत्वाद्भवत्यनुभविता, स भावोपि च तदा तन्मयत्वेन तस्यात्मनो भाव्यत्वात् भवत्यनुभाव्यः । एवमज्ञानी चापि परभावस्य न कर्ता स्यात् ॥१०२॥

नामसंज्ञा—ज, भाव, सुह, असुह, अत्त, त, त, खलु, कत्तार, त, दु, वेदग, अप्प । **धातुसंज्ञा**—कर करणे, हो सत्तायां, वेद वेदने । **प्रकृतिशब्द**—यत्, भाव, शुभ, अशुभ, आत्मन्, तत्, खलु, कर्तृ, तत्, कर्मन्, तत्, तु, वेदक, आत्मन् । **मूलधातु**—शुभ शोभार्थे तुदादि, शुभ दीप्तौ भ्वादि, विद चेतनाख्याननिवासेषु चुरादि । **पदविवरण**—यं—द्वितीया एकवचन । भावं—द्वि० एक० कर्मकारक । शुभं—द्वि० ए० कर्मविशेषण । करोति—वर्तमान लट् अन्य पुरुष एक० । आत्मा—प्रथमा एक० कर्ताकारक । सः—प्रथमा एक० । तस्य—षष्ठी एकवचन । खलु—अव्यय । कर्ता—प्रथमा एक० । तत्—प्रथमा एक० । तस्य—षष्ठी एक० । भवति—वर्तमान लट् अन्य पुरुष एक० । कर्म—प्र० ए० । सः—प्र० ए० । तस्य—षष्ठी एक० । तु—अव्यय । वेदकः—प्र० ए० । आत्मा—प्रथमा एकवचन कर्ताकारक ॥१०२॥

परभावका कर्ता नहीं होता ।

तत्त्वप्रकाश—१— अज्ञानी जीव पर और आत्मामें एकत्वका अध्यास करता है वह भी अशुद्धोपादान जीवका परिणाम है । २— अज्ञानी पुद्गलकर्मविपाकदशामें शुभ अशुभ विकल्परूपसे स्वादके भेद करता है वह भी अशुद्धोपादान जीवका परिणाम है और यह भी अज्ञानरूप भाव है । ३— अज्ञानीके अज्ञानरूप भाव व्याप्य है सो वह अज्ञानरूप भावका ही कर्ता है और उस ही का भोक्ता है । ४— अज्ञानी भी परद्रव्यके परिणमनका कर्ता नहीं है ।

सिद्धान्त—१— अज्ञानी जीव अपने अज्ञानरूप भावका ही कर्ता है । कर्मादि अन्य द्रव्यके परिणमनका कर्ता नहीं । २— अज्ञानी जीव अपने अज्ञानरूप भावका भोक्ता है, कर्मादि अन्य द्रव्यके परिणामका भोक्ता नहीं ।

दृष्टि—१— अशुद्धनिश्चयनय (४७) । २— अशुद्धनिश्चयनय (४७) ।

न च परभावः केनापि कर्तुं पार्येत—

जो जह्मि गुणे दव्वे सो अण्णह्मि दु ण संकमदि दव्वे ।
सो अण्णमसंकंतो कह तं परिणामए दव्वं ॥ १०३ ॥

जो जिस द्रव्य व गुणमें, वह नहिं परद्रव्यमें पलट सकता ।
परमें मिलता न हुआ, कैसे पर परिणमा सकता ॥१०३॥

यो यस्मिन् गुणे द्रव्ये सोन्यस्मिंस्तु न संक्रामति द्रव्ये । सोन्यदसंक्रांतः कथं तत्परिणामयति द्रव्यं ॥१०३॥

इह किल यो यावान् कश्चिद्वस्तुविशेषो यस्मिन् यावति कस्मिंश्चिच्चिदात्मन्यचिदात्मनि वा द्रव्ये गुणे च स्वरसत एवानादित एव वृत्तः स खल्वचलितस्य वस्तुस्थितिसीम्नो भेत्तुमशक्यत्वात्तस्मिन्नेव वर्तते न पुनः द्रव्यांतरं गुणान्तरं वा संक्रामेत । द्रव्यांतरं गुणा-

---

नामसंज्ञ—ज, ज, गुण, दव्व, त, अण्ण, दु, ण, दव्व, त, अण्ण, असंकंत, कह, त, दव्व । **धातुसंज्ञ**—सम्-क्रम पादविक्षेपे, परि-नम नम्रीभावे प्रेरणार्थे । **प्रकृतिशब्द**—यत्, यत्, गुण, द्रव्य, तत्, अन्य, तु, न, द्रव्य, तत्, अन्यदसंक्रान्त, कथं, तत्, द्रव्य । **मूलधातु**—क्रमु पादविक्षेपे भ्वादि । **पदविवरण**—यः–प्रथमा

प्रयोग— निमित्तनैमित्तिक भावके प्रसंगमें भी वस्तुस्वातंत्र्य जानकर अन्तःस्वभावदृष्टि करके निरुपाधिस्वातंत्र्यका आदर करके विशुद्ध चित्प्रकाशमात्र अपनेको अनुभवना ॥१०२॥

अब कहते हैं कि परभाव किसीके द्वारा भी नहीं किया जा सकता—[यः] जो द्रव्य [यस्मिन्] जिस अपने [द्रव्ये] द्रव्यस्वभावमें [गुणे] तथा अपने जिस गुणमें वर्तता है [सः] वह [अन्यस्मिन् तु] अन्य [द्रव्ये] द्रव्यमें तथा गुणमें [न संक्रामति] संक्रमण नहीं करता याने पलटकर अन्यमें नहीं मिल जाता [सः] वह [अन्यदसंक्रान्तः] अन्यमें नहीं मिलता हुआ वस्तुविशेष [तत् द्रव्यं] उस अन्य द्रव्यको [कथं] कैसे [परिणामयति] परिणमा सकता है, अर्थात् कभी नहीं परिणमा सकता ।

तात्पर्य—जब एक द्रव्य दूसरे द्रव्यरूप, गुणरूप हो ही नहीं सकता तब अन्य द्रव्यको परिणमानेकी चर्चा ही नहीं उठ सकती ।

टीकार्थ— इस लोकमें जो कोई वस्तुविशेष अपने चेतनस्वरूप तथा अचेतनस्वरूप द्रव्यमें तथा अपने गुणमें, अपने निजरसमें ही अनादिसे वर्तता है, वह वास्तवमें अपनी अचलित वस्तुस्थितिकी मर्यादाको भेदनेके लिये असमर्थ होनेके कारण अपने ही द्रव्य गुणमें रहते हैं । द्रव्यांतर तथा गुणांतररूप संक्रमण नहीं करता हुआ वह अन्य वस्तुविशेषको कैसे परिणमन करा सकता अर्थात् कभी नहीं परिणमन करा सकता । इसी कारण परभाव किसीके भी द्वारा नहीं किया जा सकता । **भावार्थ**—जो द्रव्यस्वभाव है, उसे कोई भी नहीं पलट सकता,

न्तरं वाऽसंक्रामंश्च कथं त्वन्यं वस्तुविशेषं परिणामयेत्। अतः परभावः केनापि न कर्तुं पार्येत ॥१०३॥

एकवचन। यस्मिन्–सप्तमी एक०। द्रव्ये–सप्तमी एक०। सः–प्रथमा एक०। अन्यस्मिन्–सप्तमी एक०। तु–अव्यय। न–अव्यय। संक्रामति–वर्तमान लट् अन्य पुरुष एकवचन। द्रव्ये–सप्तमी एक०। सः–प्रथमा एक०। अन्यदसंक्रान्तः–प्रथमा एक०। कथं–अव्यय। तत्–प्र० ए०। द्रव्यम्–प्रथमा एकवचन ॥१०३॥

यह वस्तुकी मर्यादा है।

प्रसंगविवरण—अनन्तरपूर्व गाथामें बताया गया था कि अज्ञानी भी परभावका कर्ता नहीं होता। सो अब इसी विषयको इस गाथामें युक्तिपूर्वक पुष्ट किया गया है।

तथ्यप्रकाश—(१) प्रत्येक पदार्थ अपने-अपने द्रव्य व गुणमें ही वर्तते हैं। (२) प्रत्येक पदार्थकी स्वरूपसीमा भेदी नहीं जा सकती। (३) कोई भी पदार्थ किसी अन्य द्रव्यरूप व अन्य गुणरूप नहीं हो सकता। (४) जब कोई पदार्थ किसी अन्य द्रव्यरूप व अन्य गुणरूप हो ही नहीं सकता तो कोई भी पदार्थ किसी अन्यको परिणमा ही क्या सकेगा?

सिद्धान्त—(१) कोई भी पदार्थ समस्त अन्य पदार्थके द्रव्य, क्षेत्र, काल, भावरूप नहीं हो सकता। (२) कोई भी पदार्थ अपने स्वरूपमय ही सदा रहेगा।

दृष्टि— १– परद्रव्यादिग्राहक द्रव्यार्थिकनय (२९)। २– स्वद्रव्यादिग्राहक द्रव्यार्थिकनय (२८)।

प्रयोग—मैं किसी अन्यके द्रव्यगुणरूप नहीं हो सकता, अन्य कोई भी मेरे द्रव्यगुणरूप नहीं हो सकता, फिर मेरा किसी अन्यसे सम्बन्ध ही क्या है? ऐसे परसे अत्यन्त विविक्त निज आत्मतत्त्वको निरखते रहना चाहिये॥ १०३॥

प्रश्न—किस कारण आत्मा निश्चयतः पुद्गलकर्मोंका अकर्ता है? उत्तर—[आत्मा] आत्मा [पुद्गलमये कर्मणि] पुद्गलमय कर्ममें [द्रव्यगुणस्य च] द्रव्यका तथा गुणका कुछ भी [न करोति] नहीं करता [तस्मिन्] उसमें याने पुद्गलमय कर्ममें [तदुभयं] उन दोनों को [अकुर्वन्] नहीं करता हुआ [तस्य] उसका [स कर्ता] वह कर्ता [कथं] कैसे हो सकता है?

तात्पर्य—आत्मा पौद्गलिककर्ममें न द्रव्यका कुछ करता, न गुणका कुछ करता, अतः आत्माको पौद्गलिककर्मका कर्ता कहनेकी कुछ भी गुंजाइश नहीं।

टीकार्थ—जैसे मृत्तिकामय कलशनामक कर्म जहाँ कि मृत्तिकाद्रव्य और मृत्तिकागुण अपने निजरसके द्वारा ही वर्तमान है, उसमें कुम्हार अपने द्रव्यस्वरूपको तथा अपने गुणको नहीं मिला पाता, क्योंकि किसी द्रव्यका अन्य द्रव्यगुणरूप परिवर्तनका निषेध वस्तुस्थितिसे ही

अतः स्थितः खल्वात्मा पुद्गलकर्मणामकर्ता—

दव्वगुणस्स य आदा ण कुणदि पुग्गलमयम्हि कम्महि ।
तं उभयमकुव्वंतो तम्हि कहं तस्स सो कत्ता ॥ १०४ ॥

पुद्गलमय कर्मोंमें, आत्मा नहिं द्रव्य गुण कभी करता ।
उनको करता न हुआ, कर्ता हो कर्मका कैसे ?

द्रव्यगुणस्य चात्मा न करोति पुद्गलमये कर्मणि । तदुभयमकुर्वंस्तस्मिन्कथं तस्य स कर्ता ॥ १०४ ॥

यथा खलु मृण्मये कलशे कर्मणि मृद्द्रव्यमृद्गुणयोः स्वरसत एव वर्तमाने द्रव्यगुणांतरसंक्रमस्य वस्तुस्थित्यैव निषिद्धत्वादात्मानमात्मगुणं वा नाधत्ते स कलशकारः द्रव्यांतरसंक्रममंतरेणान्यस्य वस्तुनः परिणामयितुमशक्यत्वात् तदुभयं तु तस्मिन्नधानो न तत्त्वतस्तस्य कर्ता प्रतिभाति । तथा पुद्गलमये ज्ञानावरणादौ कर्मणि पुद्गलद्रव्यपुद्गलगुणयोः स्वरसत एव

नामसंज्ञ—दव्वगुण, य, अत्त, ण, पुग्गलमय, कम्म, त, उभय, अकुव्वंत, त, कहं, त, त, कत्तार । **धातुसंज्ञ**—पूर पालनपूरणयोः, गल स्रवणे, कुण करणे, कुव्व करणे । **प्रातिपदिक**—द्रव्यगुण, च, आत्मन्, न, पुद्गलमय, कर्मन्, तत्, उभय, अकुर्वत्, तत्, कथं, तत्, कर्तृ । **मूलधातु**—पूरी आप्यायने, गल स्रवणे,

है । अन्य द्रव्यरूप हुए बिना अन्य वस्तुका परिणमन कराये जानेकी असमर्थतासे उन द्रव्योंको तथा गुणोंको अन्यमें नहीं धारता हुआ परमार्थसे उस मृत्तिकामय कलशनामक कर्मका निश्चय से कुम्भकार कर्ता नहीं प्रतिभासित होता । उसी प्रकार पुद्गलमय ज्ञानावरणादि कर्म जो कि पुद्गलद्रव्य और पुद्गलके गुणोंमें अपने रससे ही वर्तमान हैं, उनमें आत्मा अपने द्रव्यस्वभाव को और अपने गुणको निश्चयसे नहीं धारण कर सकता । क्योंकि अन्य द्रव्यका अन्य द्रव्यमें तथा अन्य द्रव्यका अन्य द्रव्यके गुणोंमें संक्रमण होनेकी असमर्थता है । इस प्रकार अन्य द्रव्यका अन्य द्रव्यमें संक्रमणके बिना अन्य वस्तुको परिणमानेकी असमर्थता होनेसे उन द्रव्य और गुण दोनोंको उस अन्यमें नहीं रखता हुआ आत्मा उस अन्य पुद्गलद्रव्यका कैसे कर्ता हो सकता है, कभी नहीं हो सकता । इस कारण यह निश्चय हुआ कि आत्मा पुद्गलकर्मोंका अकर्ता है ।

प्रसंगविवरण—अनन्तरपूर्व गाथामें बताया गया था कि कोई भी द्रव्य किसी भी पर के परिणमनको नहीं कर सकता । सो अब इस कथनसे अपना प्रायोजनिक निश्चय बताया है इस गाथामें कि इस कारण यह ठीक रहा कि आत्मा पुद्गलकर्मोंका अकर्ता है ।

तथ्यप्रकाश—(१) निमित्तभूत वस्तु उपादानमें अपना द्रव्य, गुण, क्रिया, प्रभाव कुछ भी नहीं डालता । (२) प्रभावका अर्थ है—भाव याने होना, प्र याने प्रकृष्टरूपसे होना सो यह भाव प्रभाव उपादानका परिणमन है । (३) निमित्तभूत वस्तुके सान्निध्यमें उपादान अपनेमें प्रभाव उत्पन्न कर लेता । (४) चूंकि यह प्रभाव निमित्तभूत वस्तुके सान्निध्य बिना

वर्तमाने द्रव्यगुणांतरसंक्रमस्य विधातुमशक्यत्वादात्मद्रव्यमात्मगुणं वात्मा न खल्वाधत्ते । द्रव्यांतरसंक्रममंतरेणान्यस्य वस्तुनः परिणामयितुमशक्यत्वात्तदुभयं तु तस्मिन्ननादधानः कथं नु तत्त्वतस्तस्य कर्ता प्रतिभायात् । ततः स्थितः खल्वात्मा पुद्गलकर्मणामकर्ता ॥१०४॥

डुकृञ् करणे । **पदविवरण**—द्रव्यगुणस्य–षष्ठी एकवचन । च–अव्यय । आत्मा–प्रथमा एक० । न–अव्यय । करोति–वर्तमान लट् अन्य पुरुष एकवचन क्रिया । पुद्गलमये–सप्तमी एक० । कर्मणि–सप्तमी एक० । तत्–द्वितीया एक० । उभयं–द्वि० एक० । अकुर्वन्–प्रथमा एक० कृदन्त । तस्मिन्–सप्तमी एक० । कथं–अव्यय । तस्य–षष्ठी एक० । सः–प्रथमा एक० । कर्ता–प्रथमा एकवचन ॥१०४॥

नहीं होता, इस कारण यह प्रभाव नैमित्तिक है । (५) निश्चयतः जो अन्यमें अपना द्रव्य, गुण, क्रिया कुछ नहीं डाल सकता वह अन्यका कर्ता कैसे कहा जा सकता है ? (६) आत्मा अपना गुण व क्रिया कुछ भी पुद्गलकर्ममें नहीं डाल पाता, इस कारण निश्चयतः आत्मा पुद्गलकर्मोंका अकर्ता है ।

सिद्धान्त—(१) निमित्तभूत वस्तुका द्रव्य, क्षेत्र, काल, भाव कुछ भी उपादानमें नहीं पहुंचता । (२) निश्चयतः किसी भी पर्यायका, उस पर्यायका स्रोतभूत वस्तु स्वयं होता है ।

दृष्टि— १– परद्रव्यादिग्राहक द्रव्यार्थिकनय (२९) । २– शुद्धनिश्चयनय (४६), अशुद्धनिश्चयनय (४७) ।

प्रयोग—परके द्रव्य गुण आदिसे रहित सहजसिद्ध चित्प्रकाशमय अन्तस्तत्त्वमें दृष्टि रखकर अपनेको निर्विकल्प अनुभवनेका पौरुष करना चाहिये ॥ १०४ ॥

अब कहते हैं कि इसके सिवाय जो अन्य निमित्तनैमित्तकादि भाव हैं उनको देख कुछ अन्य प्रकारसे कहना वह उपचार है—[**जीवे**] जीवके [**हेतुभूते**] निमित्तरूप होनेपर होने वाले [**बंधस्य तु**] कर्मबन्धके [**परिणामं**] परिणामको [**दृष्ट्वा**] देखकर [**जीवेन**] जीवके द्वारा [**कर्म कृतं**] कर्म किया गया यह [**उपचारेण**] उपचारमात्रसे [**भण्यते**] कहा जाता है ।

तात्पर्य—जीवके रागद्वेषविभावका निमित्त पाकर पौद्गलिक कर्ममें कर्मत्व परिणमन होता है, उस विषयमें अज्ञानी जीव कहता है कि जीवने कर्म किये हैं सो ऐसा कर्तापनकी बात कहना उपचारमात्र है ।

टीकार्थ—इस लोकमें आत्मा निश्चयतः स्वभावसे पुद्गलकर्मका निमित्तभूत नहीं है, तो भी अनादि अज्ञानसे उसका निमित्तरूप हुआ जो अज्ञान भाव, उस रूपसे परिणमन करने से पुद्गलकर्मका निमित्तरूप होनेपर पौद्गलिककर्मके उत्पन्न होनेसे पुद्गलकर्मको आत्माने किया, ऐसा विकल्प होता है, वह विकल्प निर्विकल्प विज्ञानघनस्वभावसे भ्रष्ट और विकल्पोंमें तत्पर अज्ञानियोंके होता है । वह विकल्प उपचार ही है, परमार्थ नहीं है ।

अतोन्यस्तूपचारः—

जीवम्हि हेदुभूदे बंधस्स दु पस्सिदूण परिणामं ।
जीवेण कदं कम्मं भण्णदि उवयारमत्तेण ॥१०५॥

जीवहेतु होनेपर, विधिके बन्धपरिणामको लख कर ।
जीव कर्म करता है, ऐसा उपचारमात्र कहा ॥१०५॥

जीवे हेतुभूते बंधस्य तु दृष्ट्वा परिणामं । जीवेन कृतं कर्म भण्यते उपचारमात्रेण ॥ १०५ ॥

इह खलु पौद्गलिककर्मणः स्वभावादनिमित्तभूतेप्यात्मन्यनादेरज्ञानात्तन्निमित्तभूतेनाज्ञानभावेन परिणमनान्निमित्तीभूते सति संपद्यमानत्वात् पौद्गलिकं कर्मात्मना कृतमिति निर्वि-

---

नामसंज्ञ—जीव, हेदुभूद, बंध, दु, परिणाम, जीव, कद, कम्म, उवयारमत्त । **धातुसंज्ञ**—पास दर्शने, भण कथने । **प्रकृतिशब्द**—जीव, हेतुभूत, बन्ध, तु, परिणाम, जीव, कृत, कर्मन्, उपचारमात्र । **मूलधातु**—जीव प्राणधारणे, बन्ध बन्धने, दृशिर् प्रेक्षणे, डुकृञ् करणे, भण शब्दार्थे, उप-चर गत्यर्थे भक्षणेपि भ्वादि, चर संशये चुरादि । **पदविवरण**—जीवे—सप्तमी एकवचन । हेतुभूते—स० ए० । बंधस्य—षष्ठी एक० । तु—अव्यय । दृष्ट्वा—असमाप्तिकी क्रिया । परिणामं—द्वि० एक० । जीवेन—तृतीया एकवचन कर्मवाच्ये कर्ता ।

प्रसंगविवरण—अनंतरपूर्व गाथामें बताया गया था कि यह निश्चित हुआ कि आत्मा पुद्गलकर्मोंका अकर्ता है । अब इस गाथामें बताया कि इससे विपरीत कहना याने जीवने कर्म किया यह कहना उपचारमात्र है ।

तथ्यप्रकाश—(१) पौद्गलिक कार्माणवर्गणामें कर्मत्व होनेका निमित्तभूत अशुद्धोपादान आत्मा है । (२) आत्मा कर्मत्वका निमित्तभूत स्वभावसे नहीं है । (३) अज्ञानभावसे परिणम रहा ही आत्मा कर्मत्वका निमित्तभूत है । (४) कर्मत्वका निमित्तभूत होनेसे जीवको कर्मका कर्ता कहा जाता है वह उपचारसे कहा जाता है । (५) विज्ञानघनभ्रष्ट विकल्पक बहिरात्माओंके ही परकर्तृत्वका विकल्प होता है । (६) निमित्तनैमित्तिक भावके कारण निमित्तको नैमित्तिककार्यका कर्ता कहना उपचारसे ही है, उपचार ही है, परमार्थ नहीं है ।

सिद्धान्त—(१) निमित्तत्व बतानेके प्रयोजनवश निमित्तमें कर्तृत्वका आरोप किया जाता है । (२) वास्तविक विधि तो उसी द्रव्यका सब कुछ उसी द्रव्यमें बतानेकी होती है ।

दृष्टि—१– परकर्तृत्व असद्भूतव्यवहार (१२९) । २– अखण्ड परमशुद्धनिश्चयनय, शक्तिबोधक परमशुद्धनिश्चयनय, शुद्धनिश्चयनय, सभेद शुद्धनिश्चयनय, अशुद्धनिश्चयनय, सभेद अशुद्धनिश्चयनय, विवक्षितैकदेशशुद्धनिश्चयनय, शुद्धनय (४४, ४५, ४६, ४६अ, ४७, ४७अ, ४८, ४९) ।

प्रयोग—एकका दूसरेके साथ सम्बन्ध नहीं, प्रभाव नहीं, सब अपने-अपने स्वरूपा-

कल्पविज्ञानघनभ्रष्टानां विकल्पराग[illegible] परेषामस्ति विकल्पः । स तूपचार एव न तु परमार्थः ॥१०५॥

कर्म–प्रथमा एक० कर्मवाच्ये कर्मकारक । भण्यते–वर्तमान लट् अन्य पुरुष एक० कर्मवाच्ये क्रिया । उपचारमात्रेण–तृतीया एकवचन ॥१०५॥

स्तित्वमें हैं, ऐसा निरखकर अपने ही स्वरूपमें रमणका पौरुष करना ॥ १०५ ॥

वह उपचार कैसे है सो दृष्टांत द्वारा कहते हैं—[योधैः] योद्धाओंके द्वारा [युद्धे कृते] युद्ध किये जानेपर [लोकः] लोक [इति जल्पते] ऐसा कहते हैं कि [राज्ञा कृतं] राजाने युद्ध किया सो यह [व्यवहारेण] व्यवहारसे कहना है [तथा] उसी प्रकार [ज्ञानावरणादि] ज्ञानावरणादि कर्म [जीवेन कृतं] जीवके द्वारा किया गया, ऐसा कहना व्यवहारसे है ।

टीकार्थ—जैसे युद्ध परिणामसे स्वयं परिणमन करने वाले योद्धाओं द्वारा किए गए युद्धके होनेपर युद्ध परिणामसे स्वयं नहीं परिणत हुए राजाको लोक कहते हैं कि युद्ध राजाने किया । यह कथन उपचार है, परमार्थ नहीं है । उसी प्रकार ज्ञानावरणादि कर्मपरिणामसे स्वयं परिणमन करने वाले पुद्गलद्रव्यके द्वारा किए गए ज्ञानावरणादि कर्मके होनेपर ज्ञानावरणादि कर्म परिणामसे स्वयं नहीं परिणमन करने वाले आत्माके सम्बन्धमें कहते हैं कि यह ज्ञानावरणादि कर्म आत्माके द्वारा किया गया, यह कथन उपचार है, परमार्थ नहीं है । भावार्थ—जैसे योद्धा युद्ध करे; वहाँ पर संबंधवश राजाने युद्ध किया, यह उपचारसे कहा जाता है, वैसे पुद्गलकर्म स्वयं कर्मरूप परिणमता है, वहाँ निमित्तसम्बन्धवश पुद्गलकर्मको जीवने किया, ऐसा उपचारसे कहा जाता है ।

प्रसंगविवरण—अनन्तरपूर्व गाथामें बताया गया था कि जीवके द्वारा कर्म किया गया यह कथन उपचारमात्र है । अब इस गाथामें इसी विषयको उदाहरणपूर्वक स्पष्ट किया है ।

तथ्यप्रकाश—(१) युद्ध तो योद्धा ही कर रहे हैं, किन्तु जो युद्ध नहीं कर रहा ऐसे रागके प्रति उपचार किया जाता है कि राजाने युद्ध किया । (२) ज्ञानावरणादिकर्मपरिणामसे तो स्वयं पुद्गलद्रव्य ही परिणम रहा है, किन्तु जो कर्मपरिणामसे नहीं परिणम रहा, ऐसे जीवके प्रति उपचार किया जाता है कि जीवने ज्ञानावरणादि कर्म किये । (३) यह उपचार इस कारण परमार्थ नहीं कि एक द्रव्यकी बात दूसरे द्रव्यमें लगाई गई । (४) यह उपचार निमित्तनैमित्तिक भावकी याद दिलाकर निमित्तभूत विकल्प व व्यापार तथा नैमित्तिक कर्मबन्धन दोनोंसे हटनेको शिक्षा दिला सकता है । (५) कर्मने जीवविकार किये यह उपचार भी निमित्तनैमित्तिक भावको याद दिलाकर निमित्तभूत कर्मसे व नैमित्तिक विभावसे हटनेकी

कथं इति चेत्—

जोधेहिं कदे जुद्धे राएण कदंति जंपदे लोगो ।
तह ववहारेण कदं णाणावरणादि जीवेण ॥१०६॥

योद्धादि युद्ध करते, करता नृप युद्ध यह कहे जनता ।
व्यवहारसे किये त्यों, ज्ञानावरणादि आत्माने ॥१०६॥

योधैः कृते युद्धे राज्ञा कृतमिति जल्पते लोकः । तथा व्यवहारेण कृतं ज्ञानावरणादि जीवेन ॥१०६॥

यथा युद्धपरिणामेन स्वयं परिणममानैः योधैः कृते युद्धे युद्धपरिणामेन स्वयमपरिणममानस्य राज्ञो राज्ञा किल कृतं युद्धमित्युपचारो न तु परमार्थः । तथा ज्ञानावरणादिकर्मपरिणामेन स्वयं परिणममानेन पुद्गलद्रव्येण कृते ज्ञानावरणादिकर्मणि ज्ञानावरणादिकर्मपरिणामेन स्वयमपरिणममानस्यात्मनः किलात्मना कृतं ज्ञानावरणादिकर्मेत्युपचारो न परमार्थः ॥१०६॥

नामसंज्ञ—जोध, कद, जुद्ध, राय, कद, इति, लोग, तह, ववहार, कद, णाणावरणादि, जीव । **धातुसंज्ञ**—जुज्झ संप्रहारे, जंप व्यक्तायां वाचि । **प्रकृतिशब्द**—योध, कृत, युद्ध, राजन्, कृत, इति, लोक, तथा, व्यवहार, कृत, ज्ञानावरणादि, जीव । **मूलधातु**—युध संप्रहारे दिवादि, राजृ दीप्तौ भ्वादि, जल्प व्यक्तायां वाचि मानसे च भ्वादि, लोकृ दर्शने भ्वादि, लोकृ भाषार्थे चुरादि । **पदविवरण**—योधैः—तृतीया बहु० । कृते—सप्तमी एकवचन कृदन्त । युद्धे—सप्तमी एक० । राज्ञा—तृ० ए० । कृतं—प्रथमा एक० कृदन्त । इति—अव्यय । जल्पते—वर्तमान लट् अन्य पुरुष एकवचन क्रिया । लोकः—प्रथमा एक० । तथा—अव्यय । व्यवहारेण—तृ० ए० । कृतं—प्रथमा एक० । ज्ञानावरणादि—प्रथमा एक० । जीवेन—तृतीया एकवचन ॥१०६॥

शिक्षा दिला सकता है ।

सिद्धान्त—(१) कार्यमें जो निमित्त हो उसे कार्यका कर्ता कहना उपचार है ।

दृष्टि—१– परकर्तृत्व अनुपचरित असद्भूतव्यवहार (१२९) ।

प्रयोग—जीवने ज्ञानावरणादि कर्म किये, इस उपचारकथनमें यह तथ्य निहार करके कि जीवके विकल्प व व्यापारका निमित्त पाकर यह सब कर्मबोझ बन गया सो अब निर्विकल्प निष्क्रिय ज्ञायकस्वभावकी दृष्टि करना ताकि अपनेको परमविश्राम मिले और निकटकालमें सदाके लिये कर्ममुक्त होकर संसार-संकटसे छुटकारा मिले ॥१०६॥

अब ऐसा निश्चय हुआ कि—[**आत्मा**] आत्मा [**पुद्गलद्रव्यं**] पुद्गलद्रव्यको [**उत्पादयति**] उत्पन्न करता है [**च**] और [**करोति**] करता है [**बध्नाति**] बाँधता है [**परिणामयति**] परिणमता है [**च**] तथा [**गृह्णाति**] ग्रहण करता है ऐसा [**व्यवहारनयस्य**] व्यवहारनयका [**वक्तव्यं**] वचन है ।

तात्पर्य—आत्मा अपने भावको ही करता है, फिर निमित्तनैमित्तिक भाव दिखनेसे

अत एतत्स्थितं—

उप्पादेदि करेदि य बंधदि परिणामएदि गिण्हदि य।
आदा पुग्गलदव्वं ववहारणयस्स वत्तव्वं ॥१०७॥

व्यवहारसे बताया, ज्ञानावरणादि कर्मको आत्मा।
गहे करे अरु बांधे, उपजावे वा परिणमावे ॥१०७॥

उत्पादयति करोति च बध्नाति परिणामयति गृह्णाति च। आत्मा पुद्गलद्रव्यं व्यवहारनयस्य वक्तव्यं।

अयं खल्वात्मा न गृह्णाति न परिणामयति नोत्पादयति न करोति न बध्नाति व्याप्य-व्यापकभावाभावात् प्राप्यं विकार्यं निर्वर्त्यं च पुद्गलद्रव्यात्मकं कर्म। यत्तु व्याप्यव्यापकभावा-

नामसंज्ञा—य, य, अत्त, पुग्गलदव्व, ववहारणय, वत्तव्व। **धातुसंज्ञा**—उत्-पद गतौ, कर करणे, बंध बंधने, परि-नम नम्रीभावे प्रेरणा, गिण्ह ग्रहणे। **प्रकृतिशब्द**—च, च आत्मन्, पुद्गलद्रव्य, व्यवहारनय, वक्तव्य। **मूलधातु**—उत्-पद गतौ दिवादि चुरादि, डुकृञ् करणे, बन्ध बन्धने, परि-णम प्रह्वत्वे, ग्रह उपा-

लोग कहने लगते हैं कि जीवने पुद्गलकर्मको ग्रहण किया, परिणमाया, उत्पन्न किया, बाँधा आदि, सो यह उपचारमात्र ही है।

टीकार्थ—यह आत्मा निश्चयसे व्याप्य-व्यापकभावके अभावसे प्राप्य, विकार्य और निर्वर्त्य पुद्गलद्रव्यात्मक कर्मको न ग्रहण करता, न परिणमाता है, न उत्पन्न करता है, न करता है और न बाँधता है। व्याप्य-व्यापक भावके अभाव होनेपर भी प्राप्य, विकार्य और निर्वर्त्य ऐसे तीन प्रकारके पुद्गलद्रव्यात्मक कर्मको यह आत्मा ग्रहण करता है, उपजाता है, करता है और बाँधता है। ऐसा जो विकल्प होता है, वह प्रकट उपचार है। **भावार्थ**—व्याप्य-व्यापक भावके बिना जीवको कर्मका कर्ता कहना वह उपचार है।

प्रसंगविवरण—अनन्तरपूर्व गाथामें उदाहरणपूर्वक यह बताया गया था कि जीवके द्वारा कर्म किया गया यह कथन उपचारसे किस प्रकार है? अब इस गाथामें उस विवरणके निष्कर्षमें आगमवर्णित सिद्धान्त स्थापित किया गया है।

तथ्यप्रकाश—(१) आत्मा पुद्गलद्रव्यको करता है यह व्यवहारनयका वचन है। (२) यहाँ करता है यह सामान्य वचन है जिसका विश्लेषण करनेपर कि क्या-क्या कैसे-कैसे करता है, चार क्रियायें आती हैं। (३) उत्पादयति अर्थात् जीव कर्मको प्रकृतिरूपसे उत्पन्न करता है। (४) बध्नाति अर्थात् जीव कर्ममें स्थितिबन्ध करता है। (५) परिणमयति अर्थात् जीव कर्मको अनुभागरूपमें परिणमाता है। (६) गृह्णाति अर्थात् जीव सर्वात्मप्रदेशोंसे कर्म-प्रदेशोंको याने कर्मपरमाणुवोंको ग्रहण करता है। (७) उपादानदृष्टिसे निरखनेपर यह सब कथन उपचार वाला व्यवहार बनता है। (८) घटनादृष्टिसे, निमित्तनैमित्तिकदृष्टिसे निरखने

भावेपि प्राप्यं विकार्यं निर्वर्त्यं च पुद्गलद्रव्यात्मकं कर्म गृह्णाति परिणामयत्युत्पादयति करोति बध्नाति चात्मेति विकल्पः स किलोपचारः ॥ १०७ ॥

दाने। **पदविवरण**—उत्पादयति करोति, बध्नाति, परिणामयति—वर्तमान लट् अन्य पुरुष एकवचन। आत्मा—प्रथमा एकवचन। पुद्गलद्रव्यं—द्वितीया एक०। व्यवहारनयस्य—षष्ठी एक०। वक्तव्यं—प्रथमा एकवचन कृदन्त।

पर आगमका यह सिद्धान्त वाला व्यवहार बनता है "प्रकृतिस्थित्यनुभागप्रदेशास्तद्विधयः।"

सिद्धान्त—(१) निमित्तत्व होनेसे आत्मा पुद्गलद्रव्यको करता है यह उपचार किया जाता है। (२) आत्माके योग उपयोगका निमित्त पाकर पुद्गलकार्माणवर्गणायें कर्मरूप परिणमती है।

दृष्टि—१– परकर्तृत्व अनुपचरित असद्भूतव्यवहार (१२६)। २– उपाधिसापेक्ष अशुद्ध द्रव्यार्थिकनय (२७)।

प्रयोग—वीतरागस्वसंवेदनज्ञानबलसे अविकार ज्ञानस्वभावका अनुभव करके अपनेको निर्भर रहने देनेका पौरुष करना ॥ १०७ ॥

यहाँ प्रश्न होता है कि यह उपचार किस तरहसे है, उसका उत्तर दृष्टांत द्वारा देते हैं—[यथा] जैसे [राजा] राजा [दोषगुणोत्पादकः] प्रजाके दोष और गुणोंका उत्पन्न करने वाला है [इति] ऐसा [व्यवहारात्] व्यवहारसे [आलपितः] कहा है [तथा] उसी प्रकार [जीवः] जीव [द्रव्यगुणोत्पादकः] पुद्गल द्रव्यमें द्रव्य गुणका उत्पादक है, ऐसा [व्यवहारात्] व्यवहारसे [भणितः] कहा गया है।

टीकार्थ—जैसे प्रजाके व्याप्यव्यापक भावसे स्वभावसे ही उत्पन्न जो गुण और दोष उनमें राजाके व्याप्यव्यापकभावका अभाव है तो भी लोक कहते हैं कि गुण दोषका उपजाने वाला राजा है, ऐसा उपचार (व्यवहार) है, उसी प्रकार पुद्गलद्रव्यके व्याप्य-व्यापक भावसे ही उत्पन्न गुण, दोषोंमें जीवके व्याप्यव्यापकभावका अभाव है तो भी उन गुण दोषोंका उपजाने वाला जीव है, ऐसा उपचार है। **भावार्थ**—जैसे लोकमें कहते हैं कि जैसा राजा हो, वैसी ही प्रजा होती है, ऐसा कहकर गुण, दोषका कर्ता राजाको कहा जाता है, उसी प्रकार जैसा जीवका विभाव हो उसके अनुसार कर्मबंध होता है ऐसा जानकर पुद्गल द्रव्यके गुण दोषोंका कर्ता जीवको कहते हैं। जब परमार्थदृष्टिसे विचारो तो यह उपचार है।

प्रसंगविवरण—अनन्तरपूर्व गाथामें कहा गया था कि जीव कर्मको करता है, बाँधता है आदि कथन व्यवहारनयका वचन है। अब इसी कथनको इस गाथामें उदाहरणपूर्वक प्रसिद्ध किया गया है।

तथ्यप्रकाश—१–जिस पुरुषमें गुण व दोष उत्पन्न होते हैं उस पुरुषमें ही वे गुण व

कथमिति चेत्—

जह राया ववहारा दोसगुणुप्पादगोत्ति आलविदो ।
तह जीवो ववहारा दव्वगुणुप्पादगो भणिदो ॥१०८॥

ज्यों व्यवहार बताया, राजा प्रजाके दोष गुण करता ।
त्यों व्यवहार कि आत्मा, पुद्गलके द्रव्य गुण करता ॥१०८॥

यथा राजा व्यवहारादोषगुणोत्पादक इत्यालपितः । तथा जीवो व्यवहारात् द्रव्यगुणोत्पादको भणितः ।

यथा लोकस्य व्याप्यव्यापकभावेन स्वभावत एवोत्पद्यमानेषु गुणदोषेषु व्याप्यव्यापकभावाभावेऽपि तदुत्पादको राजेत्युपचारः । तथा पुद्गलद्रव्यस्य व्याप्यव्यापकभावेन स्वभावत एवोत्पद्यमानेषु गुणदोषेषु व्याप्यव्यापकभावाभावेपि तदुत्पादको जीव इत्युपचारः । जीवः करोति यदि पुद्गलकर्म नैव, कस्तर्हि तत्कुरुत इत्यभिशंक्यैव । एतर्हि तीव्रतरमोहनिवर्हणाय, संकीर्त्यते शृणुत पुद्गलकर्म कर्तृ ॥६३॥ ॥ १०८ ॥

मात्रसंज्ञ - जह, राय, ववहार, दोसगुणुप्पादग, इत्ति, आलविद, तह, जीव, ववहार, दव्वगुणुप्पादग, भणिद । **धातुसंज्ञ**—आ-लव व्यक्तायां वाचि, भण कथने । **प्रकृतिशब्द**—यथा, राजन्, व्यवहार, दोषगुणोत्पादक, इति, आलपित, तथा, जीव, व्यवहार, द्रव्यगुणोत्पादक, भणित । **मूलधातु**—राजृ दीप्तौ, विअव हृञ हरणे, दुष वैकृत्ये दिवादि, आ-लप व्यक्तायां वाचि भ्वादि, भण शब्दार्थः । **पदविवरण**—यथा—अव्यय । राजा—प्रथमा एक० । व्यवहारात्—पंचमी एकवचन । दोषगुणोत्पादकः—प्रथमा एक० । इति—अव्यय । आलपितः—प्रथमा एक० कृदंत कर्मवाच्ये क्रिया । तथा—अव्यय । जीवः—प्रथमा एकवचन । व्यवहारात्—पंचमी एक० । द्रव्यगुणोत्पादकः—प्रथमा एक० । भणितः—प्रथमा एकवचन कर्मवाच्ये क्रिया ॥१०८॥

दोष व्याप्य हैं । २— राजाकी नीतिके अनुसार प्रजालोक भी अपनी प्रवृत्ति बना लेते हैं, इस रीतिको निरखकर यह उपचार किया जाता है कि राजा लोगोंके गुण दोषका उत्पादक है । ३—जिन पुद्गलद्रव्योंमें शुभकर्मत्व अशुभकर्मत्व उत्पन्न होते हैं वे कर्मत्व उन पुद्गलद्रव्योंमें ही व्याप्य हैं । ४—जीवके शुभ अशुभभावके अनुसार पुद्गलकार्माणद्रव्य भी अपनेमें शुभ अशुभ कर्मत्व बना लेते हैं सो इस निमित्तनैमित्तिकभावको निरखकर यह उपचार किया जाता है कि जीव पुद्गलकर्मोंका उत्पादक है ।

सिद्धान्त—१— जीव पुद्गलद्रव्यमें शुभाशुभकर्मत्व उत्पन्न करता है यह व्यवहारसे कहा गया है । २— जीवके शुभाशुभपरिणामका निमित्त पाकर पौद्गलिक कार्माणवर्गणाओंमें पुण्यपाप प्रकृतित्वपरिणमन होता है ।

दृष्टि—१— परकर्तृत्व अनुपचरित असद्भूतव्यवहार (१२६) । २— उपाधिसापेक्ष अशुद्धद्रव्यार्थिकनय (२४) ।

सामण्णपच्चया खलु चउरो भण्णंति बंधकत्तारो ।
मिच्छत्तं अविरमणं कसायजोगा य बोद्धव्वा ॥१०९॥
तेसिं पुणोवि य इमो भणिदो भेदो दु तेरसवियप्पो ।
मिच्छादिट्ठीआदी जाव सजोगिस्स चरमंतं ॥११०॥
एदे अचेदणा खलु पुग्गलकम्मुदयसंभवा जम्हा ।
ते जदि करंति कम्मं णवि तेसिं वेदगो आदा ॥१११॥
गुणसण्णिदा दु एदे कम्मं कुव्वंति पच्चया जम्हा ।
तम्हा जीवोऽकत्ता गुणा य कुव्वंति कम्माणि ॥११२॥

सामान्यतथा प्रत्यय, चार कहे गये बन्धके कर्ता ।
मिथ्यात्व तथा अविरति, कषाय अरु योगको जानो ॥१०९॥
उनके फिर भेद कहे, जीव गुणस्थानरूप हैं तेरह ।
मिथ्यादृष्टी आदिक, केवलज्ञानी सयोगी तक ॥११०॥
पुद्गलकर्म उदयसे, उत्पन्न हुए अतः अचेतन ये ।
वे यदि कर्म करें तो, उनका वेदक नहीं आत्मा ॥१११॥
चूंकि गुणस्थानक ये, आस्रव करते हैं कर्मको इससे ।
जीव अकर्ता निश्चित, ये आस्रव कर्मको करते ॥११२॥

नामसंज्ञ सामण्णपच्चय, खलु, चउ, बंधकत्तार, मिच्छत्त, अविरमण, कसायजोग, य, बोद्धव्व, त, णो, वि, य, इम, भणिद, भेद, दु, तेरसवियप्प, मिच्छादिट्ठी आदि, जाव, सजोगि, चरमंत, एत, अचेदण,

प्रयोग—अपने शुभाशुभविकारोंके निमित्तसे यह पुण्यपापमय संसारविडम्बना बन रही है, अतः संसारविडम्बनासे निवृत्त होनेके लिये अविकार ज्ञानस्वभावकी उपासनाका परम-पौरुष करना ॥१०८॥

अब जिज्ञासा होती है कि पुद्गल कर्मका कर्ता यदि जीव नहीं है तो कौन है, इस का काव्य कहते हैं—**जीवः** इत्यादि । **अर्थ**—यदि पुद्गल कर्मको जीव नहीं करता तो उस पुद्गलकर्मको कौन करता है ? ऐसी आशंका करके अब तीव्र वेग वाले मोहका याने कर्तृकर्मत्वविषयक अज्ञानका नाश करनेको पुद्गलकर्मका कर्ता बताया जा रहा है, सो हे ज्ञान के इच्छुक पुरुषो तुम सुनो ।

अब पुद्गलकर्मका कर्ता कौन है सो सुनिये—[**चत्वारः**] चार [**सामान्यप्रत्ययाः**] सा-

सामान्यप्रत्यया: खलु चत्वारो भण्यंते बंधकर्तार: । मिथ्यात्वमविरमणं कषाययोगौ च बोद्धव्या: ॥१०९॥
तेषां पुनरपि चायं भणितो भेदस्तु त्रयोदशविकल्प: । मिथ्यादृष्ट्यादिर्यावत्सयोगिनश्चरमांतम् ॥११०॥
एते अचेतना: खलु पुद्गलकर्मोदयसंभवा यस्मात् । ते यदि कुर्वंति कर्म नापि तेषां वेदक आत्मा ॥१११॥
गुणसंज्ञितास्तु एते कर्म कुर्वंति प्रत्यया यस्मात् । तस्माज्जीवोऽकर्ता गुणाश्च कुर्वंति कर्माणि ॥११२॥

पुद्गलकर्मण: किल पुद्गलद्रव्यमेवैकं कर्तृ, तद्विशेषा: मिथ्यात्वाविरतिकषाययोगा बन्धस्य सामान्यहेतुतया चत्वार: कर्तार:, त एव विकल्प्यमाना मिथ्यादृष्ट्यादिसयोगकेवल्यंता-स्त्रयोदश कर्तार: । अथैते पुद्गलकर्मविपाकविकल्पत्वादत्यंतमचेतना: संतस्त्रयोदश कर्तार:

खलु, पुग्गलकम्मुदयसंभव, ज, त, जदि, कम्म, ण, वि, त, वेदग, अत्त, गुणसण्णिद, दु, एत, कम्म, पच्चय, ज, त, जीव, अकत्तार, गुण, य, कम्म । **धातुसंज्ञ**—भण कथने, बुज्झ अवगमने, कर करणे, कुव्व करणे, कुव्व करणे । **प्रकृतिशब्द**—सामान्यप्रत्यय, खलु, चतुर्, बन्धकर्तृ, मिथ्यात्व, अविरमण, कषाययोग, तत्, पुनर्, अपि, च, इदम्, भेद, तु, त्रयोदशविकल्प, मिथ्यादृष्ट्यादि, यावत्, सयोगिन्, चरमान्त, एतत्, अचेतन, खलु, पुद्गलकर्मोदयसंभव, यत्, तत्, यदि, कर्मन्, न, अपि, तत्, वेदक, आत्मन्, गुणसंज्ञित, तु,

---

मान्य प्रत्यय [**खलु**] वास्तवमें [**बंधकर्तारः**] बंधके कर्ता [**भण्यन्ते**] कहे गये हैं वे [**मिथ्यात्वं**] मिथ्यात्व [**अविरमणं**] अविरमण [**च**] और [**कषाययोगौ**] कषाय योग [**बोद्धव्याः**] जानने चाहिये [**च पुनः**] और फिर [**तेषां अपि**] उनका भी [**त्रयोदशविकल्पः**] तेरह प्रकारका [**अयं**] यह [**भेदः**] भेद [**कथितः**] कहा गया है जो कि [**मिथ्यादृष्ट्यादिः**] मिथ्यादृष्टिको आदि लेकर [**सयोगिचरमांतः यावत्**] सयोग केवली तक है । [**एते**] ये [**खलु**] निश्चयसे [**अचेतनाः**] अचेतन हैं [**यस्मात्**] क्योंकि [**पुद्गलकर्मोदयसंभवाः**] पुद्गलकर्मके उदयसे हुए हैं [**यदि**] यदि [**ते**] वे [**कर्म**] कर्मको [**कुर्वन्ति**] करते हैं तो करें, [**तु**] किन्तु [**तेषां वेदकः**] उनका भोक्ता [**अपि**] भी [**आत्मा न**] आत्मा नहीं होता [**यस्मात्**] क्योंकि [**गुणसंज्ञिताः**] गुण नाम वाले [**एते प्रत्ययाः**] ये प्रत्यय [**कर्म कुर्वंति**] कर्मको करते हैं [**तस्मात्**] इस कारण [**जीवः**] जीव तो [**अकर्ता**] कर्मका कर्ता नहीं है [**च**] और [**गुणाः**] ये गुण ही [**कर्माणि**] कर्मोंको [**कुर्वंति**] करते हैं ।

तात्पर्य—आत्मा निमित्ततः भी पौद्गलिक कर्मोंका कर्ता नहीं, किन्तु पुद्गलमय सामान्य प्रत्यय व उनके विशेष त्रयोदश गुणस्थान ये पौद्गलिक कर्मोंके निमित्ततः कर्ता हैं ।

टीकार्थ—निश्चयसे पुद्गलकर्मका एक पुद्गलद्रव्य ही कर्ता है । उस पुद्गलद्रव्यके मिथ्यात्व, अविरति, कषाय और योग ये चार बंधके सामान्यहेतु होनेसे बंधके कर्ता हैं । वे ही मिथ्यादृष्टिको आदि लेकर सयोगकेवली तक भेदरूप हुए तेरह कर्ता हैं । अब ये पुद्गलकर्म-विपाकके भेद होनेसे अत्यंत अचेतन होते हुए केवल ये १३ गुणस्थान पुद्गलकर्मके कर्ता होकर व्याप्यव्यापकभावसे कुछ भी पुद्गलकर्मको करें तो करें, जीवका इसमें क्या आया ? कुछ भी

केवला एव यदि व्याप्यव्यापकभावेन किंचनापि पुद्गलकर्म कुर्युस्तदा कुर्युरेव किं जीवस्यात्रापतितं । अथायं तर्कः पुद्गलमयमिथ्यात्वादीन् वेदयमानो जीवः स्वयमेव मिथ्यादृष्टिर्भूत्वा पुद्गलकर्म करोति स किलाविवेको यतो खल्वात्मा भाव्यभावकभावाभावात् पुद्गलद्रव्यमयमिथ्यात्वादिवेदकोपि कथं पुनः पुद्गलकर्मणः कर्ता नाम । अथैतदायातं यतः पुद्गलद्रव्यमयानां चतुर्णां

एतत्, कर्मन्, प्रत्यय, यत्, तत्, जीव, अकर्तृ, गुण, च, कर्मन् । **मूलधातु**—सम्-अण शब्दार्थे भ्वादि, प्राणने दिवादि, प्रति-अप गतौ भ्वादि, युजिर् योगे, बुध अवबोधने, चिती संज्ञाने, पूरी आप्यायने, गल स्रवणे, विद चेतनाख्याननिवासेषु चुरादि । **पदविवरण**—सामान्यप्रत्ययाः—प्रथमा बहु० । खलु—अव्यय । चत्वारः—प्रथमा बहुवचन । भण्यन्ते—वर्तमान लट् अन्य पुरुष बहुवचन कर्मवाच्ये क्रिया । बन्धकर्तारः—प्रथमा बहु० । मिथ्यात्वं—प्रथमा एक० । अविरमणं—प्रथमा एक० । कषाययोगौ—प्रथमा द्विवचन । च—अव्यय । बोद्धव्याः—प्रथमा बहुवचन कृदन्त क्रिया । तेषां—षष्ठी बहु० । पुनः—अव्यय । अपि—अव्यय । च—अव्यय । अयं—प्रथमा एक० । भणितः—प्रथमा एकवचन कृदन्त कर्मवाच्य क्रिया । भेदः—प्रथमा एक० । तु—अव्यय । त्रयोदशविकल्पः—प्रथमा एक० । मिथ्यादृष्ट्यादिः—प्र० ए० । यावत्—अव्यय । सयोगिनः—षष्ठी एक० । चरमान्तः—

नहीं अथवा यहाँ यह तर्क है कि पुद्गलमय मिथ्यात्वादिका वेदन करता हुआ जीव स्वयं ही मिथ्यादृष्टि होकर पुद्गल कर्मको करता है । यह तर्क बिलकुल अज्ञान है, क्योंकि आत्मा भाव्यभावक भावके अभावसे मिथ्यात्वादि पुद्गलकर्मोंका भोक्ता भी निश्चयसे नहीं है तो पुद्गलकर्मका कर्ता कैसे हो सकता है ? इसलिये यह सिद्ध हुआ कि पुद्गल द्रव्यमय सामान्य चार प्रत्यय व उनके विशेष भेदरूप तेरह प्रत्यय जो कि गुण शब्दसे कहे गये हैं वे ही केवल कर्मोंको करते हैं । इस कारण जीव पुद्गलकर्मोंका अकर्ता है और वे गुणस्थान ही उनके कर्ता हैं, क्योंकि वे गुण पुद्गलद्रव्यमय ही हैं । इससे पुद्गलकर्मका पुद्गलद्रव्य ही एक कर्ता है यह सिद्ध हुआ । **भावार्थ**—'अन्य द्रव्यका अन्य द्रव्य कर्ता कभी नहीं होता' इस न्यायसे आत्मद्रव्य पुद्गलद्रव्य कर्मका कर्ता नहीं है, बंधके कर्ता तो योगकषायादिकसे उत्पन्न हुए गुणस्थान हैं । वे वास्तवमें अचेतन पुद्गलमय हैं । इसलिए वे पुद्गलकर्मके कर्ता हैं, जीवको कर्ता मानना अज्ञान है ।

प्रसंगविवरण—अनन्तरपूर्व गाथामें कहा गया था कि जीव कर्मद्रव्यगुणोत्पादक है यह उपचारसे कहा गया, निश्चयतः जीव पुद्गलकर्मको कुछ नहीं करता । इस विवरणपर जिज्ञासा होती है कि फिर पुद्गलकर्मको करता कौन है ? इसके समाधानमें ये ४ गाथायें आई हैं ।

तथ्यप्रकाश—(१) पुद्गलकर्मका पुद्गलद्रव्य ही एक कर्ता है । (२) मिथ्यात्व, अविरति, कषाय व योग—ये ४ पुद्गलकर्मके प्रकार हैं, अतः ये चार पुद्गलकर्मके कर्ता हैं । (३) मिथ्यात्वका भेद प्रथम गुणस्थान, अविरतिके भेद १ से ५ गुणस्थान, कषायके भेद १ से १०

सामान्यप्रत्ययानां विकल्पास्त्रयोदश विशेषप्रत्यया गुणशब्दवाच्याः केवला एव कुर्वंति कर्माणि । ततः पुद्गलकर्मणामकर्ता जीवो गुणा एव तत्कर्तारस्ते तु पुद्गलद्रव्यमेव । ततः स्थितं पुद्गलकर्मणः पुद्गलद्रव्यमेवैकं कर्तृ ॥ १०९-११२ ॥

प्रथमा एकवचन । एते–प्रथमा बहुवचन । अचेतनाः–प्रथमा बहु० । खलु–अव्यय । पुद्गलकर्मोदयसंभवाः–प्रथमा बहु० । यस्मात्–पंचमी एकवचन । ते–प्रथमा बहु० । यदि–अव्यय । कुर्वन्ति–वर्तमान लट् अन्य पुरुष बहु० । कर्म–द्वितीया एक० कर्मकारक । न–अव्यय । अपि–अव्यय । तेषां–षष्ठी बहुवचन । वेदकः–प्र० ए० । आत्मा–प्र० ए० । गुणसंज्ञिताः–प्रथमा बहु० । तु–अव्यय । एते–प्र० बहु० । कर्म–द्वि० एक० । कुर्वन्ति–वर्तमान लट् अन्य पुरुष बहु० । प्रत्ययाः–प्र० बहु० । यस्मात्–पंचमी एकवचन हेत्वर्थे । तस्मात्–पंचमी एक० । जीवः–प्र० ए० । अकर्ता–प्र० एक० । गुणाः–प्र० बहु० । च–अव्यय । कुर्वन्ति–वर्तमान लट् अन्य पुरुष बहु० । कर्माणि–द्वितीया बहुवचन कर्मकारक ॥ १०९-११२ ॥

गुणस्थान व योगके भेद १ से १३ गुणस्थान हैं, अतः ये १३ गुणस्थान पुद्गलकर्मके कर्ता हैं । (४) मिथ्यात्वसे सयोगकेवली पर्यंत १३ गुणस्थान पुद्गलकर्मके विपाकरूप हैं । (५) ये तेरह गुणस्थान पुद्गलकर्मको व्याप्यव्यापकभावसे करते हैं । (६) जीवके परिणामरूप १३ गुणस्थान पुद्गलकर्मविपाकरूप १३ गुणस्थानोंसे अन्य हैं इन दोनोंमें परस्पर निमित्तनैमित्तिक भाव है । (७) मिथ्यादृष्टि जीव अपने मिथ्यात्व परिणामको करता है व भोगता है । मिथ्यादृष्टि जीव पुद्गलमय मिथ्यात्वको नहीं करता व नहीं भोगता ।

सिद्धान्त—(१) पुद्गलकर्मका व पौद्गलिक गुणस्थानोंका पुद्गलद्रव्यके साथ व्याप्यव्यापक भाव होनेसे पुद्गलद्रव्य ही कर्ता है । (२) जीवगुणस्थानोंका जीवद्रव्यमें व्याप्यव्यापकभाव होनेसे जीवद्रव्य ही कर्ता है ।

दृष्टि—१– अशुद्धनिश्चयनय (४७) । २– अशुद्धनिश्चयनय (४७) ।

प्रयोग—पुद्गलकर्मविपाकके प्रतिफलनोंमें राग होनेसे संसारक्लेशविडम्बना जानकर ज्ञानाकारस्वरूप विशुद्ध निज चैतन्यरसके स्वादमें लगना चाहिये । इससे राग मिटेगा प्रतिफलन कर्मसम्बन्ध मिटेगा, कैवल्य प्रकट होगा ॥ १०९-११२ ॥

अब कहते हैं कि जीव और उन प्रत्ययोंका एकत्व भी नहीं है—[यथा] जैसे [जीवस्य] जीवके [उपयोगः अनन्यः] उपयोग एकरूप है [तथा] उसी प्रकार [यदि] यदि [क्रोधोपि] क्रोध भी [अनन्यः] एकरूप हो जाय तो [एवं] इस तरह [जीवस्य] जीव [च] और [अजीवस्य] अजीवके [अनन्यत्वं] एकत्व [आपन्नं] प्राप्त हुआ [एवं च सति] ऐसा होनेसे इस लोकमें [यः तु] जो [जीवः] जीव है [स एव] वही [नियमतः] नियमसे [तथा] वैसा ही [अजीवः] अजीव हुआ [एकत्वे] ऐसे दोनोंके एकत्व होनेमें [अयं दोषः] यह दोष प्राप्त हुआ । [प्रत्ययनोकर्मकर्मणां] इसी प्रकार प्रत्यय नोकर्म-कर्म इनमें भी यही दोष जानना ।

न च जीवप्रत्यययोरेकत्वं—

जह जीवस्स अणण्णुवओगो कोहो वि तह जदि अणण्णो ।
जीवस्साजीवस्स य एवमणण्णत्तमावण्णं ॥ ११३ ॥
एवमिह जो दु जीवो सो चेव दु णियमदो तहाजीवो ।
अयमेयत्ते दोसो पच्चयणोकम्मकम्माणं ॥ ११४ ॥
अह दे अण्णो कोहो अण्णुवओगप्पगो हवदि चेदा ।
जह कोहो तह पच्चय कम्मं णोकम्ममवि अण्णं ॥ ११५ ॥

ज्यों आत्मासे तन्मय, उपयोग तथैव क्रोध हो तन्मय ।
जीव व अजीवको फिर, अभिन्नता प्राप्त होवेगी ॥११३॥
इस तरह जीव जो है, वही नियमसे अजीव होवेगा ।
एकत्व दोष यह ही, आस्रव नोकर्म कर्मोंमें ॥११४॥
उपयोगमयी आत्मा, यदि है अन्य हि व अन्य क्रोधादिक ।
कर्म नोकर्म प्रत्यय, तो तद्वत् भिन्न आत्मासे ॥११५॥

यथा जीवस्यानन्य उपयोगः क्रोधोऽपि तथा दर्शनज्ञानचारित्रेभ्यः [illegible] जीवस्य अजीवेनानन्यत्वमापन्नं ॥ ११३ ॥
एवमिह यस्तु जीवः स चैव तु नियमतस्तथाजीवः । अयमेकत्वे दोषः प्रत्ययनोकर्मकर्मणां ॥ ११४ ॥
अथ ते अन्यः क्रोधोऽन्यः उपयोगात्मको भवति चेतयिता । यथा क्रोधस्तथा प्रत्ययाः कर्म नोकर्माप्यन्यत् ।

यदि यथा जीवस्य तन्मयत्वाज्जीवादनन्य उपयोगस्तथा जडः क्रोधोऽप्यनन्य एवेति प्रतिपत्तिस्तदा चिद्रूपजडयोरनन्यत्वाज्जीवस्योपयोगमयत्ववज्जडक्रोधमयत्वापत्तिः । तथा सति

नामसंज्ञ—जह, जीव, अणण्णुवओग, कोह, वि, तह, जदि, अण्ण, जीव, अजीव, य, अणण्णत्त, आवण्ण, एवं, इह, जो, दु, जीव, त, च, एव, दु, णियमदो, तह, अजीव, इत, एयत्त, दोस, पच्चयणोकम्म-कम्म, अह, तुम्ह, अण्ण, कोह, अण्णुवओगप्पग, चेद, जह, कोह, तह, पच्चय, कम्म, णोकम्म, अवि, अण्ण। **धातुसंज्ञ**—आ-वण्ण घटनायां, हव सत्तायां, चेत करणावबोधनयोः। **प्रकृतिशब्द**—यथा, जीव, अनन्य, जीव, अजीव, च, एवं, अन्यत्व, आपन्न, एवं, इह, यत्, तु, जीव, तत्, च, एव, तु, नियमतः, तथा, अजीव,

---

[अथ] अब इस दोषके भयसे [ते] तेरे मतमें [क्रोधः] क्रोध [अन्यः] अन्य है और [उपयोगात्मकः] उपयोगस्वरूप [चेतयिता] आत्मा (अन्यः) अन्य (भवति) है तो (यथा क्रोधः) जैसे क्रोध (अन्यः) आत्मासे अन्य है (तथा) उसी प्रकार (प्रत्ययाः) प्रत्यय (कर्म) कर्म (नोकर्म अपि) और नोकर्म ये भी (अन्यत्) आत्मासे अन्य ही हैं, ऐसा निश्चय करो ।

तात्पर्य—क्रोध, प्रत्यय व शरीर ये सभी आत्मासे भिन्न हैं ।

टीकार्थ—जैसे जीवके साथ तन्मयतासे जीवसे उपयोग अनन्य (एकरूप) है, उसी

तु य एव जीवः स एवाजीव इति द्रव्यांतरलुप्तिः । एवं प्रत्ययनोकर्मकर्मणामपि जीवादनन्यत्व-प्रतिपत्तावयमेव दोषः । अथैतद्दोषभयादन्य एवोपयोगात्मा जीवोऽन्य एव जडस्वभावः क्रोधः

इदम्, एकत्व, दोष, प्रत्ययनोकर्मकर्मन्, अथ, युष्मद्, अन्य, क्रोध, अन्य, उपयोग, चेतयितृ, यथा, क्रोध, तथा, प्रत्यय, कर्म, नोकर्मन्, अपि, अन्यत् । **मूलधातु**—जीव प्राणधारणे, उप-युजिर् योगे, क्रुध क्रोधे, आपद गतौ । **पदविवरण**—यथा—अव्यय । जीवस्य—षष्ठी एक० । अनन्यः—प्रथमा एकवचन । उपयोगः—प्र० ए० । क्रोधः—प्र० ए० । अपि—अव्यय । तथा—अव्यय । यदि—अव्यय । अनन्यः—प्र० एक० । जीवस्य—षष्ठी एक० । अजीवस्य—षष्ठी एक० । च—अव्यय । एवं—अव्यय । अनन्यत्वं—प्रथमा एक० । आपन्नं—प्रथमा ए० कृदंत क्रिया । एवं—अव्यय । इह—अव्यय । यः—प्रथमा एक० । तु—अव्यय । जीवः—प्रथमा एकवचन । सः—प्रथमा एक० । एव—अव्यय । तु—अव्यय । नियमतः—अव्यय पंचम्यां तसल् । तथा—अव्यय । अजीवः—प्रथमा

प्रकार जड़ क्रोध भी अनन्य ही है, ऐसी प्रतीति हो जाय तो चिद्रूपकी और जड़की अनन्यतासे जीवके उपयोगमयताकी तरह जड़ क्रोधमय होनेकी भी प्राप्ति हुई । ऐसा होनेपर जो जीव है, वही अजीव है, इस प्रकार द्रव्यान्तरका लोप हो गया । इसी प्रकार प्रत्यय नोकर्म और कर्मों को भी जीवके साथ एकत्वकी प्रतीतिमें यही दोष आता है । इस दोषके भयसे यदि ऐसा माना जाय कि उपयोगस्वरूप जीव तो अन्य है और जड़स्वरूप क्रोध अन्य है तो जैसे उपयोगस्वरूप जीवसे जड़स्वभाव क्रोध अन्य है, उसी प्रकार प्रत्यय नोकर्म और कर्म भी अन्य ही हैं, क्योंकि जैसा जड़स्वभाव क्रोध है, उसी प्रकार प्रत्यय नोकर्म, कर्म ये भी जड़ हैं, इनमें विशेषता नहीं है । इस प्रकार जीव और प्रत्ययमें एकत्व नहीं है । **भावार्थ**—मिथ्यात्वादि आस्रव तो जड़-स्वभाव हैं और जीव चैतन्यस्वभाव है । यदि जड़ और चेतन एक हो जायें तो भिन्न द्रव्यका ही लोप हो जाय यह बड़ा भारी दोष आता है । इसलिये आस्रव और आत्मामें एकत्व नहीं है, यह निश्चयनयका सिद्धान्त है ।

प्रसंगविवरण—अनन्तरपूर्व गाथावोंमें इस तथ्यका निर्देश किया गया है कि मिथ्यात्व, अविरति, कषाययोगरूप तथा उनके भेदरूप १३ गुणस्थान—ये सब द्रव्यप्रत्यय बताये गये और ऐसे ही भावरूप जीवपरिणाम भी है । अब इन तीन गाथावोंमें इस विवरणसे सम्बंधित यह बात कही गई है कि जीव और प्रत्ययोंमें एकत्व नहीं है, अभेद नहीं है ।

तथ्यप्रकाश—१— जीवसे उपयोग अभिन्न है । अतः जीव उपयोगमय है । २— यदि जड़ क्रोध भी जीवसे अभिन्न हो जाये तो जीव जड़ क्रोधमय हो जावेगा । ३— यदि जीव उपयोगमयकी तरह जड़क्रोधमय हो जाय तब तो जो ही जीव है वही अजीव है, द्रव्यान्तर न रहेगा, कौनसा न रहे, फल यह होगा कि दोनों ही न रहे यह महादोष है । जैसे जड़स्व-भावी क्रोध उपयोगात्मक जीवसे अन्य है, ऐसे ही प्रत्यय, कर्म, नोकर्म भी उपयोगात्मक जीव से अन्य ही हैं ।

इत्यभ्युपगमः तर्हि यथोपयोगात्मनो जीवादन्यो जडस्वभावः क्रोधः तथा प्रत्ययनोकर्मकर्माप्यप्यन्यान्येव जडस्वभावत्वाविशेषान्नास्ति जीवप्रत्यययोरेकत्वं ॥ ११३-११५ ॥

एक० । अयं–प्रथमा एक० । एकत्वे–सप्तमी एक० । दोषः–प्रथमा ए० । प्रत्ययनोकर्मकर्मणां–षष्ठी बहु० । अथ–अव्यय । ते–षष्ठी एक० । अन्यः–प्रथमा एक० । क्रोधः–प्रथमा एक० । अन्यः–प्रथमा एक० । उपयोगात्मकः–प्रथमा एक० । भवति–वर्तमान लट् अन्य पुरुष एकवचन । चेतयिता–प्रथमा एकवचन । यथा–अव्यय । क्रोधः–प्र० ए० । तथा–अव्यय । प्रत्ययाः–प्र० बहु० । कर्म, नोकर्म–प्रथमा एक० । अपि–अव्यय । अन्यत्–प्रथमा एकवचन ॥ ११३-११५ ॥

सिद्धान्त—१– जीव द्रव्यकर्मोंका कर्ता भोक्ता उपचारसे है । २– जीव भावकर्मोंका कर्ता निश्चयनयाभिमुख व्यवहारसे है ।

दृष्टि—१– परकर्तृत्व अनुपचरित असद्भूतव्यवहार (१२६) । २– अशुद्धनिश्चयनय (४७) ।

प्रयोग—शुद्ध शान्त रहनेके लिये जड़क्रोधादिसे व जड़क्रोधादिके प्रतिफलनसे विविक्त चैतन्यमात्र उपयोगस्वरूप अन्तस्तत्त्वमें अधिष्ठित होना चाहिये ॥ ११३-११५ ॥

अब सांख्यमतानुयायी शिष्यके प्रति पुद्गलद्रव्यके परिणामस्वभावपना सिद्ध करते हैं—(**यदि पुद्गलद्रव्यं**) यदि पुद्गलद्रव्य (**जीवे**) जीवमें (**स्वयं**) स्वयं (**न बद्धं**) नहीं बँधा (**कर्मभावेन**) कर्मभावसे (**स्वयं**) स्वयं (**न परिणमते**) नहीं परिणमन करता है (**इदं तथा**) ऐसा मानो तो यह पुद्गलद्रव्य (**अपरिणामि**) अपरिणामी (**भवति**) प्रसक्त होता है (**च**) और (**कार्मणवर्गणासु**) कार्मणवर्गणाओंके (**कर्मभावेन**) कर्मभावसे (**अपरिणममानासु**) नहीं परिणमनेपर (**संसारस्य**) संसारका (**अभावः**) अभाव (**प्रसजति**) ठहरेगा (**वा**) अथवा (**सांख्यसमयः**) सांख्य मतका प्रसंग आयेगा । (**जीवः**) यदि जीव ही (**पुद्गलद्रव्याणि**) पुद्गलद्रव्योंको (**कर्मभावेन**) कर्मभावसे (**परिणामयति**) परिणमन कराता है ऐसा माना जाय तो (**स्वयं अपरिणममानानि**) आप ही परिणमन न करते (**तानि**) उन पुद्गलद्रव्योंको (**चेतयिता**) यह चेतन जीव (**कथं नु**) कैसे (**परिणामयति**) परिणमा सकता है, यह प्रश्न हो सकता है (**अथ**) अथवा (**पुद्गलद्रव्यं**) पुद्गलद्रव्य (**स्वयमेव हि**) आप ही (**कर्मभावेन**) कर्मभावसे (**परिणमते**) परिणमता है, ऐसा माना जाय तो (**जीवः**) जीव (**कर्म**) कर्मरूप पुद्गलको (**कर्मत्वं**) कर्मरूपसे (**परिणामयति**) परिणमाता है (**इति**) ऐसा कहना (**मिथ्या**) झूठ हो जाता है । इसलिये यह सिद्ध हुआ कि (**पुद्गलद्रव्यं**) पुद्गलद्रव्य (**कर्मपरिणतं**) कर्मरूप परिणत हुआ (**नियमात् चैव**) नियमसे ही (**कर्म**) कर्मरूप (**भवति**) होता है (**तथा**) ऐसा होनेपर (**तच्चैव**) वह पुद्गलद्रव्य ही (**ज्ञानावरणादिपरिणतं**) ज्ञानावरणादिरूप परिणत (**तत्**) पुद्गलद्रव्यको (**तत् चैव**)

अथ पुद्गलद्रव्यस्य परिणामस्वभावत्वं साधयति सांख्यमतानुयायिशिष्यं प्रति—

जीवे ण सयं बद्धं ण सयं परिणमदि कम्मभावेण ।
जइ पुग्गलदव्वमिणं अप्परिणामी तदा होदि ॥११६॥
कम्मइयवग्गणासु य अपरिणमंतीसु कम्मभावेण ।
संसारस्स अभावो पसज्जदे संखसमओ वा ॥११७॥
जीवो परिणामयदे पुग्गलदव्वाणि कम्मभावेण ।
ते सयमपरिणमंते कहं णु परिणामयदि चेदा ॥११८॥
अह सयमेव हि परिणमदि कम्मभावेण पुग्गलं दव्वं ।
जीवो परिणामयदे कम्मं कम्मत्तमिदि मिच्छा ॥११९॥
णियमा कम्मपरिणदं कम्मं चि य होदि पुग्गलं दव्वं ।
तह तं णाणावरणाइपरिणदं मुणसु तच्चेव ॥१२०॥

जीवमें स्वयं न बँधा, न वह स्वयं कर्मरूप परिणमता ।
पुद्गल यदि यह मानो, कर्म अपरिणामि होवेगा ॥११६॥
ये कर्मवर्गणायें, यदि न परिणमे कर्मभावसे तो ।
भवका अभाव होगा, सांख्यसमयकी प्रसक्ति भी होगी ॥११७॥
यदि जीव परिणमावे, पुद्गलको कर्मभावरूपोंमें ।
स्वयं अपरिणमतेको, कैसे यह परिणमा देगा ॥११८॥

मेटना चाहता है । इस अपेक्षासे ज्ञानीके राग नहीं है । मिथ्यात्वसहित जो रागादिक होते हैं, वे ही अज्ञानमय राग द्वेष मोह हैं और वे अज्ञानीके ही हैं, सम्यग्दृष्टिके नहीं हैं ।

तात्पर्य—सम्यग्दृष्टिके बुद्धिपूर्वक आस्रव बंध नहीं है और जो पहलेके बद्ध कर्म हैं उनका वह ज्ञाता होता है ।

प्रसंगविवरण—समयसारकी अधिकार गाथामें बताया गया था "भूयत्थेणाभिगया जीवाजीवा य पुण्णपावं च, आसवसंवरणिज्जर बंधो मोक्खो य सम्मत्तं" इसके अनुसार जीव अजीव पुण्य पापका अधिकार पूर्ण हो गया । अब आस्रवका वर्णन करना क्रमप्राप्त है । सो सर्वप्रथम इस गाथायुगलमें आस्रवका स्वरूप कहा गया है अथवा अनन्तरपूर्व अधिकारमें पुण्य पाप कर्मका वर्णन हुआ है, सो उस विषयमें यह जिज्ञासा हुई कि पुण्य-पाप कर्मोंका आस्रव (आना) किस प्रकार होता, जिसकी जानकारीसे यह प्रकाश मिले कि वह योग न बनाया जावे जिससे कि पुण्य पाप कर्मका आस्रव हो । इस जिज्ञासाका समाधान करनेके लिये यहाँ आस्रवका प्रवेश हुआ, जिसमें सर्वप्रथम आस्रवका स्वरूप यहाँ कहा गया है ।

तथ्यप्रकाश—१–जीवके अज्ञान परिणाम (आत्माकी बेसुधी) से जीवमें राग द्वेष मोह भावरूप आस्रव होते हैं । २– जीवमें होने वाले राग द्वेष मोह भाव जीवकी परिणति होनेसे जड़ नहीं हैं और जीवमें स्वभाव नहीं होनेसे चेतन नहीं, किन्तु चिदाभास हैं । ३– अचेतन मिथ्यात्व अविरति कषाय योग तो पुद्गलकर्म प्रकृतिरूप हैं । ४– चेतन मिथ्यात्व अविरति कषाय योग जीवके परिणाम हैं । ५– उदयप्राप्त अचेतन मिथ्यात्व अविरति कषाय योग याने द्रव्यप्रत्यय नवीन ज्ञानावरणादि पुद्गलकर्मके आस्रवके निमित्तभूत हैं । ६– द्रव्यप्रत्ययके निमित्तसे होने वाले चेतन मिथ्यात्वादि भाव द्रव्यप्रत्ययमें नवीन कर्मके आस्रवकी निमित्तता आ जावे इस निमित्तताके निमित्त हैं । ७–वास्तवमें आस्रव जीवके राग द्वेष मोह हैं, क्योंकि ये पुद्गलकर्मास्रवणके निमित्तकी निमित्तताके निमित्त हैं । ८–अज्ञानमय राग, द्वेष, मोह जीव-परिणाम अज्ञानीके ही होते हैं ।

सिद्धान्त—१–अचेतन मिथ्यात्व अविरति कषाय योग पुद्गलद्रव्यके अनन्य परिणाम हैं । २–चेतन मिथ्यात्व आदि भाव अज्ञानी जीवके अनन्य परिणाम हैं । ३–जीवके बन्धनका कारण उदयागत द्रव्यप्रत्यय है । ४–वस्तुतः जीवके बंधनका कारण स्वकीय रागादि अज्ञान-

तत आस्रवणनिमित्तत्वनिमित्तत्वाद्रागद्वेषमोहा एवास्रवाः, ते चाज्ञानिन एव भवंतीति अर्थादेवापद्यते ॥१६४-१६५॥

ते–प्रथमा बहु० । दु तु–अव्यय । कम्मस्स कर्मणः–षष्ठी एक० । कारणं–प्रथमा एक० । होंति भवंति–वर्तमान लट् अन्य पुरुष एकवचन क्रिया । तेसिं तेषां–षष्ठी बहु० । पि अपि–अव्यय । होदि भवति–वर्तमान लट् अन्य पुरुष एक० । जीवो जीवः–प्रथमा एक० । य च–अव्यय । रागदोसादिभावकरो रागद्वेषादिभावकरः–प्रथमा एकवचन ॥ १६४-१६५ ॥

भाव है ।

दृष्टि—१– उपादानदृष्टि (४९ब) । २– उपादानदृष्टि (४९ब) । ३– निमित्तदृष्टि (५३अ) । ४–उपादानदृष्टि (४९ब) ।

प्रयोग—कर्मबन्धका मूल कारण अपने रागादिभावोंको जानकर रागादिभावोंसे छुटकारा पानेके लिये रागादिविकारशून्य सहजज्ञानस्वभावमें उपयुक्त होनेका पौरुष करना ॥१६५॥

अब ज्ञानीके उन आस्रवोंका अभाव दिखलाते हैं:—[**सम्यग्दृष्टेः**] सम्यग्दृष्टिके [**आस्रवबंधः**] आस्रव बंध [**नास्ति**] नहीं है [**तु**] किंतु [**आस्रवनिरोधः**] आस्रवका निरोध है [**तानि**] उनको [**अबध्नन्**] नहीं बांधता हुआ [**सः**] वह [**संति**] सत्तामें मौजूद [**पूर्वनिबद्धानि**] पहले बाँधे हुए कर्मोंको [**जानाति**] मात्र जानता है ।

टीकार्थ—चूँकि वास्तवमें ज्ञानीके ज्ञानमय भावोंसे परस्पर विरोधी अज्ञानमय भाव रुक जाते हैं इस कारण आस्रवभूत राग, द्वेष, मोह भावोंके निरोधसे ज्ञानीके आस्रवका निरोध होता ही है । इसलिये ज्ञानी, आस्रवनिमित्तक ज्ञानावरण आदि पुद्गल कर्मोंको नहीं बांधता । किन्तु सदा उन कर्मोंका अकर्ता होनेसे नवीन कर्मोंको नहीं बाँधता हुआ पहले बंधे हुए सत्तारूप अवस्थित उन कर्मोंको केवल जानता ही है ।

भावार्थ—ज्ञानी होनेपर अज्ञानरूप राग द्वेष मोह भावोंका निरोध होता है और आस्रवके निरोधसे नवीन बंधका निरोध होता है तथा जो पूर्व बंधे हुए सत्तामें स्थित हैं, उनका ज्ञाता ही रहता है कर्ता नहीं होता । यद्यपि अविरत सम्यग्दृष्टि आदिके चारित्रमोहका उदय है, पर उसको ऐसा जानना कि यह उदयकी बलवत्ता है, वह अपनी शक्तिके अनुसार उनको रोगरूप जानकर दूर करता ही है इसलिये वे हुए भी अनहुए सरीखे कहे जाते हैं, वहाँ जो अल्पस्थिति अनुभागरूप बंध होता वह अज्ञानके पक्षमें नहीं गिना जाता, अज्ञानके पक्षमें तो जो मिथ्यात्व व अनंतानुबंधीके निमित्तसे बँधता है, वह गिना जाता है । इस प्रकार ज्ञानीके आस्रव व बंध नहीं गिना गया ।

प्रसंगविवरण—अनन्तरपूर्व गाथामें आस्रवका स्वरूप बताया गया था और यह

अथ ज्ञानिनस्तदभावं दर्शयति—

णत्थि दु आसवबंधो सम्मादिट्ठिस्स आसवणिरोहो ।
संते पुव्वणिबद्धे जाणदि सो ते अबंधंतो ॥१६६॥

आस्रव बंध नहीं है, ज्ञानीके किन्तु आस्रवनिरुन्धन ।
वह तो पूर्वनिबद्धों-को जाने भव्य नहिं बांधे ॥१६६॥

नास्ति त्वास्रवबंधः सम्यग्दृष्टेरास्रवनिरोधः । संति पूर्वनिबद्धानि जानाति स तान्यबध्नन् ॥१६६॥

यतो हि ज्ञानिनो ज्ञानमयैर्भावैरज्ञानमया भावाः परस्परविरोधिनो अवश्यमेव निरुध्यंते । ततोऽज्ञानमयानां भावानां रागद्वेषमोहानां आस्रवभूतानां निरोधात् ज्ञानिनो भवत्येव आस्रव-

---

नामसंज्ञा—ण, दु, आसवबंध, सम्मादिट्ठि, आसवणिरोह, संत, पुव्वणिबद्ध, त, त, अबंधंत । **धातुसंज्ञा**—अस सत्तायां, आ-सव स्रवणे, बंध बंधने, जाण अवबोधने । **प्रातिपदिक**—न, तु, आस्रवबन्ध, सम्यग्दृष्टि, आस्रवनिरोध, सत्, पूर्वनिबद्ध, तत्, तत् । **मूलधातु**—अस् भुवि, आ-स्रु गतौ, बन्ध बन्धने, निरुधिर आवरणे रुधादि, ज्ञा अवबोधने । **पदविवरण**—ण न—अव्यय । अत्थि अस्ति—वर्तमान लट् अन्य पुरुष एकवचन क्रिया । दु तु—अव्यय । आसवबंधो आस्रवबन्धः—प्रथमा एकवचन । सम्मादिट्ठिस्स सम्यग्दृष्टेः—

निष्कर्ष निकला था कि वे आस्रव अज्ञानीके ही होते हैं । अब यहाँ बताया गया कि ज्ञानीके उन आस्रवोंका अभाव है ।

तथ्यप्रकाश—(१) ज्ञानीके ज्ञानमय ही भाव होते हैं । (२) ज्ञानमय भाव व अज्ञानमय भाव परस्पर विरोधी भाव हैं । (३) ज्ञानीके ज्ञानमय भावोंके द्वारा अज्ञानभाव निरुद्ध हो जाते हैं याने हट जाते हैं । (४) ज्ञानीके अज्ञानमय भाव रागद्वेषमोह हट गये हैं, अतः आस्रवनिरोध है । ज्ञानी आस्रवनिमित्तक पुद्गलकर्मोंको नहीं बाँधता । (५) अकर्ता होनेसे ज्ञानी नवीन कर्मोंको बाँधता नहीं और पूर्वबद्धकर्मोंको मात्र जानता है । (६) गुणस्थानानुसार ज्ञानियोंके आस्रवनिरोध समझना चाहिये । (७) द्रव्यकर्म, भावकर्म व नोकर्ममें आत्मत्वबुद्धि न होनेसे आत्माका नाम ज्ञानी हो जाता है । (८) अविरत सम्यग्दृष्टि ज्ञानी मिथ्यात्वादि ४१ प्रकृतियोंका आस्रवनिरोधक है । (९) देशसंयमी ज्ञानी ५१ प्रकृतियोंका आस्रवनिरोधक है । (१०) प्रमत्तविरत ज्ञानी ५५ प्रकृतियोंका आस्रवनिरोधक है । (११) अप्रमत्तविरत ज्ञानी ६१ प्रकृतियोंका आस्रवनिरोधक है । (१२) अपूर्वकरण उपशमक क्षपक ज्ञानी ६२ प्रकृतियों का आस्रवनिरोधक है । (१३) अनिवृत्तिकरण उपशमक व क्षपक ज्ञानी ९८ प्रकृतियोंका आस्रवनिरोधक है । (१४) सूक्ष्मसाम्पराय उपशमक व क्षपक १०३ प्रकृतियोंका आस्रवनिरोधक है । (१५) उपशान्तकषाय, क्षीणकषाय व सयोगकेवली ११९ याने एक कम सब प्रकृतियोंका आस्रवनिरोधक है । (१६) अयोगकेवली व सिद्धप्रभु पूर्ण निरास्रव हैं ।

निरोधः । अतो ज्ञानी नास्रवनिमित्तानि पुद्गलकर्माणि बध्नाति, नित्यमेवाकर्तृत्वात्तानिनवानि न बध्नन् सदवस्थानि पूर्वबद्धानि ज्ञानस्वभावत्वात्केवलमेव जानाति ॥१६६॥

षष्ठी एकवचन । आसवणिरोहो आस्रवनिरोधः–प्रथमा एक० । संते सन्ति–द्वितीया एकवचन कृदन्त । पुव्वणिबद्धे पूर्वनिबद्धानि–द्वितीया बहु० । जाणदि जानाति–वर्तमान लट् अन्य पुरुष एकवचन क्रिया । सो सः–प्रथमा एक० । ते तानि–द्वितीया बहु० । अबंधंतो अबध्नन्–प्रथमा एकवचन ॥ १६६ ॥

सिद्धान्त—(१) ज्ञानी जीवके शुद्धभावका निमित्त पाकर कार्माणवर्गणाओंमें कर्मत्वके आस्रवका निरोध हो जाता है । (२) ज्ञानी पूर्वनिबद्ध कर्मोंका मात्र जाननहार होता है, भोक्ता नहीं ।

दृष्टि—१– शुद्धभावनापेक्ष शुद्धद्रव्यार्थिकनय (२८ब) । २– अभोक्तृनय (१९२) ।

प्रयोग—ज्ञानमात्र अन्तस्तत्त्वके आश्रयसे संसारसंकटमूलकर्मास्रवका निरोध हो जाता है, अतः सकल विकल्प परिग्रह त्यागकर एक ज्ञानमात्र अन्तस्तत्त्वका आलम्बन लेना चाहिये ॥ १६६ ॥

अब राग, द्वेष, मोह भावोंके ही आस्रवपनेका नियम करते हैं—[**जीवेन कृतः**] जीव के द्वारा किया गया [**रागादियुक्तो भावः**] रागादियुक्त भाव [**बंधको भणितः**] नवीन कर्मका बंध करने वाला कहा गया है [**तु**] परंतु [**रागादिविप्रमुक्तः**] रागादिक भावोंसे रहित भाव [**अबंधकः**] बंध करने वाला नहीं है, [**केवलं**] केवल [**ज्ञायकः**] जानने वाला ही है ।

तात्पर्य—अज्ञानभावके कारण जीवमें उमंगसे उठे रागादिकभाव मिथ्यात्वादि प्रकृति का बंध करने वाले हैं ।

टीकार्थ—वास्तवमें इस आत्मामें राग, द्वेष, मोहके मिलापसे उत्पन्न हुआ भाव (अज्ञान मय ही भाव) आत्माको कर्म करनेके लिये प्रेरित करता है जैसे कि चुंबक पत्थरके सम्बन्धसे उत्पन्न हुआ भाव लोहेकी सुईको चलाता है, परन्तु उन रागादिकोंके भेदज्ञानसे उत्पन्न हुआ ज्ञानमय भाव स्वभावसे ही आत्माको कर्म करनेमें अनुत्सुक रखता है जैसे कि चुम्बक पाषाण के संसर्ग बिना सुईका स्वभाव चलने रूप नहीं है इस कारण रागादिकोंसे मिला हुआ अज्ञान-मय भाव ही कर्मके कर्तृत्वमें प्रेरक होनेके कारण नवीन बंधका करने वाला है, परन्तु रागा-दिकसे न मिला हुआ भाव अपने स्वभावका प्रगट करने वाला होनेसे केवल जानने वाला ही है, वह नवीन कर्मका किंचिन्मात्र भी बंध करने वाला नहीं है । **भावार्थ**—रागादिकके मिलाप से हुआ अज्ञानमय भाव ही कर्मबंध करने वाला है और रागादिकसे नहीं मिला ज्ञानमय भाव कर्मबंधका करने वाला नहीं है, यह सिद्धान्त रहा ।

प्रसंगविवरण—अनन्तरपूर्व गाथामें बताया गया था कि ज्ञानीके आस्रवका अभाव

अथ रागद्वेषमोहानामास्रवत्वं नियमयति—

भावो रागादिजुदो जीवेण कदो दु बंधगो भणिदो ।
रायादिविप्पमुक्को अबंधगो जाणगो णवरिं ॥१६७॥

जीवकृत राग आदिक, भाव बताया जिनेन्द्रने बंधक ।
रागादिमुक्त बन्धक, नहिं है वह किन्तु ज्ञायक है ॥१६७॥

भावो रागादियुतः जीवेन कृतस्तु बंधको भणितः । रागादिविप्रमुक्तोऽबंधको ज्ञायको नवरि ॥ १६७ ॥

इह खलु रागद्वेषमोहसंपर्कजोऽज्ञानमय एव भावः, अयस्कांतोपलसंपर्कज इव कालायस-सूचीं कर्म कर्तुमात्मानं चोदयति । तद्विवेकजस्तु ज्ञानमयः, अयस्कांतोपलविवेकज इव कालायस-सूचीमकर्मकरणौत्सुक्यमात्मानं स्वभावेनैव स्थापयति । ततो रागादिसंकीर्णोऽज्ञानमय एव कर्तृत्वे चोदकत्वाद्बंधकः । तदसंकीर्णस्तु स्वभावोद्भासकत्वात्केवलं ज्ञायक एव, न मनागपि बंधकः ॥१६७॥

नामसंज्ञ—भाव, रागादिजुद, जीव, कद, दु, बंधग, भणिद, रागादिविप्पमुक्क, अबंधग, जाणग, णवरि । **धातुसंज्ञ**—भव सत्तायां, जु मिश्रणे, जीव प्राणधारणे, भण कथने, वि-प-मुंच त्यागे । **प्रातिपदिक**—भाव, रागादियुत, जीव, कृत, तु, बन्धक, भणित, रागादिविप्रमुक्त, अबंधक, ज्ञायक, नवरि । **मूलधातु**—यु मिश्रणे अदादि, डुकृञ् करणे, भण शब्दार्थः, वि-प्र-मुच्लृ मोक्षणे । **पदविवरण**—भावो भावः—प्रथमा एकवचन । रागादिजुदो रागादियुतः—प्रथमा एक० । जीवेण जीवेन—तृतीया एक० । कदो कृतः—प्र० एक० कृदंत । दु तु—अव्यय । बंधगो बन्धकः—प्रथमा एक० । भणिदो भणितः—प्रथमा एक० कृदन्त क्रिया । रागादिविप्पमुक्को रागादिविप्रमुक्तः—प्रथमा एक० । अबंधगो अबन्धकः—प्र० ए० । जाणगो ज्ञायकः—प्रथमा एक० । णवरिं नवरि—अव्यय ॥ १६७ ॥

है । सो अब उसी सम्बन्धमें इस गाथामें यह नियमित किया है कि वह आस्रवपना रागद्वेष मोहभावोंका ही है ।

तथ्यप्रकाश—१– रागद्वेषमोहके संपर्कसे उत्पन्न हुआ भाव अज्ञानमय भाव है । २– अज्ञानमय भाव ही आत्माको कर्म करनेके लिये प्रेरित करता है । ३– रागद्वेष मोहके विवेकसे (वियोगसे) उत्पन्न हुआ भाव ज्ञानमय भाव है । ४– ज्ञानमय भाव स्वभावसे ही आत्माको कर्म करनेमें अनुत्सुक रखता है । ५–रागादिसे संकीर्ण अज्ञानमय भाव ही कर्तृत्वमें प्रेरक होनेसे बन्धक है । ६– रागादिकसे असंकीर्ण ज्ञानमय भाव स्वभावका उद्भासक होनेसे केवल ज्ञायक है, बन्धक नहीं है ।

सिद्धान्त—१–चित्प्रकाशस्वरूप स्वभावभावसे भिन्न अज्ञानमय रागद्वेषमोहभाव कर्म-बन्धके मूल निमित्त कारण हैं । २–अज्ञानमय भाव भावबन्धन बनाये रहनेके समुचित उपादान कारण हैं ।

अथ रागाद्यसंकीर्णभावसंभवं दर्शयति—

पक्के फलम्हि पडिए जह ण फलं वज्झए पुणो विंटे।
जीवस्स कम्मभावे पडिए ण पुणोदयमुवेई ॥१६८॥

फल पक्क हो पतित फिर, जैसे वह वृन्तमें नहीं लगता।
कर्मभाव हटनेपर, फिर न जीवके उदित होता ॥१६८॥

पक्वे फले पतिते यथा न फलं बध्यते पुनर्वृन्ते। जीवस्य कर्मभावे पतिते न पुनरुदयमुपैति ॥ १६८ ॥

यथा खलु पक्वं फलं वृंतात्सकृद्विश्लिष्टं सन्न पुनर्वृंतसंबंधमुपैति तथा कर्मोदयजो

नामसंज्ञ—पक्क, फल, पडिय, जह, ण, फल, पुणो, विंट, जीव, कम्मभाव, पडिय, ण, पुण, उदय। **धातुसंज्ञ**—पड पतने, बज्झ बंधने, उप-इ गतौ। **प्रातिपदिक**—पक्व, फल, पतित, यथा, न, फल, पुनस्, वृन्त, जीव, कर्मभाव, पतित, न, पुनस्, उदय। **मूलधातु**—डुपचष् पाके भ्वादि, फल निष्पत्तौ भ्वादि, पत्लृ गतौ भ्वादि, पत गतौ चुरादि, बन्ध बन्धने, उप-इण् गतौ। **पदविवरण**—पक्के पक्वे—सप्तमी एक०। फलम्हि फले—सप्तमी एक०। पडिए पतिते—सप्तमी एक०। जह यथा—अव्यय। ण न—अव्यय। फलं—प्रथमा

दृष्टि—१– निमित्तत्वनिमित्तदृष्टि (५३ब)। २– उपादानदृष्टि (४९ब)।

प्रयोग—रागादिसंपृक्त भाव आत्माको बन्धन संकटमें रखने वाला है ऐसा जानकर अपने रागादिरहित सहज ज्ञानस्वभावमें उपयुक्त होनेका पौरुष करना ॥१६७॥

अब रागादिकसे न मिले ज्ञानमय भावका संभव दिखलाते हैं:—[**यथा**] जैसे [**पक्वे फले पतिते**] पके फलके गिर जानेपर [**पुनः**] फिर [**फलं**] वह फल [**वृंते**] उस डंठलमें [**न बध्यते**] नहीं बंधता, उसी तरह [**जीवस्य**] जीवके [**कर्मभावे**] कर्मभावके [**पतिते**] झड़ जानेपर [**पुनः**] फिर वह [**उदयं**] उदयको [**न उपैति**] प्राप्त नहीं होता।

तात्पर्य—कर्मोदयज भाव जीवभावसे पृथक् ज्ञात होनेपर फिर कर्मोदयजभाव जीव-भावरूप नहीं अनुभवा जा सकता।

टीकार्थ—जैसे पका हुआ फल गुच्छेसे एक बार पृथक् होता हुआ वह फल फिर गुच्छेसे सम्बन्धित नहीं होता, उसी प्रकार कर्मके उदयसे उत्पन्न हुआ भाव एक बार भी जीवभावसे पृथक् होता हुआ फिर जीव भावको प्राप्त नहीं होता। इस प्रकार रागादिकसे न मिला हुआ भाव ज्ञानमय ही संभव है। **भावार्थ**—जीव अज्ञानसे कर्मोदयज भावोंको अपना मान कर उसे जीवभाव बना देता है। यदि स्वलक्षणके परिचयसे आस्रव और जीवस्वभावका परिचय यथार्थतया प्राप्त कर ले तो फिर कर्मोदयज भाव जीवभावसे नहीं जुड़ सकते सो यह सब रागादिसे असंकीर्ण ज्ञानमयभावका चमत्कार है।

अब इस अर्थका कलशरूप काव्य कहते हैं—**भावो** इत्यादि। **अर्थ**—रागद्वेष मोहसे

भावो जीवभावात्सकृद्विश्लिष्टः सन्, न पुनर्जीवभावमुपैति । एवं ज्ञानमयो रागाद्यसंकीर्णो भावः संभवति । भावो रागद्वेषमोहैर्विना यो जीवस्य स्याद् ज्ञाननिर्वृत्त एव । रुंधन् सर्वान् द्रव्यकर्मास्रवोधान् एषोऽभावः सर्वभावास्रवाणां ॥११४॥ ॥१६८॥

एक० । बज्झए बध्यते—वर्तमान लट् अन्य पुरुष एकवचन भावकर्मप्रक्रिया क्रिया । पुणो पुनः—अव्यय । विट्टे वृत्ते—सप्तमी एक० । जीवस्स जीवस्य—षष्ठी ए० । कम्मभावे कर्मभावे—सप्तमी ए० । ण न—अव्यय । पुण पुनः—अव्यय । उदयं—द्वितीया एक० । उवेई उपैति—वर्तमान लट् अन्य पुरुष एकवचन क्रिया ॥१६८॥

रहित ज्ञानके द्वारा ही रचा हुआ जो जीवका भाव है, वह सब द्रव्यास्रवोंको रोकता हुआ सभी भावास्रवोंका अभाव स्वरूप है । **भावार्थ**—ज्ञानमयभाव भावास्रवोंका अभावरूप इस कारण है कि संसारका कारण मिथ्यात्व ही है उस सम्बन्धी रागादिकका अभाव हुआ तो सभी भावास्रवोंका अभाव हो गया समझना ।

प्रसंगविवरण—अनन्तरपूर्व गाथामें बताया गया था कि रागादिसंकीर्ण भाव बंधक होता है और रागाद्यसंकीर्ण भाव अबंधक होता है । अब यहाँ इस गाथामें उसी रागाद्यसंकीर्ण भावका सद्भाव बताया गया है ।

तथ्यप्रकाश—(१) ज्ञानी जीवके सुख-दुःखादि कर्मभावके निर्जीर्ण होनेपर वह कर्म रागद्वेषमोहका अभाव होनेसे जीवभावको प्राप्त नहीं होता है । (२) जो कर्मभाव जीवभावको प्राप्त नहीं होता वह फिर बन्धको भी प्राप्त नहीं होता है । (३) जो बन्धरूप नहीं हो सकता वह उदयको भी प्राप्त नहीं होता । (४) ज्ञानीके भाव रागाद्यसंकीर्ण होनेसे शुद्ध भाव कहलाते हैं । (५) ज्ञानी जीवके शुद्धभाव होनेसे निर्विकार स्वसंवेदनके बलसे संवरपूर्वक निर्जरा होती है । (६) उस प्रकारके कर्मका बन्धक न होकर उदित विभावका व कर्मभावका निकल जाना मोक्षमार्गसंचालक निर्जरा है ।

सिद्धान्त—(१) अज्ञान अवस्थामें कर्मभावको जीवभाव माननेकी वृत्ति होनेसे द्रव्यप्रत्यय उसी प्रकारके कर्मके बन्धक होते हैं । (२) तत्त्वज्ञान होनेपर उदित कर्मभावको जीवभाव न माना जा सकनेसे, वह कर्मभाव जीवभाव न माना जा सकनेसे जीवभाव नहीं बनता, और तब द्रव्यप्रत्यय उस प्रकारके कर्मके बन्धक नहीं होते ।

दृष्टि—१– निमित्तत्वनिमित्तदृष्टि एवं निमित्तदृष्टि (२०१, ५३अ) । २– प्रतिषेधक शुद्धनय (४९अ) ।

प्रयोग—कर्मभावसे हटनेके लिये अपने ज्ञानमात्र सहजभावमें आत्मत्व स्वीकार कर ज्ञानमात्र भावमें रत होनेका पौरुष करना ॥ १६८ ॥

अब ज्ञानीके द्रव्यास्रवका अभाव दिखलाते हैं:—[तस्य ज्ञानिनः] उस ज्ञानीके [पूर्व-

अथ ज्ञानिनो द्रव्यास्रवाभावं दर्शयति—

पुढवीपिंडसमाणा पुव्वणिबद्धा दु पच्चया तस्स ।
कम्मसरीरेण दु ते बद्धा सव्वेपि णाणिस्स ॥१६९॥

पूर्वबद्ध सब प्रत्यय, ज्ञानीके पृथ्विपिण्ड सम जानो ।
बँधे हुये विधिसे वे, बँधे नहीं किन्तु आत्मासे ॥१६९॥

पृथ्वीपिंडसमानाः पूर्वनिबद्धास्तु प्रत्ययास्तस्य । कर्मशरीरेण तु ते बद्धाः सर्वेऽपि ज्ञानिनः ॥ १६९ ॥

ये खलु पूर्वमज्ञानेनैव बद्धा मिथ्यात्वाविरतिकषाययोगा द्रव्यास्रवभूताः प्रत्ययाः ते ज्ञानिनो द्रव्यांतरभूता अचेतनपुद्गलपरिणामत्वात् पृथ्वीपिंडसमानाः । ते तु सर्वेऽपि स्वभावत

नामसंज्ञ—पुढवीपिंडसमाण, पुव्वणिबद्ध, दु, पच्चय, त, कम्मसरीर, दु, त, बद्ध, सव्वे, पि, णाणि । **धातुसंज्ञ**—प्रति-अय गतौ, बंध बंधने । **प्रातिपदिक**—पृथ्वीपिण्डसमान, पूर्वनिबद्ध, तु, प्रत्यय, तत्, कर्मशरीर, तु, तत्, बद्ध, सर्व, अपि, ज्ञानिन् । **मूलधातु**—प्रति-अय गतौ, बन्ध बन्धने । **पदविवरण**—पुढवीनिबद्धाः] पहले बँधे हुए [**सर्वेपि**] सभी [**प्रत्ययाः**] कर्म [**पृथिवीपिंडसमानाः**] पृथ्वीके पिंड समान हैं [**तु**] और वे [**कर्मशरीरेण**] कार्मण शरीरके साथ [**बद्धाः**] बंधे हुए हैं ।

तात्पर्य—कर्म व कर्मोदयज भावसे भिन्न आत्मस्वरूपको जाननेपर कर्म पृथ्वीपिण्डके समान पुद्गलपिण्ड मात्र ही नजर आते हैं ।

टीकार्थ—जो पहले अज्ञानसे बाँधे मिथ्यात्व, अविरति, कषाय, योग रूप द्रव्यास्रवभूत प्रत्यय हैं वे ज्ञानीके अन्य द्रव्यरूप अचेतन पुद्गलद्रव्यके परिणाम होनेसे पृथिवीके पिंड समान हैं । और वे सभी अपने पुद्गलस्वभावसे कार्मण शरीरसे ही एक होकर बँधे हैं, परन्तु जीवसे नहीं बँधे हैं । इस कारण ज्ञानीके द्रव्यास्रवका अभाव स्वभावसे ही सिद्ध है ।

भावार्थ—जब आत्मा अन्तस्तत्त्वका ज्ञानी हुआ, तब ज्ञानीके भावास्रवका तो अभाव हुआ ही और द्रव्यास्रव जो कि मिथ्यात्वादि पुद्गल द्रव्यके परिणाम हैं वे कार्मण शरीरसे स्वयमेव बँध रहे हैं, अन्तः ऐसा ज्ञान होनेसे व आत्माभिमुख परिणमन होनेसे भावास्रवके बिना वे आगामी कर्मबंधके कारण नहीं हैं, और पुद्गलमय हैं इस कारण अमूर्तिक चैतन्यस्वरूप जीवसे स्वयमेव ही भिन्न हैं, ऐसा ज्ञानी जानता है ।

अब इस अर्थका कलशरूप काव्य कहते हैं—**भाषा** इत्यादि । **अर्थ**—भावास्रवके अभावको प्राप्त हुआ ज्ञानी द्रव्यास्रवसे तो स्वयमेव ही भिन्न है, क्योंकि ज्ञानी तो सदा ज्ञानमय ही एक भाव वाला है, इस कारण निरास्रव ही है, मात्र एक ज्ञायक ही है । **भावार्थ**—भावास्रव जो राग द्वेष मोहका लगाव उसका तो ज्ञानीके अभाव हो गया है और जो द्रव्यास्रव हैं पुद्गलपरिणाम हैं, उनसे तो स्वयं स्वरूपतः भिन्न है, इसलिये ज्ञानी निरास्रव ही है ।

एव कार्मणशरीरेणैव संबद्धा न तु जीवेन, अतः स्वभावसिद्ध एव द्रव्यास्रवाभावो ज्ञानिनः। भावास्रवाभावमयं ऽपन्नो द्रव्यास्रवेभ्यः स्वत एव भिन्नः। ज्ञानी सदा ज्ञानमयैकभावो निरास्रवो ज्ञायक एक एव ॥११५॥ ॥ १६९ ॥

पिंडसमाणा पुथ्वीपिण्डसमानाः—प्रथमा बहु०। पुव्वणिबद्धा पूर्वनिबद्धाः—प्र० बहु०। दु तु—अव्यय। पच्चया प्रत्ययः—प्र० बहु०। तस्स तस्य—षष्ठी एक०। कम्मसरीरेण कर्मशरीरेण—तृतीया एक०। दु तु—अव्यय। बद्धा बद्धाः—प्र० बहु०। सव्वे सर्वे—प्र० बहु०। पि अपि—अव्यय। णाणिस्स ज्ञानिनः—षष्ठी एक० ॥१६९॥

प्रसंगविवरण—अनन्तरपूर्व गाथामें रागाद्यसंकीर्णभावका सम्भव बताकर ज्ञानीके भावास्रवाभावका अविनाभावी द्रव्यास्रवभाव बतलाया है।

तथ्यप्रकाश—(१) अज्ञान द्वारा पहिले जो कर्म बँध गये थे उनमेंसे जो भी ज्ञानी पुरुषके सत्तामें रह रहे वे अचेतन पुद्गलपरिणाम पृथ्वीपिंडके समान पड़े हुए हैं। (२) सत्तामें पड़े हुए पुद्गलकर्म अपना प्रभाव (अनुभागोदय) नहीं कर रहे। (३) जब सत्तामें पड़े हुए कर्म उदयमें आते हैं तब ज्ञानीके ज्ञानस्वभावमें लगाव होनेसे संसारस्थितिबंध नहीं कर पाते है। (४) कर्मप्रकृतियाँ कार्माण शरीरसे ही बँधी हुई होती हैं। (५) जीव अमूर्तिक है उसके साथ मूर्त पुद्गलकर्म नहीं बँधे हैं, किन्तु कर्मफलका याने विभावका लगाव होनेसे अज्ञानीके निमित्तनैमित्तिक विधिमें पुद्गलकर्मका एकक्षेत्रावगाह बन्धन बना है। (६) पुद्गलकर्मका एकक्षेत्रावगाह स्थिति अनुभाग वाला बंधन, ज्ञान होनेपर भी राग रहने तक होता है। (७) वीतराग ज्ञानीके नवीन कर्मबंधन नहीं होता, मात्र योग रहने तक ईर्यापथ आस्रव होता है। (८) कर्मका बन्धन कार्माणशरीरसे है। (९) जीवका उपयोग ज्ञानस्वभावके अभिमुख है, इस दृष्टिसे ज्ञानी के द्रव्यास्रवका अभाव है। (१०) सूक्ष्मदृष्टिसे द्रव्यास्रवका अभाव गुणस्थानानुसार जानना।

सिद्धान्त—(१) कर्मत्वका अभ्युदय कार्माणवर्गणावोंमें हुआ है। (२) वस्तुतः कर्म का बन्धन कार्माणशरीरसे होता है। (३) कर्मका बन्धन जीवके साथ होता है यह कथन फलित कथन है।

दृष्टि—१, २– अशुद्धनिश्चयनय (४७)। ३– एकजातिद्रव्ये अन्यजातिद्रव्योपचारक असद्भूतव्यवहार (१०६)।

प्रयोग—कर्मको कार्माणशरीरसे बँधा हुआ जानकर उनसे भिन्न अपनेको ज्ञानमात्र निरखकर अपनेमें उपयुक्त होकर परमविश्राम पानेका पौरुष करना ॥१६९॥

अब पूछते हैं कि ज्ञानी निरास्रव किस तरह है? उसके उत्तरमें गाथा कहते हैं— **[यस्मात्]** जिस कारण **[चतुर्विधाः]** चार प्रकारके आस्रव याने मिथ्यात्व, अविरमण, कषाय व योग **[ज्ञानदर्शनगुणाभ्यां]** ज्ञान दर्शन गुणोंके द्वारा **[समये समये]** समय-समयपर **[अनेकभेदं]**

कथं ज्ञानी निरास्रवः ? इति चेत्—

चहुविह अणेयभेयं बंधते णाणदंसणगुणेहिं ।
समये समये जह्मा तेण अबंधोत्ति णाणी दु ॥१७०॥

क्योंकि चारों हि आस्रव, दर्शनज्ञानगुणको विपरिणतिसे ।
बांधते कर्म नाना, होता ज्ञानी अतः अबन्धक ॥ १७० ॥

चतुर्विधा अनेकभेदं बध्नंति ज्ञानदर्शनगुणाभ्यां । समये समये यस्मात् तेनाबंध इति ज्ञानी तु ॥ १७० ॥

ज्ञानी हि तावदास्रवभावभावनाभिप्रायाभावान्निरास्रव एव । यस्तु तस्यापि द्रव्यप्रत्ययाः

नामसंज्ञ—चहुविह, अणेयभेय, णाणदंसणगुण, समय, समय, ज, त, अबंध, इत्ति, णाणि, दु । **धातुसंज्ञ**—बंध बंधने, दंस दर्शनायां द्वितीयगणी । **प्रातिपदिक**—चतुर्विध, अनेकभेद, ज्ञानदर्शनगुण, समय, समय, यत्, तत्, अबंध, इति, ज्ञानिन्, तु । **पदविवरण**—चहुविह चतुर्विधाः—प्रथमा बहु० । अणेयभेयं अनेकभेदं—द्वितीया एकवचन । बंधंते बध्नन्ति—वर्तमान लट् अन्य पुरुष बहुवचन क्रिया । णाणदंसणगुणेहिं—

अनेक भेदके कर्मोंको [बध्नंति] बाँधते हैं [तेन] इस कारण [ज्ञानी तु] ज्ञानी तो [अबंधः] अबंधरूप है [इति] ऐसा जानना चाहिये ।

तात्पर्य—बुद्धिपूर्वक रागद्वेष मोह न होनेसे ज्ञानीको अबंधक कहा गया है ।

टीकार्थ—ज्ञानी तो आस्रवभावकी भावनाके अभिप्रायके अभावसे निरास्रव ही है, किन्तु उस ज्ञानीके भी द्रव्यास्रव प्रति समय अनेक प्रकारके पुद्गलकर्मको बाँधता है, सो उसमें ज्ञानगुणका परिणमन ही कारण है । **भावार्थ**—अज्ञानमय आस्रवभाव न होनेसे ज्ञानीके मिथ्यात्वादि ४१ प्रकृतियोंका आस्रव तो होता ही नहीं है, और जो कर्म अब भी बँध रहे हैं सो चारित्रकी निर्बलतासे बँध रहे हैं । उसमें निमित्त चारित्रमोहनीयका उदय है । वहाँ भी विकारभावमें राग नहीं है सो साधारण आस्रव है ।

प्रसंगविवरण—अनन्तरपूर्व गाथामें बताया गया था कि ज्ञानीके द्रव्यास्रवका भी अभाव है । इस कथनपर यह जिज्ञासा हुई कि ज्ञानी होनेपर भी आगममें दशम गुणस्थान तक बन्ध कहा गया है फिर यहाँ यह कैसे कहा गया कि ज्ञानीके द्रव्यास्रवका अभाव है । इस जिज्ञासाका समाधान इस गाथासे प्रारंभ किया गया है ।

तथ्यप्रकाश—१—आस्रवभावोंकी भावना (लगाव) का अभिप्राय न होनेसे ज्ञानीको निरास्रव कहा गया है । २—ज्ञानी होनेपर भी द्रव्यप्रत्ययोंके निमित्तसे कुछ प्रकृतियोंका आस्रव दशम गुणस्थान तक होता रहता, उसमें आस्रवभाव भावनाका अभिप्राय कारण नहीं है, उसमें ज्ञानगुणका जघन्य परिणाम अथवा क्षोभ कारण है । ३—जहाँ रंच भी अव्यक्त भी क्षोभ नहीं है वहाँ साम्परायिक आस्रव नहीं, किन्तु योग रहने तक ईर्यापथ आस्रव है । ४—यहाँ

समयमनेकप्रकारं पुद्गलकर्म प्रतिबध्नाति तत्र ज्ञानगुणपरिणाम एव हेतुः ॥१७०॥

तृतीया बहुवचन । ज्ञानदर्शनगुणाभ्यां–तृतीया द्विवचन । समये समये–सप्तमी एकवचन । जम्हा यस्मात्–पंचमी एक० । तेन तेन–तृ० ए० । अबंधो अबंधः–प्रथमा एक० । इत्ति इति–अव्यय । णाणी ज्ञानी–प्रथमा एक० । दु तु–अव्यय ॥ १७० ॥

बुद्धिपूर्वक रागका याने रागमें रागका अभाव होनेसे मिथ्यात्वादि ४१ प्रकृतियोंका आस्रव न होनेसे निरास्रव कहा गया है । ५–विवेकपूर्वक पौरुष प्रयत्न करनेके प्रसंगमें बुद्धिपूर्वक वृत्तियों का निरीक्षण करके वर्णन होता है ।

सिद्धान्त—१–ज्ञानीके शुद्ध ज्ञायकस्वरूपकी भावना होनेसे आस्रवभावभावनानिमित्तक पुद्गलकर्मोंका आस्रव निवृत्त हो जाता है । २–ज्ञान होनेपर भी जब तक क्षोभ विकार उठता रहता है तब तक क्षोभनिमित्तक (साधारण) आस्रव होता रहता है ।

दृष्टि—१–शुद्धभावनापेक्ष शुद्धद्रव्यार्थिकनय (२४ब) । २–उपाधिसापेक्ष अशुद्धद्रव्यार्थिक नय (२४) ।

प्रयोग—बन्धनिवृत्तिके लिये रागादिविकारोंको परभाव जान उनसे उपेक्षा करके अविकार ज्ञानस्वरूपमें आत्मत्वका अनुभव करनेका अन्तः पौरुष करना ॥१७०॥

अब पूछते हैं कि ज्ञानगुणका परिणाम बंधका कारण कैसे हैं, उसका उत्तर गाथामें कहते हैं—[पुनरपि] फिर भी [यस्मात् तु] जिस कारण [ज्ञानगुणः] ज्ञानगुण [जघन्यात् ज्ञानगुणात्] जघन्य ज्ञानगुणके कारण [अन्यत्वं] अन्य रूप [परिणमते] परिणमन करता है [तेन तु] इसी कारण [सः] वह ज्ञानगुण [बंधको भणितः] कर्मका बंधक कहा गया है ।

तात्पर्य—निर्मोह ज्ञानीके भी अवशिष्ट रागवश हुए ज्ञानगुणके जघन्यपरिणमनसे बंध दशम गुणस्थान तक होता है ।

टीकार्थ— ज्ञानगुणका जब तक जघन्य भाव है याने क्षयोपशमरूप भाव है, तब तक ज्ञान अंतमुहूर्त विपरिणामी होनेसे बार बार अन्य प्रकार परिणमन करता है । सो वह यथाख्यात चारित्र अवस्थासे नीचे अवश्यंभावी रागका सद्भाव होनेसे बंधका कारण ही है ।

भावार्थ—क्षायोपशमिकज्ञान एक ज्ञेयके ऊपर अंतर्मुहूर्त ही रह पाता है, तदनंतर अन्य ज्ञेयका अवलंबन करता है । इस कारण स्वरूपमें भी अंतमुहूर्त ही ज्ञानका ठहरना हो सकता है । अतः सम्यग्दृष्टि चाहे अप्रमत्तदशामें भी हो, उसके जब तक यथाख्यात चारित्र अवस्था नहीं हुई है तब तक अवश्य राग सद्भाव है, और उस रागके सद्भावसे बंध भी होता है । इस कारण ज्ञान गुणका जघन्य भाव बंधका कारण कहा गया है ।

प्रसंगविवरण—अनन्तरपूर्व गाथामें कहा था कि ज्ञानीके जो कुछ भी जहाँ आस्रव

कथं ज्ञानगुणपरिणामो बंधहेतुरिति चेत्—

जम्हा दु जहण्णादो णाणगुणादो पुणोवि परिणमदि ।
अण्णत्तं णाणगुणो तेण दु सो बंधगो भणिदो ॥१७१॥

चूँकि यह ज्ञानगुण फिर, अघन्य अवबोधसे पुनः नाना ।
अन्यरूप परिणमता, सो माना ज्ञानको बन्धक ॥१७१॥

यस्मात्तु अघन्यात् ज्ञानगुणात् पुनरपि परिणमते । अन्यत्वं ज्ञानगुणः तेन तु स बंधको भणितः ॥ १७१ ॥

ज्ञानगुणस्य हि यावज्जघन्यो भावः, तावत् तस्यांतर्मुहूर्तविपरिणामित्वात् पुनः पुनरन्यतयास्ति परिणामः । स तु यथाख्यातचारित्रावस्थायाः अधस्तादवश्यंभाविरागसद्भावात् बंधहेतुरेव स्यात् ॥१७१॥

नामसंज्ञ—ज, दु, जहण्ण, णाणगुण, पुणो, वि, अण्णत्त, णाणगुण, त, दु, त, बंधग, भणिद । **धातुसंज्ञ**—परि-णम प्रह्वत्वे, भण कथने । **प्रातिपदिक**—यत्, तु, जघन्य, ज्ञानगुण, पुनर्, अपि, अन्यत्व, ज्ञानगुण, तत्, तु, तत्, बंधक, भणित । **मूलधातु**—परि-णम प्रह्वत्वे, भण शब्दार्थः । **पदविवरण**—जम्हा यस्मात्—पंचमी एक० । जहण्णादो जघन्यात्—पं० एक० । णाणगुणादो ज्ञानगुणात्—पं० एक० । पुणो पुनः—अव्यय । वि अपि—अव्यय । परिणमदि परिणमते—वर्तमान लट् अन्य पुरुष एकवचन । अण्णत्तं अन्यत्व—प्रथमा एक० । णाणगुणो ज्ञानगुणः—प्रथमा एक० । तेण तेन—तृतीया एक० । दु तु—अव्यय । सो सः—प्रथमा एक० । बंधगो बंधकः—प्रथमा एक० । भणिदो भणितः—प्रथमा एकवचन कृदन्त क्रिया ॥ १७१ ॥

होता है उसका कारण कोई ज्ञानगुणपरिणाम है । अब उसीके सम्बन्धमें जिज्ञासा हुई कि कैसे ज्ञानगुणपरिणाम बंधका कारण है ? इसी जिज्ञासाका समाधान इस गाथामें किया गया है । ज्ञानगुणका यह जघन्यभाव चारित्रमोहके विपाकके निमित्तसे है ।

तत्त्वप्रकाश—(१) ज्ञानगुणका जघन्य परिणाम रागादि विकारभावोंसे परिणमनेके कारण होता है । (२) जब तक ज्ञानगुणका जघन्य परिणमन है तब तक वह अन्तर्मुहूर्त अन्तर्मुहूर्तमें विपरिणमन करता रहता है । (३) ज्ञानगुणका जघन्य भाव अन्तर्मुहूर्तविपरिणामी होनेसे अन्य-अन्यरूपसे परिणाम होता है । (४) ज्ञानगुणका यह जघन्यभाव यथाख्यात चारित्रावस्थासे पहिले तक याने दशम गुणस्थान तक रहता है । (५) ज्ञानगुणका जघन्यभाव अवश्यंभाविरागका सद्भाव होनेसे बन्धका कारण होता है ।

सिद्धान्त—(१) कषायसहित ज्ञानदशा अघन्यज्ञान कहलाता है । (२) ज्ञानका जघन्य भाव पौद्गलिककर्मास्रवका निमित्त कारण है ।

दृष्टि—१– सभेद अशुद्धनिश्चयनय (४७अ) । २– निमित्तत्वदृष्टि (५३अ) ।

प्रयोग—ज्ञानगुणकी जघन्यता दूर करनेके लिये अविकार परिपूर्ण सहज ज्ञानस्वभावमें आत्मत्व अनुभव करनेका सत्पुरुषार्थ करना ॥१७१॥

एवं सति कथं ज्ञानी निरास्रवः इति चेत्—

दंसणणाणचरित्तं जं परिणमदे जहण्णभावेण ।
णाणी तेण दु बज्झदि पुग्गलकम्मेण विविहेण ॥१७२॥

दर्शन ज्ञान चरित्र जो, परिणमते हैं जघन्यभावोंसे ।
इससे ज्ञानी बंधता, नाना पौद्गलिक कर्मोंसे ॥१७२॥

दर्शनज्ञानचारित्रं यत्परिणमते जघन्यभावेन । ज्ञानी तेन तु बध्यते पुद्गलकर्मणा विविधेन ॥ १७२ ॥

यो हि ज्ञानी स बुद्धिपूर्वकरागद्वेषमोहरूपास्रवभावाभावात् निरास्रव एव, किंतु सोऽपि यावज्ज्ञानं सर्वोत्कृष्टभावेन द्रष्टुं ज्ञातुमनुचरितुं वाऽशक्तः सन् जघन्यभावेनैव ज्ञानं पश्यति जानाति-

---

नामसंज्ञ—दंसणणाणचरित्त, ज, जहण्णभाव, णाणि, त, दु, पुग्गलकम्म, विविह । **धातुसंज्ञ**—दंस दर्शनायां, जाण अवबोधने, चर गतौ, परि-णम प्रह्वत्वे, भव सत्तायां, बंध बंधने । **प्रातिपदिक**—दर्शनज्ञानचारित्र, यत्, जघन्यभाव, ज्ञानिन्, तत्, तु, पुद्गलकर्मन्, विविह । **मूलधातु**—दृशिर् प्रेक्षणे, ज्ञा अवबोधने, चर गत्यर्थः भ्वादि, बन्ध बन्धने । **पदविवरण** दंसणणाणचरित्तं दर्शनज्ञानचारित्रं–प्रथमा एक० । जं

अब पूछते हैं कि यदि ज्ञानगुणका जघन्यभाव याने अन्यत्वरूप परिणमन कर्मबंधका कारण है तो फिर वह ज्ञानी निरास्रव कैसे रहा उसके उत्तरमें गाथा कहते हैं:—[यत्] क्योंकि [दर्शनज्ञानचारित्रं] दर्शनज्ञानचारित्र [जघन्यभावेन] जघन्यभावसे [परिणमते] परिणमन करता है [तेन तु] इस कारणसे [ज्ञानी] ज्ञानी [विविधेन] अनेक प्रकारके [पुद्गलकर्मणा] पुद्गल कर्मसे [बध्यते] बँधता है ।

तात्पर्य—सराग अवस्थामें दर्शन ज्ञान चारित्रका जघन्य याने निरन्तर न टिक सके ऐसा परिणमन है, इस कारण वहाँ कर्मबन्ध हो जाता है ।

टीकार्थ—जो वास्तवमें ज्ञानी है वह बुद्धिपूर्वक राग द्वेष मोहरूप आस्रवभावके अभाव से निरास्रव ही है । किन्तु वह ज्ञानी जब तक ज्ञानको सर्वोत्कृष्ट भावसे देखनेको, जाननेको, आचरण करनेको असमर्थ होता हुआ जघन्यभावसे ही ज्ञानको देखता है, जानता है, आचरण करता है तब तक उस ज्ञानीके भी ज्ञानके जघन्यभावकी अन्यथा अनुपपत्ति होनेसे अनुमीयमान अबुद्धिपूर्वक कर्ममलकलंकका सद्भाव होनेसे पुद्गलकर्मका बन्ध होता है । इस कारण तब तक ज्ञानको देखना, जानना और आचरण करना, जब तक ज्ञानका जितना पूर्ण भाव है उतना देखा, जाना, आचरण किया अच्छी तरह न हो जाय । उसके बाद साक्षात् ज्ञानी हुआ सर्वथा निरास्रव ही होता है । **भावार्थ**—ज्ञानीके बुद्धिपूर्वक अज्ञानमय रागद्वेष मोहका अभाव है, इसलिये वह निरास्रव है फिर भी जब तक क्षायोपशमिक ज्ञान है, तब तक दर्शन, ज्ञान, चारित्र जघन्यभावसे परिणमते हैं, अतएव सम्पूर्ण ज्ञानका देखना, जानना, आचरण होना

त्यनुचरति च तावत्तस्यापि जघन्यभावान्यथानुपपत्त्याऽनुमीयमानाबुद्धिपूर्वककलंकविपाकसद्भावात् पुद्गलकर्मबंधः स्यात् । अतस्तावज्ज्ञानं द्रष्टव्यं ज्ञातव्यमनुचरितव्यं च यावज्ज्ञानस्य यावान् पूर्णो भावस्तावान् दृष्टो ज्ञातोऽनुचरितश्च सम्यग्भवति । ततः साक्षात् ज्ञानीभूतः सर्वथा निरास्रव एव स्यात् । संन्यस्यन्निजबुद्धिपूर्वमखिलं रागं स्वयं, वारंवारमबुद्धिपूर्वमपि तं जेतुं

यत्–प्रथमा एक० । परिणमदे परिणमते–वर्तमान लट् अन्य पुरुष एकवचन । जहण्णभावेण जघन्यभावेन–

नहीं होता । सो इस जघन्यभावसे ही ऐसा जाना जा रहा है कि इसके अबुद्धिपूर्वक कर्मकलंक विद्यमान है, उसीसे बन्ध होता है वह चारित्रमोहके उदयसे है, अज्ञानमय भाव नहीं है । इसलिये ऐसा उपदेश है कि जब तक ज्ञान सम्पूर्ण न हो तब तक ज्ञानका ही ध्यान निरन्तर करना याने ज्ञानको ही जानना, ज्ञानको ही आचरना । इसी मार्गसे चारित्रमोहका नाश होता है और केवलज्ञान प्रकट होता है । जब केवलज्ञान प्रकट हो जाता है तब सब तरहसे साक्षात् निरास्रव होता है । यहाँ अबुद्धिपूर्वक रागादिक होनेपर भी बुद्धिपूर्वक रागादिक न होनेसे ज्ञानी को निरास्रव कहा है । अबुद्धिपूर्वक रागका अभाव होनेके बाद तो केवलज्ञान ही उत्पन्न होता, तब उसे साक्षात् सर्वप्रकारसे निरास्रव जानिये ।

अब इसी अर्थका कलशरूप काव्य कहते हैं—**संन्य** इत्यादि । **अर्थ**—यह आत्मा जब ज्ञानी होता है तब अपने बुद्धिपूर्वक सभी रागको निरंतर दूर करता हुआ और अबुद्धिपूर्वक रागको भी जीतनेके लिये बारंबार अपनी ज्ञानानुभवनरूप शक्तिका स्पर्श करता हुआ तथा ज्ञानके समस्त पलटनोंको दूर करता हुआ ज्ञानके पूर्ण होता हुआ आत्मा शाश्वत निरास्रव होता है ।

भावार्थ—जब ज्ञानीने समस्त रागको हेय जाना तब उसके मेटनेके लिए उद्यमी होता ही है और जो आस्रव हो रहे हैं सो उनमें इसके आस्रव भावोंकी भावनाका अभिप्राय नहीं है । अतः ज्ञानीको निरास्रव कहा गया है ।

प्रसंगविवरण—अनन्तरपूर्व गाथामें कहा गया था कि ज्ञानगुणका जघन्यभाव यथाख्यातचारित्रावस्थासे पहिले तक कर्मबन्धका हेतु है । तो इस कथनपर यह जिज्ञासा होती है कि फिर ज्ञानी निरास्रव कैसे रहा ? इसी जिज्ञासाका समाधान इस गाथामें करते हुए सिद्ध किया है कि ज्ञानी बुद्धिपूर्वक आस्रवभावका अभाव होनेसे निरास्रव है, किन्तु वही जब तक जघन्य ज्ञानरूप रहता है तब तक उसके किन्हीं प्रकृतियोंका आस्रव है ।

तथ्यप्रकाश—१–ज्ञानी बुद्धिपूर्वक रागद्वेषमोहरूप आस्रवभाव न होनेसे निरास्रव ही है । २–ज्ञानी होकर भी जब तक ज्ञान जघन्य भावरूपमें परिणम रहा है तब तक अबुद्धिपूर्वक

स्वशक्ति संभृतं । उच्छिद्यतां परिपूर्तिमेति सकलं ज्ञानं पूर्णोभवन्नात्मा नित्यनिरास्रवो भवति हि ज्ञानी यदा स्यात्तदा ॥११६॥ ॥ १७२ ॥

सर्वस्यामेव जीवत्यां द्रव्यप्रत्ययसंततौ । कुतो निरास्रवो ज्ञानी नित्यमेवेति चेन्मतिः ॥११७॥

तृतीया एक० । णाणी ज्ञानी–प्र० ए० । तेण तेन–तृ० एक० । दु तु–अव्यय । बज्झदि बध्यते–वर्तमान लट् अन्य पुरुष एक० क्रिया । पुग्गलकम्मेण पुद्गलकर्मणा–तृ० ए० । विविहेण विविधेन–तृतीया एक० ॥१७२॥

कर्मकलंकविपाक होनेसे उसके कर्मबन्ध है । ३– ज्ञानीके कुछ काल तक जो कर्मबन्ध है वह संसारस्थितिक कर्मबन्ध नहीं है, तो भी ज्ञानी अविकार परिपूर्ण सहज ज्ञानभावकी आराधना करके उस हीनताको दूर कर देता है । ४–वीतराग ज्ञानी होनेपर तो वह सर्वथा निरास्रव ही है ।

सिद्धान्त—१–अविकार सहजसिद्ध चैतन्यभावरूप आत्मत्वकी भावना होनेसे ज्ञानी निरास्रव है । २–चारित्रमोहके उदयसे ज्ञानीके भी ज्ञानका क्षोभ परिणाममय अघन्य भाव होता है । ३–ज्ञानी अविकार परिपूर्ण सहज ज्ञानस्वभावकी अभेद आराधनाके बलसे ज्ञानके हीनभावको समाप्त कर देता है ।

दृष्टि—१– शुद्धभावनापेक्ष शुद्धद्रव्यार्थिकनय (२४ब) । २– उपाधिसापेक्ष अशुद्ध द्रव्यार्थिकनय (२४) । ३– उपादानदृष्टि (४६ब) ।

प्रयोग—ज्ञानमय आत्मस्वरूपका सम्यक् स्वाधीन अनाकुल सहजशुद्ध परिपूर्ण विकास प्राप्त करनेके लिये अविकार, परिपूर्ण सहजानन्दमय अन्तस्तत्त्वमें आत्मत्वकी भावना दृढ़ बनाना चाहिये ॥१७२॥

अब सभी द्रव्यास्रवकी संततिके जीवित रहनेपर ज्ञानी निरास्रव किस प्रकार है ? ऐसा प्रश्न श्लोकमें करते हैं—**सर्वस्या** इत्यादि । **अर्थ**—सभी द्रव्यास्रवकी संततिके जीवित रहनेपर भी ज्ञानी नित्य ही निरास्रव कैसे रहा यदि ऐसी शङ्का हो तो सुनिये—[**सम्यग्दृष्टेः**] सम्यग्दृष्टिके [**सर्वे**] समस्त [**पूर्वनिबद्धाः**] पूर्व अज्ञान अवस्थामें बांधे गये [**प्रत्ययाः**] मिथ्यात्वादि आस्रव [**संति**] सत्तारूप हैं वे [**उपयोगप्रायोग्यं**] उपयोगके प्रयोग करने रूप जैसे हों वैसे [**कर्मभावेन**] कर्मभावसे [**बध्नंति**] बन्ध करते हैं । [**तु**] और [**संति**] सत्तारूप रहते हुए वे पूर्वबद्ध प्रत्यय उदय आये बिना [**निरुपभोग्यानि**] भोगनेके अयोग्य होकर स्थित हैं [**तु**] लेकिन [**तथा बध्नंति**] वे उस तरह बँधते हैं [**यथा**] जैसे कि [**ज्ञानावरणादिभावैः**] ज्ञानावरणादि भावोंके द्वारा [**सप्ताष्टविधानि**] सात आठ प्रकार फिर [**उपभोग्यानि**] भोगने योग्य [**भवंति**] हो जायें । [**तु**] और [**यथा**] जैसे [**इह**] इस लोकमें [**पुरुषस्य**] पुरुषके

सव्वे पुव्वणिबद्धा दु पच्चया संति सम्मदिट्ठिस्स ।
उवओगप्पाओगं बंधंते कम्मभावेण ॥१७३॥
संती दु णिरुवभोज्जा बाला इत्थी जहेव पुरिसस्स ।
बंधदि ते उवभोज्जे तरुणी इत्थी जह णरस्स ॥१७४॥
होदूण णिरुवभोज्जा तह बंधदि जह हवंति उवभोज्जा ।
सत्तट्ठविहा भूदा णाणावरणादिभावेहिं ॥१७५॥
एदेण कारणेण दु सम्मादिट्ठी अबंधगो होदि ।
आसवभावाभावे ण पच्चया बंधगा भणिदा ॥१७६॥

पूर्वबद्ध सब प्रत्यय, ज्ञानीके रह रहे हैं सत्तामें ।
उपयोगयुक्त यदि हों, तो बांधे कर्मभावोंसे ॥१७३॥
सत्तास्थ निरुपभोग्या, बाला स्त्री यथा है मानवके ।
उपभोग्य हुए बांधे, तरुणी नारी यथा नरको ॥१७४॥
वे निरुपभोग्य विधि ज्यों, पाकसमय भोगयोग्य हो जायें ।
त्यों ही ज्ञानावरणा-दिक पुद्गलकर्मको बांधे ॥१७५॥
इस कारणसे सम्यग्-दृष्टी आत्मा अबंधक कहा है ।
क्योंकि रागादि नहिं हों, तो प्रत्यय हैं नहीं बन्धक ॥१७६॥

नाममंजरी—सव्व, पुव्वणिबद्ध, दु, पच्चय, सम्मदिट्ठि, उवओगप्पाओग, कम्मभाव, दु, णिरुवभोज्ज, बाला, इत्थी, जह, एव, पुरिस, त, उवभोज्ज, तरुणी, इत्थी, जह, णर, णिरुवभोज्ज, तह, जह, उवभोज्ज,

[बाला स्त्री] बालिका स्त्री भोगने योग्य नहीं होती उस प्रकार **[निरुपभोग्यानि]** उपभोगके अयोग्य **[भूत्वा]** होकर भी **[तानि]** वे ही जब **[उपभोग्यानि]** भोगने योग्य होते हैं तब **[बध्नाति]** जीवको, पुरुषको बांधते हैं अर्थात् जीव पराधीन हो जाता है, **[यथा]** जैसे कि **[तरुणी स्त्री]** वही बाला स्त्री जवान होकर **[नरस्य]** पुरुषको बाँध लेती है अर्थात् पुरुष उसके आधीन हो जाता है यही बँधना है । **[एतेन तु कारणेन]** इसी कारणसे **[सम्यग्दृष्टिः]** सम्यग्दृष्टि **[अबंधकः]** अबंधक **[भणितः]** कहा गया है क्योंकि **[आस्रवभावाभावे]** आस्रव-भाव जो राग-द्वेष-मोह उनका अभाव होनेपर **[प्रत्ययाः]** मिथ्यात्व आदि प्रत्यय सत्तामें होने पर भी **[बंधकाः]** आगामी कर्म बंधके करने वाले **[न]** नहीं **[भणिताः]** कहे गये हैं ।

टीकार्थ—जैसे सत्ता अवस्थामें तत्कालकी विवाहित बाल स्त्रीकी तरह पहिले अनुप-

सर्वे पूर्वनिबद्धास्तु प्रत्ययाः संति सम्यग्दृष्टेः । उपयोगप्रायोग्यं बध्नंति कर्मभावेन ॥ १७३ ॥ संति तु निरुपभोग्यानि बाला स्त्री यथेह पुरुषस्य । बध्नाति तानि उपभोग्यानि तरुणी स्त्री यथा नरस्य । भूत्वा निरुपभोग्यानि तथा बध्नाति यथा भवंत्युपभोग्यानि । सप्ताष्टविधानि भूतानि ज्ञानावरणादिभावैः । एतेन कारणेन तु सम्यग्दृष्टिरबंधको भवति । आस्रवभावाभावे न प्रत्यया बंधका भणिताः ॥ १७६ ॥

यतः सदवस्थायां तदात्वपरिणीतबालस्त्रीवत् पूर्वमनुपभोग्यत्वेऽपि विपाकावस्थायां प्राप्तयौवनपूर्वपरिणीतस्त्रीवत् उपभोग्यत्वाद् उपयोगप्रायोग्यं पुद्गलकर्मद्रव्यप्रत्ययाः संतोऽपि कर्मोदयकार्यजीवभावसद्भावादेव बध्नंति ततो ज्ञानिनो यदि द्रव्यप्रत्ययाः पूर्वबद्धाः संति, संतु, तथापि स तु निरास्रव एव कर्मोदयकार्यस्य रागद्वेषमोहरूपस्यास्रवभावस्याभावे द्रव्यप्रत्ययानाम-

---

सत्तट्ठविह, भूद, णाणावरणादिभाव, एत, कारण, दु, सम्मादिट्ठि, अबंधग, आसवभावाभाव, ण, पच्चय, बंधग, भणिद । **धातुसंज्ञ**—णि-बंध बंधने, अस भुवि, भुंज भोगे, वर स्वीकाराच्छादनयोः, भण कथने, आसव स्रवणे, हो सत्तायां । **प्रातिपदिक**—सर्व, पूर्वनिबद्ध, तु, अत्यय, सम्यग्दृष्टि, उपभोगप्रायोग्य, कर्मभाव, निरुपभोग्य, बाला, स्त्री, यथा, इह, पुरुष, तत्, उपभोग्य, तरुणी, स्त्री, यथा, नर, निरुपभोग्य, तथा, यथा, उपभोग्य, सप्ताष्टविध, भूत, ज्ञानावरणादिभाव, एतत्, कारण, तु, सम्यग्दृष्टि, अबन्धक, भणित, आस्रवभावाभाव, न, प्रत्यय, बन्धक, भणित । **मूलधातु**—बन्ध बन्धने, अस भुवि, युजिर् योगे, भुज पालनाभ्यवहारयोः रुधादि, नृ नये भ्वादि क्र्यादि, भू सत्तायां । **पदविवरण**—सव्वे सर्व—प्रथमा बहु० । पुव्व-

---

भोग्य होनेपर भी विपाक अवस्थामें यौवन अवस्थाको प्राप्त उसी पूर्व परिणीत स्त्रीकी तरह भोगने योग्य होनेसे जैसा आत्माका उपयोग विकार सहित हो उसी योग्यताके अनुसार पुद्गल कर्मरूप द्रव्यप्रत्यय सत्तारूप होनेपर भी कर्मके उदयानुसार जीवके भावोंके सद्भावसे ही बंध को प्राप्त होते हैं । इस कारण ज्ञानीके द्रव्यकर्मरूप प्रत्यय (आस्रव) सत्तामें मौजूद हैं तो भी वह ज्ञानी तो निरास्रव ही है, क्योंकि कर्मके उदयके कार्यरूप राग द्वेष मोह रूप आस्रवभावके अभाव होने पर द्रव्यप्रत्ययोंके बन्धकारणपना नहीं है ।

भावार्थ—सत्तामें मिथ्यात्वादि द्रव्यप्रत्यय विद्यमान हैं तो भी वे आगामी कर्मबंधके करने वाले नहीं हैं । क्योंकि बन्ध तो उनका उदय होनेपर ही होता है । और उनकी इस निमित्तताका भी निमित्त जीवके राग द्वेष मोहरूप भाव होते हैं अतः द्रव्यप्रत्ययके उदयके और जीवके भावोंके कार्यकारणभाव निमित्तनैमित्तिकभाव रूप है । सत्तामें विद्यमान द्रव्यकर्म विकारके निमित्त नहीं होते । जैसे विवाहिता बाला विकारका कारण नहीं बनती, वही जब तरुणी होती है तो विकारका कारण बनती है, यदि पुरुष उसके तरुणी होनेके पहिले विरक्त हो जाय तो लो वह तरुणी भी विकारकारक नहीं बनी, ऐसे ही उस विवक्षित कर्मविपाकसे पहिले यह आत्मा ज्ञानी विरक्त हो जाय तो कर्मविपाकका भी जोर नहीं रहता इस तरह अपेक्षासे सम्यग्दृष्टि हुए बाद चारित्रमोहका उदयरूप परिणाम होनेपर भी ज्ञानी ही कहा गया है । और शुद्धस्वरूपमें लीन रहनेके अभ्याससे समाधिबलसे केवलज्ञान प्रकट होनेसे साक्षात्

बंधहेतुत्वात् । विजहति नहि सत्तां प्रत्यया: पूर्वबद्धा: समयमनुसरंतो यद्यपि द्रव्यरूपा: । तदपि सकलरागद्वेषमोहव्युदासादवरति न जातु ज्ञानिन: कर्मबंध: ॥११८॥ रागद्वेषविमोहानां ज्ञानिनो

णिबद्धा पूर्वनिबद्धा:–प्रथमा बहु० । दु तु–अव्यय । संति–वर्तमान लट् अन्य पुरुष बहु० क्रिया । सम्मादिट्ठिस्स सम्यग्दृष्टे:–षष्ठी एक० । उवओगप्पाउग्गं उपभोगप्रायोग्यं–क्रियाविशेषण यथा स्यात्तथा, बंधंते बध्नन्ति–वर्तमान लट् अन्य पुरुष बहुवचन । कम्मभावेण कर्मभावेन–तृतीया एक० । संति–प्रथमा बहु० कृदंत, दु तु–अव्यय । णिरुवभोज्जा निरुपभोग्यानि–प्र० बहु० । बाला–प्रथमा एक० । इत्थी स्त्री–प्रथमा एक० । जह यथा–अव्यय । णरस्स नरस्य–षष्ठी एक० । होदूण भूत्वा–असमाप्तिकी क्रिया । णिरुवभोज्जा निरुपभोग्यानि–प्र० बहु० । तह तथा–अव्यय । बंधदि बध्नाति–वर्तमान लट् अन्य० बहु० । जह यथा–अव्यय ।

ज्ञानी होता है तब सर्वथा निरास्रव हो जाता है ।

अब इस अर्थका कलशरूप काव्य कहते हैं—**विजहति** इत्यादि । **अर्थ**—यद्यपि अपने अपने समयमें उदय आने वाले पूर्वबद्ध द्रव्यरूप प्रत्यय अपनी अपनी सत्ताको नहीं छोड़ रहे याने वे हैं तो भी ज्ञानीके समस्त रागद्वेष मोहके अभावसे नवीन कर्मका बंध कभी अवतार नहीं धरता । **भावार्थ**—राग द्वेष मोह भावोंके बिना सत्तामें रहने वाले द्रव्यास्रव बंधका कारण नहीं है । यहां सर्वत्र बताये गये राग द्वेष मोहके अभावसे बुद्धिपूर्वक होने वाले रागादिका अभाव समझना ।

प्रसंगविवरण—अनन्तरपूर्व गाथामें बताया गया था कि ज्ञानके जघन्य भावसे अनुभीयमान अबुद्धिपूर्वक कर्मकलंकविपाक होनेसे दशम गुणस्थान तक ज्ञानी नाना पुद्गलकर्मसे बँधता है । सो इस कथनपर प्रश्न हुआ कि जब द्रव्य प्रत्ययसंतति पाई जा रही है तो फिर ज्ञानीको निरास्रव कैसे कहा जा सकता है ? इस प्रश्नका समाधान इस गाथाचतुष्कमें किया गया है ।

तथ्यप्रकाश—१–बद्धकर्म जब सत्तामें रह रहे हैं तब वे कर्म उपभोग्य नहीं हैं । २–जब वे कर्म उदयमें आते हैं तब ज्ञानीके उसके अनुभागरसमें राग न होनेसे अज्ञानमय राग द्वेष मोहरूप आस्रव भाव नहीं है । ३–अज्ञानमय राग द्वेष मोहरूप आस्रवभावके अभाव से ज्ञानीके द्रव्यप्रत्यय प्रायोग्य नवकर्मके आस्रवके हेतु नहीं हो पाते । ४–जैसे बाला स्त्री अनुपभोग्य है वह जब युवती होगी उससे पहिले पुरुष यदि विरक्त हो तब वह कभी भी उपभोग्य न हो सकी, ऐसे ही जब कर्म सदवस्थ हैं तब अनुपभोग्य हैं, वे जब विपाकोदयमें आवेंगे उससे पहिले ही यह जीव यदि ज्ञानमय व विराग हो जाय तो वे कभी भी उपभोग्य न हो सके । ५–अबुद्धिपूर्वक (अव्यक्त) उपभोगको यहाँ उपभोग नहीं माना है ।

सिद्धान्त—१–अविकार सहज शुद्ध ज्ञानस्वभावकी उपासनामें कर्म अनुपभोग्य हो जाते हैं । २–द्रव्यप्रत्ययोंको निमित्तत्वका निमित्त अध्यवसान न मिलनेसे वे द्रव्यप्रत्यय बन्धक

यदसंभवः । तत एव न बंधोऽस्य, ते हि बंधस्य कारणं ॥११६॥ ॥ १७३-१७६ ॥

हवंति भवन्ति–वर्तमान० अन्य० बहु० । उवभोज्जा उपभोग्यानि–प्र० बहु० । सत्तट्ठविहा सप्ताष्टविधानि–प्रथमा बहु० । भूदा भूतानि–प्रथमा बहु० । णाणावरणादिभावेहिं ज्ञानावरणादिभावैः–तृ० बहु० । एदेण एतेन–तृ० एक० । कारणेण कारणेन–तृ० एक० । दु तु–अव्यय । सम्मादिट्ठी सम्यग्दृष्टिः–प्रथमा एक० । अबंधगो अबन्धकः–प्रथमा एक० । होदि भवति–वर्तमान लट् अन्य पुरुष एक० । आसवभावाभावे आस्रवभावाभावे–सप्तमी एक० । ण न–अव्यय । पच्चया प्रत्ययाः–प्रथमा बहु० । बन्धगा बन्धकाः–प्रथमा बहु० । भणिदा भणिताः–प्रथमा बहुवचन ॥ १७३–१७६ ॥

हेतु नहीं होते ।

दृष्टि—१–स्वभावनय (१७६) । २–उपाध्यभावापेक्ष शुद्ध द्रव्यार्थिकनय (२४म) ।

प्रयोग—कर्मास्रवणसे निवृत्त होनेके लिये तथा पूर्वबद्धकर्मके विषरससे बचनेके लिये अविकार सहजसिद्ध चित्प्रकाशमात्र अन्तस्तत्त्वमें उपयोग देना व दिये रहना ॥१७३-१७६॥

अब इसी अर्थको दृढ़ करनेके लिए गाथाकी उत्थानिका रूप श्लोक कहते हैं;—**राग** इत्यादि । **अर्थ**—चूँकि ज्ञानीके राग द्वेष मोहका होना असंभव है अतः ज्ञानीके बंध नहीं है क्योंकि रागद्वेषमोह ही बंधके कारण हैं । **भावार्थ**—ज्ञानीके मोह तो है ही नहीं, जो कर्मविपाकवश रागद्वेष होते हैं वे अभिप्रायपूर्वक नहीं, अतः ४१ प्रकृतियोंका बन्ध नहीं होता, शेष बन्ध भी विशेष नहीं होता और जो दशम गुणस्थानसे ऊपरके ज्ञानी हैं उनके किंचिन्मात्र भी बन्ध नहीं है, सिर्फ योग रहने तक ईर्यापथ आस्रव होता है—[**रागः**] राग [**द्वेषः**] द्वेष [**च मोहः**] और मोह [**आस्रवाः**] ये आस्रव [**सम्यग्दृष्टेः**] सम्यग्दृष्टिके [**न संति**] नहीं हैं [**तस्मात्**] इसलिये [**आस्रवभावेन विना**] आस्रवभावके बिना [**प्रत्ययाः**] द्रव्यप्रत्यय [**हेतवः**] कर्मबन्धका कारण [**न भवंति**] नहीं हैं [**चतुर्विकल्पः**] मिथ्यात्व आदि चार प्रकारका [**हेतुः**] हेतु [**अष्टविकल्पस्य**] आठ प्रकारके कर्मके बँधनेका [**कारणं भणितं**] कारण कहा गया है [**च**] और [**तेषामपि**] उन चार प्रकारके हेतुओंके भी [**रागादयः**] जीवके रागादिकभाव कारण हैं सो सम्यग्दृष्टिके [**तेषां अभावे**] उन रागादिक भावोंका अभाव होनेपर [**न बध्यंते**] कर्म नहीं बँधते हैं ।

तात्पर्य—सम्यग्दृष्टिके अज्ञानमय रागद्वेष मोहका अभाव होनेसे संसारविषयक बन्ध नहीं होता ।

टीकार्थ—सम्यग्दृष्टिके रागद्वेष मोह नहीं हैं; अन्यथा सम्यग्दृष्टिपना नहीं बन सकता । रागद्वेष मोहका अभाव होनेपर उस सम्यग्दृष्टिके द्रव्यप्रत्यय पुद्गलकर्मबंधके कारणपनेको नहीं धारण करते । क्योंकि द्रव्यप्रत्ययोंके पुद्गलकर्मबंधका कारणपना रागादिहेतुक ही है, इसलिये

रागो दोसो मोहो य आसवा णत्थि सम्मदिट्ठिस्स ।
तह्मा आसवभावेण विणा हेदू ण पच्चया होंति ॥१७७॥
हेदू चदुव्वियप्पो अट्ठवियप्पस्स कारणं भणिदं ।
तेसिं पि य रागादी तेसिमभावे ण बज्झंति ॥१७८॥

रति अरति मोह आस्रव, संज्ञानीके न होंय इस कारण ।
आस्रवभावके बिना, प्रत्यय बन्धक नहीं होते ॥ १७७ ॥
मिथ्यादि चार प्रत्यय, होते हैं अष्ट कर्मके कारण ।
प्रत्यय भि रागहेतुक, रागादि बिना न विधि बांधे ॥१७८॥

रागो द्वेषो मोहश्च आस्रवा न संति सम्यग्दृष्टेः । तस्मादास्रवभावेन विना हेतवो न प्रत्यया भवंति ॥१७७॥ हेतुश्चतुर्विकल्पः अष्टविकल्पस्य कारणं भणितं । तेषामपि च रागादयस्तेषामभावे न बध्यंते ॥१७८॥

रागद्वेषमोहा न संति सम्यग्दृष्टेः सम्यग्दृष्टित्वान्यथानुपपत्तेः । तदभावे न तस्य द्रव्यप्रत्ययाः पुद्गलकर्महेतुत्वं बिभ्रति द्रव्यप्रत्ययानां पुद्गलकर्महेतुत्वस्य रागादिहेतुत्वात् । ततो

नामसंज्ञ—राग, दोष, मोह, य, आसव, ण, अत्थि, सम्मादिट्ठि, त, आसवभाव, विणा, हेदू, ण, पच्चय, हेदु, चदुव्वियप्प, अट्ठवियप्प, कारण, भणिद, त, पि, य, रागादि, त, अभाव, ण । **धातुसंज्ञ**—रज्ज रागे, दुस वैकृत्ये अप्रीतौ च, अस सत्तायां, हो सत्तायां, भण कथने, बन्ध बन्धने । **प्रातिपदिक**—राग, द्वेष,

कारणके कारणका अभाव होनेपर कार्यका अभाव प्रसिद्ध होनेसे ज्ञानीके बन्ध नहीं है ।

भावार्थ—सम्यग्दृष्टि, रागद्वेषमोहके अभाव बिना नहीं हो सकता ऐसा जो अविनाभाव नियम यहाँ कहा है सो वह मिथ्यात्वसम्बन्धी रागादिकोंका अभाव जानना इस प्रायोगिक प्रक्रियामें उन्हींको रागादि माना गया है । सम्यग्दृष्टि होनेके बाद कुछ चारित्रमोह सम्बन्धी राग रहता है सो वहाँपर नहीं गिना, वह गौण है इसलिये उन भावास्रवोंके बिना द्रव्यास्रव बंधके कारण नहीं हैं, कारणका कारण न हो तो कार्यका भी अभाव हो जाता है यह सुप्रसिद्ध है । इस दृष्टिसे सम्यग्दृष्टि ज्ञानी ही है इसके बन्ध नहीं है । यहाँ सम्यग्दृष्टिको ज्ञानी कहनेकी अपेक्षा यह है कि प्रथम तो जिसके ज्ञान हो वही ज्ञानी कहलाता है सो सामान्यज्ञानकी अपेक्षा तो सभी जीव ज्ञानी हैं और सम्यग्ज्ञान मिथ्याज्ञानकी अपेक्षा देखा जाय तो सम्यग्दृष्टिके सम्यग्ज्ञान है उसकी अपेक्षा ज्ञानी है, किन्तु मिथ्यादृष्टिके सम्यग्ज्ञान नहीं, अतः वह अज्ञानी है । यदि सम्पूर्ण ज्ञानकी अपेक्षा ज्ञानी कहा जाय तो केवली भगवान् ज्ञानी हैं, क्योंकि जब तक सर्वज्ञ न हो तब तक औदयिक अज्ञानभाव बारहवें गुणस्थान तक सिद्धान्तमें कहा है । इस तरह तथ्य विधिनिषेध अपेक्षासे निर्बाध सिद्ध होते हैं सर्वथा एकांतसे कुछ भी नहीं सधेगा । सो

हेतुमदभावस्य प्रसिद्धत्वात् ज्ञानिनो नास्ति बन्धः । अध्यास्य शुद्धनयमुद्धतबोधचिह्नमेकाग्र्यमेव कलयंति सदैव ये ते । रागादिमुक्तमनसः सततं भवंतः पश्यंति बंधविधुरं समयस्य सारं ॥१२०॥

मोह, च, आस्रव, न, सम्यग्दृष्टि, तत्, आस्रवभाव, विना, हेतु, न, प्रत्यय, हेतु, चतुर्विकल्प, अष्टविकल्प, कारण, भणित, तत्, अपि, च, रागादि, तत्, अभाव, न । **मूलधातु**—रञ्ज रागे, द्विष अप्रीतौ अदादि, मुह वैचित्ये दिवादि, अस भुवि, भू सत्तायां, भण शब्दार्थः, बन्ध बन्धने । **पदविवरण**—रागो रागः—प्रथमा एक० । दोसो द्वेषः—प्र० एक० । मोहो मोहः—प्र० एक० । य च—अव्यय । आसवा आस्रवाः—प्रथमा बहु० ।

जहाँ जैसे ज्ञानीकी विवक्षा हो उस प्रकारका अबंधक समझना ।

अब शुद्धनयका माहात्म्य कहते हैं—**अध्यास्य** इत्यादि । **अर्थ**—जो पुरुष उन्नत ज्ञान चिह्न वाले शुद्धनयको अङ्गीकार कर निरन्तर एकाग्रपनेका अभ्यास करते हैं वे पुरुष रागादि से मुक्त चित्त वाले होते हुए बन्धसे रहित अपने शुद्ध आत्मस्वरूपको देखते हैं ।

भावार्थ—यहाँ शुद्धनयसे एकाग्र होनेका संदेश दिया गया है । सो साक्षात् शुद्धनयका होना तो केवलज्ञान होनेपर होता है और श्रुतज्ञानके अंशरूप शुद्धनयके द्वारा शुद्धस्वरूपका श्रद्धान करना तथा ध्यान कर एकाग्र होना यह यहाँ सम्भव है । सो यह परोक्ष अनुभव है । एक देश शुद्ध होनेकी अपेक्षा व्यवहारसे यह प्रत्यक्ष कहा गया है ।

अब कहते हैं कि जो इससे चिग जाते हैं वे कर्मोंको बाँधते हैं—**प्रच्युत्य** इत्यादि । **अर्थ**—जो पुरुष शुद्धनयसे छूटकर फिर रागादिकके योगको प्राप्त होते हैं वे ज्ञानको छोड़कर जिस कर्मबंधने पूर्वबद्ध द्रव्यास्रवोंके द्वारा अनेक प्रकारके विकल्पोंका जाल कर रखा है ऐसे कर्मबन्धको धारण करते हैं । **भावार्थ**—ज्ञानी होनेके बाद भी शुद्धनयसे याने शुद्धताकी प्रतीति से चिग जाय तो वह रागादिके सम्बन्धसे द्रव्यास्रवके अनुसार अनेक प्रकारके कर्मोंको बाँधता है । यहाँ मिथ्यात्व सम्बन्धी रागादिकसे बन्ध होनेकी प्रधानता की है और उपयोगकी अपेक्षा को गौण रखा है । ज्ञानी अन्य ज्ञेयोंमें उपयुक्त होवे तो भी मिथ्यात्वके बिना जितना रागका अंश है वह ज्ञानीके अभिप्रायपूर्वक नहीं है, इसलिए उस स्थितिमें हुआ अल्पबन्ध संसारका कारण नहीं है । चारित्रमोहके रागसे कुछ बन्ध होता है वह अज्ञानके पक्षमें नहीं गिना, परंतु बन्ध अवश्य है सो उसीके मेटनेको शुद्धनयसे न छूटनेका और शुद्धोपयोगमें लीन होनेका सम्यग्दृष्टि ज्ञानीको उपदेश है ।

प्रसंगविवरण—अनंतरपूर्व गाथाचतुष्कमें बताया गया था कि भावास्रवका अभाव होनेसे द्रव्यप्रत्यय बन्धके हेतु (आस्रवके हेतु) नहीं होते । इसी अर्थका समर्थन इस गाथायुग्म में किया गया है ।

तथ्यप्रकाश—१-अविरत सम्यग्दृष्टिके अनंतानुबंधीकषायसम्बन्धी राग द्वेष मोह नहीं

प्रच्युत्य शुद्धनयतः पुनरेव ये तु, रागादियोगमुपयांति विमुक्तबोधाः । ते कर्मबन्धमिह विभ्रति पूर्वबद्धद्रव्यास्रवैः कृतविचित्रविकल्पजालं ॥१२१॥ ॥१७७-१७८॥

ण न–अव्यय । अत्थि संति–वर्तमान लट् अन्य पुरुष बहुवचन । सम्मदिट्ठिस्स सम्यग्दृष्टेः–षष्ठी एक० । तम्हा तस्मात्–पंचमी एक० । आसवभावेण आस्रवभावेन–तृतीया ए० । विणा विना–अव्यय । हेदू हेतवः–प्रथमा बहु० । ण न–अव्यय । पच्चया प्रत्ययाः–प्र० बहु० । होंति भवंति–वर्तमान लट् अन्य पुरुष बहु० । हेदू हेतवः–प्रथमा बहु० । चदुवियप्पो चतुर्विकल्पः–प्रथमा एकवचन । अट्ठवियप्पस्स अष्टविकल्पस्य–षष्ठी एक० । कारणं–प्रथमा एक० । भणिदं भणितं–प्रथमा एक० कृदन्त क्रिया । तेसिं तेषां–षष्ठी बहु० । पि अपि–अव्यय । य च–अव्यय । रागादी रागादयः–प्रथमा बहु० । तेसिं तेषां–षष्ठी बहु० । अभावे–सप्तमी एक० । ण न–अव्यय । बज्झंति बध्यन्ते–वर्तमान लट् अन्य पुरुष बहुवचन भावकर्मप्रक्रिया क्रिया ॥१७७-१७८॥

हैं अन्यथा सम्यग्दर्शन नहीं हो सकता था। २–देशसंयत सम्यग्दृष्टिके अनन्तानुबंधी अप्रत्याख्यानावरण सम्बन्धी रागद्वेषमोह नहीं हैं। ३–प्रमत्तविरत सम्यग्दृष्टिके अनंतानुबन्धी अप्रत्याख्यानावरण व प्रत्याख्यानावरण सम्बन्धी राग द्वेष मोह नहीं है। ४–अप्रमत्तविरत सम्यग्दृष्टि के अनन्तानुबन्धी अप्रत्याख्यानावरण व प्रत्याख्यानावरण संबंधी तथा संज्वलनतीव्रोदयजनित राग द्वेष मोह नहीं है। ५–श्रेणिगत अपूर्वकरण अनिवृत्तिकरण गुणस्थानमें तत्तद्योग्य स्थूल संज्वलन रागादि नहीं है। ६–सूक्ष्मसाम्परायमें सूक्ष्मसंज्वलन लोभ आदि कोई भी राग नहीं है। ७–द्रव्यप्रत्यय द्रव्यास्रवका निमित्त बने इसका निमित्त भावास्रव होता है। ८–ज्ञानीके गुणस्थानानुसार राग द्वेष मोह नहीं है अतः उसके द्रव्यप्रत्यय द्रव्यास्रवके हेतु नहीं होते, अतः ज्ञानीके बन्ध नहीं कहा गया। ९–ज्ञानीके संसारस्थिति वाला कर्मबन्ध न होनेसे सरागदशामें हुए अल्पबंधको यहाँ बन्ध नहीं कहा गया।

सिद्धान्त—१–ज्ञानीके सहजसिद्ध ज्ञानस्वभावकी भावना होनेसे अज्ञानमय भावास्रव नहीं होते। २–द्रव्यप्रत्यय नवीनकर्मबन्धके निमित्तभूत हैं।

दृष्टि—१–ज्ञाननय (१९४)। २–निमित्तदृष्टि (५३ अ)।

प्रयोग—सर्व विरुद्धतावोंको संकटोंको दूर करनेके लिये सर्वविकारोंको परभाव जानकर उनका लगाव छोड़कर अपने अविकार चैतन्यस्वरूपके अभिमुख रहनेका प्रवर्तन करना ॥१७७-१७८॥

अब इसी अर्थका समर्थन दृष्टांत पूर्वक करते हैं:—[यथा] जैसे [पुरुषेण] पुरुषके द्वारा [गृहीतः] ग्रहण किया गया [आहारः] आहार [स उदराग्निसंयुक्तः] वह उदराग्निसे युक्त हुआ [अनेकविधं] अनेक प्रकार [मांसवसारुधिरादीन्] मांस वसा रुधिर आदि [भावान्] भावों रूप [परिणमति] परिणमता है [तथा तु ज्ञानिनः] उसी प्रकार ज्ञानीके [पूर्वं बद्धाः]

जह पुरिसेणाहारो गहिओ परिणमइ सो अणेयविहं ।
मंसवसारुहिरादी भावे उयरग्गिसंजुत्तो ॥१७९॥
तह णाणिस्स दु पुव्वं जे बद्धा पच्चया बहुवियप्पं ।
बज्झंते कम्मं ते णयपरिहीणा उ ते जीवा ॥१८०॥ (युगलम्)

ज्यों नर गृहीत भोजन, होकर जठराग्नियुक्त नानाविध ।
मांस वसा रुधिरादिक, रसभावोंरूप परिणमता ॥१७९॥

त्यों ज्ञानीके पहिले, बद्ध हुए जो अनेकप्रत्यय हैं ।
विविध कर्म यदि बाँधे, जानो वे शुद्धनयच्युत हैं ॥१८०॥

यथा पुरुषेणाहारो गृहीतः परिणमति सोऽनेकविधं । मांसवसारुधिरादीन् भावान् उदराग्निसंयुक्तः ॥१७९॥
तथा ज्ञानिनस्तु पूर्वं बद्धा ये प्रत्यया बहुविकल्पं । बध्नंति कर्म ते नयपरिहीनास्तु ते जीवाः ॥१८०॥

यदा तु शुद्धनयात् परिहीणो भवति ज्ञानी तदा तस्य रागादिसद्भावात् पूर्वबद्धाः द्रव्यप्रत्ययाः स्वस्य हेतुत्वहेतुसद्भावे हेतुमद्भावस्यानिवार्यत्वात् ज्ञानावरणादिभावैः पुद्गलकर्मबंधं परिणामयंति । न चैतदप्रसिद्धं पुरुषगृहीताहारस्योदराग्निना रसरुधिरमांसादिभावैः परिणामकरणस्य दर्शनात् । इदमेवात्र तात्पर्यं हेयः शुद्धनयो न हि । नास्ति बंधस्तदत्यागात् तत्त्यागाद्-

---

नामसंज्ञ—जह, पुरिस, आहार, गहिअ, त, अणेयविह, मंसवसारुहिरादि, भाव, उयरग्गिसंजुत्त, तह, णाणि, दु, पुव्व, ज, बद्ध, पच्चय, बहुवियप्प, कम्म, त, णयपरिहीण, उ, त, जीव । **धातुसंज्ञ**—गह ग्रहणे, परि-णम अर्पणे, जु मिश्रणे, बन्ध बन्धने । **प्रातिपदिक**—यथा, पुरुष, आहार, गृहीत, तत्, अनेकविध, मांस, वसारुधिरादि, भाव, उदराग्निसंयुक्त, तथा, ज्ञानिन्, तु, पूर्व, यत्, बद्ध, प्रत्यय, बहुविकल्प, कर्मन्, तत्-

---

पूर्व बँधे [ये] जो [प्रत्ययाः] द्रव्यप्रत्यय [ते] वे [बहुविकल्पं] बहुत भेदों वाले [कर्म] कर्म को [बध्नंति] बांधते हैं । [ते] वे [जीवाः] जीव [तु नयपरिहीनाः] शुद्धनयसे रहित हैं ।

तात्पर्य—पुरुषगृहीत आहारके नाना परिणमनकी तरह पूर्वबद्ध द्रव्यप्रत्ययसे गृहीत कर्मके प्रकृति प्रदेश आदि नाना बंधरूप परिणमन हो जाते हैं ।

टीकार्थ—जिस समय ज्ञानी शुद्धनयसे छूट जाता है उस समय उसके रागादि भावोंके सद्भावसे पूर्व बँधे हुए द्रव्यप्रत्यय अपने हेतुत्वके हेतुका सद्भाव होनेसे कार्यभावका होना अनिवार्य होनेके कारण ज्ञानावरणादि भावोंसे पुद्गलकर्मको बंधरूप परिणमाते हैं । और यह बात अप्रसिद्ध नहीं है । पुरुष द्वारा ग्रहण किया गया आहार भी उदराग्निसे रस, रुधिर, मांस आदि भावोंसे परिणमन करना देखनेमें आता है । **भावार्थ**—ज्ञानी भी जब शुद्धनयसे छूटता तब रागादिरूप होता हुआ कर्मोंको बांधता है । क्योंकि रागादिभाव द्रव्यास्रवके निमित्त के निमित्त होते हैं तब वे द्रव्यप्रत्यय अवश्य कर्मबन्धके कारणभूत होते हैं ।

बंध एव हि ॥१४२॥ धीरोदारमहिम्न्यनादिनिधने बोधे निबध्नन् धृतिं, त्याज्यः शुद्धनयो न जातु कृतिभिः सर्वंकषः कर्मणां । तत्रस्थाः स्वमरीचिचक्रमचिरात्संहृत्य निर्यद्बहिः, पूर्णं ज्ञान-

---

नयपरिहीनः, तु, तत् जीव । मूलधातु -ग्रह उपादाने क्र्यादि, परि-णम प्रह्वत्वे, बन्ध बन्धने । **पदविवरण**—जह यथा—अव्यय । पुरिसेण पुरुषेण—तृतीया एक० । आहारो आहारः—प्रथमा एक० । गहिओ गृहीतः—प्र० एक० । परिणमदि परिणमति—वर्तमान लट् अन्य पुरुष एक० । सो सः—प्र० एक० । अणेयविहं अनेकविधं—क्रियाविशेषण अव्ययरूपे, मंसवसारुहिरादी मांसवसारुधिरादीन्—द्वि० बहु० । भावे भावान्—द्वि० बहु० । उयरग्गिसंजुत्तो उदराग्निसंयुक्तः—प्र० ए० । तह तथा—अव्यय । णाणिस्स ज्ञानिनः—षष्ठी एक० । दु तु—अ० । पुव्वं पूर्वं—क्रियाविशेषण अव्ययरूपे, जे ये—प्र० बहु० । बद्धा बद्धाः—प्रथमा बहु० । पच्चया प्रत्ययाः—प्रथमा

यहाँ इसी अर्थका तात्पर्य कहते हैं—**इद** इत्यादि । **अर्थ**—यहाँ पहले कथनका यही तात्पर्य है कि शुद्धनय त्यागने योग्य नहीं है, क्योंकि उस शुद्धनयका त्याग न होनेसे तो कर्म का बन्ध नहीं होता और उसके त्यागसे कर्मका बन्ध होता ही है । फिर उस शुद्धनयके ही ग्रहणको दृढ़ करते हुए काव्य कहते हैं—**धीरो** इत्यादि । **अर्थ**—चलाचलपनेसे रहित, सर्व पदार्थोंमें विस्तार युक्त, महिमावान, अनादिनिधन, कर्मोंको मूलसे नाश करने वाला शुद्धनय धर्मात्मा पुरुषोंके द्वारा कभी छोड़ने योग्य नहीं है, क्योंकि शुद्धनयमें स्थित पुरुष बाहर निकलते हुए अपने ज्ञानकी व्यक्तिविशेषोंको तत्काल समेटकर सम्पूर्ण ज्ञानघनका समूह स्वरूप, निश्चल शांतरूप, ज्ञानमय प्रतापके पुञ्जको अवलोकते अर्थात् अनुभवते हैं ।

भावार्थ—शुद्धनय समस्त ज्ञानके विशेषोंको गौणकर तथा समस्त परनिमित्तसे हुए भावोंको गौण कर चिन्मात्र अन्तस्तत्त्वको शुद्ध नित्य अभेद एक स्वरूप ग्रहण करता है । सो ऐसे सहज शुद्ध चिन्मात्र अपने आत्माको जो अनुभव कर एकाग्र स्थित हैं वे ही समस्त कर्मों के समूहसे विविक्त अविकार ज्ञानमूर्ति स्वरूप अपने आत्माको देखते हैं । आध्यात्मिक शुद्धनय में अन्तर्मुहूर्त ठहरनेसे शुक्लध्यानकी प्रवृत्ति होकर केवलज्ञान उत्पन्न होता है । सो इसको अवलंबन कर जब तक केवलज्ञान न उत्पन्न हो तब तक फिर इससे छूटना नहीं, ऐसा आचार्य देवका उपदेश है । अब आस्रवका अधिकार पूर्ण हो रहा है । यहाँ रंगभूमिमें आस्रवका स्वांग बना था उसको ज्ञानने यथार्थ जान स्वांगको हटवा दिया और आप सहज विशुद्ध प्रगट हुआ इस प्रकार ज्ञानकी महिमा काव्य द्वारा कहते हैं—**रागादिनां** इत्यादि । **अर्थ**—रागादिक आस्रवोंके भट सर्वतः दूर होनेसे नित्य उद्योत रूप किसी परम वस्तुको अंतरंगमें अवलोकन करने वाले पुरुषका अचल, अतुल यह ज्ञान अति विस्ताररूप फैलता हुआ अपने निज रसके प्रवाहसे सब लोक पर्यंत अन्य भावोंको अंतर्मग्न करता हुआ उदय रूप प्रगट हुआ ।

भावार्थ—शुद्धनयके अवलंबनसे जो पुरुष अंतरंगमें चैतन्यमात्र अन्तस्तत्त्वको एकाग्र

घनौघमेकमयनं भवंति शांतं महः ।।१२३।। रागादीनां क्षणिति विगमात् सर्वतोप्यास्रवाणां, नित्योद्योतं किमपि परमं वस्तु संपश्यतोंऽतः । स्फारस्फारैः स्वरसविसरैः प्लावयत्सर्वभावा-नालोकांतादचलमतुलं ज्ञानमुन्मग्नमेतत् ।।१२४।। इति आस्रवो निष्क्रांतः ।। १७९-१८० ।।

इति श्रीमदमृतचंद्रसूरिविरचितायां समयसारव्याख्यायामात्मख्यातौ

आस्रवप्ररूपकः चतुर्थोऽङ्कः ।।४।।

बहु० । बहुविधप्पं बहुविकल्पं–द्वितीया एकवचन कर्मविशेषण । बज्झंते बध्नन्ति–वर्तमान लट् अन्य पुरुष बहु० क्रिया । कम्मं कर्म–द्वितीया एकवचन कर्मकारक । ते–प्रथमा बहु० । णयपरिहीणा नयपरिहीनाः–प्र० बहु० । उ तु–अव्यय । ते–प्रथमा बहु० । जीवा जीवाः–प्रथमा बहुवचन ।। १७९–१८० ।।

अनुभवते हैं उनके सब रागादिक आस्रव भाव दूर हो जाते हैं तब सब पदार्थोंको जानने वाला केवलज्ञान प्रगट होता है । इस प्रकार आस्रवका स्वांग रंगभूमिमें बना था उसका ज्ञानने यथार्थस्वरूप जान लिया तब वह निकल गया ।

प्रसंगविवरण––अनंतरपूर्व गाथायुग्ममें कहा था कि भावास्रवके बिना द्रव्यप्रत्यय कर्मबन्धके हेतु नहीं है, हाँ जब शुद्धनयसे च्युत हो आत्मा रागादियोगको प्राप्त होता है तब वह कर्मबंधका बोझ करने लगता है । इसी अर्थका समर्थन इस गाथायुग्ममें उदाहरणपूर्वक किया है ।

तथ्यप्रकाश—१–अखण्ड सहजसिद्ध अन्तस्तत्त्वका नयपक्षपातरहित होकर निरखना शुद्धनय कहलाता है । २–जब आत्मा शुद्धनयमें उपयुक्त है तब उसे अबन्धक कहा है । ३–जब ज्ञानी शुद्धनयसे रहित हो जाता है तब वहाँ रागादिकके होनेसे उदित द्रव्यप्रत्ययके निमित्तसे कार्माणवर्गणा ज्ञानावरणादि कर्म रूपसे परिणमने लगते हैं । ३–जैसे पुरुषगृहीत आहार जठराग्नि द्वारा रसादिरूपसे परिणम जाता है वैसे ही शुद्धनय-परिहीन जीवके योग द्वारा गृहीत कार्माणवर्गणा स्कन्ध रागादिभावके द्वारा ज्ञानावरणादिरूपसे परिणम जाते हैं ।

सिद्धान्त—१– शुद्धनयपरिहीन जीवके रागादिभावका निमित्त पाकर द्रव्यप्रत्यय नवीन कर्मबन्धके निमित्त हो जाते हैं । २–शुद्धनयमें उपयुक्त आत्माके रागरूप भावास्रवके अभावसे बन्ध नहीं होनेके कारण सहज आनन्द अभ्युदित होता ।

दृष्टि—१–उपाधिसापेक्ष अशुद्ध द्रव्यार्थिकनय, निमित्तदृष्टि (५३, ५३अ) । २–अनीश्वरनय (१८६) ।

प्रयोग—रागादिभाव विकारको सकलसंकटहेतु बन्धहेतु जानकर उस परभावसे उपेक्षा करके अविकार ज्ञानस्वरूपमें उपयुक्त होनेका पौरुष करना ।।१७९–१८०।।

इस प्रकार श्री अमृतचंदजी सूरि द्वारा विरचित समयसारव्याख्या आत्मख्यातिमें

आस्रवका प्ररूपण करने वाला चतुर्थ अङ्क पूर्ण हुआ ।

अथ संवराधिकारः

अथ प्रविशति संवरः । आसंसारविरोधिसंवरजयैकांतावलिप्तास्रवन्यक्कारात्प्रतिलब्धनित्यविजयं संपादयत्संवरं । व्यावृत्तं पररूपतो नियमितं सम्यक् स्वरूपे स्फुरज्ज्योतिश्चिन्मयमुज्ज्वलं निजरसप्राग्भारमुज्जृम्भते ॥१२५॥

नामसंज्ञा—उवओग, कोहादि, ण, को, वि, उवओग, कोह, च, एव, हि, उवओग, ण, खलु, कोह, अट्ठवियप्प, कम्म, णोकम्म, च, अवि, ण, उवओग, य, कम्म, णोकम्म, च, अवि, णो, एवं, तु, अविवरीद,

---

अब रंगभूमिमें संवर प्रवेश करता है। प्रथम ही टीकाकार मंगलके लिये चिन्मय ज्योतिका अनुमोदन करते हैं—**आसंसार** इत्यादि। **अर्थ**—अनादि संसारसे लेकर अपने विरोधी संवरको जीतकर एकांतपनेसे मदको प्राप्त हुए आस्रवके तिरस्कारसे जिसने नित्य ही जीत पाई है ऐसे संवरको उत्पन्न कराती हुई, परद्रव्य और परद्रव्यके निमित्तसे हुए भावोंसे भिन्न, अपने यथार्थ स्वरूपमें नियमित, उज्ज्वल, देदीप्यमान, निजरसके ही प्राग्भारसे युक्त चिन्मय ज्योति प्रकट हो फैलती है। **भावार्थ**—अनादिकालसे संवर आस्रवका विरोधी है, उस संवरको आस्रवने जीत लिया था इसलिये मदसे उन्मत्त होकर सारे विश्वपर नृत्य कर रहा था। अब भेदज्ञानके बलसे इस ज्ञानज्योतिने आस्रवका तिरस्कार कर संवरको प्राप्त कर विजय पाई। अब सब पररूपोंसे भिन्न अपने स्वरूपमें निश्चल होकर यह ज्योति निर्बाध फैल रही है।

वहाँ संवरके प्रवेशके प्रारंभमें ही समस्त कर्मोंके संवरणके परम उपायरूप भेदविज्ञान की अभिनन्दना करते हैं:—[उपयोगे] उपयोगमें [उपयोगः] उपयोग है [क्रोधादिषु] क्रोध आदिकोंमें [कोऽपि उपयोगः] कोई भी उपयोग [नास्ति] नहीं है [च] और [हि] निश्चयसे [क्रोधे एव] क्रोधमें ही [क्रोधः] क्रोध है [उपयोगे] उपयोगमें [खलु] निश्चयतः [क्रोधः नास्ति] क्रोध नहीं है, [अष्टविकल्पे कर्मणि] आठ प्रकारके ज्ञानावरण आदि कर्मोंमें [च] तथा [नोकर्मणि अपि] शरीर आदि नोकर्मोंमें भी [उपयोगः नास्ति] उपयोग नहीं है [च] और [उपयोगे] उपयोगमें [कर्म च नोकर्म अपि] कर्म और नोकर्म भी [नो अस्ति] नहीं है [एतत्तु] ऐसा [अविपरीतं] सत्यार्थ [ज्ञानं] ज्ञान [जीवस्य] जीवके [यदा] जिस कालमें [भवति] हो जाता है [तदा] उस कालमें [उपयोगशुद्धात्मा] केवल उपयोग स्वरूप

तत्रादावेव सकलकर्मसंवरणस्य परमोपायं भेदविज्ञानमभिनंदति—

उवओगे उवओगो कोहादिसु णत्थि कोवि उवओगो।
कोहे कोहो चेव हि उवओगे णत्थि खलु कोहो ॥१८१॥
अट्ठवियप्पे कम्मे णोकम्मे चावि णत्थि उवओगो।
उवओगम्हि य कम्मं णोकम्मं चावि णो अत्थि ॥१८२॥
एयं तु अविवरीदं णाणं जइया उ होदि जीवस्स।
तइया ण किंचि कुव्वदि भावं उवओगसुद्धप्पा ॥१८३॥ (त्रिकलम्)

उपयोगमें उपयोग, क्रोधादिमें उपयोग नहिं कोई।
क्रोधादिमें क्रोधादि,, उपयोगमें क्रोधादि नहीं ॥१८१॥
कर्म नोकर्ममें नहिं, होता उपयोग शुद्ध परमात्मा।
उपयोगमें न होते, कर्म व नोकर्म भी कोई ॥१८२॥
यह यथार्थ सत्प्रज्ञा, होती जब इस सुभव्य आत्माके।
तब परभाव न करता, केवल उपयोग शुद्धात्मा ॥१८३॥

उपयोगे उपयोगः क्रोधादिषु नास्ति कोप्युपयोगः। क्रोधे क्रोधश्चैव हि उपयोगे नास्ति खलु क्रोधः ॥१८१॥ अष्टविकल्पे कर्मणि नोकर्मणि चापि नास्त्युपयोगः। उपयोगे च कर्म नोकर्म चापि नो अस्ति ॥१८२॥ एतत्त्वविपरीतं ज्ञानं यदा तु भवति जीवस्य। तदा न किंचित्करोति भावमुपयोगशुद्धात्मा ॥१८३॥

न खल्वेकस्य द्वितीयमस्ति द्वयोर्भिन्नप्रदेशत्वेनैकसत्तानुपपत्तेस्तदसत्त्वे च तेन सहाधाराधेयसंबंधोऽपि नास्त्येव, ततः स्वरूपप्रतिष्ठितत्वलक्षण एवाधाराधेयसंबंधोऽवतिष्ठते। तेन ज्ञानं

णाण, जइया, उ, जीव, तइया, ण, किंचि, भाव, उवओग, सुद्धप्पा। **धातुसंज्ञ**—अस सत्तायां, हो सत्तायां, कुव्व करणे, सुञ्झ नैर्मल्ये। **प्रातिपदिक**—उपयोग, क्रोधादि, न, किम्, अपि, उपयोग, क्रोध, च, एव, हि,

---

शुद्धात्मा [किंचित् भावं] उपयोगके सिवाय अन्य कुछ भी भाव [न करोति] नहीं करता।

तात्पर्य—चैतन्यमात्र आत्मामें चेतना ही पाया जाता, क्रोधनादिक नहीं ऐसा जानने वाला ज्ञानी चेतनेके सिवाय वस्तुतः अन्य कुछ नहीं करता।

टीकार्थ—वास्तवमें एक द्रव्यका दूसरा द्रव्य कुछ भी नहीं है, क्योंकि दोनोंका भिन्न भिन्न प्रदेश होनेसे एक सत्त्व नहीं बनता और सत्त्वके एक न होनेसे उसके साथ आधाराधेय सम्बन्ध भी नहीं है। इस कारण द्रव्यका अपने स्वरूपमें ही प्रतिष्ठारूप आधाराधेय सम्बन्ध ठहरता है, इसलिए ज्ञान जाननक्रियारूप अपने स्वरूपमें प्रतिष्ठित है, क्योंकि जाननपना याने जाननक्रिया ज्ञानसे अभिन्न स्वरूप होनेके कारण ज्ञानमें ही है और क्रोधादिक हैं वे क्रोध

जानत्तायां स्वरूपे प्रतिष्ठितं । जानत्तायाः ज्ञानादपृथग्भूतत्वात् ज्ञाने एव स्यात् । क्रोधादीनि क्रुध्यत्तादौ स्वरूपे प्रतिष्ठितानि, क्रुध्यत्तादेः क्रोधादिभ्योऽपृथग्भूतत्वात्क्रोधादिष्वेव स्युः, न पुनः क्रोधादिषु कर्मणि नोकर्मणि वा ज्ञानमस्ति, न च ज्ञाने क्रोधादयः कर्म नोकर्म वा संति परस्परमत्यंतं स्वरूपवैपरीत्येन परमार्थाधाराधेयसंबंधशून्यत्वात् । न च यथा ज्ञानस्य जानत्तास्वरूपं तथा क्रुध्यत्तादिरपि, क्रोधादीनां च यथा क्रुध्यत्तादिस्वरूपं तथा जानत्तापि कथंचनापि व्यवस्थापयितुं शक्येत, जानत्तायाः क्रुध्यत्तादेश्च स्वभावभेदेनोद्भासमानत्वात् स्वभावभेदाच्च वस्तुभेद एवेति नास्ति ज्ञानाज्ञानयोराधाराधेयत्वं । किं च यदा किलैकमेवाकाशं स्वबुद्धिमधिरोप्याधारा-

उपयोग, न, खलु, क्रोध, अष्टविकल्प, कर्मन्, नोकर्मन्, च, अपि, न, उपयोग, च, कर्मन्, नोकर्मन्, च, अपि, नो, एवं, तु, अविपरीत, ज्ञान, यदा, तु, जीव, तदा, न, किंचित्, भाव, उपयोग, शुद्धात्मन् । मूलधातु—उप-युजिर् योगे, अस भुवि, भू सत्तायां, क्रुध-क्रोधे दिवादि, डुकृञ् करणे, शुध शौचे दिवादि । पदविवरण – उवओगे उपयोगे—सप्तमी एकवचन । उवओगो उपयोगः—प्रथमा एकवचन । कोहादिसु क्रोधादिषु—सप्तमी एक० । ण न—अव्यय । अत्थि अस्ति—वर्तमान लट् अन्य पुरुष एक० । को कः—प्र० ए० । वि अपि—

आदि क्रियारूप अपने स्वरूपमें प्रतिष्ठित हैं, क्योंकि क्रोधनादिरूप क्रिया क्रोधादिकसे अभिन्नप्रदेशी होनेके कारण क्रोधनादि रूप क्रिया क्रोधादिमें ही है तथा क्रोधादिकमें अथवा कर्म नोकर्ममें ज्ञान नहीं है और ज्ञानमें क्रोधादिक अथवा कर्म नोकर्म नहीं है, क्योंकि ज्ञानका तथा क्रोधादिक और कर्म नोकर्मका आपसमें स्वरूपका अत्यन्त विपरीतपना है उनका स्वरूप एक नहीं है । इसलिए परमार्थरूप आधाराधेय सम्बन्धका शून्यपना है । तथा ज्ञानका जैसे जानन-क्रियारूप जानपना स्वरूप है वैसे ही क्रोधनादि रूप क्रियापना स्वरूप बन जाय व क्रोधादिक का क्रोधत्व आदिक क्रियापना जैसे स्वरूप है उस तरह जानन क्रिया स्वरूप बन जाय यह किसी तरहसे भी स्थापन नहीं किया जा सकता है । क्योंकि जाननक्रिया और क्रोधनादि क्रिया स्वभावभेदसे भिन्न-भिन्न ही प्रकट प्रतिभासमान हैं, और स्वभावके भेदसे ही वस्तुका भेद है यह नियम है । इस कारण ज्ञानका और अज्ञानस्वरूप क्रोधादिकका आधाराधेय भाव नहीं है । और क्या ? देखिये जैसे एक ही आकाशद्रव्यको अपनी बुद्धिमें स्थापित करके जब आधाराधेयभाव निरखा जाता है तब आकाशके सिवाय अन्य द्रव्योंका अधिकरणरूप आरोपका निरोध होनेसे बुद्धिको भिन्न आधारकी अपेक्षा नहीं रहती । और भिन्न आधारकी अपेक्षा न रहनेपर एक ही आकाशको एक आकाशमें ही प्रतिष्ठित निरखने वालेको आकाशका आधार अन्य द्रव्य नहीं प्रतिभात होता है । इसी तरह जब एक ही ज्ञानको अपनी बुद्धिमें स्थापित कर आधाराधेय भाव निरखा जाता है तब शेष अन्य द्रव्योंका अधिरोप करनेके निरोधसे ही बुद्धिको भिन्न आधारकी अपेक्षा नहीं रहती । भिन्न आधारकी अपेक्षा बुद्धिमें न रहनेपर एक

धेयभावो विभाव्यते तदा शेषद्रव्यांतराधिरोपनिरोधादेव बुद्धेर्न भिन्नाधिकरणापेक्षा प्रभवति। तदप्रभवे चैकमाकाशमेवैकस्मिन्नाकाश एव प्रतिष्ठितं विभावयतो न पराधाराधेयत्वं प्रतिभाति। एवं यदैकमेव ज्ञानं स्वबुद्धिमधिरोप्याधाराधेयभावो विभाव्यते तदा शेषद्रव्यान्तराधिरोपनिरोधादेव बुद्धेर्न भिन्नाधिकरणापेक्षा प्रभवति। तदप्रभवे चैकं ज्ञानमेवैकस्मिन् ज्ञान एव प्रतिष्ठितं विभावयतो न पराधाराधेयत्वं प्रतिभाति। ततो ज्ञानमेव ज्ञाने एव, क्रोधादय एव क्रोधादिष्वेवेति

अव्यय। उवओगो उपयोगः—प्रथमा एक०। कोहे क्रोधे—सप्तमी एक०। कोहो क्रोधः—प्रथमा एक०। च—अव्यय। एव—अव्यय। हि—अव्यय। उवओगे उपयोगे—सप्तमी एक०। णत्थि, खलु—अव्यय। कोहो क्रोधः—प्र० ए०। अट्ठवियप्पे अष्टविकल्पे—स० एक०। कम्मे कर्मणि—सप्तमी एक०। णोकम्मे नोकर्मणि—सप्तमी एक०। च, अपि, ण, अत्थि अस्ति—वर्तमान लट् अन्य पुरुष एकवचन। उवओगो उपयोगः—प्र० ए०। उवओगम्हि उपयोगे—सप्तमी एक०। च, णम्मं धर्म—प्र० एक०। [illegible] गो नो—अव्यय। अत्थि, एवं

ज्ञान ही ज्ञानमें प्रतिष्ठित निरखने वालेको अन्यका अन्यमें आधाराधेय भाव प्रतिभासित नहीं होता। इसलिए ज्ञान ही ज्ञानमें ही है और क्रोधादिक ही क्रोधादिकमें ही है। इस प्रकार ज्ञानका और क्रोधादिक व कर्म नोकर्मका भेदज्ञान अच्छी तरह सिद्ध हुआ।

भावार्थ—उपयोग तो चेतनका परिणमन होनेसे ज्ञानस्वरूप है और क्रोधादिक भावकर्म, ज्ञानावरणादि द्रव्यकर्म, शरीरादि नोकर्म ये सब पुद्गलद्रव्यके ही परिणाम होनेसे जड़ हैं, इनमें और ज्ञानमें प्रदेशभेद होनेसे अत्यन्त भेद है। इसी कारण उपयोगमें तो क्रोधादिक, कर्म, नोकर्म नहीं हैं और क्रोधादिक कर्म, नोकर्ममें उपयोग नहीं है। सो इनमें परमार्थस्वरूप आधाराधेय भाव नहीं हो सकता है। अपना अपना आधाराधेय भाव अपने अपनेमें है। इस भेदको जानना ही भेदविज्ञान है यह अच्छी तरह सिद्ध हुआ।

अब इसी अर्थको कलशमें कहते हैं—**चैद्रूप्यं** इत्यादि। **अर्थ**—चैतन्यरूपको धारण करता हुआ ज्ञान और जड़रूपको धारण करता हुआ राग इन दोनोंका जो अज्ञानदशामें एकत्व दिखता था उसको अन्तरंगमें अनुभवके अभ्यासरूप बलसे अच्छी तरह विदारणके द्वारा सब प्रकार विभाग करके यह निर्मल भेदज्ञान उदयको प्राप्त होता है इस कारण हे सत्पुरुषो! तुम इस भेदज्ञानको प्राप्त करके दूसरेसे याने रागादिभावोंसे रहित होते हुए एक शुद्ध ज्ञानघनके समूहका आश्रय कर उसमें लीन होकर मुदित होओ।

भावार्थ—ज्ञान तो चेतनास्वरूप है और रागादिकपुद्गलके विकार होनेसे जड़ हैं सो दोनों अज्ञानसे एकरूप विदित होते हैं। सो जब भेदविज्ञान प्रकट हो जाता है तब ज्ञानका और रागादिकका भिन्नपना प्रकट होता है तब यह ज्ञानी ऐसा जानता है कि ज्ञानका स्वभाव

साधु सिद्धं भेदविज्ञानं । चैद्रूप्यं जडरूपतां च दधतोः कृत्वा विभागं द्वयोरंतर्दारुणदारुणेन परितो ज्ञानस्य रागस्य च । भेदज्ञानमुदेति निर्मलमिदं मोदध्वमध्यासिताः शुद्धज्ञानघनौघमेकमधुना संतो द्वितीयच्युताः ॥१२६॥ एवमिदं भेदविज्ञानं यदा ज्ञानस्य वैपरीत्यकणिकामप्यनासादयदविचलितमवतिष्ठते तदा शुद्धोपयोगमयात्मत्वेन ज्ञानं ज्ञानमेव केवलं सन्न किंचनापि रागद्वेषमोह-

---

एतत्–प्र० एक० । तु, अविपरीतं अविपरीतं–प्र० एक० । जइया, यदा–अव्यय । दु तु–अव्यय । होदि भवति–वर्तमान लट् अन्य पुरुष एकवचन क्रिया । जीवस्स जीवस्य–षष्ठी एक० । तइया तदा–अव्यय । ण

तो जाननेमात्र ही है और ज्ञान में जो रागादिककी कलुषता व आकुलतारूप संकल्प विकल्प प्रतिभासित होते हैं ये सब पुद्गलके विकार हैं, जड़ हैं । यह भेदविज्ञान सब विभाव भावोंके मेटनेका कारण होता है और आत्मामें परमसंवरभावको प्राप्त करता है । इसलिये सत्पुरुषोंसे कहते हैं कि भेदविज्ञान पाकर रागादिकोंसे रहित होकर शुद्ध ज्ञानघन आत्माका आश्रय लेकर शाश्वत सहज आनन्दको प्राप्त होओ ।

ऐसा यह भेदविज्ञान, जिस समय ज्ञानको रागादिविकाररूप विपरीतपनेकी कणिकाको नहीं प्राप्त करता हुआ अविचलित ठहरता है, उस समय वह ज्ञान शुद्धोपयोगमयात्मकतासे ज्ञान रूप ही केवल हुआ किंचिन्मात्र भी राग द्वेष मोह भावको नहीं रचता । उस भेदविज्ञानसे शुद्धात्माकी प्राप्ति होती है और शुद्धात्माकी प्राप्तिसे राग-द्वेष-मोहस्वरूप आस्रवभावोंका अभावस्वरूप संवर होता है ।

प्रसंगविवरण—अनन्तरपूर्व आस्रवाधिकार पूर्ण होकर आस्रव निष्क्रान्त हो गया था । अब क्रमप्राप्त संवरतत्त्वका प्रवेश हुआ है, सो इसमें सर्वप्रथम समस्तकर्मके संवरण (आस्रवनिरोध) का परमोपायरूप भेदविज्ञान दर्शाया है ।

तथ्यप्रकाश—१–एक द्रव्यका दूसरा द्रव्य कुछ भी नहीं लगता, क्योंकि प्रत्येकके प्रदेश समस्त अन्यसे अत्यन्त भिन्न हैं । २–उपयोगमें याने उपयोगस्वरूप आत्मद्रव्यमें क्रोधादि कर्म नहीं हैं, क्रोधादिकर्मोंमें उपयोग नहीं है । ३–गुणमुख्यतासे कथन करनेपर ज्ञानमें क्रोध नहीं है, क्रोधमें ज्ञान नहीं है । ४–ज्ञानमें ज्ञान ही है अथवा आत्मामें आत्मा ही है । ५–क्रोधमें क्रोध ही है अथवा कर्ममें कर्म ही है ।

सिद्धान्त—१–जीव अपने स्वरूपमें तन्मय है, पुद्गल अपने स्वरूपमें तन्मय है । २–आत्मद्रव्यमें कर्म, नोकर्म, विभाव कुछ भी नहीं है ।

दृष्टि—१–स्वद्रव्यादिग्राहक द्रव्यार्थिकनय (२८) । २–परद्रव्यादिग्राहक द्रव्यार्थिकनय (२९) ।

रूपं भावमारचयति । ततो भेदविज्ञानाच्छुद्धात्मोपलंभः प्रभवति । शुद्धात्मोपलंभात रागद्वेष-मोहाभावलक्षणः संवरः प्रभवति ॥१८१-१८३॥

न–अव्यय । किंचि किंचित्–अव्यय अन्तः कि–प्र० ए० । कुव्वदि करोति–वर्तमान लट् अन्य पुरुष ए० क्रिया । भावं–द्वितीया ए० । उवओगसुद्धप्पा उपयोगशुद्धात्मा–प्रथमा एकवचन कर्ताकारक ॥१८१-१८३॥

प्रयोग—ज्ञानस्वरूप आत्मामें ज्ञानस्वरूपको ही निरखकर आस्रवनिरोधके वातावरण में अपनेको निराकुल अनुभवना ॥१८१-१८३॥

अब प्रश्न होता है कि भेदविज्ञानसे ही कैसे शुद्धात्माकी प्राप्ति होती है ? इसका उत्तर गाथामें कहते हैं—[**यथा**] जैसे [**कनकं**] सुवर्ण [**अग्नितप्तं अपि**] अग्निसे तप्त हुआ भी [**तं**] अपने [**कनकभावं**] सुवर्णपनेको [**न परित्यजति**] नहीं छोड़ता [**तथा**] उसी तरह [**ज्ञानी**] ज्ञानी [**कर्मोदयतप्तस्तु**] कर्मोंके उदयसे तप्त हुआ भी [**ज्ञानित्वं**] ज्ञानीपनेके स्वभाव को [**न जहाति**] नहीं छोड़ता [**एवं**] इस तरह [**ज्ञानी**] ज्ञानी [**जानाति**] जानता है । और [**अज्ञानी**] अज्ञानी [**अज्ञानतमोऽवच्छन्नः**] अज्ञानरूप अंधकारसे व्याप्त होता हुआ [**आत्मस्व-भावं**] आत्माके स्वभावको [**अजानन्**] नहीं जानता हुआ [**रागमेव**] रागको ही [**आत्मानं**] आत्मा [**मनुते**] मानता है ।

तात्पर्य—परभावसे भिन्न अन्तस्तत्त्वका दर्शी आत्मा कर्मविपाकसे संतप्त होनेपर भी ज्ञातापनको नहीं छोड़ता ।

टीकार्थ—जिसके यथोदित भेदविज्ञान है, वही उस भेदज्ञानके सद्भावसे ज्ञानी होता हुआ ऐसा जानता है । जैसे प्रचंड अग्निसे तपाया हुआ भी सुवर्ण अपने सुवर्णपनेको नहीं छोड़ता उसी तरह तीव्र कर्मके उदयसे घिरा हुआ भी ज्ञानी अपने ज्ञानपनेको नहीं छोड़ता, क्योंकि जो जिसका स्वभाव है वह हजारों कारण मिलनेपर भी अपने स्वभावको छोड़नेके लिये असमर्थ है । क्योंकि उसके छोड़नेपर उस स्वभावमात्र वस्तुका ही अभाव हो जायगा, परन्तु वस्तुका अभाव होता नहीं, क्योंकि सत्ताका नाश होना असंभव है । ऐसा जानता हुआ ज्ञानी कर्मोंसे व्याप्त हुआ भी रागरूप, द्वेषरूप और मोहरूप नहीं होता । किन्तु वह तो एक शुद्ध आत्माको ही प्राप्त करता है । परंतु जिसके यथोदित भेदविज्ञान नहीं है, वह उस भेद-विज्ञानके अभावसे अज्ञानी हुआ अज्ञानरूप अंधकारसे आच्छादित होनेके कारण चैतन्यचमत्कार मात्र आत्माके स्वभावको नहीं जानता हुआ रागस्वरूप ही आत्माको मानता हुआ रागी होता है, द्वेषी होता है, मोही होता है, परंतु शुद्ध आत्माको कभी नहीं पाता । इससे सिद्ध हुआ कि भेदविज्ञानसे ही शुद्ध आत्माकी प्राप्ति है ।

कथं भेदविज्ञानादेव शुद्धात्मोपलंभ ? इति चेत्—

जह कणयमग्गितवियं पि कणयभावं ण तं परिच्चयइ ।
तह कम्मोदयतविदो ण जहदि णाणी उ णाणित्तं ॥१८४॥
एवं जाणइ णाणी अण्णाणी मुणदि रायमेवादं ।
अण्णाणतमोच्छण्णो आदसहावं अयाणंतो ॥१७५॥

ज्यों अग्नितप्त काञ्चन, कांचन परिणामको नहीं तजता ।
त्यों कर्मोदयपीडित, ज्ञानी भी ज्ञान नहिं तजता ॥१८४॥
ज्ञानी सुजानता यों, अज्ञानी रागको हि निज माने ।
अज्ञान अन्ध आवृत, वह आत्मस्वभाव नहिं जाने ॥१८५॥

यथा कनकमग्नितप्तमपि कनकभावं न तं परित्यजति । तथा कर्मोदयतप्तो न जहाति ज्ञानी तु ज्ञानित्वं । एवं जानाति ज्ञानी अज्ञानी जानाति रागमेवात्मानं । अज्ञानतमोऽवच्छन्नः आत्मस्वभावमजानन् ।

यतो यस्यैव यथोदितं भेदविज्ञानमस्ति स एव तत्सद्भावाज् ज्ञानी सन्नेवं जानाति । यथा प्रचंडपावकप्रतप्तमपि सुवर्णं न सुवर्णत्वमपोहति तथा प्रचंडकर्मविपाकोपष्टब्धमपि ज्ञानं न ज्ञानत्वमपोहति, कारणसहस्रेणापि स्वभावस्यापोढुमशक्यत्वात् । तदपोहे तन्मात्रस्य वस्तुन

नामसंज्ञ—जह, कणय, अग्गितविय, पि, कणयभाव, ण, त, तह, कम्मोदयतविद, ण, णाणि, उ, णाणित्त, एवं, णाणि, अण्णाणि, राय, एव, आद, अण्णाणतमोच्छण्ण, आदसहाव, अयाणंत । **धातुसंज्ञ**· तव तपने तृतीयगणे, परि-च्चय त्यागे तृतीयगणे, उद्-अय गतौ, जहा त्यागे, जाण अवबोधने, मुण ज्ञाने । **प्रातिपदिक**—यथा, कनक, अग्नितप्त, अपि, कनकभाव, न, तत्, तथा, कर्मोदयतप्त, न, ज्ञानिन्, तु, ज्ञानित्व,

---

भावार्थ—आत्मस्वभाव व औपाधिक भावमें भेदविज्ञान होनेसे आत्मा जब ज्ञानी होता है तब कर्मके उदयसे संतप्त हुआ भी अपने ज्ञानस्वभावसे नहीं चिगता । यदि कोई पदार्थ स्वभावसे चिग जाय तो वस्तुका ही नाश हो जायगा ऐसा न्याय है । इसलिये कर्मके उदयके समय ज्ञानी रागी, द्वेषी, मोही नहीं होता । और जिसके भेदविज्ञान नहीं है वह अज्ञानी हुआ रागी, द्वेषी, मोही होता है । इसलिये यह पूर्ण निश्चित है कि भेदविज्ञानसे ही शुद्ध आत्माकी प्राप्ति होती है ।

प्रसंगविवरण—अनन्तरपूर्व गाथायुग्ममें यह निष्कर्ष निकला था कि भेदविज्ञानसे ही शुद्धात्माकी उपलब्धि होती है । सो उसी सम्बन्धमें इस गाथायुग्ममें इस जिज्ञासाका समाधान बताया है कि कैसे भेदविज्ञानसे शुद्धात्माकी उपलब्धि होती है ।

तथ्यप्रकाश—१–ज्ञानी कर्मविपाकसे आच्छन्न होकर भी ज्ञानीपनको नहीं छोड़ता ।

एवोच्छेदात् । नचास्ति वस्तूच्छेदः सतो नाशासंभवात् । एवं जानंश्च कर्माक्रांतोऽपि न रज्यते न द्वेष्टि न मुह्यति किन्तु शुद्धमात्मानमेवोपलभते । यस्य तु यथोदितं भेदविज्ञानं नास्ति स तदभावादज्ञानी सन्नज्ञानतमसाच्छन्नतया चैतन्यचमत्कारमात्रमात्मस्वभावमजानन् रागमेवात्मानं मन्यमानो रज्यते द्वेष्टि मुह्यति च न जातु शुद्धमात्मानमुपलभते । ततो भेदविज्ञानादेव शुद्धात्मोपलंभः ॥ १८४-१८५ ॥

एवं, ज्ञानिन्, अज्ञानिन्, राग, एव, आत्मन्, अज्ञानतमोवच्छन्न, आत्मस्वभाव, अजानत् । **मूलधातु**—तप संतापे भ्वादि, तप ऐश्वर्ये दिवादि, परि-त्यज हानौ भ्वादि, ओहाक् त्यागे जुहोत्यादि, ज्ञा अवबोधने, मनु अवबोधने । **पदविवरण** —जह यथा—अव्यय । कणयं कनकं—प्रथमा एक० । अग्गितवियं अग्नितप्तं—प्र० ए० । पि अपि—अव्यय । कणयहावं कनकभावं—द्वि० ए० । ण न—अव्यय । तं—द्वि० ए० । परिच्चयइ परित्यजति—वर्तमान लट् अन्य पुरुष एक० । तह तथा—अव्यय । कम्मोदयतविदो कर्मोदयतप्तः—प्रथमा एक० । ण न, जहदि जहाति—वर्तमान० अन्य० एक० । णाणी ज्ञानी—प्र० ए० । दु तु, णाणित्तं ज्ञानित्वं—द्वि० ए० । एवं, जाणदि जानाति—वर्तमान० अन्य० एक० । णाणी ज्ञानी—प्र० ए० । अण्णाणी अज्ञानी—प्रथमा एक० । मुणदि मनुते—वर्तमान लट् अन्य पुरुष एकवचन क्रिया । रायं रागं—द्वि० एक० । एव—अव्यय । आदं आत्मानं—द्वि० ए० । अण्णाणतमोच्छण्णो अज्ञानतमोऽवच्छन्न—प्र० एक० । आदसहावं आत्मस्वभावं—द्वि० ए० । अजाणंतो अजानन्—प्रथमा एकवचन कृदन्त ॥१८४-१८५॥

२—ज्ञानीका ज्ञानीपन न छूटनेका कारण अविकार सहजज्ञानस्वभावमें आत्मत्वकी दृढ़ प्रतीति है । ३—ज्ञानी जीवमें कर्मविपाक प्रतिफलित होनेपर भी कर्मरसमें उपयुक्त नहीं होता, किन्तु अपने ज्ञानभावमें ही उपयुक्त होता है । ४—अज्ञानी ही निज सहजस्वरूपको न जानता हुआ प्रतिफलित कर्मानुभागको आपा मानता हुआ राग द्वेष आदि विकल्परूप परिणमता है । ५—अज्ञानीके भेदविज्ञान न होनेसे शुद्धात्मस्वरूपकी उपलब्धि नहीं है । ६—ज्ञानीके भेदविज्ञान होनेसे शुद्धात्मस्वरूपकी उपलब्धि है ।

सिद्धान्त—१—ज्ञानी रागादि परिहरणशील होनेसे शुद्धात्मस्वरूपका संवेदन करता है । २—अज्ञानी रागादिपरिग्रहणशील होनेसे रागादिविभावरूप अपनेको परिणमाता है ।

दृष्टि—१— शुद्धनिश्चयनय (४६) । २— अशुद्धनिश्चयनय (४७) ।

प्रयोग—औपाधिक प्रतिफलन कुछ भी हुआ करे उससे अपना प्रयोजन न जानकर ज्ञानाकारमात्र स्वको अनुभवनेका पौरुष करना ॥ १८४-१८५ ॥

प्रश्न—शुद्ध आत्माकी प्राप्तिसे ही संवर कैसे होता है ? **उत्तर**—[शुद्धं तु] शुद्ध आत्माको [विजानन्] जानता हुआ [जीवः] जीव [शुद्धं चैव] शुद्ध ही [आत्मानं] आत्माको [लभते] प्राप्त करता [तु] और [अशुद्धं आत्मानं] अशुद्ध आत्माको [जानन्] जानता हुआ [अशुद्धमेव] अशुद्ध आत्माको ही [लभते] प्राप्त करता है ।

कथं शुद्धात्मोपलंभादेव संवर ? इति चेत्—

सुद्धं तु वियाणंतो सुद्धं चेवप्पयं लहदि जीवो ।
जाणंतो दु असुद्धं असुद्धमेवप्पयं लहइ ॥१८६॥

शुद्धात्मतत्त्व ज्ञाता, शुद्ध हि आत्मस्वरूपको पाता ।
जाने अशुद्ध आत्मा, जो वह पावे अशुद्धात्मा ॥१८६॥

शुद्धं तु विजानन् शुद्धं चैवात्मानं लभते जीवः । जानंस्त्वशुद्धमशुद्धमेवात्मानं लभते ॥ १८६ ॥

यो हि नित्यमेवाच्छिन्नधारावाहिना ज्ञानेन शुद्धमात्मानमुपलभमानोऽवतिष्ठते स ज्ञानमयाद् भावात् ज्ञानमय एव भावो भवतीति कृत्वा प्रत्यग्रकर्मास्रवणनिमित्तस्य रागद्वेषमोहसंतानस्य निरोधाच्छुद्धमेवात्मानं प्राप्नोति । यो हि नित्यमेवाज्ञानेनाशुद्धमात्मानमुपलभमानोऽवतिष्ठते सोऽज्ञानमयाद्भावादज्ञानमय एव भावो भवतीति कृत्वा प्रत्यग्रकर्मास्रवणनिमित्तस्य रागद्वेषमोहसंतानस्यानिरोधादशुद्धमेवात्मानं प्राप्नोति । अतः शुद्धात्मोपलंभादेव संवरः । यदि कथम-

---

नामसंज्ञ—सुद्ध, तु, वियाणत, सुद्ध, च, एव, अप्पय, जीव, जाणंत, दु, असुद्ध, असुद्ध, एव, अप्पय । **धातुसंज्ञ** – जाण अवबोधने, लभ प्राप्तौ, सुज्झ नैर्मल्ये । **प्रातिपदिक** शुद्ध, तु, विजानत्, शुद्ध, च, एव, अप्पय, जीव, जानत्, दु, अशुद्ध, एव, अप्पय । **मूलधातु**—ज्ञा अवबोधने, डुलभष प्राप्तौ भ्वादि, शुध शौचे ।

तात्पर्य – उपयोगमें सहज अविकार चैतन्यस्वरूप आनेसे उपयोगमें तो तुरंत ही शुद्धात्माका लाभ है, पर्यायतः भी शीघ्र शुद्धात्मत्वका लाभ होगा ।

टीकार्थ—जो पुरुष सदा ही अविच्छेदरूप धारावाही ज्ञानसे शुद्ध आत्माको पाता हुआ स्थित है वह पुरुष "ज्ञानमय भावसे ज्ञानमय ही भाव होते हैं" ऐसे न्याय कर आगामी कर्मके आस्रवके निमित्तभूत राग, द्वेष, मोहकी संतान (परिपाटी) के निरोधसे शुद्ध आत्माको ही पाता है । और जो जीव नित्य ही अज्ञानसे अशुद्ध आत्माको पाता हुआ स्थित है वह जीव 'अज्ञानमय भावसे अज्ञानमय ही भाव होता है' इस न्यायसे आगामी कर्मके आस्रवके निमित्तभूत राग-द्वेष-मोहकी संतानका निरोध न होनेसे अशुद्ध आत्माको ही पाता है । इस कारण शुद्ध आत्माकी प्राप्तिसे ही संवर होता है ।

भावार्थ—जो पुरुष अखंड धारावाही ज्ञानसे शुद्ध आत्माका अनुभव करता है उसके आस्रवका निरोध हो जाता है सो वह तो शुद्ध आत्मत्वको ही पाता है और जो अज्ञानसे अशुद्ध आत्माको अनुभव करता है वह अशुद्ध विकृत आत्माको ही पाता है, क्योंकि उसके आस्रव नहीं रुकते, उपयोग कलुषित रहता ।

अब इस अर्थका कलशरूप काव्य कहते हैं—**यदि** इत्यादि । **अर्थ**—यदि आत्मा

पि धारावाहिना बोधनेन ध्रुवमुपलभमानः । शुद्धमात्मानमास्ते । तदयमुदयदात्मारामम्मात्मान-
मात्मा परपरिणतिरोधाच्छुद्धमेवाभ्युपैति ॥१२७॥ ॥१८६॥

पदविवरण—सुद्धं शुद्ध–द्वितीया एकवचन । तु–अव्यय । वियाणंतो विजानन्–प्रथमा एक० कृदन्त । सुद्धं शुद्धं–द्वितीया एक० । च, एव, अप्पयं आत्मानं–द्वितीया एकवचन । लहदि लभते–वर्तमान लट् अन्य पुरुष एकवचन क्रिया । जीवो जीवः–प्रथमा एक० । जाणंतो जानन्–प्र० ए० । दु तु–अव्यय । असुद्धं अशुद्ध–द्वि० ए० । असुद्धं अशुद्धं–द्वितीया एक० । एव–अव्यय । अप्पयं आत्मानं–द्वितीया एक० । लहइ लभते–वर्तमान लट् अन्य पुरुषएकवचन क्रिया ॥ १८६ ॥

किसी भी प्रकार धारावाही ज्ञानसे निश्चल शुद्ध आत्माको प्राप्त हुआ रहता है तो वह आत्मा उदय होते हुए आत्मा रूप क्रीड़ावन वाले अपने आत्माको परपरिणति रूप राग, द्वेष, मोहके निरोधसे शुद्धको ही पाता है । **भावार्थ**—एक प्रवाहरूप ज्ञानको धारावाही ज्ञान कहते हैं । इसकी दो रीतियाँ हैं—(१) मिथ्याज्ञान बीचमें न आये ऐसा सम्यग्ज्ञान धारावाही ज्ञान है और (२) जब तक उपयोग एक ज्ञेयमें उपयुक्त रहे तब तक धारावाही ज्ञान कहा जाता है, यह अंतर्मुहूर्त ही रह पाता है, सो जहाँ जैसी विवक्षा हो वहाँ वैसा धारावाही ज्ञानका अर्थ जानना । प्रथम रीति वाले धारावाही ज्ञानसे प्रतीतिरूप शुद्धात्मत्वकी प्राप्ति है । द्वितीय रीति वाले धारावाही ज्ञानसे क्षपकश्रेणिस्थ योगियोंको व्यक्त निर्मल शुद्धात्मत्वकी प्राप्ति होती है ।

प्रसंगविवरण—अनन्तरपूर्व गाथायुग्ममें भेदविज्ञानसे शुद्धात्माकी उपलब्धि होती है यह बताते हुए यह दर्शाया गया था कि शुद्धात्माकी उपलब्धिसे ही संवर होता है । सो अब इस गाथामें यही युक्तिसहित बताया गया है कि कैसे शुद्धात्माकी उपलब्धिसे ही संवर होता है ।

तथ्यप्रकाश—१–निरंतर धारावाही ज्ञानसे सहजशुद्ध ज्ञानस्वभावमें उपयोग रखने वाला भव्य शुद्धात्माको प्राप्त करता है । २–सहजज्ञानस्वभावमें उपयोग रखने वाले ज्ञानीके ज्ञानमय ही भाव होता है । ३–ज्ञानमयभावसे ज्ञानमयभाव ही होनेके कारण नवीनकर्मास्रवण का निमित्तभूत रागद्वेषमोहसंतान दूर हो जाता है । ४–सविकार आत्मामें ही नित्य उपयोग रखने वाला अज्ञानी अशुद्धात्माको ही प्राप्त होता है । ५–सविकार अपनेको आत्मसर्वस्व मानने वाले अज्ञानीके अज्ञानमय ही भाव होता है । ६–अज्ञानमयभावसे अज्ञानमय ही भाव होनेके कारण नवीनकर्मास्रवणका निमित्तभूत रागद्वेषमोहसंतान पुष्ट होता रहता है । ७–अशुद्धात्माकी उपलब्धिसे अशुद्ध बने रहनेकी संतति चलती रहती है । ८–शुद्धात्माकी उपलब्धिसे संवरतत्त्व प्रकट होता है, शुद्ध पर्यायकी संतति बनती रहती है ।

सिद्धांत—१–सहजज्ञानस्वभावके उपयोगसे ज्ञानमयपरिणमन होता है । २–विकृत

केन प्रकारेण संवरो भवतीति चेत्—

अप्पाणमप्पणा रुंधिऊण दोपुण्णपावजोएसु ।
दंसणणाणम्हि ठिदो इच्छाविरओ य अण्णम्हि ॥१८७॥
जो सव्वसंगमुक्को झायदि अप्पाणमप्पणो अप्पा ।
णवि कम्मं णोकम्मं चेदा चेयेइ एयत्तं ॥१८८॥
अप्पाणं झायंतो दंसणणाणमओ अणण्णमओ ।
लहइ अचिरेण अप्पाणमेव सो कम्मपविमुक्कं ॥१८९॥ (त्रिकलम्)

आत्माको आत्माके, द्वारा रोकि अघ पुण्य योगोंको ।
दर्शनज्ञानावस्थित, परमें वाञ्छारहित होकर ॥१८७॥
जो सर्वसंगको तजि, आत्मा आत्मीय आपको ध्याता ।
कर्म नोकर्मको नहिं, ध्यावे चिन्ते स्वकीय केवलता ॥१८८॥
वह दर्शन ज्ञानमयी, अनन्य आत्मीय ध्यानको करता ।
कर्म प्रविमुक्त आत्मा, को पाता शीघ्र अपनेमें ॥१८९॥

आत्मानमात्मना रुन्ध्वा द्विपुण्यपापयोगयोः । दर्शनज्ञाने स्थितः इच्छाविरतश्चान्यस्मिन् ॥१८७॥
यः सर्वसंगमुक्तो ध्यायत्यात्मानमात्मन आत्मा । नापि कर्म नोकर्म चेतयित्वा चेतयत्येकत्वं ॥१८८॥
आत्मानं ध्यायन् दर्शनज्ञानमयोऽनन्यमयः । लभतेऽचिरेणात्मानमेव स कर्मप्रविमुक्तं ॥१८९॥

यो हि नाम रागद्वेषमोहमूले शुभाशुभयोगे प्रवर्तमानं, दृढतरभेदविज्ञानाविष्टंभेन आत्मानं आत्मनैवात्यंतं रुंध्वा शुद्धदर्शनज्ञानात्मन्यात्मद्रव्ये सुष्ठु प्रतिष्ठितं कृत्वा समस्तपरद्रव्ये-

---

नामसंज्ञ—अप्प, अप्प, दोपुण्णपापजोय, दंसणणाण, ठिद, इच्छाविरअ, य, अण्ण, ज, सव्वसंगमुक्क, अप्प, अप्प, अप्प, ण, वि, कम्म, णोकम्म, एयत्त, अप्प, झायंत, दंसणणाणमअ, अणण्णमअ, अचिर, अप्प,

---

अपनेको अपना स्वरूपसर्वस्व माननेके उपयोगसे अज्ञानमय परिणमन होता है ।

दृष्टि—१–ज्ञाननय (१६४) । २–अशुद्धनिश्चयनय (४७) ।

प्रयोग—सर्व विकारसंकट नष्ट करनेके लिये अपने सहजसिद्ध अविकार चित्प्रकाशरूप अपनेको आपा अनुभवनेका पौरुष करना ॥१८६॥

अब वह संवर किस तरहसे होता है ? यह बताते हैं—[यः] जो [आत्मा] जीव [आत्मानं] आत्माको [आत्मना] आत्माके द्वारा [द्विपुण्यपापयोगयोः] दो पुण्यपाप योगोंसे [रुन्ध्वा] रोककर [दर्शनज्ञाने] दर्शनज्ञानमें [स्थितः] ठहरा हुआ [अन्यस्मिन् इच्छाविरतः]

च्छापरिहारेण समस्तसंगविमुक्तो भूत्वा नित्यमेवातिनिष्प्रकंपः सन्, मनागपि कर्मनोकर्मणोरसंस्पर्शेन आत्मीयमात्मानमेवात्मना ध्यायन् स्वयं सहजचेतयितृत्वादेकत्वमेव चेतयते; स खल्वेकत्वचेतनेनात्यंतविविक्तं चैतन्यचमत्कारमात्रमात्मानं ध्यायन् शुद्धदर्शनज्ञानमयमात्मद्रव्यमवाप्तः शुद्धात्मोपलंभे सति समस्तपरद्रव्यमयत्वमतिक्रांतः सन् अचिरेणैव सकलकर्मविमुक्तमात्मानम-

एव, त, कर्मप्रविमुक्त । **धातुसंज्ञ**—रुंध रोधने, ष्ठा गतिनिवृत्तौ, ध्मा ध्याने, चेत स्मृत्यां, लभ प्राप्तौ । **प्रातिपदिक** – आत्मन्, द्विपुण्यपापयोग, दर्शनज्ञान, स्थित, इच्छाविरत, च, अन्य, यत्, सर्वसंगमुक्त, कर्मन्, नोकर्मन्, चेतयितृ, एकत्व, ध्यायत्, दर्शनज्ञानमय, अनन्यमय, अचिर, कर्मप्रविमुक्त । **मूलधातु**—रुधिर आवरणे, ष्ठा गतिनिवृत्तौ, ध्यै चिन्तायां, चिति संज्ञाने भ्वादि, चित संचेतने चुरादि, डुलभष् प्राप्तौ ।

अन्य वस्तुमें इच्छारहित [**च**] और [**सर्वसंगमुक्तः**] सब परिग्रहसे रहित हुआ [**आत्मना**] आत्माके द्वारा [**आत्मानं**] आत्माको [**ध्यायति**] ध्याता है तथा [**कर्म नोकर्म**] कर्म नोकर्मको [**न अपि**] नहीं ध्याता और आप [**चेतयिता**] चेतनहार होता हुआ [**एकत्वं**] एकत्वको [**चिंतयति**] विचारता है [**सः**] वह जीव [**अनन्यमयः**] अनन्यमय होकर [**आत्मानं ध्यायन्**] आत्माका ध्यान करता हुआ [**अचिरेण**] थोड़े समयमें [**एव**] ही [**कर्मप्रविमुक्तं**] कर्मरहित [**आत्मानं**] आत्माको [**लभते**] प्राप्त करता है ।

तात्पर्य—आत्माका आत्मामें एकाग्र ध्यान करने वाला पुरुष अल्पकालमें कर्मरहित हो जाता है ।

टीकार्थ—राग द्वेष मोहरूप मूल वाले शुभाशुभ योगोंमें प्रवर्तमान अपने आत्माको जो जीव दृढ़तर भेदविज्ञानके बलसे आपसे ही अत्यन्त रोककर शुद्ध ज्ञानदर्शनात्मक आत्मद्रव्यमें अच्छी तरह ठहराकर समस्त परद्रव्योंकी इच्छाके परिहारसे समस्तसंगरहित होकर नित्य ही निश्चल हुआ किंचिन्मात्र भी कर्मको नहीं स्पर्श करके अपने आत्माको आत्माके द्वारा ही ध्याता हुआ स्वयं चेतने वाला होनेसे अपने चेतनारूप एकत्वको ही अनुभवता है वह जीव निश्चयसे एकत्वको चेतनेसे परद्रव्यसे अत्यन्त भिन्न चैतन्य चमत्कारमात्र अपने आत्माको ध्याता हुआ, शुद्ध दर्शनज्ञानमय आत्मद्रव्यको प्राप्त हुआ शुद्धात्माका उपलम्भ होने पर समस्त परद्रव्यमयतासे अतिक्रान्त होता हुआ अल्प समयमें ही सब कर्मोंसे रहित आत्माको प्राप्त करता है । यह संवरका प्रकार है ।

भावार्थ—जो भव्य जीव रागद्वेषमोहमिश्रित शुभ अशुभ मन, वचन, कायके योगोंसे अपने आत्माको भेदज्ञानबलसे चलित न होने दे, पश्चात् शुद्ध दर्शनज्ञानमय अपने स्वरूपमें अपनेको निश्चल करे और फिर समस्त बाह्य आभ्यन्तर परिग्रहोंसे रहित होकर कर्म

वाप्नोति । एष संवरप्रकारः ।। निजमहिमरतानां भेदविज्ञानशक्त्या भवति नियतमेषां शुद्धतत्त्वोपलंभः । अचलितमखिलान्यद्रव्यदूरे स्थितानां भवति सति च तस्मिन्नक्षयः कर्ममोक्षः ।।२२८।। ।। १८७-१८९ ।।

पदविवरण- -अप्पाणं आत्मानं–द्वितीया एक० । अप्पणा आत्मना–तृतीया एकवचन । रुंभिऊण रुन्ध्वा–असमाप्तिकी क्रिया । दोपुण्णपापजोएसु–सप्तमी बहु० । द्विपुण्यपापयोगयोः–सप्तमी द्विवचन । दंसणणाणम्हि दर्शनज्ञाने–सप्तमी एक० । ठिदो स्थितः–प्रथमा एक० । इच्छाविरओ इच्छाविरतः–प्र० एक० । य च–अव्यय । अण्णम्हि अन्यस्मिन्–सप्तमी एक० । जो यः–प्र० ए० । सव्वसंगमुक्को सर्वसंगमुक्तः–प्रथमा एक० । झायदि ध्यायति–वर्तमान लट् अन्य पुरुष एक० क्रिया । अप्पाणं आत्मानं–द्वितीया एकवचन । अप्पणो आत्मनः–षष्ठी एक० । अप्पा आत्मा–प्रथमा एक० । ण न–अव्यय । अपि–अव्यय । कम्मं कर्म–द्वि० ए० । णोकम्मं नोकर्म–द्वि० एक० । चेदा चेतयिता–प्र० ए० । चेयेइ चेतयति–वर्तमान लट् अन्य पुरुष एकवचन । एयत्तं एकत्वं–द्वि० एक० । अप्पाणं आत्मानं–द्वितीया एक० । झायंतो ध्यायन्–प्रथमा एक० कृदन्त । दंसणणाणमओ दर्शनज्ञानमयः–प्रथमा एक० । अणण्णमओ अनन्यमयः–प्रथमा ए० । लहइ लभते–वर्तमान० अन्य० एक० क्रिया । अचिरेण–तृ० एक० । अप्पाणं आत्मानं–द्वि० ए० । एव–अव्यय । सो सः–प्रथमा एक० । कम्मविप्पमुक्कं कर्मविप्रमुक्तं–द्वितीया एकवचन ।। १८७-१८९ ।।

नोकर्मसे अत्यन्त विविक्त अपने स्वरूपमें एकाग्र होकर ध्यान करता हुआ रहे वह अन्तरात्मा थोड़े समयमें ही सर्व कर्मोंसे पृथक् हो जाता है । सम्वरकी विधि यही है ।

अब इस अर्थका कलशरूप काव्य कहते हैं—निज इत्यादि । अर्थ—भेदविज्ञानकी शक्तिसे अपने स्वरूपकी महिमामें लीन पुरुषोंको नियमसे शुद्धतत्त्वकी प्राप्ति होती है और उस शुद्धतत्त्वकी प्राप्ति होनेपर समस्त अन्य द्रव्योंसे दूर अचलित स्थित पुरुषोंका अक्षय कर्ममोक्ष होता है ।

प्रसंगविवरण—अनन्तरपूर्व गाथामें बताया गया था कि कैसे शुद्धात्माके उपलम्भसे सम्वर होता है । अब उसी सम्वरका प्रायोगिक प्रकार इस गाथात्रिकलमें कहा गया है ।

तथ्यप्रकाश—(१) यह जीव रागद्वेषमोहमूलक शुभ अशुभ योगमें प्रवर्तता चला आया है । (२) दृढ़तर भेदविज्ञानसे आत्मशक्ति द्वारा शुभाशुभयोगका प्रवर्तन निरुद्ध हो जाता है । (३) दृढ़तरभेदविज्ञानसे शुभाशुभयोगका निरोध कर यह आत्मा शुद्ध चेतनामात्र अन्तस्तत्त्वमें प्रतिष्ठित हो जाता है । (४) सहजस्वरूपमें प्रतिष्ठित आत्मा निःसंग व निष्प्रकम्प हो जाता है । (५) स्वरूपप्रतिष्ठित, निःसङ्ग, निष्कम्प आत्मा परतत्त्वसे विविक्तता होनेसे चैतन्यचमत्कारमात्र आत्माका ध्यान करता हुआ शुद्धात्माको प्राप्त हुआ है । (६) शुद्धात्माको प्राप्त आत्मा सर्वपरभावसे पृथक् होकर शीघ्र ही अपनेको कर्मविमुक्त कर लेता है ।

सिद्धान्त—(१) शुद्धात्माकी उपलब्धिसे योगनिरोध होनेसे कर्मोंका संवर होता है ।

केन क्रमेण संवरो भवतीति चेत्—

तेसिं हेऊ भणिदा अज्झवसाणाणि सव्वदरसीहिं ।
मिच्छत्तं अण्णाणं अविरयभावो य जोगो य ॥१९०॥
हेउअभावे णियमा जायदि णाणिस्स आसवणिरोहो ।
आसवभावेण विणा जायदि कम्मस्स वि णिरोहो ॥१९१॥
कम्मस्साभावेण य णोकम्माणं पि जायइ णिरोहो ।
णोकम्मणिरोहेण य संसारणिरोहणं होइ ॥१९२॥ (त्रिकलम्)

उनके हेतु बताये, ये अध्यवसान सर्वदर्शीने ।
मिथ्यात्व योग अविरति, अज्ञान कषायमय परिणत ॥१९०॥
हेतु विना ज्ञानीके, अवश्य आस्रवनिरोध हो जाता ।
आस्रवभाव विना क-र्मोंका भि निरोध हो जाता ॥१९१॥
कर्मनिरोध हुआ तब, नोकर्मोंका निरोध हो जाता ।
नोकर्मके रुकेसे, संसारनिरोध हो जाता ॥१९२॥

तेषां हेतवः भणिताः अध्यवसानानि सर्वदर्शिभिः । मिथ्यात्वमज्ञानमविरतभावश्च योगश्च ॥१९०॥
हेत्वभावे नियमाज्जायते ज्ञानिनः आस्रवनिरोधः । आस्रवभावेन विना जायते कर्मणोऽपि निरोधः ॥१९१॥
कर्मणोऽभावेन च नोकर्मणामपि जायते निरोधः । नोकर्मनिरोधेन च संसारनिरोधनं भवति ॥१९२॥

संति तावज्जीवस्य, आत्मकर्मैकत्वाध्यासमूलानि मिथ्यात्वाज्ञानाविरतियोगलक्षणानि अध्यवसानानि । तानि रागद्वेषमोहलक्षणस्यास्रवभावस्य हेतवः । आस्रवभावः कर्महेतुः । कर्म-

---

नामसंज्ञा—त, हेउ, भणिद, अज्झवसाण, सव्वदरिसि, मिच्छत्त, अण्णाण, अविरयभाव, य, जोग, य, हेउअभाव, णियम, णाणि, आसवणिरोह, आसवभाव, विणा, कम्म, वि, णिरोह, कम्म, अभाव, य,

---

(२) विशुद्धदर्शनज्ञानसामान्यात्मक शाश्वत अन्तस्तत्त्वमें अभेद उपयुक्त वीतराग आत्मा सर्व-कर्मोंसे विप्रमुक्त हो जाता है ।

दृष्टि—१- स्वभावनय (१७९) । २- पुरुषकारनय (१८३) ।

प्रयोग—मन, वचन, कायकी प्रवृत्तिको रोककर ज्ञानस्वभावमें प्रतिष्ठित होकर अपने में मग्न होनेका पौरुष करना ॥ १८७-१८९ ॥

आगे संवरका क्रम बतलाते हैं—[तेषां] पूर्वोक्त राग-द्वेष-मोहरूप आस्रवोंके [हेतवः] हेतु [मिथ्यात्वं] मिथ्यात्व [अज्ञानं] अज्ञान [अविरतभावः] अविरति भाव [च योगः] और

नोकर्महेतुः। नोकर्म संसारहेतुः, इति ततो नित्यमेवायमात्मा, आत्मकर्मणोरेकत्वाध्यासेन मिथ्यात्वाज्ञानाविरतियोगमयमात्मानमध्यवस्यति। ततो रागद्वेषमोहरूपमास्रवभावं भावयति। ततः कर्म आस्रवति, ततो नोकर्म भवति, ततः संसारः प्रभवति। यदा तु आत्मकर्मणोर्भेद-विज्ञानेन शुद्धं चैतन्यचमत्कारमात्रमात्मानं उपलभते तदा मिथ्यात्वाज्ञानाविरतियोगलक्षणानां अध्यवसानानां आस्रवभावहेतूनां भवत्यभावः। तदभावे रागद्वेषमोहरूपास्रवभावस्य भवत्य-भावः, तदभावे भवति कर्माभावः, तदभावे नोकर्माभावः, तदभावे च भवति संसाराभावः।

णोकम्म, पि, णिरोह, णोकम्मणिरोह, य, संसारविरोहण। **धातुसंज्ञ**—भण कथने, जा प्रादुर्भावे, हो सत्तायां। **प्रातिपदिक**—तत्, हेतु, भणित, अध्यवसान, सर्वदर्शिन्, मिथ्यात्व, अज्ञान, अविरतभाव, च, योग, च, हेत्वभाव, नियम, ज्ञानिन्, आस्रवनिरोध, आस्रवभाव, विना, कर्मन्, अपि, निरोध, कर्मन्, अभाव,

योग ये चार [**अध्यवसानानि**] अध्यवसान [**सर्वदर्शिभिः**] सर्वज्ञदेवोंने [**भणिताः**] कहे है सो [**ज्ञानिनः**] ज्ञानीके [**हेत्वभावे**] इन हेतुओंका अभाव होनेसे [**नियमात्**] नियमसे [**आस्रव-निरोधः**] आस्रवका निरोध [**जायते**] होता है [**च**] और [**आस्रवभावेन विना**] आस्रवभाव के विना [**कर्मणः अपि**] कर्मका भी [**निरोधः**] निरोध [**जायते**] होता है [**च**] और [**कर्मणः अभावेन**] कर्मके अभावसे [**नोकर्मणां अपि**] नोकर्मोंका भी [**निरोध**] निरोध [**जायते**] होता है [**च**] तथा [**नोकर्मनिरोधेन**] नोकर्मके निरोध होनेसे [**संसारनिरोधनं**] संसारका निरोध [**भवति**] होता है।

तात्पर्य—ज्ञानीके अध्यवसान नहीं होनेसे आस्रव कर्म व नोकर्मके निरोधपूर्वक संसार का निरोध हो जाता है।

टीकार्थ—आत्मा और कर्मके एकत्वके अध्यासमूलक मिथ्यात्व, अज्ञान, अविरति, योगस्वरूप अध्यवसान मोही जीवके विद्यमान हैं ही, वे अध्यवसान राग-द्वेष-मोहस्वरूप आस्रव भावके कारणभूत हैं, आस्रवभाव कर्मका कारण है, कर्म नोकर्मका कारण है और नोकर्म संसार का कारण है। इस कारण आत्मा नित्य ही आत्मा और कर्मके एकत्वके अध्याससे आत्माको मिथ्यात्व अज्ञान अविरति योगमय मानता है। उस अध्याससे राग-द्वेष-मोहरूप आस्रव भावों को भाता है उससे कर्मका आस्रव होता है, कर्मसे नोकर्म होता है और नोकर्मसे संसार प्रगट होता है। परंतु जिस समय यह आत्मा, आत्मा और कर्मके भेदज्ञानसे शुद्ध चैतन्य चमत्कार मात्र आत्माको अपनेमें पाता है उस समय मिथ्यात्व अज्ञान अविरति योगस्वरूप, आस्रवभावों के कारणभूत अध्यवसानोंका इसके अभाव होता है, मिथ्यात्व आदिका अभाव होनेसे राग-द्वेष मोहरूप आस्रव भावका अभाव होता है, राग-द्वेष-मोहका अभाव होनेसे कर्मका अभाव होता

इत्येष संवरक्रमः ।। संपद्यते संवर एष साक्षात् शुद्धात्मतत्त्वस्य किलोपलंभात् । स भेदविज्ञानत एव तस्मात्तद्भेदविज्ञानमतीव भाव्यं ।।१२६।। भावयेद्भेदविज्ञानमिदमच्छिन्नधारया । ताव-

च, नोकर्मन्, अपि, निरोध, नोकर्मनिरोध, च, संसारनिरोधन । **मूलधातु**—भण शब्दार्थः, भ्वादि, जनी प्रादुर्भावे दिवादि, भू सत्तायां । **पदविवरण**—तेसिं तेषां—षष्ठी बहु० । हेऊ हेतवः—प्रथमा बहु० । भणिया भणिताः—प्रथमा बहु० । अज्झवसाणाणि अध्यवसानानि—प्रथमा बहु० । सव्वदरिसीहि सर्वदर्शिभिः—तृतीया बहु० । मिच्छत्तं मिथ्यात्वं—प्रथमा एक० । अण्णाणं अज्ञानं—प्र० एक० । अविरयभावो अविरतिभावः—प्र०

है, कर्मका अभाव होनेपर नोकर्मका अभाव होता है और नोकर्मका अभाव होनेसे संसारका अभाव होता है । ऐसा यह संवरका अनुक्रम है ।

भावार्थ—जब तक आत्मा और कर्ममें एकत्वकी मान्यता है, उनमें भेदविज्ञान नहीं तब तक मिथ्यात्व, अज्ञान, अविरति और योगरूप अध्यवसान इसके विद्यमान हैं, उनसे राग द्वेष-मोहरूप आस्रवभाव होता है, आस्रवभावसे कर्म बंधते हैं, कर्मसे नोकर्म याने शरीरादिक प्रगट होते हैं और नोकर्मसे संसार है । लेकिन जिस समय आत्माको आत्मा और कर्मका भेदविज्ञान हो जाता है तब उसे शुद्ध आत्माकी प्राप्ति होती है, उसके होनेसे मिथ्यात्वादि अध्यवसानका अभाव होता है, अध्यवसानका अभाव होनेसे राग-द्वेष-मोहरूप आस्रवका अभाव होता है, आस्रवके अभावसे कर्म नहीं बंधता, कर्मके अभावसे नोकर्म नहीं प्रगट होता और नोकर्मके अभावसे संसारका अभाव होता है । यही संवरका तरीका है ।

अब संवरके कारणभूत भेदविज्ञानको भावनाका उपदेश करते हैं—**संपद्यते** इत्यादि । **अर्थ**—शुद्धात्मतत्त्वकी प्राप्तिसे साक्षात् संवर होता ही है । शुद्धात्मतत्त्वकी प्राप्ति आत्मा और कर्मके भेदविज्ञानसे होती है इस कारण भेदविज्ञानको विशेष रूपसे भाना चाहिये ।

अब कहते हैं कि भेदविज्ञान कब तक भाना चाहिये ? **भावये** इत्यादि । **अर्थ**—इस भेदविज्ञानको अखण्ड प्रवाहरूपसे तब तक भावे जब तक कि ज्ञान परभावोंसे छूटकर अपने ज्ञानस्वरूपमें ही प्रतिष्ठित नहीं हो जाता है । **भावार्थ**—ज्ञानका ज्ञानमें ठहरना दो प्रकारसे जानना । (१) मिथ्यात्वका अभाव होकर सम्यग्ज्ञान हो और उसके बाद मिथ्यात्व नहीं हो । (२) शुद्धोपयोगरूप होकर ज्ञान ज्ञानरूप ही ठहरे, अन्य विकाररूप नहीं परिणमे । सो दोनों ही प्रकारसे जब तक ज्ञान ज्ञानमें न ठहर जाय तब तक भेदविज्ञानकी निरंतर भावना रखनी चाहिये ।

अब भेदविज्ञानकी महिमा कहते हैं—**भेद** इत्यादि । **अर्थ**—निश्चयतः जो कोई सिद्ध हुए हैं वे इस भेदविज्ञानसे ही हुए हैं और जो कोई कर्मसे बँधे हैं वे इसी भेदविज्ञानके अभाव

द्यावत्पराच्च्युत्वा ज्ञानं ज्ञाने प्रतिष्ठते ॥१३०॥ भेदविज्ञानतः सिद्धाः सिद्धा ये किल केचन। अस्यैवाभावतो बद्धा बद्धा ये किल केचन ॥१३१॥ भेदज्ञानोच्छलनकलनाच्छुद्धतत्त्वोपलंभात्

एक० । य च–अव्यय । जोगो योगः–प्रथमा एक० । य च–अव्यय । हेउअभावे हेत्वभावे–सप्तमी एक० । णियमा नियमात्–पंचमी एक० । जायइ जायते–वर्तमान लट् अन्य पुरुष एक० क्रिया । णाणिस्स ज्ञानिनः–षष्ठी एक० । आसवणिरोहो आस्रवनिरोधः–प्र० ए० । आसवभावेण आस्रवभावेन–तृतीया एक० । विणा विना–अव्यय । जायइ जायते–वर्तमान लट् अन्य पुरुष एक० क्रिया । कम्मस्स कर्मणः–षष्ठी एक० । वि अपि–अव्यय । णिरोहो निरोधः–प्रथमा एकवचन । कम्मस्स कर्मणः–षष्ठी एक० । अभावेण अभावेन–तृतीया एक० । य च–अव्यय । णोकम्माणं नोकर्मणां–षष्ठी बहु० । पि अपि–अव्यय । जायइ जायते–

से बँधे हैं ।

भावार्थ—आत्मा और कर्मकी एकताके माननेसे ही संसारनिमित्तक कर्मबन्धन है । इस कारण कर्मबन्धका मूल भेदविज्ञानका अभाव ही है । जो बँधे हैं वे भेदविज्ञानके अभावसे बँधे हैं और जो सिद्ध हुए हैं वे इस भेदविज्ञानके होनेपर ही हुए हैं । इस कारण भेदविज्ञान ही मोक्षका मूल कारण है ।

अब संवरका अधिकार पूर्ण करते समय संवरके होनेसे होने वाली ज्ञानकी महिमा बताते हैं—**भेदज्ञानो** इत्यादि । **अर्थ**—भेदविज्ञानका प्रवर्तन करनेसे शुद्ध तत्त्वकी प्राप्ति हुई, उस शुद्ध तत्त्वकी प्राप्तिसे रागके समूहका प्रलय हुआ, रागके समूहका प्रलय करनेसे कर्मोंका सम्वर हुआ तथा कर्मोंका सम्वर होनेसे परम संतोषको धारण करता हुआ निर्मल प्रकाशरूप रागादिकी कलुषतासे रहित एक नित्य उद्योतरूप यह ज्ञान निश्चल उदयको प्राप्त हुआ है । इस प्रकार रंगभूमिमें सम्वरका स्वांग हुआ था उसको ज्ञानने जान लिया सो नृत्य कर वह रंगभूमिसे निकल गया ।

प्रसंगविवरण—अनन्तरपूर्व गाथात्रिकलमें किस प्रकारसे सम्वर होता है यह बताया गया था । अब इस गाथात्रिकलमें उस सम्वरके होनेका क्रम बताया गया है ।

तथ्यप्रकाश—(१) आत्मा और कर्ममें एकत्वका अध्यास होनेसे जीव अपनेको मिथ्यात्व अज्ञान अविरति व योगरूप मानता है जिससे ये अध्यवसान होते हैं । (२) अध्यवसान होनेसे रागद्वेष मोहरूप आस्रवभाव होते हैं । (३) आस्रवभाव होनेसे कर्मबन्ध होता है । (४) बद्धकर्मविपाक शरीररचनाका कारण है । (५) शरीरसे संसार प्रकट होता है । (६) आत्मा और कर्मका भेदविज्ञान होनेसे शुद्ध चैतन्यमात्र आत्माकी उपलब्धि होती है । (७) शुद्ध चैतन्यचमत्कारमात्र आत्माकी उपलब्धि होते ही अध्यवसानोंका अभाव होता है । (८) अध्यवसानोंका अभाव होनेसे आस्रवभावका अभाव होता है । (९) आस्रवभावका अभाव होनेपर

रागग्रामप्रलयकरणात्कर्मणां संवरेण । विभ्रत्तोषं परममम्लानमेकं ज्ञानं ज्ञाने नियत-मुदितं शाश्वतोद्योतमेतत् ॥१३२॥ इति संवरो निष्क्रांतः ॥ १९०-१९२ ॥

इति श्रीमदमृतचंद्रसूरिविरचितायां समयसारव्याख्यायामात्मख्यातौ संवरप्ररूपकः पञ्चमोऽङ्कः ॥५॥

वर्तमान लट् अन्य पुरुष एकवचन क्रिया । णिरोहो निरोधः–प्र० ए० । णोकम्मणिरोहेण नोकर्मनिरोधेन–तृतीया एक० । य च–अव्यय । संसारणिरोहणं संसारनिरोधनं–प्रथमा एकवचन । होइ भवति–वर्तमान लट् अन्य पुरुष एकवचन क्रिया ॥ १९०-१९२ ॥

कर्मका अभाव होता है । (१०) कर्मका अभाव होनेपर शरीरका अभाव होता है । (११) शरीरका अभाव होनेपर संसारका अभाव होता है । (१२) भावास्रवका निरोध सम्वर है । (१३) संवर तत्त्व पानेपर सकलसंकट दूर हो जाते हैं ।

सिद्धान्त—(१) आत्माके शुद्ध भावसे शुद्धपरिणतिका सन्तान बनना स्वयंका कार्य है । (२) आत्माके शुद्धभावके निमित्तसे पौद्गलिक कर्मोंका सम्वर होता है ।

दृष्टि—१– कारककारकिभेदक सद्भूतव्यवहार (७३) । २– शुद्धभावनापेक्ष शुद्ध द्रव्यार्थिकनय (२४ब) ।

प्रयोग—आत्मा व कर्ममें याने आत्माके साथ विभाव द्रव्यकर्म शरीर व क्रियामें अभेदरूप अपनेको अनुभवना सर्व विडम्बनाओंका मूल जानकर स्वपरैकत्वाध्यास दूर करनेके लिये भेदविज्ञान करना और परभावसे उपेक्षा करके अपने ज्ञानस्वभावमें उपयुक्त होनेका पौरुष करना ॥ १९०-१९२ ॥

इस प्रकार सहजानन्दसप्तदशाङ्की टीकामें श्रीमत्कुन्दकुन्दाचार्यविरचित समयसार तथा श्रीमद् अमृतचंद्रसूरिविरचित समयसारव्याख्या आत्मख्यातिका संवरतत्त्वप्ररूपक पञ्चम अङ्क समाप्त हुआ ।



अथ निर्जराधिकारः

अथ प्रविशति निर्जरा—

रागाद्यास्रवरोधतो निजधुरां धृत्वा परः संवरः कर्मागामि समस्तमेव भरतो दूरान्निरुंधन् स्थितः ।
प्राग्बद्धं तु तदेव दग्धुमधुना व्याजृम्भते निर्जरा ज्ञानज्योतिरपावृतं न हि यतो रागादिभिर्मूर्छति ।

उवभोगमिंदियेहिं दव्वाणमचेदणाणमिदराणं ।
जं कुणदि सम्मदिट्ठी तं सव्वं णिज्जरणिमित्तं ॥१९३॥

उपभोग इन्द्रियोंके, द्वारा चेतन अचेतनोंके जो ।
करता सम्यग्दृष्टी, वह सब है निर्जरा हेतू ॥१९३॥

उपभोगमिंद्रियैः द्रव्याणामचेतनानामितरेषां । यत्करोति सम्यग्दृष्टिः तत्सर्वं निर्जरानिमित्तं ॥१९३॥

विरागस्योपभोगो निर्जरायै एव । य एव रागादिभावानां सद्भावेन मिथ्यादृष्टेरचेतना-

---

नामसंज्ञ—उवभोग, इंदिय, दव्व, अचेदण, इदर, ज, सम्मदिट्ठि, त, सव्व, णिज्जरणिमित्त । **धातु-संज्ञ**—डुदाञ् प्राप्तौ, डुकृञ् करणे, जॄ वयोहानौ भरणे च । **प्रातिपदिक**—उपभोग, इन्द्रिय, द्रव्य, अचेतन,

---

अब निर्जरा प्रवेश करती है—**रागाद्या** इत्यादि । अर्थ—रागादिक आस्रवोंके रोकने से अपनी सामर्थ्य द्वारा आगामी सब ही कर्मोंको मूलमें दूर ही से रोकता हुआ परमसंवर ठहर रहा था, अब इस संवरके होनेके पहले बँधे हुए कर्मोंको जलानेके लिये निर्जरारूप अग्नि फैलती है जिससे कि ज्ञानज्योति निरावरण होती हुई फिर रागादिभावोंसे मूर्छित नहीं होती ।

भावार्थ—संवर होनेपर नवीन कर्म तो बँधते नहीं और जो पहले बँधे हुए थे वे झड़ रहे, तब ज्ञानका आवरण दूर होनेसे ज्ञान ऐसा विशुद्ध हो जाता है कि फिर वह ज्ञान रागादिरूप नहीं परिणमता, सदैव विशुद्ध प्रकाशरूप ही रहता है ।

अब निर्जराका स्वरूप कहते हैं—[**सम्यग्दृष्टिः**] सम्यग्दृष्टि जीव [**यत्**] जो [**इंद्रियैः**] इंद्रियोंसे [**अचेतनानां**] अचेतन और [**इतरेषां**] अन्य चेतन [**द्रव्याणां**] द्रव्योंका [**उपभोगं**] उपभोग [**करोति**] करता है [**तत् सर्वं**] वह सब [**निर्जरानिमित्तं**] निर्जराका निमित्त है ।

तात्पर्य—कर्मोदयरूप निर्जरणके समय प्राप्त उपभोगके आश्रय हुए रागमें राग न होनेके कारण ज्ञानीके संसारनिमित्तक कर्मबन्ध न होनेसे वह उपभोग निर्जराका ही निमित्त

न्यद्रव्योपभोगो बंधनिमित्तमेव स्यात्, स एव रागादिभावानामभावेन सम्यग्दृष्टेर्निर्जरानिमित्तमेव

इतर, यत्, सम्यग्दृष्टि, तत्, सर्व, निर्जरानिमित्त । **मूलधातु**—इदि परमैश्वर्ये, त्रिति संज्ञाने, डुकृञ् करणे, दृशिर् प्रेक्षणे । **पदविवरण**—उवभोगं उपभोगं—द्वितीया एकवचन कर्मकारक । इंदियेहिं इन्द्रियैः—तृतीया बहु० । दव्वाणं द्रव्याणाम्—षष्ठी बहु० । अचेदणाणं अचेतनानां—षष्ठी बहु० । इदराणं इतरेषां—षष्ठी

रहा ।

टीकार्थ—विरागीका उपभोग निर्जराके लिए ही होता है । मिथ्यादृष्टिका जो ही चेतन अचेतनद्रव्यका उपभोग रागादिभावोंका सद्भाव होनेसे बंधका निमित्त ही होता है, वही उपभोग रागादिभावोंके अभावसे सम्यग्दृष्टिके निर्जराका निमित्त ही होता है । इस कथनसे द्रव्यनिर्जराका स्वरूप बताया गया है ।

भावार्थ—सम्यग्दृष्टि ज्ञानी है और ज्ञानीके अज्ञानमय राग द्वेष मोहका अभाव है; इस कारण विरागीके जो इंद्रियोंसे भोग होता है उस भोगकी सामग्रीको यह ऐसा जानता है कि ये परद्रव्य हैं, मेरा इनका कुछ सम्बन्ध नहीं है । परन्तु कर्मके उदयके निमित्तसे हुई यह चारित्रमोहके उदयकी पीड़ा बलहीन होनेसे जब तक सही नहीं जाती तब तक जैसे रोगी रोगको अच्छा नहीं जानता, परन्तु पीड़ा नहीं सही जानेसे औषधि आदिसे इलाज करता है उसी तरह विषयरूप भोग उपभोग सामग्रीसे यह कभी इलाज करता है । तब भी कर्मके उदयसे तथा भोगोपभोगकी सामग्रीसे ज्ञानीको राग द्वेष मोह नहीं है । कर्मका उदय होता है वह अपना रस देकर झड़ जाता है उदय आनेके बाद उस द्रव्यकर्मकी सत्ता नहीं रहती निर्जरा हो है ।सम्यग्दृष्टि उदयमें आये हुए कर्मरसको जानता है और फलको भी भोगता है, किन्तु राग द्वेष मोहके बिना भोगता है इस कारण कर्मका आस्रव नहीं होता, आस्रवके बिना विरागी सम्यग्दृष्टिके आगामी बंध नहीं होता । और जब आगामी बंध नहीं हुआ तब केवल निर्जरा ही हुई । इस कारण सम्यग्दृष्टि विरागीका भोगोपभोग निर्जराका ही निमित्त कहा गया है । तथा लक्षण भी यही है कि पूर्व द्रव्यकर्म उदयमें आकर झड़ जावें यही द्रव्यनिर्जरा है ।

प्रसंगविवरण—अनन्तरपूर्व अधिकार, क्रमानुसार संवराधिकार पूर्ण हो गया । अब क्रमप्राप्त निर्जराधिकार आया है । संवरपूर्वक निर्जरा मोक्षमार्गकी प्रयोजनभूत है सो संवर के बाद निर्जराका वर्णन किया है । सो द्रव्यनिर्जरा व भावनिर्जरा इन दो प्रकारकी निर्जराओं में से इस गाथामें द्रव्यनिर्जराका स्वरूप निर्दिष्ट किया गया है ।

तथ्यप्रकाश—१—विरागका उपभोग निर्जराके लिये ही होता है, क्योंकि उस उपभोग में ज्ञानीको राग नहीं है, अतः उदयागत द्रव्यप्रत्यय नवीन कर्मबन्धके निमित्तभूत नहीं होते ।

स्यात् । एतेन द्रव्यनिर्जरास्वरूपमावेदितं ॥१९३॥

बहु० । जं यत्–द्वितीया एकवचन । कुणदि करोति–वर्तमान लट् अन्य पुरुष एक० क्रिया । सम्मदिट्ठी सम्यग्दृष्टिः–प्रथमा एकवचन कर्ताकारक । तं तत्–प्रथमा एकवचन । सव्वं सर्व–प्रथमा एक० । णिज्जरणिमित्तं निर्जरानिमित्तं–प्रथमा एकवचन ॥ १९३ ॥

२–नवीन कर्मबन्धका कारण न बनकर उदयागत द्रव्यप्रत्ययका निकल जाना द्रव्यनिर्जरा है । ३–उपभोगमें राग होनेसे मिथ्यादृष्टिका उपभोग कर्मबंधका निमित्त होता है । ५–निर्जरा होना व बन्धका न होना गुणस्थानके अनुसार समझना । ४–मिथ्यादृष्टिके निर्जरा गजस्नान वत् बंध कराती हुई होती है ।

सिद्धान्त—१– उदयागत द्रव्यप्रत्ययके निमित्तसे चेतन अचेतन द्रव्योंका उपभोग होता है । २– समस्त परभावसे विरक्त होनेसे ज्ञानीके कर्मनिर्जरण होता है । ३– अज्ञानीके रागादिभाव होनेके कारण कर्मबन्ध होता है ।

दृष्टि—१– उपाधिसापेक्ष अशुद्धद्रव्यार्थिकनय (२४) । २– शुद्धभावनापेक्ष शुद्धद्रव्यार्थिकनय (२४ब) । उपाधिसापेक्ष अशुद्ध द्रव्यार्थिकनय (२४) ।

प्रयोग—बन्धहेतुभूत रागादिसे दूर होनेके लिये निज सहज ज्ञानज्योतिमें उपयोगको स्थिर करनेका पौरुष करना ॥१९३॥

अब भावनिर्जराका स्वरूप कहते हैं—[**द्रव्ये उपभुज्यमाने**] द्रव्यकर्मके व वस्तुके भोगे जानेपर [**सुखं वा दुःखं**] सुख अथवा दुःख [**नियमात्**] नियमसे [**जायते**] उत्पन्न होता है । [**वा**] और [**उदीर्णं**] उदयमें आये हुए [**तत् सुखदुःखं**] उस सुख दुःखको [**वेदयते**] अनुभव करता है [**अथ**] फिर वह सुख दुःखरूप भाव [**निर्जरां याति**] निर्जराको प्राप्त होता है ।

तात्पर्य—ज्ञानीके सुख दुःख आता है, किन्तु उसमें लगाव न होनेसे वह भाव आगे को बंधनका कारण न बनकर निर्जीर्ण हो जाता है ।

टीकार्थ—परद्रव्यके भोगनेमें आनेपर तन्निमित्तक सुखरूप अथवा दुःखरूप भाव नियमसे उदय होते हैं, क्योंकि वह वेदना साता तथा असाता इन दोनों भावोंका अतिक्रमण नहीं करती । सो यह सुख दुःखरूप भाव जिस समय अनुभवा जाता है उस समय मिथ्यादृष्टि के तो रागादिभावोंके होनेसे आगामी कर्मबन्धका निमित्त होकर झड़ता हुआ भी निर्जरारूप नहीं होता हुआ बन्ध ही कहना चाहिये । और सम्यग्दृष्टिके उस सुख दुःखके अनुभवसे रागादि भावोंका अभाव होनेसे आगामी बधका निमित्त न होनेसे केवल निर्जरा रूप ही होता है सो निर्जरारूप हुआ निर्जरा ही कहना चाहिये, बन्ध नहीं कहा जा सकता । **भावार्थ**—द्रव्यकर्मकी

अथ भावनिर्जरास्वरूपमावेदयति—

दव्वे उवभुंजंते णियमा जायदि सुहं वा दुक्खं वा ।
तं सुहदुक्खमुदिण्णं वेदयदि अह णिज्जरं जादि ॥१९४॥

द्रव्य उपभोग करते, सुख अरु दुःख उत्पन्न होता है ।
उस उदीर्ण सुख दुःखको, वेदत ही कर्म झड़ जाता ॥१९४॥

द्रव्ये उपभुज्यमाने नियमाज्जायते सुखं वा दुःखं वा । तत्सुखदुःखमुदीर्णं वेदयते अथ निर्जरां याति ॥१९४॥

उपभुज्यमाने सति हि परद्रव्ये तन्निमित्तः सातासातविकल्पानतिक्रमणेन वेदनायाः सुखरूपो दुःखरूपो वा नियमादेव जीवस्य भाव उदेति । स तु यदा वेद्यते तदा मिथ्यादृष्टेः रागादिभावानां सद्भावेन बंधनिमित्तं भूत्वा निर्जीर्यमाणोप्यनिर्जीर्णः सन् बंध एव स्यात् । सम्यग्दृष्टेस्तु रागादिभावानामभावेन बंधनिमित्तमभूत्वा केवलमेव निर्जीयमाणो निर्जीर्णः सन्नि-

---

नामसंज्ञ—दव्व, उवभुंजंत, णियम, सुह, वा, दुःख, वा, त, सुहदुक्ख उदिण्ण, अह, णिज्जर । **धातुसंज्ञ**—डुदाञ् दाने च, जा प्रादुर्भावे, विद विदृ, जा गतौ । **प्रातिपदिक**—द्रव्य, उपभुज्यमान, नियम, सुख, वा, दुःख, वा, तत्, सुखदुःख, उदीर्ण, अथ, निर्जरा । **मूलधातु**—उप-भुज पालनाभ्यवहारयोः, जनी प्रादुर्भावे दिवादि, विद चेतनाख्याननिवासेषु चुरादि, या प्रापणे अदादि । **पदविवरण**—दव्वे द्रव्ये—सप्तमी एक० । उवभुज्जंते उपभुज्यमाने—सप्तमी एक० । णियमा नियमात्—पंचमी एक० ।

स्थिति पूर्ण होनेपर या पहिले उदय आनेपर सुख दुःख भाव नियमसे उत्पन्न होते हैं उनको अनुभव करते हुए मिथ्यादृष्टिके तो रागादिक निमित्तका सद्भाव होनेसे आगामी कर्मका बंध करके निर्जरा होती है सो वह निर्जरा किस कामकी, गिनतीमें भी नहीं, वहाँ तो बन्ध ही किया गया । और सम्यग्दृष्टिके सुख दुःख भोगनेपर भी उसमें रागादिकभाव नहीं होते, इसलिये आगामी बन्ध भी नहीं होता । केवल निर्जरा ही हुई ।

प्रसंगविवरण—अनन्तरपूर्व गाथामें द्रव्यनिर्जराका स्वरूप बताया गया था । अब इस गाथामें द्रव्यनिर्जराका निमित्तभूत व कार्यभूत भावनिर्जराका स्वरूप कहा है ।

तथ्यप्रकाश—(१) परद्रव्यका उपभोग होनेपर साता या असातारूप वेदन होता है । (२) साता असाताके वेदनके समय उसमें रागभाव (व्यामोह) होनेसे उपभोग बन्धका निमित्त होता है । (३) उदय भी निर्जरा है इस निर्जराके होते हुए भी रागादिभाव होनेसे अज्ञानीके कर्मबन्ध होता है, अतः वह निर्जरा नहीं है । (४) सातोदय व असातोदयसे सुख दुःख होने पर स्वसंवेदनबलसे उत्पन्न परमार्थ आनन्दकी प्रतीति रखने वाला ज्ञानी उस कर्मफलको मात्र जानता ही है, यह भावनिर्जरा है ।

जैरैव स्यात् । तद् ज्ञानस्यैव सामर्थ्यं विरागस्यैव वा किल । यत्कोऽपि कर्मभिः कर्म भुंजानोऽपि न बध्यते ॥१३४॥ ॥ १९४ ॥

जायदि जायते–वर्तमान लट् अन्य पुरुष एक० । सुखं–प्रथमा एक० । वा–अव्यय । दुक्खं दुःख–प्रथमा एक० । वा–अव्यय । तं तत् सुहदुक्खं सुखदुःखं उदिण्णं उदीर्ण–प्रथमा एकवचन या द्वितीया एकवचन । वेददि वेद्यते या वेदयते–वर्तमान लट् अन्य पुरुष एक० क्रिया । अह अथ–अव्यय । णिज्जरं निर्जरां–द्वितीया एक० । जादि याति–वर्तमान लट् अन्य पुरुष एकवचन ॥ १९४ ॥

सिद्धान्त—(१) कर्मरससे विविक्त शुद्ध ज्ञानमात्रके अनुभवसे विभावनिर्जरण होता है । (२) विभावनिर्जरण होनेपर द्रव्यनिर्जरण होता ही है ।

दृष्टि—१– शुद्धभावनापेक्ष शुद्ध द्रव्यार्थिकनय (२४ब) । २– उपाध्यभावापेक्ष शुद्ध द्रव्यार्थिकनय (२४अ) ।

प्रयोग—कर्मोदयज सातासातविकल्पसंकटसे दूर होनेके लिये प्रतिफलित कर्मरसको परभाव जानकर उससे विमुख होकर अपने सहज ज्ञानरसका स्वाद लेनेका पौरुष करना ॥१९४॥

अब आगेके कथनकी सूचनाका कलश कहते हैं—**तज्ज्ञान** इत्यादि । **अर्थ**—वास्तवमें वह सामर्थ्य ज्ञान अथवा वैराग्यकी है कि कोई कर्मको भोगता हुआ भी कर्मसे नहीं बँधता । सो अब उस ज्ञानकी सामर्थ्य दिखलाते हैं—[**यथा**] जैसे [**वैद्यः**] वैद्य [**पुरुषः**] पुरुष [**विषं उपभुंजानः**] विषको भोगता हुआ भी [**मरणं**] मरणको [**न उपयाति**] नहीं प्राप्त होता [**तथा**] उसी तरह [**ज्ञानी**] ज्ञानी [**पुद्गलकर्मणः**] पुद्गल कर्मके [**उदयं**] उदयको [**भुंक्ते**] भोगता है तो भी [**नैव बध्यते**] बंधता नहीं है ।

तात्पर्य—अविकार अन्तस्तत्त्वके ज्ञान होनेके सामर्थ्यसे कर्मफलभोगमें उपेक्षा होनेके कारण ज्ञानीके संसारबन्धक बन्ध नहीं होता ।

टीकार्थ—जैसे कोई वैद्य, दूसरेके मरणका कारणभूत विषको भोगता हुआ भी अव्यर्थ विद्याकी सामर्थ्यसे विषकी मारणशक्तिके निरुद्ध हो जानेसे विषसे मरणको प्राप्त नहीं होता, उसी तरह अज्ञानियोंको रागादि भावोंके सद्भावसे बंधके कारणभूत पुद्गलकर्मके उदय को भोगता हुआ भी ज्ञानी ज्ञानकी अमोघ सामर्थ्यसे रागादिभावोंके अभाव होनेपर कर्मके उदय की आगामी बंध करने वाली शक्ति निरुद्ध हो जानेसे आगामी कर्मोंसे नहीं बंधता ।

भावार्थ—जैसे कोई वैद्य पुरुष अपनी विद्याकी सामर्थ्यसे विषकी मारणशक्तिका अभाव करता है सो वह उस विषको खानेपर भी उससे नहीं मरता, उसी तरह ज्ञानीके ज्ञान की सामर्थ्यसे कर्मके उदयको बंध करने रूप शक्तिको हटा देता है । इस कारण उसके कर्मका

अथ ज्ञानसामर्थ्यं दर्शयति—

जह विसमुवभुज्जंतो वेज्जो पुरिसो ण मरणमुवयादि ।
पुग्गलकम्मस्सुदयं तह भुंजदि णेव वज्झए णाणी ॥१९५॥

जैसे विष उपभोगी, वैद्य पुरुष मरणको नहीं पाता ।
पुद्गल कर्म उदयको, भोगे नहिं विज्ञ जन बँधता ॥१९५॥

यथा विषमुपभुंजानो वैद्यः पुरुषो न मरणमुपयाति । पुद्गलकर्मण उदयं तथा भुंक्ते नैव बध्यते ज्ञानी ।

यथा कश्चिद्विषवैद्यः परेषां मरणकारणं विषमुपभुंजानोऽपि अमोघविद्यासामर्थ्येन निरुद्धतच्छक्तित्वान्न म्रियते, तथा अज्ञानिनां रागादिभावसद्भावेन बंधकारणं पुद्गलकर्मोदयमुपभुंजानोऽपि अमोघज्ञानसामर्थ्यात् रागादिभावानामभावे सति निरुद्धतच्छक्तित्वात् न बध्यते ज्ञानी ॥ १९५ ॥

नामसंज्ञ—जह, विस, उपभुज्जंत, वेज्ज, पुरिस, ण, मरण, पुग्गलकम्म, उदय, तह, ण, एव, णाणि । **धातुसंज्ञ**—उव-भुंज भक्षणे भोगे च, उव-जा प्रापणे, भुंज भोगे, बज्झ बंधने । **प्रातिपदिक**—यथा, विष, उपभुज्यमान, वैद्य, पुरुष, न, मरण, पुद्गलकर्मन्, उदय, तथा, न, एव, ज्ञानिन् । **मूलधातु**—उप-या प्रापणे, उत्-अय गतौ, भुज भोगे, बंध बंधने । **पदविवरण**—जह यथा—अव्यय । विसं विषं—द्वितीया एकवचन । उवभुज्जंतो उपभुंजानः—प्रथमा एक० कर्तृविशेषण । वेज्जो वैद्यः—प्रथमा ए० । पुरिसो पुरुषः—प्रथमा एक० कर्ताकारक । ण न—अव्यय । मरणं—द्वि० ए० कर्मकारक । उवयादि उपयाति—वर्तमान लट् अन्य पुरुष एक० । पुग्गलकम्मस्स पुद्गलकर्मणः—षष्ठी एक० । उदयं—द्वि० एक० । तह तथा—अव्यय । भुंजदि भुंक्ते—वर्तमान लट् अन्य पुरुष एकवचन । ण, एव, बज्झए बध्यते—वर्तमान लट् अन्य पुरुष एक० । णाणी ज्ञानी—प्रथमा एकवचन ॥१९५॥

उदय भोगनेमें आता है तो भी आगामी बंध नहीं करता । यह सम्यग्ज्ञानकी सामर्थ्य है ।

प्रसंगविवरण—अनन्तरपूर्व गाथामें भावनिर्जराका स्वरूप बताते हुए ज्ञान व वैराग्य के बलकी महिमा दिखाई थी । अब इस गाथामें उसी ज्ञानका सामर्थ्य दिखाया गया है ।

तथ्यप्रकाश—१–तत्त्वज्ञानी शुभ अशुभ कर्मफलको भोगता हुआ भी ज्ञानमय प्रतीति के कारण कर्मसे नहीं बँधता है । २–अज्ञानी जीव शुभ अशुभ कर्मफलमें आसक्त होनेके कारण कर्मसे बँधता है । ३–ज्ञानस्वभावकी दृष्टिके कारण द्रव्यप्रत्ययकी कर्मबंधनिमित्तत्व-शक्ति निरुद्ध हो जाती है, अतः ज्ञानी कर्मसे नहीं बँधता ।

सिद्धान्त—१– सहजशुद्ध अविकार ज्ञानस्वभावमें आत्मत्वकी भावनासे पौद्गलिक कर्मोंका निर्जरण हो जाता है । २– उपभोगमें रागादिभावके अभावसे कर्मबन्ध नहीं होता ।

दृष्टि—१– शुद्धभावनापेक्ष शुद्धद्रव्यार्थिकनय (२४ब) । २– उपाध्यभावापेक्ष शुद्ध

अथ वैराग्यसामर्थ्यं दर्शयति—

जह मज्जं पिवमाणो अरदिभावेण मज्जदि ण पुरिसो।
दव्वुवभोगे अरदो णाणी वि ण बज्झदि तहेव ॥१९६॥

अरति भावसे जैसे, मदिरा पीता पुरुष नहीं मदता।
द्रव्यभोगमें तैसे, विरक्त ज्ञानी नहीं बँधता ॥१९६॥

यथा मद्यं पिबन् अरतिभावेन माद्यति न पुरुषः। द्रव्योपभोगे अरतो ज्ञान्यपि न बध्यते तथैव ॥१९६॥

यथा कश्चित्पुरुषो मैरेयं प्रति प्रवृत्ततीव्रारतिभावः सन् मैरेयं पिबन्नपि तीव्रारतिभावसामर्थ्यान्न माद्यति तथा रागादिभावानामभावेन सर्वद्रव्योपभोगं प्रति प्रवृत्ततीव्रविरागभावः

नामसंज्ञ—जह, मज्ज, पिवमाण, अरदिभाव, ण, पुरिस, दव्वुवभोग, अरद, णाणि, वि, ण, तह, एव। **धातुसंज्ञ**—पी पाने, मज्ज गर्वे, बज्झ बंधने। **प्रातिपदिक**—यथा, मद्य, पिबमान, अरतिभाव, न, पुरुष, द्रव्योपभोग, अरत, ज्ञानिन्, अपि, न, तथा, एव। **मूलधातु**—पा पाने भ्वादि, मदी हर्षे दिवादि, बन्ध बन्धने। **पदविवरण**—जह यथा—अव्यय। मज्जं मद्यं—द्वितीया एक०। पिवमाणो पिबन्—प्रथमा एक०

द्रव्यार्थिकनय (२४अ)।

प्रयोग—कर्मबंधसे छुटकारा पानेके लिये वर्तमान कर्मफलका ज्ञातामात्र रहकर निर्विकल्प अविकारस्वभाव अन्तस्तत्त्वकी आराधना करना ॥१९५॥

अब वैराग्यकी सामर्थ्य दिखलाते हैं—[यथा] जैसे [पुरुषः] कोई पुरुष [मद्यं] मदिराको [अरतिभावेन] अप्रीतिसे [पिबन्] पीता हुआ [न माद्यति] मतवाला नहीं होता [तथैव] उसी तरह [ज्ञानी अपि] ज्ञानी भी [द्रव्योपभोगे] द्रव्यके उपभोगमें [अरतः] विरक्त होता हुआ [न बध्यते] कर्मोंसे नहीं बँधता।

तात्पर्य—कर्मोदयवश उपभोग होनेपर भी मूल विरक्तिके कारण ज्ञानी बँधता नहीं है।

टीकार्थ—जैसे कोई पुरुष मदिराके तीव्र अप्रीतिभाव वाला होता हुआ मदिरा (शराब) को पीता हुआ भी तीव्र अरतिभावके सामर्थ्यसे मतवाला नहीं होता, उसी तरह ज्ञानी भी रागादिभावोंके अभावसे सब द्रव्योंके उपभोगके प्रति तीव्र विरागभावमें वर्तता हुआ विषयोंको भोगता हुआ भी तीव्र विरागभावकी सामर्थ्यसे कर्मोंसे नहीं बँधता।

अब कलशरूप काव्यमें उत्थानिका कहते हैं—**नाश्नुते** इत्यादि। अर्थ—यह पुरुष, विषयोंको सेवता हुआ भी विषय सेवनेके निजफलको नहीं पाता, क्योंकि वह ज्ञान वैभव तथा विरागताके बलसे विषयोंका सेवने वाला होनेपर भी सेवने वाला नहीं है।

सन् विषयानुपभुंजानोऽपि तीव्रविरागभावसामर्थ्यान्न बध्यते ज्ञानी ॥ नाश्नुते विषयसेवनेऽपि यत् स्वं फलं विषयसेवनस्य वा । ज्ञानवैभवविरागतावलात् सेवकोऽपि तदसावसेवकः ॥१३५॥

॥ १९६ ॥

कृदंत । अरदिभावेण अरतिभावेन–तृतीया ए०। पज्जदि भजति–वर्तमान लट् अन्य पुरुष ए० क्रिया। ण न–अव्यय। पुरिसो पुरुषः–प्रथमा ए० कर्ताकारक। दव्वुवभोगे द्रव्योपभोगे–सप्तमी ए०। अरदो अरतः–प्र० ए०। णाणी ज्ञानी–प्र० एक०। वि अपि–अव्यय। ण न–अव्यय। बज्झदि बध्यते–वर्तमान लट् अन्य पुरुष एक० क्रिया। तह तथा–अव्यय। एव–अव्यय ॥ १९६ ॥

भावार्थ—ज्ञान और विरागताका ऐसा अद्भुत बल है कि इंद्रियोंसे विषयोंका सेवन करने पर भी उनका सेवने वाला नहीं कहा जाता। क्योंकि विषयसेवनका निजफल संसार व संसारभ्रमण है। लेकिन ज्ञानी वैरागीके मिथ्यात्वका अभाव होनेसे संसारका भ्रमणरूप फल नहीं होता।

प्रसंगविवरण—उपान्त्यपूर्व गाथामें ज्ञान और वैराग्यके सामर्थ्यका संकेत था जिसमें ज्ञानसामर्थ्यका वर्णन अनन्तरपूर्व गाथामें किया गया है। अब इस गाथामें वैराग्यका सामर्थ्य बताया गया है।

तथ्यप्रकाश—१– उपभोगके प्रति तीव्र विरागता होनेके कारण ज्ञानी विषयोंको भोगता हुआ भी बँधता नहीं है। २– रागमें राग न होनेसे ज्ञानीके उपभोगमें भी राग नहीं होता, मात्र भोगना पड़नेकी बात होती है। ३– भोगमद्यका प्रतिपक्षभूत हर्षविषादादिविकल्प-शून्य योग औषधिका समायोग होनेसे विरागताके कारण भोगमद्यका उपभोग ज्ञानीको बेसुध नहीं कर सकता है।

सिद्धान्त—१– सहजशुद्ध अविकार स्वभावकी भावना होनेपर द्रव्योपभोगमें अरति होनेसे कर्मबन्ध नहीं होता। २– जितने अंशमें ज्ञानी राग नहीं करता उतने अंशमें वह कर्मसे नहीं बंधता। ३– पूर्ण वीतराग होनेपर कर्मसे रंच भी नहीं बँधता।

दृष्टि—१– शुद्धभावनापेक्ष शुद्धद्रव्यार्थिकनय (२४ब)। २– अपूर्ण शुद्ध निश्चयनय (४६ब)। ३–उपाध्यभावापेक्ष शुद्धद्रव्यार्थिकनय (२४अ)।

प्रयोग—सर्वदुःखमुक्तिके लिये कर्मानुभागके प्रतिफलनमें राग न करके अविकार ज्ञानस्वभावमें उपयुक्त होनेका पौरुष करना ॥१९६॥

अब उक्त अर्थको दृष्टांत द्वारा दिखलाते हैं––[**कश्चित्**] कोई तो [**सेवमानोपि**] विषयोंको सेवता हुआ भी [**न सेवते**] नहीं सेवन करता है और [**असेवमानोपि**] कोई नहीं

अथैतदेव दर्शयति—

सेवंतोवि ण सेवइ असेवमाणोवि सेवगो कोई ।
पगरणचेट्ठा कस्सवि ण य पायरणोत्ति सो होई ॥१९७॥

सेता हुआ न सेवे, कोइ नहीं सेते भी सेवक है ।
परजन कार्य निरत भी, प्राकरणिक भी नहीं होता ॥१९७॥

सेवमानोऽपि न सेवते असेवमानोऽपि सेवकः कश्चित् । प्रकरणचेष्टा कस्यापि न च प्राकरण इति स भवति ।

यथा कश्चित् प्रकरणे व्याप्रियमाणोपि प्रकरणस्वामित्वाभावात् न प्राकरणिकः, अपरस्तु तत्राव्याप्रियमाणोऽपि तत्स्वामित्वात्प्राकरणिकः । तथा सम्यग्दृष्टिः पूर्वसञ्चितकर्मोदयसंपन्नान् विषयान् सेवमानोऽपि रागादिभावानामभावेन विषयसेवनफलस्वामित्वाभावादसेवक एव । मिथ्यादृष्टिस्तु विषयानसेवमानोऽपि रागादिभावानां सद्भावेन विषयसेवनफलस्वामित्वा-

---

नामसंज्ञ-सेवंत, वि, ण, असेवमाण, वि, सेवग, कोई, पगरणचेट्ठा, क, वि, ण, य, पायरण, इत्ति, त । **धातुसंज्ञ**—सेव सेवायां, प-कर करणे, हो सत्तायां । **प्रातिपदिक**—सेवमान, अपि, असेवमान, अपि, सेवक, कश्चित्, प्रकरणचेष्टा, किम्, अपि, न, च, प्राकरण, इति, त । **मूलधातु**—सेव सेवायां, भू सत्तायां । **पदविवरण**- सेवंतो सेवमानः—प्रथमा एक० । वि अपि—अव्यय । ण न—अव्यय । सेवइ सेवते—वर्तमान लट्

सेवता हुआ भी [**सेवकः**] सेवने वाला कहा जाता है [**कस्यापि**] जैसे किसी पुरुषके [**प्रकरणचेष्टा अपि**] किसी कार्यके करनेकी चेष्टा तो है [**च सः**] किन्तु वह [**प्राकरणः**] कार्य करने वाला स्वामी हो [**इति न भवति**] ऐसा नहीं है ।

टीकार्थ—जैसे कोई पुरुष किसी कार्यकी प्रकरणक्रियामें व्याप्रियमाण होकर भी याने उस सम्बंधी सब क्रियाओंको करता हुआ भी उस कार्यका स्वामी नहीं है । किन्तु दूसरा कोई पुरुष उस प्रकरणमें व्याप्रियमाण न होकर भी याने उस कार्य सम्बंधी क्रियाको नहीं करता हुआ भी उस कार्यका स्वामीपन होनेसे उस प्रकरणका करने वाला कहा जाता है । उसी तरह सम्यग्दृष्टि भी पूर्वसंचित कर्मोंके उदयसे प्राप्त हुए इन्द्रियोंके विषयोंको सेवता हुआ भी रागादिक भावोंका अभाव होनेके कारणसे विषयसेवनके फलके स्वामीपनका अभाव होनेसे असेवक ही है । किन्तु, मिथ्यादृष्टि विषयोंको नहीं सेवता हुआ भी रागादिभावोंका सद्भाव होनेके कारण विषय सेवनेके फलका स्वामीपन होनेसे विषयोंका सेवक ही है ।

भावार्थ—जैसे कोई व्यापारी स्वयं कार्य न करके नौकरके द्वारा कारखानेका कार्य कराता है, तो वह स्वयं कार्य न करता हुआ भी स्वामित्वके कारण दूकान सम्बंधी हानि-लाभ का फल हर्ष विषाद पाता है । किन्तु नौकर स्वामित्वबुद्धि अभावमें व्यापार करता हुआ भी

त्सेवक एव । सम्यग्दृष्टेर्भवति नियतं ज्ञानवैराग्यशक्तिः स्वं वस्तुत्वं कलयितुमयं स्वान्यरूपाप्ति-मुक्त्या । यस्माद् ज्ञात्वा व्यतिकरमिदं तत्त्वतः स्वं परं च स्वस्मिन्नास्ते विरमति परात्सर्वतो रागयोगात् ॥१३६॥ ॥ १९७ ॥

अन्य पुरुष एक० । असेवमाणो असेवमानः—प्रथमा एक० । वि अपि—अव्यय । सेवगो सेवकः—प्रथमा एक० । कोई कश्चित्—अव्यय अन्तः—प्रथमा एकवचन । पगरणचेट्ठा प्रकरणचेष्टा—प्र० एक० । कस्स कस्य—षष्ठी एक० । वि अपि—अव्यय । ण न—अव्यय । वि अपि—अव्यय । पायरणो प्राकरणः—प्रथमा ए० । इत्ति इति—अव्यय । सो सः—प्रथमा एक० । होई भवति—वर्तमान लट् अन्य पुरुष एकवचन क्रिया ॥ १९७ ॥

उसके हानि-लाभका जिम्मेदार नहीं है । ऐसे ही सम्यग्दृष्टिको कर्मविपाकवश सुख दुःख भोगना पड़ता, पर उसका स्वामी न बननेसे भोगका फल संसारबन्धन उसके नहीं होता ।

अब इसी अर्थके समर्थनमें कलशरूप काव्य कहते हैं—**सम्य** इत्यादि । **अर्थ**—सम्यग्दृष्टिके नियमसे ज्ञान और वैराग्यकी शक्ति होती है । क्योंकि यह सम्यग्दृष्टि अपने स्वरूपका ग्रहण और परके त्यागकी विधिसे अपना वस्तुत्व उपयोगमें रखनेके लिये भिन्न-भिन्न स्व व परको परमार्थसे जानकर अपने स्वरूपमें ठहरता है और पररूप समस्त रागयोगसे विराम लेता है । अहा यह अद्भुत रीति ज्ञान वैराग्यकी शक्तिके बिना नहीं होती ।

प्रसंगविवरण—अनन्तरपूर्व गाथामें बताया गया था कि वैराग्यका ऐसा सामर्थ्य है कि ज्ञानी विषयोंको उपभोगता हुआ भी अरतिभावके कारण कर्मसे नहीं बँधता है । अब इसी तथ्यका विधिनिषेधरूपसे समर्थन इस गाथामें किया गया है ।

तथ्यप्रकाश—(१) तत्त्वज्ञानी चारित्रमोहोदय विपाकवश विषयोंको सेवता हुआ भी उसका स्वामी न बननेसे सेवक नहीं है । (२) अज्ञानी जीव विषयसाधन न मिलनेपर विषयों को न सेवता हुआ भी रागादिसद्भावके कारण सेवक है । (३) ज्ञानी विषयसेवनका व विषय-सेवनफलका अपनेको स्वामी न माननेसे वह प्राकरणिक नहीं है । (४) अज्ञानी जीव विषय-सेवनका व विषयसेवनफलका अपनेको स्वामी माननेसे प्राकरणिक है । (५) प्राकरणिक जीव कर्मसे बँधता है । (६) अप्राकरणिक जीव कर्मसे नहीं बँधता ।

सिद्धान्त—(१) अविकार सहज ज्ञानमय स्वका संवेदन करने वाला ज्ञानी ज्ञानरस का स्वाद लेनेसे अबन्धक है । (२) अपनेको विकारस्वरूप समझने वाला अज्ञानी कर्मरसका स्वाद माननेसे बन्धक है ।

दृष्टि—१– ज्ञाननय (१९४) । २– कर्तृनय (१८९) ।

प्रयोग—अपनेको सहज आनन्दमय अनुभवनेके लिये उपयोगमें प्रतिफलित कर्मरसको

सम्यग्दृष्टिः सामान्येन स्वपरावेवं तावज्जानाति—

उदयविवागो विविहो कम्माणं वण्णिओ जिणवरेहिं ।
ण दु ते मज्झ सहावा जाणगभावो दु अहमिक्को ॥१९८॥

उदयविपाक विविध है, कर्मोंके श्री मुनीश दर्शाये ।
वे नहिं स्वभाव मेरे, मैं तो हूं एक ज्ञायक सत् ॥१९८॥

उदयविपाको विविधः कर्मणां वर्णितो जिनवरैः । न तु ते मम स्वभावः ज्ञायकभावस्त्वहमेकः ॥ १९८ ॥

ये कर्मोदयविपाकप्रभवा विविधा भावा न ते मम स्वभावाः । एष टंकोत्कीर्णैकज्ञाय-

---

नामसंज्ञ— उदयविवाग, विविह, कम्म, वण्णिअ, जिणवर, ण, दु, त, अम्ह, सहाव, जाणगभाव, दु, अम्ह, इक्क । **धातुसंज्ञ**—वण्ण वर्णने । **प्रातिपदिक**—उदयविपाक, विविध, कर्मन्, वर्णित, जिनवर, न, तु, अस्मद्, स्वभाव, ज्ञायकभाव, तु, अस्मद्, एक । **मूलधातु**—वि-ईषच्च पाके, वर्ण वर्णने । **पदविवरण**—उदयविवागो उदयविपाकः—प्रथमा एकवचन । कम्माणं कर्मणाम्—षष्ठी बहु० । वण्णिओ वर्णितः—प्र० एक० ।

उपयोग हटाकर निज सहज ज्ञानस्वरूपमें उपयोग करनेका पौरुष करना ॥ १९७ ॥

अब कहते हैं कि सम्यग्दृष्टि वास्तवमें सामान्यसे अपनेको और परको ऐसा जानता है:—[कर्मणां] कर्मोंका [उदयविपाकः] उदयविपाक [जिनवरैः] जिनेश्वर देवोंने [विविधः] अनेक तरहका [वर्णितः] कहा है [ते] वे [मम स्वभावाः] मेरे स्वभाव [न तु] नहीं हैं [तु अहं] किन्तु मैं [एकः] एक [ज्ञायकभावः] मात्र ज्ञायकस्वभावस्वरूप हूं ।

तात्पर्य—कर्मोदयविपाकज भाव मेरे स्वभाव नहीं, मैं तो सहज ज्ञानस्वभावमात्र हूं ज्ञानी ऐसा जानता है ।

टीकार्थ—जो कर्मके उदयके विपाकसे उत्पन्न हुए अनेक प्रकारके भाव हैं वे मेरे स्वभाव नहीं है । मैं तो यह प्रत्यक्ष अनुभवगोचर टंकोत्कीर्ण एक ज्ञायकभावस्वभाव हूं ।

प्रसंगविवरण—अनन्तरपूर्व गाथामें बताया गया था कि ज्ञानी परभावका अपनेको स्वामी न माननेसे प्राकरणिक नहीं है । अब इस गाथामें उसीके सम्बन्धमें यह बतलाया है कि वह कौनसा ज्ञान है जिससे कि ज्ञानी परभावका स्वामी नहीं बनता है ।

तथ्यप्रकाश— [illegible] जीवमें नाना प्रकारके विभाव कर्मोदयविपाकसे उत्पन्न होते हैं । २—कर्मोदयविपाकसे [illegible] भाव आत्माके [illegible] भाव नहीं है । ३—आत्मा तो वस्तुतः एक ज्ञायक भाव स्व[illegible] मात्र है । ४—ज्ञानी स्वभाव व परभावमें स्पष्ट भेद समझता है ।

सिद्धान्त—१—रागद्वेषादिविभाव कर्मविपाकोदयका निमित्त पाकर ही होते हैं । २—परभाव मेरे स्वभाव नहीं है । ३—मैं तो एक अखंड चिद्रूप हूं ।

कभावस्वभावोऽहं ॥१९८॥

जिणवरेहि जिनवरैः—तृतीया बहु० । ण, तु, मज्झ मम—षष्ठी एक० । सहावा स्वभावाः—प्रथमा बहु० । जाणगभावो ज्ञायकभावः—प्र० ए० । तु—अव्यय । अहं—प्र० ए० । इक्को एकः—प्रथमा एकवचन ॥ १९८ ॥

दृष्टि— १—उपाधिसापेक्ष अशुद्ध द्रव्यार्थिकनय (२४) । २—परद्रव्यादिग्राहक द्रव्यार्थिकनय (२९) । ३—अखण्ड परमशुद्धनिश्चयनय (४४) ।

प्रयोग—कर्मोदयविपाकप्रभव रागद्वेषादि विभावोंको परभाव जानकर उनसे उपेक्षा करके निरपेक्ष सहज ज्ञायकस्वभाव स्वमें स्वतत्त्वकी दृष्टि बनाये रखनेका पौरुष करना ॥१९८॥

अब कहते हैं कि सम्यग्दृष्टि अपनेको और परको विशेषरूपसे इस प्रकार जानता है—[रागः] राग [पुद्गलकर्म] पुद्गलकर्म है [तस्य] उसका [विपाकोदयः] विपाकोदय [एष] यह [भवति] है सो [एषः] यह [मम भावः] मेरा भाव [न] नहीं है, क्योंकि [खलु] निश्चयसे [अहं तु] मैं तो [एकः] एक [ज्ञायकभावः] ज्ञायकभावस्वरूप हूं ।

तात्पर्य—राग प्रकृतिके उदयका प्रतिफलन यह विभाव राग है वह मेरा स्वभाव नहीं है ।

टीकार्थ—वास्तवमें रागनामक पुद्गलकर्म है, उस पुद्गलकर्मके उदयके विपाकसे उत्पन्न यह प्रत्यक्ष अनुभवगोचर रागरूप भाव है वह मेरा स्वभाव नहीं है, मैं तो टंकोत्कीर्ण एक ज्ञायकभावस्वरूप हूं । इसी प्रकार राग इस पदके परिवर्तन द्वारा द्वेष, मोह, क्रोध, मान, माया, लोभ, कर्म, नोकर्म, मन, वचन, काय, श्रोत्र, चक्षु, घ्राण, रसन, स्पर्शन ये सोलह सूत्र व्याख्यान किये जाना चाहिये और इसी रीतिसे अन्य भी विचार किये जाने चाहिये । इस तरह सम्यग्दृष्टि अपनेको जानता हुआ और रागको छोड़ता हुआ नियमसे ज्ञान व वैराग्यसे सम्पन्न होता है । **भावार्थ**—जैसे सामने स्थित बालकका प्रतिबिम्ब दर्पणमें पड़े तो वह दर्पणमें आया फोटो दर्पणका स्वभाव नहीं, इसी प्रकार रागादिप्रकृतिके विपाकोदयका प्रतिफलन उपयोगमें आया है सो वह जीवका स्वभाव नहीं है ।

प्रसंगविवरण—अनंतरपूर्व गाथामें सामान्यतया यह बताया गया था कि सम्यग्दृष्टि स्व व परको किस तरह जानता है । अब इस गाथामें बताया है कि उसी स्व-परको विशेषतया ज्ञानी कैसा जानता है ।

तथ्यप्रकाश—१— राग आदि नामकी पुद्गलकर्मप्रकृतियाँ हैं, उनके उदयसे जीवमें राग आदि भाव प्रतिफलित होते हैं । २— रागादिप्रकृतिके उदयसे जीवमें रागादिभाव होते हैं । ३— रागादिभाव आत्माके स्वभाव नहीं हैं, क्योंकि वे औपाधिक भाव हैं । ४— आत्माका

सम्यग्दृष्टिविशेषेण तु स्वपरावेवं तावज्जानाति—

पुग्गलकम्मं रागो तस्स विवागोदओ हवदि एसो।
ण दु एस मज्झ भावो जाणगभावो दु अहमिक्को ॥१९९॥

रागप्रकृति पुद्गल है, राग विभाव है उदयफल उसका।
वह भाव नहीं मेरा, मैं तो हूं एक ज्ञायक सत् ॥१९९॥

पुद्गलकर्म रागस्तस्य विपाकोदयो भवति एषः। नत्वेष मम भावः ज्ञायकभावः खल्वहमेकः ॥ १९९ ॥

अस्ति किल रागो नाम पुद्गलकर्म, तदुदयविपाकप्रभवोयं रागरूपो भावः, न पुनर्मम स्वभावः। एष टंकोत्कीर्णैकज्ञायकभावस्वभावोहं। एवमेव च रागपदपरिवर्तनेन द्वेषमोहक्रोधमानमायालोभकर्मनोकर्ममनोवचनकायश्रोत्रचक्षुर्घ्राणरसनस्पर्शनसूत्राणि षोडश व्याख्येयानि, अनया दिशा अन्यान्यप्यूह्यानि। एवं च सम्यग्दृष्टिः स्वं जानन् रागं मुंचंश्च नियमाज्ज्ञानवैराग्यसंपन्नो भवति ॥१९९॥

नामसंज्ञ—पुग्गलकम्म, राग, त, विवागोदय, एत, ण, दु, एत, अम्ह, भाव, जाणगभाव, दु, अम्ह, इक्क। **धातुसंज्ञ**—हव सत्तायां, रज्ज रागे। **प्रातिपदिक**—पुद्गलकर्मन्, राग, सत्, विपाकोदय, एतत्, न, तु, एतत्, अस्मद्, भाव, ज्ञायकभाव, तु, अस्मद्, एक। **मूलधातु**—वि-डुपचष् पाके, भू सत्तायां। **पदविवरण**—पुग्गलकम्मं पुद्गलकर्म—प्रथमा एकवचन। रागो रागः—प्रथमा एक०। तस्स तस्य—षष्ठी एक०। हवदि भवति—वर्तमान लट् अन्य पुरुष एक० क्रिया। एसो एषः—प्र० ए०। ण न—अव्यय। दु तु—अव्यय। एस एषः—प्र० ए०। मज्झ मम—षष्ठी एक०। भावो भावः—प्र० ए०। जाणगभावो ज्ञायकभावः—प्र० ए०। हु खलु—अव्यय। अहं—प्रथमा एक०। इक्को एकः—प्रथमा एकवचन ॥ १९९ ॥

तो एक सहज ज्ञायकभाव स्वभाव है, क्योंकि यह आत्माका निरपेक्ष निरुपाधि शाश्वत सहज भाव है। ५—ज्ञानी अपनेको ज्ञायकस्वभावमात्र जानता हुआ रागादि परभावको छोड़ता हुआ ज्ञानवृत्तिरूप परिणमता रहता है। ६— ज्ञानी आत्मा ज्ञानमात्र स्वको जाननेसे ज्ञानसम्पन्न है व रागादि परभावको छोड़नेसे वैराग्यसंपन्न है।

सिद्धान्त—१—रागप्रकृतिके उदयका निमित्त पाकर जीवमें रागभाव होता है। २—जीवका स्वभाव शाश्वत ज्ञायकभाव है।

दृष्टि— १—उपाधिसापेक्ष अशुद्धद्रव्यार्थिकनय (२४)। २—अखण्ड परमशुद्ध निश्चयनय (४४)।

प्रयोग—अध्रुव, अशरण, दुःखरूप, दुःखफल वाले, भिन्न, असार परभावोंसे अत्यन्त उपेक्षा करके निज सहज एक ज्ञायकस्वभावमय अन्तस्तत्त्वकी उपासना करना ॥१९९॥

अब औपाधिक भावोंकी परभावता जाननेका फल बताते हैं—[एवं] इस तरह

एवं सम्मादिट्ठी अप्पाणं मुणदि जाणयसहावं ।
उदयं कम्मविवागं य मुञ्चदि तच्चं वियाणंतो ॥२००॥

यों सुदृष्टि आत्माको, जाने ज्ञायकस्वभावमय पूरा ।
कर्मविपाक उदयको तजता, वह तत्त्वका ज्ञाता ॥२००॥

एवं सम्यग्दृष्टिः आत्मानं जानाति ज्ञायकस्वभावं । उदयं कर्मविपाकं च मुंचति तत्त्वं विजानन् ॥२००॥

एवं सम्यग्दृष्टिः सामान्येन विशेषेण च परस्वभावेभ्यो भावेभ्यः सर्वेभ्योऽपि विविच्य टंकोत्कीर्णैकज्ञायकभावस्वभावमात्मनस्तत्त्वं विजानाति । तथा तत्त्वं विजानंश्च स्वपरभावो-

---

नामसंज्ञ—एवं, सम्मादिट्ठि, अप्प, जाणयसहाव, उदय, कम्मविवाग, य, तच्च, वियाणंत । **धातु-संज्ञ**—मुण ज्ञाने, मुंच त्यागे, वि जाण अवबोधने । **प्रातिपदिक**—एवं, सम्यग्दृष्टि, आत्मन्, ज्ञायकस्वभाव,

---

[**सम्यग्दृष्टिः**] सम्यग्दृष्टि [**आत्मानं**] अपनेको [**ज्ञायकस्वभावं**] ज्ञायकस्वभाव [**जानाति**] जानता है [**च**] और [**तत्त्वं**] वस्तुके यथार्थ स्वरूपको [**विजानन्**] जानता हुआ [**कर्मविपाकं**] कर्मविपाकरूप [**उदयं**] उदयको [**मुञ्चति**] छोड़ता है ।

तात्पर्य—ज्ञानी अपनेको ज्ञायकस्वभाव जानता और विकारको परभाव जानकर छोड़ देता है ।

टीकार्थ—इस प्रकार सम्यग्दृष्टि, सामान्य तथा विशेषसे सभी परस्वभावरूप भावोंसे भिन्न होकर टंकोत्कीर्ण एक ज्ञायकभाव स्वभावरूप आत्माके तत्त्वको अच्छी तरह जानता है और उस प्रकार तत्त्वको अच्छी तरह जानता हुआ स्वभावका ग्रहण और परभावका त्याग द्वारा निष्पाद्य अपने वस्तुपनेको फैलाता हुआ कर्मके उदयके विपाकसे उत्पन्न हुए सब भावों को छोड़ता है । इस कारण यह सम्यग्दृष्टि नियमसे ज्ञान व वैराग्यसे सम्पन्न होता है ।

भावार्थ—जब अपनेको तो ज्ञायक भावस्वरूप सहजानन्दमय जाने और कर्मके उदय से हुए भावोंको परभावस्वरूप आकुलतामय जाने तब ज्ञानरूप रहना तथा परभावोंसे विरक्त होनाये दोनों होते ही हैं । यह तथ्य अनुभवगोचर है और यही सम्यग्दृष्टिका परिचय है ।

अब कहते हैं कि यदि कोई अपनेको ज्ञानी माने और परद्रव्योंमें आसक्त हो तो वहवृथा ही सम्यग्दृष्टिपनेका अभिमान करता है—**सम्यग्दृष्टि** इत्यादि । **अर्थ**—यह मैं स्वयं सयग्दृष्टि हूं मेरे कभी भी कर्मका बंध नहीं होता; ऐसा मानकर जिनका मुख गर्वसहित ऊंचा हुआ है तथा हर्ष सहित रोमांचरूप हुआ है वे जीव महाव्रतादि आचरण करे तथा वचन विहार आहारकी क्रियामें सावधानीसे प्रवर्तनेकी उत्कृष्टताका भी अवलंबन करें तो भी पापी मिथ्यादृष्टि ही हैं, क्योंकि आत्मा और अनात्माके ज्ञानसे रहित होनेके कारण सम्यक्त्वसे शून्य

पादानापोहननिष्पाद्यं स्वस्य वस्तुत्वं प्रथयन् कर्मोदयविपाकप्रभवान् भावान् सर्वानपि मुंचति। तत्रोऽयं नियमात् ज्ञानवैराग्याभ्यां संपन्नो भवति। सम्यग्दृष्टिः स्वयमयमहं जातु बंधो न मे

उदय, कर्मविपाक, च, तत्त्व, विजानत्। **मूलधातु**—ज्ञा अवबोधने, मुच मोक्षणे, वि-ज्ञा अवबोधने। **पद-विवरण** एवं—अव्यय। सम्मादिट्ठी सम्यग्दृष्टिः—प्रथमा एकवचन कर्ताकारक। अप्पाणं आत्मानं—द्वितीया

है। **भावार्थ**———परद्रव्यसे तो राग हो और अपनेको माने कोई सम्यग्दृष्टि तो उसके सम्यक्त्व कैसे कहा जा सकता, वह तो व्रत समिति पाले तो भी स्वपरका यथार्थ ज्ञान न होनेसे मिथ्यात्वपापसे युक्त ही है। जब तक यथाख्यात चारित्र न हो तब तक चारित्रमोह होनेसे बंध तो होता ही है। ज्ञान होने मात्रसे तो बंधसे छूटना नहीं होता, ज्ञान होनेके बाद उसीमें लीन होनेरूप शुद्धोपयोगरूप चारित्र हो तो बंधन कटता है। इसलिये राग होनेपर बंधका न होना मानकर स्वच्छंद होना तो मिथ्यादृष्टिका चिन्ह ही है। प्रभुने सिद्धांतमें मिथ्यात्वको पाप कहा है। यहां मिथ्यात्व सहित अनंतानुबंधीके रागको प्रधान करके अज्ञानी कहा है, क्योंकि अपने और परके ज्ञान श्रद्धानके बिना परद्रव्यमें तथा उसके निमित्तसे हुए भावोंमें आत्मबुद्धि हो तथा राग द्वेष हो तब समझना कि इसके भेदज्ञान नहीं हुआ। मुनिभेष लेकर कोई व्रत-समिति भी पाले वहां पर जीवोंकी रक्षासे तथा शरीर संबंधी यत्नसे प्रवर्तनेसे, आपने शुभभाव होनेसे याने परद्रव्य संबंधी भावोंसे अपना मोक्ष होना माने और पर जीवोंका घात होना, अयत्नाचाररूप प्रवर्तना योगकी अशुभ क्रिया होना इत्यादि परद्रव्योंकी क्रियासे ही अपनेमें बंध माने तब तक भी समझना कि इसके स्व और परका ज्ञान नहीं हुआ, क्योंकि बंधमोक्ष तो अपने भावोंसे था, परद्रव्य तो आश्रयमात्र था उसमें विपर्यय माना, यों कोई परद्रव्यसे ही भला बुरा मानकर रागद्वेष करे तब तक सम्यग्दृष्टि नहीं है। किन्तु जिसको निज सहजस्वरूप का अनुभव हुआ और कुछ काल तक चारित्रमोहके रागादिक भी रहे तथा उनसे प्रेरित परद्रव्य सम्बन्धी शुभाशुभ क्रियामें प्रवृत्ति भी रहे तो भी वह ज्ञानी ऐसा मानता है कि यह कर्म का जोर है इससे निवृत्त होनेसे ही मेरा भला है, उनको रोगके समान जानता है व पीड़ा सही नहीं जाती सो उनका इलाज करनेमें प्रवर्तता है तो भी इसके उनसे राग नहीं का जा सकता, क्योंकि जो रागको रोग माने उसके राग कैसा? उसके मेटनेका ही उपाय करता है सो मेटना भी अपने ही ज्ञानपरिणामरूप परिणमनसे मानता है। अध्यात्मपौरुषके प्रकरणमें मिथ्यात्वसहित रागको ही राग कहा गया है वह सम्यग्दृष्टिके नहीं है और जिसके मिथ्यात्व-सहित राग है वह सम्यग्दृष्टि नहीं है। अज्ञानी मनुष्य या तो व्यवहारको-सर्वथा छोड़कर भ्रष्ट हो जाता है अथवा निश्चयको अच्छी तरह नहीं जानकर व्यवहारसे ही मोक्ष मानता है

स्यादित्युत्तानोत्पुलकवदना रागिणोप्याचरंतु। आलंबंतां समितिपरतां ते यतोऽद्यापि पापा आत्मानात्मावगमविरहात्संति सम्यक्त्वरिक्ताः ॥१३७॥ ॥ २०० ॥

एक० कर्मकारक। मुणदि जानाति—वर्तमान लट् अन्य पुरुष एकवचन क्रिया। जाणयसहावं ज्ञायकस्वभावं—द्वितीया एक० कर्मविशेषण। उदयं—द्वितीया एकवचन। कम्मविवागं कर्मविपाकं—द्वितीया एक०। मुअदि मुंचति—वर्तमान लट् अन्य पुरुष एक० क्रिया। तच्चं तत्त्वं—द्वितीया एक०। वियाणंतो विजानन्तः—प्रथमा बहुवचन ॥१९९॥

वह परमार्थतत्त्वमें मूढ है। यदार्थ स्वाद्वादनय द्वारा सत्यार्थ समझनेसे ही सम्यक्त्वका लाभ होगा।

प्रसंगविवरण—अनन्तरपूर्व गाथामें बताया गया था कि सम्यग्दृष्टि स्व व परको विशेषतया कैसा जानता है? अब इस गाथामें उसी तथ्यका प्रायोजनिक विधिसे वर्णन किया गया है।

तथ्यप्रकाश—(१) सम्यग्दृष्टि अपने आपको कर्मविपाकज भावोंसे निराला निरखता है। (२) सम्यग्दृष्टि भिन्न-भिन्न रूपसे क्रोध, मान आदि कर्मविपाकज भावोंसे अपनेको निराला निरखता है। (३) सम्यग्दृष्टि अपना सर्वस्व शाश्वत एक ज्ञायकस्वभावको अनुभवता है। (४) सम्यग्दृष्टि अपने स्वभावका उपादान करके तथा परभावोंका परिहार करके अपनी वास्तविकता को प्रकट करता है। (५) सम्यग्दृष्टि निज सहज ज्ञानस्वभावके ग्रहणसे ज्ञानसम्पन्न है व कर्मोदयविपाकप्रभव भावोंको त्याग देनेसे वैराग्यसम्पन्न है।

सिद्धान्त—(१) सम्यग्दृष्टि अपने ज्ञायकस्वभावरूप अपनेको जाननेकी परिणतिसे परिणमता है। (२) कर्मविपाकोदय कर्मका परिणमन है। (३) कर्मविपाकोदयविषयक परिज्ञान आत्माका परिणमन है।

दृष्टि—१–कारककारकिभेदक सद्भूतव्यवहार (७३)। २–अशुद्धनिश्चयनय (४७)। ३– उपादानदृष्टि (४९ब)।

प्रयोग—कर्मोदयविपाकप्रभव भावकी अपवित्रता दूर करनेके लिये मन, वचन, काय की वृत्तिका निरोध करके नित्यानन्दैकस्वभाव सहज परमात्मतत्त्वमें उपयोग रमानेका पौरुष करना॥ २००॥

सम्यग्दृष्टि रागी कैसे नहीं होता? यदि ऐसा पूछें तो सुनिये—[**खलु**] निश्चयसे [**यस्य**] जिस जीवके [**रागादीनां**] रागादिकोंका [**परमाणुमात्रमपि**] लेशमात्र भी [**तु विद्यते**] मौजूद है तो [**सः**] वह जीव [**सर्वागमधरोपि**] सर्व आगमको पढ़ा हुआ होनेपर भी [**आत्मानं**

कथं रागी न भवति सम्यग्दृष्टिरिति चेत्—

परमाणुमित्तयं पि हु रायादीणं तु विज्जदे जस्स ।
णवि सो जाणदि अप्पाणयं तु सव्वागमधरोवि ॥२०१॥
अप्पाणमयाणंतो अणप्पयं चावि सो अयाणंतो ।
कह होदि सम्मदिट्ठी जीवाजीवे अयाणंतो ॥२०२॥ (युग्मम्)

परमाणुमात्र भी हो, जिसके रागादिभावकी मात्रा ।
वह सर्वागमधर भी, आत्माको जान नहिं सकता ॥२०१॥
आत्माको नहिं जाने, तथा अनात्मा भि जो नहीं जाने ।
जीवाजीव न जाने, वह सम्यग्दृष्टि कैसे हो ॥२०२॥

परमाणुमात्रकमपि खलु रागादीनां तु विद्यते यस्य । नापि स जानात्यात्मानं तु सर्वागमधरोऽपि ॥२०१॥
आत्मानमजानन् अनात्मानं चापि सोऽजानन् । कथं भवति सम्यग्दृष्टिर्जीवाजीवावजानन् ॥२०२॥

यस्य रागादीनामज्ञानमयानां भावानां लेशतोऽपि विद्यते सद्भावः, भवतु स श्रुतकेवलिकल्पोऽपि तथापि ज्ञानमयभावानामभावेन न जानात्यात्मानं । यस्त्वात्मानं न जानाति सोऽनात्मानमपि न जानाति स्वरूपपररूपसत्ताऽसत्ताभ्यामेकस्य वस्तुनो निश्चीयमानत्वात् । ततो य

नामसंज्ञ—परमाणुमित्तय, पि, हु, रायादि, तु, ज, ण, वि, त, अप्प, तु, सव्वागमधर, वि, अप्प, अयाणंत, अणप्प, च, अवि, त, अयाणंत, कह, सम्मदिट्ठि, जीवाजीव, अयाणंत । **धातुसंज्ञ** · विज्ज सत्तायां,

---

तु] आत्माको [नापि] नहीं [जानाति] जानता [च] और [आत्मानं] आत्माको [अजानन्] नहीं जानता हुआ [अनात्मानं अपि] परको भी [अजानन्] नहीं जानता हुआ [जीवाजीवौ] इस तरह जीव और अजीव दोनों पदार्थोंको भी [अजानन्] नहीं जानता हुआ [सः] वह [सम्यग्दृष्टिः] सम्यग्दृष्टि [कथं भवति] कैसे हो सकता है ? नहीं हो सकता ।

टीकार्थ—जिस जीवके अज्ञानमय रागादिक भावोंका लेशमात्र है वह जीव प्रायः श्रुतकेवलीके समान होनेपर भी ज्ञानमय भावके अभावके कारण आत्माको नहीं जानता । और जो अपने आत्माको नहीं जानता है वह अनात्मा (पर) को भी नहीं जानता । क्योंकि स्वरूपके सत्त्व और परस्वरूपके असत्त्वसे एक वस्तु निश्चयमें आता है । इस कारण जो आत्मा और अनात्मा दोनोंको नहीं जानता है वह जीव अजीव वस्तुको ही नहीं जानता तथा जो जीव अजीवको नहीं जानता वह सम्यग्दृष्टि नहीं है । इस कारण रागी ज्ञानके अभावसे सम्यग्दृष्टि नहीं है ।

तात्पर्य—जो परद्रव्य व परभावोंसे विविक्त चित्प्रकाशमात्र स्वको नहीं जानता वह

आत्मानात्मनो न जानाति स जीवाजीवौ न जानाति । वस्तु जीवाजीवौ न जानाति स सम्यग्दृष्टिरेव न भवति । ततो रागी ज्ञानाभावान्न भवति सम्यग्दृष्टिः । आसंसाराऽप्रतिपदममी

जाण अवबोधने, हो सत्तायां । **प्रातिपदिक**—परमाणुमात्रक, अपि, खलु, रागादि, तु, यत्, न, अपि, तत्, आत्मन्, तु, सर्वागमधर, अपि, आत्मन्, अजानत्, अनात्मन्, च, अपि, तत्, अजानत् । **मूलधातु**—विद सत्तायां, ज्ञा अवबोधने, भू सत्तायां । **पदविवरण**—परमाणुमित्तयं परमाणुमात्रक—प्रथमा एकवचन । पि अपि—अव्यय । हु खलु—अव्यय । रायादीणं रागादीनां—षष्ठी बहु० । तु—अव्यय । विज्जदे विद्यते—वर्तमान लट् अन्य पुरुष एक० क्रिया । जस्स यस्य—षष्ठी एक० । ण न—अव्यय । वि अपि—अव्यय । सो सः—प्रथमा एक० । जाणदि जानाति—वर्तमान लट् अन्य पुरुष एकवचन । अप्पाणयं आत्मानं—द्वितीया ए० । तु—अव्यय ।

सम्यग्दृष्टि नहीं है ।

भावार्थ—यहाँ रागीका अर्थ लेना है अज्ञानमय रागद्वेष मोहभाव वाला । अज्ञानमय मायने मिथ्यात्व अनन्तानुबन्धीसे हुए रागादिक । मिथ्यात्वके अभावमें चारित्रमोहके उदयका जो राग है वह अज्ञानमय राग नहीं हैं । क्योंकि ज्ञानीके उस रागके साथ राग नहीं है, ज्ञानी तो कर्मोदयसे जो राग हुआ है उसको मेटना चाहता है । ज्ञानीके चाहे वह अव्रती भी है उसके जो रागका लेशमात्र भी नहीं कहा सो रागमें राग लेशमात्र भी नहीं यह जानना । ज्ञानीके अशुभ राग तो अत्यन्त गौण है, परन्तु शुभ राग होता है उस शुभ रागको अच्छा समझ लेशमात्र भी उस रागसे राग करे तो सर्वशास्त्र भी पढ़ लिये हों, मुनि भी हो, व्यवहारचारित्र भी पाले तो भी ऐसा समझना चाहिये कि इसने अपने आत्माका परमार्थस्वरूप नहीं जाना, कर्मोदयजनितभावको ही अच्छा समझा है उसीसे अपना मोक्ष होना मान रक्खा है । ऐसे मानने वाला जीव अज्ञानी ही है । इसने स्व व परके परमार्थरूपको नहीं जाना सो जीव अजीव पदार्थका भी परमार्थरूप नहीं जाना और जिसने जीव अजीवको ही नहीं जाना वह कैसा सम्यग्दृष्टि ?

अब इसी अर्थको कलशमें कहते हैं—आ संसारा इत्यादि । **अर्थ**—हे अन्ध प्राणियो ! अनादि संसारसे ये रागी जीव प्रतिपदमें नित्य मत्त होकर जिस पदमें सोये हुए हैं उस पदको तुम अपद समझो, अपद समझो (यहाँ दो बार अपद कहनेसे अति करुणाभाव सूचित होता है) जहाँ चैतन्यधातु शुद्ध है शुद्ध है अपने स्वाभाविक रसके समूहसे स्थायीभावपनेको प्राप्त होता है यह तुम्हारा पद है । सो इस तरफ आओ इस तरफ आओ यहाँ निवास करो । **भावार्थ**—ये प्राणी अनादि कालसे विकारभावको ही अपना हितकारी मानकर उनको ही अपना स्वभाव मानकर उन्हींमें रम रहे हैं । उनको श्री गुरु करुणा करके संबोधन कर रहे हैं कि हे अंधे प्राणियो ! तुम जिस पदमें सोये हो, रम रहे हो वह तुम्हारा पद नहीं है तुम्हारा पद तो

रागिणो नित्यमज्ञानात्सुप्ता यस्मिन्नपदमपदं तद्विबुध्यध्वमंधाः । एतैतेतः पदमिदमिदं यत्र चैतन्य-धातुः शुद्धः शुद्धः स्वरसभरतः स्थायिभावत्वमेति ॥१३८॥ ॥ २०१-२०२ ॥

सव्वागमधरो सर्वागमधरः—प्र० ए० । वि अपि—अव्यय । अप्पाणं आत्मानं—द्वितीया एक० । अयाणंतो अजानन्—प्रथमा एक० । अणप्पयं अनात्मानं—द्वि० एक० । च—अव्यय । अवि अपि—अव्यय । सो सः—प्र० एक० । अयाणंतो अजानन्—प्रथमा एक० । कह कथं—अव्यय । होदि भवति—वर्तमान लट् अन्य पुरुष एक० क्रिया । सम्मदिट्ठी सम्यग्दृष्टिः—प्रथमा एक० । जीवाजीवे—प्रथमा बहु० । जीवाजीवौ—प्रथमा द्विवचन । अयाणंतो अजानन्तः—प्रथमा बहुवचन ॥ २०१-२०२ ॥

चैतन्यस्वरूपमय है उसको प्राप्त होओ याने पर व परभावसे विविक्त शुद्ध चैतन्यरूप अपने भावका आश्रय करो ।

प्रसंगविवरण—अनन्तरपूर्व गाथाओंमें यह प्रसिद्ध किया गया था कि रागी पुरुष याने औपाधिक भावोंमें लगाव रखने वाला पुरुष सम्यग्दृष्टि नहीं होता है । सो अब इस गाथा-युगलमें यह दर्शाया गया है कि रागी पुरुष सम्यग्दृष्टि कैसे नहीं होता है ।

तथ्यप्रकाश—१—जिसके रागादि अज्ञानमय भावोंका यदि रंच भी सद्भाव हो तो वह ज्ञानमय भावके नहीं होनेसे आत्माको नहीं जानता है । २—जो आत्माको आत्मरूपसे नहीं जानता वह अनात्माको अनात्मरूपसे नहीं जान पाता । ३—किसी भी एक वस्तुका निश्चय स्वरूपसे सत्त्व और पररूपसे असत्त्वके निर्णयसे होता है । ४—जो आत्मा अनात्माको नहीं नहीं जानता है वह आस्रवादिक तत्त्वोंको भी नहीं जानता । ५—जो मोक्षमार्गके प्रयोजनभूत तत्त्वोंको नहीं जानता है वह सम्यग्दृष्टि नहीं । ६—परभावमें अनुरक्त जीव ज्ञानमयस्वरूपका ज्ञान श्रद्धान न होने सम्यग्दृष्टि नहीं है ।

सिद्धान्त—१—अज्ञानमय रागादि भावको आत्मस्वरूप मानने वाला अज्ञानी है । २—आत्माको स्वद्रव्य क्षेत्र काल भावसे आत्मरूप समझने वाला ज्ञानी ही परद्रव्यको परद्रव्य रूपसे समझ सकता है ।

दृष्टि—१—अशुद्धनिश्चयनय (४७) । २—स्वद्रव्यादिग्राहक द्रव्यार्थिकनय व परद्रव्यादिग्राहक द्रव्यार्थिकनय (२८, २९) ।

प्रयोग—संसारसंकटसे छूटनेके मार्गमें चलनेके लिये अपनेको औपाधिक भावोंसे विविक्त ज्ञानमात्र अनुभवनेका पौरुष करना ॥२०१-२०२॥

यदि जानना चाहो कि आत्माका स्वपद कहाँ है ? सो सुनिये—[आत्मनि] आत्मामें [अपदानि] अपदरूप [द्रव्यभावान्] द्रव्य भावरूप सभी भावोंको [मुक्त्वा] छोड़कर [नियतं]

किन्नाम तत्पदं ? इत्याह—

आदहि दव्वभावे अपदे मोत्तूण गिण्ह तह णियदं ।
थिरमेगमिमं भावं उवलब्भंतं सहावेण ॥२०३॥

निजमें अपद द्रव्यभा-वोंको तजि भाव ग्रहण कर अपना ।
नियत एक यह शाश्वत, स्वभावसे लभ्यमान तथा ॥२०३॥

आत्मनि द्रव्यभावानपदानि मुक्त्वा गृहाण तथा नियतं । स्थिरमेकमिमं भावमुपलभ्यमानं स्वभावेन ।

इह खलु भगवत्यात्मनि बहूनां द्रव्यभावानां मध्ये ये किल अतत्स्वभावेनोपलभ्यमानाः, अनियतत्वावस्थाः, अनेके, क्षणिकाः, व्यभिचारिणो भावाः ते सर्वेऽपि स्वयमस्थायित्वेन स्थातुः स्थानं भवितुमशक्यत्वादपदभूताः । यस्तु तत्स्वभावेनोपलभ्यमानो नियतत्वावस्थः, एकः नित्यः, अव्यभिचारी भावः, स एक एव स्वयं स्थायित्वेन स्थातुः स्थानं भवितुं शक्यत्वात् पदभूतः । ततः सर्वानेवास्थायिभावान् मुक्त्वा स्थायिभावभूतं, परमार्थरसतया स्वदमानं ज्ञान

नामसंज्ञ—अत्त, दव्वभाव, अपद, तह, णियद, थिर, एग, इम, भाव, उवलब्भंत, सहाव । **धातुसंज्ञ**—मुंच त्यागे, गिण्ह ग्रहणे, उव-लभ प्राप्तौ । **प्रातिपदिक**—आत्मन्, द्रव्यभाव, अपद, तथा, नियत, निश्चित [**स्थिरं**] स्थिर [**एकं**] एक [**तथा**] व [**स्वभावेन**] स्वभावसे ही [**उपलभ्यमानं**] ग्रहण किये जाने वाले [**इमं**] इस प्रत्यक्ष अनुभवगोचर [**भावं**] चैतन्यमात्र भावको हे भव्य ! तू [**गृहाण**] ग्रहण कर । वही तेरा पद है ।

तात्पर्य—औपाधिक आकार विकारोंसे विमुख होकर अपने स्थिर नियत एक चैतन्यस्वभावको ग्रहण करो ।

टीकार्थ—वास्तवमें इस भगवान् आत्मामें जो द्रव्यभावरूप बहुत भावोंमें से आत्माके स्वभावसे रहित रूपसे उपलभ्यमान, अनिश्चित अवस्थारूप, अनेक, क्षणिक व्यभिचारी भाव हैं, वे सभी स्वयं अस्थायी होनेसे ठहरने वाले आत्माके ठहरनेका स्थान होनेके लिये अशक्य होनेके कारण अपदस्वरूप हैं और जो भाव आत्मस्वभावसे ग्रहणमें आने वाला, निश्चित अवस्थारूप एक, नित्य अव्यभिचारी है ऐसा एक चैतन्यमात्र ज्ञान भाव स्वयं स्थायी भावस्वरूप होनेके कारण स्थित होने वाले आत्माके ठहरनेका स्थान होनेसे पदभूत है । इस कारण सभी अस्थायी भावोंको छोड़कर स्थायीभूत परमार्थरसरूपसे स्वादमें आता हुआ यह ज्ञान ही एक आस्वादन करने योग्य है ।

भावार्थ—पूर्व प्रकरणमें जो वर्णादिक गुणस्थानांत भाव कहे थे वे सभी आत्मामें अनियत, अनेक, क्षणिक, व्यभिचारी भाव हैं वे आत्माके पद नहीं हैं । किन्तु यह जो स्वसंवे-

मेकमेवेदं स्वाद्यं। एकमेव हि तत्स्वाद्यं विपदामपदं पदं। अपदान्येव भासंते पदान्यन्यानि यत्पुरः ॥१३६॥ एकज्ञायकभावनिर्भरमहास्वादं समासादयन् स्वादं द्वंद्वमयं विधातुमसहः स्वां

स्थिर, एक, इदम्, भाव, उपलभ्यमान, स्वभाव। **मूलधातु**—मुच्लृ मोक्षणे ग्रह उपादाने, डुलभष प्राप्तौ। **पदविवरण**—आदम्हि आत्मनि—सप्तमी एकवचन। दव्वभावे द्रव्यभावान्—द्वितीया बहुवचन। अपदे अप-

दनस्वरूप ज्ञान है वह नियत है, एक है, नित्य है, अव्यभिचारी है, स्थाय भाव है। अतः वह ज्ञानमात्र भाव आत्माका पद है सो ज्ञानियोंके यही एक स्वाद लेने योग्य है।

अब इस अर्थको कलशमें कहते हैं—**एकमेव** इत्यादि। **अर्थ**—वही एक पद आस्वादने योग्य है जो आपदावोंका पद नहीं है अर्थात् जिस पदमें कोई भी आपदा नहीं रह सकती तथा जिसके आगे अन्य सभी पद अपद प्रतिभासित होते हैं। **भावार्थ**—एक ज्ञान ही आत्मा का परमार्थ पद है इसमें कुछ भी आपदा नहीं है इसके आगे अन्य सभी पद आपदा स्वरूप (आकुलतामय) होनेसे अपद हैं।

अब बताते हैं कि ज्ञानी आत्मा ज्ञानका अनुभव किस तरह करता है—**एकज्ञायक** इत्यादि। **अर्थ**—एक ज्ञायकमात्र भावसे भरे हुए ज्ञानके महास्वादको लेता हुआ यह आत्माके अनुभव (आस्वाद) के प्रभावसे विवश आत्मा विशेषके उदयको गौण करता हुआ सामान्यको ग्रहण करता हुआ समस्त ज्ञानको एकत्वको प्राप्त कराता है।

भावार्थ—एकस्वरूप सहज ज्ञानके रसीले स्वादके सामने अन्य रस फीके हैं। ज्ञानके विशेष ज्ञेयके विकल्पसे होते हैं। सो जब ज्ञानसामान्यका स्वाद लिया जाता है याने अनुभव किया जाता है तब सब ज्ञानके भेद गौण हो जाते हैं एक ज्ञान ही स्वयं ज्ञेयरूप हो जाता है।

प्रसंगविवरण—अनन्तरपूर्व गाथामें बताया गया था कि अज्ञानमय राग वाला जीव ज्ञानमय निज आत्मपदको न जाननेसे सम्यग्दृष्टि नहीं है। अब इस गाथामें उस ज्ञानमात्र निज पदको बताया गया है व उसको ग्रहण करनेका उपदेश किया गया है।

तथ्यप्रकाश—१— आत्मामें गुण व द्रव्यव्यञ्जन पर्यायें हैं व अनेकों गुणव्यञ्जन पर्यायें है। २— जो भाव आत्माके स्वभावरूप नहीं, किन्तु औपाधिक हैं वे अस्थायी भाव हैं। ३—जो भाव आत्मामें नियत नहीं, किन्तु अनियत दशावोंरूप हैं वे अस्थायी भाव हैं। ४— जो अनेक रूप होते रहते हैं, एकरूप नहीं वे भाव अस्थायी भाव हैं। ५— जो भाव क्षणविनश्वर हैं शाश्वत नहीं वे भाव अस्थायी भाव हैं। ६— जो कभी हुए, कभी न हुए याने व्यभिचारी हैं अव्यभिचारी नहीं याने शाश्वत सहज नहीं वे सब अस्थायी भाव हैं। ७—अस्थायी भाव आत्मा में शाश्वत स्थान न पानेके कारण अपद हैं। ८— स्वभावरूप, नियत, एक, शाश्वत, अव्यभि-

वस्तुवृत्तिं विदन् । आत्मात्मानुभवानुभावविवशो भ्रश्यद्विशेषोदयं सामान्यं कलयत्किलैष सकलं ज्ञानं नयत्येकतां ॥१४०॥ ॥ २०३ ॥

दानि–द्वि० बहु० । मोत्तूण मुक्त्वा–असमाप्तिकी क्रिया । गिण्ह गृहाण–आज्ञार्थे लोट् मध्यम पुरुष एक० । तह तथा–अव्यय । णियदं नियतं–द्वि० एक० । थिरं स्थिरं–द्वि० एक० । एकं–द्वि० ए० । इमं–द्वि० ए० । भावं–द्वि० ए० । उवलब्भंतं उपलभ्यमानं–द्वि० एक० । सहावेण स्वभावेन–तृतीया एकवचन ॥ २०३ ॥

चारी ज्ञानमात्रभाव आत्मामें अनवरत आत्ममय होनेसे आत्माका पदभूत है । ९– अनुभवमें एक ज्ञानमात्र भाव होनेपर रंच भी कोई विपत्ति नहीं है । १०– एक ज्ञानमात्रभावके समक्ष अन्य परिणमन सब अपद व विपन्न प्रतिभासित होते हैं ।

सिद्धान्त—१– आत्मा अखण्ड शाश्वत ज्ञानमात्र है । २– आत्मामें उठे विभाव आत्माके पद नहीं हैं ।

दृष्टि—१– अखण्ड परमशुद्धनिश्चयनय (४४) । २– प्रतिषेधक शुद्धनय (४९अ) ।

प्रयोग—सर्व विपदावोंको सदाके लिये नष्ट कर शाश्वत आनन्दमय होनेके लिये अपने आपके शाश्वत अविकार ज्ञानमात्र स्वभावको ही उपयोगमें ग्रहण करने व ग्रहण किये रहनेका पौरुष करना ॥ २०३ ॥

एक स्थायी सहजज्ञानभाव क्या है ?—[**आभिनिबोधिकश्रुतावधिमनःपर्ययकेवलं च**] मतिज्ञान श्रुतज्ञान, अवधिज्ञान, मनःपर्ययज्ञान और केवलज्ञान [**तत् एकमेव पदं भवति**] वह सब एक ज्ञान ही पद है [**एषः सः परमार्थः**] यह वह परमार्थ है [**यं लब्ध्वा**] जिसको पाकर आत्मा [**निर्वृतिं**] मोक्षपदको [**याति**] प्राप्त होता है ।

तात्पर्य—सहज ज्ञानस्वभावके आश्रयसे ही मुक्तिका लाभ होता है ।

टीकार्थ—वास्तवमें आत्मा परम पदार्थ है और वह ज्ञान ही है, वह आत्मा एक ही पदार्थ है इस कारण ज्ञान भी एक पदको ही प्राप्त है, और जो यह ज्ञाननामक एक पद है वह परमार्थस्वरूप साक्षात् मोक्षका उपाय है । मतिज्ञानादिक जो ज्ञानके भेद हैं वे इस ज्ञाननामक एक पदको भेदरूप नहीं करते, किन्तु वे मतिज्ञानादिक भेद भी एक ज्ञाननामक पदका ही अभिनन्दन करते हैं । यही कहते हैं—जैसे इस लोकमें घनपटलोंसे, बादलोंसे आच्छादित तथा उन बादलोंके दूर होनेके अनुसार प्रगटपना धारण करने वाले सूर्यके जो प्रकाशके हीनाधिक भेद हैं वे उसके प्रकाशरूप सामान्य स्वभावको नहीं भेदते, उसी प्रकार कर्मसमूहोंके उदयसे आच्छादित तथा उस कर्मके विघटनके अनुसार प्रगटपनेको प्राप्त हुए ज्ञानके हीनाधिक भेद आत्माके सामान्य ज्ञानस्वभावको नहीं भेदते, बल्कि वे भेद आत्माके ज्ञानसामान्यका अभिनंदन

तथाहि—

आभिणिसुदोहिमणकेवलं च तं होदि एक्कमेव पदं ।
सो एसो परमट्ठो जं लहिदुं णिव्वुदिं जादि ॥१०४॥

मति श्रुत अवधि मनःप-र्यय केवल सर्वज्ञान एक हि पद ।
वह यह परमार्थ जिसे, पाकर निर्वाण मिलता है ॥२०४॥

आभिनिबोधिकश्रुतावधिमनःपर्ययकेवलं च तद्भवत्येकमेव पदं । स एष परमार्थो यं लब्ध्वा निर्वृतिं याति ।

आत्मा किल परमार्थः तत्तु ज्ञानं, आत्मा च एक एव पदार्थः, ततो ज्ञानमप्येकमेव पदं, यदेतत्तु ज्ञानं नामैकं पदं स एष परमार्थः साक्षान्मोक्षोपायः । न चाभिनिबोधिकादयो भेदा इदमेकपदमिह भिंदंति । किं तु तेऽपीदमेवैकं पदमभिनंदंति । तथाहि—यथात्र सवितुर्घनपटलावगुंठितस्य तद्विघटनानुसारेण प्राकट्यमासादयतः प्रकाशनातिशयभेदा न तस्य प्रकाशस्वभावं भिंदंति ।

नामसंज्ञ—आभिणिसुदोहिमणकेवल, च, त, एक्क, एव, पद, त, एत, परमट्ठ, ज, णिव्वुदि । **धातुसंज्ञ**—हो सत्तायां, लभ प्राप्तौ, जा गतौ । **प्रातिपदिक**—आभिनिबोधिकश्रुतावधिमनःपर्ययकेवल, च, तत्,

---

ही करते हैं । इसलिये जिसमें समस्त भेद दूर हो गये हैं ऐसे आत्माके स्वभावभूत एक ज्ञान को ही आलम्बन करना चाहिये । उस ज्ञानके आलम्बनसे ही निज पदकी प्राप्ति होती है, उसी से भ्रमका नाश होता है, उसीसे आत्माका लाभ होता है और अनात्माके परिहारकी सिद्धि होती है । ऐसा होनेपर कर्मके उदयकी मूर्छा नहीं होती, राग द्वेष मोह नहीं उत्पन्न होते, रागद्वेष मोहके बिना फिर कर्मका आस्रव नहीं होता, आस्रव न होनेसे फिर कर्मबंध नहीं होता, और जो पहले कर्म बाँधे थे वे उपभुक्त होते हुए निर्जराको प्राप्त होते हैं और तब सब कर्मोंका अभाव होनेसे साक्षात् मोक्ष होता है ।

भावार्थ—ज्ञानमें भेद कर्मोंके विघटन (क्षयोपशमादि) के अनुसार होते हैं सो वे ज्ञानविकासभेद कुछ ज्ञानसामान्यको अज्ञानरूप नहीं करते, बल्कि ज्ञानस्वरूपको ही प्रगट करते हैं । इसलिए भेदोंको गौण कर एक ज्ञानसामान्यका आलम्बन करके आत्माका ध्यान करना । इसीसे सब सिद्धि होती है ।

अब इसी अर्थको कलशमें कहते हैं—**अच्छाच्छाः** इत्यादि । **अर्थ**—समस्त पदार्थोंके समूहरूप रसके पीनेके बहुत बोझसे मानो मतवाले हुए अनुभवमें आये हुए ज्ञानके भेद निर्मल से निर्मल अपने आप उछलते हैं—वह यह भगवान अद्भुतनिधि वाला चैतन्यरूप समुद्र उठती हुई लहरोंसे अभिन्नरस हुआ एक होनेपर भी अनेकरूप हुआ दोलायमान प्रवर्तता है । **भावार्थ**—जैसे बहुत रत्नोंसे भरा समुद्र सामान्यदृष्टिसे देखो तो एक जलसे भरा है तो भी

तथाऽऽत्मनः कर्मपटलोदयावगुंठितस्य तद्विघटनानुसारेण प्राकट्यमासादयतो ज्ञानातिशयभेदा न तस्य ज्ञानस्वभावं भिद्युः, किं तु प्रत्युतमभिनंदेयुः। ततो निरस्तसमस्तभेदमात्मस्वभावभूतं ज्ञानमेवैकमालम्ब्यं। तदालंबनादेव भवति पदप्राप्तिः, नश्यति भ्रांतिः, भवत्यात्मलाभः, सिद्धत्यनात्मपरिहारः, न कर्म मूर्छति, न रागद्वेषमोहा उत्प्लवंते, न पुनः कर्म आस्रवति, न पुनः कर्म

एक०, एव, पद, ज्ञा, दृ, एतन्नर्थं, अत् गिर्हति। **मूलधातु**—भू सत्तायां, वा प्रापणे। **पदविवरण**—आभिणिसुदोहिमणकेवलं आभिनिबोधिकश्रुतावधिमनःपर्ययकेवलं—प्रथमा एकवचन। च—अव्यय। तं, तत्—प्रथमा एक०। होदि भवति—वर्तमान लट् अन्य पुरुष एक०। एक्कं एकं—प्रथमा एक०। एव—अव्यय। पदं—

उसमें निर्मल छोटी बड़ी अनेक लहरें उठती हैं वे सब तरंगें एक जलरूप ही हैं उसी तरह यह आत्मा ज्ञानसमुद्र है सो एक ही है इसमें अनेक गुण हैं और कर्मके निमित्तसे ज्ञानके अनेकभेद अपने आप व्यक्तिरूप होकर प्रगट होते हैं सो उन सब ज्ञान व्यक्तियोंको एक ज्ञानरूप ही जानना, खंड खंड रूप नहीं।

अब और क्या ?—**क्लिश्यंतां** इत्यादि। **अर्थ**—कोई जीव दुष्करतर क्रियाओंसे तथा मोक्षसे परान्मुख कर्मोंसे स्वयमेव मनचाहा भले ही क्लेश करें और कोई मोक्षके सन्मुख याने कथंचित् जिनाज्ञामें कहे गये ऐसे महाव्रत तथा तपके भारसे बहुत काल तक भग्न (पीड़ित) हुए भी क्रियाओंसे भले ही क्लेश करें, किन्तु साक्षात् मोक्षस्वरूप तो यह निरामयपदभूत तथा अपनेसे ही आप वेदने योग्य ज्ञानपद है इसे ज्ञान गुणके बिना किसी तरहके कष्ट से भी वे प्राप्त करनेके लिये समर्थ नहीं हैं। **भावार्थ**—ज्ञानस्वभावकी प्राप्ति ज्ञानवृत्तिसे ही हो सकती है, बाह्य आचरण तो अशुभसे हटाकर ज्ञानवृत्तिसे रहनेका मौका देते हैं।

प्रसंगविवरण—अनन्तरपूर्व गाथामें बताया गया था कि शाश्वत एकस्वरूप होनेसे ज्ञानमात्र स्वभाव ही मात्र एक आत्माका पद है। अब इस गाथामें उसी ज्ञानैकत्वका समर्थन किया गया है।

तथ्यप्रकाश—१— अपना आत्मा अपना परम पदार्थ है। २— ज्ञानस्वरूप होनेसे सब द्रव्योंमें याने पदार्थोंमें भी परम पदार्थ है। ३— अपने आप आत्मा एक ही पदार्थ है और ज्ञानस्वभाव ही आत्मपदार्थका एकमात्र पद है। ४— आत्माका जो एक शाश्वत ज्ञानमात्र पद है उसका आश्रय ही वास्तवमें मोक्षमार्ग है। ५— मतिज्ञान, श्रुतज्ञान, अवधिज्ञान, मनःपर्ययज्ञान, केवलज्ञान ये ज्ञानगुणकी पर्यायें आत्माके शाश्वत ज्ञानमात्र पदका भेदन नहीं करते, किन्तु एक ज्ञानमात्र पदको ही प्रसिद्ध करते हैं। ६— अभेद आत्मस्वभावभूत एक ज्ञानमात्र सहजभावका आलम्बन करनेसे आत्मपदकी प्राप्ति होती है। ७— आत्मपदकी प्राप्ति होते ही

क्षयते, प्राग्बद्धं कर्मोपभुक्तं निर्जीर्यते, इतरकर्माभावात् साक्षान्मोक्षो भवति ॥ अच्छाच्छः स्वयमुच्छलंति यदिमाः संवेदनव्यक्तयो निष्पीताखिलभावमंडलरसप्राग्भारमत्ता इव । यस्याभिन्नरसः स एष भगवानेकोऽप्यनेकीभवन् बलात्स्युत्कलिकाभिरद्भुतनिधिश्चैतन्यरत्नाकरः ॥१४१॥ किंच—विलश्यंतां स्वयमेव दुष्करतरैर्मोक्षोन्मुखैः कर्मभिः क्लिश्यंतां च परे महाव्रततपोभारेण भग्नाश्चिरं । साक्षान्मोक्ष इदं निरामयपदं संवेद्यमानं स्वयं ज्ञानं ज्ञानगुणं विना कथमपि प्राप्तुं क्षमंते न हि ॥१४२॥ ॥ २०४ ॥

प्रथमा एक० । सो सः—प्र० ए० । एसो एषः—प्र० ए० । परमट्ठो परमार्थः—प्र० ए० । जं यं—द्वितीया एक० । लहिदुं लब्ध्वा—असमाप्तिकी क्रिया । णिव्वुदिं निर्वृतिं—द्वि० एक० । जादि याति—वर्तमान लट् अन्य पुरुष एकवचन क्रिया ॥ २०४ ॥

आत्मभ्रान्ति नष्ट होती है । ८— आत्मभ्रान्ति नष्ट होते ही आत्मलाभ होता है । ९— आत्मलाभ होते ही अनात्मतत्त्वका परिहार होता है । १०— अनात्मतत्त्वका परिहार होते ही कर्मोदय मूर्च्छा नहीं कर पाते हैं । ११— कर्मोदयमूर्च्छा नष्ट होते ही राग द्वेष मोह नहीं होते । १२— रागादिका अभाव होनेपर फिर कर्मका आस्रव नहीं होता । १३— कर्मास्रव न होनेपर कर्मबन्ध नहीं होता । १४— कर्मास्रवका व कर्मबन्धका अभाव होनेपर प्राग्बद्ध कर्म भुगकर निर्जीर्ण हो जाते हैं । १५— आस्रवाभाव, बन्धाभाव व निर्जरा हो होकर समस्त कर्मका अभाव होते ही साक्षात् मोक्ष हो जाता है । १६— इस स्वसंवेद्य शाश्वत ज्ञानमात्र आत्मपदके पाये बिना कोई कितने ही कठोर व्रत तप आदि करे तो भी उसका मोक्ष असम्भव है । वह सब चेष्टा क्लेशमात्र है ।

सिद्धान्त—१— मति श्रुत अवधि मनःपर्ययज्ञान आत्माके एकदेश शुद्ध विभाव गुणव्यञ्जन पर्यायें हैं । २— केवलज्ञान आत्माका स्वभावगुणव्यञ्जनपर्याय है । ३— शाश्वत ज्ञानमात्र सहज भाव आत्माका शाश्वत आत्मभूत स्वभाव है ।

दृष्टि—१— उपादानदृष्टि (४९ब) । २— सभेद शुद्धनिश्चयनय (४६अ) । ३— अखंड परमशुद्धनिश्चयनय (४४) ।

प्रयोग—निर्विकल्प निराकुल आत्मानुभव पानेके लिये व्यक्तरूप मतिज्ञान श्रुतज्ञान अवधिज्ञान आदि ज्ञानपर्यायोंके स्रोतभूत एक ज्ञानमात्रस्वभावका उपयोग करने व बनाये रहने का पौरुष करना ॥ २०४ ॥

अब ज्ञानलाभका उपदेश करते हैं—हे भव्य [यदि] यदि तुम [कर्मपरिमोक्षं] कर्म का सब तरफसे मोक्ष करना [इच्छसि] चाहते हो [तु] तो [तत् एतत् नियतं] उस इस

णाणगुणेण विहीणा एयं तु पयं बहूवि ण लहंति ।
तं गिण्ह णियदमेदं जदि इच्छसि कम्मपरिमोक्खं ॥२०५॥

ज्ञानगुणहीन आत्मा, इस पदको प्राप्त कर नहीं सकते ।
सो यह नियत गहो पद, यदि चाहो कर्मसे मुक्ति ॥२०५॥

ज्ञानगुणेन विहीना एतत्तु पदं बहवोऽपि न लभंते । तद्गृहाण नियतमेतद् यदीच्छसि कर्मपरिमोक्षं ॥२०५॥

यतो हि सकलेनापि कर्मणा कर्मणि ज्ञानस्याप्रकाशनात् ज्ञानस्यानुपलंभः । केवलेन ज्ञानेनैव ज्ञान एव ज्ञानस्य प्रकाशनाद् ज्ञानस्योपलंभः । ततो बहवोऽपि बहुनापि कर्मणा ज्ञान-

---

नामसंज्ञ—णाणगुण, विहीण, एत, तु, पय, बहु, वि, ण, त, णियद, एत, जदि, कम्मपरिमोक्ख । **धातुसंज्ञ**—लभ प्राप्तौ, गिण्ह ग्रहणे, इच्छ इच्छायां । **प्रातिपदिक**—ज्ञानगुण, विहीन, एतत्, तु, पद बहु, अपि, न, तत्, नियत, एतत्, यदि, कर्मपरिमोक्ष । **मूलधातु**—डुलभष प्राप्तौ, ग्रह उपादाने, इषु इच्छायां । **पदविवरण**—णाणगुणेण ज्ञानगुणेन—तृतीया एकवचन । विहीणा विहीनाः—प्रथमा बहुवचन । एयं एतत्—

निश्चित ज्ञानको [गृहाण] ग्रहण कर । क्योंकि [ज्ञानगुणेन विहीनाः] ज्ञान गुणसे रहित [बहवः अपि] अनेकों पुरुष भी [एतत् पदं] इस ज्ञानस्वरूप पदको [न लभंते] नहीं प्राप्त करते ।

तात्पर्य—ज्ञानसे ज्ञानमें सहजज्ञानस्वरूपका अनुभव किये बिना इस केवल ज्ञानस्वरूप पदको प्राप्त नहीं किया जा सकता ।

टीकार्थ—जिस कारण समस्त भी कर्मों द्वारा कर्मोंमें ज्ञानका प्रकाशन न होनेके कारण ज्ञानका पाना नहीं होता, केवल एक ज्ञान द्वारा ही ज्ञानमें ज्ञानका प्रकाशन होनेके कारण ज्ञानसे ही ज्ञानका पाना होता है । इस कारण ज्ञानशून्य बहुतसे प्राणी अनेक प्रकारके कर्मोंके करनेपर भी इस ज्ञानके पदको प्राप्त नहीं करते और इस पदको न पाते हुए वे कर्मोंसे नहीं छूटते । इस कारण कर्ममोक्षके अभिलाषी भव्यको तो केवल एक ज्ञानके अवलम्बन द्वारा नियत इसी एक पदको प्राप्त करना चाहिये । **भावार्थ**—ज्ञानसे ही मोक्ष होता है कर्म करनेसे नहीं । इस कारण मोक्षार्थीको ज्ञानका ही ध्यान करना चाहिये ।

अब इसी अर्थको कलशमें कहते हैं—पदमिदं इत्यादि । **अर्थ**—यह ज्ञानमय पद कर्म करनेसे तो दुष्प्राप्य है और स्वाभाविक ज्ञानकी कलासे सुलभ है । इस कारण अपने निज ज्ञानकी कलाके बलसे इस ज्ञानको ग्रहण करनेके लिये सब जगत् अभ्यासका यत्न करो । **भावार्थ**—यहाँ समस्त कर्मकाण्डके पक्षसे छुड़ाकर ज्ञानके अभ्यास करनेका उपदेश किया है । यहाँ ज्ञानकी कला कहनेसे ऐसा सूचित होता है कि जब तक पूर्णकला प्रकट न हो तब तक जो ज्ञान है

शून्या नेदमुपलभंते । इदमनुपलभमानाश्च न कर्मभिर्विप्रमुच्यंते ततः कर्ममोक्षार्थिना केवलज्ञानावष्टंभेन नियतमेवेदमेकं पदमुपलंभनीयं ॥ पदमिदं ननु कर्मदुरासदं सहजबोधकलासुलभं किल । तत इदं निजबोधकलाबलात्कलयितुं यतयो यतंतां अतुलं ॥१४२॥ ॥ २०५ ॥

द्वितीया एकवचन । पयं पदं–द्वितीया एक० । बहू बहवः–प्रथमा बहु० । वि अपि–अव्यय । ण न–अव्यय । लहंति लभंते–वर्तमान लट् अन्य पुरुष बहु० । तं तद्–द्वितीया एक० । गिण्ह गृहाण–आज्ञार्थे लोट् मध्यम पुरुष एक० । णियदं नियतं–द्वि० ए० । एदं एतत्–द्वितीया एक० । जदि यदि–अव्यय । इच्छसि–वर्तमान लट् मध्यम पुरुष एकवचन । कम्मपरिमोक्खं कर्मपरिमोक्षं–द्वितीया एकवचन ॥२०५॥

वह हीन कलास्वरूप है मतिज्ञानादिरूप है । उस ज्ञानकी कलाके अभ्याससे पूर्णकला याने केवलज्ञानस्वरूप कला प्रकट होती है ।

प्रसंगविवरण—अनन्तरपूर्व गाथामें बताया गया था कि जिसका लाभ पाकर ही मोक्ष प्राप्त होता है उस सहज ज्ञानमात्र आत्मपदका आलंबन लेना चाहिये । अब इस गाथामें उसी तथ्यका व्यतिरेक सम्बन्ध पूर्वक समर्थन करके इस ज्ञानपदके ग्रहणका अनुरोध किया है ।

तथ्यप्रकाश—(१) ज्ञानकी उपलब्धि केवल ज्ञानके ज्ञानमें ही ज्ञानके प्रकाशनसे होती है । (२) समस्त कर्मों (क्रियावों) द्वारा भी कर्ममें ज्ञानका प्रकाश असम्भव है, अतः कर्मसे ज्ञानकी उपलब्धि नहीं होती । (३) ज्ञानशून्य क्रियाकाण्डके पक्षपाती अनेक कर्मोंको करके भी इस ज्ञानपदको प्राप्त नहीं कर पाते । (४) शाश्वत ज्ञानमात्र आत्मपदको न पाने वाले कर्मोंसे नहीं छूट सकते । (५) कर्मसे मोक्ष चाहने वाले पुरुषोंको केवल ज्ञानके आलम्बन द्वारा इस एक नियत ज्ञानमात्र आत्मपदका आलम्बन लेना चाहिये । (६) यह सहज ज्ञानमात्र आत्मपद सहजज्ञानकला द्वारा सुलभ है । (७) कल्याण चाहने वाले जीवोंको निज ज्ञानकलाके बलसे एक नियत अपने सहज ज्ञानस्वभावका उपयोग करनेका प्रयत्न करना चाहिये ।

सिद्धान्त—(१) ज्ञानगुणरहित याने अज्ञानी जीव ज्ञानमात्र इस आत्मपदको न प्राप्त कर अपद विकारोंमें ही रमते हैं । (२) एक सहज ज्ञानमात्र आत्मपदका आलम्बन होनेपर कर्ममोक्ष होता है ।

दृष्टि—१– अशुद्धनिश्चयनय (४७) । शुद्धभावनापेक्ष शुद्ध द्रव्यार्थिकनय (२४ब) ।

प्रयोग—समस्त कर्मविपदावोंसे मुक्तिका लाभ लेनेके लिये नियत शाश्वत एक सहज ज्ञानमात्र स्वभावकी दृष्टि प्रतीति अनुभूति बनाये रहनेका पौरुष करना ॥ २०५ ॥

और क्या ? **[एतस्मिन्]** हे भव्य जीव इस ज्ञानमें **[नित्यं]** सदा **[रतः भव]** रुचिसे लीन होओ और **[एतस्मिन्]** इसीमें **[नित्यं]** हमेशा **[संतुष्टः]** भव संतुष्ट होओ और **[एतेन]** इसी

किञ्च—

एदह्मि रदो णिच्चं संतुट्ठो होहि णिच्चमेदह्मि ।
एदेण होहि तित्तो होहदि तुह उत्तमं सोक्खं ॥२०६॥

इस ज्ञानमें सदा रत, होओ संतुष्ट नित्य इस ही में ।
इससे हि तृप्त होओ, सुख तेरे उत्तम हि होगा ॥२०६॥

एतस्मिन् रतो नित्यं संतुष्टो भव नित्यमेतस्मिन् । एतेन भव तृप्तो भविष्यति तवोत्तमं सौख्यं ॥ २०६ ॥

एतावानेव सत्य आत्मा यावदेतज्ज्ञानमिति निश्चित्य ज्ञानमात्र एव नित्यमेव रतिमुपैहि । एतावत्येव सत्याशीः, यावदेतज्ज्ञानमिति निश्चित्य ज्ञानमात्रेणैव नित्यमेव संतोषमुपैहि । एतावदेव सत्यमनुभवनीयं यावदेव ज्ञानमिति निश्चित्य ज्ञानमात्रेणैव नित्यमेव तृप्तिमुपैहि ।

नामसंज्ञ—एत, रद, णिच्चं, संतुट्ठ, णिच्चं, एत, एत, तित्त, तुम्ह, उत्तम, सोक्ख । **धातुसंज्ञ**—हो सत्तायां, तुस संतोषे, लिप्प तृप्तौ । **प्रातिपदिक**—एतत्, रत, नित्यं, संतुष्ट, नित्यं, एतत्, तृप्त, युष्मद्, उत्तम, सौख्य । **मूलधातु**—रमु क्रीडायां भ्वादि, सम्-तुष प्रीतौ दिवादि, भू सत्तायां, तृप् प्रीणने दिवादि । **पदविवरण**—एदम्हि एतस्मिन्—सप्तमी एक० । रदो रतः—प्रथमा एक० कृदन्त । णिच्चं नित्यं—अव्यय ।

से [तृप्तः भव] तृप्त होओ, अन्य कुछ इच्छा न रहे; ऐसे अनुभवसे [तव] तेरे [उत्तमं सुखं] उत्तम सुख [भविष्यति] होगा ।

तात्पर्य—रुचिपूर्वक याने हितश्रद्धासहित सहज ज्ञानस्वरूपमें मग्न होकर तृप्त रहनेमें ही उत्तम शान्ति है ।

टीकार्थ—हे भव्य, इतना ही सत्य आत्मा है जितना यह ज्ञान है, ऐसा निश्चय करके ज्ञानमात्र आत्मामें ही निरंतर प्रीतिको प्राप्त होओ । इतना ही सत्य आशीष है, जितना यह ज्ञान है ऐसा निश्चय करके ज्ञानमात्रसे ही नित्य संतोषको प्राप्त होओ । इतना ही सत्यार्थ अनुभव करने योग्य है, जितना यह ज्ञान है ऐसा निश्चय करके ज्ञानमात्रसे ही नित्य तृप्तिको प्राप्त होओ । इस प्रकार नित्य ही आत्मामें रत, आत्मामें संतुष्ट, आत्मामें तृप्त हुए तेरे वचनातीत नित्य उत्तम सुख होगा, और उस सुखको उसी समय तुम स्वयमेव ही देखोगे, दूसरों को मत पूछो । **भावार्थ**—ज्ञानमात्र आत्मामें लीन होना, इसीमें संतुष्ट रहना और इसीसे तृप्त होना यह परम ज्ञानवृत्ति है । इसीसे वर्तमानमें आनन्दरूप होता है और उसके बाद ही सम्पूर्ण ज्ञानानन्दस्वरूप केवलज्ञानकी प्राप्ति होती है ।

अब ज्ञानीकी महिमा बताते हैं—अचिंत्य इत्यादि । **अर्थ**—जिस कारण यह चैतन्यमात्र चिंतामणि वाला अचिन्त्यशक्तिमान ज्ञानी, स्वयमेव आप देव है । इस कारण ज्ञानीके

अथैवं तव तन्नित्यमेवात्मरतस्य, आत्मसंतुष्टस्य, आत्मतृप्तस्य च वाचामगोचरं सौख्यं भविष्यति । तत्तु तत्क्षण एव त्वमेव स्वयमेव द्रक्ष्यसि मा अन्यान् प्राक्षीः ॥ अचिंत्यशक्तिः स्वयमेव देवश्चिन्मात्रचिंतामणिरेष यस्मात् । सर्वार्थसिद्धात्मतया विधत्ते ज्ञानी किमन्यस्य परिग्रहेण ॥१४४॥ ॥ २०६ ॥

संतुट्ठो संतुष्टः–प्रथमा एक० । होहि भव–आज्ञार्थ लोट् मध्यम पुरुष एक० । णिच्चं नित्य–अव्यय । एदम्हि एतस्मिन्–सप्तमी एक० । एदेण एतेन–तृतीया एक० । होहि भव–आज्ञार्थ लोट् मध्यम पुरुष एक० । तित्तो तृप्तः–प्रथमा एक० । होहदि भविष्यति–भविष्यत् लृट् अन्य पुरुष एक० क्रिया । तुह तव–षष्ठी एक० । उत्तमं–प्रथमा एक० । सोक्खं सौख्यं–प्रथमा एकवचन ॥ २०६ ॥

सब प्रयोजन सिद्ध हैं, ज्ञानी अन्यके परिग्रहणसे क्या करेगा ? **भावार्थ**—यह ज्ञानमूर्ति आत्मा अनन्त शक्तिधारक सर्वार्थसिद्धस्वरूप स्वयं देव है । फिर ज्ञानीके अन्य परिग्रहके सेवन करने से क्या साध्य है ? कुछ भी नहीं ।

प्रसंगविवरण—अनन्तरपूर्व गाथामें बताया गया था कि ज्ञानगुणसे रहित जीव सहज ज्ञानमय आत्मपद नहीं पाते, अतः मोक्षके इच्छुक आत्मा इस सहज ज्ञानमात्र भावको ग्रहण करें । अब इस गाथामें बताया है कि सहज ज्ञानमात्र आत्मपदको ग्रहण कर इसीमें रत होओ, संतुष्ट होवो व तृप्त होओ ।

तथ्यप्रकाश—(१) जितना यह ज्ञानमात्र भाव है इतना ही यह सत्य आत्मा है अतः इस सहज ज्ञानमात्र भावमें ही नित्य रुचि करो । (२) जितना यह ज्ञानमात्र है इतना ही सत्य आशीष है, अतः ज्ञानमात्रभावके द्वारा इस ज्ञानमात्रमें ही सदा संतुष्ट रहो । (३) जितना यह ज्ञानमात्र भाव है इतना ही सत्य अनुभवनेके योग्य है, अतः ज्ञानमात्र भावके ही द्वारा नित्य तृप्त रहो । (४) आत्मरत आत्मसंतुष्ट आत्मतृप्त आत्मामें अलौकिक आनन्द स्वयं प्राप्त होता है । (५) जो सहज ज्ञानमात्र आत्मपदमें रमते हैं उनके सर्वार्थ सिद्ध हैं, उन्हें अन्य पदार्थ के परिग्रहणका कुछ प्रयोजन नहीं रहता ।

सिद्धान्त—(१) सहजज्ञानस्वभावमें रमने वाले ज्ञानी स्वतंत्र सहज आनन्दका अनुभव करते हैं । (२) आत्मपदसे अनभिज्ञ अज्ञानी जीव ही कर्मरसविषयक विकल्पमें रमण कर आकुलताका अनुभव करते हैं ।

दृष्टि—१– अनीश्वरनय (१८६) । २– अशुद्धनिश्चयनय (४७) ।

प्रयोग—परमार्थ आनन्द पानेके लिये सहज ज्ञानस्वभावमात्र अन्तस्तत्त्वमें रमने व तृप्त रहनेका पौरुष करना ॥ २०६ ॥

कुतो ज्ञानी न परं गृह्णातीति चेत्—

को णाम भणिज्ज बुहो परदव्वं मम इमं हवदि दव्वं ।
अप्पाणमप्पणो परिग्गहं तु णियदं वियाणंतो ॥२०७॥

कौन सुधी है ऐसा, जो परद्रव्यको कह उठे मेरा ।
आत्मपरिग्रह आत्मा, निश्चयसे जानता भी यह ॥२०७॥

को नाम भणेद् बुधः परद्रव्यं ममेदं भवति द्रव्यं । आत्मानमात्मनः परिग्रहं तु नियतं विजानन् ॥२०७॥

यतो हि ज्ञानी, यो हि यस्य स्वो भावः स तस्य स्वः । स तस्य स्वामीति खरतर

नामसंज्ञ—क, णाम, बुह, परदव्व, अम्ह, इम, दव्व, अप्प, अप्प, परिग्गह, तु, णियदं, वियाणंत । **धातुसंज्ञ**—भण कथने, हव सत्तायां, वि-जाण अवबोधने । **प्रातिपदिक**—किम्, नामन्, बुध, परद्रव्य, अस्मद्, इदम्, द्रव्य, आत्मन्, आत्मन्, परिग्रह, तु, नियत, विजानत् । **मूलधातु**—भण शब्दार्थे, बुध अवगमने, भू सत्तायां, परि-गृह ग्रहणे, वि-ज्ञा अवबोधने क्र्यादि । **पदविवरण**—को कः—प्रथमा एकवचन । णाम नाम—प्रथमा एक० । भणिज्ज भणेत्—लिङ् अन्य पुरुष एक० क्रिया । परदव्वं परद्रव्यं—प्रथमा एक० । मम—

अब पूछते हैं कि ज्ञानी परद्रव्यको क्यों नहीं ग्रहण करता ? उत्तर—[आत्मानं तु] अपने आत्माको ही [नियतं] निश्चित रूपसे [आत्मनः परिग्रहं] अपना परिग्रह [विजानन्] जानता हुआ [कः नाम बुधः] ऐसा कौन ज्ञानी पंडित है ? जो [इदं परद्रव्यं] यह परद्रव्य [ममद्रव्यं] मेरा द्रव्य [भवति] है [भणेत्] ऐसा कहे ।

तात्पर्य—ज्ञानी पुरुष परद्रव्यमें स्वत्वकी कल्पना नहीं करता ।

टीकार्थ—चूंकि ज्ञानी "जो जिसका निजभाव है वही उसका स्व है, और उसी स्वभाव रूप द्रव्यका वह स्वामी है" ऐसे सूक्ष्म तीक्ष्ण तत्त्वदृष्टिके अवलंबनसे आत्माका परिग्रह अपने आत्मस्वभावको ही जानता है, इस कारण "यह मेरा स्व नहीं, मैं इसका स्वामी नहीं" यह जानकर परद्रव्यको ग्रहण नहीं करता । **भावार्थ**—विवेकी मनुष्य परवस्तुको अपनी नहीं जानता हुआ उसको ग्रहण नहीं करता उसी तरह परमार्थज्ञानी अपने स्वभावको ही अपना धन जानता है परके भावको अपना नहीं जानता, इस कारण ज्ञानी परको ग्रहण नहीं करता ।

प्रसंगविवरण—अनन्तरपूर्व गाथामें बताया गया था कि सहजज्ञानमात्र आत्मपदमें रमने, संतुष्ट होने व तृप्त होनेपर उत्तम आनंद प्राप्त होता है, फिर उसे अन्य पदार्थका परिग्रह करनेकी आवश्यकता नहीं होती । अब इस गाथामें बताया है कि ज्ञानी परपदार्थको ग्रहण क्यों नहीं करता ?

तथ्यप्रकाश—(१) ज्ञानीके यह दृढ़ निर्णय है कि जिसका जो निजभाव है वही

तत्त्वदृष्ट्यवष्टंभाद् आत्मानमात्मनः परिग्रहं तु नियमेन विजानाति । ततो न ममेदं स्वं नाहमस्य स्वामी इति परद्रव्यं न परिगृह्णाति ॥२०७॥

षष्ठी एक० । इमं इदं–प्र० ए० । हवदि भवति–वर्तमान लट् अन्य पुरुष एक० क्रिया । दव्वं द्रव्यं–प्रथमा एक० । अप्पाणं आत्मानं–द्वितीया एक० । अप्पणो आत्मनः–षष्ठी एक० । परिग्गहं परिग्रहं–द्वितीया एकवचन । तु–अव्यय । णियदं नियतं–अव्यय यथा स्यात्तथा । वियाणंतो विजानन्–प्रथमा एकवचन ॥२०७॥

उसका स्व है और वही उस स्वका स्वामी है । (२) स्व व स्वामित्वका अभेदपरिचय होनेसे ज्ञानी अपना परिग्रह अपने आपको ही जानता है । (३) ज्ञानीका परद्रव्यके बारेमें भी अपने प्रयोगके लिये दृढ़ निर्णय है कि यह (परद्रव्य) मेरा स्व नहीं है और न मैं इसका (परद्रव्यका) स्वामी हूं । (४) अपने स्वरूपको ही अपना सर्वस्व माननेके कारण ज्ञानी जीव परद्रव्यको ग्रहण नहीं करता ।

सिद्धान्त—१– परद्रव्यका द्रव्य, क्षेत्र, काल, भाव मुझमें होना असम्भव होनेसे परद्रव्य मेरा कुछ नहीं है । २– आत्माका सर्वस्व यह स्वयं आत्मा है ।

दृष्टि—१– प्रतिषेधक शुद्धनय (४६अ) । २– उपादानदृष्टि (४६ब) ।

प्रयोग—दुःखके हेतुभूत भ्रमभावको दूर करनेके लिये परद्रव्यको अपनेसे भिन्न निरखना व अपने आपके सर्वस्वभूत ज्ञानमात्र भावको ही उपयोगमें लेना ॥ २०७ ॥

इस कारण मैं भी परद्रव्यका ग्रहण नहीं करता हूं—[**यदि**] यदि [**परिग्रहः**] परिग्रह [**मम**] मेरा हो [**ततः**] तो [**अहं**] मैं [**अजीवतां**] अजीवपनेको [**गच्छेयं**] प्राप्त हो जाऊँगा [**तु यस्मात्**] तो चूंकि [**अहं**] मैं [**ज्ञाता एव**] ज्ञाता ही हूं [**तस्माद्**] इस कारण [**परिग्रहः**] कुछ भी परिग्रह [**मम**] मेरा [**न**] नहीं है ।

तात्पर्य—मैं वह हूं जो मेरेसे तन्मय है । बाह्य परिग्रह मेरेसे अत्यन्त भिन्न है, अतः स्वस्वरूपातिरिक्त कुछ भी मेरा नहीं है ।

टीकार्थ—यदि मैं अजीव परद्रव्यको ग्रहण करूं तो यह अजीव मेरा स्व अवश्य हो जाय और मैं भी उस अजीवका अवश्य स्वामी ठहरूं । परन्तु अजीवका जो स्वामी है वह निश्चयसे अजीव ही होता है इस तरह मेरे विवशपनेसे अजीवपना आ पड़ेगा । किन्तु मेरा तो एक ज्ञायकभाव ही स्व है, उसीका मैं स्वामी हूं, इस कारण मेरे अजीवपना मत होओ, मैं तो ज्ञाता ही होऊंगा परद्रव्यको नहीं ग्रहण करूंगा यह मेरा निश्चय है । **भावार्थ**—वस्तुतः जीवमें तन्मय तो जीवस्वरूप ही है उसीसे जीवका स्वस्वामीसम्बंध है । और अजीवके स्वरूपके साथ अजीवका स्वस्वामीसम्बन्ध है । इस कारण यदि अजीव परिग्रह जीवका माना

अतोऽहमपि न तत् परिगृह्णामि—

मज्झं परिग्गहो जइ तदो अहमजीवदं तु गच्छेज्ज ।
णादेव अहं जह्मा तह्मा ण परिग्गहो मज्झ ॥२०८॥

अन्य परिग्रह मेरा, यदि हो मुझमें अजीवपन होगा ।
ज्ञाता हो मैं इससे, कोइ परिग्रह नहीं मेरा ॥२०८॥

मम परिग्रहो यदि ततोऽहमजीवतां तु गच्छेयं । ज्ञातैवाहं यस्मात्तस्मान्न परिग्रहो मम ॥ २०८ ॥

यदि परद्रव्यमजीवमहं परिगृह्णीयां तदावश्यमेवाजीवो ममासौ स्वः स्यात् । अहमप्यवश्यमेवाजीवस्यामुष्य स्वामी स्यां । अजीवस्य तु यः स्वामी, स किलाजीव एव । एवमवशेनापि

नामसंज्ञ—अम्ह, परिग्गह, जइ, तदो, अम्ह, अजीवद, तु, णादा, एव, अम्ह, ज, त, ण, परिग्गह, अम्ह । **धातुसंज्ञ**—गच्छ गतौ, परि ग्गह ग्रहणे । **प्रातिपदिक**—अस्मद्, परिग्रह, यदि, ततः, अस्मद्, अजीवता, तु, ज्ञातृ, एव, अस्मद्, यत्, तत्, न, परिग्रह, अस्मद् । **मूलधातु**—गम्लृ गतौ, परि-गृह ग्रहणे । **पदविवरण**— मम मज्झं—षष्ठी एक० । परिग्गहो परिग्रहः—प्रथमा एकवचन । जइ यदि—अव्यय । तदो ततः—

जाए तो जीव अजीवपनेको प्राप्त हो जाय यह आपत्ति आवेगी । अतः परमार्थसे जीवके अजीवका परिग्रह मानना मिथ्याबुद्धि है । ज्ञानीके मिथ्याबुद्धि नहीं होती । ज्ञानीकी दृढ़ आस्था है कि परद्रव्य मेरा परिग्रह नहीं है, मैं तो मात्र ज्ञाता हूं ।

प्रसंगविवरण—अनन्तरपूर्व गाथामें बताया गया था कि ज्ञानी परद्रव्यको क्यों नहीं ग्रहण करता । इसका कारण जानकर अब इस गाथामें कहा है कि इस कारण मैं भी परद्रव्य को ग्रहण नहीं करता ।

तथ्यप्रकाश—(१) पदार्थ मात्र अपने स्वरूपको ही ग्रहण करता है । (२) यदि मैं अचेतन परद्रव्यको ग्रहण कर लूं तो वह परद्रव्य मेरा स्व बन जायगा और मैं भी उस अचेतन परद्रव्यका स्वामी बन बैठूंगा यह दोष आता है । (३) चूंकि अचेतनका स्वामी अचेतन ही होता है और मैं बन बैठा अचेतन परद्रव्यका स्वामी तो मैं भी अचेतन हो जाऊँगा यह दोष आता है । (४) अन्य जीव भी मेरा स्व नहीं है, क्योंकि अन्य जीव मेरा स्व हो जाय तो मैं अन्यरूप हो जाऊँगा मेरी सत्ता न रहेगी यह दोष आता है । (५) मैं अचेतन परद्रव्य हो ही नहीं सकता, क्योंकि एक ज्ञायकभाव ही मेरा है, इस ज्ञायकभावका मैं स्वामी हूं । (६) मैं अन्य जीवरूप हो ही नहीं सकता, क्योंकि मैं निज चैतन्यस्वरूपास्तित्वसे तन्मय हूं, अन्य जीव अपने-अपने चैतन्यस्वरूपास्तित्वसे तन्मय हैं । (७) चूंकि मैं ज्ञाता ही रहता हूं अन्य द्रव्यरूप नहीं होता, इस कारण मैं किसी भी परद्रव्यको नहीं ग्रहण करता ।

ममाजीवत्वमापद्येत । मम तु एको ज्ञायक एव भावः यः स्वः, अस्यैवाहं स्वामी, ततो माभून्ममाजीवत्वं ज्ञातैवाहं भविष्यामि न परद्रव्यं परिगृह्णामि, अयं च मे निश्चयः ॥ २०८ ॥

अहं–प्र० ए० । अजीवदं अजीवतां–द्वितीया ए० । तु–अव्यय । गच्छेज्ज गच्छेयं–लिङ् उत्तम पुरुष एक० । णादा ज्ञाता–प्र० ए० । एव–अव्यय । अहं–प्रथमा एक० । जम्हा यस्मात्–पंचमी एक० । तम्हा तस्मात्–पंचमी एक० । ण न–अव्यय । परिग्गहो परिग्रहः–प्र० ए० । मज्झ मम–षष्ठी एकवचन ॥२०८॥

सिद्धान्त—(१) मैं अपने ही द्रव्य, क्षेत्र, काल, भावसे हूं । (२) मैं परद्रव्यके क्षेत्र, काल, भावसे नहीं हूं ।

दृष्टि—१– स्वद्रव्यादिग्राहक द्रव्यार्थिकनय (२८) । २– परद्रव्यादिग्राहक द्रव्यार्थिकनय (२९) ।

प्रयोग—मैं अचेतन नहीं हूं, अन्य द्रव्यरूप नहीं हूं, मैं ज्ञानमात्र हूं, अतः मैं मात्र ज्ञाता ही रहूँगा, मैं किसी भी परद्रव्यको ग्रहण न करूँगा ऐसा अपना दृढ़ निर्णय रखकर परद्रव्यके विकल्पसे भी हटकर अपनेमें ज्ञानमात्र रहकर परमविश्राम पानेका पौरुष करना ॥ २०८ ॥

अब ज्ञानीका आत्मशौर्य बतलाते हैं—**[छिद्यतां वा]** छिद जावे **[भिद्यतां वा]** अथवा भिद जावे **[नीयतां वा]** अथवा कोई ले जावे **[अथवा]** अथवा **[विप्रलयं यातु]** नष्ट हो जावे **[यस्मात् तस्मात्]** चाहे जिस तरहसे **[गच्छतु]** चला जावे, **[तथापि]** तो भी **[खलु]** वास्तवमें **[परिग्रहः]** परद्रव्य परिग्रह **[मम]** मेरा **[न]** नहीं है ।

तात्पर्य—समस्त परपदार्थ भिन्न सत्तावाले हैं, इस कारण परद्रव्यकी कुछ भी परिणति हो वह मेरा कुछ नहीं है ।

टीकार्थ—परद्रव्य चाहे छिद जावे या भिद जावे या कोई ले जावे, या नाशको प्राप्त हो जावे, या जिस तिस प्रकार याने कैसे ही चला जावे तो भी मैं परद्रव्यको ग्रहण नहीं करता, क्योंकि परद्रव्य मेरा स्व नहीं है और न मैं परद्रव्यका स्वामी हूं, परद्रव्य ही परद्रव्यका स्व है, परद्रव्य ही परद्रव्यका स्वामी है, मैं ही मेरा स्व है, मैं ही मेरा स्वामी हूं ऐसा मैं जानता हूं । **भावार्थ**—प्रत्येक द्रव्य अपनी अपनी सत्तामें है, मैं भी मात्र अपने सत्त्वसे हूं तब मेरा मेरे सिवाय अन्य कुछ भी नहीं है ऐसा ज्ञानी जानता है, अतः ज्ञानीके समस्त परद्रव्यसे उपेक्षा है, इसी कारण ज्ञानीके परद्रव्य परिग्रह नहीं होता ।

अब इसी अर्थको इत्थं इत्यादि कलशमें कहते हैं—इस प्रकार सामान्यसे समस्त परिग्रहको छोड़ कर स्व व परके अविवेकके कारणभूत अज्ञानको छोड़नेके लिये मन वाला

छिज्जदु वा भिज्जदु वा णिज्जदु वा अहव जादु विप्पलयं ।
जह्मा तह्मा गच्छदु तहवि हु ण परिग्गहो मज्झ ॥ २०६ ॥

छिदो भिदो ले जावो, विनशो अथवा जहां तहां जावो ।
तो भी निश्चयसे कुछ, कोइ परिग्रह नहीं मेरा ॥२०६॥

छिद्यतां वा भिद्यतां वा नीयतां वाथवा यातु विप्रलयं । यस्मात्तस्माद् गच्छतु तथापि खलु न परिग्रहो मम ।

छिद्यतां वा भिद्यतां वा नीयतां वा विप्रलयं यातु वा यतस्ततो गच्छतु वा तथापि न परद्रव्यं परिगृह्णामि । यतो न परद्रव्यं मम स्वं नाहं परद्रव्यस्य स्वामी, परद्रव्यमेव परद्रव्यस्य

नामसंज्ञ—वा, वा, वा, अहव, विप्पलय, ज, त, तह, वि, हु, ण, परिग्गह, अम्ह । **धातुसंज्ञ**—च्छिद छेदने, भिद विदारणे, ने प्रापणे, जा गतौ, गच्छ गतौ । **प्रातिपदिक**—वा, वा, वा, अथवा, विप्रलय, यत्, तत्, तथा, अपि, खलु, न, परिग्रह, अस्मद् **मूलधातु**—छिदिर् द्वेधीकरणे रुधादि, भिदिर् विदारणे रुधादि, णीञ् प्रापणे भ्वादि, या प्रापणे अदादि, गम्लृ गतौ । **पदविवरण**—छिज्जदु छिद्यतां—कर्मवाच्य

होता हुआ यह ज्ञानी फिर उसी परिग्रहको विशेषरूपसे छोड़नेके लिये प्रवृत्त हुआ है । **भावार्थ**— परद्रव्यको निज स्वरूपसे जाननेका कारण अज्ञान है सो अज्ञानको मूलसे मिटानेकी ठानने वाले इस ज्ञानीने सामान्यसे सर्व परद्रव्यको हटा दिया अब नाम ले लेकर विशेषरूपसे परिग्रहको छोड़नेके लिये प्रवृत्त हुआ है ।

प्रसंगविवरण—अनन्तरपूर्व गाथामें यह बताया गया था कि यदि मैं परद्रव्यका परिग्रहण करूं तो मैं परद्रव्य अजीवरूप ही हो जाऊंगा, किन्तु ऐसा होता ही नहीं, मैं तो ज्ञाता हूं सो परिग्रह मेरा नहीं है । इस तथ्यके जाने बिना जीव दुःखी ही रहता है सो इस तथ्यका और दृढ़ निश्चय करना और दृढ़ प्रतिज्ञ होना आवश्यक है, इसी कारण इस गाथा द्वारा सामान्यतया अपरिग्रहता दिखाकर विरक्तिको दृढ़ किया गया है ।

तथ्यप्रकाश—१— ज्ञानी अपनेको ज्ञायक स्वभावमात्र समझता है इस कारण सहज ही समस्त इसके परद्रव्यसे उपेक्षा रहती है । २— इन बाह्य परद्रव्योंकी प्रायः पांच हालतें देखी जाती हैं उन्हींका यहां संकेत है । ३— किसी परपदार्थके दो या अनेक टुक हो जाते हैं जो कि मोहीको अनिष्ट है । ४—किसी परद्रव्यमें अनेक छिद्र हो जाते हैं जिससे वह सारहीन हो जाता है जो कि मोहीको अनिष्ट है । ५— किसी परपदार्थको कोई उठाकर ले जाता है जिसका वियोग मोहीको अनिष्ट है । ६— कोई परद्रव्य नष्ट हो जाता है याने भस्म आदिके रूपमें पूरा बदल जाता है जो कि मोहीको अनिष्ट है । ७— कोई परपदार्थ जिस किसी भी प्रकार अन्यत्र चला जाता है जो कि मोहीको अनिष्ट है । ८—ज्ञानी परद्रव्यका कुछ भी हो, परद्रव्यसे लगाव ही

स्वं, परद्रव्यमेव परद्रव्यस्य स्वामी, अहमेव मम स्वं अहमेव मम स्वामीति जानामि ॥ इत्थं परिग्रहमपास्य समस्तमेव सामान्यतः स्वपरयोरविवेकहेतुं । अज्ञानमुज्झितुमना अधुना विशेषाद् भूयस्तमेव परिहर्तुमयं प्रवृत्तः ॥१४५॥ ॥ २०९ ॥

लोट् अन्य पुरुष एकवचन । वा—अव्यय । भिज्जदु भिद्यतां—कर्मवाच्य लोट् अन्य पुरुष एकवचन । णिज्जदु नीयतां—कर्मवाच्य लट् अन्य पुरुष एक० । अहव अथवा—अव्यय । जादु यातु—लोट् अन्य पुरुष एकवचन । विप्पलयं विप्रलयं—द्वितीया एकवचन । जम्हा यस्मात्—पंचमी एक० । तम्हा तस्मात्—पं० एक० । गच्छदु गच्छतु—आज्ञार्थ लोट् अन्य पुरुष एक० । तह तथा—अव्यय । वि अपि—अव्यय । हु खलु—अव्यय । ण न—अव्यय । परिग्गहो परिग्रहः—प्रथमा एक० । मज्झ मम—षष्ठी एकवचन ॥ २०९ ॥

नहीं रखता, अतः ज्ञानी अपरिग्रही है । ९— ज्ञानीका दृढ़ निश्चय है कि मेरा मात्र मैं ही सर्वस्व हूं और मैं अपने इस स्वरूपसर्वस्वका ही स्वामी हूं ।

सिद्धान्त—१—ज्ञानी स्वमें तन्मय अखण्ड ज्ञानस्वरूप अन्तस्तत्त्वको ही आपा मानता है । २—परद्रव्यमें या किसी भी द्रव्यमें जो भी परिणति होती है वह उस ही के परिणमनेसे होती है, कहीं उस रूप अन्य द्रव्य नहीं परिणम जाता है ।

दृष्टि—१— शुद्धनिश्चयनय (४६) । २— स्वद्रव्यादिग्राहक द्रव्यार्थिकनय, परद्रव्यादि-ग्राहक द्रव्यार्थिकनय (२८, २९) ।

प्रयोग—समस्त परद्रव्योंको अपनेसे अत्यन्त भिन्न मानकर उनकी कुछ भी परिणति हो उससे हर्ष विषाद न मानकर अपने सहज ज्ञानस्वभावमें ही रमकर तृप्त होना चाहिये ॥२०९॥

अब बतलाते हैं कि ज्ञानीके धर्मका अर्थात् पुण्यका भी परिग्रह नहीं है—[**अनिच्छः**] इच्छारहित आत्मा [**अपरिग्रहः**] परिग्रहरहित [**भणितः**] कहा गया है [**च**] और [**णाणी**] ज्ञानी [**धम्मं**] धर्म अर्थात् पुण्यको [**न**] नहीं [**इच्छति**] चाहता है [**तेन**] इस कारण [**सः**] वह [**धर्मस्य**] धर्मका याने पुण्यका [**अपरिग्रहः**] परिग्रही नहीं है [**तु**] वह तो [**ज्ञायकः**] मात्र ज्ञायक [**भवति**] होता है ।

तात्पर्य—ज्ञानी द्रव्यपुण्यको तो उपादानतया भी अत्यन्त भिन्न जानता है और भाव-पुण्यको औपाधिक होनेके कारण अपनेसे भिन्न जानता है सो वह ज्ञातामात्र है, पुण्यका भी परिग्रही नहीं है ।

टीकार्थ—इच्छा परिग्रह है । जिसके इच्छा नहीं है, उसके परिग्रह नहीं है । इच्छा तो अज्ञानमय भाव है और अज्ञानमय भाव ज्ञानीके होता नहीं है, ज्ञानीके ज्ञानमय ही भाव

अपरिग्गहो अणिच्छो भणिदो णाणी य णिच्छदे धम्मं ।
अपरिग्गहो दु धम्मस्स जाणगो तेण सो होई ॥२१०॥

निर्वाञ्छक अपरिग्रह, कहा है ज्ञानी न चाहता पुण्य ।
इससे पुण्यपरिग्रह-विरहित ज्ञायक पुरुष होता ॥२१०॥

अपरिग्रहोऽनिच्छो भणितो ज्ञानी च नेच्छति धर्मं । अपरिग्रहस्तु धर्मस्य ज्ञायकस्तेन स भवति ॥२१०॥

इच्छा परिग्रहः तस्य परिग्रहो नास्ति यस्येच्छा नास्ति । इच्छा त्वज्ञानमयो भावः, अज्ञानमयो भावस्तु ज्ञानिनो नास्ति । ज्ञानिनो ज्ञानमय एव भावोऽस्ति, ततो ज्ञानी अज्ञानमय-

---

नामसंज्ञ—अपरिग्गह, अणिच्छ, भणिद, णाणि, य, ण, धम्म, अपरिग्गह, दु, धम्म, जाणग, त, त । **धातुसंज्ञ**– परि-गिण्ह ग्रहणे, भण कथने, इच्छ इच्छायां, हो सत्तायां । **प्रातिपदिक**—अपरिग्रह, अनिच्छ, भणित, ज्ञानिन्, च, न, धर्म, अपरिग्रह, तु, धर्म, ज्ञायक, तत्, तत् । **मूलधातु**—परि-ग्रह ग्रहणे, भण शब्दार्थः, इषु इच्छायां, भू सत्तायां । **पदविवरण**—अपरिग्गहो अपरिग्रहः–प्रथमा एक० । अणिच्छो अनिच्छः–प्रथमा एकवचन । भणिदो भणितः–प्रथमा एक० । णाणी ज्ञानी–प्रथमा एक० । य च–

होता है, अतः ज्ञानी अज्ञानमय भावरूप इच्छाके अभावसे धर्म (पुण्य) को नहीं चाहता है । इस कारण ज्ञानीके धर्मपरिग्रह नहीं है । ज्ञानमय एक ज्ञायकभावके होनेसे यह धर्मका केवल ज्ञायक ही होता है । **भावार्थ**—ज्ञानीने सहज ज्ञानस्वरूप अन्तस्तत्त्वका अनुभव करके अलौकिक आनन्द पाया है, अतः अज्ञानमय भाव न होनेसे इच्छाका भी परिग्रह नहीं है, तो भी जब तक पूर्ण निरास्रव नहीं हुआ तब तक पुण्यका भी आस्रव होता है; किन्तु पुण्यका स्वामित्व न होनेसे परिग्रह नहीं है वह तो ज्ञानस्वरूपको ही अपना सर्वस्व स्वीकार करता है ।

प्रसंगविवरण—अनन्तरपूर्व गाथामें सामान्य रूपसे बताया था कि परपदार्थ किसी भी अवस्थाको प्राप्त होओ वह मेरा कुछ भी परिग्रह नहीं है । अब इस ही अपरिग्रहताके आशयको विशेष रूपसे कहना है सो वह विशेषरूप चार प्रकारमें प्रसिद्ध है—(१) पुण्य, (२) पाप, (३) भोजन, (४) पान (पीना) । उसमेंसे प्रथम पुण्य परिग्रहके विषयमें अपरिग्रहताको स्पष्ट इस गाथामें किया है ।

तथ्यप्रकाश—(१) इच्छाकी इच्छा अज्ञानमय भाव है वह अविकार ज्ञानस्वभावके अनुभवका अलौकिक आनन्द पाने वालेके याने ज्ञानीके नहीं होता । (२) अज्ञानमय इच्छा जिसके नहीं है अगत्या पुण्यभाव होनेपर भी वह पुण्यभाव या पुण्यकर्मको भी नहीं चाहता, शुभोपयोगरूप धर्मको नहीं चाहता । (३) ज्ञानी पुण्यभाव होनेपर भी पुण्यभावको नहीं चाहता, अतः उसके पुण्यका भी परिग्रह नहीं है ।

स्य भावस्य इच्छाया अभावाद् धर्मं नेच्छति । तेन ज्ञानिनो धर्मपरिग्रहो नास्ति । ज्ञानमयस्यैकस्य ज्ञायकभावस्य भावाद् धर्मस्य केवलं ज्ञायक एवायं स्यात् ॥ २१० ॥

अव्यय । ण न—अव्यय । इच्छदे इच्छति—वर्तमान लट् अन्य पुरुष एक० । धम्मं धर्मं—द्वितीया एकवचन । अपरिग्गहो अपरिग्रहः—प्रथमा एक० । दु तु, धम्मस्स धर्मस्य—षष्ठी एक० । जाणगो ज्ञायकः—प्रथमा एकवचन । तेण तेन—तृतीया एक० । सो सः—प्रथमा एक० । होई भवति—वर्तमान लट् अन्य पुरुष एकवचन क्रिया ॥ २१० ॥

सिद्धान्त—(१) सम्यक्त्वघातक प्रकृतियोंका उपशमादि होनेसे ज्ञानीके अज्ञानमय भाव न होनेसे ज्ञानमय भाव ही होता है । (२) ज्ञानी अंतः ज्ञानवृत्तिरूप परिणमता है ।

दृष्टि—१– उपाध्यभावापेक्ष शुद्ध द्रव्यार्थिकनय (२४ब) । २–शुद्धनिश्चयनय (४६) ।

प्रयोग—पुण्यभाव होनेपर भी उसे अपना स्वरूप न जानकर उससे परे अविकार ज्ञानस्वरूपमें उपयुक्त होनेका पौरुष करना चाहिये ॥ २१० ॥

अब ज्ञानीके पापका परिग्रह नहीं है यह बताते हैं—[अनिच्छः] इच्छारहित पुरुष [अपरिग्रहः] अपरिग्रह [भणितः] कहा गया है । [च] और [ज्ञानी] ज्ञानी [अधर्मं] अधर्म याने पापको [न] नहीं [इच्छति] चाहता है । [तेन] इस कारण [सः] वह [अधर्मस्य] अधर्मका [अपरिग्रहः] परिग्रही नहीं है, किन्तु [ज्ञायकः] अधर्मका ज्ञायक ही [भवति] होता है ।

तात्पर्य—पापभावको कर्मरस जानने वाले ज्ञानीको पापभावसे रंच भी लगाव नहीं है, प्रत्युत विरक्ति ही है, इस कारण असातादि पापकर्म रस भी प्रतिफलित हो तब भी ज्ञानीके अधर्मका परिग्रह नहीं है ।

टीकार्थ—इच्छा परिग्रह है । उसके परिग्रह नहीं जिसके इच्छा नहीं है । इच्छा तो अज्ञानमय भाव है । किन्तु अज्ञानमय भाव ज्ञानीके नहीं है, ज्ञानीके ज्ञानमय ही भाव है । इस कारण ज्ञानी अज्ञानमय भावरूप इच्छाका अभाव होनेसे अधर्मको पापको नहीं चाहता है, इस कारण ज्ञानीके अधर्मका परिग्रह नहीं है । ज्ञानमय एक ज्ञायक भावका सद्भाव होनेसे यह अधर्मका केवल ज्ञायक ही है । और इसी प्रकार अधर्मपदके परिवर्तनसे राग, द्वेष, क्रोध, मान, माया, लोभ, कर्म, नोकर्म, मन, वचन, काय, श्रोत्र, चक्षु, घ्राण, रसन, स्पर्शनके सोलह सूत्र लगा लेना चाहिये । **भावार्थ**—ज्ञानीको अपने सहज स्वरूपकी अनुभूति हुई है तब उसकी कभी बाह्य प्रवृत्ति भी हो तो भी ज्ञानमय भावको न छोड़कर होती है, अतः जब चारित्रमोहकी बलवत्तासे, असंयम भाव होता है तब उसे औपाधिक विकार जानकर उससे उपेक्षाभाव रखता

अपरिग्गहो अणिच्छो भणिदो णाणी य णिच्छदि अधम्मं ।
अपरिग्गहो अधम्मस्स जाणगो तेण सो होदि ॥२११॥

निर्वाञ्छिक अपरिग्रह, कहा है ज्ञानी न चाहता पाप ।
इससे पापपरिग्रह-विरहित ज्ञायक पुरुष होता ॥२११॥

अपरिग्रहोऽनिच्छो भणितो ज्ञानी च नेच्छत्यधर्मं । अपरिग्रहोऽधर्मस्य ज्ञायकस्तेन स भवति ॥ २११ ॥

इच्छा परिग्रहः, तस्य परिग्रहो नास्ति यस्येच्छा नास्ति, इच्छा त्वज्ञानमयो भावः । अज्ञानमयो भावस्तु ज्ञानिनो नास्ति, ज्ञानिनो ज्ञानमय एव भावोऽस्ति । ततो ज्ञानी अज्ञानमयस्य भावस्य इच्छाया अभावादधर्मं नेच्छति । तेन ज्ञानिनोऽधर्मपरिग्रहो नास्ति, ज्ञानमयस्यैकस्य ज्ञायकभावस्य भावादधर्मस्य केवलं ज्ञायक एवायं स्यात् । एवमेव चाधर्मपदपरिवर्तनेन रागद्वेषक्रोधमानमायालोभकर्मनोकर्ममनोवचनकायश्रोत्रचक्षुर्घ्राणरसनस्पर्शनसूत्राणि षोडश व्याख्येयानि । अनया दिशाऽन्यान्यप्यूह्यानि ॥ २११ ॥

नामसंज्ञ—अपरिग्गह, अणिच्छ, भणिद, णाणि, य, ण, अधम्म, अपरिग्गह, अधम्म, जाणग, त, त। **धातुसंज्ञ**—भण कथने, इच्छ इच्छायां, हो सत्तायां । **प्रातिपदिक**—अपरिग्रह, अनिच्छ, भणित, ज्ञानिन्, च, न, इच्छति, अधर्म, अपरिग्रह, अधर्म्म, ज्ञायक, तत्, तत् । **मूलधातु**—भण शब्दार्थः, इषु इच्छायां, भू सत्तायां । **पदविवरण**—अपरिग्गहो अपरिग्रहः—प्रथमा एकवचन । अणिच्छो अनिच्छः—प्रथमा एकवचन । भणिदो भणितः—प्रथमा एक० कृदन्त । णाणी ज्ञानी—प्र० एक० । य च—अव्यय । ण न—अव्यय । इच्छदि इच्छति—वर्तमान लट् अन्य पुरुष एक० । अधम्मं अधर्मं—द्वितीया एक० । अपरिग्गहो अपरिग्रहः—प्र० ए० । अधम्मस्स अधर्मस्य—षष्ठी एक० । जाणगो ज्ञायकः—प्र० ए० । तेण तेन—तृतीया एकवचन । सो सः—प्रथमा एक० । होदि भवति—वर्तमान लट् अन्य पुरुष एकवचन क्रिया ॥ २११ ॥

है इस कारण ज्ञानीके अधर्मका परिग्रह नहीं है ।

प्रसंगविवरण—अनन्तरपूर्व गाथामें बताया गया था कि ज्ञानीके पुण्यका परिग्रह नहीं है तब यह भी जिज्ञासा हुई कि किसी ज्ञानीके कभी विषयमें प्रवृत्ति हो तो पापबन्ध तो होता ही है तब क्या उसके पापका परिग्रह है उसके समाधानमें इस गाथाका अवतार हुआ है ।

तथ्यप्रकाश—१—औपाधिक भावोंमें रुचि होना अज्ञानमय भाव है । २—यद्यपि औपाधिक भाव भी अज्ञानभाव है, तो भी ज्ञानीकी उससे उपेक्षा और ज्ञानमात्र अन्तस्तत्त्वमें प्रतीति होनेसे उसे अज्ञानमय भाव नहीं कहा गया है । ३—पापकर्म व पापभावमें किञ्चित्मात्र भी हित विश्वास न होनेसे और हितमय शाश्वत चैतन्यस्वरूपकी प्रतीति होनेसे ज्ञानीके अधर्म का परिग्रह नहीं है । ४—भोगादिकी हितास्थासहित इच्छा ही संसारवर्द्धक इच्छा है ।

सिद्धान्त—१—पापभाव औपाधिक भाव होनेसे उसका स्वामी ज्ञाता द्रव्य नहीं है ।

अपरिग्गहो अणिच्छो भणिदो णाणी य णिच्छदे असणं ।
अपरिग्गहो दु असणस्स जाणगो तेण सो होदि ॥२१२॥

निर्वाञ्छक अपरिग्रह, कहा है ज्ञानी न चाहता भुक्ति ।
इससे भुक्तिपरिग्रह-विरहित ज्ञायक पुरुष होता ॥२१२॥

अपरिग्रहोऽनिच्छो भणितो ज्ञानी च नेच्छति अशनं । अपरिग्रहस्त्वशनस्य ज्ञायकस्तेन स भवति ॥२१२॥

इच्छा परिग्रहः । तस्य परिग्रहो नास्ति यस्येच्छा नास्ति । इच्छा त्वज्ञानमयो भावः । अज्ञानमयो भावस्तु ज्ञानिनो नास्ति । ज्ञानिनो ज्ञानमय एव भावोस्ति । ततो ज्ञानी अज्ञानमयस्य

नामसंज्ञा—अपरिग्गह, अणिच्छ, भणिद, णाणि, य, ण, असण, अपरिग्गह, दु, असण, जाणग, त, त । **धातुसंज्ञा**—भण कथने, इच्छ इच्छायां, अस भक्षणक्षेपणयोः, जाण अवबोधने, हो सत्तायां । **प्रातिपदिक**—अपरिग्रह, अनिच्छ, भणित, ज्ञानिन्, च, न, अशन, अपरिग्रह, तु, अशन, ज्ञायक, तत्, तत् । **मूलधातु**—नञ्-परि-ग्रह उपादाने क्र्यादि, इषु इच्छायां तुदादि, भण शब्दार्थः, अश भोजने क्र्यादि, ज्ञा

२—ज्ञानमय एक ज्ञायकभाव दृष्टिमें होनेसे ज्ञानी ज्ञायक ही रहता है ।

दृष्टि—१—प्रतिषेधकशुद्धनय (४९अ) । २—शुद्धनय (१९८) ।

प्रयोग—पापविपाकरस भी उपयोगमें झलके तब भी उसे परप्रतिफलन जानकर उससे उपेक्षा कर अपने निष्पाप ज्ञानस्वरूपमें ही उपयुक्त होनेका पौरुष करना ॥२११॥

अब ज्ञानीके भोजनका परिग्रह नहीं है यह बताते हैं [अनिच्छः] इच्छारहित पुरुष [अपरिग्रहः] अपरिग्रही [भणितः] कहा गया है [च] और [ज्ञानी] ज्ञानी [अशनं] भोजनको [न] नहीं [इच्छति] चाहता है । [तेन] इस कारण [सः] वह [अशनस्य] भोजन का [अपरिग्रहः] परिग्रही नहीं है [तु] किन्तु वह [ज्ञायकः] भोजनका ज्ञायक ही [भवति] होता है ।

तात्पर्य—असाताके उदयवश क्षुधा होनेपर भी क्षुधा रोगकी इच्छा न होनेसे क्षुधा रोगकी औषधिभूत भोजनकी कामना न होनेसे ज्ञानीके भोजनका परिग्रह नहीं है ।

टीकार्थ—इच्छा परिग्रह है । उसके परिग्रह नहीं है, जिसके इच्छा नहीं है । इच्छा तो अज्ञानमय भाव है । अज्ञानमय भाव ज्ञानीके नहीं होता । ज्ञानीके ज्ञानमय ही भाव होता है । इस कारण ज्ञानी अज्ञानमय भावरूप इच्छाका अभाव होनेसे भोजनको नहीं चाहता है, अतः ज्ञानीके अशन (भोजन) का परिग्रह नहीं है, किन्तु मात्र ज्ञानमय एक ज्ञायक भावके होनेसे अशन (भोजन) का केवल ज्ञायक ही होता है । **भावार्थ**—ज्ञानीके न क्षुधा रोगकी इच्छा है और न आस्थामें क्षुधाकी चिकित्साकी इच्छा है अतः ज्ञानी अशनका अपरिग्रही है ।

भावस्य इच्छाया अभावादशनं नेच्छति तेन ज्ञानिनोऽशनपरिग्रहो नास्ति ज्ञानमयस्यैकस्य ज्ञायकभावस्य भावादशनस्य केवलं ज्ञायक एवायं स्यात् ॥२१२॥

अवबोधने ऋ्यादि, भू सत्तायां। **पदविवरण**—अपरिग्गहो अपरिग्रहः—प्रथमा एक०। अणिच्छो अनिच्छः—प्रथमा एक०। भणिदो भणितः—प्रथमा एक० कृदन्त। णाणी ज्ञानी—प्रथमा एक०। य च—अव्यय। ण न—अव्यय। इच्छदे इच्छति—वर्तमान लट् अन्य पुरुष एकवचन क्रिया। असणं अशनं—द्वितीया एकवचन। अपरिग्गहो अपरिग्रहः—प्र० ए०। दु तु—अव्यय। असणस्स अशनस्य—षष्ठी एक०। जाणगो ज्ञायकः—प्रथमा एक०। तेण तेन—तृ० एक०। सो सः—प्र० ए०। होदि भवति—वर्तमान लट् अन्य पुरुष एकवचन ॥२१२॥

प्रसंगविवरण—ज्ञानीके अपरिग्रहत्व बतानेका यह स्थल चल रहा है। यहाँ धर्म अधर्मका परिग्रह बताकर ज्ञानीके अशन परिग्रहका प्रतिषेध करनेके लिये यह गाथा आई है।

तथ्यप्रकाश—१–क्षुधाको औपाधिक विकार जाननेके कारण ज्ञानीको क्षुधाकी इच्छा नहीं है। २–क्षुधाकी चिकित्सारूप भोजनको आत्माका अकृत्य जाननेसे उसकी भी अन्तः इच्छा नहीं है। ३–ज्ञानस्वरूप अन्तस्तत्त्वमय अपनी प्रतीति होनेसे ज्ञानी भोजनका अपरिग्रही है।

सिद्धान्त—१–असातावेदनीयके तीव्र व मंद विपाकोदयके निमित्तसे क्षुधावेदना होती है। २–चारित्रमोहके उदयसे भोजन ग्रहण करनेकी इच्छा होती है। ३–ज्ञानी क्षुधा व भोजनेच्छाको औपाधिक (पौद्गलिक) जानकर उससे विविक्त विशुद्ध चैतन्यस्वभावमात्र अपने को जानता है।

दृष्टि—१–उपाधिसापेक्ष अशुद्धद्रव्यार्थिकनय (५३)। २– उपाधिसापेक्ष अशुद्धद्रव्यार्थिकनय (५३)। ३–विवक्षितैकदेशशुद्धनिश्चयनय (४८)।

प्रयोग—क्षुधा, इच्छा आदि औपाधिक भावोंको आत्माका अकृत्य जानकर उन परभावोंसे विविक्त अविकार ज्ञानस्वभावकी दृष्टिसे तृप्त होनेका पौरुष करना ॥२१२॥

अब ज्ञानीके पानपरिग्रहत्वका प्रतिषेध करते हैं—[**अनिच्छः**] इच्छारहित पुरुष [**अपरिग्रहः**] परिग्रहरहित [**भणितः**] कहा गया है। [**च**] और [**ज्ञानी**] ज्ञानी पुरुष [**पानं**] कुछ पीनेको [**न**] नहीं [**इच्छति**] चाहता है। [**तेन**] इस कारण [**सः**] वह [**पानस्य**] पानका [**अपरिग्रहः**] परिग्रही नहीं है [**तु**] किन्तु वह [**ज्ञायकः**] पानका ज्ञायक ही [**भवति**] होता है।

तात्पर्य–ज्ञानीके पुण्य, पाप व भोजनकी इच्छा न होनेकी तरह पानकी भी इच्छा नहीं है। अतः ज्ञानी पानका भी परिग्रही नहीं है।

टीकार्थ—इच्छा परिग्रह है, उसके परिग्रह नहीं जिसके इच्छा नहीं है। इच्छा तो

अपरिग्गहो अणिच्छो भणिदो णाणी य णिच्छदे पाणं ।
अपरिग्गहो दु पाणस्स जाणगो तेण सो होदि ॥२१३॥

निर्वाञ्छक अपरिग्रह, कहा है ज्ञानी न चाहता पान ।
इससे पानपरिग्रह-विरहित ज्ञायक पुरुष होता ॥२१३॥

अपरिग्रहो अनिच्छो भणितो ज्ञानी च नेच्छति पानं । अपरिग्रहस्तु पानस्य ज्ञायकस्तेन स भवति ॥२१३॥

इच्छा परिग्रहः । तस्य परिग्रहो नास्ति यस्येच्छा नास्ति । इच्छा त्वज्ञानमयो भावः । अज्ञानमयो भावस्तु ज्ञानिनो नास्ति । ज्ञानिनो ज्ञानमय एव भावोऽस्ति । ततो ज्ञान्यज्ञानमयस्य भावस्य इच्छाया अभावात् पानं नेच्छति । तेन ज्ञानिनः पानपरिग्रहो नास्ति । ज्ञानमयस्यैकस्य ज्ञायकभावस्य भावात् केवलं पानकस्य ज्ञायक एवायं स्यात् ॥ २१३ ॥

नामसंज्ञ—पाण, पाण, शेष पूर्वगाथावत् । **धातुसंज्ञ**—पा पाने, शेष पूर्वगाथावत् । **प्रातिपदिक**—पान, पान, शेष पूर्वगाथावत् । **मूलधातु**—पा पाने शेष पूर्वगाथावत् । **पदविवरण**—पाणं पानं—द्वितीया एक० । पाणस्स पानस्य—षष्ठी एकवचन । शेष पूर्वगाथावत् ॥२१३॥

अज्ञानमयभाव है, अज्ञानमयभाव ज्ञानीके नहीं होता, ज्ञानीके ज्ञानमय ही भाव होता है । इस कारण ज्ञानी अज्ञानमय भावरूप इच्छाका अभाव होनेसे पानको नहीं चाहता, अतः ज्ञानीके पानपरिग्रह नहीं है । यह ज्ञानी तो मात्र ज्ञानमय एक ज्ञायक भावके सद्भावसे केवल ज्ञायक ही है । **भावार्थ**—ज्ञानीके पान आदि किसी भी विकारकी कामना न होनेसे वह पान आदि सर्व परिग्रहसे रहित है ।

प्रसंगविवरण—ज्ञानीके अपरिग्रहत्वके स्थलमें पुण्य, पाप, अशनका अपरिग्रहत्व बतलाकर अब पानका अपरिग्रहत्व इस गाथामें बताया है ।

तथ्यप्रकाश—(१) असातावेदनीयके तीव्रतर तीव्र मंद मंदतर विपाकोदयके निमित्तसे तृषावेदना होती है । (२) वीर्यान्तराय कर्मके उदयसे अशक्तिके कारण वेदना असह्य हो जाती है । (३) चारित्रमोहके उदयसे जल आदि ग्रहण करनेकी इच्छा होती है । (४) क्षुधा, असाता व पानेच्छा आदि विकारोंको औपाधिक अस्वभावभाव जाननेसे ज्ञानीको इनकी इच्छा नहीं है । (५) अज्ञानमय इच्छाके अभावसे ज्ञानीके इन किन्हीं भी विकारोंका परिग्रह नहीं है वह तो मात्र ज्ञायक है ।

सिद्धान्त—(१) ज्ञानीके बहिस्तत्त्वके प्रति इच्छा, मूर्च्छा नहीं है । (२) ज्ञानी दर्पणमें बिम्बकी तरह उपयोगमें प्रतिफलित कर्मरसका ग्रहण करने वाला नहीं है, वह तो ज्ञानमात्र है ।

एमादिए दु विविहे सव्वे भावे य णिच्छदे णाणी ।
जाणगभावो णियदो णीरालंबो दु सव्वत्थ ॥२१४॥

इत्यादिक नानाविध, सब भावोंको न चाहता ज्ञानी ।
किन्तु नियत है ज्ञायक, सब अर्थोंमें निरालम्बी ॥२१४॥

एवमादिकांस्तु विविधान् सर्वान् भावांश्च नेच्छति ज्ञानी । ज्ञायकभावो नियतः निरालंबस्तु सर्वत्र ॥२१४॥

एवमादयोऽन्येऽपि बहुप्रकाराः परद्रव्यस्य ये स्वभावास्तान् सर्वानेव नेच्छति ज्ञानी । तेन ज्ञानिनः सर्वेषामपि परद्रव्यभावानां परिग्रहो नास्ति इति सिद्धं ज्ञानिनोऽत्यंतनिष्परिग्रहत्वं ।

नामसंज्ञ—एवं, आदिअ, दु, विविह, सव्व, भाव, य, ण, इच्छदे, णाणि, जाणगभाव, णियद, णीरालंब, दु, सव्वत्थ । **धातुसंज्ञ**—इच्छ इच्छायां, जाण अवबोधने । **प्रातिपदिक**—एवं, आदिक, तु, विविध,

---

दृष्टि—१– शुद्धभावनापेक्ष शुद्ध द्रव्यार्थिकनय (२७ब) । २– परद्रव्यादिग्राहक द्रव्यार्थिकनय (२९), स्वद्रव्यादिग्राहक द्रव्यार्थिकनय (२८) ।

प्रयोग—पुण्य, पाप, अशनेच्छा, पानेच्छा आदि सर्व विभावोंका रंच भी राग न कर अविकार ज्ञानस्वभावमें रमकर संतुष्ट होनेका पौरुष करना ॥ २१३ ॥

अब कहते हैं कि ज्ञानी अन्य भी सर्वपरभावोंको नहीं चाहता है—[**एवमादिकान् तु**] इस प्रकार याने पूर्वोक्त प्रकार इत्यादिक [**विविधान्**] नाना प्रकारके [**सर्वान् भावान्**] समस्त भावोंको [**ज्ञानी**] ज्ञानी [**न इच्छति**] नहीं चाहता है । [**तु**] क्योंकि ज्ञानी [**नियतः**] नियत [**ज्ञायकभावः**] ज्ञायकभावस्वरूप है, अतः [**सर्वत्र**] सबमें [**निरालम्बः**] निरालम्ब है ।

तात्पर्य—ज्ञानी वस्तुस्वातंत्र्यके परिचयके बलसे किसी भी परद्रव्यको नहीं चाहता वह तो सर्व परपदार्थोंके विकल्पसे भी हटकर ज्ञातामात्र रहता है ।

टीकार्थ—ऐसे पूर्वोक्त भावोंको आदि लेकर अन्य भी बहुत प्रकारके जो परद्रव्यके स्वभाव हैं उनको सबको ही ज्ञानी नहीं चाहता है इस कारण ज्ञानीके समस्त ही परद्रव्यभावोंका परिग्रह नहीं है । इस प्रकार ज्ञानियोंका अत्यन्त निष्परिग्रहपना सिद्ध हुआ । अब इस प्रकार यह समस्त परभावके परिग्रहसे शून्यपना होनेसे उगल दिया है समस्त अज्ञान जिसने ऐसा यह समस्त वस्तुओंमें अत्यन्त निरालम्ब होकर प्रतिनियत टंकोत्कीर्ण एक ज्ञायक भाव होता हुआ अपने आत्माको साक्षात् विज्ञानघन अनुभवता है । **भावार्थ**—ज्ञानी समस्त परभावोंको औपाधिक व हेय जान लेनेके कारण किसीको भी प्राप्त करनेकी चाह नहीं करता, मात्र प्राक् पदवीमें उदयागत कर्ममलको अनासक्त होता हुआ भोगता है ।

अब इसी अर्थको इस कलशमें कहते हैं—"**पूर्वबद्ध**" इत्यादि । **अर्थ**—पूर्वबद्ध निज

अथैवमयमशेषभावांतरपरिग्रहशून्यत्वादुद्धांतसमस्ताज्ञानः सर्वेणाप्यत्यंतनिरालंबो भूत्वा प्रतिनियतटंकोत्कीर्णैकज्ञायकभावः सन् साक्षाद्विज्ञानघनमात्मानमनुभवति ॥ पूर्वबद्धनिजकर्मविपाकाज्ज्ञानिनो यदि भवत्युपभोगः । तद्भुवत्वथ च रागवियोगान्नूनमेति न परिग्रहभावं ॥१४६॥ ॥ २१४ ॥

सर्व, भाव, च, न, ज्ञानिन्, ज्ञायकभाव, नियत, निरालम्ब, तु, सर्वत्र । मूलधातु—इषु इच्छायां तुदादि । पदविवरण—एवं—अव्यय । आदिए आदिकान्—द्वितीया बहु० । दु तु—अव्यय । विविहे विविधान्—द्वितीया बहु० । सव्वे सर्वान्—द्वितीया बहु० । य च—अव्यय । ण न—अव्यय । इच्छदे इच्छति—वर्तमान लट् अन्य पुरुष एकवचन क्रिया । णाणी ज्ञानी—प्रथमा एक० । जाणगभावो ज्ञायकभावः—प्रथमा एक० । णियदो नियतः—प्र० ए० । णीरालंबो निरालम्बः—प्रथमा एक० । दु तु—अव्यय । सव्वत्थ सर्वत्र—अव्यय ॥ २१४ ॥

कर्मविपाकसे ज्ञानीके यदि उपभोग होता है तो होओ । अब यहाँ रागका वियोग होनेसे निश्चयसे वह उपभोग परिग्रह भावको प्राप्त नहीं होता । भावार्थ—पूर्वबद्ध कर्मोंका विपाकोदय होनेपर उपभोगसामग्री प्राप्त होती है सो वहाँ अज्ञानी तो उसे अज्ञानमय रागभावसे भोगता है, अतः अज्ञानीके उपभोगका परिग्रह है, किन्तु ज्ञानी अज्ञानमय राग न होनेसे वह उपभोगता हुआ भी परिग्रही नहीं, किन्तु ज्ञायक है ।

प्रसंगविवरण—अनंतरपूर्व ४ गाथाओंमें बताया गया था कि ज्ञानी जीव धर्म (पुण्य), अधर्म (पाप), अशन व पानको नहीं चाहता है, अतः ज्ञानीके उनका परिग्रह नहीं । अब इस गाथामें उसी कथनका उपसंहार करते हुए कहा है कि ऐसे ही जो और परभाव हैं उन सबको भी ज्ञानी नहीं चाहता है वह सर्वत्र निरालम्ब है और मात्र ज्ञायक है ।

तथ्यप्रकाश—(१) पुण्य पाप भोजन पानको न चाहनेकी भाँति ज्ञानी विषयकषाय आदिक सभी परभावोंको नहीं चाहता है । (२) परद्रव्यभावोंको न चाहनेसे ज्ञानीके उनका परिग्रह नहीं है । (३) ज्ञानीके मात्र ज्ञानमय भाव वर्तनेसे अन्य किसीको स्वीकार नहीं करता है, अतः वह निष्परिग्रह है । (४) ज्ञानी समस्त परभावपरिग्रहशून्य होनेसे समस्त अज्ञानका वमन कर चुका है । (५) ज्ञानी किसी परभावको स्वीकार न करनेसे समस्त अन्य पदार्थोंका आलम्बन तज देता है । (६) ज्ञानी सिर्फ जाननहार रहनेसे अपनेको साक्षात् विज्ञानघन अनुभवता है ।

सिद्धांत—(१) आत्मद्रव्य समस्त पर व परभावोंसे रहित है । (२) ज्ञानी भावान्तरोंका ज्ञायकमात्र होनेसे सर्व भावान्तरोंके आलम्बनसे रहित है ।

दृष्टि—१– शून्यनय (१७३) । २– अकर्तृनय (१९०), अभोक्तृनय (१९२) ।

उप्पण्णोदयभोगो विओगबुद्धीए तस्स सो णिच्चं ।
कंखामणागयस्स य उदयस्स ण कुव्वए णाणी ॥२१५॥

वर्तमान भोगोंमें, वियोगमतिसे प्रवृत्ति है जिसकी ।
भावी भोगोंको वह, ज्ञानी कांक्षा नहीं करता ॥२१५॥

उत्पन्नोदयभोगो वियोगबुद्धया तस्य स नित्यं । कांक्षामनागतस्य चोदयस्य न करोति ज्ञानी ॥२१५॥

कर्मोदयोपभोगस्तावदतीतः प्रत्युत्पन्नोऽनागतो वा स्यात् । तत्रातीतस्तावदतीतत्वादेव स न परिग्रहभावं बिभर्ति । अनागतस्तु आकांक्ष्यमाण एव परिग्रहभावं बिभृयात् । प्रत्युत्पन्नस्तु

नामसंज्ञ—उप्पण्णोदयभोग, विओगबुद्धि, त, त, णिच्चं, कंखा, अणागय, च, उदय, ण, णाणि । **धातुसंज्ञ**—कंख वांछायां, कुव्व करणे । **प्रातिपदिक**—उत्पन्नोदयभोग, वियोगबुद्धि, तत्, तत्, नित्यं, कांक्षा, अनागत, च, उदय, ण, णाणि । **मूलधातु**—कांक्षि कांक्षायां भ्वादि, उत् अय गतौ, डुकृञ् करणे । **पदविवरण**—उप्पण्णोदयभोगो उत्पन्नोदयभोगः—प्रथमा एक० । विओगबुद्धीए वियोगबुद्धया—तृतीया एक० ।

प्रयोग—निराकुल रहनेके लिये समस्त भावान्तरोंका आलम्बन तजना और मात्र सबका जाननहार रहना ॥ २१४ ॥

अब ज्ञानीके तीनों काल विषयक परिग्रह नहीं है ऐसा बताते हैं—[उत्पन्नोदयभोगः] वर्तमान कालमें उत्पन्न हुआ उदयका भोग [तस्य] इस ज्ञानीके [नित्यं] हमेशा [वियोगबुद्ध्या] वियोगकी बुद्धिसे प्रवर्तता है [च] और [अनागतस्य उदयस्य] आगामी कालमें होने वाले उदयकी [सः] वह [ज्ञानी] ज्ञानी [कांक्षां] इच्छा [न करोति] नहीं करता इस कारण ज्ञानीके त्रिकालविषयक उपभोगका भी परिग्रह नहीं है ।

तात्पर्य—ज्ञानीके उपभोगमें आस्था नहीं, किन्तु अरतिभाव है इस कारण ज्ञानीके किसी भी पर व परभावका परिग्रह नहीं है ।

टीकार्थ—कर्मोदयका उपभोग अतीत, वर्तमान और आगामी कालविषयक होता है । उनमेंसे अतीत कालका तो उपभोग बीत चुकनेके कारण वह परिग्रह भावको धारण नहीं करता और अनागत कालका उपभोग आकांक्ष्यमाण हुआ ही परिग्रहभावको धारण करेगा, तथा वर्तमानका उपभोग रागबुद्धिसे प्रवर्तमान होता हुआ ही परिग्रहभावको धारण करेगा, किन्तु ज्ञानीके वर्तमानका उपभोग रागबुद्धिसे प्रवर्तमान नहीं दिखता, क्योंकि ज्ञानीके अज्ञानमयभावरूप रागबुद्धिका अभाव है । केवल वियोगबुद्धिसे ही प्रवर्तमान होता हुआ वह उपभोग निश्चयसे परिग्रह नहीं है । इस कारण वर्तमान कर्मके उदयका उपभोग ज्ञानीके परिग्रह नहीं होता और आगामी कर्मके उदयका उपभोग इच्छा किया हुआ होता ही नहीं है क्योंकि ज्ञानीके

स किल रागबुद्ध्या प्रवर्तमान एव तथा स्यात् । न च प्रत्युत्पन्नः कर्मोदयोपभोगो ज्ञानिनो रागबुद्ध्या प्रवर्तमानो दृष्टो ज्ञानिनोऽज्ञानमयभावस्य रागबुद्धेरभावात् । वियोगबुद्ध्यैव केवलं प्रवर्तमानस्तु स किल न परिग्रहः स्यात् । ततः प्रत्युत्पन्नः कर्मोदयोपभोगो ज्ञानिनः परिग्रहो न भवेत् । अनागतस्तु स किल ज्ञानिनो न कांक्षित एव, ज्ञानिनोऽज्ञानमयभावस्याकांक्षाया अभावात् । ततोऽनागतोऽपि कर्मोदयोपभोगो ज्ञानिनः परिग्रहो न भवेत् ॥ २१५ ॥

तस्स तस्य–षष्ठी एक० । सो सः–प्रथमा एक० । णिच्चं नित्यं–अव्यय । कंखा कांक्षा–द्वितीया एक० । अणागयस्स अनागतस्य–षष्ठी एक० । य च–अव्यय । उदयस्स उदयस्य–षष्ठी एक० । ण न–अव्यय । कुव्वए करोति–वर्तमान लट् अन्य पुरुष एकवचन क्रिया । णाणी ज्ञानी–प्रथमा एकवचन ॥ २१५ ॥

अज्ञानमय भावरूप वांछाका अभाव है इस कारण अनागत कर्मके उदयका उपभोग भी ज्ञानीके परिग्रह नहीं है । भावार्थ—अतीत उपभोग तो बीत ही चुका, ज्ञानी उसका स्मरण ही नहीं करता, अनागतकी वांछा नहीं करता और वर्तमानके भोगमें राग नहीं करता, वह तो उपभोगको हेय जानता उसमें राग किस तरह हो सकता है ? अतः ज्ञानीके तीनों ही कालके कर्मके उदयका उपभोग परिग्रह नहीं है । कदाचित् ज्ञानी वर्तमानमें उपभोगके कारण जो मिलता है सो पीड़ा न सही जा सकनेके कारण रोगीकी तरह उसका इलाज करता है सो यह चारित्रमोहोदयज निर्बलताका दोष है ।

प्रसंगविवरण—अनन्तरपूर्व गाथामें बताया गया था कि ज्ञानी किसी भी परद्रव्य व परभावको नहीं चाहता । अब इस गाथामें इस ही तथ्यका सयुक्तिक निरूपण किया गया है ।

तथ्यप्रकाश—(१) स्वसंवेदनजन्य अलौकिक आनन्द पाने वाला ज्ञानी अतीत उपभोग का स्मरण भी नहीं करता है । (२) स्वसम्वेदनकी धुन रखने वाला ज्ञानी भावी उपभोगकी कल्पना भी नहीं करता है । (३) शुद्ध ज्ञानानन्दानुभवको ही सार जानने वाला ज्ञानी वर्तमान उपभोगसे हटनेका ही आशय रखता है । (४) वर्तमान उपभोगमें भी अज्ञानमय राग न होनेसे ज्ञानीका वर्तमान उपभोग भी परिग्रह नहीं है । (५) जिस ज्ञानीके वर्तमान उपभोग भी परिग्रह नहीं उसके अतीत व भावी उपभोगके परिग्रहपनेकी सम्भावना ही क्या है ? (६) किसी भी परद्रव्यका आलम्बन जहाँ नहीं है वह परिणाम स्वसंवेदनज्ञानरूप हो जाता है । (७) सहज ज्ञानस्वभावमें आत्मत्वकी प्रतीति रखने वाले ज्ञानीका चित्त वैषयिकसुखानन्दकी वासना से रहित होता है । (८) शुद्ध ज्ञानमात्र आत्मतत्त्वकी भावनासे संतुष्ट ज्ञानी ही अभेद परमार्थ ज्ञानस्वरूपका अनुभव करता है । (९) अभेद परमार्थ ज्ञानस्वरूप ही सहज परमात्मतत्त्व है । (१०) सहज परमात्मतत्त्वका अनुभवी ही परमात्मपदस्वरूप मोक्षको प्राप्त होता है ।

कुतोऽनागतमुदयं ज्ञानी नाकांक्षतीति चेत्—

जो वेदयदि वेदिज्जदि समए समए विणस्सदे उहयं ।
तं जाणगो दु णाणी उभयंपि ण कंखइ कयावि ॥२१६॥

जो वेदक वेद्य उभय, समय समयमें विनष्ट हो जाता ।
सो ज्ञानी ज्ञायक बन, न चाहता उभय भावोंको ॥२१६॥

यो वेदयते वेद्यते समये समये विनश्यत्युभयं । तज्ज्ञायकस्तु ज्ञानी, उभयमपि न कांक्षति कदाचित् ॥२१६॥

ज्ञानी हि तावद् ध्रुवत्वात् स्वभावभावस्य टंकोत्कीर्णैकज्ञायकभावो नित्यो भवति, यौ तु वेद्यवेदकभावौ तौ तूत्पन्नप्रध्वंसित्वाद्विभावभावानां क्षणिकौ भवतः । तत्र यो भावः कांक्ष्यमाणं वेद्यभावं वेदयते स यावद्भवति तावत्कांक्ष्यमाणो वेद्यो भावो विनश्यति । तस्मिन् विनष्टे वेदको भावः किं वेदयते ? यदि कांक्ष्यमाणवेद्यभावपृष्ठभाविनमन्यं भावं वेदयते, तदा

नामसंज्ञ—ज, समय, समय, उहय, त, जाणग, दु, णाणि, उभय, पि, ण, कया, वि । **धातुसंज्ञ**—वेद वेदने, वि-नस्स नाशे, कंख वांछायां । **प्रातिपदिक**—यत्, समय, समय, उभय, तत्, ज्ञायक, तु, ज्ञानिन्,

---

सिद्धान्त—(१) ज्ञानीके अपने सहजात्मस्वरूपकी भावनासे प्रकट हुए स्वतन्त्र आनन्द के विलासका अनुभव है । (२) स्वसम्वेदक ज्ञानी सुख-दुःखादि उपभोगका साक्षी ही है ।

दृष्टि—१– अनीश्वरनय (१८६) । २– अभोक्तृनय (१९२) ।

प्रयोग—उपभोगविकल्पसे रहित शुद्ध ज्ञानस्वभावमात्र अपनेको अनुभव करके अपनेमें संतुष्ट रहनेका पौरुष करना ॥२१५॥

अब ज्ञानी अनागत कर्मोदय उपभोगकी क्यों आंछा नहीं करता ? इसका विवरण करते हैं—[**यः**] जो [**वेदयते**] अनुभव करने वाला भाव है याने वेदकभाव है और जो [**वेद्यते**] अनुभव किया जाने योग्य भाव है अर्थात् वेद्यभाव है [**उभयं**] ये दोनों ही [**समये समये**] समय [**विनश्यति**] नष्ट हो जाते हैं । [**तत्**] सो [**ज्ञानी**] ज्ञानी [**ज्ञायकः तु**] दोनों भावोंका ज्ञायक ही रहता है [**उभयमपि**] इन दोनों ही भावोंको [**कदापि**] कभी भी [**न कांक्षति**] ज्ञानी नहीं चाहता ।

तात्पर्य—वेदकभाव होनेपर वेद्यभाव नष्ट हो जाता है, वेद्यभाव होनेपर पूर्ववेदक भाव नष्ट हो जाता है सो वेद्यभाव कभी अनुभवा ही नहीं जा सकता यह जानकर ज्ञानी दोनोंका मात्र ज्ञाता ही रहता है ।

टीकार्थ—वास्तवमें ज्ञानी तो अपने स्वभावभावके ध्रुवत्वके कारण टंकोत्कीर्ण एक ज्ञायकस्वरूप नित्य है और जो वेदने वाला तथा वेदने योग्य ऐसे जो दो वेदक तथा वेद्यभाव

तद्भवनापूर्वं स विनश्यति कस्तं वेदयते ? यदि वेदकभावपृष्ठभावी भावोन्यस्तं वेदयते तदा तद्भवनात्पूर्वं स वेद्यो विनश्यति । किं स वेद्यते ? इति कांक्ष्यमाणभाववेदनानवस्था । तां च

उभय, अपि, न, कदा, अपि । **मूलधातु**—विद चेतनाख्याननिवासेषु चुरादि, वि-णश अदर्शने दिवादि, कांक्षि कांक्षायां भ्वादि । **पदविवरण**—जो यः—प्रथमा एकवचन । वेददि वेदयते—वर्तमान लट् अन्य पुरुष एक० क्रिया । वेदिज्जदि वेद्यते—वर्तमान लट् अन्य पुरुष एकवचन कर्मवाच्य क्रिया । समए समए समये समये—सप्तमी एक० । विणस्सदे विनश्यति—वर्तमान लट् अन्य पुरुष एकवचन क्रिया । उहयं उभयं—प्रथमा एक० ।

हैं वे विभावभावोंके उत्पाद तथा विनाशस्वरूप होनेके कारण क्षणिक हैं । वहाँ जो वेदकभाव आगामी चाहा जाने योग्य वेद्यभावको अनुभव करता सो वह वेदकभाव जब तक बने तब तक वेद्यभाव नष्ट हो जाता है । उसके नष्ट होनेपर वेदकभाव किसका अनुभव करे ? यदि वह वेदकभाव कांक्ष्यमाण वेद्यभावके बाद होने वाले अन्य वेद्यभावको वेदन करता है तो उसके होनेसे पहले ही वह वेदकभाव नष्ट हो जाता है तब उस वेद्यभावको कौन वेद सकता है ? यदि वेदकभावके बाद होने वाला अन्य वेदकभाव उस वेद्यभावको वेदेगा तो उस वेदकभावके होनेके पहले वह वेद्यभाव नष्ट हो गया तब वह वेदकभाव कौनसे भावको वेदे ? ऐसा कांक्षमाणभाव अर्थात् वेदनेकी वांछामें आने योग्य भावके वेदनेकी अनवस्था है कहीं ठहराव ही नहीं हो पायगा । अतः उस अनवस्थाको जानता हुआ ज्ञानी कुछ भी इच्छा नहीं करता । **भावार्थ**—वेदकभाव और वेद्यभाव इन दोनोंमें काल भेद है याने जब वेदकभाव होता है तब वेद्यभाव नहीं और जब वेद्यभाव होता है तब वेदकभाव नष्ट हो जाता है । इसलिये ज्ञानी दोनोंको विनाशीक जानकर तथा वेद्यभाव कभी वेदा ही नहीं जा सकता यह जानकर आप जानने वाला ही रहता है ।

अब इसी अर्थका स्पष्टीकरण करनेके लिये कलशरूप काव्य कहते हैं—**वेद्य** इत्यादि । **अर्थ**—वेद्यवेदकभावके चलायमान होनेसे याने समय समयमें नष्ट होते रहनेसे वांछितभाव वेदा ही नहीं जाता । इस कारण ज्ञानी कुछ भी आगामी भोगोंकी वांछा नहीं करता और सभीसे वैराग्यको प्राप्त होता है । **भावार्थ**—वेद्यवेदक विभावके कालभेद है इसलिये उन दोनों भावोंके योगकी विधि मिलती नहीं तब उपभोगकी वांछा ज्ञानी क्यों करेगा ।

प्रसंगविवरण—अनन्तरपूर्व गाथामें बताया गया था कि ज्ञानी भावी उपभोगको नहीं चाहता है । अब इस गाथामें उसका कारण बताया गया कि ज्ञानी आगामी उपभोगको क्यों नहीं चाहता है ?

तथ्यप्रकाश—(१) सुख दुःखादिको भोगने वाला रागादिविकल्प वेदकभाव है ।

विजानन् ज्ञानी न किंचिदेव कांक्षति ।। वेद्यवेदकविभावचलत्वाद्वेद्यते न खलु कांक्षितमेव । तेन कांक्षति न किंचन विद्वान् सर्वतोप्यतिविरक्तिमुपैति ।।१४७।। ।। २१६ ।।

तं तद्–अव्ययार्थे । जाणगो ज्ञायकः–प्रथमा एक० । दु तु–अव्यय । णाणी ज्ञानी–प्रथमा एक० । उभयं–द्वितीया एकवचन । पि अपि–अव्यय । ण न–अव्यय । कंखइ कांक्षति–वर्तमान लट् अन्य पुरुष एक० क्रिया । कया कदा–अव्यय । पि अपि–अव्यय ।। २१६ ।।

(२) चाहा गया सुख-दुःखादिविषयक भाव वेद्यभाव है । (३) सूक्ष्मपर्यायदृष्टिसे वेदकभाव व वेद्यभाव प्रतिसमय नष्ट होते रहते हैं । (४) जिस विषयका वेद्यभाव जिस समय हो रहा है उस विषयका वेदकभाव उस समय नहीं है । (५) जिस विषयका वेदकभाव जिस समय हो रहा है उस समय उस विषयका वेद्यभाव नहीं रहता, वह तो पहिले था । (६) वेद्यभाव व वेदकभावकी विनश्वरताको तथा वेद्यभावके समय तद्विषयक वेदकभावके न हो सकनेके तथ्यको ज्ञानी जानता है, अतः वह उपभोग ही को नहीं चाहता है । (७) उपभोगको न चाहने वाला ज्ञानी उपभोगका परिग्रही नहीं होता । (८) उपभोगका अपरिग्रही सहज शुद्ध ज्ञानस्वरूप अंतस्तत्त्वको अनुभवता है । (९) सहज शुद्ध ज्ञानस्वरूप सहज परमात्मतत्त्वका अनुभवी परमात्मपदस्वरूप मोक्षको प्राप्त करता है ।

सिद्धान्त—(१) वेदकभाव व वेद्यभाव प्रतिसमय नष्ट होते रहते हैं । (२) स्वसंवेदक ज्ञानी कर्मविपाकवश आपतित उपभोगका मात्र साक्षी है ।

दृष्टि—१– अशुद्ध सूक्ष्म ऋजुसूत्रनय नामक पर्यायार्थिकनय (२३) । २– अभोक्तृनय (१९२) ।

प्रयोग—विनश्वर विभावोंसे उपेक्षा कर शाश्वत ज्ञानस्वभावमें उपयुक्त हो सहज आनन्दको अनुभवनेका पौरुष करना ।।२१६।।

अब सभी उपभोगोंसे ज्ञानीके वैराग्य है यह कहते हैं—[**बंधोपभोगनिमित्तेषु**] बंध और उपभोगके निमित्तभूत [**संसारदेहविषयेषु**] तथा संसारविषयक और देहविषयक [**अध्यवसानोदयेषु**] अध्यवसानके उदयोंमें [**ज्ञानिनः**] ज्ञानीके [**रागः**] राग [**नैव उत्पद्यते**] नहीं उत्पन्न होता ।

तात्पर्य—ज्ञानी जीवको उपभोगके कारणभूत विकारभावमें राग नहीं रहा इस कारण ज्ञानी भोगकी इच्छा नहीं करता ।

टीकार्थ—इस लोकमें निश्चयसे अध्यवसानके उदय कितने ही तो संसारविषयक हैं और कितने ही शरीरविषयक हैं । उनमेंसे जितने अध्यवसानोदय संसारविषयक हैं उतने तो

तथाहि—

बंधुवभोगणिमित्ते अज्झवसाणोदएसु णाणिस्स ।
संसारदेहविसएसु णेव उप्पज्जदे रागो ॥२१७॥

संसारदेहविषयक, जो हैं बन्धोपभोगके कारण ।
उन सब अध्यवसानों-में ज्ञानी राग नहिं करता ॥२१७॥

बंधोपभोगनिमित्तेषु अध्यवसानोदयेषु ज्ञानिनः । संसारदेहविषयेषु नैवोत्पद्यते रागः ॥२१७॥

इह खल्वध्यवसानोदयाः कतरेऽपि संसारविषयाः कतरेऽपि शरीरविषयाः । तत्र यतरे संसारविषयाः ततरे बंधनिमित्ताः । यतरे शरीरविषयास्ततरे तूपभोगनिमित्ताः । यतरे बंधनिमित्तास्ततरे रागद्वेषमोहाद्याः । यतरे तूपभोगनिमित्तास्ततरे सुखदुःखाद्याः । अथामीषु सर्वेष्वपि ज्ञानिनो नास्ति रागः । नानाद्रव्यस्वभावत्वेन टंकोत्कीर्णैकज्ञायकभावस्वभावस्य तस्य तत्प्रति-

---

नामसंज्ञ—बंधुवभोगणिमित्त, अज्झवसाणोदय, णाणि, संसारदेहविसय, ण, एव, राग । **धातुसंज्ञ**—उद्-पज्ज गतौ । **प्रातिपदिक**—बन्धोपभोगनिमित्त, अध्यवसानोदय, ज्ञानिन्, संसारदेहविषय, ण, एव, राग । **मूलधातु**—उत् पद गतौ चुरादि । **पदविवरण**—बंधुवभोगणिमित्ते बन्धोपभोगनिमित्तेषु–सप्तमी

वे बंधके निमित्तभूत हैं और जितने अध्यवसानोदय शरीरविषयक हैं उतने वे उपभोगके निमित्तभूत हैं । सो जितने बंधके निमित्तभूत हैं उतने तो रागद्वेष मोह आदिक हैं और जितने उपभोगके निमित्तभूत है उतने सुख-दुःखादिक हैं । इन सबमें ही ज्ञानीके राग नही है, क्योंकि अध्यवसान नाना द्रव्योंका स्वभाव है अतः टंकोत्कीर्ण एक ज्ञायकस्वभाव वाले ज्ञानीके उसका प्रतिषेध है । **भावार्थ**—संसार देहभोग सम्बन्धी रागद्वेष मोह अध्यवसान हैं और सुख-दुःखादिक भी अध्यवसान हैं वे नाना द्रव्यके स्वभाव है अर्थात् पुद्गल तथा जीवद्रव्यके संयोगरूपसे हुए हैं । ज्ञानी तो अपनेको एक ज्ञायकस्वभाव मानता है, अतः ज्ञानीके अध्यवसानोंका प्रतिषेध है, ज्ञानीके उनमें प्रीति नहीं है ।

अब इसी अर्थको श्लोकमें कहते हैं—**ज्ञानिनो** इत्यादि । अर्थ—रागरससे रिक्त होने के कारण कर्म परिग्रहभावको नहीं प्राप्त होता । जैसे कि लोध फिटकरीसे कषायला नहीं किये गये वस्त्रमें रंगका लगना अङ्गीकार न हुआ वस्त्रपर बाहर ही लोटता है याने वस्त्रमें प्रवेश नहीं करता । **भावार्थ**—जैसे लोध फिटकरी लगाये बिना वस्त्रपर रंग नहीं चढ़ता उसी तरह ज्ञानीके राग भावके बिना कर्मके उदयका भोग परिग्रहपनेको प्राप्त नहीं होता ।

पुनः **ज्ञानवान्** इत्यादि । **अर्थ**—ज्ञानी निजरससे ही समस्त रागरसके त्यागरूप स्वभाव वाला है, इस कारण कर्मके मध्यमें पड़ा हुआ भी वह समस्त कर्मोंसे लिप्त नहीं होता ।

षेधात् ।। ज्ञानिनो न हि परिग्रहभावं कर्मरागरसरिक्ततयैति । रंगयुक्तिरकषायितवस्त्रे स्वीकृतैव हि बहिर्लुंठतीह ।।१४८।। ज्ञानवान् स्वरसतोऽपि यतः स्यात् सर्वरागरसवर्जनशीलः । लिप्यते सकलकर्मभिरेष कर्ममध्यपतितोऽपि ततो न ।।१४९।। ।। २१७ ।।

बहुवचन । अज्झवसाणोदएसु अध्यवसानोदयेषु–सप्तमी बहु० । णाणिस्स ज्ञानिनः–षष्ठी एक० । संसार-देहविसएसु संसारदेहविषयेषु–सप्तमी बहु० । ण न–अव्यय । एव–अव्यय । उप्पज्जदे उत्पद्यते–वर्तमान लट् अन्य पुरुष एक० भावकर्मवाच्य क्रिया । रागो रागः–प्रथमा एकवचन ।। २१७ ।।

प्रसंगविवरण—अनन्तरपूर्व गाथामें बताया गया था कि ज्ञानी विषयोपभोगको नहीं चाहता है । अब इस गाथामें उसी विषयका स्पष्टीकरण किया गया है ।

तथ्यप्रकाश—(१) संसारविषयक रागादिभाव बन्धनके निमित्तभूत होते हैं । (२) शरीरविषयक सुख-दुःखादि भाव उपभोगके निमित्तक होते हैं । (३) ज्ञानीका न तो रागादि भावमें राग है और न सुख-दुःखादि भावमें राग है । (४) रागादि भाव व सुख-दुःखादि भावमें नानाद्रव्यस्वभावपना है, अतः ये विकार आत्माके नहीं हैं । (५) टङ्कोत्कीर्ण एक ज्ञायकस्वभाव एकात्मद्रव्यस्वभाव है, अतः ज्ञायकस्वभाव ही आत्माका स्वरूप है । (६) राग-रसरिक्त होनेसे ज्ञानीकी क्रिया परिग्रहभावको प्राप्त नहीं है जैसे कि अकषायित (लोध फिट-करीसे नहीं भीगे) वस्त्रमें रंगका योग बाहर ही रहता भीतर पक्का नहीं होता । (७) ज्ञानी स्वरसतः समस्त रागसे निराला रहनेके स्वभाव वाला है, अतः वह कर्ममें पड़कर भी कर्मोंसे लिप्त नहीं होता । (८) स्वसम्वेदन ज्ञानका अभाव होनेसे अज्ञानी इन्द्रियविषयोंमें रागी होता है, अतः वह कर्मरजसे बँध जाता है ।

सिद्धान्त— १– रागादि विभावमें राग होना मिथ्यात्व है । २– शाश्वत ज्ञानस्व-भावका स्वसम्वेदन होनेसे ज्ञानी विभावोंका मात्र साक्षी है ।

दृष्टि—१– अशुद्धनिश्चयनय (४७) । २– अकर्तृनय व अभोक्तृनय (१९०-१९२) ।

प्रयोग––विकारोंको नैमित्तिक भाव जानकर उनसे उपेक्षा करके ज्ञायकस्वभावमात्र अन्तस्तत्त्वको निरखकर सहज तृप्त रहनेका पौरुष करना ।। २१७ ।।

अब पूर्व गाथोक्त अर्थका दृष्टान्तपूर्वक व्याख्यान करते हैं—**[ज्ञानी]** ज्ञानी **[सर्वद्रव्येषु]** समस्त द्रव्योंमें **[रागप्रहायकः]** रागका त्यागने वाला है अतः वह **[कर्ममध्यगतः तु]** कर्मके मध्यमें प्राप्त हुआ भी **[रजसा]** कर्मरूपी रजसे **[नो लिप्यते]** लिप्त नहीं होता **[यथा]** जैसे कि **[कर्दममध्ये]** कीचड़में पड़ा हुआ **[कनकं]** सोना । **[तु पुनः]** किन्तु फिर **[अज्ञानी]** अज्ञानी **[सर्वद्रव्येषु]** समस्त द्रव्योंमें **[रक्तः]** रागी है, अतः **[कर्ममध्यगतः]** कर्मोंके मध्यमें प्राप्त हुआ

णाणी रागप्पजहो सव्वदव्वेसु कम्ममज्झगदो ।
णो लिप्पदि रजएण दु कद्दममज्झे जहा कणयं ॥२१८॥
अण्णाणी पुण रत्तो सव्वदव्वेसु कम्ममज्झगदो ।
लिप्पदि कम्मरएण दु कद्दममज्झे जहा लोहं ॥२१९॥ (युग्मम्)

सब द्रव्योंमें ज्ञानी, रागप्रमोचन स्वभाव वाला है ।
कर्ममध्यगत रजसे, लिप्त न ज्यों कीचमें सोना ॥२१८॥
किन्तु अज्ञानसेवी, सब द्रव्योंमें प्रसक्त रहता है ;
कर्ममध्यगत सबसे, लिप्त यथा कीचमें लोहा ॥२१९॥

ज्ञानी रागप्रहायः सर्वद्रव्येषु कर्ममध्यगतः । नो लिप्यते रजसा तु कर्दममध्ये यथा कनकं ॥२१८॥
अज्ञानी पुना रक्तः सर्वद्रव्येषु कर्ममध्यगतः । लिप्यते कर्मरजसा तु कर्दममध्ये यथा लोहं ॥२१९॥

यथा खलु कनकं कर्दममध्यगतमपि कर्दमेन न लिप्यते तदलेपस्वभावत्वात् । तथा किल ज्ञानी कर्ममध्यगतोऽपि कर्मणा न लिप्यते सर्वपरद्रव्यकृतरागत्यागशीलत्वे सति तदलेपस्वभाव-

---

नामसंज्ञ—णाणि, रागप्पजह, सव्वदव्व, कम्ममज्झगद, णो, रजय, दु, कद्दममज्झ, जहा, कणय, अण्णाणि, पुण, रत्त, सव्वदव्व, कम्मज्झगद, कम्मरय, दु, कदममज्झ, जहा, लोह । **धातुसंज्ञ**—जहा त्यागे, लिप लेपने । **प्रातिपदिक**—ज्ञानिन्, रागप्रहाय, सर्वद्रव्य, कर्ममध्यगत, नो, रजस्, तु, कर्दममध्य, यथा, कनक, अज्ञानिन्, पुनर्, रक्त, सर्वद्रव्य, कर्ममध्यगत, कर्मरजस्, तु, कर्दममध्य, यथा, लोह । **मूलधातु**—ओहाक् त्यागे जुहोत्यादि, लिप उपदेहे तुदादि । **पदविवरण**—णाणी ज्ञानी—प्रथमा एक० । रागप्पजहो

[कर्मरजसा] कर्मरजसे [लिप्यते] लिप्त होता है [यथा] जैसे कि [कर्दममध्ये] कीचमें पड़ा हुआ [लोहं] लोहा ।

तात्पर्य—अज्ञानी रागी होनेसे बँधता है, ज्ञानी विरक्त होनेसे नहीं बँधता ।

टीकार्थ—जैसे निश्चयसे सुवर्ण कीचड़के बीचमें पड़ा हुआ भी कीचड़से लिप्त नहीं होता, क्योंकि सुवर्णका स्वभाव कर्दमसे न लिपनेके स्वभाव वाला ही है; उसी प्रकार वास्तवमें ज्ञानी कर्मके बीचमें पड़ा हुआ भी कर्मसे लिप्त नहीं होता, क्योंकि ज्ञानी सब परद्रव्यगत-रागके त्यागके स्वभावपनेके होनेके कारण कर्मसे अलिप्तस्वभावी है । तथा जैसे लोहा कर्दमके मध्य पड़ा हुआ कर्दमसे लिप्त हो जाता है, क्योंकि लोहेका स्वभाव कर्दमसे लिप्त होनेरूप ही है; उसी तरह अज्ञानी प्रकटपने कर्मके बीच पड़ा हुआ कर्मसे लिप्त होता है, क्योंकि अज्ञानी सब परद्रव्योंमें किये गये रागका उपादान स्वभाव होनेसे कर्ममें लिप्त होनेके स्वभाव वाला है । **भावार्थ**—जैसे कीचड़में पड़े हुए सुवर्णके काई मैल जंग नहीं लगता, और लोहेके काई

त्वात् ज्ञान्येव । यथा लोहं कर्दममध्यगतं सत्कर्दमेन लिप्यते तल्लेपस्वभावत्वात् तथा किलाज्ञानी कर्ममध्यगतः सन् कर्मणा लिप्यते सर्वपरद्रव्यकृतरागोपादानशीलत्वे सति तल्लेपस्वभावत्वात् ॥ यादृक् तादृगिहास्ति तस्य वशतो यस्य स्वभावो हि यः कर्तुं नैष कथंचनापि हि परैरन्यादृशः

रागप्रहायः—प्रथमा एक० । सव्वदव्वेसु सर्वद्रव्येषु—सप्तमी बहु० । कम्ममज्झगदो कर्ममध्यगतः—प्र० ए० । णो नो—अव्यय । लिप्पदि लिप्यते—वर्तमान लट् अन्य पुरुष एक० भावकर्मवाच्य क्रिया । रजएण रजसा—तृतीया एक० । दु तु—अव्यय । कद्दममज्झे कर्दममध्ये—सप्तमी एक० । जहा यथा—अव्यय । कणयं कनकं—प्रथमा एक० । अण्णाणी अज्ञानी—प्रथमा एकवचन । पुण पुनः—अव्यय । रत्तो रक्तः—प्रथमा एक० । सव्व०

जंग लग जाता है उसी प्रकार ज्ञानी कर्मके मध्यगत है तो भी वह कर्मसे नहीं बँधता । और अज्ञानी कर्मसे बँध जाता है ।

अब इस अर्थका और भी स्पष्टीकरण कलशमें कहते हैं—**यादृक्** इत्यादि । अर्थ—इस लोकमें निश्चयतः जिस वस्तुका जैसा स्वभाव है उसका वह स्वभाव वैसे ही स्वाधीनपनेसे है । सो वह स्वभाव अन्य किसीके द्वारा अन्य सरीखा कभी नहीं किया जा सकता । अतः ज्ञान निरन्तर ज्ञानस्वरूप ही होता है ज्ञान कभी अज्ञान नहीं होता यह निश्चय है । इस कारण हे ज्ञानी ! तू कर्मोदयजनित उपभोगको भोग, परके अपराधसे उत्पन्न हुआ बंध यहाँ तेरे नहीं है । **भावार्थ**—वस्तुस्वभावको मेटनेके लिये कोई समर्थ नहीं है वस्तुस्वभाव वस्तुके अपने ही आधीन है, इस कारण ज्ञान हुए बाद उसे अज्ञानरूप करनेको कोई समर्थ नहीं है । इसी कारण ज्ञानीसे कहा गया है कि परके किये अपराधसे बंध तेरे नहीं है । उपभोग भोगनेसे बंध की शंका करेगा तो परद्रव्यसे बुरा होता है ऐसा मिथ्या माननेका प्रसंग आयेगा । वास्तवमें बंध अपने अपराधसे होता है । इस तरह स्वेच्छाचारिता मिटानेका व परद्रव्यसे बुरा होता है ऐसी शंका मिटानेका उपदेश किया है । स्वेच्छाचारी व मिथ्याबुद्धि होना अज्ञानभाव है ।

प्रसंगविवरण—अनन्तरपूर्व गाथामें बताया गया था कि ज्ञानीके अध्यवसानोदयोंमें राग उत्पन्न नहीं होता । अब इन दो गाथाओंमें सोदाहरण बतलाया है कि इसी कारण ज्ञानी कर्ममें पड़कर भी कर्मरजसे लिप्त नहीं होता, किन्तु अज्ञानी अध्यवसानोदयोंमें राग होनेसे कर्मरजसे लिप्त हो जाता ।

अब कर्मका नवीन बंध रोककर निर्जरा करने वाले सम्यग्दृष्टिकी महिमा कहते हैं—**रुन्धन्** इत्यादि । **अर्थ**—स्वयमेव अपने निज रसमें मस्त हुआ, आदि मध्य अन्तरहित सर्वव्यापक एक प्रवाहरूप धारावाही ज्ञानरूप होकर नवीन बन्धको रोकता हुआ और पहले बांधे हुए कर्मको अपने अष्ट अङ्गोंके साथ निर्जराकी बढ़वारी द्वारा क्षयको प्राप्त कराता हुआ सम्यग्दृष्टि जीव आकाशके मध्यरूप अतिनिर्मल रंगभूमिमें प्रवेश कर नचता है याने विकसित होता है । **भावार्थ**—सम्यग्दृष्टिके शंकादिकृत नवीन बन्ध तो होता ही नहीं और आठ अङ्गोंसहित होनेसे निर्जरा वृद्धिगत है उससे पूर्वबद्धका नाश होता है । इसलिए वह एक प्रवाहरूप ज्ञानरूपी रसको पीकर निर्मल आकाशरूप रङ्गभूमिमें नृत्य करता है याने ज्ञानविलास करता है । यहाँ यह ज्ञातव्य है कि सम्यग्दृष्टिके मिथ्यात्वादि अनन्तानुबन्धी कषायके उदयका अभाव है तथा अल्पस्थिति अनुभाग लिए मिथ्यात्व अनन्तानुबन्धीके बिना और उसके साथ रहने वाली अन्य प्रकृतियोंके बिना घातिया तथा अघातिया कर्मोंकी प्रकृतियोंका बन्ध भी होता है तो भी जैसा बन्ध मिथ्यात्व व अनन्तानुबन्धी सहित दशामें होता है वैसा नहीं होता । अनन्त संसारका कारण तो मिथ्यात्व अनन्तानुबन्धी हैं उनका अभाव होनेके पश्चात् उनका बन्ध नहीं होता । जब आत्मा ज्ञानी हुआ तब अन्य बन्धकी गिनती क्या ? वृक्षकी जड़ कटनेके बाद हरे पत्ते रहनेकी क्या अवधि ? इस कारण अध्यात्मशास्त्रमें सामान्यपनेसे ज्ञानीका ही प्रधान कथन है । ज्ञानी हुए पश्चात् शेष कर्म सहज ही मिट जायेंगे तथा परम सहज आनन्द भोगेगा । जैसे कि कोई दरिद्र पुरुष झोंपड़ीमें रहता था उसको भाग्योदयसे धनसे पूर्ण बड़े महलकी प्राप्ति हुई । उस महलमें बहुत दिनका कूड़ा भरा हुआ था । स पुरुषने जब आकर प्रवेश किया उसी दिन यह तो महलका धनी बन गया । अब कूड़ा झारना रह गया सो वह क्रमसे अपने बलके अनुसार झाड़ता ही है । जब सब कूड़ा झड़ जायगा तब उज्ज्वल हो जायगा ।

प्रसंगविवरण—अनन्तरपूर्व गाथामें वात्सल्यभावयुत सम्यग्दृष्टिका आशय बताया गया था । अब इस गाथामें ज्ञानीकी प्रभावनाङ्गधारकताका वर्णन किया है ।

तथ्यप्रकाश—(१) ज्ञानकी समस्त शक्तिके जागरणसे सम्यग्दृष्टि धर्मप्रभावक है । (२) ज्ञानी ज्ञानरथपर आरूढ होकर अभीष्ट शिवमार्गमें अर्थात् रत्नत्रयमें विहार करता है ।

स्वयमतिरसादादिमध्यांतमुक्तं ज्ञानं भूत्वा नटति गगनाभोगरंगं विगाह्य ॥१६२॥ इति निर्जरा निष्क्रांता ॥ २३६ ॥

इति श्रीमदमृतचंद्रसूरिविरचितायां समयसारव्याख्यायामात्मख्यातौ निर्जराप्ररूपकः षष्ठोऽङ्कः ॥ ६ ॥

ए० । सम्मादिट्ठी सम्यग्दृष्टिः—प्र० ए० । मुणेयव्वो मन्तव्यः—प्रथमा एकवचन कृदन्त क्रिया ॥ २३६ ॥


(३) सम्यग्दृष्टि अन्तस्तत्त्वोपलब्धिरूप विद्यारथपर आरूढ होकर ख्याति लाभ इच्छा आदि चित्तकल्लोलोंको सहजात्मध्यानरूप शस्त्रसे नष्ट कर देता है। (४) अप्रभावनाकृत बन्ध सम्यग्दृष्टिके नहीं है। (५) सम्यग्दृष्टिके पूर्वसंचित कर्मकी निश्चित निर्जरा है। (६) शुद्धनयके आश्रयसे उत्पन्न निःशंकादि अष्ट गुण सम्वरपूर्वक भावनिर्जराके उपादान कारणभूत हैं। (७) व्यवहाररत्नत्रय साधक है, निश्चयरत्नत्रय साध्य है। (८) व्यवहाररत्नत्रयमें स्थित सरागसम्यग्दृष्टिके योग्य प्रवृत्तिरूप भी निःशंकादि अष्ट गुण होते हैं।

सिद्धान्त—(१) निश्चयज्ञानप्रभावक गुण द्वारा ज्ञानी जीव निजशुद्धिके लिये संवरपूर्विका भावनिर्जरा करता है।

दृष्टि—१– कारककारकिभेदक सद्भूत व्यवहारनय (७३)।

प्रयोग—ज्ञानरूप रथमें आरूढ होकर याने ज्ञानमें उपयोगको लगाकर सहजानन्दमय ज्ञानतत्त्वकी प्रभावनासे कृतार्थ होनेका पौरुष करना ॥ २३६ ॥

इति श्रीमत्कुन्दकुन्दाचार्यविरचित समयसार व उसकी श्रीमदमृतचंद्रसूरिविरचित समयसारव्याख्या आत्मख्यातिकी सहजानन्दसमदशाङ्की टीकामें निर्जराप्ररूपक छठवां अंक समाप्त हुआ।



अथ बंधाधिकारः

अथ प्रविशति बंधः । रागोद्गारमहारसेन सकलं कृत्वा प्रमत्तं जगत् क्रीडंतं रसभारनिर्भरमहानाट्येन बंधं धुनत् । आनन्दामृतनित्यभोजि सहजावस्थां स्फुटं नाटयद् धीरोदारमनाकुलं निरुपधिज्ञानं समुन्मज्जति ॥१६३॥

जह णाम कोवि पुरिसो णेहभत्तो दु रेणुबहुलम्मि ।
ठाणम्मि ठाइदूण य करेइ सत्थेहिं वायामं ॥१३७॥
छिंददि भिंददि य तहा तालीतलकयलिवंसपिंडीओ ।
सच्चित्ताचित्ताणं करेइ दव्वाणमुवघायं ॥२३८॥
उवघायं कुव्वंतस्स तस्स णाणाविहेहिं करणेहिं ।
णिच्छयदो चिंतिज्ज हु किंपच्चयगो दु रयबंधो ॥२३९॥
जो सो दु णेहभावो तम्हि णरे तेण तस्स रयबंधो ।
णिच्छयदो विण्णेयं ण कायचेट्ठाहिं सेसाहिं ॥२४०॥
एवं मिच्छादिट्ठी वट्टंतो बहुविहासु चिट्ठासु ।
रायाई उवओगे कुव्वंतो लिप्पइ रयेण ॥२४१॥

नामसंज्ञा—जह, णाम, क, वि, पुरिस, णेहभत्त, दु, रेणुबहुल, ठाण, य, सव्व, वायाम, य, तहा, तालीतलकयलिवंसपिंडी, सच्चित्ताचित्त, दव्व, उवघाय, उवघाय, त, णाणाविह, करण, णिच्छयदो, किंप-

अब बन्ध तत्त्व प्रवेश करता है । जैसे कि नृत्यमंचपर कोई स्वांग प्रवेश करता है, उसी प्रकार जीवकी रंगभूमिमें बन्धतत्त्व प्रवेश करता है । उसमें सर्वप्रथम बँध स्वांग मिटाने वाले सम्यग्ज्ञानके अभिनन्दनमें मंगलरूप काव्य कहते हैं—रागोद्गार इत्यादि । अर्थ—जो विकाररागके उद्गाररूप महारस (मदिरा) के द्वारा समस्त जगतको प्रमत्त (मतवाला) करके रसपूर्ण महान् नाटचके द्वारा क्रीड़ा करते हुए बन्धको दूर करता हुआ आनन्दरूपी अमृतका

जैसे तैल लगाये, कोई पुरुष धूलपूर्ण भूमीमें ।
स्थित होकर शस्त्रोंसे, नाना व्यायाम करता है ॥२३७॥
ताड़ बांस कदलीको, विछेदता भेदता हि व्यायामी ।
करता उपघात वहां, सजीव निर्जीव द्रव्योंका ॥२३८॥
नानाविध करणोंसे, उपघात कर रहे हुए पुरुषके ।
चिपटी हुई धूलीका, किस कारणसे हुआ बन्धन ॥२३९॥
तैल लगा उस नरके, इस कारणसे हि धूलिबंध हुआ ।
निश्चयसे यह जानो, हुआ नहीं कायचेष्टासे ॥२४०॥
यों यह मिथ्यादृष्टी, विविध चेष्टामें वर्तमान हुआ ।
उपयोगसे रागादि, करता लिपता बंधे रजसे ॥२४१॥

यथा नाम कोऽपि पुरुषः स्नेहाभ्यक्तस्तु रेणुबहुले । स्थाने स्थित्वा च करोति शस्त्रैर्व्यायामं ॥२३७॥
छिनत्ति भिनत्ति च तथा तालीतलकदलीवंशपिंडीः । सचित्ताचित्तानां करोति द्रव्याणामपघातं ॥२३८॥
उपघातं कुर्वतस्तस्य नानाविधैः करणैः । निश्चयतश्चिन्त्यतां किंप्रत्ययकस्तु तस्य रजोबंधः ॥२३९॥
यः स तु स्नेहभावस्तस्मिन्नरे तेन तस्य रजोबंधः । निश्चयतो विज्ञेयं न कायचेष्टाभिः शेषाभिः ॥२४०॥
एवं मिथ्यादृष्टिर्वर्तमानो बहुविधासु चेष्टासु । रागादीनुपयोगे कुर्वाणो लिप्यते रजसा ॥२४१॥

इह खलु यथा कश्चित् पुरुषः स्नेहाभ्यक्तः स्वभावत एव रजोबहुलायां भूमौ स्थितः शस्त्रव्यायामकर्म कुर्वाणः अनेकप्रकारकरणैः सचित्ताचित्तवस्तूनि निघ्नन् रजसा बध्यते । तस्य

चयग, दु, रयबंध, ज, त, दु, णेहभाव, त, ठाण, त, त, रयबंध, णिच्छयदो, विण्णेय, ण, कायचेट्ठा, सेसा, एव, मिच्छादिट्ठि, वट्टंत, वहुविहा, चिट्ठा, रायाइ, उवओग, कुव्वंत, रय । **धातुसंज्ञ**— ट्ठा गति-निवृत्तौ, कर करणे, च्छिद छेदने, भिद विदारणे, कुव्व करणे, चिन्त चिन्तने, लिप लेपने । **प्रातिपदिक**— यथा, नामन्, किम्, अपि, पुरुष, स्नेहाभ्यक्त, तु, रेणुबहुल, स्थान, च, शस्त्र, व्यायाम, च, तथा, तालीतल-

---

नित्य भोजन करने वाला धीर, उदार, अनाकुल निरुपाधि ज्ञान अपनी सहज अवस्थाको याने जाननरूप क्रियाको नचाता हुआ प्रकट होता है । **भावार्थ**— बन्धके स्वाङ्गको दूर करने वाला अविकार सहज ज्ञानस्वभावमयका ज्ञान शुद्ध प्रकट हो नृत्य करेगा उसकी महिमा इस काव्यमें प्रकट की है । ऐसा सहज आनन्दमय निरुपाधि ज्ञानस्वरूप आत्मा सदा प्रकट रहो ।

अब बन्ध तत्त्वके स्वरूपका विचार करते हैं । यहां प्रथम बन्धके कारणको प्रकट करते हैं—[यथा नाम] जैसे [कः अपि पुरुषः] कोई पुरुष [स्नेहाभ्यक्तः तु] तैलसे अवलिप्त हुआ [रेणुबहुले] बहुत धूली वाले [स्थाने] स्थानमें [स्थित्वा च] स्थित होकर [शस्त्रैः व्यायामं] हथियारोंसे व्यायाम [करोति] करता है, वहाँ [तालीतलकदलीवंशपिंडीः] ताड़,

कतमो बन्धहेतुः ? न तावत्स्वभावत एव रजोबहुला भूमिः, स्नेहानभ्यक्तानामपि तत्रस्थानां तत्प्रसङ्गात् । न शस्त्रव्यायामकर्म, स्नेहानभ्यक्तानामपि तस्मात् तत्प्रसंगात् । नानेकप्रकारकरणानि, स्नेहानभिव्यक्तानामपि तैस्तत्प्रसंगात् । न सचित्ताचित्तवस्तूपघात, स्नेहानभिव्यक्तानामपि तस्मिंस्तत्प्रसंगात् । ततो न्यायबलेनैवैतदायातं यत्तस्मिन् पुरुषे स्नेहाभ्यंगकरणं स बंधहेतुः ।

कदलीवंशपिंडी, सचित्ताचित्त, द्रव्य, उपघात, उपघात, कुर्वन्त, तत्, नानाविध, करण, निश्चयतः, किंप्रत्ययक, तु, तत्, रजोबन्ध, यत्, तत्, तु, स्नेहभाव, तत्, नर, तत्, रजोबन्ध, निश्चयतः, विज्ञेय, न, कायचेष्टा, शेषा, एव, मिथ्यादृष्टि, वर्तमान, बहुविधा, चेष्टा, रागादि, उपयोग, कुर्वाण, रजस् । मूलधातु – ष्ठा

तमाल, केल, अशोक इत्यादि वृक्षोंको [**छिनत्ति**] छेदता है [**च भिनत्ति**] और भेदता है [**तथा**] तथा [**सचित्ताचित्तानां**] सचित्त व अचित्त [**द्रव्याणां**] द्रव्योंका [**उपघातं**] उपघात [**करोति**] करता है । इस प्रकार [**नानाविधैः करणैः**] नाना प्रकारके करणों द्वारा [**उपघातं कुर्वतः**] उपघात करते हुए [**तस्य**] उस पुरुषके [**खलु**] वास्तवमें [**रजोबंधः तु**] रजका बन्ध [**किंप्रत्ययिकः**] किस कारणसे हुआ है ? [**निश्चयतः**] निश्चयसे [**चिन्त्यतां**] विचारिये । [**तस्मिन् नरे**] उस मनुष्यमें [**यः तु**] जो [**सः स्नेहभावः**] वह तैल आदिकी चिकनाहट है [**तेन**] उससे [**तस्य रजोबंधः**] उसके धूलिका बन्ध होता है [**निश्चयतः विज्ञेयं**] यह निश्चयसे जानना चाहिये । [**शेषाभिः कायचेष्टाभिः**] शेष कायकी चेष्टाओंसे [**न**] धूलिका बंध नहीं है [**एवं**] इसी प्रकार [**बहुविधासु चेष्टासु**] बहुत प्रकारकी चेष्टाओंमें [**वर्तमानः**] वर्तता हुआ [**मिथ्यादृष्टिः**] मिथ्यादृष्टि जीव [**उपयोगे**] अपने उपयोगमें [**रागादीन् कुर्वाणः**] रागादि भावोंको करता हुआ [**रजसा**] कर्मरूप रजसे [**लिप्यते**] लिप्त होता है याने बँधता है ।

तात्पर्य—मिथ्यात्व राग आदि भावोंमें परिणत जीवके कर्मका बन्ध होता है ।

टीकार्थ—इस लोकमें निश्चयसे जैसे कोई पुरुष स्नेह (तैल) आदिकसे अवलिप्त हुआ स्वभावसे ही बहुत धूलि वाली भूमिमें स्थित हुआ शस्त्रोंसे व्यायाम कर्म करता हुआ अनेक प्रकारके शस्त्रोंसे सचित्त अचित्त वस्तुओंको काटता हुआ उस भूमिकी धूलिसे लिप्त होता है । यहाँ निर्णय करें कि वहाँ पुरुषके बन्धका कारण इनमें कौन है ? तो पहिले यही देख लीजिये कि जो स्वभावसे ही रजोव्याप्त भूमि है वह बन्धका कारण नहीं है । क्योंकि यदि भूमि ही कारण हो तो उस भूमिपर ठहरे हुए तैल आदिसे अनवलिप्त पुरुषोंके भी धूलिके चिपट जानेका प्रसंग आ जावेगा । शस्त्रोंसे व्यायाम करना भी उस धूलिसे बँधनेका, लिप जानेका कारण नहीं है । यदि शस्त्रोंसे व्यायाम करना धूलिसे बँधनेका कारण हो तो जिनके तैल आदि नहीं लगा, उनके भी उस शस्त्राभ्यासके करनेसे रजका बँध होनेका प्रसङ्ग आ जायगा ।

एवं मिथ्यादृष्टिरात्मनि रागादीन् कुर्वाणः स्वभावत एव कर्मयोग्यपुद्गलबहुले लोके कायवाङ्मनःकर्म कुर्वाणोऽनेकप्रकारकरणैः सचित्ताचित्तवस्तूनि निघ्नन् कर्मरजसा बध्यते। तस्य कतमो बन्धहेतुः? न तावत्तत्स्वभावत एव कर्मयोग्यपुद्गलबहुलो लोकः, सिद्धानामपि तत्रस्थानां तत्प्रसंगात्। न कायवाङ्मनःकर्म, यथाख्यातसंयतानामपि तत्प्रसंगात्। नानेकप्रकारकरणानि,

---

गतिनिवृत्तौ, डुकृञ् करणे, छिदिर् छेदने, भिदिर् भेदने, चिति स्मृत्यां, लिप उपदेहे तुदादि। **पदविवरण**—जह यथा—अव्यय। णाम नाम—प्रथमा एक०। को कः—प्रथमा एक०। वि अपि—अव्यय। पुरिसो पुरुषः—प्र० ए०। णेहभत्तो स्नेहाभ्यक्तः—प्रथमा एक०। दु तु—अव्यय। रेणुबहुलम्हि रेणुबहुले—सप्तमी एक०। ठाणे स्थाने—सप्तमी एक०। ठाइदूण स्थित्वा—असमाप्तिकी क्रिया। य च—अव्यय। करेइ करोति—वर्तमान

अनेक प्रकारके करण भी उस रजके बंधनेका कारण नहीं है, क्योंकि यदि ऐसा हो तो जिनके तैल आदि नहीं लगा, उनके भी उन करणों द्वारा रजका बन्ध हो जानेका प्रसङ्ग हो जायगा। तथा सचित्त अचित्त वस्तुओंका उपघात भी उस रजके लगनेका कारण नहीं है, क्योंकि यदि ऐसा हो तो जिनके तैल आदि नहीं लगा उनके भी सचित्त अचित्तका घात करने से रजका बन्ध हो जानेका प्रसङ्ग आ जायगा। इसलिये न्यायके बलसे यह ही सिद्ध हुआ कि उस पुरुषमें जो तैल आदिका मर्दन है वही बन्धका कारण है। ऐसे ही मिथ्यादृष्टि जीव अपने आत्मामें राग आदि भावोंको करता हुआ स्वभावसे ही कर्मके योग्य पुद्गलोंसे भरे हुए लोकमें काय वचन मनकी क्रियाको करता हुआ अनेक प्रकारके करणों द्वारा सचित्त अचित्त वस्तुओं का घात करता हुआ कर्मरूपी धूलिसे बँधता है। वहाँ विचारिये कि बन्धका कारण कौन है? वहाँ प्रथम तो यही देखिये कि स्वभावसे ही कर्मयोग्य पुद्गलोंसे भरा हुआ लोक बन्धका कारण नहीं है, यदि उनसे बन्ध हो तो लोकमें सिद्धोंके भी बन्धका प्रसङ्ग आयेगा। काय वचन मनकी क्रियास्वरूप योग भी बन्धके कारण नहीं हैं, यदि उनसे बन्ध हो तो मन, वचन, कायकी क्रिया वाले यथाख्यातसंयमियोंके भी बन्धका प्रसङ्ग हो जायगा। अनेक प्रकारके करण भी बन्धके कारण नहीं हैं, यदि उनसे बन्ध हो तो केवलज्ञानियोंके भी बन्धका प्रसङ्ग हो जायगा। तथा सचित्त अचित्त वस्तुओंका उपघात भी बन्धका कारण नहीं है, यदि उनसे बँध हो तो समितिमें तत्पर याने यत्नरूप प्रवृत्ति करने वाले साधुवोंके भी सचित्त अचित्त वस्तु के घातसे बन्धका प्रसङ्ग हो जायगा। इस कारण न्यायके बलसे यही सिद्ध हुआ कि जो उपयोगमें रागादिका करना है वह बन्धका कारण है। **भावार्थ**—यहाँ निश्चयनयकी मुख्य दृष्टि से बन्ध होनेके कारणपर विचार किया गया है। बन्धका यथार्थ कारण विचारनेसे यही सिद्ध हुआ कि मिथ्यादृष्टि पुरुष राग, द्वेष, मोह भावोंको अपने उपयोगमें करता है सो ये रागादिक

केवलज्ञानिनामपि तत्प्रसङ्गात् । न सचित्ताचित्तवस्तूपघातः समितितत्पराणामपि तत्प्रसङ्गात् । ततो न्यायबलेनैतदेवायातं यदुपयोगे रागादिकरणं स बंधहेतुः ॥ न कर्मबहुलं जगन्न चलनात्मकं

लट् अन्य पुरुष एक० क्रिया । सत्थेहिं शस्त्रैः—तृतीया बहु० । वायामं व्यायामं—द्वितीया एक० । छिंददि छिनत्ति, भिंददि भिनत्ति—वर्तमान लट् अन्य पुरुष एकवचन । तहा तथा—अव्यय । तालीतलकयलिवंसपिंडीओ तालीतलकदलीवंशपिण्डीः—द्वितीया बहु० । सच्चित्ताचित्ताणं सचित्ताचित्तानां—षष्ठी बहु० । करेइ करोति, दव्वाणं द्रव्याणां—षष्ठी बहु० । उवघायं उपघातं—द्वि० ए० । कुव्वंतस्स कुर्वतः—षष्ठी एक० । तस्स तस्य—षष्ठी एकवचन । णाणाविहेहिं नानाविधैः—तृतीया बहु० । णिच्छयदो निश्चयतः—पंचम्यर्थे अव्यय । किंपच्चयगो निमित्तकः—प्रथमा एकवचन । हु खु—अव्यय । रयबंधो रजोबन्धः—प्रथमा एक० । जो यः—प्रथमा एकवचन । णेहभावो स्नेहभावः तम्हि तस्मिन्—सप्तमी एक० । णरे नरे—सप्तमी एक० । तेण तेन—तृतीया एक० । तस्स तस्य—षष्ठी एक० । रयबंधो रजोबन्धः—प्र० एक० । णिच्छयदो निश्चयतः—अव्यय ।

ही बन्धके कारण हैं । परन्तु अन्य जो कर्मयोग्य पुद्गलोंसे भरा लोक, मन वचन कायके योग, अनेक करण और चेतन अचेतनका घात आदि हैं ये बँधके कारण नहीं हैं । क्योंकि यदि इनसे बन्ध हो तो सिद्धोंके, यथाख्यातचारित्र वालोंके, केवलज्ञानियोंके तथा समितितत्पर मुनियोंके बन्धका प्रसङ्ग आ जायगा; लेकिन उनके बन्ध नहीं होता । अतः बन्धका कारण रागादिक ही हैं यह निश्चय रहा ।

अब आगे इस अर्थका समर्थक कलश कहते हैं—**न कर्म** इत्यादि । **अर्थ**—कर्मबन्धका कारण न तो कर्मयोग्य पुद्गलोंसे बहुत भरा हुआ लोक है, न चलनस्वरूप कर्म याने काय वचन मनकी क्रियारूप योग है, न अनेक प्रकारके करण हैं और न चेतन अचेतनका घात है । किन्तु, उपयोगभूमि याने जीव जो रागादि भावोंके साथ एकताको प्राप्त होता है वही एकमात्र पुरुषोंके बन्धका कारण है । **भावार्थ**—निश्चयसे मिथ्यात्व रागादिक ही बन्धका कारण है ।

प्रसंगविवरण—अनन्तरपूर्व गाथा तक "भूयत्थेणाभिगया जीवाजीवा य" इत्यादि अधिकारगाथाके अनुसार जीव, अजीव, पुण्य-पापादि सात पदार्थोंकी पीठिकारूप कर्तृकर्माधिकार, आस्रव, सम्वर, निर्जरा तत्त्वका वर्णन किया गया था । अब क्रमप्राप्त बन्ध अधिकार आया सो उसमें सर्वप्रथम बन्धके सही कारणका विचार इन पांच गाथावोंमें किया गया है ।

तथ्यप्रकाश—(१) विस्रसोपचयरूप कार्मणवर्गणाओंसे भरे लोकमें रहनेके कारण जीवके बन्ध नहीं होता, क्योंकि ऐसे लोकमें रहने वाले सिद्धोंके बन्ध नहीं है । (२) मन, वचन, कायकी चेष्टासे जीवके बन्ध नहीं होता, क्योंकि यथाख्यात संयमी ११, १२, १३वें गुणस्थानवर्ती जीवोंके चेष्टा होकर भी बन्ध नहीं है । (३) अनेक प्रकारके बाह्य संगसे भी जीवके बन्ध नहीं होता, क्योंकि समवशरण, गन्धकुटी, छत्र, चमर, सिंहासन आदि शोभाके बीच भी केवलज्ञानीके बन्ध नहीं है । (४) सचित्त अचित्त वस्तुके उपघातसे भी जीवके

कर्म वा, न नैककरणानि वा न चिदचिद्वधो बंधकृत् । यदैक्यमुपयोगभू :समुपयाति रागादिभिः स एव किल केवलं भवति बन्धहेतुर्नृणां ॥१२४॥ ॥ २३७-२४१ ॥

विण्णेयं विज्ञेयं–प्र० ए० । ण न–अव्यय । कायचेट्ठाहि कायचेष्टाभिः–तृ० बहु० । सेसाहि शेषाभिः–तृतीया बहु० । एवं–अव्यय । मिच्छादिट्ठी मिथ्यादृष्टिः–प्र० ए० । वट्टन्तो वर्तमानः–प्र० ए० । बहुविहासु बहुविधासु–सप्तमी बहु० । चिट्ठासु चेष्टासु–सप्तमी बहु० । रागादी रागादीन्–द्वितीया बहु० । उवओगे उपयोगे–सप्तमी एक० । कुव्वतो कुर्वाणः–प्र० ए० । लिप्पइ लिप्यते–वर्तमान लट् अन्य पुरुष एकवचन भावकर्मवाच्यप्रक्रिया क्रिया । रयेण रजसा–तृतीया एकवचन ॥ २३७-२४१ ॥

बन्ध नहीं है, क्योंकि समितिसे चलते हुए साधुके पदतलसे किसी कुन्थु जीवका उपघात होने पर भी साधुके बन्ध नहीं है । (५) बन्ध तो मात्र उपयोगमें रागादिके करनेसे है ।

सिद्धान्त—(१) परद्रव्यके किसी भी प्रकारके परिणमनसे जीवका परिणाम नहीं होता । (२) कर्मविपाकको आत्मीय माननेके विकल्पका निमित्त पाकर कार्माण वर्गणाओंका कर्मत्व परिणमनरूप बन्ध होता है ।

दृष्टि— १– परद्रव्यादिग्राहक द्रव्यार्थिकनय (२३) । २– उपाधिसापेक्ष अशुद्ध द्रव्यार्थिकनय (२४) ।

प्रयोग– उपयोगमें रागादिके करनेको ही विपत्तिका मूल जानकर रागादि परभावसे उपयोग हटाकर सहज ज्ञानानन्द स्वभावमें उपयोग लगाना ॥ २३७-२४१ ॥

अब कहते हैं कि सम्यग्दृष्टिके बन्ध क्यों नहीं होता ?—[**यथा**] जैसे [**पुनः स चैव**] फिर वही [**नरः**] मनुष्य [**सर्वस्मिन् स्नेहे अपनीते**] समस्त तैलादिक हटा दिये जानेपर [**रेणुबहुले**] बहुत धूलि वाले [**स्थाने**] स्थानमें [**शस्त्रैः व्यायामं करोति**] शस्त्रोंके द्वारा व्यायाम करता है, [**तालीतलकदलीवंशपिण्डीः**] ताड़, तमाल, केला, बांस आदिके वृक्षको [**छिनत्ति च भिनत्ति**] छेदता है और भेदता है [**तथा**] और [**सचित्ताचित्तानां**] सचित्त अचित्त [**द्रव्याणां**] द्रव्योंका [**उपघातं करोति**] उपघात करता है । [**नानाविधैः करणैः**] नाना प्रकारके करणोंसे [**उपघातं कुर्वतः तस्य**] उपघात करने वाले उसके [**निश्चयतः**] निश्चयसे [**चिन्त्यतां**] विचारिये कि [**रजोबंधः**] धूलिका बन्ध [**किंप्रत्ययकः न**] किस कारणसे नहीं होता [**तस्मिन् नरे**] उस पुरुषके [**यः**] जो [**स अस्नेहभावः**] वह अचिक्कणता है [**तेन**] उससे [**तस्य**] उसके [**अरजोबंधः**] धूलिका अबंध है [**निश्चयतः**] निश्चयसे [**विज्ञेयं**] यह जानना चाहिये [**शेषाभिः कायचेष्टाभिः**] शेष कायकी चेष्टाओंसे [**न**] नहीं [**एवं**] इस प्रकार [**सम्यग्दृष्टिः**] सम्यग्दृष्टि [**बहुविधेषु**] बहुत प्रकारके [**योगेषु**] योगोंमें [**वर्तमानः**] वर्तता हुआ [**उपयोगे**] उपयोगमें [**रागादीन्**] रागादिकोंको [**अकुर्वन्**] नहीं करता हुआ [**रजसा**] कर्म रजसे [**न लिप्यते**] लिप्त

जह पुण सो चेव णरो णेहे सव्वह्मि अवणिये संते ।
रेणुबहुलम्मि ठाणे करेदि सत्थेहिं वायामं ॥२४२॥
छिंददि भिंददि य तहा तालीतलकयलिवंसपिंडीओ ।
सच्चित्ताचित्ताणं करेइ दव्वाणमुवघायं ॥२४३॥
उवघायं कुव्वंतस्स तस्स णाणाविहेहि करणेहिं ।
णिच्छयदो चिंतिज्जहु किंपच्चयगो ण रयबंधो ॥२४४॥
जो सो अणेहभावो तह्मि णरे तेण तस्सऽरयबंधो ।
णिच्छयदो विण्णेयं ण कायचेट्ठाहिं सेसाहिं ॥२४५॥
एव सम्मादिट्ठी वट्टंतो बहुविहेसु जोगेसु ।
अकरंतो उवओगे रागाइ ण लिप्पइ रयेण ॥२४६॥

जैसे फिर वही पुरुष, समस्त उस तैलको अलग करके ।
उस धूलभरी क्षितिमें, करता श्रम पूर्ण शस्त्रोंसे ॥२४२॥
ताड़ बांस कदलीको, विछेदता भेदता पुरुष वैसे ।
करता उपघात वहां, सजीव निर्जीव द्रव्योंका ॥२४३॥
नानाविध करणोंसे, उपघात कर रहे हुए पुरुषके ।
निश्चयसे सोचो किस, कारणसे धूलिबन्ध नहीं ॥२४४॥

नाममंजरी जह, पुण, त, चेव, णर, णेह, सव्व, अवणिय संत, रेणुबहुल, ठाण, सत्थ, वायाम, य, तहा, तालीतलकयलिवंसपिंडी, सच्चित्ताचित्त, दव्व, उवघाय, उवघाय, कुव्वंत, त, णाणाविह, करण,

---

नहीं होता याने नहीं बँधता ।

तात्पर्य—अज्ञानमय रागादिके अभावसे सम्यग्दृष्टिके बन्ध नहीं होता ।

टीकार्थ—जैसे वही पुरुष समस्त तैलादिकके हटा दिये जानेपर स्वभावसे ही बहुत रज वाली भूमिपर उन्हीं शस्त्रोंसे अभ्यास करता हुआ, उन्हीं अनेक तरहके करणोंसे उन्हीं सचित्त अचित्त वस्तुओंको घातता हुआ धूलिसे लिप्त नहीं होता, क्योंकि इसके बन्धका हेतुभूत चिकनाईके लेपका अभाव है उसी तरह सम्यग्दृष्टि आत्मा आत्मामें रागादिकको नहीं करता हुआ स्वभावसे ही कर्मयोग्य पुद्गलोंसे भरे उसी लोकमें उसी काय वचन मनकी क्रियाको करता हुआ उन्हीं अनेक प्रकारके करणोंसे उन्हीं सचित्त अचित्त वस्तुओंका घात करता हुआ

तैल नहीं उस नरके, इससे उसके न धूलिबन्ध हुआ ।
निश्चयसे यह जानो, हुआ न कुछ कायचेष्टासे ॥२४५॥
यों यह सम्यग्दृष्टी, विविध भोगोंमें वर्तमान हुआ ।
उपयोगमें रागादि, करता न न कर्मसे बँधता ॥२४६॥

यथा पुनः स चैव नरः स्नेहे सर्वस्मिन्नपनीते सति । रेणुबहुले स्थाने करोति शस्त्रैर्व्यायामं ॥२४२॥
छिनत्ति भिनत्ति च तथा तालीतलकदलीवंशपिंडीः । सचित्ताचित्तानां करोति द्रव्याणामुपघातं ॥२४३॥
उपघातं कुर्वतस्तस्य नानाविधैः करणैः । निश्चयतश्चिन्त्यतां किंप्रत्ययको न रजोबन्धः ॥२४४॥
यः सोऽस्नेहभावस्तस्मिन्नरे तेन तस्यारजोबन्धः । निश्चयतो विज्ञेयं न कायचेष्टाभिः शेषाभिः ॥२४५॥
एवं सम्यग्दृष्टिर्वर्तमानो बहुविधेषु योगेषु । अकुर्वन्नुपयोगे रागादीन् न लिप्यते रजसा ॥२४६॥

यथा स एव पुरुषः स्नेहे सर्वस्मिन्नपनीते सति तस्यामेव स्वभावत एव रजोबहुलायां भूमौ तदेव शस्त्रव्यायामकर्म कुर्वाणस्तैरेवानेकप्रकारकरणैस्तान्येव सचित्ताचित्तवस्तूनि निघ्नन् रजसा न बध्यते स्नेहाभ्यंगस्य बंधहेतोरभावात् । तथा सम्यग्दृष्टिः आत्मनि रागादीनकुर्वाणः सन् तस्मिन्नेव स्वभावत एव कर्मयोग्यपुद्गलबहुले लोके तदेव कायवाङ्मनःकर्म कुर्वाणः, तैरे-

---

णिच्छयदो, किंपच्चयग, ण, रयबन्ध, ज, त, अणेहभाव, त, णर, त, त, अरयबंध, णिच्छयदो, विण्णेय, ण, कायचेट्ठा, सेसा, एवं, सम्मादिट्ठि, वट्टंत, बहुविह, जोग, अकरंत, उवओग, रागाइ, ण, रय । **धातु-संज्ञ**—कर करणे, भिद भेदने, कुञ्च करणे, चिन्त चिन्तने, लिप लेपने । **प्रातिपदिक**—यथा, पुनस्, तत्, चैव, नर, स्नेह, अपनीत, सर्व, सन्त्, रेणुबहुल, स्थान, शस्त्र, व्यायाम, तथा, तालीतलकदलीवंशपिण्डी,

---

कर्मरूप धूलसे नहीं बँधता । क्योंकि इसके बन्धका कारण रागके योगका अभाव है । **भावार्थ**—सम्यग्दृष्टिके पूर्वोक्त सब सम्बन्ध होनेपर भी अज्ञानमय रागका अभाव होनेसे कर्मबन्ध नहीं होता ।

अब इसी अर्थका कलश कहते हैं—**लोकः कर्म** इत्यादि । **अर्थ**—इस कारण कर्मोंसे भरा हुआ लोक हो सो भले ही रहो, मन वचय कायके चलनस्वरूप योग है सो भले ही रहो, पूर्वोक्त करण भी भले रहो और पूर्वकथित चेतन अचेतनका घात भी भले हो, परंतु अहो, यह सम्यग्दृष्टि रागादिकोंको उपयोगभूमिमें नहीं लाता हुआ केवल एक ज्ञानरूप परिणत होता हुआ पूर्वोक्त किसी भी कारणसे निश्चयतः बन्धको प्राप्त नहीं होता । **भावार्थ**—लोक, योग, करण, चेतन अचेतनका घात—ये बन्धके कारण नहीं बताये गये हैं सो यहाँ ऐसा नहीं समझना कि परजीवकी हिंसासे बन्ध नहीं कहा, इसलिये स्वच्छन्द होकर हिंसा करनी । देख-भाल कर चलने वाले सम्यग्दृष्टि जीवके चलनेमें अबुद्धिपूर्वक कभी परजीवका घात भी हो जाता है तो भी उससे बन्ध नहीं होता । किन्तु जहांपर बुद्धिपूर्वक जीव मारनेके भाव होंगे तो वहाँ

वानेकप्रकारकरणैः, तान्येव सचित्ताचित्तवस्तूनि निघ्नन् कर्मरजसा न बध्यते रागयोगस्य बन्ध-हेतोरभावात् ॥ लोकः कर्म ततोऽस्तु सोऽस्तु च परिस्पन्दात्मकं कर्म तत्, तान्यस्मिन् करणानि संतु चिदचिद्व्यापादानं चास्तु तत् । रागादीनुपयोगभूमिमनयन् ज्ञानं भवन् केवलं, बन्धं नैव कुतोप्युपेत्ययमहो सम्यग्दृगात्मा ध्रुवम् ॥१६५॥ तथापि न निरर्गलं चरितुमिष्यते ज्ञानिनां तदा-

सचित्ताचित्त, द्रव्य, उपघात, कुर्वन्त्, तत्, नानाविध, करण, निश्चयतः, किंप्रत्ययकः, न, रजोबंध, यत्, तत्, अस्नेहभाव, तत्, नर, तत्, अरजोबन्ध, निश्चयतः, विज्ञेय, यः, कार्यचेष्टा शेषा, एवं, सम्यग्दृष्टि, वर्तमान, बहुविध, योग, अकुर्वन्त्, उपयोग, रागादि, न, रजस् । **मूलधातु**—डुकृञ् करणे, छिदिर् छेदने,

अपने उपयोगमें रागादिकका सद्भाव होनेसे बन्ध होगा ही । बन्धसे बचनेके लिये ज्ञान व वैराग्य चाहिये, फिर लोक, योग आदि कुछ भी हो तो भी बन्ध नहीं होता । अध्यात्मकथनमें बुद्धिपूर्वक पौरुष, बन्ध आदिका वर्णन होता सो अबुद्धिपूर्वक होने वाला बन्ध यहाँ विवक्षित नहीं है ।

अब इसी सम्बन्धमें व्यवहारनयकी प्रवृत्ति करनेके लिए काव्य कहते है—**तथापि** इत्यादि । **अर्थ**—यद्यपि लोक आदि कारणोंसे बन्ध नहीं कहा और रागादिकसे ही बन्ध कहा है तथापि ज्ञानियोंको स्वच्छन्द प्रवर्तना योग्य नहीं, क्योंकि निरर्गल (स्वच्छन्द) प्रवर्तना ही वास्तवमें बन्धका स्थान है । ज्ञानियोंके बिना वांछाके कार्य होता है वह बन्धका कारण नहीं, क्योंकि जानाति व करोति ये दोनों क्रियायें क्या निश्चयसे विरुद्ध नहीं हैं ? विरुद्ध हैं । **भावार्थ**—बाह्य व्यवहार प्रवृत्ति करना बन्धके कारणोंमें सर्वथा प्रतिषिद्ध है । ज्ञानियोंकी जो अबुद्धिपूर्वक प्रवृत्ति होती है वहाँ बन्ध नहीं कहा । इसलिए ज्ञानियोंको स्वच्छन्द प्रवर्तना तो कहा ही नहीं है, निरर्गल प्रवर्तना तो बन्धका ही कारण है । जानने और करनेमें परस्पर विरोध है । जीव ज्ञाता रहे तब तो बन्ध नहीं, यदि कर्ता बने तो अवश्य बन्ध है ।

अब जानने और कहनेके परस्पर विरोधको बतानेके लिये काव्य कहते हैं—**जानाति** इत्यादि । **अर्थ**—जो जानता है वह करता नहीं है और जो करता है वह जानता नहीं है । करना तो निश्चयसे कर्मराग है और रागको अज्ञानमय अध्यवसाय कहते हैं जो कि मिथ्या-दृष्टिके नियमसे होता है, यही अध्यवसाय नियमसे बन्धका कारण है ।

प्रसंगविवरण—अनन्तरपूर्व ५ गाथाओंमें बन्धका सही कारण बताया गया था । अब इन ५ गाथाओंमें बन्ध न होनेका कारण बताया गया है ।

तथ्यप्रकाश—(१) उपयोगमें रागादिकको न करते हुए ज्ञानीके कर्मयोग्यपुद्गलव्याप्त लोकमें रहनेपर भी कर्मबन्ध नहीं होता । (२) उपयोगमें रागादिकको न करते हुए ज्ञानीके

यतनमेव मा किल निरर्गला व्यापृतिः । अकामकृतकर्म तन्मतमकारणं ज्ञानिनां, द्वयं न हि विरुध्यते किमु करोति जानाति च ॥१६६॥ जानाति यः स न करोति करोति यस्तु, जानात्ययं न खलु तत्किल कर्मरागः । रागं स्वबोधमयमध्यवसायमाहुर्मिथ्यादृशः स नियतं स हि बन्धहेतुः ॥१६७॥ ॥ २४२ २४६ ॥

भिदिर् भेदने, चिति स्मृत्यां, क्षिप उपदेहे । **पदविवरण** नोट– इन पांच गाथाओंके प्रायः सभी शब्द पूर्व की पांच गाथाओंमें है सो उनकी तरह पदविवरण समझ लेवें ।

मन, वचन, कायकी चेष्टा होनेपर भी कर्मबन्ध नहीं होता । (३) उपयोगमें रागादिकको न करते हुए ज्ञानीके अनेक बाह्यसंग होनेपर भी कर्मबन्ध नहीं होता । (४) उपयोगमें रागादिक को न करते हुए ज्ञानीके सचित्ताचित्त वस्तुका उपघात होनेपर भी कर्मबन्ध नहीं होता ।

सिद्धान्त—(१) परभावविविक्त शुद्ध ज्ञानमात्र सहजात्मतत्त्वकी भावनाका निमित्त पाकर कार्माणवर्गणाओंमें कर्मत्व नहीं आता ।

दृष्टि – १– शुद्धभावनापेक्ष शुद्ध द्रव्यार्थिकनय (२४७) ।

प्रयोग—कर्मानुभागमें उपयोग न लगाकर सहज चिन्मात्र अन्तस्तत्त्वमें उपयोग रखना ॥ २४२-२४६ ॥

अब मिथ्यादृष्टिके आशयको बताते हैं—[यः] जो पुरुष [मन्यते] ऐसा मानता है कि [हिनस्मि] मैं पर जीवोंको मारता हूं [च] और [परैः सत्त्वैः] परजीवोंके द्वारा मैं [हिंस्ये] मारा जाता हूं [सः] वह पुरुष [मूढः] मोही है [अज्ञानी] अज्ञानी है [तु अतः] और इससे [विपरीतः] विपरीत आशय वाला यथार्थ मानने वाला [ज्ञानी] ज्ञानी है ।

तात्पर्य—परके द्वारा अन्य परका घात किया जानेकी मान्यता होना निश्चयदृष्टिसे मिथ्या भाव है ।

टीकार्थ—मैं परजीवोंको मारता हूं और परजीवोंके द्वारा मैं मारा जा रहा हूं, यह आशय निश्चित अज्ञान है और जिसके ऐसा अज्ञान है, जिसके ऐसा अध्यवसाय है वह अज्ञानी पन होनेके कारण मिथ्यादृष्टि है । और जिसके ऐसा आशयरूप अज्ञान नहीं है वह ज्ञानीपन होनेके कारण सम्यग्दृष्टि है । **भावार्थ**—निश्चयनयसे कर्ताका स्वरूप यह है कि स्वयंमें अकेला जिस भावरूप परिणमे उसको उस भावका कर्ता कहते हैं, परमार्थसे कोई किसीका मरण नहीं कर सकता, निमित्ततः आयुक्षयसे मरण होता । जो पर प्राणीके द्वारा परका मरण मानता वह अज्ञानी है । निमित्तनैमित्तिक भावसे कर्मघटनाको कर्ता कहना व्यवहारनयका वचन है, आश्रयमात्रसे परप्राणीको कर्ता कहना उपचारवचन है, उसे उस प्रकार मानना सम्यग्ज्ञान है ।

जो मण्णदि हिंसामि य हिंसिज्जामि य परेहिं सत्तेहिं ।
सो मूढो अण्णाणी णाणी एत्तो दु विवरीदो ॥२४७॥

मैं परजीवोंसे घात, जाता परको व घातता हूं मैं ।
यों माने अज्ञानी, इससे विपरीत है ज्ञानी ॥२४७॥

यो मन्यते हिनस्मि च हिंस्ये च परैः सत्त्वैः । स मूढोऽज्ञानी ज्ञान्यतस्तु विपरीतः ॥२४७॥

परजीवानहं हिनस्मि परजीवैर्हिंस्ये चाहमित्यध्यवसायो ध्रुवमज्ञानं स तु यस्यास्ति सोऽज्ञानित्वान्मिथ्यादृष्टिः । यस्य तु नास्ति स ज्ञानित्वात्सम्यग्दृष्टिः ॥२४७॥

नामसंज्ञा—ज, पर, सत्त, त, मूढ, अण्णाणि, णाणि, एत्तो, दु विवरीद । **धातुसंज्ञा** मन्न अवबोधने, हिंस हिंसायां । **प्रातिपदिक** यत्, च, पर, सत्त्व, तत्, मूढ, अज्ञानिन्, ज्ञानिन्, अतः, तु, विपरीत । **मूलधातु**—मन ज्ञाने, हिंसि हिंसायां रुधादि । **पदविवरण**—जो यः—प्रथमा एकवचन । मण्णदि मन्यते—वर्तमान लट् अन्य पुरुष एकवचन । हिंसामि हिनस्मि—वर्तमान लट् अन्य पुरुष एक० । य च—अव्यय । हिंसिज्जामि हिंस्ये—वर्तमान लट् अन्य पुरुष एक० कर्मवाच्य क्रिया । परेहि परैः, सत्तेहि सत्त्वैः—तृतीया बहु० । सो सः—प्र० ए० । मूढो मूढः—प्र० ए० । अण्णाणी अज्ञानी—प्रथमा एक० । णाणी ज्ञानी—प्र० एक० । एत्तो अतः—अव्यय । दु तु—अव्यय । विवरीदो विपरीतः—प्रथमा एकवचन ॥ २४७ ॥

प्रसंगविवरण—अनन्तरपूर्वकी पहिली ५ व बादकी ५ गाथाओंसे यह स्पष्ट कर दिया गया था कि उपयोगमें रागादि करनेसे अर्थात् अज्ञानमय अध्यवसाय करनेसे बन्ध होता है । अब इस गाथामें उसी अज्ञानमय अध्यवसायके उदाहरणमें बताया गया है कि हिंसाका अध्यवसान अज्ञानमय भाव है ।

तथ्यप्रकाश—(१) मैं दूसरे जीवको घातता हूं, ऐसा अध्यवसाय निश्चित अज्ञान है । (२) मैं दूसरे जीवोंके द्वारा घाता जाता हूं, ऐसा अध्यवसाय भी निश्चित अज्ञान है । (३) सम्यग्दृष्टिके अज्ञानभाव नहीं होता ।

सिद्धान्त—(१) कर्मबन्धका निमित्त कारण जीवका अध्यवसाय है । (२) जीव अज्ञानसे अपनेमें अपने कष्टके लिये अपनी अज्ञानपरिणतिसे मिथ्या अध्यवसाय करता रहता है ।

दृष्टि—१—उपाधिसापेक्ष अशुद्ध द्रव्यार्थिकनय व निमित्तदृष्टि (२४, ५३अ) । २—अशुद्धनिश्चयनय (४७) ।

प्रयोग—बन्धके कारणभूत अपने अज्ञानमय अध्यवसायको भेदविज्ञानसे दूर करना और ज्ञानमात्र अपने स्वरूपमें उपयोगको लगाना ॥ २४७ ॥

प्रश्न—यह अध्यवसान क्यों अज्ञान है ? **उत्तर**—[**जीवानां**] जीवोंका [**मरणं**] मरण [**आयुःक्षयेण**] आयुकर्मके क्षयसे होता है ऐसा [**जिनवरैः**] जिनेश्वर देवोंने [**प्रज्ञप्तं**]

कथमयमध्यवसायोऽज्ञानं ? इति चेत्—

आउक्खयेण मरणं जीवाणं जिणवरेहिं पण्णत्तं ।
आउं ण हरेसि तुमं कह ते मरणं कयं तेसिं ॥२४८॥
आउक्खयेण मरणं जीवाणं जिणवरेहिं पण्णत्तं ।
आउं न हरंति तुहं कह ते मरणं कयं तेहिं ॥२४९॥

आयुविलयसे मरना, जीवोंका हो जिनेश यह कहते ।
आयु नहीं तुम हरते, फिर कैसे घात कर सकते ॥२४८॥
आयुविलयसे मरना, जीवोंका हो जिनेश यह कहते ।
आयु हरी जाती नहिं, किमि उनसे घात हो सकता ॥२४९॥

आयुःक्षयेण मरणं जीवानां जिनवरैः प्रज्ञप्तं । आयुर्न हरसि त्वं कथं त्वया मरणं कृतं तेषां ॥ २४८ ॥
आयुःक्षयेण मरणं जीवानां जिनवरैः प्रज्ञप्तं । आयुर्न हरंति तव कथं ते मरणं कृतं तैः ॥ २४९ ॥

मरणं हि तावज्जीवानां स्वायुःकर्मक्षयेणैव तदभावे तस्य भावयितुमशक्यत्वात् स्वायुः-

---

नामसंज्ञा—आउक्खय, मरण, जीव, जिणवर, पण्णत्त, आउ, ण, तुम्ह, कह, तुम्ह, मरण, कय, त, आउक्खय, मरण, जीव, जिणवर, पण्णत्त, आउ, ण, तुम्ह, कह, तुम्ह, मरण, कय, त । **धातुसंज्ञा**—हर हरणे । **प्रातिपदिक**—आयुक्षय, मरण, जीव, जिनवर, प्रज्ञप्त, आयुष्, न, युष्मद्, कथं, युष्मद्, मरण, कृत,

कहा है सो यह मानना कि मैं परजीवको मारता हूं यह अज्ञान है, क्योंकि [तेषां] उन परजीवोंके [आयुः] आयुकर्मको [त्वं न हरसि] तू नहीं हरता [त्वया] तो तूने [मरणं] उनका मरण [कथं कृतं] कैसे किया ? तथा [जीवानां] जीवोंका [मरणं] मरण [आयुःक्षयेण] आयुकर्मके क्षयसे होता है ऐसा [जिनवरैः] जिनेश्वर देवोंने [प्रज्ञप्तं] कहा है सो मैं परजीवों से मारा जाता हूं यह मानना अज्ञान है, क्योंकि परजीव [त्वां] तेरे [आयुः] आयुकर्मको [न हरंति] नहीं हरते, इसलिये [तैः] उनके द्वारा [ते मरणं] तेरा मरण [कथं कृतं] कैसे किया गया ?

तात्पर्य—किसीके द्वारा किसी अन्यका मरण मानना अज्ञान है, क्योंकि मरण तो अपनी-अपनी आयुके क्षयसे ही होता है ।

टीकार्थ—निश्चयसे जीवोंका मरण अपने आयुकर्मके क्षयसे ही होता है, क्योंकि आयुकर्मक्षयका अभाव होनेपर मरणका हुवाना अशक्य है । और अन्यका आयुकर्म अन्यके द्वारा हरा जाना शक्य नहीं है, क्योंकि आयुकर्म तो अपने उपभोगसे ही क्षयको प्राप्त होता है । इस कारण कोई अन्य किसी अन्यका मरण किसी प्रकार भी नहीं कर सकता । अतः मैं परजीव

कर्म च नान्येनान्यस्य हर्तुं शक्यं तस्य स्वोपभोगेनैव क्षीयमाणत्वात् । ततो न कथंचनापि, अन्योऽन्यस्य मरणं कुर्यात् । ततो हिनस्मि हिंस्ये चेत्यध्यवसायो ध्रुवमज्ञानं ॥२४८-२४९॥

तत्, आयु, क्षय, मरण, जीव, जिनवर, प्रज्ञप्त, आयुष्, न, युष्मद्, कथं, युष्मद्, मरण, कृत, तत् । **मूलधातु**—हृञ् हरणे भ्वादि । **पदविवरण**—आउक्खयेण आयुःक्षयेन—तृतीया एक० । मरणं—प्रथमा एक० । जीवाणं जीवानां—षष्ठी बहु० । जिणवरेहिं जिनवरैः—तृतीया बहु० । पण्णत्तं प्रज्ञप्तं—प्रथमा एक० । आउं आयुः—द्वि० ए० । ण न—अव्यय । हरेसि हरसि—वर्तमान लट् मध्यम पुरुष एक० । तुमं त्वं—प्रथमा एक० । कह कथं—अव्यय । ते त्वया—तृ० ए० । मरणं—प्र० ए० । कयं कृतं—प्र० ए० । तेसिं तेषां—षष्ठी बहु० । आउक्खयेण आयुःक्षयेन—तृ० ए० । मरणं—प्रथमा एक० । जीवाणं जीवानां—षष्ठी बहु० । जिणवरेहिं जिनवरैः—तृ० बहु० । पण्णत्तं प्रज्ञप्तं—प्र० ए० । आउं आयुः—द्वि० एक० । ण न—अव्यय । हरंति—वर्तमान लट् अन्य पुरुष बहुवचन क्रिया । तुहं तव—षष्ठी एक० । मरणं—प्र० ए० । कयं कृतं—प्रथमा एकवचन कृदंत क्रिया । तेहिं तैः—तृतीया बहुवचन ॥ २४८-२४९ ॥

को मारता हूँ तथा परजीवके द्वारा मैं मारा जाता हूं ऐसा अध्यवसाय याने अभिप्राय करना निश्चयसे अज्ञान है । **भावार्थ**—जैसी मान्यता हो, उस रूप कार्य न हो, बात न हो वही अज्ञान है । न तो परके द्वारा अपना मरण होता और न अपने द्वारा परका मरण होता, फिर भी कोई प्राणी किसीके द्वारा किसी अन्यका मरण मानता है यही अज्ञान है । यह कथन निश्चयसे है । पर्यायका व्यय होनेको मरण कहते हैं, वहाँ आयुक्षयके निमित्तसे मरण कहना व्यवहारनयसे है । और परजीवोंमें इसने इसको मारा, यह कहना उपचारसे है । यहाँ स्वच्छंदता नहीं समझना, किन्तु जो निश्चयको नहीं जानते उनका अज्ञान मेटनेको यह विवरण दिया है ताकि जानें कि हिंसाका भाव करना व्यर्थ है, अनर्थ है ।

प्रसंगविवरण—अनन्तरपूर्व गाथामें बताया गया था कि हिंसाविषयक अध्यवसान अज्ञानमय भाव है । अब इन दो गाथाओंमें बताया है कि यह अध्यवसाय अज्ञानरूप क्यों है ?

तथ्यप्रकाश—(१) मरण अपने आयुकर्मके क्षयसे होता है । (२) आयुकर्मका क्षय हुए बिना मरण नहीं हो सकता । (३) किसीके आयुकर्मका हरण किसी अन्यके द्वारा नहीं हो सकता । (४) आयुकर्म तो अपने उपभोगसे ही क्षीण होता है । (५) अन्य जीवके द्वारा अन्यका मरण किया जाना अशक्य है । (६) उक्त कारणोंसे यह प्रसिद्ध है कि मैं परजीवोंको मारता हूं व परजीवोंके द्वारा मैं मारा जाता हूं यह अभिप्राय होना निश्चित अज्ञान है ।

सिद्धान्त—(१) आयुकर्मके क्षयके निमित्तसे देहत्यागरूप मरण होता है । (२) अध्यवसाय जीवका जीवमें स्वयंके अज्ञानभावसे होता है ।

दृष्टि—१– निमित्तदृष्टि (५३अ) । २– अशुद्धनिश्चयनय (४७) ।

जीवनाध्यवसायस्य तद्विपक्षस्य का वार्ता ? इति चेत्—

जो मण्णदि जीवेमि य जीविज्जामि य परेहिं सत्तेहिं ।
सो मूढो अण्णाणी णाणी एत्तो दु विवरीदो ॥२५०॥

परसे मैं हूं जीवित, परजीवोंको भि मैं जिलाता हूं ।
यों माने अज्ञानी, इससे विपरीत है ज्ञानी ॥२५०॥

यो मन्यते जीवयामि च जीव्ये चापरैः सत्त्वैः । स मूढोऽज्ञानी ज्ञान्यतस्तु विपरीतः ॥ २५० ॥

परजीवानहं जीवयामि परजीवैर्जीव्ये चाहमित्यध्यवसायो ध्रुवमज्ञानं स तु यस्यास्ति

नामसंज्ञ— ज, य, पर, सत्त, त, मूढ, अण्णाणि, णाणि, एत्तो, दु, विवरीद । **धातुसंज्ञ**—मन्न अवबोधने, जीव प्राणधारणे । **प्रातिपदिक**—यत्, च, पर, सत्त्व, तत्, मूढ, अज्ञानिन्, ज्ञानिन्, अतः, तु, विप-

---

प्रयोग—किसी जीवके हिंसाविषयक अध्यवसायसे किसी अन्यका मरण नहीं होता, ऐसा जानकर परको मारता हूं या परके द्वारा मैं मारा जाता हूं । इस मिथ्या अध्यवसायको छोड़ना ॥ २४८-२४९ ॥

प्रश्न—मरणका अध्यवसाय अज्ञान है यह तो जान लिया, परन्तु उस मरणका प्रतिपक्षी जो जीनेका अध्यवसाय है उसकी क्या बात है ? **उत्तर**—[यः] जो जीव [मन्यते] यह मानता है कि [जीवयामि] मैं परजीवोंको जिलाता हूं [च] और [परैः सत्त्वैः च] और परजीवोंके द्वारा [जीव्ये] मैं जीवित किया जा रहा हूं [स मूढः] वह मूढ है [अज्ञानी] अज्ञानी है [तु] परन्तु [अतः] जो इससे [विपरीतः] विपरीत है [ज्ञानी] वह ज्ञानी है याने जो किसीके द्वारा किसी अन्यका जीवन नहीं मानता वह ज्ञानी है ।

तात्पर्य—किसी अन्यके द्वारा किसी अन्यका जीवन मानना भी अज्ञान है, क्योंकि जीवन अपने-अपने आयुकर्मके उदयसे ही होता है ।

टीकार्थ—परजीवोंको मैं जिलाता हूं और परजीवोंके द्वारा मैं जीवित रहता हूं ऐसा आशय निश्चयसे अज्ञान है जिसके यह आशय हो वह जीव अज्ञानीपनके कारण मिथ्यादृष्टि है और जिसके ऐसा अध्यवसाय नहीं है वह ज्ञानीपनके कारण सम्यग्दृष्टि है । **भावार्थ**—ऐसा मानना कि मुझे पर जीव जिलाते हैं और मैं परजीवको जिलाता हूं, यह अज्ञान है । जिसके अज्ञान है वह मिथ्यादृष्टि है, जिसके वस्तुस्वातन्त्र्य व यथार्थ निमित्तनैमित्तिक भावका ज्ञान है वह ज्ञानी सम्यग्दृष्टि है ।

प्रसंगविवरण—अनन्तरपूर्व गाथाद्वयमें हिंसाविषयक अध्यवसायको अज्ञानपना सिद्ध किया था । अब इस गाथामें हिंसाध्यवसायके विषयभूत जीवनाध्यवसायका अज्ञानपना बताया

सोऽज्ञानित्वान्मिथ्यादृष्टिः । यस्य तु नास्ति स ज्ञानित्वात् सम्यग्दृष्टिः ॥ २५० ॥

रीत । **मूलधातु**—मन ज्ञाने दिवादि, जीव प्राणधारणे भ्वादि । **पदविवरण**– जो यः–प्रथमा एकवचन । मण्णदि मन्यते–वर्तमान लट् अन्य पुरुष एक० क्रिया । जीवेमि जीवयामि–वर्तमान लट् उत्तम पुरुष एक० णिजंत क्रिया । जीविज्जामि जीव्ये–वर्तमान लट् उत्तम पुरुष एक० कर्मवाच्य क्रिया । य च–अव्यय । परेहिं परैः–तृतीया बहु० । सत्तेहिं सत्त्वैः–तृ० बहु० । सो सः–प्रथमा एक० । मूढो मूढः–प्रथमा एक० । अण्णाणी अज्ञानी–प्रथमा एक० । णाणी ज्ञानी–प्रथमा एक० । एत्तो अतः–अव्यय । दु तु–अव्यय । विवरीदो विपरीतः–प्रथमा एकवचन ॥ २५० ॥

है ।

तथ्यप्रकाश—(१) अन्य जीवोंको मैं जिलाता हूं यह अध्यवसाय अज्ञान है । (२) अन्य जीवोंके द्वारा मैं जिलाया जा रहा हूं यह अध्यवसाय भी अज्ञान है । (३) जिसके मिथ्या अध्यवसाय है वह मिथ्यादृष्टि है । (४) जिसके मिथ्या अध्यवसाय नहीं है वह सम्यग्दृष्टि है । (५) ज्ञानी जीव तो जीवनमरणविषयक अज्ञान व रागद्वेष न रखकर सहजशुद्धात्मत्वकी भावनासे उत्पन्न परम आनन्दके स्वादमें रत रहता है ।

सिद्धान्त—(१) जीवनाध्यवसाय भी कर्मबन्धका निमित्त कारण है ।

दृष्टि–१– निमित्तत्वदृष्टि (५३अ) ।

प्रयोग—बन्धके कारणभूत इस अज्ञानमय जीवनाध्यवसायको भी छोड़कर निज सहज शुद्धात्मत्वकी भावनामें उपयोग लगाना ॥ २५० ॥

प्रश्न–यह जिलानेका अध्यवसाय अज्ञान क्यों है ? **उत्तर**—[**जीवः**] जीव [**आयुरुदयेन**] आयुकर्मके उदयसे [**जीवति**] जीता है [**एवं**] ऐसा [**सर्वज्ञाः**] सर्वज्ञदेव [**भणंति**] कहते हैं, परन्तु [**त्वं**] तू [**आयुः च**] परजीवको आयुकर्म [**न ददासि**] नहीं देता तो [**त्वया**] तूने [**तेषां**] उन परजीवोंको [**जीवितं**] जीवित [**कथं कृतं**] कैसे किया ? [**च**] और [**जीवः**] जीव [**आयुरुदयेन**] आयुकर्मके उदयसे [**जीवति**] जीता है [**एवं**] ऐसा [**सर्वज्ञाः**] सर्वज्ञदेव [**भणंति**] कहते हैं सो हे भाई परजीव [**तव आयुः**] तुझे आयुकर्म [**न ददति**] नहीं देते [**नु**] तो [**तैः**] उनके द्वारा [**तव जीवितं**] तेरा जीवन [**कथं कृतं**] कैसे किया गया ?

तात्पर्य—आयुकर्मके उदयसे ही जीवन होता है, अतः किसी परके द्वारा अन्य परका जीवन मानना अज्ञान है ।

टीकार्थ—निश्चयतः जीवोंका जीवित रहना अपने आयुकर्मके उदयसे ही है, क्योंकि यदि आयुके उदयका अभाव हो तो उसका जीवित होना अशक्य है । तथा अपना आयुकर्म किसी दूसरेके द्वारा किसी दूसरेको नहीं दिया जा सकता, क्योंकि [illegible] आयुकर्मका अपने परि-

कथमयमध्यवसायोऽज्ञानमिति चेत् ?—

आउदयेण जीवदि जीवो एवं भणंति सव्वण्हू ।
आउं च ण देसि तुमं कहं तए जीवियं कयं तेसिं ॥२५१॥
आउदयेण जीवदि जीवो एवं भणंति सव्वण्हू ।
आउं च ण दिंति तुहं कहं णु ते जीवियं कयं तेहिं ॥२५२॥ (युग्मम्)

आयु उदयसे जीना, जीवोंका हो जिनेश यह कहते ।
आयु नहीं तुम देते, कैसे जीवित भि कर सकते ॥२५१॥
आयु उदयसे जीना, जीवोंका हो जिनेश यह कहते ।
आयु न दी जा सकती, फिर उनसे जीवना कैसे ॥२५२॥

आयुरुदयेन जीवति जीव एवं भणंति सर्वज्ञाः । आयुश्च न ददासि त्वं कथं त्वया जीवितं कृतं तेषां ॥२५१॥
आयुरुदयेन जीवति जीव एवं भणंति सर्वज्ञाः । आयुश्च न ददति तुभ्यं कथं नु ते जीवितं कृतं तैः ॥२५२॥

जीवितं हि तावज्जीवानां स्वायुःकर्मोदयेनैव, तदभावे तस्य भावयितुमशक्यत्वात् । आयुःकर्म च नान्येनान्यस्य दातुं शक्यं तस्य स्वपरिणामेनैव उपार्ज्यमाणत्वात् । ततो न कथं-

---

नामसंज्ञा—आऊदय, जीव, एवं, सव्वण्हु, आउ, च, ण, तुम्ह, कहं, तुम्ह, जीविय, कय, त, आऊदय, जीव, एवं, सव्वण्हु, आउ, च, ण, तुम्ह, जीविय, कय, त । **धातुसंज्ञा**—जीव प्राणधारणे, भण कथने, दा दाने । **प्रातिपदिक**—आयुरुदय, जीव, एव, सर्वज्ञ, आयुष्, च, ण, युष्मद्, कथं, युष्मद्, जीवित, कृत, तत्, आयुरुदय, जीव, एवं, सर्वज्ञ, आयुष्, कथं, कथं, तु, युष्मद्, जीवित, कृत, तत् । **मूलधातु**—जीव प्राण-

---

णामोंसे ही उपजना होता है इस कारण दूसरा दूसरेका जीवन किसी तरह भी नहीं कर सकता । अतः मैं परको जिलाता हूं तथा परके द्वारा मैं जिलाया जाता हूं ऐसा अध्यवसाय निश्चयसे अज्ञान है । **भावार्थ**—जैसे मरणका अध्यवसाय अज्ञान है ऐसे ही जीवनका अध्यवसाय भी अज्ञान है ।

प्रसंगविवरण—अनन्तरपूर्व गाथामें बताया गया था कि हिंसाध्यवसायका विपक्षभूत जीवनाध्यवसाय भी अज्ञान है । अब इन दो गाथाओंमें बताया गया है कि जीवनाध्यवसाय अज्ञानभाव कैसे है ?

तथ्यप्रकाश—(१) जीवन अपने आयुकर्मके उदयसे होता है । (२) आयुकर्मका क्षय हुए बिना जीवन नहीं हो सकता । (३) किसीको आयुकर्मका देना अन्य जीवके द्वारा नहीं हो सकता । (४) आयुकर्म तो अपने परिणामसे ही अर्जित होता है । (५) अन्य जीवके द्वारा अन्यका जीवन किया जाना अशक्य है । (६) उक्त कारणोंसे यह सिद्ध है कि मैं परजीवोंको

चनापि अन्योऽन्यस्य जीवितं कुर्यात्। अतो जीवयामि जीव्ये चेत्यध्यवसायो ध्रुवमज्ञानं ॥ २५१-२५२ ॥

धारणे, भण शब्दार्थः, डुदाञ् दाने। **पदविवरण**—आऊदयेण आयुरुदयेन—तृतीया एक०। जीवदि जीवति—वर्तमान लट् अन्य पुरुष एकवचन। जीवो जीवः—प्रथमा एकवचन। एवं—अव्यय। भणंति—वर्तमान लट् अन्य पुरुष बहु०। सव्वण्हू सर्वज्ञाः—प्रथमा बहु०। आउं आयुः—द्वितीया एक०। देसि ददासि—वर्तमान लट् मध्यम पुरुष एकवचन किया। तुमं त्वं—प्र० ए०। दिति ददति—वर्तमान लट् अन्य पुरुष बहु०। तुहं तुभ्यं—चतुर्थी एकवचन। ते—षष्ठी एकवचन ॥ २५१-२५२ ॥

जिलाता हूं या परजीवोंके द्वारा मैं जिलाया जाता हूं यह अध्यवसाय होना निश्चित अज्ञान है।

सिद्धान्त—(१) आयुकर्मके उदयके निमित्तसे देहसंयोग होता है। (२) जीवनाध्यवसायविषयक अज्ञानभाव जीवका जीवमें स्वयंके परिणामसे होता है।

दृष्टि—१- निमित्तदृष्टि (५३७)। २- अशुद्धनिश्चयनय (४७)।

प्रयोग—किसी जीवके जीवनविषयक कर्तृत्वाध्यवसायसे किसी अन्यका जीवन नहीं होता ऐसा जानकर जीवनकर्तृत्वाध्यवसायको छोड़कर सहजशुद्धात्मत्वकी भावनामें रत होनेका पौरुष करना ॥ २५१-२५२ ॥

दुःख-सुख करनेके अध्यवसायकी भी यही गति है—[यः] जो जीव [इति मन्यते तु] ऐसा मानता है कि मैं [आत्मना] अपने द्वारा [सत्त्वान्] परजीवोंको [दुःखितसुखितान्] दुःखी सुखी [करोमि] करता हूं [स मूढः] वह मूढ याने मोही है, [अज्ञानी] अज्ञानी है [तु] किन्तु जो [अतः] इससे [विपरीतः] विपरीत है वह [ज्ञानी] ज्ञानी है।

तात्पर्य—कोई भी जीव अपने भाव करनेके सिवाय अन्य कुछ नहीं कर सकता, किंतु मोही जीव अज्ञानसे ऐसी मान्यता करता है कि मैं अमुक जीवको सुखी या दुःखी करता हूं।

टीकार्थ—परजीवोंको मैं दुःखी और सुखी करता हूं तथा परजीव मुझे सुखी व दुःखी करते हैं ऐसा अध्यवसाय निश्चयसे अज्ञान है और जिसके ऐसा अज्ञान है यह अज्ञानीपनके कारण मिथ्यादृष्टि है तथा जिसके यह अज्ञान नहीं है वह ज्ञानीपनके कारण सम्यग्दृष्टि है।

भावार्थ—मैं परजीवको सुखी-दुःखी करता हूं, यह मानना अज्ञान है। जिसके यह मान्यता है वह अज्ञानी है तथा जिसके यह विपरीत मान्यता नहीं है वह ज्ञानी है, सम्यग्दृष्टि है।

प्रसंगविवरण—अनन्तरपूर्व गाथाद्वयमें यह बताया गया था कि जीवनाध्यवसाय अज्ञानभाव क्यों है? अब इस गाथामें बताया गया है कि दुःख सुख करनेके अध्यवसायकी भी यही हालत है याने यह अध्यवसाय भी अज्ञान है।

दुःखसुखकरणाध्यवसायस्यापि एवंव गतिः—

जो अप्पणा दु मण्णदि दुःखिदसुहिदे करेमि सत्तेति ।
सो मूढो अण्णाणी णाणी एत्तो दु विवरीदो ॥२५३॥

जो स्वयं इतर जीवों-को करता है सुखी दुखी माने ।
वह मोही अज्ञानी, इससे विपरीत है ज्ञानी ॥२५३॥

य आत्मना तु मन्यते दुःखितसुखितान् करोमि सत्त्वानिति । स मूढोऽज्ञानी ज्ञान्यतस्तु विपरीतः ॥२५३॥

परजीवानहं दुःखितान् सुखितांश्च करोमि, परजीवैर्दुःखितः सुखितश्च क्रियेहं, इत्यध्यवसायो ध्रुवमज्ञानं । स तु यस्यास्ति सोऽज्ञानित्वान्मिथ्यादृष्टिः । यस्य तु नास्ति स ज्ञानित्वात् सम्यग्दृष्टिः ॥ २५३ ॥

नामसंज्ञ—ज, अप्प, दु, दुःखिदसुहिद, सत्त, इति, त, मूढ, अण्णाणि, णाणि, एत्तो, दु, विवरीद । **धातुसंज्ञ**—मन्न अवबोधने, कर करणे । **प्रातिपदिक**—यत्, आत्मन्, तु, दुःखित सुखित, सत्त्व, इति, तत्, मूढ, अज्ञानिन्, ज्ञानिन्, अतः, तु, विपरीत । **मूलधातु**—मन ज्ञाने, डुकृञ् करणे । **पदविवरण**—जो यः—प्रथमा एकवचन । अप्पणा आत्मना—तृतीया एक० । दु तु—अव्यय । मण्णदि मन्यते—वर्तमान लट् अन्य पुरुष एक० । दुःखिदसुहिदे दुःखितसुखिते—द्वि० बहु० । करेमि करोमि—वर्तमान लट् उत्तम पुरुष एक० क्रिया । सत्ते सत्त्वान्—द्वि० बहु० । इति—अव्यय । सो सः—प्र० ए० । मूढो मूढः—प्र० एक० । अण्णाणी अज्ञानी—प्र० ए० । णाणी ज्ञानी—प्रथमा एक० । एत्तो अतः—पंचम्यर्थे अव्यय । दु तु—अव्यय । विवरीदो विपरीतः—प्रथमा एकवचन ॥ २५३ ॥

तत्त्वप्रकाश—(१) परजीवोंको मैं दुःखी करता हूं, यह अध्यवसाय अज्ञान है । (२) परजीवोंको मैं सुखी करता हूं, यह अध्यवसाय अज्ञान है । (३) परजीवोंके द्वारा मैं दुःखी किया जाता हूं, यह अध्यवसाय अज्ञान है । (४) परजीवोंके द्वारा मैं सुखी किया जाता हूं, यह अध्यवसाय अज्ञान है । (५) जिसके दुःखकर्तृत्वाध्यवसाय है वह अज्ञानीपनेके कारण मिथ्यादृष्टि है । (६) जिसके सुखकर्तृत्वाध्यवसाय है वह अज्ञानीपनेके कारण मिथ्यादृष्टि है । (७) जिसके दुःखकर्तृत्वाध्यवसाय नहीं है वह ज्ञानीपनेके कारण सम्यग्दृष्टि है । (८) जिसके सुख कर्तृत्वाध्यवसाय नहीं है वह ज्ञानीपनेके कारण सम्यग्दृष्टि है ।

सिद्धान्त—(१) दुःखसुखकरणाध्यवसाय भी कर्मबन्धका निमित्त कारण है ।

दृष्टि—१—निमित्तत्वदृष्टि (५३अ) ।

प्रयोग—बन्धके कारणभूत इस दुःखसुखकरणाध्यवसायको भी छोड़कर निज सहज शुद्धात्मस्वरूपमें उपयोग लगाना ॥ २५३ ॥

प्रश्न—दुःख सुख देते हुए अध्यवसाय अज्ञान कैसे है ? **उत्तर**—[**यदि**] यदि [**सर्वे**

कथमयमध्यवसायोऽज्ञानमिति चेत्—

कम्मोदएण जीवा दुक्खिदसुहिदा हवंति जदि सव्वे ।
कम्मं च ण देसि तुमं दुक्खिदसुहिदा कहं कया ते ॥२५४॥
कम्मोदएण जीवा दुक्खिदसुहिदा हवंदि जदि सव्वे ।
कम्मं च ण दिंति तुहं कदोसि कह दुक्खिदो तेहिं ॥२५५॥
कम्मोदएण जीवा दुक्खिदसुहिदा हवंति जदि सव्वे ।
कम्मं च ण दिंति तुहं कह तं सुहिदो कदो तेहिं ॥२५६॥

कर्म उदयसे प्राणी, स्वयं हि होते सुखी दुखी उनको ।
कर्म न दे सकते तुम, सुखी दुःखी फिर किये कैसे ॥२५४॥
कर्म उदयसे प्राणी, स्वयं हि होते सुखी दुखी तुमको ।
कर्म दिया नहिं जाता, उनसे फिर दुख मिले कैसे ॥२५५॥
कर्म उदयसे प्राणी, स्वयं हि होते सुखी दुखी तुमको ।
कर्म दिया नहिं जाता, उनसे फिर सुख मिले कैसे ॥२५६॥

कर्मोदयेन जीवा दुःखितसुखिता भवंति यदि सर्वे । कर्म च न ददासि त्वं दुःखितसुखिताः कथं कृतास्तैः ।
कर्मोदयेन जीवा दुःखितसुखिता भवंति यदि सर्वे । कर्म च न ददति तव कृतोसि कथं दुःखितस्तैः ।
कर्मोदयेन जीवा दुःखितसुखिता भवंति यदि सर्वे । कर्म च न ददति तव कथं त्वं सुखितः कृतस्तैः ।

सुखदुःखे हि तावज्जीवानां स्वकर्मोदयेनैव तदभावे तयोर्भवितुमशक्यत्वात् । स्वकर्म च नान्येनान्यस्य दातुं शक्यं तस्य स्वपरिणामेनैवोपार्ज्यमाणत्वात् । ततो न कथंचनापि अन्योन्य-

---

नामसंज्ञ—कम्मोदय, जीव, दुक्खिदसुहिद, जदि, सव्व, कम्म, च, ण, तुम्ह, दुक्खिदसुहिद, कह, कय, त, कम्मोदय, जीव, दुक्खिदसुहिद, जदि, सव्व, कम्म, च, ण, तुम्ह, कद, कह, दुक्खिद, त, कम्मोदय,

---

जीवाः] सब जीव [**कर्मोदयेन**] अपने कर्मोदयसे [**दुःखितसुखिताः**] दुःखी सुखी [**भवंति**] होते हैं [**च**] और [**त्वं**] तू उन जीवोंको [**कर्म**] कर्म [**न ददासि**] देता नहीं तो तुम्हारे द्वारा [**ते**] वे [**दुःखितसुखिताः**] दुःखी सुखी [**कथं कृताः**] कैसे किये गये ? तथा [**यदि**] यदि [**सर्वे जीवाः**] सब जीव [**कर्मोदयेन**] अपने कर्मोदयसे [**दुःखितसुखिताः**] दुःखी सुखी [**भवंसि**] होते हैं [**च**] और वे जीव [**तव**] तुझको [**कर्म**] कर्म तो [**न ददति**] देते नहीं [**तैः**] तो उनके द्वारा [**दुःखितः कथं**] तू दुःखी कैसे [**कृतोसि**] किया गया ? [**च**] तथा [**यदि**] यदि [**सर्वे जीवाः**] सभी जीव [**कर्मोदयेन**] अपने कर्मोदयसे [**दुःखितसुखिताः**] दुःखी

स्य सुखदुःखे कुर्यात् । अतः सुखितदुःखितश्च क्रिये चेत्यध्यवसायो ध्रुवमज्ञानं । सर्वं सदैव नियतं भवति स्वकीयकर्मोदयान्मरणजीवितदुःखसौख्यं । अज्ञानमेतदिह यत्तु परः परस्य कुर्यात्

जीव, दुक्खिदसुहिद, जदि, सव्व, कम्म, च, ण, तुम्ह, कह, तुम्ह, सुहिद, कद, त । **धातुसंज्ञ**—हव सत्तायां, दा दाने, अस सत्तायां । **प्रातिपदिक**—कर्मोदय, जीव, दुःखितसुखित, यदि, सर्व, कर्मन्, युष्मद्, कथं, कृत,

सुखी [भवंति] होते हैं [च] और वे [तव] तुझको [कर्म] कर्म [न ददति] दे नहीं सकते तो [तैः] उनके द्वारा [त्वं सुखितः] तू सुखी [कथं कृतः] कैसे किया गया ?

तात्पर्य—साता असाता प्रकृतिकर्मोदयसे ही जीव सुखी दुःखी होते हैं तो किसीने किसी दूसरेको सुखी दुःखी किया यह मानना अज्ञान है ।

टीकार्थ—सुख-दुःख तो जीवोंको अपने कर्मोदयसे ही होते हैं, क्योंकि कर्मोदयका अभाव होनेपर उन सुख-दुःखोंके होनेकी अशक्यता है । और अन्य पुरुषके द्वारा अपना कर्म अन्यको दिया नहीं जा सकता, क्योंकि वह कर्म अपने-अपने परिणामोंसे ही उत्पन्न होता है, इस कारण अन्य कोई अन्य दूसरेको सुख-दुःख किसी तरह भी नहीं दे सकता । अतः "मैं परजीवोंको सुखी दुःखी करता हूं और परजीवोंसे मैं सुखी-दुःखी किया जाता हूं" यह अध्यवसाय निश्चयसे अज्ञान है । **भावार्थ**—सब जीव अपने-अपने कर्मोदयसे सुखी दुःखी होते हैं । फिर भी जो ऐसा माने कि मैं परजीवको सुखी-दुःखी करता हूं और परजीव मुझे सुखी-दुःखी करते हैं तो यह मानना निश्चयसे अज्ञान है । हाँ, आश्रयभूत कारण याने नोकर्मकी दृष्टिसे अन्यको अन्यका सुख-दुःखका करने वाला कहते हैं सो यह उपचार है । निमित्तनैमित्तिक भावकी दृष्टिसे सुख-दुःखका करने वाला कर्मोदय है ।

अब इसी अर्थको कलशमें कहते हैं—**सर्वं** इत्यादि । **अर्थ**—इस लोकमें जीवोंके जीवन मरण दुःख सुख सभी सदैव नियमसे अपने-अपने कर्मोदयसे होते हैं । तब कोई पुरुष अन्यके जीवन मरण दुःख सुखको करता है, यह मानना अज्ञान है । **भावार्थ**—कोई जीव किसी दूसरेको सुख-दुःख देनेका निमित्त कारण भी नहीं है, फिर भी किसीको अन्यका सुख-दुःखदाता मानना, यह बिल्कुल अज्ञान है ।

अब फिर इसी अर्थको दृढ़ करते हुए कहते हैं—**अज्ञान** इत्यादि । **अर्थ**—इस पूर्वकथित अज्ञानको प्राप्त करके जो पुरुष परसे परका जीवन, मरण, दुःख-सुख होना मानते हैं वे पुरुष "मैं इन कर्मोंको करता हूं" ऐसे अहंकाररससे कर्मोंके करनेके इच्छुक याने मारने जिलानेके सुखी दुःखी करनेके इच्छुक प्राणी नियमसे मिथ्यादृष्टि हैं और अपने आत्माका ही घात करने वाले होते हैं । **भावार्थ**—जो परको मारने जिलाने तथा सुख-दुःख करनेका आशय

पुमान् मरणजीवितदुःखसौख्यं ॥१६८॥ अज्ञानमेतदधिगम्य परात्परस्य पश्यंति ये मरणजीवितदुःखसौख्यं । कर्माण्यहंकृतिरसेन चिकीर्षवस्ते मिथ्यादृशो नियतमात्महनो भवंति ॥१६९॥ ॥ २५४-२५६ ॥

तत् आदि । मूलधातु—भू सत्तायां, डुदाञ् दाने, अस् भुवि । पदविवरण—कम्मोदयेण कर्मोदयेन—तृतीया एकवचन । जीवा जीवाः—प्रथमा बहु० । दुक्खिदसुहिदा दुःखितसुखिताः—प्रथमा बहु० । हवंति भवंति—वर्तमान लट् अन्य पुरुष बहु० । जदि यदि—अव्यय । सव्वे सर्वे—प्रथमा बहु० । कम्मं कर्म—द्वितीया एक० । देसि ददासि—वर्तमान लट् मध्यम पुरुष एक० क्रिया । तुमं त्वं—प्रथमा एक० आदि पूर्ववत् ॥ २५४-२५६ ॥

रखते हैं वे मिथ्यादृष्टि हैं तथा अपने स्वरूपसे च्युत होकर रागी द्वेषी मोही होनेके कारण स्वयं अपना घात करते हैं इस कारण वे हिंसक हैं ।

प्रसंगविवरण—अनंतरपूर्व गाथामें बताया गया था कि परजीवके प्रति दुःख सुख करनेका अध्यवसाय अज्ञान है । अब इन तीन गाथाओंमें यह बताया गया है कि दुःख सुख करनेका अध्यवसाय अज्ञान कैसे है ?

तथ्यप्रकाश—(१) जीव अपने शुभकर्मोदयसे सुखी होते हैं । (२) जीव अपने अशुभकर्मोदयसे दुःखी होते हैं । (३) शुभ कर्मोदयके बिना जीव सुखी नहीं हो सकते । (४) जीव अशुभ कर्मोदयके बिना दुःखी नहीं हो सकते । (५) अन्यका कर्म किसी अन्यके द्वारा नहीं दिया जा सकता है । (६) शुभ अथवा अशुभ सभी कर्म अपने परिणामसे ही अर्जित होता है । (७) उक्त कारणोंसे कोई भी जीव किसी अन्य जीवका सुख दुःख नहीं कर सकता है । (८) मैं दूसरोंको दुःखी करता हूं यह अध्यवसाय अज्ञान है । (९) मैं दूसरोंको दुःखी करता हूं, यह अध्यवसाय अज्ञान है । (१०) मैं दूसरोंके द्वारा सुखी किया जाता हूं, यह अध्यवसाय अज्ञान है । (११) मैं दूसरोंके द्वारा सुखी किया जाता हूं, यह अध्यवसाय अज्ञान है । (१२) दूसरोंको सुखी दुःखी करनेके अहंकार रससे विचित्र चेष्टायें करते हुए मिथ्यादृष्टि जीव अपना ही घात करते हैं ।

सिद्धान्त—(१) शुभाशुभ कर्मोदयका निमित्त पाकर जीव सुखी और दुःखी होते हैं । (२) सुखी दुःखी करनेके अहंकार विकल्पसे परिणत जीव अपने आपको आकुलित करते हुए अज्ञानसे स्वयंका घात करते हैं ।

दृष्टि—१– उपाधिसापेक्ष अशुद्ध द्रव्यार्थिकनय (२४) । २– अशुद्धनिश्चयनय (४७) ।

प्रयोग—हम अपने आपका ही परिणमन कर सकते हैं किसी अन्यका नहीं ऐसा जानकर अपने स्वभावका अवलम्बन करके अपनेको अनाकुल व पवित्र रखना ॥२५४-२५६॥

जो मरइ जो य दुहिदो जायदि कम्मोदयेण सो सव्वो।
तह्मा दु मारिदो दे दुहाविदो चेदि ण हु मिच्छा ॥२५७॥
जो ण मरदि ण य दुहिदो सोवि य कम्मोदयेण चेव खलु।
तह्मा ण मारिदो णो दुहाविदो चेदि ण हु मिच्छा ॥२५८॥ (युगलम्)

जो मरे दुखी होवे, वह सब है कर्म उदयसे फिर तो।
मारा दुखी किया मैं, क्या ये नहिं भाव हैं मिथ्या ॥२५७॥
जो न मरे न दुखी हो, वह सब भी कर्म उदयसे फिर तो।
न दुखी किया न मारा, क्या ये नहिं भाव हैं मिथ्या ॥२५८॥

यो म्रियते यदच दुःखितो जायते कर्मोदयेन स सर्वः। तस्मात्तु मारितस्ते दुःखापितश्चेति न खलु मिथ्या? यो न म्रियते न च दुःखितः सोपि च कर्मोदयेन चैव खलु, तस्मान्न मारितो नो दुःखापितश्चेति न खलु मिथ्या?

यो हि म्रियते जीवति वा दुःखितो भवति सुखितो भवति च स खलु कर्मोदयेनैव तदभावे तस्य तथा भवितुमशक्यत्वात्। ततः मयायं मारितः, अयं जीवितः, अयं दुःखितः कृतः,

---

नामसंज्ञ--ज, ज, य, दुहिद, कम्मोदय, त, सव्व, त, दु, मारिद, तुम्ह, दुहाविद, च, इदि, ण, दु, मिच्छा, ज, ण, ण, य, दुहिद, त, वि, कम्मोदय, च, एव, खलु, त, ण, मारिद, च, इदि, ण, दु, मिच्छा। **धातुसंज्ञ**--मर प्राणत्यागे, दुक्ख दुःखने, जा प्रादुर्भावे। **प्रातिपदिक**--यत्, यत्, च, दुःखित, कर्मोदय, तत्, सर्व, तत्, तु, मारित, युष्मद्, दुःखापित, च, इति, न, तु, मिथ्या, यत्, न, च, दुःखित, तत्, अपि, च, कर्मो-

---

अब दुःखी सुखी करनेके अध्यवसायका मिथ्यापन कहते हैं—[**यः म्रियते**] जो मरता है [**च यः दुःखितो जायते**] और जो दुःखी होता है [**सः**] वह [**सर्वः**] सब [**कर्मोदयेन**] कर्मोदयसे होता है [**तस्मात् तु**] इस कारण [**मारितः च दुःखितः इति**] "मैं मारा गया, मैं दुःखी किया गया" [**ते**] तेरा यह अभिप्राय [**खलु न मिथ्या**] क्या मिथ्या नहीं है? तथा [**यः न म्रियते**] जो नहीं मरता [**च न दुःखितः**] और न दुःखी होता [**सोपि च**] वह भी [**कर्मोदयेन चैव खलु**] वास्तवमें कर्मोदयसे ही होता है [**तस्मात्**] इस कारण [**न मारितः नो दुःखितश्च इति**] "मैं मारा नहीं गया और न दुःखी किया" यह भी अभिप्राय [**खलु मिथ्या न**] क्या मिथ्या नहीं है? मिथ्या ही है।

तात्पर्य—जब जीव अपने-अपने कर्मोदयसे सुखी दुःखी होते हैं तब किसी अन्यको अन्यके सुख दुःखका कर्ता मानना अज्ञान ही है।

टीकार्थ—वास्तवमें जो मरता है, जीता है, दुःखी होता है तथा सुखी होता है वह सब अपने कर्मोदयसे होता है। क्योंकि उस कर्मके उदयका अभाव होनेपर उस जीवके उस

अयं सुखितः कृतः इति पश्यन् मिथ्यादृष्टिः ॥ मिथ्यादृष्टेः स एवास्य बंधहेतुर्विपर्ययात् । य एवाध्यवसायोयमज्ञानात्मास्य दृश्यते ॥१७०॥ ॥ २५७-२५८ ॥

दय, च, एव, खलु, तत्, न, मारित, न, दुःखापित, च, इति, न, तु, मिथ्या । **मूलधातु**—मृङ् त्यागे तुदादि, जनी प्रादुर्भावे दिवादि, दुःख तत्क्रियायां चुरादि । **पदविवरण**—जो यः—प्रथमा एक० । च—अव्यय । दुःखितः—प्रथमा एक० । कम्मोदयेण कर्मोदयेन—तृतीया एक० । सो सः—प्र० ए० । सव्वो सर्वः—प्र० ए० । तम्हा तस्मात्—पंचमी एक० । दु तु—अव्यय । मारिदो मारितः—प्र० ए० । दे ते—षष्ठी एक० । दुहाविदो दुःखापितः—प्रथमा एक० । च इदि ण हु, च इति न खलु—अव्यय । मिच्छा मिथ्या—प्रथमा एक० । मरदि म्रियते—वर्तमान लट् अन्य पुरुष एक० क्रिया । जायदि जायदि जायते—वर्तमान लट् अन्य पुरुष एकवचन क्रिया । शेष पूर्ववत् ॥ २५७-२५८ ॥

तरहका फल याने मरण जीवन सुख दुःख नहीं हो सकता । इस कारण मेरे द्वारा यह मारा गया, यह जिवाया गया, यह दुःखी किया गया, यह सुखी किया गया, ऐसा मानता हुआ जीव मिथ्यादृष्टि है । **भावार्थ**—जब किसीके सुख दुःखमें अन्य जीव न तो उपादान कारण है और न निमित्त कारण है तब अन्यके मारने जिवाने आदिका जो अभिप्राय करता है वह मिथ्यादृष्टि ही होता है । मारने आदिका भाव कर्मबंधहेतु है, अतः ऐसा अज्ञानभाव नहीं रखना ।

अब इसी अर्थको स्पष्ट करते हैं—**मिथ्यादृष्टेः** इत्यादि । **अर्थ**—मिथ्यादृष्टिका यह अध्यवसाय विपर्ययस्वरूप होनेसे वह प्रत्यक्ष अज्ञानरूप है और वही अभिप्राय इस मिथ्यादृष्टि के बन्धका कारण है । **भावार्थ**—मिथ्या आशय ही मिथ्यात्व है व वही बंधका कारण है ।

प्रसंगविवरण—अनन्तरपूर्व २४७ से २५६ गाथा तक दूसरेके मरण आदि करनेके अध्यवसायोंको अज्ञान बताया गया था । अब उन्हीं सब कथनोंका उपसंहाररूप निष्कर्ष इन दो गाथाओंमें बताया गया है ।

तथ्यप्रकाश—(१) मरण जीवन दुःख सुख होना कर्मोदयसे ही होता है । (२) नये जीवनका ही नाम मरण है । (३) नवीन आयुके प्रथम समयमें अर्थात् प्रथम निषेकोदयके समय पूर्वभव नहीं रहता, इस कारण मरण होना भी नवीन आयुके उदयसे कहा जाता है । (४) मैं किसी अन्यको कर्मोदय दे नहीं सकता, अतः मैंने इसे मारा, जिलाया, सुखी किया, दुःखी किया, ऐसा देखना मिथ्यात्व है ।

सिद्धान्त—(१) जीवके मरण जीवन सुख दुःख होनेमें निमित्त कारण कर्मोदय है । (२) दूसरे जीवके सुख-दुःख आदि होनेमें अन्य जीव उपादान व निमित्त दोनों ही कारण न होनेपर भी कर्ताका व्यवहार करना मात्र उपचार है ।

दृष्टि—१– निमित्तत्वदृष्टि (५३अ) । २– परकर्तृत्व उपचरित असद्भूत व्यवहार

एसा दु जा मई दे दुक्खिदसुहिदे करेमि सत्तेति ।
एसा दे मूढमई सुहासुहं बंधए कम्मं ॥ २५६ ॥

यदि तेरी मति यह हो, जीवोंको मैं सुखी दुखी करता ।
तो यह मोहितमति ही, बांधे शुभ या अशुभ विधिको ॥२५६॥

एषा तु या मतिस्ते दुःखितसुखितान् करोमि सत्वानिति । एषा ते मूढमतिः शुभाशुभं बध्नाति कर्म ॥२५६॥

परजीवानहं हिनस्मि न हिनस्मि दुःखयामि सुखयामि इति य एवायमज्ञानमयोऽध्यव-

नामसंज्ञ– एता, दु, जा, मइ, तुम्ह, दुक्खिदसुहिद, सत्त, ते, एता, तुम्ह, मूढमइ, सुहासुह, कम्म । धातुसंज्ञ – कर करणे, बंध बन्धने । प्रातिपदिक—एतत्, तु, या मति, युष्मद्, दुःखित, सुखित, सत्त्व, इति, (१२६ब) ।

प्रयोग—परपदार्थके विषयमें सभी प्रकारके अध्यवसानोंको छोड़कर अविकल्प सहज-सिद्ध अन्तस्तत्त्वमें उपयोग करना ॥ २५७-२५८॥

अब यही अध्यवसाय कर्मबन्धका कारण है यह कहते हैं—हे आत्मन् [ते तु] तेरी [इति एषा या मतिः] ऐसी यह जो बुद्धि है कि मैं [सत्त्वान्] जीवोंको [दुःखितसुखितान्] सुखी दुःखी [करोमि] करता हूं [एषा ते] सो यह तेरी [मूढमतिः] मूढबुद्धि ही [शुभाशुभं कर्म] शुभाशुभ कर्मोंको [बध्नाति] बांधती है ।

तात्पर्य—दूसरे जीवोंको दुःखी सुखी आदि करनेका जो अहंकार है वह कर्मबन्धका निमित्त कारण है ।

टीकार्थ—परजीवोंको मैं मारता हूं, नहीं मारता हूं, दुःखी करता हूं, सुखी करता हूं, ऐसा जो यह अज्ञानमय अध्यवसाय है वह मिथ्यादृष्टिके होता है । यही अध्यवसाय स्वयं रागादिरूपपनेके कारण उसके शुभाशुभ बन्धका कारण है । भावार्थ—दुःखी सुखी करने आदिका मिथ्या अध्यवसाय बन्धका कारण है ।

प्रसंगविवरण—अनन्तरपूर्व गाथाद्वयमें मिथ्या अध्यवसायोंका उपसंहारात्मक निष्कर्ष बताया गया था । अब इस गाथामें बताया गया है कि उक्त समस्त अध्यवसाय कर्मबन्धका हेतुभूत है ।

तथ्यप्रकाश—(१) मैं दूसरे जीवको सुखी दुःखी करता हूं यह अज्ञानमय अध्यवसाय स्वयं रागादि विकाररूप है । (२) रागादि विकाररूप अज्ञानमय अध्यवसाय शुभाशुभ कर्म-बन्धका निमित्त कारण है । (३) स्वभावच्युतिके कारण इन अध्यवसानोंका कार्य बन्धन ही है, अन्य कुछ नहीं ।

सायो मिथ्यादृष्टेः स एव स्वयं रागादिरूपत्वात्तस्य शुभाशुभबंधहेतुः ॥ २५६ ॥

एता, युष्मद्, मूढमति, शुभाशुभ, कर्मन् । **मूलधातु**— डुकृञ् करणे, बन्ध बन्धने क्र्यादि । **पदविवरण**— एसा एषा—प्रथमा एक० । दु तु—अव्यय । जा या—प्रथमा एक० । मई मतिः—प्र० ए० । दे ते—षष्ठी एक० । दुक्खिदसुहिदे दुःखितसुखितान्—द्वितीया बहु० । करेमि करोमि—वर्तमान लट् उत्तम पुरुष एकवचन क्रिया । सत्ते सत्त्वान्—द्वि० बहु० । ति इति—अव्यय । एसा एषा—प्रथमा एक० । दे ते—षष्ठी ए० । मूढमई मूढमतिः—प्रथमा एक० । सुहासुहं शुभाशुभम्—द्वितीया एकवचन । कम्मं कर्म—द्वितीया एक० । बंधये बध्नाति—वर्तमान लट् अन्य पुरुष एकवचन क्रिया ॥ २५६ ॥

---

*सिद्धान्त—(१) कर्मबन्धका कारण स्वभावच्युत अज्ञानमय रागादि विकाररूप अशा-*नमय अध्यवसाय है ।

दृष्टि—१— निमित्तदृष्टि (५३अ) ।

प्रयोग—कर्मबन्धके हेतुभूत समस्त अध्यवसायोंको छोड़कर सहजशुद्ध चिन्मात्र अन्तस्तत्त्वमें उपयोग लगाना ॥ २५६ ॥

अब मिथ्या अध्यवसायको बन्धके कारणरूपसे अवधारित करते हैं—मैं [सत्त्वान्] जीवोंको [दुःखितसुखितान्] दुःखी सुखी [करोमि] करता हूं [एवं यत् ते अध्यवसितं] ऐसा जो तुम्हारा अध्यवसाय है [तत्] वह अभिप्राय [पापबंधकं वा] पापका बंधक है [वा पुण्यस्य बंधकं] तथा पुण्यका बंधक [भवति] है । [वा] अथवा मैं [सत्त्वान्] जीवोंको [मारयामि] मारता हूं [जीवयामि] अथवा जिवाता हूं [यदेवं ते अध्यवसितं] जो ऐसा तुम्हारा अध्यवसाय है [तत्] वह [पापबंधकं वा] पापका बंधक है [वा पुण्यस्य बंधकं] अथवा पुण्यका बंधक [भवति] है ।

तात्पर्य—अन्य द्रव्यमें कुछ करनेका भाव शुभ अशुभ भावानुसार पुण्य व पापका बन्ध करने वाला है ।

टीकार्थ—मिथ्यादृष्टिके जो ही यह अज्ञानजन्य रागमय अध्यवसाय है वह ही बन्ध का हेतु है, ऐसा निश्चित जानना । बन्ध पुण्य-पापके भेदसे दो भेद वाला है सो इसके दो भेद होनेसे कारणका भेद नहीं खोजना, क्योंकि इस एक ही अध्यवसायसे "मैं दुःखी करता हूं मारता हूं तथा सुखी करता हूं जिवाता हूं" ऐसे दो प्रकारके अशुभ अहंकाररससे पूर्ण होनेसे पुण्य पाप दोनोंके ही बन्धहेतुत्वका अविरोध है याने अध्यवसायसे ही पुण्य पाप दोनोंका बंध होता है । **भावार्थ**—अज्ञानमय अध्यवसाय ही बंधका कारण है; उसमें चाहे जिवाना सुखी करना ऐसा शुभ अध्यवसाय हो, चाहे मारना दुःखी करना यह अशुभ अध्यवसाय हो, अहंकाररूप मिथ्याभाव दोनोंमें ही है इस कारण ऐसा न जानना कि शुभका कारण तो अन्य है

अथाध्यवसायं बंधहेतुत्वेनावधारयति—

दुक्खिदसुहिदे सत्ते करेमि जं एवमज्झवसिदं ते ।
तं पावबंधगं वा पुण्णस्स व बंधगं होदि ॥२६०॥
मारिमि जीवावेमि य सत्ते जं एवमज्झवसिदं ते ।
तं पावबंधगं वा पुण्णस्स व बंधगं होदि ॥२६१॥ (युग्मम्)

दुखी सुखी करता हूं, हो अध्यवसान भाव यदि तेरे ।
तो वह अघका बन्धक, अथवा है पुण्यका बन्धक ॥२६०॥
मारूं जीवन देऊं, हो अध्यवसान भाव यदि तेरे ।
तो वह अघका बन्धक, अथवा है पुण्यका बन्धक ॥२६१॥

दुःखितसुखितान् सत्त्वान् करोमि यदेवमध्यवसितं ते । तत्पापबंधकं वा पुण्यस्य वा बंधकं भवति ॥२६०॥
मारयामि जीवयामि च सत्त्वान् यदेवमध्यवसितं ते । तत्पापबंधकं वा पुण्यस्य वा बंधकं भवति ॥२६१॥

य एवायं मिथ्यादृष्टेरज्ञानजन्मा रागमयोऽध्यवसायः स एव बंधहेतुः, इत्यवधारणीयं न च पुण्यपापत्वेन द्वित्वाद्बंधस्य तद्धेत्वंतरमन्वेष्टव्यं । एकेनैवानेनाध्यवसायेन दुःखयामि, मारयामि

नामसंज्ञ—दुक्खिदसुहिद, सत्त, ज, एवं, अज्झवसिद, तुम्ह, त, पापबंधग, वा, पुण्ण, वा, बंधग, सत्त, ज, एवं, अज्झवसिद, तुम्ह, आदि । **धातुसंज्ञ**—कर करणे, हो सत्तायां, मर प्राणत्यागे, जीव प्राण-

---

और अशुभका कारण दूसरा ही है । अज्ञानपनेकी अपेक्षासे दोनों अध्यवसाय एक ही हैं ।

प्रसंगविवरण—अनन्तरपूर्व गाथामें अध्यवसायोंको कर्मबन्धका हेतु बताया गया था । अब इन दो गाथाओंमें उन्हीं अध्यवसायोंकी विशेषरूपसे बंधहेतुताका अवधारण किया गया है ।

तथ्यप्रकाश—१–रागमय अध्यवसाय अज्ञानसे उत्पन्न होता है । २–अज्ञानमय अध्यवसाय कर्मबन्धका हेतु है । ३–पुण्यकर्म पापकर्म दोनोंके ही बंधका हेतु अध्यवसाय है । ४–दुःखी करने घात करनेके अशुभ अहंकारमें भी हेतु अज्ञानमय अध्यवसाय है । ५–सुखी करने जीवन करनेके शुभ अहंकारमें भी हेतु अज्ञानमय अध्यवसाय है । ६–शुभ अशुभ इन दोनों अहंकारोंमें जीव शुद्धात्मभावनासे च्युत है । ७–शुभाहंकाररसनिर्भर अध्यवसाय पुण्यबन्धका हेतु है । ८–अशुभाहंकाररसनिर्भर अध्यवसाय पापबन्धका हेतु है । ९–अन्य जीवके जीवन मरण सुख दुःख उन्हींके उपार्जित कर्मके उदयके निमित्तसे हैं । १०–निमित्तनैमित्तिक योग भी न हो फिर भी अन्यके कार्यका कर्ता किसी परको बताना असद्भूत व्यवहार है ।

सिद्धान्त— १–पापबन्ध व पुण्यबंध दोनोंका हेतु अध्यवसाय है । २–जीवोंको सुख

इति, मुखयामि, जीवयामीति च द्विधा शुभाशुभाहंकाररसनिर्भरतया द्वयोरपि पुण्यपापयोर्बंध-हेतुत्वस्याविरोधात् ॥ २६०-२६१ ॥

धारणे। **प्रातिपदिक**—दुःखितसुखित, सत्त्व, यत्, एवं, अध्यवसित, युष्मद्, तत्, पापबन्धक, वा, पुण्य, वा, बन्धक, सत्त्व, यत्, एवं, अध्यवसित आदि पूर्वोक्त। **मूलधातु**—डुकृञ् करणे, भू सत्तायां, मृङ् त्यागे तुदादि, जीव प्राणधारणे। **पदविवरण**—दुक्खिदसुहिदे दुःखितसुखितान्—द्वितीया बहु०। सत्ते सत्त्वान्—द्वि० बहु०। करेमि करोमि—वर्तमान लट् उत्तम पुरुष एक०। जं यत्—प्रथमा एक०। एवं—अव्यय। अज्झवसिदं अध्यवसितं—प्र० ए०। ते—षष्ठी एक०। तं तत्—प्र० एक०। पापबंधगं पापबन्धकं—प्र० एक०। वा—अव्यय। पुण्णस्स पुण्यस्य—षष्ठी एक०। वा—अव्यय। बंधगं बन्धकं—प्र० ए०। होदि भवति—वर्तमान लट् अन्य पुरुष एक०। मारिमि मारयामि—वर्तमान लट् उत्तम पुरुष एकवचन णिजंत क्रिया। जीवावेमि जीवयामि—वर्तमान लट् उत्तम पुरुष एकवचन णिजन्त क्रिया। सत्ते सत्त्वान्—द्वि० बहु०। जं यत्—प्रथमा एकवचन। आदि पूर्वोक्त ॥ २६०-२६१ ॥

दुःख आदिका लाभ उनके उपार्जित कर्मोंके उदयसे होता है।

दृष्टि—१- साद्दश्यनय (२०२)। २-दैवनय (१८४)।

प्रयोग—परके कर्तृत्वके अध्यवसायको अनर्थ जानकर दूर करना ॥२६०-२६१॥

अब कहते हैं कि क्रियादिगर्भित अध्यवसाय ही बंधका कारण होनेसे हिंसाका अध्यवसाय ही हिंसा है यह सिद्ध हुआ—[**सत्त्वान्**] जीवोंको [**मारयतु**] मारो [**वा मा मारयतु**] अथवा मत मारो [**जीवानां**] जीवोंका [**बंधः**] कर्मबंध [**अध्यवसितेन**] अध्यवसायसे ही होता है [**एषः निश्चयनयस्य बंधसमासः**] निश्चयनयके मतमें यह बंधसंक्षेप है।

तात्पर्य—अन्य पदार्थकी परिणतिसे बन्ध नहीं होता, किन्तु विकारभाव होनेसे बन्ध होता है।

टीकार्थ—परजीवोंके अपने कर्मोदयकी विचित्रतासे प्राणवियोग कदाचित् होवे अथवा न होवे परंतु "यह मैं मारता हूं" ऐसा अहंकाररससे भरा हुआ जो हिंसाका अध्यवसाय है वही निश्चयसे उस अभिप्राय वालेके बंधका कारण है। क्योंकि निश्चयनयसे परभावरूप प्राणवियोग दूसरेके द्वारा नहीं किया जा सकता। **भावार्थ**—निश्चयनयसे दूसरेके प्राणोंका वियोग दूसरेके द्वारा नहीं किया जा सकता। उसके ही कर्मोदयकी विचित्रतासे कदाचित् होता है कभी नहीं भी होता। अतः जो ऐसा अहंकार करता है "कि मैं परजीवको मारता हूं" आदि यह अहंकाररूप अध्यवसाय अज्ञानमय है। यही हिंसा है, क्योंकि इस विकारसे अपने विशुद्ध चैतन्य प्राणका घात है। और यही बंधका कारण है। यह निश्चयनयका मत व्यवहारनयको गौणकर कहा जानना सर्वथा एकांत पक्ष मिथ्यात्व है।

एवं हि हिंसाध्यवसाय एव हिंसेत्यायातं—

अज्झवसिदेण बंधो सत्ते मारेउ मा व मारेउ ।
एसो बंधसमासो जीवाणं णिच्छयणयस्स ॥२६२॥

अध्यवसितसे बन्धन, प्राणी मारो तथा नहीं मारो ।
निश्चयनयके मतमें, जीवोंका बन्ध विवरण यह ॥२६२॥

अध्यवसितेन बंधः सत्त्वान् मारयतु मा वा मारयतु । एष बंधसमासो जीवानां निश्चयनयस्य ॥२६२॥

परजीवानां स्वकर्मोदयवैचित्र्यवशेन प्राणव्यपरोपः कदाचिद् भवतु, कदाचिन्मा भवतु । य एव हिनस्मीत्यहंकाररसनिर्भरो हिंसायामध्यवसायः स एव निश्चयतस्तस्य बंधहेतुः निश्चयेन परभावस्य प्राणव्यपरोपस्य परेण कर्तुमशक्यत्वात् ॥२६२॥

नामसंज्ञ—अज्झवसिद, बंध, सत्त, मा, व, एत, बन्धसमास, जीव, णिच्छयणय । **धातुसंज्ञ**—मर प्राणत्यागे । **प्रातिपदिक**—अध्यवसित, बन्ध, सत्त्व, मा, वा, एतत्, बन्धसमास, जीव, निश्चयनय । **मूत्र**

पदविवरण—अज्झवसिदेण अध्यवसितेन–तृतीया एक० । बंधो बन्धः–प्रथमा एकवचन । सत्ते सत्त्वान्–द्वि० बहु० । मारेउ मारयतु–लोट् आज्ञार्थे अन्य पुरुष एकवचन णिजंत क्रिया । एसो एषः–प्रथमा एक० । जीवाणं जीवानां–षष्ठी बहु० । णिच्छयणयस्स निश्चयनयस्य–षष्ठी एकवचन ॥२६२॥

प्रसंगविवरण—अनन्तरपूर्व गाथाद्वयमें अध्यवसायको बन्धहेतु बताया गया था । अब यह बताया जायगा कि अध्यवसाय ही पाप व पुण्य है । जिनमेंसे प्रथम ही इस गाथामें बताया है हिंसाविषयक अध्यवसाय ही हिंसा है ।

तथ्यप्रकाश—१–जीवोंका प्राणवियोग उनके कर्मोदयकी विचित्रताके वश होता है । २–जो जीव अन्य जीवके प्रति "इसे मारू" ऐसा अध्यवसाय करता है उसे हिंसाका पाप लग ही गया, चाहे वह जीव मरे या न मरे । ३–हिंसाविषयक अध्यवसाय (अभिप्राय) ही निश्चयसे उसके बंधका कारण है व कर्मबन्धका मूल निमित्त कारण है । ४–निश्चयसे अन्यप्राणवियोगरूप परभाव किसी अन्य जीवके द्वारा किया ही नहीं जा सकता ।

सिद्धान्त—१–नवीन कर्मबन्धका साक्षात् निमित्त कारण उदयागत द्रव्यप्रत्यय (कर्म) है । २–उदयागत द्रव्यप्रत्ययोंमें कर्मबन्धनिमित्तपना आवे इसका निमित्त अध्यवसाय है । ३–अध्यवसाय करनेसे आत्मा खुद ही अपनी विकृतियोंसे बुरा बँधा हुआ है ।

दृष्टि—१–निमित्तदृष्टि (५३ अ) । २–निमित्तस्थनिमित्तदृष्टि (२०१) । ३–अशुद्ध-निश्चयनय (४७) ।

प्रयोग—अपने अध्यवसायसे ही बंध होता है, ऐसा जानकर रागादिक अपध्यान छोड़

अथाध्यवसायं पापपुण्ययोर्बंधहेतुत्वेन दर्शयति—

एवमलिये अदत्ते अबंभचेरे परिग्गहे चेव ।
कीरइ अज्झवसाणं जं तेण दु बज्झए पावं ॥२६३॥
तहवि य सच्चे दत्ते बंभे अपरिग्गहत्तणे चेव ।
कीरइ अज्झवसाणं जं तेण दु बज्झए पुण्णं ॥२६४॥ (युग्मम्)

यों ही अलीक चोरी, अब्रह्मचर्य तथा परिग्रहमें ।
अध्यवसान करे तो, उससे ही पाप बंधता है ॥२६३॥
वैसे सत्य अचोरी, अपरिग्रह ब्रह्मचर्यमें जो कुछ ।
अध्यवसान करे तो उससे ही पुण्य बंधता है ॥२६४॥

एवमलीकेऽदत्तेऽब्रह्मचर्ये परिग्रहे चैव । क्रियतेऽध्यवसानं यत्तेन तु बध्यते पापं ॥२६३॥
तथापि च सत्ये दत्ते ब्रह्मणि अपरिग्रहत्वे चैव । क्रियतेऽध्यवसानं यत्तेन तु बध्यते पुण्यं ॥२६४॥

एवमयमज्ञानात् यो यथा हिंसायां विधीयतेऽध्यवसायः, तथा असत्यादत्ताब्रह्मपरिग्रहेषु

नामसंज्ञ—एवं, अलिय, अदत्त, अबंभचेर, परिग्गह, च, एव, अज्झवसाण, ज, त, दु, पाव, तह, वि, य, सच्च, दत्त, बंभ, अपरिग्गहत्तण, च, एव, अज्झवसाण, ज, त, दु, पुण्ण । **धातुसंज्ञ**—कर करणे, बज्झ बंधने । **प्रातिपदिक**—एवं, अलीक, अदत्त, अब्रह्मचर्य, परिग्रह, च, एव, अध्यवसान, यत्, तत्, तु, पाप,

---

कर अविकल्प ज्ञानमय आत्मस्वरूपमें उपयोग लगाना ॥२६२॥

अब अध्यवसायको पुण्यपापके बंधका कारणपने रूपसे दिखलाते हैं—[एवं] इस प्रकार याने जैसा पहले हिंसाका अध्यवसाय कहा था उसी प्रकार [अलीके] असत्यमें [अदत्ते] चोरीमें [अब्रह्मचर्ये] कुशल संसर्गमें [परिग्रहे] धन धान्यादिक परिग्रहमें [यत् अध्यवसानं] जो अध्यवसान [क्रियते] किया जाता है [तेन तु] उससे तो [पापं बध्यते] पाप बंधता है [अपि च] और [तथा] उसी प्रकार [सत्ये] सत्यमें [दत्ते] दिया हुआ लेनेमें [ब्रह्मणि] ब्रह्मचर्यमें [च अपरिग्रहत्वे एव] और अपरिग्रहपनेमें [यत्] जो [अध्यवसानं] अध्यवसान [क्रियते] किया जाता है [तेन तु] उससे [पुण्यं बध्यते] पुण्य बंधता है ।

तात्पर्य—दुराचारके अध्यवसायसे पाप व व्रतके अध्यवसायसे पुण्यकर्म बँधता है ।

टीकार्थ—ऐसे याने पूर्वकथित रीतिसे अज्ञानसे जैसे हिंसामें अध्यवसाय किया जाता है उसी प्रकार अदत्त, अब्रह्म, परिग्रह इनमें जो अध्यवसाय किया जाता है वह सभी केवल पापबंधका ही कारण है । तथा जैसे अहिंसामें अध्यवसाय किया जाता है उसी तरह सत्य, दत्त, ब्रह्मचर्य, अपरिग्रह इनमें भी अध्यवसाय किया जाता है वह सभी केवल पुण्यबंधका ही

यश्च विधीयते स सर्वोऽपि केवल एव पापबंधहेतुः । यस्तु अहिंसायां यथा विधीयते अध्यवसायः, तथा यश्च सत्यदत्तब्रह्मापरिग्रहेषु विधीयते स सर्वोऽपि केवल एव पुण्यबंधहेतुः ॥२६३-२६४॥

तथा, अपि, च, सत्य, दत्त, ब्रह्मन्, अपरिग्रहत्व, च, एव, अध्यवसान, यत्, तत्, तु, पुण्य । मूलधातु—डुकृञ् करणे, बन्ध बन्धने । **पदविवरण**—एवं—अव्यय । अलिये अलीके—सप्तमी बहु० । अदत्ते—सप्तमी एक० । अबंभचेरे अब्रह्मचर्ये—सप्तमी एक० । परिग्गहे परिग्रहे—सप्तमी एक० । च एव—अव्यय । कीरइ क्रियते—वर्तमान लट् अन्य पुरुष एकवचन कर्मवाच्य क्रिया । अज्झवसाणं अध्यवसानं—प्रथमा एक० । जं यत्—प्रथमा एक० । तेण तेन—तृ० ए० । दु तु—अव्यय । बज्झए बध्यते—वर्तमान० अन्य० एकवचन कर्मवाच्य क्रिया । पावं पापं—प्र० ए० । तह वि तथा अपि—अव्यय । सच्चे सत्ये—स० ए० । दत्ते—स० ए० । बंभे ब्रह्मणि—सप्तमी एक० । अपरिग्गहत्तणे अपरिग्रहत्वे—स० ए० । कीरइ क्रियते—वर्तमान लट् अन्य पुरुष एकवचन कर्मवाच्य क्रिया । अज्झवसाणं अध्यवसानं—प्रथमा एक० । जं यत्—प्र० एक० । तेण तेन—तृ० ए० । वज्झदि बध्यते—पूर्वोक्त क्रिया । पुण्णं पुण्यं—प्रथमा एकवचन ॥ २६३-२६४ ॥

कारण है । **भावार्थ**—जैसे कि हिंसामें अध्यवसाय पापबंधका कारण है, वैसे ही असत्य, अदत्त, अब्रह्म, परिग्रह इनमें भी अध्यवसाय पापबंधका कारण है । तथा जैसे अहिंसामें अध्यवसाय पुण्यबंधका कारण है, वैसे ही सत्य, दत्त, ब्रह्मचर्य, अपरिग्रहपना इनमें किया गया अध्यवसाय पुण्यबंधका कारण है । इस प्रकार पाँच पापोंका अभिप्राय तो पापबंध करता है और पाँच व्रतरूप एक देश व सर्व देशका अभिप्राय पुण्यबंध करता है ।

प्रसंगविवरण—अनन्तरपूर्व गाथामें यह बताया गया था कि हिंसाविषयक अध्यवसाय ही हिंसा है । अब इन दो गाथाओंमें बताया गया है कि जैसे हिंसाविषयक अध्यवसाय ही हिंसा है ऐसे ही झूठ आदि विषयक अध्यवसाय ही झूठ आदिक पाप है व उससे पापका बंध है । तथा इसी प्रकार अहिंसाके पुण्यत्वकी भाँति सत्य आदिक पुण्य है व उससे पुण्यका बंध है ।

तथ्यप्रकाश—१—जैसे हिंसाविषयक अध्यवसाय अज्ञानसे होता है वैसे ही झूठ आदि विषयक अध्यवसाय भी अज्ञानसे होता है । २—जैसे अहिंसा (नहीं मारू) विषयक अध्यवसाय (अहंकाररसनिर्भर आशय) अज्ञानसे होता है वैसे ही सत्य आदि विषयक अहंकाररसनिर्भर आशय (अध्यवसाय) अज्ञानसे होता है । ३—हिंसादि पापविषयक अध्यवसाय पापबन्धका हेतु है । ४—अहिंसासत्यादि विषयक अध्यवसाय पुण्यबन्धका हेतु है ।

सिद्धान्त—१—अध्यवसाय जीवका अज्ञानमय परिणमन है । २—व्रतविषयक अध्यवसाय पुण्यकर्मके बन्धका निमित्त है । ३—अव्रतविषयक अध्यवसाय पापकर्मके बन्धका निमित्त है ।

दृष्टि—१— अशुद्धनिश्चयनय (४७) । २, ३— निमित्तदृष्टि (५३ अ) ।

न च बाह्यवस्तु द्वितीयोऽपि बंधहेतुरिति शंक्यं—

वत्थुं पडुच्च जं पुण अज्झवसाणं तु होइ जीवाणं ।
ण य वत्थुदो दु बंधो अज्झवसाणेण बंधोत्थि ॥२६५॥

वस्तु अवलंब करके, होता अध्यवसित भाव जीवोंका ।
नहिं बन्ध वस्तुसे है, है अध्यवसानसे बन्धन ॥२६५॥

वस्तु प्रतीत्य यत्पुनरध्यवसानं तु भवति जीवानां । न च वस्तुतस्तु बंधोऽध्यवसानेन बंधोस्ति ॥२६५॥

अध्यवसानमेव बंधहेतुर्न तु बाह्यवस्तु तस्य बंधहेतोरध्यवसानस्य हेतुत्वेनैव चरितार्थत्वात् । तर्हि किमर्थो बाह्यवस्तुप्रतिषेधः ? अध्यवसानप्रतिषेधार्थः । अध्यवसानस्य हि बाह्य-

---

नामसंज्ञ—वत्थु, ज, पुण, अज्झवसाण, तु, जीव, ण, य, वत्थुदो, दु, बंध, अज्झवसाण, बंध । **धातुसंज्ञ**—हो सत्तायां, पडि- इ गतौ, अस सत्तायां । **प्रातिपदिक**—वस्तु, यत्, पुनर्, अध्यवसान, तु, जीव, न,

प्रयोग—अशुभ व शुभ अध्यवसायोंको बन्धहेतु जानकर उनसे हटकर अविकल्प ज्ञानमात्र अन्तस्तत्त्वमें उपयुक्त होनेका पौरुष करना ॥२६३-२६४॥

अब कहते हैं कि दूसरी कोई बाह्य वस्तु बंधका कारण है, ऐसी शंका नहीं करनी चाहिये—[पुनः] और भी देखिये [जीवानां] जीवोंके [यत् अध्यवसानं] जो अध्यवसान होता है वह [वस्तु] वस्तुको [प्रतीत्य] अवलंबन करके [भवति] होता है । [च तु] परन्तु वहाँ [वस्तुतः] वस्तुसे [बंधः न च] बंध नहीं है, किन्तु [अध्यवसानेन] अध्यवसानसे ही [बंधः अस्ति] बंध है ।

टीकार्थ—अध्यवसान ही बंधका कारण है, बाह्य वस्तु बंधका कारण नहीं है । क्योंकि बंधके कारणभूत अध्यवसानके ही कारणपनेसे चरितार्थपना है । **प्रश्न**—तो फिर बाह्यवस्तुका निषेध किसलिये किया जाता है ? **समाधान**—अध्यवसानके निषेधके लिये बाह्य वस्तुका त्याग कराया जाता है, क्योंकि बाह्यवस्तुका आश्रय किये बिना अध्यवसान अपने स्वरूपको व्यक्त नहीं कर पाता । यदि बाह्य वस्तुका आश्रय न लेकर भी अध्यवसान उत्पन्न हो तो जैसे सुभटकी माताके पुत्र सुभटका सद्भाव होनेसे उसका आश्रय लेकर किसीके अध्यवसान होता है कि मैं सुभटकी माताके पुत्रको मारता हूं उसी प्रकार बांझके पुत्रका अभाव होनेपर भी ऐसा अध्यवसान होना चाहिये "मैं बंध्यासुतको मारता हूं" किन्तु ऐसा अध्यवसान तो उत्पन्न नहीं होता अर्थात् जब बंध्याका पुत्र ही नहीं है तो मारनेका अध्यवसान कैसे हो सकता है ? इस कारण बाह्यवस्तुके आश्रयके बिना अध्यवसान उत्पन्न नहीं होता; यह दृढ़ नियम बना । इसी कारण अध्यवसानका आश्रयभूत जो बाह्यवस्तु है उसका अत्यंत निषेध कराया गया;

वस्तु आश्रयभूतं । न हि बाह्यवस्त्वनाश्रित्य अध्यवसानमात्मानं लभते । यदि बाह्यवस्त्वनाश्रित्यापि अध्यवसानं जायेत तदा यथा वीरसूसुतस्याश्रयभूतस्य सद्भावे वीरसूसूनुं हिनस्मीत्यध्यवसायो जायते, तथा बंध्यासुतस्याश्रयभूतस्यासद्भावेऽपि बंध्यासुतं हिनस्मीत्यध्यवसायो

च, वस्तुतः, तु, बन्ध, अध्यवसान, बन्ध । मूलधातु—प्रति इण् गतौ, भू सत्तायां, अस् भुवि । पदविवरण—वत्थुं वस्तु—द्वितीया एकवचन । पडुच्च प्रतीत्य—असमाप्तिकी क्रिया । जं यत्—प्रथमा एक० । पुण पुनः—अव्यय । अज्झवसाणं अध्यवसानं—प्रथमा एक० । दु तु—अव्यय । होदि भवति—वर्तमान लट् अन्य पुरुष एकवचन क्रिया । जीवाणं जीवानां—षष्ठी बहु० । ण य न च—अव्यय । वत्थुदो वस्तुतः—पंचम्यर्थे अव्यय ।

क्योंकि कारणके प्रतिषेधसे ही कार्यका प्रतिषेध होता है । देखिये—बंधहेतु अध्यवसानको हेतुपना होनेपर भी बाह्य वस्तु बंधका हेतु नहीं है, क्योंकि जैसे कोई मुनीन्द्र ईर्यासमितिरूप प्रवर्त रहा है उसके चरणसे हना गया जो कालका प्रेरा अतिवेगसे शीघ्र आकर पड़ा कोई उड़ता हुआ जीव मर गया, तो भी उसके मर जानेसे मुनीश्वरको हिंसा नहीं लगती सो बंधके कारणभूत अध्यवसायके कारणभूत बाह्यवस्तुकी बन्धकारणता न होनेसे बाह्य वस्तुको बंधका कारणपना माननेमें अनैकांतिक हेत्वाभासपना आता है । अतः जीवका अतद्भावरूप बाह्य वस्तु बंधका कारण नहीं है । जीवका तद्भावस्वरूप अध्यवसान ही बंधका कारण है ।

भावार्थ—निश्चयनयसे बन्धका हेतु तो अध्यवसान ही है । बाह्य वस्तुएं अध्यवसान के आश्रयभूत हैं, उनमें उपयोग देनेसे अध्यवसान व्यक्त होता है, इस कारण बाह्य वस्तु उपचारसे अध्यवसानका कारण कहा जाता है । बाह्य वस्तुके बिना निराश्रय यह अध्यवसान नहीं होता : इस कारण बाह्य वस्तुका त्याग कराया गया है । यदि बन्धका कारण बाह्य वस्तु ही कहा जावे तो कोई मुनि ईर्यासमितिसे यत्न कर गमन करता हो उस समय उसके पैरोंके नीचे कोई उड़ता जीव आ पड़ा और मर गया तो उसकी हिंसा मुनीश्वरको क्यों नहीं लगती ? सो यहाँ बाह्य दृष्टिसे देखा जाय तो हिंसा हुई, परन्तु मुनिके हिंसाका अध्यवसान नहीं है, इसलिए वह जीवका मरणरूप परघात बंधका कारण नहीं है । हाँ बाह्य वस्तुके बिना निराश्रय अध्यवसाय प्रकट नहीं होता, इसलिये बाह्यवस्तुका निषेध करना उपदेशमें बताया है ।

प्रसंगविवरण—अनन्तरपूर्व गाथामें बताया गया था कि अव्रताध्यवसाय पापबन्धका हेतु है और व्रताध्यवसाय पुण्यबंधका हेतु है । अब इसीके समर्थन व अन्ययोगव्यवच्छेदके लिये इस गाथाका अवतार हुआ है ।

तथ्यप्रकाश—(१) अध्यवसाय ही कर्मबन्धका निमित्त है । (२) पंचइन्द्रियके विषयभूत चेतन अचेतन बाह्य पदार्थ कर्मबन्धका निमित्त नहीं है । (३) बाह्य पदार्थ तो कर्मबन्ध

जायेत । न च जायते । ततो निराश्रयं नास्त्यध्यवसानमिति प्रतिनियमः । तत एव चाध्यवसानाश्रयभूतस्य बाह्यवस्तुनोऽत्यंतप्रतिषेधः, हेतुप्रतिषेधेनैव हेतुमत्प्रतिषेधात् । न च बन्धहेतुहेतुत्वे सत्यपि बाह्यं वस्तु बंधहेतुः स्याद् ईर्यासमितिपरिणतयतींद्रपदव्यापाद्यमानवेगापतत्कालचोदितकुलिंगवद् बाह्यवस्तुनो बंधहेतुहेतोरप्यबंधहेतुत्वेन बंधहेतुत्वस्यानैकांतिकत्वात् । अतो न बाह्यवस्तु जीवस्यातद्भावो बंधहेतुः । अध्यवसानमेव तस्य तद्भावो बंधहेतुः ॥ २६५ ॥

बंधो बन्धः–प्रथमा एक० । अज्झवसाणेण अध्यवसानेन–तृतीया एक० । बंधो बन्धः–प्रथमा एक० । अत्थि अस्ति–वर्तमान लट् अन्य पुरुष एकवचन क्रिया ॥ २६५ ॥

निमित्तभूत अध्यवसायका विषयरूप कारण है अर्थात् आश्रयभूत कारण है । (४) बाह्यवस्तु का त्याग अध्यवसायको हटानेके लिये किया जाता है । (५) बाह्य पदार्थ व्यक्त अध्यवसायका आश्रयभूत है । (६) अनुपचरित असद्भूत अव्यक्त विकारमें बाह्य पदार्थ आश्रयभूत भी नहीं हो पाते । (७) बाह्य वस्तुका आश्रय किये बिना अध्यवसान व्यक्त नहीं हो पाता । (८) अध्यवसायके आश्रयभूत बाह्य वस्तुका मनसे, वचनसे, कायसे त्याग होनेपर अध्यवसाय प्रकट हो ही नहीं सकता । (९) बाह्य वस्तु कर्मबन्धका निमित्त नहीं है, क्योंकि अध्यवसायका अभाव होनेपर बाह्यवस्तुप्रसंग होनेपर भी कर्मबन्ध नहीं होता । (१०) बाह्य वस्तु जीवका कुछ भी नहीं है, अतद्भाव है, अतः बाह्यवस्तु बन्धहेतु नहीं होता । (११) अध्यवसान ही जीवका तद्भाव है, विभाव है जो कि वीतरागपरमात्मतत्त्वसे भिन्न है, अतः अध्यवसान ही बन्धहेतु होता है । (१२) बाह्य वस्तुके होनेपर नियमसे कर्मबन्ध हो ऐसा अन्वय न होने से बाह्यवस्तु कर्मबन्धका कारण नहीं । (१३) बाह्य वस्तुके न होनेपर कर्मबन्ध नहीं हो ऐसा व्यतिरेक न होनेसे बाह्यवस्तु कर्मबन्धका कारण नहीं । (१४) बाह्यवस्तु कर्मबन्धका आश्रयभूत कारण है, आरोपित कारण है, विषयभूत कारण है, परम्परा कारण है । (१५) कर्मबन्धके निमित्तभूत उदयागत द्रव्यप्रत्ययमें कर्मबन्धका निमित्तपना आ जावे इसका निमित्त अध्यवसाय है इस कारण अध्यवसाय कर्मबन्धका मूल कारण है ।

सिद्धांत—(१) आश्रयभूत इन्द्रियविषयोंको विकारका कारण कहना आरोपित व्यवहार है । (२) कर्मबन्धका मूल निमित्त अध्यवसाय विकार है ।

दृष्टि—१– आश्रये आश्रयी उपचारक व्यवहार (१५१) । २– निमित्तत्वनिमित्तदृष्टि (२०१) ।

प्रयोग—कर्मबन्धके मूल कारण अध्यवसायके प्रतिषेधके लिये उस अध्यवसायके आश्रयभूत इन्द्रियविषयोंका अर्थात् बाह्य समागमोंका त्याग करना चाहिये ॥२६५॥

एवं बंधहेतुत्वेन निर्धारितस्याध्यवसानस्य स्वार्थक्रियाकारित्वाभावेन मिथ्यात्वं दर्शयति—

दुक्खिदसुहिदे जीवे करेमि बंधेमि तह विमोचेमि ।
जा एसा मूढमई णिरत्थया सा हु दे मिच्छा ॥२६६॥

दुखी सुखी जीवोंको, करता हूं बांधता छुड़ाता हूं ।
यहँ ऐसी मूढमती, निरर्थिका है अतः मिथ्या ॥२६६॥

दुःखितसुखितान् जीवान् करोमि बंधयामि तथा विमोचयामि; या एषा मूढमतिः निरर्थिका सा खलु ते मिथ्या।

परान् जीवान् दुःखयामि सुखयामीत्यादि बंधयामि विमोचयामीत्यादि वा यदेतदध्यवसानं तत्सर्वमपि परभावस्य परस्मिन्नव्याप्रियमाणत्वेन स्वार्थक्रियाकारित्वाभावात् खकुसुमं

नामसंज्ञ—दुक्खिदसुहिद, जीव, तह, ज, एता, मूढमइ, णिरत्थया सा, हु, तुम्ह, मिच्छा । **धातुसंज्ञ**—कर करणे, बन्ध बन्धने, वि मुंच त्यागे । **प्रातिपदिक**—दुःखितसुखित, जीव, तथा, यत्, एतत्, मूढमति, निरर्थिका, तत्, खलु, मिथ्या । **मूलधातु**—डुकृञ् करणे, बन्ध बन्धने, वि मुच्लृ मोक्षणे तुदादि । **पदविवरण**—दुक्खिदसुहिदे दुःखितसुखितान्-द्वितीया बहु० । जीवे जीवान्-द्वि० बहु० । करेमि करोमि-

---

उक्त प्रकारसे बंधकारणपनेसे निश्चय किये गये अध्यवसानका अपनी अर्थक्रियाकारिता न होनेसे मिथ्यापना यहाँ दिखलाते हैं—मैं [**जीवान्**] जीवोंको [**दुःखितसुखितान्**] दुःखी सुखी [**करोमि**] करता हूँ [**बंधयामि**] बंधाता हूं [**तथा**] और [**विमोचयामि**] छुड़ाता हूं [**या एषा ते मूढमतिः**] ऐसी जो तेरी मूढ बुद्धि है [**सा**] वह [**निरर्थिका**] निरर्थक है अतएव [**खलु**] निश्चयसे [**मिथ्या**] मिथ्या है ।

तात्पर्य—विकल्पका बाह्यवस्तुके परिणमनपर कोई अधिकार नहीं, फिर भी परपदार्थमें कुछ करनेका अध्यवसाय करना नियमसे मिथ्यात्व है ।

टीकार्थ—परजीवोंको दुःखी करता हूं, सुखी करता हूं इत्यादि, तथा बँधाता हूं, छुड़ाता हूं इत्यादि, जो यह अध्यवसान है वह सभी मिथ्या है, क्योंकि परभावका परमें व्यापार न होनेसे स्वार्थक्रियाकारीपनका अभाव होनेके कारण "मैं आकाशके फूलको तोड़ता हूं" इस अध्यवसायकी तरह वह झूठा है, मात्र अपने अनर्थके लिए ही है । **भावार्थ**—जिस विकल्पका जो करनेका भाव है वह जब विकल्पसे होता ही नहीं है तो वह विकल्प निरर्थक है, मोही जीव परको दुःखी-सुखी आदि करनेकी बुद्धि करता है, किन्तु परजीव इसके विकल्प करनेसे दुःखी सुखी नहीं होते तब ऐसी बुद्धि निरर्थक होनेसे मिथ्या है ।

प्रसंगविवरण—अनन्तरपूर्व गाथामें बताया गया था कि अध्यवसान ही कर्मबन्धका निमित्त कारण है और द्वितीय कुछ भी वस्तु बन्धका कारण नहीं है । अब इस गाथामें

लुनामीत्यध्यवसानवन्मिथ्यारूपं केवलमात्मनोऽनर्थायैव ॥ २६६ ॥

वर्तमान लट् उत्तम पुरुष एकवचन। बंधेमि बन्धयामि विमोचेमि विमोचयामि–वर्तमान लट् उत्तम पुरुष एक० क्रिया। जा या एसा एषा–प्रथमा एक०। मूढमई मूढमतिः–प्रथमा एक०। णिरत्थया निरर्थिका–प्र० ए०। सा सा–प्रथमा ए०। हु खलु–अव्यय। दे ते–षष्ठी एक०। मिच्छा मिथ्या–प्रथमा एकवचन ॥२६६॥

सयुक्तिक बताया गया है कि वह अध्यवसाय सब मिथ्या है।

तथ्यप्रकाश—(१) जो बात सोचनेसे होती नहीं उसका सोचना स्वार्थक्रियाकारी नहीं। (२) जो स्वार्थक्रियाकारी नहीं वह मिथ्या है। (३) मैं दूसरे जीवोंको सुखी दुःखी करता हूं यह अध्यवसाय मिथ्या है, क्योंकि इस अध्यवसायका दूसरे जीवपर कोई व्यापार नहीं होता।

सिद्धान्त—(१) परजीवोंके विषयमें उनका कुछ करनेका कुछ भी चिन्तन करना मिथ्या है।

दृष्टि—१– असंश्लिष्ट स्वजात्युपचरित असद्भूत व्यवहार (१२४)।

प्रयोग—किसी भी जीवके विषयमें दुःख सुख आदि करनेके चिन्तवन करनेको मिथ्या, अनर्थकारी जानकर इस अध्यवसायको छोड़कर अविकल्प ज्ञानमात्र अन्तस्तत्त्वमें उपयोग लगाना ॥ २६६ ॥

प्रश्न—अध्यवसान अपनी अर्थक्रियाका करने वाला किस कारण नहीं है ? **उत्तर**—[यदि हि] यदि वास्तवमें [जीवाः] जीव [अध्यवसाननिमित्तं] खुदके अपने अध्यवसानके निमित्तसे [कर्मणा] कर्मसे [बध्यंते] बँधते हैं [च] और [मोक्षमार्गे] मोक्षमार्गमें [स्थिताः] ठहरे हुए [मुच्यंते] कर्मसे छूटते हैं [तत्] तो [त्वं किं करोषि] उनमें तू क्या करेगा ? तेरा तो बांधने छोड़नेका अभिप्राय विफल हुआ।

तात्पर्य—जीव अपने ही भावसे कर्मसे बँधते व छूटते हैं, सो कोई उनकी परिणतिका विकल्प करता है तो वह निरर्थक है।

टीकार्थ—'मैं निश्चयतः बँधाता हूं छुड़ाता हूं' ऐसा जो अध्यवसान है उसकी अर्थक्रिया जीवोंका बांधना और छुड़ाना है। सो जीव तो इस अध्यवसायके मौजूद होनेपर भी वे अपने सरागवीतरागपरिणामके अभावसे न बँधते हैं, न छूटते हैं। और अपने सरागवीतराग-परिणामके सद्भावसे तेरे अध्यवसायका अभाव होनेपर भी बँधते हैं तथा छूटते हैं, इस कारण परमें अकिंचित्करपना होनेसे यह अध्यवसान कुछ भी स्वार्थक्रिया करने वाला नहीं है। इस कारण यह अध्यवसान मिथ्या ही है, ऐसा भाव है। **भावार्थ**—जो हेतु परमें कुछ भी न कर सके उसे अकिंचित्कर कहते हैं। सो यह बांधने छोड़नेका अध्यवसान परमें कुछ भी नहीं

कुतो नाध्यवसानं स्वार्थक्रियाकारि ? इति चेत्—

अज्झवसाणणिमित्तं जीवा बज्झंति कम्मणा जदि हि।
मुच्चंति मोक्खमग्गे ठिदा य ता किं करोसि तुमं ॥२६७॥

अध्यवसानसे बंधते, कर्मोंसे जीव छूटते हैं जो।
मोक्षमार्गमें सुस्थित, उनका फिर क्या किया तुमने ॥२६७॥

अध्यवसाननिमित्तं जीवा बध्यंते कर्मणा यदि हि। मुच्यंते मोक्षमार्गे स्थिताश्च तत् किं करोषि त्वं ॥२६७॥

यत्किल बंधयामि मोचयामीत्यध्यवसानं तस्य हि स्वार्थक्रिया यद्बंधनं मोचनं जीवानां। जीवास्तु अस्याध्यवसायस्य सद्भावेऽपि सरागवीतरागयोः स्वपरिणामयोः अभावान्न

नामसंज्ञ—अज्झवसाणणिमित्त, जीव, कम्म, जदि, हि, मोक्खमग्ग, ठिद, य, ता, किं, तुम्ह। **धातुसंज्ञ**—बज्झ बंधने, मुंच त्यागे, कर करणे। **प्रातिपदिक**—अध्यवसाननिमित्त, जीव, कर्मन्, यदि, हि, मोक्षमार्ग, स्थित, च, तत्, किम्, युष्मद्। **मूलधातु**—बन्ध बन्धने, मुच्लृ मोक्षणे, डुकृञ् करणे। **पदविवरण**—अज्झवसाणणिमित्तं अध्यवसाननिमित्तं—अव्यय यथा स्यात्तथा क्रियाविशेषण। जीवा जीवाः—प्रथमा

करता। क्योंकि इसके अध्यवसाय न होनेपर भी जीव अपने सरागवीतरागपरिणामों द्वारा बंध मोक्षको प्राप्त होता है और इसके अध्यवसाय होनेपर भी जीव अपने सरागवीतरागपरिणामके अभाव होनेसे बंध मोक्षको नहीं प्राप्त होता। इसलिये अध्यवसान परमें अकिंचित्कर है इसी कारण स्वार्थक्रियाकारी नहीं और मिथ्या है।

अब इस अर्थका कलशरूप श्लोक कहते हैं—**अनेन** इत्यादि। **अर्थ**—आत्मा इस निरर्थक अध्यवसानसे मोहित हुआ आत्मा ऐसा जगतमें कुछ भी नहीं है जिस रूप अपनेको नहीं करता हो। **भावार्थ**—यह आत्मा मिथ्या अभिप्रायसे भूला हुआ आत्मा चतुर्गति संसारमें जितनी अवस्थायें हैं, जितने पदार्थ हैं उन सब स्वरूप हुआ मानता है, अपने विविक्त शुद्धस्वरूपको नहीं पहिचानता।

प्रसंगविवरण—अनन्तरपूर्व गाथामें बताया गया था कि अध्यवसाय स्वार्थक्रियाकारी न होनेसे मिथ्या है। अब इस गाथामें यह बताया गया है कि अध्यवसाय स्वार्थक्रियाकारी कैसे नहीं है ?

तथ्यप्रकाश—१—कोई परजीवको बाँधनेका विकल्प करता है सो उसके विकल्प करनेसे यदि परजीव बँध जावे तब यह अध्यवसाय स्वार्थक्रियाकारी कहावेगा। २— कोई परजीवको मुक्त करानेका विकल्प करता है सो उसके विकल्प करनेसे यदि परजीव मुक्त हो जावे तो तब यह अध्यवसाय स्वार्थक्रियाकारी कहावेगा। ३— परजीवको बाँधनेका विकल्प करनेपर

बध्यते न मुच्यते । सरागवीतरागयोः स्वपरिणामयोः सद्भावात्तस्याध्यवसायस्याभावेऽपि बध्यते मुच्यते च, ततः परस्याकिंचित्करत्वान्नेदमध्यवसानं स्वार्थक्रियाकारि ततश्च मिथ्येवेति भावः ॥ अनेनाध्यवसानेन निष्फलेन विमोहितः । तत्किंचनापि नैवास्ति नात्मात्मानं करोति यत् ॥१७१॥ ॥ २६७ ॥

बहु० । बज्झंति बध्यंते–वर्तमान लट् अन्य पुरुष एक० कर्मवाच्य क्रिया । कम्मणा कर्मणा–तृतीया एक० । जदि यदि हि–अव्यय । मुच्चंति मुच्यन्ते–वर्तमान लट् अन्य पुरुष बहुवचन कर्मवाच्य क्रिया । मोक्खमग्गे मोक्षमार्गे–सप्तमी एक० । ठिदा स्थिताः–प्रथमा बहु० । य च ता त–अव्यय । किं–अव्यय या प्र० एक० । करोसि करोषि–वर्तमान लट् मध्यम पुरुष एक० क्रिया । तुमं त्वं -प्रथमा एकवचन ॥ २६७ ॥

भी परजीवके सराग परिणाम न हो तो वह नहीं बँध सकता सो वह अध्यवसाय स्वार्थ-क्रियाकारी न रहा । ४– परजीवको मुक्त करनेका विकल्प करनेपर भी परजीवके वीतराग-परिणाम नहीं होता तो वह मुक्त नहीं हो सकता सो यह अध्यवसाय स्वार्थक्रियाकारी न रहा । ५–किसीका अध्यवसाय परजीवमें कुछ कर नहीं सकता, इस कारण अध्यवसाय स्वार्थ-क्रियाकारी नहीं और इसी कारण मिथ्या है ।

सिद्धान्त—१– जीवके अध्यवसायका निमित्त पाकर पौद्गलकार्माणवर्गणायें कर्मरूप बँधती हैं । २– वीतरागपरिणामके निमित्तसे कर्मबन्ध हट जाते हैं । ३– परके अध्यवसाय का स्व आत्मामें कोई प्रभाव नहीं होता ।

दृष्टि—१–उपाधिसापेक्ष अशुद्ध द्रव्यार्थिकनय व निमित्तदृष्टि (५३, ५३अ) । २–शुद्ध भावनापेक्ष शुद्ध द्रव्यार्थिकनय व निमित्तदृष्टि (२४ब, ५३अ) । ३–परद्रव्यादिग्राहक द्रव्यार्थिकनय (२६) ।

प्रयोग—अध्यवसाय स्वार्थक्रियाकारी नहीं होता यह जानकर अध्यवसायको हटाकर अविकार ज्ञानस्वभावकी दृष्टि करना ॥ २६७ ॥

अब पूर्वगाथोक्त अर्थको प्रगटरूपसे गाथामें कहते हैं:—**[जीवः]** जीव **[अध्यवसानेन]** अध्यवसानसे **[तिर्यङ्नैरयिकान्]** तिर्यंच नारक **[च देवमनुजान्]** और देव मनुष्य **[सर्वान्]** सभी पर्यायोंको **[च]** और **[नैकविधं पुण्यं पापं]** अनेक प्रकारके पुण्य पापोंको **[करोति]** करता है **[तथा च]** तथा **[धर्माधर्मौ]** धर्म अधर्म **[जीवाजीवौ]** जीव अजीव **[च]** और **[अलोकलोकं]** अलोक लोक **[सर्वान्]** इन सभी को **[जीवः]** जीव **[अध्यवसानेन]** अध्यवसानसे **[आत्मानं]** आत्मस्वरूप **[करोति]** करता है ।

तात्पर्य—मोही जीव जिस परको व परभावको आत्मरूप मानता है वह उसी क

सव्वे करेइ जीवो अज्झवसाणेण तिरियणेरयिए ।
देवमणुये य सव्वे पुण्णं पावं च णेयविहं ॥२६८॥
धम्माधम्मं च तहा जीवाजीवे अलोयलोयं च ।
सव्वे करेइ जीवो अज्झवसाणेण अप्पाणं ॥२६९॥ (युगलम्)

अध्यवसितसे प्राणी, सब कुछ करता हि जीव अपनेको ।
पशु नारक देव मनुज, नानाविध पुण्य पापोंको ॥२६८॥
धर्म अधर्म हि अथवा, जीव अजीव व अलोक लोक तथा ।
अध्यवसितसे प्राणी, अपनेको सर्व कर लेता ॥२६९॥

सर्वान् करोति जीवोऽध्यवसानेन तिर्यङ्नैरयिकान् । देवमनुजांश्च सर्वान् पुण्यं पापं च नैकविधं ॥२६८॥
धर्माधर्मं च तथा जीवाजीवौ अलोकलोकं च । सर्वान् करोति जीवः अध्यवसानेन आत्मानं ॥२६९॥

यथायमेवं क्रियागर्भहिंसाध्यवसानेन हिंसकम् इतराध्यवसानैरितरं च आत्मात्मानं कुर्यात्, तथा विपच्यमाननारकाध्यवसानेन नारकं, विपच्यमानतिर्यगध्यवसानेन तिर्यंचं, विपच्य-

नामसंज्ञा- सव्व, जीव, अज्झवसाण, तिरियणेरयिये, देवमणुय, य, सव्व, पुण्ण, पाप, च, णेयविह, धम्माधम्म, च, तहा, जीवाजीव, आलोयलोय, च, सव्व, जीव, अज्झवसाण, अप्प । **धातुसंज्ञा**- कर करण ।

अपनेको करने वाला कहा जाता है ।

टीकार्थ—जैसे यह आत्मा ऐसे यानी पूर्वोक्त क्रिया वाले हिंसाके अध्यवसानसे अपने को हिंसक करता है, और अन्य अध्यवसानोंसे यह आत्मा अपनेको अन्य बहुत प्रकार करता है; उसी प्रकार उदयमें आये हुए नारकके अध्यवसानसे अपनेको नारकी करता है, उदयमें आये हुए तिर्यंचके अध्यवसानसे अपनेको तिर्यंच करता है, उदयमें आये हुए मनुष्यके अध्यवसानसे अपनेको मनुष्य करता है, उदयमें आये हुए देवके अध्यवसानसे अपनेको देव करता है, उदयमें आये हुए सुख आदि पुण्यके अध्यवसानसे अपनेको पुण्यरूप करता है, उदयमें आये हुए दुःख आदि पापके अध्यवसानसे अपनेको पापरूप करता है और उसी प्रकार जाननेमें आये हुए धर्मास्तिकायके अध्यवसानसे अपनेको धर्मास्तिकायरूप करता है, जाने हुए अधर्मास्तिकाय के अध्यवसानसे अपनेको अधर्मास्तिकाय रूप करता है, जाने हुए अन्य जीवके अध्यवसानसे अपनेको अन्य जीवरूप करता है, जाने हुए पुद्गलके अध्यवसानसे अपनेको पुद्गलरूप करता है, जाने हुए लोकाकाशके अध्यवसानसे अपनेको लोकाकाशरूप करता है, जाने हुए अलोकाकाशके अध्यवसानसे अपनेको अलोकाकाशरूप करता है । **भावार्थ**—अपना परमार्थरूप नहीं

मानमनुष्याध्यवसानेन मनुष्यं, विपच्यमानदेवाध्यवसानेन देवं, विपच्यमानसुखादिपुण्याध्यवसानेन पुण्यं, विपच्यमानदुःखादिपापाध्यवसानेन पापमात्मानं कुर्यात् । तथैव च ज्ञायमानधर्माध्यवसानेन धर्मं, ज्ञायमानाधर्माध्यवसानेनाधर्मं; ज्ञायमानजीवान्तराध्यवसानेन जीवान्तरं, ज्ञायमानपुद्गलाध्यवसानेन पुद्गलं, ज्ञायमानलोकाकाशाध्यवसानेन लोकाकाशं ज्ञायमानालोकाकाशा-

प्रातिपदिक—सर्व, जीव, अध्यवसान, तिर्यङ्नैरयिक, देवमनुज, सर्व, पुण्य, पाप, च, नैकविध, धर्माधर्म, च, तथा, जीवाजीव, अलोकलोक, सर्व, जीव, अध्यवसान, आत्मन् । **मूलधातु**—डुकृञ् करणे । **पदविवरण**- सव्वे सर्वान्—द्वितीया बहु० । करेइ करोति—वर्तमान लट् अन्य पुरुष एकवचन । जीवो जीवः—प्रथमा एक० । अज्झवसाणेण अध्यवसानेन—तृतीया एकवचन । तिरियणेरयिये तिर्यङ्नैरयिकान्—द्वितीया बहु० । देवमणुये देवमनुजान्—द्वि० बहु० । य च—अव्यय । सव्वे सर्वान्—द्वि० बहु० । पुण्णं पुण्यं पावं पापं—द्वि०लीया एक० । णेयविहं नैकविधं—द्वि० ए० । धम्माधम्मं धर्माधर्मं—द्वि० ए० । च तहा तथा—अव्यय । जीवाजीवे

जाननेसे अज्ञानी आत्मा अपने आपको अनेक अवस्थारूप करता है याने उनमें आपा मानता प्रवर्तता है ।

अब इस अर्थका कलशरूप काव्य कहते हैं—**विश्वात्** इत्यादि । **अर्थ**—मोहमूलक सब द्रव्योंसे भिन्न होनेपर भी यह आत्मा जिस अध्यवसायके प्रभावसे अपनेको समस्तस्वरूप करता है वह अध्यवसाय जिनके नहीं है वे ही मुनि हैं ।

प्रसंगविवरण—अनन्तरपूर्व गाथामें सयुक्तिक बताया गया था कि अध्यवसान स्वार्थक्रियाकारी न होनेसे मिथ्या है । अब इन दो गाथाओंमें बताया है कि जीव अध्यवसानसे ही अपनेको नानारूप बनाता है ।

तथ्यप्रकाश—(१) "मैं इसे मारूं" ऐसे क्रियागर्भ हिंसाके अध्यवसानके द्वारा यह जीव स्वस्वभावसे च्युत होता हुआ अपनेको हिंसक बना देता है । (२) अन्य भी नाना प्रकारके क्रियागर्भ अध्यवसानसे स्वस्वभावसे च्युत होता हुआ उन उनरूप अपनेको बना देता है । (३) नरकगतिकर्मोदयजनित नरकभावोंके अध्यवसानसे जीव स्वस्वभावसे च्युत होता हुआ अपनेको नारक बना देता है । (४) तिर्यग्गतिकर्मोदयजनित भावोंके अध्यवसानसे जीव स्वस्वभावसे च्युत होता हुआ अपनेको तिर्यंच बना देता है । (५) मनुष्यगतिकर्मोदयजनित भावोंके अध्यवसानके द्वारा स्वस्वभावसे च्युत होता हुआ अपनेको मनुष्य बना देता है । (६) देवगतिकर्मोदयजनित भावोंके अध्यवसानसे स्वस्वभावसे च्युत होता हुआ अपनेको देव बना देता है । (७) सातावेदनीयादिपुण्यकर्मोदयजनित सुखादि पुण्यभावके अध्यवसानसे जीव स्वस्वभावसे च्युत होता हुआ अपनेको पुण्यरूप बना देता है । (८) असातावेदनीयादिपापकर्मोदयजनित परभावोंके अध्यवसानसे जीव स्वस्वभावसे च्युत होता हुआ अपनेको पापरूप बना देता है ।

ध्यवसायेनालोकाकाशमात्मानं कुर्यात् ।। विश्वाद्विभक्तोऽपि हि यत्प्रभावादात्मानमात्मा विदधाति विश्वं । मोहैककंदोध्यवसाय एष नास्तीह येषां यतयस्त एव ।।१७२।। ।। २६८-२६९ ।।

जीवाजीवौ–द्वितीया बहुवचन । अलोयलोयं अलोकलोकं–द्वि० ए० । सव्वे सर्वान्–द्वि० बहु० । करेइ करोति–वर्तमान लट् अन्य पुरुष एक० क्रिया । जीवो जीवः–प्रथमा एक० । अज्झवसाणेण अध्यवसानेन–तृतीया एक० । अप्पाणं आत्मानम्–द्वितीया एकवचन ।। २६८-२६९ ।।

---

(९) जाने जा रहे धर्मास्तिकायके जाननविकल्पके मोहरूप अध्यवसानसे जीव स्वस्वभावसे च्युत होता हुआ अपनेको धर्मास्तिकायरूप बना देता है । (१०) जाने जा रहे अधर्मास्तिकायके जाननविकल्पके मोहरूप अध्यवसानसे जीव स्वस्वभावसे च्युत होता हुआ अपनेको अधर्मास्तिकायरूप बना देता है । (११) जाने जा रहे अन्य जीवके जाननविकल्पके मोहरूप अध्यवसानसे जीव स्वस्वभावसे च्युत होता हुआ अपनेको अन्य जीवरूप बना देता है । (१२) जाने जा रहे पुद्गलके जाननविकल्पके मोहरूप अध्यवसानसे जीव स्वस्वभावसे च्युत होता हुआ अपनेको पुद्गलरूप बना देता है । (१३) जाने जा रहे लोकाकाशके जाननविकल्पके मोहरूप अध्यवसानसे जीव स्वस्वभावसे च्युत होता हुआ अपनेको लोकाकाशरूप बना देता है । (१४) जाने जा रहे अलोकाकाशके जाननविकल्पके मोहरूप अध्यवसानसे जीव स्वस्वभावसे च्युत होता हुआ अपनेको अलोकाकाशरूप बना देता है । (१५) घटाकारपरिणत ज्ञान उपचारसे घट कहा जाने की तरह धर्मास्तिकायादिका जाननरूप विकल्प भी उपचारसे धर्मास्तिकायादि कहा जाता है ।

सिद्धान्त—(१) क्रियागर्भ विपच्यमान ज्ञायमान सम्बन्धी अध्यवसानसे जीव अपने को नानारूप कर लेता है ।

दृष्टि—१– अशुद्धनिश्चयनय, उपाधिसापेक्ष अशुद्ध द्रव्यार्थिकनय (४७, २४) ।

प्रयोग—परभावविषयक अध्यवसानसे जीवको नाना दुर्गतियाँ जानकर उन अध्यवसानोंको छोड़कर ज्ञानमात्र स्वरूपमें आत्मभावना करना ।। २६८-२६९ ।।

अब बताते हैं कि अज्ञानरूप अध्यवसाय जिनके नहीं है वे मुनि कर्मसे लिप्त नहीं होते—[**एतानि**] ये पूर्वोक्त अध्यवसाय तथा [**एवमादीनि**] इस तरहके अन्य भी [**अध्यवसानानि**] अध्यवसाय [**येषां**] जिनके [**न संति**] नहीं हैं [**ते मुनयः**] वे मुनिराज [**अशुभेन**] अशुभ [**वा**] अथवा [**शुभेन कर्मणा**] शुभकर्मसे [**न लिप्यंते**] लिप्त नहीं होते ।

तात्पर्य—अपनेको परभावरूप नहीं अनुभवने वाले मुनि शुभ व अशुभ दोनों प्रकारके कर्मसे लिप्त नहीं होते ।

टीकार्थ—ये पूर्वोक्त जो तीन प्रकारके अध्यवसाय हैं अज्ञान, अदर्शन और अचारित्र,

एदाणि णत्थि जेसिं अज्झवसाणाणि एवमादीणि ।
ते असुहेण सुहेण व कम्मेण मुणी ण लिप्पंति ॥२७०॥

अध्यवसान कहे जो, वे आदिक अन्य सब नहीं जिनके ।
शुभ अशुभ कर्मसे वे, मुनिजन नहिं लिप्त होते हैं ॥२७०॥

एतानि न संति येषामध्यवसानान्येवमादीनि । तेऽशुभेन शुभेन वा कर्मणा मुनयो न लिप्यंते ॥२७०॥

एतानि किल यानि त्रिविधान्यध्यवसानानि समस्तान्यपि तानि शुभाशुभकर्मबंधनिमित्तानि, स्वयमज्ञानादिरूपत्वात् । तथाहि, यदिदं हिनस्मीत्याध्यवसानं तदज्ञानमयत्वेन आत्मनः सदहेतुकज्ञप्त्येकक्रियस्य रागद्वेषविपाकमयीनां हननादिक्रियाणां च विशेषाज्ञानेन विविक्तात्माऽज्ञानादस्ति तावदज्ञानं विविक्तात्माऽदर्शनादस्ति च मिथ्यादर्शनं, विविक्तात्मानाचरणादस्ति

नामसंज्ञ—एत, ण, ज, अज्झवसाण, एव, आदि, त, असुह, सुह, व, कम्म, मुणि, ण । **धातुसंज्ञ**—लिप लेपने, अस् सत्तायां । **प्रातिपदिक**—एतत्, न, यत्, अध्यवसान, एवं, आदि, तत्, अशुभ, शुभ, व, कर्मन्, मुनि, न । **मूलधातु**—लिप उपमर्दे, अस सत्तायां । **पदविवरण**—एदाणि एतानि—प्रथमा बहु० । ण

ये सभी शुभ अशुभ कर्मबन्धके निमित्त हैं, क्योंकि ये स्वयं अज्ञानादिरूप हैं । इसीका स्पष्टीकरण—जो यह मैं परजीवको मारता हूं इत्यादिक अध्यवसान है वह अज्ञानादिरूप है, क्योंकि आत्मा तो ज्ञानमय होनेसे सत् अहेतुक ज्ञप्तिक्रियामात्र ही है, किन्तु हनना घातना आदि क्रिया हैं वे रागद्वेषके उदयरूप हैं सो इस प्रकार आत्मा और घातने आदि क्रियाके भेदको न जानने से आत्माको भिन्न नहीं जाननेसे "मैं परजीवका घात करता हूं" आदि अध्यवसान मिथ्याज्ञान है । इसी प्रकार भिन्न आत्माका श्रद्धान न होनेसे वह अध्यवसान मिथ्यादर्शन है इसी प्रकार भिन्न आत्माके अनाचरणसे वह अध्यवसान मिथ्याचारित्र है और जो "मैं नारक हूं" इत्यादि अध्यवसान है वह भी ज्ञानमयपना होनेसे सत् अहेतुक एक ज्ञायकभाव आत्माका व कर्मोदयजनित नारकादि भावोंको अन्तर न जाननेसे विविक्त आत्माका अज्ञान होनेसे अश्रद्धान होनेसे अनाचरण होनेसे अचारित्र है । और फिर जो यह धर्मद्रव्य मेरे द्वारा जाना जाता है ऐसा अध्यवसाय है वह भी अज्ञानादि रूप ही है, क्योंकि आत्मा तो ज्ञानमय होनेसे सत् अहेतुक एक ज्ञानमात्र ही है, किन्तु धर्मादिक ज्ञेयमय है, ऐसे ज्ञानज्ञेयका विशेष न जाननेसे विविक्त आत्माके अज्ञानसे "मैं धर्मको जानता हूं" ऐसा अध्यवसान अज्ञानरूप है, भिन्न आत्माके न देखनेसे याने श्रद्धान न होनेसे यह अध्यवसान मिथ्यादर्शन है, और भिन्न आत्माके अनाचरणसे यह अध्यवसान अचारित्र है । इस कारण ये सभी अध्यवसान बंध के निमित्तभूत हैं । जिनके ये अध्यवसान विद्यमान नहीं हैं वे ही मुनियोंमें प्रधान हैं याने

चाचारित्रं । यत्पुनर्नारकोऽहमित्याद्यध्यवसानं तदपि ज्ञानमयत्वेनात्मनः सदहेतुकज्ञायकैकभावस्य कर्मोदयजनितनारकादिभावानां च विशेषाज्ञानेन विविक्तात्माज्ञानादस्ति तावदज्ञानं विविक्तात्मादर्शनादस्ति च मिथ्यादर्शनं विविक्तात्मानाचरणादस्ति चाचारित्रम् । यत्पुनरेष धर्मो ज्ञायत इत्याद्यध्यवसानं तदपि ज्ञानमयत्वेनात्मनः सदहेतुकज्ञानैकरूपस्य ज्ञेयमयानां धर्मादिरूपाणां च विशेषाज्ञानेन विविक्तात्माज्ञानादस्ति तावदज्ञानं विविक्तात्मादर्शनादस्ति च मिथ्यादर्शनं विविक्तात्मानाचरणादस्ति चाचारित्रं । ततो बंध निमित्तान्येवैतानि समस्तान्यध्यवसानानि । येषामे-

न–अव्यय । अत्थि संति–वर्तमान लट् अन्य पुरुष बहु० । जेसिं येषां–षष्ठी बहु० । अज्झवसाणाणि अध्यवसानानि–प्रथमा बहु० । एवं–अव्यय । आदीणि आदीनि–प्र० बहु० । ते–प्र० बहु० । असुहेण सुहेण कम्मेण

मुनिकुंजर हैं । ऐसे कोई-कोई विरले पुरुष सत् अहेतुक ज्ञप्ति एक क्रिया वाले, सत् अहेतुक एक ज्ञायकभावस्वरूप और सत् अहेतुक एक ज्ञानरूप विविक्त आत्माको जानते हुए उसीका सम्यक् श्रद्धान करते हुए और उसीका आचरण करते हुए निर्मल स्वच्छन्द स्वाधीन प्रवृत्तिरूप उदयको प्राप्त अमंद प्रकाश रूप अन्तरङ्ग ज्योतिःस्वरूप हैं, इसी कारण अज्ञान आदिके अत्यन्त अभावसे शुभ तथा अशुभ कर्मसे नहीं लिप्त होते ।

भावार्थ—"मैं परको मारता हूं" आदि अध्यवसान तो क्रियागर्भाध्यवसान है । तथा "मैं नारक हूं" आदि अध्यवसान विपच्यमानाध्यवसान हैं । तथा "मैं परद्रव्यको जानता हूं" आदि ज्ञायमानाध्यवसान हैं । सो इन अध्यवसानोंमें जीव तब तक प्रवर्तता है जब तक आत्मा के रागादिकके तथा आत्माके व नारकादिकके तथा आत्माके व ज्ञेयरूप अन्य द्रव्यके भेद न जाने । वह अध्यवसाय भेदज्ञानके बिना मिथ्याज्ञानरूप है, मिथ्यादर्शनरूप है तथा मिथ्याचारित्र रूप है । ऐसे यह मोही तीन प्रकार प्रवर्तता है । जिनके ये अध्यवसान नहीं है वे मुनिकुंजर हैं, वे ही आत्माको सम्यक् जानते हैं, सम्यक् श्रद्धान करते हैं, सम्यक् आचरण करते हैं । इस कारण अज्ञानके अभावसे उत्तम तत्त्वज्ञ आत्मा सम्यग्दर्शन ज्ञान चारित्र हुए कर्मोंसे लिप्त नहीं होते ।

प्रसंगविवरण—अनन्तरपूर्व गाथाद्वयमें बताया गया था कि यह जीव अज्ञानमय अध्यवसायसे अपनेको नानारूप करता रहता था । अब इस गाथामें बताया है कि वे अध्यवसाय जिन जीवोंके नहीं है वे मुनि शुभ अशुभ किसी कर्मसे लिप्त नहीं होते ।

तथ्यप्रकाश—१– अध्यवसान तीन प्रकारके होते हैं—(१) क्रियागर्भाध्यवसान, (२) विपच्यमानाध्यवसान, (३) ज्ञायमानाध्यवसान । २– सत् अहेतुक ज्ञप्तिक्रियामात्र निज आत्मामें व रागद्वेषविपाकमयी हननादि क्रियावोंमें अन्तर न जाननेके कारण विविक्त आत्माका

वैतानि न विद्यंते त एव मुनिकुञ्जराः केचन सदहेतुकज्ञप्त्येककियं सदहेतुकज्ञायकैकभावं सदहेतुकज्ञानैकरूपं च विविक्तात्मानं जानंतः सम्यक्पश्यंतोऽनुचरंतश्च स्वच्छस्वच्छंदोद्यदमंदांतर्ज्योतिषोऽत्यंतमज्ञानादिरूपत्वाभावात् शुभेनाशुभेन वा कर्मणा खलु न लिप्येरन् ॥ २७० ॥

अशुभेन शुभेन कर्मणा–तृतीया एक० । मुणी मुनयः–प्र० बहु० । ण न–अव्यय । लिप्पंति लिप्यन्ते–वर्तमान लट् अन्य पुरुष बहुवचन भावकर्मवाच्य क्रिया ॥ २७० ॥

ज्ञान न होनेसे क्रियागर्भाध्यवसान अज्ञानरूप है, विविक्तात्माका दर्शन न होनेसे क्रियागर्भाध्यवसान मिथ्यादर्शन है, विविक्तात्माका आचरण न होनेसे क्रियागर्भाध्यवसान मिथ्याचारित्र है। ३–सत् अहेतुक ज्ञायकस्वरूप निज आत्मामें व कर्मोदयजनितनारकादिभावोंमें अन्तर न जाननेके कारण विविक्तात्माका ज्ञान न होनेसे विपच्यमानाध्यवसान अज्ञानरूप है, विविक्तात्माका दर्शन न होनेसे विपच्यमानाध्यवसान मिथ्यादर्शन है, विविक्तात्माका आचरण न होनेसे विपच्यमानाध्यवसान मिथ्याचारित्र है। (४) सत् अहेतुक ज्ञानरूप निज आत्माका व ज्ञेयमय पदार्थका अन्तर न समझनेके कारण विविक्तात्माका ज्ञान न होनेसे ज्ञायमानाध्यवसान अज्ञानरूप है, विविक्तात्माका दर्शन न होनेसे ज्ञायमानाध्यवसान मिथ्यादर्शन है, विविक्तात्माका आचरण न होनेसे ज्ञायमानाध्यवसान मिथ्याचारित्र है। (५) अथवा क्रियागर्भाध्यवसान मुख्यतया अचारित्ररूप है। (६) विपच्यमानाध्यवसान मुख्यतया मिथ्यादर्शनरूप है। (७) ज्ञायमानाध्यवसान मुख्यतया मिथ्याज्ञानरूप है। (८) जिनके ये अध्यवसानभाव हैं वे मिथ्यादृष्टि हैं। (९) ये सभी अध्यवसान कर्मबन्धके निमित्त कारण हैं। (१०) जिनके ये अध्यवसान नहीं है वे ही मुनिश्रेष्ठ हैं। (११) जो ज्ञप्तिक्रिया, ज्ञायकस्वरूप, ज्ञानमय विविक्तात्मा को जानते देखते आचरते हैं वे शुभ अशुभ किसी कर्मसे लिप्त नहीं होते।

सिद्धान्त—(१) ज्ञानमात्र अन्तस्तत्त्वकी आराधनासे अध्यवसानभाव व कर्मबन्ध दोनों दूर हो जाते हैं।

दृष्टि—१– शुद्धभावनापेक्ष शुद्ध द्रव्यार्थिकनय (२४ब)।

प्रयोग—अध्यवसान व कर्मबन्धसे हटनेके लिये अपनेको ज्ञप्तिक्रिय, ज्ञायकस्वरूप ज्ञानमात्र निरखना ॥ २७० ॥

प्रश्न—वह अध्यवसान क्या है ? उत्तर—[**बुद्धिः**] बुद्धि [**व्यवसायः**] व्यवसाय [**अपि च**] और [**अध्यवसानं**] अध्यवसान [**च**] और [**मतिः**] मति [**विज्ञानं**] विज्ञान [**चित्तं**] चित्त [**भावः**] भाव [**च**] और [**परिणामः**] परिणाम [**सर्वं**] ये सब [**एकार्थमेव**] एकार्थ ही हैं याने इनका अर्थ भिन्न नहीं है, मात्र नामभेद है।

किमेतदध्यवसानं नामेति चेद्—

बुद्धी ववसाओवि य अज्झवसाणं मई य विण्णाणं ।
एक्कट्ठमेव सव्वं चित्तं भावो य परिणामो ॥२७१॥

बुद्धि व्यवसाय अथवा, अध्यवसान विज्ञान चित्त तथा ।
परिणाम भाव अरु मति, ये सब एकार्थवाचक हैं ॥२७१॥

बुद्धिर्व्यवसायोऽपि च अध्यवसानं मतिश्च विज्ञानं । एकार्थमेव सर्वं चित्तं भावश्च परिणामः ॥२७१॥

स्वपरयोरविवेके सति जीवस्याध्यवसितिमात्रमध्यवसानं । तदेव च बोधनमात्रत्वाद्-बुद्धिः । व्यवसानमात्रत्वाद् व्यवसायः । मननमात्रत्वान्मतिः । विज्ञप्तिमात्रत्वाद्विज्ञानं चेतनमात्र-

---

नामसंज्ञ—बुद्धि, ववसाअ, वि, य, अज्झवसाण, मइ, य, विण्णाण, एकट्ठ, एव, चित्त, भाव, व, परिणाम । **धातुसंज्ञ**—बुज्झ अवगमने, मन्न अवबोधने, चेत करणावबोधनयोः । **प्रातिपदिक**—बुद्धि, व्यवसाय, अपि, च, अध्यवसान, मति, च, विज्ञान, एकार्थ, एव, सर्व, चित्त, भाव, च, परिणाम । **मूलधातु**—

तात्पर्य—बुद्धि व्यवसाय आदिक भिन्न-भिन्न अपेक्षावोंसे अध्यवसान भावके ही वाचक हैं ।

टीकार्थ—स्व और परका भेद ज्ञान न होनेपर जीवको मात्र मान्यता अध्यवसान है । वही बोधनमात्रपनेसे बुद्धि है, प्रसङ्गमें लगे रहनेसे व्यवसाय है, जाननमात्रपनेसे मति है, विज्ञप्तिमात्रपनेसे विज्ञान है, चेतनमात्रसे चित्त है, चेतनके भवनमात्रपनेसे भाव है और परिणमनमात्रपनेसे परिणाम है । इस प्रकार ये सब एकार्थवाचक शब्द हैं । **भावार्थ**—ये जो बुद्धि आदि आठ नाम कहे हैं वे सभी इस जीवके परिणाम हैं । जब तक स्व और परका भेद ज्ञात न हो तब तक परमें और अपनेमें जो एकत्वके निश्चयरूप बुद्धि आदिक होते हैं वे सब अध्यवसान ही हैं ।

अब कहते हैं कि जो अध्यवसान त्यागने योग्य कहा गया है सो मानो सब व्यवहार का त्याग कराकर निश्चयका ग्रहण कराया गया है—**सर्वत्रा** इत्यादि । **अर्थ**—समस्त वस्तुओं में जो अध्यवसान हैं वे सब जिनेन्द्र भगवानने त्यागने योग्य कहे हैं सो ऐसा मैं मानता हूं कि परके आश्रयसे प्रवर्तने वाला सभी व्यवहार छुड़ाया गया है । तब फिर यह सत्पुरुष सम्यक् प्रकार एक निश्चयको ही निश्चलतासे अंगीकार करके शुद्ध ज्ञानघनस्वरूप अपनी आत्मस्वरूप महिमामें स्थिरता क्यों नहीं धारण करते ? **भावार्थ**—जिनेश्वरदेवने अन्य पदार्थोंमें जो आत्मबुद्धिरूप अध्यवसान छुड़ाया है सो ऐसा समझना चाहिए कि पराश्रित सभी व्यवहार छुड़ा दिया है । इस कारण शुद्धज्ञानस्वरूप अपने आत्मामें स्थिरता रखो ऐसा

त्वाच्चित्तं । चितो भवनमात्रत्वाद् भावः । चितः परिणमनमात्रत्वात् परिणामः ॥ सर्वतोऽध्यवसानमेवमखिलं त्याज्यं यदुक्तं जिनैः तन्मन्ये व्यवहार एव निखिलोऽप्यन्याश्रयस्त्याजितः । सम्यङ् निश्चयमेकमेव तदमी निष्कंपमाक्रम्य किं शुद्धज्ञानघने महिम्नि न निजे बध्नंति संतो धृतिं ॥१७३॥ ॥ २७१ ॥

बुध अवगमने, मन ज्ञाने, चिती संज्ञाने । **पदविवरण**—बुद्धी बुद्धिः—प्रथमा एकवचन । ववसाओ व्यवसाय—प्रथमा एक० । वि अपि य च—अव्यय । अज्झवसाणं अध्यवसानं मई मतिः विण्णाणं विज्ञानं एकट्ठं एकार्थं सव्वं सर्वं चित्तं भावो भावः परिणामो परिणामः—प्रथमा एकवचन ॥ २७१ ॥

शुद्धनिश्चयके ग्रहणका उपदेश है । यह आश्चर्य भी किया है कि जब भगवानने सर्वविषयोंमें अध्यवसानको छुड़ाया है तो सत्पुरुष इन अध्यवसानोंको छोड़कर अपनेमें स्थिर क्यों नहीं होते ?

प्रसंगविवरण—अनन्तरपूर्व गाथामें बताया गया था कि अध्यवसान जिनके नहीं होते वे कर्मसे लिप्त नहीं होते । अब इस गाथामें उन्हीं अध्यवसानोंका परिचय अनेक नामों द्वारा कराया गया है ।

तथ्यप्रकाश—१– बुद्धि, व्यवसाय, मति, विज्ञान, चित्त, भाव, संकल्प, विकल्प व परिणाम, ये सब अध्यवसानके अनर्थान्तर हैं । २– स्व व परका भेदविज्ञान न होनेपर होने वाले निश्चयको अध्यवसान कहते हैं । ३–अध्यवसान ही बोधनरूप होनेसे बुद्धि है । ४–अध्यवसान ही निश्चयमात्र या चेष्टामात्र होनेसे व्यवसाय कहलाता है । ५– अध्यवसान ही मननमात्र होनेसे मति कहलाता है । ६– अध्यवसान ही जाननरूप होनेसे विज्ञान कहलाता है । ७– अध्यवसान ही चेतनेमात्रकी दृष्टिसे चित्त कहलाता है । ८– अध्यवसान ही जीवमें कुछ होने मात्रकी दृष्टिसे भाव कहलाता है । ९– अध्यवसान ही जीवका कुछ परिणमनकी दृष्टिसे परिणाम कहलाता है । १०–अध्यवसान ही 'यह मेरा है' ऐसा संकल्पगर्भ होनेसे संकल्प कहलाता है । ११–अध्यवसान ही हर्षविषादादिरूप होनेसे विकल्प कहलाता है । १२–बाह्यवस्तु रागादि अध्यवसानका विषयभूत कारण है । १३– रागादि अध्यवसान कर्मबंधके निमित्तके निमित्तत्व का निमित्त कारण है । १४–उदयागत द्रव्यप्रत्यय नवीन कर्मबंधका निमित्त कारण है ।

सिद्धान्त—(१) कर्मविपाकोदय होनेपर अध्यवसानभाव होता है । (२) अध्यवसान भाव होनेपर कर्मबन्ध होता है ।

दृष्टि—१– उपाधिसापेक्ष अशुद्ध द्रव्यार्थिकनय (२४) । २– निमित्तदृष्टि (५३अ) ।

प्रयोग—अध्यवसान भावको सर्वसंकटोंका मूल कारण जानकर अध्यवसानसे अलग होकर अविकार सहज ज्ञानस्वरूपमें आत्मत्वका अनुभव कर परम विश्राम पाना ॥ २७१ ॥

एवं ववहारणओ पडिसिद्धो जाण णिच्छयणयेण ।
णिच्छयणयासिदा पुण मुणिणो पावंति णिव्वाणं ॥२७२॥

निश्चयनयसे जानो, यह सब व्यवहारनय निषिद्ध अतः ।
निश्चयनयाश्रयी मुनि, पाते निर्वाणपदको हैं ॥२७२॥

एवं व्यवहारनयः प्रतिषिद्धो जानीहि निश्चयनयेन । निश्चयनयाश्रिताः पुनः मुनयः प्राप्नुवंति निर्वाणं ।

आत्माश्रितो निश्चयनयः, पराश्रितो व्यवहारनयः । तत्रैवं निश्चयनयेन पराश्रितं समस्तमध्यवसानं बंधहेतुत्वेन मुमुक्षोः प्रतिषेधयता व्यवहारनय एव किल प्रतिषिद्धः, तस्यापि परा-

---

नामसंज्ञ—एवं, ववहारणअ, पडिसिद्ध, णिच्छयणय, णिच्छयणयासिद, पुण, मुणि, णिव्वाण । **धातुसंज्ञ**—जाण अवबोधने, प आप्लृ प्राप्तौ । **प्रातिपदिक**—एवं, व्यवहारनय, प्रतिषिद्ध, निश्चयनय, निश्चयनयाश्रित, पुनर्, मुनि, निर्वाण । **मूलधात**—ज्ञा अवबोधने, प्र आप्लृ व्याप्तौ स्वादि । **पदविवरण**—एवं—अव्यय । ववहारणओ व्यवहारनयः—प्रथमा एक० । पडिसिद्धो प्रतिषिद्धः—प्रथमा एक० । जाण जानीहि—

अब उक्त गाथार्थका स्पष्टीकरण करते हैं—[**एवं**] इस प्रकार याने पूर्वकथित रीतिसे [**व्यवहारनयः**] व्यवहारनय [**निश्चयनयेन**] निश्चयनयके द्वारा [**प्रतिषिद्धः**] प्रतिषिद्ध [**जानीहि**] जानो [**पुनः**] क्योंकि [**निश्चयनयनयाश्रिताः**] निश्चयके आश्रित हैं [**मुनयः**] मुनिराज [**निर्वाणं**] मोक्षको [**प्राप्नुवंति**] प्राप्त करते हैं ।

तात्पर्य—व्यवहारनयसे समस्त तत्त्वोंको जानकर उन भेदविकल्पोंसे भी परे होकर परमशुद्धनिश्चयनयका आश्रय कर लेने वाले मुनिराज मोक्ष प्राप्त करते हैं ।

टीकार्थ—आत्माश्रित निश्चयनय है और पराश्रित व्यवहारनय है । वहाँ बंधका कारणपना होनेसे पराश्रित समस्त अध्यवसान मुमुक्षुओंको उस अध्यवसानका निषेध करते हुए आचार्यने वास्तवमें व्यवहारनयका ही निषेध कर दिया है, क्योंकि अध्यवसानकी तरह व्यवहारनयके भी पराश्रितपनेका अन्तर नहीं है । और इस प्रकार भी व्यवहारनय निषेध करने योग्य है कि आत्माश्रित निश्चयनयका आश्रय लेने वाले ही मुक्त होते हैं और पराश्रित व्यवहारनयका आश्रय एकांततः कभी मुक्त न होने वाला अभव्य भी करता है । **भावार्थ**—आत्माके परके निमित्तसे होने वाले अनेक भाव सब व्यवहारनयके विषय है । इस कारण व्यवहारनय तो पराश्रित है और जो एक अपना स्वाभाविक भाव है वह निश्चयनयका विषय है । इस कारण निश्चयनय आत्माश्रित है । अध्यवसान भी पराश्रित होनेसे व्यवहारनयका ही विषय है । इसलिये जो भले प्रकार अध्यवसानका त्याग है वह सब व्यवहारनयका ही त्याग है । जो निश्चयके आश्रय प्रवर्तते हैं वे तो कर्मसे छूटते हैं और जो एकांतसे व्यवहारनय

श्रित्वाविशेषात् । प्रतिषेध्य एवं चायं, आत्माश्रितनिश्चयनयाश्रितानामेव मुच्यमानत्वात्, परा-
श्रितव्यवहारनयस्यैकांतेनामुच्यमानेनाभव्येनाप्याश्रीयमाणत्वाच्च ॥ २७२ ॥

आज्ञार्थे लोट् मध्यम पुरुष एक० क्रिया । णिच्छ्रयणयेण निश्चयनयेन–तृतीया एक० । णिच्छ्रयणयासिदा निश्चयनयाश्रिताः–प्रथमा बहु० । पुण पुनः–अव्यय । मुणिणो मुनयः–प्रथमा बहु० । पावंति प्राप्नुवंति–वर्तमान लट् अन्य पुरुष बहु० क्रिया । णिव्वाणं निर्वाणम्–द्वितीया एकवचन ॥ २७२ ॥

के ही आश्रय प्रवर्त रहे हैं वे कर्मसे कभी नहीं छूटते ।

प्रसंगविवरण—अनन्तरपूर्व गाथामें अध्यवसानका अनेक नामोंसे परिचय कराते हुए अध्यवसान छुड़ानेका अथवा अध्यवसान छुड़ानेके लिये अन्याश्रय समस्त व्यवहार ही छुड़ानेका संकेत दिया था । अब इस गाथामें निश्चयनयकी उपयोगिता दिखाकर व्यवहारनय प्रतिषिद्ध किया गया है ।

तथ्यप्रकाश—(१) यहाँ परद्रव्यका आश्रयकर होने वाला विकल्प व्यवहारनय है । (२) यहाँ शुद्धात्मद्रव्यका आश्रयकर होने वाला सद्भाव निश्चयनय है । (३) निश्चयनय अर्थात् शुद्धात्मद्रव्यका आश्रय करने वाले मुनि निर्वाणको प्राप्त करते हैं । (४) निश्चयनयके द्वारा अर्थात् शुद्धात्मद्रव्यके आश्रय द्वारा परद्रव्याश्रित समस्त व्यवहार प्रतिषिद्ध हुआ है । (५) पराश्रित व्यवहारनयके आश्रयसे साक्षात् निर्वाण नहीं है ।

सिद्धान्त—(१) परद्रव्यविषयक व्यवहार अथवा अध्यवसान सब उपचार होनेसे मिथ्या है । (२) सहजसिद्धशुद्धात्मद्रव्यविषयक उपयोग स्वसहजभाव होनेसे भूतार्थ है ।

दृष्टि— १– अनेक असद्भूतव्यवहार (१२४, १२५, १२६, १२७, १२८ आदि) ।
२– परमशुद्धनिश्चयनय (४४) ।

प्रयोग–निश्चयचारित्रकी उपयोगितामें ही ध्यान लगाकर परमविश्राम पाना ॥२७२॥

प्रश्न—अभव्य जीव व्यवहारनयका कैसे आश्रय करता है ? **उत्तर**—[**जिनवरैः**] जिनेश्वरदेवके द्वारा [**प्रज्ञप्तं**] कहे गये [**व्रतसमितिगुप्तयः**] व्रत समिति गुप्ति [**शीलतपः**] शील तपको [**कुर्वन्नपि**] करता हुआ भी [**अभव्यः**] अभव्य जीव [**अज्ञानी मिथ्यादृष्टिः तु**] अज्ञानी मिथ्यादृष्टि ही है ।

तात्पर्य—निज अविकार सहज ज्ञानस्वभावका अनुभवन हो पानेसे व्रतादिको पालता हुआ भी अभव्य अज्ञानी है ।

टीकार्थ—शील तपसे परिपूर्ण तीन गुप्ति पाँच समितिसे संयुक्त, अहिंसादिक पाँच महाव्रत रूप व्यवहारचारित्रको अभव्य भी करे तो भी वह अभव्य चारित्रसे रहित, अज्ञानी,

कथमभव्येनाश्रीयते व्यवहारनयः ? इति चेत्—

वदसमिदीगुत्तीओ सीलतवं जिणवरेहि पण्णत्तं ।
कुव्वंतोवि अभव्वो अण्णाणी मिच्छदिट्ठी दु ॥२७३॥

जिनवरके बताये, व्रत समिति गुप्ति तथा शील तपको ।
यह अभव्य करता भी, अज्ञानी मूढदृष्टी है ॥ २७३ ॥

व्रतसमितिगुप्तयः शीलतपो जिनवरैः प्रज्ञप्तं । कुर्वन्नप्यभव्योऽज्ञानी मिथ्यादृष्टिस्तु ॥ २७३ ॥

शीलतपःपरिपूर्णं त्रिगुप्तिपंचसमितिपरिकलितमहिंसादिपंचमहाव्रतरूपं व्यवहारचारित्रमभव्योऽपि कुर्यात् तथापि स निश्चारित्रोऽज्ञानी मिथ्यादृष्टिरेव निश्चयचारित्रहेतुभूतज्ञानश्रद्धानशून्यत्वात् ॥२७३॥

नामसंज्ञ—वदसमिदीगुत्ति, सीलतव, जिणवर, पण्णत्त, कुव्वंत, वि, अभव्व, अण्णाणि, मिच्छदिट्ठि, दु। **धातुसंज्ञ**—कुव्व करणे। **प्रातिपदिक**—व्रतसमितिगुप्त, शीलतपस्, जिनवर, प्रज्ञप्त, कुर्वन्त्, अपि, अभव्य, अज्ञानिन्, मिथ्यादृष्टि, तु। **मूलधातु**—डुकृञ् करणे। **पदविवरण**—वदसमिदीगुत्तीओ व्रतसमितिगुप्तयः—प्रथमा बहु०। सीलतवं शीलतपः—प्रथमा एक०। जिणवरेहि जिनवरैः—तृतीया बहु०। पण्णत्तं प्रज्ञप्तं—प्रथमा एक०। कुव्वंतो कुर्वन्—प्रथमा एक०। वि अपि—अव्यय। अभव्वो अभव्यः—प्रथमा एक०। अण्णाणी अज्ञानी—प्रथमा एक०। मिच्छदिट्ठि मिथ्यादृष्टिः—प्रथमा एक०। दु तु—अव्यय ॥ २७३ ॥

मिथ्यादृष्टि ही है, क्योंकि उसके निश्चयचारित्रका कारणस्वरूप ज्ञान और श्रद्धान नहीं है। **भावार्थ**—अभव्य जीव महाव्रत समिति गुप्ति रूप व्यवहारचारित्रको पाले तो भी वह निश्चय सम्यग्ज्ञान श्रद्धानके बिना सम्यक्चारित्र नाम नहीं पाता और अज्ञानी मिथ्यादृष्टि ही रहता है।

प्रसंगविवरण—अनन्तरपूर्व गाथामें निश्चयनयकी उपयोगिता दिखाकर समस्त पर द्रव्याश्रित व्यवहार प्रतिषिद्ध कर दर्शाया गया था कि पराश्रित व्यवहारका तो अभव्य भी आश्रय करते हैं बड़े दुर्धर तप आदि करते हैं, किन्तु उनका मोक्ष नहीं होता। अब इस गाथा में उसी व्यवहारनयका अभव्यके द्वारा आश्रय किया जानेकी रीति बताई गई है।

तथ्यप्रकाश—१– शील व तपश्चरणसे परिपूर्ण, तीन गुप्ति व पाँच समितिसे युक्त अहिंसादि पञ्च महाव्रत व्यवहारचारित्र है। २– अभव्य भी मंद मिथ्यात्व व मंदकषायके व्यवहारचारित्रका पालन करता है। ३– व्यवहारचारित्रको पालता हुआ भी अभव्य निश्चयचारित्र ही है, क्योंकि उसके निश्चयचारित्र हो ही नहीं सकता। ४–व्यवहारचारित्रको पालता हुआ भी अभव्य अज्ञानी ही है, क्योंकि निश्चयचारित्रका हेतुभूत ज्ञान वहाँ नहीं है। ५– व्यवहारचारित्रको पालता हुआ भी अभव्य मिथ्यादृष्टि ही है, क्योंकि निश्चयचारित्रका हेतु

तस्यैकादशांगज्ञानमस्ति ? इति चेत्—

मोक्खं असद्दहंतो अभवियसत्तो दु जो अधीएज्ज ।
पाठो ण करेदि गुणं असद्दहंतस्स णाणं तु ॥२७४॥

मुक्तिका अश्रद्धानी, अभव्य प्राणी पढ़े श्रुताङ्गोंको ।
पढ़ना गुण नहिं करता, क्योंकि उसे ज्ञानभक्ति नहीं ॥२७४॥

मोक्षमश्रद्धानोऽभव्यसत्त्वस्तु योऽधीयीत । पाठो न करोति गुणमश्रद्दधानस्य ज्ञानं तु ॥ २७४ ॥

मोक्षं हि न तावदभव्यः श्रद्धत्ते शुद्धज्ञानमयात्मज्ञानशून्यत्वात् ततो ज्ञानमपि नासौ श्रद्धत्ते, ज्ञानमश्रद्दधानश्चाचाराद्येकादशांगं श्रुतमधीयानोऽपि श्रुताध्ययनगुणाभावान्न ज्ञानी स्यात्

नामसंज्ञा—मोक्ख, असद्दहंत, अभवियसत्त, दु, ज, पाठ, ण, गुण, असद्दहंत, णाण, तु । **धातुसंज्ञा**—अधि इ अध्ययने, कर करणे । **प्रातिपदिक**—मोक्ष, अश्रद्धान, अभव्यसत्त्व, तु, यत्, पाठ, न, गुण, अश्रद्धान, ज्ञान, तु । **मूलधातु** अधि इङ् अध्ययने अदादि, डुकृञ् करणे । **पदविवरण**—मोक्खं मोक्ष—

भूत श्रद्धान अभव्यके नहीं हो पाता । ६— अभव्यके सम्यक्त्वघातक मिथ्यात्वादि सात प्रकृतियोंका उपशम, क्षय या क्षयोपशम न होनेके कारण शुद्धात्मत्वकी उपादेयताका श्रद्धान नहीं होता, अतः अभव्य मिथ्यादृष्टि ही रहता है ।

सिद्धान्त—(१) व्रत समिति गुप्ति आदिमें चारित्रपना कहना व्यवहार है ।

दृष्टि—१— एकजात्याधारे अन्यजात्याधेयोपचारक व्यवहार (१४२) ।

प्रयोग—निश्चयचारित्रके हेतुभूत शुद्धात्मत्वका श्रद्धान ज्ञान कर सहजात्मस्वरूपके अनुरूप ज्ञानवृत्तिका सहज पौरुष करना ॥२७३॥

प्रश्न—अभव्य जीवके तो ग्यारह अंग तकका भी ज्ञान हो जाता, फिर मोक्षमार्गी क्यों नहीं है ? **उत्तर**—[**मोक्षं अश्रद्दधानः**] मोक्ष तत्त्वकी श्रद्धा नहीं करने वाला [**यः अभव्यसत्त्वः**] जो अभव्य जीव है वह [**अधीयीत तु**] शास्त्र तो पढ़ता है [**तु**] परन्तु [**ज्ञानं अश्रद्दधानस्य**] ज्ञानस्वभावकी श्रद्धा नहीं करने वाले अभव्यका [**पाठः**] शास्त्रपठन [**गुणं न करोति**] गुण नहीं करता ।

तात्पर्य—अविकार सहज ज्ञानस्वरूपमें अपनी श्रद्धा न होनेसे अभव्यका ज्ञान भी गुणकारी नहीं है ।

टीकार्थ—प्रथम तो अभव्य जीव निश्चयतः शुद्ध ज्ञानमय आत्माके ज्ञानसे शून्य होनेसे मोक्षका ही श्रद्धान नहीं करता इस कारण अभव्य जीव ज्ञानकी भी श्रद्धा नहीं करता । और ज्ञानका श्रद्धान न करने वाला अभव्य आचारांगको आदि लेकर ग्यारह अंगरूप श्रुतको

स किल गुणः श्रुताध्ययनस्य यद्विविक्तवस्तुभूतज्ञानमयात्मज्ञानं तच्च विविक्तवस्तुभूतं ज्ञानमश्रद्धानस्याभव्यस्य श्रुताध्ययनेन न विधातुं शक्येत ततस्तस्य तद्गुणाभावः, ततश्च ज्ञानश्रद्धा-

द्वितीया एक० । असद्दहंतो अश्रद्दधानः—प्रथमा एक० । अभवियसत्तो अभव्यसत्त्वः—प्रथमा एक० । दु तु—अव्यय । जो यः—प्रथमा एक० । अधीरज्ज अधीयीत—लिङ् विधौ अन्य पुरुष एक० क्रिया । पाठो पाठः—

पढ़ता हुआ भी शास्त्र पढ़नेके गुणके अभावसे ज्ञानी नहीं होता । शास्त्र पढ़नेका यह गुण है कि भिन्न वस्तुभूत ज्ञानमय आत्माका ज्ञान हो । सो उस भिन्न वस्तुभूत ज्ञानको नहीं श्रद्धान करने वाले अभव्यके शास्त्रके पढ़नेसे विविक्त वस्तुभूत ज्ञानमय आत्मज्ञान प्राप्त किया जाना शक्य नहीं । इसी कारण उसके शास्त्र पढ़नेका जो भिन्न आत्माका जानना गुण है, वह नहीं है और इस कारण वह नहीं है और इस कारण सच्चे ज्ञान श्रद्धानके अभावसे वह अभव्य अज्ञानी ही है यह निश्चित है । **भावार्थ**—अभव्य जीव ग्यारह अंग भी पढ़ ले तो भी उसके शुद्ध आत्माका ज्ञान श्रद्धान नहीं होता इस कारण उसके शास्त्रको पठनसे गुण नहीं हुआ । इसी कारण वह अज्ञानी ही है ।

प्रसंगविवरण—अनन्तरपूर्व गाथामें बताया गया था कि व्यवहारचारित्रको पालता हुआ भी अभव्य अज्ञानी व मिथ्यादृष्टि ही है । अब इस गाथामें उसीके सम्बन्धमें बताया है कि अभव्यका एकादश अंगका अध्ययन भी गुणकारी नहीं है ।

तथ्यप्रकाश—१—अभव्य जीवको मोक्षका यथार्थ श्रद्धान नहीं होता । २—देहादि अन्य सर्वपरिमुक्त आत्माकी केवल शुद्ध ज्ञानमय स्थितिको मोक्ष कहते हैं । ३—अभव्य शुद्धज्ञानमय आत्मज्ञानसे शून्य होनेके कारण न तो मोक्षकी श्रद्धा कर पाता है और न ज्ञानकी श्रद्धा कर पाता है । (४) श्रुत शास्त्र आगमके अध्ययनका फल शुद्ध ज्ञानस्वरूपकी श्रद्धा है । (५) शुद्ध ज्ञानस्वरूपकी श्रद्धा न हो पानेके कारण एकादशांग श्रुतका भी अध्ययन अभव्यके लिये गुणकारी नहीं हो पाता । (६) अभव्यके शुद्ध ज्ञानमय आत्माका न तो ज्ञान है और न श्रद्धान है, इस कारण अभव्य अज्ञानी मिथ्यादृष्टि ही है । (७) अभव्यके दर्शनमोहनीयका उपशम क्षय क्षयोपशम न होनेसे वह मिथ्यादृष्टि ही रहेगा ।

सिद्धान्त—(१) अभव्य जीव विकारभावोंमें ही आत्मत्वका श्रद्धान बनाये रहनेके कारण सदा अशुद्ध ही रहता है । (२) मन, वचन, कायकी क्रियायें निश्चयचारित्रका हेतुभूत नहीं हैं । फिर भी उन्हें चारित्र कहना व्यवहार है ।

दृष्टि—१— अशुद्धनिश्चयनय (४७) । २— एकजात्याश्रारे अन्यजात्याधेयोपचारक व्यवहार (१४२) ।

नाभावात् सोऽज्ञानीति प्रतिनियतः ॥२७४॥

प्रथमा एक० । ण न—अव्यय । करेदि करोति—वर्तमान लट् अन्य पुरुष एक० । गुणं—द्वितीया एक० । असद्-हंतस्स असद्दधानस्य—षष्ठी एक० । णाणं ज्ञानं—प्रथमा एकवचन । तु—अव्यय ॥ २७४ ॥

प्रयोग—शुद्ध ज्ञानमय मोक्षके लिये शुद्ध ज्ञानमय अन्तस्तत्त्वका आत्मरूपसे श्रद्धान ज्ञान आचरण करना ॥ २७४ ॥

प्रश्न—उस अभव्यके धर्मका तो श्रद्धान होता है उसके कैसे निषेध किया जा रहा है ? **उत्तर**—[**सः**] वह अभव्य जीव [**भोगनिमित्तं**] भोगके निमित्तरूप [**धर्मं**] धर्मको [**श्रद्दधाति च**] श्रद्धान करता है [**प्रत्येति च**] प्रतीति करता है [**रोचयति च**] रुचि करता है [**पुनश्च**] और [**स्पृशति**] स्पर्शता है [**तु**] परन्तु [**कर्मक्षयनिमित्तं**] कर्मक्षय होनेका निमित्तरूप धर्मका [**न**] श्रद्धान आदि नहीं करता ।

तात्पर्य—सहज ज्ञानस्वभावका परिचय नहीं होनेसे अभव्य ज्ञानस्वभावरूप धर्मकी श्रद्धा नहीं कर पाता ।

टीकार्थ—अभव्य जीव नित्य ही कर्म और कर्मफलचेतनारूप वस्तुकी श्रद्धा करता है, परन्तु नित्य ज्ञानचेतनामात्र वस्तुका श्रद्धान नहीं करता, क्योंकि अभव्य जीव नित्य ही स्व-परके भेदज्ञानके योग्य नहीं है । इस कारण वह अभव्य कर्मक्षयके निमित्तभूत ज्ञानमात्र भूतार्थ धर्मको श्रद्धान नहीं करता, परंतु भोगके निमित्तभूत शुभ कर्ममात्र असत्यार्थ धर्मको ही श्रद्धान करता है । इस कारण यह अभव्य अभूतार्थ धर्मका श्रद्धान, प्रतीति, रुचि, स्पर्शनके द्वारा ऊपरके ग्रैवेयक तकके भोगमात्रोंको पाता है, परन्तु कर्मसे कभी नहीं छूटता । इसलिये इसके सत्यार्थ धर्मके श्रद्धानका अभाव होनेसे सच्चा श्रद्धान भी नहीं है । ऐसा होनेपर निश्चयनयके सिद्धान्तमें व्यवहारनयका निषेध युक्त ही है । **भावार्थ**—अभव्य जीव कर्मचेतना व कर्मफल-चेतनाको जानता है, परन्तु ज्ञानचेतनाको नहीं जानता, क्योंकि अभव्यके भेदज्ञान होनेकी योग्यता नहीं है, इस कारण इसके शुद्ध आत्मीयधर्मका श्रद्धान नहीं है । यह तो शुभ कर्मको ही धर्म समझकर श्रद्धान करता है सो मंद कषाय सहित यदि द्रव्यमहाव्रत पालन कर ले तो उसका फल ग्रैवेयक तकके भोग पाता है, परन्तु कर्मका क्षय नहीं होता । इस कारण इसके सत्यार्थ धर्मका भी श्रद्धान नहीं कहा जा सकता, इसीसे निश्चयनयके सिद्धान्तमें व्यवहारनय का निषेध है ।

प्रसंगविवरण—अनन्तरपूर्व गाथामें अभव्यके श्रुताध्ययनको अगुणकारी बताया गया था । अब इस गाथामें बताया है कि अभव्यके जैसा भी धर्मश्रद्धान संभव है वह पुण्यरूप

तस्य धर्मश्रद्धानमस्तीति चेत्--

सद्दहदि य पत्तियदि य रोचेदि य तह पुणा य फासेदि ।
धम्मं भोगणिमित्तं ण दु सो कम्मक्खयणिमित्तं ॥२७५॥

कभी धर्मकी श्रद्धा, प्रतीति रुचि वा झुकाव भी करता ।
वह सब भोगनिमित्त हि, पर कर्मक्षय निमित्त नहीं ॥२७५॥

श्रद्दधाति च प्रत्येति च रोचयति च तथा पुनश्च स्पृशति । धर्मं भोगनिमित्तं न तु स कर्मक्षयनिमित्तं ।

अभव्यो हि नित्यकर्मकर्मफलचेतनारूपं वस्तु श्रद्धत्ते, नित्यज्ञानचेतनामात्रं न तु श्रद्धत्ते नित्यमेव भेदविज्ञानानर्हत्वात् । ततः स कर्ममोक्षनिमित्तं ज्ञानमात्रं भूतार्थं धर्मं न श्रद्धत्ते । भोगनिमित्तं शुभकर्ममात्रमभूतार्थमेव श्रद्धत्ते । तत एवासौ अभूतार्थधर्मश्रद्धानप्रत्ययनरोचनस्पर्शनैरुपरितनग्रैवेयकभोगमात्रमासादयन्न पुनः कदाचनापि विमुच्यते, ततोऽस्य भूतार्थधर्मश्रद्धा-

---

नामसंज्ञ—य, तह, पुणो, धम्म, भोगणिमित्त, ण, दु, त, कम्मक्खयणिमित्त । **धातुसंज्ञ**—श्रत् दह धारणे, पति इ गतौ, रोय अभिलाषे श्रद्धायां च, फास स्पर्शे । **प्रातिपदिक**—च, तथा, पुनर्, धर्म, भोगनिमित्त, न, तु, तत्, कर्मक्षयनिमित्त । **मूलधातु**—श्रद् डुधाञ् धारणपोषणयोः जुहोत्यादि, प्रति इण गतौ अदादि, रुच रोचने, स्पृश संस्पर्शने तुदादि । **पदविवरण**—सद्दहदि श्रद्दधाति पत्तियदि प्रत्येति रोचेदि रोच-

---

धर्मश्रद्धान भी मोक्षके लिये नहीं होता ।

तथ्यप्रकाश—१– अभव्य जीव भोगके प्रयोजनसे पुण्यरूप धर्मकी श्रद्धा करता है । २–अभव्यजीव शुद्ध ज्ञानमय धर्मको जानता ही नहीं है । ३–अभव्यजीव भेदविज्ञानकी योग्यता न होनेसे ज्ञान चेतनारूप तत्त्वकी श्रद्धा नहीं कर सकता । ४–अभव्य सदा कर्मचेतना व कर्मफल चेतनारूप वस्तुकी श्रद्धा करता है । ५– कर्ममोक्षके हेतुभूत ज्ञानमात्र भूतार्थधर्मकी श्रद्धा अभव्यको होना असंभव है । ६– अभव्य जीव अभूतार्थधर्मकी श्रद्धा प्रतीति रुचिके बलसे नव ग्रैवेयक तक भी उत्पन्न हो सकता, किन्तु भूतार्थधर्मकी श्रद्धा न होनेसे उसको कभी मुक्ति नहीं प्राप्त हो सकती । ७– निश्चयचारित्र बिना कितना ही व्यवहारचारित्र हो उसको मुक्ति नहीं अतः अनिश्चेय प्रतिषेधक है व्यवहार प्रतिषेध्य है ।

सिद्धान्त—१– केवल सहज ज्ञानमात्र अन्तस्तत्त्वकी अभेदोपासनाके बलसे व्यक्त शुद्ध सिद्ध दशा प्राप्त होती है । २– शुभ अशुभ विकारके आदरसे संसार दशा प्राप्त होती है ।

दृष्टि— १–शुद्धभावनापेक्ष शुद्ध द्रव्यार्थिकनय (२४ब) । २– उपाधिसापेक्ष अशुद्ध द्रव्यार्थिकनय, अशुद्धनिश्चयनय (२४, ४७) ।

प्रयोग– कर्मक्षयके हेतुभूत ज्ञानचेतनामात्र परमतत्त्वके श्रद्धान ज्ञान आचरणसे अपने

नाभावात् श्रद्धानमपि नास्ति । एवं सति तु निश्चयनयस्य व्यवहारनयप्रतिषेधो युज्यत एव ॥ २७५ ॥

यति फासेदि स्पृशति–वर्तमान लट् अन्य पुरुष एक० । धम्मं धर्मं–द्वितीया एक० । भोगणिमित्तं भोगनिमित्तं–द्वितीया एक० । ण न दु तु–अव्यय । सो सः–प्रथमा एक० । कम्मक्खयणिमित्तं कर्मक्षयनिमित्तं–द्वितीया एकवचन ॥ २७५ ॥

को सर्वसंकटहीन बनाना ॥२७५॥

प्रश्न—निश्चयनय और निश्चयनय किस प्रकारसे प्रतिषेध्य प्रतिषेधक हैं ? **उत्तर**—[**आचारादि ज्ञानं**] आचारांग आदि शास्त्र तो ज्ञान हैं [**च**] तथा [**जीवादि दर्शनं**] जीवादि तत्त्व दर्शन [**विज्ञेयं**] जानना [**च**] और [**षड्जीवनिकाय**] छह जीवनिकाय [**चारित्रं**] चारित्र है [**तथा तु**] इस तरह तो [**व्यवहारः भणति**] व्यवहारनय कहता है [**खलु**] और निश्चयसे [**मम आत्मा ज्ञानं**] मेरा आत्मा ही ज्ञान है [**मे आत्मा**] मेरा आत्मा ही [**दर्शनं चारित्रं च**] दर्शन और चारित्र है [**आत्मा**] मेरा आत्मा ही [**प्रत्याख्यानं**] प्रत्याख्यान है [**मे आत्मा**] मेरा आत्मा ही [**संवरः योगः**] सम्वर और समाधि व ध्यान है ।

तात्पर्य—निश्चयनयसे आत्मा ही ज्ञानादि है इसके होनेपर व्यवहार ज्ञान आदिसे यह जीव अतीत हो जाता है इस कारण निश्चयनय प्रतिषेधक है ।

टीकार्थ—आचारांग आदि शब्दश्रुत ज्ञान है, क्योंकि वह ज्ञानका आश्रय है । जीव आदि नव पदार्थ दर्शन हैं, क्योंकि ये दर्शनके आश्रय हैं । और छः जीवनिकाय याने छह काय के जीवोंकी रक्षा चारित्र है, क्योंकि यह चारित्रका आश्रय है । यह तो व्यवहार है । शुद्ध आत्मा ज्ञान है, क्योंकि ज्ञानका आश्रय आत्मा ही है । शुद्ध आत्मा ही दर्शन है, क्योंकि दर्शन का आश्रय आत्मा ही है । शुद्ध आत्मा ही चारित्र है, क्योंकि चारित्रका आश्रय आत्मा ही है । यह निश्चय है । आचारांग आदिकको ज्ञानादिकके आश्रयपनेका व्यभिचार है याने आचारांग आदिक तो हों, परन्तु ज्ञान आदिक नहीं भी हों, इसलिये व्यवहारनय प्रतिषेध करने योग्य है, परन्तु निश्चयनयमें शुद्ध आत्मासे साथ ज्ञानादिकके आश्रयत्वका ऐकांतिकपना है । जहाँ शुद्ध आत्मा है वहाँ ही ज्ञान दर्शन चारित्र हैं, इसलिये व्यवहारनयका निषेध करने वाला है । यही अब स्पष्ट करते हैं—आचारादि शब्दश्रुत एकान्तसे ज्ञानका आश्रय नहीं है, क्योंकि आचाराङ्गादिकका अभव्य जीवके सद्भाव होनेपर भी शुद्ध आत्माका अभाव होनेसे ज्ञानका अभाव है । जीव आदि नौ पदार्थ दर्शनका आश्रय नहीं है, क्योंकि अभव्यके उनका सद्भाव होनेपर भी शुद्धात्माका अभाव होनेसे दर्शनका अभाव है । छहकायके जीवनिकाय याने जीवोंकी रक्षा

कीदृशौ प्रतिषेध्यप्रतिषेधकौ व्यवहारनिश्चयनयाविति चेत् —

आयारादी णाणं जीवादी दंसणं च विण्णेयं ।
छज्जीवणिकं च तहा भणइ चरित्तं तु ववहारो ॥२७६॥
आदा खु मज्झ णाणं आदा मे दंसणं चरित्तं च ।
आदा पच्चक्खाणं आदा मे संवरो जोगो ॥२७७॥ (युगलम्)

आचारादि जिनागम, ज्ञान व जीवादि तत्त्व है दर्शन ।
षट्कायजीवरक्षा, चारित व्यवहार कहता है ॥२७६॥
निश्चयसे आत्मा ही, दर्शन चारित्र ज्ञान है मेरा ।
प्रत्याख्यान भि आत्मा, संवर अरु योग भी आत्मा ॥२७७॥

आचारादि ज्ञानं जीवादि दर्शनं च विज्ञेयं । षड्जीवनिकां च तथा भणति चरित्रं तु व्यवहारः ॥ २७६ ॥
आत्मा खलु मम ज्ञानमात्मा मे दर्शनं चरित्रं च । आत्मा प्रत्याख्यानं आत्मा मे संवरो योगः ॥ २७७ ॥

आचारादिशब्दश्रुतं ज्ञानस्याश्रयत्वात् ज्ञानं, जीवादयो नवपदार्था दर्शनस्याश्रयत्वाद्दर्शनं, षड्जीवनिकावरक्षाचारित्रस्याश्रयत्वात् चारित्रं, इति व्यवहारः । शुद्ध आत्मा ज्ञानाश्रयत्वाद् ज्ञानं, शुद्ध आत्मा दर्शनाश्रयत्वादर्शनं, शुद्ध आत्मा चारित्राश्रयत्वाच्चारित्रमिति निश्चयः । तत्राचारादीनां ज्ञानाश्रयत्वस्यानैकांतिकत्वाद् व्यवहारनयः प्रतिषेध्यः । निश्चयनयस्तु शुद्धस्या-

---

नामसंज्ञा—आयारादि, णाण, जीवादि, दंसण, च, विण्णेय, छज्जीवणिक, च, तहा, चरित्त, तु, ववहार, आद, खु, अम्ह, णाण, आद, अम्ह, दंसण, चरित्त, च, आद, पच्चक्खाण, आद, अम्ह, संवर, जोग । **धातुसंज्ञा**—भण कथने । **प्रातिपदिक**—आचारादि, ज्ञान, जीवादि, दर्शन, च, विज्ञेय, षट्जीवनिकाय, च,

---

चारित्रका आश्रय नहीं है, क्योंकि उसके मौजूद होनेपर भी अभव्यके शुद्धात्माका अभाव होनेसे चारित्रका अभाव है । शुद्ध आत्मा ही ज्ञानका आश्रय है, क्योंकि आचाराङ्गादि शब्दश्रुतका सद्भाव होनेपर या असद्भाव होनेपर शुद्ध आत्माके सद्भावसे ही ज्ञानका सद्भाव है । शुद्ध आत्मा ही दर्शनका आश्रय है, क्योंकि जीवादि पदार्थोंका सद्भाव होने व न होनेपर भी शुद्ध आत्मा ही दर्शनका सद्भाव है । शुद्ध आत्मा ही चारित्रका आश्रय है, क्योंकि छह कायके जीवनिकायका याने जीवोंकी रक्षाका सद्भाव होने तथा असद्भाव होनेपर भी शुद्धात्माके सद्भावसे ही चारित्रका सद्भाव है ।

भावार्थ—आचाराङ्गादि शब्दश्रुतका ज्ञान कर लेना, जीवादि पदार्थोंका श्रद्धान करना तथा छह कायके जीवोंकी रक्षा कर लेना, इन सबके होनेपर भी अभव्यके सम्यग्ज्ञान, सम्यग्दर्शन, सम्यक्चारित्र नहीं होते इस कारण व्यवहारनय तो प्रतिषेध्य है । किन्तु शुद्धात्माके

त्मनो ज्ञानाद्याश्रयत्वस्यैकांतिकत्वात् तत्प्रतिषेधकः। तथाहि—नाचारादिशब्दश्रुतं, एकांतेन ज्ञानस्याश्रयः तत्सद्भावेऽप्यभव्यानां शुद्धात्माभावेन ज्ञानस्याभावात्। न जीवादयः पदार्था दर्शनस्याश्रयाः, तत्सद्भावेऽप्यभव्यानां शुद्धात्माभावेन दर्शनस्याभावात्। न च षड्जीवनिकायः चारित्रस्याश्रयस्तत्सद्भावेऽप्यभावानां शुद्धात्माभावेन चारित्रस्याभावात्। शुद्ध आत्मैव ज्ञानस्याश्रयः, आचारादिशब्दश्रुतसद्भावेऽसद्भावे वा तत्सद्भावेनैव ज्ञानस्य सद्भावात्। शुद्ध आत्मैव

तथा, चारित्र, तु, व्यवहार, आत्मन्, खलु, अस्मद्, ज्ञान, आत्मन्, अस्मद्, दर्शन, चरित्र, च, आत्मन्, प्रत्याख्यान, आत्मन्, अस्मद्, संवर, योग। **मूलधातु**—भण शब्दार्थः। **पदविवरण**—आयारादी आचारादि—प्रथमा एक०। णाणं ज्ञानं—प्रथमा एक०। जीवादी जीवादि—प्र० ए०। दंसणं दर्शनं—प्र० ए०। च—अव्यय। प्रथमा एक०। विण्णेयं विज्ञेयं—प्रथमा एक० कृदन्त। छज्जीवणिकं षट्जीवनिकां—द्वितीया एक०। च तहा तथा—अव्यय।

होनेपर ज्ञान, दर्शन, चारित्र होते ही हैं, इस कारण निश्चयनय इस व्यवहारका प्रतिषेधक है, अतः शुद्धनय उपादेय बताया गया है।

प्रसंगविवरण—अनन्तरपूर्व गाथामें यह बताकर कि अभव्य पुण्यरूप धर्म व्यवहार-चारित्रकी श्रद्धा भोगनिमित्त करता उससे कर्मक्षय नहीं है, एक संकेत दिया था कि व्यवहार प्रतिषेध्य है व निश्चय प्रतिषेधक है। अब इन दो गाथाओंमें बताया है कि वह प्रतिषेध्य व्यवहार दर्शन ज्ञान आदि क्या है और प्रतिषेधक निश्चय दर्शन आदि क्या है ?

तथ्यप्रकाश—(१) आचारांग आदि शब्दश्रुत ज्ञानका आश्रय, विषय, कारण होनेसे व्यवहार ज्ञान कहलाता है अथवा श्रुतका शाब्दिक ज्ञान व्यवहार ज्ञान कहलाता है। (२) जीवादिक नव पदार्थ सम्यक्त्वके आश्रय होनेसे, निमित्त होनेसे व्यवहारसम्यक्त्व कहलाता है अथवा इन नव पदार्थोंका पर्यायरूप श्रद्धान व्यवहारसम्यक्त्व कहलाता है। (३) छह जीव-निकाय अथवा उनकी रक्षा चारित्रका आश्रय हेतु होनेसे व्यवहारचारित्र कहलाता है। (४) व्यवहार ज्ञान आदि ज्ञानका आश्रय करते हुए हों यह नियम नहीं, इस कारण यह व्यवहार प्रतिषेध्य है। (५) आचारांग आदि शब्दश्रुत अभव्यके भी अधीत हो जाता है, किन्तु शुद्धा-त्मत्वकी प्रतीति न होनेसे वह सम्यग्ज्ञान नहीं। (६) जीवादिक नव पदार्थोंका पर्यायरूप श्रद्धान अभव्यके भी हो जाता है, किन्तु शुद्धात्मत्वकी प्रतीति न होनेसे वह सम्यक्चारित्र नहीं। (७) षट्कायजीवरक्षा अभव्य भी करते हैं, किन्तु शुद्धात्मत्वका बोध न होनेसे वहाँ सम्यक्चारित्र नहीं। (८) शुद्धात्मा ही अथवा शुद्धात्माका बोध निश्चय सम्यग्ज्ञान है। (९) शुद्धात्मा अथवा शुद्धात्माका श्रद्धान ही निश्चय सम्यग्दर्शन है। (१०) शुद्धात्मा अथवा शुद्धात्माकी उपासना निश्चयचारित्र है। शुद्धात्माकी सहजवृत्ति ही प्रत्याख्यान है, संवर है,

दर्शनस्याश्रयः, जीवादिपदार्थसद्भावेऽसद्भावे वा तत्सद्भावेनैव दर्शनस्य सद्भावात् । शुद्ध आत्मैव चारित्रस्याश्रयः षड्जीवनिकायसद्भावेऽसद्भावे वा तत्सद्भावेनैव चारित्रस्य सद्भावात् ।। रागादयो बंधनिदानमुक्तास्ते शुद्धचिन्मात्रमहोऽतिरिक्ताः । आत्मा परो वा किमु तन्निमित्तमिति प्रणुन्नाः पुनरेवमाहुः ।।१७४।। ।। २७६-२७७ ।।

भणइ भणति–वर्तमान लट् अन्य पुरुष एकवचन । चारित्तं चारित्रं–द्वितीया एक० । तु–अव्यय । ववहारे व्यवहारः–प्रथमा एक० । आदा आत्मा–प्रथमा एक० । खु खलु–अव्यय । मज्झ मम–षष्ठी एक० । णाणं ज्ञानं–प्रथमा एक० । आदा आत्मा–प्र० ए० । मे–षष्ठी एक० । दंसणं दर्शनं चरित्तं चारित्रं आदा आत्मा पच्चक्खाणं प्रत्याख्यानं आदा आत्मा संवरो संवरः जोगो योगः–प्रथमा एक० । मे–षष्ठी एकवचन ।।२७६-२७७।।

परमयोग है । (११) निश्चयमोक्षमार्गमें स्थित आत्माओंका नियमसे मोक्ष होता है, किन्तु व्यवहारमोक्षमार्गमें स्थित जीवोंके शुद्धात्मतत्वाराधना न हो तो मोक्ष नहीं, इस कारण निश्चयनय प्रतिषेधक है ।

सिद्धान्त—(१) निश्चयमोक्षमार्गमें सहजशुद्धात्मतत्वका आश्रय होनेसे शुद्धदशा प्रकट होनेका विधान है ।

दृष्टि—१– शुद्धनिश्चयनय (४६) ।

प्रयोग—शुद्धात्मतत्वकी व्यक्तिके लिये सहजशुद्धात्मस्वरूपकी आराधना करना ।।२७६-२७७।।

अब अगले कथनकी सूचनिकामें एक प्रश्न रखा जा रहा है—**रागादयो** इत्यादि । **अर्थ**—रागादिक तो बन्धके कारण कहे गये हैं और रागादिक शुद्ध चैतन्यमात्र आत्मासे भिन्न कहे हैं तो उनके होनेमें आत्मा निमित्त कारण है या कोई अन्य ? तो ऐसे पूछनेका आचार्य इस प्रकार उत्तर दृष्टान्तपूर्वक कहते हैं—[**यथा**] जैसे [**स्फटिकमणिः**] स्फटिकमणि [**शुद्धः**] स्वयं शुद्ध है वह [**रागाद्यैः**] ललाई आदि रंगस्वरूप [**स्वयं न परिणमते**] स्वयं नहीं परिणमता [**तु**] परन्तु [**सः**] वह [**अन्यैः रक्तादिभिः द्रव्यैः**] दूसरे लाल आदि द्रव्योंके द्वारा [**रज्यते**] ललाई आदि रंगस्वरूप परिणमता है [**एवं**] इस प्रकार [**ज्ञानी**] ज्ञानी [**शुद्धः**] स्वयं शुद्ध है [**सः**] वह [**रागाद्यैः**] रागादि भावोंसे [**स्वयं न परिणमते**] स्वयं तो नहीं परिणमता [**तु**] परन्तु [**अन्यैः रागादिभिः दोषैः**] अन्य रागादि दोषोंके द्वारा [**रज्यते**] रागादिरूप किया जाता है ।

तात्पर्य—अपने आप अकेला परसंगरहित यह जीव रागादिरूप नहीं परिणमता है,

जह फलिहमणी सुद्धो ण सयं परिणमइ रायमाईहिं ।
रंगिज्जदि अण्णेहिं दु सो रत्तादीहिं दव्वेहिं ॥२७८॥
एवं णाणी सुद्धो ण सयं परिणमइ रायमाईहिं ।
राइज्जदि अण्णेहिं दु सो रागादीहिं दोसेहिं ॥२७९॥ (युगलम्)

स्फटिक मणि शुद्ध जैसे, स्वयं न रागादिरूप परिणमता ।
रक्तिम वह हो जाता, अन्यहि रक्तादि द्रव्योंसे ॥२७८॥
ज्ञानी भी शुद्ध वैसे, स्वयं न रागादिरूप परिणमता ।
रागी वह हो जाता, अन्य हि रागादि दोषोंसे ॥२७९॥

यथा स्फटिकमणिः शुद्धो न स्वयं परिणमते रागाद्यैः । रज्यतेऽन्यैस्तु स रक्तादिभिर्द्रव्यैः ॥ २७८ ॥
एवं ज्ञानी शुद्धो न स्वयं परिणमते रागाद्यैः । रज्यतेऽन्यैस्तु स रागादिभिर्दोषैः ॥ २७९ ॥

यथा खलु केवलः स्फटिकोपलः परिणामस्वभावत्वे सत्यपि स्वस्य शुद्धस्वभावत्वेन रागादिनिमित्तत्वाभावाद् रागादिभिः स्वयं न परिणमते, परद्रव्येणैव स्वयं रागादिभावापन्नतया स्वस्य रागादिनिमित्तभूतेन शुद्धस्वभावात्प्रच्यवमान एव रागादिभिः परिणम्यते । तथा

नामसंज्ञ- जह, फणिहमणि, सुद्ध, ण, सयं, रायमाइ, अण्ण, दु, त, रत्तादि, दव्व, एवं, णाणि, सुद्ध, ण, सयं, रायमाइ, अण्ण, दु, त, रागादि, दोस । **धातुसंज्ञ**—परि नम नम्रीभावे, रज्ज रागे । **प्रातिपदिक** यथा, स्फटिकमणि, शुद्ध, न, स्वयं, रागाद्य, अन्य, तु, तत्, रक्तादि, द्रव्य, एवं, ज्ञानिन्, शुद्ध, न, स्वयं,

किन्तु अन्य कर्मप्रकृतिविपाकोदयके द्वारा रागादिरूप परिणमाया जाता है ।

टीकार्थ—जैसे वास्तवमें केवल (अकेला) स्फटिक पाषाण स्वयं परिणामस्वभावरूप होनेपर भी अपने शुद्ध स्वभावपनेके कारण रागादिनिमित्तत्वके अभावसे रागादिकोंसे आप नहीं परिणमता याने आप ही अपने रागादि परिणाम होनेका निमित्त नहीं है, परन्तु स्वयं रागादिभावको प्राप्त होनेसे स्फटिकके रागादिकके निमित्तभूत परद्रव्यके ही द्वारा शुद्ध स्वभाव से च्युत होता हुआ ही रागादि रंगरूप परिणमता है । उसी तरह अकेला आत्मा परिणमनस्वभावरूप होनेपर भी अपने शुद्ध स्वभावपनेके कारण रागादिनिमित्तपनेके अभावसे स्वयं ही रागादिभावोंसे नहीं परिणमता याने अपने आप ही स्वयं रागादि परिणामका निमित्त नहीं है, परन्तु स्वयं रागादिभावको प्राप्त होनेसे आत्माके रागादिकका निमित्तभूत परद्रव्यके द्वारा ही शुद्धस्वभावसे च्युत होता हुआ ही रागादिक भावोंरूप परिणमता है । ऐसा ही वस्तुका स्वभाव है । **भावार्थ**—आत्मा परसंगरहित एकाकी तो शुद्ध ही है, परन्तु है परिणाम स्वभाव सो जिस तरहका परका निमित्त मिले वैसा ही परिणमता है । इस कारण रागादिकरूप पर-

केवलः किलात्मा परिणामस्वभावत्वे सत्यपि स्वस्य शुद्धस्वभावत्वेन रागादिनिमित्तत्वाभावात् रागादिभिः स्वयं न परिणमते परद्रव्येणैव स्वयं रागादिभावापन्नतया स्वस्य रागादिनिमित्त-भूतेन शुद्धस्वभावात्प्रच्यवमान एव रागादिभिः परिणम्येत, इति तावद्वस्तुस्वभावः ।। न जातु

रागाद्य, अन्य, तु, तत्, रागादि, दोष । **मूलधातु**--परि णम प्रह्वत्वे शब्दे च भ्वादि, रंज रागे दिवादि । **पदविवरण**--जह यथा-अव्यय । फलिहमणी स्फटिकमणिः-प्रथमा एक० । सुद्धो शुद्धः-प्रथमा एक० । ण न-अव्यय । सयं स्वयं-अव्यय । परिणमइ परिणमते-वर्तमान लट् अन्य पुरुष एक० । रायमाईहि रागाद्यैः-तृतीया बहुवचन । रंगिज्जदि रज्यते-वर्तमान लट् अन्य पुरुष एकवचन कर्मवाच्य क्रिया । अण्णेहि अन्यैः-

---

द्रव्य कर्मप्रकृतिविपाकके निमित्तसे परिणमता है । जैसे कि स्फटिकमणि आप तो केवल एकाकार स्वच्छ शुद्ध ही है, परन्तु जब परद्रव्यकी ललाई आदिका डंक लगे तब ललाई आदिरूप परिणमता है । ऐसा यह परिणममान वस्तुका ही स्वभाव है कि अशुद्ध उपादान अनुकूल निमित्तके सान्निध्यमें ही विकाररूप परिणमता है ।

अब इसी अर्थको कलशमें कहते हैं--**न जातु** इत्यादि । **अर्थ**--आत्मा सूर्यकान्तमणि की तरह अपने रागादिकके निमित्तभावको कभी नहीं प्राप्त होता । उस आत्मामें रागादिक होनेका निमित्त परद्रव्यका सम्बन्ध ही है । यह वस्तुका स्वभाव उदयको प्राप्त है किसीका किया हुआ नहीं है । **भावार्थ**--जैसे सूर्यकान्तमणि स्वयं परसंगरहित होकर ललाईरूप नहीं बनता, किन्तु लालडंकका सन्निधान होनेपर ललाईरूप परिणमता है अथवा सूर्यकान्तमणि अपने आप अग्निरूप नहीं होता, किन्तु सूर्यबिम्बका सान्निध्य होनेपर अग्निरूप परिणमता ऐसे ही आत्मा रागप्रकृतिकर्मविपाकोदय होनेपर ही रागादिरूप परिणमता है ।

अब कहते हैं कि ऐसे वस्तुस्वभावको जानता हुआ ज्ञानी रागादिकको अपने नहीं करता--**इति वस्तु** इत्यादि । **अर्थ**--इस तरह अपने वस्तुस्वभावको ज्ञानी जानता है, इस कारण वह ज्ञानी रागादिकको अपने नहीं करता । अतः ज्ञानी रागादिका कर्ता नहीं है ।

प्रसंगविवरण--अनन्तरपूर्व गाथाद्वयमें निश्चयनयकी प्रतिषेधकता व व्यवहारनयकी प्रतिषेध्यताका संदर्शन था जिससे यह ध्वनित हुआ कि समस्त रागभाव प्रतिषेध्य है । अब इस गाथामें बताया है कि रागभावमें स्वयं आत्मा निमित्त नहीं है, कोई पर-उपाधिका संग ही निमित्त है तभी यह सुगमतया प्रतिषेध्य है ।

तथ्यप्रकाश--(१) सभी पदार्थकी भाँति स्फटिकमणि व आत्मा स्वयं परिणमनस्वभावी है । (२) स्फटिकमणि व आत्मा स्वयं शुद्धस्वभावी होनेसे रागादिमें निमित्त नहीं हैं । (३) स्फटिक व आत्मा रागादिमें निमित्त न होनेसे स्वयंसे ही रागादिरूपसे नहीं परिणमते ।

रागादिनिमित्तभावमात्मात्मनो याति यथार्कांतः । तस्मिन्निमित्तं परसंग एव वस्तुस्वभावोऽय-मुदेति तावत् ॥१७५॥ इति वस्तुस्वभावं स्वं ज्ञानो जानाति तेन सः । रागादीन्नात्मनः कुर्या-न्नातो भवति कारकः ॥१७६॥ ॥ २७८-२७९ ॥

तृतीया बहु० । दु तु–अव्यय । सो सः–प्रथमा एकवचन । रत्तादीहि रक्तादिभिः–तृ० बहु० । दव्वेहि द्रव्यैः–तृ० बहु० । एवं–अव्यय । णाणी ज्ञानी–प्रथमा एक० । सुद्धो शुद्धः–प्र० ए० । ण न–अव्यय । सय स्वयं–अव्यय । परिणमइ परिणमते–वर्तमान लट् अन्य पुरुष एक० । रायमाईहि रागाद्यैः–तृ० बहु० । रज्जदि रज्यते–वर्तमान लट् अन्य पुरुष एक० कर्मवाच्य क्रिया । अण्णेहि अन्यैः–तृ० बहु० । सो सः–प्र० एक० । रागादीहि रागाद्यैः–तृ० बहु० । दोसेहि दोषैः–तृतीया बहुवचन ॥ २७८-२७९ ॥

---

(४) लाल कागज व रागादिप्रकृतिकर्म स्वयं रागादिभावसे युक्त है सो वह स्फटिक व आत्मा के रागादिभावमें निमित्त होता है । (५) लाल कागज व रागादिप्रकृति विपाकका सान्निध्य पाकर स्फटिक व आत्मा अपने शुद्ध स्वभावसे च्युत होता हुआ ही रागादिभावसे परिणमाया जाता है । (६) योग्य उपादानका ऐसा ही स्वभाव है कि अनुकूल निमित्तका सान्निध्य पाकर तदनुरूप विकारभावसे परिणम जाता है । (७) स्फटिककी भांति आत्मा परसंग बिना स्वयं रागादिरूपसे नहीं परिणम सकता । (८) रागादिभावकी नैमित्तिकताके तथ्यका ज्ञाता पुरुष अपनेको रागादिरूप नहीं करता, अतः रागादिका अकर्ता है ।

सिद्धान्त—(१) आत्मा शुद्धस्वभाव होनेके कारण स्वयं अस्वभावभावरूप रागादि भावका अकर्ता है । (२) रागादिभाव नैमित्तिक होनेसे स्वभावभावके आश्रयसे यह हटा दिया जाता है ।

दृष्टि—१– अकर्तृनय (१९०) । २– उपाधिसापेक्ष अशुद्ध द्रव्यार्थिकनय (२४) ।

प्रयोग—रागादिविकारको नैमित्तिक पराश्रित अस्वभावभाव जानकर उससे उपेक्षा करके सहज ज्ञानानन्दस्वभावी अन्तस्तत्त्वमें उपयोगको रमाना ॥ २७८-२७९ ॥

अब ज्ञानीका अकर्तृत्व इस गाथामें कहते हैं–[**ज्ञानी**] ज्ञानी [**स्वयमेव**] आप ही [**रागद्वेषमोहं**] राग द्वेष मोहको [**वा कषायभावं**] तथा कषाय भावको [**आत्मनः**] आत्माके [**न च करोति**] नहीं करता [**तेन**] इस कारण [**सः**] वह ज्ञानी [**तेषां भावानां**] उन भावोंका [**कारकः न**] कर्ता नहीं है ।

तात्पर्य—ज्ञानी परभावोंको अपना स्वभाव नहीं मानता, अतः वह रागादिका कर्ता नहीं है ।

टीकार्थ—यथोक्त वस्तुस्वभावको जानता हुआ ज्ञानी अपने शुद्ध स्वभावसे नहीं छूटता, इसलिये राग-द्वेष-मोह आदि भावोंसे अपने आप नहीं परिणमता और दूसरेसे भी नहीं

ण य रागदोसमोहं कुव्वदि णाणी कसायभावं वा ।
सयमप्पणो ण सो तेण कारगो तेसि भावाणं ॥२८०॥

ज्ञानी स्वयं न करता, अपने रति द्वेष मोह क्रोधादिक ।
इससे यह आत्मा उन, भावोंका है नहीं कर्ता ॥२८०॥

नापि रागद्वेषमोहं करोति ज्ञानी कषायभावं वा । स्वयमात्मनो न स तेन कारकस्तेषां भावानां ॥२८०॥

यथोक्तं वस्तुस्वभावं जानन् ज्ञानी शुद्धस्वभावादेव न प्रच्यवते, ततो रागद्वेषमोहादिभावैः स्वयं न परिणमते न परेणापि परिणम्यते, ततष्टंकोत्कीर्णैकज्ञायकस्वभावो ज्ञानी रागद्वेषमोहादीनामकर्तैव नियमेन ।

नामसंज्ञ—ण, य, रागदोसमोह, णाणि, कसायभाव, वा, सयं, अप्प, ण, त, कारग, त, भाव । **धातुसंज्ञ**—कुव्व करणे । **प्रातिपदिक**—न, च, रागद्वेषमोह, ज्ञानिन्, कषायभाव, वा, स्वयं, आत्मन्, न, परिणमाया जाता । इस कारण टंकोत्कीर्ण एक ज्ञायकभावस्वरूप ज्ञानी राग-द्वेष-मोह आदि भावोंका अकर्ता ही है, ऐसा नियम है । **भावार्थ**—जब यह आत्मा ज्ञानी हुआ तब वस्तुका ऐसा स्वभाव जाना कि स्वयं तो आत्मा स्वरूपतः शुद्ध है द्रव्यदृष्टिसे तो ध्रुव है पर्यायदृष्टिसे परिणमता है सो परद्रव्यके निमित्तसे रागादिरूप परिणमता है सो अब आप ज्ञानी हुआ उन भावोंका कर्ता नहीं होता, मात्र उदयमें आये हुए फलोंका ज्ञाता ही है ।

अब कहते हैं कि अज्ञानी ऐसा वस्तुका स्वभाव नहीं जानता, इसलिये रागादिभावोंका कर्ता होता है—इति वस्तु इत्यादि । **अर्थ**—अज्ञानी ऐसे अपने वस्तुस्वभावको नहीं जानता, इस कारण वह अज्ञानी रागादिक भावोंको अपने करता है, अतः उन (रागादिकों) का करने वाला होता है ।

प्रसंगविवरण—अनन्तरपूर्व गाथाद्वयमें बताया गया था कि रागादि विकार नैमित्तिक हैं स्वभावभाव नहीं । अब इस गाथामें बताया है कि वस्तुस्वभावका ज्ञानी रागादिभावका कर्ता नहीं होता ।

तथ्यप्रकाश—(१) ज्ञानी आत्माको सहज शुद्धस्वरूप जानता है । (२) ज्ञानी विकारोद्भवके तथ्यको जानता है कि ये स्वभावसे नहीं होते, किन्तु प्रकृतिविपाकोदयके निमित्तसे होते हैं । (३) वस्तुस्वभावका ज्ञाता स्वयं रागादिरूपसे नहीं परिणमता और न परके द्वारा परिणमाया जाता है । (४) शुद्धस्वभावका अनुभव हो जानेके कारण ज्ञानी शुद्धस्वभावकी प्रतीतिसे च्युत नहीं होता, सो रागद्वेषमोहादि भावोंका अकर्ता ही है ।

सिद्धान्त—(१) ज्ञानी अपने आत्मद्रव्यको निरुपाधिस्वभाव निरखता है । (२) आत्मद्रव्य टङ्कोत्कीर्णवत् निश्चल एक ज्ञायकस्वभावमात्र है ।

द्वेषमोहादिभावानामकर्तेवेति नियमः ।। "इति वस्तुस्वभावं स्वं नाज्ञानी वेत्ति तेन सः । रागादीनात्मनः कुर्यादतो भवति कारकः ।।१७७।। ॥ २८० ॥

तत्, तत्, कारक, तत्, भाव । **मूलधातु**—डुकृञ् करणे । **पदविवरण**—ण न य च–अव्यय । रायदोसमोहं रागद्वेषमोह–द्वितीया एक० । कुव्वदि करोति–वर्तमान लट् अन्य पुरुष एकवचन । णाणी ज्ञानी–प्रथमा एक० । कषायभावं–द्वितीया एक० । वा–अव्यय । सयं स्वयं–अव्यय । अप्पणो आत्मनः–षष्ठी एक० । ण न–अव्यय । सो सः–प्र० ए० । तेण तेन–तृ० एक० । कारगो कारकः–प्र० एक० । तेसिं तेषां–षष्ठी बहु० । भावाणं भावानां–षष्ठी बहुवचन ।। २८० ।।

दृष्टि—१– शुद्धनय (१९८) । २– उत्पादव्ययगौणसत्ताग्राहक शुद्ध द्रव्यार्थिकनय (२२) ।

प्रयोग—रागादिभावोंको औपाधिकभाव जानकर उनरूप अपनेको नहीं मानना और अपने सहज चैतन्यस्वभावमें रुचि करना ।। २८० ।।

अब अज्ञानीकी दशाको इस गाथामें कहते हैं:—[**रागे च द्वेषे च कषायकर्मसु चैव**] रागद्वेष और कषाय कर्मोंके होनेपर [**ये भावाः**] जो भाव होते हैं [**तैस्तु**] उन रूपोंसे [**परिणममानः**] परिणमता हुआ अज्ञानी [**रागादीन्**] रागादिकोंको [**पुनरपि**] बार-बार [**बध्नाति**] बांधता है ।

तात्पर्य—रागादिकर्मप्रकृतिका उदय होनेपर रागादिरूप मैं हूं इस श्रद्धासे परिणमता हुआ अज्ञानी फिर रागादि कर्मोंको बांधता है ।

टीकार्थ—यथोक्त वस्तुस्वभावको नहीं जानता हुआ अज्ञानी अपने शुद्ध स्वभावसे अनादि संसारसे लेकर च्युत हुआ ही है इस कारण कर्मके उदयसे हुए जो राग-द्वेष-मोहादिक भाव हैं उनसे परिणमता अज्ञानी राग-द्वेष-मोहादिक भावोंका कर्ता होता हुआ कर्मोंसे बंधता ही है, ऐसा नियम है । **भावार्थ**—अज्ञानी अपना यथार्थस्वभाव तो जानता नहीं है, परंतु कर्मके उदयसे जैसा कर्मरस झलके उसको अपना समझ परिणमता है तब उन भावोंका कर्ता होता हुआ कर्मोंसे बंधता ही है, ऐसा नियम है । **भावार्थ**—अज्ञानी अपना यथार्थस्वभाव तो जानता नहीं है, परंतु कर्मके उदयसे जैसा कर्मरस झलके उसको अपना समझ परिणमता है तब उन भावोंका कर्ता हुआ आगे भी बार-बार कर्म बांधता है यह निश्चित है ।

प्रसंगविवरण—अनन्तर पूर्व गाथामें बताया गया था कि ज्ञानी पुरुष रागादिभावका अकर्ता है । अब इस गाथामें बताया है कि रागादिको अपनाने वाला अज्ञानी जीव रागादिका कर्ता होता है और वह पुनः कर्मोंसे बँधता है ।

रायम्हि य दोसम्हि य कसायकम्मेसु चेव जे भावा ।
तेहिं दु परिणमंतो रायाई बंधदि पुणोवि ॥२८१॥

रति अरति कषाय प्रकृति-के होनेपर हि भाव जो होते ।
उनसे परिणमता यह, रागादिक बांधता फिर भी ॥२८१॥

रागे च द्वेषे च कषायकर्मसु चैव ये भावाः । तैस्तु परिणममानो रागादीन् बध्नाति पुनरपि ॥ २८१ ॥

यथोक्तं वस्तुस्वभावमजानंस्वज्ञानी शुद्धस्वभावादासंसारं प्रच्युत एव । ततः कर्मविपाकप्रभवैं रागद्वेषमोहादिभावैः परिणममानोऽज्ञानी रागद्वेषमोहादिभावानां कर्ता भवन् बध्यत एवेति प्रतिनियमः ॥२८१॥

भाषासंज्ञ—राय, म्हि, दोस, म्हि, य, कसायकम्म, सु, च, एव, ज, भाव, त, दु, परिणमंत, रायाइ, पुणो, वि । **धातुसंज्ञ** · बन्ध बन्धने । **प्रातिपदिक**—राग, च, द्वेष, च, कषायकर्मन्, सु, च, एव, यत्, भाव, तत्, तु, परिणममान, रागादि, पुनस्, अपि । **मूलधातु**—बन्ध बन्धने । **पदविवरण**—रायम्हि रागे–सप्तमी एकवचन । य च एव दु तु पुणो पुनः वि अपि–अव्यय । दोसम्हि दोषे–सप्तमी एक० । कसायकम्मेसु कषायकर्मसु–सप्तमी बहु० । जे ये–प्रथमा बहु० । भावा भावाः–प्र० बहु० । तेहिं तैः–तृतीया बहु० । परिणमंतो परिणममानः–प्रथमा एकवचन ; रायाई रागादीन्–द्वितीया बहु० । बंधदि बध्नाति–वर्तमान लट् अन्य पुरुष एकवचन क्रिया ॥ २८१ ॥

तथ्यप्रकाश—१– जो वस्तुस्वभावको नहीं जानता वह अज्ञानी है । २– अज्ञानी शुद्धस्वभावसे च्युत ही रहता है । ३– शुद्धस्वभावसे च्युत रहनेके कारण अज्ञानी कर्मविपाकप्रभव रागद्वेषमोहादि भावोंसे निरर्गल परिणमता है । ४– जो रागादिरूपसे परिणमे, अपनेको रागादिरूप करे वह रागादिका कर्ता है । ५– अज्ञानी अपनेको याने रागादिरूप करनेसे कर्मसे बंध जाता है ।

सिद्धान्त—१– जीवके विकारभावका निमित्त पाकर कार्माणवर्गणायें कर्मरूप परिणम जाती हैं । २– रागादिरूपोंसे परिणमने वाला अज्ञानी है, अज्ञानी रागादिरूपोंसे परिणमता है ।

दृष्टि—१– निमित्तदृष्टि (५३अ) । २– अशुद्धनिश्चयनय (४७) ।

प्रयोग—विकारविपदासे बचनेके लिये शुद्धात्मभावनाका निरन्तर पौरुष करना ॥२८१॥

अब पूर्वोक्त गाथाका समर्थन करते हैं:—**[रागे च द्वेषे च]** राग द्वेष **[कर्मसु चैव]** और कषाय कर्मोंके होनेपर **[ये भावाः]** जो भाव होते हैं **[तैस्तु]** उनसे **[परिणममानः]**

ततः स्थितमेतत्—

रायम्हि य दोसम्हि य कसायकम्मेसु चेव जे भावा।
तेहिं दु परिणमंतो रायाई बंधदे चेदा ॥२८२॥

रति अरति कषाय प्रकृति-के होनेपर हि भाव जो होते।
उनसे परिणमता यह, रागादिक बाँधता आत्मा ॥२८२॥

रागे च द्वेषे च कषायकर्मसु चैव ये भावाः। तस्तु परिणममानो रागादीन् बध्नाति चेतयिता ॥ २८२ ॥

य इमे किलाज्ञानिनः पुद्गलकर्मनिमित्ता रागद्वेषमोहादिपरिणामास्त एव भूयो राग-द्वेषमोहादिपरिणामनिमित्तस्य पुद्गलकर्मणो बंधहेतुरिति ॥२८२॥

नामसंज्ञ—चेदा, शेष पूर्वगाथावत्। **धातुसंज्ञ**—पूर्व गाथावत्। **प्रातिपदिक**—चेदा, चेतयितृ, शेष पूर्वगाथावत्। **मूलधातु**—पूर्वगाथावत्। **पदविवरण**—चेदा चेतयिता—प्रथमा एकवचन, शेष पूर्वगाथावत् ॥ २८२ ॥

परिणमता हुआ [**चेतयिता**] आत्मा [**रागादीन्**] रागादिकोंको [**बध्नाति**] बांधता है।

तात्पर्य—कर्मप्रकृतिविपाकको आत्मरूप मानता हुआ जीव रागादिक कर्मोंको बांधता है।

टीकार्थ—वास्तवमें जो ये अज्ञानीके पुद्गलकर्मके निमित्तसे हुए राग-द्वेष-मोह आदि भाव हैं वे ही परिणाम फिर राग-द्वेष-मोह आदि परिणामके निमित्तभूत पुद्गलकर्म बंधके कारण होते हैं। **भावार्थ**—अज्ञानीके जो कर्मनिमित्तक राग-द्वेष-मोह आदिक परिणाम होते हैं वे फिर कर्मबंधके कारण होते हैं।

प्रसंगविवरण—अनन्तरपूर्व गाथामें बताया गया था कि रागद्वेष आदि कषाय कर्मोंके होनेपर हुए भावोंसे परिणममान जीव फिर भी रागादिक कर्मोंको बाँधता है। अब इस गाथा में उसीके निष्कर्षको प्रसिद्ध करते हैं।

तथ्यप्रकाश—१– कर्मविपाकजभावोंको अभेद बुद्धिसे आत्मरूप मानने वाला कर्मोंसे बँधता है। २– कर्मविपाकजभावोंको ये मेरे हैं यों अपनाने वाला जीव भी कर्मोंसे बँधता है। ३–कर्मबन्धका कारण रागादिक है। ४–रागादिक होनेका कारण कर्मोदय है। ५–आत्मतत्त्व कर्मबन्धका कारण नहीं। ६– आत्मतत्त्व कर्मोदयका कार्य नहीं। ७– आत्मा रागादिका अकारक है।

सिद्धान्त—१– कर्मबन्धका निमित्तकारण उदयागत द्रव्यप्रत्यय है। २– उदयागत द्रव्यप्रत्ययोंमें कर्मबन्धनिमित्तत्व होवे उसका निमित्तकारण जीवका रागादिभावोंसे परिणमन

कथमात्मा रागादीनामकारकः ? इति चेत्--

अपडिक्कमणं दुविहं अपच्चक्खाणं तहेव विण्णेयं ।
एएणुवसेण य अकारओ वण्णिओ चेया ॥२८३॥
अपडिक्कमणं दुविहं दव्वे भावे तहा अपच्चक्खाणं ।
एएणुवसेण य अकारओ वण्णिओ चेया ॥२८४॥
जावं अपडिक्कमणं अपच्चक्खाणं च दव्वभावाणं ।
कुव्वइ आदा तावं कत्ता सो होइ णायव्वो ॥२८५॥ (त्रिकलम्)

अप्रतिक्रमण द्विविध है, अप्रत्याख्यान भी द्विविध जानो ।
इससे हि सिद्ध यह है, चेतयिता तो अकारक है ॥२८३॥
द्रव्य भाव दो अप्रति-क्रमण तथा अप्रत्याख्यान भि दो ।
इससे हि सिद्ध यह है, चेतयिता तो अकारक है ॥२८४॥
द्रव्य तथा भावोंका, प्रतिक्रमण न प्रत्याख्यान जब तक ।
करता है यह आत्मा, तब तक कर्ता इसे जानो ॥२८५॥

नामसंज्ञा--अपडिक्कमण, दुविह, अपच्चक्खाण, तह, एव, विण्णेय, एत, उवएस, य, अकारअ, वण्णिअ, चेया, अपडिक्कमण, दुविह, दव्व, भाव, तहा, अपच्चक्खाण, एत, उवएस, य, अकारअ, वण्णिय,

---

है । ३- जीवके रागादि परिणमन उदयागत द्रव्यप्रत्ययके सान्निध्यमें होते हैं ।

दृष्टि--१- निमित्तदृष्टि (५३अ) । २- निमित्तत्वनिमित्तदृष्टि (२०१) । ३-उपाधि-सापेक्ष अशुद्धद्रव्यार्थिकनय (२४) ।

प्रयोग--रागादिविकारोंको अस्वभावभाव जानकर उससे आत्मीयता न जोड़कर शाश्वत ज्ञानस्वभावमें आत्मत्वका अनुभव करना ॥ २८२ ॥

प्रश्न--यदि अज्ञानीके रागादिक फिर कर्मबन्धके कारण हैं, तो आत्मा रागादिकोंका अकारक कैसे है ? उत्तर--[अप्रतिक्रमणं] अप्रतिक्रमण [द्विविधं] दो प्रकारका [तथैव] उसी तरह [अप्रत्याख्यानं] अप्रत्याख्यान भी दो प्रकारका [विज्ञेयं] जानना [एतेन उपदेशेन च] इस उपदेशसे [चेतयिता] आत्मा [अकारकः भणितः] अकारक कहा गया है । [अप्रतिक्रमणं] अप्रतिक्रमण [द्विविधं] दो प्रकार है [द्रव्ये भावे] एक तो द्रव्यमें, दूसरा भावमें । [तथा अप्रत्याख्यानं] उसी तरह अप्रत्याख्यान भी दो तरहका है एक द्रव्यमें दूसरा भावमें

अप्रतिक्रमणं द्विविधमप्रत्याख्यानं तथैव विज्ञेयं । एतेनोपदेशेन चाकारको वर्णितश्चेतयिता ॥ २८३ ॥
अप्रतिक्रमणं द्विविधं द्रव्ये भावे तथाऽप्रत्याख्यानं । एतेनोपदेशेन चाकारको वर्णितश्चेतयिता ॥ २८४ ॥
यावदप्रतिक्रमणमप्रत्याख्यानं च द्रव्यभावयोः । करोत्यात्मा तावत्कर्ता स भवति ज्ञातव्यः ॥ २८५ ॥

आत्मात्मना रागादीनामकारक एव, अप्रतिक्रमणाप्रत्याख्यानयोर्द्वैविध्योपदेशान्यथानुपपत्तेः । यः खलु अप्रतिक्रमणाप्रत्याख्यानयोर्द्रव्यभावभेदेन द्विविधोपदेशः स द्रव्यभावयोर्निमित्त-

---

चेया, जावं, अपडिक्कमण, अपच्चक्खाण, च, दव्वभाव, अत्त, तावं, कत्तार, त, णादव्व । **धातुसंज्ञ**—जाण अवबोधने, वण्ण वर्णने, कुव्व करणे, हो सत्तायां । **प्रातिपदिक**—अप्रतिक्रमण, द्विविध, अप्रत्याख्यान, तथा, एव, विज्ञेय, एतत्, उपदेश, च, अकारक, वर्णित, चेतयितृ, अप्रतिक्रमण, द्विविध, द्रव्य, भाव, तथा, अप्रत्याख्यान, एतत्, उपदेश, च, अकारक, वर्णित, चेतयितृ, यावत्, अप्रतिक्रमण, अप्रत्याख्यान, च, द्रव्यभाव,

---

[एतेन उपदेशेन च] इस उपदेशसे **[चेतयिता]** आत्मा **[अकारकः वर्णितः]** अकारक कहा गया है । **[यावत्]** जब तक **[आत्मा]** आत्मा **[द्रव्यभावयोः]** द्रव्य और भावमें **[अप्रतिक्रमणं च अप्रत्याख्यानं]** अप्रतिक्रमण और अप्रत्याख्यान **[करोति]** करता है **[तावत्]** तब तक **[सः]** वह आत्मा **[कर्ता भवति]** कर्ता होता है **[ज्ञातव्यः]** ऐसा जानना चाहिये ।

तात्पर्य—द्रव्य अप्रत्याख्यान आदि निमित्त है और भाव अप्रत्याख्यान आदि नैमित्तिक है इस उपदेशसे भी यही सिद्ध होता है कि आत्मा रागादिभावोंका अकर्ता है ।

टीकार्थ—आत्मा स्वतः रागादि भावोंका अकारक ही है, क्योंकि अन्यथा याने आप ही रागादिभावोंका कारक हो तो अप्रतिक्रमण और अप्रत्याख्यान ऐसे दो प्रकारपनेके उपदेश की अनुपपत्ति होती है । अप्रतिक्रमण और अप्रत्याख्यान जो यह वास्तवमें दो प्रकारका उपदेश है वह उपदेश द्रव्य और भावके निमित्तनैमित्तिकभावको बतलाता हुआ आत्माके अकर्तापनको बतलाता है । इस कारण यह सिद्ध हुआ कि परद्रव्य तो निमित्त है और आत्माके रागादिक भाव नैमित्तिक हैं । यदि ऐसा न माना जाय तो द्रव्य अप्रतिक्रमण और द्रव्य अप्रत्याख्यान इन दोनोंके कर्तृत्वके निमित्तपनेका उपदेश व्यर्थ ही हो जायगा । और उपदेशके व्यर्थ होनेपर एक आत्माके ही रागादिक भावके निमित्तपनेकी प्राप्ति होनेपर सदा कर्तापनका प्रसंग आयेगा, उससे मोक्षका अभाव सिद्ध होगा । इस कारण आत्माके रागादिभावोंका निमित्त परद्रव्य ही होओ । ऐसा होनेपर आत्मा रागादिभावोंका अकारक ही है यह सिद्ध हुआ । तो भी जब तक रागादिकके निमित्तभूत परद्रव्यका प्रतिक्रमण तथा प्रत्याख्यान न करे तब तक नैमित्तिकभूत रागादिभावोंका प्रतिक्रमण प्रत्याख्यान नहीं होता । और जब तक इन भावोंका प्रतिक्रमण प्रत्याख्यान न हो तब तक आत्मा रागादिभावोंका कर्ता ही है । जिस समय रागादिभावोंके निमित्तभूत द्रव्योंका प्रतिक्रमण प्रत्याख्यान करता है, उसी समय नैमि-

नैमित्तिकभावं प्रथयन्नकर्तृत्वमात्मनो ज्ञापयति । तत एतत् स्थितं, परद्रव्यं निमित्तं, नैमित्तिका आत्मनो रागादिभावाः । यद्येवं नेष्येत तदा द्रव्याप्रतिक्रमणाप्रत्याख्यानयोः कर्तृत्वनिमित्तत्वोपदेशोऽनर्थक एव स्यात् । तदनर्थकत्वे त्वेकस्यैवात्मनो रागादिभावनिमित्तत्वापत्तौ नित्यकर्तृत्वानुषंगान्मोक्षाभावः प्रसजेच्च । ततः परद्रव्यमेवात्मनो रागादिभावनिमित्तमस्तु । तथासति तु रागादीनामकारक एवात्मा, तथापि यावन्निमित्तभूतं द्रव्यं नैव प्रतिक्रामति न प्रत्याचष्टे च

आत्मन्, तावत्, कर्तृ, तत्, ज्ञातव्य । **मूलधातु**—ज्ञा अवबोधने, वर्ण वर्णने, डुकृञ् करणे, भू सत्तायां । **पदविवरण**—अपडिक्कमणं अप्रतिक्रमण–प्रथमा एकवचन । दुविहं द्विविधं–प्रथमा एक० । अपच्चक्खाणं अप्रत्याख्यानं–प्र० एक० । तह तथा एव–अव्यय । विण्णेयं विज्ञेयं–प्र० ए० । एएण एतेन–तृतीया एक० । उवएसेण उपदेशेन–तृतीया एक० । य च–अव्यय । अकारयो अकारकः–प्रथमा एक० । वण्णियो वर्णितः–प्र० ए० । चेया चेतयिता–प्र० ए० । अपडिक्कमणं अप्रतिक्रमणं दुविहं द्विविधं–प्रथमा एक० । दव्वे द्रव्ये भावे–सप्तमी एक० । तहा तथा–अव्यय । अपच्चक्खाणं अप्रत्याख्यानं–प्रथमा एकवचन । एएण आदि पूर्व-

---

त्तिकभूत रागादिभावोंका प्रतिक्रमण प्रत्याख्यान होता है तथा जिस समय इन भावोंका प्रतिक्रमण प्रत्याख्यान हुआ उस समय साक्षात् अकर्ता ही है । **भावार्थ**—यहाँ द्रव्य अप्रतिक्रमण और भाव अप्रतिक्रमण, द्रव्य अप्रत्याख्यान और भाव अप्रत्याख्यान ऐसे दो प्रकारका जो उपदेश है वह द्रव्यभावके निमित्तनैमित्तिक भावको बताता है कि परद्रव्य तो निमित्त है और रागादिक भाव नैमित्तिक हैं । सो जब तक निमित्तभूत परद्रव्यका त्याग इस आत्माके नहीं है तब तक तो रागादिभावोंका परिहार नहीं है और जब तक रागादिभावोंका अप्रतिक्रमण और अप्रत्याख्यान है तब तक रागादिभावोंका कर्ता ही है । तथा जिस समय निमित्तभूत परद्रव्यका त्याग करे; उस समय नैमित्तिक रागादिभावोंका भी परिहार हो जाता है, और जब रागादि भावोंका परिहार हो जाय तब साक्षात् अकर्ता ही है । इस प्रकार आत्मा स्वयमेव तो रागादि भावोंका अकर्ता ही है, यह सुसिद्ध हुआ ।

प्रसंगविवरण—अनन्तरपूर्व गाथा तक ५ गाथावोंमें जीवके रागादिकके अकारकपने को वर्णनका स्थल समाप्त किया था । अब रागादिकका अकारकपना कैसे है, इस जिज्ञासाका समाधान इन तीन गाथावोंमें किया है ।

तथ्यप्रकाश—१– आत्मा अपने आपके द्वारा रागादिका अकारक है, अन्यथा अप्रतिक्रमण व अप्रत्याख्यान दो-दो प्रकारके न दिखाये जाते । २– अप्रतिक्रमण दो प्रकारका है—(१) भाव अप्रतिक्रमण, (२) द्रव्य प्रतिक्रमण । ३–अप्रत्याख्यान दो प्रकारका है—(१) भाव अप्रत्याख्यान, (२) द्रव्य अप्रत्याख्यान । ४– परद्रव्यको न त्याग सकना द्रव्य अप्रत्याख्यान आदि है । ५–परद्रव्यविषयक राग न त्याग सकना भाव अप्रत्याख्यान आदि है । ६–परद्रव्य

तावन्नैमित्तिकभूतं भावं न प्रतिक्रामति न प्रत्याचष्टे च, यावत्तु भावं न प्रतिक्रामति न प्रत्याचष्टे तावत्तत्कर्तैव स्यात् । यदैव निमित्तभूतं द्रव्यं प्रतिक्रामति प्रत्याचष्टे च तदैव नैमित्तिकभूतं भावं प्रतिक्रामति प्रत्याचष्टे च । यदा तु भावं प्रतिक्रामति प्रत्याचष्टे च तदा साक्षादकर्तैव स्यात् ॥ २८३-२८५ ॥

गाथावत् । जावं यावत्—अव्यय । अपडिक्कमणं अप्रतिक्रमण—द्वितीया एक० । अपच्चक्खाणं अप्रत्याख्यानं—द्वि० एक० । च—अव्यय । दव्वभावाणं द्रव्यभावानां—षष्ठी बहु० । कुव्वइ करोति—वर्तमान लट् अन्य पुरुष एक० क्रिया । आदा आत्मा—प्रथमा एकवचन । तावं तावत् कत्ता कर्ता—प्र० ए० । सो सः—प्र० ए० । होइ भवति—वर्तमान लट् अन्य पुरुष एक० । णायव्वो ज्ञातव्यः—प्रथमा एकवचन ॥ २८३-२८५ ॥

निमित्त है, रागादिभाव नैमित्तिक है । ७— जब तक परद्रव्यका त्याग न किया जा सके तब तक रागका कैसे त्याग हो सकेगा ? ८— जब तक रागादिभावोंको न त्याग सके याने रागादिभावोंको अपनाये तब तक वह कर्ता है । ९— जब जीव मनसा वचसा कायेन परद्रव्यका त्याग कर देता है तभी वह रागादिभावोंको त्याग देता है । १०— जब रागादिभावोंको त्याग दिया तब वह अकर्ता ही है । ११— अप्रतिक्रमण अप्रत्याख्यान (रागादिभाव) ये कर्मके कर्ता हैं । कर्मका कर्ता जीवद्रव्य नहीं । १२— यदि जीवद्रव्य कर्मका कर्ता हो तो सदा ही कर्ता रहना पड़ेगा क्योंकि जीव सदा है । १३— रागादिविकल्प अनित्य हैं सो जब स्वभावच्युत जीवोंके रागादिविकल्प है तब कर्ता है । १४— स्वभावाश्रय होनेपर विकल्पसंकल्प न रहनेसे ज्ञानी कर्ता नहीं है ।

सिद्धान्त—१— कर्मविपाकप्रतिफलित रागादिकको जो अपनाये वह अज्ञानी है । २— कर्मविपाकप्रतिफलित रागादिकको जो अत्यन्त दूर करे वह ज्ञानी है ।

दृष्टि—१—उपाधिसापेक्ष अशुद्धद्रव्यार्थिकनय (२४) । २—प्रतिषेधक शुद्धनय (४९अ) ।

प्रयोग—रागादि विकारका निमित्तके साथ अन्वयव्यतिरेक निरखकर उससे हटकर अपने स्व शाश्वत ज्ञानस्वभावमें रमकर तृप्त रहना ॥२८३-२८५॥

अब द्रव्य और भावको निमित्तनैमित्तिकताका उदाहरण देते हैं:—[**अधःकर्माद्याः ये इमे**] अधःकर्म आदि जो ये [**पुद्गलद्रव्यस्य दोषाः**] पुद्गल द्रव्यके दोष हैं [**तान्**] उनको [**ज्ञानी**] ज्ञानी [**कथं करोति**] कैसे करे ? [**तु**] क्योंकि [**ये**] ये [**नित्यं**] सदा ही [**परद्रव्यगुणाः**] परद्रव्यके याने पुद्गलद्रव्यके गुण हैं । [**च**] और [**इदं**] यह **अधःकर्मौद्देशिकं**] अधःकर्म और उद्देशिक [**पुद्गलमयं द्रव्यं**] पुद्गलमय द्रव्य [**यत्**] जो कि [**नित्यं**] सदा

द्रव्यभावयोर्निमित्तिकभावोदाहरणं चैतत्—

आधाकम्माईया पुग्गलदव्वस्स जे इमे दोसा ।
कह ते कुव्वइ णाणी परदव्वगुणा उ जे णिच्चं ॥२८६॥
आधाकम्मं उद्देसियं च पोग्गलमयं इमं दव्वं ।
कह तं मम होइ कयं जं णिच्चमचेयणं उत्तं ॥२८७॥

अधःकर्मादि दूषण, पुद्गलद्रव्यके दोष हैं उनको ।
ज्ञानी किमु कर सकता, वे परिणति नित्य पुद्गलकी ॥२८६॥
अधःकर्म औद्देशिक पुद्गलमय द्रव्य है कहा इनको ।
नित्य अचेतन फिर वे, कैसे मेरे किये होते ॥२८७॥

अधःकर्माद्याः पुद्गलद्रव्यस्य य इमे दोषाः । कथं तान् करोति ज्ञानी परद्रव्यगुणस्तु ये नित्यं ॥ २८६ ॥
अधःकर्मौद्देशिकं च पुद्गलमयमिदं द्रव्यं । कथं तन्मम भवति कृतं यन्नित्यमचेतनमुक्तं ॥ २८७ ॥

यथाधःकर्मनिष्पन्नमुद्देशनिष्पन्नं च पुद्गलद्रव्यं निमित्तभूतमप्रत्याचक्षाणो नैमित्तिकभूतं बंधसाधकं भावं न प्रत्याचष्टे तथा समस्तमपि परद्रव्यमप्रत्याचक्षाणस्तन्निमित्तकं भावं न

नामसंज्ञा—आधाकम्माईय, पुग्गलदव्व, ज, इम, दोस, कह, त, णाणि, परदव्वगुण, उ, ज, णिच्चं, आधाकम्म, उद्देसिय, च, पोग्गलमय, इम, दव्व, कह, त, मम, कय, ज, णिच्चं, अचेयण, उत्त । धातुसंज्ञा—

[अचेतनं उक्तं] अचेतन कहा गया है [तत्] वह [मम] मेरा [कृतं] किया [कथं भवति] कैसे हो सकता है ?

टीकार्थ—जैसे भावोंके निमित्तभूत अधःकर्मसे निष्पन्न और उद्देशसे उत्पन्न (आहार आदिक) पुद्गल द्रव्यको न त्यागता हुआ मुनि उस द्रव्यके नैमित्तिकभूत और बंधके साधक भावको भी त्याग नहीं करता, उसी प्रकार जो समस्त परद्रव्यको त्याग नहीं करता है वह उसके निमित्तसे हुए भावोंको भी त्याग नहीं करता । और अधःकर्म आदिक पुद्गलद्रव्योंके दोषोंको आत्मा नहीं करता, क्योंकि ये दोष पुद्गल द्रव्यके परिणाम हैं । ऐसा होनेपर आत्माके इनके कार्यत्वका अभाव है । इस कारण ज्ञानी ऐसा जानता है कि जो अधःकर्म उद्देशिक पुद्गलद्रव्य हैं वे मेरे कार्य नहीं हैं; क्योंकि ये नित्य ही अचेतन होनेसे मेरे कार्यत्वका इनके अभाव है । ऐसे तत्त्वज्ञानपूर्वक निमित्तभूत पुद्गलद्रव्यको त्यागता हुआ मुनि बंधके साधक नैमित्तिकभूत भावको भी त्यागता है; उसी तरह समस्त परद्रव्यको त्याग करता हुआ आत्मा उस परद्रव्यके निमित्तसे हुए भावोंको भी त्यागता है । इस प्रकार द्रव्य और भाव इन दोनों

प्रत्याचष्टे । यथा चाधःकर्मादीन पुद्गलद्रव्यदोषान्न नाम करोत्यात्मा परद्रव्यपरिणामत्वे सति आत्मकार्यत्वाभावात् । ततोऽधःकर्मोद्देशिकं च पुद्गलद्रव्यं न मम कार्यं, नित्यमचेतनत्वे सति मत्कार्यत्वाभावात् इति तत्त्वज्ञानपूर्वकं पुद्गलद्रव्यं निमित्तभूतं प्रत्याचक्षाणो नैमित्तिकभूतं बंधसाधकं भावं प्रत्याचष्टे तथा समस्तमपि परद्रव्यं प्रत्याचक्षाणस्तन्निमित्तं भावं प्रत्याचष्टे ।

कुव्व करणे, हो सत्तायां, वच्च परिभाषणे । **प्रातिपदिक**—अधःकर्मन्, पुद्गलद्रव्य, यत्, इदम्, दोष, कथं, तान्, ज्ञानिन्, परद्रव्यगुण, तु, यत्, नित्यं, अधःकर्मन्, उद्देशिक, च, पुद्गलमय, इदम्, द्रव्य, कथं, तत्, अस्मत्, कृत, यत्, नित्य, अचेतन, उक्त । **मूलधातु**—डुकृञ् करणे, भू सत्तायां । **पदविवरण** आधाकम्मादीया अधःकर्माद्याः—प्रथमा बहुवचन । पुग्गलदव्वस्स पुद्गलद्रव्यस्य—षष्ठी एक० । जे ये इमे इमे दोसा दोषाः—प्रथमा बहु० । कह कथं—अव्यय । ते तान्—द्वितीया बहु० । कुव्वइ करोति—वर्तमान लट् अन्य पुरुष

का निमित्तनैमित्तिकभाव है । **भावार्थ**—जो आहार पापकर्मसे उत्पन्न हो उसे अधःकर्मनिष्पन्न कहते हैं । जो आहारमात्र किसीके निमित्त ही बना हुआ हो उसे उद्देशिक कहते हैं । इन दोनों प्रकारके आहारका जो पुरुष सेवन करे उसके वैसे ही भाव होते हैं इस तरह द्रव्य और भावका जैसे निमित्तनैमित्तिक संबंध है, उसी तरह समस्त द्रव्योंका भावके साथ निमित्तनैमित्तिक सम्बन्ध जानना कि जो परद्रव्यको ग्रहण करता है, उसके रागादिभाव होते हैं उनका कर्ता होता है और कर्मका बंध करता है । किन्तु जब ज्ञानी हो जाता है तब किसीके ग्रहण करनेका राग नहीं, रागादिरूप परिणमन भी नहीं, तब कर्मबंध भी नहीं होता । इस प्रकार सिद्ध हुआ कि ज्ञानी परद्रव्यका कर्ता नहीं है ।

अब परद्रव्यके त्यागका उपदेश करते हैं—**इत्यालोच्य** इत्यादि । **अर्थ**—इस प्रकार परद्रव्यका और अपने भावका निमित्तनैमित्तिकपना विचारकर परद्रव्यमूलक बहुभावोंकी परिपाटीको युगपत् उखाड़ फेंकनेका इच्छुक समस्त परद्रव्यको बलपूर्वक अलग करके अतिशयसे धारावाही पूर्ण एक संवेदनयुक्त अपने आत्माको प्राप्त होता है । जिससे कि जिसने कर्मबंधन मूलसे उखाड़ दिये हैं, ऐसा यह भगवान् आत्मा अपने आत्मामें ही स्फुरायमान होता है याने प्रकट होता है । **भावार्थ**—परद्रव्य और अपने भावका निमित्तनैमित्तिकभाव जानकर आत्महितेच्छु समस्त परद्रव्यका त्याग करे तो समस्त रागादिभावोंकी संतति हट जाती है, और तब आत्मा अपना ही अनुभव करता हुआ कर्मके बन्धनको काटकर स्वयंमें ही प्रकाशरूप प्रकट होता है ।

अब बन्धका अधिकार पूर्ण होते समय अंतमें मंगलरूप ज्ञानकी महिमा इस कलशमें कहते हैं—**रागादि** इत्यादि । **अर्थ**—बंधके कारणरूप रागादिके उदयको निर्दयतापूर्वक याने

एवं द्रव्यभावयोरस्ति निमित्तनैमित्तिकभावः ।। इत्यालोच्य विवेच्य तत्किल परद्रव्यं समग्रं बलात्तन्मूलं बहुभावसंततिमिमामुद्धर्तुकामः समं । आत्मानं समुपैति निर्भरवहत्पूर्णैकसंविद्युतं येनोन्मूलितबंध एष भगवानात्मात्मनि स्फूर्जति ।।१७८।। रागादीनामुदयमदयं दारयत्कारणानां कार्यं बंधं विविधमधुना सद्य एव प्रणुद्य । ज्ञानज्योतिः क्षपिततिमिरं साधु सन्नद्धमेतत्तद्बध्नद्-

---

एक० । णाणी ज्ञानी–प्रथमा एक० । परदव्वगुणा परद्रव्यगुणाः–प्र० बहु० । उ तु–अव्यय । जे ये–प्रथमा बहु० । णिच्चं नित्यं–अव्यय । आधाकम्मं अधःकर्म–प्रथमा एकवचन । उद्देसियं उद्देशिकं–प्र० एक० । च–अव्यय । पोग्गलमयं पुद्गलमयं–प्र० एक० । इमं इदं–प्र० ए० । दव्वं द्रव्यं–प्र० ए० । कह कथं–अव्यय । तं तत्–प्र० ए० । मम–षष्ठी एक० । होइ भवति–वर्तमान लट् उत्तम पुरुष एक० क्रिया । कयं कृतं–प्रथमा

प्रस्तर पुरुषार्थसे विदारण करती हुई, उस रागादिके कार्यरूप ज्ञानावरणादि अनेक प्रकारके बंधको अब तत्काल ही दूर करके, जिसने अज्ञानरूपी अन्धकारका नाश किया है ऐसी यह ज्ञानज्योति सही ऐसी सज्जित हुई कि अब उसके विस्तारको अन्य कोई आवृत नहीं कर सकता । भावार्थ—जब ज्ञान प्रकट होता है तब रागादिक नहीं रहते, उनका कार्य कर्मबन्ध भी नहीं होता तब फिर इसके विकासको रोकने वाला कोई नहीं रहता, सदा प्रकाशमान ही रहता है ।

इस तरह बंध स्वांगको दूर कर निकल गया ।

प्रसंगविवरण—अनन्तरपूर्व गाथात्रयमें द्रव्य व भावमें निमित्तनैमित्तिकभाव दर्शाते हुए बताया गया था कि आत्मा रागादिका अकारक है । अब इन दो गाथाओंमें द्रव्य व भाव में स्थित निमित्तनैमित्तिकभावका उदाहरण बताया है ।

तथ्यप्रकाश—(१) परद्रव्यप्रसंग व विकारभावमें निमित्तनैमित्तिक भाव है । (२) अधःकर्मनिष्पन्न व उद्दिष्ट आहार पुद्गलद्रव्यमय है । (३) पुद्गलद्रव्यमय आहारके दोष गुण मुनि ज्ञानी द्वारा नहीं किये जा सकते । (४) पुद्गलद्रव्यमय आहारमें मन वचन कायसे कृत कारित अनुमोदनाका प्रसंग करे तो उसके बन्ध होता । (५) यदि परकृत आहारमें मन वचन कायसे कृत कारित अनुमोदनाका भाव रंच भी न हो तो उसके बन्ध नहीं होता । (६) भेद-ज्ञान होनेपर निश्चयरत्नत्रयके साधक संत जनोंके योग्य आहारके विषयमें भी मन वचन काय कृत कारित अनुमोदनाका भाव नहीं रहता । (७) नवकोटि विशुद्ध मुनियोंके परकृताहारादि विषयमें बन्ध नहीं है । (८) यदि परकीय परिणामसे बन्ध होने लगे तब तो फिर किसी भी कालमें निर्वाण नहीं हो सकता ।

सिद्धान्त—(१) कर्मबन्धका निमित्त स्वकीय रागादि अज्ञानमय परिणाम है । (२)

प्रसरमपरः कोऽपि नास्यावृणोति ॥१७९॥ इति बंधो निष्क्रांतः ॥ २८६-२८७ ॥

इति श्रीमदमृतचंद्रसूरिविरचितायां समयसारव्याख्यायामात्मख्यातौ
बंधप्ररूपकः सप्तमोऽङ्कः ॥ ७ ॥


एक० । जं यत्–प्रथमा एक० । णिच्चं नित्यं–प्रथमा एक० । अचेयणं अचेतनं–प्रथमा एकवचन । उत्तं उक्तं–प्रथमा एकवचन ॥ २८६-२८७ ॥

नवकोटिविशुद्ध मुनिके कर्मबन्ध नहीं है ।

दृष्टि—१– निमित्तदृष्टि (५३अ) । २– शुद्धभावनापेक्ष शुद्ध द्रव्यार्थिकनय (२४ब) ।

प्रयोग—परद्रव्य मुझमें राग नहीं करता, स्वभावतः आत्मा राग नहीं करता, किन्तु परद्रव्यविषयक रागादिविकल्प मुझे परतन्त्र बनाता यह जानकर रागादिविकल्पको छोड़कर अविकल्प सहज शुद्ध ज्ञानानन्दस्वभावमें उपयोग लगाना ॥ २८६-२८७ ॥

इति श्रीमत्कुन्दकुन्दाचार्यविरचित समयसार व उसकी श्रीमदमृतचंद्रसूरिविरचित
समयसारव्याख्या आत्मख्यातिकी सहजानन्दसमदशाङ्की टीकामें
बन्धप्ररूपक सातवां अंक समाप्त हुआ ।



अथ मोक्षाधिकारः

अथ प्रविशति मोक्षः । द्विधाकृत्य प्रज्ञाक्रकचदलनाद्बंधपुरुषौ नयन्मोक्षं साक्षात्पुरुषमुपलंभैकनियतं । इदानीमुन्मज्जत् सहजपरमानंदसरसं परं पूर्णं ज्ञानं कृतसकलकृत्यं विजयते ॥

जह णाम कोवि पुरिसो बंधणयम्हि चिरकालपडिबद्धो ।
तिव्वं मंदसहावं कालं च वियाणए तस्स ॥२८८॥
जइ णवि कुणइ च्छेदं ण मुच्चए तेण बंधणवसो सं ।
कालेण उ बहुएणवि ण सो णरो पावइ विमोक्खं ॥२८९॥
इय कम्मबंधणाणं पएसठिइपयडिमेवमणुभागं ।
जाणंतोवि ण मुच्चइ मुच्चइ सो चेव जइ सुद्धो ॥२९०॥

जैसे कोई पुरुष जो, बन्धनमें चिरकालसे बँधा हो ।
तीव्र मंद भावोंको, अरु बन्धनकालको जाने ॥२८८॥
यदि वह नर नहिं काटे, बन्धनको बन्धके वश हुआ तो ।
से अज्ञानीपन है । इसलिये ऐसा नियम किया जाता है कि अज्ञानी प्रकृतिस्वभावमें ठहरनेसे कर्मका भोक्ता ही है । **भावार्थ**—इस गाथामें "अज्ञानी कर्मके फलका भोक्ता ही है" यह नियम किया गया है । जैसे कि अभव्य बाह्य कारणोंके मिलनेपर भी कर्मके उदयको अपनाने का स्वभाव नहीं बदलता, इस कारण यह सिद्ध हुआ कि अज्ञानीको शुद्ध आत्माका ज्ञान नहीं, अतः अज्ञानीके भोक्तापनेका नियम बनता है ।

प्रसंगविवरण—अनन्तरपूर्व गाथामें बताया गया था कि अज्ञानी कर्मफलका भोक्ता होता है और ज्ञानी कर्मफलका भोक्ता नहीं । अब इस गाथामें अज्ञानी कर्मफलका भोक्ता ही है ऐसा नियम युक्ति दृष्टान्तपूर्वक दर्शाया गया है ।

तथ्यप्रकाश—(१) अभव्य जीव सदा अभव्यत्व अशुद्ध पारिणामिक भावमय होनेसे प्रकृतिस्वभावको याने कर्मविपाकलगावको स्वयं छोड़ता ही नहीं । (२) प्रकृतिस्वभावको छुड़ाने में समर्थ द्रव्य श्रुतज्ञान है सो श्रुतका विशिष्ट अध्ययन होनेपर भी वह नहीं छूटता । (३) अभव्य जीवको भावश्रुतज्ञानरूप शुद्धात्मज्ञान नहीं होनेसे सदा अज्ञान ही रहता है । (४) सदा अज्ञानमय होनेके कारण अभव्य जीव सदा प्रकृतिस्वभावमें स्थित रहा करते हैं । (५) प्रकृति-स्वभावमें स्थित रहनेके कारण अभव्य जीव कर्मफलका भोक्ता होता ही है ।

सिद्धान्त—(१) अभव्य जीव सदा अज्ञानमयभाववान रहनेसे विकारलगाव बनाये रहता है । (२) मिथ्यात्वोदयवश श्रुताध्ययन करके भी अभव्य शुद्ध नहीं हो पाता ।

दृष्टि—१– अशुद्धनिश्चयनय (४७) । २–उपाधिसापेक्ष अशुद्ध द्रव्यार्थिकनय (२४) ।

प्रयोग—सहजात्मस्वरूपकी व्यक्तिके लिये अपने आपको सहज अनन्त ज्ञानादिरूप शुद्ध अन्तस्तत्त्व जानकर इसी स्वरूपकी ओर उपयोग लगाना ॥ ३१७ ॥

अब ज्ञानी कर्मफलका अवेदक ही है, यह नियम किया जाता है—[ज्ञानी] ज्ञानी [निर्वेदसमापन्नः] वैराग्यको प्राप्त हुआ [मधुरं कटुकं] मीठा तथा कड़वा [अनेकविधं] इत्यादि अनेक प्रकारके [कर्मफलं] कर्मके फलको [विजानाति] जानता है [तेन] इस कारण [सः] वह [अवेदकः भवति] भोक्ता नहीं है ।

ज्ञानी त्ववेदक एवेति नियम्यते--

णिव्वेयसमावण्णो णाणी कम्मप्फलं वियाणेइ ।
महुरं कडुयं बहुविहमवेयओ तेण सो होई ॥३१८॥

वैराग्यप्राप्त ज्ञानी, मधुर कटुक विविध कर्मके फलको ।
जानता मात्र केवल, इससे उनका अवेदक वह ॥३१८॥

निर्वेदसमापन्नो ज्ञानी कर्मफलं विजानाति । मधुरं कटुकं बहुविधमवेदको तेन सः भवति ॥३१८॥

ज्ञानी तु निरस्तभेदभावश्रुतज्ञानलक्षणशुद्धात्मज्ञानसद्भावेन परतोऽत्यंतविविक्तत्वात् प्रकृतिस्वभावं स्वयमेव मुंचति ततोऽमधुरं मधुरं वा कर्मफलमुदितं ज्ञातृत्वात् केवलमेव जानाति, न पुनर्ज्ञाने सति परद्रव्यस्याहंतयाऽनुभवितुमयोग्यत्वाद्वेदयते । अतो ज्ञानी प्रकृतिस्वभावविरक्त-

---

नामसंज्ञ—णिव्वेयसमावण्ण, णाणि, कम्मफल, महुर, कडुय, बहुविह, अवेयअ, त, त । **धातुसंज्ञ**—वि जाण अवबोधने, हो सत्तायां । **प्रातिपदिक**—निर्वेदसमापन्न, ज्ञानिन्, कर्मफल, मधुर, कटुक, बहुविध,

तात्पर्य—ज्ञानी रागादिभावोंको परभाव जानकर उनसे लगाव नहीं रखता, अतः कर्मफलका केवल ज्ञाता रहनेके कारण वह कर्मफलका भोक्ता नहीं होता ।

टीकार्थ—ज्ञानी अभेदरूप भावश्रुतज्ञानस्वरूप शुद्धात्मज्ञानके होनेसे परसे अत्यन्त विरक्तपना होनेके कारण कर्मके उदयके स्वभावको स्वयं ही छोड़ देता है । इस कारण मीठा कड़वा सुख दुःखरूप उदित कर्मफलको ज्ञातापन होनेके कारण केवल जानता ही है । न कि ज्ञानके होनेपर परद्रव्यको अहंरूपसे अनुभव करनेकी अयोग्यता होनेके कारण भोक्ता होता है । अतः ज्ञानी कर्मस्वभावसे विरक्तपना होनेसे अवेदक ही है । **भावार्थ**—जो जीव जिससे विरक्त होता है वह उसको अपने वश तो भोगता नहीं है यदि परवश भोगना ही पड़े तो उसे परमार्थतः भोक्ता नहीं कहते, इस न्यायसे चूंकि ज्ञानी कर्मके उदयको अपना नहीं समझता, उससे विरक्त है, सो वह स्वयमेव तो भोगता ही नहीं, यदि उदयकी बलवत्तासे परवश हुआ अपनी निर्बलतासे कर्मविपाकको भोगे तो उसे वास्तवमें भोक्ता नहीं कहते । जीव कर्मानुभाग का तो व्यवहारसे भोक्ता है, और कर्मप्रतिफलनका अशुद्ध निश्चयनयसे भोक्ता है, उसका यहाँ शुद्धनयके कथनमें अधिकार ही नहीं है ।

अब इसी अर्थको कलशरूप काव्यमें कहते हैं—**ज्ञानी** इत्यादि । **अर्थ**—ज्ञानी जीव कर्मको न तो करता है और न भोगता है, मात्र कर्मस्वभावको जानता ही है । इस प्रकार ज्ञानी केवल जानता हुआ कर्तृत्व और भोक्तृत्वके अभावके कारण शुद्ध स्वभावमें निश्चल हुआ वास्तवमें मुक्त ही है । **भावार्थ**—ज्ञानी कर्मका स्वाधीनपनेसे कर्ता भोक्ता नहीं वह तो

त्वादवेदक एव ॥ ज्ञानी करोति न च वेदयते च कर्म जानाति केवलमयं किल तत्स्वभावं ।
जानन्परं करणवेदनयोरभावात् शुद्धस्वभावनियतः स हि मुक्त एव ॥१९८॥ ॥ ३१८ ॥

अवेदक, तत्, तत् । **मूलधातु**—वि ज्ञा अवबोधने, भू सत्तायां । **पदविवरण**—णिव्वेयसमावण्णो निर्वेदसमापन्नः—प्रथमा एकवचन । णाणी ज्ञानी—प्रथमा एकवचन । कम्मफलं कर्मफलं—द्वितीया एक० । वियाणेइ विजानाति—वर्तमान लट् अन्य पुरुष एकवचन क्रिया । मधुरं मधुरं कडुयं कटुकं बहुविहं बहुविधं—द्वि० ए० । अवेदओ अवेदकः—प्रथमा एक० । तेण तेन—तृतीया एक० । सो सः—प्रथमा एकवचन । होइ भवति—वर्तमान लट् अन्य पुरुष एकवचन क्रिया ॥ ३१८ ॥

केवल ज्ञाता ही है, इस कारण शुद्ध स्वभावमें उपयुक्त हुआ वह अन्तः मुक्त ही है । कर्मका उदय आता है, प्रतिफलन होता है वहाँ ज्ञानी क्या कर सकता है ? कुछ नहीं, सो जब तक यह निर्बलता रहती है तब तक कर्म जोर चला लें, कभी तो ज्ञानी कर्मका निर्मूल नाश करेगा ही । तथा वर्तमानमें शुद्ध स्वभावमें नियत है सो मुक्त-सा ही है ।

प्रसंगविवरण—अनन्तरपूर्व गाथामें बताया गया था कि अज्ञानी कर्मफलका भोक्ता ही है । अब इस गाथामें बताया है कि ज्ञानी कर्मफलका अभोक्ता है अर्थात् भोक्ता नहीं है ।

तथ्यप्रकाश—(१) अभेदभावश्रुत ज्ञानस्वरूप शुद्धात्मज्ञान जिसके है वह ज्ञानी है । (२) ज्ञानी परसे अत्यन्त जुदा है, अतः प्रकृतिस्वभावको स्वयं ही छोड़ देता है । (३) जिसने प्रकृतिस्वभावको छोड़ दिया है वह उदित शुभाशुभ कर्मफलका मात्र ज्ञाता है । (४) ज्ञानी परद्रव्यको अहंरूपसे अनुभव करनेमें असमर्थ है, अतः कर्मफलको नहीं भोग सकता । (५) जहाँ प्रकृतिस्वभावसे विरक्ति है, संसार शरीर भोगसे विरक्ति है वहाँ प्रकृतिस्वभावसे लगाव नहीं हो सकता । (६) ज्ञानी शुद्धात्मभावनाजन्य सहज अतीन्द्रिय आनन्दको छोड़कर इन्द्रियसुखमें कर्मफलमें नहीं लग सकता ।

सिद्धान्त—(१) भेदविज्ञान व अभेदान्तस्तत्त्वकी प्रतीति होनेसे ज्ञानी कर्मफलका मात्र साक्षी है, भोक्ता नहीं । (२) ज्ञानीकी दृष्टिमें परभावके नाते शुभ अशुभ कर्मफल परतत्त्व हैं ।

दृष्टि—१– अभोक्तृनय (१९२) । २– साहश्यनय (२०२) ।

प्रयोग—पुण्य पाप कर्मविपाकको परभाव जानकर उसका मात्र ज्ञाता रहकर निष्कर्म ज्ञानस्वरूप स्वतत्त्वमें उपयोग लगाना ॥ ३१८ ॥

अब ज्ञानीके ज्ञातृत्वको फिर पुष्ट करते हैं—[ज्ञानी] ज्ञानी [बहुप्रकाराणि कर्माणि] बहुत प्रकारके कर्मोंको [नापि करोति] न तो करता है [नापि वेदयते] और न भोगता है [पुनः] परन्तु [बंधं] कर्मके बन्धको [च] और [कर्मफलं] कर्मके फल [पुण्यं च पापं] पुण्य

णवि कुव्वइ णवि वेयइ णाणी कम्माइं बहुपयाराइं ।
जाणइ पुण कम्मफलं बंधं पुण्णं च पावं च ॥३१९॥

नहिं कर्ता नहिं भोक्ता, ज्ञानी नाना प्रकार कर्मोंका ।
जानता मात्र विधिफल, बन्ध तथा पुण्य पापोंको ॥३१९॥

नापि करोति नापि वेदयते ज्ञानी कर्माणि बहुप्रकाराणि । जानाति पुनः कर्मफलं बंधं पुण्यं च पापं च ॥

ज्ञानी हि कर्मचेतनाशून्यत्वेन कर्मफलचेतनाशून्यत्वेन च स्वयमकर्तृत्वादवेदयितृत्वाच्च न कर्म करोति न वेदयते च । किंतु ज्ञानचेतनामयत्वेन केवलं ज्ञातृत्वात्कर्मबंधं कर्मफलं च शुभमशुभं वा केवलमेव जानाति ॥ ३१९ ॥

नामसंज्ञ—ण, वि, ण, वि, णाणि, कम्म, बहुपयार, पुण, कम्मफल, बंध, पुण्ण, च, पाव, च । **धातुसंज्ञ**—कुव्व करणे, वेद वेदने, जाण अवबोधने । **प्रातिपदिक**—न, अपि, न, अपि, ज्ञानिन्, कर्मन्, बहुप्रकार, पुनर्, कर्मफल, बन्ध, पुण्य, च, पाप, च । **मूलधातु**—डुकृञ् करणे, विद चेतनाख्याननिवासेषु चुरादि, ज्ञा अवबोधने । **पदविवरण**—ण न वि अपि पुण पुनः च—अव्यय । कुव्वइ करोति—वर्तमान लट् अन्य पुरुष एकवचन क्रिया । वेयइ वेदयते—वर्तमान लट् अन्य पुरुष एकवचन क्रिया । जाणइ जानाति—वर्तमान लट् अन्य पुरुष एकवचन क्रिया । कम्मफलं कर्मफलं—द्वितीया एकवचन । बंधं बंधं पुण्णं पुण्यं पावं पापं—द्वितीया एकवचन ॥ ३१९ ॥

और पापको [जानाति] मात्र जानता ही है ।

तात्पर्य—कर्म कार्माणवर्गणाके स्कन्ध हैं उन्हें जीव कैसे करेगा व कैसे भोगेगा और ज्ञानी तो कर्तृत्व भोक्तृत्वके विकल्पसे भी रहित है सो ज्ञानीके कर्मका करना व कर्मफलका भोगना विकल्पतः भी सम्भव नहीं, ज्ञानी तो उनको मात्र जानता ही है ।

टीकार्थ—कर्मचेतनाशून्यपना होनेसे तथा कर्मफलचेतनासे भी शून्यपना होनेसे स्वयं अकर्तृत्व व अभोक्तृत्व होनेसे ज्ञानी कर्मको न तो करता है और न भोगता है, किन्तु ज्ञानी ज्ञानचेतनायुक्त होनेसे केवल ज्ञाता ही है, इस कारण कर्मके बन्धको तथा कर्मके शुभ अशुभ फलको केवल जानता ही है । **भावार्थ**—ज्ञानी विकारका व पुण्य पाप कर्म आदिका मात्र ज्ञाता रहता है ।

प्रसंगविवरण—अनन्तरपूर्व गाथामें ज्ञानी कर्मफलका अवेदक ही दर्शाया गया था । अब उसी ज्ञानीकी स्वच्छता बतानेके लिये इस गाथामें बताया है कि ज्ञानी कर्मोंको न तो करता है और न भोगता है, किंतु वह तो पुण्य-पाप कर्मबंध कर्मफलका मात्र ज्ञाता रहता है ।

तथ्यप्रकाश—(१) ज्ञानी सहज शुद्ध ज्ञानमात्र अन्तस्तत्त्वकी वृत्तिरूप रहनेसे कर्मचेतनाशून्य है । (२) ज्ञानी शुद्धात्मभावनाजन्य सहजानन्दरससे तृप्त होनेके कारण कर्मफल-

पुनः एतत् ?—

दिट्ठी जहेव णाणं अकारयं तह अवेदयं चेव ।
जाणइ य बंधमोक्खं कम्मुदयं णिज्जरं चेव ॥३२०॥

ज्ञान नयनदृष्टी ज्यों, होय अकर्ता तथा अभोक्ता भी ।
बन्ध मोक्ष कर्मोदय, निर्जरको जानता वह है ॥३२०॥

दृष्टिः यथैव ज्ञानमकारकं तथाऽवेदकं चैव । जानाति च बंधमोक्षं कर्मोदयं निर्जरां चैव ॥ ३२० ॥

यथात्र लोके दृष्टिर्दृश्यादत्यंतविभक्तत्वेन तत्करणवेदनयोरसमर्थत्वात् दृश्यं न करोति न वेदयते च, अन्यथाग्निदर्शनात्संधुक्षणवत् स्वयं ज्वलनकरणस्य लोहपिंडवत्स्वयमेवोष्णयानु-

---

नामसंज्ञ—दिट्ठि, जह, एव, णाण, अकारय, तह, अवेदय, च, एव, य, बंधमोक्ख, कम्मुदय, णिज्जर, च, एव । **धातुसंज्ञ**—जाण अवबोधने । **प्रातिपदिक**—दृष्टि, यथा, एव, ज्ञान, अकारक, तथा, अवेदक, च,

---

चेतनाशून्य है । (३) ज्ञानी कर्मचेतनाशून्य होनेसे अकर्ता है । (४) ज्ञानी कर्मफलचेतनाशून्य होनेसे अभोक्ता है । (५) ज्ञानी ज्ञानचेतनामय होनेसे शुभ अशुभ कर्मबंध व कर्मफलका मात्र जाननहार है । (६) अकर्ता अभोक्ता होनेसे शुद्धस्वभावमें नियत ज्ञानी अन्तर्वृत्तिकी अपेक्षा मुक्त ही की तरह है ।

सिद्धान्त—(१) निर्विकार अनन्तज्ञानादिसम्पन्न प्रभु पूर्णतः ज्ञानचेतनामय हैं । (२) सहजशुद्ध अन्तस्तत्त्वके अनुभवी प्रतीत्या ज्ञानचेतनामय है ।

दृष्टि— १— शुद्धनिश्चयनय (४६) । २— अपूर्ण शुद्धनिश्चयनय (४६ब) ।

प्रयोग—कर्मोंकी प्रकृति कर्ममें ही निरखकर कर्मोंके मात्र ज्ञाता रहना और अपनेको ज्ञानस्वरूपसे अभिन्न निरखकर आत्मस्वरूपका संचेतन करना ॥ ३१९ ॥

प्रश्न—ज्ञानी मात्र ज्ञाता ही कैसे है ? **उत्तर**—[**दृष्टिः यथा**] नेत्रकी तरह [**ज्ञानं**] ज्ञान [**अकारकं च अवेदकं एव**] अकर्ता और अभोक्ता ही है [**तथा**] तथा [**बंधमोक्षं**] बंध, मोक्ष [**च कर्मोदयं**] व कर्मोदय [**च**] और [**निर्जरां**] निर्जराको [**जानाति एव**] मात्र जानता ही है ।

तात्पर्य—ज्ञानका काम जानना ही है, परको करना व भोगना नहीं है ।

टीकार्थ—जैसे इस लोकमें नेत्र देखने योग्य पदार्थोंसे अत्यन्त भिन्नताके कारण उनके करने और भोगनेकी असमर्थता होनेके कारण दृश्य पदार्थको न तो करता है और न भोगता है । अन्यथा याने यदि ऐसा न हो तो अग्निको जलाने वालेकी तरह व अग्निसे तप्तायमान लोहेके पिंडकी तरह अग्निके देखनेसे नेत्रके कर्तापन व भोक्तापन अवश्य आ जायगा सो तो है

भवनस्य च दुर्निवारत्वात् । किंतु केवलं दर्शनमात्रस्वभावत्वात् तत्सर्वं केवलमेव पश्यति । तथा ज्ञानमपि स्वयं द्रष्टृत्वात् कर्मणोऽत्यंतविभक्तत्वेन निश्चयतस्तत्करणवेदनयोरसमर्थत्वात्कर्म न

एव, च, बन्धमोक्ष, कर्मोदय, निर्जरा, च, एव । **मूलधातु**—ज्ञा अवबोधने । **पदविवरण**—दिट्ठी दृष्टिः—प्रथमा एकवचन । जह यथा एव तह तथा च एव-य च—अव्यय । णाणं ज्ञानं—प्रथमा एक० । अकारयं

ही नहीं । किन्तु केवल दर्शनमात्रस्वभावीपन होनेसे नेत्र दृश्यको केवल देखता ही है । उसी प्रकार ज्ञान भी स्वयं द्रष्टापन होनेके कारण कर्मसे अत्यन्त भिन्नपना होनेसे निश्चयतः उस कर्मको करने और भोगनेमें असमर्थपना होनेसे न तो कर्मको करता है और न भोगता है । केवल ज्ञानमात्र स्वभावपनेसे कर्मके बन्ध, मोक्ष व उदयको तथा उसकी निर्जराको केवल जानता ही है । **भावार्थ**—जैसे नेत्र दृश्य पदार्थको दूरसे ही देखता है दृश्यको न करता है और न भोगता है, ऐसे ही ज्ञानका स्वभाव दूरसे जाननेका है । इस कारण ज्ञानके कर्तृत्व व भोक्तृत्व नहीं है । कर्तृत्व भोक्तृत्व मानना अज्ञान है । यद्यपि जब तक चारित्रमोहकर्मका उदय है तब तक अदर्शन, अज्ञान और असमर्थपना होता ही है, सो तब तक याने केवलज्ञान के पहले पूर्णतया ज्ञाता द्रष्टा नहीं कहा जा सकता, तो भी यहाँ यह समझिये कि यदि स्वतंत्र होकर करे और भोगे तो उसे वास्तवमें कर्ता-भोक्ता कहते हैं । सो जब ही मिथ्यादृष्टिरूप अज्ञानका अभाव हुआ, तब परद्रव्यके स्वामीपनेका अभाव हुआ, तब स्वयं ज्ञानी हुआ स्वतंत्रपनेसे तो किसीका कर्ता भोक्ता नहीं । परन्तु अपनी निर्बलतासे, कर्मके उदयकी बलवत्तासे जो कार्य होता है उसको परमार्थदृष्टिसे कर्ता-भोक्ता नहीं कहा जाता । उसके निमित्तसे जो कुछ नवीन कर्मरज लगता भी है, उसको यहाँ बन्धमें नहीं गिना । मिथ्यात्व ही तो संसार है, मिथ्यात्वके चले जानेके बाद संसार क्या रहा ? समुद्रमें बूंदकी क्या गिनती ? दूसरी बात यह भी जानना कि केवलज्ञानी तो साक्षात् शुद्धात्मस्वरूप ही है, परन्तु श्रुतज्ञानी भी शुद्धनयके अवलम्बनसे आत्माको शुद्धात्मस्वरूप ही अनुभव करता है । हाँ प्रत्यक्ष और परोक्षका भेद है । सो श्रुतज्ञानीके ज्ञान श्रद्धानकी अपेक्षा तो ज्ञाता द्रष्टापना ही है । चारित्रकी अपेक्षा प्रतिपक्षी कर्मका जितना उदय है उतना ही घात है, इसके नाश करनेका ज्ञानीके उद्यम है । जब कर्मका अभाव हो जायगा तब साक्षात् यथाख्यात चारित्र होगा, तब केवलज्ञानकी प्राप्ति होगी ही । तीसरी बात यहाँ यह जानना कि सम्यग्दृष्टिको ज्ञानी मिथ्यात्वके अभावकी अपेक्षा ही कहते हैं । यदि यह अपेक्षा नहीं ली जाय तो ज्ञानसामान्यसे सभी जीव ज्ञानी हैं और विशेष अपेक्षासे जब तक कुछ भी अज्ञान रहे तब तक ज्ञानी नहीं कहा जा सकता, जब तक केवलज्ञान नहीं होता तब तक बारहवां गुणस्थानपर्यंत अज्ञानभाव ही कहा गया है । सो यहाँ ज्ञानी

करोति न वेदयते च । किंतु केवलं ज्ञानमात्रस्वभावत्वात्कर्मबंधं मोक्षं वा कर्मोदयं निर्जरां वा केवलमेव जानाति ॥ ये तु कर्तारमात्मानं पश्यंति तमसा ततः । सामान्यजनवत्तेषां न मोक्षोऽपि मुमुक्षतां ॥१९९॥ ॥ ३२० ॥

अकारकं–प्रथमा एक० । अवेदयं अवेदकं–प्रथमा एक० । जाणइ जानाति–वर्तमान लट् अन्य पुरुष एक० । बंधमोक्खं बन्धमोक्षं–द्वितीया एक० । कम्मुदयं कर्मोदयं–द्वितीया एक० । णिज्जरं निर्जरां–द्वितीया एक० वचन ॥ ३२० ॥

अज्ञानी कहना सम्यक्त्व मिथ्यात्वकी ही अपेक्षा जानना ।

अब जो सर्वथा एकांतके आशयसे आत्माको कर्ता ही मानते हैं उनका निषेध इस श्लोकमें कहते हैं—**ये तु** इत्यादि । **अर्थ**—जो पुरुष अज्ञानांधकारसे आच्छादित हुए आत्माको कर्ता मानते हैं, उनका मोक्षको चाहते हुए भी लौकिकजनकी तरह मोक्ष नहीं होता ।

प्रसंगविवरण—अनन्तरपूर्व गाथामें बताया गया था कि ज्ञानी कर्मका अकर्ता व अभोक्ता है । अब इस गाथामें ज्ञानीके उसी अकर्तृत्व व अभोक्तृत्वका दृष्टान्तपूर्वक स्पष्टीकरण किया गया है ।

तथ्यप्रकाश—(१) जैसे नेत्र दृश्यसे अत्यन्त विभक्त है, ऐसे ही ज्ञान कर्मसे अत्यन्त विभक्त है । (२) जैसे नेत्र दृश्यसे जुदा होनेसे दृश्यको करने व भोगनेमें असमर्थ है, ऐसे ही ज्ञान कर्मसे जुदा होनेसे कर्मको करने भोगनेमें असमर्थ है । (३) जैसे दृष्टि (नेत्र) तो मात्र देखती है, वैसे ही ज्ञान तो मात्र जानता है । (४) जैसे नेत्र अग्निशिखाको, अग्नि बढ़नेको, ज्वलन करनेको देखता मात्र है ऐसे ही ज्ञान कर्मबन्धको, मोक्षको, कर्मोदयको, निर्जराको मात्र जानता है । (५) ज्ञान नेत्रकी भाँति परका अकारक है व अवेदक है ।

सिद्धांत—(१) ज्ञान अर्थात् आत्मा कर्मका अकारक है । (२) ज्ञान अर्थात् आत्मा कर्मका अवेदक है ।

दृष्टि—१– अकर्तृनय (१९०) । २– अभोक्तृनय (१९२) ।

प्रयोग—अपनेको अपने प्रदेशोंमें ही परिसमाप्त निरखकर कर्मके करने व भोगनेकी मिथ्याबुद्धि तजकर कर्मदशाके मात्र जाननहार रहना ॥ ३२० ॥

अब आत्माको लोककर्ता माननेवालोंका भी मोक्ष नहीं है, इस अर्थको गाथामें कहते हैं—[**लोकस्य**] लौकिक जनोंके मतमें [**सुरनारकतिर्यङ्मानुषान् सत्त्वान्**] देव, नारक, तिर्यंच, मनुष्य प्राणियोंको [**विष्णुः**] विष्णु [**करोति**] करता है ऐसा मन्तव्य है [**च**] और इसी प्रकार [**यदि**] यदि [**श्रमणानामपि**] श्रमणोंके मतमें भी ऐसा माना जाय कि [**षड्वि-**

लोयस्स कुणइ विण्हू सुरणारयतिरियमाणुसे सत्ते ।
समणाणंपि य अप्पा जइ कुव्वइ छव्विहे काये ॥३२१॥
लोगसमणाणमेयं सिद्धंतं जइ ण दीसइ विसेसो ।
लोयस्स कुणइ विण्हू समणाणवि अप्पओ कुणइ ॥३२२॥
एवं ण कोवि मोक्खो दीसइ लोयसमणाण दोण्हंपि ।
णिच्चं कुव्वंताणं सदेवमणुयासुरे लोए ॥३२३॥

जग कहे विष्णु करता, सुर नारक पशु मनुष्य प्राणीको ।
कहें श्रमण भी ऐसा, आत्मा षट्कायको करता ॥३२१॥
लोक श्रमण दोनोंके, इस आशयमें दिखे न कुछ अन्तर ।
लोकके विष्णु करता, श्रमणोंके भि आत्मा करता ॥३२२॥
इस तरह लोक श्रमणों, दोनोंके भि नहिं मोक्ष हो सकता ।
क्योंकि दोनों समझते, परको इस सृष्टिका कर्ता ॥३२३॥

लोकस्य करोति विष्णुः सुरनारकतिर्यङ्मानुषान् सत्त्वान्, श्रमणानामप्यात्मा यदि करोति षड्विधान् कायान् लोकश्रमणानामेकः सिद्धांतो यदि न दृश्यते विशेषः, लोकस्य करोति विष्णुः श्रमणानामप्यात्मकः करोति । एवं न कोऽपि मोक्षो दृश्यते लोकश्रमणानां द्वयेषामपि, नित्यं कुर्वतां सदेवमनुजासुरान् लोकान् ॥३२३॥

ये स्वात्मानं कर्तारमेव पश्यंति ते लोकोत्तरिका अपि न लौकिकतामतिवर्तंते । लौकि-

---

नामसंज्ञ—लोय, विण्हु, सुरणारयतिरियमाणुस, सत्त, समण, पि, य, अप्प, जइ, छव्विह, काय, लोगसमण, एवं, सिद्धंत, जइ, ण, विसेस, लोय, विण्हु, समण, वि, अप्पअ, एवं, ण, क, वि, मोक्ख,

---

धान् कायान्] छह कायके जीवोंको [**आत्मा**] आत्मा [**करोति**] करता है तो [**लोकश्रमणानां**] लोकोंका और यतियोंका [**एक सिद्धांतः**] एक सिद्धान्त बन गया, [**विशेषः न दृश्यते**] कुछ अन्तर नहीं रहा । क्योंकि [**लोकस्य**] लोकके मतमें [**विष्णुः**] विष्णु [**करोति**] करता है तो [**श्रमणानामपि**] श्रमणोंके मतमें भी [**आत्मा करोति**] आत्मा करता है [**एवं**] इस तरह कर्ताके [**सदेवमनुजासुरान्**] देव, मनुष्य, असुर सहित [**लोकान्**] लोकोंको [**नित्यं कुर्वतां**] नित्य करते हुए [**लोकश्रमणानां द्वयेषां अपि**] लोक और श्रमण दोनोंका ही [**कोपि मोक्षः**] कोई भी मोक्ष [**न दृश्यते**] नहीं दिखाई देता ।

तात्पर्य—जो सांसारिक दशाओंको औपाधिक न मानकर आत्माको ही उनका स्वतंत्र कर्ता मानते हैं उनके चतुर्गतिका कभी अभाव ही नहीं हो सकता, फिर मोक्ष कैसे होगा ?

कानां परमात्मा विष्णुः सुरनारकादिकार्याणि करोति, तेषां तु स्वात्मा तानि करोति इत्यपसिद्धांतस्य समत्वात् । ततस्तेषामात्मनो नित्यकर्तृत्वाभ्युपगमात्––लौकिकानामिव लोकोत्तरिका-

---

लोयसमण, दु, पि, णिच्च, सदा, एव, मणुयासुर, लोय । **धातुसंज्ञ**––कुण करणे, कुव्व करणे, दिस प्रेक्षणे । **प्रातिपदिक**––लोक, विष्णु, सुरनारकतिर्यङ्मानुष, सत्त्व, श्रमण, अपि, आत्मन्, यदि, षड्विध, काय, लोकश्रमण, एक, सिद्धान्त, यदि, विशेष, ण, लोक, विष्णु, श्रमण, अपि, आत्मन् एवं, न, किम्, अपि, मोक्ष, लोकश्रमण, द्वय, अपि, नित्यं, सदा, एव, मनुजासुर, लोक । **मूलधातु**––डुकृञ् करणे, दृशिर् प्रेक्षणे । **पदविवरण**––लोयस्स लोकस्य–षष्ठी एक० । कुणइ करोति–वर्तमान लट् अन्य पुरुष एकवचन क्रिया । विण्हू विष्णुः–प्रथमा एक० । सुरणारयतिरियमाणुसे सुरनारकतिर्यङ्मानुषान्–द्वितीया बहु० । सत्त्वान्–द्वितीया बहु० । समणाणं श्रमणानां–षष्ठी बहु० । पि अपि–अव्यय । अप्पा आत्मा–प्रथमा एक० । जइ यदि–अव्यय । कुव्वइ करोति–वर्तमान० अन्य० एक० क्रिया । छव्विहे षड्विधे–सप्तमी एक० । काये–सप्तमी एक० । लोगसमणाण लोकश्रमणानां–षष्ठी बहु० । एयं एवं–अव्यय । सिद्धंतं सिद्धान्तः–प्रथमा एक० । जइ यदि–अव्यय । ण न–अव्यय । दीसइ दृश्यते–वर्तमान लट् अन्य पुरुष एकवचन क्रिया । विण्हू

टीकार्थ––जो पुरुष आत्माको कर्ता ही मानते हैं वे लोकोत्तर होनेपर भी लौकिकपने को उल्लंघन नहीं करते (छोड़ते), क्योंकि लौकिक जनोंके मतमें तो परमात्मा विष्णु सुर नारक आदि शरीरोंको करता है और मुनियोंके मतमें अपना आत्मा सुर नारक आदिको करता है । इस प्रकार अन्यथा माननेका सिद्धान्त दोनोंके समान है । इसलिये आत्माके नित्य कर्तापनके माननेसे लौकिकजनकी तरह लोकोत्तर मुनियोंका भी मोक्ष नहीं होता । **भावार्थ**––जो आत्माको इस लोकका कर्ता मानते हैं वे मुनि भी हों तो भी लौकिक जन सरीखे ही हैं, क्योंकि लौकिक जन तो ईश्वरको कर्ता मानते हैं और मुनियोंने भी आत्माको कर्ता मान लिया, इस तरह इन दोनोंका मानना समान हुआ । इस कारण जैसे लौकिक जनोंको मोक्ष नहीं है, उसी तरह उन मुनियोंको भी मोक्ष नहीं । जो निरपेक्ष कर्ता होगा वह सदा करता ही रहेगा, तथा वह कार्यके फलको भोगेगा ही, और जो फल भोगेगा उसके मोक्ष कैसा ? अर्थात् मोक्ष हो ही नहीं सकता ।

अब परद्रव्य और आत्मतत्त्वका कुछ भी सम्बन्ध नहीं है, ऐसा काव्यमें कहते हैं––**नास्ति** इत्यादि । **अर्थ**––परद्रव्य और आत्मतत्त्वका कोई सम्बन्ध नहीं है, यों कर्ताकर्मसम्बन्ध का अभाव होनेसे आत्माके परद्रव्यका कर्तापन कैसे हो सकता है ? **भावार्थ**––परद्रव्य और आत्माका कुछ भी सम्बन्ध नहीं है तब फिर उनमें कर्ताकर्मसम्बन्ध कैसे हो सकता है ? अतः आत्माके कर्तापन भी क्यों होगा ?

प्रसंगविवरण––अनन्तरपूर्व गाथामें बताया गया था कि ज्ञान कर्मदशाका अकारक व

णामपि नास्ति मोक्षः ॥ नास्ति सर्वोऽपि संबंधः परद्रव्यात्मतत्त्वयोः । कर्तृकर्मत्वसंबंधाभावे तत्कर्तृता कुतः ॥२००॥ ॥ ३२१-३२३ ॥

विण्णु-प्रथमा एक० । समणाणं श्रमणानां-षष्ठी बहु० । वि अपि-अव्यय । अप्पओ आत्मकः-प्रथमा एक० । कुणइ करोति-वर्तमान लट् अन्य पुरुष एक० । एवं ण न-अव्यय । को कः-प्रथमा एक० । वि अपि-अव्यय । मोक्खो मोक्षः-प्र० ए० । दीसइ दृश्यते-वर्तमान लट् अन्य पुरुष एक० कर्मवाच्य क्रिया । लोगसमणाण लोकश्रमणानां-षष्ठी बहु० । दोण्हं द्वयेषां-षष्ठी बहु० । अपि-अव्यय । णिच्चं नित्यं-अव्यय । कुव्वंताणं कुर्वतां-षष्ठी बहु० । एव-अव्यय । मनुजासुरे मनुजासुरान्-द्वितीया बहु० । लोए लोकान्-द्वितीया बहुवचन ॥ ३२१-३२३ ॥

अवेदक है, मात्र जाननहार है । अब इन तीन गाथाओंमें यह बताया है कि आत्माको परका कर्ता माननेवाले जन लौकिक जनोंकी भाँति मोक्षमार्गको भी नहीं प्राप्त कर सकते, मोक्ष तो प्राप्त होगा ही कैसे ?

तथ्यप्रकाश—(१) जो किसी ईश्वरको समस्त परद्रव्योंकी, नरक तिर्यंच मनुष्य देव की सृष्टिका कर्ता मानते हैं वे लौकिक कहलाते हैं । (२) जो अपने आत्माको परद्रव्योंकी, नरक तिर्यंञ्च देव मनुष्यकी, त्रस स्थावर जीवकी सृष्टिका कर्ता मानते हैं वे यहाँ लोकोत्तरिक कहे गये हैं । (३) यदि आत्मा अपनी त्रस स्थावर जीवकी सृष्टि करता है तो आत्मा तो नित्य है सो सदैव अपनी संसारदृष्टि करता रहेगा सो ही लोकोत्तरिक पुरुषोंको भी मोक्ष नहीं हो सकता । (४) यदि कोई ईश्वर जीवोंकी संसारसृष्टि करता है तो १– ईश्वर सदा संसारसृष्टि करता रहेगा । २– जीवकी सृष्टि पराधीन हो गई सो जीव अपने मोक्षका उपाय न बना सकेगा सो यों लौकिक जनोंको भी मोक्ष नहीं हो सकता । (५) राग-द्वेष-मोहरूपसे परिणमन ही कर्तृत्व कहा जाता है उस परिणमनके सतत होनेपर शुद्धात्मश्रद्धानज्ञानाचरणरूप रत्नत्रयात्मक मोक्षमार्ग हो ही नहीं सकता अतः मोक्षका अभाव होगा । (६) वास्तविकता यह है कि आत्मतत्त्वका किसी भी परद्रव्यसे कुछ भी सम्बन्ध नहीं है, कर्तृकर्मत्वसम्बन्ध भी नहीं है, अतः पराधीनता नहीं । (७) स्वाधीन जीव जब कुज्ञानमें चलता है संसारसृष्टि होती है । (८) स्वाधीन जीव जब ज्ञानरूप परिणमता है तब मोक्षमार्गमें चलकर मोक्ष पाता है । (९) रागादि संसारपरिणमन कर्मोपाधिका निमित्त पाकर होनेसे नैमित्तिक है । (१०) नैमित्तिक भाव अस्वभाव भाव होनेसे हट जाया करता है ।

सिद्धान्त—(१) जीव अज्ञानवश अपने रागद्वेषादि भावोंकी सृष्टि करता है । (२) जीव शुद्धात्मज्ञान होनेपर अपने ज्ञानमय परिणामकी सृष्टि करता है ।

दृष्टि—१– अशुद्धनिश्चयनय (४७) । २– शुद्धनिश्चयनय (४६, ४६ब) ।

ववहारभासिएण उ परदव्वं मम भणंति अविदियत्था ।
जाणंति णिच्छयेण उ ण य मह परमाणुमित्तमवि किंचि ॥३२४॥
जह कोवि णरो जंपइ अह्मं गामविसयणयररट्ठं ।
ण य होंति तस्स ताणि उ भणइ य मोहेण सो अप्पा ॥३२५॥
एमेव मिच्छदिट्ठी णाणी णिस्संसयं हवइ एसो ।
जो परदव्वं मम इदि जाणंतो अप्पयं कुणइ ॥३२६॥
तह्मा ण मेत्ति णिच्चा दोह्णंवि एयाण कत्तविवसायं ।
परदव्वे जाणंतो जाणिज्जो दिट्ठिरहियाणं ॥३२७॥

व्यवहारवचन लेकर, मोही परद्रव्यको कहे मेरा ।
ज्ञानी निश्चय माने, मेरा अणुमात्र भी नहिं कुछ ॥३२४॥
जैसे कोइ कहे नर, ग्राम नगर देश राष्ट्र मेरा है ।
किन्तु नहीं वे उसके, वह तो यों मोहसे कहता ॥३२५॥
वैसे हि परपदार्थों-को अपना जानि आत्ममय करता ।
यह आत्मा भि मिथ्या-दृष्टी हुआ है निःसंशय ॥३२६॥
सो लौकिक श्रमणोंके, परमें कर्तृत्व भावको लखकर ।
परविषिक्तके ज्ञानी, मिथ्यादृष्टी उन्हें कहते ॥३२७॥

नामसंज्ञा—ववहारभासिय, उ, परदव्व, अम्ह, अविदियत्थ, णिच्छय, उ, ण, य, अम्ह, परमाणुमित्त, अवि, किंचि, जह, क, वि, णर, अम्ह, गामविसयणयरट्ठ, ण, य, त, त, उ, य, मोह, त, अप्प, एमेव,

---

प्रयोग—संसारमूल भ्रमको छोड़कर मोक्षमूल शुद्धात्मतत्त्वके ज्ञान श्रद्धान आचरणमें लगना ॥ ३२१-३२३ ॥

जो व्यवहारनयके वचनसे परद्रव्य मेरा है, ऐसे व्यवहारको ही निश्चयस्वरूप मान लेते हैं, वे अज्ञानी हैं, ऐसा अब दृष्टान्त द्वारा कहते हैं—[अविदितार्थाः] जिन्होंने पदार्थका स्वरूप नहीं जाना है वे पुरुष [व्यवहारभाषितेन] व्यवहारके कहे हुए वचनोंके द्वारा [परद्रव्यं मम तु] परद्रव्य मेरा है ऐसा [भणंति] कहते हैं [तु] परन्तु ज्ञानी [निश्चयेन] निश्चयसे [परमाणुमात्रं अपि] परमाणु मात्र भी [किंचित् मम न च] कुछ मेरा नहीं है [जानंति] ऐसा जानते हैं । [यथा] जैसे [कोपि] कोई [नरः] पुरुष [अस्माकं] हमारा [ग्रामविषयनगरराष्ट्रं]

व्यवहारभाषितेन तु परद्रव्यं मम भणत्यविदितार्थाः, जानंति निश्चयेन तु न च मम परमाणुमात्रमपि किंचित्। यथा कोऽपि नरो जल्पति अस्माकं ग्रामविषयनगरराष्ट्रं, न च भवंति तस्य तानि तु भणति च मोहेन स आत्मा॥ एवमेव मिथ्यादृष्टिर्ज्ञानी निस्संशयं भवत्येषः। यः परद्रव्यं ममेति जानन्नात्मानं करोति ॥३२६॥ तस्मान्न मम इति ज्ञात्वा द्वयेषामप्येतेषां कर्तृव्यवसायं। परद्रव्ये जानन् जानीयाद् दृष्टिरहितानां ॥३२७॥

अज्ञानिन एव व्यवहारविमूढा परद्रव्यं ममेदमिति पश्यंति। ज्ञानिनस्तु निश्चयप्रतिबुद्धाः परद्रव्यकणिकामात्रमपि न ममेदमिति पश्यंति। ततो यथात्र लोके कश्चिद् व्यवहारविमूढः परकीयग्रामवासी ममायं ग्राम इति पश्यन् मिथ्यादृष्टिः। तथा यदि ज्ञान्यपि कथंचिद् व्यवहारविमूढो भूत्वा परद्रव्यं ममेदमिति पश्येत् तदा सोऽपि निस्संशयं परद्रव्यमात्मानं कुर्वाणो

मिच्छादिट्ठि णाणि, णिस्संसय, एव, ज, परदव्व, अम्ह, इति, जाणंत, अप्पय, त, ण, अम्ह, इत्ति, दु, वि, एत, कत्तविवसाय, परदव्व, जाणंत, जाणिज्ज, दिट्ठिरहिअ। **धातुसंज्ञ**—भण कथने, जाण अवबोधने, जंप व्यक्तायां वाचि, हो सत्तायां, हव सत्तायां, कुण करणे। **प्रातिपदिक**—व्यवहारभाषित, तु, परद्रव्य, अस्मद्, अविदितार्थ, निश्चय, तु, न, च, अस्मद्, परमाणुमात्र, अपि, किंचित्, यथा, किम्, अपि, नर, अस्मद्,

---

ग्राम है, देश है, नगर है व राष्ट्र है [**जल्पति**] इस प्रकार कहता है [**तु तानि**] किन्तु वे ग्राम आदिक [**तस्य**] उसके [**न च भवंति**] नहीं हैं [**स आत्मा**] वह आत्मा [**मोहेन च भणति**] मोहसे मेरा, मेरा ऐसा कहता है। [**एवमेव**] इसी तरह [**यः**] जो ज्ञानी [**परद्रव्यं मम इति**] परद्रव्य मेरा है ऐसा [**जानन्**] जानता हुआ [**आत्मानं करोति**] अपनेको परद्रव्यमय करता है [**एषः**] वह [**निःसंशयं**] निःसंदेह [**मिथ्यादृष्टिः भवति**] मिथ्यादृष्टि होता है। [**तस्मात्**] इसलिये ज्ञानी [**न मम इति ज्ञात्वा**] परद्रव्य मेरा नहीं है ऐसा जानकर [**एतेषां द्वयेषामपि**] इन दोनोंके ही याने लौकिक जन तथा मुनियोंके [**परद्रव्ये**] परद्रव्यमें [**कर्तृव्यवसायं**] कर्तापनके व्यापारको [**जानन्**] जानते हुए यह व्यवसाय [**दृष्टिरहितानां**] सम्यग्दर्शनसे रहित पुरुषोंको [**जानीयात्**] जानना चाहिये अर्थात् उन दोनोंको सम्यग्दर्शनरहित जानना चाहिये।

तात्पर्य—जो परद्रव्यको अपना मानता है वह मिथ्यादृष्टि है।

टीकार्थ—अज्ञानी जन ही व्यवहारमें विमूढ होते हुए परद्रव्य मेरा है ऐसा देखते हैं, किन्तु ज्ञानी जन निश्चयसे प्रतिबुद्ध होते हुए परद्रव्यकी कणिकामात्रको भी यह मेरा है ऐसा नहीं देखते। इसलिए जैसे इस लोकमें कोई दूसरेके ग्राममें रहने वाला व्यवहारविमूढ पुरुष 'यह मेरा ग्राम है' ऐसे देखता हुआ मिथ्यादृष्टि कहा जाता है, उसी प्रकार ज्ञानी भी किसी प्रकारसे व्यवहारमें विमूढ होकर 'यह परद्रव्य मेरा है' ऐसे देखे तो उस समय वह भी परद्रव्यको अपना करता हुआ मिथ्यादृष्टि ही होता है। अतः तत्त्वको जानने वाला पुरुष 'सभी परद्रव्य मेरा नहीं है' ऐसा जानकर "लौकिकजन और श्रमणजन इन दोनोंके जो परद्रव्यमें

मिथ्यादृष्टिरेव स्यात्। अतस्तत्त्वं जानन् पुरुषः सर्वमेव परद्रव्यं न मोमीति मात्वा लौकिकमणानां द्वयेषामपि योऽयं परद्रव्ये कर्तृव्यवसायः स तेषां सम्यग्दर्शनरहितत्वादेव भवति इति सुनिश्चितं जानीयात्॥ एकस्य वस्तुन इहान्यतरेण साद्धं संबंध एव सकलोऽपि यतो निषिद्धः। तत्कर्तृ-

ग्रामविषयनगरराष्ट्र, न, च, तत्, तत्, तु, च, मोह, तत्, आत्मन्, एव, एव, मिथ्यादृष्टि, ज्ञानिन्, निस्संशयं, एतत्, यत्, परद्रव्य, अस्मद्, इति, जानन्त्, आत्मन्, तत्, न, अस्मद्, इति, द्वय, अपि, एतत्, कर्तृव्यवसाय, परद्रव्य, जानन्त्, इति, दृष्टिरहित। **मूलधातु**—भण शब्दार्थः, ज्ञा अवबोधने, जल्प व्यक्तायां वाचि भ्वादि, भू सत्तायां, डुकृञ् करणे। **पदविवरण**—ववहारभासिएण व्यवहारभाषितेन—तृतीया एक०। उ तु—अव्यय। परदव्वं परद्रव्यं—प्रथमा एक०। मम—षष्ठी एक०। भणंति भणन्ति—वर्तमान लट् अन्य पुरुष बहु० क्रिया। अविदियत्था अविदितार्थाः—प्रथमा बहु०। जाणंति जानन्ति—वर्तमान लट् अन्य पुरुष बहु०। णिच्छएण निश्चयेन—तृतीया एक०। उ तु ण न य च—अव्यय। मह मम—षष्ठी एक०। परमाणुमित्तं परमाणुमात्रं—प्रथमा एकवचन। अवि अपि—अव्यय। किंचि किंचित्—अव्यय। जह यथा—अव्यय। को कः—प्रथमा एकवचन। वि अपि—अव्यय। णरो नरः—प्रथमा एक०। जंपइ जल्पति—वर्तमान लट् अन्य पुरुष एकवचन। अम्हं अस्माकं—षष्ठी बहु०। गामविसयणयररट्ठं ग्रामविषयनगरराष्ट्रं—प्रथमा एक०। ण न य च—अव्यय। होंति भवंति—वर्तमान लट् अन्य पुरुष बहु०। तस्स तस्य—षष्ठी एक०। ताणि तानि—प्रथमा

कर्तापनका निश्चय है वह उनके सम्यग्दर्शनके न होनेसे ही है," ऐसा सुनिश्चित जाने। **भावार्थ**—ज्ञानी होकर भी यदि व्यवहारमोही हो, तो वह लौकिकजन हो या मुनिजन, दोनों

अब इसी अर्थको कलशरूप काव्यमें कहते हैं—**एकस्य** इत्यादि। **अर्थ**—चूंकि इस जगतमें एक वस्तुका अन्य वस्तुके साथ सभी सम्बन्ध निषेधा गया है इस कारण जहाँ वस्तु भेद है वहाँ कर्ता-कर्मकी घटना ही नहीं है। अतः मुनिजन तथा लौकिकजन वस्तुके यथार्थ स्वरूपको अकर्ता ही श्रद्धामें लाओ।

अब अपने भावकर्मका कर्ता अज्ञानसे चेतन ही है, ऐसा काव्यमें कहते हैं—**ये तु** इत्यादि। **अर्थ**—अहो, जो पुरुष वस्तुस्वभावके नियमको नहीं जानते और जिनका पुरुषार्थ रूप तेज अज्ञानमें डूब गया है वे दीन होकर कर्मोंको करते हैं। अतः भाव कर्मका कर्ता चेतन ही स्वयं है, अन्य नहीं है। **भावार्थ**—अज्ञानी मिथ्यादृष्टि वस्तुके स्वरूपका नियम जानता नहीं है, और परद्रव्यका कर्ता बनता है, तब चूँकि वह स्वयं यों अज्ञानरूप परिणमता है इस कारण अपने भावकर्मका कर्ता अज्ञानी ही है, अन्य नहीं है। ऐसा निश्चित समझिये।

प्रसंगविवरण—अनन्तरपूर्व गाथात्रिकमें यह निष्कर्ष प्रसिद्ध किया था कि आत्मतत्त्व का परद्रव्यके साथ कर्तृकर्मत्व आदि कोई सम्बन्ध नहीं है। अब इन चार गाथाओंमें बताया है कि परद्रव्योंका जो अन्यके साथ कर्तृकर्मत्व स्वामित्व आदि कुछ भी सम्बन्ध मानते हैं वे मिथ्यादृष्टि हैं।

कर्मघटनास्ति न वस्तुभेदे पश्यंत्वकर्तृ मुनयश्च जनाश्च तत्त्वं ॥२०१॥ ये तु स्वभावनियमं कलयंति नेममज्ञानमग्नमहसो बत ते बराकाः । कुर्वन्ति कर्म तत एव हि भावकर्म कर्ता स्वयं भवति चेतन एव नान्यः ॥२०२॥ ॥ ३२४-३२७ ॥

बहु० । भणइ भणति–प्रथमा एक० । मोहेण मोहेन–तृतीया ए० । सो सः–प्रथमा एकवचन । अप्पा आत्मा–प्र० एक० । एमेव एवमेव–अव्यय । मिच्चादिट्ठी मिथ्यादृष्टिः–प्र० एक० । णाणी ज्ञानी–प्र० ए० । णिस्संसयं निःसंशयं–क्रियाविशेषण यथा स्यात्तथा । हुवइ भवति–वर्तमान लट् अन्य पुरुष एक० क्रिया । एसो एषः–प्रथमा एकवचन । जो यः–प्रथमा एक० । परदव्वं परद्रव्यं–प्रथमा एक० । मम–षष्ठी एक० । इदि इति–अव्यय । जाणंतो जानन्–प्रथमा एक० । अप्पयं आत्मकं–द्वितीया एकवचन । कुणइ करोति–वर्तमान लट् अन्य पुरुष एक० । तम्हा तस्मात्–पंचमी एक० । ण न–अव्यय । मेत्ति मेति–अव्यय । णिच्चा ज्ञात्वा–असमाप्तिकी क्रिया । दोण्हं द्वयेषां–षष्ठी बहु० । वि अपि–अव्यय । एयाण एतेषां–षष्ठी बहु० । कत्तविवसायं कर्तृव्यवसायं–द्वितीया बहुवचन । परदव्वे परद्रव्ये–सप्तमी एक० । जाणंतो जानन्–प्रथमा एक० । जाणिज्जो जानीयात्–विधिलिङ् अन्य० एक० । दिट्ठिरहियाणं दृष्टिरहितानां–षष्ठी बहु० ॥ ३२४-३२७ ॥

तथ्यप्रकाश—(१) जो व्यवहारमें विमुग्ध हैं वे अज्ञानी हैं । (२) अज्ञानी ही परद्रव्य मेरा है ऐसा निरखते हैं । (३) ज्ञानी पुरुष तथ्य तत्त्वको जानते हुए भी व्यवस्थावश कभी बोलते हैं कि मकान मेरा है आदि सो वह व्यवहारभाषासे ही बोलते हैं । (४) निश्चयज्ञानी पुरुष परमाणुमात्र भी परद्रव्यको अपना नहीं निरखते । (५) लौकिक जनोंको जो परकर्तृत्व का निश्चय है वह मिथ्यात्व है । (६) लोकोत्तरिक (श्रमण) जनोंको भी जिनको परकर्तृत्वका श्रद्धान है वे भी मिथ्यादृष्टि हैं । (७) एक द्रव्यका दूसरे द्रव्यके साथ कर्तृकर्मत्व आदि सम्बंध निरखना सम्यक् दर्शन नहीं है । (८) प्रत्येक द्रव्यकी शक्ति व परिणति स्वयं स्वयंके अपने ही प्रदेशोंमें परिसमाप्त है इस वस्तुस्वरूपको न जानने वाले कायर होकर विकल्प किया करते हैं ।

सिद्धान्त—(१) व्यवहारविमूढतामें स्वामित्वविषयक अनेक उपचार बन जाते हैं । (२) निश्चयज्ञानमें मात्र स्व स्व उपादानकी दृष्टि होती है ।

दृष्टि—१– संश्लिष्ट स्वजात्युपचरित व्यवहारसे परभोक्तृत्व उपचरित असद्भूत व्यवहार तक व परस्वामित्व असद्भूत व्यवहार (१२३, १२४, १२५, १२६, १२७, १२८, १२९, १२९अ, १२९ब, १२९स, १३५) । २– निश्चयनय (४४ से ४७अ व ४९ब) ।

प्रयोग– प्रत्येक पदार्थको स्वस्वप्रदेशपरिसमाप्त निरखकर निर्मोह रहना ॥३२४-३२५॥

अब इस कथनको युक्तिसे पुष्ट करते हैं कि जीवके जो मिथ्यात्वभाव होता है उसका निश्चयसे कर्ता कौन होता है ?—**[यदि]** यदि **[मिथ्यात्वं प्रकृतिः]** मिथ्यात्वनामक मोहकर्मकी प्रकृति **[आत्मानं]** आत्माको **[मिथ्यादृष्टिं]** मिथ्यादृष्टि **[करोति]** करती है ऐसा माना

मिच्छत्तं जइ पयडी मिच्छाइट्ठी करेइ अप्पाणं ।
तह्मा अचेदणा दे पयडी णणु कारगो पत्तो ॥३२८॥
अहवा एसो जीवो पुग्गलदव्वस्स कुणइ मिच्छत्तं ।
तह्मा पुग्गलदव्वं मिच्छाइट्ठी ण पुण जीवो ॥३२९॥
अह जीवो एयडी तह पुग्गलदव्वं कुणंति मिच्छत्तं ।
तह्मा दोहिं कदं तं दोण्णिवि भुञ्जन्ति तस्स फलं ॥३३०॥
अह ण पयडी ण जीवो पुग्गलदव्वं करेदि मिच्छत्तं ।
तह्मा पुग्गलदव्वं मिच्छत्तं तं तु ण हु मिच्छा ॥३३१॥

मिथ्यात्व प्रकृति मिथ्या दृष्टी यदि आत्माको करता है ।
तो फिर प्रकृति अचेतन, ही कारक प्राप्त होवेगा ॥३२८॥
अथवा यदि जीव करे, पुद्गलद्रव्यके मिथ्या प्रकृतिको ।
तो पुद्गल ही मिथ्या-दृष्टि हुआ किन्तु जीव नहीं ॥३२९॥
यदि जीव प्रकृति दोनों, हि पुद्गलके मिथ्यात्वको करते ।
तो दोनोंके द्वारा, कृत विधिका फल भजें दोनों ॥३३०॥
यदि प्रकृति जीव दोनों, पुद्गल मिथ्यात्वको नहीं करते ।
पुद्गलद्रव्य मिथ्यात्व, है यह कहना बने मिथ्या ॥३३१॥

नामसंज्ञ—मिच्छत्त, जदि, पयडि, मिच्छाइट्ठि, अप्प, तत्, अचेदण, ज, तुम्ह, पयडि, णणु, कारग, पत्त, अहवा, एत, जीव, पुग्गलदव्व, मिच्छत्त, त, पुग्गलदव्व, मिच्छाइट्ठि, ण, पुण, जीव, अह, जीव, पयडि, तह, पुग्गलदव्व, मिच्छत्त, त, दु, कद, त, दु, वि, त, फल, अह, ण, पयडि, ण, जीव, पुग्गलदव्व, मिच्छत्त, त, पुग्गलदव्व, मिच्छत्त, त, तु, ण, हु, मिच्छा । **धातुसंज्ञ**—कर करणे, कुण करणे, भुंज भोगे । **प्रातिपदिक**—मिथ्यात्व, यदि, प्रकृति, मिथ्यादृष्टि, आत्मन्, तत्, अचेतना, युष्मद्, प्रकृति, ननु, कारका,

---

जाय [**तस्मात् ननु**] तो अहो सांख्यमतानुयायी [**ते अचेतना प्रकृतिः**] तेरे मतमें अचेतन प्रकृति [**कारका प्राप्ता**] जीवके मिथ्यात्वभावको करने वाली हो पड़ी ? [**अथवा**] अथवा [**एष जीवः**] यह जीव ही [**पुद्गलद्रव्यस्य मिथ्यात्वं**] पुद्गलद्रव्यके मिथ्यात्वको [**करोति**] करता है [**तस्मात्**] ऐसा माना जाय तो ऐसा माननेसे [**पुद्गलद्रव्यं मिथ्यादृष्टिः**] पुद्गलद्रव्य मिथ्यादृष्टि हो पड़ा [**न पुनः जीवः**] जीव मिथ्यादृष्टि नहीं ठहरा ? [**अथ**] अथवा यदि [**जीवः तथा प्रकृतिः**] जीव और प्रकृति दोनों [**पुद्गलद्रव्यं**] पुद्गलद्रव्यको [**मिथ्यात्वं**] मिथ्यात्वरूप

मिथ्यात्वं यदि प्रकृतिमिथ्यादृष्टिं करोत्यात्मानं । तस्मादचेतना सा प्रकृतिर्ननु कारका प्राप्ता ॥३२८॥
अथवैष जीवः पुद्गलद्रव्यस्य करोति मिथ्यात्वं । तस्मात्पुद्गलद्रव्यं मिथ्यादृष्टिर्न पुनर्जीवः ॥३२९॥
अथ जीवः प्रकृतिश्चैतौ पुद्गलद्रव्यं कुर्वन्ति मिथ्यात्वं । तस्माद्द्वाभ्यां कृतं तद्द्वावपि भुंजाते तस्य फलं ॥
अथ न प्रकृतिर्न जीवः पुद्गलद्रव्यं करोति मिथ्यात्वं । तस्मात्पुद्गलद्रव्यं मिथ्यात्वं तत्तु न खलु मिथ्या ॥

जीव एव मिथ्यात्वादिभावकर्मणः कर्ता तस्याचेतनप्रकृतिकार्यत्वेऽचेतनत्वानुषंगात् । स्वयमेव जीवो मिथ्यात्वादिभावकर्मणः कर्ता जीवेन पुद्गलद्रव्यस्य मिथ्यात्वादिभावकर्मणि

प्राप्ता, अथवा, एतत्, जीव, पुद्गलद्रव्य, मिथ्यात्व, तत्, पुद्गलद्रव्य, मिथ्यादृष्टि, न, पुनर्, जीव, अथ, जीव, प्रकृति, तथा, पुद्गलद्रव्य, मिथ्यात्व, तत्, द्वि, कृत, तत्, द्वि, अपि, तत्, फल, अथ, न, प्रकृति, न, जीव, पुद्गलद्रव्य, मिथ्यात्व, तत्, पुद्गलद्रव्य, मिथ्यात्व, तत्, तु, न, खलु, मिथ्या । **मूलधातु**—डुकृञ् करणे, भुज पालनाभ्यवहारयोः रुधादि । **पदविवरण** मिच्छत्तं मिथ्यात्वं—प्रथमा एक० । जदि यदि—अव्यय । पयडी प्रकृतिः—प्रथमा एक० । मिच्छाइट्ठी मिथ्यादृष्टि—द्वितीया एक० । करेइ करोति—वर्तमान लट् अन्य पुरुष एकवचन । अप्पाणं आत्मानं—द्वि० एक० । तम्हा तस्मात्—पंचमी एक० । अचेदणा अचेतना—प्रथमा एकवचन । दे ते—षष्ठी एक० । प्यडी प्रकृतिः—प्रथमा एक० । णणु ननु—अव्यय । कारगो कारका—

[कुर्वन्ति] करते हैं [तस्मात्] ऐसा माना जाय तो [द्वाभ्यां कृतं] दोनोंके द्वारा किया गया [तस्य तत् फलं] उसका वह फल [द्वावपि भुञ्जाते] दोनों ही भोग डालें । [अथ] अथवा यदि [पुद्गलद्रव्यं मिथ्यात्वं] पुद्गलद्रव्यको मिथ्यात्वरूप [न प्रकृतिः न जीवः कुरुते] न तो प्रकृति करती है और न जीव करता है [तस्मात्] ऐसा माना जाय तो [पुद्गलद्रव्यं मिथ्यात्वं] पुद्गलद्रव्य ही स्वभावसे मिथ्यात्व भावरूप हुआ [तत्तु] सो ऐसा मानना [खलु] क्या [मिथ्या न] झूठ नहीं हैं ? इसलिये यह सिद्ध होता है कि अशुद्धनिश्चयसे मिथ्यात्वनामक भावकर्मका कर्ता अज्ञानी जीव है ।

तात्पर्य—मिथ्यात्वप्रकृतिका उदय तो निमित्तमात्र है और वहां मिथ्यात्वभावरूप जीव ही परिणमता है ।

टीकार्थ—जीव ही मिथ्यात्व आदि भावकर्मका कर्ता है । यदि उसके अचेतन प्रकृति का कार्यपना माना जाय, तो उस भावकर्मको भी अचेतनपनेका प्रसंग आ जायगा । जीव अपने ही मिथ्यात्व आदि भावकर्मका कर्ता है । यदि जीवके द्वारा पुद्गलद्रव्यके मिथ्यात्व आदिक भावकर्म किया गया माना जाय तो पुद्गलद्रव्यके भी चेतनपनेका प्रसंग आ जायगा । तथा जीव और प्रकृति दोनों ही मिथ्यात्व आदिक भावकर्मके कर्ता हैं, ऐसा भी नहीं है, क्योंकि फिर तो अचेतन प्रकृतिको भी जीवकी तरह उसका फल भोगनेका प्रसंग आ जायगा । तथा जीव और प्रकृति ये दोनों अकर्ता हों ऐसा भी नहीं है, क्योंकि यदि ये दोनों अकर्ता हों तो पुद्गलद्रव्यके अपने स्वभावसे ही मिथ्यात्व आदि भावका प्रसंग आता है । इससे यह

क्रियमाणो पुद्गलद्रव्यस्य चेतनानुपंगात् । न च जीवश्च प्रकृतिश्च मिथ्यात्वादिभावकर्मणो द्वौ कर्तारौ जीववदचेतनायाः प्रकृतेरपि तत्फलभोगानुषंगात् । न च जीवश्च प्रकृतिश्च मिथ्यात्वादिभावकर्मणो द्वावप्यकर्तारौ, स्वभावत एव पुद्गलद्रव्यस्य मिथ्यात्वादिभावानुपंगात् । ततो जीवः कर्ता स्वस्य कर्म कार्यमिति सिद्धं ॥ कार्यत्वादकृतं न कर्म न च तज्जीवप्रकृत्योर्द्वयोरज्ञा-

---

प्रथमा एक० । पत्तो प्राप्ता–प्र० एक० । अहवा अथवा–अव्यय । एसो एषः–प्र० ए० । जीवो जीवः–प्र० ए० । पुग्गलदव्वस्स पुद्गलद्रव्यस्य–षष्ठी एक० । कुणइ करोति–वर्तमान लट् अन्य पुरुष एकवचन क्रिया । मिच्छत्तं मिथ्यात्वं–द्वितीया एक० । तम्हा तस्मात्–पंचमी एक० । पुग्गलदव्वं पुद्गलद्रव्यं–प्रथमा एक० । मिच्छाइट्ठी मिथ्यादृष्टिः–प्रथमा एकवचन । ण पुण न पुनः–अव्यय । जीवो जीवः–प्रथमा एक० । अह अथ–

सिद्ध हुआ कि मिथ्यात्व आदि भावकर्मका कर्ता जीव है और भावकर्म उस जीवका कार्य है ।

भावार्थ—भावकर्मका कर्ता जीव ही है, यह इन गाथाओंमें सिद्ध किया है । परमार्थसे अन्य द्रव्य अन्य द्रव्यके भावका कर्ता होता ही नहीं है । इसलिये जो चेतनके भाव हैं उनका चेतन ही कर्ता होता है । इस जीवके अज्ञानसे जो मिथ्यात्व आदि भावरूप परिणाम हुए हैं वे चेतन हैं, जड़ नहीं हैं । शुद्धनयकी तुलनामें उनको चिदाभास भी कहते हैं । इसलिये चेतनकर्मका कर्ता चेतन ही होना परमार्थ है । अभेददृष्टिमें तो जीव शुद्ध चेतनामात्र है, परन्तु कर्मके निमित्तसे जब परिणमन करता है तब उन विभाव परिणामोंसे युक्त होता है । उस समय परिणाम-परिणामीकी भेददृष्टिमें अपने अज्ञानभाव परिणामोंका कर्ता जीव ही है । अभेददृष्टिमें तो कर्ता-कर्मभाव ही नहीं हैं, शुद्ध चेतनामात्र जीववस्तु है । इस प्रकार यहां यह समझना कि चेतनकर्मका कर्ता चेतन ही है ।

अब इसी अर्थको कलशरूप काव्यमें कहते हैं—**कार्यत्वा** इत्यादि । **अर्थ**—कार्यपना होनेसे कर्म अकृत याने बिना किया नहीं होता । और ऐसा भी नहीं है कि वह भावकर्म जीव और प्रकृति इन दोनोंका किया हुआ हो, क्योंकि फिर तो जड़ प्रकृतिको भी उसको अपने कार्यका फल भोगनेका प्रसंग आता है तथा भावकर्म एक प्रकृतिका ही कार्य हो ऐसा भी नहीं है क्योंकि प्रकृति तो अचेतन है और भावकर्म चेतन है । इस कारण इस भावकर्मका कर्ता जीव ही है व यह भावकर्म जीवका ही कर्म है, क्योंकि भावकर्म चेतनसे अन्वयरूप है । और पुद्गल ज्ञाता नहीं है इसलिये भावकर्म पुद्गलका नहीं है । **भावार्थ**—चेतनकर्म चेतनके ही हो सकता है; पुद्गलके चेतनकर्म कैसे होगा ?

अब जो कोई भावकर्मका भी कर्ता कर्मको ही मानते हैं उनको समझानेके लिये स्याद्वादसे वस्तुकी मर्यादाका सूचनाका काव्य कहते हैं—**कर्मैव** इत्यादि । **अर्थ**—कोई आत्मघातक

याःप्रकृतेः स्वकार्यफलभुक्तभावानुषंगात्कृतिः । नैकस्याः प्रकृतेरचित्त्वलसनाज्जीवोऽस्य कर्ता ततो जीवस्यैव च कर्म तच्चिदनुगं ज्ञाता न यत्पुद्गलः ॥२०३॥ कर्मैव प्रवितर्क्य कर्तृ हतकैः क्षिप्त्वा-

---

अव्यय । जीवो जीवः—प्रथमा एक० । पयडी प्रकृतिः—प्रथमा एक० । तह तथा—अव्यय । पुग्गलदव्वं मिच्छत्तं पुद्गलद्रव्यं मिथ्यात्वं—द्वितीया एकवचन । कुणंति कुर्वन्ति—वर्तमान लट् अन्य पुरुष बहु० क्रिया । तम्हा तस्मात्—पंचमी एक० । दोहि द्वाभ्यां—तृ० बहु० । कदं कृतं—प्रथमा एक० । तं तत्—प्रथमा एक० । दोण्णि प्र० बहु० । द्वौ—प्र० द्वि० । वि अपि—अव्यय । भुंजंति—वर्तमान अन्य पुरुष बहु० क्रिया । भुंजाते—वर्तमान लट् अन्य पुरुष द्विवचन । तस्स तस्य—षष्ठी एक० । फलं—द्वितीया एक० । अह ण अथ न—अव्यय । पयडी

सर्वथा एकान्तवादी कर्मको ही कर्ता विचारकर आत्माके कर्तृत्वको उड़ाकर 'यह आत्मा कथंचित् करता है' ऐसी कहने वाली जिन-भगवानकी निर्बाध श्रुतरूप वाणीको कोपित करते हैं याने जिनवाणीकी विराधना करते हैं ऐसे आत्मघातीको जिनकी कि बुद्धि तीव्र मोहसे मुद्रित हो गई है, उनके ज्ञानकी संशुद्धिके लिए स्याद्वादसे निर्बाधित वस्तुस्थिति कही जाती है ।

भावार्थ—जो सर्वथा एकांतसे भावकर्मका कर्ता कर्मको ही कहते हैं और आत्माको अकर्ता कहते है, वे आत्माके स्वरूपके घातक हैं । जिनवाणी स्याद्वाद द्वारा वस्तुको निर्बाध कहती है । वह वाणी आत्माको कथंचित् कर्ता कहती है सो उन सर्वथा एकांतवादियोंपर जिनवाणीका कोप है । उनकी बुद्धि मिथ्यात्वसे ढक रही है । उनके मिथ्यात्वके दूर करनेको आचार्य स्याद्वादसे जैसे वस्तुकी सिद्धि होती है वैसा अब कहते हैं ।

प्रसंगविवरण—अनन्तरपूर्व गाथाचतुष्कमें बताया गया था कि एक द्रव्यका दूसरे द्रव्यके साथ कुछ भी सम्बन्ध नहीं है, फिर कर्तृकर्मभाव एकका दूसरेके साथ कैसे हो सकता है । अब इस गाथाचतुष्कमें युक्तिपुरस्सर कर्म और आत्माका कर्तृकर्मत्व निराकृत किया है ।

तथ्यप्रकाश—१—प्रत्येक पदार्थ अपनी अपनी ही परिणतिका कर्ता हुआ करता है । २—अज्ञानी जीवकी परिणति मिथ्यात्व आदि भावकर्म है । ३— मिथ्यात्वादि भावकर्मका कर्ता जीव है अचेतन कर्म नहीं । ४— यदि अचेतन मिथ्यात्वप्रकृति मिथ्यात्वादि भावकर्मको कर दे तो भावकर्म जड़ हो जायगा । ५—जीव स्वके ही मिथ्यात्वादि भावकर्मका कर्ता है । ६—यदि जीव मिथ्यात्वादि भावकर्मको पुद्गलके कर दे तो पुद्गलद्रव्यको चेतन बन जाना पड़ेगा । ६—जीव व पुद्गल दोनों मिलकर मिथ्यात्वादि भावकर्म नहीं करते । ७— यदि मिथ्यात्वादि-भावको जीवकी भांति पुद्गल भी करने लग जावे तो जीवकी तरह पुद्गलको भी मिथ्यात्वादि फल भोगनेका प्रसंग आ जावेगा । ८— यदि मिथ्यात्वादि भावकर्मका कर्ता जीव व पुद्गल किसीको भी न माना जाय तो मिथ्यात्वादि भावकर्म किसीके भी हों स्वभावसे ही बैठेंगे ।

त्मनः कर्तृतां कर्तात्मैष कथंचिदित्यचलिता कैश्चिच्छ्रुतिः कोपिता । तेषामुद्धतमोहमुद्रितधियां बोधस्य संशुद्धये स्याद्वादप्रतिबंधलब्धविजया वस्तुस्थितिः स्तूयते ॥२०४॥ ॥ ३२८-३३१॥

प्रकृतिः—प्र० ए० । ण न—अव्यय । जीवो जीवः—प्र० ए० । पुग्गलदव्वं मिच्छत्तं पुद्गलद्रव्यं मिथ्यात्वं—द्वि० ए० । करेदि करोति—वर्तमान लट् अन्य पुरुष एकवचन क्रिया । तम्हा तस्मात्—पंचमी एक० । पुग्गलदव्वं मिच्छत्तं पुद्गलद्रव्यं मिथ्यात्वं—प्र० ए० । ण न—प्र० ए० । तु ण हु सु न खलु—अव्यय । मिच्छा मिथ्या—प्रथमा एकवचन ॥ ३२८-३३१ ॥

९—मिथ्यात्वादि भावकर्म जीवमें स्वभावसे नहीं होते, किन्तु मिथ्यात्वादि प्रकृत्युदयका निमित्त पाकर जीवमें होते । १०—मिथ्यात्वादि भावकर्म पुद्गलमें कभी संभव ही नहीं है । ११—शुद्ध-नयकी दृष्टिसे मिथ्यात्वादि भावकर्म चिदाभास हैं । १२—अशुद्धनिश्चयनयसे जीव मिथ्यात्वादि भावकर्मका कर्ता है । १३— शुद्धनिश्चयनयसे जीव सम्यक्त्वादि स्वभावभावका कर्ता है । १४— परमशुद्धनिश्चयनय अथवा शुद्धनयकी दृष्टिसे जीव अकर्ता है । १५— मिथ्यात्वादि भावकर्मका कर्ता पुद्गल नहीं है । १६—जीव तो अपरिणामी हो और मिथ्यात्वादि प्रकृति हठ-पूर्वक जीवको मिथ्यादृष्टि आदि कर दे ऐसा वस्तुस्वभाव नहीं । १७—प्रकृति (कर्म) परिणमन-स्वभावी है और जीव भी परिणमनस्वभावी है । १८—जीव और कर्म दोनोंके ही परिणमन-स्वभावी होनेपर उनमें परस्पर निमित्तनैमित्तिक संबंधकी व्यवस्था है तथा बंध मोक्षकी प्रक्रिया है । (१९) भिन्न पदार्थोंमें निमित्तनैमित्तिक संबंध हो सकता है । (२०) एक पदार्थ में कर्तृकर्मत्व है ।

सिद्धान्त—१—जीव मिथ्यात्वादि भावकर्मका कर्ता है । २—कर्मप्रकृति मिथ्यात्वादि-भावकर्मका कर्ता नहीं । ३—जीव अकर्ता व अभोक्ता है ।

दृष्टि—१—अशुद्धनिश्चयनय (४७) । २—उपादानदृष्टि (४९ब) । ३—शुद्धनय (४९) ।

प्रयोग—अपनी भूलके कारण किये गये भावकर्मको अपनी सुधके बलसे दूर कर अपने शुद्ध ज्ञानमात्र स्वरूपमें विहार करना ॥ ३२८-३३१ ॥

अब आत्माके कर्तृत्व व अकर्तृत्वके सम्बन्धमें स्याद्वादशासनका निर्णय करते हैं—[कर्मभिस्तु] कर्मोंके द्वारा [अज्ञानी] जीव अज्ञानी [क्रियते] किया जाता है [तथैव] उसी प्रकार [कर्मभिः] कर्मोंके द्वारा जीव [ज्ञानी] ज्ञानी किया जाता है, जीव [कर्मभिः] कर्मोंके द्वारा [स्वाप्यते] सुलाया जाता है [तथैव] उसी प्रकार जीव [कर्मभिः] कर्मोंके द्वारा ही [जागर्यते] जगाया जाता है [कर्मभिः सुखीक्रियते] कर्मोंके द्वारा जीव सुखी किया जाता है [तथैव] उसी प्रकार जीव [कर्मभिः दुःखीक्रियते] कर्मोंके द्वारा दुःखी किया जाता है [च] [कर्मभिः मिथ्यात्वं नीयते] कर्मोंके द्वारा मिथ्यात्वको प्राप्त कराया जाता है [चैव]

कम्मेहिं दु अण्णाणी किज्जइ णाणी तहेव कम्मेहिं ।
कम्मेहिं सुवाविज्जइ जग्गाविज्जइ तहेव कम्मेहिं ॥३३२॥
कम्मेहिं सुहाविज्जइ दुक्खाविज्जइ तहेव कम्मेहिं ।
कम्मेहिं य मिच्छत्तं णिज्जइ णिज्जइ असंजमं चेव ॥३३३॥
कम्मेहिं भमाडिज्जइ उड्ढमहो चावि तिरियलोयं य ।
कम्मेहिं चेव किज्जइ सुहासुहं जत्तियं किंचि ॥३३४॥
जह्मा कम्मं कुव्वइ कम्मं देई हरति जं किंचि ।
तह्मा उ सव्वजीवा अकारया हुंति आवण्णा ॥३३५॥
पुरिसित्थियाहिलासी इत्थीकम्मं च पुरिसमहिलसइ ।
एसा आयरियपरंपरागया एरिसी दु सुई ॥३३६॥
तह्मा ण कोवि जीवो अबंभचारी उ अह्म उवएसे ।
जह्मा कम्मं चेव हि कम्मं अहिलसइ इदि भणियं ॥३३७॥
जह्मा घाएइ परं परेण घाइज्जए य सा पयडी ।
एएणच्छेण किर भण्णइ परघायणामित्ति ॥३३८॥

नामसंज्ञा—कम्म, दु, अण्णाणि, णाणि, तहेव, मिच्छत्त, असंजम, चेव, उड्ढं, अहो, तिरियलोय, सुहासुह, जित्तिय, किंचि, तत्, उ, सव्वजीव, अकारय, आवण्ण, पुरुसित्थियाहिलासि, इत्थीकम्म, च,

---

तथा [**असंयमं नीयते**] असंयमको प्राप्त कराया जाता है [**कर्मभिः ऊर्ध्वं चापि अधः च तिर्यग्लोकं भ्राम्यते**] जीव कर्मोंके द्वारा ऊर्ध्वलोक तथा अधोलोक और तिर्यग्लोकमें भ्रमाया जाता है [**च कर्मभिः एव**] और कर्मोंके द्वारा ही [**यत्किंचित् यावत् शुभाशुभं क्रियते**] जो कुछ शुभ अशुभ है वह किया जाता है। सो [**यस्मात्**] चूँकि [**इति यत् किंचित्**] इस प्रकार जो कुछ भी है उसे [**कर्म करोति**] कर्म ही करता है [**कर्म ददाति**] कर्म ही देता है [**हरति**] कर्म ही हरता है [**तस्मात्तु**] इस कारण [**सर्वजीवाः**] सभी जीव [**अकारका आपन्नाः भवंति**] अकर्ता प्रसक्त होते हैं। [**ईदृशी एषा आचार्यपरंपरागता तु श्रुतिः**] तथा ऐसी यह आचार्योंकी परिपाटीसे आई हुई श्रुति है कि [**पुरुषः**] पुरुषवेदकर्म तो [**स्त्र्यभिलाषी**] स्त्रीका अभिलाषी है [**च**] और [**स्त्रीकर्म**] स्त्रीवेदकर्म [**पुरुषं अभिलषति**] पुरुषको चाहता है।

तह्मा ण कोवि जीवो वघायओ अत्थि अह्म उवदेसे ।
जह्मा कम्मं चेव हि कम्मं घाएदि इदि भणियं ॥३३९॥
एवं संखुवएसं जे उ परूविंति एरिसं समणा ।
तेसिं पयडी कुव्वइ अप्पा य अकारया सव्वे ॥३४०॥
अहवा मरणम्मि मज्झं अप्पा अप्पाणमप्पणो कुणई ।
एसो मिच्छसहावो तुम्हं एयं मुणंतस्स ॥३४१॥
अप्पा णिच्चो असंखिज्जपदेसो देसिओ उ समयम्हि ।
णवि सो सक्कइ तत्तो हीणो अहिओ य काउं जे ॥३४२॥
जीवस्स जीवरूवं वित्थरदो जाण लोगमित्तं खु ।
तत्तो सो किं हीणो अहिओ व कहं कुणइ दव्वं ॥३४३॥
अह जाणओ उ भावो णाणसहावेण अत्थि इत्ति मयं ।
तह्मा णवि अप्पा अप्पयं तु सयमप्पणो कुणइ ॥३४४॥

कर्मोंसे अज्ञानी, किया जाता ज्ञानी भि कर्मोंसे ।
कर्म सुला देते हैं, कर्म हि इसको जगा देते ॥३३२॥
कर्म सुखी करता है, दुखी भि होता तथैव कर्मोंसे ।
कर्म हि मिथ्यात्व तथा, असंयमन भावको करता ॥३३३॥

पुरिस, एत, आयरियपरंपरागया, एरिसी, सुई, क, वि, जीव, अबंभचारि, अम्ह, उवएस, ज, भणिय, पर, त, पयडि, एत, अच्छ, किर, परघातनाम, इत्ति, तत्, ण, क, वि, वघायअ, उवदेस, संखुवएस, ज, एरिस, समण, त, पयडि, अप्प, अकारय, सव्व, अहवा, अम्ह, मिच्छसहाव, तुम्ह, एत, मुणंत, णिच्च, असंखिज्ज-पदेस, देसिअ, उ, समय, णवि, त, तत्तो, हीण, अहिअ, य, ज, जीवरूव, वित्थरदो, लोगमित्त, खु, त, किं,

---

[तस्मात्] इससे [कोपि जीवः] कोई भी जीव [अब्रह्मचारी न] अब्रह्मचारी नहीं है [अस्माकं तु उपदेशे] हमारे उपदेशमें तो ऐसा है [यस्मात्] कि [कर्म चैव हि] कर्म ही [कर्म अभिलषति] कर्मको चाहता है [इति भणितं] ऐसा कहा है । [यस्मात्] जिस कारण [सा प्रकृतिः] वह प्रकृति ही [परं] दूसरेको [हंति] मारता है [च] और [परेण हन्यते] परके द्वारा मारा जाता है [एतेन अर्थेन] इसी अर्थसे [परघात नाम इति भण्यते] यह परघात नामक प्रकृति है यह कहा जाता है [तस्मात्] इस कारण [अस्माकं उपदेशे]

कर्म भ्रमाता रहता, ऊर्ध्व अधः मध्यलोकमें इसको ।
कर्म किया करता है, शुभ व अशुभ भाव भी सब कुछ ॥३३४॥
क्योंकि कर्म करता है, देता हरता है कर्म ही सब कुछ ।
इससे समस्त आत्मा, अकारक हि प्राप्त होते हैं ॥३३५॥
पुरुषवेद नारीको, स्त्रीवेद भि कर्म पुरुषको चाहे ।
यह है आचार्यपरं-परागता श्रुति भी तत्साधक ॥३३६॥
अभिलाषा करता है, कर्मकी कर्म यह बताया जब ।
तब फिर जीव भि कोई, व्यभिचारी भी न हो सकता ॥३३७॥
चूंकि प्रकृति ही परको, घाते परसे व घात उसका हो ।
इस ही कारण उसका, परघातप्रकृति नाम हुआ ॥३३८॥
इस कारणसे आत्मा, घातक नहिं है हमारे आशयसे ।
क्योंकि कर्मको कर्म हि, घाता करता बताया है ॥३३९॥
ऐसे सांख्याशयको, इस प्रकार श्रमण जो प्रकट करते ।
उनके प्रकृति हि कर्ता, आत्मा होते अकारक सब ॥३४०॥
यदि मानो यह आत्मा, अपने आपका आप करता है ।
तो मान्यता तुम्हारी, है मिथ्याभावकी यह सब ॥३४१॥
जीव असंख्यप्रदेशी, नित्य बताया जिनेन्द्र शासनमें ।
उससे कभी न छोटा, न बड़ा भी किया जा सकता ॥३४२॥

कह, दव्व, अह, जाणअ, भाव, णाणसहाव, इत्ति, मय, अप्पय, सय, अप्प । धातुसंज्ञ—कर करणे, जग निद्राक्षये, सुहाय सुखीकरणे नामधातुप्रक्रिया, दुक्खाय दुखीकरणे नामधातुप्रक्रिया, ने प्रापणे, भम भ्रमणे, कर करणे, कुञ्च करणे, दा दाने, हर हरणे, अहि लस इच्छाक्रीडनयोः, घात हिंसायां, प रूप घटनायां, मन्न अवबोधने, कुण करणे, सक्क सामर्थ्ये, कर करणे, जाण अवबोधने, अस सत्तायां । प्रातिपदिक—कर्मन्,

---

हमारे उपदेशमें [कोपि जीवः] कोई भी जीव [उपघातको नास्ति] उपघात करने वाला नहीं है [यस्मात्] क्योंकि [कर्म चैव हि] कर्म ही [कर्म हंतीति भणितं] कर्मको घातता है ऐसा कहा है [एवं तु] इस तरह [ये श्रमणाः] जो कोई यति [ईदृशं सांख्योपदेशं प्ररूपयंति] ऐसे सांख्यमतका उपदेश निरूपण करते हैं [तेषां] उनके मतमें [प्रकृतिः] प्रकृति ही [करोति] करती है [च सर्वे आत्मानः] और आत्मा सब [अकारकाः] अकारक ही हैं, [अथवा] आचार्य कहते हैं यदि [मन्यसे] तू ऐसा मानेगा कि [मम आत्मा] मेरा आत्मा

जीवका जीवरूपक, विस्तृत लोकपरिमाण तक जानो ।
उससे हीन या अधिक, कैसे है कोइ कर सकता ॥३४३॥
यदि ऐसा मानो यह, ज्ञायक निज ज्ञानभावसे है ही ।
तो सिद्ध हुआ आत्मा, अपनेको आप नहिं करता ॥३४४॥

कर्मभिः सुखायते दुःखायते तथैव कर्मभिः । कर्मभिश्च मिथ्यात्वं नीयते नीयतेऽसंयमं चैव ॥ ३३३ ॥ कर्मभिर्भ्राम्यते ऊर्ध्वमधश्चापि तिर्यग्लोकं च । कर्मभिश्चैव क्रियते शुभाशुभं यावत्किंचित् ॥ ३३४ ॥ यस्मात् कर्म करोति कर्म ददाति कर्म हरतीति यत्किंचित् । तस्मात्तु सर्वजीवा अकारका भवंत्यापन्नाः ॥ पुरुषः स्त्र्यभिलाषी स्त्रीकर्म च पुरुषमभिलषति । एषाचार्यपरंपरागतेदृशी तु श्रुतिः ॥ ३३६ ॥ तस्मान्न कोऽपि जीवोऽब्रह्मचारी त्वस्माकमुपदेशे । यस्मात्कर्म चैव हि कर्माभिलषतीति भणितं ॥ ३३७ ॥ यस्माद्धंति परं परेण हन्यते च सा प्रकृतिः । एतेनार्थेन किल भण्यते परघातनामेति ॥ ३३८ ॥ तस्मान्न कोऽपि जीव उपघातकोऽस्त्यस्माकमुपदेशे । यस्मात्कर्म चैव हि कर्म हंतीति भणितं ॥ ३३९ ॥ एवं सांख्योपदेशं ये तु प्ररूपयंतीदृशं श्रमणाः । तेषां प्रकृतिः करोत्यात्मानश्चाकारकाः सर्वे ॥ ३४० ॥ अथवा मन्यसे ममात्मात्मानमात्मनः करोमि । एष मिथ्यास्वभावस्तवैतज्जानतः ॥ ३४१ ॥ आत्मा नित्योऽसंख्येयप्रदेशो दर्शितस्तु समये । नापि स शक्यते ततो हीनोऽधिकश्च कर्तुं यत् ॥ ३४२ ॥ जीवस्य जीवरूपं विस्तरतो जानीहि लोकमात्रं खलु । ततः स किं हीनोऽधिको वा कथं करोति द्रव्यं ॥ ३४३ ॥ अथ ज्ञायकस्तु भावो ज्ञानस्वभावेन तिष्ठतीति मतं । तस्मान्नाप्यात्मात्मानं तु स्वयमात्मनः करोति ॥३४४॥

कर्मैवात्मानमज्ञानिनं करोति ज्ञानावरणाख्यकर्मोदयमंतरेण तदनुपपत्तेः । कर्मैव ज्ञानिनं करोति ज्ञानावरणाख्यकर्मक्षयोपशममंतरेण तदनुपपत्तेः । कर्मैव स्वापयति निद्राख्यकर्मोदयमंत-

---

तु, अज्ञानिन्, ज्ञानिन्, तथा, एव, च, मिथ्यात्व, असंयम, ऊर्ध्व, अधः, तिर्यग्लोक, शुभाशुभ, यावत्, किंचित्, यत्, तत्, सर्वजीव, अकारक, आपन्न, पुरुष, स्त्र्यभिलाषिन्, स्त्रीकर्मन्, पुरुष, एतत्, आचार्यपरम्परागता, ईदृशी, श्रुति, तत्, न, किम्, अपि, जीव, अब्रह्मचारिन्, तु, अस्मद्, उपदेश, यत्, भणित, पर, तत्, प्रकृति, एतत्, अर्थ, किल, परघातनामन्, इति, उपघातक, सांख्योपदेश, यत्, ईदृश, श्रमण, तत्, प्रकृति, आत्मन्, च, अकारक, सर्व, अथवा, अस्मद्, आत्मन्, एतत्, मिथ्यास्वभाव, युष्मद्, एतत्, जानत्, आत्मन्, नित्य, असंख्येयप्रदेश, दर्शित, तु, समय, न, अपि, तत्, ततः, हीन, अधिक, जीवरूप, विस्तरतः,

---

[आत्मनः] अपने **[आत्मानं]** आत्माको **[करोति]** करता है, ऐसा कर्तापनका पक्ष मानो तो **[तज्जानतः]** ऐसे जानते हुए **[तवैव]** तेरा **[एषः]** यह **[मिथ्यास्वभावः तु]** मिथ्यास्वभाव है **[यत्]** क्योंकि **[समये]** सिद्धान्तमें **[आत्मा]** आत्मा **[नित्यः]** नित्य **[असंख्येयप्रदेशः]** असंख्यातप्रदेशी **[दर्शितः]** कहा गया है **[ततः]** उससे **[सः]** वह **[हीनः च अधिकः कर्तुं]** हीन और अधिक किया जानेके लिये **[नापि शक्यते]** शक्य नहीं है **[विस्तरतः]** और विस्तार अपेक्षासे भी **[जीवस्य जीवरूपं]** जीवका जीवरूप **[खलु]** निश्चयतः **[लोकमात्रं]** लोकमात्र **[जानीहि]** जानो **[ततः]** उस परिमाणसे **[किं]** क्या **[सः]** वह **[हीनोऽधिकः वा]** हीन

रेण तदनुपपत्तेः। कर्मैव जागरयति निद्राख्यकर्मक्षयोपशममंतरेण तदनुपपत्तेः। कर्मैव सुखयति सद्वेदाख्यकर्मोदयमंतरेव तदनुपपत्तेः। कर्मैव दुःखयति असद्वेदाख्यकर्मोदयमंतरेण तदनुपपत्तेः। कर्मैव मिथ्यादृष्टिं करोति मिथ्यात्वकर्मोदयमंतरेण तदनुपपत्तेः। कर्मैवासंयतं करोति चारित्रमोहाख्यकर्मोदयमंतरेण तदनुपपत्तेः। कर्मैवोद्धूर्वाधस्तिर्यग्लोकं भ्रमयति आनुपूर्व्याख्यकर्मोदयमंतरेण तदनुपपत्तेः। अपरमपि यद्यावत्किंचिच्छुभाशुभभेदं तत्सावत्सकलमपि कर्मैव करोति प्रशस्ताप्रशस्तरागाख्यकर्मोदयमंतरेण तदनुपपत्तेः। यत एवं समस्तमपि स्वतंत्रं कर्म करोति कर्म

लोकमात्र, खलु, ततः, कथं, द्रव्य, अथ, ज्ञायक, भाव, ज्ञानस्वभाव, इति, मत तत्, न, अपि, आत्मन्, तु, स्वयं, आत्मन्। **मूलधातु**—डुकृञ् करणे, शीङ् स्वप्ने अदादि, जागृ निद्राक्षये, सुखाय सुखीकरणे, नामधातुप्रक्रिया, दुःखाय दुखीकरणे नामधातुप्रक्रिया, णीञ् प्रापणे, भ्रमु अनवस्थाने दिवादि, भ्रमु चलने भ्वादि, डुदाञ् दाने जुहोत्यादि, हृञ् हरणे भ्वादि, अभि लस श्लेषणक्षोडनयोः भ्वादि, हन हिंसायां अदादि, प्र रूप रूपक्रियायां, मन ज्ञाने दिवादि, शक्लृ शक्तौ स्वादि, ज्ञा अवबोधने क्र्यादि, अस भुवि। **पदविवरण**—कम्मेहिं कर्मभिः—तृतीया बहु०। तु तह तथा एव य च अवि अपि जित्तियं यावत् किंचि किंचित् इत्ति इति उ तु ण न वि अपि हि इदि इति किर किल तत्तो ततः—अव्यय। अण्णाणी अज्ञानी—प्रथमा एक०। किज्जइ क्रियते—वर्तमान लट् अन्य पुरुष एक० भावकर्मप्रक्रिया। णाणी ज्ञानी—प्रथमा एक०। सुवाविज्जइ स्वाप्यते—वर्तमान लट् अन्य पुरुष णिजन्त भावकर्मप्रक्रिया। जग्गाविज्जइ जागर्यते—वर्तमान लट् अन्य

तथा अधिक हो सकता है ? [**द्रव्यं**] तब फिर आत्मा द्रव्यको [**कथं करोति**] कैसे कर सकता है ? [**अथ**] अथवा [**इति मतं**] ऐसा माना जाय कि [**ज्ञायकः भावः तु**] ज्ञायक भाव तो [**ज्ञानस्वभावेन**] ज्ञानस्वभावसे [**तिष्ठति**] तिष्ठता है [**तु**] तो [**तस्मात्**] उसी हेतुसे सिद्ध हुआ कि [**आत्मा**] आत्मा [**आत्मनः आत्मानं**] अपने आपको [**स्वयं नापि करोति**] स्वयं कुछ भी नहीं करता।

तात्पर्य—कर्तापन साधनेकी विवक्षा पलटकर जो पक्ष कहा था सो नहीं बना। यदि कर्मका कर्ता कर्मको ही मानें तो स्याद्वादसे विरोध हो जायेगा; इसलिए कथंचित् अज्ञान अवस्थामें अपने अज्ञान भावरूप कर्मका कर्ता माननेमें स्याद्वादसे विरोध नहीं है।

टीकार्थ— पूर्वपक्ष—कर्म ही आत्माको अज्ञानी करता है; क्योंकि ज्ञानावरण कर्मके उदयके बिना अज्ञानकी अनुपपत्ति है। कर्म ही आत्माको ज्ञानी करता है, क्योंकि ज्ञानावरण कर्मके क्षयोपशमके बिना ज्ञानकी अनुपपत्ति है। कर्म ही आत्माको सुलाता है, क्योंकि निद्रानामक कर्मके उदयके बिना निद्राकी अनुपपत्ति है। कर्म ही आत्माको जगाता है; क्योंकि निद्रानामक कर्मके क्षयोपशमके बिना जगानेकी अनुपपत्ति है।

ददाति कर्म हरति च ततः सर्व एव जीवाः नित्यमेवैकांतेनाकर्तार एवेति निश्चिनुमः किंच—श्रुतिरप्येनमर्थमाह, पुंवेदाख्यं कर्म स्त्रियमभिलषति स्त्रीवेदाख्यं कर्म पुमांसमभिलषति इति वाक्येन कर्मण एव कर्माभिलाषकर्तृत्वसमर्थनेन जीवस्याब्रह्मकर्तृत्वासमर्थनेन च जीवस्याब्रह्मकर्तृत्वप्रतिषेधात्। तथा यत्परं हंति, येन च परेण हन्यते तत्परघातकर्मेति वाक्येन कर्मण एव कर्मघातकर्तृत्वसमर्थनेन जीवस्य घातकर्तृत्वप्रतिषेधाच्च सर्वथैवाकर्तृत्वज्ञापनात्। एवमीदृशं सांख्यसमयं स्वप्रज्ञापराधेन सूत्रार्थमबुध्यमानाः केचिच्छ्रमणाभासाः प्ररूपयंति तेषां प्रकृतेरेकांतेन कर्तृत्वाभ्युपगमेन सर्वेषामेव जीवानामेकांतेनाकर्तृत्वापत्तेः—जीवः कर्तेति श्रुतेः कोपो

पुरुष एकवचन भावकर्मप्रक्रिया। सुहाविज्जइ सुखायते दुक्खाविज्जइ दुःखायते—वर्तमान० अन्य० एक० नामधातु भावकर्मप्रक्रिया। णिज्जइ नीयते—वर्तमान० अन्य० एक० क्रिया। भमाडिज्जइ भ्राम्यते—वर्तमान अन्य० एक० भावकर्मप्रक्रिया। उड्ढं ऊर्ध्वं अहो अधः—अव्यय। तिरियलोयं तिर्यग्लोकं, किज्जइ क्रियते—वर्तमान० अन्य० एक० भावकर्मप्रक्रिया। सुहासुहं शुभाशुभं—प्र० एक० कर्मवाच्य कर्म। जम्हा यस्मात्—पंचमी एक०। कम्मं कर्म—प्र० एक०। कुव्वइ करोति—वर्तमान लट् अन्य पुरुष एकवचन क्रिया। हरइ हरति—वर्तमान लट् अन्य पुरुष एक०। जं यत्—प्रथमा एक०। तम्हा तस्मात्—पंचमी एक०। सव्वजीवा सर्वजीवाः—प्र० बहु०। अकारया अकारका—प्र० बहु०। हुंति भवन्ति—वर्तमान लट् अन्य पुरुष बहुवचन क्रिया। आवण्णा आपन्नाः—प्रथमा बहु०। पुरिसित्थियाहिलासी पुरुषःस्त्र्यभिलाषी—प्रथमा एक०। स्त्रीकर्म—प्र० ए०। पुरिसं—द्वि० ए०। एसा एषा—प्र० ए०। आयरियपरंपरागया आचार्यपरम्परागता एरिसी ईदृशी

कर्म ही आत्माको सुखी करता है, क्योंकि सातावेदनीयकर्मके उदयके बिना सुखकी अनुपपत्ति है। कर्म ही आत्माको दुःखी करता है क्योंकि असातावेदनीयकर्मके उदयके बिना दुःखकी अनुपपत्ति है। कर्म ही आत्माको मिथ्यादृष्टि करता है, क्योंकि मिथ्यात्व कर्मके उदयके बिना मिथ्यात्वकी अनुपपत्ति है। कर्म ही आत्माको असंयमी करता है, क्योंकि चारित्रमोहकर्मके उदयके बिना असंयमकी अनुपपत्ति है। कर्म ही आत्माको ऊर्ध्वलोकमें, अधोलोकमें और तिर्यग्लोकमें भ्रमाता है, क्योंकि आनुपूर्वीनामकर्मके उदयके बिना भ्रमणकी अनुपपत्ति है। अन्य जो भी कुछ शुभ अशुभ हैं, उन सबको कर्म ही करता है; क्योंकि प्रशस्त अप्रशस्त रागनामक कर्मके उदयके बिना उस शुभ अशुभकी अनुपपत्ति है। इस प्रकार सब ही को स्वतन्त्र होकर कर्म ही करता है, कर्म ही देता है, कर्म ही हरता है, इसलिये हम ऐसा निश्चय करते हैं कि सभी जीव नित्य एकांतसे अकर्ता ही हैं। और क्या—शास्त्र भी इसी अभिप्रायका समर्थन करता है। क्योंकि पुंवेदकर्म स्त्रीकी और स्त्रीवेदकर्म पुरुषकी अभिलाषा करता है, इस वाक्य से कर्मकी ही अभिलाषारूप कर्मके कर्तृत्वके समर्थन द्वारा जीवके अब्रह्मका समर्थन न होनेसे जीवको अब्रह्मका कर्तृत्व सिद्ध नहीं होता। तथा 'जो दूसरेको मारता है और दूसरेसे मारा

दुःशकयः परिहर्तुं । यस्तु कर्म आत्मनोऽज्ञानादिसर्वभावान् पर्यायरूपान् करोति आत्मा त्वात्मानमेवैकं द्रव्यरूपं करोति ततो जीवः कर्तेति श्रुतिकोपो न भवतीत्यभिप्रायः स मिथ्यैव । जीवो हि द्रव्यरूपेण तावन्नित्योऽसंख्येयप्रदेशो लोकपरिमाणश्च । तत्र न तावन्नित्यस्य कार्यत्वमुपपन्नं

सुई श्रुतिः–प्र० ए० । को कः–प्र० ए० । जीवो जीवः अबंभचारी अब्रह्मचारी–प्र० ए० । अम्ह अस्माक–षष्ठी बहु० । उवएसे उपदेशे–सप्तमी एक० । अहिलसइ अभिलषति–वर्तमान लट् अन्य पुरुष एक० क्रिया । भणियं भणितं–प्रथमा एकवचन । घाएइ हंति–वर्तमान० अन्य० एक० क्रिया । परं–द्वि० एक० । परेण–तृ० एक० । घाइज्जए हन्यते–वर्तमान० अन्य० एक० भावकर्मप्रक्रिया । सा पयडी सा प्रकृतिः–प्रथमा एक० ।

जाता है वह परघातकर्म है, इस वाक्यसे कर्मको ही कर्मके घातका कर्तृत्व होनेके समर्थन द्वारा जीवके घातकर्तृत्वका निषेध होनेसे जीवके सर्वथा अकर्तृत्वका ही समर्थन होता है । इस प्रकार कुछ श्रमणाभास अपने बुद्धिदोषसे आगमके अभिप्रायको बिना ही समझे सांख्यमतका अनुसरण करते हैं । उनके इस तरह प्रकृतिको एकान्ततः कर्ता मान लेनेसे सब ही जीव एकान्तसे अकर्ता सिद्ध हो जाते हैं । तब 'जीव कर्ता है' श्रुतिका यह कोप दूर करना दुःशक्य हो जाता है । और 'कर्म आत्माके पर्यायरूप अज्ञानादि भावोंको करता है और आत्मा द्रव्यरूप केवल आत्माको ही करता है इस तरह आगमको विरुद्धता न होगी, ऐसा जो आशय है वह मिथ्या ही है । क्योंकि जीव द्रव्यरूपसे नित्य, असंख्यातप्रदेशी और लोकके बराबर है, अतः जो नित्य होता है वह कार्य नहीं हो सकता, क्योंकि कृतकत्व और नित्यत्वमें परस्पर विरोध है । यहाँ यह कहना भी ठीक नहीं कि अवस्थित और असंख्यातप्रदेशी आत्माके पुद्गल स्कंधकी तरह प्रदेशोंके बिछुड़ने मिलनेसे कार्यत्व सिद्ध हो जायेगा, क्योंकि प्रदेशोंके बिछुड़ने मिलनेसे उसमें एकत्व नहीं रह सकता । और 'सम्पूर्ण लोक भवनके बराबर विस्तार वाला आत्मा जब अपने नियत (छोटे बड़े) शरीरोंको धारण करता है तब आत्मप्रदेशोंमें संकोच विस्तार होनेके कारण उसमें कार्यत्व सिद्ध हो जायगा' यह कथन भी ठीक नहीं है, क्योंकि संकोच विस्तार होनेपर भी सूखी गीली अवस्थामें अपने ही परिमाणके अन्दर रहने वाले चमड़ेकी तरह आत्माको अपने निश्चित विस्तारसे हीनाधिक नहीं किया जा सकता । और चूँकि वस्तुस्वभावको मिटाया नहीं जा सकता इसलिए आत्माका ज्ञायकभाव सदा ज्ञान स्वभावसे ही रहता है और जब वह ज्ञानस्वभावसे रहता है तब ज्ञायकता और कर्तृता दोनोंमें परस्पर विरोध होनेसे वह मिथ्यात्वादि भावोंका कर्ता नहीं हो सकता परन्तु मिथ्यात्वादि भाव होते अवश्य हैं इस लिये कर्म ही उनका कर्ता कहा जाता है ऐसा कथन केवल संस्कारके आधीन होकर ही किया जा सकता है । इससे तो 'आत्मा आत्माको करता है' इस मान्यताका पूर्णतया खण्डन ही

कृतकत्वनित्यत्वयोरेकत्वविरोधात् । न चावस्थिताऽसंख्येयप्रदेशस्यैकस्य पुद्गलस्कंधस्येव प्रदेश-प्रक्षेपणाकर्षणद्वारेणापि तस्य कार्यत्वं प्रदेशप्रक्षेपणाकर्षणे सति तस्यैकत्वव्याघातात् । न चापि सकललोकवास्तुविस्तारपरिमितनियतनिजाभोगसंग्रहस्य प्रदेशसंकोचनविकाशनद्वारेण तस्य कार्यत्वं, प्रदेशसंकोचविकाशयोरपि शुष्कार्द्रचर्मवत्प्रतिनियतनिजविस्ताराद्धीनाधिकस्य तस्य कर्तुमशक्य-

---

एएणअच्छेण एतेनअर्थेन–तृ० एक० । भणइ भण्यते–वर्तमान० अन्य० एक० भावकर्मप्रक्रिया । परघायणाम परघातनाम बधायओ उपघातकः–प्र० एक० । अत्थि अस्ति–व० अ० ए० क्रिया । भणिदं होदि–व० अ० ए० क्रिया । संखुवएसं सांख्योपदेशं–द्वितीया एक० । परूविंति प्ररूपयन्ति–व० अ० बहु० क्रिया । एरिसं ईदृशं–द्वि० ए० । समणा श्रमणाः–प्र० बहु० । तेसिं तेषां–षष्ठी बहु० । पयडी प्रकृतिः–प्र० ए० । कुव्वइ

होता है । इस कारण सामान्यकी अपेक्षासे ज्ञानस्वभावमें स्थित होकर भी ज्ञायकभाव जब कर्मोंसे उत्पन्न मिथ्यात्वादि भावोंका ज्ञान करता है तब अनादिकालसे ज्ञेय ज्ञानका भेद न समझनेके कारण परपदार्थको अपना मानने लगता है सो विशेषकी अपेक्षासे अज्ञानमयी परिणामोंके करनेके कारण उसका कर्ता मानना चाहिए । वह भी तब तक, जब तक कि इसे प्रकट भेदज्ञानकी पूर्णता न हो, पूर्णता हो जानेपर जब वह आत्माको ही आत्मा जानने लगता है, तब इस विशेषकी अपेक्षासे ज्ञानमयी ज्ञानपरिणामोंसे परिणमन करता है, उस समय मात्र ज्ञाता होनेसे वह साक्षात् अकर्ता रहता है ।

भावार्थ—कितने ही जैन श्रमण भी स्याद्वादवाणीको अच्छे प्रकार न समझनेके कारण सर्वथा एकांतका अभिप्राय करते हैं, और विवक्षाको बदलकर यह कहते हैं कि 'आत्मा तो भावकर्मका अकर्ता ही है' कर्म प्रकृतिका उदय ही शरीर व भावकर्मको करता है । ऐसा सर्वथा एकान्तको मानने वाले उन मुनियोंपर जिनवाणीका कोप अवश्य होता है, क्योंकि जिनवाणीका कथन है कि प्रत्येक सत् अपना परिणमन करता रहता है, आत्मा भी अपना परिणमन करता है । जिनवाणीके कोपके भयसे यदि वे विवक्षाको बदलकर ऐसा कहें कि भावकर्मका कर्ता कर्म है और अपने आत्माका कर्ता आत्मा है, इस प्रकार हम आत्माको कथंचित् कर्ता कहते हैं, इसलिए वाणीकी विराधना नहीं होती, तो उनका ऐसा कहना मिथ्या ही है । आत्मा द्रव्यसे नित्य है, असंख्यातप्रदेशी है, लोकपरिमाण है, इसलिए उसमें तो कुछ नवीन करना नहीं है । इसलिए आत्माके कर्तृत्व और अकर्तृत्वकी विवक्षाको यथार्थ मानना ही स्याद्वादको 'यथार्थ मानना है' आत्माके कर्तृत्व और अकर्तृत्वके संबंधमें सत्यार्थ स्याद्वाद प्ररूपण इस प्रकार है । आत्मा सामान्य अपेक्षासे तो ज्ञानस्वभावमें ही स्थित है, परंतु मिथ्यात्वादि भावोंको जानते समय अनादिकालसे ज्ञेय और ज्ञानके भेदविज्ञानके अभाव

त्वात् । यस्तु वस्तुस्वभावस्य सर्वथापोद्धुमशक्यत्वात् ज्ञायको भावो ज्ञानस्वभावेन सर्वदैव तिष्ठति, तथा तिष्ठंश्च ज्ञायककर्तृत्वयोरत्यंतविरुद्धत्वान्मिथ्यात्वादिभावानां न कर्ता भवति । भवंति च मिथ्यात्वादिभावाः ततस्तेषां कर्मैव कर्तृ प्ररूप्यत इति वासनोन्मेषः स तु नितरामात्माऽऽत्मानं करोतीत्यभ्युपगममुपहंत्येव ततो ज्ञायकस्य भावस्य सामान्यापेक्षया ज्ञानस्वभावावस्थितत्वेऽपि कर्मजानां मिथ्यात्वादिभावानां ज्ञानसमयेऽनादिज्ञेयज्ञानभेदविज्ञानशून्यत्वात् परमात्मेति जानतो

करोति–व० अ० ए० । अप्पा अकारया सव्वे आत्मानः अकारकाः सर्वे–प्र० बहु० । मण्णसि मन्यसे–वर्तमान० मध्यम० एक० । मज्झं मम–षष्ठी एक० । अप्पा आत्मा–प्र० ए० । अप्पाणं आत्मानं–द्वि० एक० ।

के कारण ज्ञेयरूप मिथ्यात्वादि भावोंको आत्माके रूपमें जानता है इस प्रकार विशेष अपेक्षासे अज्ञानरूप ज्ञानपरिणामको करनेसे कर्ता है, और जब भेदविज्ञान होनेसे आत्माको ही आत्माके रूपमें जानता है, तब विशेष अपेक्षासे भी ज्ञानरूप परिणाममें ही परिणमित होता हुआ मात्र ज्ञाता रहनेसे ज्ञानी साक्षात् अकर्ता है ।

अब इसी अर्थको कलशरूप काव्यमें कहते हैं—**मा कर्तारं** इत्यादि । **अर्थ**—अर्हंतके अनुयायी ये जैन भी आत्माको, सांख्यमतियोंकी तरह सर्वथा अकर्ता मत मानो, भेदज्ञान होने से पहिले उसे सदा कर्ता मानो और भेदज्ञान होनेसे पश्चात् उद्धत ज्ञानधाममें निश्चित इस स्वयं प्रत्यक्ष आत्माको अकर्ता, अचल और एक परम ज्ञाता ही देखो । **भावार्थ**—सांख्यमतावलम्बी पुरुषको एकांतसे अकर्ता, शुद्ध, उदासीन, चैतन्यमात्र मानते हैं । ऐसा माननेसे पुरुष को संसारके अभावका प्रसंग आता है, और यदि प्रकृतिको संसार माना जाय तो प्रकृति तो जड़ है, उसके सुख-दुःख आदिका संवेदन नहीं है, इसलिये प्रकृतिको संसार कैसा इत्यादि दोष एकान्तमान्यतामें आते हैं । क्योंकि वस्तुका स्वरूप सर्वथा एकांत नहीं है । इस कारण वे सर्वथा नित्यैकान्तवादी मिथ्यादृष्टि हैं । उसी तरह जो जैन भी ऐसा मानते हैं तो वे भी मिथ्यादृष्टि होते हैं । इसलिये आचार्य यहाँ उपदेश करते हैं कि सांख्यमतियोंकी तरह जैन आत्माको सर्वथा अकर्ता मत मानो । जहां तक स्व और परका भेदविज्ञान न हो तब तक तो रागादिकका अपने चेतनरूप भावकर्मोंका कर्ता मानो, भेदविज्ञान हुए पश्चात् शुद्ध विज्ञानघन समस्त कर्तापनके भावसे रहित एक ज्ञाता ही मानो । इस तरह एक ही आत्मामें कर्ता अकर्ता दोनों भाव विवक्षाके वशसे सिद्ध होते हैं । यह स्याद्वाद मत है तथा वस्तुस्वभाव भी ऐसा ही है, कल्पना नहीं है । ऐसा माननेसे पुरुषके संसार मोक्ष आदिकी सिद्धि होती है । सर्वथा एकांत माननेमें निश्चय व्यवहार सबका लोप हो जाता है ।

अब क्षणिकवादका सर्वथा एकांत माननेमें दूषण दिखलाते हैं तथा स्याद्वादसे जिस

विशेषापेक्षया स्वज्ञानरूपस्य ज्ञानपरिणामस्य करणात्कर्तृत्वमनुमंतव्यं तावद्यावत्तदादिज्ञेयज्ञान-भेदविज्ञानपूर्णत्वादात्मानमेवात्मेति जानतो विशेषापेक्षयापि ज्ञानरूपेणैव ज्ञानपरिणामेन परि-णममानस्य केवलं ज्ञातृत्वात्साक्षादकर्तृत्वं स्यात् ॥ माऽकर्तारममो स्पृशंतु पुरुषं सांख्या इवा-

अप्पणो आत्मनः—षष्ठी ए० । कुणइ करोति—व० अ० ए० । मिच्छसहावो मिथ्यास्वभावः—प्र० ए० । तुम्हं मुणंतस्स तव जानतः—षष्ठी ए० । अप्पा आत्मा णिच्चो नित्यः असंखिज्जपदेसो असंख्यातप्रदेशः देसिओ

तरह वस्तुस्वरूप है उस तरह काव्यमें दिखलाते हैं—**क्षणिक** इत्यादि। **अर्थ**—इस लोकमें कोई एक क्षणिकवादी दार्शनिक तो आत्मतत्त्वको क्षणिक कल्पित करके अपने मनमें कर्ता भोक्तामें भेद करते हैं कर्ता अन्य है भोक्ता अन्य है उनके अज्ञानको यह चैतन्यचमत्कार ही स्वयं नित्य अमृतके समूहोंसे सींचता हुआ दूर करता है। **भावार्थ**—क्षणिकवादी कर्ता भोक्ता में भेद मानते हैं कि जो पहले क्षणमें वह दूसरे क्षणके नहीं है आचार्य कहते हैं कि हम उनको क्या समझावें ? यह चैतन्य ही उनका अज्ञान दूर करेगा जो कि अनुभवगोचर व नित्यरूप है। पहले क्षण जो आत्मा है वही दूसरे क्षणमें कहता है, सो जो मैं पहले था वही हूं ऐसा स्मरण पूर्वक प्रत्यभिज्ञान उसको नित्यता दिखलाता है। इसलिये नित्यता व अनित्यताका सर्वथा एकांत मानना ये दोनों ही भ्रम हैं वस्तुस्वरूप नहीं है। स्याद्वाद शासन कथंचित् नित्यानित्यरूप वस्तुका स्वरूप कहता है वही सत्यार्थ है।

अब ऐसे ही क्षणिक मानने वालोंको युक्तिसे काव्य द्वारा निषेध करते हैं—**वृत्यंश** इत्यादि। **अर्थ**—वृत्यंशोंके भेदसे वृत्तिमानके सर्वथा नाशकी कल्पना "अन्य करता है अन्य भोक्ता है" ऐसा एकान्त मत प्रकाशित करो। **भावार्थ**—क्षण क्षणकी प्रति अवस्थाभेदोंको वृत्यंश कहते हैं, उनको सर्वथा भेद जुदे-जुदे वस्तु माननेसे अवस्थाओंका आश्रयरूप जो वृत्ति-मान वस्तु है उसके नाशकी कल्पना करके जो ऐसा मानते हैं कि कर्ता दूसरा है और भोक्ता कोई दूसरा ही है। उसपर आचार्य कहते हैं कि ऐसा एकान्त मत प्रकाशित करो। जहां अवस्थावान् पदार्थका नाश हुआ वहां अवस्थायें किसके आश्रय होकर रहेंगी ? इस तरह पर्याय व द्रव्य दोनोंका नाश आता है तब शून्यका प्रसंग होता है।

प्रसंगविवरण—अनन्तरपूर्व गाथाचतुष्कमें यह निष्कर्ष दिखाया गया था कि परिण-मनस्वभावी जीव मिथ्यात्वादि प्रकृत्युदयका निमित्त पाकर मिथ्यात्वादि भावकर्मरूप परिणम जाता है। अब इन गाथाओंमें पूर्वपक्षपूर्वक उसी सिद्धान्तको पुष्ट किया गया है।

तथ्यप्रकाश—(१) यहां मूल पूर्वपक्ष यह है कि जीव कूटस्थ ध्रुव अपरिणामी अकर्ता है। (२) जीव जब एकान्ततः अकर्ता है तो अज्ञान, निद्रा, सुख, दुःख, मिथ्यात्व,

प्याहंताः कर्तारं कलयंतु तं किल सदा भेदावबोधादधः । ऊर्ध्वं तूद्गतबोधधामनियतं प्रत्यक्षमेनं स्वयं पश्यंतु च्युतकर्तृभावमचलं ज्ञातारमेकं परं ॥२०५॥ क्षणिकमिदमिहैकः कल्पयित्वात्मतत्त्वं निजमनसि विधत्ते कर्तृभोक्त्रोर्विभेदं । अपहरति विमोहं तस्य नित्यामृतोघैः स्वयमयमभिषिंचंश्चिच्चमत्कार एव ॥२०६॥ वृत्त्यंशभेदतोऽत्यंतं वृत्तिमन्नाशकल्पनात् । अन्यः करोति भुङ्क्तेऽन्य इत्येकान्तशक्कासु मा ॥२०७॥ ॥ ३३२-३४४ ॥

देशितः—प्र० ए० । समयम्हि समये—स० ए० । सक्कइ शक्यते—वर्त० अ० ए० भावकर्मप्रक्रिया । तत्तो ततः—अव्यय । हीणो अहिओ हीनः अधिकः—प्र० एक० । काउं कर्तुं—हेत्वर्थ कृदन्त क्रिया । जीवरूवं लोगमित्तं जीवरूपं लोकमात्रं—द्वितीया एकवचन ॥ ३३२ ३४४ ॥

असंयम, परभवगमन, मैथुन, घात आदिको कौन करता है इस प्रश्नके उत्तरमें पूर्वपक्ष है कि इन सबको उस-उस जातिका उदित प्रकृतिकर्म किया करता है । (३) जीव जब एकान्ततः अकर्ता है तो ज्ञान, जागरण, व्रत आदिको कौन करता है इस प्रश्नके उत्तरमें पूर्वपक्ष है कि उस-उस जातिके कर्मप्रकृतिका क्षयोपशम करता है । (४) इस सांख्योपदेशके पूर्वपक्षमें न कोई हिंसक है, न कोई व्यभिचारी है, हिंसक व्यभिचारी आदि सब प्रकृति ही है । (५) उत्तरपक्ष में विचारिये—यदि जीव सर्वथा अकर्ता है तो जीवका संसार ही नहीं, बन्ध ही नहीं तब मोक्षोपदेश व मोक्षका अभाव हो जायगा । (६) आत्मा अपने आत्माको करता है ऐसा कहकर यदि एकान्त अकर्तृत्वके दूषणसे बचनेका प्रयास किया जाय तो यह संगत नहीं है, क्योंकि आत्मा नित्य असंख्यप्रदेशी है हीन अधिक प्रदेश होते नहीं, फिर उसका करना क्या कहलाया । (७) मौलिक तथ्य यह है कि ज्ञानस्वभाव आत्मा जो अनादि ज्ञेयज्ञानभेदविज्ञानशून्य है वह प्रकृतिजन्य मिथ्यात्वादिके ज्ञानके समयमें मिथ्यात्वादि झलकको आत्मरूप मानता हुआ अज्ञानरूप ज्ञानपरिणमनका कर्ता होता है । (८) ज्ञानस्वभाव आत्मा जब ही ज्ञेयज्ञानभेदविज्ञानसे पूर्ण होता है तब ही आत्माको ही आत्मरूप जानता हुआ ज्ञानमय ज्ञानपरिणमनसे परिणमते हुए स्वयंका मात्र ज्ञाता होनेसे साक्षात् अकर्ता है । (९) भेदविज्ञानसे पहिले अज्ञानमय होनेसे जीव कर्ता है । (१०) भेदविज्ञानके पश्चात् ज्ञानमय होनेसे जीव अकर्ता है ।

सिद्धान्त—(१) अज्ञानरूप परिणमने वाला जीव मिथ्यात्वादि भावकर्मका कर्ता है । (२) ज्ञानरूपसे ही परिणमने वाला जीव अकर्ता है ।

दृष्टि—१– अशुद्धनिश्चयनय (४७) । २– प्रतिषेधक शुद्धनय (४९अ) ।

प्रयोग—संसारसंकटोंका मूल भेदविज्ञानका अभाव जानकर भेदविज्ञानसे विविक्त किये गये आत्मस्वभावको उपयोगमें बनाये रहना ॥ ३३२-३४४ ॥

केहिंचि दु पज्जयेहिं विणस्सए णेव केहिंचि दु जीवो ।
जह्मा तह्मा कुव्वदि सो वा अण्णो व णोयंतो ॥३४५॥
केहिंचि दु पज्जयेहिं विणस्सए णेव केहिंचि दु जीवो ।
जह्मा तह्मा वेदयदि सो वा अण्णो व णोयंतो ॥३४६॥
जो चेव कुणइ सोचिय ण वेयए जस्स एस सिद्धंतो ।
सो जीवो णायव्वो मिच्छादिट्ठी अणारिहदो ॥३४७॥
अण्णो करेइ अण्णो परिभुंजइ जस्स एस सिद्धंतो ।
सो जीवो णादव्वो मिच्छादिट्ठी अणारिहदो ॥३४८॥

चूंकि किन्हीं पर्यायों से नशता जीव किन्हींसे न नशे ।
इससे वही है कर्ता, अथवा अन्य है यह सच सब ॥३४५॥
चूंकि किन्हीं पर्यायों-से नशता जीव किन्हींसे न नशे ।
इससे वही है भोक्ता, अथवा अन्य है यह सच सब ॥३४६॥
जो कर्ता वही नहीं, भोक्ता जिसका विचार हो ऐसा ।
उसको जानो मिथ्या-दृष्टी, जिन समयसे बाहर ॥३४७॥
अन्य कर्ता व भोक्ता, होता जिसका विचार हो ऐसा ।
उसको जानो मिथ्या-दृष्टी, जिन समयसे बाहर ॥३४८॥

नामसंज्ञ—केहिंचि, पज्जय, दु णेव जीव, त, वा व चेव जीव, ज, त, अण्ण, णोयंत, ज, एत, सिद्धंत, णायव्व, मिच्छादिट्ठी, अणारिहद, अण्ण, ज, एत, सिद्धंत, णादव्व । **धातुसंज्ञ**—वि नस्स नाशे, कुव्व

अब अनेकान्त शासनसे इस क्षणिकवादको स्पष्टतया निषेधते हैं—[**यस्मात्**] जिस कारण [**जीवः**] जीव [**कैश्चित्तु पर्यायैः**] कितनी ही पर्यायोंसे तो [**विनश्यति**] विनाशको प्राप्त होता है [**तु**] और [**कैश्चित्**] किन्हीं भावोंसे [**नैव**] विनष्ट नहीं होता [**तस्मात्**] इस कारण [**स वा करोति**] वह ही करता है [**वा अन्यः**] अथवा अन्य करता है [**न एकांतः**] ऐसा एकान्त नहीं [**यस्मात्**] जिस कारण [**जीवः**] जीव [**कैश्चित्तु पर्यायैः**] कितनी एक पर्यायोंसे [**विनश्यति**] विनाशको प्राप्त होता है [**तु**] और [**कैश्चित्**] किन्हीं भावोंसे [**नैव**] विनष्ट नहीं होता [**तस्मात्**] इस कारण [**स वा वेदयते**] वही जीव भोक्ता होता है [**अन्यो वा**] अथवा अन्य भोक्ता है [**न एकांतः**] ऐसा एकान्त नहीं है । [**च यस्य एष सिद्धांतः**]

कैश्चित्तु पर्यायैर्विनश्यति नैव कैश्चित्तु जीवः । यस्मात्तस्मात्करोति स वा अन्यो वा नैकांतः ॥ ३४५ ॥
कैश्चित्तु पर्यायैर्विनश्यति नैव कैश्चित्तु जीवः । यस्मात्तस्माद्वेदयते स वा अन्यो वा नैकांतः ॥ ३४६ ॥
यश्चैव करोति स चैव वेदयते यस्यैष सिद्धांतः । स जीवो ज्ञातव्यो मिथ्यादृष्टिरनार्हतः ॥ ३४७ ॥
अन्यः करोत्यन्यः परिभुंक्ते यस्य एष सिद्धांतः । स जीवो ज्ञातव्यो मिथ्यादृष्टिरनार्हतः ॥ ३४८ ॥

यतो हि प्रतिसमयं संभवदगुरुलघुगुणपरिणामद्वारेण क्षणिकत्वादचलितचैतन्यान्वयगुण-द्वारेण नित्यत्वाच्च जीवः कैश्चित्पर्यायैर्विनश्यति, कैश्चित्तु न विनश्यतीति द्विस्वभावो जीवस्व-

---

करणे, वेद वेदने, कृष करणे, परि भुज भोगे । **प्रातिपदिक**—कैश्चित्, पर्याय, न, एव, जीव, यत्, तत्, तत्, वा, अन्य, वा, न, एकान्त, तु, पर्याय, जीव, यत्, एतत्, सिद्धांत, तत्, जीव, ज्ञातव्य, मिथ्यादृष्टि,

और जिसका ऐसा सिद्धान्त है कि **[य एव]** जो जीव **[करोति]** करता है **[स चैव वेदयते]** वही भोगता है **[स जीवः]** वह जीव **[मिथ्यादृष्टिः]** मिथ्यादृष्टि **[ज्ञातव्यः]** जानना **[अनार्हतः]** वह अरहंतके मतका अनुयायी नहीं है **[यस्य एष सिद्धांतः]** तथा जिसका ऐसा सिद्धान्त है कि **[अन्यः करोति]** कोई अन्य करता है **[अन्यः परिभुंक्ते]** और कोई दूसरा भोगता है **[स जीवः]** वह जीव **[मिथ्यादृष्टिः]** मिथ्यादृष्टि **[ज्ञातव्यः]** जानना **[अनार्हतः]** वह अरहंतके मतका अनुयायी नहीं है ।

तात्पर्य—जीव नित्यानित्यात्मक है यह युक्ति, आगम व अनुभवसे सिद्ध है ।

टीकार्थ—चूंकि प्रतिसमय होने वाले अगुरुलघुगुणके परिणामके द्वारा क्षणिकपना होनेसे और अचलित चैतन्यके अन्वयरूप गुणके द्वारा नित्यपना होनेसे जीव कुछ एक पर्यायों से तो विनष्ट होता है तथा कितने ही भावोंसे विनष्ट नहीं होता, ऐसे जीवका स्वभाव दो स्वरूप है, इस कारण जो ही करता है वही भोगता है अथवा अन्य ही भोगता है, जो भोगता है वही करता है अथवा अन्य करता है ऐसा एकांत नहीं है । इस प्रकार अनेकांत होनेपर भी जो ऐसा मानता है कि जिस क्षणमें जो पर्याय होती है उसीको परमार्थरूप सत्तासे वस्तुपना है, इस प्रकार वस्तुके अंशमें वस्तुत्वका निश्चय करके शुद्धनयके लोभसे ऋजुसूत्रनयके एकांत में ठहरकर जो ऐसा श्रद्धान करता है कि जो करता है वही भोगता नहीं, अन्य करता है और अन्य ही भोगता है वह जीव मिथ्यादृष्टि ही जानना क्योंकि पर्यायरूप अवस्थाओंके क्षणिकपना होनेपर भी वृत्तिमान (पर्यायी) जो चैतन्यचमत्कार टंकोत्कीर्ण नित्य स्वरूप है उसका अंतरंग में प्रतिभासमानपना है ।

भावार्थ—वस्तुका स्वभाव आगममें द्रव्यपर्यायस्वरूप कहा है । सो पर्यायकी अपेक्षासे तो वस्तु क्षणिक है और द्रव्यकी अपेक्षासे नित्य है ऐसा स्याद्वादसे सिद्ध होता है । जीवनामक वस्तु भी ऐसा ही द्रव्यपर्यायस्वरूप है, अतः पर्यायकी अपेक्षासे देखा जाय तब तो कार्यको

भावः । ततो य एव करोति स एवान्यो वा वेदयते, य एव वेदयते स एवान्यो वा करोतीति नास्त्येकांतः । एवमनेकांतेऽपि यस्तत्क्षणवर्तमानस्यैव परमार्थसत्त्वेन वस्तुत्वमिति वस्त्वंशेऽपि वस्तुत्वमध्यास्य शुद्धनयलोभादृजुसूत्रैकांते स्थित्वा य एव करोति स एव न वेदयते, अन्यः करोति अन्यो वेदयते इति पश्यति स मिथ्यादृष्टिरेव द्रष्टव्यः । क्षणिकत्वेऽपि वृत्त्यंशानां वृत्तिमतश्चैतन्यचमत्कारस्य टंकोत्कीर्णस्यैवान्तःप्रतिभासमानत्वात् ॥ आत्मानं परिशुद्धमीप्सुभिरति-व्याप्ति प्रपद्यांधकैः, कालोपाधिबलादशुद्धिमधिकां तत्रापि मत्वा परैः । चैतन्यं क्षणिकं प्रक-

---

अनार्हत । **मूलधातु**—वि णश अदर्शने, डुकृञ् करणे, विद चेतनाख्याननिवासेषु चुरादि, परि भुज उपभोगे पालनाभ्यवहारयोः रुधादि, भुजोऽनवने इत्यनेन आत्मनेपदी । **पदविवरण**—केहिचि कैश्चित्—अव्यय अन्तः

करने वाला अन्य पर्याय है और भोगने वाला अन्य ही पर्याय है । जैसे मनुष्य पर्यायमें शुभ अशुभ कर्म किये उनका फल देवादि पर्यायमें भोगा । परन्तु द्रव्यदृष्टिसे देखा जाय तब जो करता है वही भोगता है ऐसा सिद्ध होता है । जैसे मनुष्य पर्यायमें जो जीवद्रव्य था उसने शुभाशुभ कर्म किये थे वही जीव देवादि पर्यायमें गया वहाँ उसी जीवने अपने कियेका फल भोगा । इस तरह वस्तुका स्वरूप अनेकांतरूप सिद्ध है, तो भी जो शुद्धनयको तो समझते नहीं और शुद्धनयके लोभसे वस्तुका प्रत्येक पर्याय जो वर्तमान कालमें एक एक अंश था उसी को वस्तु मानकर ऋजुसूत्रनयके विषयका एकांत पकड़ ऐसा मानते हैं कि जो करता है वह नहीं भोगता है अन्य भोगता है और जो भोगता है वह करता नहीं है अन्य करता है, ऐसे मिथ्यादृष्टि जीव अरहंतमतके अनुयायी नहीं हैं । क्योंकि पर्यायके क्षणिकपना होनेपर भी द्रव्य तो चैतन्यचमत्कार अनुभवगोचर नित्य है । जैसे प्रत्यभिज्ञानसे ऐसा जाने कि जो बालक अवस्थामें मैं था वही अब तरुण अवस्थामें तथा वृद्ध अवस्थामें हूं, इसी तरह जो अनुभवगोचर स्व संवेदनमें आवे व जिनवाणी भी ऐसे ही कहे उसको न माने वही मिथ्यादृष्टि कहलाता है ।

अब इसी अर्थको कलशरूप काव्यमें कहते हैं—आत्मानं इत्यादि । **अर्थ**—आत्मा को संपूर्णतया शुद्ध चाहने वाले अज्ञानान्धोंने उस आत्मामें कालकी उपाधिके बलसे अधिक अशुद्धता मानकर अतिव्याप्तिको प्राप्त होकर तथा शुद्ध ऋजुसूत्रनयमें अमर्याद प्रेरित होकर चैतन्यको क्षणिक कल्पना करके इस आत्माको छोड़ दिया । जैसे कि हारके सूतको न देख कर मात्र मोतियोंके देखने वाले हारको छोड़ देते हैं । **भावार्थ**—आत्मा तो द्रव्यपर्याय स्वरूप था, वह सर्वथा क्षणिक पर्यायस्वरूप मानकर छोड़ दिया गया तो उनको आत्माकी प्राप्ति नहीं हुई । यहां हारका दृष्टांत है । जैसे मोतियोंका हार है उसमें सूत्रमें जो मोती पोये हुए हैं वे भिन्न-भिन्न दीखते हैं सो जो हार सूत्र सहित मोती नहीं दिखते, मोतियोंको ही भिन्न देख

तृतीया बहु० । दु ण एव वा व तु न एव वा वा–अव्यय । पज्जयेहि पर्यायैः–तृतीया बहु० । विणस्सए विनश्यति–वर्तमान लट् अन्य पुरुष एकवचन क्रिया । जीवो जीवः–प्रथमा एकवचन । जम्हा यस्मात् तहा तस्मात्–पंचमी एक० । कुव्वदि करोति–वर्तमान लट् अन्य पुरुष एकवचन क्रिया । सो सः–प्र० ए० । अण्णो अन्यः–प्र० ए० । एयंतो एकान्तः–प्रथमा एक० । वेददि वेदयते–वर्तमान लट् अन्य पुरुष एकवचन क्रिया ।

ग्रहण करते हैं उनको हारकी प्राप्ति नहीं होती । उसी प्रकार जो आत्माके एक नित्य चैतन्य भावको ग्रहण नहीं करते तथा समय समय वर्तनापरिणाम रूप उपयोगकी प्रवृत्तिको देख उस को सदा नित्य मान कालकी उपाधिसे अशुद्धपना मानकर ऐसा जानते हैं कि यदि नित्य माना जाय तो कालकी उपाधि लगनेसे आत्माके अशुद्धपना आता है तब अतिव्याप्ति दूषण लगता है, इस दोषके भयसे ऋजुसूत्रनयका विषय शुद्ध वर्तमान समयमात्र क्षणिकपना उस मात्र मान आत्माको छोड़ देते हैं । **भावार्थ**—आत्माको समस्तपने शुद्ध माननेके इच्छुक क्षणिकवादीने विचारा कि यदि आत्माको नित्य माना जाय तो नित्यमें कालकी अपेक्षा आती है, इसलिये उपाधि लग जायगी तब बड़ी अशुद्धता आयेगी, तब अतिव्याप्ति दोष लगेगा । इस भयसे शुद्ध ऋजुसूत्रनयका विषय जो वर्तमान समय है उतना क्षणिक ही आत्माको माना । तब जो आत्मा नित्यानित्यरूप द्रव्यपर्यायरूप था उसका उसके ग्रहण नहीं हुआ, केवल पर्यायमात्रमें आत्माकी कल्पना हुई । ऐसा कल्पित आत्मा सत्यार्थ नहीं है ।

अब फिर इसी अर्थका समर्थन काव्यमें कहते हैं—**कर्तु** इत्यादि । **अर्थ**—कर्ताका और भोक्ताका युक्तिके वशसे भेद हो अथवा अभेद हो, अथवा कर्ता भोक्ता दोनों ही न हों, वस्तुका ही चिंतवन करो । जैसे चतुर पुरुषोंके द्वारा सूत्रमें पोई हुई मणियोंकी माला भेदी नहीं जा सकती, वैसे ही आत्मामें पोई हुई चैतन्यरूप चिंतामणिकी माला भी किसीसे नहीं भेदी जा सकती । ऐसी यह आत्मारूपी माला समस्तपनेसे एक हमारे प्रकाशरूप प्रकट हो । **भावार्थ**—पदार्थ द्रव्यपर्यायस्वरूप है उसमें विवक्षावश कर्ताभोक्तापनेका भेद भी है और भेद नहीं भी है, तथा कर्ता-भोक्ताका भेदाभेद भी क्यों करना चाहिए ? केवल शुद्ध वस्तुमात्रका उसके असाधारण धर्मके द्वारा अनुभव करना चाहिए । जैसे मणियोंकी मालामें सूत और मोतियोंका विवक्षासे भेद है । मालामात्र ग्रहण करनेमें भेदाभेद विकल्प नहीं है । उसी तरह आत्मामें चैतन्यके द्रव्यपर्याय अपेक्षा भेदाभेद है तो भी आत्मवस्तुमात्र अनुभव करनेपर विकल्प नहीं रहता । ऐसे निर्विकल्प आत्माका अनुभव हमारे प्रकाशरूप होओ ।

स्येव नः ॥२०९॥ व्यावहारिकदृशैव केवलं कर्तृ कर्म च विभिन्नमिष्यते । निश्चयेन यदि वस्तु चिंत्यते कर्तृ कर्म च सदैकमिष्यते ॥२१०॥ ॥ ३४५-३४८ ॥

एयंतो एकान्तः–प्रथमा एकवचन । जो यः–प्र० ए० । कुणइ करोति–वर्तमान लट् अन्य पुरुष एक० क्रिया । जस्स यस्य–षष्ठी एक० । एस एषः–प्रथमा एक० । सिद्धंतो सिद्धान्तः–प्रथमा एक० । णादव्वो ज्ञातव्यः–मिच्छादिट्ठी मिथ्यादृष्टिः–प्र० ए० । अणारिहदो अनार्हतः–प्रथमा एकवचन ॥ ३४५-३४८ ॥

अब इस कथनको नयविभागसे काव्यमें कहते हैं—**व्यावहारिक** इत्यादि । **अर्थ**–केवल व्यवहारकी दृष्टिसे ही कर्ता और कर्म भिन्न-भिन्न दीखता है यदि निश्चयसे विचार किया जाय तो कर्ता और कर्म सदाकाल एक ही देखनेमें आता है । **भावार्थ**—व्यवहारनय तो पर्यायाश्रित है इसमें तो भेद ही दीखता है और शुद्ध निश्चयनय द्रव्याश्रित है, इसमें अभेद ही दीखता है । इसलिए व्यवहारमें तो कर्ता कर्मका भेद है और निश्चयनयमें अभेद है याने कर्ता कर्मका भेद नहीं है ।

प्रसंगविवरण—अनन्तरपूर्व गाथावोंमें सिद्ध किया गया था कि अज्ञानी आत्मा अशुद्ध परिणामका कर्ता है । अब इसी विषयके स्पष्टीकरणके अर्थ इस गाथाचतुष्कमें बताया गया है कि जो जीव कर्ता है वही भोक्ता है यह एकान्त मिथ्या है और अन्य जीव कर्ता है अन्य जीव भोक्ता है यह एकान्त भी मिथ्या है ।

तथ्यप्रकाश—१–प्रतिसमय अगुरुलघुगुणके परिणमन होते ही रहनेसे जीवमें क्षणिकपना है । २– जीवका असाधारण गुण चैतन्य प्रचलित अन्वित होनेसे जीवमें नित्यपना है । ३– जीवमें क्षणिकत्व व नित्यत्व दोनों एक साथ हैं । ४– क्षणिकत्व व नित्यत्व होनेसे जीव किन्हीं पर्यायोंसे तो विनष्ट होता है और किन्हीं पर्यायोंसे विनष्ट नहीं होता । ५– यदि कोई यह एकान्त करे कि जो करता है वही भोगता तो वह मिथ्या है । ६– यदि कोई यह एकान्त करे कि अन्य कोई करता है अन्य कोई भोगता है तो वह मिथ्या है । ७–यदि जीवको कूटस्थ अपरिणामी नित्यैकान्त ऐसा एक माना जावे तो उस एकका मनुष्यादि भव ही न बना फिर करना भोगना ही नहीं बनता । ८–मनुष्यने तप किया देवने फल भोगा ऐसा अन्यतैकान्त मान कर दोनोंमें यही जीव न माना जाय तो फिर मोक्षसाधनादि सब व्यर्थ हो जावेंगे व हिंसादि पाप निरर्गल बढ़ जावेंगे । ९– वास्तविकता यह है कि पर्यायोंके क्षणिक होनेपर भी पर्यायी चैतन्यचमत्कारमय जीव शाश्वत अंतः प्रतिभासमान है । १०– निरुपाधि शुद्ध आत्माको बतानेकी धुनमें कुछ दार्शनिकोंने कालोपाधि भी हटाकर क्षणिक पर्यायको ही पूर्ण द्रव्य मान कर द्रव्यका सत्त्व पहिले या बादमें कुछ भी नहीं माना है जो कि बिल्कुल असंगत है । ११–

जह सिप्पिओ उ कम्मं कुव्वइ ण य सो उ तम्मओ होइ ।
तह जीवोवि य कम्मं कुव्वदि ण य तम्मओ होइ ॥३४९॥
जह सिप्पिओ उ करणेहिं कुव्वइ ण य सो उ तम्मओ होइ ।
तह जीवो करणेहिं कुव्वइ ण य तम्मओ होइ ॥३५०॥
जह सिप्पिओ उ करणाणि गिह्णइ ण सो उ तम्मओ होइ ।
तह जीवो करणाणि उ गिह्णइ ण य तम्मओ होइ ॥३५१॥
जह सिप्पिउ कम्मफलं भुंजदि ण य सो उ तम्मओ होइ ।
तह जीवो कम्मफलं भुंजइ ण य तम्मओ होइ ॥३५२॥
एवं ववहारस्स उ वत्तव्वं दरिसणं समासेण ।
सुणु णिच्छयस्स वयणं परिणामकयं तु जं होई ॥३५३॥
जह सिप्पिओ उ चिट्ठं कुव्वइ हवइ य तहा अणण्णो से ।
तह जीवोवि य कम्मं कुव्वइ हवइ य अणण्णो से ॥३५४॥
जह चिट्ठं कुव्वंतो उ सिप्पिओ णिच्चदुक्खिओ होई ।
तत्तो सिया अणण्णो तह चेट्ठंतो दुही जीवो ॥३५५॥

नामसंज्ञ—जह, सिप्पिअ, उ, कम्म, ण, य, त, उ, तम्मअ, तह, जीव, वि, य, कम्म, ण, य, तम्मअ, जह, सिप्पिअ, उ, करण, कम्मफल, एवं, ववहार, वत्तव्व, दरिसण, समास, णिच्छय, वयण, परिणामकय,

वास्तविकता यह है कि द्रव्य अनादि अनन्त है उसमें प्रतिक्षण पर्यायोंका उत्पाद व्यय होता रहता है। १२– निश्चयसे प्रत्येक द्रव्य अपने-अपने पर्यायोंका कर्ता है। १३– जीवद्रव्य अपने पर्यायोंका कर्ता है।

सिद्धान्त—१– अपनी सब पर्यायोंमें रहने वाला जीव अनादि अनन्त नित्य एक द्रव्य है। २– जीव प्रतिक्षण नवीन-नवीन पर्यायोंसे उत्पन्न होता रहता है।

दृष्टि—१– नित्यनय (१६९)। २– अनित्यनय (१७०)।

प्रयोग—सब पर्यायोंमें रहते हुए भी किसी पर्यायमात्र न रहने वाले ध्रुव चैतन्यचमत्कारमात्र अन्तस्तत्त्वमें उपयोग रमानेका पौरुष करना ॥ ३४५-३४८ ॥

अब इस निश्चय व्यवहारके कथनको दृष्टांतसे गाथाओंमें कहते हैं— [**यथा शिल्पिकः**

जैसे शिल्पी करता, भूषण कर्म नहिं कर्ममें तन्मय ।
वैसे जीव भि करता, कर्म नहीं कर्मसे तन्मय ॥३४९॥
जैसे शिल्पी करता, करणोंसे करणमें नहीं तन्मय ।
वैसे जीव भि करता, करणोसे किन्तु नहिं तन्मय ॥३५०॥
जैसे शिल्पी गहता, करणोंको करणमें नहीं तन्मय ।
वैसे जीव भि गहता, करणोंको किन्तु नहिं तन्मय ॥३५१॥
ज्यों शिल्पी कृतिफलको, भोगे फलसे न तन्मयी होता ।
त्यों शिल्पी कृतिफलको, भोगे नहिं तन्मयी होता ॥३५२॥
त्यों व्यवहाराश्रयका, दर्शन संक्षेपसे बताया है ।
अब निज परिणाम विहित, निश्चयनयका वचन सुनिये ॥३५३॥
ज्यों शिल्पी करता है, चेष्टा उससे अनन्य होता यह ।
त्यों भावकर्म करता, जीव भि उससे अनन्य हुआ ॥३५४॥
ज्यों चेष्टा करता यह, शिल्पी फलमें अभिन्न दुख पाता ।
त्यों चेष्टा कर आत्मा, फलमें भि अभिन्न दुख पाता ॥३५५॥

तु, ज, चिट्ठ, अणण्ण, त, णिच्चदुक्खअ, तत्तो, अणण्ण, चेट्ठ त, दुहि, जीव । **धातुसंज्ञ**—कुव्व करणे, हो सत्तायां, गिण्ह ग्रहणे, भुंज भोगे, सुण श्रवणे, हव सत्तायां, चेट्ठ चेष्टायां । **प्रातिपदिक**—यथा, शिल्पिक,

---

तु] जैसे शिल्पी [**कर्म**] आभूषणादिक कर्मको [**करोति**] करता है [**तु स**] परन्तु वह [**तन्मयो न च भवति**] आभूषणादिकोंसे तन्मय नहीं होता [**तथा**] उसी तरह [**जीवोपि च**] जीव भी [**कर्म**] पुद्गलकर्मको [**करोति**] करता है । [**च**] तो भी [**तन्मयो न भवति**] कर्मसे तन्मय नहीं होता । [**यथा**] जैसे [**शिल्पिकः**] शिल्पी [**करणैः**] हथौड़ा आदि करणोंसे [**करोति**] कर्म करता है । [**तु सः**] परन्तु वह [**तन्मयो न भवति**] उनसे तन्मय नहीं होता [**तथा**] उसी तरह [**जीवः**] जीव भी [**करणैः करोति**] मन, वचन, काय आदि करणोंसे कर्मको करता है [**च**] तो भी [**तन्मयो न भवति**] करणोंसे तन्मय नहीं होता । [**यथा**] जैसे [**शिल्पिकः**] शिल्पी [**करणानि**] करणोंको [**गृह्णाति**] ग्रहण करता है [**तु**] तो भी [**स तु**] वह [**तन्मयो न भवति**] उनसे तन्मय नहीं होता [**तथा**] उसी तरह [**जीवः**] जीव [**करणानि गृह्णाति**] मन, वचन, कायरूप करणोंको ग्रहण करता है [**तु च**] तो भी [**तन्मयो न भवति**] उनसे तन्मय नहीं होता । [**यथा**] जैसे [**शिल्पी तु**] शिल्पी [**कर्मफलं**] आभूषणादि कर्मोंके फलको [**भुंक्ते**] भोगता है [**तु च**] तो भी [**सः**] वह उनसे [**तन्मयो न भवति**] तन्मय नहीं होता

यथा शिल्पिकस्तु कर्म करोति न च स तु तन्मयो भवति । तथा जीवोऽपि च कर्म करोति न च तन्मयो भवति । यथा शिल्पिकस्तु करणैः करोति न स तन्मयो भवति । तथा जीवः करणैः करोति न च तन्मयो भवति । यथा शिल्पिकस्तु करणानि गृह्णाति न स तु तन्मयो भवति, तथा जीवः करणानि तु गृह्णाति न च तन्मयो० । यथा शिल्पिकः कर्मफलं भुंक्ते न च स तु तन्मयो भवति । तथा जीवः कर्मफलं भुंक्ते न च तन्मयो भवति । एवं व्यवहारस्य तु वक्तव्यं दर्शनं समासेन । शृणु निश्चयस्य वचनं परिणामकृतं तु यद्भवति ॥३५३॥ यथा शिल्पिकस्तु चेष्टां करोति भवति च तथानन्यस्तस्याः तथा जीवोपि च कर्म करोति भवति चानन्यस्तस्मात् यथा चेष्टां कुर्वाणस्तु शिल्पिको नित्यदुःखितो भवति । ततः स्यादनन्यस्तथा चेष्टमानो दुःखी जीवः ॥३५५॥

यथा खलु शिल्पी सुवर्णकारादिः कुंडलादिपरद्रव्यपरिणामात्मकं कर्म करोति । हस्तकुट्टकादिभिः परद्रव्यपरिणामात्मकैः करणैः करोति । हस्तकुट्टकादीनि परद्रव्यपरिणामात्मकानि करणानि गृह्णाति । ग्रामादिपरद्रव्यपरिणामात्मकं कुंडलादिककर्मफलं भुंक्ते च । नत्वने-

---

तु, कर्मन्, न, च, तत्, तु, तन्मय, तथा, जीव, अपि, च, कर्मन्, न, च, तन्मय, यथा, शिल्पिक, तु, करण, कर्मफल, एवं, व्यवहार, वक्तव्य, दर्शन, समास, निश्चय, वचन, परिणामकृत, तु यत्, चेष्टा, अनन्य, तत्, नित्यदुःखित, ततः, अनन्य, चेष्टमान, दुःखिन्, जीव । **मूलधातु**—डुकृञ् करणे, भू सत्तायां, ग्रह उपादाने क्र्यादि, भुज उपभोगे, चेष्ट चेष्टायां भ्वादि । **पदविवरण**—जह यथा उ तु ण न य च तह तथा तत्तो

[तथा जीवः] उसी तरह जीव भी **[कर्मफलं]** सुख दुःख आदि कर्मफलको **[भुंक्ते]** भोगता है **[च]** परन्तु **[तन्मयो न भवति]** उनसे तन्मय नहीं होता । **[एवं तु]** इस तरह तो **[व्यवहारस्य दर्शनं]** व्यवहारका मत **[समासेन]** संक्षेपसे **[वक्तव्यं]** कहने योग्य है **[तु]** अब **[निश्चयस्य]** निश्चयका **[वचनं]** वचन **[शृणु]** सुनो **[यत्]** जो कि **[परिणामकृतं]** अपने परिणामोंसे किया **[भवति]** होता है । **[यथा]** जैसे **[शिल्पिकः तु]** शिल्पी तो **[चेष्टां करोति]** अपने परिणामस्वरूप चेष्टारूप कर्मको करता है **[तथा च]** और **[तस्या अनन्यः]** उस चेष्टासे भिन्न नहीं **[भवति]** है, तन्मय है **[तथा]** उसी तरह **[जीवोपि च]** जीव भी **[कर्म]** अपने परिणामस्वरूप चेष्टारूप कर्मको **[करोति]** करता है **[च]** और **[तस्मात्]** उस चेष्टारूप कर्मसे **[अनन्यः भवति]** अन्य नहीं है, तन्मय है । **[यथा तु]** जैसे **[शिल्पिकः]** शिल्पी **[चेष्टां कुर्वाणः]** चेष्टा करता हुआ **[नित्यदुःखितो भवति]** निरन्तर दुःखी होता है **[च]** और **[तस्मात्]** उस दुःखसे **[अनन्यः स्यात्]** पृथक् नहीं है, तन्मय है **[तथा]** उसी तरह **[जीवः]** जीव भी **[चेष्टमानः दुःखी]** चेष्टा करता हुआ दुःखी होता है और दुःखसे अनन्य है ।

तात्पर्य—निश्चयसे जीव अपने परिणमनका ही कर्ता व अनुभविता है ।

टीकार्थ—जिस प्रकार निश्चयसे सुनार आदि शिल्पी कुण्डल आदि परद्रव्यके परि-

कद्रव्यत्वेन ततोऽन्यत्वे सति तन्मयो भवति ततो निमित्तनैमित्तिकभावमात्रेणैव तत्र कर्तृकर्मभोक्तृभोग्यत्वव्यवहारः । तथात्मापि पुण्यपापादिपुद्गलपरिणामात्मकं कर्म करोति कायवाङ्मनोभिः पुद्गलद्रव्यपरिणामात्मकैः करणैः करोति कायवाङ्मनांसि पुद्गलद्रव्यपरिणामात्मकानि करणानि गृह्णाति सुखदुःखादिपुद्गलद्रव्यपरिणामात्मकं पुण्यपापादिकर्मफलं भुंक्ते च नत्वनेकद्रव्यत्वेन ततोऽन्यत्वे सति तन्मयो भवति ततो निमित्तनैमित्तिकभावमात्रेणैव तत्र कर्तृकर्मभोक्तृभोग्यत्वव्यवहारः । यथा च स एव शिल्पी चिकीर्षुश्चेष्टानुरूपमात्मपरिणामात्मकं कर्म

ततः—अव्यय । सिप्पिओ शिल्पिकः—प्रथमा एकवचन । कम्मं कर्म—द्वितीया एकवचन । कुव्वइ करोति—वर्तमान लट् अन्य पुरुष एकवचन क्रिया । सो सः—प्र० ए० । तम्मओ तन्मयः—प्र० ए० । होइ भवति—वर्तमान लट् अन्य पुरुष एकवचन क्रिया । जीवो जीवः—प्रथमा एक० । कम्मं कर्म—द्वितीया एक० । करणेहिं करणैः—तृ० बहु० । गिण्हइ गृह्णाति—वर्तमान लट् अन्य पुरुष एकवचन क्रिया । कम्मफलं कर्मफलं—द्वितीया एक० ।

णामस्वरूप कर्मको करता है, हथौड़ा आदि परद्रव्यके परिणामस्वरूप करणों द्वारा करता है, हथौड़ा आदि परद्रव्यके परिणामस्वरूप करणोंको ग्रहण करता है, और ग्राम धन आदि परद्रव्यके परिणामस्वरूप कुण्डलादि कर्मफलको भोगता है, किंतु अनेकद्रव्यत्वके कारण उनसे याने कर्म करण आदिसे अन्यपना होनेपर उनसे तन्मय नहीं होता, इस कारण वहाँ निमित्तनैमित्तिकभावमात्रसे ही उनके कर्ता-कर्मपनेका और भोक्ता-भोग्यपनेका व्यवहार है । उसी प्रकार आत्मा भी पुण्य-पाप आदि पुद्गलद्रव्यस्वरूप कर्मको करता है, मन वचन काय पुद्गलद्रव्य स्वरूप करणोंके द्वारा कर्मको करता है, मन वचन काय पुद्गलद्रव्यके परिणामस्वरूप करणों को ग्रहण करता है और सुख-दुःख आदि पुद्गल द्रव्यके परिणामस्वरूप पुण्य पाप आदि कर्मों के फलको भोगता है, किन्तु अनेक द्रव्यपनेके कारण उनसे अन्य होनेपर उनसे तन्मय नहीं होता । इस कारण निमित्तनैमित्तिकभावमात्रसे ही वहां कर्ता-कर्मपने व भोक्ताभोग्यपनेका व्यवहार है । जैसे वही शिल्पी करनेका इच्छुक हुआ अपने हस्त आदिकी चेष्टारूप अपने परिणामस्वरूप कर्मको करता है और दुःखस्वरूप अपने परिणामरूप चेष्टामय कर्मके फलको भोगता है उन परिणामोंको अपने एक ही द्रव्यपनेके कारण अनन्य होनेसे उनसे तन्मय होता है । इसलिये उनमें परिणाम-परिणामी भावसे कर्ताकर्मपनेका तथा भोक्ता-भोग्यपनेका निश्चय है । उसी तरह आत्मा भी करनेका इच्छुक हुआ अपने उपयोगकी तथा प्रदेशोंकी चेष्टारूप अपने परिणामस्वरूप कर्मको करता है और दुःख स्वरूप अपने परिणामरूप कर्मके फलको भोगता है और अपने एक ही द्रव्यपनेके कारण अन्यपना न होनेपर उनसे तन्मय होता है । इस कारण परिणाम परिणामी भावसे उसीमें कर्ता कर्मपनेका और भोक्ता भोग्यपनेका

करोति दुःखलक्षणमात्मपरिणामात्मकं चेष्टानुरूपं कर्मफलं भुंक्ते च एकद्रव्यत्वेन ततोऽनन्यत्वे सति तन्मयश्च भवति ततः परिणामपरिणामिभावेन तत्रैव कर्तृकर्मभोक्तृभोग्यत्वनिश्चयः। तथात्मापि चिकीर्षुश्चेष्टानुरूपमात्मपरिणामात्मकं कर्म करोति दुःखलक्षणमात्मपरिणामात्मकं चेष्टानुरूपकर्मफलं भुंक्ते च एकद्रव्यत्वेन ततोनन्यत्वे सति तन्मयश्च भवति ततः परिणामपरिणामिभावेन तत्रैव कर्तृकर्मभोक्तृभोग्यत्वनिश्चयः ॥ ननु परिणाम एव किल कर्म विनिश्चयतः

भुंजदि भुंक्ते—वर्तमान लट् अन्य पुरुष एक० क्रिया। ववहारस्स व्यवहारस्य—षष्ठी एक०। वत्तव्वं वक्तव्यं—प्रथमा एकवचन कृदन्त। दरिसणं दर्शनं—प्रथमा एक०। समासेण समासेन—तृतीया एक०। सुणु शृणु—

निश्चय है।

अब इसी अर्थको श्लोकमें कहते हैं—**ननु** इत्यादि। **अर्थ**—वास्तवमें वस्तुका परिणाम ही निश्चयसे कर्म है, वह परिणाम अपने आश्रयभूत परिणामी द्रव्यका ही होता है, अन्यका नहीं होता। कर्म कर्ताके बिना नहीं होता, तथा वस्तुकी एक अवस्थारूप कूटस्थ स्थिति नहीं होती, इस कारण वस्तु ही स्वयं अपने परिणामरूप कर्मका कर्ता है। **भावार्थ**—प्रत्येक वस्तु स्वयं ही स्वयंके परिणामको स्वयंकी परिणतिसे करता है यह निश्चयनयका सिद्धान्त है।

अब इसी अर्थका समर्थन कलशरूप काव्यमें करते हैं—**बहिर्लुठति** इत्यादि। **अर्थ**—यद्यपि स्वयं प्रकाशरूप अनंतशक्तिमान वस्तु बाहर लोटती है तो भी अन्यवस्तु अन्यवस्तुमें प्रवेश नहीं करती है। क्योंकि सभी वस्तु अपने-अपने स्वभावमें नियत हैं ऐसा निर्णीत हुआ है। ऐसा होनेपर भी अहो, यह जीव अपने स्वभावसे चलायमान होकर आकुलित तथा मोही हुआ क्लेशरूप क्यों होता है? **भावार्थ**—वस्तुस्वभाव नियमसे ऐसा है कि किसी वस्तुमें कोई अन्य वस्तु नहीं मिलती फिर तो यह बड़ा अज्ञान है कि यह प्राणी अपने स्वभावसे चलायमान होकर व्याकुल (क्लेशरूप) हो जाता है।

अब फिर इसी अर्थको श्लोकमें दृढ़ करते हैं—**वस्तु** इत्यादि। **अर्थ**—इस लोकमें एक वस्तु अन्य वस्तुकी नहीं है, इस कारण वस्तु वस्तुरूप ही है। ऐसा होनेपर अन्यवस्तु बाहर लोटती हुई भी उसका क्या कर सकती है अर्थात् कुछ भी नहीं कर सकती। **भावार्थ**—वस्तुका स्वभाव ही ऐसा है कि अन्य कोई वस्तु उसे बदल नहीं सकती, यदि ऐसा न माना जाय तो वस्तुका वस्तुपना ही न रहेगा। तब अन्यका अन्यने कुछ भी नहीं किया। जैसे चेतन वस्तुके एक क्षेत्रावगाहरूप पुद्गल रहते हैं तो भी चेतनको जड़ पुद्गल अपने रूप तो नहीं परिणमा सकते तब चेतनका कुछ भी नहीं किया, यह निश्चयनयका मत है, और निमित्तनैमित्तिक भावसे अन्य वस्तुके परिणाम होता है तो वह भी उस उपादानभूत वस्तुका

स भवति नापरस्य परिणामिन एव भवेत् । न भवति कर्तृशून्यमिह कर्म न चैकतया स्थिति-
रिह वस्तुनो भवतु कर्तृ तदेव ततः ॥२११॥ बहिर्लुठति यद्यपि स्फुटदनंतशक्तिः स्वयं तथा-

आज्ञार्थे लोट् मध्यम पुरुष एक० क्रिया । णिच्छयस्स निश्चयस्य–षष्ठी एक० । वयण वचनं परिणामकयं परिणामकृतं जं यत्–प्रथमा एकवचन । होइ भवति–व० अ० ए० । चिट्ठ चेष्टां–द्वि० एक० । कुव्वइ

ही है अन्यका कहना व्यवहार है ।

अब यही अर्थ काव्यमें कहते हैं—**यत्तु** इत्यादि । अर्थ—कोई वस्तु स्वयं परिणामी अन्य वस्तुका कुछ करती है ऐसा जो मत है वह मत व्यवहारनयको दृष्टिसे ही है निश्चयसे तो एकका दूसरा कुछ है ही नहीं । **भावार्थ**—एक द्रव्यके परिणमनमें अन्य द्रव्यको निमित्त देखकर यह कहा जाता कि अन्य द्रव्यने यह किया, निश्चयसे तो जो परिणाम हुआ वह अपना ही हुआ दूसरेने उसमें कुछ भी लाकर नहीं रक्खा, ऐसा जानना ।

प्रसंगविवरण—अनन्तरपूर्व गाथाचतुष्कमें स्वपरिणमनरूप कर्तृत्वको सिद्ध करनेके लिये नित्यानित्यत्वकी व्यवस्था बताई गई थी । अब इस गाथासप्तकमें वास्तविक कर्तृकर्मत्व अभेद दर्शाया गया है ।

तथ्यप्रकाश—१–व्यवहारसे कर्ता कर्म भिन्न-भिन्न समझे जाते हैं, किन्तु निश्चयसे जो ही कर्ता है वही उसका कर्म है । २– व्यवहारसे अज्ञानी जीव स्वसंवेदनसे च्युत होता हुआ ज्ञानावरणादि कर्मोंको करता है, किन्तु उनसे तन्मय नहीं होता । ३– व्यवहारसे अज्ञानी जीव मन वचन कायके व्यापाररूप उपकरणोंके द्वारा कर्मोंको करता है, किन्तु उन उपकरणोंसे तन्मय नहीं होता । ४–व्यवहारसे अज्ञानी जीव कर्मोंको करनेके लिये योगव्यापाररूप उपकरणोंको ग्रहण करता है, किन्तु उनसे तन्मय नहीं होता । ५–जीव तो कर्म व योगव्यापारोंसे भिन्न टङ्कोत्कीर्ण एक ज्ञायकभावस्वरूप है, अतः कर्म व योग व्यापारोंसे कभी भी तन्मय नहीं होता । ६– व्यवहारसे अज्ञानी जीव शुद्धात्मभावनोत्थ सहजानन्दको न पाता हुआ शुभाशुभ कर्मफलोंको भोगता है, किन्तु उनसे तन्मय नहीं होता । ७– वास्तवमें अज्ञानी जीव शुद्धात्मस्वरूपकी प्रतीतिके अभावमें अपने समुचित उपादानरूपसे मिथ्यात्वरागादिरूप भावकर्मको करता है वह उस समय उस भावकर्मसे अनन्य है । ८– वास्तवमें अज्ञानी जीव निश्चयरत्नत्रयके अभावमें सुखदुःखादिके भोगनेके समय हर्षविषादरूप चेष्टाको करता हुआ दुःखी होता है वह हर्षविषादचेष्टासे अशुद्धोपादानरूपसे अनन्य है । ९– अज्ञानी जीव स्वसहजात्मज्ञानसे च्युत होकर व्यवहारनयसे द्रव्यकर्मको करता है व भोगता है । १०– वास्तवमें अज्ञानी जीव कर्मफलको आत्मरूप मानता हुआ अज्ञानरूप ज्ञानपरिणमनसे परिणमता है ।

प्यपरवस्तुनो विशति नान्यवस्त्वंतरं । स्वभावनियतं यतः सकलमेव वस्त्विष्यते स्वभावचल-नाकुलः किमिह मोहितः क्लिश्यते ॥ १२॥ वस्तु चैकमिह नान्यवस्तुनो येन तेन खलु वस्तु वस्तु तत् । निश्चयायमपरोऽपरस्य कः किं करोति हि बहिर्लुठन्नपि ॥ १३॥ यत्तु वस्तु कुरु-तेऽन्यवस्तुनः किंचनापि परिणामिनः स्वयं । व्यावहारिकदृशैव तन्मतं नान्यदस्ति किमपोह निश्चयात् ॥२१४॥ ॥ ३४६-३५५ ॥

करोति हवइ भवति—वर्तमान लट् अन्य पुरुष एकवचन । अणण्णो अनन्यः—प्र० ए० । से तस्याः—षष्ठी ए० । कुव्वंतो कुर्वन्—प्रथमा एक० कृदन्त । णिच्चदुक्खिओ नित्यदुःखितः—प्रथमा एक० । तत्तो ततः—अव्यय । सिया स्यात्—विधिलिङ् अन्य पुरुष एकवचन । चेट्ठंतो चेष्टमानः—प्रथमा एक० । दुही दुःखी—प्र० ए० । जीवो जीवः—प्रथमा एकवचन ॥ ३४६-३५५ ॥

सिद्धान्त—१– जीव व्यवहारनयसे द्रव्यकर्मको करता है । २– जीव व्यवहारनयसे कर्मफलको भोगता है । ३–अज्ञानी जीव निश्चयसे मिथ्यात्वरागादिरूप भावकर्मको करता है । ४–जीव निश्चयसे हर्षविषादादिरूप परिणामको भोगता है । ५– परमार्थसे आत्मा कर्तृत्व भोक्तृत्वसे शून्य है ।

दृष्टि—१– परकर्तृत्व अनुपचरित असद्भूतव्यवहार (१२६) । २– परभोक्तृत्व अनुपचरित असद्भूतव्यवहार (१२६अ) । ३–अशुद्धनिश्चयनय (४७) । ४–अशुद्धनिश्चयनय (४७) । ५–शुद्धनय, शून्यनय (४६, १६८, १७३) ।

प्रयोग—बाह्य पदार्थके करने भोगनेकी असंभवता जानकर, रागादिक अशुद्ध परिणा-मोंके करने भोगनेको अपराध जानकर, उन सबसे हटकर सहज चित्स्वरूप अन्तस्तत्त्वमें उप-योग लगाना ॥ ३४६-३५५ ॥

अब इस निश्चयव्यवहारनयके कथनको दृष्टांत द्वारा स्पष्ट करते हैं—[**यथा**] जैसे [**सेटिका तु**] सफेदी-कलई-खड़िया मिट्टी तो [**परस्य न**] परकी याने दीवार आदिकी नहीं है [**सेटिका**] सफेदी तो [**सा च सेटिका भवति**] वह सफेदी ही है [**तथा**] उसी प्रकार [**ज्ञा-यकः तु**] ज्ञायक आत्मा तो [**परस्य न**] परद्रव्यका नहीं है [**ज्ञायकः स तु ज्ञायकः**] ज्ञायक तो वह ज्ञायक ही है । [**यथा**] जैसे [**सेटिका तु**] सफेदी [**परस्य न**] परद्रव्यकी नहीं है [**सेटिका सा च सेटिका भवति**] सफेदी तो वह सफेदी ही है [**तथा**] उसी प्रकार [**दर्शकः तु**] देखने वाला आत्मा [**परस्य न**] परका नहीं है [**सेटिका सा च सेटिका भवति**] सफेदी तो वह सफेदी ही है [**तथा**] उसी प्रकार [**दर्शकः तु**] देखने वाला आत्मा [**परस्य न**] परका नहीं है [**दर्शकः स तु दर्शकः**] दर्शक तो वह दर्शक ही है [**यथा**] जैसे [**सेटिका तु**] सफेदी

जह सेडिया दु ण परस्स सेडिया सेडिया य सा होइ ।
तह जाणओ दु ण परस्स जाणओ जाणओ सो दु ॥३५६॥
जह सेडिया दु ण परस्स सेडिया सेडिया य सा होइ ।
तह पासओ दु ण परस्स पासओ पासओ सो दु ॥३५७॥
जह सेडिया दु ण परस्स सेडिया सेडिया दु सा होइ ।
तह संजओ दु ण परस्स संजओ संजओ सो दु ॥३५८॥
जह सेडिया दु ण परस्स सेडिया सेडिया दु सा होदि ।
तह दंसणं दु ण परस्स दंसणं दंसणं तं तु ॥३५९॥
एवं तु णिच्छयणयस्स भासियं णाणदंसणचरित्ते ।
सुणु ववहारणयस्स य वत्तव्वं से समासेण ॥३६०॥
जइ परदव्वं सेडदि हु सेडिया अप्पणो सहावेण ।
तह परदव्वं जाणइ णाया वि सयेण भावेण ॥३६१॥
जह परदव्वं सेडदि हु सेडिया अप्पणो सहावेण ।
तह परदव्वं पस्सइ जीवोवि सयेण भावेण ॥३६२॥
जह परदव्वं सेडदि हु सेडिया अप्पणो सहावेण ।
तह परदव्वं विजहइ णायावि सयेण भावेण ॥३६३॥

नामसंज्ञ—जह, सेडिया, दु, ण, पर, य, त, तह, जाणअ, त, पासअ, संजअ, दंसण, एवं, तु, णिच्छयणय, भासिय, णाणदंसणचारित्त, ववहारणय, वत्तव्व, त, समास, णाया, वि, सय भाव, परदव्व, अप्प,

[परस्य न] परपदार्थ दीवार आदिकी नहीं है [सेटिका] सफेदी [सा च सेटिका भवति] तो सफेदी ही है [तथा] उसी प्रकार [संयतः तु] संयत याने त्याग करने वाला आत्मा [परस्य न] परद्रव्यका नहीं है [संयतः स तु संयतः] संयत तो वह संयत ही है [यथा] जैसे [सेटिका तु] सफेदी [परस्य न] परद्रव्यकी नहीं है, [सेटिका सा च सेटिका भवति] सफेदी तो वह सफेदी ही है [तथा] उसी प्रकार [दर्शनं तु] श्रद्धान [परस्य न] परपदार्थका नहीं है [दर्शनं तत्तु दर्शनं] श्रद्धान तो वह श्रद्धान ही है । [एवं तु] इस प्रकार [ज्ञानदर्शनचरित्रे] ज्ञान, दर्शन और चारित्रमें [निश्चयनयस्य भाषितं] निश्चयनयका कथन है [तस्य च] अब उस सम्बंध

जह परदव्वं सेडदि हु सेडिया अप्पणो सहावेण ।
तह परदव्वं सद्दहइ सम्मादिट्ठी सहावेण ॥३६४॥
एवं ववहारस्स दु विणिच्छओ णाणदंसणचरित्ते ।
भणिओ अण्णेसु वि पज्जएसु एमेव णायव्वो ॥३६५॥ (दशकम्)

ज्यौं सेटिका न परकी, सेटिका सेटिका ही होती है ।
त्यौं ज्ञायक नहिं परका, ज्ञायक ज्ञायक हि होता है ॥३५६॥
ज्यौं सेटिका न परकी, सेटिका सेटिका ही होती है ।
त्यौं दर्शक नहिं परका, दर्शक दर्शक हि होता है ॥३५७॥
ज्यौं सेटिका न परकी, सेटिका सेटिका ही होती है ।
त्यौं संयत नहिं परका, संयत संयत हि होता है ॥३५८॥
ज्यौं सेटिका न परकी, सेटिका सेटिका ही होती है ।
त्यौं दर्शन नहिं परका, दर्शन दर्शन हि होता है ॥३५९॥
यों निश्चयका आश्रय, दर्शन ज्ञान चारित्रमें भाषित ।
अब व्यवहाराश्रयको, सुनो सुसंक्षेपमें कहते ॥३६०॥
ज्यौं परको श्वेत करे, सेटिका वहां स्वकीय प्रकृतीसे ।
त्यौं परको जाने यह, ज्ञाता भि स्वकीय भाव हि से ॥३६१॥
ज्यौं परको श्वेत करे, सेटिका वहां स्वकीय प्रकृतीसे ।
त्यौं परको देखे यह, आत्मा भि स्वकीय भाव हि से ॥३६२॥
ज्यौं परको श्वेत करे, सेटिका वहां स्वकीय प्रकृतीसे ।
त्यौं परको त्यागे यह, आत्मा भि स्वकीय भाव हि से ॥३६३॥

सहाव, सम्मादिट्ठि, विणिच्छय, णाणदंसणचरित्त, भणिअ, अण्ण, पज्जय, एमेव, णायव्व । धातुसंज्ञ—हो सत्तायां, सुण श्रवणे, सेड श्वेतीकरणे, जाण अवबोधने, पास दर्शने, वि जहा त्यागे, सद् दह धारणे ।

में [समासेन व्यवहारनयस्य वक्तव्यं शृणु] संक्षेपसे व्यवहारनयका कथन सुनो ।

[यथा] जैसे [सेटिका आत्मनः स्वभावेन] सफेदी अपने स्वभावसे [परद्रव्यं सेटयति] परद्रव्यको याने दीवार आदिको सफेद करती है [तथा] उसी प्रकार [ज्ञाता अपि स्वकेन भावेन परद्रव्यं जानाति] ज्ञाता भी अपने स्वभावसे परद्रव्यको जानता है [यथा] जैसे [सेटिका आत्मनः स्वभावेन परद्रव्यं सेटयति] सफेदी अपने स्वभावसे परद्रव्यको सफेद करती

ज्यौं परको श्वेत करे, सेटिका वहां स्वकीय प्रकृतीसे ।
त्यौं परको सरधाने, सम्यग्दृष्टी स्वभाव हि से ॥३६४॥
यौं व्यवहार विनिश्चय, दर्शन ज्ञान चारित्रमें जानो ।
ऐसा ही अन्य सकल, पर्यायोंमें भि नय जानो ॥३६५॥

यथा सेटिका तु न परस्य सेटिका सेटिका च सा भवति । तथा ज्ञायकस्तु न परस्य ज्ञायको ज्ञायकः स तु ॥
यथा सेटिका तु न परस्य सेटिका सेटिका च सा भवति । तथा दर्शकस्तु न परस्य दर्शको दर्शकः स तु ॥
यथा सेटिका तु न परस्य सेटिका सेटिका च सा भवति । तथा संयतस्तु न परस्य संयतः संयतः स तु ॥
यथा सेटिका तु न परस्य सेटिका सेटिका च सा भवति । तथा दर्शनं तु न परस्य दर्शनं दर्शनं तत्तु ॥
एवं तु निश्चयनयस्य च भाषितं ज्ञानदर्शनचरित्रे । शृणु व्यवहारनयस्य च वक्तव्यं तस्य समासेन ॥
यथा परद्रव्यं सेटयति खलु सेटिकात्मनः स्वभावेन । तथा परद्रव्यं जानाति ज्ञातापि स्वकेन भावेन ॥
यथा परद्रव्यं सेटयति सेटिकात्मनः स्वभावेन । तथा परद्रव्यं पश्यति ज्ञातापि स्वकेन भावेन ॥
यथा परद्रव्यं सेटयति सेटिकात्मनः स्वभावेन । तथा परद्रव्यं विजहाति ज्ञातापि स्वकेन भावेन ॥
यथा परद्रव्यं सेटयति सेटिकात्मनः स्वभावेन । तथा परद्रव्यं श्रद्धत्ते ज्ञातापि स्वकेन भावेन ॥
एवं व्यवहारस्य तु विनिश्चयो ज्ञानदर्शनचरित्रे । भणितोऽन्येष्वपि पर्यायेषु एवमेव ज्ञातव्यः ॥

सेटिकात्र तावच्छ्वेतगुणनिर्भरस्वभावं द्रव्यं । तस्य तु व्यवहारेण श्वैत्यं कुड्यादिपरद्रव्यं । अथात्र कुड्यादेः परद्रव्यस्य श्वैत्यस्य श्वेतयित्री सेटिका किं भवति किं न भवतीति तदु-

---

प्रातिपदिक—यथा, सेटिका, तु, न, पर, च, तत्, तथा, ज्ञायक, दर्शक, संयत, दर्शन, एवं, तु, निश्चयनय, भाषित, ज्ञानदर्शनचरित्र, व्यवहारनय, वक्तव्य, तत्, समास, ज्ञातृ, अपि, स्वक, भाव, परद्रव्य, आत्मन्,

---

है [**तथा**] उसी प्रकार [**जीवः अपि स्वकेन भावेन परद्रव्यं पश्यति**] जीव भी अपने स्वभाव से परद्रव्यको देखता है [**यथा**] जैसे [**सेटिका आत्मनः स्वभावेन परद्रव्यं सेटयति**] सफेदी अपने स्वभावसे परद्रव्यको सफेद करती है [**तथा**] उसी प्रकार [**ज्ञाता अपि स्वकेन भावेन परद्रव्यं सेटयति**] ज्ञानी भी अपने स्वभावसे परद्रव्यको छोड़ता है [**यथा**] जैसे [**सेटिका आत्मनः स्वभावेन परद्रव्यं सेटयति**] सफेदी अपने स्वभावसे परद्रव्यको सफेद करती है [**तथा**] उसी प्रकार [**सम्यग्दृष्टिः स्वभावेन परद्रव्यं श्रद्धते**] सम्यग्दृष्टि अपने स्वभावसे परद्रव्यको श्रद्धान करता है [**एवं तु**] इस प्रकार [**ज्ञानदर्शनचरित्रे**] ज्ञान, दर्शन और चारित्रमें [**व्यवहारनयस्य विनिश्चयः**] व्यवहारनयका निर्णय [**भणितः**] कहा गया है [**एवं अन्येषु पर्यायेषु अपि ज्ञातव्यः**] इसी प्रकार अन्य पर्यायोंमें भी जानना चाहिये ।

तात्पर्य—आत्मा स्वयंमें अपने उपयोग परिणामरूप परिणमता है यह निश्चयनयका सिद्धान्त है और उपयोगके विषयभूत पदार्थके प्रति आत्माका कर्तृत्व बताना व्यवहारनयका विनिश्चय है ।

भयतत्त्वसंबंधो मीमांस्यते—यदि सेटिका कुड्यादेर्भवति तदा यस्य यद्भवति तत्तदेव भवति यथात्मनो ज्ञानं भवदात्मैव भवतीति तत्त्वसंबंधे जीवति सेटिका कुड्यादेर्भवंती कुड्यादिरेव भवेत्, एवं सति सेटिकायाः स्वद्रव्योच्छेदः। न च द्रव्यांतरसंक्रमस्य पूर्वमेव प्रतिषिद्धत्वाद्द्रव्यस्यास्त्युच्छेदः, ततो न भवति सेटिका कुड्यादेः। यदि न भवति सेटिका कुड्यादेस्तर्हि कस्य सेटिका भवति ? सेटिकाया एव सेटिका भवति। ननु कतरान्या सेटिका सेटिकाया यस्याः सेटिका भवति ? न खल्वन्या सेटिका सेटिकायाः। किंतु स्वस्वाम्यंशावेवान्यौ। किमत्र साध्यं स्वस्वाम्यंशव्यवहारेण ? न किमपि। तर्हि न कस्यापि सेटिका, सेटिका सेटिकैवेति निश्चयः।

सम्यग्दृष्टि, स्वभाव, विनिश्चय, ज्ञानदर्शनचारित्र, भणित, अन्य, पर्याय, एव, एव, ज्ञातव्य। **मूलधातु**—भू सत्तायां, श्रु श्रवणे भ्वादि, षिट अनादरे भ्वादि णिजन्त, ज्ञा अवबोधने, इशिर् प्रेक्षणे, वि ओहाक् त्यागे जुहोत्यादि, श्रद् डुधाञ् धारणपोषणयोः। **पदविवरण**—जह यथा—अव्यय। सेडिया सेटिका—प्रथमा एक०। दु तु ण न—अव्यय। परस्स परस्य—षष्ठी एक०। य च—अव्यय। सा—प्र० ए०। होइ भवति—वर्तमान लट् अन्य पुरुष एक० क्रिया। तह तथा—अव्यय। जाणओ ज्ञायकः—प्र० ए०। पासओ दर्शकः—प्रथमा

टीकार्थ—इस लोकमें खड़िया (एपेन्दो) श्वेतगुणसे भरा हुआ द्रव्य है। कुटी, भीत आदि परद्रव्य व्यवहारसे श्वैत्य है। अब खड़िया और परद्रव्य दोनोंमें परमार्थसे क्या संबंध है ? इसका विचार किया जा रहा है कि श्वेत करने योग्य कुटी आदि परद्रव्यकी श्वेत करने वाली खड़िया है या नहीं ? यदि सेटिका भीत आदि परद्रव्यकी है, तो ऐसा न्याय है कि जो जिसका हो वह उस स्वरूप ही होता है। जैसे आत्माका ज्ञान आत्मस्वरूप ही है। ऐसा परमार्थरूप तत्त्वसंबंध जीवित (विद्यमान) होनेपर सेटिका भीत आदिकी होती हुई भीत आदि के स्वरूप ही होनी चाहिये, ऐसा होनेपर सेटिकाके निजद्रव्यका तो अभाव हो जायगा; परंतु एकद्रव्यका अन्यद्रव्यरूप होना तो पहले ही प्रतिषिद्ध हो जानेसे द्रव्यका उच्छेद नहीं है। इस कारण खड़िया कुटी आदि परद्रव्यकी नहीं है। **प्रश्न**—यदि खड़िया भीत आदिकी नहीं है तो किसकी है ? **उत्तर**—खड़िया खड़ियाकी ही है। **प्रश्न**—वह अन्य खड़िया कौनसी है जिस खड़ियाकी यह खड़िया है ? **उत्तर**—खड़ियासे भिन्न अन्य कोई खड़िया नहीं है, किन्तु खड़ियाके स्वस्वामिरूप अंश ही अन्य कहे जाते हैं। **प्रश्न**—यहाँ स्वस्वामि अंशके व्यवहारसे क्या साध्य है ? **उत्तर**—कुछ भी नहीं। इससे यह सिद्ध हुआ कि खड़िया अन्य किसी की भी नहीं, खड़िया खड़िया ही है ऐसा निश्चय है। जैसा यह दृष्टांत है वैसा ही यह दार्ष्टान्ति है—इस लोकमें प्रथम तो चेतनेवाला आत्मा ज्ञानगुणसे भरे स्वभाव वाला द्रव्य है, उसका व्यवहारसे जानने योग्य पुद्गल आदिक परद्रव्य है। अब यहाँ ज्ञेय पुद्गल आदि परद्रव्यका

यथा दृष्टान्तस्तथायं दार्ष्टान्तिकः—चेतयितात्र तावद् ज्ञानगुणनिर्भरस्वभावं द्रव्यं तस्य तु व्यवहारेण ज्ञेयं पुद्गलादि परद्रव्यं । अथात्र पुद्गलादेः परद्रव्यस्य ज्ञेयस्य ज्ञायकश्चेतयिता किं भवति किं न भवतीति ? तदुभयतत्त्वसंबंधो मीमांस्यते । यदि चेतयिता पुद्गलादेर्भवति तदा यस्य यद्भवति तत्तदेव भवति यथात्मनो ज्ञानं भवदात्मैव भवति इति तत्त्वसंबंधे जीवति चेतयिता पुद्गलादेर्भवन् पुद्गलादिरेव भवेत्, एवं सति चेतयितुः स्वद्रव्योच्छेदः । न च द्रव्यांतरसंक्रमस्य

एकवचन । संजओ संयतः—प्रथमा एक० । दंसण दर्शन—प्र० ए० । एव—अव्यय । णिच्छयणयस्स निश्चयनयस्य—षष्ठी एक० । भासियं भाषितं—प्रथमा एक० कृदन्त । णाणदंसणचरित्ते ज्ञानदर्शनचरित्रे—सप्तमी एक० द्वन्द्वसमास. सुणु शृणु—आज्ञार्थे लोट् मध्यम पुरुष एक० क्रिया । ववहारणयस्स व्यवहारनयस्य—

ज्ञायक चेतयिता आत्मा कुछ होता है या नहीं ? ऐसा उन दोनोंका तात्त्विक सम्बन्ध विचारा जाता है । यदि चेतयिता आत्मा पुद्गल आदि परद्रव्यका है तो यह न्याय है कि जो जिसका हो वह वही है अन्य नहीं । जैसे कि आत्माका होता हुआ ज्ञान आत्मा ही है ज्ञान कुछ पृथक् द्रव्य नहीं है । ऐसे परमार्थरूप तत्त्वसंबंधके जीवित (विद्यमान) होनेपर आत्मा पुद्गलादिक का होवे तो वह चेतयिता पुद्गलादिक ही होना चाहिये । ऐसा होनेपर आत्माके स्वद्रव्यका अभाव हो जायगा, किन्तु द्रव्यका अभाव नहीं होता, क्योंकि अन्यद्रव्यको पलटकर अन्य द्रव्य होनेका निषेध तो पहले ही कह आये हैं । इसलिये चेतयिता आत्मा पुद्गलादिक परद्रव्य का नहीं होता । **प्रश्न**—चेतयिता आत्मा पुद्गलादि परद्रव्यका नहीं है तो किसका है ? **उत्तर**—चेतयिताका ही चेतयिता है । **प्रश्न**—वह दूसरा चेतयिता कौनसा है जिसका यह चेतयिता है ? **उत्तर**—चेतयितासे अन्य कोई चेतयिता नहीं है, किन्तु स्वस्वामिअंश ही अन्य कहे जाते हैं । **प्रश्न**— यहां स्वस्वामिअंशके व्यवहारसे क्या साध्य है ? **उत्तर**—कुछ भी नहीं । अतः यह सिद्ध हुआ कि ज्ञायक है वह निश्चयसे अन्य किसीका ज्ञायक नहीं है, ज्ञायक ज्ञायक ही है ऐसा निश्चय है ।

किञ्च—यहाँ खड़िया प्रथम तो श्वेत गुणसे भरे स्वभाव वाला द्रव्य है । दीवार कुटी आदि परद्रव्य व्यवहारसे श्वैत्य है । अब श्वेत करने योग्य कुटी आदि परद्रव्यकी श्वेत करने वाली खड़िया क्या है या नहीं ? इस प्रकार उन दोनोंका तात्त्विक संबंध विचारा जा रहा है—यदि खड़िया कुटी आदिककी है तो यह न्याय है कि जिसका जो हो वह वही है अन्य नहीं है । जैसे कि आत्माका होता हुआ ज्ञान आत्मा ही है । ऐसे परमार्थरूप संबंधके विद्यमान होनेपर खड़िया कुटी आदिकी यदि हो तो कुटी आदिक ही होनी चाहिये । ऐसा होनेपर खड़ियाके स्वद्रव्यका नाश हो जायगा, किंतु द्रव्यका उच्छेद नहीं होता, क्योंकि एक द्रव्यका

पूर्वमेव प्रतिषिद्धत्वाद्द्रव्यस्यास्त्युच्छेदः । ततो न भवति चेतयिता पुद्गलादेः । यदि न भवति चेतयिता पुद्गलादेस्तर्हि कस्य चेतयिता भवति ? चेतयितुरेव चेतयिता भवति । ननु कतरोन्यश्चेतयिता चेतयितुर्यस्य चेतयिता भवति ? न खल्वन्यश्चेतयिता चेतयितुः, किंतु स्वस्वाम्यंशावेवान्यौ । किमत्र साध्यं स्वस्वाम्यंशव्यवहारेण ? न किमपि । तर्हि न कस्यापि ज्ञायकः । ज्ञायको ज्ञायक एवेति निश्चयः । किं च सेटिकात्र तावच्छ्वेतगुणनिर्भरस्वभावं द्रव्यं तस्य तु व्यवहारेण श्वैत्यं कुड्यादि परद्रव्यं । अथात्र कुड्यादेः परद्रव्यस्य श्वैत्यस्य श्वेतयित्री सेटिका किं भवति किं न भवतीति ? तदुभयतत्त्वसंबंधो मीमांस्यते । यदि सेटिका कुड्यादेर्भवति तदा

षष्ठी एक० । वत्तव्वं वक्तव्यं–प्रथमा एक० । से तस्य–षष्ठी एक० । समासेण समासेन–तृतीया एक० । जह यथा–अव्यय । परदव्वं परद्रव्यं–द्वितीया एक० । सेडदि सेटयति–वर्तमान लट् अन्य पुरुष एकवचन

अन्यद्रव्यरूप पलटनेका पहले ही निषेध कर चुके हैं । इस कारण खड़िया कुटी आदिकी नहीं है । प्रश्न– सेटिका कुटी आदिकी नहीं है तो किसकी है ? उत्तर––सेटिका सेटिकाकी ही है । प्रश्न– वह दूसरी सेटिका कौनसी है कि जिसकी यह सेटिका है ? उत्तर––दूसरी सेटिका तो नहीं है कि जिसकी यह सेटिका हो सके, किन्तु स्वस्वामिअंश ही अन्य है । प्रश्न—यहां स्वस्वामिअंशके व्यवहारसे क्या साध्य है ? उत्तर–कुछ भी नहीं । तो यह सिद्ध हुआ कि सेटिका किसीकी भी नहीं, सेटिका सेटिका ही है ऐसा निश्चय है । जैसे यह दृष्टांत है वैसे यह दार्ष्टान्त है—यहां चेतयिता आत्मा दर्शनगुणसे परिपूर्ण स्वभाव वाला द्रव्य है, पुद्गल आदि परद्रव्य व्यवहारसे उस चेतयिताका दृश्य है । अब यहाँ दोनोंका परमार्थभूत तत्त्वरूप सम्बन्ध विचारते हैं कि दृश्य पुद्गल आदि परद्रव्यका दर्शक चेतयिता कुछ है या नहीं ? यदि चेतयिता पुद्गल द्रव्यादिका है तो यह न्याय है कि जो जिसका होता है वह वही है अन्य नहीं है । जैसे कि आत्माका होता हुआ ज्ञान आत्मा ही है, ज्ञान भिन्न द्रव्य नहीं है । ऐसे तत्त्वसम्बन्धके विद्यमान होनेपर चेतयिता पुद्गल आदिका होता हुआ पुद्गल आदिक ही हो सकेगा, भिन्न द्रव्य न हो सकेगा । ऐसा होनेपर चेतयिताके स्वद्रव्यका नाश हो जायगा, परन्तु द्रव्यका नाश होता नहीं, क्योंकि अन्य द्रव्यको पलटकर अन्य द्रव्य होनेका पहले ही निषेध कर चुके हैं । इसलिये यह ठहरा कि चेतयिता पुद्गल द्रव्य आदिका नहीं है । प्रश्न––चेतयिता पुद्गलद्रव्य आदिका नहीं है तो किसका है ? उत्तर––चेतयिताका ही चेतयिता है । प्रश्न––वह दूसरा चेतयिता अन्य कौन है जिसका यह चेतयिता है ? उत्तर—चेतयितासे अन्य तो चेतयिता नहीं है । तो क्या है ? स्वस्वामिअंश ही अन्य है । प्रश्न—यहाँ स्वस्वामिअंशके व्यवहारसे क्या साध्य है ? उत्तर—कुछ भी नहीं । तब यह ठहरा कि चेतयिता किसीका भी दर्शक नहीं

यस्य यद्भवति तत्तदेव भवति यथात्मनो ज्ञानं भवदात्मैव भवतीति तत्त्वसंबंधे जीवति सेटिका कुड्यादेर्भवंती कुड्यादिरेव भवेत्, एवं सति सेटिकायाः स्वद्रव्योच्छेदः। न च द्रव्यांतरसंक्रमस्य पूर्वमेव प्रतिषिद्धत्वाद् द्रव्यस्यास्त्युच्छेदः। ततो न भवति सेटिका कुड्यादेः। यदि न भवति सेटिका कुड्यादेस्तर्हि कस्य सेटिका भवति ? सेटिकाया एव सेटिका भवति। ननु कतरान्या सेटिका सेटिकायाः यस्याः सेटिका भवति ? न खल्वन्या सेटिका सेटिकायाः किंतु स्वस्वाम्यंशावेवान्यौ। किमत्र साध्यं स्वस्वाम्यंशव्यवहारेण ? न किमपि। तर्हि न कस्यापि सेटिका, सेटिका सेटिकैवेति निश्चयः। यथायं दृष्टांतस्तथायं दार्ष्टान्तिकः—चेतयितात्र तावद्दर्शनगुणानि-

क्रिया। हु खलु—अव्यय। सेडिया सेटिका—प्रथमा एक०। अप्पणो आत्मनः—षष्ठी एक०। सहावेण स्वभा-

हैं, दर्शक दर्शक ही है। अपि च—यहाँ सेटिका जिसका स्वभाव श्वेतगुणसे भरा है एक द्रव्य है, उसका व्यवहारसे श्वेत करने योग्य कुटी आदि परद्रव्य है। अब यहाँ दोनोंका परमार्थसे सम्बंध विचारा जा रहा है—श्वेत करने योग्य कुटी आदि परद्रव्यकी श्वेत करने वाली सेटिका क्या है या नहीं ? यदि सेटिका कुटी आदिकी है तो यह न्याय है कि जो जिसका हो वह वही है अन्य नहीं है। जैसे कि आत्माका होता हुआ ज्ञान आत्मा ही है अन्य द्रव्य नहीं है। ऐसे परमार्थरूप तत्त्व सम्बंधके जीवित (विद्यमान) होनेपर सेटिका कुटी आदिकी होती हुई कुटी आदि ही होगी। ऐसा होनेपर सेटिकाके स्वद्रव्यका उच्छेद हो जायगा सो द्रव्यका उच्छेद नहीं होता, क्योंकि अन्य द्रव्यको पलटकर अन्य द्रव्य होनेका निषेध पहले कर चुके हैं। इसलिये सेटिका कुड्यादिककी नहीं है। प्रश्न—सेटिका कुटी आदिकी नहीं है तो किसकी है ? उत्तर—सेटिका सेटिकाकी ही है। प्रश्न—वह दूसरी सेटिका कौनसी है जिसकी यह सेटिका है। उत्तर—इस सेटिकासे अन्य सेटिका तो नहीं है। तो क्या है ? स्वस्वामिअंश हैं वे ही अन्य हैं। स्वस्वामिअंशसे निश्चयनयमें क्या साध्य है ? कुछ भी नहीं। तब यह ठहरा कि कि सेटिका अन्य किसीकी भी नहीं है सेटिका सेटिका ही है ऐसा निश्चय है। जैसा यह दृष्टान्त है वैसा यह दार्ष्टान्त है इस जगतमें चेतयिता आत्मा ज्ञान दर्शन गुणसे परिपूर्ण परके अपोहन याने त्यागरूप स्वभाव वाला द्रव्य है, पुद्गल आदि परद्रव्य व्यवहारसे उस चेतयिता का अपोह्य याने त्याज्य है। अब यहाँ दोनोंके परमार्थतत्त्वरूप सम्बन्ध विचारा जा रहा है—त्यागने योग्य पुद्गल आदि परद्रव्यका त्यागने वाला चेतयिता कुछ है या नहीं ? यदि चेतयिता पुद्गल आदि परद्रव्यका है तो यह न्याय है कि जिसका जो हो वह वही है जैसे कि आत्माका ज्ञान आत्माका होता हुआ आत्मा ही है अन्य द्रव्य नहीं। ऐसा तत्त्वसम्बन्ध विद्यमान होनेपर चेतयिता पुद्गल आदिका होता हुआ पुद्गल आदिक ही होगा। ऐसा होनेपर

भंरस्वभावं द्रव्यं तस्य तु व्यवहारेण दृश्यं पुद्गलादि परद्रव्यं । अथात्र पुद्गलादेः परद्रव्यस्य दृश्यस्य दर्शकश्चेतयिता किं भवति किं न भवतीति ? तदुभयतत्त्वसंबंधो मीमांस्यते--यदि चेतयिता पुद्गलादेर्भवति तदा यस्य यद्भवति तत्तदेव भवति यथात्मनो ज्ञानं भवदात्मैव भवति इति तत्त्वसंबंधे जीवति चेतयिता पुद्गलादेर्भवन् पुद्गलादिरेव भवेत् । एवं सति चेतयितुः स्वद्रव्योच्छेदः । न च द्रव्यांतरसंक्रमस्य पूर्वमेव प्रतिषिद्धत्वात् द्रव्यस्यास्त्युच्छेदः ? ततो न भवति चेतयिता पुद्गलादेः । यदि न भवति चेतयिता पुद्गलादेस्तर्हि कस्य चेतयिता भवति ? चेतयितुरेव चेतयिता भवति । ननु कतरोन्यश्चेतयिता चेतयितुर्यस्य चेतयिता भवति ? न

वेन–तृतीया एक० । जाणइ जानाति–वर्तमान लट् अन्य पुरुष एकवचन । णाया ज्ञाता–प्रथमा एकवचन ।

चेतयिताके स्वद्रव्यका उच्छेद हो जायगा, किन्तु द्रव्यका उच्छेद होता नहीं, क्योंकि अन्यद्रव्य को पलटकर अन्यद्रव्य होनेका प्रतिषेध पहले हो कर चुके हैं । इसलिये चेतयिता पुद्गलादिक का नहीं हो सकता । **प्रश्न**—चेतयिता पुद्गल आदिका नहीं है तो चेतयिता किसका है ? **उत्तर**--चेतयिताका ही चेतयिता है । **प्रश्न**--वह दूसरा चेतयिता कौनसा है जिसका यह चेतयिता है ? **उत्तर**—चेतयितासे अन्य चेतयिता तो नहीं है । तो क्या है ? स्वस्वामिअंश ही अन्य है । **प्रश्न**—यहाँ स्वस्वामिअंशके व्यवहारसे क्या साध्य है ? **उत्तर**—कुछ भी नहीं । तब यह ठहरा कि अपोहक (त्यागने वाला) किसीका भी नहीं है, अपोहक अपोहक ही है ऐसा निश्चय है ।

अब व्यवहारका व्याख्यान किया जाता है जैसे श्वेतगुणसे परिपूर्ण स्वभाववाली वही सेटिका स्वयं कुटी आदि परद्रव्यके स्वभावसे नहीं परिणमती हुई तथा कुड्यादिक परद्रव्यको अपने स्वभावसे नहीं परिणमाती हुई, जिसको कुड्यादि परद्रव्य निमित्त है, ऐसे अपने श्वेत-गुणसे भरे स्वभावके परिणामसे उपजती हुई सेटिका जिसको निमित्त है, ऐसे अपने कुड्यादि स्वभावके परिणाम द्वारा उत्पन्न होते हुए कुड्यादि परद्रव्यको अपने स्वभावसे सफेद करती है । ऐसा व्यवहार किया जाता है । उसी तरह ज्ञानगुणसे परिपूर्ण स्वभाव वाला चेतयिता आत्मा भी स्वयं पुद्गलादि परद्रव्यके स्वभावसे परिणमित नहीं होता हुआ और पुद्गल आदि परद्रव्यको अपने स्वभावसे न परिणमाता हुआ तथा जिसको पुद्गल आदि परद्रव्य निमित्त है ऐसे अपने ज्ञानगुणसे भरे स्वभावके परिणामसे उत्पन्न होता हुआ, जिसको चेतयिता निमित्त है ऐसे अपने स्वभावके परिणामसे उत्पन्न होते हुए पुद्गलादि परद्रव्यको अपने स्वभावसे जानता है, ऐसा व्यवहार किया जाता है । किञ्च--जैसे श्वेतगुणसे परिपूर्ण स्वभाव वाली वही सेटिका स्वयं कुड्यादि परद्रव्यके स्वभावसे परिणमन नहीं करती हुई, और कुड्यादि

खल्वन्यश्चेतयिता चेतयितुः किंतु स्वस्वाम्यंशावेवान्यौ । किमत्र साध्यं स्वस्वाम्यंशव्यवहारेण ? न किमपि । तर्हि न कस्यापि दर्शकः, दर्शको दर्शक एवेति निश्चयः । अपि च सेटिका तावच्छ्वेतगुणनिर्भरस्वभावं द्रव्यं तस्य तु व्यवहारेण श्वैत्यं कुड्यादि परद्रव्यं । अथात्र कुड्यादेः परद्रव्यस्य श्वैत्यस्य श्वेतयित्री सेटिका किं भवति किं न भवतीति ? तदुभयतत्त्वसंबंधो मीमांस्यते । यदि सेटिका कुड्यादेर्भवति तदा यस्य यद्भवति तत्तदेव भवति यथात्मनो ज्ञानं भवदात्मैव भवति इति तत्त्वसंबंधे जीवति सेटिका कुड्यादेर्भवंती कुड्यादिरेव भवेत् । एवं सति सेटिकायाः स्वद्रव्योच्छेदः । न च द्रव्यांतरसंक्रमस्य पूर्वमेव प्रतिषिद्धत्वाद् द्रव्यस्यास्त्युच्छेदः ? ततो न भवति सेटिका कुड्यादेः । यदि न भवति सेटिका कुड्यादेस्तर्हि कस्य सेटिका भवति ? सेटिकाया एव सेटिका भवति । ननु कतरान्या सेटिका सेटिक्या यस्याः सेटिका भवति ? न खल्वन्या सेटिका सेटिकायाः किंतु स्वस्वाम्यंशावेवान्यौ । किमत्र साध्यं स्वस्वाम्यंशव्यवहारेण ? न किमपि । तर्हि न कस्यापि सेटिका, सेटिका सेटिकैवेति निश्चयः । यथायं दृष्टांतस्तथायं दार्ष्टान्तिकः—चेतयितात्र तावद् ज्ञानदर्शनगुणनिर्भरपरापोहनात्मकस्वभावं द्रव्यं । तस्य तु व्यवहा-

---

वि अपि—अव्यय । सयेण स्वकेन भावेन भावेन—तृतीया एक० । पस्सइ पश्यति—वर्तमान लट् अन्य पुरुष

परद्रव्यको अपने स्वभावसे परिणमन नहीं कराती हुई तथा जिसको कुड्यादि परद्रव्य निमित्त हैं, ऐसे श्वेतगुणसे भरे अपने स्वभावके परिणामसे उत्पन्न होती हुई तथा जिसको सेटिका निमित्त है ऐसा अपने स्वभावके परिणामसे उत्पन्न होते हुए कुटी आदिक परद्रव्यको अपने स्वभावसे सफेद करती है, ऐसा व्यवहार किया जाता है । उसी तरह दर्शनगुणसे परिपूर्ण स्वभाव वाला चेतयिता आत्मा भी स्वयं पुद्गल आदि परद्रव्यके स्वभावसे परिणमन नहीं करता हुआ, और पुद्गल आदि परद्रव्यको भी अपने स्वभावसे परिणमन नहीं कराता हुआ तथा जिसको पुद्गल आदि परद्रव्य निमित्त हैं ऐसा अपने दर्शनगुणसे भरे स्वभावके परिणामसे उत्पन्न होता हुआ तथा जिसको चेतयिता निमित्त है ऐसे अपने स्वभावके परिणामसे उत्पन्न होते हुए पुद्गलादि परद्रव्यको अपने स्वभावसे देखता है ऐसा व्यवहार किया जाता है । अपि च—जैसे श्वेतगुणसे परिपूर्ण स्वभाव वाली सेटिका स्वयं कुड्यादि परद्रव्यके स्वभावसे परिणमन नहीं करती हुई, तथा कुड्यादि परद्रव्यको अपने स्वभावसे नहीं परिणमाती हुई, और जिसको कुड्यादि परद्रव्य निमित्त है ऐसा श्वेतगुणसे भरे अपने स्वभावके परिणामसे उत्पन्न होती हुई, तथा जिसको सेटिका निमित्त हैं ऐसा अपने स्वभावके परिणामसे उत्पन्न कुटी आदि परद्रव्यको सेटिका अपने स्वभावसे श्वेत करती है । ऐसा व्यवहार किया जाता है । उसी तरह ज्ञानदर्शन गुणसे भरा परके अपोहन (त्याग) रूप स्वभाव वाला यह चेतयिता

रेणापोह्यं पुद्गलादिपरद्रव्यं । अथात्र पुद्गलादेः परद्रव्यस्यापोह्यस्यापोहकः चेतयिता किं भवति किं न भवतीति ? तदुभयतत्त्वसंबंधो मीमांस्यते । यदि चेतयिता पुद्गलादेर्भवति तदा यस्य यद्भवति तत्तदेव भवति इत्यात्मनो ज्ञानं भवदपरैः भवति इति तत्त्वसंबंधे जीवति चेतयिता पुद्गलादेर्भवन् पुद्गलादिरेव भवेत् । एवं सति चेतयितुः स्वद्रव्योच्छेदः । न च द्रव्यांतरसंक्रमस्य पूर्वमेव प्रतिषिद्धत्वाद्द्रव्यस्यास्त्युच्छेदः । ततो न भवति चेतयिता पुद्गलादेः । यदि न भवति चेतयिता पुद्गलादेस्तर्हि कस्य चेतयिता भवति ? चेतयितुरेव चेतयिता भवति । ननु कतरोऽन्यश्चेतयिता चेतयितुर्यस्य चेतयिता भवति ? न खल्वन्यश्चेतयिता चेतयितुः किंतु स्वस्वाम्यंशावेवान्यौ । किमत्र साध्यं स्वस्वाम्यंशव्यवहारेण ? न किमपि । तर्हि न कस्याप्यपोहकः, अपोहकोऽपोहक एवेति निश्चयः । अथ व्यवहारव्याख्यानम् । यथा च सैव सेटिका

एकवचन किया । जीवो जीवः—प्रथमा एक० । विजहइ विजहाति—वर्तमान लट् अन्य पुरुष एकवचन

आत्मा स्वयं पुद्गलादि परद्रव्यके स्वभावसे परिणमन नहीं करता हुआ और पुद्गलादि परद्रव्यको भी अपने स्वभावसे नहीं परिणमाता हुआ तथा पुद्गलादि परद्रव्य जिसको निमित्त है ऐसा अपने ज्ञानदर्शनगुणसे भरा परके त्याग करने रूप स्वभावके परिणामसे उत्पन्न होता हुआ, जिसको पुद्गलादि परद्रव्य निमित्त हैं ऐसे अपने ज्ञानदर्शनगुणसे परिपूर्ण परापोहनात्मक स्वभावके परिणाम द्वारा उत्पन्न होता हुआ, तथा जिसको चेतयिता निमित्त है ऐसा अपने स्वभावके परिणामसे उत्पन्न पुद्गलादि परद्रव्यको अपने स्वभावसे त्यागता है । ऐसा व्यवहार किया जाता है । इस प्रकार यह आत्माके ज्ञानदर्शनचारित्र पर्यायोंका निश्चय व्यवहार है । इसी प्रकार अन्य भी जो कोई पर्याय हैं उन सभी पर्यायोंका निश्चय व्यवहार जानना ।

भावार्थ—शुद्धनयसे आत्माका एक चेतनामात्र स्वभाव है । उसके परिणाम देखना, जानना, श्रद्धान करना और परद्रव्यसे निवृत्त होना है । वहां निश्चयनयसे विचारें, तब आत्मा परद्रव्यका ज्ञायक नहीं कहा जा सकता, न दर्शक, न श्रद्धान करने वाला और न त्याग करने वाला कहा जा सकता है । क्योंकि परद्रव्यका और आत्माका निश्चयसे कुछ भी सम्बन्ध नहीं है । जो ज्ञाता द्रष्टा श्रद्धान करने वाला, त्याग करने वाला, ये सब भाव हैं सो स्वयं ही है । भाव्य-भावकका भेद कहना भी व्यवहार है और परद्रव्यका ज्ञाता, द्रष्टा, श्रद्धान करने वाला त्याग करने वाला कहना भी व्यवहार है । परद्रव्यका और आत्माका मात्र निमित्तनैमित्तिक भाव है, सो परके निमित्तसे कुछ भाव हुए देख व्यवहारी जन कहते हैं कि परद्रव्यको जानता है, परद्रव्यको देखता है परद्रव्यका श्रद्धान करता है और परद्रव्यको त्यागता है । इस तरह निश्चय व्यवहारके तथ्यको जानकर यथावत् श्रद्धान करना चाहिये ।

श्वेतगुणनिर्भरस्वभावा स्वयं कुड्यादिपरद्रव्यस्वभावेनापरिणममाना कुड्यादिपरद्रव्यं चात्मस्वभावेनापरिणमयन्ती कुड्यादिपरद्रव्यनिमित्तकेनात्मनः श्वेतगुणनिर्भरस्वभावस्य परिणामेनोत्पद्यमाना कुड्यादिपरद्रव्यं सेटिकानिमित्तकेनात्मनः स्वभावस्य परिणामेनोत्पद्यमानमात्मस्वभावेन श्वेतयतीति व्यवह्रियते तथा चेतयितापि ज्ञानगुणनिर्भरस्वभावः स्वयं पुद्गलादिपरद्रव्यस्वभावेनापरिणममानः पुद्गलादिपरद्रव्यं चात्मस्वभावेनापरिणमयन् पुद्गलादिपरद्रव्यनिमित्तकेनात्मनो ज्ञानगुणनिर्भरस्वभावस्य परिणामेनोत्पद्यमानः पुद्गलादिपरद्रव्यं चेतयितुनिमित्तकेनात्मनः स्वभावस्य परिणामेनोत्पद्यमानमात्मनः स्वभावेन जानातीति व्यवह्रियते । किंच यथा च सैव सेटिका श्वेतगुणनिर्भरस्वभावा स्वयं कुड्यादिपरद्रव्यस्वभावेनापरिणममाना कुड्यादिपरद्रव्यं चात्मस्वभावेनापरिणमयंती कुड्यादिपरद्रव्यनिमित्तकेनात्मनः श्वेतगुणनिर्भरस्वभावस्य परिणामेनोत्पद्यमाना कुड्यादिपरद्रव्यं सेटिकानिमित्तकेनात्मनः स्वभावस्य परिणामेनोत्पद्यमानमात्मनः

क्रिया । सद्दहइ श्रद्दधाति—वर्तमान लट् अन्य पुरुष एकवचन क्रिया । सम्मादिट्ठी सम्यग्दृष्टिः—प्रथमा

अब इसी अर्थको कलशरूप काव्यमें कहते हैं—**शुद्ध** इत्यादि । अर्थ—जिसने शुद्ध द्रव्यके निरूपणमें बुद्धि लगाई है, और जो तत्त्वका अनुभव करता है, ऐसे पुरुषके अन्यद्रव्य एकद्रव्यमें प्राप्त हुआ कुछ भी कदाचित् नहीं प्रतिभासित होता । ज्ञान ज्ञेय पदार्थोंको जानता है सो यह ज्ञानके शुद्धस्वभावका उदय है । फिर अन्यद्रव्यके ग्रहणमें आकुलित हुए लोक शुद्धस्वरूपसे क्यों चिगते हैं ? **भावार्थ**—शुद्धनयकी दृष्टिसे तत्त्वस्वरूप निरखनेसे अन्यद्रव्यका अन्यद्रव्यमें प्रवेश नहीं दीखता, फिर भी ज्ञानमें अन्यद्रव्य प्रतिभासित होता है सो यह ज्ञानकी स्वच्छताका स्वभाव है, ज्ञान उनको ग्रहण नहीं करता । लौकिकजन अन्यद्रव्यका ज्ञानमें प्रतिभास देख अपने ज्ञानस्वरूपसे छूटकर ज्ञेयके ग्रहण करनेकी बुद्धि करते हैं सो यह अज्ञान है । आचार्य देव उनपर दयालु होकर कह रहे हैं कि ये लोक तत्त्वसे क्यों चिगते हैं ।

अब इसी अर्थको काव्यसे और भी दृढ़ करते हैं—**शुद्धद्रव्यस्वरस** इत्यादि । **अर्थ**—शुद्ध द्रव्यका निज रसरूप परिणमन होनेसे क्या शेष अन्य द्रव्य उस स्वभावका हो सकता है ? अथवा क्या अन्यद्रव्यका स्वभाव हो सकता है ? जैसे चांदनी पृथ्वीको उज्ज्वल करती है तथापि पृथ्वी चांदनीकी कदापि नहीं होती । उसी तरह ज्ञान ज्ञेय पदार्थको सदाकाल जानता है तथापि ज्ञेय ज्ञानका कदापि नहीं होता है । **भावार्थ**—शुद्धनयकी दृष्टिसे देखनेपर किसी द्रव्यका स्वभाव किसी अन्य द्रव्यरूप नहीं होता । जैसे चांदनी पृथ्वीको उज्ज्वल करती है परन्तु चांदनीकी पृथ्वी कुछ नहीं लगती; उसी तरह ज्ञान ज्ञेयको जानता है परंतु ज्ञानका ज्ञेय कुछ नहीं लगता । आत्माका ज्ञान स्वभाव है इसकी स्वच्छतामें ज्ञेय स्वयमेव झलकते हैं

स्वभावेन श्वेतयतीति व्यवह्रियते। तथा चेतयितापि दर्शनगुणनिर्भरस्वभावः स्वयं पुद्गलादि परद्रव्यस्वभावेनापरिणममानः पुद्गलादिपरद्रव्यं चात्मस्वभावेनापरिणामयन् पुद्गलादिपरद्रव्यनिमित्तकेनात्मनो दर्शनगुणनिर्भरस्वभावस्य परिणामेनोत्पद्यमानः पुद्गलादिपरद्रव्यं चेतयितृ निमित्तकेनात्मनः स्वभावस्य परिणामेनोत्पद्यमानमात्मनः स्वभावेन पश्यतीति व्यवह्रियते। अपि च—यथा च सैव सेटिका श्वेतगुणनिर्भरस्वभावा स्वयं कुड्यादिपरद्रव्यस्वभावेनापरिणममाना कुड्यादिपरद्रव्यं चात्मस्वभावेनापरिणामयंती कुड्यादिपरद्रव्यनिमित्तकेनात्मनः श्वेतगुणनिर्भरस्वभावस्य परिणामेनोत्पद्यमाना कुड्यादिपरद्रव्यं सेटिकानिमित्तकेनात्मनः स्वभावस्य

एक०। विणिच्छओ विनिश्चयः—प्रथमा एक०। णाणदंसणचरित्ते ज्ञानदर्शनचरित्रे—सप्तमी एक०। भणिओ

तो भी ज्ञानमें उन ज्ञेयोंका प्रवेश नहीं है।

अब काव्यमें बताते हैं कि ज्ञानमें राग-द्वेषका उदय कब तक है—रागद्वेष इत्यादि। **अर्थ**—यह ज्ञान जब तक ज्ञानरूप नहीं होता और ज्ञेय ज्ञेयभावको प्राप्त नहीं होता तब तक रागद्वेष दोनों उदित होते हैं। इसलिये यह ज्ञान अज्ञानभावको दूर करके ज्ञानरूप होओ जिससे कि भाव अभावको तिरस्कृत करता हुआ ज्ञान पूर्णस्वभाव प्रकट होता है। **भावार्थ**—जब तक ज्ञान ज्ञानरूप नहीं होता ज्ञेय ज्ञेयरूप नहीं होता तब तक राग-द्वेष दोनों उत्पन्न होते रहते हैं। इसलिये यह ज्ञान अज्ञान भावको दूर करके ज्ञानरूप होवे जिससे कि ज्ञान पूर्ण-स्वभावको प्राप्त हो जाय। यह भावना यहाँ की गई है।

प्रसंगविवरण—अनन्तरपूर्व गाथासप्तकमें व्यवहारसे कर्ता कर्मको अन्य तथा निश्चय से कर्ता कर्मको अनन्य बताया था। अब इस गाथादशकमें दृष्टान्तपूर्वक निश्चयतः सविवरण एक वस्तुमें कर्तृकर्मत्वके अभेदको बताया है।

तथ्यप्रकाश—१—ज्ञायक आत्मा भिन्न सत् है, ज्ञेय पर वस्तु भिन्न सत् है। २—ज्ञायक ज्ञेयका कुछ नहीं, ज्ञायक ज्ञायकका ही है याने ज्ञायक ज्ञायक ही है। ३—दर्शक भिन्न सत् है, दृश्य भिन्न सत् है। ४—दर्शक दृश्यका कुछ नहीं; दर्शक दर्शकका ही है याने दर्शक दर्शक ही है। ५—संयत अपोहक—त्यागी भिन्न सत् है त्याज्य परवस्तु भिन्न सत् है। ६—त्यागी त्याज्यका कुछ नहीं, त्यागी त्यागीका ही है याने त्यागी (अपोहक) त्यागी ही है। ७—श्रद्धान—श्रद्धाता भिन्न सत् है, श्रद्धेय जीवादि परपदार्थ भिन्न सत् है। ८—श्रद्धान श्रद्धेय का कुछ नहीं, श्रद्धान श्रद्धानका ही है याने श्रद्धान श्रद्धान ही है। ९—ज्ञाता आत्मा घटादिक पर ज्ञेयको व्यवहारसे जानता है, किन्तु वह परद्रव्यसे तन्मय नहीं होता। १०—आत्मा घटादिक परद्रव्य दृश्यको व्यवहारसे देखता है, किन्तु वह दृश्य परद्रव्यसे तन्मय नहीं होता।

परिणामेनोत्पद्यमानमात्मनः स्वभावेन श्वेतयतीति व्यवह्रियते । तथा चेतयितापि ज्ञानदर्शनगुणनिर्भरपरापोहनात्मकस्वभावः स्वयं पुद्गलादिपरद्रव्यस्वभावेनापरिणममानः पुद्गलादिपरद्रव्यं चात्मस्वभावेनापरिणामयन् पुद्गलादिपरद्रव्यनिमित्तकेनात्मनो ज्ञानदर्शनगुणनिर्भरपरापोहनात्मकस्वभावस्य परिणामेनोत्पद्यमानः पुद्गलादिपरद्रव्यं चेतयितृनिमित्तकेनात्मनः स्वभावस्य परिणामेनोत्पद्यमानमात्मनः स्वभावेनापोहतीति व्यवह्रियते । एवमयमात्मनो ज्ञानदर्शनचारित्रपर्यायाणां निश्चयव्यवहारप्रकारः । एवमेवान्येषां सर्वेषामपि पर्यायाणां द्रष्टव्यः ॥ शुद्धद्रव्यनिरूपणार्पितमतेस्तत्त्वं समुत्पश्यतो नैकद्रव्यगतं चकास्ति किमपि द्रव्यांतरं जातुचित् । ज्ञानं ज्ञेयमवैति यत्तु तदयं शुद्धस्वभावोदयः किं द्रव्यांतरचुंबनाकुलधियस्तत्त्वाच्च्यवते जनाः ॥२१५॥ शुद्धद्रव्यस्वरसभवनात्किं स्वभावस्य शेषमन्यद्द्रव्यं भवति यदि वा तस्य किं स्यात्स्वभावः । ज्योत्स्नारूपं स्नपयति भुवं नैव तस्यास्ति भूमिर्ज्ञानं ज्ञेयं कलयति सदा ज्ञेयमस्यास्ति नैव ॥२१६॥ रागद्वेषद्वयमुदयते तावदेतन्न यावद् ज्ञानं ज्ञानं भवति न पुनर्बोधतां याति बोध्यं । ज्ञानं ज्ञानं भवतु तदिदं न्यक्कृताज्ञानभावं भावाभावौ भवति तिरयन्नेन पूर्णस्वभावः ॥२१७॥ ॥ ३५६-३६५ ॥

भणितः–प्रथमा एक० कृदन्त । अण्णेसु अन्येषु–सप्तमी बहु० । पज्जएसु पर्यायेषु–सप्तमी बहु० । एमेव एवमेव एवं एव–अव्यय । णायव्वो ज्ञातव्यः–प्रथमा एकवचन कृदन्त क्रिया ॥ ३५६-३६५ ॥

११– आत्मा परद्रव्य परिग्रहको व्यवहारसे त्यागता है, किन्तु वह त्याज्य पदार्थसे तन्मय नहीं होता । १२–आत्मा परद्रव्यका श्रद्धाता है, किन्तु वह श्रद्धेय पदार्थसे तन्मय नहीं होता । १३–आत्माके सभी गुण पर्यायोंकी आत्मासे अनन्यता है, परसे नहीं । १४–मैंने भोजन भोगा, घर बनाया, घर छोड़ा आदि यह सब व्यवहारसे कहा जाता है । १५– वास्तवमें तो इसने अपने रागादि परिणामको ही भोगा, रागादि परिणामको ही किया, रागादि परिणामको ही छोड़ा । १६– **प्रश्न**—यदि व्यवहारसे परद्रव्यका जानना है तब तो निश्चयसे कोई सर्वज्ञ नहीं हो सकता ? १७– **उत्तर**—सर्वपरद्रव्यविषयक जानना हो रहा प्रभुके, इस कारण सर्वज्ञतामें कोई संदेह नहीं, किन्तु सर्वको जानकर भी प्रभु सर्व परपदार्थोंमें तन्मय नहीं होते, अतः प्रभुको सर्वज्ञ व्यवहारसे कहा गया है ।

सिद्धान्त— १– परपदार्थविषयक ज्ञान आदि होनेपर परद्रव्यका ज्ञाता आदि व्यवहारसे कहा गया है । २– ज्ञानादि परिणमन स्वयंमें स्वयंकी परिणतिसे होनेके कारण स्वज्ञाता आदि वास्तवमें कहा गया है । ३– स्वयं सहज परिपूर्ण आत्मा अनिर्वचनीय होनेके कारण सर्व भेदोंसे अतीत है ।

दंसणणाणचरित्तं किंचिवि णत्थि दु अचेयणे विसये ।
तह्मा किं घादयदे चेदयिदा तेसु विसएसु ॥३६६॥
दंसणणाणचरित्तं किंचिवि णत्थि दु अचेयणे कम्मे ।
तह्मा किं घादयदे चेदयिदा तेसु कम्मेसु ॥३६७॥
दंसणणाणचरित्तं किंचिवि णत्थि दु अचेयणे काये ।
तह्मा किं घादयदे चेदयिदा तेसु कायेसु ॥३६८॥
णाणस्स दंसणस्स य भणिओ घाओ तहा चरित्तस्स ।
णवि तहिं पुग्गलदव्वस्स कोऽवि घाओ उ णिद्दिट्ठो ॥३६९॥
जीवस्स जे गुणा केइ ण संति खलु ते परेसु दव्वेसु ।
तह्मा सम्माइट्ठिस्स णत्थि रागो उ विसएसु ॥३७०॥
रागो दोसो मोहो जीवस्सेव य अणण्णपरिणामा ।
एएण कारणेण उ सद्दादिसु णत्थि रागादी ॥३७१॥

नामसंज्ञा – दंसणणाणचरित्त, किंचि, वि, ण, दु, अचेयण, विसय, त, किं, त, विसय, त, किं, चेदयिदा, त, विसय, कम्म, त, कम्म, काय, णाण, दंसण, भणिअ, घाअ, तहा, चरित्त, तहि, पुग्गलदव्व, क;

दृष्टि—१– स्वाभाविक उपचरित स्वभाव व्यवहार (१०५)। २– कारककारकविभेदक सद्भूतव्यवहार (७३)। ३–शुद्धनय (४६)।

प्रयोग—परमशान्तिके अर्थ सर्वविकल्पवादोंसे हटकर अपनेमें अपना आत्मसर्वस्व निरखना ॥ ३५६-३६५ ॥

अब युक्तिपूर्वक कहते हैं कि अज्ञानसे अपना ही घात होता है—[दर्शनज्ञानचारित्रं] दर्शन ज्ञान चारित्र [अचेतने विषये तु] अचेतन विषयमें तो [किंचिदपि नास्ति] कुछ भी नहीं है [तस्मात्] इस कारण [चेतयिता] आत्मा [तेषु विषयेषु] उन विषयोंमें [किं हंति] क्या घात करता है ? [दर्शनज्ञानचारित्रं] दर्शन ज्ञान चारित्र [अचेतने कर्मणि तु] अचेतन कर्ममें [किंचिदपि नास्ति] कुछ भी नहीं है। [तस्मात्] इस कारण [चेतयिता] आत्मा [तत्र कर्मणि] उस कर्ममें [किं हंति] क्या घात करता है ? [दर्शनज्ञानचारित्रं] दर्शन ज्ञान चारित्र [अचेतने काये तु] अचेतन कायमें [किंचिदपि नास्ति] कुछ भी नहीं है [तस्मात्]

चारित्र ज्ञान दर्शन, कुछ भी नहिं है विषय अचेतनमें ।
तब फिर क्या घात करे, उन विषयोंमें सुधा आत्मा ॥३६६॥
चारित्र ज्ञान दर्शन, कुछ भी नहिं है करम अचेतनमें ।
तब फिर क्या घात करे, उन कर्मोंमें सुधा आत्मा ॥३६७॥
चारित्र ज्ञान दर्शन, कुछ भी नहिं है अजीव कायोंमें ।
तब फिर क्या घात करे, उन कायोंमें सुधा आत्मा ॥३६८॥
चारित्र ज्ञान दर्शन, का जो है घात होना बताया ।
पुद्गलद्रव्यका वहां, नहिं कोई घात बतलाया ॥३६९॥
जीवके कोइ जो गुण, हैं नहिं वे अन्य किन्हीं द्रव्योंमें ।
इससे सम्यग्दृष्टी-के नहिं है राग विषयोंमें ॥३७०॥
राग द्वेष मिथ्याशय, जीव हि की हैं अनन्य परिणतियां ।
इस कारण रागादिक, शब्दादिकमें नहीं कुछ भी ॥३७१॥

वि, उ, णिद्दिट्ठ, जीव, ज, गुण, केइ, त, पर, दव्व, त, सम्माइट्ठि, राग, विसय, राग, दोस, मोह, जीव, अणण्णपरिणाम, एत, कारण, सद्दादि, रागादि । धातुसंज्ञ—अस सत्तायां, घात हिंसायां । प्रातिपदिक—दर्शनज्ञानचारित्र, किंचित्, अपि, न, तु, अचेतन, विषय, तत्, किं, चेतयितृ, कर्मन्, काय, ज्ञान, दर्शन,

---

इसलिये [चेतयिता] आत्मा [तेषु कायेषु] उन कायोंमें [किं हंति] क्या घात करता है ? [ज्ञानस्य दर्शनस्य तथा चरित्रस्य] ज्ञानका, दर्शनका तथा चारित्रका [घातः] घात [भणितः] कहा गया है [तत्र] वहाँ [पुद्गलद्रव्यस्य तु] पुद्गलद्रव्यका तो [कोपि घातः] कुछ भी घात [नापि निर्दिष्टः] नहीं कहा गया । [ये केचित्] जो कुछ [जीवस्य गुणाः] जीवके गुण हैं [ते] वे [खलु] निश्चयसे [परेषु द्रव्येषु] परद्रव्योंमें [न संति] नहीं हैं [तस्मात्] इस कारण [सम्यग्दृष्टेः] सम्यग्दृष्टिके [विषयेषु] विषयोंसे [रागस्तु] राग ही [नास्ति] नहीं है । [रागः द्वेषः मोहः] राग-द्वेष-मोह ये सब [जीवस्यैव च] जीवके ही [अनन्यपरिणामाः] अभिन्न परिणाम हैं [एतेन कारणेन तु] इसी कारण [रागादयः] रागादिक [शब्दादिषु] शब्दादिकोंमें [न संति] नहीं हैं ।

तात्पर्य—जीव परविषयक विकल्प करके अपना ही घात करता है परका कुछ नहीं कर सकता ।

टीकार्थ—निश्चयसे जो जिसमें होता है वह उसके घात होनेपर घाता ही जाता है । जैसे दीपकमें प्रकाश है सो दीपकका घात होनेपर प्रकाश भी नष्ट हो जाता है । और जिसमें

दर्शनज्ञानचरित्रं किंचिदपि नास्ति त्वचेतने विषये। तस्मात्किं हंति चेतयिता तेषु विषयेषु ॥ ३६६ ॥
दर्शनज्ञानचरित्रं किंचिदपि नास्ति त्वचेतने कर्मणि। तस्मात्किं हंति चेतयिता तेषु कर्मसु ॥ ३६७ ॥
दर्शनज्ञानचरित्रं किंचिदपि नास्ति त्वचेतने काये। तस्मात् किं हंति चेतयिता तेषु कायेषु ॥ ३६८ ॥
ज्ञानस्य दर्शनस्य भणितो घातस्तथा चरित्रस्य। नापि तत्र पुद्गलद्रव्यस्य कोऽपि घातस्तु निर्दिष्टः ॥ ३६९ ॥
जीवस्य ये गुणाः केचिन्न संति खलु ते परेषु द्रव्येषु। तस्मात्सम्यग्दृष्टेर्नास्ति रागस्तु विषयेषु ॥ ३७० ॥
रागो द्वेषो मोहो जीवस्यैव चानन्यपरिणामाः। एतेन कारणेन तु शब्दादिषु न संति रागादयः ॥ ३७१ ॥

यद्धि यत्र भवति तत्तद्घाते हन्यत एव यथा प्रदीपघाते प्रकाशो हन्यते। यत्र च यद्भवति तत्तद्घाते हन्यते यथा प्रकाशघाते प्रदीपो हन्यते। यत्तु यत्र न भवति तत्तद्घाते न हन्यते यथा घटघाते घटप्रदीपो न हन्यते। यत्र यन्न भवति तत्तद्घाते न हन्यते यथा घटप्रदीपघाते घटो न हन्यते। तथात्मनो धर्मा दर्शनज्ञानचारित्राणि पुद्गलद्रव्यघातेऽपि न हन्यंते, न च दर्शनज्ञानचरित्राणां घातेऽपि पुद्गलद्रव्यं हन्यते, एवं दर्शनज्ञानचारित्राणि पुद्गल-

---

भणित, घात, तथा, चरित्र, तत्र, पुद्गलद्रव्य, निर्दिष्ट, जीव, यत्, गुण, केचित्, न, खलु, तत्, पर, द्रव्य, तत्, सम्यग्दृष्टि, राग, विषय, राग, द्वेष, मोह, जीव, अनन्यपरिणाम, एतत्, कारण, तु, शब्दादि, न, रागादि। **मूलधातु**—अस् भुवि, हन हिंसायां। दर्शनज्ञानचरित्रं दर्शनज्ञानचरित्र—प्रथमा एक०। किंचिदपि किंचित्—अव्यय। ण न—अव्यय। अत्थि अस्ति—वर्तमान लट् अन्य पुरुष एक० क्रिया। दु

जो होता है, उसके याने आधेयके घात होनेसे उस आधारका भी घात होता है, जैसे प्रकाशका घात होनेपर दीपक भी हना जाता है। जो जिसमें नहीं है वह उसके घात होनेपर नहीं हना जाता। जैसे घटका घात होनेपर घटप्रदीप नहीं नष्ट हो जाता। तथा जिसमें जो नहीं है वह उसके घात होनेपर नहीं हना जा सकता। जैसे घड़ेमें दीपकका घात होनेपर घड़ा नहीं नष्ट हो जाता। उसी प्रकार पुद्गलद्रव्यके घात होनेपर भी आत्माके धर्म दर्शन, ज्ञान और चारित्र नहीं घाते जाते, तथा दर्शन, ज्ञान और चारित्रका घात होनेपर पुद्गलद्रव्य भी नहीं घाता जाता। इस तरह दर्शन ज्ञान और चारित्र पुद्गलद्रव्यमें नहीं है यह निर्णीत होता है। यदि ऐसा न हो तो दर्शन ज्ञान चारित्रका घात होनेपर पुद्गलद्रव्यका घात अवश्य हो जावेगा और पुद्गलद्रव्यका घात होनेपर दर्शन, ज्ञान और चारित्रका घात अवश्य हो जावेगा। चूंकि ऐसा है अतः जो जितने कोई भी जीवद्रव्यके गुण हैं वे सभी परद्रव्योंमें नहीं हैं। यह हम अच्छी तरह देख रहे हैं। यदि ऐसा न हो तो यहांपर भी जीवके गुणका घात होनेपर पुद्गलद्रव्यका घात और पुद्गलद्रव्यका घात होनेपर जीवगुणका घात हो बैठेगा, किन्तु ऐसा नहीं होता। **प्रश्न**—यदि ऐसा है तो सम्यग्दृष्टिके विषयोंमें राग किस कारणसे होता है? **उत्तर**—किसी भी कारणसे नहीं होता। **प्रश्न**—तब रागके उपजनेकी कौनसी खान है? **उत्तर**—रागद्वेष मोह, जीवके ही अज्ञानमय परिणाम रागादिकके उपजनेकी खान है। इस कारण

द्रव्ये न भवंतीत्यायाति अन्यथा तद्घाते पुद्गलद्रव्यघातस्य, पुद्गलद्रव्यघाते तद्घातस्य दुर्निवारत्वात् । यत एवं ततो ये यावन्तः केचनापि जीवगुणास्ते सर्वेऽपि परद्रव्येषु न संतीति सम्यक् पश्यामः । अन्यथा अत्रापि जीवगुणघाते पुद्गलद्रव्यघातस्य पुद्गलद्रव्यघाते जीवगुणघातस्य च दुर्निवारत्वात् । यद्येवं तर्हि कुतः सम्यग्दृष्टेर्भवति रागो विषयेषु ? न कुतोऽपि । तर्हि रागस्य कतरा खनिः ? रागद्वेषमोहा हि जीवस्यैवाज्ञानमयाः परिणामास्ततः परद्रव्यत्वा-

तु–अव्यय । अचेयणे अचेतने विसये विषये–सप्तमी एक० । तम्हा तस्मात्–पचमी एक० । किं–अव्यय या द्वि० एक० । घादयदे हन्ति–वर्तमान० अन्य० एक० क्रिया । चेदयिदा चेतयिता–प्रथमा एक० । तेसु तेषु विसयेसु विषयेषु–सप्तमी बहु० । कम्मे कर्मणि–सप्तमी एकवचन । तेसु कम्मेसु तेषु कर्मसु–सप्तमी बहु० । काये–सप्तमी एक० । कायेसु कायेषु–सप्तमी बहु० । णाणस्स ज्ञानस्य दंसणस्स दर्शनस्य–षष्ठी

परद्रव्यपना होनेसे विषयोंमें रागादिक अज्ञानमय परिणाम नहीं है और अज्ञानका अभाव होनेसे सम्यग्दृष्टिमें भी रागादिक नहीं है । इस प्रकार रागादिक विषयोंमें न होते हुए व सम्यग्दृष्टिके भी न होते हुए वे हैं ही नहीं ।

भावार्थ—दर्शन, ज्ञान, चारित्र आदि जितने भी जीवके गुण हैं वे कोई भी अचेतन पुद्गलद्रव्यमें नहीं हैं । आत्माके अज्ञानमय परिणाम राग-द्वेष-मोह विकार अज्ञानवश जीवमें होते है, उनसे अपने ही दर्शन, ज्ञान, चारित्र आदि गुण घाते जाते हैं । अज्ञानका अभाव हो जानेपर आत्मा सम्यग्दृष्टि हो जाता है तब वे राग-द्वेष-मोह नहीं उत्पन्न होते । अब देखिये शुद्धद्रव्यकी दृष्टिमें पुद्गलमें भी रागद्वेष मोह नहीं है और सम्यग्दृष्टि जीवमें भी नहीं है । इस तरह वे रागादिक दोनोंमें ही नहीं हैं । तथा पर्यायदृष्टिसे देखिये तो रागादिक भाव जीवके अज्ञान अवस्थामें हैं, ऐसा निर्णय समझना ।

अब इस अर्थको कलशरूप काव्यमें कहते हैं—**रागद्वेष** इत्यादि । **अर्थ**—इस आत्मामें ज्ञान ही अज्ञानभावसे रागद्वेषरूप परिणमित होता है । वस्तुत्वपर लगाई हुई दृष्टिसे देखे गये वे रागद्वेष कुछ भी नहीं हैं याने द्रव्यरूप भिन्न पदार्थ नहीं हैं । इस कारण सम्यग्दृष्टि पुरुष तत्त्वदृष्टिसे उन राग द्वेषोंको प्रकटतया नाश करे जिससे कि पूर्ण प्रकाशरूप अचल दीप्ति वाली स्वाभाविक ज्ञानज्योति प्रकाशित हो । **भावार्थ**—रागद्वेष कुछ भिन्न द्रव्य नहीं हैं, ये तो जीवके अज्ञानभावसे होते हैं । इसलिये सम्यग्दृष्टि होकर तत्त्वदृष्टिसे देखो तो राग द्वेष कुछ भी वस्तु नहीं । इस तरह देखनेसे घातक कर्मोंका नाश होता है व केवलज्ञान उत्पन्न होता है ।

प्रसंगविवरण—अनन्तरपूर्व गाथादशकमें आत्माका कर्तृकर्मत्व आत्मामें ही बताया

द्विषयेषु न संति, अज्ञानाभावात्सम्यग्दृष्टौ तु न भवंति। एवं ते विषयेष्वसंतः सम्यग्दृष्टेर्न भवंतो न भवंत्येव ॥ रागद्वेषादिह हि भवति ज्ञानमज्ञानभावात् तौ वस्तुत्वप्रणिहितदृशा दृश्यमानौ न किंचित्। सम्यग्दृष्टिः क्षपयतु ततस्तत्त्वदृष्ट्या स्फुटं तौ ज्ञानज्योतिर्ज्वलति सहजं येन पूर्णाचलार्चिः ॥२१८॥ रागद्वेषोत्पादकं तत्त्वदृष्ट्या नान्यद् द्रव्यं वीक्ष्यते किंचनापि। सर्वद्रव्योत्पत्तिरंतश्चकास्ति व्यक्तात्यंतं स्वस्वभावेन यस्मात् ॥२१९॥ ॥ ३६६-३७१ ॥

एक०। भणिओ भणितः घाओ घातः–प्रथमा एक०। चरित्तस्स चरित्रस्य–षष्ठी एक०। तहि तत्र–अव्यय। पुग्गलदव्वस्स पुद्गलद्रव्यस्य–षष्ठी एक०। णिद्दिट्ठो निर्दिष्टः–प्र० एक०। जीवस्स जीवस्य–षष्ठी एक०। जे ये–प्रथमा बहु०। गुणा गुणाः–प्रथमा बहु०। ण न–अव्यय। संति–वर्तमान लट् अन्य पुरुष बहु० क्रिया। खलु–अव्यय। परेसु दव्वेसु परेषु द्रव्येषु–सप्तमी बहु०। तम्हा तस्मात्–पंचमी एक०। सम्माइट्ठिस्स सम्यग्दृष्टेः–षष्ठी ए०। ण न–अव्यय। अत्थि अस्ति–वर्तमान लट् अन्य पुरुष एक० क्रिया। रागो रागः–प्र० ए०। विसएसु विषयेषु–सप्तमी बहु०। रागो दोसो मोहो रागः द्वेषः मोहः–प्रथमा एक०। जीवस्स जीवस्य–षष्ठी एक०। एव–अव्यय। अणण्णपरिणामा अनन्यपरिणामाः–प्रथमा बहु०। एएण कारणेण एतेन कारणेन–तृतीया एक०। सद्दादिसु शब्दादिषु–सप्तमी बहु०। ण न–अव्यय। अत्थि अस्ति–वर्तमान लट् अन्य पुरुष एक० क्रिया। रागादी रागादयः–प्रथमा बहुवचन ॥ ३६६-३७१ ॥

गया था। अब उस अभिन्न कर्तृकर्मत्वके परिचयसे आत्माको क्या शिक्षा व कर्तव्य करना चाहिये उसका कथन इस गाथाषट्कमें बताया गया है।

तथ्यप्रकाश—१–आत्माका दर्शन, ज्ञान, चारित्र आत्मामें ही है। २–अचेतन विषय, कर्म, कायके गुण व परिणमन उन्हीं अचेतनोंमें हैं। ३–अचेतन विषय, कर्म व कायके घात होने पर दर्शन, ज्ञान, चारित्रका घात नहीं होता। ४–दर्शन, ज्ञान, चारित्रका घात होनेपर विषय, कर्म व कायका घात नहीं होता। ५–आत्माके दर्शन, ज्ञान, चारित्र आदि कोई भी गुण पुद्गल द्रव्यमें नहीं हैं। ६– आत्माके दर्शन, ज्ञान, चारित्रका विभावपरिणमन भी रागादिक किसी परद्रव्यसे नहीं आते। ७– रागादिक विभावपरिणमन परद्रव्यमें नहीं होते। ८– रागादिक विभावपरिणमन आत्मस्वभावसे नहीं होते। ९–रागादिक विभाव परद्रव्यमें होते नहीं, आत्मस्वभावमें होते नहीं, किन्तु जीवके अज्ञानमय परिणाममें ही रागादिक होते हैं। १०– सम्यग्दृष्टिके अज्ञानमय भाव नहीं हैं सो उसके अज्ञानमय रागादिकभाव नहीं होते। ११–विभावके उत्पाद व विनाशके तथ्यके अजानकार विषयादिके निमित्त अपने गुणका घात करते हैं। १२– अविकार सहजज्ञानानन्दका स्वाद आनेपर विषयकर्मकायसंकट स्वयं दूर हो जाते हैं इस तथ्यके अजानकार स्वसंवेदनरहित कायक्लेशसे ही आत्माका दमन करते हैं। १३–हे आत्मन्, विषयादिके संग्रहविग्रहरूप घात क्यों व्यर्थ करता है। १४– हे आत्मन्, विषयादिमें तू क्यों

अण्णदविण्ण अण्णदवियस्स ण कीरए गुणुप्पाओ ।
तह्मा उ सव्वदव्वा उप्पज्जंते सहावेण ॥ ३७२ ॥

अन्य द्रव्यके द्वारा, अन्य द्रव्यका न गुण किया जाता ।
इस कारण द्रव्य सभी, उत्पन्न स्वभावसे होते ॥३७२॥

अन्यद्रव्येणान्यद्रव्यस्य न क्रियते गुणोत्पादः । तस्मात्तु सर्वद्रव्याण्युत्पद्यंते स्वभावेन ॥ ३७२ ॥

न च जीवस्य परद्रव्यं रागादीन्युत्पादयतीति शंक्यं—अन्यद्रव्येणान्यद्रव्यगुणोत्पादकरणस्यायोगात् । सर्वद्रव्याणां स्वभावेनैवोत्पादात् । तथाहि—मृत्तिका कुम्भभावेनोत्पद्यमाना किं कुम्भकारस्वभावेनोत्पद्यते किं मृत्तिकास्वभावेन ? यदि कुम्भकारस्वभावेनोत्पद्यते तदा कुम्भ-

---

नामसंज्ञा- अण्णदविय, ण, गुणुप्पाअ, त, उ, सव्वदव्व, सहाव । धातुसंज्ञा—कर करणे, उव पज्ज गतौ । प्रातिपदिक—अन्यद्रव्य, न, गुणोत्पाद, तत्, सर्वद्रव्य, स्वभाव । मूलधातु—डुकृञ् करणे, उत् पद

अपना घात करता है । १५– हे आत्मन्, विषयादिके निमित्त क्यों तू अपने गुणोंका घात करता है । १६– हे आत्मन्, धर्मके नामपर भी शब्दरूपादि विषयोंका तू क्यों घात करनेका विकल्प करता है । १७– हे आत्मन्, शब्दादि इन्द्रियविषयोंकी अभिलाषारूप जो रागादि विकारपरिणाम मनमें आता है उसका घात करना चाहिये । १८– रागादिकके आश्रयभूत कारण होनेसे शब्दादिक विषयोंका त्याग करना चाहिये ।

सिद्धान्त—१– परद्रव्यके घातादि परिणमनसे आत्माके दर्शनादि गुणका घात नहीं, क्योंकि परका द्रव्य, क्षेत्र, काल, भाव आत्मामें नहीं है । २– स्वयंके गुणोंके सुधार बिगाड़से स्वयंका सुधार बिगाड़ है ।

दृष्टि—१– परद्रव्यादिग्राहक द्रव्यार्थिकनय (२९) । २– शुद्धनिश्चयनय, अशुद्धनिश्चयनय (४६, ४७) ।

प्रयोग—अपनी उन्नतिके लिये परविषयक विकल्प छोड़कर सहज दर्शनज्ञानचारित्रमय चैतन्यस्वरूपका आश्रय करना ॥ ३६६-३७१ ॥

अब कलशरूप काव्यमें कहते हैं कि अन्यद्रव्यसे अन्यद्रव्यके गुण उत्पन्न नहीं होते । रागद्वेषो इत्यादि । **अर्थ**—तत्त्वदृष्टिसे रागद्वेषका उत्पन्न करने वाला अन्यद्रव्य कुछ भी नहीं दीखता क्योंकि सब द्रव्योंकी उत्पत्ति अपने ही निज स्वभावमें अत्यंत प्रगट प्रकाशित होती है । **भावार्थ**—अन्यद्रव्यमें अन्यके गुणपर्यायोंकी उत्पत्ति नहीं है स्वयं ही स्वयंमें होता है ।

अब अन्यद्रव्यके द्वारा अन्यद्रव्यका गुणोत्पाद नहीं होता यह तथ्य गाथामें कहते हैं:— [अन्यद्रव्येण] अन्यद्रव्यके द्वारा [अन्यद्रव्यस्य] अन्यद्रव्यके [गुणोत्पादः] गुणका उत्पाद

करणाहंकारनिर्भरपुरुषाधिष्ठितव्यापृतकरपुरुषशरीराकारः कुम्भः स्यात्, न च तथास्ति द्रव्यांतरस्वभावेन द्रव्यपरिणामोत्पादस्यादर्शनात्। यद्येवं तर्हि मृत्तिका कुम्भकारस्वभावेन नोत्पद्यते किंतु मृत्तिकास्वभावेनैव, स्वस्वभावेन द्रव्यपरिणामोत्पादस्य दर्शनात्। एवं च सति मृत्तिकायाः स्वस्वभावानतिक्रमान्न कुम्भकारः कुम्भस्योत्पादक एव मृत्तिकैव कुम्भकारस्वभावमस्पृशंती स्वस्वभावेन कुम्भभावेनोत्पद्यते। एवं सर्वाण्यपि द्रव्याणि स्वपरिणामपर्यायेणोत्पद्यमानानि किं निमित्तभूतद्रव्यांतरस्वभावेनोत्पद्यंते किं स्वस्वभावेन ? यदि निमित्तभूतद्रव्यांतरस्वभावेनोत्पद्यंते तदा निमित्तभूतपरद्रव्याकारस्तत्परिणामः स्यात्, न च तथास्ति द्रव्यांतरस्वभावेन द्रव्यपरिणामोत्पादस्यादर्शनात्। यद्येवं तर्हि न सर्वद्रव्याणि निमित्तभूतपरद्रव्यस्वभावेनोत्पद्यंते

गतौ। पदविवरण—अण्णदवियेण अन्यद्रव्येण—तृतीया एक०। अण्णदवियस्स अन्यद्रव्यस्य—षष्ठी एक०।

[न क्रियते] नहीं किया जा सकता [तस्मात्तु] इस कारण यह सिद्धांत हुआ कि [सर्वद्रव्याणि] सभी द्रव्य [स्वभावेन] अपने अपने स्वभावसे [उत्पद्यन्ते] उपन्न होते हैं।

तात्पर्य—निश्चयतः किसी द्रव्यके द्वारा किसी अन्यद्रव्यका कुछ भी रंचमात्र भी उत्पाद व्यय नहीं किया जा सकता।

टीकार्थ—ऐसी आशंका नहीं करनी चाहिए कि परद्रव्य जीवको रागादिक उत्पन्न कराता है, क्योंकि अन्यद्रव्यके द्वारा अन्यद्रव्यके गुणोंको उत्पन्न करानेकी असमर्थता होनेके कारण सब द्रव्योंमें स्वभावसे ही उत्पाद होता है। यही दृष्टांतपूर्वक स्पष्ट करते हैं कि मृत्तिका घटभावसे उत्पन्न होती हुई क्या कुंभकारके स्वभावसे उत्पन्न होती है या मृत्तिकाके स्वभावसे ? यदि कुम्भकारके स्वभावसे उत्पन्न होती है तो घट बनानेके अहंकारसे भरे हुए पुरुष द्वारा अधिष्ठित और व्यापृत हाथ वाले पुरुषके आकाररूप घड़ा होना चाहिये अर्थात् कुम्हारके शरीरके आकार घड़ा बनना चाहिये, किन्तु ऐसा नहीं होता। क्योंकि अन्यद्रव्यके स्वभावसे अन्यद्रव्यके परिणामका उत्पन्न होना नहीं देखा जाता। और ऐसा होनेपर मृत्तिका कुम्भकार स्वभावसे तो उत्पन्न नहीं होती, किन्तु मृत्तिकास्वभावसे ही उत्पन्न होती है, क्योंकि अपने स्वभावसे ही द्रव्यके परिणामका उत्पाद देखा जाता है। ऐसा होनेपर मृत्तिकाके अपने स्वभावका उल्लंघन न होनेसे कुम्भकार घड़ेको उत्पन्न करने वाला नहीं है, किन्तु मिट्टी ही कुम्भकारके स्वभावको नहीं स्पर्शती हुई अपने ही स्वभावसे कुम्भभावसे उत्पन्न होती है। इसी प्रकार सब द्रव्य अपने परिणामरूप पर्यायसे उत्पन्न होते हुए क्या वे निमित्तभूत अन्यद्रव्यके स्वभावसे उत्पन्न होते हैं या अपने ही स्वभावसे उत्पन्न होते हैं ? यदि निमित्तभूत अन्यद्रव्यके स्वभावसे उत्पन्न होते है तो निमित्तभूत परद्रव्यके आकार उसका परिणाम होना

तु स्वस्वभावेनैव, स्वस्वभावेन द्रव्यपरिणामोत्पादस्य दर्शनात्। एवं च सति स्वस्वभावानतिक्रमात् सर्वद्रव्याणां निमित्तभूतद्रव्यांतराणि न स्वपरिणामस्योत्पादकान्येव सर्वद्रव्याण्येव निमित्तभूतद्रव्यांतरस्वभावमस्पृशंति स्वस्वभावेन स्वपरिणामभावेनोत्पद्यंते। अतो न परद्रव्यं जीवस्य रागादीनामुत्पादकमुत्पश्यामो यस्मै कुप्यामः॥ यदिह भवति रागद्वेषदोषप्रसूतिः कत-

ण न—अव्यय। कीरए क्रियते—वर्तमान लट् अन्य पुरुष एकवचन भावकर्मप्रक्रिया। सव्वदव्वा सर्वद्रव्याणि—

चाहिये। किन्तु ऐसा नहीं होता, क्योंकि अन्यके स्वभावसे अन्यद्रव्यके परिणामका उत्पाद नहीं देखा जाता। जब ऐसा है तो सभी द्रव्य निमित्तभूत परद्रव्यके स्वभावसे उत्पन्न नहीं होते, किन्तु अपने स्वभावसे ही उत्पन्न होते हैं। क्योंकि अपने स्वभावसे ही सब द्रव्योंके परिणामका उत्पाद देखा जाता है। और ऐसा होनेपर अपने स्वभावका उल्लंघन न होनेसे सभी द्रव्योंके निमित्तभूत अन्यद्रव्य स्वके परिणामके उत्पन्न कराने वाले नहीं हैं, किन्तु सभी द्रव्य निमित्तभूत अन्यद्रव्योंके स्वभावको नहीं स्पर्शते अपने स्वभावसे अपने परिणाम भावसे उत्पन्न होते हैं, इस कारण हम परद्रव्यको जीवके रागादिकका उत्पन्न करने वाला नहीं देख रहे हैं जिसपर हम कोप कर रहे हैं।

भावार्थ—जिस आत्माके रागादिक उत्पन्न होते हैं वे उसके अपने ही अशुद्ध परिणाम हैं। निश्चयनयसे विचारो तो रागादिकको उत्पन्न करने वाला अन्य द्रव्य नहीं है। अन्यद्रव्य इनका निमित्तमात्र है। क्योंकि यह नियम है कि अन्यद्रव्य अन्यद्रव्यके गुणपर्यायको उत्पन्न नहीं करते। इसलिये जो ऐसा मानते हैं कि मेरे रागादिकको परद्रव्य ही उत्पन्न कराता है, ऐसा एकांत करते हैं वे तथ्य न जाननेसे मिथ्यादृष्टि हैं। ये रागादिक जीवके प्रदेश में उत्पन्न होते हैं, परद्रव्य तो निमित्तमात्र है, ऐसा मानना सम्यग्ज्ञान है। सो मनन करें कि हम रागद्वेषकी उत्पत्तिमें अन्यद्रव्यपर क्यों कोप (गुस्सा) करें। राग-द्वेषका उपजना अपना ही अपराध है।

अब इस अर्थको कलशरूप काव्यमें कहते हैं—**यदिह** इत्यादि। **अर्थ**—जो इस आत्मामें रागद्वेष रूप दोषकी उत्पत्ति है वहाँ परद्रव्यका कुछ भी दोष नहीं है। वहाँ तो स्वयं यह अपराधी अज्ञान ही फैलता है, यह विदित होवे और यह अज्ञान अस्तको प्राप्त होवे। मैं तो ज्ञानमात्र हूं। **भावार्थ**—अज्ञानी जीव राग-द्वेषकी उत्पत्ति परद्रव्यसे मानकर परद्रव्यपर कोप करता है कि यह परद्रव्य मुझे राग-द्वेष उत्पन्न कराता है अरे, राग-द्वेषकी उत्पत्ति अज्ञानसे अपनेमें ही होती है, वे अपने ही अशुद्ध परिणाम हैं। सो यह अज्ञान नाश को प्राप्त होवे और सम्यग्ज्ञान प्रगट होवे। मैं आत्मा तो मात्र ज्ञानस्वरूप हूं ऐसा अनुभव

रदपि परेषां दूषणं नास्ति तत्र । स्वयमयमपराधी तत्र सर्वत्यबोधो भवतु विदितमस्तं यात्व-बोधोऽस्मि बोधः ॥२२०॥ रागजन्मनि निमित्ततां परद्रव्यमेव कलयंति ये तु ते । उत्तरंति न

प्रथमा बहुवचन । उप्पज्जंते उत्पद्यन्ते—वर्तमान लट् अन्य पुरुष बहुवचन क्रिया । सहावेण स्वभावेन—

करो । परद्रव्यको रागद्वेषका उत्पन्न करने वाला मानकर उसपर कोप मत करो ।

अब इसी अर्थके दृढ़ करनेको काव्य कहते हैं—**रागजन्मनि** इत्यादि । **अर्थ**—जो पुरुष रागकी उत्पत्तिमें परद्रव्यका ही कारणपना मानते हैं, वे शुद्धनयके विषयभूत आत्मस्वरूपके ज्ञानसे रहित अंधबुद्धि वाले पुरुष मोह-नदीको पार नहीं कर सकते । **भावार्थ**—शुद्धनयका विषय अनंतशक्तिको लिये चैतन्यचमत्कारमात्र नित्य एक अन्तस्तत्त्व है । उसमें यह योग्यता है कि जैसा निमित्त मिले वैसे आप परिणमता है । ऐसा नहीं कि जो जैसा परिणमावे वैसा परिणमन करे, अपना कुछ करतब नहीं हो । आत्माके स्वरूपका जिनको ज्ञान नहीं है वे ऐसा मानते हैं कि परद्रव्य आत्माको जैसा परिणमावे वैसा परिणमता है । ऐसा मानने वाले मोह रागद्वेषादि परिणामसे अलग नहीं हो पाते, उनके राग-द्वेष नहीं मिटते । क्योंकि यदि अपना करतब रागादिक होनेमें हो तो उनके मेटनेमें भी हो जायगा और परके ही करनेसे रागादिक हो तो वह परपदार्थ रागादिक किया ही करेगा, तब मेटना कैसे हो सकता ? इस कारण रागादिक अपना किया होता है, अपना मेटा मिटता है, इस तरह कथंचित् मानना सम्यग्ज्ञान है ।

प्रसंगविवरण—अनंतरपूर्व गाथाषट्कमें बताया गया था कि अचेतन विषय, कर्म, काय में दर्शन, ज्ञान, चारित्र नहीं है, फिर उनका या उनमें या उनके निमित्त क्या घात करता है । अब उसी परद्रव्यविषयक अत्यंताभावको सिद्ध कर सर्वद्रव्योंकी अपने अपनेमें उत्पद्यमानता इस गाथामें दर्शायी गई है ।

तथ्यप्रकाश—१– निश्चयतः कोई भी परद्रव्य जीवके रागादिको उत्पन्न नहीं कर सकता । २–अन्यद्रव्यके द्वारा अन्य द्रव्यका गुणोत्पाद किया ही नहीं जा सकता । ३–सर्वद्रव्यों का उत्पाद (पर्याय) अपने स्वभावसे होता है । ४–विकारपरिणमनमें अन्य द्रव्य मात्र निमित्त कारण हो सकते हैं । ५– वास्तवमें अपने परिणामपर्यायसे उत्पद्यमान सभी द्रव्य निमित्त-भूत परद्रव्यके स्वभावसे उत्पन्न नहीं होते, किन्तु अपने-अपने स्वभावसे ही उत्पन्न होते हैं । ६– यदि कोई द्रव्य निमित्तभूत परद्रव्यके स्वभावसे उत्पन्न हो तो उसे निमित्तभूत परद्रव्यके आकार (स्वरूप) परिणमना चाहिये, किन्तु ऐसा है ही नहीं । ७– कोई भी परद्रव्य जीवके रागादिका उत्पादक नहीं है । ८– अपनी भूलसे यह जीव अज्ञानमय रागादिरूप परिणम

हि मोहवाहिनीं शुद्धबोधविधुरांधबुद्धयः ॥२२१॥ ॥ ३७२ ॥

तृतीया एकवचन ॥ ३७२ ॥

जाता है । ९– कार्य उपादान कारणके सदृश हुआ करते हैं । १०– शब्दादिक बाह्यपदार्थ रागादिके आश्रयभूत कारण अथवा बहिरंग निमित्त कारण हैं, किन्तु उन बाह्य पदार्थोंका घात करनेसे रागादिका विनाश नहीं होता । ११– जो पुरुष मनमें हुए रागादिभावको नहीं जानता वही रागादिके आश्रयभूत बाह्य शब्दादि विषयोंका घात करनेका संकल्प करता है, वहाँ चित्तस्थ रागादिको मिटानेका उपाय नहीं बनता । १२– चित्तस्थ रागादिको मिटानेका उपाय अविकार सहज चैतन्यस्वभावका अवलम्बन है ।

सिद्धान्त—१– परद्रव्यके गुण पर्याय आत्मामें नहीं हो सकते । २– आत्मा अपने स्वरूपकी सुध छोड़कर व्यर्थ विकल्परूप परिणमता है ।

दृष्टि—१– परद्रव्यादिग्राहक द्रव्यार्थिकनय (२९) । २– अशुद्धनिश्चयनय (४७) ।

प्रयोग—अपने स्वरूपकी बेसुधीको रागादिका मूल जानकर अपनी सुध करके परभाव के असहयोग व स्वरूपके सत्याग्रह द्वारा अन्तस्तत्त्वमें उपयोगको रमाना ॥ ३७२ ॥

अब जो स्पर्श-रस-गंध-वर्ण-शब्दरूप पुद्गल परिणत होते हैं वे यद्यपि इन्द्रियोंसे आत्माके जाननेमें आते हैं तो भी वे जड़ हैं, आत्माको यह नहीं कहते कि हमको ग्रहण करो । आत्मा ही अज्ञानी होकर उनको भले बुरे मानकर रागी-द्वेषी होता है यह तथ्य गाथामें कहते हैं––[**पुद्गलाः**] पुद्गल [**बहुकानि**] बहुत प्रकारके [**निंदितसंस्तुतवचनानि**] निंदा और स्तुतिके वचनरूप [**परिणमंति**] परिणमते हैं [**तानि**] उनको [**श्रुत्वा**] सुनकर [**अहं भणितः**] मुझको कहा है ऐसा मानकर [**रुष्यति**] अज्ञानी जीव रोष करता है [**च पुनः**] और [**तुष्यति**] संतुष्ट होता है [**पुद्गलद्रव्यं**] पुद्गलद्रव्य [**शब्दत्वपरिणतं**] शब्दरूप परिणत हुआ है [**तस्य गुणः**] उसका गुण [**अन्यः**] तुझसे अन्य है [**तस्मात्**] सो हे अज्ञानी जीव [**त्वं किंचिदपि न भणितः**] तुझको तो कुछ भी नहीं कहा [**अबुद्धः**] तू अज्ञानी हुआ [**किं रुष्यसि**] क्यों रोष करता है ? [**अशुभः वा शुभः**] अशुभ अथवा शुभ [**शब्दः**] शब्द [**त्वां न भणति इति**] तुझको ऐसा नहीं कहता कि [**मां शृणु**] मुझको सुन [**च**] और [**श्रोत्रविषयं आगतं**] श्रोत्रइन्द्रियके विषयको प्राप्त [**शब्दं**] शब्दको [**विनिर्गृह्णातु**] ग्रहण करनेके लिये [**स एव**] वह आत्मा भी अपने प्रदेशोंको छोड़ [**न एति**] नहीं जाता । [**अशुभं शुभं वा**] अशुभ अथवा शुभ [**रूपं**] रूप [**त्वां इति न भणति**] तुझको ऐसा नहीं कहता कि [**मां पश्य**] तू मुझको देख [**च**] और [**चक्षुर्विषयं आगतं रूपं**] चक्षुइन्द्रियके विषयभूत रूपको [**विनि-**

णिंदियसंथुयवयणाणि पोग्गला परिणमंति बहुयाणि ।
ताणि सुणिऊण रूसदि तूसदि य अहं पुणो भणिदो ॥३७३॥
पोग्गलदव्वं सद्दत्तपरिणयं तस्स जड़ गुणो अण्णो ।
तह्मा ण तुमं भणिओ किंचिवि किं रूससि अबुद्धो ॥३७४॥
असुहो सुहो व सद्दो ण तं भणइ सुणसु मंति सो चेव ।
ण य एइ विणिग्गहिउं सोयविसयमागयं सद्दं ॥३७५॥
असुहं सुहं च रूवं ण तं भणइ पस्स (पिच्छ) मंति सो चेव ।
ण य एइ विणिग्गहिउं चक्खुविसयमागयं रूवं ॥३७६॥
असुहो सुहो व गंधो ण तं भणइ जिग्घ मंति सो चेव ।
ण य एइ विणिग्गहिउं घाणविसयमागयं गंधं ॥३७७॥
असुहो सुहो व रसो ण तं भणइ रसय मंति सो चेव ।
ण य एइ विणिग्गहिउं रसणविसयमागयं तु रसं ॥३७८॥
असुहो सुहो व फासो ण तं भणइ फुससु मंति सो चेव ।
ण य एइ विणिग्गहिउं कायविसयमागयं फासं ॥३७९॥
असुहो सुहो व गुणो ण तं भणइ बुज्झ मंति सो चेव ।
ण य एइ विणिग्गहिउं बुद्धिविसयमागयं तु गुणं ॥३८०॥

नामसंज्ञा—णिंदियसंथुयवयण, पोग्गल, बहुय, त, य, अम्ह, पुणो, भणिद, पोग्गलदव्व, सद्दत्तपरिणय, त, जड़, गुण, अण्ण, त, ण, तुम्ह, भणिअ, किंचि, वि, किं, अबुद्ध, असुह, सुह, वा, सद्द, ण, तुम्ह, अम्ह,

---

गृहीतुं] ग्रहण करनेके लिये [स एव] वह आत्मा भी अपने प्रदेशोंको छोड़ [न एति] नहीं जाता । [अशुभः वा शुभः] अशुभ अथवा शुभ [गंधः] गंध [त्वां इति न भणति] तुझको ऐसा नहीं कहता कि [मां जिघ्र] तू मुझको सूंघ [च] और [घ्राणविषयं आगतं गंधं] घ्राण-इन्द्रियके विषयभूत गंधको [विनिर्गृहीतुं] ग्रहण करनेके लिये [स एव] वह आत्मा भी अपने प्रदेशको छोड़ [न एति] नहीं जाता है । [अशुभः वा शुभः रसः] अशुभ व शुभ रस [त्वां इति न भणति] तुझको ऐसा नहीं कहता कि [मां रसय] मुझको तू आस्वाद कर [च] और

असुहं सुहं व दव्वं ण तं भणइ तुज्झ मंति सो चेव ।
ण य एइ विणिग्गहिउं बुद्धिविसयमागयं दव्वं ॥३८१॥
एयं तु जाणिऊण उवसमं णेव गच्छई मूढो ।
णिग्गहमणा परस्स य सयं च बुद्धिं सिवमपत्तो ॥३८२॥

निन्दास्तुतिकीय वचन, नानाविध परिणमे हि पुद्गल हो ।
उसको सुनि क्यों रूसे, तूसे मुझको कहा भ्रम करि ॥३७३॥
शब्द विपरिणत पुद्गल, वह तुझसे सर्वथा पृथक् है जब ।
तुझको कहा नहीं कुछ, तब तू बन अज्ञ रूसे क्यों ॥३७४॥
शुभ अशुभ शब्द तुझको, नहिं प्रेरें तुम मुझको सुन ही लो ।
श्रोत्रविषयगत इसको लेने आत्मा नहीं आता ॥३७५॥
शुभ अशुभरूप तुमको, नहिं प्रेरें तुम मुझको देखो ही ।
चक्षुविषयगत इसको, लेने आत्मा नहीं आता ॥३७६॥
शुभ अशुभ गन्ध तुझको, नहिं प्रेरें तुम मुझको सूंघो ही ।
घ्राणविषयगत इसको, लेने आत्मा नहीं आता ॥३७७॥
शुभ व अशुभ रस तुझको, नहिं प्रेरें तुम मुझको चख ही लो ।
रसनविषयगत इसको, लेने आत्मा नहीं आता ॥३७८॥
शुभ अशुभ परस तुझको, नहिं प्रेरें तुम मुझको छू ही लो ।
कायविषयगत इसको, लेने आत्मा नहीं आता ॥३७९॥
शुभ व अशुभ गुण तुझको, नहिं प्रेरें तुम मुझको जानो ही ।
बुद्धिविषयगत इसको, लेने आत्मा नहीं आता ॥३८०॥

त, च. एव, ण. य, सोयविसय, आगय, सद्द, रूव, चक्खुविसय, आगय, रूव, गंध, घाणविसय, आगय, गंध, रस, रसणविसय, रस, फास, कायविसय, फास, गुण, बुद्धिविसय, गुण, दव्व, एवं, तु, उवसम, ण, एव,

---

[रसनविषयं आगतं तु रसं] रसनाइन्द्रियके विषयभूत रसको [विनिर्गृहीतुं] ग्रहण करनेके लिये [स एव] वह आत्मा भी अपने प्रदेशको छोड़ [न एति] नहीं जाता । [अशुभः वा शुभः स्पर्शः] अशुभ व शुभ स्पर्श [त्वां इति न भणति] तुझको ऐसा नहीं कहता कि [मां स्पृश] तू मुझको स्पर्श (छू ले) [च] और [कायविषयं आगतं स्पर्शं] स्पर्शनइन्द्रियके विषयभूत स्पर्शको [विनिर्गृहीतुं] ग्रहण करनेके लिये [स एव] वह आत्मा भी अपने प्रदेशको छोड़

शुभ अशुभ द्रव्य तुझको, नहिं प्रेरें तुम मुझको जानो हो।
बुद्धिविषयगत इसको, लेने आत्मा नहीं आता ॥३८१॥
मूढ यों जानकर भी, उपशमभावको प्राप्त नहिं होता।
परनिग्रहका रचिया स्वयं शिवा बुद्धि नहिं पाता ॥३८२॥

निंदितसंस्तुतवचनानि पुद्गलाः परिणमंति बहुकानि। तानि श्रुत्वा रुष्यति तुष्यति च पुनरहं भणितः॥
पुद्गलद्रव्यं शब्दत्वपरिणतं तस्य यदि गुणोऽन्यः। तस्मान्न त्वं भणितः किंचिदपि किं रुष्यस्यबुद्धः॥
अशुभः शुभो वा शब्दः न त्वां भणति शृणु मामिति स एव। नचैति विनिर्ग्रहीतुं श्रोत्रविषयमागतं शब्दं॥
अशुभं शुभं वा रूपं न त्वां भणति पश्य मामिति स एव। न चैति विनिर्ग्रहीतुं घ्राणविषयमागतं गंधं॥
अशुभः शुभो वा रसो न त्वां भणति रसय मामिति स एव। न चैति विनिर्ग्रहीतुं रसनविषयमागतं तु रसं॥
अशुभः शुभो वा स्पर्शो न त्वां भणति स्पृश मामिति स एव। न चैति विनिर्ग्रहीतुं कायविषयमागतं तु स्पर्शं॥
अशुभः शुभो वा गुणो न त्वां भणति बुध्यस्व मामिति स एव। न चैति विनिर्ग्रहीतुं बुद्धिविषयमागतं तु गुणं॥
अशुभं शुभं वा द्रव्यं न त्वां भणति बुध्यस्व मामिति स एव। न चैति विनिर्ग्रहीतुं बुद्धिविषयमागतं द्रव्यं॥
एतत्तु ज्ञात्वा उपशमं नैव गच्छति मूढः। निर्ग्रहमनाः परस्य च स्वयं च बुद्धिं शिवामप्राप्तः॥

यथेह बहिरर्थो घटपटादिः, देवदत्तो यज्ञदत्तमिव हस्ते गृहीत्वा 'मां प्रकाशय' इति स्वप्रकाशने न प्रदीपं प्रयोजयति। न च प्रदीपोऽप्ययःकांतोपलकृष्टायःसूचीवत् स्वस्थानात्प्रच्युत्य

मूढ, णिग्गहमण, पर, सयं, बुद्धि, सिव, अपत्त। **धातुसंज्ञा**—परि नम नम्रीभावे, उपसर्गादर्थपरिवर्तनम्, सुण श्रवणे, रुस रोषे, तुस संतोषे, इ गतौ, भण कथने, वि णि ग्गह ग्रहणे, पास दर्शने, प इक्ख दर्शने, घ्रा

[न एति] नहीं आता। [अशुभः वा शुभः] अशुभ व शुभ [गुणः] गुण [त्वां इति न भणति] तुझको यह नहीं कहता कि [मां बुध्यस्व] तू मुझको जान [च] और [बुद्धिविषयं आगतं तु गुणं] बुद्धिके विषयमें आये हुए गुणको [विनिर्ग्रहीतुं] ग्रहण करनेके लिये [स एव] वह आत्मा भी अपने प्रदेशको छोड़ [न एति] नहीं जाता। [एतत्तु ज्ञात्वा] अहो, ऐसा जानकर भी [मूढः] मूढ जीव [उपशमं नैव गच्छति] उपशमभावको नहीं प्राप्त होता [च] और [स्वयं शिवां बुद्धिं अप्राप्तः] स्वयं कल्याणरूप बुद्धिको नहीं प्राप्त होता हुआ [परस्य विनिर्ग्रहमनाः] परके ग्रहण करनेका मन करने वाला होता है।

तात्पर्य—न तो परद्रव्य आत्माको भोगनेके लिये प्रेरित करता है और न आत्मा भोगनेके लिये परद्रव्यके पास जाता है तब फिर मूढ बनकर क्यों दुःख किया जावे।

टीकार्थ—जैसे यहाँ घटपटादि बाह्य पदार्थ जिस प्रकार देवदत्त यज्ञदत्तका हाथ पकड़कर उससे अपना कार्य करा लेता है, उस प्रकार दीपकसे यह नहीं कहते कि तू हमें प्रकाशित कर। और न दीपक भी चुम्बकसे आकृष्ट सुईकी तरह अपना स्थान छोड़कर उन पदार्थोंको प्रकाशित करने पहुंचता। किन्तु वस्तुस्वभाव दूसरेके द्वारा उत्पन्न होनेके लिये अशक्य होनेसे

तं प्रकाशयितुमायाति । किं तु वस्तुस्वभावस्य परेणोत्पादयितुमशक्यत्वात् परमुत्पादयितुमशक्यत्वाच्च यथा तदसन्निधाने तथा तदसन्निधानेऽपि स्वरूपेणैव प्रकाशते । स्वरूपेणैव प्रकाशमानस्य चास्य वस्तुस्वभावादेव विचित्रां परिणतिमासादयन् कमनीयोऽकमनीयो वा घटपटादिर्न मनागपि विक्रियायै कल्प्यते । तथा बहिरर्थाः शब्दो रूपं गंधो रसः स्पर्शो गुणद्रव्ये च देवदत्तो यज्ञदत्तमिव हस्ते गृहीत्वा मां शृणु मां पश्य मां जिघ्र मां रसय मां स्पृश मां बुध्यस्वेति स्वज्ञाने नात्मानं प्रयोजयंति । नचात्माप्ययःकांतोपलकृष्टायःसूचीवत् स्वस्थानात्प्रच्युत्य तान् ज्ञातुमायाति । किंतु वस्तुस्वभावस्य परेणोत्पादयितुमशक्यत्वात् परमुत्पादयितुमशक्यत्वाच्च यथा

गंधोपादाने, रस आस्वादनाक्रन्दनयोः फुस स्पर्शे शुद्धौ च, जाण अवबोधने, बुज्झ अवगमने, गच्छ गतौ ।
प्रतिशब्दिक – निश्चितस्तुतिलक्षण पुद्गल, बहुक, तत्, च, पुनर्, अस्मद्, भणित, पुद्गलद्रव्य, शब्दत्वपरिणत, तत्, यदि, गुण, अन्य, तत्, न, तुम्ह, भणित, किंचित्, अपि, किं, अबुद्ध, अशुभ, शुभ, वा, शब्द, न, युष्मद्, अस्मद्, इति, तत्, एव, न, च, श्रोत्रविषय, आगत, शब्द, रूप, चक्षुर्विषय, गंध, घ्राणविषय, रस,

---

और परको उत्पन्न करनेके लिये अशक्त होनेसे दीपक, जैसा घटपटादि पदार्थोंके, सद्भावमें प्रकाशमान रहता है वैसा ही उनके सद्भावमें भी । इस प्रकार स्वरूपसे ही प्रकाशमान दीपक को वस्तुस्वभावसे ही विचित्र परिणतिको प्राप्त सुन्दर या असुन्दर घटपटादि बाह्य पदार्थ कुछ भी विकार पैदा नहीं करते । वैसे ही बाह्य पदार्थ शब्द, रूप, गंध, रस, स्पर्श और गुणद्रव्य यज्ञदत्तका हाथ पकड़कर देवदत्तकी तरह आत्मासे यह नहीं कहते कि तू मुझे सुन, देख, सूंघ, आस्वादन कर, छू, समझ । और न आत्मा ही चुम्बकसे आकृष्ट सुईकी तरह अपने स्थानसे हटकर उन्हें जाननेके लिए उन तक जाता है । किन्तु वस्तुस्वभाव परके द्वारा उत्पन्न नहीं किया जा सकनेसे और परको उत्पन्न करनेमें अशक्त होनेसे जैसे कि बाह्य पदार्थोंके असन्निधानमें आत्मा स्वरूपसे ही जानता है वैसे ही बाह्यपदार्थके सन्निधानमें भी स्वरूपसे ही जानता है । इस प्रकार स्वरूपसे जानते हुए इस आत्माको वस्तुस्वभावसे ही विचित्र परिणतिको प्राप्त सुन्दर व असुन्दर शब्दादिक बाह्य पदार्थ रंचमात्र भी विकार पैदा नहीं करते । इस प्रकार आत्मा प्रदीपकी तरह परपदार्थके प्रति सदा ही उदासीन है, यही वस्तुस्वभाव है । तिसपर भी जो रागद्वेष होते हैं वह अज्ञान है ।

